In conclusion, I acknowledge my indebtedness to all the scholars in the field. I can never express in words what I owe to my teachers, Professor K. V. Abhyankar, Dr. A. N, Upadhye and Dr. A. M. Ghatage. I tender my hearty thanks to Muni Śrī Puṇyavijayajī, Muni Śrī Kalyāṇavijayajī, Ācārya Jinavijayaji and Pandit Bechardas for the help I received from them regarding a few points of dispute about Vimalasūri. I have no words to express adequately my heartiest thanks to Prajñācakṣu Pandit Sukhlalji Sanghvi with whom I discussed some of the topics dealt with in the Introduction and derived valuable benefit. I shall ever remain grateful to him for his very keen interest in my work. I tender my warmest thanks to my friend, Principal C. N. Patel, who kindly went through the Introduction and made valuable suggestions to improve it. For all the imperfections in the Introduction, however. the entire responsibility is mine. Last but not the least, I am highly thankful to Dr. V. S. Agrawala and Pandit Dalsukhbhai Malvania, General Editors of the Prakrit Text Society series for inviting me to write this Introduction. Now I close, requesting with Vimala :

कण्णं अइरित्तं वा जं एत्थ कयं पमायदोसेणं ।
तं मे पडिपूरेउं खमन्तु, इह पण्डिया सव्वं ॥

—CXVIII. 116

Gujarat College,
Ahmedabad.
*October 10, 1959,*

(V. M. KULKARNI)

॥ णमो अणुओगधराणं ॥

# सिरीविमलायरियविरइयं
# पउमचरियं

## १. सुत्तविहाणं

मङ्गलम्—

सिद्ध-सुर-किन्नरोरग-दणुवइ-भवणिन्दवन्दपरिमहियं । उसहं जिणवरवसहं, अवसप्पिणिआइतित्थयरं ॥ १ ॥
अजियं विजियकसायं, अपुणब्भव संभवं भवविणासं । अभिनन्दणं च सुमइं, पउमाभं पउमसच्छायं ॥ २ ॥
तिजगुत्तमं सुपासं, ससिप्पभं जिणवरं कुसुमदन्तं[1] । अह सीयलं मुणिन्दं, सेयंसं चेव वसुपुज्जं ॥ ३ ॥
विमलं तहा अणन्तं, धम्मं धम्मासयं जिणं सन्तिं । कुन्थुं कसायमहणं, अरं जियारिं महाभागं ॥ ४ ॥
मल्लिं मलियभवोहं, मुणिसुव्वय सुव्वयं तियसनाहं । पउमस्स इमं चरियं, जस्स य तित्थे समुप्पन्नं ॥ ५ ॥
नमि नेमि तह य पासं, उरगमहाफणिमणीसु पज्जलियं । वीरं विलीणरयमलं, तिहुयणपरिवन्दियं भयवं ॥ ६ ॥
अन्ने वि जे महारिसि, गणहर अणगार लद्धमाहप्पे । मण-वयण-कायगुत्ते, सव्वे सिरसा नमंसामि ॥ ७ ॥

---

# पद्मचरित

## १. सूत्रविधान

मङ्गलाचरण—

विद्या, मंत्र, शिल्प आदि विविध सिद्धियाँ प्राप्त करनेवाले सिद्ध, देव, किन्नर, नाग, असुरपति एवं भवनेन्द्रोंके समूह द्वारा पूजित, जिनवरोंमें वृषभके समान श्रेष्ठ और इस अवसर्पिणी[2] कालमें होनेवाले प्रथम तीर्थंकर ऋषभको,—कषायों[3] पर विजय प्राप्त करनेवाले अजितको,—मुक्ति प्राप्त करनेसे पुनः जन्म धारण नहीं करनेवाले सम्भवको,—जन्मका नाश करनेवाले अभिनन्दन व सुमतिको,—पद्मके समान सुन्दर कान्तिवाले पद्मप्रभको,—तीनों लोकोंमें उत्तम सुपार्श्वको,—जिनेश्वर शशिप्रभ (चन्द्रप्रभ) तथा कुसुमदन्त (सुविधि)को,—मुनियोंमें इन्द्रके समान शीतल, श्रेयांस, वासुपूज्य, विमल एवं अनन्तको,—धर्मके आश्रयरूप धर्मको,—रागादि आन्तरिक शत्रुओंके ऊपर विजय प्राप्त करनेवाले शान्तिको,—कषायका नाश करनेवाले कुन्थुको,—शत्रुओंको जीतनेवाले तथा अनन्त ऐश्वर्य-सम्पन्न अरको,—जन्ममरणके प्रवाहका नाश करनेवाले मल्लिको,—सुव्रतधारी, देवोंके स्वामी (अर्थात् देवाधिदेव) तथा पद्म (राम) की कथा जिनके शासनकालमें घटी ऐसे मुनिसुव्रतको,—नमि एवं नेमिको,—धरणेन्द्र नामक नागकी बड़ी बड़ी फणाओंके ऊपर स्थित मणियोंके प्रकाशसे देदीप्यमान पार्श्वको,—कर्ममलको दूर करनेवाले और इसीलिए तीनों लोकों द्वारा पूजित भगवान् वीरको,—तथा दूसरे

---

१. सुविधिजिनम् । २. जैन शास्त्रोंमें उत्सर्पिणी एवं अवसर्पिणीके नामसे कालके मुख्य दो विभाग किये गये हैं । इन उत्सर्पिणी तथा अवसर्पिणीमें असंख्येय वर्ष व्यतीत हो जाते हैं । उत्सर्पिणी कालमें रूप, रस, गन्ध, शरीर, आयुष्य, बल आदि वैभव क्रमशः बढ़ते जाते हैं, जबकि अवसर्पिणीकालमें वे सब घटते जाते हैं । प्रत्येक उत्सर्पिणी तथा अवसर्पिणीके छह विभाग किये गये हैं । इनमें से प्रत्येक विभागको आरा (संस्कृत शब्द 'अर') कहा जाता है । उत्सर्पिणी तथा अवसर्पिणीकी कालचक्रके एक पहियेके रूपमें कल्पना करें तो इनके बारह विभागोंको 'आरा' कह सकते हैं । एकके छह आरे पूर्ण होने पर दूसरेके आरोंका आरम्भ होता है । छह आरोंके नाम इस प्रकार हैं—(१) सुषमा-सुषमा, (२) सुषमा, (३) सुषमा-दुःषमा, (४) दुःषमा-सुषमा, (५) दुःषमा, और (६) दुःषमा-दुःषमा । तीर्थंकर तीसरे आरेके अंतमें और चौथे आरेमें होते हैं । इस समय भारतवर्ष आदि क्षेत्रोंमें अवसर्पिणीका पाँचवाँ आरा चल रहा है । ३. कषायके चार भेद हैं : क्रोध, मान, माया और लोभ ।

अभिधेयम्—

नामावलियनिबद्धं, आयरियपरंपरागयं सबं । वोच्छामि पउमचरियं, अहाणुपुर्विं समासेण ॥ ८ ॥
को वण्णिऊण तीरइ, नीसेसं पउमचरियसंबन्धं । मोत्तूण केवलिजिणं, तिकालनाणं हवइ जस्स ॥ ९ ॥
जिणवरमुहाओ अत्थो, जो पुर्विं निग्गओ बहुवियप्पो । सो गणहरेहि धरिउं, संखेवमिणो य उवइट्ठो ॥ १० ॥
एवं परंपराए, परिहाणी पुबगन्थ-अत्थाणं । नाऊण कालभावं, न रूसियव्वं बुहजणेणं ॥ ११ ॥
अत्थेत्थ विसमसीला, केवि नरा दोसगहणतल्लिच्छा । तुट्ठा वि सुभणिएहिं, एक्कं पि गुणं न गेण्हन्ति ॥ १२ ॥
सबन्नुभासियत्थं, भणन्ति कइणो जहागमगुणेणं । किं वज्जसूइभिन्ने, न रियइ तन्तू महारयणे ॥ १३ ॥
एत्थं चिय परिसाए, नराण चित्ताइं बहुवियप्पाइं । को सक्को घेत्तुं जे पवणहयाइं व पत्ताइं ? ॥ १४ ॥
तित्थयरेहि वि न कयं, एक्कमयं तिहुयणं सुयधरेहिं । अम्हारिसेहि किं पुण, कीरइ इह मन्दबुद्धीहिं ? ॥ १५ ॥
जइ वि हु दुग्गहहियओ, लोगो बहुकूड-कवडमेहावी । तह वि य भणामि संपइ, सबुद्धिविहवाणुसारेणं॥ १६ ॥
देहं रोगाइण्णं, जीयं तडिविलसियं पिव अणिच्चं । नवरं कबगुणरसो, जाव य ससि-सूर-गहचक्कं ॥ १७ ॥
तम्हा नरेण निययं, महइमहापुरिसकित्तणुच्छाहं । हियए चिय कायव्वं, अत्ताणं चेयमाणेणं ॥ १८ ॥

---

भी जो महिमाशाली एवं दुष्प्रवृत्तियोंसे मन-वचन-कायकी रक्षा करनेवाले महर्षि, गणधर व साधु हैं—इन सबको मैं मस्तक झुकाकर नमस्कार करता हूँ। ( १-७ )

ग्रन्थरचनाकी प्रतिज्ञा—

मैं पद्म ( राम ) की कथाको, जिसमें अनेक नाम आते हैं और जो आचार्य-परम्परासे मुझे प्राप्त हुई है, उसे यथाक्रम संक्षेपसे कहूँगा। ( ८ ) जिसे भूत, भविष्य एवं वर्तमान इन तीनों कालोंका ज्ञान हो उस केवलज्ञानी जिनेश्वरको छोड़कर दूसरा कौन रामके चरितको समग्रभावसे कहनेमें समर्थ है ? ( ९ ) जिनवरके मुखसे अनेक विकल्प एवं विभिन्न आशयोंसे परिपूर्ण जो अर्थ पहले प्रकाशित हुआ वह उनके साक्षात् शिष्य गणधरोंने धारण किया। उन्होंने उसीको पुनः संक्षेपसे कहा। ( १० ) इस प्रकार परम्परासे पूर्व-ग्रन्थ[6] एवं उनके अर्थ क्षीण होते गये। अतएव कालका प्रभाव जानकर बुद्धिशाली पुरुषको क्रुद्ध न होना चाहिये। ( ११ ) यहाँ पर दुश्चरित एवं दोषग्रहण करनेमें ही तत्पर कुछ ऐसे भी लोग होते हैं जो सुन्दर उपदेश द्वारा तुष्ट किये जाने पर भी एक भी गुण ग्रहण नहीं करते। (१२) सर्वज्ञ द्वारा कथित अर्थको कविजन अपने अपने शास्त्राभ्यास एवं शक्ति, निपुणता[7] आदि गुणोंके अनुसार कहते हैं; वज्रकी सूईसे छिन्न महारत्नमें क्या दोरा नहीं पिरोया जाता ? ( १३ )

इस सभामें लोगोंकी चित्तवृत्ति अनेक प्रकार की है। पवनके द्वारा कम्पित पत्तोंके जैसी अस्थिर चित्तवृत्तियोंको ग्रहण करनेमें कौन समर्थ हो सकता है ? ( १४ ) जब श्रुतधर तीर्थंकर भी तीनों लोकोंको एकमत नहीं कर सके, तब हमारे जैसे मन्दबुद्धि तो इसमें कर ही क्या सकते हैं ? ( १५ ) यद्यपि लोगोंका हृदय बड़ी कठिनाईसे पकड़में आ सके ऐसा गहरा होता है और छलकपटमें भी वे दक्ष होते हैं, तथापि मैं अपने बुद्धिवैभवके अनुसार अब कहता हूँ। ( १६ )

शरीर रोगसे भरापूरा है, जीवन बिजलीकी चमककी भाँति क्षणजीवी है ; केवल काव्य-गुणका रस ही जबतक चन्द्र,

---

१. तत्पराः। २. प्रविशति। ३. पादपूरणार्थकमव्ययम्। ४. स्वबुद्धि। ५. चेतयता-जानता। ६. बारहवें अंग दृष्टिवादके एक भागको जैन-परम्परामें पूर्व-ग्रन्थ कहते हैं, परन्तु पाश्चात्य विद्वानोंके मतके अनुसार पूर्व-ग्रन्थसे अभिप्रेत प्राक्-महावीरकालीन साहित्य है।

७. संस्कृत साहित्यके आचार्योंने काव्योद्भवके हेतुओंका उल्लेख इस प्रकार किया है :—

शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्राद्यवेक्षणात्। काव्यज्ञशिक्षयाऽभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे ॥ काव्यप्रकाश १-३
नैसर्गिकी च प्रतिभा, श्रुतं च बहु निर्मलम्। अमन्दश्चाऽभियोगोऽस्याः कारणं काव्यसम्पदः ॥ काव्यादर्श १-१०३
कवित्वं दुर्लभं तत्र शक्तिस्तत्र च दुर्लभा। व्युत्पत्तिर्दुर्लभा तत्र विवेकस्तत्र दुर्लभः ॥ अग्निपुराण ३३७-४

देहावयवसाफल्यम्—

ते नाम होन्ति कण्णा, जे जिणवरसासणम्मि सुइपुण्णा । अन्ने विदूसगस्स व, दारुमया चेव निम्मविया ॥ १९ ॥
तं चेव उत्तिमङ्गं, जं घुम्मइ वण्णणाइसामन्ने । अन्नं पुण गुणरहियं, नालियरकरङ्कयं चेव ॥ २० ॥
जिणदरिसणुज्जया वि हु, जे नयणा ते हवन्ति सुपसत्था । मिच्छत्तमइलिया पुण, चित्तयरेणं व निम्मविया ॥ २१ ॥
जिणवरकहाणुरत्ता, दन्ता ते होन्ति कन्तिसंजुत्ता । सेसा सिलेसकज्जे, जाया वि हु वयणबन्धम्मि ॥ २२ ॥
किं नासियाए कीरइ, बहुविहसुगन्धगन्धलुद्धाए ? । सुसुयत्थगन्धगन्धं, जा न वि जाणेइ लोगम्मि ॥ २३ ॥
जे चिय समउल्लावं, भणन्ति ते उत्तमा इहं ओट्ठा । अन्ने सुत्तजलूगा-पट्टीसंवुक्कसमसरिसा ॥ २४ ॥
जा जाणइ समयरसं, सा जीहा सुन्दरा हवेइ लोए । दुवयणतिक्खधारा, सेसा छुरिय व्व नवघडिया ॥ २५ ॥
तं पि य हवइ पहाणं, मुहकमलं जं गुणेसु तत्तिलं । अन्नं बिलं व भण्णइ, भरियं चिय दन्तकीडाणं ॥ २६ ॥
जो पढइ सुणइ पुरिसो, सामण्णे उज्जमेइ सत्तीए । सो उत्तमो हु लोए, अन्नो पुण सिप्पियकओ व्व ॥ २७ ॥
सबायरेण एवं, पुरिसेणं उज्झिऊण मूढत्तं । होयव्वं नयमइणा, जिणसासणभत्तिजुत्तेणं ॥ २८ ॥
अह पउमचरियतुङ्गं, वीरमहागयवरेण निम्मविए । मग्गे परंपराए, अज्जवि कइकुञ्जराण गमो ॥ २९ ॥
तह कइवरगयमयगन्धलोलुओ महुयरो व्व मग्गेणं । पयदाणबिन्दुदिट्ठी, अहमवि तेणं चिय पयट्टो ॥ ३० ॥
सुत्ताणुसारसरसं, रइयं गाहाहि पायडफुडत्थं । विमलेण पउमचरियं, संखेवेणं निसामेह ॥ ३१ ॥

---

सूर्य एवं ग्रहमण्डल हैं तबतक स्थिर रहता है। ( १७ ) इसलिए अपने आत्मस्वरूपको जाननेवाले मनुष्यको चाहिए कि वह अवश्य ही बड़े-बड़े महापुरुषोंके संकीर्तनका उत्साह अपने हृदयमें धारण करे। ( १८ )

शरीरके विभिन्न अंगोंकी सार्थकता—

वे ही कान कान कहे जाने योग्य हैं जो जिनवरके उपदेशसे पूर्ण हैं; दूसरे तो लकड़ीके बनाये हुए विदूषकके कान जैसे निरर्थक हैं। ( १९ ) वही मस्तक-मस्तक है जो श्रामण्य अर्थात् मुनिधर्मका उपदेश सुनकर अहोभावसे धुनता हो; दूसरा तो गर्भरहित नारियलके छिलकेके समान गुणरहित है। ( २० ) जिनेश्वरदेवके दर्शनके लिए जो आँखें उत्सुक रहती हैं वे ही वस्तुतः सुन्दर एवं प्रशंसनीय आँखें हैं, बाकी जो आँखें मिथ्यात्वसे मैली हैं वे तो मानो किसी चित्रकारके द्वारा बनाई गई हैं; अर्थात् वे सच्ची नहीं, किन्तु झूठी हैं। ( २१ ) जो दाँत जिनवरकी कथामें अनुरक्त हैं वे ही दाँत कान्तियुक्त हैं; दूसरे तो मुँहके चौगठे में जड़नेके लिए ही मानो बनाये गये हैं। ( २२ ) यदि इस लोकमें सुशास्त्रोंके अर्थमें रही हुई सुगन्धको न पहचान सके तो अनेकविध सुरभित पदार्थोंकी सुगन्धकी गन्धमें लुब्ध नासिकाका क्या उपयोग है ? ( २३ ) यहाँ पर वे ही होठ उत्तम हैं जो समभावपूर्वक उद्गार निकालते हैं; दूसरे तो सोई हुई जौंककी पीठके समान हैं। ( २४ ) जो शास्त्र-रसका आस्वाद लेती है वही जीभ इस जगत्में सुन्दर है; दूसरी तो दुर्वचनरूपी तीक्ष्ण धारवाली नई छुरीके समान ही है। ( २५ ) जो गुणकथनमें तत्पर रहता है वही मुखकमल उत्तम है; दूसरा तो दाँतरूपी कीड़ोंसे भरा हुआ बिल ही है ! (२६) जो मनुष्य मुनिधर्मका अभ्यास करता है, उसे सुनता है और उस पर यथाशक्ति आचरण करता है, वही इस लोकमें उत्तम मनुष्य है; दूसरा तो शिल्पी द्वारा विनिर्मित मूर्ति सरीखा है। ( २७ ) अतएव मूढ़ता एवं प्रमादका त्याग करके सदाचारी एवं नीतिनिष्ठ बुद्धिशील मनुष्यको चाहिए कि वह जिनशासनमें भक्तियुक्त हो। ( २८ ) पद्मचरित-रूपी समुन्नत शिखर पर भगवान् महावीररूपी गजराज द्वारा निर्मित मार्गका अनुगमन करके आज भी कविरूपी दूसरे हाथी चढ़ते हैं। ( २९ ) अतएव उत्तम कविरूपी हाथीके मदकी गन्धमें लोलुप भौंरेके जैसा मैं भी मदकी बूँदोंमें दृष्टि रखकर उसी मार्ग पर प्रवृत्त हुआ हूँ। ( ३० ) सूत्रों ( आगमों ) के अनुसार तथा रसपूर्ण यह पद्मचरित विमलने प्रकट एवं स्फुट अर्थसे युक्त प्राकृत गाथाओंमें लिखा है। इसे तुम संक्षेपसे सुनो। ( ३१ )

---

१. सिद्धान्तवचनम्। २. तत्परम्।

ग्रन्थविषयानुक्रमणिका—

ठिइवंससमुप्पत्ती, पत्थाणरणं लवंकुसुप्पत्ती । निव्वाणमणेयभवा, सत्त पुराणेत्थ अहिगारा ॥ ३२ ॥
पउमस्स चेट्ठियमिणं, कारणमिणमो ऽहिगारसंजुत्तं । तिसलासुएण भणियं, सुत्तं संखेवओ सुणह ॥ ३३ ॥
वीरस्स पवरठाणं, विउलगिरीमत्थए मणभिरामे । तह इन्दभूइकहियं, सेणियरण्णस्स नीसेसं ॥ ३४ ॥
कुलगरवंसुप्पत्ती, नीईए लोमकारणं चेव । उसभजिणजम्मणुब्भव, अहिसेयं मन्दरगिरिम्मि ॥ ३५ ॥
उवएसं चिय विविहं, लोगस्स य अत्तिनासणं चेव । सामण्ण केवलुब्भव, अइसय कुसुमोहवुट्ठीओ ॥ ३६ ॥
सबसुरा-ऽसुरमहियं, निव्वाणं परमसोक्खमाहप्पं । भरहस्स बाहुबलिणो, तह संगामं जहावत्तं ॥ ३७ ॥
जाईण य उप्पत्ती, कुतित्थगण-विविहवेसधारीणं । विज्जाहरवंसस्स य, उप्पत्ती विज्जुदन्तस्स ॥ ३८ ॥
उवसग्गं पि य घोरं, मुणिवरवसहस्स संजयन्तस्स । केवलनाणुप्पत्ती, विज्जाहरणं च धरणेणं ॥ ३९ ॥
अजियस्स य उप्पत्ती, पुण्णघणसुहा-ऽसुहं समोसरणे । विज्जाहरस्स दिन्नं, सरणं जह रक्खसिन्देणं ॥ ४० ॥
दिन्नं रक्खसवइणा, ठाणं च वरो जहा कुमारस्स । सगरस्स य उप्पत्ती, दुक्खं सामण्ण निव्वाणं ॥ ४१ ॥
अइकन्तमहारक्खो, जम्मणविहवस्स कित्तणं चेव । तह रक्खसवंसस्स य, पवत्तणं चेव नायव्वं ॥ ४२ ॥
वाणरकेऊण तहा, वंसुप्पत्ती कमेण नायवा । तडिकेसिस्स य चरियं, उदहिकुमारेण सहियस्स ॥ ४३ ॥
किक्किन्धिअन्धयाणं, सिरिमालखेयराण आगमणं । वहणं च विजयसीहस्स कोवणं असणिवेयस्स ॥ ४४ ॥

---

अधिकार और विषयसूची—

इस पुराणमें सात अधिकार हैं—१. विश्वकी स्थिति, २. वंशोत्पत्ति, ३. युद्धके लिए प्रस्थान, ४. युद्ध, ५. लवण एवं अंकुशकी उत्पत्ति, ६. निर्वाण, और ७. अनेक भव। (३२) त्रिशलाके पुत्र महावीरके द्वारा संक्षेपमें कहे गये, तथा विभिन्न अधिकारोंसे युक्त इस पद्मके चरितको तुम सुनो। (३३) इसमें इन घटनाओंका उल्लेख आता है :—

१. विपुलाचलके मनोरम शिखर पर भगवान् महावीरका ठहरना, २. इन्द्रभूति द्वारा श्रेणिक राजाको समग्र कथा कहना, (३४) ३. कुलकरवंशकी[४] उत्पत्ति, ४. लोक-व्यवहारको चलानेवाली नीतिकी स्थापना, ५. भगवान् ऋषभदेवका जन्म तथा मन्दराचल पर उनका अभिषेक, (३५) ६. विविध प्रकारका उपदेश, ७. लोगोंके दुःखोंका निवारण, ८. दीक्षा, ९. केवलज्ञानकी प्राप्ति, १०. अतिशय वर्णन,[५] ११. पुष्पराशिकी वृष्टि (३६) १२. सभी सुरों एवं असुरों द्वारा की गई पूजा, १३. निर्वाण, १४. मोक्षका उत्कृष्ट माहात्म्य, १५. भरत एवं बाहुबलीका जैसा संग्राम हुआ उसका वर्णन, (३७) १६. जातियोंकी उत्पत्ति, १७. विविध वेशधारी अन्य मतावलम्बियोंकी उत्पत्ति, १८. विद्युद्दंष्ट्रके विद्याधर वंशकी उत्पत्ति, (३८) १९ मुनियोंमें वृषभके समान श्रेष्ठ संजयन्तके ऊपर पड़े हुए घोर उपसर्ग तथा केवलज्ञानकी उत्पत्ति, २०. धरण द्वारा किया गया विद्याका अपहरण, (३९) २१. अजितकी उत्पत्ति, २२. समवसरणमें कहा गया पूर्ण-घनका शुभ-अशुभ, २३. राक्षसेन्द्रके द्वारा दिया गया विद्याधरको आश्रय, (४०) २४. राक्षसपति द्वारा कुमारको दिया गया प्रश्रय एवं वर, २५. सगरकी उत्पत्ति, दुःख, मुनिधर्मका अंगीकार एवं निर्वाण, (४१) २६. अतिकान्त नामक महाराक्षस, उसके जन्म एवं वैभवका संकीर्तन। २७. इसी प्रकार राक्षसवंशका प्रारम्भ जानना चाहिए। (४२) २८. जिनकी ध्वजामें वानरका चिह्न है ऐसे वानरकेतु वंशकी उत्पत्ति, २९. उदधिकुमारके साथका तडित्केशीका चरित भी इसी प्रकार क्रमसे जानना चाहिए। (४३) ३०. किष्किन्धि, अन्धक तथा श्रीमाल खेचरोंका आगमन, ३१. विजयसिंहका वध, ३२. अशनिवेगका क्रोध, (४४) ३३. अन्धकवध, ३४. पादालंकार नामकी सुंदर नगरीमें प्रवेश, ३५. मधुगिरिके शिखर

---

१. आर्ति—पीडा। २. यथावृत्तम्। ३. चरितेऽस्मिन् किक्किन्धिस्थाने किंकिंधि इत्यपि पाठो प्राचीनेष्वादर्शेषु दृश्यते। ४. युगके आदिमें नीति आदिकी व्यवस्था करनेवाले महापुरुषको कुलकर कहते हैं। ५. तीर्थंकरके ३४ अतिशय ( महिमासूचक विभूतियाँ ) गिनाये गये हैं। वे हैं—"चउरो जम्मप्पभिई एक्कारस कम्मसंखए जाण। नव दस य देवजणिए चउतिसं अइसए वंदे ॥"

अन्धयवहं पवेसो, पायालंकारपुरवरे तइया । किक्किन्धिपुरनिवेसं, महुगिरिउवरिं मणभिरामं ॥ ४५ ॥
लङ्कागमण-पवेसं, सुकेसिपुत्ताण बलमहन्ताणं । निग्घायमरणहेऊ, मालिस्स य संपयं विउलं ॥ ४६ ॥
वेयड्ढदक्खिणाए, सेढीए चक्कवालनयरम्मि । इन्दस्स य उप्पत्ती, विज्जाहरसेढिसामित्तं ॥ ४७ ॥
मालिस्स वहं जुज्झे, वेसमणकुमारजम्मणुप्पत्ती । कुसुमन्तवरुज्जाणे, सुमालिपुत्तस्स य पवेसं ॥ ४८ ॥
केकसिसहसंजोगं, निद्दरिसणं तत्थ परमसुमिणाणं । जणणं च दहमुहस्स य, विज्जासमुवासणं चेव ॥ ४९ ॥
खोहं जक्खस्स अणाढियस्स तह आगमं सुमालिस्स । मन्दोयरीए लम्भं, कन्नाण निरिक्खणं चेव ॥ ५० ॥
तह भाणुकण्णचरियं, कोवं वेसमणउब्भवं चेव । रक्खसजक्खाण रणं, धणयस्स तवो य नायवो ॥ ५१ ॥
दहमुहलङ्कागमणं, अवलोयण पुच्छणं जिणहराणं । हरिसेणस्स य चरियं, पुण्णं तह पावमहणं च ॥ ५२ ॥
गहणं मत्तमहागयभुवणालंकारनामधेयस्स । ठाणं जमस्स लद्धं, रिक्खरयाइच्चकिक्किन्धी ॥ ५३ ॥
दहवयण-दूसणाणं, पायालंकारपुरवरपवेसं । चन्दोयरस्स विरहे, अणुराहादुक्खसंघट्टं ॥ ५४ ॥
तं सो विराहियपुरे, सुग्गीवसिरीसमागमं चेव । वालिस्स य पवज्जा, खोहं अट्ठावयनगस्स ॥ ५५ ॥
सुग्गीव सुताराए, लम्भं मरणं च साहसगइस्स । संतावं चिय परमं, वेयड्ढगमं दहमुहस्स ॥ ५६ ॥
अणरण्ण-सहसकिरणाण ताण वेरग्ग जन्ननासं च । महुपुव्वभवक्खाणं, उवरम्भाए य अहिलासं ॥ ५७ ॥
विज्जाणं चिय लम्भं, महिन्दरायस्स लच्छिनासं च । दहमुहमन्दरगमणं, पुणरवि य नियत्तणं चेव ॥ ५८ ॥
अणगारमहरिसिस्स वि, अणन्तविरियस्स केवलुप्पत्ती । रावणनियमग्गहणं, हणुयस्स समुब्भवं चेव ॥ ५९ ॥
अट्ठावयस्स उवरिं, महिन्द-पल्हायदरिसणसिणेहं । पवणञ्जयस्स कोवं, तह अञ्जणउज्झणं चेव ॥ ६० ॥
सिट्ठं च मुणिवरेणं, हणुयपरब्भवसमूहसंबन्धं । सूई हणुरूहपुरे, कया य पडिसूरनामेणं ॥ ६१ ॥

---

पर मनोरम किष्किन्धानगरीकी स्थापना, (४५) ३६. लंकानगरीकी ओर गमन व उसमें प्रवेश, ३७. सुकेशीके बलवान् पुत्रोंके साथ द्वन्द्वका कारण और उनकी मृत्यु, ३८. मालीको मिली हुई विपुल सम्पत्ति, (४६) ३९. वैताढ्यपर्वतकी दक्षिण श्रेणीमें अवस्थित चक्रवालनगरमें इन्द्रकी उत्पत्ति, ४०. विद्याधर श्रेणी पर आधिपत्य, (४७) ४१. युद्धमें मालीका वध, ४२. वैश्रवण-कुमारका जन्म, ४३. कुसुमान्त नामके सुन्दर उद्यानमें सुमालीके पुत्रका प्रवेश, ( ४८ ) ४४. केकसीके साथ संयोग, ४५. वहाँ उत्तम स्वप्नोंका देखना, ४६. दशमुखका जन्म, ४७. विद्याओंकी उपासना, (४९) ४८. अपमानित यक्षका क्षोभ, ४९. सुमालीका आगमन, ५०. मन्दोदरीकी प्राप्ति तथा कन्याओंका निरीक्षण, (५०) ५१. भानुकर्णका चरित, ५२. वैश्रवणका क्रोध, ५३. राक्षस एवं यक्षोंका युद्ध, ५४. धनदकी तपश्चर्या, (५१) ५५ दशमुखका लंकामें आगमन, ५६. जिनघरोंका दर्शन तथा पुण्यजनक व पापको नष्ट करनेवाले हरिषेणके चरितके विषयमें प्रश्न (५२) ५७. भुवनालङ्कार नामक उन्मत्त महागजका पकड़ना, ५८. यमके स्थानकी प्राप्ति तथा ऋक्षरजा, आदित्यराज एवं किष्किन्धीका वर्णन, (५३) ५९. दशवदन तथा दूषणका पातालालंकारपुरमें प्रवेश, ६०. चन्द्रोदरसे वियोगके कारण अनुराधाको बड़े भारी दुःखका होना, (५४) ६१. विराधितपुरमें सुग्रीव व श्रीका समागम, ६२. बाली की प्रव्रज्या, ६३. अष्टापद पर्वतका क्षोभ, (५५) ६४. सुग्रीवको सुताराकी प्राप्ति, ६५. साहसगतिकी मृत्यु, ६६. दशमुखका अत्यन्त दुःख और उसका वैताढ्यगमन, (५६) ६७. अनरण्य एवं सहस्रांशुका वैराग्य, ६८. यज्ञका नाश, ६९. मधुके पूर्वभवका कथन, ७०. उपरम्भा विषयक अभिलाषा, (५७) ७१. विद्याओंकी प्राप्ति, ७२. महेन्द्र राजाकी लक्ष्मीका नाश, ७३. दशमुखका मन्दराचल पर जाना और वापस लौटना, (५८) ७४. अनगार महर्षि अनन्तवीर्यको केवलज्ञान, ७५ रावणका नियम ग्रहण करना, ७६. हनुमानकी उत्पत्ति, (५९) ७७. अष्टापद पर्वतके ऊपर महेन्द्र व प्रह्लादका मिलन व स्नेह, ७८. पवनंजयका क्रोध तथा अंजनाका परित्याग, (६०) ७९. हनुमान्के पूर्वजन्मके बारेमें मुनिका कहना, ८०. हनुरुह नगरमें प्रतिसूर नामक व्यक्तिकी सहायतासे की गई प्रसूति, ( ६१ ) ८१. भूतवनमें पवनंजयका निश्चय

भूयाडवीएँ मज्झे, पवणञ्जयखेयरस्स य निओगं । तह दरिसणूसवसुहं, विज्जाहरिअञ्जणाएँ समं ॥ ६२ ॥
पवणञ्जयपुत्तमहाबलस्स तह दारुणं रणं परमं । रज्जं दसाणणस्स य, जिणउस्सेहन्तरं चेव ॥ ६३ ॥
बल-केसव-पडिसत्तूण चेट्टियं चक्कवट्टिपमुहाणं । दसरहरज्जुप्पत्ती, केगइवरसंपयं परमं ॥ ६४ ॥
इन्देण समं जुज्झं, काऊण य गिण्हियं दहमुहेणं । संवेगसमावन्नो, नरवइ दिक्खं समणुपत्तो ॥ ६५ ॥
रामस्स लक्खणस्स य, भरहस्स य तह य सत्तुनिहणस्स[1] । उप्पत्ती सीयाए, विदेह तह सोगसंबन्धं ॥ ६६ ॥
नारयसीयालिहणं, दट्ठूण सहोयरस्स मूढत्तं । कन्नासयंवरत्थं, उप्पत्ती चावरयणस्स ॥ ६७ ॥
दसरहनिवस्स दिक्खं, पासे मुणिसबभूयसरणस्स । ववगयभवाण कहणं, समागमं चेव सीयाए ॥ ६८ ॥
केगइवरस्स लम्भं, रज्जं भरहस्स परममाहप्पं । तह लक्खणो य रामो, सीया य गया विदेसम्मि ॥ ६९ ॥
तह वज्जकण्णनरवइ-विचेट्टियं वरकुमारिलम्भं च । वसिकाररुद्दभूई, विमोयणं वालिखिल्लस्स ॥ ७० ॥
अरुणुग्गामासन्ने, रामपुरिनिवेसणं परमरम्मं । वणमालासंजोयं, अइविरियसमुन्नई चेव ॥ ७१ ॥
लाभो जियपउमाए, कुल-देसविहूसणाण उवसग्गं । वंसगिरिमत्थओवरि, जिणहरकरणं च रामेण ॥ ७२ ॥
दट्ठूण दाणविभवं, जडाउणो नियमलद्धमाहप्पं । नागरहारोहं चिय, संबुक्कविवायणं चेव ॥ ७३ ॥
केगइपुत्तागमणं, खरदूसणविग्गहं परमघोरं । सीयाहरणनिमित्तं, सोगं चिय रामदेवस्स ॥ ७४ ॥
सिग्घं विराहियस्स य, आगमणं दूसणस्स य वहं च । रयणजडिविज्जनासं, सुग्गीवसमागमं चेव ॥ ७५ ॥
साहसगइस्स य वहं, सीयापडिवत्तिकारणं लम्भं । मिलणं विहीसणेणं, विज्जाबलकेसिसंपत्ती ॥ ७६ ॥
तह कुम्भयण्ण-इन्दइभुयङ्ग पासेसु बन्धणं परमं । लक्खणसत्तिपहारं, तह य विसल्लागमं चेव ॥ ७७ ॥

---

८२. विद्याधरी अंजनाके साथ पुत्रदर्शनका आनन्द एवं उत्सव, (६२) ८३. पवनंजयपुत्र महाबली हनुमान् का घोर संग्राम, ८४. दशाननका राज्य, ८५. जिनोंकी ऊँचाई और एक दूसरे से अन्तर, (६३) ८६. चक्रवर्ती, बलदेव एवं केशव जैसे शत्रुओं के प्रयत्न, ८७. दशरथके राज्यकी उत्पत्ति, ८८-९. कैकेई द्वारा वरकी प्राप्ति, (६४) ९०. इन्द्रके साथ युद्ध और दशमुखके द्वारा उसका पकड़ा जाना, ९१. वैराग्य आनेसे राजाके द्वारा दीक्षा ग्रहण करना, (६५) ९२. राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न तथा सीताका जन्म, ९३. विदेहमें शोकका कारण, (६६) ९४. नारद द्वारा सीताका चित्र बनाना, ९५. चित्र देखकर सगे भाईका मोहित होना, ९६. कन्या (सीता) के स्वयंवरमें उपयोगमें आनेवाले उत्तम धनुषकी उत्पत्तिका वर्णन, (६७) ९७. सर्वभूतशरण नामके मुनिके पास राजा दशरथका दीक्षा लेना, ९८. गत जन्मोंका कथन, ९९. सीताका समागम, (६८) १००. कैकेयी द्वारा वरकी प्राप्ति, १०१. भरतको विशाल राज्यका मिलना तथा राम, लक्ष्मण एवं सीताका विदेशमें गमन (६९) १०२. वज्रकर्ण नरपतिका चरित, १०३. उसके द्वारा राजकुमारीकी प्राप्ति, १०४. रुद्रभूतिकी अधीनता तथा वालिखिल्यकी मुक्ति, (७०) १०५. अरुणग्रामके पास रामपुरी नामक अत्यन्त सुन्दर आवासकी रचना, १०६. वनमालाके साथ मिलन, १०७. अतिवीर्यकी उन्नति, (७१) १०८. जितपद्माकी प्राप्ति, १०९. कुलभूषण तथा देशभूषण नामक साधुओं पर उपसर्ग, ११०. वंश नामके पर्वतके शिखर पर राम द्वारा जिनभवनका निर्माण, (७२) १११. दानका वैभव देखकर जटायुका नियम ग्रहण करना और उससे उसकी महत्ताका बढ़ना, ११२. नागरथ पर चढ़ना और शंबूकका वध, (७३) ११३. कैकेयीके पुत्र भरतका आगमन, ११४. खरदूषणके साथ अतिघोर संग्राम, ११५. सीताके अपहरणके कारण रामका शोक, (७४) ११६. विराधितका शीघ्र आना, ११७. दूषणवध, ११८. रत्नजटीकी विद्याओंका नाश, ११९. सुग्रीवके साथ समागम, (७५) १२०. साहसगतिका वध, १२१. सीता कहाँ पर है इसका समाचार मिलना, १२२. विभीषणका मिलन, १२३ विद्याबल एवं केशीकी प्राप्ति, (७६) १२४. कुम्भकर्ण एवं इन्द्रजीतका नागपाशमें जकड़ा जाना, १२५. लक्ष्मण पर शक्तिका प्रहार

---

१. शत्रुघ्नस्य

दहमुहपवेसणं चिय, भवणं जिणसन्तिसामिनाहस्स। तह पाडिहेरगमणं, लङ्काएँ पवेसणं चेव ॥ ७८ ॥
चक्कुप्पत्ती तह लक्खणस्स दहमुहविवायणं चेव। वरजुवईण पलावं, आगमणं चेव केवलिणो ॥ ७९ ॥
इन्दइपमुहाण तहा, दिक्खा सीयासमागमं वत्तं। नारयलङ्कागमणं, साएयपुरीपवेसं च ॥ ८० ॥
पुवभवाण य चरियं, भरहगयाणं जहा समक्खायं। भरहस्स य पवज्जा, ठविओ चिय लक्खणो रज्जे ॥ ८१ ॥
लद्धा मणोरमा वि य, सिरिवच्छालीढदेहधारिस्स। मरणं च समावन्नं, सुमहल्लवणस्स संगामे ॥ ८२ ॥
महुरापुरिदेसस्स य, उवसग्गविणासणं जणवयस्स। सत्तरिसीण उवत्ती, सीयानिव्वासणं चेव ॥ ८३ ॥
अह वज्जजङ्घनरवइ, दिट्ठा सीया लवंकुसुप्पत्ती। जेऊण नरवरिन्दे, पियरेण समं कयं जुज्झं ॥ ८४ ॥
सयलजणभूसणाणं, नाणुप्पत्ती सुराण आगमणं। वत्तं च पाडिहेरं, सीयाए भीसणभवोहं ॥ ८५ ॥
घोरं तवोविहाणं, कयन्तवयणे सयंवरे खोहं। दिक्खा य कुमाराणं, भामण्डलदुग्गई चेव ॥ ८६ ॥
हणुयस्स य पवज्जा, लक्खणपरलोगगमणहेउम्मि। लवणंकुसाण य तवो, रामपलावं च सोगं च ॥ ८७ ॥
पुवभवदेवजणियं, दिक्खं चिय राघवस्स निग्गन्थं। केवलनाणुप्पत्ती, तहेव निव्वाणगमणं च ॥ ८८ ॥
सव्वं पि एवमेयं, सुणन्तु इह सज्जणा य मज्झत्था। सिद्धिपहं संपत्तं, पउमं विमलेण भावेण ॥ ८९ ॥
एयं अट्ठमरामदेवचरियं वीरेण सिट्ठं पुरा, पच्छा उत्तमसाहवेहि धरियं लोगस्स उब्भासियं।
एत्ताहे विमलेण पायडफुडं गाहानिबद्धं कयं, सुत्तत्थं निसुणन्तु संपइ महापुण्णं पवित्तक्खरं ॥ ९० ॥

॥ इति पउमचरिए सुत्तविहाणो नाम उद्देसो समत्तो ॥

---

तथा विशल्याका आगमन, (७७) १२६. जिनेश्वर श्री शान्तिनाथके मन्दिरमें रावणका प्रवेश, १२७. वहाँ अष्ट प्रातिहार्योंकी[1] रचना, १२८. रावणका लंकामें प्रवेश, (७८) १२९. चक्रकी उत्पत्ति, १३०. लक्ष्मण द्वारा रावणका वध, १३१. सुन्दर युवतियोंका विलाप, १३२. केवलीका आगमन, (७९) १३३. इन्द्रजित् तथा दूसरोंका दीक्षा अंगीकार करना, १३४. सीताका समागम, १३५. नारदका लंकामें आगमन, १३६. साकेत नगरीमें प्रवेश, (८०) १३७ भरत एवं हाथीके पूर्वभवकी कथा, १३८. भरतकी प्रव्रज्या, १३९. लक्ष्मणका राजगद्दी पर बैठना, (८१) १४०. मनोरमाकी प्राप्ति. १४१. श्रीवत्ससे युक्त देहको धारण करनेवाले महान् लवणकी संग्राममें मृत्यु, (८२) १४२ मथुरा नगरी और उसके जनपदका दैविक उपसर्गों द्वारा विनाश, १४३. सप्तर्षियोंका आगमन, १४४. सीताका निर्वासन, (८३) १४५. वज्रजंघ राजाका सीताको देखना, १४६. लवण एवं अंकुशकी उत्पत्ति, १४७. दूसरे राजाओं पर विजय प्राप्त करनेवाले पिताके साथ युद्ध, (८४) १४८. सकलजनभूषणको केवलज्ञान तथा देवताओंका आगमन, १४९. अष्टप्रातिहार्योंकी रचना, १५०. सीताका भीषण भवसागर और तपश्चर्या, १५१. कृतान्तवक्त्रका स्वयंवरमें क्षोभ. १५२. कुमारोंका दीक्षा लेना, १५३. भामण्डलकी दुर्गति, (८५-६) १५४. हनुमानकी प्रव्रज्या, १५५. लक्ष्मणकी मृत्यु पर रामका विलाप व शोक प्रदर्शन (८७) १५६. लवण और अंकुशका तप, १५७. पूर्वभव के मित्र-देव द्वारा प्रबुद्ध किए जाने पर रामका निर्ग्रन्थ-प्रव्रज्या लेना, १५८. केवलज्ञानकी उत्पत्ति तथा मोक्षगमन, (८८)

सज्जन व तटस्थ दृष्टिसे विचार करनेवाले पुरुष मोक्ष प्राप्त करनेवाले रामके विषयमें यह सब कुछ निर्मल भावसे सुनें। (८९) आठवें बलदेव रामकी यह कथा पहले भगवान् महावीरने कही थी। बादमें लोकको प्रकाशित करनेवाली यह कथा उत्तम साधुओंने धारण की—याद रखी। अब विमलने इसे स्पष्ट एवं विशद रूपसे गाथाओंमें निबद्ध किया है। अत्यन्त पुण्यदायी और पवित्र अक्षरोंसे गुम्फित यह शास्त्र एवं इसके अर्थको अब तुम अवधानपूर्वक सुनो। (९०)

पद्मचरित में सूत्रविधान नामका प्रथम उद्देश समाप्त हुआ।

---

१. अशोकवृक्ष, देवताओं द्वारा पुष्पवृष्टि, दिव्यध्वनि, चामर, आसन. भामण्डल, दुन्दुभि और छत्र ये आठ प्रातिहार्य (देवताकृत पूजा विशेष) हैं। इनका संग्रह श्लोक इस प्रकार है—"अशोकवृक्षः सुरपुष्पवृष्टिः दिव्यध्वनिश्चामरमासनं च। भामण्डलं दुन्दुभिरातपत्रं सन्प्रातिहार्याणि जिनेश्वराणाम् ॥"

## २. सेणियचिंताविहाणं

मगधा जनपदः

इह जम्बुदीवदीवे, दक्खिणभरहे महन्तगुणकलिओ । मगहा नाम जणवओ, नगरा-ऽऽगरमण्डिओ रम्मो ॥ १ ॥
गाम-पुर-खेड-कब्बड-मडम्ब-दोणीमुहेसु परिकिण्णो । गो-महिसि-वलवपुण्णो, धणनिवहनिरुद्धसीमपहो ॥ २ ॥
सत्थाह-सेट्ठि-गहवइ-कोडुम्बियपमुहसुद्धजणनिवहो । मणि-कणग-रयण-मोत्तिय-बहुधन्नमहन्तकोट्ठारो ॥ ३ ॥
देसम्मि तम्मि लोगो, विन्नाणवियक्खणो अइसुरूवो । बल-विहव-कन्तिजुत्तो, अहियं धम्मुज्जुयमईओ ॥ ४ ॥
नड-नट्ट-छत्त-लङ्घयनिच्चंनच्चन्तगीयसद्दालो । नाणाहारपसाहियभुञ्जाविज्जन्तपहियजणो ॥ ५ ॥
अहियं वीवाहसवियावडो गन्धकुसुमतत्तिल्लो । बहुपाण-खाण-भोयण-अणवरयंवड्ढिउच्छाहो ॥ ६ ॥
पुक्खरणीसु सरेसु य, उज्जाणेसु य समन्तओ रम्मो । परचक्क-मारि-तक्कर-दुब्भिक्खविवज्जिओ मुइओ ॥ ७ ॥

राजगृहनगरम्

तस्स बहुमज्झदेसे, पायारुब्भडविसालपरिवेढं । नयरं चिय पोराणं, रायपुरं नाम नामेणं ॥ ८ ॥
वरभवण-तुङ्गतोरण-धवलट्टालय कलङ्कपरिमुक्कं । फलिहासु संपउत्तं, कविसीसयविरइयाभोयं ॥ ९ ॥

---

## २. श्रेणिक-चिन्ता-विधान

मगध-वर्णन

यहाँ जम्बूद्वीप नामक द्वीपमें आए हुए दक्षिण भरत नामके क्षेत्रमें अनेक गुणोंसे सम्पन्न तथा नगर एवं खानोंसे सुशोभित मगध नामका जनपद आया हुआ है। (१) ग्राम, पुर, खेट[1], कर्बट[2], मडम्ब[3], द्रोणीमुख[4], आदि विविध प्रकारके नगरोंसे यह परिव्याप्त था। यह गाय, भैंस तथा घोड़े-घोड़ियों से परिपूर्ण था और सीमा तक जानेवाले इसके मार्ग धनके समूहसे अवरुद्ध-से रहते थे। (२) सार्थवाह, श्रेष्ठी, गृहपति, कौटुम्बिक आदि उत्तम लोगोंके समूह इसमें निवास करते थे। इसके बड़े बड़े कोष्ठागार मणि, सुवर्ण, रत्न, मोती तथा प्रचुर धान्यसे भरे-पूरे थे। (३) इस देशमें लोग विभिन्न विज्ञानोंमें विचक्षण थे, अत्यंत सुन्दर थे, बल, वैभव व कान्तिसे युक्त थे तथा धर्मका किस प्रकार अधिक उद्द्योत हो ऐसा सोचने-विचारनेवाले थे। (४) यह देश नृत्य एवं संगीतसे सर्वदा शब्दायमान रहता था। इसमें नट, नर्तक, छत्रधारी एवं बाँसपर खेलनेवाले नट लोग अपने कौशलका परिचय सदा दिया करते थे। इसमें पथिकजनोंको नानाविध आहार तैयार करके खिलाया जाता था। (५) यहाँ पर लोग बहुधा विवाहोत्सवमें व्याप्त रहते थे और इत्र व फूलों के बहुत शौकीन थे। खाद्य, पेय एवं भोजनमें यहाँके निवासियोंका उत्साह सतत बढ़ता ही रहता था। (६) यह देश चारों ओर सरोवरों, झीलों एवं उद्यानोंसे व्याप्त होनेके कारण सुन्दर दीखता था। परराज्यके आक्रमण, संक्रामक रोग, चोर एवं दुर्भिक्षसे रहित होनेकी वजह से सुखी था। (७)

राजगृह नगरीका वर्णन

इसके ठीक मध्य भागमें मजबूत और विशाल क़िलेसे घिरा हुआ राजपुर (राजगृह) नामक एक प्राचीन नगर था। (८) इसमें किसी भी प्रकारके कलंकसे मुक्त ऐसे भवन, ऊँचे तोरण तथा धवल अट्टालिकाएँ थीं। यह खाइयोंसे घिरा था तथा इसके प्राकारका अग्रभाग बन्दरोंके मुँहके जैसे आकारोंसे सुशोभित किया गया था। (९) अनेकविध व

---

१. धूलिके प्राकारवाला अथवा नदियों और पर्वतोंसे परिवेष्टित नगर। २. खराब या कुत्सित नगर। ३. जिसके चारों ओर एक योजन पर्यन्त कोई गाँव या बस्ती न हो ऐसा गाँव। ४. जल और स्थलके मार्गवाला नगर।

बहुभण्डसारगरुयं, जल-थलयसमिद्धरयणभरियघरं । णाणादेससमागय-वणियजणुल्लावसद्दालं ॥ १० ॥
भवणङ्गणच्चणेसु य, मरगय-माणिक्ककिरणकब्बुरियं । अगुरुय-तुरुक्क-चन्दण-जणवयपरिभोयसुसुयन्धं ॥ ११ ॥
चेइयघरेहि रम्मं, आरामुज्जाण-काणणसमिद्धं । सर-सरसि-वावि-वप्पिण-सएसु अइमणहरालोवं ॥ १२ ॥
चच्चर-चउक्कमणहर-पेच्छणयमहन्तमहुरनिग्घोसं । पण्डियजणसुसमिद्धं, अक्खलियचरित्तबहुसत्थं ॥ १३ ॥
किं जंपिएण बहुणा, तं नयरं गुणसहस्सआवासं । अमरपुरस्स य सोहं, घेत्तूण व होज्ज निम्मवियं ॥ १४ ॥

श्रेणीको राजा—

एवंविहे य नयरे, वसइ निवो तत्थ सेणिओ नाम । नरवइगुणेहि जुत्तो, वेसमणो चेव पच्चक्खो ॥ १५ ॥
भमरनिभनिद्धकेसो, वियसियवरपउमसरिसमुहलोहो । घण-पीण-कढिणखन्धो, थोरुन्नय-दीहबाहुजुओ ॥ १६ ॥
वित्थिण्णपिहुलवच्छो, करयलसमगिज्झललियतणुमज्झो । मयरायसरिसकडियड, समहियवरहत्थिहत्थोरू ॥ १७ ॥
कुम्मवरचारुचलणो, सोवण्णियपवओ व दिप्पन्तो । चन्दो व सोमवयणो, सलिलनिही चेव गम्भीरो ॥ १८ ॥
तं नत्थि जं न याणइ, नरिन्दविन्नाण-नाणमाहप्पं । सम्मत्तलद्धबुद्धी, गुरु-देवयपूयणसमत्थो ॥ १९ ॥
विविहकला-ऽऽगमकुसलो वि माणवो तस्स वरनरिन्दस्स । सुचिरं पि भण्णमाणो, गुणाण अन्तं न पाविज्जा ॥२०॥

## [ सिरिवीरजिणचरियं ]

वीरजिनजन्म, सुरकृतो जन्माभिषेकश्च

अत्थेत्थ भरहवासे, कुण्डग्गामं पुरं गुणसमिद्धं । तत्थ य नरिन्दवसहो, सिद्धत्थो नाम नामेणं ॥ २१ ॥

---

मूल्यवान् पदार्थोंसे यह भरा-पूरा था और इसके घर जल व स्थलमें उपलब्ध होनेवाले बहुमूल्य रत्नोंसे भरे हुए थे। यह नगर अनेक देशोंसे आये हुए व्यापारियोंके वार्तालापोंसे शब्दायमान रहता था। ( १० ) महलोंके प्रांगणको सजानेमें लाये गये मरकत एवं माणिक्यकी किरणोंसे यह चितकबरा-सा दिखाई पड़ता था तथा अगुरु, तुरुष्क एवं चन्दनकी सुगन्धिसे यह सारा नगर परिव्याप्त था। ( ११ ) यह देवमन्दिरोंसे रम्य था, बाग़बग़ीचों व उद्यानोंसे समृद्ध था तथा सैकड़ों सरोवर, झील, बावड़ी एवं खेतोंके कारण रमणीय प्रतीत होता था। ( १२ ) इसके चौक और चौराहे विशाल एवं प्रेक्षणीय थे। वे मधुर ध्वनिसे व्याप्त रहते थे। यह विद्वान् लोगोंसे समृद्ध था और लोगोंके अस्खलित चरित्रके कारण अत्यन्त प्रशंसनीय था। (१३) अधिक कहनेसे क्या? यह नगर हजारों गुणोंका आवास था और ऐसा मालूम होता था मानो इन्द्रपुरी अलकाकी शोभा लेकर इसका निर्माण कियागया हो। ( १४ )

राजा श्रेणिकका वर्णन—

इस प्रकारके नगरमें राजोचित गुणोंसे युक्त तथा साक्षात् कुबेरके जैसा श्रेणिक नामका नृप रहता था। ( १५ ) उसके केश भ्रमरके समान काले और स्निग्ध थे; उसके मुखकी शोभा खिले हुए सुन्दर कमल सरीखी थी, उसके कन्धे मोटे, मजबूत और कठिन थे, उसके दोनों हाथ लम्बे, मोटे और गोल थे, ( १६ ) उसका वक्षःस्थल चौड़ा और उभरा हुआ था, उसकी कमर सुन्दर और हाथकी पकड़में आ सके उतनी पतली थी, उसका कटिप्रदेश सिंहके जैसा था, उसकी जाँघ हाथीकी सूँढ़से भी अधिक सुन्दर थी, उसके पैर उत्तम कछुएकी भाँति सुन्दर थे, वह सुवर्णगिरिके सदृश देदीप्यमान था, उसका मुख चन्द्रमाके समान सौम्य था और समुद्रके जैसा वह गम्भीर था। (१७-१८) राजनीति और महत्त्वका ऐसा कोई भी ज्ञान नहीं था जो वह न जानता हो। सम्यग्दर्शनसे सम्पन्न उसकी बुद्धि थी और गुरु व देव ( जिन ) की पूजा करनेमें वह उद्यत रहता था। (१९) नानाविध कलाओं व शास्त्रोंमें पारंगत मनुष्य भी यदि उस राजेन्द्रकी चिरकाल तक स्तुति करे तो भी उसके गुणोंको वह पार नहीं पा सकता। ( २० )

महावीर-चरित—

इसी भरतक्षेत्रमें गुण एवं समृद्धिसे सम्पन्न कुण्डग्राम नामका नगर था। वहाँ पर राजाओंमें वृषभके समान

तस्स य बहुगुणकलिया, भज्जा तिसला त्ति रूवसंपन्ना । तीए गब्भम्मि जिणो, आयाओ चरिमसमयम्मि ॥ २२ ॥
आसणकम्पेण सुरा, मुणिऊण जिणेसरं समुप्पन्नं । सव्वे वि समुच्चलिया, परिओसुब्भिन्नरोमञ्चा ॥ २३ ॥
आगन्तूण य नयरे, गन्धोदयवारिवरिसणं काउं । घेत्तूण जिणवरिन्दं, मन्दरसिहरम्मि संपत्ता ॥ २४ ॥
ठविऊण पण्डुकम्बल–सिलाएँ सीहासणे मणिविचित्ते । अभिसिञ्चन्ति सुरिन्दा, खीरोदहिवारिकलसेहिं ॥ २५ ॥
आकम्पिओ य जेणं, मेरू अङ्गुट्ठएण लीलाए । तेणेह महावीरो, नामं सि कयं सुरिन्देहिं ॥ २६ ॥
नमिऊण जिणवरिन्दं, थोऊण पयाहिणं च काऊणं । पुणरवि माउसयासे, ठवेन्ति देवा तिलोयगुरुं ॥ २७ ॥
सुरवइदिन्नाहारो, अङ्गुट्ठयअमयलेवलेहेणं । उम्मुक्कबालभावो, तीसइवरिसो जिणो जाओ ॥ २८ ॥

**वीरस्य प्रव्रज्या, ज्ञानं, अतिशयाश्च—**

अह अन्नया कयाई, संवेगगओ[1] जिणो मुणियदोसो । लोगन्तियपरिकिण्णो, पवज्जमुवागओ वीरो ॥ २९ ॥
अह अट्ठकम्मरहियस्स[2] तस्स झाणोवओगजुत्तस्स । सयलजगुज्जोयगरं, केवलनाणं समुप्पन्नं ॥ ३० ॥
रुहिरं खीरसवण्णं, मलसेयविवज्जियं सुरभिगन्धं । देहं सलक्खणगुणं, रविप्पभं चेव अइविमलं ॥ ३१ ॥

---

उत्तम सिद्धार्थ नामक राजा राज्य करता था । ( २१ ) उसकी अनेक गुणोंसे युक्त तथा रूपवती त्रिशला नामकी भार्या थी । पूर्वजन्म पूर्ण होने पर जिन ( महावीर ) उसके गर्भमें आये । ( २२ ) आसनकम्प द्वारा जिनेश्वरका जन्म हुआ है ऐसा जानकर और इसीलिए आनन्दसे पुलकित होकर सब देव चल पड़े । ( २३ ) कुण्डग्राम नगरमें आकर उन्होंने सुगन्धित जलकी वृष्टि की । बादमें जिनवरेन्द्रको लेकर वे देव मेरुपर्वतके शिखर पर गये और पाण्डुकम्बल शिलाके ऊपर मणियोंसे देदीप्यमान सिंहासन पर भगवान्‌को स्थापित करके क्षीरोदधिके जलसे भरे हुए कलशोंसे उनका अभिषेक करने लगे । (२४-२५) मेरुपर्वतको अपने अंगूठेसे क्रीड़ामात्रमें उन्होंने हिला दिया था इसीलिए सुरेन्द्रोंने उनका नाम महावीर रखा । ( २६ ) जिनेन्द्र महावीरको वन्दन, स्तुति एवं प्रदक्षिणा करके देव वापस लौटे और तीनों लोकोंके गुरु-जैसे भगवानको पुनः माताके समीप रखा । ( २७ ) इन्द्रके द्वारा दिये गये आहारसे तथा अंगूठे पर किये गये अमृतके लेपके चूसनेसे धीरे-धीरे बालभावका त्याग करके जिन तीस वर्षकी अवस्थाके हुए । ( २८ )

संसारके दोषोंको जाननेवाले और इसीलिए विरक्त लोकान्तिक देवताओंसे[3] घिरे हुए जिनेश्वर महावीरने एक दिन दीक्षा ली । ( २९ ) बादमें ध्यानोपयोगमें लीन उन्हें आठ कर्मोंका क्षय होने पर समग्र जगत्‌को प्रकाशित करनेवाला केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ।[4] ( ३० ) उनका रुधिर दूधके समान श्वेत था । उनकी देह मैल और पसीनेसे रहित थी, उसमेंसे सुगन्ध आ रही थी, सामुद्रिक शास्त्रमें वर्णित सुन्दर लक्षणोंसे वह युक्त थी तथा अत्यन्त निर्मल थी । ( ३१ )

---

१. संवेगपरो मु० । २. अष्टकर्मार्हस्य (?) । अत्राचार्यस्य प्रमादः प्रतिभाति, केवलज्ञानोत्पत्तिसमये चतुःकर्मसंभवात्—सं० ।
३. ब्रह्मलोक नामक पाँचवें स्वर्गलोकमें रहनेवाले देव । तीर्थंकरके महाभिनिष्क्रमणके समय उनके सामने उपस्थित होकर 'बुज्झह बुज्झह' शब्द द्वारा प्रतिबोध करनेका उनका आचार है ।

४. अष्टविध कर्मके नाम ये हैं : १. ज्ञानावरण, २. दर्शनावरण, ३. वेदनीय, ४. मोहनीय, ५. आयु, ६. नाम, ७. गोत्र, और ८. अन्तराय । इनमेंसे १, २, ४ और ८ आत्माके मूल गुण ज्ञान, दर्शन आदिका घात करनेवाले होनेसे घातिकर्म कहलाते हैं, जबकि अवशिष्ट चार अघातिकर्म । घातिकर्मोंका क्षय होने पर केवलज्ञान उत्पन्न होता है । मूलमें 'अट्ठकम्मरहियस्य'···केवलनाणं समुप्पन्न' ऐसा पाठ है । सिद्धान्त तो यह है कि चार घातिकर्मोंका नाश होने पर केवलज्ञान होता है, अतः यहाँ लेखकका अभिप्राय ऐसा प्रतीत होता है कि चार घातिकर्मोंका नाश होने पर अवशिष्ट क्षीणबल हो जाते हैं । अतएव नगण्य हैं इसीलिए समस्त कर्मोंका विलय होने पर केवलज्ञान उत्पन्न होता है ऐसा भी कहा जा सकता है । विमलसूरिके इस पउमचरियके आधार पर श्री रविषेणाचार्यने संस्कृतमें पद्मपुराण लिखा है । उसमें तो 'चिच्छेद घातिकर्मचतुष्टयं' ऐसा ही उल्लेख है ।

नयणा फन्दणरहिया, नहकेसाऽवट्ठिया य निद्धा य। जोयणसयं समन्ता, मारीइ विवज्जिओ देसो ॥ ३२ ॥
जत्तो ठवेइ चलणे, तत्तो जायन्ति सहसपत्ताइं। फलभरनमिया य दुमा, सासमिद्धा मही होइ ॥ ३३ ॥
आयरिससमा धरणी, जायइ इह अद्धमागही वाणी। सरए व निम्मलाओ, दिसाओ रय-रेणुरहियाओ ॥ ३४ ॥
ठायइ जत्थ जिणिन्दो, तत्थ य सीहासणं रयणचित्तं। जोयणघोसमणहरं, दुन्दुहि सुरकुसुमवुट्ठी य ॥ ३५ ॥
एवं सो मुणिवसहो, अट्ठमहापाडिहेरपरियरिओ। विहरइ जिणिन्दभाणू, बोहिन्तो भवियकमलाइं ॥ ३६ ॥
अइसयविहूइसहिओ, गण-गणहर-सयलसङ्घपरिवारो। विहरन्तो चिय पत्तो, विउलगिरिन्दं महावीरो ॥ ३७ ॥

केवलमहिमार्थं देवानामागमनम्—

नाऊण देवराया, विउलमहागिरिवरे जिणवरिन्दं। एरावणं वलग्गो, हिमगिरिसिहरस्स संकासं ॥ ३८ ॥
सिंदूररइयकुम्भं, विरइयनक्खत्तमालकयसोहं। घण्टारवनिग्घोसं, गण्डयलुब्भिन्नमयलेहं ॥ ३९ ॥
गुमुगुमुगुमन्तमहुयर–निलीणमयसुरहिवासियसुयन्धं। चलचवलकण्णचामर–वाउद्धुब्बन्तधयमालं ॥ ४० ॥
सामाणियपरिकिण्णो, अच्छरसुग्गीयमाणमाहप्पो। सबसुरासुरसहिओ, विउलगिरिं आगओ इन्दो ॥ ४१ ॥
दट्ठूण जिणवरिन्दं, करयलजुयलं करीय सीसम्मि। सक्को पहट्ठमणसो, थोऊण जिणं समाढत्तो ॥ ४२ ॥

वीरस्तुतिः—

मोहन्धयारतिमिरे, सुत्तं चिय सयलजीवलोयमिणं। केवलकिरणदिवायर !, तुमेव उज्जोइयं विमलं ॥ ४३ ॥

---

उनकी आँखें स्पन्दनसे रहित थीं, उनके नाखून और बाल अवस्थित तथा स्निग्ध थे और उनके चारों ओर सौ योजन तकका प्रदेश संक्रामक रोगोंसे शून्य रहता था। ( ३२ ) जहाँ पर उनके चरण पड़ते थे वहाँ सहस्रदल कमल निर्मित हो जाता था, वृक्ष फलोंके भारसे झुक-से जाते थे, पृथ्वी धान्यसे परिपूर्ण और जमीन दर्पणके समान स्वच्छ हो जाती थी। अर्धमागधी वाणी उनके मुखसे निकलती थी और धूल व गर्द से रहित दिशाएँ शरत्कालकी भाँति निर्मल हो जाती थीं। ( ३३-३४ ) जहाँ जिनेन्द्र महावीर ठहरे थे वहाँ रत्नखचित सिंहासन, योजन पर्यन्त जिसका मनोहर शब्द सुनाई दे ऐसी दुन्दुभि तथा देवों द्वारा की जानेवाली पुष्पवृष्टि होती थी। ( ३५ ) इस प्रकार आठ प्रातिहार्योंसे समन्वित मुनिवृषभ और जिनेन्द्रोंमें भी सूर्य सदृश भगवान् महावीर भव्यजनरूपी कमलोंको विकसित करते हुए विचरते थे। ( ३६ ) शिष्यसमुदाय, गणधर एवं सकल संघके साथ विहार करते हुए तथा ज्ञानादि अतिशयोंकी विभूतिसे युक्त महावीर एक बार विपुलाचलके ऊपर पधारे। ( ३७ )

विपुल नामक पर्वत पर जिनवरेन्द्र पधारे हैं ऐसा अवधिज्ञानसे जानकर देवेन्द्र हिमगिरिके एक शिखर-सरीखे अपने ऐरावत हाथी पर चढ़ा। ( ३८ ) उस ऐरावत हाथीके गण्डस्थल सिन्दूरसे सजाये थे, गले पर नक्षत्रमालाका आलेखन करनेसे वह सुशोभित हो रहा था, गलेमें लटकते हुए घण्टकी ध्वनिसे वह शब्दित हो रहा था, उसके गण्डस्थलमेंसे मदकी धारा बह रही थी। ( ३९ ) जिस पर भौंरे गुनगुना रहे थे ऐसे मदकी मधुर गन्धसे वह सुरभित हो रहा था, चंचल कानरूपी चामरोंसे उत्पन्न वायुसे ध्वजाओंकी माला हिल रही थी। ( ४० ) सामानिक देवोंसे[1] घिरा हुआ तथा अप्सराएँ जिसका माहात्म्य गा रही हैं ऐसा इन्द्र सभी सुर एवं असुरोंके साथ विमलगिरि पर आया। ( ४१ ) जिनवरेन्द्र को देखते ही दोनों हाथ मस्तक पर जोड़कर मनमें आनन्दित होता हुआ वह भगवान्‌की इस प्रकार स्तुति करने लगा—( ४२ )

वीरस्तुति—

"हे केवलज्ञानरूपी किरणोंसे सूर्यके समान ! यह सारा जीवलोक मोहरूपी गहरे अन्धकारमें सोया हुआ है।

---

१. सामानिक वे देव हैं जो आयु आदिमें इन्द्रके समान हों अर्थात् जो अमात्य, पिता, गुरु आदिकी तरह पूज्य हों, पर जिनमें केवल इन्द्रत्व न हो।

संसारभवसमुद्दे, सोगमहासलिलवीइसंघट्टे । पोओ तुमं महायस !, उत्तारो भवियवणियाणं ॥ ४४ ॥
संसारभवकडिल्ले, संजोगविओगसोगतरुगहणे । कुपहपणट्ठाण तुमं, सत्थाहो नाह ! उप्पन्नो ॥ ४५ ॥
तुह नाह ! को समत्थो, सब्भूयगुणाण कुणइ परिसंखा ? । सुइरम्मि भण्णमाणो, अवि वाससहस्सकोडीहिं ॥४६॥
थोऊण देवराया, अन्ने वि चउव्विहा सुरनिकाया । भावेण कयपणामा, उवविट्ठा सन्निवेसेसु ॥ ४७ ॥
मगहाहिवो वि राया, दट्ठूण सुरागमं जिणसगासे । भडचडयरेण महया, तो रायपुराओ नीहरिओ ॥ ४८ ॥
पत्तो य तमुद्देसं, मत्तमहागयवराओ उत्तिण्णो । थोऊण जिणवरिन्दं, उवविट्ठो मगहसामन्तो ॥ ४९ ॥

समवसरणम्—

पुव्वविणिम्मियभागं, जोयणपरिवेढमण्डलाभोयं । पायारंतउणमाणमय–गोउरवित्थिण्णकयसोहं ॥ ५० ॥
अह दोण्णि य वक्खारा, अट्ठमहापाडिहेरसंजुत्ता । अट्ठट्ठ नाडयाइं, दारे दारे य नच्चन्ति ॥ ५१ ॥
सोलस वरवावीओ, कमलुप्पलविमलसलिलपुण्णाओ । चउसु विदिसासु मज्झे, हवन्ति चत्तारि चत्तारि ॥ ५२ ॥
भयवं पि तिहुयणगुरू, विचित्तसीहासणे सुहनिविट्ठो । छत्ताइछत्त-चामर-असोग-भामण्डलसणाहो ॥ ५३ ॥
एवंविहम्मि तत्तो, सुरवरमेलीणजणसमूहम्मि । पत्तेयं पत्तेयं, वक्खारं कित्तइस्सामि ॥ ५४ ॥

---

अकेले आपने ही इसे निर्मल प्रकाशसे प्रकाशित किया है। (४३) संसाररूपी समुद्रमें शोकरूपी बड़ी-बड़ी लहरें टकरा रही हैं; हे महायश ! भव्यजनरूपी व्यापारियोंको नौकाके समान आप ही पार उतारनेवाले हैं। ( ४४ ) हे नाथ ! संयोग, वियोग एवं शोकरूपी तरुओंसे व्याप्त जन्म-मरणरूपी संसारके गहन वनके कुमार्गमें नष्ट होनेवाले जन्तुओंके लिए आप ही सार्थवाह तुल्य उत्पन्न हुए हैं। ( ४५ ) बहुत देर तक—सहस्रकोटि वर्षों तक भी आपके वास्तविक गुणोंका यदि कोई संकीर्तन करे तो भी उनकी गिनती करने में, हे नाथ ! कौन समर्थ हो सकता है ? ( ४६ )

इस प्रकार स्तुति करनेके पश्चात् देवेन्द्र तथा दूसरे भी चारों निकायोंके[४] देव भावपूर्वक प्रणाम करके अपने-अपने योग्य स्थानोंमें जा बैठे। ( ४७ ) मगधाधिप राजा श्रेणिक भी जिनेश्वर भगवान्के पास देवताओंका आगमन देखकर बड़े भारी सुभटसमूहके साथ राजपुरसे निकला। ( ४८ ) जिस स्थान में भगवान् ठहरे हुए थे उस स्थान पर आकर वह मगधनरेश मदोन्मत्त गजराज परसे नीचे उतरा और जिनवरकी स्तुति करके नीचे बैठा। ( ४९ )

समवसरणका वर्णन—

वह स्थान एक योजन जितने विशाल गोलाकार प्रदेशमें फैला हुआ था और उसके पहले ही से तीन भाग किये गये थे। उसके तीन प्राकार थे तथा मणिमय विशाल गोपुरों ( दरवाज़ों ) से वह शोभित हो रहा था। ( ५० ) दो वक्षस्कार ( खण्ड ) थे और वे आठ महाप्रातिहार्योंसे युक्त थे। उसके प्रत्येक दरवाजे पर आठ-आठ नाटक खेले जा रहे थे। ( ५१ ) कमल एवं उत्पलसे युक्त निर्मल पानीसे भरी हुई सोलह उत्तम बावड़ियाँ चारों विदिशाओंमें चार-चारके हिसाबसे थीं। ( ५२ ) त्रिभुवनगुरु भगवान् महावीर भी एक अद्भुत सिंहासनके ऊपर सुखपूर्वक बैठे थे। छत्रके ऊपर छत्र, चामर, अशोकवृक्ष और भामण्डलसे वे युक्त थे। ( ५३ )

अब मैं देव एवं मानवसमूहसे व्याप्त प्रत्येक वक्षस्कार ( खण्ड या विभाग ) का वर्णन करूँगा— ( ५४ )

---

१. संतारो—मु०। २. अह—प्रत्यन्तरेषु। ३. स्वस्थानेषु। ४. देवोंके चार निकाय ( जातियाँ ) हैं: १. भवनपति, २. व्यन्तर, ३. ज्योतिष्क, और वैमानिक। देव विषयक जैन मन्तव्य जाननेके लिए देखो तत्त्वार्थसूत्रका चौथा अध्याय।

पढमम्मि य वक्खारे, परिसा निग्गन्थमहरिसीणं तु १ । तयणन्तरं पि बीए, सोहम्माईसुरवहूणं२ ॥ ५५ ॥
तइयम्मि य वक्खारे, परिसा अज्जाण गुणमहन्तीणं३ । तत्तो परं तु नियमा, जोइसकन्नाण परिसा य४ ॥ ५६ ॥
वन्तरवहूण तत्तो५, परिसा उण भवणवासियवहूणं६ । तत्तो परं तु नियमा, जोइसियाणं सुरवराणं७ ॥ ५७ ॥
वन्तरभवणिन्दाणं८, वक्खारेसु य हवन्ति परिसाओ९ । सोहम्माईण तओ, देवाणं कप्पवासीणं१० ॥ ५८ ॥
अवरम्मि य वक्खारे, परिसा मणुयाण नरवरिन्दाणं११ । होइ तिरिक्खाण पुणो, परिसा पुव्वुत्तरे भागे१२ ॥ ५९ ॥
एवं पसन्नचित्ते, सुरवरमेलीणपत्थिवसमूहे । पुच्छइ धम्मा-ऽधम्मं, तित्थयरं गोयमो नमिउं ॥ ६० ॥
तो अद्धमागहीए, भासाए सव्वजीवहियजणणं । जलहरगम्भीररवो, कहेइ धम्मं जिणवरिन्दो ॥ ६१ ॥

वीरस्य भगवतो देशना—

दव्वं च होइ दुविहं, जीवा-ऽजीवा तहेव नायव्वं । जीवा हवन्ति दुविहा, सिद्धा संसारवन्ता य ॥ ६२ ॥
जे होन्ति सिद्धजीवा, ताण अणन्तं सुहं अणोवमियं । अक्खयमयलमणन्तं, हवइ सया बाहपरिमुक्कं[1] ॥ ६३ ॥
तत्थ य संसारत्था, दुविहा तस-थावरा मुणेयव्वा । उभए वि हुन्ति दुविहा, पज्जत्ता तह अपज्जत्ता ॥ ६४ ॥
पुढवि जल जलण मारुय, वणस्सई चेव थावरा भणिया । वेइन्दियाइ जाव उ, दुविह तसा सन्नि इयरे य ॥ ६५ ॥
जं तं अजीवदव्वं, धम्मा-ऽधम्माइभेयभिन्नं च । भव्वाण सिद्धिगमणं, तं विवरीयं अभव्वाणं ॥ ६६ ॥
मिच्छत्त-जोगपच्चय, तह य कसाएसु लेससहिएसु । एएसु चेव जीवो, बन्धइ असुहं सया कम्मं ॥ ६७ ॥

---

प्रथम वक्षस्कार ( खण्ड ) में निर्ग्रन्थ महर्षियोंकी परिषद् जमा हुई थी। दूसरेमें सौधर्म आदि देवोंकी देवियाँ थीं ( ५५ ) तीसरेमें अपने गुणोंके कारण महान् ऐसी साध्वियोंकी परिषद् थी। उसके पश्चात् नियमानुसार ज्योतिष्क देवलोककी देवियोंकी परिषद्का स्थान था। ( ५६ ) इसके अनन्तर व्यन्तरकन्या तथा भवनवासी देवियोंका स्थान आता था। इसके बाद, यथानियम, ज्योतिष्क देवोंका स्थान था। ( ५७ ) बादमें व्यन्तर एवं भवनेन्द्र देवोंका विभाग आता था। इनके बाद सौधर्म तथा कल्पवासी देवोंका विभाग था। ( ५८ ) अन्यमें मनुष्यों एवं राजाओंका स्थान था। उनके पश्चात् समवसरणके पूर्वोत्तर भागमें तिर्यंचोंका जमाव था। ( ५९ ) देवों और राजाओंके ऐसे समूहके बीच गौतम वन्दन करके तीर्थंकरदेवसे धर्म एवं अधर्मके बारेमें प्रश्न पूछते हैं। ( ६० ) तब मेघके समान गम्भीर ध्वनिवाले जिनवरेन्द्र महावीर अर्धमागधी भाषामें सभी लोगोंके लिये कल्याणकर ऐसे धर्मका इस प्रकार उपदेश देते हैं—( ६१ )

भगवान् महावीरका उपदेश

द्रव्य दो प्रकारके हैं। जीव और अजीव रूप ये दो भेद जानने योग्य हैं। जीवके भी दो भेद हैं—(१) सिद्ध, और (२) संसारी ( ६२ ) जो सिद्ध जीव होते हैं उनका सुख अनन्त, अनुपम, अक्षय, अमल, अनन्त एवं किसी भी प्रकारकी बाधासे सदा मुक्त अर्थात् अव्याबाध होता है। ( ६३ ) संसारी जीवोंके भी त्रस एवं स्थावर रूपसे दो भेद जानने चाहिए। इन दोनोंके भी पर्याप्त और अपर्याप्त रूप दो दो भेद हैं। ( ६४ ) पृथ्वी. पानी, आग, पवन और वनस्पति—ये पाँच स्थावर जीव कहे गए हैं। द्वीन्द्रियसे लेकर पंचेन्द्रिय तकके त्रस जीव हैं। उनके भी दो भेद हैं—(१) संज्ञी अर्थात् मनवाले, और (२) असंज्ञी अर्थात् मनरहित। ( ६५ ) जो अजीव द्रव्य है वह धर्म, अधर्म आदि भेदसे अनेक प्रकारका है। भव्य जीव मोक्षमें जाते हैं, जबकि अभव्य जीव मोक्षमें न जाकर इस संसारमें भटकते ही रहते हैं। ( ६६ ) मिथ्यात्व, मन-वचन-कायकी प्रवृत्ति रूप योग तथा लेश्या[2] सहित कषाय इन कारणोंसे जीव सर्वदा अशुभ कर्मका बन्ध करता है। ( ६७ ) सम्यक्त्वके

---

१. बाधा परिमुक्तम्। २. द्रव्य एवं भावके भेदसे लेश्याके दो प्रकार हैं। द्रव्य लेश्यामें शारीरिक वर्ण ( कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म और शुक्ल ) का समावेश होता है, जबकि आत्माके कृष्ण ( अत्यन्त कलुषित परिणाम ) आदि परिणामोंको भाव लेश्या कहते हैं।

नाणेण दंसणेण य, चारित्त-तवेण सम्मसहिएणं । मण-वयण-कायगुत्तो, अज्जिणइ अणन्तयं पुण्णं ॥ ६८ ॥
अट्ठविहभेयभिन्नं, कम्मं संखेवओ समक्खायं । बज्झन्ति य मुच्चन्ति य, जीवा परिणामजोगेणं ॥ ६९ ॥
संसारपवन्नाणं, जीवाणं विसयसङ्गमूढाणं । जं होइ तक्खणसुहं, तं पुण दुक्खं अणेगविहं ॥ ७० ॥
जाव य निमिसपमाणो, कालो वच्चेज्ज नरयलोगम्मि । तावं चिय नत्थि सुहं, जीवाणं पावकम्माणं ॥ ७१ ॥
दमणेसु ताडणेसु य, बन्धणनिब्भच्छणाइदोसेसु । दुक्खं तिरिक्खजीवा, अणुहवमाणा य अच्छन्ति ॥ ७२ ॥
संजोग-विप्पओगे, लाहा-ऽलाहे य राग-दोसेसु । मणुयाण हवइ दुक्खं, सारीरं माणसं चेव ॥ ७३ ॥
अप्पिड्ढियदेवाण वि, दट्ठूण महिड्ढिए सुरसमूहे । जं उप्पज्जइ दुक्खं, तत्तो गुरुयं चवणकाले ॥ ७४ ॥
एयारिसम्मि घोरे, संसारे चाउरङ्गमग्गमि । दुक्खेहि नवरि जीवो, भट्ठो मणुयत्तणं लहइ ॥ ७५ ॥
लद्धे वि माणुसत्ते, सबराइकुलेसु मन्दविभवेसु । उत्तमकुलम्मि दुक्खं, उप्पत्ती होइ जीवस्स ॥ ७६ ॥
उप्पन्नो वि हु सुकुले, वामण-बहिर-ऽन्ध-मूय-कुणि-खुज्जो । दुक्खेहि लहइ जीवो, निरोगपञ्चिन्दियं रूवं ॥ ७७ ॥
सबाण सुन्दराणं, लद्धे वि समागमे अपुण्णस्स । न हविज्ज धम्मबुद्धी, मूढस्स उ लोभ-मोहेणं ॥ ७८ ॥
उप्पन्ना वि य बुद्धी, धम्मस्सुवरिं कुधम्म-हम्मेसु । तह वि य पुण भामिज्जइ, न लहइ जिणदेसियं धम्मं ॥ ७९ ॥
लद्धूण माणुसत्तं, जस्स न धम्मे सया हवइ चित्तं । तस्स किर करयलत्थं, अमयं नट्ठं चिय नरस्स ॥ ८० ॥
केइत्थ धीरपुरिसा, चारित्तं गिण्हिऊण भावेण । अक्खण्डियचारित्ता, जाव ठिया उत्तमट्ठम्मि ॥ ८१ ॥

साथ ज्ञान, दर्शन, चारित्र एवं तपसे तथा मन-वचन-कायको अशुभ प्रवृत्तिसे दूर रखनेवाला जीव अनन्त पुण्य उपार्जित करता है। ( ६८ ) कर्मके संक्षेपमें आठ भेद कहे गए हैं। अपने-अपने परिणामके अनुसार जीव कर्मका बन्ध करते हैं या मुक्त होते हैं। ( ६९ ) विषय-सुखमें मूढ़ संसारी जीवको जो क्षणिक सुख प्रतीत होता है वह तो वस्तुतः अनेकविध दुःखरूप ही है। ( ७० ) पापकर्म करनेवाले जीवको नरक लोकमें एक निमिष जितने भी समयमें सुख नहीं मिलता। ( ७१ ) तिर्यंच जीव, मार-पीट, बन्धन एवं तिरस्कार आदि दोषों द्वारा दुःखका अनुभव करते हैं। ( ७२ ) संयोग और वियोगमें, लाभमें और अलाभमें, रागमें और द्वेषमें मनुष्यको शारीरिक एवं मानसिक दुःख होता है। ( ७३ ) अल्प ऋद्धिवाले देवोंको महर्द्धिक सुरसमूहको देखकर जो दुःख होता है उससे भी भारी दुःख तो उन्हें च्यवनकालमें ( देवगतिसे च्युत होकर दूसरी गतिमें जन्म लेते समय अर्थात् मरणकालमें ) होता है। ( ७४ ) ऐसे घोर संसाररूपी चौराहेमें खड़ा हुआ जीव दूसरे जीवोंकी अपेक्षा तुलनामें दुःखसे मुक्त होने पर ही मानवयोनि प्राप्त करता है। ( ७५ ) मनुष्यत्व प्राप्त करनेके बावजूद भी मन्द पुण्यके कारण जीव शबर आदि कुलोंमें उत्पन्न होता है; उत्तम कुलोंमें जीवकी उत्पत्ति बड़ी कठिनाईसे होती है। ( ७६ ) उत्तम कुलमें उत्पन्न होने पर भी मनुष्य बौना, बहरा, अन्ध, गूँगा, ठूँठा और लूला-लँगड़ा होता है। जीव बड़ी मुश्किलसे पाँचों इन्द्रियोंसे नीरोग तथा सुरूप होता है। ( ७७ ) सभी सुन्दर वस्तुओंकी प्राप्ति होने पर भी अपुण्यशाली मूर्ख मनुष्यको लोभ एवं मोहवश धर्ममें बुद्धि ही नहीं होती। ( ७८ ) धर्म विषयक बुद्धि उत्पन्न होने पर भी कुधर्मरूपी क्रीड़ागृहोंमें वह घुमाया जाता है, जिससे जिनभावित धर्मको वह प्राप्त नहीं करता। ( ७९ ) मनुष्यत्व प्राप्त करके जिसका चित्त सर्वदा धर्ममें नहीं लगा रहता उस मनुष्यके करतलमें आया हुआ अमृत भी मानो नष्ट हो गया। ( ८० ) यहाँ पर ऐसे भी कितने ही धीर पुरुष हुए थे जिन्होंने भावपूर्वक चारित्र ग्रहण किया था और अपने चारित्रमें अखण्डित रहकर अब उत्तम स्थान ( मोक्ष ) में जाकर ठहरे हैं। ( ८१ ) दूसरे भी ऐसे धीर पुरुष हैं जिन्होंने 'जिन' पदकी ( तीर्थंकर नामकर्मकी ) प्राप्तिके लिये कारणभूत बीस स्थानककी[1] आराधना करके तीनों लोकोंके लिये

१. अरिहंत[1], सिद्ध[2], प्रवचन[3], गुरु[4], स्थविर[5], बहुश्रुत[6] और तपस्वी[7] इन सातमें वत्सलता ( अनुराग ); अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोग[8]; दर्शन[9], विनय[10]. आवश्यक[11], शील[12] ( उत्तर गुण ). व्रत[13] ( मूलगुण ) इन पाँचमें निरतिचारता; क्षणलव[14] ( निरन्तर समाधि ), तप[15], त्याग[16] और वैयावृत्त्य[17] इन चारमें समाधि; अपूर्वज्ञानग्रहण[18] ( निरन्तर ज्ञानाभ्यास ), श्रुतभक्ति[19] तथा प्रवचन प्रभावना[20]—ये बीस तीर्थंकर नामकर्मकी प्राप्तिके कारण माने जाते हैं और इसीलिये इनकी आराधनाका उपदेश है।

अन्ने पुणो वि केई, वीसं जिणकारणाइँ भावेउं । तेलोक्खोभणकरं, अणन्तसोक्खं समज्जन्ति ॥ ८२ ॥
अन्ने तवं विगिट्ठं, काउं, थोवावसेससंसारा । दो तिण्णि भवे गन्तुं, निव्वाणमणुत्तरमुवेन्ति ॥ ८३ ॥
काऊण तवमुयारं, आराहिय धीबलेण कालगया । ते होन्ति वरअणुत्तर–विमाणवासेसु अहमिन्दा ॥ ८४ ॥
तत्तो चुया समाणा, हलहर-चक्कहरभोग-रिद्धीओ । भोत्तूण सुचिरकालं, धम्मं काऊण सिज्झन्ति ८५ ॥
घेत्तूण समणधम्मं, घोरपरीसहपराइया अन्ने । भज्जन्ति संजमाओ, सेवन्ति अणुव्वयाणि पुणो ॥ ८६ ॥
तुट्ठा हवन्ति अन्ने, दरिसणमेत्तेण जिणवरिन्दाणं । पच्चक्खाणनिवित्तिं, न वि ते सुविणे वि गेण्हन्ति ॥ ८७ ॥
मिच्छत्तमोहियमई, निस्सीला निव्वया गिहारम्भे । पविसन्ति महाघोरं, संगामं विसयरसलोला ॥ ८८ ॥
अन्ने वि करिसणाई, वावारा विविहजन्तुसंवग्घा । काऊण जन्ति नरयं, तिव्वमहावेयणं घोरं ॥ ८९ ॥
माया-कुडिलसहावा, कूडतुला-कूडमाणववहारा । धम्मं असद्दहन्ता, तिरिक्खजोणी उवणमन्ति ॥ ९० ॥
उज्जुयधम्मायारा, तणुयकसाया सहावभद्दा य । मज्झिमगुणेहि जुत्ता, लहन्ति ते माणुसं जम्मं ॥ ९१ ॥
अणुवय-महव्वएहि य, बालतवेण य हवन्ति संजुत्ता । ते होन्ति देवलोए, देवा परिणामजोगेणं ॥ ९२ ॥

---

आश्चर्यकारी ऐसा अनन्त सुख प्राप्त किया है। ( ८२ ) दूसरे ऐसे भी हैं जो घोर तप करके अपने संसारको अल्प कर देते हैं और दो या तीन भव तक इस संसारमें परिभ्रमण करके फिर अनुपम निर्वाण प्राप्त करते हैं। ( ८३ ) वे लोग जो उत्तम तप करते हैं तथा अपने बुद्धिबलके अनुसार आराधना करके मृत्यु प्राप्त करते हैं वे उत्तम अनुत्तर-विमानोंमें[3] अहमिन्द्र रूपसे उत्पन्न होते हैं। ( ८४ ) वहाँसे च्युत होने पर वे बलदेव, एवं चक्रवर्तीके भोग व ऐश्वर्यका चिरकाल तक उपभोग करके और बादमें धर्मका आचरण करके सिद्ध होते हैं। ( ८५ ) दूसरे ऐसे भी होते हैं जो घोर परीषहोंसे[4] पराजित होकर संयमसे भ्रष्ट होते हैं और पुनः गृहस्थके अणुव्रतोंका[5] पालन करते हैं। ( ८६ ) कई लोग ऐसे भी होते हैं जो जिनवरेन्द्रके दर्शनमात्रसे संतोष मानते हैं। वे स्वप्नमें भी प्रत्याख्यान ( त्याग ) और उससे प्राप्त होनेवाले सुखका अनुभव नहीं करते। ( ८७ ) मिथ्यात्वसे जिनकी मति मोहित हो गई है ऐसे चारित्रहीन, व्रतरहित एवं विषयरसमें आसक्त मनुष्य अतिघोर संग्राम जैसे गृहारम्भमें प्रवेश करते हैं। ( ८८ ) दूसरे मनुष्य खेती आदि व्यवस्थामें अनेक प्रकारके जन्तुओंका विनाश करके तीव्र एवं अत्यन्त दुःखसे परिपूर्ण घोर नरकमें जाते हैं। ( ८९ ) छल-कपटयुक्त एवं कुटिल स्वभाववाले, झूठे माप-तौलसे धन्धा-रोजगार करनेवाले तथा धर्ममें अश्रद्धा रखनेवाले तिर्यंच योनिमें उत्पन्न होते हैं। ( ९० ) जो सरल स्वभावके और धर्मका आचरण करनेवाले हैं, जिनके कषाय मन्द हैं और जो स्वभावसे भद्र तथा मध्यम गुणोंसे युक्त हैं वे मनुष्यजन्म प्राप्त करते हैं। ( ९१ ) जो अणुव्रत और महाव्रतका[6] पालन करते हैं और बालककी भाँति समझे बूझे बिना बाल-तप करते हैं वे अपने-अपने परिणामके अनुसार देवलोकोंमें देव रूपसे उत्पन्न होते हैं। ( ९२ ) जो ज्ञान, दर्शन एवं चारित्रमें तथा परस्पर

---

१. गच्छंति—प्रत्य०। २. घोरमणंतं दुरुत्तारं—प्रत्य०। ३. स्वर्ग लोकके अग्रभागमें विजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित और सर्वार्थसिद्ध ये पाँच विमान एक दूसरेके ऊपर-ऊपर आए हैं। ये सबसे उत्तर—प्रधान होनेके कारण अनुत्तर कहलाते हैं। इनमेंसे प्रथमके चार विमानोंके देव द्विचरम अर्थात् दो बार मनुष्य जन्म धारण करके मोक्ष जाते हैं, जबकि सर्वार्थसिद्ध विमानके देव एक चरम—एक बार ही मनुष्य जन्म लेते हैं। वे उस विमानसे च्युत होने पर मनुष्यत्व धारण करके उसी जन्ममें मोक्ष प्राप्त करते हैं। अनुत्तर देवलोकका प्रत्येक देव इन्द्र जैसा स्वाधीन होता है। अतः उसे 'अहमिन्द्र' कहते हैं। ४. धर्ममार्गमें स्थिर रहने और कर्मबन्धनोंके विनाशार्थ जो भूख, प्यास आदि स्थिति समभावपूर्वक सहन करने योग्य है उसे परीषह कहते हैं। परीषह कुल बाईस हैं। विशेषके लिये देखो तत्त्वार्थसूत्र अ० ९ सू० ८-९। ५. गृहस्थके व्रत अणुव्रत कहलाते हैं। ये बारह हैं—(१) अहिंसा अणुव्रत, (२) सत्य अणुव्रत, (३) अचौर्य अणुव्रत, (४) ब्रह्मचर्य अणुव्रत, (५) अपरिग्रह अणुव्रत, (६) दिग्विरतिव्रत, (७) देशविरतिव्रत, (८) अनर्थदण्ड विरतिव्रत, (९) सामायिक व्रत, (१०) पोषधोपवास व्रत, (११) उपभोग परिभोग परिमाण व्रत, और (१२) अतिथिसंविभाग व्रत। इन व्रतोंके ब्योरेवार वर्णनके लिये देखो तत्त्वार्थसूत्र अ० ७ सू० १५–१६। ६. हिंसा, असत्य, चोरी, अब्रह्म ( कामवासना ) तथा परिग्रहके समग्र भावसे त्यागको महाव्रत कहते हैं। महाव्रत पाँच हैं—अहिंसा, सत्य, अचौर, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। योगशास्त्रमें इसे 'यम' कहते हैं।

दंसण-नाण-चरित्ते, सुद्धा अन्नोन्नकरणजोएसु[1] । देहे वि निरवयक्खा, सिद्धिं पावेन्ति धुयकम्मा ॥ ९३ ॥
तं अक्खयं अणन्तं, अबाबाहं सिवं परमसोक्खं । पावन्ति समणसीहा, कम्मट्ठविवज्जिया मोक्खं ॥ ९४ ॥
चउगइमहासमुद्दे, जीवा घोलन्ति कम्मपडिबद्धा । न य उत्तरेज्ज केई, मोत्तुं जिणधम्मबोहित्थं ॥ ९५ ॥
संसारमहागिम्हे, दुक्खायवतिव्ववेयणुम्हविय[2]ं । जिणवयणमेहसीयल-उल्हवियं सयलजियलोयं ॥ ९६ ॥

श्रेणिकस्य पद्मचरिते संशयः

अह ते सुणित्तु धम्मं, जिणवरमुहकमलनिग्गयं देवा । सम्मत्तलद्धबुद्धी, गया य नियया[3]इं ठाणाइं ॥ ९७ ॥
मगहाहिवो वि राया, वीरजिणं पणमिऊण भावेणं । सबपरिवारसहिओ, कुसग्गनयरं समणुपत्तो ॥ ९८ ॥
ताव य दिवसवसाणे, अत्थं चिय दिणयरो समल्लीणो । मउलन्ति य[4] कमलाइं, विरहो चक्कायमिहुणाणं ॥ ९९ ॥
उच्छरइ तमो गयणे, महलन्तो दिसिवहे कसिणवण्णो । सज्जणचरिउज्जोयं, नज्जइ[5] ता दुज्जणसहावो ॥ १०० ॥
राया वि नियभवणे, मणिदीवजलन्तकिरणविच्छुरिए । सयणे सुहप्पसुत्तो, कुसुमप[6]डोच्छइयपलङ्के ॥ १०१ ॥
निद्दं सेवन्तो चिय, सुविणे वि पुणो पुणो जिणवरिन्दं । पेच्छइ पुच्छइ य तओ, संसय परमं पयत्तेणं ॥१०२॥
घणगुरुगभीरगज्जिय–निणायबहुतूरबन्दिसद्देणं । अह उट्ठिओ महप्पा, थुवन्तो मङ्गलसएहिं ॥ १०३ ॥

---

करण[*] एवं योगमें[६] शुद्ध होते हैं और जो देहमें भी अनासक्त होते हैं वे अपने कर्मोंका नाश करके मुक्ति प्राप्त करते हैं। (९३) जो ज्ञानावरणीय आदि आठ प्रकारके कर्मसे रहित होते हैं वे श्रमणोंमें सिंह जैसे पराक्रमी ही उस अक्षय, अनन्त, अव्याबाध, शिव, और परमसुखमय मोक्ष प्राप्त करते हैं। (९४) चार गति[७] रूपी महासमुद्रमें कर्मसे जकड़े हुए जीव इधर-उधर टकराया करते हैं। जिनधर्मरूपी नौकाके सिवाय कोई इस समुद्रसे पार उन्हें नहीं उतार सकता। (९५) संसाररूपी अति भीषण ग्रीष्मकालमें दुःखरूपी गरमीसे तीव्र वेदनाका अनुभव करनेवाला समग्र जीवलोक जिनवचनरूपी मेघके शीतल जलसे शान्तिका अनुभव करता है। (९६)

इस प्रकार जिनवर श्रीमहावीरके मुखकमलसे निकले हुए धर्मके उपदेशको सुनकर बुद्धिमें सम्यक्त्व धारण करके वहाँपर आए हुए देव अपने-अपने स्थानपर चले गए। (९७) मगधाधिप राजा श्रेणिक भी भावपूर्वक वीर जिनेन्द्रको वन्दन करके अपने सारे परिवारके साथ कुशाग्रपुर (राजगृह) में लौट आया। (९८)

दिवसका अवसान होनेपर सूर्य अस्त हो गया, कमल म्लान हो गए और चक्रवाकका जोड़ा वियुक्त हो गया। (९९) दिक्पथोंको अपने कृष्णवर्णसे मलिन करता हुआ अंधकार आकाशमें फैल गया। इससे सज्जनोंके चरित्रका प्रकाश तथा दुर्जनोंका स्वभाव कैसा होता है यह जाना जाता है। (१००) राजा भी जलते हुए मणिमय दीपकोंकी किरणोंसे प्रकाशित अपने भवनमें गया और पुष्पोंकी चादरसे आच्छादित पलंगमें जाकर सो गया।। (१०१) यद्यपि वह सो गया था, फिर भी वह स्वप्नमें भगवान्‌को बार-बार देखता था और अत्यन्त प्रयत्नके साथ वह उनसे प्रश्न पूछता था। (१०२) प्रातःकाल होने पर बादलके समान अतिगम्भीर गर्जना करनेवाले अनेक प्रकारके वाद्य तथा बन्दीजनोंके संगीतसे वह महात्मा (राजा श्रेणिक) उठा और मंगल शब्दोंसे स्तुति करने लगा। (१०३)

---

१. जोएण—प्रत्य०। २. तिक्खेवेयणु—प्रत्य०। ३. ज्ञायते। ४. पटावस्तृत। ५. व्रत (५), श्रमणधर्म (१०), संयम (१७), वैयाकृत्य (१०), ब्रह्मगुप्ति (९), ज्ञानादि (३), तप (१२) और क्रोधादि कषायका निग्रह (४)—इन ७० मूल गुणों (चरणसित्तरी) की सुरक्षा एवं पोषणके लिये जो दूसरे ७० त्यागोंके नियम या उत्तर गुण कहे हैं उन्हें करणसित्तरि कहते हैं। वे ७० करण या उत्तर-गुण इस प्रकार हैं। पिण्डविशुद्धि (४), समिति (५), भावना (१२), प्रतिमा (१२), इन्द्रिय निरोध (५), प्रतिलेखना (२५), गुप्ति (३) और द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव रूप अभिग्रह (४)। यहाँपर करणसे अभिप्रेत ये ही ७० उत्तर-गुण हैं। ६. मन-वचन-कायकी प्रवृत्तिको योग कहते हैं, और इन त्रिविध योगोंके निरोधको जैन परिभाषामें संवर कहते हैं। योगशास्त्रमें निरूपित चित्तवृत्तिनिरोध रूप योग जैनपरिभाषाके अनुसार 'संवर' है। ७. देवगति, मनुष्यगति, तिर्यंचगति और नरकगति।

चिन्तेऊण पवत्तो, भणियं वीरेण धम्मसंजुत्तं । चक्कहराइनराणं, भुवणमिणं हवइ [1]परिहाणं ॥ १०४ ॥
पउमचरियम्मि एत्तो, मणो महं कुणइ परमसंदेहं । कह वाणरेहि निहया, रक्खसवसहा अइबला वि ? ॥ १०५ ॥
जिणवरधम्मेणं चिय, महइमहाकुलसमुब्भवा जाया । विज्जासयाण पारं, गया य बलगब्विया वीरा ॥ १०६ ॥
सुवन्ति लोयसत्थे, रावणपमुहा य रक्खसा सव्वे । वस-लोहिय-मंसाई—भक्खण-पाणे कयाहारा ॥ १०७ ॥
किर रावणस्स भाया, महाबलो नाम कुम्भयण्णो त्ति । छम्मासं विगयभओ, सेज्जासु निरन्तरं सुयइ ॥ १०८ ॥
जइ वि य गएसु अङ्गं, पेल्लिज्जइ गरुयपव्वयसमेसु । तेलवडेसु य कण्णा, पूरिज्जन्ते सुयन्तस्स ॥ १०९ ॥
पडुपडहतूरसद्दं, न सुणइ सो सम्मुहं पि वज्जन्तं । न य उट्ठेइ महप्पा, सेज्जाए अपुण्णकालम्मि ॥ ११० ॥
अह उट्ठिओ वि सन्तो, [2]असणमहा (णामह) घोरपरिगयसरीरो । पुरओ हवेज्ज जो सो, कुञ्जर-महिसाइणो गिलइ ॥ १११ ॥
काऊण उदरभरणं, सुर-माणुस-कुञ्जराइबहुएसु । पुणरवि सेज्जारूढो, भयरहिओ सुयइ छम्मासं ॥ ११२ ॥
अन्नं पि [3]एव सुबइ, जह इन्दो रावणेण संगामे । जिणिऊण नियलबद्धो, लङ्कानयरी समाणीओ ॥ ११३ ॥
को जिणिऊण समत्थो, इन्दं ससुरा-ऽसुरे वि तेलोक्के । जो सागरपेरन्तं, जम्बुद्दीवं समुद्धरइ ॥ ११४ ॥
एरावणो गइन्दो, जस्स य वज्जं अमोहपहरत्थं । तस्स किर चिन्तिएण वि, अन्नो वि भवेज्ज मसिरासि(सो) ॥ ११५ ॥
सीहो मएण निहओ, साणेण य कुञ्जरो जहा भग्गो । तह विवरीयपयत्थं, कईहि रामायणं रइयं ॥ ११६ ॥
अलियं पि सव्वमेयं, उववत्तिविरुद्धपच्चयगुणेहिं । न य सद्दहन्ति पुरिसा, हवन्ति जे पण्डिया लोए ॥ ११७ ॥
एवं चिन्तन्तो चिय, संसयपरिहारकारणं राया । जिणदरिसणुस्सुयमणो, गमणुच्छाहो तओ जाओ ॥ ११८ ॥

वह ऐसा सोचने लगा कि—'धर्मके कारण ही चक्रवर्ती आदि पुरुषोंका इस लोकमें जन्म होता है ऐसा भगवान् महावीरने कहा है। ( १०४ ) परन्तु पद्मचरितके बारेमें विचार करनेपर मेरा मन अत्यन्त सन्देहशील होता है कि अतिबलशाली राक्षसोंको वानरोंने कैसे मारा ? ( १०५ ) बलसे गर्वित वे वीर राक्षस जिनवरके धर्मकी वजहसे बड़े-बड़े महान् कुलोंमें उत्पन्न हुए थे और सैकड़ों विद्याओंमें पारंगत हुए थे। ( १०६ ) लौकिक शास्त्रोंमें ऐसा सुना जाता है कि रावण आदि सभी राक्षस मांस, रक्त एवं चरबी आदिका भक्षण और पान करते थे। ( १०७ ) ऐसा भी सुना जाता है कि कुम्भकर्ण नामका रावणका महाबलशाली भाई निर्भय होकर निरन्तर छः मास तक शैयामें सोता रहता था। ( १०८ ) सोए हुए उसके अंग यदि बड़े भारी पर्वतके समान हाथियोंसे कुचले जायँ, घड़ों तेलसे उसके कान भरे जायँ, अथवा बड़े-बड़े नगारों और दूसरे वाद्योंकी वज्रका भी भेद करे ऐसी ध्वनि उसके सामने की जाय तो भी समय पूर्ण न होने पर वह महात्मा शैया परसे नहीं उठता था। ( १०९-१० ) जगने पर उसका शरीर भूखसे इतना व्याकुल हो उठता था कि उसके सामने हाथी, भैंस आदि जो कुछ आता उसे वह निगल जाता था। ( १११ ) देव, मनुष्य, हाथी आदि बहुतोंको अपने उदरमें समानेके बाद वह निर्भय होकर पुनः छः मासके लिये शैया पर आरूढ़ होकर सो जाता था। ( ११२ ) दूसरा भी ऐसा सुना जाता है कि इन्द्रको लड़ाईमें हराकर और उसे शृङ्खलासे बाँध कर रावण उसे लंका नगरीमें लाया था। ( ११३ ) जो सागर पर्यन्त फैले हुए जम्बूद्वीपको भी उठानेमें समर्थ हो उस इन्द्रको देव एवं दानवोंसे युक्त इस त्रिलोकमें कौन जीतनेमें समर्थ है ? ( ११४ ) जिसके पास ऐरावत जैसा गजेन्द्र हो और अमोघ प्रहारके लिए वज्र हो उसका तो केवल विचार करने पर ही दूसरा ( शत्रु ) काजलका ढेर हो जाता है ! ( ११५ ) 'मृगने सिंहको मार डाला', 'कुत्तेने हाथीको भगा दिया',—ऐसी विपरीत और असम्भव बातोंसे भरी हुई रामायण कवियोंने रची है। ( ११६ ) यह सब झूठ है और तर्क एवं विश्वासके विरुद्ध है। जो पण्डित हैं वे ऐसी बातोंमें श्रद्धा नहीं रखते।' ( ११७ ) ऐसा सोच कर राजा अपने संशयको दूर करनेके लिये जिनेश्वर भगवान्के दर्शनार्थ जानेको उत्सुक हुआ। अपने संशयके निवारणार्थ वह गया। ( ११८ ) उस समय वह प्रदेश मत्त भौंरोंके चले जानेसे उत्तम कमलोंसे छाया हुआ-सा था, मधुर स्वरके निनादसे वह अत्यन्त रम्य प्रतीत होता था, पवनके संसर्गसे

१. धीरा—प्रत्य०। २. अशना—क्षुधा। ३. च—प्रत्य०। ४. प्रहरास्त्रम्।

वरकमलनिबद्धा निग्गयालीसमत्ता, महुरसरनिनायाच्चन्तरम्मा पदेसा ।
तरुपवणवलग्गा पुप्फरेणुं मुयन्ता, विमलकिरणमन्ताइच्चभासा विसुद्धा ॥ ११९ ॥

॥ इय पउमचरिए सेणियचिन्ताविहाणो नाम बिईयो समुद्देसओ समत्तो ॥

## ३. विज्जाहरलोगवण्णणं

श्रेणिकस्य गौतमपार्श्वे गमनम्, पृच्छा च—

अत्थाणिमण्डवत्थो, सबालंकारभूसियसरीरो । सामन्तमउडमोत्तिय-किरणसमुज्जलियपावीढो ॥ १ ॥
सो तत्थ मगहराया, मुणिदरिसणकारणे कउच्छाहो । आरुहइ वरगइन्दं, परिहत्थं लक्खणपसत्थं ॥ २ ॥
अह निग्गओ पुराओ, गयवररहजोहतुरयपरिकिण्णो । वच्चइ नरिन्दवसहो, जत्थऽच्छइ गोयमो भयवं ॥ ३ ॥
पत्तो य तं पएसं, मुणिवरगणसङ्कमज्झयारम्मि । पेच्छइ गणहरवसहं, सरयरविं चेव तेएणं ॥ ४ ॥
ओयरिय गयवराओ, काऊण पयाहिणं मुणिं राया । पणमइ पहट्ठमणसो, अञ्जलिमउलं सिरे काउं ॥ ५ ॥
दिन्नासीस च्चिय सो, उवविट्ठो मुणिवरस्स पामूले । देहकुसलाइ सबं, पुच्छइ परमेण विणएणं ॥ ६ ॥
नाऊण य पत्थावं, पुणरवि विणओवयारसंजुत्तो । संसयतिमिरावहरं, अह पुच्छइ गोयमं राया ॥ ७ ॥
पउमचरियं महायस !, अहयं इच्छामि परिफुडं सोउं । उप्पाइया पसिद्धी, कुसत्थवादीहि विवरीया ॥ ८ ॥
जइ रावणो महायस !, निसायरो सुरवरो व अइविरिओ । कह सो परिहूओ च्चिय, वाणरतिरिएहि रणमज्झे ॥९॥
रामेण कणयदेहो, सरेण भिन्नो मओ अरण्णम्मि । सुग्गीवसुतारत्थं, छिद्देण विवाइओ वाली ॥ १० ॥

वृक्ष पुष्पोंकी रज बिखेर रहे थे और विमल किरणोंवाले सूर्यके प्रकाशसे वह प्रदेश विशुद्ध प्रतीत होता था । ( ११९ )

॥ पद्मचरितमें श्रेणिकचिन्ताविधान नामक दूसरा समुद्देशक पूर्ण हुआ ॥

## ३. विद्याधरलोकका वर्णन

श्रेणिकका गौतमके पास जाना और पृच्छा—

राजदरबारमें बैठा हुआ, सब प्रकारके अलंकारोंसे भूषित शरीरवाला तथा सामन्तोंके मुकुटोंकी मणियोंकी किरणोंसे जिसका पादपीठ उज्ज्वल हो रहा है और जो मुनिवर भगवान् महावीरके दर्शनमें अत्यन्त उत्साहशील है ऐसा मगधराज श्रेणिक चतुर एवं उत्तम लक्षणोंसे युक्त गजराज पर जा कर बैठा । ( १-२ ) हाथी, रथ, योद्धा एवं घोड़ोंसे ( अर्थात् चतुर्विध सेनासे ) घिरा हुआ राजा नगरसे बाहर निकला और जहाँ भगवान् गौतम गणधर थे वहाँ पहुँचा । ( ३ ) वहाँ पर पहुँच कर उसने तेजमें शरत्कालीन सूर्य जैसे और गणधरोंमें श्रेष्ठ ऐसे गौतम गणधरको साधुओंके संघके मध्यमें देखा । ( ४ ) हाथी परसे नीचे उतरकर प्रसन्नमना राजाने प्रदक्षिणा देकर और मस्तक पर अंजलि जोड़कर मुनिवरको प्रणाम किया । ( ५ ) आशीर्वाद प्राप्त करनेके पश्चात् वह मुनिवरके पैरोंके पास जा बैठा और अत्यन्त विनयके साथ उनके शरीरको कुशलता आदि पूछने लगा । ( ६ ) 'अब आरम्भ करनेका समय है'—ऐसा जानकर विनय एवं उपचारसे युक्त राजाने संशयरूपी अन्धकारको दूर करनेवाले गौतम गणधरसे फिर पूछा—"हे महायश ! मैं अत्यन्त स्पष्टरूपसे पद्मकी कथा सुनना चाहता हूँ, क्योंकि कुशास्त्रोंके उपदेशकोंने सत्यसे विपरीत रूपमें इसकी प्रसिद्धि की है । ( ७-८ ) हे महाशय ! यदि रावण इन्द्रके तुल्य अत्यन्त बलशाली था तो बन्दर एवं तिर्यंचों द्वारा युद्धमें कैसे पराजित हुआ ? ( ९ ) रामने सोनेकी देहवाले मृगको अरण्यमें अपने बाणसे क्यों मारा ? सुग्रीव और सुताराके लिये रामने बालीको कपटसे क्यों मारा ? ( १० ) स्वर्गमें जाकर और वहाँ युद्धमें

१. पादपीठः । २. कृतोत्साहः । ३. दक्षम् । ४. परियरियो—प्रत्य० । ५. पदमूले । ६. मृगः ।

गन्तूण देवनिलयं, सुरवइ जिणिऊण समरमज्झम्मि । दढकढिणनियलबद्धो, पवेसिओ चारगेहम्मि ॥ ११ ॥
सबत्थसत्थकुसलो, छम्मासं सुयइ कुम्भकण्णो वि । कह वाणरेहि बद्धो, सेउ च्चिय सायरजलम्मि ॥ १२ ॥
भयवं ! कुणह पसायं, कहेह तच्चत्थहेतुसंजुत्तं । संदेहअन्धयारं, नाणुज्जोएण नासेह ॥ १३ ॥
तो भणइ गणहरिन्दो, सुणेहि नरवसह ! दिन्नकण्णमणो । जह केवलीण सिट्ठं, अहमवि तुम्हं परिकहेमि ॥१४॥
न य रक्खसो त्ति भण्णइ, दसाणणो णेय आमिसाहारो । अलियं ति सबमेयं, भणन्ति जं कुकइणो मूढा ॥१५॥
न य पीढबन्धरहियं, कहिज्जमाणं पि देइ भावत्थं । पत्थिव ! हीणं च पुणो, वयणमिणं छिन्नमूलं व ॥ १६ ॥
पढमं खेत्तविभागं, कालविभागं च तत्थ वण्णेहं । महइमहापुरिसाण य, चरियं च जहक्कमं सुणसु ॥ १७ ॥

लोकः—

अत्थि अणन्ताणन्तं, आगासं तस्स मज्झयारम्मि । लोओ अणाइनिहणो, तिभेयभिन्नो हवइ निच्चो ॥ १८ ॥
वेत्तासणसरिसो च्चिय, अह लोगो चेव होइ नायबो । झल्लरिसमो य मज्झे, उवरिं पुण मुरयसंठाणो ॥ १९ ॥
सबो य तालसरिसो, तीसु य वलएसु होइ परिणद्धो । मज्झम्मि तिरियलोओ, सायरदीवेसु बहुएसु ॥ २० ॥

जम्बुद्वीपः, तद्गतक्षेत्रादि—

तस्स वि य मज्झदेसे, जम्बुद्दीवो य दप्पणायारो । एकं च सयसहस्सं, जोयणसंखापमाणेणं ॥ २१ ॥
सो य पुण सबओ च्चिय, लवणसमुद्देण संपरिक्खित्तो । पउमवरवेइयाए, दारेसु समुज्जलसिरीओ ॥ २२ ॥
मज्झम्मि मन्दरगिरी, चउकाणणमण्डिओ रयणचित्तो । नवनउइ सहस्साइं, समुस्सिओ दस य वित्थिण्णो ॥२३॥

---

इन्द्रको पराजित करके तथा उसे मजबूत शृङ्खलासे बाँधकर रावण कैसे उसे कारागृहमें डाल सका ? ( ११ ) सभी शास्त्रोंमें कुशल होने पर भी कुम्भकर्ण छः मास तक कैसे सोया करता था ? बन्दर सागरके ऊपर कैसे सेतु बाँध सके ? ( १२ ) हे भगवन् ! मुझ पर अनुग्रह करो और जो सत्य हो वह दलीलके साथ कहो और इस प्रकार मेरे संदेहरूपी अन्धकारको अपने ज्ञानरूपी प्रकाशसे दूर करो।" ( १३ )

राजाके ऐसा पूछनेपर गणधरोंमें इन्द्रके तुल्य गौतम कहने लगे—हे नरेन्द्र ! कान लगाकर तुम सुनो। केवलीने जैसा कहा है वैसा ही मैं तुझसे कहता हूं। (१४) दशानन ( रावण ) न तो राक्षस था और न मांसभक्षी ही था। मूर्ख कुकवियोंने जो कुछ कहा है वह सब मिथ्या है। (१५) हे राजन् ! प्रस्तावनाके बिना जो कुछ कहा जाता है उससे अर्थकी प्रतीति नहीं होती। छिन्नमूल वृक्षकी भाँति ऐसा कथन नष्ट ( निरुपयोगी ) हो जाता है। (१६) मैं प्रथम क्षेत्र एवं कालका विभाग और उसके बाद महापुरुषोंका चरित कहूंगा। तुम इसे यथाक्रम सुनो। (१७)

लोकवर्णन—

आकाश अनन्तानन्त है। उसके मध्यमें अनादिनिधन लोक आया है। इसके सर्वदासे तीन विभाग हैं। (१८) वेत्रासनके समान अधोलोक, झालरके समान मध्यलोक तथा ऊपर मुरज ( मृदंग ) के आकारका स्वर्गलोक है—इस प्रकार लोकके तीन विभाग हैं जो ज्ञातव्य हैं। (१९) यह समग्र लोक तालके समान है और तीन वलयोंसे घिरा हुआ है। इसके मध्यमें अनेक सागर एवं द्वीपोंवाला तिर्यग्लोक है। (२०) उसके भी मध्य भागमें दर्पणके आकारका जम्बूद्वीप आया है। उसका परिमाण एक लाख योजन जितना है। (२१) यह जम्बूद्वीप भी चारों ओर लवण समुद्रसे घिरा हुआ है। इसके प्राकारके दरवाजोंमें आई हुई पद्मवरवेदिकाओंसे यह उज्ज्वल कान्तिवाला प्रतीत होता है। (२२) इसके मध्यमें मन्दराचल पर्वत आया है। वह चार वनोंसे शोभित, रत्नोंके कारण देदीप्यमान, निन्नानवे हजार योजन ऊँचा और दस योजन चौड़ा है। नीचे जमीनके भीतर एक हजार योजनतक गहरा और वज्रपटलसे जुड़ा हुआ है, ऊपर अपने

---

१. सायरवरंमि—प्रत्य० । २. केवलिना । ३. तत्थ वि—प्रत्य० ।

जोयणसहस्समेगं, अहोगओ वज्जपडलमल्लीणो । उवरिं च चूलियाए, सोहम्मं चेव फुसमाणो ॥ २४ ॥
छच्चेव य वासहरा, वासा सत्तेव होन्ति नायव्वा । चोद्दस महानईओ, नाभिगिरी चेव चत्तारि ॥ २५ ॥
वीसं वक्खारगिरी, चोत्तीस हवन्ति रायहाणीओ । वेयड्ढपवया वि य, चोत्तीसं चेव नायव्वा ॥ २६ ॥
अट्ठ य सट्ठीओ तह, गुहाण सीहासणाण पुण तीसं । उत्तर-देवकुरूणं, मज्झे वरपायवे दिव्वे ॥ २७ ॥
दो कञ्चणकूडसया, छ चेव दहा हवन्ति नायव्वा । चित्त-विचित्ता य दुवे, जमलगिरी होन्ति दो चेव ॥ २८ ॥
छ ब्भोगभूमिभागा, वरपायवमण्डिया मणभिरामा । एएसु य ठाणेसुं, हवन्ति जिणचेइयघराइं ॥ २९ ॥
अह एत्तो लवणजले, दीवा चत्तारि होन्ति नायव्वा । जिणचेइएसु[1] रम्मा, भोगेण य दिव्व[2]लोगसमा ॥ ३० ॥
जम्बुद्दीवे भरहस्स दक्खिणे रक्खसाण दीवो ऽत्थि । दीवो गन्धव्वाणं[3], अवरेण ठिओ विदेहस्स ॥ ३१ ॥
तत्तो एरवयस्स य, किन्नरदीवो उ होइ उत्तरओ । पुव्वविदेहस्स पुणो, पुव्वेण ठिओ वरुणदीवो ॥ ३२ ॥

कालः—

भरहेरवएसु तहा, हाणी वुड्ढी य होइ नायव्वा । सेसेसु होइ कालो, खेत्तेसु अवट्ठिओ निच्चं ॥ ३३ ॥
जम्बुद्दीवाहिवई, अणाढिओ सुरवरो महड्ढीओ । देवसहस्ससमग्गो, सामित्तं कुणइ सव्वेसिं ॥ ३४ ॥
आसि पुरा भरहमिणं, उत्तरकुरुसरिसभोगसंपुण्णं । वरकप्परुक्खपउरं, सुसमासुसमासु अइरम्मं ॥ ३५ ॥
तिण्णेव गाउयाइं, उच्चत्तं ताण होइ मणुयाणं । चउरंसं संठाणं, आउठिई तिण्णि पल्लाइं ॥ ३६ ॥

---

शिखरसे वह सौधर्म देवलोकको छूता है । ( २३-२४ ) उसमें छः वर्षधर पर्वत[3], उनसे विभक्त सात क्षेत्र[4], चौदह महानदियाँ, चार नाभिगिरि, बीस वक्षस्कार गिरि[5], चौंतीस राजधानियाँ और चौंतीस वैताढ्य पर्वत हैं । (२५-२६) उसमें अड़सठ गुफाएँ तथा उत्तरकुरु एवं देवकुरुके मध्यमें अवस्थित एक उत्तम व दिव्य वृक्षके नीचे तीस सिंहासन आए हैं । (२७) उसमें दो सौ कंचनकूट, छः झीलें और दो चित्र-विचित्र यमलगिरि आए हैं । (२८) उसमें सुन्दर तथा उत्तम वृक्षोंसे मण्डित भोगभूमियोंके छः विभाग हैं और इन विभागोंमें जिनमन्दिर आए हैं । (२९) लवण समुद्रमें आये हुए चार द्वीपोंके बारेमें भी जानना चाहिए । वे जिनमन्दिरोंसे रम्य हैं और भोगोंकी दृष्टिसे स्वर्गके समान हैं । (३०) जम्बूद्वीपमें आए हुए भरत-क्षेत्रके दक्षिणमें राक्षसोंका एक द्वीप और विदेह-क्षेत्रके पश्चिममें गन्धर्वोंका एक द्वीप आया है । (३१) उसके आगे ऐरावत क्षेत्रके उत्तरमें एक किन्नरद्वीप आया है तथा पूर्वविदेहके पूर्वमें वरुणद्वीप अवस्थित है । (३२)

भरत तथा ऐरावत इन दो क्षेत्रोंमें कालकी हानि-वृद्धि (उत्सर्पिणी एवं अवसर्पिणी) होती रहती है, किन्तु अवशिष्ट क्षेत्रोंमें वह सर्वदा स्थिर होता है । (३३) हजारों देवताओंसे युक्त तथा अत्यन्त ऋद्धिसम्पन्न अनादृत नामक जम्बूद्वीपाधिपति देव सबके ऊपर राज्य करता है । (३४) पहले सुषमासुषमा कालमें यह भरत क्षेत्र उत्तरकुरुके समान अत्यन्त रम्य, उत्तम कल्पवृक्षोंसे व्याप्त तथा सुख-समृद्धिसे परिपूर्ण था । (३५) उन दिनों मनुष्योंकी ऊँचाई तीन कोस जितनी, संस्थान चतुरस्र[6] तथा आयु तीन पल्योपम[7] वर्षकी होती थी । (३६) त्रुटितांग ( वाद्य देनेवाला ), भोजनांग ( भोजन देनेवाला ), विभूषणांग ( आभूषण

---

१. चेइएहिं—प्रत्य० । २. देवलोक प्रत्य० । ३. भरत, हैमवत आदि क्षेत्रोंको एक दूसरेसे विभक्त करनेवाले और पूर्व-पश्चिम फैले हुए हिमवान्, महाहिमवान्, निषध, नील, रुक्मी और शिखरी, ये छः वर्षधर पर्वत हैं । ४. उपर्युक्त वर्षधर पर्वतों द्वारा विभक्त भरत, हैमवत, हरि, विदेह, रम्यक, हैरण्यवत और ऐरावत ये सात क्षेत्र जम्बूद्वीपमें हैं । ५. गजदन्तके आकारका पर्वत । ६. पलथी लगाकर बैठनेपर दोनों कन्धों, दोनों घुटनों तथा कन्धों और घुटनोंके बीचका अन्तर समान हो तो उसे समचतुरस्र कहते हैं । संस्थानका अर्थ है आकार अथवा शरीर-रचना । इस तरह समचतुरस्र संस्थानका सामान्य अर्थ होता है शरीरकी अत्यन्त शुभ और समतुल रचना । ७. एक योजन लम्बा, एक योजन चौड़ा और एक योजन गहरा गड्ढा खोदकर वह सूक्ष्मतम बालोंके छोटेसे छोटे टुकड़ोंसे भरा जाय । फिर प्रत्येक सौ वर्षके पश्चात् एक-एक टुकड़ा निकालनेपर जितने समयमें वह गड्ढा खाली हो उतने समयको एक पल्योपम कहते हैं ।

तुडियङ्ग१भोयणङ्गा२, विहूसणङ्गा३ मयङ्ग४वत्थङ्गा५। गिह६जोइ७दीवियङ्गा८ भायण९मल्लङ्ग१०कप्पदुमा ॥३७॥
एएहि मणभिरामं, जहिच्छियं दसविहं महाभोगं। भुञ्जन्ति निच्चसुहिया, गयं पि कालं न याणन्ति ॥ ३८ ॥
आउम्मि थोवसेसे, मिहुणं जणिऊण पवरलायण्णं। कालं काऊण तओ, सुरवरसोक्खं पुण लभन्ति ॥ ३९ ॥
सीहादओ वि सोमा, न वि ते कुप्पन्ति एक्कमेक्कस्स। सच्छन्दसुहविहारी, ते वि हु भुञ्जन्ति सोक्खाइं ॥ ४० ॥
भरहेरवएसु तहा, हाणी वुड्ढी य हवइ कालस्स। न य हाणी न य वुड्ढी, सेसेसु य होइ खेत्तेसु ॥ ४१ ॥
एयं सुणिउं राया पुच्छइ साहुं पुणो पणमिऊणं। केण कएण मणूसो, उप्पज्जइ भोगभूमीसु ॥ ४२ ॥
तो भणइ गणहरिन्दो, जे एत्थं उज्जुया नरा भद्दा। ते भोगभूमिमग्गं, लहन्ति साहुप्पयाणेणं ॥ ४३ ॥

दानफलम्—

जे कुच्छिएसु दाणं, देन्ति सुहभोगकारणनिमित्तं। ते कुञ्जराइ जाया, भुञ्जन्तिह दाणजं सोक्खं ॥ ४४ ॥
जह खेत्तम्मि सुकिट्ठे, बीयं वड्ढइ न तस्स परिहाणी। एवं सुसाहुदाणे, विउलं पुण्णं समज्जिणइ ॥ ४५ ॥
एक्कम्मि जह तलाए, धेणुएँ सप्पेण पाणियं पीयं। सप्पे परिणमइ विसं, धेणुसु खीरं समुब्भवइ ॥ ४६ ॥
तह निस्सील-सुसीले, दिन्नं दाणं फलं अफलयं च। होही परम्मि लोए, पत्तविसेसेण से पुण्णं ॥ ४७ ॥

कुलकरा ऋषभस्वामिचरितं च—

एवं दाणविसेसो, नरवइ ! कहिओ मए समासेणं। कुलगरवंसुप्पत्ती, भणामि एत्तो निसामेहि ॥ ४८ ॥

---

देनेवाला ), मदांग ( मदिरा प्रदान करनेवाला ), वस्त्रांग ( वस्त्र प्रदान करनेवाला ), गृहांग ( घर देनेवाला ), ज्योतिरंग ( सूर्य अथवा अग्निकी भाँति उज्ज्वल प्रकाश फैलानेवाला ), दीपांग ( दीपशिखाकी भाँति प्रकाश फैलानेवाला ), भाजनांग ( पात्र प्रदान करनेवाला ) और माल्यांग ( पुष्पमाला प्रदान करनेवाला )— इन कल्पवृक्षोंके कारण लोग दस प्रकारके अत्यन्त रमणीय महाभोगोंका उपभोग करते थे, और सर्वदा सुखमें लीन रहनेसे काल कैसे बीतता है इसका भी ज्ञान उन्हें नहीं रहता था। ( ३८ ) थोड़ी आयु शेष रहनेपर वे एक उत्तम लावण्यमय युगलको जन्म देकर मर जाते थे। मरकर वे देवताओंका उत्तम सुख प्राप्त करते थे। ( ३९ ) उस समय सिंह आदि हिंस्र समझे जानेवाले पशु भी सौम्य प्रकृतिके थे। वे एक दूसरेपर क्रोध नहीं करते थे और इच्छानुसार सुखपूर्वक विचरण करते हुए सुखका उपभोग करते थे। ( ४० ) इस प्रकार भरत एवं ऐरावत इन दो क्षेत्रोंमें कालकी हानि-वृद्धि होती रहती है, किन्तु इतर क्षेत्रोंमें न तो हानि ही होती है और न वृद्धि। (४१)

दानफल—

ऐसा सुनकर राजाने प्रणाम करके पुनः साधु श्री गौतमस्वामीसे पूछा कि—'कैसा आचरण करनेसे मनुष्य भोगभूमियोंमें उत्पन्न होता है ?' ( ४२ ) गणधरोंमें इन्द्रतुल्य श्री गौतमस्वामी इसका उत्तर देते हैं कि—'जो यहाँपर ऋजु प्रकृतिके एवं भद्र जन होते हैं वे साधुओंको दान देनेसे भोगभूमिके मार्गका अवलम्बन करते हैं। (४३) जो दूसरे जन्ममें आनन्द एवं सुख प्राप्त हो इस दृष्टिसे कुत्सित जनोंको दान देते हैं वे हाथी रूपसे उत्पन्न होते हैं और दानजन्य सुख अनुभव करते हैं। ( ४४ ) जिस तरह अच्छी तरहसे जोते गए खेतमें बीज बढ़ता है और उसका विनाश नहीं होता उसी तरह सुसाधुको दिए गए दानसे विपुल पुण्य प्राप्त होता है। ( ४५ ) जिस प्रकार एक ही तालाबमेंसे गाय तथा सर्प द्वारा पानी पीने पर भी सर्पमें वह विषरूप परिणत होता है और गायमें दूध रूपसे उत्पन्न होता है उसी प्रकार पात्रकी योग्यताके अनुसार शीलरहितको दिया गया दान परलोकमें पूर्णतः निष्फल एवं सुशीलको दिया गया दान परलोकमें पूर्णतः सफल होता है। ( ४६–७ )

कुलकर वंशकी उत्पत्ति तथा ऋषभचरित—

हे राजेन्द्र ! इस प्रकार मैंने दानका माहात्म्य संक्षेपसे कहा। अब मैं कुलकर वंशकी उत्पत्तिके बारेमें कहता हूँ। इसे तुम सुनो। ( ४८ )

---

१. जत्थ सुहया—प्रत्य०। २. परमलायण्णं—मु०। ३. भुञ्जंति गयाण जं—मु०। ४. समज्जेइ—मु०।

जह चन्दो परिवड्ढइ, ओसरइ य अप्पणो सभावेणं । उस्सप्पिणी वि वड्ढइ, एवं अवसप्पिणीहाणी ॥ ४९ ॥
तइयम्मि कालसमए, पल्लोवमअट्ठभागसेसम्मि । पढमो कुलगरवसभो, उप्पन्नो पडिसुई नामं१ ॥ ५० ॥
जाईसरो महप्पा, जाणइ जो तिण्णि जम्मसंबन्धे । तस्स य सुई पसन्ना, वसइ सुहं सबओ वसुहा ॥ ५१ ॥
एवं समइक्कन्ते, काले तो सम्मुई समुप्पन्नो२ । खेमंकरो य एत्तो३, तओ य खेमंधरो जाओ४ ॥५२॥
सीमंकरो महप्पा५ जाओ सीमंधरो६ पयाणन्दो७ । तत्तो य चरकुनामो, उप्पन्नो भारहे वासे८ ॥५३॥
दट्ठूण चन्द-सूरे, भीओ आसासिओ जणो जेणं । सिट्ठं च निरवसेसं, जहवत्तं कालसमयम्मि ॥ ५४ ॥
तत्तो हवे महप्पा, उप्पन्नो विमलवाहणो धीरो९ । अभिचन्दो१० चन्दाभो११ मरुदेव१२ पसेणई१३ नाभी१४ ॥५५॥
एए कुलगरवसभा, चोद्दस भरहम्मि जे समुप्पन्ना । पुहईसु नीइकुसला, लोयस्स वि पिइसमा आसी ॥ ५६ ॥
गिहपायवो विचित्तो, बहुविहउज्जाण-वावियरिकिण्णो । भोगठिईणाऽऽवासो, जत्थ य नाभी सयं वसइ ॥ ५७ ॥
तस्स य बहुगुणकलिया, जोव्वण-लावण्ण-रूवसंपन्ना । मरुदेवि त्ति पिया सा, भज्जा देवी व पच्चक्खा ॥ ५८ ॥
ताहे च्चिय परियम्मं, हिरि-सिरि-धिइ-कित्ति-बुद्धि-लच्छीओ । आणं करेन्ति निच्चं, देवीओ इन्दवयणेणं ॥ ५९ ॥
आहार-पाण-चन्दण-सयणा-ऽऽसण-मज्जणाइविणिओगं । वड्ढन्ति देवयाओ, वीणा-गन्धव्व-नट्टे[३] य ॥ ६० ॥
अह अन्नया कयाई, सयणिज्जे महरिहे सुहपसुत्ता । पेच्छइ पसत्थसुमिणे, मरुदेवी पच्चिमे जामे ॥ ६१ ॥

वसह१ गय२ सीह३ वरसिरि४ दामं५ ससि६ रवि७ झयं च८ कलसं च९ ।
सर१० सायरं११ विमाणं-वरभवणं१२ रयणकूड१३ऽग्गी१४ ॥ ६२ ॥

---

जिस प्रकार चन्द्रमा अपने स्वभावके अनुसार ही बढ़ता-घटता है उसी प्रकार उत्सर्पिणीमें वृद्धि तथा अवसर्पिणीमें हानि होती है। ( ४९ ) कालके तृतीय विभागमें पल्योपमका आठवाँ भाग शेष रहनेपर कुलकरोंमें श्रेष्ठ ऐसा प्रतिश्रुति नामका प्रथम कुलकर हुआ। ( ५० ) उस महात्माको जातिस्मरण ज्ञान हुआ था जिससे वह अपने तीन पूर्वजन्मोंके सम्बन्धोंको जानता था। उसकी स्मृति स्वच्छ थी तथा पृथ्वीपर सब ओर सुख छाया था। ( ५१ ) इस प्रकार समय व्यतीत होनेपर सन्मति उत्पन्न हुआ। उसके पश्चात् क्षेमंकर हुआ। क्षेमंकरके बाद क्षेमन्धर हुआ। ( ५२ ) उसके अनन्तर महात्मा सीमंकर हुआ, उसके पश्चात् प्रजाको आनन्द देनेवाला सीमन्धर हुआ। उसके बाद भारतवर्षमें चक्षु नामका कुलकर हुआ। ( ५३ ) उसने चन्द्र एवं सूर्यसे भयभीत लोगोंको आश्वासन दिया और प्रत्येक काल एवं समयमें जो कुछ घटित हुआ था वह सब लोगोंको समझाया। ( ५४ ) उसके बाद महात्मा और धीर विमलवाहन, चन्द्रके तुल्य कान्तिवाला अभिचन्द्र तथा मरुदेव, प्रसेनजित तथा नाभि हुए। ( ५५ ) भरतक्षेत्रमें उत्पन्न ये चौदह महान् कुलकर राजनीतिमें कुशल थे और लोगोंके लिये भी प्रियतुल्य थे। ( ५६ ) स्वयं नाभि कुलकर जिसपर रहता था वह गृह-कल्पवृक्ष अत्यन्त सुन्दर, अनेक प्रकारके उद्यान एवं बावड़ियोंसे परिव्याप्त और आनन्दका आवास था। ( ५७ ) उसकी अनेक गुणोंसे सम्पन्न, यौवन, सौन्दर्य एवं रूपसे युक्त तथा साक्षात् देवी जैसी मरुदेवी नामकी पत्नी थी। ( ५८ ) इन्द्रकी आज्ञाके अनुसार ह्री, श्री, धृति, कीर्ति, बुद्धि एवं लक्ष्मी नामकी देवियाँ उसकी नित्य सेवा करती थीं और आज्ञा उठानेमें सदैव तत्पर रहती थीं। ( ५९ ) देवता वीणावादन, गान तथा नृत्य करती हैं और उनका आहार, पान, चन्दन-विलेपन, शयन, आसन तथा स्नान आदि कार्योंको सम्पन्न करके वर्धापन करती थी। ( ६० )

एक दिन अत्यन्त मूल्यवान शैयापर सोई हुई मरुदेवीने रातके अन्त भागमें प्रशस्त स्वप्न देखे। ( ६१ ) वे स्वप्न[३] थे—१ वृषभ, २ गज, ३ सिंह, ४ लक्ष्मी, ५ माला, ६ चन्द्रमा, ७ सूर्य, ८ ध्वजा, ९ कलश, १० सरोवर, ११ सागर, १२ विमान—उत्तम भवन, १३ रत्नराशि, और १४ अग्नि। ( ६२ ) स्वप्न पूरे होनेपर, सूर्यके उदयसे अभी-अभी खिली

१. महाणंदो—प्रत्य०। २. नट्टेणं मु०। ३. श्वेताम्बर परम्परामें चौदह तथा दिगम्बर परम्परामें मीनयुगल तथा उत्तम भवन इन दो को मिलाकर १६ स्वप्न माने जाते हैं।

सुमिणावसाणसमए, जयसद्दुग्घुट्ठतूरसद्देणं । छज्जइ य नवविबुद्धा, सूरागमणे कमलिणि व ॥ ६३ ॥
कयकोउयपरियम्मा, नाभिसयासं गया हरिसियच्छी । रयणासणोवविट्ठा, कहइ य पइणो वरे सुमिणे ॥ ६४ ॥
नाऊण य सुविणत्थं, नाभी तो भणइ सुन्दरी ! तुज्झं । गब्भम्मि य संभूओ, होही तित्थंकरो पुत्तो ॥ ६५ ॥
एवं सुणित्तु वयणं, मरुदेवी हरिसपूरियसरीरा । पप्फुल्लकमलनेत्ता, परिओसुब्भिन्नरोमञ्चा ॥ ६६ ॥
छम्मासेण जिणवरो, होही गब्भम्मि चवणकालाओ । पाडेइ रयणवुट्ठी, धणओ दिवसाणि पन्नरस ॥ ६७ ॥
गब्भट्ठियस्स जस्स उ, हिरण्णवुट्ठी सकञ्चणा पडिया । तेणं हिरण्णगब्भो, जयम्मि उवगिज्जए उसभो ॥ ६८ ॥
नाणेसु तीसु सहिओ, गब्भे वसिऊण जम्मसमयम्मि । अह निग्गओ महप्पा, खोभेन्तो तिहुयणं सयलं ॥ ६९ ॥
दट्ठूण पुत्तजम्मं, नाभी पडुपडह-तूरसद्दालं । मङ्गलविभूइसहियं, आणन्दं कुणइ परितुट्ठो ॥ ७० ॥

देवकृतः ऋषभजिनजन्मोत्सवः—

पुण्णाणिलाहयाइं, दट्ठुं चलियासणाइँ देविन्दा । अवहिविसएण ताहे, पेच्छन्ति जिणं समुप्पन्नं ॥ ७१ ॥
सङ्खेण भवणवासी, वन्तरदेवा वि पडहसद्देणं । उट्ठन्ति ससंभन्ता, जोइसिया सीहनाएणं ॥ ७२ ॥
कप्पाहिवा वि चलिया, घण्टासद्देण बोहिया सन्ता । सविड्ढिसमुदएणं, एन्ति इहं माणुसं लोगं ॥ ७३ ॥
गय-तुरय-वसह-केसरि-विमाणवरवाहणेसु आरूढा । देवा चउप्पयारा, तो नाभिघरं समणुपत्ता ॥ ७४ ॥
वेरुलिय-वज्ज-मरगय-कक्केयण-सूरकन्तपज्जलियं । पाडेन्ति रयणवुट्ठिं, नाभिघरे हरिसिया देवा ॥ ७५ ॥

---

हुई कमलिनीकी भाँति 'जय' शब्दके साथ बजाए जानेवाले वाद्योंके संगीतसे वह जग उठी। ( ६३ ) सौभाग्यके लिये किए जानेवाले स्नपन, धूप आदि कर्म करके प्रसन्न नेत्रोंवाली वह नाभि कुलकरके समीप गई और रत्नासनपर बैठकर उन उत्तम स्वप्नोंके बारेमें पतिसे कहने लगी। ( ६४ ) तब स्वप्नोंके रहस्यको जानकर नाभिने कहा—'सुन्दरि ! तेरे गर्भमें आया हुआ पुत्र तीर्थंकर होगा।' ( ६५ ) ऐसा वचन सुनकर मरुदेवीका शरीर आनन्दसे भर गया, उसके नेत्र खिले हुए कमलके समान विकसित हो गए और अत्यन्त हर्षके कारण उसे रोमाञ्च हो आया। ( ६६ ) स्वर्गसे च्युत होकर जिनवरके गर्भमें आनेके छः मास पहले कुबेर पन्द्रह दिन तक रत्नवृष्टि करता रहा। ( ६७ ) ऋषभ अभी गर्भावस्थामें ही थे कि हिरण्यकी वृष्टि काञ्चनके साथ होने लगी, अतः लोकमें 'हिरण्यगर्भ' के नामसे उनकी प्रशंसा होने लगी। ( ६८ ) गर्भमें ही वे तीन ज्ञानसे[6] सहित थे। जब उन महात्माका यथासमय जन्म हुआ तब समग्र तीनों लोक क्षुब्ध हो उठे। ( ६९ ) पुत्रका जन्म देखकर अत्यन्त आनन्दविभोर नाभि राजा मनोहर नगाड़े और दूसरे वाद्योंकी ध्वनिसे शब्दायमान तथा मङ्गल और मूल्यवान् पदार्थोंसे आनन्द मनाने लगे। ( ७० ) पवित्र वायुसे आहत और इसीलिये चलायमान अपने सिंहासनोंको देखकर अवधिज्ञानसे देवेन्द्रोंने जाना कि जिनेश्वर भगवान्का जन्म हुआ है ( ७१ )

शंखध्वनि करते हुए भवनवासी देव, दुन्दुभिनाद करते हुए व्यन्तर देव तथा सिंहनाद करते हुए ज्योतिर्देव संभ्रमके साथ खड़े हो गए। ( ७२ ) घण्टाके शब्दसे बोधित कल्प-देवलोकके इन्द्र भी अपनी अपनी ऋद्धि-समृद्धिके साथ चल पड़े और इस मनुष्यलोकमें आए। ( ७३ ) हाथी, घोड़े, वृषभ, सिंह, विमान तथा उत्तम वाहनोंमें आरूढ चारों प्रकारके देव नाभि कुलकरके घर पर आ पहुँचे। ( ७४ ) भगवान्के जन्मसे आनन्दमें आए हुए देवोंने नाभि राजाके घरमें वैडूर्य, हीरे, मरकत, कर्केतन ( रत्न विशेष ) तथा सूर्यकान्तमणिसे देदीप्यमान ऐसी रत्नोंकी वृष्टि की। ( ७५ ) इसके पश्चात् इन्द्रके

---

१. राजते। २. नाऊण सुइण अत्थं नाभी तो भणइ प्रिययमे ! तुज्झं—प्रत्य०। ३. मासाणि—मु०। ४. लद्धूण—प्रत्यं०। ५. खेत्तं—प्रत्य०। ६. मतिज्ञान, श्रुतज्ञान तथा अवधिज्ञान, ये तीन ज्ञान तीर्थंकर होनेवाले जीवको गर्भावस्थासे ही होते हैं। जैनदर्शनके अनुसार ज्ञानके विभाग एवं प्रत्येककी परिभाषा आदिके लिये तत्त्वार्थसूत्र अ० १ सू० ९ से समग्र अध्याय देखना चाहिए।

सेणाणिओ वि ताहे, घेत्तूण जिणेसरं सुरवइस्स । उवणेइ करयलत्थं, मायाबालं ठविय पासे ॥ ७६ ॥
काऊण सिरपणामं, घेत्तूण जिणं ससंभमो सक्को । पुलयन्तो य न तिप्पइ, अच्छीण सहस्समेत्तेणं ॥ ७७ ॥
तो सबसमुदएणं, देवा वच्चन्ति मन्दराभिमुहा । गयणं समोत्थरन्ता, आभरणसमुज्जलियसिरिया ॥ ७८ ॥

**मेरुपर्वतेऽभिषेकः—**

दिट्ठो य नगवरिन्दो, फलहसिलाविविहरयणपब्भारो । सललियलयाविलोलिय–पलम्बलम्बन्तवणमालो ॥ ७९ ॥
सिहरकरनिवहनिग्गय–विविहमहामणिमऊहपज्जलिओ । दलरुइरविमलकोमल–पवणुद्धुयपल्लवकरग्गो ॥ ८० ॥
वरतरुणतरुवरुग्गय–कुसुमसुयन्धड्ढमहुयरीगीओ । घुलुहुलवहन्तनिम्मल–उग्गालिवहन्तजलनिवहो ॥ ८१ ॥
हरि-नउल-वसह-केसरि-वराह-रुरु-चमरसावयसमिद्धो । विगयभयजणियमणहर–सच्छन्दरमन्तघणवन्दो ॥ ८२ ॥
गरुड-वरकिन्नरोरग-किंपुरिससमूहचङ्कियपएसो । तियसवहुमहुरमम्मण–गन्धबुग्गीयसबदिसो ॥ ८३ ॥
एयारिसगुणकलिओ, मेरू तस्सुत्तमे महासिहरे । अह ते महाणुभावा, ओइण्णा सुरवरा सबे ॥ ८४ ॥
दिट्ठा य पण्डुकम्बल–सिला समुज्जलमणीसु पज्जलिया । चन्दपहसन्नियासा, उब्भासन्ती दस दिसाओ ॥ ८५ ॥
सीहासणे जिणिन्दो, ठविओ सक्केण हट्टतुट्ठेणं । अभिसेयं च महरिहं, काऊण सुरा समाढत्ता ॥ ८६ ॥
पडुपडह-भेरि-झल्लरि-आइङ्ग-मुइङ्ग-सङ्ख-पणवाणं । जम्माभिसेयतूरं, समाहयं मेहनिग्घोसं ॥ ८७ ॥
गन्धब-जक्ख-किन्नर-तुम्बुरुय-महोरगा अणेगविहा । वरकुसुम-चन्दणा-ऽगुरु–दिबंसुय-चामरविहत्था ॥ ८८ ॥

---

सेनापति एक कृत्रिम बालकको माताके पास रखकर और अपने करतलोंमें जिनेश्वरको उठाकर इन्द्रके पास लाया। ( ७६ ) सिरसे प्रणाम करके तथा अत्यन्त आदरके साथ जिनेश्वरको लेकर इन्द्र पुलकित हो उठा। उन्हें देखकर अपने सहस्र नेत्रोंसे भी उसे तृप्ति नहीं होती थी। ( ७७ ) आभरणोंकी प्रभासे उज्ज्वल कान्तिवाले वे सब देव अपने समुदायसे आकाशको आच्छादित करते हुए मन्दराचल पर्वतकी ओर चले। ( ७८ )

मन्दराचल पर्वतका वर्णन और भगवान्‌का जन्माभिषेक—

उन्होंने पर्वतोंमें श्रेष्ठ मन्दराचलको देखा। वह स्फटिककी शिलाओं तथा अनेक प्रकारके रत्नों का समूह-सा लगता था। सुन्दर लताओंके हिलनेसे चंचल वनमाला उसमें फैली हुई थी। शिखर पर छाए हुए बरफके समूहमेंसे बाहर निकली हुई अनेक प्रकारकी बड़ी बड़ी मणियोंकी किरणोंसे वह देदीप्यमान हो रहा था। उसमें कमलदलके साथ संसर्गमें आनेके कारण रुचिर, निर्मल एवं मृदु ऐसे पवनके द्वारा पल्लवोंके अग्रभाग प्रकम्पित हो रहे थे। उत्तम तरुण वृक्षोंके ऊपर खिले हुए फूलोंकी समृद्ध सुगन्धका भौंरे गुणगान कर रहे थे। 'घुलहुल' शब्द करते हुए तथा निर्मल पानीसे भरे हुए झरने बह रहे थे। वह बन्दर, न्योले, बैल, सिंह, सूअर, हिरन, चमरीगाय आदि जानवरोंसे भरा पूरा था। भयके चले जानेसे मनोहारी और स्वच्छन्द क्रीडामें उनके घनसमूह लगे हुए थे। उस पर गरुड़, किन्नर, नाग एवं किंपुरुषोंके समूह चढ़ते थे। उसकी सभी दिशाएँ गन्धर्वोंके गान और देववधुओंकी मधुर मर्मर ध्वनिसे व्याप्त थीं। (७९-८३)

मेरु पर्वत इस तरहके गुणोंसे युक्त था। उसके एक उत्तम महाशिखरके ऊपर उच्च आशयवाले वे सभी देव अवतीर्ण हुए। ( ८४ ) उस पर उन्होंने 'पाण्डुकम्बल' नामकी एक शिला देखी। वह मणियोंके कारण अत्यन्त देदीप्यमान थी और चन्द्रकान्तमणिकी भाँति दसों दिशाओंको वह प्रकाशित कर रही थी। ( ८५ ) प्रसन्न एवं तुष्ट इन्द्रने जिनेन्द्रको सिंहासनके ऊपर स्थापित किया और देव दबदबेके साथ अभिषेक करनेके लिये प्रवृत्त हुए। ( ८६ ) डंका, भेरि, झांझ, आइंग ( वाद्य विशेष ), मृदंग, शंख और ढोल जैसे वाद्योंकी जन्माभिषेकके समय जो ध्वनि उठी उसने बादलकी आवाजको भी ढँक दिया। ( ८७ ) गन्धर्व, यक्ष, किन्नर, तुम्बुरु, महोरग आदि अनेकविध देव वहाँ उपस्थित थे। उनमेंसे कई हर्षोन्मत्त होकर उत्तम पुष्प, चन्दन, अगुरु, दिव्यवस्त्र तथा चामर हाथमें धारण करके नाचने लगे, दूसरे मधुर शब्दसे गाने लगे तो

---

१. पश्यन्। २. सन्निभा सा—प्रत्य०।

नच्चन्ति केइ तुट्ठा, अवरे गायन्ति महुरसद्देणं । अप्फोडण-चलण-वियम्भणाइँ केइत्थ कुबन्ति ॥ ८९ ॥
अवरेत्थ आयवत्तं, धरेन्ति उवरिं समोत्तिओऊकुलं । घणगुरु-गभीरसद्दं, वायन्ति य दुन्दुही अन्ने ॥ ९० ॥
नच्चन्ति य सविलासं, अमरवहूओ सभावहावत्थं । सललियपयनिक्खेवं, कडक्खदिट्ठीवियारिल्लं ॥ ९१ ॥
उवरिं च कुसुमवासं, मुञ्चन्ति सुरा विचित्तगन्धड्ढं । जह निम्मलं पि गयणं, खणेण रयधूसरं जायं ॥ ९२ ॥
तो सुरगणेहि तुरियं, कलसा खीरोयसायरजलाओ । भरिऊण य आणीया, अभिसेयत्थं जिणिन्दस्स ॥ ९३ ॥
घेत्तूण रयणकलसं, इन्दो अहिसिञ्चिऊणमाढत्तो । जयसद्दमुहलमुहरव–थुइमङ्गलकलयलारावं ॥ ९४ ॥
जम-वरुण-सोममाई, अन्ने वि महिड्ढिया सुरवरिन्दा । पयया पसन्नचित्ता, जिणाभिसेगं पकुव्वन्ति ॥ ९५ ॥
इन्दाणीपमुहाओ, देवीओ सुरहिगन्धचुण्णेहिं । उव्वट्टन्ति सहरिसं, पल्लवसरिसग्गहत्थेहिं ॥ ९६ ॥
काऊण य अभिसेयं, विहिणा आभरणभूसणनिओगं । विरएइ सुरवरिन्दो, जिणस्स अङ्गेसु परितुट्ठो ॥ ९७ ॥
चूडामणि से उवरिं, संताणयसेहरं सिरे रइयं । कण्णेसु कुण्डलाइं, भुयासु माणिक्ककडयाइं ॥ ९८ ॥
कडिसुत्तयं पिणद्धं, कडियडपट्टम्मि जिणवरिन्दस्स । दिव्वंसुयस्स उवरिं, उब्भासइ रयणपज्जलियं ॥ ९९ ॥
सबायरेण एयं, काऊणाऽऽभरणभूसियसरीरं । हरिसियमणो सुरिन्दो, थोऊण जिणं समाढत्तो ॥ १०० ॥
जय मोहतमदिवायर ! जय सयलमियङ्क ! भवियकुमुयाणं । जय भवसायरसोसण ! सिरिवच्छविहूसिय ! जयाहि ॥१०१॥

---

बाक़ीके ताल देने लगे, इधर उधर घूमने लगे या अनेक प्रकारके खेलकूद करने लगे। (८८-८९) दूसरोंने मोतियोंकी लड़ियोंसे व्याप्त छत्र धारण किया तो दूसरे देव बादलों सदृश ऊँची और गम्भीर ध्वनि करनेवाली दुन्दुभियाँ बजाने लगे। (९०) उस समय देवोंकी स्त्रियाँ हाव-भावके साथ और विलासपूर्वक नृत्य करने लगीं। उनका पादनिक्षेप अत्यन्त ललित था और कटाक्षपूर्ण दृष्टिपातोंसे उनके भाव अवगत हो रहे थे। (९१) ऊपरसे देव अनेक प्रकारकी गन्धोंसे समृद्ध पुष्पोंकी वृष्टि इस प्रकार कर रहे थे कि निर्मल आकाश भी क्षण भरमें पुष्प रेणुसे धूसरित हो गया। (९२)

इसके बाद फ़ौरन ही देवगण क्षीरसागरसे कलशोंमें जल भर कर जिनेन्द्रके अभिषेकके लिए लाए। (९३) रत्नकलश लेकर इन्द्रने अभिषेक करना आरम्भ किया। उस समय मुँहसे निकलनेवाले 'जय' शब्दसे शब्दायमान स्तुति एवं मंगलकी कलकल ध्वनि सर्वत्र व्याप्त थी। (९४) दूसरे भी बड़ी बड़ी ऋद्धिवाले यम, वरुण और सोम आदि देव मनमें प्रसन्न होकर आगे बढ़े और जिनेश्वरका अभिषेक करने लगे। (९५) इन्द्राणी आदि देवियाँ भी हर्षित होकर पल्लवके सदृश अपने कोमल हाथों द्वारा सुगन्धित चूर्णोंसे भगवान्‌को उबटन मलने लगीं। (९६) विधिपूर्वक अभिषेक करनेके पश्चात् इन्द्र अत्यन्त प्रसन्न होकर जिनेश्वरके अंग पर आभूषण और वस्त्र पहनाने लगा। (९७) उसने सिर पर मुकुट तथा उसके ऊपर सन्तानक पुष्पोंकी माला पहनाई। दोनों कानोंमें दो कुण्डल तथा भुजाओं पर माणिक्यके कड़े पहनाए। (९८) जिनवरके कटिपटके ऊपर जो करधौनी पहनाई गई वह दिव्य वस्त्रके ऊपर अपने रत्नोंकी वजहसे खूब चमक रही थी। (९९)

इस प्रकार सम्पूर्ण आदरके साथ आभरणोंसे जिनवरका शरीर सजा कर मनमें अत्यन्त आनन्दित इन्द्र उनकी स्तुति करने लगा (१००)—

'मोहरूपी अन्धकारके लिये सूर्यके समान, आपकी जय हो! भव्यरूपी कुमुदोंको विकसित करनेवाले हे पूर्णचन्द्र, आपकी जय हो! संसाररूपी सागरका शोषण करनेवाले आपकी जय हो! श्रीवत्स लांछनसे विभूषित, आपकी जय हो।' (१०१)

---

१. समौक्तिकाबचूलम्।

अन्ने वि सुरवरिन्दा, सब्भूयगुणेहि जिणवरं थोउं । काऊण य तिक्खुत्तं, जहागयं पडिगया सव्वे ॥ १०२ ॥
हरिणगवेसी वि तओ, आणेत्तु जिणेसरं नियगेहं । ठविऊण माउअङ्के, सुरालयं सो वि संपत्तो ॥ १०३ ॥
दट्ठूण य मरुदेवी, दिव्वालंकारभूसियं पुत्तं । पुलइय-रोमञ्चइया, न माइ नियएसु अङ्गेसु ॥ १०४ ॥
नाभो वि सुयं दट्ठुं, सुरकुङ्कुमबहलदिन्नचच्चिकं । वररयणभूसियङ्गं, तइलोक्काईसयं वहइ ॥ १०५ ॥
उयरम्मि जं पविट्ठो, उसभो जणणीए कुन्दससिवण्णो । उसभो त्ति तेण नामं, कयं से नाभीण तुट्ठेणं ॥ १०६ ॥
अणुदियहं परिवड्ढइ, अङ्गुट्ठयअमयलेहणवसेणं । सुरदारयपरिकिण्णो, कीलणयसएसु कीलन्तो ॥ १०७ ॥
पत्तो सरीरविद्धिं, कालेण ऽप्पेण परमलायण्णो । लक्खण-गुणाण निलओ, सिरिवच्छुक्किण्णवच्छयलो ॥ १०८ ॥
धणुपञ्चसउच्चत्तं, देहं नारायवज्जसंघयणं । लक्खणसहस्ससहियं, रवि व तेएण पज्जलियं ॥ १०९ ॥
आहार-पाण-वाहण-सयणा-ऽऽसण-भूसणाइयं विविहं । देवेहि तस्स सव्वं, उवणिज्जइ तक्खणे परमं ॥ ११० ॥
कालसभावेण तओ, नट्ठेसु य विविहकप्परुक्खेसु । तइया इक्खुरसो च्चिय, आहारो आसि मणुयाणं ॥ १११ ॥
विन्नाण-सिप्परहिया, धम्मा-ऽधम्मेण वज्जिया पुहई । कल्लाण-पयरणाणं, न य पासण्डाण उप्पत्ती ॥ ११२ ॥
तइया धणएण कया. नयरी वरकणगतुङ्गपागारा । नवजोयणवित्थिण्णा, बारस दीहा रयणपुण्णा ॥ ११३ ॥
उसभजिणेण भगवया, गामा-ऽऽगर-नगर-पट्टण-निवेसा । कल्लाण-पयरणाणि य, सयं च सिप्पाण उवइट्ठं ॥ ११४ ॥
रक्खणकरणनिउत्ता, जे तेण नरा महन्तदढसत्ता । ते खत्तिया पसिद्धिं, गया य पुहइम्मि विक्खाया ॥ ११५ ॥

---

अन्य सब इन्द्र भी वास्तविक गुणों द्वारा जिनवरका संकीर्तन करके तथा तीन प्रदक्षिणा देकर जहाँसे आए थे वहाँ चले गए। ( १०२ ) तत्पश्चात् हरिनैगमैषी[४] देव जिनेश्वरको उनके घर पर वापस लाया और माताकी गोदमें रखकर देवलोकको चला गया। ( १०३ )

अपने पुत्रको दिव्य अलंकारोंसे विभूषित देखकर मरुदेवी अत्यन्त हर्षित एवं रोमांचित हो गई। उसके अंगोंमें हर्ष समाता नहीं था। ( १०४ ) नाभि राजा भी दिव्य केसरके लेपसे चर्चित तथा उत्तम रत्नोंसे विभूषित अंगवाले अपने पुत्रको देखकर अपने आपको तीनों लोकोंकी महिमासे युक्त समझने लगा। ( १०५ ) चूँकि स्वप्नमें कुन्द पुष्प तथा चन्द्रमाके समान श्वेतवर्णका वृषभ माताकी कुक्षिमें प्रविष्ट हुआ था, इसलिये नाभिने प्रसन्न होकर उसका नाम वृषभ रखा। ( १०६ ) अंगूठे पर लगे हुए अमृतके चूसनेसे तथा देवपुत्रोंके साथ सैकड़ों खेल खेलते हुए वे प्रतिदिन बढ़ने लगे। ( १०७ ) अत्यन्त सुन्दर, सामुद्रिक लक्षण तथा गुणोंके निधानरूप एवं वक्षस्थल पर श्रीवत्सका चिह्न उत्कीर्ण है ऐसे उन वृषभने स्वल्प समयमें ही शरीरकी वृद्धि प्राप्त की। ( १०८ ) उनका शरीर पाँच सौ धनुष ऊँचा था, उनके शरीरका संहनन वज्रनाराच था, वे हजारों शुभ लांछनोंसे युक्त थे और तेजसे रविकी भाँति देदीप्यमान थे। ( १०९ ) विविध आहार, पान, वाहन, शयन, आसन एवं भूषणादि सब कुछ देव तत्क्षण उनके समक्ष उपस्थित करते थे। ( ११० )

तत्कालीन स्थिति तथा श्रीऋषभदेव द्वारा नवनिर्माण—

समयके प्रभावसे विविध प्रकारके कल्पवृक्षोंके नष्ट होने पर उस समय लोगोंका आहार ईखका रस ही था। (१११) वह पृथ्वी विज्ञान एवं शिल्पसे शून्य थी, धर्म-अधर्मके विवेकसे भी रहित थी। उस समय शुभजनक दान तथा पाखण्ड धर्मोंकी भी उत्पत्ति नहीं हुई थी। (११२) उस समय कुबेरने रत्नोंसे पूर्ण एक नगरी बनाई जिसके प्राकार ऊँचे थे और उत्तम सोनेके बने हुए थे। वह नौ योजन चौड़ी और बारह योजन लम्बी थी। (११३) स्वयं भगवान् ऋषभने गाँव, कस्बे, नगर, पट्टन आदि बस्तियोंकी तथा कल्याणप्रद दानकी तथा शिल्पोंकी शिक्षा दी। (११४) अत्यन्त दृढ़ और शक्तिशाली जिन

---

१. जहागया—मु०। २. कयं तु नाभीण—मु०। ३. नाभिना। ४ शक्रके सैन्यका अधिपति देव। ऐतिहासिक दृष्टिसे देखा जाय तो यह राजगृहमें सर्वप्रथम बालभक्षक देवके रूपमें प्रसिद्ध था। कालान्तरमें बालभक्षक मिट कर बालरक्षक देवके रूपमें इसकी प्रसिद्धि हुई है। इस देवके अनेक स्तूप व मन्दिर कंकाली टीले ( मथुरा ) में से मिले हैं।

वाणिज्ज-करिसणाइं, गोरक्खण-पालणेसु उज्जुत्ता । ते होन्ति वइसनामा, वावारपरायणा धीरा ॥ ११६ ॥
जे नीयकम्मनिरया, परपेसणकारया निययकालं । ते होन्ति सुद्दवग्गा, बहुभेया चेव लोगम्मि ॥ ११७ ॥
जेण य जुगं निविट्ठं, पुहईए सयलसत्तसुहजणणं । तेण उ जगम्मि घुट्ठं, तं कालं कयजुगं नाम ॥ ११८ ॥
भज्जा सुमङ्गला जिण-वरस्स नन्दा तओ भवे बीया । भरहाइकुमाराणं, पुत्तसयं तस्स उप्पन्नं ॥ ११९ ॥
दोण्णि य वरधूयाओ, जोव्वण-लायण्ण-कन्ति-कलियाओ । बम्भी वि सुन्दरी वि य, जणम्मि विक्खायकित्तीओ ॥१२०॥
सामन्त-भड-पुरोहिय-सेणावइ-सेट्ठि-भोइयाणं च । दावेइ[1] रायनीई, लोगस्स वि लोगसंबन्धं ॥ १२१ ॥
एव रायवरसिरिं, भुञ्जन्तस्स उ अइच्छिओ कालो । नीलं वासं दट्ठुं, संवेगपरायणो जाओ ॥ १२२ ॥
कट्ठं अहो! विलम्बइ, लोओ परपेसणेसु आसत्तो । उम्मत्तओ व नच्चइ, कुणइ य बहुचेट्टियसयाइं ॥ १२३ ॥
मणुयत्तणं असारं, विज्जुलयाचञ्चलं हवइ जीयं । बहुरोग-सोगकिमिकुल-भायणभूयं हवइ देहं ॥ १२४ ॥
दुक्खं सुहं ति मन्नइ, जीवो विसयामिसेसु अणुरत्तो । पुणरवि बहुं विनडिउं, न मुणइ आउं परिगलन्तं ॥ १२५ ॥
एयं चिय विसयसुहं, असासयं उज्झऊण निस्सङ्गो । सिद्धिसुहकारणत्थं, करेमि तव-संजमुज्जोयं ॥ १२६ ॥
जाव य चिन्तेइ इमं, संसारोच्छेयकारणं उसभो । ताव य भिसन्तमउडा, देवा लोगन्तिया पत्ता ॥ ११७ ॥
काऊण सिरपणामं, भणन्ति साहु त्ति नाह! पडिबुद्धो । वोच्छिन्नस्स सुबहुओ, कालो इह सिद्धिमग्गस्स ॥ १२८ ॥

---

मनुष्योंको उन्होंने रक्षाकार्यमें नियुक्त किया था वे क्षत्रियके नामसे पृथ्वीमें विख्यात हुए। (११५) व्यापार, खेती, गोरक्षण एवं गोपालनमें जो व्यवसायपरायण तथा धीर पुरुष नियुक्त हुए थे वे वैश्य कहलाए। (११६) जो नीच कार्यमें निरत रहते थे, सर्वदा दूसरोंकी सेवा करते थे उनका शूद्रवर्गमें समावेश हुआ। उनके अनेक भेद हैं। (११७) चूँकि पृथिवी पर सभी जीवोंको सुख देनेवाला युग प्रस्थापित हुआ इसलिये वह युग विश्वमें कृतयुगके नामसे विख्यात हुआ। (११८)

जिनवर ऋषभको एक भार्या सुमंगला तथा दूसरी नन्दा थी और भरत आदि सौ पुत्र थे। (११९) उनकी यौवन लावण्य एवं कान्तिसे युक्त ब्राह्मी तथा सुन्दरी नामकी दो कन्याएँ थीं। उनकी कीर्ति लोगोंमें प्रसिद्ध थी। (१२०) उन्होंने सामन्त, भट, पुरोहित, सेठ तथा गाँवके मुखियोंको राजनीति सिखलाई और लोगोंको परस्परका सम्बन्ध कैसा रखना चाहिए यह भी सिखलाया। (१२१)

संसारसे वैराग्य और दीक्षाग्रहण—

इस प्रकार उत्तम राज्यश्रीका उपभोग करते हुए कुछ समय व्यतीत हुआ। एक दिन नीलांजना नामकी अप्सराको देखकर उन्हें वैराग्य हुआ कि—'अहो! दूसरोंके सेवाकार्यमें आसक्त लोग कितना कष्ट उठाते हैं। वे पागलोंकी भाँति नाचते हैं और सैकड़ों दूसरी-दूसरी चेष्टाएँ करते हैं। (१२२-२३) मानवजीवन असार है, बिजलीकी भाँति जीवन क्षणिक है। यह देह भी अनेक प्रकारके रोग, शोक तथा कृमिका भाजनरूप होता है। (१२४) विषय रूपी मांसमें अनुरक्त जीव दुःखको भी सुख समझता है और अनेक प्रकारसे दुःख सहने पर भी यह नहीं जानता कि आयु प्रतिक्षण क्षीण हो रही है। (१२५) ऐसे अशाश्वत विषय-सुखका त्याग कर मैं निःसंग होऊँ और मोक्षसुखकी प्राप्तिके लिये तप एवं संयममें प्रयत्नशील बनूँ।' (१२६)

इस तरह संसारके उच्छेदके कारणका भ. ऋषभदेव विचार कर ही रहे थे कि उज्ज्वल मुकुटवाले लोकान्तिक देव वहाँ उपस्थित हुए। (१२७) सिरसे प्रणाम करके वे कहने लगे कि—'हे नाथ! आप प्रतिबुद्ध हुए यह अच्छा ही हुआ। इस क्षेत्रमें मोक्षमार्गका विनाश होनेके पश्चात् बहुत काल बीत चुका है। (१२८) घोर भवसागरमें ये जीव बार-बार

---

१. दर्शयति।

एए भमन्ति जीवा, पुणरुत्तं जम्मसायरे भीमे । जिणवयणपोयलग्गा, तरन्तु मा णे चिरावेहि ॥ १२९ ॥
एवं दढववसायस्स तस्स निक्खमणकारणे देवा । तुरियं च समणुपत्ता, सुरिन्दपमुहा चउवियप्पा ॥ १३० ॥
नमिऊण जिणवरिन्दं, जयसद्दाल य सहरिसं तुट्ठा । धय-छत्त-चारुचामर-चलन्तकरपल्लवसणाहा ॥ १३१ ॥
वज्जिन्दनील-मरगय-चन्दणमणिखचियकणयपरिवेढं । आरुहइ सुरसमाहिय-खन्धं तु सुदंसणं सिबियं ॥ १३२ ॥
अह निग्गओ महप्पा, नयराओ [1]सुर-नरिन्दपरिकिण्णो । तूरसहस्ससमाहय–बन्दियणुग्घुट्ठजयसद्दो ॥ १३३ ॥
वरबउल-तिलय-चम्पय-असोग-पुन्नाग-नागसुसमिद्धं । पत्तो पवरुज्जाणं, वसन्ततिलयं ति नामेणं ॥ १३४ ॥
आपुच्छिऊण सबं, माया-पिय-पुत्त-सयण-परिवग्गं । तो मुयइ भूसणाइं, कडिसुत्तय-कडय-वत्थाइं ॥ १३५ ॥
सिद्धाण नमुक्कारं, काऊण य पञ्चमुट्ठियं लोयं । चउहि सहस्सेहि समं, पत्तो य जिणो परमदिक्खं ॥ १३६ ॥
वेज्जाउहो वि ताहे, केसे मणिपडलयम्मि घेत्तूणं । काऊण सिरपणामं, खीरसमुद्दम्मि पक्खिवइ ॥ १३७ ॥
निक्खमणमहामहिमं, देवा काऊण [2]सुरवरसमग्गा । नमिऊण जिणवरिन्दं, गया य नियया[3]इं ठाणाइं ॥ १३८ ॥
चउहि सहस्सेहि समं, समणाणं जिणवरो महाभागो । गहिउववासो विहरइ, वसुहं संवच्छरं धीरो ॥ १३९ ॥
केएत्थ पढममासे, बीए तइए उ जाव छम्मासे । परिसहभडेहि ताव य, भग्गा समणा अपरिसेसा ॥ १४० ॥
भरहस्स भएण घरं, न एन्ति तण्हाछुहाकिलन्ता वि । लज्जाए गारवेण य, ताहे रण्णं परिवसन्ति ॥ १४१ ॥
अह ते छुहाकिलन्ता, फलाइं गिण्हन्ति पायवगणेसु । अम्बरतलम्मि घुट्ठं, मा गेण्हह समणरूवेण ॥ १४२ ॥

---

परिभ्रमण करते रहते हैं। जिन-वचनरूपी नौकाका आश्रय लेकर वे जीव इसे तैर जाएँ। हमारी यही प्रार्थना है कि आप विलम्ब न करें।' (१२९) इस प्रकार अपने निश्चयमें दृढ़ उनके महाभिनिष्क्रमणके लिये इन्द्र सहित चारों प्रकारके देव वहाँ शीघ्र ही उपस्थित हुए। (१३०) जिनवरेन्द्रको प्रणाम करके हृष्ट एवं तुष्ट वे देव 'जय जय' शब्द का उच्चार करने लगे और पल्लव सदृश कोमल उनके हाथ ध्वजा, छत्र व सुन्दर चामर इधर-उधर घुमाने लगे। (१३१) सोनेसे मढ़ी हुई तथा हीरे, इन्द्रनीलमणि, चन्दन एवं मणियोंसे खचित तथा देवताओं द्वारा कन्धे पर उठाई गई सुदर्शनीय शिविकामें भगवान् बैठे। (१३२) देवों एवं राजाओंसे घिरे हुए वे महात्मा नगर से निकले। उस समय हजारों वाद्य बज रहे थे तथा बन्दीजन जयघोष कर रहे थे। (१३३) बकुल, तिलक, चम्पक, अशोक, पुन्नाग एवं नाग जैसे सुन्दर वृक्षोंसे अत्यन्त समृद्ध 'वसन्ततिलक' नामक उत्कृष्ट उद्यानमें वे पहुँचे। (१३४) माता, पिता, पुत्र, स्वजन तथा परिजन आदि सबसे अनुमति लेकर उन्होंने आभूषणोंका तथा करधौनी, कटक एवं वस्त्रोंका परित्याग किया। (१३५) सिद्धोंको नमस्कार करके तथा पंचमुष्टिक लोंच करके चार सहस्र दूसरे अनुगामियोंके साथ उन्होंने जैन दीक्षा अंगीकार की। (१३६) इन्द्रने भी उनके बाल मणियोंसे विभूषित एक वस्त्रमें ले लिया। बादमें मस्तकसे प्रणाम करके उसने वे बाल क्षीरसमुद्रमें डाल दिए। (१३७) सभी मनुष्योंके साथ देव भी निष्क्रमणके इस महान् अवसरका उद्यापन करके और जिनवरेन्द्रको वन्दन करके अपने-अपने स्थान को चले गए। (१३८)

तापसोंकी उत्पत्ति—

चार हजार मुनियोंके साथ महाभाग्यशाली एवं धीर जिनेश्वरने उपवास ग्रहण करके एक वर्ष पर्यन्त वसुधातल पर विहार किया। (१३९) परिषहरूपी योद्धाके दबावके कारण उन मुनियोंमेंसे कुछकी पहले महीनेमें, कुछकी दूसरे, कुछकी तीसरे, इस प्रकार छः मासके भीतर तो सबकी हिम्मत टूट गई। (१४०) भूख एवं प्याससे पीड़ित होने पर भी वे भरतके भयसे अपने-अपने घर पर न गए; लज्जा तथा मानवश उन्होंने अरण्यमें प्रवेश किया। (१४१) क्षुधासे पीड़ित वे जैसे ही वृक्षों परसे फल लेने लगे वैसे ही आकाशवाणी हुई कि—'श्रमणवेष धारण करके इन्हें मत लो।' (१४२) तब

---

१. सुरवरिंद—प्रत्य०। २. सौधर्मेन्द्रः। ३. नरवर—मु०।

ताहे वक्कलचीवर-कुसपत्तनियंसणा फलाहारा। सच्छन्दमइवियप्पा, बहुभेया तावसा जाया ॥ १४३ ॥

**विद्याधराणामुत्पत्तिः —**

ताव य जिणस्स पासे, पत्ता नमि-विणमि भोगवरकङ्खी। काऊण सिरपणामं, पायब्भासे सुहनिविट्ठा ॥ १४४ ॥
भोगसमुहाण ताणं, धरणिन्दो आसणे तओ चलिए। सबपरिवारसहिओ, सो वि तहिं चेव संपत्तो ॥ १४५ ॥
नमिऊण पायकमले, उवविट्ठो जिणवरस्स आसन्ने। पेच्छइ तरुणजुवाणे, [1]दोण्णि जणे पङ्कयदलच्छे ॥ १४६ ॥
अह भणइ नागराया, भो भो! तुम्हेत्थ किंनिमित्तेणं। असिलट्ठिगहियहत्था, उभओ वि ठिया जिणसयासे? ॥१४७॥
तो भणइ नमी वयणं, अम्हं नत्थेत्थ रायवरलच्छी। एयनिमित्तं च पहू!, जिणस्स पासं समल्लीणा ॥ १४८ ॥
एवं च भणियमेत्ते, धरणेणं तस्स बलसमिद्धाओ। दिन्नाओ तक्खणं चिय, विज्जाओऽणेयरूवाओ ॥ १४९ ॥
उवइट्ठो य नगवरो, वेयड्ढो ताण उत्तमो वासो। पन्नास जोयणाइं, विच्छिण्णो सुद्धरययमओ ॥ १५० ॥
उब्विद्धो पणवीसा, दोसु य सेढीसु उभयओ रम्मो। छज्जोयणाइँ धरणिं, कोसो चिय होइ उवेहो ॥ १५१ ॥
दक्खिणसेढी गन्तुं, रहनेउरचक्कवालपमुहाइं। पन्नास पुरवराइं, कयाइँ नमिखेयरिन्देण ॥ १५२ ॥
अह गयणवल्लहपुरं, उत्तरसेढीएँ [विणमि]विक्खायं। वरभवण-तुङ्गतोरण-बहुजिणहरमण्डियं च कयं ॥ १५३ ॥
तत्तो य दसगमित्ता, उवरिं गन्धव्व-किन्नराईणं। वरभवणमण्डियाइं, किंपुरिसाणं च नयराइं ॥ १५४ ॥
उवरिं तओ वि गन्तुं, पञ्चऽन्ने जोयणे सिहरपट्टं। जिणभवणेसु मणहरं, उब्भासेन्तं दस दिसाओ ॥ १५५ ॥
भवणेसु तेसु नियय, चारणसमणा वसन्ति गुणवन्ता। सज्झाय-झाणनिरया, तवतेयसिरीएँ दिप्पन्ता ॥ १५६ ॥

---

वल्कल, चीवर, कुश एवं पत्तोंको वस्त्रके तौर पर धारण करनेवाले, फलाहारी, और अपनी-अपनी बुद्धिके अनुसार दूसरे अनेक विकल्प करनेवाले तापस हुए। उनके अनेक भेद थे। ( १४३ )

ऋषभदेवके पौत्र नमि-विनमिका आगमन और विद्याधर लोकका वर्णन—

इसके पश्चात् उत्तम भोगोंके आकांक्षी नमि और विनमि भगवान्के पास आए और सिरसे प्रणाम करके उनके पैरोंके समीप आरामसे बैठे। ( १४४) चूँकि भोगोंकी ओर वे उन्मुख थे इसलिये धरणेन्द्रका आसन कम्पित हुआ। वह भी अपने समग्र परिवारके साथ वहाँ उपस्थित हुआ। ( १४५ ) भगवान्के चरणकमलमें वन्दना करके वह उनके समीप जाकर बैठा। वहाँ उसने कमलके सदृश विशाल नेत्रोंवाले दो तरुण युवानोंको देखा। ( १४६ ) इन्द्रने पूछा—'तुम दोनों यहाँ भगवान्के समक्ष हाथमें तलवार लिए क्यों बैठो हो?' ( १४७ ) इस पर नमिने जवाब दिया—'हमें उत्तम राजलक्ष्मी नहीं मिली है। इसलिये हम जिनेश्वर भगवान्के पास आए हैं।' ( १४८ ) उसके इस प्रकार कहने पर धरणेन्द्रने तत्काल ही अनेक तरहकी बल एवं समृद्धिकी विद्याएँ उन्हें प्रदान कीं। ( १४९ ) उसने उन्हें उत्तम निवासके लिये शुद्ध रजतसे निर्मित तथा पचास योजन विस्तृत वैताढ्य पर्वत दिया। ( १५० ) दोनों ओर सुन्दर यह पर्वत पचीस-पचीस योजनकी दो श्रेणियोंमें फैला हुआ था। पृथ्वीमें यह छः योजन गहरा तथा एक कोस ऊँचा था। ( १५१ )

दक्षिण श्रेणीमें जाकर नमि विद्याधरने रथनुपूर, चक्रवाल आदि पचास नगरोंका निर्माण किया। ( १५२ ) उत्तर-श्रेणीमें गगनवल्लभ नामका एक नगर विख्यात है। वह उत्तम भवन, ऊंचे-ऊँचे तोरण तथा अनेक जिनमन्दिरोंसे शोभित था। ( १५३ ) उसके दस योजन ऊपर ही गन्धर्व, किन्नर एवं किंपुरुषोंके उत्तमोत्तम भवनोंसे अलंकृत नगर बसे हुए थे। ( १५४ ) इनके भी ऊपर पाँच योजन जाने पर अनेक जिनमन्दिरोंसे सुशोभित तथा दसों दिशाओंको उद्भासित करनेवाला शिखरका पृष्ठ भाग आता है। ( १५५ ) वहाँ पर भवनोंमें गुणी, स्वाध्याय एवं ध्यानमें निरत तथा तपके तेज एवं कान्तिसे देदीप्यमान चारण श्रमण रहते हैं। ( १५६ ) वहाँ घरोंकी पंक्तियाँ मणि, रत्न एवं कांचनसे समुज्ज्वल तथा

---

१. दो वि जणे—प्रत्य०।

बहुगाम-नयर-पट्टण-आरामुज्जाण-काणणसमिद्धा । मणि-रयण-कञ्चणुज्जल-जलन्तघरनिवहपन्तीओ ॥ १५७ ॥
वरमहिसि-गाइपउरो, बहुविहधण्णेण मणहरालोओ । सबोसहिसंपन्नो, महु-खीर-घएण पज्झरिओ ॥ १५८ ॥
अइउण्ह-सीयरहिओ, उवघायविवज्जिओ पयइसोमो । नज्जइ य देवलोओ, देसो विज्जाहराइण्णो ॥ १५९ ॥
रविकिरणकोमलाहय-वियसियवरकमलसरिसवयणाओ । विज्जाहरजुवईओ, बहुविहलायण्णकलियाओ ॥ १६० ॥
विज्जाहरा उ तत्थ वि, विज्जाबलदप्पगविया सूरा । देवा व्व देवलोए, भुञ्जन्ति जहिच्छिए भोए ॥ १६१ ॥
एवंविहा उभयसेढिगया महन्ता, आहार-पाण-सयणा-ऽऽसणसंपउत्ता ।
विज्जाहरा अणुहवन्ति सुहं समिद्धं, धम्मं करिन्ति विमलं च जिणोवइट्ठं ॥ १६२ ॥

॥ इति पउमचरिए विज्जाहरलोगवण्णणो नाम तइओ उद्देसओ समत्तो ॥

## ४. लोगट्ठिइ-उसभ-माहणाहियारो

अह भयवं तित्थयरो, झाणं मोत्तूण दाणधम्मट्ठे । विहरेऊण पवत्तो, नगरा-ऽऽगरमण्डियं वसुहं ॥ १ ॥
पउमेसु संचरन्तो, गयपुरनयरं कमेण संपत्तो । बहुगुणसयाण निलओ, वसइ निवो जत्थ सेयंसो ॥ २ ॥
मज्झण्हदेसयाले, गोयरचरियाएँ अभिगओ नयरं । घरपन्तीएँ भमन्तो, दिट्ठो लोगेण तित्थयरो ॥ ३ ॥

---

प्रकाशित प्रतीत होती थीं और अनेक गाँव, शहर, पट्टन, बाग़-बगीचे तथा वनोंसे वह प्रदेश समृद्ध था। ( १५७ ) वह देश उत्तम गाय व भैंसों से प्रचुर था, अनेक प्रकारके धान्योंके कारण वह देखनेमें सुन्दर मालूम होता था, वह सब प्रकारकी औषधियोंसे समृद्ध था तथा शहद, दूध व घी तो उसमें मानो बह रहे थे। ( १५८ ) वह अत्युष्णता एवं अतिशीतसे रहित अर्थात् समशीतोष्ण था; अतिवृष्टि-अनावृष्टि आदि किसी भी प्रकारके उपद्रवका उसमें नितान्त अभाव था, प्रकृतिसे वह प्रदेश सौम्य था—इस प्रकार विद्याधरोंसे व्याप्त उस देशको देवलोक ही जानना चाहिए। ( १५९ ) सूर्यकी कोमल किरणोंके स्पर्शसे विकसित होनेवाले उत्तम कमलोंके सदृश मुखवाली तथा अनेकविध लावण्योंसे युक्त यहाँकी विद्याधर-युवतियाँ थीं। ( १६० ) यहाँके विद्याधर भी बल एवं विद्याके अभिमानसे गर्विष्ठ थे और जिस प्रकारके भोग देवलोकमें देव भोगते हैं ये उसी प्रकारके यथेच्छ भोगोंका उपभोग करते थे। ( १६१ ) इस प्रकारके दोनों श्रेणियोंमें रहे हुए महिमाशाली विद्याधर आहार, पान, शयन एवं आसनसे युक्त होकर सुख-समृद्धि का अनुभव करते थे तथा जिनोपदिष्ट विमल धर्मका आचरण करते थे।

॥ पद्मचरितमें विद्याधरलोकवर्णन नामका तृतीय उद्देशक समाप्त हुआ ॥

## ४. लोकस्थिति, ऋषभ एवं ब्राह्मण अधिकार

तब तीर्थंकर भगवान् ऋषभदेव ध्यानका परित्याग करके दान धर्मके प्रचारार्थ नगर एवं खदानोंसे मण्डित वसुधातल पर विहार करने लगे। (१) पद्मोंमें विचरण करते हुए[५] वे क्रमशः गजपुर ( हस्तिनापुर ) नामक नगरमें पहुँचे। उसमें सैकड़ों गुणोंका आस्थान रूप श्रेयांस राजा रहता था। (२) ठीक दोपहरके समय गोचरी ( आहार ) के लिये भगवान्ने नगरकी ओर प्रस्थान किया। लोगोंने उन्हें मकानोंकी कतारोंके बीचमें परिभ्रमण करते देखा। (३) उनका मुख चन्द्रके समान

---

१. मणहरधण्णेण—प्रत्य०। २. पज्जलिओ—प्रत्य०। ३. ज्ञायते। ४. इव। ५. विचरणके समय देव तीर्थंकरके पैरोंके नीचे स्वर्ण-कमलका निर्माण करते हैं। वे उनपर पैर रखकर विहार करते हैं।

चन्दो व सोमवयणो, तेएण दिवायरो व दिप्पन्तो । लम्बियकरभाजुयलो, सिरिवच्छविहूसियसरीरो ॥ ४ ॥
वरहार-मउड-कुण्डल-मणि-मोत्तियपट्ट-चामराईणि । उवणेइ जणवओ से, न तेसु चित्तं समल्लियइ ॥ ५ ॥
केइत्थ गय-तुरङ्गम-रहवर-रयणाइमण्डणाडोवा । पुरओ ठवेन्ति तुट्ठा, चलणपणामं च काऊणं ॥ ६ ॥
सव्वङ्गसुन्दराओ, कन्नाओ पुण्णचन्दवयणाओ । देन्ति जणा सोममणा, भिक्खासण्णं अयाणन्ता ॥ ७ ॥
जं जं उवणेइ जणो, तं तं नेच्छइ जिणो विगयमोहो । लम्बन्तजडाभारो, नरवइभवणं समणुपत्तो ॥ ८ ॥
पासायतलत्थो विय, राया दट्ठूण जिणवरं एन्तं । संभरिय पुव्वजम्मं, पायब्भासं समल्लीणो ॥ ९ ॥

श्रेयांसगृहे ऋषभस्य भिक्षाप्राप्तिः—

काऊण य [1]तिक्खुत्तो, पयाहिणं सयलपरियणसमग्गो । चलणेसु तस्स पडिओ, हरिसवसुब्भिन्नरोमञ्चो ॥ १० ॥
अह रयणभायणत्थं, अग्घं दाऊण सव्वभावेणं । चलणजुयलप्पणामं, करेइ विमलेण भावेणं ॥ ११ ॥
संमज्जिओवलित्ते, उद्देसे तस्स परमसद्धाए । सेयंसनरवरिन्दो, इक्खुरसं देइ परितुट्ठो ॥ १२ ॥
अह वाइउं [2]पयत्तो, वाओ सुहसीयलो सुरहिगन्धो । पडिया य रयणवुट्ठी, कुसुमेहि समं नहयलाओ ॥ १३ ॥
घुट्ठं च अहो दाणं, दुन्दुहिघणगुरुगहीरसद्दालं । पत्तो परमब्भुदयं, वरकल्लाणं नरवरिन्दो ॥ १४ ॥
तो अमर-चारणगणा, भणन्ति साधु त्ति परमपुरिस ! तुमे । धम्मरहस्स महाजस ! बीयं चक्कं समुद्धरियं ॥१५॥
एवं काऊण जिणो, पवत्तणं दाणवन्तचरियाए । सयडामुहउज्जाणे, पसत्थझाणं समारूढो ॥ १६ ॥

---

सौम्य था तथा सूर्यकी भाँति वह दमक रहा था। उनके दोनों हाथ लम्बे थे और शरीर श्रीवत्सके लांछनसे विभूषित था। (४) लोग उत्तम हार, मुकुट, कुण्डल, मणि, मोती, रेशमी वस्त्र तथा चामर आदि लाए परन्तु उनका मन उनमें लगता नहीं था। (५) कई लोग चरणोंमें प्रणाम करके आनन्दमें आकर उनके सम्मुख हाथी, घोड़े तथा उत्तम रत्नोंसे मण्डित रथ उपस्थित करते थे, सौम्य मनवाले दूसरे लोग भिक्षा द्वारा अन्न प्राप्तिके उनके अभिग्रहको न जानकर पूर्णिमाके समान सुन्दर मुखवाली तथा सर्वांग सुन्दर कन्याएँ देते थे। (६-७) जो मोहरहित हैं तथा जिनकी जटाओंका भार नीचे लटक रहा है ऐसे जिनेश्वर भगवान्के सम्मुख जो कुछ लाया जाता था उसकी वे स्पृहा नहीं रखते थे। इस प्रकार विहार करते हुए वे राजाके प्रासादके पास पहुँचे। (८)

राजा श्रेयांस द्वारा ऋषभको दान —

प्रासादके ऊपरसे राजाने जिनवरको आते देखा। अपना पूर्वभव याद करके वह भगवान्के चरणोंके पास हाजिर हुआ। (९) समग्र परिजनके साथ तीन प्रदक्षिणा देकर आनन्दविभोर व रोमांचित शरीरयुक्त राजा उनके चरणोंमें जा गिरा। (१०) सम्पूर्ण भावके साथ रत्नपात्रोंमें लाया गया अर्घ्य प्रदान करके राजाने निर्मल भावसे भगवान्के चरणयुगलमें प्रणाम किया। (११) साफ किए हुए तथा पोते हुए प्रदेशपर अत्यन्त हर्षित श्रेयांस राजाने परम श्रद्धापूर्वक इक्षुरसका दान किया। (१२) उस समय सुखदायी, शीतल एवं सुगन्धित वायु बहने लगी और आकाशमेंसे पुष्पोंके साथ साथ रत्नोंकी भी वृष्टि हुई। (१३) दुन्दुभिके गहरे और ऊँचे स्वरके साथ 'अहो दान' ऐसी घोषणा हुई। राजा भी उत्तम कल्याण एवं परम अभ्युदयको प्राप्त हुआ। (१४) तब देवों और चारणोंके समूहोंने ऐसी उद्घोषणा की कि—'बहुत अच्छा किया। हे परमपुरुष! हे महायश! तुमने धर्मरूपी रथके दूसरे चक्रका उद्धार किया है।' (१५)

केवलज्ञानकी उत्पत्ति—

इस प्रकार दानधर्मका प्रवर्तन करके भगवान् शकटामुख उद्यानमें गए और प्रशस्त ध्यानमें लीन हुए। (१६)

---

१. त्रिकृत्वः । २. वातुम् ।

झायन्तस्स भगवओ, एवं घाइक्खएण कम्माणं । लोगा-ऽलोगपगासं, केवलनाणं समुप्पन्नं ॥ १७ ॥
उप्पन्नम्मि य नाणे, उप्पज्जइ आसणं जिणिन्दस्स । छत्ताइछत्त चामर, तहेव भामण्डलं विमलं ॥ १८ ॥
कप्पहुमो य दिवो, दुन्दुहिघोसं च पुप्फवरिसं च । सवाइसयसमग्गो, जिणवरइड्ढिं समणुपत्तो ॥ १९ ॥
नाऊण समुप्पत्तिं, केवलनाणस्स आगया देवा । काऊण जिणपणामं, उवविट्ठा सन्निवेसेसु ॥ २० ॥

**ऋषभजिनदेशना—**

भणियं च गणहरेणं, भयवं जीवा अणन्तसंसारे । परिहिण्डन्ति अणाहा, ताणुत्तारं परिकहेहि ॥ २१ ॥
अह साहिउं पयत्तो, जलहरगम्भीरमहुरनिग्घोसो । सुरमणुयमज्झयारे, दुविहं धम्मं जिणवरिन्दो ॥ २२ ॥
पञ्च य महव्वयाइं, समिईओ पञ्च तिण्णि गुत्तीओ । एसो हु समणधम्मो, जोगविसेसेण बहुभेओ ॥ २३ ॥
पञ्चाणुव्वयजुत्तो, सत्तहि सिक्खावएहि परिकिण्णो । एसो वि सावयाणं, धम्मो उद्देसविरयाणं ॥ २४ ॥
धम्मेण लहइ जीवो, सुर-माणुसपरमसोक्खमाहप्पं । दुक्खसहस्सावासं, पावइ नरयं अहम्मेणं ॥ २५ ॥
मेहेण विणा वुट्ठी, न होइ न य बीयवज्जियं सस्सं । तह धम्मेण विरहियं, न य सोक्खं होइ जीवाणं ॥ २६ ॥
जइ वि हु तवं विगिट्ठं, करन्ति अन्नाणिया पयत्तेणं । तह वि हु किंकरदेवा, हवन्ति चइया तओ तिरिया ॥२७॥

---

इस तरह ध्यान करते हुए भगवान्के चारों घातिकर्मका नाश होनेपर लोक एवं अलोकको प्रकाशित करनेवाला केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। ( १७ ) केवलज्ञान उत्पन्न होनेपर जिनेन्द्रकी ऋद्धिके सूचक सर्वअतिशय आसन, मस्तकके ऊपर छत्र, चामर, निर्मल भामण्डल, दिव्य कल्पवृक्ष, दुन्दुभिका घोष तथा पुष्पवर्षा—ये प्रातिहार्य उत्पन्न हुए। ( १८–१९ ) केवल ज्ञानकी उत्पत्तिका वृत्तान्त जानकर देव आए और भगवान्को वन्दन करके अपने-अपने स्थानपर बैठ गए। ( २० ) इसके पश्चात् गणधरने भगवान्से पूछा—'हे भगवन्! इस अनन्त संसारमें जीव अनाथ होकर भटकते रहते हैं। उनका तरणोपाय आप बतावें।' ( २१ )

भगवान् ऋषभदेवका उपदेश—

बादलके समान गम्भीर एवं मधुर निर्घोषके साथ जिनवरेन्द्रने देवता एवं मनुष्योंके बीच दो प्रकारका धर्म कहना शुरू किया। ( २२ ) पाँच महाव्रत, पाँच समिति[3] और तीन गुप्ति[4]—यह श्रमणधर्म ( साधुओंका आचार ) है। मन-वचन-कायकी प्रवृत्ति रूप योगविशेषसे इनके अनेक भेद होते हैं। ( २३ ) पाँच अणुव्रत और सात शिक्षाव्रतोंसे युक्त धर्म देशविरत श्रावकोंका होता है। ( २४ ) धर्मसे जीव एवं मनुष्योंके उत्तमोत्तम सुख तथा कीर्ति संपादन करता है, जबकि अधर्मसे हजारों दुःखोंके आवास रूप नरकमें वह जाता है। ( २५ ) जिस प्रकार मेघके बिना वृष्टि नहीं होती और बीजके बिना अन्न नहीं होता, उसी प्रकार धर्मके बिना जीवोंको सुख उपलब्ध नहीं होता। ( २६ ) यदि अज्ञानी पुरुष उत्कृष्ट तप तपें तो भी वे देवोंके किंकर रूपसे ही उत्पन्न होते हैं और वहाँसे च्युत होनेपर तिर्यञ्चरूपसे जन्म लेते हैं। ( २७ ) वे हजारों

---

१. विउलं प्रत्य०। २. स्वस्थानेषु। ३. विवेकयुक्त प्रवृत्तिको समिति कहते हैं। इसके पाँच भेद हैं—(१) किसी भी जन्तुको क्लेश न हो इसलिये सावधानीपूर्वक चलना **ईर्यासमिति** है। (२) सत्य, हितकारी, परिमित और सन्देहरहित बोलना **भाषासमिति** है। जीवन-यात्रामें आवश्यक हों ऐसे निर्दोषसाधनोंको जुटानेके लिये सावधानीपूर्वक प्रवृत्ति करना **एषणासमिति** है। (४) वस्तुमात्रको भलीभाँति देखकर एवं प्रमार्जित करके लेना या रखना **आदाननिक्षेपसमिति** है। (५) जहाँ जन्तु न हों ऐसे प्रदेशमें देखकर एवं प्रमार्जित करके ही अनुपयोगी वस्तुओंको डालना **उत्सर्गसमिति** है। ४. बुद्धि तथा श्रद्धापूर्वक मन, वचन एवं कायको उन्मार्गसे रोकनेको तथा सन्मार्गमें लगानेको गुप्ति कहते हैं। इसके तीन भेद हैं—(१) किसी भी चीजके लेने व रखनेमें अथवा बैठने, उठने व चलने आदिमें कर्त्तव्य-अकर्त्तव्यका विवेक हो, ऐसे शारीरिक व्यापारका नियमन करना ही कायगुप्ति है। (२) बोलनेके प्रत्येक प्रसंगपर या तो वचनका नियमन करना या प्रसंगानुसार मौन धारण करना वचनगुप्ति है। (३) दुष्ट संकल्प एवं अच्छे-बुरे मिश्रित संकल्पका त्याग करना और अच्छे संकल्पका सेवन करना ही मनोगुप्ति है।

ते भवसहस्सपउरे, संसारे चाउरङ्गमग्गम्मि । दुक्खाणि अणुहवन्ता, अणन्तकालं परिभमन्ति ॥ २८ ॥
जिणवरधम्मं काऊण, निव्वुया होन्ति केइ अहमिन्दा । कप्पालयाहिवत्तं, अवरे पावन्ति दढधम्मा ॥ २९ ॥
जे वि य निग्गन्थाणं, थुइं पउञ्जन्ति सब्भावेणं । ते तस्स फलगुणेणं, न य कुगइपहं पवज्जन्ति ॥ ३० ॥
सोऊण धम्मवयणं, जिणवरकहियं नरा-ऽमरसमूहा । सम्मत्तलद्धबुद्धी, संवेगपरायणा मुइया ॥ ३१ ॥
केइत्थ समणसीहा, हवन्ति ववगयपरिग्गहा-ऽऽरम्भा । पञ्चाणुव्वयजुत्ता, केइ पुण सावया जाया ॥ ३२ ॥
एवं सुर-नरवसहा, कहावसाणे जिणं पणमिऊणं । सव्वे परियणसहिया, गया य नियया[1]इं ठाणाइं ॥ ३३ ॥
विहरइ जत्थ जिणिन्दो, सो देसो सग्गसन्निहो होइ । जोयणसयं समन्ता, रोगादिविवज्जिओ रम्मो ॥ ३४ ॥
अह उसहसेणपमुहा, चउरासीयं तु गणहरा[2] तस्स । उप्पन्ना य सहस्सा, तावइया चेव समणाणं ॥ ३५ ॥
ताव य चक्कहरत्तं, संपत्तं भरहराइणा सयलं । हयगयजुवइसमग्गो, चउदसरयणाहिवो धीरो ॥ ३६ ॥
उसभजिणस्स भगवो, पुत्तसयं चन्दसूरसरिसाणं । समणत्तं पडिवन्नं, सए य देहे निरवयक्खं ॥ ३७ ॥
तक्खसिलाएँ महप्पा, बाहुबली तस्स निच्चपडिकूलो । भरहनरिन्दस्स सया, न कुणइ आणा-पणामं सो ॥ ३८ ॥
अह रुट्ठो चक्कहरो, तस्सुवरिं सयलसाहणसमग्गो । नयरस्स तुरियचवलो, विणिग्गओ सयलबलसहिओ ॥ ३९ ॥
पत्तो तक्खसिलपुरं, जयसद्दुग्घुट्ठकलयलारावो । जुज्झस्स कारणत्थं, सन्नद्धो तक्खणं भरहो ॥ ४० ॥
बाहुबली वि महप्पा, भरहनरिन्दं समागयं सोउं । भडचडयरेण महया, तक्खसिलाओ विणिज्जाओ ॥ ४१ ॥

---

जन्मवाले संसारमें तथा चार गतिरूप चौराहोंमें दुःख अनुभव करते हैं और अनन्त काल तक भटकते रहते हैं। ( २८ ) जिन धर्मका अनुपालन करके कई लोग अहमिन्द्रके जैसे सुखका अनुभव करते हैं और धर्ममें दृढ़ दूसरे लोग सौधर्म आदि कल्पलोकका अधिपति पद भी प्राप्त करते हैं। ( २९ ) जो समग्र भावके साथ निर्ग्रन्थ मुनियोंकी स्तुति करते हैं वे इसके फलस्वरूप कुगतिके मार्गपर प्रयाण नहीं करते।' ( ३० )

भगवान्का ऐसा धर्मप्रवचन सुनकर देव एवं मनुष्योंके समूह अत्यन्त मुदित हुए। उन्होंने सम्यक्त्व धारण किया तथा वे संवेगपरायण हुए। ( ३१ ) उनमेंसे कुछ लोग परिग्रह एवं आरम्भ-समारम्भको त्याग करके श्रेष्ठ श्रमण हुए तथा दूसरे कई लोग पाँच अणुव्रत धारण करके श्रावक बने। ( ३२ ) प्रवचनके अनन्तर अपने परिजनके साथ सभी उत्तमदेव भगवान्को वन्दन करके अपने-अपने स्थानों पर गए। ( ३३ )

जिनेन्द्र ऋषभदेव जहाँ विहार करते थे वह देश स्वर्गतुल्य हो जाता था और चारों ओर सौ योजन तक रोगादिसे रहित एवं रम्य प्रतीत होता था। ( ३४ ) उनके ऋषभसेन आदि चौरासी गणधर थे तथा चौरासी हजार साधु थे। ( ३५ )

भरत-बाहुबली संघर्ष तथा बाहुबलीकी प्रव्रज्या—

उसी समय भरत राजाने समग्र चक्रवर्तीपद प्राप्त किया। वह धीर राजा अश्व, गज एवं युवती आदि समग्र चौदह[2] रत्नोंका अधिपति हुआ। ( ३६ ) भगवान् ऋषभजिनेश्वरके चन्द्र एवं सूर्य सदृश सौ पुत्रोंने दीक्षा ग्रहण की। वे सब अपने शरीरमें अनासक्त थे। ( ३७ ) तक्षशिलामें महान् बाहुबली रहता था। वह सर्वदा भरत राजाका विरोधी था और उनकी आज्ञाका पालन नहीं करता था। ( ३८ ) अतः चक्रधर भरत उसपर क्रुद्ध होकर सम्पूर्ण साधनों तथा सम्पूर्ण सेनाके साथ नगरसे बाहर निकले और तेजीसे उसकी ओर अभियान शुरू किया। ( ३९ ) भरत तक्षशिला पहुँचे और तत्क्षण युद्ध करनेके लिये तैयार हो गए। उस समय 'जय' शब्दके उद्घोषका कलकल शब्द सर्वत्र फैल गया। ( ४० ) महात्मा बाहुबली भी भरत राजाका आगमन सुनकर सुभटोंकी महती सेनाके साथ तक्षशिलामेंसे बाहर निकला। ( ४१ ) उस समय बल एवं

---

१. विनिर्यातः। २. सेनापति, गृहपति, पुरोहित, अश्व, वर्द्धकि, ( सूत्रधार—शिल्पी ), गज, स्त्री, चक्र, छत्र, चर्म, मणि, काकिणी (एक रत्नविशेष), खड्ग तथा दण्ड ये चक्रवर्तीके चौदह रत्न हैं।

बलदप्पगविआणं, उभयबलाणं रसन्ततूराणं । [1]आभिट्टं परमरणं, नच्चन्तकबन्धपेच्छणयं ॥ ४२ ॥
भणिओ य बाहुबलिणा, चक्कहरो किं वहेण लोयस्स ? । दोण्हं पि होउ जुज्झं, दिट्ठीमुट्ठीहि रणमज्झे ॥ ४३ ॥
एवं च भणियमेत्ते, दिट्ठीजुज्झं तओ समब्भडियं । भग्गो य चक्खुपसरो, पढमं चिय निज्जिओ भरहो ॥ ४४ ॥
पुणरवि भुयासु लग्गा, एक्केक्कं कढिणदप्पमाहप्पा । चलचलणपीणपेल्लण-करयलपरिहत्थविच्छोहा ॥ ४५ ॥
अद्धतडिजोत्तबन्धण-अवहत्थुव्वत्तकरणनिम्मविया । जुज्झन्ति सवडहुत्ता, अभग्गमाणा महापुरिसा ॥ ४६ ॥
एवं भरहनरिन्दो, निहओ भुयविक्कमेण संगामे । तो मुयइ चक्करयणं, तस्स वहत्थं परमरुट्ठो ॥ ४७ ॥
विणिवायणअसमत्थं, गन्तूण सुदरिसणं पडिनियत्तं । भुयबलपरक्कमस्स वि संवेगो तक्खणुप्पन्नो ॥ ४८ ॥

बाहुबलिदीक्षा –

जंपइ अहो ! अकज्जं, जं जाणन्ता वि विसयलोभिल्ला । पुरिसा कसायवसगा, करेन्ति एक्केक्कमवि रोहं ॥ ४९ ॥
छारस्स कए नासन्ति, चन्दणं मोत्तियं च दोरत्थे । तह मणुयभोगमूढा, नरा वि नासन्ति देविड्ढिं ॥ ५० ॥
मोत्तुं कसायजुज्झं, संजमजुज्झेण जुज्झिमो इण्हिं । परिसहभडेहि समयं, जाव ठिओ उत्तमट्ठम्मि ॥ ५१ ॥
नमिऊण जिणवरिन्दं, लोयं काऊण तत्थ बाहुबली । वोसिरियसबसङ्गो, जाओ समणो समियपावो ॥ ५२ ॥
काऊण सिरपणामं, चक्कहरो भणइ महुरवयणेहिं । मा गेण्हसु पव्वज्जं, भुञ्जसु रज्जं [2]महाभागं ॥ ५३ ॥
संवच्छरपडिमत्थं, बाहुबली पणमिऊण चक्कहरो । सयलबलेण समग्गो, साएयपुरिं समणुपत्तो ॥ ५४ ॥

---

दर्पसे गर्वित तथा रणवाद्य बजाती हुई दोनों सेनाएँ युद्धमें जूझ गई। नाचते हुए धड़ोंके कारण वह युद्धक्षेत्र दर्शनीय लगता था। ( ४२ )

ऐसी स्थितिमें बाहुबलीने कहा, 'हे चक्रधर ! लोगोंके वधसे क्या लाभ है ? इस युद्धभूमिके बीच हम दोनोंका ही दृष्टि एवं मुष्टि द्वारा ही युद्ध हो जाय।' ( ४३ ) इस प्रकार कहने पर उन दोनोंके बीच दृष्टियुद्ध हुआ। चक्षुका प्रसार ( स्थिर दृष्टि, टिकटिकी ) प्रथम भग्न होनेपर भरत हार गए। ( ४४ ) फिर उन्होंने अत्यन्त दर्पके साथ एक दूसरेपर पैरोंकी तीव्रगतिसे तथा मुक्कोंको अत्यन्त चतुरताके साथ ऊपर उठाकर हाथापाई की। ( ४५ ) वे महापुरुष भागे बिना और एक दूसरेके सम्मुख रहकर युद्ध करने लगे। उस समय ऊपर उठे हुए उनके हाथ एक चक्रमें घूम रहे थे जिससे मानो बिजलीकी आधी बनी हुई जोत हो ऐसा प्रतीत होता था। ( ४६ ) इस प्रकारके युद्धमें भी बाहुबलीके विक्रमसे भरत राजा पराजित हुए। इसपर आपेसे बाहर होकर भरतने उसके ( बाहुबलीके ) वधके लिये चक्ररत्न फेंका। ( ४७ ) मारनेमें असमर्थ वह सुदर्शनचक्र जैसे ही वापस लौटा वैसे ही भुजाओंमें बल एवं पराक्रमवाले बाहुबलीके मनमें वैराग्य उत्पन्न हुआ। ( ४८ ) उसने कहा—'अरे, यह कितना आश्चर्य है कि विषयमें क्षुब्ध तथा कषायके वशीभूत होकर पुरुष बिना किसी प्रतिरोधके एक दूसरेका अकाज करते हैं। (४९) जिस प्रकार कोई राखके लिये चन्दनका नाश करे और डोरेके लिये मोतीका नाश करे उसी प्रकार मानव-भोगोंमें मूढ मनुष्य भी देवोंकी ऋद्धिका नाश करते हैं। (५०) अब मैं कषाय-युद्धका त्याग करके संयम-युद्ध द्वारा परीषह रूपी योद्धाओंके साथ तबतक जूझता रहूँगा जबतक उत्तम स्थान ( मोक्ष ) पर अवस्थित न होऊँ।' (५१) जिनवरको वन्दन करके बाहुबलीने वहीं लोंच किया। वह सब प्रकारके आसक्तिभावसे विरत होकर पापका शमन करनेवाला मुनि हुआ। (५२)

मस्तकसे प्रणाम करके चक्रवर्ती भरतने मधुर वाणीमें कहा—'तुम प्रव्रज्या मत लो और महाभाग राज्यका उपभोग करो।' (५३) एक वर्ष तकके कायोत्सर्ग ( ध्यान ) की प्रतिज्ञावाले बाहुबलीको प्रणाम करके चक्रवर्ती भरत अपने समग्र सैन्यके साथ साकेतपुरी ( अयोध्या नगरी ) वापस लौट आया। (५४) महात्मा बाहुबलीने भी अपने

---

१. प्रवृत्तम् । २. महाभोगं० मु० ।

बाहुबली वि महप्पा, उप्पाडिय केवलं तवबलेणं । निट्ठवियअट्ठकम्मो, दुक्खविमोक्खं गओ मोक्खं ॥ ५५ ॥

भरतस्य ऋद्धिः—

भरहो वि चक्कवट्टी, एगच्छत्तं इमं भरहवासं । भुञ्जइ भोगसमिद्धं, इन्दो इव देवलोयम्मि ॥ ५६ ॥
विज्जाहरनयरसमा, गामा नयरा वि देवलोयसमा । रायसमा गिहवइणो, धणयसमा होन्ति नरवइणो ॥ ५७ ॥
चउसट्ठि सहस्साइं, जुवईणं परमरूवधारीणं । बत्तीसं च सहस्सा, राईणं बद्धमउडाणं ॥ ५८ ॥
मत्तवरवारणाणं, चउरासीइं च सयसहस्साइं । तावइया परिसंखा, रहाण धय-छत्तचिन्धाणं ॥ ५९ ॥
अट्ठारस कोडीओ, तुरयाणं पवरवेगदच्छाणं । किंकरनरनारीणं, को तस्स करेज्ज परिसंखा ॥ ६० ॥
चोद्दस य महारयणा, नव निहओऽणेगभण्डपरिपुण्णा । जल-थलरयणावासा, रक्खिज्जन्ते सुरगणेहिं ॥ ६१ ॥
पुत्ताण य पञ्च सया, अमरकुमारोवभोगदुल्लिया । भरहस्स चक्कवइणो, रज्जविभूइं समणुपत्ता ॥ ६२ ॥
जस्स य जीहाण सयं, बुद्धिविभागो हवेज्ज वित्थिण्णो । सो वि मणूसो न तरइ, तस्स कहेउं सयलरज्जं ॥ ६३ ॥

ब्राह्मणानामुत्पत्तिः—

अह एवं परिकहिए, पुणरवि मगहाहिवो पणमिऊणं । पुच्छइ गणहरवसहं, मणहरमहुरेहि वयणेहिं ॥ ६४ ॥
वण्णाण समुप्पत्ती, तिण्हं पि सुया मए अपरिसेसा । एत्तो कहेह भयवं, उप्पत्ती सुत्तकण्ठाणं ॥ ६५ ॥
हिंसन्ति सवजीवे, करेन्ति कम्मं सया मुणिविरुद्धं । तह विय वहन्ति गवं, धम्मनिमित्तम्मि काऊणं ॥ ६६ ॥

---

तपोबलसे केवलज्ञान प्राप्त किया और आठों प्रकारके कर्मोंका विनाश करके दुःख रहित मोक्ष प्राप्त किया । (५५)

भरतका वैभववर्णन—

चक्रवर्ती भरत भी भोगोंसे समृद्ध एवं एकछत्र इस भरतक्षेत्रका देवलोकमें इन्द्रकी भाँति उपभोग करने लगा । (५६) इस भरतक्षेत्रमें गाँव विद्याधरोंके नगरोंके समान थे और नगर देवलोकके तुल्य थे । यहाँ गृहपति राजाके समान शोभित होते थे तथा राजा कुबेरके समान दानी थे । (५७) भरतके अन्तःपुरमें ६४ हजार अत्यन्त रूपवती स्त्रियाँ थीं; ३२ हजार मुकुटधारी राजा उनके आधिपत्यमें थे; ८४ शतसहस्र ( अर्थात् लाख ) मदोन्मत्त हाथी, ध्वजा एवं छत्रोंसे चिह्नित इतनी ही संख्याके ( अर्थात् ८४ लाख ) रथ तथा अत्यन्त वेगवान् व दक्ष १८ करोड़ घोड़े उनके पास थे । उनके दास-दासियोंकी गणना तो कौन कर सकता है ? (५८-६०) उनके चौदह महारत्न, नौ निधि[1] एवं अनेक प्रकारके पदार्थोंसे परिपूर्ण जल-स्थलवर्ती रत्नों के आवासों की रक्षा देवगण करते थे । (६१) देवोंके कुमारोंके सदृश विलासमें पाले पोसे गए भरत चक्रवर्तीके पाँच सौ पुत्रोंने राज्यविभूति प्राप्त की । (६२) यदि किसी के पास सौ जीभ हों और अत्यन्त विशाल बुद्धि वैभव हो तो वह मनुष्य भी उनके समग्र राज्यका वर्णन नहीं कर सकता । (६३)

ब्राह्मणवर्णकी उत्पत्ति—

इस प्रकार कहने पर मगधाधिप श्रेणिकने पुनः गणधरोंमें श्रेष्ठ ऐसे गौतम मुनिको प्रणाम करके मनोहर एवं मधुर वचनसे पूछा हे भगवन्! मैंने तीनों वर्णोंकी उत्पत्ति पूर्णरूपसे सुनी । अब आप ब्राह्मणोंकी उत्पत्तिके बारेमें कहें । (६४-६५) यद्यपि वे सभी जीवोंकी हिंसा करते हैं तथा मुनिजन के आचरणसे विरुद्ध सर्वदा कार्य करते हैं तथापि 'धर्मके निमित्त ऐसा

---

१. (१) नैसर्प ( ग्राम आदि सन्निवेशोंका इसमें समावेश होता है । ) (२) पाण्डुक ( विविध धान्योंकी पूर्ति करनेवाली ), (३) शंख ( नृत्य, काव्य, भाषाकी उत्पादक ), (४) पिंगलक ( आभूषणोंकी पूर्ति करनेवाली ), (५) सर्वरत्न ( इसमें सेनापति आदि १४ रत्नोंका समावेश होता है । ), (६) महापद्म ( वस्त्रोंकी पूर्ति करनेवाली ), (७) काल ( समय, शिल्प एवं कृषिका ज्ञान करानेवाली ), (८) महाकाल ( लोहा, मणि आदि धातुओं व रत्नोंकी निधि ), तथा (९) माणवक ( अस्त्र-शस्त्रोंकी पूर्ति करनेवाली )—ये चक्रवर्तीकी नौ निधियाँ मानी गई हैं ।

एवं च भणियमेत्ते, गणहरवसहो कहेइ भूयत्थं । निसुणेहि ताव नरवइ, एगमणो माहणुप्पत्तिं ॥ ६७ ॥
साएयपुरवरीए, एगन्ते नाभिनन्दणो भयवं । चिट्ठइ सुसङ्घसहिओ, ताव य भरहो समणुपत्तो ॥ ६८ ॥
पणउत्तमङ्गमग्गो, करजुयलं करिय तस्स पामूले । तो भणइ चक्कवट्टी, वयणमिणं मे निसामेह ॥ ६९ ॥
भयवं ! अणुग्गहत्थं, करन्तु समणा इमे समियपावा । भुञ्जन्तु मज्झ गेहे, परिसुद्धं फासुयाहारं ॥ ७० ॥
तो भणइ जिणवरिन्दो, भरह न कप्पइ इमो उ आहारो । समणाण संजयाणं, कीयगडुद्देसनिप्फण्णो ॥ ७१ ॥
एवं सुणित्तु वयणं, राया चिन्तेइ तग्गयमणेणं । उग्गं तवोविहाणं चरन्ति समणा समियमोहा ॥ ७२ ॥
न य भुञ्जन्ति महरिसी, मह गेहे मग्गिया वि पुणरुत्तं । तो सावयाण दाणं, देमि फुडं अन्न-पाणाइ ॥ ७३ ॥
एते वि य गिहिधम्मे, पञ्चाणुव्वयगुणेसु उवउत्ता । भुञ्जावेमि य बहुसो, होही दाणस्स पुण्णफलं ॥ ७४ ॥
सद्दाविया य तेणं, सायारचरित्तधारिणो सव्वे । तुरियं च समल्लीणा, मिच्छत्ताई नरा तइया ॥ ७५ ॥
न य ते रियन्ति भवणं, दट्ठुं जव-वीहियङ्कुरे पुरओ । काकणिरयणेण तओ, सुत्तं चिय सावयाण कयं ॥ ७६ ॥
तो अन्न-पाण-दाणाऽऽसणेसु संपूइयाण उप्पन्नं । गव्वं चिय अइतुङ्गं, वहन्ति इत्थं कयत्थऽम्हे ॥ ७७ ॥
मइसायरेण भणिओ, भरहनरिन्दो सहाए मज्झम्मि । जह जिणवरेण भणियं, तं एक्कमणो निसामेहि ॥ ७८ ॥
जाणं तुमे नराहिव ! सम्माणो पढमसावयाण कओ । ते वीरस्सऽवसाणे, होहिन्ति कुतित्थपासण्डा ॥ ७९ ॥
अलियवयणेसु सत्थं, काऊणं वेयनामधेयं ते । हिंसाभासणमित्तं, जन्नेसु पसू वहिस्सन्ति ॥ ८० ॥
विवरीयवित्तिधम्मा, आरम्भ-परिग्गहेसु अणियत्ता । सयमेव मूढभावा, सेसं पि जणं विमोहन्ति ॥ ८१ ॥

---

किया है'—ऐसा कहकर गर्व धारण करते हैं। (६६) इस प्रकार पूछने पर महान् गणधरने जो यथार्थ था वह इस प्रकार कहा—'हे नरपति! ब्राह्मणोंकी उत्पत्तिके बारेमें जो कुछ मैं कहता हूँ वह ध्यानपूर्वक सुनो। (६७)

साकेत नगरीमें संघके सहित नाभिनन्दन भगवान् एकान्त स्थानमें बैठे हुए थे। उस समय भरत वहाँ आए। (६८) चक्रवर्तीने सिर झुकाकर तथा उनके चरणोंमें दोनों हाथ जोड़कर प्रार्थना की कि—'हे भगवन्! मेरा कहना आप सुनिए। (६९) हे प्रभो! जिनके पाप शान्त हो गए हैं ऐसे ये श्रमण मुझपर अनुग्रहार्थ मेरे घर पर परिशुद्ध एवं निर्दोष आहार लें।' (७०) इस पर जिनेन्द्रने कहा—'हे भरत! जो आहार खास उनके उद्देश्यसे खरीदा गया हो अथवा बनवाया गया हो वह संयमधारी श्रमण ग्रहण नहीं कर सकते।' (७१) भगवान् का ऐसा कथन सुनकर भरतने उस पर मनोयोगपूर्वक विचार किया कि—'जिनका मोह शान्त हो गया है ऐसे साधु उग्र तपश्चर्या करते हैं, बार-बार कहने पर भी वे महर्षि मेरे घर पर आहार नहीं करते, अतः मैं श्रावकोंको अन्न-पान आदिका दान उदारताके साथ दूँ। ये भी पाँच अणुव्रत तथा इनके सहायक दूसरे गुणव्रत रूपी गृहस्थ धर्मका अनुपालन करते हैं। मैं उन्हें बार-बार खाना खिलाऊँ जिससे मुझे दानका पुण्यफल प्राप्त हो।' (७२-७४) ऐसा सोचकर उसने गृहस्थ-आचारका पालन करनेवाले सभी लोगोंको बुलाया। तुरन्त ही मिथ्यात्वी तथा दूसरे लोग वहाँ इकट्ठे हो गए। (७५) वे (गृहस्थाचारका पालन करनेवाले लोग) जौ तथा धानके अंकुर सम्मुख देखकर राजभवनकी ओर नहीं जाते थे। इसपर भरतने काकिणीरत्न द्वारा श्रावकोंके लिए सूत्रका निर्माण किया। (७६) तब अन्न, पान एवं आसन द्वारा पूजित उन्हें बहुत ही घमण्ड हो आया कि अब तो हम कृतार्थ हो गए हैं। (७७) परिषद्के बीच मतिसागरने भरत राजासे कहा—'जिनवरने जैसा कहा है वह तुम ध्यान देकर सुनो। (७८) हे राजन्! जिन प्रथम श्रावकोंका तुमने सम्मान किया है वे वीर भगवान्का अवसान होनेपर नास्तिक एवं पाखण्डी हो जाएँगे। (७९) मिथ्या वचनोंसे युक्त वेद नामक शास्त्रका निर्माण करके तथा मात्र हिंसाका उपदेश देकर यज्ञोंमें पशुओंका वध करेंगे। (८०) विपरीत वृत्ति (आचार) एवं धर्मवाले तथा आरम्भ (पाप कर्म) व परिग्रहोंसे निवृत्त नहीं होनेवाले वे स्वयं तो मूढ़ हैं ही, दूसरे लोगोंको भी मूढ़ बनाते हैं। (८१) ऐसा कथन सुनकर राजा क्रुद्ध हुआ और आज्ञा दी कि उन सबको नगरसे निर्वासित

---

१. प्रणतोत्तमाङ्गाग्रः। २. कृत्वा।

सोऊण वयणमेयं, परिकुविओ नरवई भणइ एवं । सिग्घं चिय नयराओ, सबे वि करेह निद्देसा ॥ ८२ ॥
लोगेण हम्ममाणा, सरणं तित्थंकरं समल्लीणा । तेण य निवारिया ते, पत्थरपहरेसु हम्मन्ता ॥ ८३ ॥
मा हणसु पुत्त ! एए, जं उसभजिणेण वारिओ भरहो । तेण इमे सयल च्चिय, वुच्चन्ति य माहणा लोए ॥ ८४ ॥
जे वि य ते पढमयरं, पवज्जं गेण्हिऊण परिवडिया । ते वक्कलपरिहाणा, तावसपासण्डिणो जाया ॥ ८५ ॥
ताण य सीस-पसीसा, मोहन्ता जणवयं कुसत्थेसु[1] । भिग्गङ्गिरमादीया, जाया बीजं वसुमईए ॥ ८६ ॥
एसा ते परिकहिया, उप्पत्ती माहणाण भूयत्थं । एत्तो सुणसु नराहिव, पुरदेवजिणस्स निव्वाणं ॥ ८७ ॥
भयवं तिलोयनाहो, धम्मपहं दरिसिऊण लोगस्स । अट्ठावयम्मि सेले, निव्वाणमणुत्तरं पत्तो ॥ ८८ ॥
भरहो वि चक्कवट्टी, तिणमिव चइऊण रायवरलच्छी । जिणवरपहपडिवन्नो, अव्वाबाहं सिवं पत्तो ॥ ८९ ॥

एवं मए सेणिय ! तुज्झ सिट्ठा, लोगट्ठिई पुव्वजणाणुचिण्णा ।
सुणाहि एत्तो विमलप्पहावा, चत्तारि नामेहि नरिन्दवंसा ॥ ९० ॥

॥ इति पउमचरिए लोगट्ठिइ-उसभ-माहणाहिगारो नाम चउत्थो उद्देसओ समत्तो ॥

## ५. रक्खसवंसाहियारो

चत्तारि महावंसा, नरवइ पुहइम्मि जे उ विक्खाया । ताणं पुण बहुभेया, हवन्ति अवरस्स संजुत्ता ॥ १ ॥
इक्खाग पढमवंसो, बिइओ सोमो य होइ नायबो । विज्जाहराण तइओ, हवइ चउत्थो उ हरिवंसो ॥ २ ॥

---

कर दो। (८२) लोगों द्वारा विताड़ित वे तीर्थंकरकी शरणमें आए। उन्होंने पत्थरोंका प्रहार करनेवाले उन लोगोंको रोका। (८३) 'हे पुत्र ! इन्हें मा हण ( मत मार )'—इस प्रकार कहकर ऋषभ जिनेश्वरने भरतको रोका, अतः वे सब लोकमें 'माहण' ( ब्राह्मण ) कहलाए। (८४) जो सर्व-प्रथम प्रव्रज्या लेकर फिर अधःपतित हुए उन्होंने वल्कल धारण किया और इस तरह तापस व पाखण्डी बने। (८५) उन्हींके भृगु, अंगिरस आदि शिष्य-प्रशिष्य कुशास्त्रोंमें लोगोंको मूर्ख बनाते रहे। वे पृथ्वीपर बीज रूप हुए अर्थात् उनसे अनेकविध धर्म-पंथोंकी परम्पराएँ चलीं। (८६)

भ. ऋषभदेव तथा भरतका निर्वाण

यह मैंने तुझे सचमुच ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कैसे हुई है इसके बारेमें कहा। अब, हे राजन् ! पुरदेव जिन (ऋषभदेव) के निर्वाणके बारेमें तुम सुनो। (८७) त्रिलोकनाथ भगवान्ने लोगोंको धर्म-मार्ग दिखलाकर अष्टापद पर्वतके ऊपर सर्वोत्तम निर्वाणपद प्राप्त किया। (८८) भरत चक्रवर्तीने भी तिनकेकी भाँति उत्तम राजलक्ष्मीका त्याग करके जिनवरके मार्गका अनुसरण किया और अव्याबाध सुख प्राप्त किया।

इस प्रकार, हे श्रेणिक ! पूर्वपुरुषों द्वारा विहित लोकस्थिति मैंने तुमसे कही। अब आगे निर्मल प्रभाववाले चार राजवंशोंके बारेमें तुम सुनो।

। पद्मचरितमें 'लोकस्थिति-ऋषभ-ब्राह्मण अधिकार' नामक चतुर्थ उद्देशक समाप्त हुआ।

## ५. राक्षसवंश

हे नरपति ! इस पृथ्वी पर जो चार महावंश विख्यात हैं उनके दूसरोंके साथके सम्पर्कके कारण अनेक भेद होते हैं। (१) इन चार वंशोंमें प्रथम इक्ष्वाकुवंश, द्वितीय सोमवंश, तृतीय विद्याधरवंश एवं चतुर्थ हरिवंश है। (२)

---

१. कुसत्थेहिं—प्रत्यं०।

इक्ष्वाकुवंशः—

भरहस्स पढमपुत्तो, आइच्चजसो त्ति नाम विक्खाओ । तस्स य सीहजसो चिय, पुत्तो तस्सेव बलभद्दो ॥ ३ ॥
वसुबल महाबलो चिय, अमियबलो चेव होइ नायव्वो । जाओ सुभद्दनामो, सायरभद्दो य रवितेओ ॥ ४ ॥
ससिपह पभूयतेओ, तेयस्सी तावणो पयावी य । अइविरिओ य नरिन्दो, तस्स य पुत्तो महाविरिओ ॥ ५ ॥
उइयपरक्कमनामो, तस्स वि य महिन्दविक्कमो पुत्तो । सूरो इन्दजुइण्णो, महइ महाइन्दई राया ॥ ६ ॥
तत्तो पभू बिभू वि य, अरिंदमणो चेव वसहकेऊ य । राया वि य गरुडङ्को, तह य मियङ्को समुप्पन्नो ॥ ७ ॥
एते नरवरवसहा, पुहइं दाऊण नियपुत्ताणं । निक्खन्ता खायजसा, सिवमयलमणुत्तरं पत्ता ॥ ८ ॥
एसो ते परिकहिओ, आइच्चजसाइसंभवो वंसो । एत्तो सुणाहि नरवर ! उप्पत्ती सोमवंसस्स ॥ ९ ॥

सोमवंशः—

उसभस्स बीयपुत्तो, बाहुबली नाम आसि विक्खाओ । तस्स य महप्पभावो, पुत्तो सोमप्पभो नाम ॥ १० ॥
एत्तो महाबलो चिय, सुबलो बाहुबलि एवमाईया । सोमप्पहस्स वंसे, उप्पन्ना नरवई बहुसो ॥ ११ ॥
केएत्थ गया मोक्खं, पवज्जं गिण्हिऊण धुयकम्मा । अवरे पुण देवत्तं, पत्ता तव-संजमबलेणं ॥ १२ ॥
एवं तु सोमवंसो, नरवइ! कहिओ मए समासेणं । विज्जाहराण वंसं, भणामि एत्तो निसामेहि ॥ १३ ॥

विद्याधरवंशः—

नामेण रयणमाली, नमिरायसुओ महाबलसमिद्धो । तस्स वि य रयणवज्जो, रयणरहो चेव उप्पन्नो ॥ १४ ॥

---

इक्ष्वाकुवंशका वर्णन—

भरतका प्रथम पुत्र आदित्ययशाके नामसे प्रसिद्ध था। उसका पुत्र सिंहयशा था। सिंहयशाका पुत्र बलभद्र हुआ। (३) उससे क्रमशः वसुबल, महाबल, अतिबल हुए। उससे सुभद्र, सागरभद्र तथा रवितेज हुए। (४) उससे क्रमशः शशिप्रभ, प्रभूततेज, तेजस्वी, तपन, प्रतापवान् तथा अतिवीर्य राजा हुए। उसका (अतिवीर्यका) पुत्र महावीर्य था। (५) उसका उदितवीर्य नामका पुत्र हुआ। उसका पुत्र महेन्द्रविक्रम हुआ। उससे अनुक्रमसे सूर्य, इन्द्रद्युम्न तथा महेन्द्रजित नामके महान् राजा हुए। (६) उससे क्रमशः प्रभु, विभु, अरिदमन, वृषभकेतु, गरुडांक राजा तथा मृगांक हुए। (७) ये यशस्वी राजा अपने-अपने पुत्रोंको राज्य देकर प्रव्रजित हुए और कर्ममलसे रहित तथा अनुत्तर ऐसा मोक्षपद प्राप्त किया। (८) हे नरवर! यह मैंने आदित्ययशासे उत्पन्न वंशके बारेमें तुमसे कहा। अब सोमवंशकी उत्पत्तिके बारेमें तुम सुनो। (९)

सोमवंशका वर्णन—

भगवान् ऋषभदेवका बाहुबली नामका दूसरा एक सुविख्यात् पुत्र था। उसका महान् प्रभावशाली सोमप्रभ नामका एक पुत्र था। (१०) उससे महाबल, सुबल, बाहुबली आदि अनेक नरपति सोमप्रभके वंशमें पैदा हुए। (११) उनमेंसे कई दीक्षा अंगीकार करके तथा कर्मोंको नष्ट करके मोक्षमें गए तो दूसरोंने तप एवं संयमके बलसे देवत्व प्राप्त किया। (१२) इस प्रकार, हे राजन्! संक्षेपसे मैंने सोमवंशके बारेमें कहा। अब मैं विद्याधरवंशके बारेमें कहता हूँ, वह तुम सुनो। (१३)

विद्याधरवंशका वर्णन—

नमि राजाका रत्नमाली नामका अत्यन्त बलशाली पुत्र हुआ। उसका रत्नवज्र और रत्नव्रज का रत्नरथ पुत्र

---

१. ज्जसस्स संभवो—प्रत्य० ।

जाओ य रयणचित्तो, चन्दरहो वज्जसङ्घनामो य । सेणो य वज्जदत्तो, राया वज्जद्धओ जाओ ॥ १५ ॥
वज्जाउहो य वज्जो, सुवज्ज वज्जंधरो महासत्तो । वज्जाभ वज्जबाहू, वज्जङ्को नाम विक्खाओ ॥ १६ ॥
अह वज्जसुन्दरो वि य, वज्जासो वज्जपाणिराया य । उप्पन्नो य नरवई, वज्जसुजण्हू[1] य वज्जो य ॥ १७ ॥
विज्जूमुहो सुवयणो, राया तह विज्जुदत्तनामो य । विज्जू य विज्जुतेओ, तडिवेओ विज्जुदाढो य ॥ १८ ॥
एए खेयरवसहा, विज्जा-बल-सिद्धिसारसंपुण्णा । दाऊण रायलच्छी, सुएसु कालेण वोलीणा ॥ १९ ॥
अह अन्नया कयाई, दोसु वि सेढीसु सामिओ राया । नामेण विज्जुदाढो, अवरविदेहं गओ सहसा ॥ २० ॥
दिट्ठो य संजयन्तो, तेण भमन्तेण संजमारूढो । घेत्तूण पावगुरुणा, इहाणिओ पञ्चसंगमयं ॥२१ ॥
ठविऊण गिरिवरिन्दे, पत्थरपहरेहि खेयरसमग्गो । आहणइ निरणुकम्पो, तह वि य जोगं न छड्डेइ ॥ २२ ॥
उवसग्गम्मि बहुविहे, तस्स सहन्तस्स जोगजुत्तस्स । समचित्तस्स भगवओ, उप्पन्नं केवलं नाणं ॥ २३ ॥
एयम्मि देसकाले, धरणिन्दो आगओ मुणिसयासं । नमिऊण तस्स चलणे, विज्जाकोसं तओ हरइ ॥ २४ ॥
जिणभवण-मुणिवराणं, उवरिं गच्छेज्ज जो बलुम्मत्तो । सो विज्जापरिभट्ठो, होही विज्जाहरो नियमा ॥ २५ ॥
काउण समयमेयं, विज्जाओ समप्पिऊण धरणिन्दो । पुच्छइ मुणिवरवसहं, घोरुवसग्गस्स संबन्धं ॥ २६ ॥
अह भणई संजयन्तो, चउगइवित्थिण्णदीहसंसारे । गामे उ सयडनामे, कह वि भमन्तो समुप्पन्नो ॥२७॥
वणियकुलम्मि हियकरो, नामेण अहं सुसाहुपडिसेवी । अज्जव-मद्दवजुत्तो, जाओ परिणामजोगेणं ॥ २८ ॥
कालं काऊण तओ, कुसुमावइसामिओ समुप्पन्नो । सिरिवद्धणो त्ति नामं, जाओ हं नरवई तइया ॥ २९ ॥

---

हुआ । (१४) उसके पश्चात् रत्नचित्र, चन्द्ररथ, वज्रसंघ, वज्रसेन, वज्रदत्त तथा वज्रध्वज राजा हुए । (१५) उससे वज्रायुध, वज्र, सुवज्र, महासत्त्वशाली वज्रन्धर, वज्राभ, वज्रबाहु तथा वज्रांक नामके विख्यात राजा हुए । (१६) उसके अनन्तर वज्रसुन्दर, वज्रास्य, वज्रपाणि राजा, वज्रसुजहनु तथा वज्र राजा हुए । (१७) इनके बाद विद्युन्मुख, सुवदन, विद्युदत्त, विद्युद्वान, तडिद्वेग तथा विद्युद्दंष्ट्र नामके राजा हुए । (१८) विद्या, बल, सिद्धि एवं सत्त्वसे पूर्ण इन खेचरों ( विद्याधरों ) में श्रेष्ठ राजाओंने राज्यलक्ष्मी अपने-अपने पुत्रोंको दी और समय आने पर स्वर्गवासी हुए । (१९)

एक दिन वैताढ्यकी दोनों श्रेणियोंका विद्युद्दंष्ट्र नामका राजा अचानक अपरविदेह नामक क्षेत्रमें गया । (२०) घूमते हुए उसने संयममें आरूढ़ संजयन्त नामके एक मुनिको देखा । पापसे भारी वह उन्हें पकड़कर पंचगिरि नामक पर्वत पर लाया । (२१) उस पर्वत पर उन्हें रखकर दूसरे खेचरोंके साथ वह निर्दय राजा पत्थरोंसे प्रहार करने लगा, परन्तु वह मुनि ध्यानसे विचलित न हुऐ । (२२) अनेक प्रकारके उपसर्ग सहन करते हुए उन योगयुक्त तथा समचित्त भगवान्को केवल ज्ञान उत्पन्न हुआ । (२३) उस समय वहाँ मुनिके पास धरणेन्द्र नामका देव आया और उन मुनिके चरणोंमें वन्दन करनेके पश्चात् उसने उस विद्याधरकी सभी विद्याएँ हर लीं । (२४) जो विद्याधर अपने बलसे उन्मत्त होकर जिन मन्दिर व मुनिवर्य्योंका अतिक्रमण करता है वह अवश्य ही विद्यासे परिभ्रष्ट होता है । (२५) इस प्रकारका उपदेश देकर तथा विद्याएँ उसे वापस लौटाकर धरणेन्द्रने घोर उपसर्गके बारेमें मुनियोंमें श्रेष्ठ ऐसे उन मुनि से पूछा । (२६) इस पर संजयन्त मुनिने कहा—

'चतुर्गति रूपी विस्तीर्ण व दीर्घ संसारमें भटकता हुआ मैं किसी तरह शकट नामके एक गाँवके वणिक कुलमें उत्पन्न हुआ । मेरा नाम हितकर था । मैं साधुओं की परिचर्या करता था और शुभ अध्यवसायके योगसे आर्जव एवं मार्दव गुणोंसे युक्त था । (२७-२८) वहांसे मरकर मैं कुसुमावती नगरीके स्वामी श्रीवर्द्धन नामक राजाके रूपमें उत्पन्न हुआ । (२९) उसी गाँवमें एक ब्राह्मण रहता था । वह कुत्सित तप करके मरने पर देवलोकमें अल्प ऋद्धिवाला देव

---

१. सुवण्हू—प्रत्य० ।

तत्थेव आसि गामे, विप्पो सो कुच्छियं तवं काउं । कालगओ सुरलोए, देवो अप्पिड्ढिओ जाओ ॥ ३० ॥
तत्तो चुओ समाणो, जलणसिहो बम्भणो समुप्पन्नो । सिरिवद्धणस्स तइया, पुरोहिओ सच्चवाई सो ॥ ३१ ॥
वणियस्स तेण दवं, अवलत्तं तत्थ नियमदत्तस्स । गणियाएँ तओ विप्पो, नामामुद्दं जिओ जूए ॥ ३२ ॥
गन्तूण तस्स गेहं, नामामुद्दच्छलेण रयणाइं । चेडीएँ आणिऊणं, समप्पियाइं च वणियस्स ॥ ३३ ॥
घेत्तूण य सबस्सं, विप्पो निब्बासिओ पुरवराउ । वेरग्गसमावन्नो, काऊण तवं समाढत्तो ॥ ३४ ॥
मरिऊण य माहिन्दे, देवो होऊण वरविमाणम्मि । तत्तो चुओ समाणो, उप्पन्नो विज्जुदाढो त्ति ॥ ३५ ॥
सिद्दिवद्धणो वि य तवं, काउं देवत्तणाउ चविऊणं । अवरविदेहम्मि तओ, जाओ हं संजयन्तमुणी ॥ ३६ ॥
तेणाणुबन्धजणिओ, कोवग्गी दरिसणिन्धणाइण्णो । विज्जाहरस्स एण्हि, उवसग्गनिहेण पज्जलिओ ॥ ३७ ॥
जो आसि नियमदत्तो, सो विहु धम्मं पुणो समज्जेउं । मरिऊण तुमं एसो, धरणिन्दत्ते समुप्पन्नो ॥ ३८ ॥
सोऊण पगयमेयं, खामेऊणं मुणिं सधरणिन्दं । परिचयइ विसयसोक्खं, दिक्खाभिमुहो निवो जाओ ॥ ३९ ॥
धरणिन्दो मुणिवसहं, काऊण पयाहिणं च तिक्खुत्तो । सबपरिवारसहिओ, नियय्ट्ठाणं गओ सहसा ॥ ४० ॥
अह तत्थ विज्जुदाढस्स नन्दणो दढरहो त्ति नामेणं । तस्स वि य पट्टबन्धं, काऊण तवं गओ मोक्खं ॥ ४१ ॥
तत्तो य आसधम्मो, जाओ अस्सायरो कुमारवरो । आसद्धओ नरिन्दो, पउमनिहो पउममाली य ॥ ४२ ॥
पउमरह सीहवाहो, मयधम्मो मेहसीह संभूओ । सीहद्धओ ससङ्को, चन्दङ्को[1] चन्दसिहरो य ॥ ४३ ॥
इन्दरहो चन्दरहो, ससङ्कधम्मो य आउहो चेव । रत्तट्ठो हरिचन्दो, पुरचन्दो पुण्णचन्दो य ॥ ४४ ॥
बालिन्द चन्दचूडो, गयणिन्दु दुराणणो नरवरिन्दु । राया य एकचूडो, दोचूड तिचूड चउचूडो ॥ ४५ ॥
जाओ य वज्जचूडो, बहुचूडो सीहचूडनामो य । जलणजडि अक्कतेओ, एवं विज्जाहरा बहुसो ॥ ४६ ॥

---

हुआ। (३०) वहाँसे च्युत होने पर वह ज्वलनशिख नामका ब्राह्मण हुआ। वह सत्यवादी ब्राह्मण श्रीवर्द्धन राजाका पुरोहित हुआ। (३१) उसने नियमदत्त नामक एक बनियेका द्रव्य छिन लिया। बादमें वह ब्राह्मण एक गणिकाके पास गया और वहाँ जूएमें अपने नामसे अंकित मुद्रा हार गया। (३२) नामसे अंकित मुद्राके बहाने दासी उसके (पुरोहितके) घर पर जाकर रत्न ले आई और बनियेको वे दे दिए। (३३) राजाके पास नालिस करने पर उसने सर्वस्व लेकर ब्राह्मणको नगरसे निर्वासित कर दिया। वैराग्निसे जलता हुआ वह तप करने लगा। (३४) मर करके वह माहेन्द्र नामके उत्तम विमानमें देव रूपसे उत्पन्न हुआ। वहाँसे च्युत होकर वह विद्युद्दंष्ट्र रूपसे उत्पन्न हुआ। (३५) श्रीवर्धन भी तप करके देव रूपसे उत्पन्न हुआ और वहाँसे च्युत होकर अपरविदेह क्षेत्रमें संजयन्त मुनिके रूपमें पैदा हुआ वही मैं हूँ। (३६) उस कर्मके अनुबन्धसे जनित तथा दर्शन रूपी इन्धनसे व्याप्त विद्याधरकी क्रोधाग्नि उपसर्गके रूपमें यहाँ प्रज्वलित हुई। (३७) जो नियमदत्त था वह भी धर्म उपार्जित करके मरनेके पश्चात् तुम धरेन्द्रके रूपमें उत्पन्न हुए'। (३८)

यह वृत्तान्त सुनकर धरणेन्द्र और मुनिसे भी क्षमा याचना करके विद्याधर राजाने विषयसुखका त्याग किया और दीक्षाकी ओर अभिमुख हुआ। (३९) बादमें सपरिवार धरणेन्द्र भी मुनिवरको प्रदक्षिणा देकर अपने स्थानमें शीघ्र चला गया। (४०) विद्युद्दंष्ट्रका दृढरथ नामका पुत्र था। उसे राज्य सौंपकर तथा स्वयं तप करके वह मोक्षमें गया। (४१) उससे अश्वधर्मा पैदा हुआ, अश्वधर्माका कुमार अश्वादर हुआ। उससे क्रमशः अश्वध्वज, पद्मनीभ, पद्ममाली, पद्मरथ, सिंहवाह, मृगधर्म, मेघसिंह, सिंहध्वज, शशांक, चन्द्रांक चन्द्रशिखर, इन्द्ररथ, चन्द्ररथ, शशांकधर्म, आयुध, हरिश्चन्द्र, पुरचन्द्र, पूर्णचन्द्र, बालेन्दु, चन्द्रचूड, गगनेन्दु, दुरानन, एकचूड, द्विचूड, त्रिचूड, चतुश्चूड, वज्रचूड, बहुचूड, सिंहचूड तथा ज्वलनजटी एवं अर्कतेजा—इस प्रकार अनेक विद्याधर राजा हुए। (४२-४६) इनमेंसे कई मोक्षमें गए तो दूसरे कई गुणशाली एवं

---

१. चंदको—प्राय०।

केएत्थ गया मोक्खं, अन्ने पुण वरविमाणवासेसु । उववन्ना गुणपुण्णा, जिणवरधम्माणुभावेणं ॥ ४७ ॥

अजितजिनचरितम्—

एवं ते परिकहिओ, वंसो विज्जाहराण संखेवं । एत्तो सुणसु नराहिव, बीयजिणिन्दस्स उप्पत्ती ॥ ४८ ॥
उसभजिणजम्मसमए, जे भावा आसि सुहयरा लोए । ओसरिऊण पवत्ता, आउ-बलुस्सेह-तव-नियमा ॥ ४९ ॥
एवं परंपराए, समइक्कन्तेसु पुहइपालेसु । साएयपुरवरीए, धरणिधरो नरवरो जाओ ॥ ५० ॥
तस्स य गुणाणुरूवो, पुत्तो तियसंजओ समुप्पन्नो । तस्स वि य इन्दलेहा, भज्जा पुत्तो य जियसत्तू ॥ ५१ ॥
पोयणपुरम्मि राया, आणन्दो तस्स कमलमाल त्ति । महिला रूवपडागा, विजया य सुया वरकुमारी ॥ ५२ ॥
परिणीया गुणपुण्णा, जियसत्तुनराहिवेण कयपुण्णा । तियसंजओ वि सिद्धिं, कइलासगिरिम्मि संपत्तो ॥ ५३ ॥
अह अन्नया कयाई, जाओ तित्थंकरो अजियसामी । देवेहिं तस्स सहसा, अहिसेयाई कयं सव्वं ॥ ५४ ॥
रज्जं काऊण तओ, उज्जाणे जुवइपरिमिओ[1] दट्ठुं । पङ्कयवणं मिलाणं, वेरग्गमणो विचिन्तेइ ॥ ५५ ॥
जह एयं पउमसरं, मयरन्दुद्दामकुसुमरिद्धिल्लं । होऊण पुणो निहणं, वच्चइ तह माणुसत्तं पि ॥ ५६ ॥
आपुच्छिऊण एत्तो, माया-पिइ-पुत्त-परियणं सव्वं । पुव्वविहाणेण जिणो, पवज्जमुवागओ धीरो ॥ ५७ ॥
दस य सहस्सा तह पत्थिवाण मोत्तूण रायरिद्धीओ । निग्गन्था पवइया, जिणेण समयं[2] महासत्ता ॥ ५८ ॥
छट्ठोववासनियमे, साएयपुरम्मि बम्भदत्तेणं । दिन्नं फासुयदाणं, विहिणा बहुभेयसंजुत्तं ॥ ५९ ॥
अह बारसमे वरिसे, केवलनाणं तओ समुप्पन्नं । चोत्तीसं च अइसया, अट्ठ महापाडिहेरा य ॥ ६० ॥

---

पुण्यशील राजा जिनवरके धर्मका आचरण करके उत्तम देवविमानोंमें उत्पन्न हुए । (४७) इस प्रकार संक्षेपसे विद्याधरोंके वंशके विषयमें मैंने तुमसे कहा । हे नरेन्द्र ! अब द्वितीय जिनेन्द्र श्री अजितनाथकी उत्पत्तिके बारेमें सुनो । (४८)

भगवान अजितनाथ—

ऋषभ जिनवरके समयमें जो भाव ( पदार्थ ) लोकमें सुखकर थे वे सब अर्थात् आयुष्य, बल, ऊँचाई, तप व नियम कम होने लगे । (४९) इस प्रकार एकके बाद एक राजाओंके चले जाने पर साकेतपुरी नामकी उत्तम नगरीमें धरणिधर नामका एक उत्तम पुरुष हुआ । (५०) उसका त्रिदशंजय नामका गुणानुरूप पुत्र था । उसकी भार्या इन्द्रलेखा तथा पुत्र जितशत्रु था । (५१) पोतनपुरमें आनन्द नामका राजा था । उसकी कमलमाला नामकी अत्यन्त रूपवती पत्नी तथा विजया नामकी एक सुपुत्री थी । (५२) पुण्यशाली जितशत्रु राजाके साथ गुणसे परिपूर्ण उस कन्याका विवाह हुआ । त्रिदशंजयने कैलासपर्वत पर जाकर सिद्धि प्राप्त की । (५३) इसके अनन्तर कभी तीर्थंकर अजित स्वामीका जन्म हुआ । देवोंने जल्दीसे आकर उनके अभिषेकादि सर्व कार्य किये । (५४) उसके पश्चात् उन्होंने राज्य किया । युवतियोंसे घिरे हुए उनका मन कमलवनको म्लान देखकर विरक्त हो गया और वह सोचने लगे—'जिस प्रकार मकरन्द व तीव्र गन्धवाले पुष्पोंसे समृद्ध पद्मसरोवर भी म्लान एवं नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार मानव-जीवन भी है । (५५-५६) ऐसा सोचकर माता, पिता, पुत्र एवं सब परिजनोंकी अनुज्ञा लेकर धीर जिनेश्वरने पूर्वोक्त विधिके अनुसार प्रव्रज्या अंगीकार की । (५७) जिनेश्वरके साथ महासत्त्वशाली दस हजार राजाओंने भी राज्यकी समृद्धिका परित्याग करके निर्ग्रन्थ ( जैन ) दीक्षा ली । (५८) षष्ठ ( बेला ) के उपवासवाले उन्हें साकेत पुरीमें ब्रह्मदत्तने विधिपूर्वक विविध प्रकारका प्रासुक दान दिया । (५९) इसके पश्चात् बारहवें वर्षमें उन्हें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ । चौंतीस अतिशय तथा आठ

---

१. परिवृतः । २. सद्धिं महा—प्रत्य० ।

उप्पन्ना य गणहरा, नवई समणा नवोणयं लक्खं । संजम-सीलधराणं, गुणरिद्धिविसेसपत्ताणं ॥ ६१ ॥

सगरचक्रिचरितम्—

तियसंजयस्स पुत्तो, बीओ चिय विजयसायरो नामं । तस्स वि य होइ भज्जा, सुमङ्गला रूवसंपन्ना ॥ ६२ ॥
तीए गब्भम्मि सुओ, जाओ सगरो त्ति नाम विक्खाओ । चोद्दसरयणाहिवई, संपत्तो चक्कवट्टित्तं ॥ ६३ ॥
एयन्तरम्मि सेणिय ! जं वत्तं तं सुणेहि एगमणो । अत्थि इहं वेयड्ढे, रहनेउरचक्कवालपुरं ॥ ६४ ॥
विज्जाहराण राया, पुण्णघणो नाम तत्थ विक्खाओ । अह मेघवाहणो से, पुत्तो गुणरूवसंपन्नो ॥ ६५ ॥
उत्तरसेढीएँ ठियं, नयरं चिय गयणवल्लहं नाम । परिवसइ तत्थ राया, सुलोयणो खेयराहिवई ॥ ६६ ॥
तस्स य सहस्सनयणो, पुत्तो धूया य रूवसंपन्ना । तं चेव पवरकन्नं, पुण्णघणो मग्गए पयओ ॥ ६७ ॥
[1]बहुसो जाइज्जन्ती, न य दिन्ना तेण तस्स सा कन्ना । नेमित्तियवयणेणं, सगरनरिन्दस्स उद्दिट्ठा ॥ ॥ ६८ ॥
कन्ानिमित्तहेउं, पुण्णघण-सुलोयणाण आभिट्ठं । जुज्झं महन्तघोरं रहवर-गय-तुरय-पाइक्कं ॥ ६९ ॥
जाव य पहरसमिद्धं, दोण्ह वि जुज्झं उइण्णसेण्णाणं । ताव य सहस्सनयणो, घेत्तूण सहोयरीं नट्ठो ॥ ७० ॥
हन्तूण समरमज्झे, सुलोयणं पविसिऊण नयरम्मि । कन्नं अपेच्छसाणो, [2]पुण्णघणो आगओ सपुरं ॥ ७१ ॥
ताव य सहस्सणयणो, अपहुप्पन्तो बलेण परिहीणो । अच्छइ अरण्णमज्झे, कालक्खेवं पडिक्खन्तो ॥ ७२ ॥
ताव य आसेण हिओ, चक्कहरो आणिओ तमुद्देसं । तस्स चिय नियभइणी, सहस्सनयणेण से दिन्ना ॥ ७३ ॥
महिलारयण मणहरं, दट्ठूण नराहिवो सुपरितुट्ठो । विज्जाहरस्स नियय, देइ समिद्धं महारज्जं ॥ ७४ ॥

---

महाप्रातिहार्य भी पैदा हुए । (६०) उनके नब्बे गणधर तथा संयम एवं शीलधारी और गुणी व विशेष ऋद्धिवाले एक लाखमें नौ कम अर्थात् ९९,९९१ साधु थे । (६१)

सगर चक्रवर्तीका वर्णन—

त्रिदशंजयके दूसरे पुत्रका नाम विजयसागर था । उसकी रूपसंपन्न पत्नीका नाम सुमंगला था । (६२) उसके गर्भसे सगर नामका एक सुविख्यात पुत्र हुआ । चौदह रत्नोंके अधिपति उसने चक्रवर्ती पद प्राप्त किया । (६३) हे श्रेणिक ! इस बीच जो कुछ घटित हुआ वह तुम एकाग्र मनसे सुनो । इस वैताढ्य पर्वतमें रथनूपुर-चक्रवालपुर नामका एक नगर है । (६४) वहाँ विद्याधरोंका पूर्णघन नामका एक प्रख्यात राजा था । उसका गुण एवं रूपसे सम्पन्न मेघवाहन नामका एक पुत्र था । (६५) वैताढ्यपर्वतकी उत्तरश्रेणीमें गगनवल्लभ नामका एक नगर था और उसमें खेचराधिपति सुलोचन नामका राजा रहता था । (६६) उसका पुत्र सहस्रनयन था और उसे एक रूपवती पुत्री भी थी । पूर्णघनने उस उत्तम कन्याकी मँगनी की । (६७) बहुत याचना करनेपर भी उसने वह कन्या उसे नहीं दी और ज्योतिषियोंके कथनके अनुसार सगर राजाको देनेका सोचा । (६८) कन्याके कारण पूर्णघन और सुलोचनके बीच रथ, हाथी, अश्व एवं पैदल सैन्यके साथ अत्यन्त घोर युद्ध हुआ । (६९) विजय रूपी फल प्राप्त करनेकी इच्छावाले दोनों सैन्योंके बीच इधर एक प्रहरतक युद्ध होता रहा, उधर सहस्रनयन अपनी बहनको लेकर भाग गया । (७०) लड़ाईमें सुलोचनको मारकर नगरमें प्रवेश करनेपर पूर्णघन कन्याको न देखकर अपने नगरको लौट आया । (७१) इधर असमर्थ एवं बलसे ( शक्ति अथवा सेनासे ) हीन सहस्रनयन भी अवसरकी प्रतीक्षा करता हुआ अरण्यमें रहने लगा । (७२) एक दिन अश्वके द्वारा ले जाया गया चक्रवर्ती सगर उस प्रदेशमें आ पहुँचा । सहस्रनयनने भी अपनी बहन उसे दी । (७३) राजा मनोहर महिलारत्नको देखकर अत्यन्त सन्तुष्ट हुआ । बदलेमें उसने भी एक समृद्ध महाराज्य विद्याधरको दिया । (७४)

---

१. वहुसो वि जाइजंती—प्रत्य० । २. पुणो वि सो आगओ सघरं—प्रत्य० ।

अह चक्कवालनयरं, सहस्सनयणेण वेढियं सबं । निप्फिडइ सवडहुत्तो, पुण्णघणो साहणसमग्गो ॥ ७५ ॥
संगामम्मि पवत्ते, बहुलोहियकद्दमे परमघोरे । गाढपहारपरद्धो, पुण्णघणो पाविओ निहणं ॥ ७६ ॥
घणवाहणो वि ताहे, वेरियवित्तासिओ पलायन्तो । भयजणियतुरियवेगो, अजियजिणिन्दं गओ सरणं ॥ ७७ ॥
इन्देण पुच्छिओ सो, कीस तुमं भयपवेइयसरीरो । तेण वि य तस्स सिट्ठं, वेरनिमित्तं जहावत्तं ॥ ७८ ॥
अह तस्स मग्गलग्गो, सहस्सनयणो रवि व पज्जलिओ । पेच्छइ तमतिमिरहरं, जिणस्स भामण्डलं दिबं ॥ ७९ ॥
मोत्तूण नियगबं, थोऊण जिणं पराएँ भत्तीए । तत्थेव सन्निविट्ठो, नच्चासन्ने समोसरणे ॥ ८० ॥
दोण्ह वि [1]पिऊण चरियं, विज्जाहरपत्थिवाण पुबभवं । पुच्छइ गणहरवसहो, केवलनाणी परिकहेइ ॥ ८१ ॥

पुण्यघनत्रिलोचनयोः पूर्वभवः—

[2]अत्थेत्थ भरहवासे, आइच्चपभे पुरे मणभिरामे । चउकोडिधणसमिद्धो, वाणियओ भावणो नामं ॥ ८२ ॥
कित्तिमइ त्ति सुरूवा, महिला पुत्तो य तस्स हरिदासो । धणलोभेण य चलिओ, पोएण य भावणो तइया ॥ ८३ ॥
निययं दब-घरसिरिं, दाऊण सुयस्स विविहउवएसं । तो निग्गओ घराओ, सुहनक्खत्ते करणजुत्ते ॥ ८४ ॥
अह सो जूएण जिओ, हरिदासो चोरियं सुरङ्गाए । काऊण समाढत्तो, रायघरं पत्थिओ तइया ॥ ८५ ॥
जत्तं [3]काऊण तओ, संपत्तो भायणो नियगेहं । न य पेच्छइ हरिदासं, पुच्छइ महिलं पयत्तेणं ॥ ८६ ॥
तीए वि तस्स सिट्ठं, हरिदासो चोरियं सुरङ्गाए । दबस्स कारणट्ठा, रायहरं पत्थिओ नवरं ॥ ८७ ॥
सो तस्स मरणभीओ, जाव य सन्तो करेइ एगमणो । ताव च्चिय संपत्तो, हरिदासो अप्पणो गेहं ॥ ८८ ॥
परिचिन्तिऊण एत्तो, को वि महं वेरिओ समल्लीणो । आहणइ पावकम्मो, खग्गपहारेण से सीसं ॥ ८९ ॥

---

इसके पश्चात् सहस्रनयनने सम्पूर्ण चक्रवाल नगरको घेर लिया। सैन्यके साथ पूर्णघन भी सामना करनेके लिये बाहर निकला। (७५) बहुत खून बहनेके कारण कीचड़वाले तथा अत्यन्त घोर संग्राममें गाढ़ प्रहारसे पीड़ित पूर्णघनकी मृत्यु हुई। (७६) तब शत्रुओंके द्वारा डराकर भगाया हुआ मेघवाहन भी भयके कारण जल्दी-जल्दी भागता हुआ श्रीअजितजिनेन्द्रकी शरणमें आया। (७७) वहाँ इन्द्रने पूछा कि तुम्हारे शरीरमें इतना अधिक भय क्यों प्रविष्ट हुआ है? उसने भी जैसा हुआ था वैसा ही बैरका कारण कह सुनाया। (७८) उसकी खोजमें तत्पर और सूर्यकी भाँति प्रज्वलित सहस्रनयनने भी अन्धकारको दूर करनेवाला भगवान्का दिव्य मण्डल देखा। (७९) अपने गर्वका त्याग करके तथा जिनेश्वरकी परम भक्तिपूर्वक स्तुति करके वह समवसरणमें भगवान्के समीप जा बैठा। (८०)

गणधरश्रेष्ठने दोनोंके पिताओंके चरित एवं विद्याधर राजाओंके पूर्वभवके बारेमें पूछा। केवलज्ञानीने उसका उत्तर देते हुए कहा कि—'इस भरतक्षेत्रमें आए हुए सुन्दर आदित्यप्रभ नामक नगरमें चार करोड़ दीनारोंसे समृद्ध भावन नामका बनिया रहता था। (८१-८२) उसकी सुन्दर पत्नीका नाम कीर्तिमती तथा पुत्रका नाम हरिदास था। धनके लोभसे वह भावन एक बार जहाज लेकर समुद्रयात्राके लिए निकल पड़ा। (८३) अपना द्रव्य, घर तथा वैभव पुत्रको सौंपकर तथा अनेक प्रकारका उपदेश देकर वह शुभ करणसे युक्त शुभ नक्षत्रमें घरसे निकला। (८४) इधर हरिदास जूएमें सब हार गया, अतः चोरी करनेके लिए सुरंग मार्गसे राजाके घरकी ओर उसने प्रस्थान किया। (८५) इधर यात्रा करके भावन भी अपने घरपर लौट आया। वहाँपर हरिदासको न देखकर उसने अपनी पत्नीसे पूछा। (८६) उसने भी उसे कहा कि द्रव्यकी प्राप्तिके लिये चोरी करनेके उद्देश्यसे हरिदास सुरंगके रास्तेसे राजाके घरकी ओर गया है। (८७) वह अपने पुत्रके मरणसे भयभीत होकर एकाग्र भावसे शान्ति-कर्म (प्रार्थना आदि) करता है तबतक तो हरिदास अपने घर लौट आया। (८८) 'यहाँ पर मेरा कोई दुश्मन आया है'—ऐसा सोचकर उस पापीने तलवारके प्रहारसे अपने पिताका मस्तक काट डाला। (८९)

---

१. निर्गच्छति अभिमुखम्। २. रिऊण—प्रत्य०। ३. अत्थित्थ—प्रत्य०। ४. जत्ता काऊण—मु०।

मारेऊण य पियरं, काऊण य तस्स पेयकरणिज्जं । पुहईयलं भमन्तो, सो वि हु मरणं समणुपत्तो ॥ ९० ॥
जो भावणो त्ति नामं, पुण्णघणो सो इहं समुप्पन्नो । जो वि हु तस्साऽऽसि सुओ, सुलोयणो सो वि नायबो ॥ ९१ ॥
एवं पुबभवगयं, वेरं विज्जाहराण सोऊणं । मा होह कलुसहियया, वेरं दूरेण वज्जेह ॥ ९२ ॥
अह भणइ चक्कवट्टी, पुण्णघण-सुलोयणाण जं वत्तं । चरियं सुयं महायस! कहेह एत्तो सुयाणं पि ॥ ९३ ॥

**सहस्रनयनमेघवाहनयोः पूर्वभवः—**

जम्बुद्दीवे भरहे, पउमपुरे रम्भको त्ति नामेणं । तस्साऽऽसि परमसीसा, ससी य आवलियनामो य ॥ ९४ ॥
आवलिणा गन्तूणं, कीया गोधेणु गोउले पवरा । मोल्लं जाव न दिज्जइ, ताव ससी तत्थ संपत्तो ॥ ९५ ॥
सिग्घं चिय तेण कओ, दोण्ह वि भेओ सुसत्थकुसलेणं । गोवालएण समयं, काऊणं कूडमन्तणयं ॥ ९६ ॥
गोधेणु तेण गहिया, नायं इयरेण जुज्झमावन्नं । पहओ आवलिनामो, मओ य मेच्छो समुप्पन्नो ॥ ९७ ॥
ससि मुल्लत्थं च तया, विक्केऊणं जहाणुसारेणं । अविभिन्नमुहच्छाओ, लीलाएँ समागओ गेहं ॥ ९८ ॥
अह अन्नया कयाई, गच्छन्तो तामलित्तिनयरं सो । ससिओ मेच्छेण हओ, मओ य वसहो समुप्पन्नो ॥ ९९ ॥
तत्तो वि पावगुरुणा, वसहो मेच्छेण मारिउं खद्धो । उप्पन्नो मज्जारो, मेच्छो वि हु मूसओ जाओ ॥ १०० ॥
अन्नोन्नमारणं ते, काऊणं नरय-तिरियजोणीसु । संभमदेवस्स तओ, दोण्णि वि दासा समुप्पन्ना ॥ १०१ ॥
दासा सहोयरा ते, जाया नामेण कूड-कावडिया । जिणहरनिओगकरणे, ते य निउत्ता उ इब्भेणं ॥ १०२ ॥
कालं काऊण तओ, दोण्णि वि भूयाहिवा समुप्पन्ना । पढमो रूवाणन्दो, सुरूवनामो भवे बीओ ॥ १०३ ॥

---

अपने पिताकी हत्या करके तथा उसका प्रेतकर्म ( मरणोत्तर विधि ) सम्पादन करके वह पृथ्वीपर भटकने लगा। कालान्तरमें वह भी मर गया। (९०) जो भावन था वह पूर्णघनके नामसे यहाँ पैदा हुआ और उसका जो पुत्र था उसे सुलोचन जानो। (९१) इस प्रकार पूर्व भवसे सम्बन्ध रखनेवाले विद्याधरोंके वैरके बारेमें सुनकर तुम कलुषित मनवाले न बनो और वैरका दूरसे ही त्याग करो। (९२)

इसपर चक्रवर्तीने पूछा—'हे महायश! पूर्णघन एवं सुलोचनका चरित जैसा घटित हुआ था वैसा सुना। अब आप उनके पुत्रोंके बारेमें भी कहें।' (९३) इसपर भगवान्ने कहा—'जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रमें आए हुए पद्मपुर नामके नगरमें रम्भक नामका एक आचार्य रहता था। उसके शशी एवं आवलिक नामके दो परम शिष्य थे। (९४) आवलिकने गोकुलमें जाकर उत्तम गायें खरीदीं परन्तु उसका मूल्य देते-देते तो शशी भी वहाँ आ पहुँचा। (९५) शास्त्रोंमें कुशल रम्भकने ग्वालके साथ छलकपटसे युक्त संकेत करके उन दोनोंके बीच शीघ्र ही भेद उत्पन्न करा दिया। (९६) शशीने गाएँ ले लीं। यह बात दूसरेको ज्ञात हुई। इसपर दोनोंमें लड़ाई हुई। आवलिक घायल हुआ और वह मरकर म्लेच्छ रूपसे उत्पन्न हुआ। (९७) इसके अनन्तर मूल्यके लिये गायोंको यथोचित दाममें बेचकर अखण्डित मुखकान्तिवाला शशी आरामसे घरपर लौट आया। (९८)

एक बार शशी ताम्रलिप्ति नगरकी ओर जा रहा था। तब उस म्लेच्छने उसे मार डाला। मरकर वह बैलके रूपमें उत्पन्न हुआ। (९९) पापसे भारी म्लेच्छ उस बैलको मारकर खा गया। वह बैल बिलावके रूपसे उत्पन्न हुआ और म्लेच्छ भी चूहा बना। (१००) एक दूसरेको मारकर नरक एवं तिर्यंच योनियोंमें घूमते हुए वे दोनों सम्भ्रमदेवके दासके रूपमें उत्पन्न हुए। (१०१) कूट एवं कार्पटिक नामसे वे दोनों दास सहोदर भाईके रूपमें पैदा हुए थे। संभ्रमदेव सेठने उन दोनोंको जिनमंदिरका कार्य करनेके लिए नियुक्त किया। (१०२) वहाँसे मरकर वे दोनों भूतगणके स्वामीके रूपमें पैदा हुए। उनमेंसे प्रथमका नाम रूपानन्द तथा दूसरेका नाम सुरूप था। (१०३) शशी च्युत होकर राजबलिमें कुलन्धर नामसे उत्पन्न

ससिओ चुओ समाणो, कुलंधरो रायवलि समुप्पन्नो । अवरो त्थ [1]पुस्सभूई, तत्थेव पुरोहिओ जाओ ॥ १०४ ॥
मित्ता होऊण तओ, पीइं छेत्तूण सहरिणीएँ कए । अह [2]पुस्सभूइ एत्तो, इच्छइ य कुलंधरं हन्तुं ॥ १०५ ॥
तरुमूलगायस्स तहा, धम्मं सोऊण साहुपासम्मि । नरवइपरिक्खिओ [3]सो, उवसन्तो पुण्णजोएण ॥ १०६ ॥
दट्ठूण [4]पुस्सभूई, विभवं धम्मस्स गहियवय-नियमो । कालं काऊण तओ, सणंकुमारे समुप्पन्नो ॥ १०७ ॥
काऊण जिणवरतवं, तत्थेव कुलंधरो वि आयाओ । ते दो वि चुयसमाणा, धायइसण्डे समुप्पन्ना ॥ १०८ ॥
नयरे अरिंजयपुरे, जयावईकुच्छिसंभवा जाया । कूरा-ऽमरधणुनामा, भिच्चा उसहस्स रायाणो ॥ १०९ ॥
अह नरवईण समयं पवज्जं गेण्हिऊण कालगया । परिनिबुओ नरिन्दो, ते सहसारे समुप्पन्ना ॥ ११० ॥
ससि पढमं तत्थ चुओ, जाओ च्चिय मेहवाहणो [5]एसो । आवलिओ वि हु एत्तो, सहस्सनयणो समुप्पन्नो ॥ १११ ॥

सगरचक्रि-सहस्रनयनयोः सम्बन्धः—

तो भणइ चक्कवट्टी, सहस्सनयणे विभू ! [6]परिकहेहि । पीई मे अहिययरा, केण निमित्तेण [7]उप्पन्ना ? ॥ ११२ ॥
अह साहिउं पवत्तो, तित्थयरो पुव्वजम्मसंबन्धं । भिक्खादाणफलेणं, देवत्तं रम्भओ पत्तो ॥ ११३ ॥
सोहम्माउ चवित्ता, चन्दपुरे नरवइस्स भज्जाए । वरकित्तिनामधेओ, [8]पवज्जं गेण्हिऊण मओ ॥ ११४ ॥
देवो होऊण चुओ, अवरविदेहे तओ समुप्पन्नो । चन्दमइ-महाघोसस्स नन्दणो रयणसंचपुरे ॥ ११५ ॥

---

हुआ, जब कि दूसरा वहींपर पुष्पभूति नामका पुरोहित हुआ । (१०४) मित्र होकरके भी एक वेश्याके लिए उन दोनोंने मैत्री तोड़ डाली । अब तो पुष्पभूति कुलन्धरकी हत्याकी इच्छा करने लगा । (१०५) एक बार एक वृक्षके नीचे बैठे हुए किसी साधुके पाससे कुलन्धरने धर्मोपदेश सुना । राजाने उसकी परीक्षा की और पुण्यके योगसे वह उवशान्त बना । (१०६) पुष्पभूतिने धर्मका वैभव देखकर व्रत नियम अंगीकार किये । बादमें मरकर वह सनत्कुमार देवलोकमें उत्पन्न हुआ । (१०७) जिनवर द्वारा उपदिष्ट तपका आचरण करके कुलन्धर भी वहीं सनत्कुमार देवलोकमें उत्पन्न हुआ । वहाँसे वे दोनों च्युत होकर धातकीखण्डमें[8] उत्पन्न हुए । (१०८) अरिंजयपुर नामके नगरमें जयावतीकी कुक्षिसे उत्पन्न वे दोनों क्रूर तथा अमरधनुके नामसे ऋषभ राजाके भृत्य हुए । (१०९) राजाके साथ ही प्रव्रज्या लेकर वे स्वर्गवासी हुए । राजाने मोक्ष प्राप्त किया, जब कि वे दोनों सहस्रार नामके देवलोकमें उत्पन्न हुए । (११०) शशी वहाँसे प्रथम च्युत होकर इस मेघवाहनके रूपसे पैदा हुआ और आवलिक भी यहाँपर सहस्रनयनके नामसे उत्पन्न हुआ । (१११)

इसपर चक्रवर्ती सगरने पूछा कि—'हे विभो ! सहस्रनयनके ऊपर मेरी सविशेष प्रीति क्यों है ? इसके बारेमें आप कहें ।' (११२)

इस पर पूर्वजन्मके सम्बन्धको बतलाते हुए तीर्थंकरने कहा—'भिक्षादानके फलस्वरूप रम्भकने देवत्व प्राप्त किया । (११३) वह सौधर्ममें देवलोकसे च्युत होकर चन्द्रपुरमें राजाकी भार्याकी कुक्षिसे वरकीर्ति नामसे उत्पन्न हुआ । प्रव्रज्या लेनेके पश्चात् वह मरकर देव हुआ । वहाँसे च्युत होकर अपर विदेहमें आये हुए रत्नसंचयपुर नामक नगरमें चन्द्रमती एवं महाघोषके पुत्र रूपसे उत्पन्न हुआ । (११४-१५) वहाँसे प्रव्रज्या लेकर वह पयोबल नामका मुनि हुआ । मरनेके पश्चात् प्राणतकल्प नामक देवलोकमें देवरूपसे उत्पन्न होनेके अनन्तर वहाँसे च्युत होकर भरतक्षेत्रमें पृथ्वीपुर

---

१-२. विस्सभूई—प्रत्य० । ३. सो सामन्तो पुण्ण—मु० । ४. विस्सभूई—प्रत्य० । ५. परिकहेह—प्रत्य० । ६. णमुप्पन्ना—प्रत्य० । ७. पव्वज्जा—मु० । ८. जैनशास्त्रोंमें वर्णित भूगोलके अनुसार मनुष्याकृति मध्यलोकके ठीक बीचमें एक लाख योजन विस्तृत जम्बूद्वीप आया है । इसके चारों ओर दो लाख योजन विस्तृत लवणसमुद्र है । इस लवणसमुद्रके चारों ओर उससे दुगुना अर्थात् चार लाख योजन विस्तृत धातकी-खण्ड है । इसमें जम्बूद्वीपकी अपेक्षा मेरु, वर्ष एवं वर्षधर पर्वतोंकी संख्या दूनी है अर्थात् इसमें दो मेरु, चौदह वर्ष और बारह वर्षधर पर्वत हैं । विशेषार्थी तत्त्वार्थसूत्र ३. ७-१८ का विवेचन देखें ।

एत्तो पयावलो सो, पवज्जं गेण्हिऊण कालगओ । देवो पाणयकप्पे, होऊण चुओ भरहवासे ॥ ११६ ॥
पुहईपुरम्मि जाओ, जसहरपुत्तो जयाऍ जसकित्ती । निक्खमिय पिउसगासे, विजयविमाणे समुप्पन्नो ॥ ११७ ॥
तत्तो चुओ समाणो, जाओ सगरो त्ति चक्कवट्टि तुमं । चोद्दसरयणाहिवई, समत्तभरहाहिवो सूरो ॥ ११८ ॥
जेणऽन्तरेण दइओ, आवलिओ रम्भकस्स आसि पुरा । तेणऽन्तरेण तुज्झं, सहस्सनयणे अहियनेहो ॥ ११९ ॥
सोऊण चरियमेयं, नियय पिउसन्तियं हरिसियच्छो । थोऊण समाढत्तो, सब्भूयगुणेहि तित्थयरं ॥ १२० ॥
एत्थं तु अणाहाणं, सत्ताणं नाह ! कारणेण विणा । उवयारपरो सि तुमं, किण्ण महच्छेरयं एयं ? ॥ १२१ ॥
नाह ! तुमं बम्भाणो, तिलोयणो संकरो सयंबुद्धो । नारायणो अणन्तो, तिलोयपुज्जारिहो [1]अरुहो ॥ १२२ ॥
भणिओ रक्खसवइणा, भीमेणं मेहवाहणो ताहे । साहु कयं ते सुपुरिस[2] ! जं सि जिणं आगओ सरणं ॥ १२३ ॥
तो सुणसु मज्झ वयणं भय-सोगविणासणं हियकरं च । पच्छा य होइ [2]पच्छं, कालम्मि य निबुई कुणइ ॥ १२४ ॥
अत्थेत्थ तुज्झ सत्तू, वेयड्ढे खेयरा बलसमिद्धा । तेहि समं चिय कालं, कह नेहिसि सुयण ! वीसत्थो ? ॥ १२५ ॥

लङ्कापुरी—

निसुणेसु सायरवरे, विद्दुम-मणि-रयणकिरणपज्जलिए । काणणवणेहि रम्मो, रक्खसदीवो त्ति नामेणं ॥ १२६ ॥
सत्तेव जोयणसया, वित्थिण्णो सवओ समन्तेणं । तस्स वि य मज्झदेसे, अत्थि तिकूडो त्ति वरसेलो ॥ १२७ ॥
नव जोयणाणि तुङ्गो, पन्नासं सवओ य वित्थिण्णो । सिहरं तस्स विरायइ, उब्भासेन्तं दस दिसाओ ॥ १२८ ॥
सिहरस्स तस्स हेट्ठे, जम्बूणयकणगचित्तपायारा । लङ्कापुरि त्ति नामं, नयरी सुरसंपयसमिद्धा ॥ १२९ ॥

---

नामके नगरमें यशोधर राजा तथा जया रानीके पुत्र यशःकीर्तिके रूपमें पैदा हुआ। पिताके पास ही दीक्षा अंगीकार करके वह बादमें विजय नामक देवविमानमें उत्पन्न हुआ। (११६-१७) वहाँसे च्युत होने पर तुम चौदह रत्नोंके अधिपति तथा समस्त भरतक्षेत्रके स्वामी शूर सगर चक्रवर्ती हुए हो। (११८) चूँकि पूर्वकालमें रम्भकको आवलिक प्रिय था, इसीलिए तुम्हारा सहस्रनयनमें अधिक स्नेह है। (११९) अपना तथा अपने पिताका ऐसा वृत्तान्त सुनकर आनन्दपूर्ण नेत्रोंवाला वह पारमार्थिक गुणों द्वारा भगवान्‌की इस प्रकार स्तुति करने लगा—(१२०)

'हे नाथ ! आप अनाथ जीवों पर निष्कारण उपकार करनेमें तत्पर रहते हैं। इससे अधिक दूसरा आश्चर्य और क्या हो सकता है ? (१२१) हे नाथ ! आप ही ब्रह्मा, त्रिलोचन शंकर, स्वयंबुद्ध, अनन्त नारायण एवं तीनों लोकोंके लिये पूजनीय अर्हत् हैं।' (१२२) उस समय वहाँ उपस्थित राक्षसपति भीमने मेघवाहनसे कहा कि—'हे सुपुरुष ! तुम जिनेश्वर भगवान्‌की शरणमें आए हो वह तुमने अच्छा ही किया। (१२३) अब मेरा कहना सुनो। वह (शरण) भय एवं शोककी विनाशक, हितकर, बादमें पथ्यरूप प्रतीत होनेवाली तथा मरने पर मोक्षदायी है। (१२४) इस वैताढ्यमें बलशाली विद्याधर तुम्हारे शत्रु हैं। हे सुजन ! उनके साथ विश्वस्त होकर तुम अपना समय अब कैसे व्यतीत करोगे ? (१२५)

लंकानगरी—

इसलिये सुनो ! समुद्रके अन्दर विद्रुम, मणि एवं रत्नोंकी किरणोंसे देदीप्यमान तथा बाग-बगीचोंसे रम्य राक्षसद्वीप नामका एक द्वीप है। (१२६) वह चारों ओर सात सौ योजन विस्तीर्ण है। उसके मध्यदेशमें त्रिकूट नामका एक उत्तम पर्वत आया है। (१२७) वह नौ योजन ऊँचा और चारों ओर पचास-पचास योजन विस्तृत है। दसों दिशाओंको प्रकाशित करता हुआ उसका शिखर शोभित हो रहा है। (१२८) उस शिखरके नीचे सोनेके विचित्र प्रकारोंवाली तथा देवताओंकी सम्पत्तिसे समृद्ध ऐसी लंकापुरी नामकी नगरी आई है। (१२९) तुम अपने बान्धवजनोंके साथ जल्दी ही वहाँ

---

१. अरुहा—मु०। २. पथ्यम्।

बन्धवजणेण समयं, सिग्घं गन्तूण तत्थ वीसत्थो । भय-सोगविप्पमुक्को, अभिणन्दन्तो सया वससु ॥ १३० ॥
एवं भणिऊण तेणं, रक्खसवइणा जलन्तमणिकिरणो । विज्जाहि समं दिन्नो, हारो देवेहि परिगहिओ ॥ १३१ ॥
पायालंकारपुरं, धरणियलन्तरगयं च से दिन्नं । छज्जोयणमवगाढं, वित्थिण्णं [1]बारसऽद्धद्धं ॥ १३२ ॥
एवं रक्खसवइणा, भणिओ घणवाहणो सुपरितुट्ठो । नमिऊण जिणवरिन्दं, तेण समं पत्थिओ लङ्कं ॥ १३३ ॥
पेच्छइ य तुङ्गतोरण-धवलट्टालयविचित्तपागारं । उज्जाण-दीहियाहि य, चेइय-भवणेहि अइरम्मं ॥ १३४ ॥
बन्धवजणेण सहिओ, जयसद्दुग्घुट्ठकलयलारावो । लङ्कापुरिं पविट्ठो, जिणभवणं आगओ राया ॥ १३५ ॥
भावेण विणयपणओ, काऊण पयाहिणं तिपरिवारं । थोऊण सिद्धपडिमा, रायगिहं पत्थिओ ताहे ॥ १३६ ॥
लङ्कापुरीएँ सामी, भीमेणं मेहवाहणो ठविओ । विज्जाहरसुसमिद्धं, भुञ्जइ रज्जं सुरिन्दो व ॥ १३७ ॥
किन्नरगीयपुरवरे, भाणुवईगब्भसंभवा कन्ना । घणवाहणस्स भज्जा, नामेण य सुप्पभा जाया ॥ १३८ ॥
अमरिन्दरूवसरिसो, पुत्तो घणवाहणस्स उप्पन्नो । सुप्पभदेवीतणओ, सो य महारक्खसो नामं ॥ १३९ ॥
एवं [2]गयवइ काले, भत्तीराएण चोइओ सन्तो । घणवाहणो वि अजियं, वन्दणहेउं समणुपत्तो ॥ १४० ॥
सीहासणोवविट्ठो, दिट्ठो तित्थंकरो विमलदेहो । नज्जइ स(सा)रयसमए, नहस्स मज्झट्ठिओ सूरो ॥ १४१ ॥
थोऊण जिणवरिन्दं, सब्भूयगुणेहि मङ्गलसएहिं । तत्थेव य विणिविट्ठो, सुर-नरपरिसाएँ मज्झम्मि ॥ १४२ ॥
नाऊण कहन्तरयं, सगरो तित्थंकरं पणमिऊणं । पुच्छइ जिणवरसंघा, समतीया-ऽणागयाणं च ॥ १४३ ॥
कइ वा समइक्कन्ता, होहिन्ति य केत्तिया महापुरिसा । तित्थयर-चक्कवट्टी, बलदेवा वासुदेवा य ? ॥ १४४ ॥

---

जाकर और इस तरह आश्वस्त एवं भय व शोकसे विमुक्त होकर सदा सुखपूर्वक बसो।' (१३०) इस प्रकार कहकर राक्षसपतिने इतर विद्याओंके साथ देवताओं द्वारा रक्षित तथा मणियोंकी किरणोंसे जाज्वल्यमान एक हार भी उसे प्रदान किया। (१३१) पृथ्वीतलके भीतर आया हुआ, छः योजन लम्बा तथा छः योजन चौड़ा पातालालंकारपुर ( लंकानगरी ) नामक नगर उसे दिया। (१३२) और राक्षसपतिके द्वारा कहने पर वह मेघवाहन अत्यन्त आनन्दित होकर और जिनवरको वन्दन करके उसके साथ लंकाकी ओर प्रस्थित हुआ। (१३३)

उसने ऊँचे तोरण, श्वेत अट्टालिकाओं, विचित्र प्राकार, उद्यान, बावड़ियों तथा चैत्यभवनोंसे अत्यन्त रमणीय लंकानगरी देखी। (१३४) 'जय जय' शब्दके उद्घोष द्वारा जिसके बारेमें कल-कल ध्वनि हो रही है ऐसा वह राजा अपने बान्धवजनोंके साथ लंकापुरीमें दाखिल हुआ। उसने दर्शनार्थ जिनमन्दिरमें प्रवेश किया। (१३५) उसने भावपूर्वक तथा विनयके साथ वन्दन किया। तीन बार प्रदक्षिणा देकर और सिद्ध-प्रतिमाकी स्तुति करके वह राजप्रासादमें गया। (१३६) भीमने मेघवाहनको लंकापुरीके स्वामीपद पर प्रतिष्ठित किया। मेघवाहन विद्याधर भी अत्यन्त समृद्ध राज्यका देवताओंके इन्द्रकी भांति उपभोग करने लगा। (१३७) किन्नरगीतपुर नामके नगरमें भानुमतीके गर्भसे उत्पन्न सुप्रभा नामकी कन्या मेघवाहनकी पत्नी थी। (१३८) सुप्रभादेवीसे मेघवाहनको अमरेन्द्रके समान सुरूप महाराक्षस नामका पुत्र हुआ। (१३९) इस प्रकार समय व्यतीत होने पर भक्तिरागसे प्रेरित मेघवाहन श्री अजितनाथ भगवानको वन्दन करनेके लिए आया। (१४०) उसने निर्मलदेहवाले तीर्थंकर भगवान्‌को सिंहासनके ऊपर आसीन देखा। वे शरत्कालमें आकाशके मध्यमें स्थित सूर्यकी भांति प्रतीत होते थे। (१४१) वास्तविक गुणों द्वारा तथा सैकड़ों मंगलवचनोंसे जिनवरकी स्तुति करके वह वहीं देव एवं मनुष्योंकी परिषद्के बीच बैठा। (१४२) कथान्तरके ज्ञात होने पर सगर चक्रवर्तीने तीर्थंकरको प्रणाम करके अतीत एवं अनागत जिनोंकी संख्याके बारेमें पूछा कि कितने तीर्थंकर, चक्रवर्ती, बलदेव तथा वासुदेव जैसे महापुरुष हुए हैं और कितने भविष्यमें होंगे ? (१४३-४) इस पर जिनेश्वरने कहा—'ऋषभ नामके प्रथम तीर्थंकर हो चुके हैं, जिन्होंने इस भरतक्षेत्रमें लोगोंको

---

१. षट्षड्योजनविस्तीर्णा-ऽऽयाम्। २. गतवति सति।

तीर्थङ्कराः—

भणइ जिणो वइकन्तो, उसभो नामेण पढमतित्थयरो १ । जेणेत्थ भरहवासे, लोगस्स[1] निदेसिओ धम्मो ॥ १४५ ॥
सो ठविय सुयं रज्जे पवज्जं गेण्हिऊण कालगओ । बीओ य वट्टमाणो, अजिओ हं तेण पडितुल्लो२ ॥ १४६ ॥
तह संभवा३ऽभिणन्दण४ सुमई५ पउमप्पहो६ सुपासो७ य ।
ससि८ पुप्फदन्त९ सीयल१० सेयंसो११ वासुपुज्जो य१२ ॥ १४७ ॥
विमल१३मणन्तइ१४ धम्मो१५ सन्ती१६ कुन्थू१७ अरो१८ य मल्ली य१९ ।
मुणिसुव्वय२० नमि२१ नेमि२२ पासो२३ वीरो२४ य तित्थयरो ॥ १४८ ॥
एए बावीस जिणा, होहिन्ति कमेणऽणागए काले । ताणं तु चक्कवट्टी, सन्ती कुन्थू अरो चेव ॥ १४९ ॥
उत्तमकुलसंभूया, सव्वे खीरोयवारिअहिसित्ता । सव्वे वि मोक्खगामी, केवलनाणी भवे सव्वे ॥ १५० ॥
एए चउवीस जिणा, नामेहि जगुत्तमा समक्खाया । निसुणेहि चक्कवट्टी, जहक्कमं कित्तइस्सामि ॥ १५१ ॥

चक्रिणः—

भरहो य चक्कवट्टी१ समईओ संपयं तुमं सगरो२ । अवसेसा चक्कहरा, होहिन्ति अणागए काले ॥ १५२ ॥
मघवं३ सणंकुमारो४, सन्ती५ कुन्थू६ अरो७ सुभूमो८ य ।
पउम९ हरिसेणनामो१०, जयसेणो११ बम्भदत्तो य१२ ॥१५३॥
अयलो१ विजओ२ भद्दो३, सुप्पभ४ सुदंसणो य नायव्वो५ । आणन्दो६ नन्दणो७ पउमो८ नवमो रामो य९ बलदेवो ॥१५४॥
होही तिविट्ठु१ दुविट्ठु२, सयंभु३ पुरिसोत्तमो४ पुरिससीहो५ । पुरिसवरपुण्डरीओ६ दत्तो७ नारायणो८ कण्हो९ ॥१५५॥
पढमो आसग्गीवो१, तारग२ मेरग३ निसुम्भ४ महुकेढो५ । बलि६ पल्हाओ७ रावण८ तह य जरासिन्धु९ पडिसत्तू ॥१५६॥
एए महाणुभावा, पुरिसा अवसप्पिणीएँ कालम्मि । एत्तियमेत्ता य पुणो, हवन्ति उसप्पिणीए वि ॥१५७॥

---

धर्मका उपदेश दिया था। (१४५) उन्होंने अपने पुत्रको राज्य पर स्थापित करके दीक्षा अंगीकार की थी। बादमें वह मुक्त हुए। उन्हींके समान दूसरा तीर्थंकर मैं इस समय विद्यमान हूँ। (१४६) भविष्यत्कालमें सम्भव, अभिनन्दन, सुमति, पद्मप्रभ, सुपार्श्व, चन्द्रप्रभ, पुष्पदन्त, शीतल, वासुपूज्य, विमल, अनन्त, धर्म, शान्ति, कुन्थु, अमर, मल्लि, मुनिसुव्रत, नमि, नेमि, पार्श्व तथा महावीर स्वामी—ये बावीस जिन क्रमशः होंगे। इनमेंसे शान्ति, कुंथु तथा अर चक्रवर्ती भी होंगे। (१४७-४९) ये सब उत्तम कुलमें उत्पन्न होंगे, क्षीरसागरके जलसे उन सबका अभिषेक होगा, ये सब मोक्षगामी व केवलज्ञानी होंगे। (१५०) विश्वमें उत्तम पुरुषरूप इन चौबीस जिनोंका मैंने नामपूर्वक निर्देश किया। अब चक्रवर्तियोंके बारेमें सुनो। मैं उनका यथाक्रम वर्णन करता हूँ। (१५१)

भरत चक्रवर्ती पहले हो चुके हैं। इस समय दूसरे तुम हो। बाक़ीके मघवा, सनत्कुमार, शान्ति, कुन्थु, अर, सुभूम, पद्म, हरिषेण, जयसेन, ब्रह्मदत्त ये चक्रवर्ती अनागत कालमें होंगे। (१५२-५३) अचल, विजय, भद्र, सुप्रभ, सुदर्शन, आनन्द, नन्दन, पद्म तथा बलराम—ये नौ बलदेव होंगे। (१५४) त्रिपृष्ठ, द्विपृष्ठ, स्वयम्भू, पुरुषोत्तम, पुरुषसिंह, पुरुषवर पुण्डरीक, दत्त, नारायण और कृष्ण ये नौ वासुदेव होंगे। (१५५) अश्वग्रीव, तारक, मेरक, निशुम्भ, मधुकैटभ, बलि, प्रह्लाद, रावण तथा जरासन्ध ये वासुदेवके विरोधी—प्रति वासुदेव होंगे। (१५६) ये महापुरुष अवसर्पिणी कालके हैं। उत्सर्पिणी कालमें भी इतने ही महापुरुष होते हैं। (१५७)

---

१. निवेइओ—प्रत्य०। २. विजओ सुप्पभ सुदंसणो चेव होइ नायव्वो—प्रत्य०।

एक्कं जिणवरसिट्ठं, धम्मं काऊण पवरभत्तीए[1]। एवंविहा मणुस्सा, होऊण सिवं परमुवेन्ति ॥१५८॥
जे पुण धम्मविरहिया, जीवा बहुपावकम्मपडिबद्धा। ते चउगइवित्थिण्णे, भमन्ति संसारकन्तारे ॥१५९॥
एवं कालसभावं, सुणिऊणं महइपुरिससंबन्धं। घणवाहणो विरागं, तक्खणमेत्तेण संपत्तो ॥१६०॥
पञ्चिन्दियविसयविमोहिएण कन्तापसत्तचित्तेणं। धम्मो च्चिय नाहिकओ, हा! कट्ठं वञ्चिओ अप्पा ॥१६१॥
इन्दधणुसुमिणसरिसे, विज्जुलयाचवलचञ्चले जीए। को नाम करेज्ज रइं, जो होज्ज सचेयणो पुरिसो ? ॥१६२॥
ता उज्झिऊण रज्जं, कन्ता पुत्ता धणं च धण्णं च। गेण्हामि परमबन्धुं, पारत्तबिइज्जयं धम्मं ॥१६३॥
अहिसिञ्चिऊण रज्जे, सो हु महारक्खसं पढमपुत्तं। उम्मुक्कसबसङ्गो, पवज्जमुवागओ धीरो ॥१६४॥
लङ्कापुरीएँ सामी, घणवाहणनन्दणो पहियकित्ती। विज्जाहराण राया, भुञ्जइ रज्जं सुरवरो व ॥१६५॥
भज्जा से विमलाभा, तीए पुत्ता कमेण उप्पन्ना। पढमो य देवरक्खो, उअही आइच्चरक्खो य ॥१६६॥
अजियजिणिन्दो य तओ, धम्मपहं दरिसिऊण लोयस्स। सम्मेयसेलसिहरे, सिवमयलमणुत्तरं पत्तो ॥१६७॥

सगरपुत्राणामष्टापदयात्रा नागेन्द्रेण दहनं च—

सगरो वि चक्कवट्टी, चउसट्ठिसहस्सजुवइकयविहवो। भुञ्जइ एगच्छत्तं, सयलसमत्थं इमं भरहं ॥१६८॥
अमरिन्दरूवसरिसा, सट्ठिसहस्सा सुयाण उप्पन्ना। अट्ठावयम्मि सेले, वन्दणहेउं समणुपत्ता ॥१६९॥
वन्दणविहाणपूयं, कमेण काऊण सिद्धपडिमाणं। अह ते कुमारसीहा, चेइयभवणे पवेसन्ति[2] ॥१७०॥

---

जिनवरके द्वारा उपदिष्ट एकमात्र धर्मका परमभक्तिके साथ आचरण करनेसे इन पुरुषोंके जैसे महान् होकर लोग उत्तम शिवपद रूप मोक्ष प्राप्त करते हैं। (१५८) जो जीव धर्मरहित तथा बहुत प्रकारके पाप-कर्मोंसे जकड़े हुए होते हैं वे चतुर्गति रूप विस्तीर्ण संसार-अटवीमें भटकते रहते हैं। (१५९) इस प्रकार काल-स्वभाव तथा महापुरुषोंके बारेमें सुनकर घनवाहनको उसी समय वैराग्य हो आया कि—'पाँचों इन्द्रियोंके विषयोंमें मूढ़ तथा स्त्रीमें संसक्त चित्तवाले मैंने धर्मका आचरण ही नहीं किया। अफ़सोस है कि मैंने इस तरह अपनी आत्माको ठगा है। (१६०-१६१) कौन ऐसा सचेतन पुरुष है जो इन्द्रधनुष और स्वप्नके समान क्षणिक तथा बिजलीके विलासके समान चंचल जीवनमें आसक्ति रखेगा ? (१६२) अतः राज्य, पत्नी, पुत्र, धन एवं धान्यका परित्याग करके दूसरे जन्ममें परम बन्धुरूप धर्मको अंगीकार करता हूँ।' (१६३) इस प्रकार सोचकर उस धीर घनवाहनने अपने प्रथमपुत्र महाराक्षसको राजगद्दी पर अभिषिक्त करके सर्व संगोंसे विमुक्त हो दीक्षा ली। (१६४)

लंकापुरीका स्वामी, विद्याधरोंका राजा तथा विस्तृत कीर्तिवाला घनवाहनका पुत्र देवकी भाँति राज्यका उपभोग करने लगा। (१६५) उसकी भार्याका नाम विमलाभा था। उससे उसे क्रमसे देवरक्ष, उदधि तथा आदित्यरक्ष पुत्र हुए। (१६६) उधर अजित जिनेन्द्रने भी लोगोंको धर्ममार्ग दिखलाकर सम्मेत-शिखरके ऊपर कल्याणकारी, निर्मल एवं अनुत्तर मोक्षपद प्राप्त किया। (१६७)

सगरपुत्रोंकी अष्टापद यात्रा और नागेन्द्र द्वारा दहन

चौसठ हज़ार युवतियोंकी समृद्धिवाला सगर चक्रवर्ती भी पूर्ण प्रभुत्वयुक्त इस समग्र भरतक्षेत्रका उपभोग करने लगा। (१६८) उसके देवेन्द्रके समान रूपवाले साठ हज़ार पुत्र थे। वे एकबार अष्टापद पर्वतके ऊपर वन्दनके हेतु आये। (१६९) क्रमशः सिद्धप्रतिमाओंके दर्शन एवं पूजाविधि करके कुमारोंमें सिंह जैसे उन्होंने चैत्यभवनमें प्रवेश

---

१. परमभत्तीए—प्रत्य०। २. पइसरन्ति—मु०।

मन्तीहि ताण सिट्ठं, एयाइं कारियाइँ भरहेणं । तुम्हेत्थ रक्खणत्थं, किंचि उवायं लहुं कुणह ॥१७१॥
दण्डरयणेण घायं, दाउं गङ्गानईए मज्झम्मि । सयरसुएण उ ताहे, परिखेवो पवयस्स कओ ॥१७२॥
दट्ठूण य तं विवरं, नागिन्दो कोहजलणपज्जलिओ । सबे वि सयरपुत्ते, तक्खणमेत्तं डहइ रुट्ठो ॥१७३॥
न य दड्ढे दोण्णि जणे, ताणं मज्झट्ठिए कुमाराणं । काऊणं अणुकम्पं, जिणवरधम्मप्पभावेणं ॥१७४॥
दट्ठूण मरणमेयं, सयरसुयाणं समत्तखन्धारो । भइरहि-भीमेण समं, साएयपुरिं समणुपत्तो ॥१७५॥
सयरस्स निवेयन्ता, सुयमरणं भीम-भगिरही सहसा । नयसत्थपण्डिएहिं, निवारिया ते अमच्चेहिं ॥१७६॥
ते तत्थ पवरमन्ती, गन्तूण य पणमिऊण चक्कहरं । दिन्नासणोवविट्ठा, कयसन्ना जंपिउ पयत्ता ॥१७७॥
इह पेच्छ नरवइ ! तुमं, लोयस्स अणिच्चया असारत्तं । को एत्थ कुणइ सोयं, जो पुरिसो पण्डिओ लोए ? ॥१७८॥
आसि पुरा चक्कहरो, भरहो नामेण तुज्झ समविभवो । छक्खण्डा जेण इमा, दासि व वसीकया पुहई ॥१७९॥
तस्साऽऽसि पढमपुत्तो, आइच्चजसो त्ति नाम विक्खाओ । जस्स य नामपसिद्धो, वंसो इह वट्टए लोए ॥१८०॥
एवं एत्थ नरवई, वंसे बल-रिद्धि-कित्तिसंपन्ने । काऊण महारज्जं, वोलीणा दीहकालेणं ॥१८१॥
अच्छन्तु ताव मणुया, जे वि य ते सुरवई महिड्ढीया । विभवेण पज्जलेउं, विज्झाणा हुयवहं चेव ॥१८२॥
जे वि य जिणवरवसहा, समत्थतेलोक्कनमियपयवीढा । आउरक्खयम्मि पत्ते, ते वि य मुञ्चन्ति ससरीरं ॥१८३॥
जह एक्कम्मि तरुवरे, वसिऊणं पक्खिणो पभायम्मि । वच्चन्ति दस दिसाओ, एक्ककुडम्बम्मि तह जीवा ॥१८४॥
इन्दधणुफेणसुविणय-विज्जुलयाकुसुमबुब्बुयसरिच्छा । इट्ठजणसंपओगा, विभवा देहा य जीवाणं ॥१८५॥
सोसन्ति जे वि उदहिं, मेरुं भञ्जन्ति मुट्ठिपहरेहिं । कालेण ते वि पुरिसा, कयन्तवयणं चिय पविट्ठा ॥१८६॥

किया । (१७० मंत्रियोंने उनसे कहा कि ये चैत्यभवन भरतने बनवाये हैं । इनकी रक्षा के लिये तुम कोई उपाय जल्दी ही करो । (१७१) इस पर गंगा नदीके बीच दण्डरत्नसे प्रहार करके सगरपुत्रोंने पर्वतके चारों ओर परिखा तैयार की । (१७२) इस छिद्रको देखकर रुष्ट नागेन्द्रने क्रोधरूपी अग्निसे प्रज्वलित होकर सभी सगरपुत्रोंको तत्क्षण भस्म कर डाला । (१७३) जिनवरके धर्मके प्रभावसे अनुकम्पा करके उन कुमारोंमेंसे दो कुमारोंको भस्मसात् न किया । (१७४) सगरके पुत्रोंकी ऐसी मृत्यु देखकर भगीरथ एवं भीम के साथ समस्त सैन्य अयोध्या लौट आया । (१७५) बिना समझे-बूझे ही सगरको पुत्रमरणका समाचार निवेदित करनेवाले भीम व भगीरथको नीति एवं शास्त्रमें विद्वान् अमात्योंने रोका । (१७६) वे बुद्धिशाली मंत्री वहाँ गए और चक्रवर्तीको प्रणाम करके दिये हुए आसनपर जा बैठे । संज्ञा करनेपर वे कहने लगे कि—'हे राजन् ! इस संसारकी अनित्यता तथा असारता देखकर यहाँ पर ऐसा कौन पण्डित पुरुष है जो शोक करेगा ? (१७७-१७८) पहले आपके ही समान वैभव वाले भरत नामके चक्रवर्ती थे । उन्होंने षट्खण्डात्मक इस पृथ्वीको दासीकी भाँति वशमें कर रखा था । (१७९) उसका प्रथम पुत्र आदित्ययशाके नामसे विख्यात हुआ, जिसके नामसे प्रसिद्ध आदित्य वंश इस लोकमें चल रहा है । (१८०) बल, ऋद्धि एवं कीर्तिसे सम्पन्न इस वंशमें अनेक राजा दीर्घकालतक राज्य करके स्वर्गवासी हुए । (१८१) मनुष्यकी बात तो जाने दें, जो अत्यन्त ऋद्धिवाले तथा वैभवसे देदीप्यमान इन्द्र होते हैं, वे भी बुझी हुई आगकी भाँति ठंडे हो जाते हैं । (१८२) समस्त त्रैलोक्य जिनके पैरोंमें नमस्कार करता है ऐसे जिनवर भी आयुकर्मका क्षय होने पर अपने शरीरको छोड़ देते हैं । (१८३) जिस प्रकार एक वृक्षपर बसे हुए पक्षी प्रातःकाल होनेपर दसों दिशाओंमें उड़ जाते हैं उसी प्रकार एक कुटुम्बमें रहे हुए जीव भी चले जाते हैं । (१८४) लोगोंके वैभव, देह और इष्ट जनके साथके संयोग इन्द्रधनुष, फेन, स्वप्न, बिजली, फूल और बुलबुलेकी तरह क्षणिक एवं विनश्वर होते हैं । (१८५) जो समुद्रको सोखनेमें समर्थ थे और मुक्केके प्रहारसे मेरुपर्वतको भी तोड़ सकते थे वे महासमर्थ पुरुष भी समय आनेपर कालके मुँहमें प्रविष्ट हो गये । (१८६) इस संसारमें सभी बलशालियोंकी अपेक्षा अधिक बलशाली मृत्यु ही है, जिसने कि चक्रवर्ती आदि अनन्त जीवोंका यहाँपर विनाश

१. दो वि जणे—प्रत्य० । २. हुयवहे जेम्व—प्रत्य० ।

बलियाण जीवलोए, सबाण वि होइ अइबलो मच्चू। निहणं जेण अणन्ता, चक्कहराई इहं नीया ॥१८७॥
एवं मच्चुवसगए, ससुरा-ऽसुर-माणुसम्मि लोयम्मि। उम्मुक्कम्मकलुसा, नवरं चिय पुत्थिया सिद्धा ॥१८८॥
उत्तमकुलुब्भवाणं, एयाणं गुणसहस्सनिलयाणं। चरिए सुमरिज्जन्ते, कह चेव न फुट्टए हिययं? ॥१८९॥
जह ते कालेण निवा, इह मणुयभवे खयं समणुपत्ता। तह अम्हे वि य सबे, वच्चीहामो निरुत्तेणं ॥१९०॥
अन्नं पि सुणसु सामिय! दीणमुहा भीम-भगिरही दो वि। एत्थाऽऽगयाण पेच्छसि, नूणं सेसा खयं पत्ता ॥१९१॥
ते पेच्छिऊण राया, तं चिय सोऊण नियसुयमरणं। घणसोयसल्लियङ्गो, मुच्छावसवेम्भलो पडिओ ॥१९२॥
चन्दणजलोल्लियङ्गो, पडिबुद्धो पुत्तमरणदुक्खत्तो। अह विलविउं पयत्तो, नयणेसु य मुक्कसलिलोहो ॥१९३॥
हा! सुकुमालसरीरा, पुत्ता मह सुरकुमारसमरूवा। केण विहया अयण्डे, अविराहियदुट्ठवेरीण? ॥१९४॥
हा! गुणसहस्सनिलया, हा! उत्तमरूव सोमससिवयणा। हा! निग्घिणेण विहिणा, वहिया मे निरणुकम्पेणं ॥१९५॥
किं तुज्झ नत्थि पुत्ता, पावविही! बालया हिययइट्ठा। जेण मह मारसि इहं, सुयाण सट्ठिं सहस्साइं ॥१९६॥
एयाणि य अन्नाणि य, चक्कहरो विलविऊण बहुयाइं। पडिबुद्धो भणइ तओ, वयणाइं जायसंवेगो ॥१९७॥
हा! कट्ठं विसयविमोहिएण सुयणेहरज्जुबद्धेणं। धम्मो मए न चिण्णो, तरुणत्ते मन्दभग्गेणं ॥१९८॥
किं मज्झ वसुमईए?, नवहि निहीहि व रयणसहिएहिं!। जं दुल्लहलद्धाणं, पुत्ताण मुहं न पेच्छामि ॥१९९॥
धन्ना ते सप्पुरिसा, भरहाई जे महिं पयहिऊणं। निविण्णकामभोगा, निस्सङ्गा चेव पवइया ॥२००॥
अह सो जण्हविपुत्तं, अहिसिञ्चेऊण भगिरहिं रज्जे। भीमरहेण समाणं, पवइओ जिणवरसयासे ॥२०१॥

किया है। (१८७) इस प्रकार मृत्युके वशीभूत देव, दानव एवं मनुष्यों से युक्त इस संसारमें कर्मरूपी मैलसे उन्मुक्त सिद्ध ही सम्यक्रूपसे स्थित हैं। (१८८) उत्तम कुलोंमें उत्पन्न तथा हजारों गुणोंके धामरूप इनका चरित सुननेपर भला किसका हृदय विदीर्ण न होगा? (१८९) इस मानव-भवमें जिस प्रकार वे सब राजा काल आनेपर विनष्ट हो गये उसी प्रकार हम सब भी निश्चय ही क्षीण हो जायँगे। (१९०) हे स्वामी! दूसरी भी बात आप सुनिये। आप यहाँपर आये हुए दीन मुँहवाले भीम और भगीरथको देख रहे हैं। इनके अतिरिक्त दूसरे सब मृत्युको प्राप्त हुए हैं' (१९१) उन्हें देखकर तथा अपने पुत्रोंके मरणका समाचार सुनकर तीव्र शोकरूपी काँटा जिसके शरीरमें चुभ रहा है ऐसा वह सगर चक्रवर्ती मूर्च्छाके कारण व्याकुल होकर नीचे गिर पड़ा। (१९२) चन्दनके जलसे शरीरका सिंचन करनेपर प्रतिबुद्ध होकर पुत्रोंके मरणसे दुःखार्त उसकी आँखोंसे आँसुओंका प्रवाह बहने लगा, वह विलाप करते हुए कहने लगा कि—

सुकुमार शरीरवाले, देवकुमारोंके समान रूपवाले तथा दुष्ट वैरियोंके लिये भी आराधना करने योग्य हे मेरे पुत्रों! असमयमें ही तुम्हारा किसने वध किया है? (१९३-९४) हजारों गुणोंके धाम-रूप, उत्तम-रूप तथा चन्द्रके समान सौम्य मुखवाले मेरे पुत्रों का निर्दय विधिने बेरहम होकर वध किया है। (१९५) हे पापी विधि! क्या तुझे हृदयसे प्रेम करने जैसे पुत्र एवं बालक नहीं है, जिससे मेरे साठ हजार पुत्रोंको तूने मार डाला?' (१९६) ऐसा तथा इस तरहका दूसरा बहुत कुछ विलाप करनेके पश्चात् होशमें आया हुआ सगर चक्रवर्ती वैराग्य उत्पन्न होनेपर पुनः इस तरह कहने लगा (१९७)—

अफ़सोस है कि विषयोंमें आसक्त तथा पुत्रोंकी स्नेहरूपी रस्सीसे जकड़े हुए मन्दभागी मैंने जवानीकी अवस्थामें धर्मका आचरण नहीं किया। (१९८) कठिनाईसे प्राप्त पुत्रोंका मुख यदि मैं नहीं देख सकता तो फिर इस पृथ्वी तथा रत्नोंसे युक्त इन नौ निधियोंसे मुझे क्या? (१९९) भरत आदि सत्पुरुष धन्य हैं, जिन्होंने पृथ्वीका त्याग करके काम-भोगोंसे विरक्त हो निःसंग भावसे दीक्षा अंगीकार की थी।' (२००) इस प्रकार सोचकर सगरने भगीरथको राज्यपर अभिषिक्त किया और स्वयं भीमरथके साथ जिनवरके पास दीक्षा अंगीकार की। (२०१) घोर तपश्चर्या करनेके पश्चात्

१. मूर्छावशविह्वलः।

काऊण तवमुयारं, उप्पाडिय केवलं सह सुएणं । आउक्खए महप्पा, सगरो सिद्धिं समणुपत्तो ॥२०२॥
अह भगिरही वि रज्जं, कुणइ महाभडसमूहपरिकिण्णो । साएयपुरवरीए, इन्दो जह देवनयरीए ॥२०३॥

भगीरथपूर्वभव :—

अह भगिरही कयाई, गन्तूण य पणमिऊण मुणिवसहं । तत्थेव सन्निविट्ठो, नच्चासन्ने सुणिय धम्मं ॥२०४॥
सुयसागरमणगारं, पुच्छइ तं भगिरही कुमारवरो[1] । केणेव कारणेणं, ताणं मज्झे दुवे न मया ? ॥२०५॥
अह भणइ मुणिवरो सो, गच्छो सम्मेयपवयं चलिओ । सणियं विहरन्तो चिय, संपत्तो अन्तिमं गामं ॥२०६॥
दट्ठूण समणसङ्घं, गामजणो तस्स कुणइ उवसग्गं । कुम्भारेण निसिद्धो, निन्दन्तो फरुसवयणेहिं ॥२०७॥
चोरत्तं पडिवन्नो, तत्थेगो गामवासिओ पुरिसो । तस्सऽवराहेनिमित्तं, गामो दड्ढो नरिन्देणं ॥२०८॥
कुम्भारो वि य अन्नं, गामं आमन्तिओ गओ तइया । सो तत्थ नवरि एक्को, न य दड्ढो कम्मजोएणं ॥२०९॥
मरिऊण कुम्भयारो, वणिओ जाओ महाधणसमिद्धो । वाराडयम्मि एत्तो, गामो जाओ समं तेणं ॥२१०॥
तत्तो वि करिय कालं, वणिओ सो नरवई समुप्पन्नो । गामा वि माइवाहा, जाया हत्थीण परिमलिया ॥२११॥
जाओ नरवइ समणो, देवो होऊण वरविमाणम्मि । तत्तो चुओ समाणो, भगिरहिराया तुमं जाओ ॥२१२॥
जो वि हु सो गामजणो, कालं काऊण विविहजाईसु । कम्माणुभावजणिया, सगरस्स सुया समुप्पन्ना ॥२१३॥
सङ्घस्स निन्दणं कुणइ जो नरो राग-दोसपडिबद्धो । सो भवसहस्सघोरे, पुणरुत्तं भमइ संसारे ॥२१४॥
सुणिऊण नियचरियं, भवपरियट्टं च सयरपुत्ताणं । समणो होऊण चिरं, भगीरही सिद्धिमणुपत्तो ॥२१५॥
एयं ते परिकहियं, चरियं सयरस्स पत्थवुप्पन्नं । एत्तो मगहनराहिव !, जं पत्थुय तं च वो सुणसु ॥२१६॥

पुत्रके साथ उसे केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। आयुका क्षय होनेपर महात्मा सगरने मोक्षपद प्राप्त किया। (२०२)

भगीरथ का पूर्वभव—

इधर बड़े-बड़े सुभटोंके समूहसे घिरा हुआ भगीरथ भी अलकापुरीमें इन्द्रकी भाँति साकेत नगरीमें राज्य करने लगा। (२०३) एकबार भगीरथ मुनिवरके पास गया और प्रणाम करके वहीं समीपमें बैठकर धर्मोपदेश सुनने लगा। (२०४) वहाँ कुमार भगीरथने श्रुतसागर मुनिवरसे पूछा कि किस कारण उन सबके बीचमें हम दो ही न मर पाये ? (२०५) इसपर उस मुनिवरने कहा कि एकबार एक संघ सम्मेतशिखरकी ओर जारहा था। धीरे-धीरे विहार करता हुआ वह अन्तिम गाँवमें आ पहुँचा। (२०६) श्रमणसंघको देखकर, एक कुम्भारके द्वारा कठोर वचनोंसे निन्दा किये जानेपर भी, गाँवके लोगोंने बहुत उपद्रव मचाया। (२०७) उस गाँवमें रहनेवाले एक पुरुषने चोरी की थी। इस अपराध पर राजाने सारा गाँव जला डाला। (२०८) आमन्त्रण मिलनेसे वह कुम्भार दूसरे गाँव गया था, अतः भाग्यवश वह अकेला न जला। (२०९) कुम्भार मरकर विपुल धनसे समृद्ध एक वणिक्के रूपसे उत्पन्न हुआ। गाँवके दूसरे सबलोग भी वराटक ( वराड़-विदर्भ ) में उत्पन्न हुए। (२१०) वहाँसे भी मरकर वह वणिक् राजा हुआ। क्षुद्र जन्तुओंसे बसे हुए उस गाँवको भी हाथियोंने कुचलकर तहसनहस कर डाला। (२११) वह राजा श्रमण हुआ और मरकर उत्तम विमानमें देव हुआ। वहाँसे च्युत होकर तुम भगीरथ राजा हुए हो। (२१२) जो गाँवके दूसरे लोग थे वे भी मरकर और कर्मके विपाक स्वरूप विविध जातियोंमें जन्म लेकर सगरके पुत्र रूपसे उत्पन्न हुए। (२१३) राग-द्वेषसे युक्त जो मनुष्य संघकी निन्दा करता है वह हजारों घोर जन्मोंसे व्याप्त संसारमें बारबार जन्म लेता है।' (२१४) इस प्रकार अपना चरित तथा सगरके पुत्रोंका भवभ्रमण सुनकर भगीरथ श्रमण बना और चिरकाल तक दीक्षा पालकर उसने सिद्धि प्राप्त की। (२१५) गौतम गणधर कहते हैं कि हे मगधाधिप श्रेणिक ! सगर सम्बन्धी यह वृत्तान्त मैंने तुमसे कहा। अब जो प्रस्तुत है वह तुम सुनो। (२१६)

१. कुमारवइं—प्रत्य०।

**महाराक्षसस्य वैराग्यं पूर्वभवश्च—**

जो तत्थ सो महप्पा, लङ्कापुरिसामिओ महारक्खो । निक्कण्टयमणुकूलं, भुञ्जइ रज्जं महाभोगं ॥२१७॥
सो अन्नया कयाई, जुवईजणपरिमिओ वरुज्जाणे । रमिऊण वाविसलिले, पेच्छइ भमरं पउममज्झे ॥२१८॥
जह पउमगन्धलुद्धो, नट्ठो च्चिय महुयरो अविन्नाणो । तह जुवइवयणकमले, आसत्तो चेव नट्ठो हं ॥२१९॥
सुइबुद्धिणा विहूणा, नियमेणं महुयरा विणस्सन्ति । कुसलो वि जं विणट्ठो, अहयं तं मोहदुल्लियं ॥२२०॥
गन्धेण रसेण इमो, जइ एवं महुयरो खयं पत्तो । पढमं चेव विणट्ठो, पञ्चिन्दियवसगओ जो हं ॥२२१॥
भोत्तूण विसयसोक्खं, पुरिसो धम्मेण विरहिओ सन्तो । परिभमइ चाउरन्तं, पुणरुत्तं दीहसंसारं ॥२२२॥
जाव य विरत्तभावो, अच्छइ लङ्काहिवो परिगणन्तो । ताव य सङ्घपरिवुडो, पत्तो सुयसायरो समणो ॥२२३॥
तस-पाण-जन्तुरहिए, उज्जाणे फासुए सिलावट्टे । तत्थेव सन्निविट्ठो, समणेहि समं कयनिओगो ॥२२४॥
उज्जाणपालएहिं, सिट्ठे समणागमे तओ राया । गन्तूण पययमणसो, पणमइ सुयसायरं साहुं ॥२२५॥
सेसं च समणसङ्घं, जहक्कमं पणमिऊण उवविट्ठो । पुच्छइ भवपरियट्टं, निययं राया मुणिवरिन्दं ॥२२६॥
अह साहिउं पयत्तो, समणो छउमत्थनाणविसएणं । भरहेत्थ पोयणपुरे, वसइ नरो हियकरो नामं ॥२२७॥
भज्जा य माहवी से, पुत्तो पीइंकरो तुमं तेसिं । जिणवरधम्मुप्पन्नो, हेमरहो नरवई तत्थ ॥२२८॥
सो अन्नया कयाई, चेइयपूयं रइत्तु[2] भावेणं । पडुपडह-सङ्खसहियं, जयसद्दं जिणवरे कुणइ ॥२२९॥

---

महाराक्षसका पूर्ववृत्त एवं प्रव्रज्या लेना—

उधर जो लंकानगरीका स्वामी महात्मा महाराक्षस था वह निष्कण्टक अनुकूल तथा बड़ी-बड़ी भोग-सामग्रियोंसे समृद्ध ऐसे राज्यका उपभोग करने लगा। (२१७) युवतियोंसे घिरा हुआ वह एक बार एक सुन्दर उद्यानमें बावड़ीके जलमें क्रीड़ा कर रहा था। उस समय उसने कमलके बीच एक भ्रमर देखा। (२१८) उसे देखकर वह सोचने लगा कि कमलकी गन्धमें लुब्ध अबूझ भौंरा जिस प्रकार नष्ट होता है उसी प्रकार युवतियोंके मुखरूपी कमलमें आसक्त मैं भी मानों नष्ट ही हुआ हूँ। (२१९) शुचि ( विवेकशील ) बुद्धिका अभाव होनेसे भौंरे नियमसे विनष्ट होते हैं, जब कि मैं तो कुशल होनेपर भी मोहकी दुष्ट आदतसे नष्ट ही हुआ हूँ। (२२०) यदि यह भौंरा गन्ध एवं रसमें गृद्ध होनेके कारण मृत्यु प्राप्त करता है तो पाँचों इन्द्रियोंके वशीभूत मैं पहले ही नष्ट हो चुका हूँ। (२२१) धर्मसे विरहित पुरुष चार गतिरूपी चार सीमाओंवाले दीर्घ संसारमें पुनः पुनः परिभ्रमण करता रहता है। ( २२२)

इस प्रकारकी वैराग्य भावनाका विचार लंकापति कर रहा था कि अपने संघके साथ श्रुतसागर नामके मुनि वहाँ पधारे। (२२३) उस उद्यानमें त्रस एवं स्थावर जन्तुओंसे रहित अचित्त शिलापट्टपर वह मुनि नियम धारण करके साधुओंके साथ बैठे। (२२४) श्रमण साधुओंका आगमन उद्यानपालकों द्वारा कहे जानेपर उस ओर प्रयत्नशील मनवाले राजाने जाकर श्रुतसागर मुनिका वन्दन किया। (२२५) शेष श्रमणसंघको भी यथाक्रम वन्दन करके राजा बैठा और मुनिवरसे अपने संसार-परिभ्रमणके बारेमें पूछने लगा। (२२६) श्रमणमुनिने अपने छद्मस्थज्ञानसे जो कुछ अवगत हो सकता था उसे जानकर कहा कि—

'इस भरतक्षेत्रके पोतनपुर नामक नगरमें हितकर नामका एक आदमी रहता था। (२२७) उसकी भार्याका नाम माधवी था। उनके तुम प्रियंकर नामके पुत्र थे। वहाँपर जिनवरके धर्ममें अनुरागी हेमरथ नामका राजा था। (२२८) वह एक दिन भावपूर्वक चैत्यपूजा करनेके लिये गया और बड़े-बड़े ढोल व शंखकी ध्वनिके साथ जिनवरकी जय बुलाने लगा। (२२९) तुम अभी उठे ही थे कि आवाज सुनते ही आनन्दविभोर होकर जिनेश्वरकी स्तुति व मंगलविधिकी उद्घोषणा

---

१. परिवृतः। २. करेत्तु—प्रत्य०।

उट्ठियमेत्तो सि तुमं, सद्दं सोऊण हट्ठतुट्ठमणो । अह घोसिउं पयत्तो, जिणस्स थुइमङ्गलविहाणं ॥२३०॥
कालं काऊण तओ, जक्खो जाओ महिड्ढिसंपन्नो । अवरविदेहे पेच्छइ, कञ्चणनयरे मुणिवरस्स ॥२३१॥
उवसग्गं कीरन्तं, वारेऊण य रिऊ ससत्तीए । रक्खइ मुणिवरदेहं, जक्खो पुण्णं समज्जेइ ॥२३२॥
तत्तो चुओ समाणो, तडियङ्गयखेयरस्स वेयड्ढे । सिरिपभदेवीतणओ, जाओ उइओ वरकुमारो ॥२३३॥
तो वन्दणाऍ जन्तं, अह चारणविक्कमं पलोएउं । विज्जाहराहिराया, कुणइ नियाणं तओ मूढो ॥२३४॥
काऊण तवमुयारं, ईसाणे सुरवरो त्थ होऊणं । घणवाहणस्स पुत्तो, जाओ सि तुमं महारक्खो ॥२३५॥
सुरभोगेसु न तित्ती, जो सि तुमं न य गओ सुचिरकालं । कह परितुट्ठो होहिसि, दियहाणं सोलसद्धेणं ? ॥२३६॥
सोऊण वयणमेयं, गओ विसायं तओ महारक्खो । आसन्नमरणभावो, भणइ नरिन्दो इमं वयणं ॥२३७॥
विसयविसमोहिएणं, महिलानेहाणुरागरत्तेणं । कालो च्चिय न य नाओ, केत्तियमेत्तो वि वोलीणो ॥२३८॥
न य गेहम्मि पलित्ते, कूवो खम्मइ सुतूरमाणेहिं । धाहाविए ण दम्मइ, आसो च्चिय तक्खणं चेव ॥२३९॥
अभिसिञ्चिऊण रज्जे, पुत्तं चिय देवरक्खसं राया । तह भाणुरक्खसं पि य, जुवरज्जे ठविय निक्खन्तो ॥२४०॥
वोसिरियसबसङ्गो, चइऊणं चउविहं च आहारं । आराहणाऍ कालं, काऊण सुरुत्तमो जाओ ॥२४१॥
अह किन्नरगीयपुरे, सिरिधरविज्जाहरस्स वरदुहिया । रइवेगनामधेया, सा महिला देवरक्खस्स ॥२४२॥
गन्धबगीयनयरे, सुरसन्निभरायनामधेयस्स । जाया गन्धारिसुया, गन्धबा भाणुरक्खस्स ॥२४३॥
दस देवरक्खससुया, जाया छ च्चेव वरकुमारीओ । तह भाणुरक्खसस्स वि, तावइया चेव उप्पन्ना ॥२४४॥

---

करने लगे। (२३०) वहाँसे मर करके अपरविदेहमें कंचन नगरमें तुम ऋद्धिसम्पन्न यक्ष हुए। वहाँ तुमने एक मुनिवरको देखा। (२३१) अपने सामर्थ्यसे उपसर्ग करनेवाले शत्रुओंका निवारण करके और इस प्रकार मुनिवरकी देहकी रक्षा करके उस यक्षने पुण्योपार्जन किया। (२३२) वहाँसे च्युत होनेपर वैताढ्यपर्वतमें तडिदंगद नामक खेचरकी भार्या श्रीप्रभादेवीके उदित नामक पुत्र रूपसे तुम उत्पन्न हुए। (२३३) वन्दनार्थ जाते हुए चामर-विक्रमको देखकर मूढ़ विद्याधर राजाने निदान ( दृढ़ संकल्प ) किया। (२३४) उग्र तप करनेके पश्चात् ईशान देवलोकमें वह देव हुआ। वहाँसे च्युत होकर तुम घनवाहनके पुत्र महाराक्षस हुए हो। (२३५) देवताओंके योग्य दीर्घकालीन भोगोंसे भी यदि तुम्हें तृप्ति न हुई तो फिर आठ दिनोंमें तुम्हें परितुष्टि कैसे हो सकती है ?' (२३६) यह कथन सुनकर महाराक्षसको विषाद हुआ। मरण समीप है यह जानकर राजा यों कहने लगा—'विषयरूपी विषसे बेहोश तथा स्त्रियोंके स्नेहानुरागमें आसक्त मैं यह नहीं जान पाया कि कितना काल व्यतीत हुआ है। (२३७-३८) घरमें आग लगनेपर जल्दी-जल्दी कूआँ नहीं खोदा जा सकता। दौड़ते हुए घोड़ेको तत्क्षण काबूमें नहीं लाया जा सकता।' (२३९) इस प्रकार कहकर अपने पुत्र देवराक्षसको राज्यपर अभिषिक्त करके तथा भानुराक्षसको युवराजपदपर स्थापित करके उसने दीक्षा अंगीकार की। (२४०) सब प्रकारकी आसक्तियोंका तथा चार प्रकारके आहारका[५] परित्याग करके आराधनापूर्वक मरकर वह देवरूपसे उत्पन्न हुआ। (२४१)

इधर किन्नरगीतपुर नामक नगरमें श्रीधर विद्याधरकी रतिवेगा नामकी जो उत्तम पुत्री थी वह देवराक्षसकी पत्नी हुई। (२४२) गन्धर्वगीतनगरमें सुरसन्निभराज नामक राजाकी गान्धारी नामकी पत्नीसे उत्पन्न गन्धर्वा नामकी कुमारीके साथ भानुराक्षसका विवाह हुआ। (२४३) देवराक्षसके दस पुत्र तथा छः उत्तम कन्याएँ हुईं। भानुराक्षसकी भी इतनी ही संतानें हुईं। (२४४) इन राक्षसपुत्रोंने जल्दी ही अपने नाम से युक्त तथा अलकापुरीके जैसे उत्तम नगरोंसे व्याप्त अनेक

---

१. अहवामरविक्कमं—मु०। २. खन्यते सुत्वरमाणैः। ३. पूत्कृते। ४. सुरसन्निभनामधेयरायस्स—प्रत्य०।
५. अशन, पान खादिम और स्वादिम—आहारके ये चार प्रकार हैं। अशन—रोटी आदि भोजन; पान—पानी, दूध आदि पेय पदार्थ; खादिम—फल, मेवा आदि; और स्वादिम—सुपारी, लौंग आदि मुखवास।

अमरपुरसन्निभाइं, सनामसरिसाइँ पट्टणवराइं । रक्खससुएहि सिग्घं, कयाइँ बहुसन्निवेसाइं ॥२४५॥
संझायाल१ सुवेलो२, मणपल्हाओ३ मणोहरो४ चेव । हंसद्दीवो५ हरिजो६, धन्नो७ कणओ८ समुद्दो य९ ॥२४६॥
नामेण अद्धसग्गो१०, एव निवेसा महागुणसमिद्धा । उप्पाइया समत्था, महइमहारक्खससुएहिं ॥२४७॥
आवत्तवियडमेहा, उक्कडफुडदुग्गहा महाभागा । तवणायवलियरयणा, कया य रविरक्खससुएहिं ॥२४८॥
वरभवण-तुङ्गतोरण-नाणाविहमणिमऊहपज्जलिया । सोहन्ति सन्निवेसा, रक्खसपुत्ताण कीलणया ॥२४९॥
राया उ देवरक्खो, बीओ पुण भाणुरक्खसनरिन्दो । घेत्तूण पवरदिक्खं, अबाबाहं समणुपत्तो ॥२५०॥

**राक्षसवंश :—**

एवं तु महावंसे, वोलीणे मेहवाहणो जाओ । रक्खससुओ महप्पा, मणवेगाए समुप्पन्नो ॥२५१॥
तस्स य नामेण इमो, रक्खसवंसो जयम्मि विक्खाओ । तस्स वि आइच्चगई, महन्तकित्ती य उप्पन्नो ॥२५२॥
सुप्पभदेवीतणया, रवि-चन्दसमप्पभा कुमारवरा । समणो होऊण चिरं, पिया य तेसिं गओ सग्गं ॥२५३॥
नामेण मयणपउमा, आइच्चगइस्स वल्लभा भज्जा । आउणहनामधेया, महिला उ महन्तकित्तिस्स ॥२५४॥
आइच्चगइस्स सुओ, भीमरहो नाम नरवई जाओ । तस्साऽऽसि महिलियाणं, सहस्समेगं वरवहूणं ॥२५५॥
अट्ठुत्तरं सयं चिय, पुत्ताणं अमररूवसरिसाणं । घेत्तूण य पवज्जं, भीमरहो पत्थिओ सिद्धिं ॥२५६॥
रक्खन्ति रक्खसा खलु, दीवा पुण्णेण रक्खिया जेण । तेणं चिय खयराणं, रक्खसनामं कयं लोए ॥२५७॥

---

सन्निवेशोंकी स्थापना की । (२४५) सन्ध्याकाल, सुवेल, मनःप्रह्लाद, मनोहर, हंसद्वीप, हरिज, धन्य, कनक, समुद्र, अर्द्धस्वर्ग—बड़े बड़े गुणोंसे समृद्ध इन समस्त सन्निवेशोंकी स्थापना महाराक्षसके महान् पुत्रोंने की । (२४६-४७) आवर्तविकट नामक मेघसे युक्त, विस्तीर्ण, विशद एवं शत्रुओंके द्वारा दुर्ग्रह तथा किनारोंसे टकरानेवाली पानीकी लहरोंमें बहकर आए हुए रत्नोंसे व्याप्त द्वीपोंमें[1] रविराक्षसके पुत्रोंने भी सन्निवेश बसाए । (२४८) उत्तम भवन, उन्नत तोरण और नानाविध मणियोंकी किरणोंसे देदीप्यमान राक्षसपुत्रों द्वारा निर्मित वे सन्निवेश शोभित हो रहे थे । (२४९) देवराक्षस राजा तथा दूसरा भानुराक्षस नरेन्द्र—इन दोनोंने उत्तम दीक्षा अंगीकार करके अव्याबाध सुख प्राप्त किया । (२५०)

राक्षसवंश—

इस प्रकार अनेक पीढ़ियोंके व्यतीत होने पर इस महावंशमें मेघवाहन हुआ । मनोवेगा नामकी पत्नीसे उसे महात्मा राक्षस नामका पुत्र उत्पन्न हुआ । (२५१) उसके नामसे यह राक्षसवंश जगत्में प्रसिद्ध हुआ । उसे भी सुप्रभा नामकी पत्नीसे सूर्य एवं चन्द्र जैसी कान्तिवाले आदित्यगति तथा महत्कीर्ति नामक दो पुत्र हुए । उनके पिता चिरकाल पर्यंत श्रमण धर्म पालकर स्वर्गमें गये । (२५२-२५३) आदित्यगतिकी प्रिय पत्नीका नाम मदनपद्मा और महत्कीर्तिकी भार्याका नाम आयुर्नख था । (२५४) आदित्यगतिका पुत्र भीमरथ नामका राजा हुआ । उसकी उत्तम पत्नी रूपसे एक हजार स्त्रियाँ थीं तथा देवताओंके रूपके समान सुरूप १०८ पुत्र थे । प्रव्रज्या ग्रहण करके भीमरथने सिद्धिकी ओर प्रयाण किया । (२५५-२५६) पुण्य द्वारा परिरक्षित राक्षस द्वीपोंकी रक्षा करते थे, अतः लोक में खेचर ( विद्याधर ) राक्षसके नामसे प्रसिद्ध हुए । (२५७)

हे श्रेणिक ! राक्षसवंशके उद्भवके बारेमें यह सब मैंने तुमसे कहा । अब इस वंशमें जो पुरुष हुए हैं उनके बारेमें

---

१. मूलमें 'तवणायवलियरयणा' पाठ है । इसका अर्थ बहुत खींचतान करने पर भी बराबर नहीं बैठता । रविषेणने, मूलमें जो भी पाठ रहा हो, उसका अनुवाद 'तटतोयावलीरत्नद्वीपाः' किया है और वह सन्दर्भ के साथ बराबर बैठता भी है, अतः उसीका अनुवाद यहाँ दिया गया है ।

एसो ते परिकहिओ, रक्खसवंसस्स उब्भवो तुज्झ । सेणिय! सुणाहि एत्तो, वंसे पुरिसा समासेण ॥२५८॥
भीमप्पहस्स पुत्तो, पढमो पूयारहो समुप्पन्नो । पवइओ खायजसो, रज्जे ठविऊण जियभाणुं[1] ॥२५९॥
जियभाणुस्स[2] वि पुत्तो, संपरिकित्ती विसालवच्छयलो । सुग्गीवो तस्स सुओ, तस्स वि य भवे हरिग्गीवो ॥२६०॥
सिरिग्गीवो सुमुहो वि य, सुबन्तो अमियवेगनामो य । आइच्चगइकुमारो, इन्दप्पभ इन्दमेहो य ॥२६१॥
जाओ मयारिदमणो, पहिओ इन्दइ सुभाणुधम्मो य । एत्तो सुरारि तिजडो, महणो अङ्गारओ य रवी ॥२६२॥
चक्कार वज्जमज्झो, पमोय वरसीहवाहणो सूरो । चाउण्डरावणो वि य, भीमो भयवाह रिउमहणो ॥२६३॥
निव्वाणभत्तिमन्तो उग्गसिरी अरुहभत्तिमन्तो य । तह य पवणुत्तरगई, उत्तम अणिलो य चण्डो य ॥२६४॥
लङ्कासोग मऊहो, महबाहु मणोरमो य रवितेओ । महगइ महकन्तजसो, अरिसंतासो य रायाणो ॥२६५॥
चन्दवयणो य महरवो, मेहज्झाणो तहेव गहखोभो । नक्खत्तदमणमाई, एवं विज्जाहरा नेया ॥ २६६ ॥
कोडीण सयसहस्सा, एवं विज्जाहरा बलसमिद्धा । लङ्कापुरीएँ सामी, वोलीणा दीहकालेणं ॥२६७॥
पुत्ताण नियरज्जं, दाऊण परंपराएँ निक्खन्ता । देवत्तं सिवसोक्खं, केइ ससत्तीएँ संपत्ता ॥२६८॥
एवं गएसु नियमा, महयापुरिसेसु पउमगब्भाए । मेहप्पभस्स पुत्तो, कित्तीधवलो समुप्पन्नो ॥२६९॥
विज्जाहरेहि समयं, आणाइस्सरियविविहगुणपुण्णो । लङ्कापुरीएँ रज्जं, कुणइ जहिच्छं सुरिन्दो व ॥२७०॥

एवं भवन्तरकएण तवोबलेणं, पावन्ति देव-मणुएसु महन्तसोक्खं ।
केएत्थ दट्ठुनीसेसकसाय-मोहा, सिद्धा भवन्ति विमला-ऽमलपङ्कमुक्का ॥२७१॥

॥ इति पउमचरिए रक्खसवंसाहियारे पञ्चमुद्देसओ समत्तो ॥

---

संक्षेपसे मैं तुम्हें कहता हूँ, वह तुम सुनो । (२५८)

भीमप्रभका प्रथम पुत्र पूजार्ह उत्पन्न हुआ । विख्यात कीर्तिवाले उसने राज्यपर जितभानुको प्रतिष्ठित करके दीक्षा ली । (२५९) जितभानुका विशाल वक्षस्थलवाला संपरिकीर्ति नामका पुत्र था । उसका पुत्र सुग्रीव था और उसका भी पुत्र हरिग्रीव था । (२६०) उसके पश्चात् क्रमशः श्रीग्रीव, सुमुख, सुव्रत, अमितवेग, आदित्यवेग, इन्द्रप्रभ, इन्द्रमेघ, मृगारिदमन, प्रहित, इन्द्रजित्, सुभानुधर्म, सुरारि, त्रिजट, मथन, अंगारक, रवि, चक्रार, वज्रमध्य, प्रमोद, वरसिंहवाहन, सूर, चामुण्ड, रावण, भीम, भयावह, रिपुमथन, निर्वाणभक्तिमान्, उग्रश्री, अर्हद्भक्तिमान्, पवन, उत्तरगति, उत्तम, अनिल, चण्ड, लंकाशोक, मयूख, महाबाहु, मनोरम, रवितेज, बृहद्गति, बृहत्कान्तयश, अरिसंत्रास, चन्द्रवदन, महारव, मेघध्वान, ग्रहक्षोभ, नक्षत्रदमन आदि विद्याधर हुए । (२६१-२६६) इस प्रकार बलसे समृद्ध शतसहस्र ( लाखों ) करोड़ विद्याधर लंकापुरीके राजा हुए । उनको स्वर्गवासी हुए दीर्घकाल व्यतीत हुआ है । (२६७) वे क्रमसे अपने-अपने पुत्रोंको राजगद्दी देकर प्रव्रज्या अंगीकार करते थे । अपनी शक्तिके अनुसार उनमेंसे कुछ ने शिवसुख ( मोक्ष ) तो दूसरोंने देवत्व प्राप्त किया । (२६८) इस प्रकार इन महापुरुषोंके जानेपर पद्माके गर्भसे मेघप्रभको कीर्तिधवल नामका पुत्र हुआ । (२६९) आज्ञा, ऐश्वर्य, आदि विविध गुणोंसे पूर्ण वह विद्याधरोंके साथ लंकापुरीमें सुरेन्द्रकी भाँति राज्य करता था । (२७०) इस प्रकार दूसरे जन्ममें किये गये तपोबलसे जीव देव व मनुष्यलोकमें बड़ा भारी सुख प्राप्त करते हैं और यहाँपर कोई कोई तो सम्पूर्ण कषाय एवं मोहका नाश करके कर्मरूपी मलसे मुक्त तथा पवित्र होकर सिद्ध भी होते हैं ।

। पद्मचरितके राक्षसवंश नामक अधिकारमें पाँचवाँ उद्देश्य समाप्त हुआ ।

---

१. जिणभाणुं—प्रत्य० । २. जिणभाणु—प्रत्य० ।

## ६. रक्खस-वाणरपव्वज्जाविहाणाहियारो

वानरवंशः—

एसो ते परिकहिओ, रक्खसवंसो मए समासेणं । एत्तो सुणाहि नरवइ ! वाणरवंसस्स उप्पत्ती ॥ १ ॥
वेयड्ढनगवरिन्दे, मेहपुरं दक्खिणाएँ सेढीए । विज्जाहरसामन्तो, अहइन्दो अत्थि विक्खाओ ॥ २ ॥
भज्जा य सिरिमई से, सिरिकण्ठो तीएँ गब्भसंभूओ । पुत्तो महागुणधरो, देवकुमारोवमसिरीओ ॥ ३ ॥
देवि त्ति नाम कन्ना, सिरिकण्ठसहोयरा विसालच्छी । सयलम्मि जीवलोए, रूवपडागा महिलियाणं ॥ ४ ॥
अह रयणपुराहिवई, [1]वीरो पुप्फुत्तरो महाराया । तस्स गुणेहि सरिच्छो, पुत्तो पउमुत्तरो नाम ॥ ५ ॥
सिरिकण्ठनिययबहिणी, मग्गइ पुप्फुत्तरो सुयनिमित्तं । न य तेण तस्स दिन्ना, दिन्ना सा कित्तिधवलस्स ॥ ६ ॥
वित्तो चिय वीवाहो, दोण्ह वि विहिणा महासमुदएणं । सोऊण तन्निमित्तं, रुट्ठो पुप्फुत्तरो राया ॥ ७ ॥
अह अन्नया कयाई, सिरिकण्ठो वन्दणाएँ देवगिरिं । गन्तूण पडिनियत्तो, पेच्छइ कन्नं वरुज्जाणे ॥ ८ ॥
तीए वि सो कुमारो, दिट्ठो कुसुमाउहो व रूवेण । दोण्हं पि समणुरागो, तक्खणमेत्तेण उप्पन्नो ॥ ९ ॥
मुणिऊण तीएँ भावं, हरिसवसुब्भिन्नदेहरोमञ्चो । अवगूहिऊण कन्नं, उप्पइओ नहयलं तुरिओ ॥ १० ॥
पुप्फुत्तरो नरिन्दो, सिट्ठे चेडीहि नियसुयासमग्गो । सन्नद्धबद्धकवओ, मग्गेण पहाविओ तस्स ॥ ११ ॥
बहुसत्थ-नीइकुसलो, सिरिकण्ठो जाणिऊण परमत्थं । लङ्कापुरिं पविट्ठो, सरणं चिय कित्तिधवलस्स ॥ १२ ॥
संभासिओ सिणेहं, रक्खसवइणा पहट्ठमणसेणं । सिट्ठं च जहावत्तं, कन्नाहरणाइयं सवं ॥ १३ ॥

---

## ६. राक्षस एवं वानरोंकी प्रव्रज्या

वानर-वंश—

हे राजन्! मैंने तुम्हें राक्षसवंशके बारेमें संक्षेपसे यह सब कहा, अब वानरवंशकी उत्पत्तिके बारेमें सुनो। ( १ )

वैताढ्य पर्वतकी दक्षिण शाखामें मेघपुर नामका नगर है। वहाँ अहमिन्द्र नामका एक विख्यात विद्याधर राजा रहता था। ( २ ) उसकी भार्या श्रीमती थी। उसके गर्भसे उत्पन्न महागुणी तथा देवोंके कुमारोंकीसी कान्तिवाला श्रीकण्ठ नामका पुत्र था। ( ३ ) श्रीकण्ठकी बहनका नाम देवी था। उसकी आँखें बड़ी बड़ी थीं तथा समस्त जीवलोकमें महिलाओंके रूपके लिये वह पताकातुल्य अर्थात् सर्वश्रेष्ठ रूपवती थी। ( ४ ) रत्नपुर नामक नगरका अधिपति पुष्पोत्तर नामका एक वीर महाराजा था। गुणोंसे अपने ही जैसा उसका पद्मोत्तर नामका पुत्र था। ( ५ ) पुष्पोत्तरने अपने पुत्रके लिये श्रीकण्ठसे उसकी बहन देवीकी माँगनी की, किंतु उसने उसे न देकर कीर्तिधवलको दी। ( ६ ) दोनोंका विधिपूर्वक विवाह बड़े समारोहके साथ सम्पन्न हुआ। यह सुनकर पुष्पोत्तर राजा रुष्ट हो गया। ( ७ )

एक बार श्रीकण्ठ वन्दनार्थ देवगिरि जाकर लौट रहा था। रास्तेमें एक उत्तम उद्यानमें उसने एक कन्या देखी। ( ८ ) उसने भी कामदेवके समान सुन्दर रूपवाले उस कुमारको देखा। उसी समय दोनोंके बीच प्रेम उत्पन्न हुआ। ( ९ ) उस कन्याके भावको जानकर आनन्दसे रोमांचित शरीरवाला वह कुमार कन्याको आलिंगित करके एकदम आकाशमें उड़ गया। (१०) दासियों द्वारा अपनी लड़कीका अपहरण सुनकर पुष्पोत्तर राजाने सैन्यसे तैयार होकर तथा स्वयं कवच पहनकर जिस मार्गसे वह गया था, उस मार्गसे उसका पीछा किया। ( ११ ) अनेकविध शास्त्र एवं नीतिमें कुशल श्रीकण्ठने अपने कल्याण को जानकर लंकापुरीमें प्रवेश किया तथा कीर्तिधवलकी शरणमें गया। ( १२ ) मनमें प्रसन्न राक्षसपतिने स्नेहपूर्वक उसे बुलाया। उसने कन्यापहरण आदि जो कुछ हुआ था वह यथावत् कह सुनाया। ( १३ ) उस

---

१. धीरो—प्रत्य०। २. नियसुयाहरणे—मु०।

ताव च्चिय गयणयले, गयवर-रह-जोह-तुरयसंघट्टं । उत्तरदिसाएँ पेच्छइ, एज्जन्तं साहणं विउलं ॥ १४ ॥
कित्तिधवलेण दूओ, पेसविओ महुर-सामवयणेहिं । अह सो वि तुरियचवलो, सिग्घं पुप्फुत्तरं पत्तो ॥ १५ ॥
काऊण सिरपणामं, दूओ तं भणइ महुरवयणेहिं । कित्तिधवलेण सामिय!, विसज्जिओ तुज्झ पासम्मि ॥ १६ ॥
उत्तमकुलसंभूओ, उत्तमचरिएहि उत्तमो सि पहु! । तेणं चिय तेलोक्के, भमइ जसो पायडो तुज्झ ॥ १७ ॥
अह भणइ कित्तिधवलो, सामि! निसामेहि मज्झ वयणाइं । सिरिकण्ठो य कुमारो, उत्तमकुल-रूवसंपन्नो ॥ १८ ॥
उत्तमपुरिसाण जए, संजोगो होइ उत्तमेहि समं । अहमाण मज्झिमाण य, सरिसो, सरिसेहि वा होज्जा ॥ १९ ॥
सुट्ठु वि रक्खिज्जन्ती, थुंथुक्कियं रक्खिया पयत्तेणं । होही परसोवत्था, खलयणरिद्धि व वरकन्ना ॥ २० ॥
दोण्णि वि उत्तमवंसा, दोण्णि वि वयसाणुरूवसोहाइं । एयाण समाओगो, होउ अविग्घं नराहिवई! ॥ २१ ॥
जुज्झेण नत्थि कज्जं, बहुजणघाएण कारिएण पहू! । परगेहसेवणं चिय, एस सहावो महिलियाणं ॥ २२ ॥
एवं चिय वट्टन्ते, उल्लवे ताव आगया दूई । नमिऊण चलणकमले, विज्जाहरपत्थिवं भणइ ॥ २३ ॥
अह विन्नवेइ पउमा, सामि! तुमं चलणवन्दणं काउं । सिरिकण्ठस्स नराहिव! थेवो वि हु नत्थि अवराहो ॥ २४ ॥
सयमेव मए गहिओ, एसो कम्माणुभावजोएण । अन्नस्स मज्झ नियमो, नरस्स एयं पमोत्तूणं ॥ २५ ॥
बहुसत्थ-नीइकुसलो, राया परिचिन्तिऊण हियएणं । दाऊण तस्स कन्नं, नियय्पुरं पत्थिओ सिग्घं ॥ २६ ॥
मग्गसिरसुद्धपक्खे, नक्खत्ते सोहणे तओ दियहे । वत्तं पाणिग्गहणं, अणन्नसरिसं वसुमईए ॥ २७ ॥

---

समय आकाशमें उत्तर दिशाकी ओर हाथी, रथ, योद्धा व घोड़ेसे युक्त विपुल सेनाको आते हुए उसने देखा । ( १४ ) कीर्तिधवलने भी मधुर एवं शान्तिजनक वचनोंके साथ दूतको भेजा । तेज और चपल वह दूत भी शीघ्र ही पुष्पोत्तरके पास जा पहुँचा । ( १५ ) सिरसे प्रणाम करके मधुर वचनसे उसने कहा कि—

'हे स्वामी ! कीर्तिधवलने मुझे आपके पास भेजा है । (१६) हे प्रभो ! आप उत्तम कुलमें उत्पन्न हुए हैं तथा उत्तम आचरणके कारण स्वयं आप भी उत्तम हैं । इसीलिये आपका विशद यश त्रैलोक्यमें परिभ्रमण करता है । ( १७ ) हे स्वामी ! कीर्तिधवलने कहलाया है कि आप मेरी बात सुनें । श्रीकण्ठकुमार भी उत्तम कुलमें उत्पन्न तथा रूपसम्पन्न है । (१८) विश्वमें उत्तम पुरुषोंका सम्बन्ध उत्तम पुरुषोंके साथ होना चाहिए । इसी प्रकार अधमका अधमके साथ और मध्यमका मध्यमके साथ सम्बन्ध होना चाहिए । अर्थात् सदृशके साथ ही सदृशका सम्बन्ध उचित है । (१९) भलीभाँति प्रयत्नपूर्वक रक्षा की जाय या तिरस्कारके साथ रक्षा की जाय, पर उत्तम कन्या तो दुष्ट पुरुषकी ऋद्धिके समान दूसरेके द्वारा ही उपभोग्य होती है । (२०) हे राजन् ! दोनों ही उत्तम वंशके हैं, दोनों ही वयके अनुरूप रूपसम्पन्न हैं । अतः इन दोनोंका निर्विघ्न समागम होना चाहिए । (२१) हे प्रभो ! अनेक जनोंका घात करनेवाले युद्धका कोई प्रयोजन नहीं है । दूसरोंके घरकी सेवा यह तो स्त्रियोंका स्वभाव है ।' (२२)

इस प्रकार वार्तालाप हो रहा था कि एक दूती आई और चरणकमलमें नमस्कार करके विद्याधर राजासे कहने लगी—'हे स्वामी ! आपके चरणोंमें वन्दन करके पद्मा विनती करती है कि श्रीकण्ठका इसमें थोड़ा भी अपराध नहीं है । (२३-२४) अपने कर्मके फलस्वरूप ही मैंने स्वयं इसे अंगीकार किया है । इसे छोड़ कर दूसरे पुरुषका मुझे नियम है ।' (२५) बहुविधशास्त्र एवं नीतिमें कुशल राजाने मनमें सोचकर अपनी कन्या उसे दी । बादमें जल्दी ही उसने अपने नगरकी ओर प्रस्थान किया । (२६) मार्गशीर्ष महीनेके शुक्ल पक्षमें, उत्तम नक्षत्र व दिनमें उनका जो पाणिग्रहण हुआ वह पृथ्वी पर अद्वितीय था । (२७)

---

१. तिरस्कृत्य । २. परोपभोग्या ।

अह भणइ कित्तिधवलो, सिरिकण्ठं तिबनेहपडिबद्धो । मा वच्चसु वेयड्ढं, तत्थ तुमं वेरिया बहवे ॥ २८ ॥
अत्थेत्थ लवणतोए, दीवो मणि-रयणकिरणविच्छुरिओ । कप्पतरुसन्निहेहिं, संछन्नो पायवगणेहिं ॥ २९ ॥
भीमा-ऽइभीमहेउं, दक्खिण्णं सुरवरेहि काऊण । पुव्वं चिय अणुणाया, खेयरवसहा इहं दीवे ॥ ३० ॥
दीवो संझावेलो, मणपल्हाओ सुवेलकणयहरी । नामं सुओवणो वि य, जलअज्झाओ य हंसो य ॥ ३१ ॥
नामेण अद्धसग्गो, उक्कडवियडो त्थ रोहणो अमलो । कन्तो फुरन्तरयणो, तोयवलीसो अलङ्घो य ॥ ३२ ॥
दीवो नभो य भाणू, खेमो य हवन्ति एवमाईया । निच्चं मणाभिरामा, आसन्ने देवरमणिज्जा[1] ॥ ३३ ॥
अवरुत्तराएँ एत्तो, दिसाएँ तिण्णेव जोयणसयाइं । लवणजलमज्झयारे, वाणरदीवो त्ति नामेणं ॥ ३४ ॥
तत्थ-ऽच्छसु वीसत्थो, काऊण पुरं महागुणसमिद्धं । बन्धवजणेण सहिओ, सुरवरलीलं विडम्बन्तो ॥ ३५ ॥
चेत्तस्स पढमदिवसे, सिरिकण्ठो निग्गओ सपरिवारो । रह-गय-तुरयसमग्गो, दीवाभिमुहो समुप्पइओ ॥ ३६ ॥
पेच्छइ महासमुद्दं, संघट्टुद्दन्तवीइ-कल्लोलं । गाहसहस्सावासं, आगासं चेव वित्थिण्णं ॥ ३७ ॥
संपत्तो चिय दट्ठुं, दीवं वररयणसंपयसमिद्धं । ओइण्णो सिरिकण्ठो, तत्थ निविट्ठो मणिसिलासु ॥ ३८ ॥
वज्जिन्दनील-मरगय-पूसमणी-पउमरायकन्तीए । लक्खिज्जइ बहुवण्णो, दीवो किरणाणुवालीए ॥ ३९ ॥
नाणाविहतरुणतरुब्भवेहि कुसुमेहि पञ्चवण्णेहिं । भसलीकओ व नज्जइ, निज्झर-गिरिविविहकुहरेहिं ॥ ४० ॥
पण्डुच्छुवाडपउरो, सहावसंपन्नदीहियाकलिओ । वरकमलकेसरारुण-लवङ्गगन्धेण सुसुयन्धो ॥ ४१ ॥
अह पत्तो विहरन्तो, दीवं सव्वायरेण सिरिकण्ठो । पेच्छइ य वाणरगणे, सव्वत्तो माणुसायारे ॥ ४२ ॥
घेत्तूण ताण सव्वं, करणिज्जं खाण-पाणमाईयं । कारावियं च सिग्घं, कीलणहेउं नरिन्देण ॥ ४३ ॥

---

तत्पश्चात् तीव्र स्नेहसे युक्त कीर्तिधवलने श्रीकण्ठसे कहा कि तुम वैताढ्यमें मत जाओ, क्योंकि वहाँ तुम्हारे बहुत शत्रु हैं। (२८) यहाँ लवणसागरमें मणि एवं रत्नोंकी किरणोंसे देदीप्यमान तथा कल्पवृक्ष सरीखे वृक्षोंसे छाया हुआ एक द्वीप है। (२९) भीम एवं अतिभीमके ऊपर अनुग्रह करके देवोंने पहले ही इस द्वीप में बसनेकी अनुज्ञा दी थी। (३०) संध्यावेल, मनःप्रह्लाद, सुवेल, कनक, हरि, सु-उपवन, जलाध्याय, हंस, अर्द्धस्वर्ग, उत्कट, विकट, रोधन, अमल, कान्त, स्फुरद्रत्न, तोयबलीश, अलंघ, नभ, भानु, क्षेम आदि मनको सदा आनन्द देनेवाले तथा देवोंके लिए क्रीड़ा करनेयोग्य दूसरे द्वीप भी समीप हैं। (३१-३३) इनके पश्चिमोत्तर दिशामें तीन सौ योजन पर लवणसागरके बीच वानरद्वीप नामका एक द्वीप है। (३४) वहाँ पर बड़े बड़े गुणोंसे समृद्ध एक नगर बसाकर अपने सगे-सम्बन्धियोंके साथ तुम देवताओंकी लीलाका भी तिरस्कार करनेवाले आरामके साथ रहो। (३५)

चैत्र मासके प्रथम दिनमें अपने परिवारके साथ तथा रथ, हाथी एवं घोड़ोंसे युक्त हो श्रीकण्ठ निकला और वानर द्वीपकी ओर उड्डयन किया। (३६) टकरानेसे ऊपर उठती हुई लहरोंसे युक्त तथा हजारों बड़े बड़े जल-जन्तुओंसे व्याप्त महासागर और चारों ओर फैला हुआ आकाश उसने देखा। (३७) श्रीकंठ अन्ततः द्वीपके पास पहुँचा। उत्तम रत्न तथा सम्पत्तियोंसे समृद्ध उस द्वीपको देखकर वह नीचे उतरा और मनःशिला पर जा बैठा। (३८) हीरे, इन्द्रनीलमणि, मरकत, सूर्यकान्तमणि एवं पद्मरागमणिकी कान्तिवाले किरणोंकी पंक्तिओंसे विविध वर्णवाला दीखता था। (३९) नानाविध तरुण वृक्षोंके ऊपर उगे हुए पाँच प्रकारके रंगवाले पुष्पोंसे तथा झरने व पर्वतकी विविध गुफाओंसे वह मानो भ्रमररूप हो ऐसा मालूम होता था। (४०) वह सफेद गन्नेकी बाड़ोंसे व्याप्त था, कुदरती तौर पर बनी हुई बावड़ियोंसे युक्त था तथा उत्तम कमलोंके केसर व अरुण लवंगकी गन्धसे वह सुगन्धित था। (४१) अत्यन्त सन्तोषके साथ द्वीपमें भ्रमण करते हुए श्रीकण्ठने सब प्रकारसे मानव आकारवाले वानरोंको देखा। (४२) राजाने क्रीड़ार्थ उन सबको पकड़ा और शीघ्र ही खानपान आदि कार्य उनसे करवाया। (४३) वानरके समान चंचल स्वभाववाले वे नाचते थे, बजाते थे तथा

---

१. रमणिज्जे—प्रत्य०।

नच्चन्ति य वग्गन्ति य, जूवाउलयन्ति अन्नमन्नस्स । वाणरचडुलसहावा, जाया अइवल्लहा तस्स ॥ ४४ ॥
[1]किक्किन्धिपवओवरि, भवण-ऽट्टालय-सुवण्णपायारं । चोद्दसजोयणविउलं, किक्किन्धिपुरं कयं तेण ॥ ४५ ॥
पासाय-तुङ्गतोरण-मणिरयणमऊहभत्तिविच्छुरियं । अमरपुरस्स व सोहं, हाऊण व होज्ज निम्मवियं ॥ ४६ ॥
जं जं जणो वि मग्गइ, उवगरणा-ऽऽभरण-भोयणाईयं । तं तत्थ हवइ सव्वं, विज्जाभावेण सन्निहियं ॥ ४७ ॥
एवंविहम्मि नयरे, पउमासहिओ अणोवमं रज्जं । भुञ्जइ सया सुमणसो, सुरलोगगओ सुरिन्दो व ॥ ४८ ॥
अह अन्नया कयाई, भवणस्सुवरिं ठिओ पलोएन्तो । पेच्छइ नहेण जन्तं, इन्दं नन्दीसरं दीवं ॥ ४९ ॥
गय-वसह-तुरय-केसरि-मय-महिस-वराहवाहणारूढा । वच्चन्ति देवसङ्घा, पूरन्ता अम्बरं सयलं ॥ ५० ॥
सरिऊण पुवजम्मं, भणइ निवो सुरवरा इमे सव्वे । नन्दीसरवरदीवं, वन्दणहेउम्मि वच्चन्ति ॥ ५१ ॥
अहमवि सुरेहि समयं, दीवं नन्दीसरं पयत्तेणं । गन्तूण चेइयाइं, करेमि थुइमङ्गलविहाणं ॥ ५२ ॥
अह कोञ्चविमाणेणं, गयणेणं पत्थियस्स वेगेणं । मणुसुत्तरस्स उवरिं, गइपडिहाओ य से जाओ ॥ ५३ ॥
सो पेच्छिऊण देवे, वोलन्ते माणुसुत्तरं सेलं । परिदेविउं पयत्तो, सोगभरापूरियसरीरो ॥ ५४ ॥
हा ! कट्ठं चिय पावो, जो हं नन्दीसरं न संपत्तो । विहलमणोरहभावो, भग्गुच्छाहो फुडं जाओ ॥ ५५ ॥
नन्दीसरवरदीवे, जह पूया चेइयाण विरएउं । भावेण नमोक्कारं, पसन्नमणसो करिस्सामि ॥ ५६ ॥
जे चिन्तिया महन्ता, मणोरहा मन्दभागधेएणं । ते मे फलं न पत्ता, उदएण अहम्मकम्मस्स ॥ ५७ ॥

---

एक दूसरेकी जूएँ निकालते थे। वे उसके अत्यन्त प्रिय हो पड़े। (४४) किष्किन्धि पर्वतके ऊपर भवन अट्टालिका एवं स्वर्ण प्राकारसे युक्त चौदह योजन विस्तृत किष्किन्धि नामकी नगरी उसने बसाई। (४५) उसके द्वारा निर्मित प्रासाद, ऊँचे तोरण, मणि व रत्नोंकी किरणोंसे रंगविरंग होकर प्रकाशित वह नगरी देवनगरी अलकाका भी तिरस्कार करती थी। (४६) कोई भी मनुष्य उपकरण, आभरण तथा भोजन आदि जो कुछ चाहता था, वह सब उसे विद्याके प्रभावसे वहाँ मिल जाता था। (४७) ऐसी नगरीमें सुखी वह देवलोकके इन्द्रकी भाँति पद्मा रानीके साथ अनुपम राज्यका सदा उपभोग करता था। (४८)

एक दिन अपने भवनके ऊपर खड़े होकर वह अवलोकन कर रहा था तब उसने आकाशमार्गसे नन्दीश्वर द्वीपकी ओर जाते हुए इन्द्रको देखा। (४९) हाथी, बैल, घोड़े, सिंह, हरिण, भैंस एवं सूअर सदृश वाहनोंमें आरूढ़ देवताओंके समूह, मानों सारे आकाशको भर रहे हों इस तरह, जा रहे थे। (५०) पूर्व जन्मका स्मरण करके राजाने कहा कि ये सब देवता हैं और वन्दनके लिए नन्दीश्वरद्वीपकी ओर जा रहे हैं। (५१) मैं भी उद्यम करके देवताओंके साथ नन्दीश्वरद्वीप जाऊँ और चैत्योंमें स्तुति व मंगलकार्य करूँ।' (५२) नभोमार्गसे जाते हुए राजाके तीव्र गतिशील क्रौंचविमानका मानुषोत्तर पर्वतके[2] ऊपर गतिरोध हुआ। (५३) मानुषोत्तर पर्वतका अतिक्रमण करनेवाले देवोंको देखकर शोकसे व्याप्त शरीरवाला वह विलाप करने लगा कि—'अत्यन्त दुःख है कि पापी मैं नन्दीश्वर न पहुँच पाया। मेरे मनोरथका भाव विफल हो गया और मेरा उत्साह भी अत्यन्त ही भग्न हो गया। (५४-५५) मेरा मनोरथ था कि मैं नन्दीश्वर द्वीपमें चैत्योंकी पूजा रचूँगा और आनन्दविभोर होकर भावपूर्वक नमस्कार करूँगा। (५६) मंदभाग्य मैंने जो बड़े-बड़े मनोरथ किए थे वे सब मेरे पाप कर्मके उदयसे सफल न हुए। (५७) इसलिए जिनेन्द्रदेव द्वारा उपदिष्ट तथा मुनियों द्वारा प्रशंसित धर्मका मैं यहींपर ऐसा आचरण

---

१. किंकिंधि—प्रत्य०। २. पहले कहा जा चुका है कि जम्बूद्वीप लवण समुद्रसे वेष्टित है और लवणसमुद्र धातकी खण्डसे घिरा हुआ है। धातकीखण्डको घेर कर उससे दूने विस्तारवाला अर्थात् आठ लाख योजनका कालोदधि पड़ा है। कालोदधिके चारों ओर सोलह लाख योजन विस्तृत पुष्करवरद्वीप है। पुष्करवरद्वीपके बीचमें गोलाकार एक मानुषोत्तर नामक पर्वत है जो उसे दो भागोंमें विभक्त करता है। इस पर्वतके भीतर भीतर अर्थात् जम्बूद्वीप, धातकीखण्ड और आधे पुष्करवरद्वीपमें ही मनुष्यकी वस्ती है। कैसा भी ऋद्धिसम्पन्न मनुष्य क्यों न हो, पर इस मानुषोत्तर पर्वतको लाँघकर वह उस पार नहीं जा सकता।

तह तं करेमि एण्हिं, धम्मं जिणदेसियं मुणिपसत्थं । जेणं चिय अन्नभवे, नन्दीसरवन्दओ होहं ॥ ५८ ॥
आगन्तूण पुरवरे, पुत्तं अहिसिञ्चिऊण रज्जम्मि । नामेण वज्जकण्ठं, पवज्जमुवागओ धीरो ॥ ५९ ॥
अह वज्जकण्ठराया, पिउचरियं पुच्छई भणइ साहू । दोण्णि जणा वाणियया, पुव्विं एक्कोयरा आसि ॥ ६० ॥
तत्थ वसन्ताणं चिय, पीती जुवईहि फेडिया ताणं । मिच्छत्तो य कणिट्ठो, जेट्ठो पुण सावओ जाओ ॥ ६१ ॥
तत्थ कणिट्ठेणं चिय, नरवइपुरओ य मारिओ पुरिसो । सो तं परिक्खिऊणं, सहोयरो देइ दवं से ॥ ६२ ॥
उवसमिऊण कणिट्ठं, जेट्ठो देवाहिवो समुप्पन्नो । सो वि सुरो होऊणं, चविओ जाओ य सिरिकण्ठो ॥ ६३ ॥
बन्धवनेहेण तओ, इन्दो अप्पाणयं पयरिसन्तो । सिरिकण्ठबोहणत्थं, गओ य नन्दीसरं दीवं ॥ ६४ ॥
इन्दस्स दरिसणेणं, तुज्झ पिया सुमरिऊण परजम्मं । पडिबुद्धो पवइओ, एयं ते परिफुडं कहियं ॥ ६५ ॥
राया वि वज्जकण्ठो, पुत्तं इन्दाउहप्पभं रज्जे । ठविऊण य निक्खन्तो, पत्तो हियइच्छियं ठाणं ॥ ६६ ॥
इन्दाउहप्पभस्स वि, इन्दामयनन्दणो समुप्पन्नो । तस्स वि मरुयकुमारो, मरुयस्स वि मन्दरो पुत्तो ॥ ६७ ॥
मन्दरनराहिवस्स वि, पवणगई खेयराहिवो जाओ । पवणगइस्स[1] वि पुत्तो, रविप्पभो चेव उप्पन्नो ॥ ६८ ॥
जाओ रविप्पभस्स वि, राया अमरप्पभो महासत्तो । परिणेइ गुणवई सो, तिकूडसामिस्स वरधूयं ॥ ६९ ॥
वत्ते चिय वीवाहे, पेच्छइ सा तेहि तत्थ आलिहिए । वरकणयचुण्णकविले, पवङ्गमे दीहणङ्गूले ॥ ७० ॥
अह ते घोरायारे, भीया दट्ठूण गुणवई सहसा । अमरप्पभं पवन्ना, कम्पन्ती अङ्गमङ्गेसु ॥ ७१ ॥
अमरप्पभो कुमारो, रुट्ठो जेणेएँ धरणिपट्टम्मि । लिहिया वाणर अहमा, तस्स फुडं निग्गहं काहं ॥ ७२ ॥

---

करूँगा कि जिससे दूसरे भवमें नन्दीश्वरद्वीपके दर्शन मुझे हो सके ।' (५८) इस तरह सोचकर वह धीर पुरुष अपने नगरमें वापस आया और वज्रकण्ठ नामक अपने पुत्रको राज्यपर अभिषिक्त करके उसने दीक्षा ली । (५९)

वानर वंशकी उत्पत्ति

तत्पश्चात् एक दिन वज्रकण्ठ राजाने पिताका वृत्तान्त पूछा । इसपर साधुने कहा कि पूर्वकालमें दो सहोदर वणिक थे । (६०) साथमें रहते हुए दोनों भाइयोंको युवतियोंकी प्रीतिने अलगकर दिया । छोटा भाई मिथ्यात्वी हुआ, जब कि बड़ा भाई श्रावक हुआ । (६१) वहाँ राजाके समक्ष ही छोटे भाईने एक पुरुषको मारा । उसको बचाकर बड़े भाईने धन दिया । (६२) छोटे भाईको इस प्रकार उपशान्त करके बड़ा भाई इन्द्ररूपसे उत्पन्न हुआ । वह छोटा भाई भी देवरूपसे जन्म लेकर तथा वहाँसे च्युत होकर श्रीकण्ठ हुआ । (६३) बादमें भातृस्नेहवश इन्द्र श्रीकण्ठके बोधके लिए अपना उत्कर्ष दिखाता हुआ नन्दीश्वरद्वीपकी ओर गया । (६४) इन्द्रके दर्शनसे तुम्हारे पिताको पूर्वजन्म याद हो आया । वह प्रतिबुद्ध हुआ और दीक्षा अंगीकार की ।' इस तरह मैंने तुम्हें विस्तारसे यह वृत्तान्त कह सुनाया । (६५) वज्रकण्ठ राजा भी इन्द्रायुधप्रभ नामके अपने पुत्रको राज्य देकर निकल पड़ा अर्थात् दीक्षा ली और हृदयमें अभीप्सित ऐसा स्थान प्राप्त किया । (६६) इन्द्रायुधप्रभको भी इन्द्रमत नामका एक पुत्र हुआ । उसका मरुत्कुमार तथा मरुत्कुमारका मन्दर नामका पुत्र हुआ । (६७) मन्दर राजाका पवनगति नामका पुत्र विद्याधर राजा हुआ । पवनगतिका पुत्र रविप्रभ हुआ । (६८) रविप्रभका अमरप्रभ नामका पुत्र महासमर्थ राजा हुआ । उसने त्रिकूटस्वामीकी उत्तम कन्या गुणवतीके साथ विवाह किया । (६९) विवाहविधि सम्पन्न होनेपर उस कन्याने विद्याधरियों द्वारा चित्रित उत्तम सोनेके चूर्णसे मटमैले रंगके तथा लम्बी पूँछवाले बन्दर देखे । (७०) भयंकर आकृतिवाले उन बन्दरोंको देखकर एकदम सहमी हुई और इसलिये जिसका प्रत्येक अंग काँप रहा है ऐसी वह गुणवती अमरप्रभके पास गई । (७१) अमरप्रभ कुमारने क्रुद्ध होकर कहा कि जिसने पृथ्वीपर इन अधम वानरोंको चित्रित किया है उसको बराबर शिक्षा करूँगा । (७२) इसपर विविध कलाओं तथा शास्त्रोंमें कुशल मंत्रीने मधुरवचनसे कहा कि—

---

१. वि ताहे रवि—प्रत्य० ।

विविहकला-ऽऽगमकुसलो, मन्ती तं भणइ महुरवयणेहिं । तं कारणं सुणिज्जउ, जेणेऍ पवङ्गमा लिहिया ॥ ७३ ॥
पुवं पहाणपुरिसो, सिरिकण्ठो नाम आसि विक्खाओ । अमरपुरसरिससोहं, किक्किन्धिपुरं कयं जेण ॥ ७४ ॥
तेणं चिय पढमयरं, आहाराईसु पवरपीईए । घेत्तूण बन्धवा इव, देवब्भूया परिट्ठविया ॥ ७५ ॥
तत्तो पभूइ जे वि हु, कुल-वंसे नरवई समुप्पन्ना । ताणं पि मङ्गलत्थं, तित्थं चिय वाणरा जाया ॥ ७६ ॥
जेणं परंपराए, तुम्ह कुले वाणरा परिट्ठविया । तेणं इमे नराहिव! आलिहिया मङ्गलनिमित्तं ॥ ७७ ॥
जं जस्स हवइ निययं, कुलोचियं मङ्गलं मणूसस्स । तं तस्स कीरमाणं, करेइ सुहसंपयं विउलं ॥ ७८ ॥
एवं सुणित्तु वयणं, भणइ निवो किं इमे धरणिपट्टे । आलिहिया कुलजेट्ठा!, पाएसु जणेण छिप्पन्ति ॥ ७९ ॥
छत्तेसु तोरणेसु य, धएसु पासायसिहर-मउडेसु । काऊण रयणघडिए, ठावेह पवङ्गमे सिग्घं ॥ ८० ॥
एवं च भणियमेत्ते, छत्ताइ विणिम्मिया मणिविचित्ता । वाणरविविहायारा, दिसासु सव्वासु पज्जत्ता ॥ ८१ ॥
अह अन्नया कयाई, राया अमरप्पभो य वेयड्ढे । जिणिऊण रिउ नियत्तो, भुञ्जइ रज्जं महाभोगं ॥ ८२ ॥
अमरप्पभस्स पुत्तो, नामेण कइद्धओ समुप्पन्नो । तस्स वि य हवइ भज्जा, सिरिप्पभा रूवसंपन्ना ॥ ८३ ॥
रिक्खरओ य अइबलो, गयणाणन्दो य खेयरनरिन्दो । गिरिनन्दो वि य एए, अन्नोन्नसुयाऽऽणुपुव्वीए ॥ ८४ ॥
एवं अणेयसंखा, वोलीणा वाणराहिवा वीरा । काऊण जिणवरतवं, सकम्मजणियं गया ठाणं ॥ ८५ ॥
जं जस्स हवइ निययं, नरस्स लोगम्मि लक्खणावयवं । तं तस्स होइ नामं, गुणेहि गुणपच्चयनिमित्तं ॥ ८६ ॥
खग्गेण खग्गधारी, धणुहेण धणुद्धरो पडेण पडी । आसेण आसवारो, हत्थारोहो य हत्थीणं ॥ ८७ ॥
इक्खूण य इक्खागो, जाओ विज्जाहराण विज्जाए । तह वाणराण वंसो, वाणरचिन्धेण निव्वडिओ ॥ ८८ ॥

---

'जिसलिए ये बन्दर चित्रित किये गए हैं उसका कारण आप सुनें। (७३) पूर्वकालमें श्रीकण्ठ नामका एक विख्यात प्रधानपुरुष हो चुका है जिसने अलकानगरीके समान शोभावाली किष्किन्धि नामकी नगरी बसाई थी। (७४) उसीने सर्वप्रथम देवके जैसे अद्भुत इन्हें पकड़कर बान्धवोंकी भाँति आहार आदि कार्योंमें अत्यन्त प्रेमपूर्वक नियुक्त किया था। (७५) तबसे लेकर आपके वंशमें जो कोई भी राजा हुआ उसके मंगलके लिए ये तीर्थरूप अर्थात् पवित्र माने जाते हैं। (७६) चूँकि परम्परासे आपके कुलमें वानरोंकी स्थापना होती रही है, अतएव, हे राजन्! मंगलके लिए इन वानरोंका चित्रण किया गया है। (७७) जिस मनुष्यका अपनी कुल परम्पराके अनुसार जो मंगल आचार होता है, उसके करनेसे वह विपुल समृद्धि प्रदान करता है।' (७८) ऐसा कथन सुनकर राजाने कहा कि—इन कुलज्येष्ठोंका आलेखन ज़मीनपर क्यों किया जाता है? लोग पैरोंसे इन्हें कुचलते हैं। (७९) अतः रत्नोंसे इन बन्दरोंका आलेखन करके छातोंमें, तोरणोंमें, ध्वजाओंपर, महलोंके शिखर तथा मुकुटोंमें इनकी स्थापना करो।' (८०) इस प्रकार कहनेपर सब दिशाओंमें—चारों ओर बन्दरोंके विविध आकारोंसे युक्त तथा मणियोंसे शोभित काफ़ी छाते आदि बनाये गए। (८१)

बादमें अमरप्रभ राजा वैताढ्य पर्वतमें शत्रुओंको जीतकर वापस लौटा और अत्यन्त समृद्ध राज्यका उपभोग करने लगा। (८२) अमरप्रभको कपिध्वज नामका पुत्र हुआ। उसकी भार्या श्रीप्रभा भी रूपवती थी। (८३) उसके पश्चात् क्रमशः ऋक्षराज, अतिबल, गगनानन्द, खेचरनरेन्द्र और गिरिनन्द ये एक दूसरेके पुत्र हुए। (८४) इस प्रकार वीर वानर राजाओंकी अनेक संख्या व्यतीत हुई। वे जिनवर द्वारा उपदिष्ट तप करके अपने-अपने कर्मजन्य स्थान पर अर्थात् स्वर्ग अथवा मोक्षमें गये। (८५) इस लोकमें जिसका जो नियत लक्षण (चिह्न) होता है वह, उसके गुणोंकी पहचानके लिये, उसका नाम हो जाता है। (८६) जिस तरह खड्गसे खड्गधारी, धनुषसे धनुर्धारी, पटसे पटी (कपड़ावाला), घोड़ेसे घुड़सवार, हाथीसे हस्तिपक (हाथीका महावत), इक्षुसे इक्ष्वाकु तथा विद्यासे विद्याधर वंश होता है, उसी तरह वानरके चिह्न से वानरोंका वंश अभिव्यक्त होता है। (८६-८८) चूँकि वानरके चिह्नसे लोगोंने छत्र आदि चिह्नित किये थे, इसलिये वे

वाणरचिन्धेण इमे, छत्ताइ निवेसिया कई जेण । विज्जाहरा जणेणं, वुच्चन्ति हु वाणरा तेणं ॥ ८९ ॥
सेयंसस्स भयवओ, जिणन्तरे तह य वासुपुज्जस्स । अमरप्पभेण एयं, वाणरचिन्धं परिट्ठवियं ॥ ९० ॥
अन्ने वि एवमाई, विज्जाहरपत्थिवा महासत्ता । सेवन्ति पुवचरियं, किक्किन्धिपुरे जहिच्छाए ॥ ९१ ॥
एवं वाणरवंसस्स संभवो नरवई! समक्खाओ । अन्नं चिय संबन्धं, सुणाहि एत्तो पयत्तेण ॥ ९२ ॥
राया महोयहिरवो, किक्किन्धिपुरुत्तमे कुणइ रज्जं । विज्जुप्पभाएँ सहिओ, सुरलोगगओ सुरवरो व ॥ ९३ ॥
अट्ठुत्तरं सयं से, पुत्ताणं सुरकुमारसरिसाणं । बलदप्पगबियाणं, पडिवक्खगइन्दसीहाणं ॥ ९४ ॥
मुणिसुवयस्स तित्थं, तइया वट्टइ भवोहमहणस्स । विज्जाहर-सुर-नरवइ-ससि-सूरसमच्चियकमस्स ॥ ९५ ॥
लङ्कापुरीएँ सामी, तडिकेसो नाम नरवई[1] तइया । रक्खसवंसुब्भूओ, भुञ्जइ रज्जं महाभोगं ॥ ९६ ॥
दोण्हं पि ताण एक्कं, अच्चन्तसिणेहनिब्भरं हिययं । नवरं पुणाइ[2] देहं, अन्नोन्नं केवलं जायं ॥ ९७ ॥
नाऊण वि तडिकेसं, पवइयं सवसङ्गओमुक्कं । राया महोयहिरवो, सो वि य दिक्खं समणुपत्तो ॥ ९८ ॥
अह भणइ मगहराया, तडिकेसो कम्मि कारणनिमित्ते । पवइओ खायजसो? कहेह भयवं! परिफुडं मे ॥ ९९ ॥
तो भणइ गणहरिन्दो, तडिकेसो सुणसु पउमउज्जाणे । अन्तेउरेण सहिओ, रमिऊण सयं समाढत्तो ॥ १०० ॥
वरबउल-तिलय-चम्पय-असोग-पुन्नाग-नागसुसमिद्धे । नन्दणवणे व सक्को, सुरवहुयासहगओ रमइ ॥ १०१ ॥
अह कोलणसत्ताए, सिरिचन्दाए पवंगमो सहसा । पडिओ य तीएँ उवरिं, नहेहि फाडेइ थणकलसे ॥ १०२ ॥

---

विद्याधर वानर कहलाये । ( ८९ ) भगवान् श्रेयांसनाथ तथा जिनेश्वर वासुपूज्य स्वामीके बीचके समयमें अमरप्रभने वानर-चिह्नकी स्थापना की । ( ९० ) किष्किन्धि नगरीमें दूसरे भी जो महासत्त्वशाली विद्याधर हुए वे सभी पूर्वपुरुषके चरितका स्वेच्छापूर्वक आचरण करते हैं । ( ९१ ) हे राजन्! इस प्रकार वानरवंशकी उत्पत्तिके बारेमें मैंने कहा । दूसरे सम्बन्धके बारेमें तुम ध्यानपूर्वक सुनो । ( ९२ )

देवलोकमें रहनेवाले देवकी भाँति किष्किन्धि नामकी उत्तम नगरीमें राजा महोदधिरव विद्युत्प्रभाके साथ राज्य करता था । ( ९३ ) उसके देवकुमारके सदृश सुन्दर, बल एवं दर्पसे गर्वित तथा शत्रुरूपी हाथियोंके लिये सिंहतुल्य एक सौ आठ पुत्र थे । ( ९४ ) संसार रूपी समुद्रका मन्थन करनेवाले, तथा विद्याधर, देव, राजा, चन्द्र और सूर्य जिनके चरणोंकी पूजा करते हैं ऐसे मुनिसुव्रत स्वामीका शासन उस समय प्रवर्तित था । ( ९५ ) उस समय लंकापुरीका स्वामी और राक्षसवंशमें उत्पन्न तडित्केशी नामका राजा अतिविशाल राज्यका उपभोग करता था । ( ९६ ) अत्यन्त स्नेहसे भरा हुआ उन ( महोदधिरव तथा तडित्केशी ) दोनोंका हृदय एक था । एक दूसरेका शरीर ही सिर्फ अलग-अलग था । ( ९७ ) सर्व प्रकारकी आसक्तिसे मुक्त होकर तडित्केशी प्रव्रजित हुआ है ऐसा जानकर महोदधिरवने भी दीक्षा अंगीकार की । ( ९८ )

तडित्केशीके दीक्षा अङ्गीकार करनेका कारण :—

इसपर मगधराज श्रेणिकने पूछा—'हे भगवन्! ख्यातयश तडित्केशीने किसलिए दीक्षा ली, इसके बारेमें आप मुझे विशेष स्पष्ट रूपसे कहें?' (९९) तब गणधरोंमें इन्द्रतुल्य गौतम स्वामीने कहा—'सुनो! एक दिन अपने अन्तःपुरके साथ तडित्केशी पद्मोद्यानमें क्रीड़ा करनेके लिये गया । (१००) सुन्दर बकुल, तिलक, चम्पक, अशोक, पुन्नाग, एवं नाग नामक वृक्षोंसे समृद्ध नन्दनवनमें देवकन्याओंके साथ इन्द्र जिस प्रकार क्रीड़ा करता है, उस प्रकार वह वहाँ क्रीड़ा करने लगा । (१०१) क्रीड़ामें आसक्त श्रीचन्द्रा रानीके ऊपर एक बन्दर सहसा गिरा और नखोंसे उसके दोनों स्तन फाड़ डाले । (१०२) अपनी इस प्रकार आहत प्रियाको देखकर कलश जैसे बड़े स्तनोंका विदारण करके रुधिर बहानेवाले उस बन्दरको

---

१. पुनः । २. भिन्नम् ।

दट्ठूण पणइणी सो, थणकलसुब्भिन्नरुहिरविच्छड्डं । राया वि हु तडिकेसो, बाणेण पवंगमं हणइ ॥ १०३ ॥
गाढप्पहरपरद्धो, मुच्छावसवेम्भलो[1] पलायन्तो । पडिओ साहुसयासे, पवंगमो थोवजीयासो[2] ॥ १०४ ॥
अह पञ्चनमोक्कारो, दिन्नो से साहुणाऽणुकम्पाए । मरिऊण समुप्पन्नो, उदहिकुमारो भवणवासी ॥ १०५ ॥
सरिऊण पुवजम्मं, उदहिकुमारो तुरन्तमणवेगो । पत्तो उज्जाणवरे, नियसरीरस्स पूयत्थे ॥ १०६ ॥
दट्ठूण वाणरगणे, सवत्तो खेयरेहि हम्मन्ते । अह कुणइ महाघोरे, पवंगमे जल-थला-ऽऽयासे ॥ १०७ ॥
केएत्थ सिलाहत्था, अवरे गिरि-विविहरुक्खहत्था य । बुक्कारवं करेन्ता, हणन्ति चलणेण महिवट्टं ॥ १०८ ॥
दट्ठूण वाणरगणे, तडिकेसो भणइ महुरवयणेहिं । को एस महासत्तो, जस्स इमं चेट्ठियं सहसा ? ॥ १०९ ॥
जो सो तुमे नराहिव ! सरेण भिन्नो पवंगमो मरिउं । सो साहुपभावेणं, उदहिकुमारो अहं जाओ ॥ ११० ॥
लङ्काहिवो पवुत्तो, उदहिकुमारं मणोहरगिराए । तं खमसु मज्झ सव्वं, अमुणियधम्मस्स पावस्स ॥ १११ ॥
अह ते दोण्णि वि समयं, बन्धवनेहेण मुणिवरसयासं । गन्तूण पणमिऊण य, साहुं पुच्छन्ति जिणधम्मं ॥ ११२ ॥
साहूण वि ते भणिया, मज्झ गुरू चिट्ठए समासन्ने । सन्तेण तेण तुब्भं, कहऽहं साहेमि वो धम्मं ? ॥ ११३ ॥
जो गुरवे साहीणे, धम्मं साहेइ पोढबुद्धीए । सो पवयणपब्भट्ठो, भण्णइ अच्चासणासीलो ॥ ११४ ॥
ते दो वि तेण नीया, नमिऊण गुरुं तहिं चिय निविट्ठा । पुच्छन्ति मुणिवरं ते भयवं ! साहेह[3] को धम्मो ! ॥ ११५ ॥
जं तेहि पुच्छिओ सो कहेइ धम्मं मुणी महाघोसो । जह वरहिणेहि घुट्ठं, नवपाउसमेहसङ्काए ॥ ११६ ॥

---

राजा तडित्केशीने बाणसे आहत किया । (१०३) तडित्केशी द्वारा किये गए गाढ़ प्रहारके कारण अत्यन्त पीड़ित और इसीलिए मूर्च्छावश व्याकुल वह बन्दर जीवनकी अल्प आशा रहनेसे एक मुनिके पास जा गिरा । (१०४) उस साधुने अनुकम्पावश पंचनमस्कार सुनाया । मरकर वह उदधिकुमार नामका भवनवासी देव हुआ । (१०५) अपने पूर्वजन्मका स्मरण करके मनकी भाँति वेगशील वह उदधिकुमार तुरन्त उस उद्यानमें अपने शरीरकी पूजाके लिए आया । (१०६) चारों ओर विद्याधरों द्वारा मारे जाते वानरगणको देखकर उसने जल, स्थल एवं आकाशमें अत्यन्त भयंकर वानरोंकी रचना की । (१०७) कई बन्दरोंके हाथोंमें शिलाएँ थीं तो दूसरेके हाथोंमें पर्वतपर उगे हुए विविध वृक्ष थे । वे गर्जना कर रहे थे और अपने पैरोंसे जमीन ठोक रहे थे । (१०८) वानरोंके समूहोंको देखकर तडित्केशीने मीठे शब्दोंमें पूछा कि जिसने अकस्मात् ऐसी चेष्टा की है, ऐसा यह महासमर्थ व्यक्ति कौन है । (१०९) इसपर उसने कहा कि, हे नराधिप ! आपने बाणसे जिस बन्दरको आहत किया था, वह मैं मरकर एक साधुके प्रभावसे उदधिकुमार हुआ हूँ । (११०) यह सुनकर लंकानरेश मनोहर वाणीमें उदधिकुमारसे कहने लगा कि धर्म एवं पापसे अनभिज्ञ मेरे सब अपराध तुम क्षमा करो । (१११) इसके पश्चात् वे दोनों साथ ही बान्धवोचित प्रेमके साथ मुनिवरके पास गए और वन्दन करके उनसे जिनधर्मके बारेमें पूछने लगे । (११२) इसपर साधुने उनसे कहा कि मेरे गुरु पासमें ही स्थित हैं । उनके रहते हुए मैं तुम्हें धर्मका उपदेश कैसे दे सकता हूँ ? (११३) जो गुरुसे स्वाधीन होकर अपनी प्रगल्भ बुद्धिसे धर्मका उपदेश देता है वह पेटू, जिनशासनसे पतित कहा जाता है । (११४) वह साधु उन दोनोंको अपने गुरुके समीप ले गया । गुरुको नमस्कार करके वे वहीं बैठे । बादमें उन्होंने मुनिवरसे पूछा कि भगवन् ! धर्म क्या है वह आप कहें ? (११५)

इस प्रकार उनके पूछनेपर महाघोष मुनि, वर्षाकालमें नये-नये बादलोंकी आशंकासे मोर के केकारव के समान मधुर स्वरसे धर्मका उपदेश देने लगे । (११६)

मुनिवर द्वारा दिया गया धर्मोपदेश परमार्थके विस्तारको न जाननेवाले तथा आरम्भ-परिग्रहमें रत कोई कोई मनुष्य

---

१. विह्वलः । २. स्तोकजीविताशः । ३. साहेहि मे धम्मं—प्रत्य० ।

धर्मः तत्फलं च—

एक्के भणन्ति धम्मं, अमुणियपरमत्थवित्थया पुरिसा । न य जाणन्ति विसेसं, आरम्भ-परिग्गहेसु रया ॥ ११७ ॥
सायार निरायारो, दुविहो धम्मो जिणेहि उवइट्ठो । मन्नन्ति जे हु तइयं, दट्ठा ते मोहजलणेणं ॥ ११८ ॥
पढममहिंसा सच्चं, अदत्तदाणं (दत्तादाणं) तहेव नायव्वं । परदारस्स य विरई, संतोसो ऽणुव्वया पञ्च ॥ ११९ ॥
छट्ठं च राइभत्तं, गुणव्वया तिण्णि चेव नायव्वा । चत्तारि य सिक्खाओ, गिहत्थधम्मो हवइ एसो ॥ १२० ॥
अणगारमहरिसीणं, सुद्धो धम्मो पओगनिप्फण्णो । पञ्चमहव्वयकलिओ, पञ्च य समिईं तिगुत्तो य ॥ १२१ ॥
गच्छन्ति देवलोगं, पुरिसा सायारधम्मलद्धपहा । भुञ्जन्ति पवरसोक्खं, अच्छरसामज्झयारगया ॥ १२२ ॥
महरिसिधम्मेण पुणो, अबाबाहं सुहं अणोवमियं । पावन्ति समणसीहा, विसुद्धभावा नरा जे उ ॥ १२३ ॥
सावयधम्मुब्भूया, देवा चविऊण माणुसे लोए । समणत्तणेण मोक्खं, तिसु दोसु भवेसु वच्चन्ति ॥ १२४ ॥
जे वि हु तवं विगिट्ठं, करेन्ति अन्नाणिणो परं मूढा । तह वि य किंकरवग्गा, हवन्ति अप्पिड्ढिया देवा ॥ १२५ ॥
तत्तो चुया समाणा, संसारे बहुविहासु जोणीसु । दुक्खाइँ अणुहवन्ता, अणेयकालं परिभमन्ति ॥ १२६ ॥
वह-बन्ध-वेह-मारण-ताडण-निब्भच्छणाइबहुदोसं । दुक्खं तिरिक्खजीवा, अणुहवमाणा य अच्छन्ति ॥ १२७ ॥
नरएसु वि नेरइया, फुलिङ्गजालाउले महादुक्खं । अच्छन्ति अणुहवन्ता, पुव्वं काऊण पावाइं ॥ १२८ ॥
करवत्त-जन्त-सामलि-असिवत्तावडण-कुम्भिपाएसु । एएसु चेव जीवा, महन्तदुक्खाइँ पावन्ति ॥ १२९ ॥
जह नयरम्मि पविट्ठो, मूढो परिभमइ मग्गनासम्मि । तह धम्मेण विरहिओ, हिण्डइ जीवो वि संसारे ॥ १३० ॥

---

धर्मका उपदेश तो देते हैं, पर धर्मके बारेमें विशेष कुछ नहीं जानते । (११७) जिनेश्वरदेवने सागार (गृहस्थका) तथा अनगार (साधुका) ऐसा दो प्रकारका धर्म कहा है, किन्तु जो तीसरी[1] तरहका धर्म मानते हैं वे तो मोहरूपी अग्निसे दग्ध हैं । (११८) प्रथम अहिंसा, दूसरा सत्य, तीसरा दत्तादान (अचौर्य), चौथा परदारविरति (ब्रह्मचर्य), पाँचवाँ सन्तोष ये पाँच अणुव्रत तथा छठा रात्रिभोजनका त्याग, इनके अतिरिक्त तीन गुणव्रत तथा चार शिक्षाव्रत—ये सब गृहस्थधर्म हैं। (११९-१२०) गृहत्यागी महर्षियोंका धर्म शुद्ध एवं प्रयोगसिद्ध है । वह पाँच महाव्रत, पाँच समिति और तीन गुप्तिसे युक्त है । (१२१) सागार (गृहस्थ) के धर्ममार्गका अनुसरण करनेवाले पुरुष देवलोकमें जाते हैं और अप्सराओंके बीचमें रहकर परम सुखका अनुभव करते हैं । (१२२) जो विशुद्धभाववाले मनुष्य हैं तथा सिंह जैसे पराक्रमी साधु हैं, वे महर्षि-धर्मका आचरण करके अव्याबाध एवं अनुपम सुख (मोक्ष) प्राप्त करते हैं । (१२३) श्रावकधर्मका आचरण करनेसे जो देव होते हैं वे मनुष्य लोकमें श्रमणत्व अंगीकार करके दो या तीन भवमें मोक्ष प्राप्त करते हैं । (१२४) अज्ञानी एवं अति मूढ़ मनुष्य यदि उत्कृष्ट तप करे तो भी वे दास वर्गके तथा अल्प ऋद्धिवाले देव होते हैं । (१२५) वहाँसे च्युत होनेपर संसारमें अनेकविध योनियोंमें दुःखका अनुभव करते हुए वे परिभ्रमण करते हैं । (१२६) तिर्यंच जातिके जीव वध, बन्धन, छेद, मारण, ताडन तथा तिरस्कार आदि अनेकविध कष्टोंका अनुभव करते हैं। (१२७) पूर्व जन्ममें पाप करके नरकोंमें गये हुए नारकीलोग अग्निकी ज्वालासे व्याकुल होकर घोर दुःखका अनुभव करते हैं । (१२८) करवत, यंत्र (कोल्हू आदि), शाल्मलि (सेमलका वृक्ष) के तलवार जैसे पत्तोंके गिरनेसे तथा कुम्भिपाक (घड़ेके आकार जैसे पात्रमें पकना) आदिसे जीव बड़ा भारी दुःख पाते हैं । (१२९) जिस तरह नगरमें प्रविष्ट होनेपर भी मार्गभ्रष्ट मूढ़ मनुष्य भटकता रहता है उसी तरह धर्मसे रहित जीव भी संसारमें भटकता रहता है ।' (१३०)

---

१. गृहस्थ एवं अनगार इन दो तरहके धर्मोंको न मानकर जो एकमात्र गृहस्थ धर्मको ही अथवा चतुराश्रममूलक—जिसमें वानप्रस्थ जीवनका भी समावेश होता है—धर्म-व्यवस्थाको मानते हैं, अथवा किसी दूसरी व्यवस्थाको मानते हैं, तो उसका निषेध इससे सूचित होता है ।

ते दो वि तग्गयमणा, मुणिवरमुहकमलनिग्गयं धम्मं । सुणिऊण नियचरियं, पुच्छन्ति पुणो पयत्तेणं ॥ १३१ ॥
जइ एव धम्मरहिओ, जीवो परिभमइ दीहसंसारे । तो कह पुणाइ अम्हे, एत्थं परिहिण्डिया भयवं ! ॥ १३२ ॥
अह साहिउं पवत्तो, पुबभवं मुणिवरो महुरभासी । सुणह इओ एगमणा, कहेमि तुज्झं समासेणं ॥ १३३ ॥
एयम्मि परिभमन्ता, पुरिसा संसारमण्डले घोरे । घायन्ति एक्कमेक्कं, दोण्णि वि मोहाणुभावेणं ॥ १३४ ॥
अह कम्मनिज्जराए, दोण्णि वि पुरिसा तओ समुप्पन्ना । वाणारसीऍ एक्को, जाओ वाहो महापावो ॥ १३५ ॥
सावत्थीनयरीए, बीओ वि हु मन्तिनन्दणो जाओ । दत्तो नामेण तओ, पवइओ जायसंवेगो ॥ १३६ ॥
विहरन्तो संपत्तो, कासिपुरे सुत्थिए वरुज्जाणे । तसपाण-जन्तुरहिए, तत्थ ठिओ झाणजोएणं ॥ १३७ ॥
लोगो वि पूयणत्थं, सम्मद्दिट्ठी समागओ तस्स । भावेण विणयपणओ, पयाहिणं कुणइ परितुट्ठो ॥ १३८ ॥
झाणोवओगजुत्तं, वाहो दट्ठूण फरुसवयणेहिं । सत्थेसु कुणइ तिबं, विहीसियं तस्स दुट्ठप्पा ॥ १३९ ॥
अवसउणो य अलज्जो, पारद्धीफन्दियस्स जाओ मे । तिबं अमङ्गलं चिय, धणु पहरन्तो समुग्गिरइ ॥ १४० ॥
साहू वि झाणजुत्तो, एवं चिन्तेइ तत्थ हियएणं । चूरेमि पावकम्मं मुट्ठिपहाराहयं सन्तं ॥ १४१ ॥
तव-संजमेण पुबं, लन्तगजोगं समज्जियं कम्मं । झाणस्सऽकुसलयाए, जोइसवासित्तणं पत्तं ॥ १४२ ॥
तत्तो चुओ समाणो, इह तडिकेसो तुमं समुप्पन्नो । वाहो वि परिभमित्ता, संसारे वाणरो जाओ ॥ १४३ ॥
जो सो बाणेण हओ, तडिकेस ! तुमे पवंगमो मरिउं । सो साहुपभावेणं, उदहिकुमारो समुप्पन्नो ॥ १४४ ॥

---

तडित्केशी तथा महोदधिरवके पूर्वजन्मका वृत्तान्त :—

हे भगवन् ! यदि धर्मरहित जीव दीर्घ संसारमें परिभ्रमण करता है तो फिर इस संसारमें किस तरह हम दोनों भटकते रहे हैं ? —इसके बारेमें आप कहें । (१३१) मुनिमें ही जिनका मन लगा हुआ है ऐसे वे दोनों मुनिवरके मुखकमलसे निकले हुए धर्मको सुनकर अपने-अपने चरितके बारेमें आग्रहसे पूछने लगे । (१३२) मधुरभाषी मुनिवर उन्हें पूर्वभव कहनेके लिये प्रवृत्त हुए । उन्होंने कहा कि मैं तुम्हें तुम्हारे पूर्व जन्मके बारेमें संक्षेपसे कहता हूँ, अतः तुम ध्यानपूर्वक सुनो । (१३३) इस घोर संसार-मण्डलमें भटकते हुए तुम दोनों पुरुष मोहवश एक दूसरेका घात करते थे । (१३४) कर्मकी निर्जरा (क्षय) के लिए तुम दोनों पुरुषोंमेंसे एक वाराणसीमें महापापी व्याध हुआ । दूसरा श्रावस्ती नगरीमें दत्त नामका एक मंत्री-पुत्र हुआ । वैराग्य उत्पन्न होनेपर उसने प्रव्रज्या अंगीकार की । (१३५-१३६) विहार करता हुआ वह काशी नगरीमें आया और सुस्थित नामक उत्तम उद्यानके त्रस एवं स्थावर जन्तुओंसे रहित प्रदेशमें ध्यान करने लगा । (१३७) उसकी पूजाके लिये सम्यग्दृष्टि लोग वहां आये और विनयपूर्वक वन्दन करके हर्षित होकर भावपूर्वक प्रदक्षिणा करने लगे । (१३८) उस मुनिको ध्यानमें लीन देखकर वह दुष्टात्मा व्याध कठोर वचनोंसे तथा तीव्र शब्दोंसे भयभीत करनेकी चेष्टा करने लगा । (१३९) धनुषसे प्रहार करता हुआ वह कहने लगा कि 'शिकारके लिये निकले हुए मेरे लिए यह निर्लज्ज अपशकुन और घोर अमंगलरूप हुआ है ।' (१४०) पीडित होनेपर भी ध्यानलीन वह साधु अपने मनमें सोचता था कि मुक्कोंके प्रहारसे मैं अपने अशुभ कर्मोंका क्षय कर रहा हूँ । (१४१) तप एवं संयम द्वारा लान्तक नामक स्वर्गकी प्राप्तिके योग्य उपार्जित कर्मको अकुशल ध्यानके कारण[२] उसने ज्योतिष्क देवभावके योग्य कर्ममें परिवर्तित कर दिया । (१४२) वहाँसे च्युत होनेपर तुम तडित्केशी हुए हो । वह व्याध भी संसारमें परिभ्रमण करते-करते बन्दर हुआ । (१४३) हे तडित्केशी ! तुमने बाणसे जो बन्दर मारा था वह साधुके प्रभावसे उदधिकुमारके रूपसे उत्पन्न हुआ है । (१४४)

---

१. ठाण जोएणं—प्रत्य० । २. रविषेणने पद्मपुराण (६-३२३) में कलुषता शब्दका प्रयोग किया है ।

एयं मुणित्तु चरियं, परिचयह पुणब्भवेसु जं वत्तं । मा पुणरवि संसारं, वेरनिमित्तेण परिभमह ॥ १४५ ॥
मोत्तूण पुव्ववेरं, पणमह मुणिसुव्वयं पयत्तेणं । तो अरय-विरय-विमलं. सिवसुहवासं समज्जेह ॥ १४६ ॥
खामेऊण य एत्तो, उदहिकुमारो गओ नियभवणं । तडिकेसो वि य गिण्हइ, मुणिवरपासम्मि पवज्जं ॥ १४७ ॥
तस्स य गुणेहि सरिसो, पुत्तो लङ्काहिवो सुकेसो त्ति । एकन्तसुहसमिद्धं, भुञ्जइ रज्जं महाभोगं ॥ १४८ ॥
काऊण तवमुयारं, सम्मं आराहिऊण कालगओ । तडिकेससमणसीहो देवो जाओ महिड्ढीओ ॥ १४९ ॥
एत्थन्तरे महप्पा, किक्किन्धिपुराहिवो कुणइ रज्जं । राया महोयहिरवो, ताव य विज्जाहरो पत्तो ॥ १५० ॥
अह तेण तक्खणं चिय, तडिकेसनिवेयणे समक्खाए । राया महोयहिरवो, तक्खणमेत्तेण संविग्गो ॥ १५१ ॥
अहिसिञ्चिऊण पुत्तं, पडिइन्दं रज्जभरधुराहारं । राया महोयहिरवो, पवइओ जातसंवेगो ॥ १५२ ॥
झाणगइन्दारूढो, तवतिक्खसरेण निहयकम्मरिऊ । निक्कण्टयमणुकूलं, सिद्धिपुरिं पत्थिओ धीरो ॥ १५३ ॥
पडिइन्दो वि य राया, पुत्तं किक्किन्धिनामधेयं सो । अहिसिञ्चिऊण रज्जे, दिक्खं जिणदेसियं पत्तो ॥ १५४ ॥
चारित्त-नाण-दंसण-विसुद्धसम्मत्तलद्धमाहप्पो । काऊण तवमुयारं, सिवमयलमणुत्तरं पत्तो ॥ १५५ ॥
एत्थन्तरे नराहिव, वेयड्ढे दक्खिणिल्लसेढीए । विज्जाहराण नयरं, रहनेउरचक्कवालपुरं ॥ १५६ ॥
तत्थेव असणिवेगो, राया विज्जाहराण सव्वेसिं । पुत्तो य विजयसीहो, बीओ पुण विज्जुवेगो त्ति ॥ १५७ ॥
आइच्चपुराहिवई, मन्दरमालि त्ति नाम विक्खाओ । भज्जा से वेगवई, तीएँ सुया नाम सिरिमाला ॥ १५८ ॥
तीएँ सयंवरत्थं, विज्जाहरपत्थिवा समाहूया । आगन्तूण य तो ते, मञ्चेसु ठिया य सव्वे वि ॥ १५९ ॥

---

इस प्रकार अपना पूर्ववृत्तान्त जानकर पूर्व भवमें जो कुछ हुआ था उसे छोड़ दो और वैरके कारण पुनः संसारमें परिभ्रमण मत करो। (१४५) पहलेके वैर-भावका त्याग करके श्रद्धापूर्वक मुनिसुव्रत स्वामीको वन्दन करोगे तो कर्ममलसे रहित शिवसुख मोक्षस्थान प्राप्त होगा। (१४६) इस प्रकार मुनिके उपदेश देनेपर उदधिकुमार क्षमायाचना करके अपने निवास-स्थानकी ओर गया। तडित्केशीने भी मुनिके पास दीक्षा ग्रहण की। (१४७) गुणोंमें उसके समान उसका पुत्र सुकेश लंकाका राजा हुआ। वह एकान्त सुखसे समृद्ध उस विशाल राज्यका उपभोग करने लगा। (१४८) उग्र तप तथा सम्यक् आराधना करके तडित्केशी श्रमण महान् ऋद्धिवाला देव हुआ। (१४९)।

इस बीच किष्किन्धि नगरीमें महात्मा महोदधिरव नामका राजा राज्यकर रहा था। उसके समक्ष एक विद्याधर आया। (१५०) उसने आते ही तडित्केशीका निवेदन कह सुनाया। उसे सुनते ही राजा महोदधिरवको वैराग्य उत्पन्न हुआ। (१५१) राज्यके भारकी धुराका वहन करनेमें समर्थ अपने पुत्र प्रतीन्द्रको राजगद्दीपर बिठाकर विरक्त राजा महोदधिरवने प्रव्रज्या अंगीकार की। (१५२) ध्यानरूपी हाथीके ऊपर आरूढ़ उसने तपरूपी तीक्ष्ण बाणसे कर्मरूपी शत्रुओंको मारकर निष्कंटक एवं अनुकूल सिद्धिरूपी नगरीकी ओर प्रस्थान किया। (१५३) प्रतीन्द्र राजाने भी किष्किन्धि नामक पुत्रको राज्यपर अभिषिक्त करके जिनोपदिष्ट दीक्षा अंगीकार की। (१५४) चारित्र, ज्ञान एवं दर्शन तथा विशुद्ध सम्यक्त्वसे गौरवान्वित उसने उग्र तप करके निर्मल एवं अनुत्तर ऐसा शिवपद प्राप्त किया। (१५५)

श्रीमालाके स्वयम्वर तथा युद्धका वर्णन—

हे राजन्! इसी समय वैताढ्य पर्वतकी ओर दक्षिण श्रेणीमें विद्याधरोंका रथनूपुर नामक एक नगर था। (१५६) वहाँ अशनिवेग नामका सभी विद्याधरोंका एक राजा राज्य करता था। उसका एक पुत्र विजयसिंह तथा दूसरा विद्युद्वेग था। (१५७) उधर आदित्यपुरमें मन्दरमाली नामका एक विख्यात राजा था। उसकी पत्नीका नाम वेगवती तथा पुत्रीका नाम श्रीमाला था। (१५८) उसके स्वयंवरके लिए विद्याधर राजा बुलाये गये। वे सब आकरके मंचों पर बैठे। (१५९)

सबम्मि सुपडिउत्ते सिरिमालाभरणभूसियसरीरा । वरजुवइ-मन्तिसहिया, रायसमुद्दं समोइण्णा ॥ १६० ॥
पासेसु चामराई, उवरिं पडिपुण्णनिम्मलं छत्तं । पुरओ य नन्दितूरं, घणगुरुगम्भीरसद्दालं ॥ १६१ ॥
दट्ठूण तीएँ रूवं, जोवण-लायण्ण-कन्तिसंपुण्णं । वम्महसरेसु भिन्ना, बहवे आयलयं पत्ता ॥ १६२ ॥
केई भणन्ति एवं, कस्सेसा ललियजोवणापुण्णा । होही वरकल्लाणी, रूवपडाया इमा महिला ॥ १६३ ॥
अन्ने भणन्ति पुवं, जेण तवो सुविउलो समणुचिण्णो । तस्सेसा वरमहिला, होही कम्माणुभावेणं ॥ १६४ ॥
सवत्थसत्थकुसला, नामेण सुमङ्गला भणइ धाई । निसुणेहि कहिज्जन्ते, सिरिमाले खेयरनरिन्दे ॥ १६५ ॥
जो एस विउलवच्छो, धीरो रविकुण्डलो कुमारवरो । ससिकुण्डलस्स पुत्तो, तडिप्पभागब्भसंभूओ ॥ १६६ ॥
अम्बरतिलयाहिवई, वरेसु एयं मणस्स जइ इट्ठो । माणेहि सुरयसोक्खं, मयणेण समं रई चेव ॥ १६७ ॥
अन्नो वि एस सुन्दरि, लच्छीविज्जंगयस्स वरपुत्तो । रयणपुरस्स य सामी, नामं विज्जासमुग्घाओ ॥ १६८ ॥
एयस्स पासलग्गो, वज्जसिरीगब्भसंभवो एसो । वज्जाउहस्स पुत्तो, वज्जाउहपञ्जरो नामं ॥ १६९ ॥
अह मेरुदत्तपुत्तो, सिरिरम्भागब्भसंभवो एसो । मन्दरकुञ्जाहिवई, नामेण पुरंदरो राया ॥ १७० ॥
माणसवेगस्स सुओ, वेगवईनन्दणो वरकुमारो । नागपुरसामिओ सो, पवणगई नाम विक्खाओ ॥ १७१ ॥
एए अन्ने य बहू, सिरिमाले! पेच्छ खेयरनरिन्दे । कुल-विभव-रूव-जोवण-विज्जासयरिद्धिसंपन्ने ॥ १७२ ॥
एयाण नरवईणं, जो सो हिययस्स वल्लहो तुज्झं । तस्स य करेहि वरतणु! मालं कण्ठम्मि सिरिमाले! ॥ १७३ ॥
अवलोइऊण सबे, विज्जाहरपत्थिवे पयत्तेणं । बालाएँ मणभिरामा, किक्किन्धि पाविया दिट्ठी ॥ १७४ ॥
हंसगइगमणमणहर-लीलाए कविवरस्स गन्तूणं । सा छेयसिप्पियकया, माला कण्ठम्मि ओलइया ॥ १७५ ॥

सब भलीभांति व्यवस्थित हो जाने पर आभरणोंसे अलंकृत शरीरवाली तथा सुन्दर युवती सखियोंके साथ श्रीमाला राजाओंरूपी समुद्रमें अवतीर्ण हुई। (१६०) उसकी दोनों ओर चँवर डुलाए जा रहे थे, ऊपर विशाल एवं निर्मल छत्र था, आगे मेघके समान अतिगम्भीर शब्द करनेवाले मंगलवाद्य बज रहे थे। (१६१) यौवन एवं लावण्यकी कान्तिसे परिपूर्ण उसका रूप देखकर मन्मथके बाणोंसे विद्ध बहुतसे राजा बेचैनी महसूस करने लगे। (१६२) उनमेंसे कुछ कहने लगे कि ललित यौवनसे पूर्ण तथा स्त्रियोंकी रूपपताका जैसी यह कल्याणी किसकी पत्नी होगी? (१६३) तो दूसरे कहने लगे कि पूर्वभवमें जिसने खूब तप किया होगा उसीको कर्मके फलस्वरूप यह उत्तम महिला प्राप्त होगी। (१६४) सभी अर्थ एवं शास्त्रोंमें कुशल सुमंगला नामकी धात्रीने कहा—'हे श्रीमाले! अब मैं इन विद्याधर राजाओंके विषयमें कहती हूँ, उसे तुम ध्यानपूर्वक सुनो। (१६५) यह जो विशाल छातीवाला तथा धीर रविकुण्डल नामका कुमार है वह तडित्प्रभाके गर्भसे उत्पन्न हुआ है और शशिकुण्डलका पुत्र है। (१६६) यदि तुम्हारे मनको यह अम्बरतिलकका अधिपति (अर्थात् रविकुण्डल) इष्ट प्रतीत होता हो तो तुम इसका वरण करो और मदनके साथ रतिकी भांति सुरत-सुखका अनुभव करो। (१६७) हे सुन्दरि! यह दूसरा लक्ष्मी एवं विद्यांगदका विद्यासमुद्घात नामका पुत्र है और रत्नपुरका स्वामी है। (१६८) इसके समीपमें जो अवस्थित है यह वज्रश्रीके गर्भसे उत्पन्न तथा वज्रायुधका पुत्र है। इसका नाम वज्रायुधपंजर है। (१६९) श्रीरम्भाके गर्भसे उत्पन्न तथा मेरुदत्तका पुत्र और मन्दरकुंजाधिपति यह पुरन्दर नामका राजा है। (१७०) मानसवेग और वेगवतीका पुत्र तथा नागपुरका प्रख्यात राजा यह पवनगति है। (१७१) हे श्रीमाले! इन तथा कुल, वैभव, रूप, यौवन, विद्या, भाव एवं ऋद्धिसे सम्पन्न दूसरे बहुतसे विद्याधर राजाओंको तुम देखो। (१७२) हे वरतनु श्रीमाले! इन राजाओंमेंसे जो तुम्हें प्रिय हो उसके गलेमें माला डालो। (१७३) सब विद्याधर राजाओंको बराबर ध्यानसे देखकर उस कन्याकी मनोरम दृष्टि किष्किन्धि पर ठहरी। (१७४) निपुण शिल्पी द्वारा निर्मित उसने हंसकी गतिके समान मनोहर लीलाके साथ कपिवर किष्किन्धिके पास जाकर उसके गलेमें माला आरोपित की। (१७५)

१. सरोगताम्। २. तस्स करेहि तणुम्मि मालं—प्रत्य०। ३. कपिवरस्य।

दट्ठूण विजयसीहो, किक्किन्धि कुसुममालकयकण्ठं । रुट्ठो पवंगमाणं, आभासइ उच्चकण्ठेणं ॥ १७६ ॥
न य एत्थ नन्दणवणं, फलाउलं नेव निज्झरा रम्मा[1] । न य वाणराण वन्दं, जेणेत्थ पवंगमा पत्ता ॥ १७७ ॥
जेणेते दुरायारा, आणीया वाणरा इहं पावा । दूयाहमस्स सिग्घं, तस्स फुडं निग्गहं काहं ॥ १७८ ॥
सोऊण वयणमेयं, गय-तुरयसमोत्थरन्तपाइक्कं । खुहियं पवंगमबलं, सागरसलिलं व उच्छलियं ॥ १७९ ॥
करपीणसमुप्फोडण-बुक्कारव-तुरयहिंसियरवेणं । बहिरीकयं व नज्जइ, भुवणमिणं तूरसद्देणं ॥ १८० ॥
आलग्गा पवरभडा, विज्जाहरपत्थिवेहि सह जुज्झं । असि-कणय-चक्क-तोमर-घणपहरणपडणसुसमिद्धं ॥ १८१ ॥
हत्थी हत्थीण समं, अब्भिट्ठो रहवरो सह रहेणं । तुरएण सह तुरङ्गो, पाइक्को सह पयत्थेणं[2] ॥ १८२ ॥
खेयर-पवंगमाणं, वट्टन्ते भेरवे महाजुज्झे । ताव य किक्किन्धिसही, सुकेसिराया समणुपत्तो ॥ १८३ ॥
तो सो महोरगो इव, रक्खसनाहो उवट्ठिओ पुरओ । विज्जाहरेहि समयं, जुज्झइ पसरन्तबलनिवहो ॥ १८४ ॥
एत्थन्तरम्मि जुज्झं, आवडियं दारुणं वरभडाणं । विच्छूढघायपउरं, अन्धयवर-विजयसीहाणं ॥ १८५ ॥
अन्धकुमारेण तओ, किक्किन्धिसहोयरेण रणमज्झे । छिन्नं च असिवरेणं, सीसं चिय विजयसीहस्स ॥ १८६ ॥
सोऊण पुत्तमरणं, वज्जेण व ताडिओ असणिवेगो । परिदेविउं पयत्तो, सोगमहासागरे पडिओ ॥ १८७ ॥
वहिऊण विजयसीहं, पवंगमा रक्खसा य बलसहिया । आगासगमणदच्छा, किक्किन्धिपुरं समणुपत्ता ॥ १८८ ॥
राया वि असणिवेगो, सोगं मोत्तूण रोसपज्जलिओ । अह ताण मग्गलग्गो, समागओ सो वि किक्किन्धिं ॥ १८९ ॥
सोऊण असणिवेगं, समागयं रणपयण्डसोडीरं । वाणरसुहडाऽभिमुहा, विणिग्गया रक्खसभडा य ॥ १९० ॥

---

पुष्पमालासे शोभित कण्ठवाले किष्किन्धिको देखकर गुस्सेमें आया हुआ विजयसिंह जोरोंसे चिल्लाकर वानरोंसे कहने लगा कि यहाँ पर न तो फलसे भरा पूरा नन्दनवन है, न सुन्दर झरने हैं और न बन्दरियोंके समूह ही हैं जिससे यहाँ तुम सब बन्दर इकट्ठे हुए हो। ( १७६-१७७ ) जो दुराचारी, पापी और अधम दूत यहाँ बन्दरोंको लाया है उसे मैं शीघ्र ही योग्य दण्ड दूंगा। ( १७८ ) विजयसिंहका ऐसा कहना सुनकर हाथी, घोड़े, रथ एवं पैदल सैनिकोंसे युक्त वानरोंकी क्षुब्ध सेना सागरके जलकी भाँति उछलने लगी। ( १७९ ) मांसल सूंढ़ोंके आस्फालन व गर्जारवसे तथा घोड़ोंकी हिनहिनाहट और युद्धवाद्योंकी ध्वनिसे यह संसार मानो बधिर बना दिया गया हो ऐसा ज्ञात होता था। ( १८० ) विद्याधर राजाओंके साथ तलवार, पत्थर, चक्र, तोमर ( बाण-विशेष ), हथौड़े और अस्त्रोंके प्रहारसे युक्त युद्ध करनेमें बड़े-बड़े सुभट जुट गये। ( १८१ ) हाथीके साथ हाथी, रथके साथ रथ, घोड़ेके साथ घोड़े और पैदलके साथ पैदल भिड़ गये। ( १८२ ) जब विद्याधर एवं वानरोंका ऐसा भयंकर महायुद्ध हो रहा था तब किष्किन्धिका मित्र सुकेशिराजा आ पहुँचा। ( १८३ ) वह राक्षसनाथ बड़े भारी नागकी भाँति सामने उपस्थित हुआ और विस्तृत सैन्यसमूहसे युक्त हो विद्याधरोंके साथ लड़ने लगा। ( १८४ ) इधर अत्यन्त शूरवीर अन्धकवर तथा विजयसिंह के बीच एक दूसरे पर फेंके जानेवाले प्रहरणोंसे व्याप्त दारुण युद्ध होने लगा। ( १८५ ) तब किष्किन्धिके सहोदर भाई अन्धककुमारने युद्धक्षेत्रमें तलवारसे विजयसिंहका सिर काट डाला। ( १८६ ) अपने पुत्रके मरणका वृत्तान्त सुनकर शोकसागरमें डूबे हुए अशनिवेग पर मानो बिजल गिरी हो इस तरह वह रुदन करने लगा। ( १८७ ) विजयसिंहका बध करनेके अनन्तर आकाशमार्गसे गमन करनेमें दक्ष वानर व राक्षस अपनी अपनी सेनाके साथ किष्किन्धिपुरमें आ पहुँचे। ( १८८ ) गुस्सेसे जले भुने अशनिवेग राजाने भी शोकका परित्याग करके उनका पीछा पकड़ा और किष्किन्धि नगरीमें आ धमका। ( १८९ ) युद्धभूमिमें प्रचण्ड शौर्य दिखानेवाले अशनिवेगका आगमन सुनकर वानरों व राक्षसोंके सुभट उसका सामना करनेके लिए निकल पड़े। ( १९० ) तलवार, पत्थर, कुल्हाड़े तथा पट्टिस ( शस्त्र विशेष ) के एक दूसरे साथ टकरानेसे एवं एक दूसरेके ऊपर वार करनेसे प्रज्वलित-सा प्रतीत होनेवाला

---

१ निज्झराऽऽरामा—प्रत्य०। २. पदत्थेन।

असि-कणय-परसु-पट्टिस-संघट्टुट्टन्तघायपज्जलियं । बहुभडजीयन्तकरं, जुज्झं अइदारुणं लग्गं ॥ १९१ ॥
उग्गिण्णखमाहत्थो, संपत्तो अन्धओ असणिवेगं । किक्किन्धी वि रणमुहे, आभिट्टो विज्जुवेगस्स ॥ १९२ ॥
निहओ अन्धकुमारो, चंडक्कवेगेण समरमज्झम्मि । वोच्छिन्नजीवियासो, रणरसपरिमुक्कवावारो ॥ १९३ ॥
किक्किन्धिनरवईण वि, कढिणसिला गिण्हिऊण विक्खित्ता । वच्छत्थलम्मि विउले, पडिया सा विज्जुवेगस्स ॥ १९४ ॥
सो असणिवेगपुत्तो, तं चेव सिलं महन्त-वित्थिण्णं । पेसेइ पडिपहेणं, वाणरनाहस्स आरुट्ठो ॥ १९५ ॥
नग-नयर-गोउरसमे, पडिया वच्छत्थले सिला सिग्घं । तेण पहरेण पत्तो, किक्किन्धिनराहिवो मोहं ॥ १९६ ॥
लङ्काहिवेण घेत्तुं, नीओ पायालपुरवराभिमुहो । आसत्थो च्चिय पुच्छइ, कत्तो सो अन्धयकुमारो ? ॥ १९७ ॥
सिट्ठं च निरवसेसं, सो तुज्झ सहोयरो समरमज्झे । राया ऽसणिवेगहओ, पत्तो य रणे महानिद्दं ॥ १९८ ॥
सोऊण वयणमेयं, सत्तिपहारोवमं अकण्णसुहं । मुच्छावलन्तनयणो, धस त्ति धरणीयले पडिओ ॥ १९९ ॥
चन्दणजलोल्लियङ्गो, पडिबुद्धो विलविऊणमाढत्तो । नाणाविहे पलावे, भाइविओगाउरो कुणइ ॥ २०० ॥
तो विलविऊण बहुयं, सुकेसि किक्किन्धिसाहणसमग्गो । पायालंकारपुरं, सिग्घं पत्ता भउब्विग्गा ॥ २०१ ॥
अह पविसिऊण नयरे, कञ्चणवररयणतुङ्गपायारे । अच्छन्ति बन्धुसहिया, पमोयसोगं च वहमाणा ॥ २०२ ॥
अह अन्नया कयाई, इन्दधणुं पेच्छिउं विलिज्जन्तं । सो असणिवेगराया, संवेगपरायणो जाओ ॥ २०३ ॥
विसयसुहमोहिओ हं, लद्धूण वि माणुसत्तणं पावो । धम्मचरणाइरेगं, संजममग्गं न य पवन्नो ॥ २०४ ॥
अहिसिञ्चिऊण रज्जे, सहसारं सबसुन्दरं पुत्तं । तडिवेगेण समाणं, जाओ समणो समियपावो ॥ २०५ ॥

---

तथा बहुतसे सुभटोंके जीवनका अन्त करनेवाला अतिभयंकर युद्ध होने लगा। ( १९१ ) हाथमें तलवार ऊपर उठाकर अन्धक अशनिवेगकी ओर झपटा तो किष्किन्धि भी युद्धमें विद्युद्वेगके साथ भिड़ गया। ( १९२ ) चण्डार्कवेगने युद्धमें अन्धककुमारको मार डाला। जीवनकी आशा नष्ट होने पर युद्धरसका व्यापार उसने छोड़ दिया। ( १९३ ) किष्किन्धिराजने भी एक कठोर शिला उठाकर फेंकी। वह विद्युद्वेगके विशाल वक्षस्थल पर जा गिरी। ( १९४ ) अशनिवेगके पुत्र विद्युद्वेगने गुस्सेमें आकर वह बड़ी और विशाल शिला वापस वानरनाथके ऊपर फेंकी। ( १९५ ) फौरन ही वह शिला उसके पर्वत एवं नगरके गोपुरके समान विशाल व दृढ़ वक्षस्थलके ऊपर गिरी। शिलाके इस प्रहारसे किष्किन्धि नगरीका राजा बेहोश हो गया। ( १९६ ) लंकाका राजा उसे उठाकर पातालपुरमें लाया। होशमें आने पर उसने पूछा कि अन्धककुमार कहाँ है ? ( १९७ ) लंकाधिपने समग्र वृत्तान्त कह सुनाया कि समरभूमिमें अशनिवेग द्वारा आहत तुम्हारा भाई वहाँ सदाके लिये सो गया है। ( १९८ ) शक्तिकी चोट सरीखे तथा कानोंके लिये असुखकर ये वचन सुनकर जिसकी आँखें घूम रही हैं ऐसा वह मूर्च्छित होकर धम् करके जमीन पर गिर पड़ा। ( १९९ ) चन्दन जल छाँटने पर होशमें आया हुआ वह विलाप करने लगा और भाईके वियोगसे दुःखी हो अनेक प्रकारके प्रलाप करने लगा। ( २०० ) इस प्रकार बहुत विलाप करनेके पश्चात् भयसे उद्विग्न सुकेशी किष्किन्धिके समग्र सैन्यके साथ पातालालंकारपुर नामक नगरमें जल्दी ही आ पहुँचा। ( २०१ ) स्वर्ण एवं उत्तम रत्नोंसे युक्त उन्नत प्राकारवाले उस नगरमें प्रवेश करके बन्धु सहित वे प्रमोद एवं शोकको धारण करके रहने लगे। ( २०२ )

इसके बाद एक दिन मेघधनुषको विलीन होते देख अशनिवेग राजा वैराग्ययुक्त हुआ। ( २०३ ) वह सोचने लगा कि मनुष्य जन्म प्राप्त करके भी विषयसुखमें मूढ़ पापी मैंने न तो अतिशय धर्माचरण ही किया और न संयममार्गका ही अवलम्बन लिया। ( २०४ ) इस तरह सोचकर सब लोगोंकी अपेक्षा सुन्दर अपने सहस्रार नामके पुत्रको राज्य पर अभिषिक्त करके तडिद्वेगके साथ वह पापोंको शान्त करनेवाला श्रमण हुआ। ( २०५ ) इस बीच अशनिवेग द्वारा स्थापित तथा

---

१. अशनिवेगेन।

एत्थन्तरम्मि लङ्कं, भुञ्जइ निग्घायदाणवो सूरो । पडिवक्खअगणियभओ, जो ठविओ असणिवेगेणं ॥ २०६ ॥
अह अन्नया कयाई, पायालपुराउ वन्दणाहेउं । सिरिमालासन्निहिओ, किक्किन्धी पत्थिओ मेरुं ॥ २०७ ॥
सो वन्दिउं नियत्तो, दक्खिणभाए समुद्दतीरत्थं । महुपवयं महन्तं, पेच्छइ घणसामलायारं ॥ २०८ ॥
अह पेच्छ पेच्छ सुन्दरि! घणतरु वरकुसुम-पल्लवसणाहं । गुमुगुमुगुमेन्तमहुयर, सवत्तो सुरहिगन्धड्ढं ॥ २०९ ॥
एयं मोत्तूण गिरिं, न मणो मज्झं समुच्छहइ गन्तुं । नयरं सुरपुरसरिसं, करेमि एत्थं न संदेहो ॥ २१० ॥
भणिऊण वयणमेयं, तो चडिओ पवयस्स सिहरम्मि । पायार-भवणसोहं, सिग्घं च निवेसियं नयरं ॥ २११ ॥
अह नियनामसरिसं, तेण कयं महियलम्मि विक्खायं । सुरपुरसोभायारं, किक्किन्धिपुरं ति नामेणं ॥ २१२ ॥
सो तत्थ बन्धुसहिओ, अणेयसामन्तपणयचलणजुओ । भुञ्जइ रायवरसिरिं, सम्मद्दिट्ठी जिणमयम्मि ॥ २१३ ॥
चन्द-दिवायरसरिसा, सिरिमालाए सुया समुप्पन्ना । पढमो आइच्चरओ, रिक्खरओ होइ बीओ य ॥ २१४ ॥
धूया य सूरकमला, जाया वरकमलकोमलसरीरा । कमलद्दहवत्थवा, कमलसिरी चेव पच्चक्खा ॥ २१५ ॥
रयणपुरम्मि य नयरे, मेरुमहानरवइस्स भज्जाए । जाओ य माहवीए, मयारिदमणो वरकुमारो ॥ २१६ ॥
दिन्ना य सूरकमला, मयारिदमणस्स वाणरिन्देणं । वत्तं पाणिग्गहणं, किक्किन्धिपुरे अणन्नसमं ॥ २१७ ॥
अह कण्णपवओवरिं, नयरं चिय कण्णकुण्डलं तेणं । विणिवेसियं महन्तं, सुरपुरसोहं विडम्बन्तं ॥ २१८ ॥
पायालंकारपुरे, इन्दाणीगब्भसंभवा तइया । जाया सुकेसपुत्ता, देवकुमारा इव सुरूवा ॥ २१९ ॥
पढमेत्थ होइ माली, तह य सुमालि त्ति नाम विक्खाओ । तइओ य मालवन्तो, अमरकुमारोवमसिरीओ ॥ २२० ॥
पत्ता सरीरविद्धिं, विज्जाबल-दप्पगविया जाया । कीलन्ति जहिच्छाए, काणण-वणरम्मदेसेसु ॥ २२१ ॥

---

शत्रुके भयसे अनभिज्ञ निर्घात नामक शूरवीर दानव लंकाका उपभोग करता था। ( २०६ ) एक दिन वन्दन करने के लिये श्रीमालाके साथ किष्किन्धिने पातालपुरसे निकल कर मेरुकी ओर प्रस्थान किया। ( २०७ ) वन्दन करके वापस लौटते समय मार्गमें उसने दक्षिण भागके समुद्रके किनारे पर आये हुए बड़े भारी तथा बादलके समान श्याम वर्णवाले मधुपर्वतको देखा। ( २०८ ) उसने कहा—हे सुन्दरि! भौंरे जिस पर गुनगुना रहे हैं ऐसे उत्तम पुष्प एवं पल्लवोंसे युक्त घने पेड़ोंसे आच्छादित तथा सुगन्धसे व्याप्त इस पर्वतको तुम देखो। ( २०९ ) इस पर्वतको छोड़कर मेरा मन अन्यत्र जानेको उत्साहित नहीं होता। इसमें सन्देह नहीं है कि मैं यहाँ पर सुरपुर अलकाके समान नगर बसाऊँगा। ( २१० ) ऐसे वचन कह कर वह उस पर्वतके शिखर पर चढ़ा और शीघ्र ही किले व मकानोंसे सुशोभित एक नगर बसा दिया। ( २११ ) अपने नामसे उसने पृथ्वीतल पर विख्यात तथा देवताओंके नगरकी शोभाका अनुकरण करनेवाले उस नगरका नाम किष्किन्धिपुर रखा। ( २१२ ) अनेक सामन्त जिसके चरणयुगलोंमें नमन करते हैं तथा जो जिनोपदिष्ट धर्ममें सम्यग्दृष्टि ( श्रद्धालु ) है ऐसा वह अपने बन्धुओंके साथ राजाओंके योग्य उत्तम लक्ष्मीका उपभोग करने लगा। ( २१३ ) श्रीमालाके चन्द्र एवं सूर्यके सदृश दो पुत्र हुए। पहलेका नाम आदित्यराज तथा दूसरेका नाम ऋक्षराज था। ( २१४ ) उत्तम कमलके समान कोमल शरीरवाली तथा कमलसरोवरमें निवास करनेवाली प्रत्यक्ष कमलश्री ( लक्ष्मी ) हो ऐसी सूर्यकमला नामकी एक पुत्री भी थी। ( २१५ )

रत्नपुर नगरमें मेरु नामके महाराजाकी पत्नी माधवीसे उत्पन्न मृगारिदमन नामक एक पुत्र था। ( २१६ ) वानरराजने मृगारिदमनको सूर्यकमला दी। किष्किन्धिनगरमें उनका अद्वितीय पाणिग्रहण समारोह हुआ। ( २१७ ) कर्ण पर्वतके ऊपर उसने एक बड़ा भारी और सुरपुरकी शोभाका भी तिरस्कार करनेवाला कर्णपुर नामका नगर बसाया। ( २१८ ) पातालालंकारपुरमें सुकेशके इन्द्राणीके गर्भसे देवकुमारोंके समान सुन्दर रूपवाले पुत्र हुए। ( २१९ ) पहलेका नाम माली, दूसरेका सुमाली तथा देवकुमारोंके सदृश शोभावाले तीसरेका नाम माल्यवान् था। ( २२० ) बड़े होने पर विद्या बल एवं दर्पसे गर्वित वे कुमार वन एवं उपवनों रम्य प्रदेशोंमें इच्छानुसार क्रीड़ा करने लगे। ( २२१ ) 'दक्षिण दिशामें मत जाना,

अह ते चवलकुमारा, जं तेण निवारिया सुकेसेणं । मा जाह दक्खिणदिसिं, अन्नत्तो रमह वीसत्था ॥ २२२ ॥
परिपुच्छिओ नरिन्दो, विणयं काऊण तेहि परमत्थं । परिकहइ जहावत्तं, लङ्कापुरिमाइयं सबं ॥ २२३ ॥
नयरीएँ तीएँ सामी, निग्घाओ नाम दाणवो वसइ । अगणियपडिवक्खभओ, ठविओ सो असणिवेगेणं ॥ २२४ ॥
अम्हं परंपराए, सा नयरी आगया गुणसमिद्धा । तस्स भएण विमुक्का, पुत्तय! अच्चन्तरमणिज्जा ॥ २२५ ॥
जन्ताणि तेण नियय, सबत्तो विरइयाइँ पावेणं । मारन्ति जाइँ पुत्तय, लोयं भीमेण रूवेण ॥ २२६ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, रुट्ठा विज्जासु लद्धमाहप्पा । अह ते कुमारसीहा, पायालपुराउ निप्फिडिया ॥ २२७ ॥
चउरङ्गबलसमग्गा[1], सिग्घं उप्पइय अम्बरतलेणं । हन्तूण जन्तनिवहं, लङ्कानयरी समणुपत्ता ॥ २२८ ॥
सोऊण रक्खसभडे, निग्घाओ निग्गओ सं[2]वडहुत्तो । असि-कणय-किरणपउरो, दिवायरो चेव पज्जलिओ ॥ २२९ ॥
गयमेहकण्णपवणो, मयबिन्दुझरन्तसलिलसंघाओ । असिविज्जुलाउलपरो, सहसा रणपाउसो जाओ ॥ २३० ॥
अन्नोन्नरहसपसरिय-फलउक्कासन्निहेहि सत्थेहिं । दोसु वि बलेसु सुहडा, जुज्झन्ति विमुक्कजीयासा ॥ २३१ ॥
निग्घाओ वि हु माली, आवडिया दो वि रणमुहे सुहडा । मुचन्ताऽऽउहनिवहं, असुरा इव दप्पिया सूरा ॥ २३२ ॥
एयारिसम्मि जुज्झे वट्टन्ते उभयलोगसंघट्टे । मालिभडेण य पहओ, निग्घाओ पाविओ मरणं ॥ २३३ ॥
नाऊण नियसेन्नं, निग्घायं मारियं समरमज्झे । भग्गं भयाउलमणं, जह वेयड्ढं समणुपत्तं ॥ २३४ ॥
तो पडह-भेरि-झल्लरि-जयसद्दुग्घुट्ठमङ्गलरवेणं । लङ्कापुरिं पविट्ठो, माली सह बन्धुवग्गेणं ॥ २३५ ॥
पिइ-माइ-सयणसहिओ, परियणपसरन्तभोगवित्थारं । निक्कण्टयमणुकूलं, भुञ्जइ रज्जं गुणसमिद्धं ॥ २३६ ॥

---

अन्यत्र विश्वस्त होकर खेल सकते हो'—इस प्रकार सुकेश द्वारा वे चंचलकुमार रोके गये। ( २२२ ) इस पर उन्होंने विनयपूर्वक राजासे पूछा कि लंकापुरी आदि सबके बारेमें जो जैसा हुआ हो वह आप हमें यथार्थ रूपसे कहें। ( २२३ ) इस पर उसने कहा कि उस नगरीमें अशनिवेग द्वारा प्रतिष्ठित और शत्रुओंके भयकी बिलकुल परवाह न करनेवाला निर्घात नामका एक दानव रहता है। ( २२४ ) वह नगरी कुलपरम्परासे गुणोंसे समृद्ध तथा अत्यन्त रमणीय हमारी थी, किन्तु उसके भयसे, हे पुत्रो! हमने उसका त्याग कर दिया है। ( २२५ ) हे पुत्रो! पापी और भयंकर रूपवाले उसने चारों ओर यंत्र लगा दिये हैं जो लोगोंको मार डालते हैं।' ( २२६ ) ऐसा कथन सुनकर विद्याओंमें महत्ता-प्राप्त वे सिंह जैसे कुमार पातालपुरसे बाहर निकले। ( २२७ ) चतुरंग सेनाके साथ आकाशमार्गसे उड़कर और यंत्रोंके समूहको तहसनहस करके वे शीघ्र ही लंकापुरीमें आ पहुँचे। ( २२८ ) उनका आगमन सुनकर राक्षस योद्धा तथा तलवार एवं बाणोंसे निकलनेवाली किरणोंसे व्याप्त निर्घात प्रज्वलित सूर्यकी भाँति सामना करनेके लिए बाहर निकले। ( २२९ ) जिस तरह वर्षाकालमें बादल छाये होते हैं, पवन बहता है, पानी बरसता है और बिजली चमकती है, उसी तरह वह रणभूमि भी एकदम हाथी रूपी बादल, कानकी फड़फड़ाहटसे उत्पन्न पवन, मदबिन्दुके झरनेरूपी पानीसे युक्त तथा तलवाररूपी बिजलीसे व्याप्त हो गई। ( २३० ) एक दूसरेके ऊपर वेगसे फेंके गए बाणोंके अग्रभागमेंसे निकलनेवाली उल्काके जैसे शस्त्रोंसे दोनों सेनाओंके सुभट जीनेकी आशा छोड़कर जूझ पड़े। ( २३१ ) दर्पित देव एवं दानवोंकी भाँति निर्घात और माली दोनों सुभट आयुधोंका एक दूसरे पर प्रहार करते हुए रणक्षेत्रमें भिड़ गये। ( २३२ ) दोनों तरफके लोगोंके संघर्षसे युक्त ऐसा युद्ध जब चल रहा था तब माली सुभटसे चोट खाया हुआ निर्घात मर गया। ( २३३ ) युद्धमें निर्घात मारा गया है ऐसा जान कर उसकी सेनाके पैर उखड़ गये और मनमें भयसे व्याकुल होकर वैताढ्यमें पहुँच गई। ( २३४ ) इसके पश्चात् ढोल, भेरि, झालर तथा 'जय' शब्दसे उद्घोषित मंगल-ध्वनिके साथ मालीने अपने बन्धुवर्गके सहित लंकापुरीमें प्रवेश किया। ( २३५ ) पिता-माता एवं स्वजन सहित वह परिजन तक फैले हुए भोगविस्तारवाले गुणसमृद्ध राज्यका निष्कण्टक तथा अनुकूल उपभोग करने लगा। (२३६)

---

१. समिद्धा—प्रत्य०। २. अभिमुखम्।

एत्तो हेमङ्गपुरे, भोगवईगब्भसंभवा कन्ना । हिमरायस्स य दुहिया, चन्दमई नाम नामेणं ॥ २३७ ॥
मालिकुमारेण तओ, परिणीया सा महाविभूईए । जा नियरूवजोव्वण-गुणेहि दूरं समुव्वहइ ॥ २३८ ॥
पीइंकरस्स दुहिया, पीइमइसमुब्भवा विसालच्छी । पीइपुरम्मि जाया, पीइमहा सुन्दरी नाम ॥ २३९ ॥
सा वि हु सुमालिभज्जा, जाया अच्चन्तसुन्दरावयवा । लक्खणगुणोववेया, रूवेण रई विसेसेइ ॥ २४० ॥
कणयसिरीकणयसुया, कन्ना कणयावलि त्ति कणयपुरे । तं चेव मालवन्तो, परिणेइ गुणाहियं लोए ॥ २४१ ॥
जुवइसहस्ससमग्गो, संपत्तो उभयसेढिसामित्तं । आणाविसालमउलं, भुञ्जइ माली महारज्जं ॥ २४२ ॥
एयम्मि देसयाले, सुकेसि-किक्किन्धिजणियसंवेगा । पवइया खायजसा, पवंगमा रक्खसभडा य ॥ २४३ ॥
तवचरणसमग्गा दीहकालं गमित्ता, ववगयभय-सोगा नाण-चारित्तजुत्ता ।
जणियविमलकम्मा रक्खसा वाणरा य, सिवमयलमणन्तं सिद्धिसोक्खं पवन्ना ॥ २४४ ॥

॥ इति पउमचरिए रक्खस-वाणरपव्वज्जाविहाणो नाम छट्ठो उद्देसओ समत्तो ॥

## ७. दहमुहविज्जासाहणं

एत्थन्तरम्मि राया, सहसारो नाम निग्गयपयावो । वसइ सया सुहियमणो, रहनेउरचक्कवालपुरे ॥ १ ॥
तस्स य गुणाणुरूवा, अह माणससुन्दरी पवरभज्जा । तं पेच्छिऊण राया, तणुयङ्गी पुच्छए सहसा ॥ २ ॥

---

इधर हेमांगपुर नामक नगरमें हिमराजकी पत्नी भोगवतीके गर्भसे उत्पन्न चन्द्रमती नामकी एक पुत्री थी। ( २३७ ) अपने रूप, यौवन एवं गुणोंसे दूर तक आकृष्ट करनेवाली उस कन्याके साथ मालीकुमारका बड़े भारी आडम्बरके साथ विवाह सम्पन्न हुआ। ( २३८ ) प्रियंकर राजाकी रानी प्रीतिमतीसे उत्पन्न विशाल नेत्रोंवाली प्रीतिमहा नामकी एक सुन्दर पुत्री थी। ( २३९ ) अत्यन्त सुन्दर अवयवोंवाली, शुभ लक्षण एवं गुणोंसे युक्त तथा अपने रूपके कारण रतिसे भी बढ़चढ़कर ऐसी वह सुमालीकी पत्नी हुई। ( २४० ) कनकपुरमें कनकश्री तथा कनककी कनकावली नामकी पुत्री थी। लोकमें अपने गुणोंके कारण अधिक आदरणीय उसके साथ माल्यवान्का विवाह हुआ। ( २४१ ) हजारों युवतियोंसे युक्त मालीको वैताढ्यपर्वतकी दोनों श्रेणियोंका स्वामित्व प्राप्त हुआ और इस तरह विशाल मुकुटधारी राजा जिसमें आज्ञा उठाते हैं, ऐसे महाराज्यका वह उपभोग करने लगा। ( २४२-२४३ ) तपश्चरणके साथ दीर्घकाल व्यतीत करके, भय व आसक्तिसे रहित तथा ज्ञान एवं चारित्रसे युक्त वानर एवं राक्षसोंने विमलकर्मका उपार्जन करके कल्याणकारी, अचल तथा अनन्त सिद्धि-सुख प्राप्त किया। ( २४४ )

। पद्मचरितमें राक्षस-वानर प्रवज्या विधान नामका छठा उद्देश समाप्त हुआ ।

## ७. दशमुखकी विद्या-साधना

इन्द्रका जन्म—

इस बीच जिसका प्रताप चारों ओर फैला है ऐसा सर्वदा प्रसन्न मनवाला सहस्रार नामका राजा रथनूपुर-चक्रवालपुर नामक नगरमें रहता था। ( १ ) उसकी मानससुन्दरी नामकी एक सद्गुणी पत्नी थी। उसे अकस्मात् दुर्बल

---

१. भयसंगा मु० । २. ममल मु० ।

किं अत्थि तुज्झ सुन्दरि, चिन्ता दुक्खं व दारुणं अङ्गे ? । हियइच्छियं च दवं, जं मग्गसि तं पणामेमि ॥ ३ ॥
जं एव पुच्छिया सा, पसयच्छी भणइ को वि मे एसो । जत्तो पभूइ गब्भो, संभूओ कम्मदोसेण ॥ ४ ॥
तत्तो पभूइ नरवइ !, इच्छामि सुराहिवस्स संपत्ती । दट्ठुं ते परिकहियं, मोत्तूण कुलागयं लज्जं ॥ ५ ॥
अह तेण तक्खणं चिय, विज्जाबलगविएण होऊण । इन्दस्स परमरिद्धी,परिसाई दरिसिया तीए ॥ ६ ॥
संपुण्णडोहला सा, जाया मण-नयणनिब्बुइपसत्था । काले तओ पसूया, सुरवइसरिसं वरकुमारं ॥ ७ ॥
कारावियं च सबं, जम्मूसवमङ्गलं नरवईणं । इन्दो य तस्स नामं, जणियं इन्दाभिलासेणं ॥ ८ ॥
अह सो कमेण एत्तो, जोबण-बल-विरिय-तेयमाहप्पो । विज्जाहराण राया, जाओ वेयड्ढवासीणं ॥ ९ ॥
चत्तारि लोगपाला, सत्त य अणियाइँ तिण्णि परिसाओ । एरावणो गइन्दो, वज्जं च महाउहं तस्स ॥ १० ॥
चत्तालीसं ठविया, तस्स सहस्सा हवन्ति जुवईणं । मन्ती बिहप्फई से, हरिणिगमेसी बलाणीओ ॥ ११ ॥
तो सो नमि व नज्जइ, सबेसिं खेयराण सामित्तं । कुणइ सुवीसत्थमणो, विज्जाबलगबिओ धीरो ॥ १२ ॥
लङ्काहिवो वि माली, इन्दं सोऊण खेयराणिन्दं । बल-भाइ-मित्तसहिओ, तस्सुवरिं पत्थिओ सहसा ॥ १३ ॥
गय-तुरय-वसभ-केसरि-मय-महिस-वराहवाहणारूढा । वच्चन्ति रक्खसभडा, छायन्ता अम्बरं तुरिया ॥ १४ ॥
सबत्थसत्थकुसलो, भणइ सुमाली सहोयरं जेट्ठं । एत्थं कुणहाऽऽवासं, अहव पुरिं पडिनियत्तामो ॥ १५ ॥
दीसन्ति महाघोरा, उप्पाया सउणया य विवरीया । एते कहन्ति अजयं, अम्हं नत्थेत्थ संदेहो ॥ १६ ॥
रिट्ठ-खर-तुरय-वसहा, सारस-सयवत्त-कोलुहयाईया । वासन्ति दाहिणिल्ला, एते अजयावहा अम्हं ॥ १७ ॥

शरीरवाली देखकर राजाने पूछा—'हे सुन्दरी ! तुझे क्या चिन्ता है ? और तेरे शरीरमें कौन-सा दारुण दुःख है ? मनमें जो भी ईप्सित पदार्थ हो वह तू माँग। मैं उसे अभी उपस्थित करता हूँ।' ( २-३ ) इस प्रकार पूछनेपर आँखें फैलाकर उसने कहा—'हे राजन् ! कर्मके दोषसे जबसे यह मेरे गर्भमें आया है तबसे मेरी इच्छा हो रही है कि मैं इन्द्रकी सम्पत्ति देखूँ। कुलक्रमागत लज्जाका परित्याग करके मैंने आपसे यह बात कही है। ( ४-५ ) विद्या एवं बलसे गर्वित उसने तत्क्षण इन्द्रकी परम ऋद्धि फैलाकर उसे दिखाई। ( ६ ) दोहद पूर्ण होनेपर उसके मन और नेत्र प्रशस्त स्वस्थताका अनुभव करने लगे। समय होनेपर उसने इन्द्रके तुल्य एक उत्तम कुमारको जन्म दिया। ( ७ ) राजाने जन्मोत्सवके समग्र मंगल मनाये। इन्द्रके ऐश्वर्यकी अभिलाषा हुई थी, अतः उसका नाम इन्द्र रखा गया। ( ८ ) अनुक्रमसे यौवन, बल, सामर्थ्य, तेज व बड़प्पनको प्राप्त करके वह वैताढ्यवासी विद्याधरोंका राजा हुआ। ( ९ ) चारों लोकपाल, अणिमा आदि सातों ऋद्धियाँ, तीनों परिषद्, ऐरावत हाथी, महान् आयुध वज्र, चालीस हजार स्त्रियाँ, बृहस्पति मंत्री तथा हरिणैगमेषि सेनापति—ये सब उसकी सेवामें उपस्थित थे। ( १०-११ ) इससे वह नमिकी भाँति मालूम होता था। विद्या एवं बलसे गर्वित वह धीर राजा विश्वासके साथ राज्य करता था। ( १२ )

सुमालीका इन्द्रपर आक्रमण और पराजय—

विद्याधरोंको आनन्द देनेवाले इन्द्रके बारेमें सुनकर सेना, भाई एवं मित्रोंके साथ लंकानरेश विमालीने उसके ऊपर सहसा धावा बोल दिया। ( १३ ) हाथी, घोड़े, बैल, सिंह, हरिण, भैंस, सूअर जैसे वाहनोंके ऊपर आरूढ़ राक्षस योद्धा एकदम आकाशको छाकर चल पड़े। ( १४ ) सर्व प्रकारके अस्त्र एवं शस्त्रोंमें कुशल सुमालीने अपने बड़े भाईसे कहा कि यहीं पड़ाव डालो, अथवा मैं वापस लंकानगरी लौट जाता हूँ। ( १५ ) अत्यन्त भयंकर उत्पात तथा खराब शकुन दिखाई दे रहे हैं। ये कह रहे हैं कि हमारी पराजय होगी। मुझे इसमें सन्देह नहीं है। ( १६ ) अरिष्टसूचक गदहे, घोड़े, बैल, सारस, शतपत्र ( पक्षी विशेष ), सियार आदि दक्षिण दिशामें बोल रहे हैं। ये हमारी हारके सूचक हैं। ( १७ ) यह कथन

१. संजाओ—प्रत्य० । २. खेयराणंदं—मु० ।

सोऊण वयणमेयं, माली पडिभणइ गब्बिओ हसिउं । किं दाढीभयभीओ, नियगुहं केसरी रियइ ? ॥ १८ ॥
नन्दणवणे महन्ता, जिणालया कारिया रयणचित्ता । अणुहूयं पवरसुहं, दाणं च किमिच्छियं दिन्नं ॥ १९ ॥
समलंकियं च गोत्तं, जसेण ससिकुन्दनिम्मलयरेणं । जइ होइ समरमज्झे, मरणं तो किं न पज्जत्तं ॥ २० ॥
एवं सुमालिवयणं, अवगण्णेऊण पत्थिओ माली । वेयड्ढनगवरिन्दे, रहनेउरचक्कवालपुरं ॥ २१ ॥
सोऊण रक्खसबलं, समागयं लोगपालपरिकिण्णो । एरावणमारूढो, नयराओ निग्गओ इन्दो ॥ २२ ॥
अन्नोन्नरहसपेल्लण-रहवर-गय-तुरयनिवह-पाइक्कं । निक्खमइ इन्दसेन्नं, रणरसपरिवड्ढिउच्छाहं ॥ २३ ॥
रक्खस-पवंगवीरा, सुरसेन्नं पेच्छिऊण सन्नद्धं । बाणासणी मुयन्ता, आभिट्ठा इन्दसुहडाणं ॥ २४ ॥
भज्जइ रहो रहेणं, निवडइ हत्थी समं *गयवरेणं । तुरएण समं तुरगो, पाइक्को सह पयत्थेणं ॥ २५ ॥
सर-सत्ति-बाण-मोग्गर-फलिह-सिला-सेल्लआउहसएसु । खिप्पन्तेसु समत्थं, छन्नं गयणङ्गणं सहसा ॥ २६ ॥
सुरवइभडेहि एत्तो, रणरसउच्छाहवड्ढियरसेहिं । रक्खसबलस्स पमुहं, भग्गं चिय अग्गिमं खन्धं ॥ २७ ॥
आलोडियं समत्थं, नियबलं पेच्छिऊण परिकुविओ । अह उट्ठिओ य माली, सत्थोहजलन्तपज्जलिओ ॥ २८ ॥
सर-सत्ति-खग्ग-मोग्गर-चडक्कसरिसोवमेहि पहरेहिं । भग्गं सुरिन्दसेन्नं, मालिनरिन्देण संगामे ॥ २९ ॥
दट्ठूण सवडहुत्तं, एज्जन्त रक्खसाहिवं इन्दो । सूरस्स पवओ इव, अवट्ठिओ सत्थसिहरोहो ॥ ३० ॥
इन्दस्स य मालिस्स य, दुण्ह वि जुज्झं रणे समावडियं । बलदप्पगवियाणं, रणरस कण्डू वहन्ताणं ॥ ३१ ॥
छिन्दन्ति सरेण सरं, चक्कं चक्केण लाघवकरग्गा । विज्जाबलेण दोण्णि वि, जुज्झन्ति रणे समच्छरिया ॥ ३२ ॥

---

सुनकर दर्पयुक्त माली हँसकर कहने लगा कि क्या सूअरसे भयभीत होकर सिंह कभी अपनी गुफामें भी चक्कर लगाता रहता है ? ( १८ ) हमने रत्नोंके कारण विलक्षण प्रतीत होनेवाले बड़े बड़े जिनालय नन्दनवनमें बनवाये हैं। हमने उत्तम सुख भोगा है। इच्छित दान भी क्या नहीं दिया ? हमने चन्द्रमा एवं कुन्द पुष्पसे भी अधिक निर्मल यश द्वारा गोत्रको अलंकृत किया है। यदि युद्धमें मरण हुआ, तो भी हमने क्या प्राप्त नहीं किया है ?' ( १९-२० ) इस प्रकार सुमालीके वचनकी अवगणना करके मालीने उत्तम वैताढ्यपर्वतमें आए हुए रथनूपुर नगरकी ओर प्रस्थान किया। ( २१ )

राक्षससेनाका आगमन सुनकर लोकपालोंसे घिरा हुआ इन्द्र ऐरावत हाथी पर आरूढ़ होकर नगरसे बाहर निकला। (२२) एक दूसरेसे आगे निकल जानेकी इच्छावाली तथा युद्धके रसमें बढ़े हुए उत्साहवाली इन्द्रकी रथ, हाथी, घोड़े, तथा पैदल सेना बाहर निकली। (२३) राक्षस एवं वानरोंके वीर इन्द्रके सुभटोंकी देवसेनाको तैयार देखकर बाण एवं अशनि ( वज्र अथवा शस्त्रविशेष ) फेंकने लगे। (२४) रथसे रथ तोड़ा गया, तथा हाथीसे हाथी, घोड़ेसे घोड़ा और पैदलसे पैदल गिराया गया। (२५) शर, शक्ति, बाण, मुद्गर, स्फटिक शिला, शैल तथा दूसरे सैकड़ों आयुध फेंकनेसे सारा आकाशरूपी आँगन एकदम छा गया। (२६) इस तरफ रणरसके उत्साहसे बढ़े हुए जोशवाले इन्द्रके सैनिकोंने राक्षससैन्यका प्रमुख अग्रिम भाग छिन्न-भिन्न कर दिया। (२७) अपने समग्र सैन्यको छिन्न-भिन्न देखकर माली कुपित हुआ और शस्त्र-समूहके तेजसे प्रज्वलित वह लड़नेके लिये उठ खड़ा हुआ। (२८) माली राजाने युद्धमें बाण, शक्ति, तलवार, मुद्गर तथा प्रचण्ड सूर्यके सरीखे आयुधोंसे सुरेन्द्रके सैन्यको तहस-नहस कर डाला। (२९) राक्षसराजको अपने समक्ष आते हुए देखकर शिखा तक शस्त्रोंसे ढँका हुआ इन्द्र सूर्यके पर्वतकी भांति प्रतीत होता था। (३०) बल एवं दर्पसे गर्वित तथा लड़ाईकी जिन्हें खुजलाहट हो रही है ऐसे इन्द्र एवं माली दोनोंके बीच रणभूमिमें युद्ध जम गया। (३१) हाथोंकी चपलतासे युक्त वे एक-दूसरेके बाणको बाणसे तथा चक्रको चक्रसे काटने लगे। इस तरह मत्सरयुक्त वे दोनों विद्याबलसे रणमें जूझ पड़े। (३२) इसके पश्चात् क्रोधमें आकर माली राजाने जलती हुई एक घोर शक्तिद्वारा इन्द्रके

---

१. दाढिः—शूकरः ।

घेत्तूण तो सरोसं, मालिनरिन्देण पज्जलन्तीए । पहओ निडालदेसे, इन्दो घोराएँ सत्तीए ॥ ३३ ॥
सत्तीपहरपरद्धो, इन्दो रत्तारविन्द-समछाओ । अत्थगिरिमत्थयत्थो, संझाराए दिणयरो व ॥ ३४ ॥
अमरिसवसंगएणं, रोसापूरियफुरन्तनयणेणं । चक्केण सिरं छिन्नं, मालिनरिन्दस्स इन्देणं ॥ ३५ ॥
अह पेच्छिउं सुमाली, ववगयजीयं सहोयरं समरे । मुणिऊण नयविभागं, सहसा भग्गो समरहुत्तो ॥ ३६ ॥
भग्गेण तस्स लग्गो, सोमो बलदप्पगब्बिओ सूरो । सो भिण्डमालपहओ, निहओ य सुमालिसत्थेणं ॥ ३७ ॥
मुच्छानिमीलियच्छो, जाव य सोमो चिरस्स आसत्थो । ताव य सुमालिराया, पायालपुरं समणुपत्तो ॥ ३८ ॥
रक्खसभडा पविट्ठा, पायालंकारपुरवरं तुरिया । अच्छन्ति भग्गमाणा, बीयं जम्मं व संपत्ता ॥ ३९ ॥
आसासिओ नियत्तो, सोमो पासं गओ सुरवइस्स । रहनेउरं पविट्ठो इन्दो उग्घुट्ठजयसद्दो ॥ ४० ॥
एवं जिणिऊण रणे, पडिसत्तुं सुरवई महारज्जं । भुञ्जन्तो चिय जाओ, इन्दो इन्दो त्ति लोयम्मि ॥ ४१ ॥
एत्तो सुणाहि नरवइ ! मगहाहिव ! लोयपालउप्पत्ती । होऊण एगचित्तो, जहक्कमं ते पवक्खामि ॥ ४२ ॥
मयरद्धयस्स पुत्तो, सोमो आइच्चकित्तिसंभूओ । जोईपुरस्स सामी, ठविओ सो लोगपालो त्ति ॥ ४३ ॥
मेहरहस्स य पुत्तो, वरुणो वरुणाएँ कुच्छिसंभूओ । मेहपुरनयरसामी, महिड्ढिओ लोगपालो सो ॥ ४४ ॥
कणयावलीएँ पुत्तो, जाओ चिय सूरखेयरिन्देणं । कञ्चणपुरे महप्पा, वसइ कुबेरो महासत्तो ॥ ४५ ॥
कालग्गिखेयरसुओ, सिरिप्पभाकुच्छिसंभवो वीरो । किक्किन्धिनयरराया, कयववसाओ जमो नाम ॥ ४६ ॥
ठविओ पुवाएँ ससी, दिसाएँ वरुणो य तत्थ अवराए । उत्तरओ य कुबेरो, ठविओ चिय दक्खिणाएँ जमो ॥ ४७ ॥

ललाट प्रदेशमें प्रहार किया । (३३) शक्तिके प्रहारसे आहत इन्द्रकी कान्ति लालकमलकी, तथा अस्ताचलके शिखर पर स्थित संध्याकालीन सूर्यकी भाँति प्रतीत होती थी । (३४) क्रोधके वशीभूत तथा गुस्सेसे भरी हुई और इसीलिए फड़कती आँखोंवाले इन्द्रने चक्रसे माली राजाका सिर क़लम कर दिया । (३५) युद्धमें अपने भाईको मरा हुआ देखकर तथा इस समय राजनीतिके अनुसार क्या उचित है, यह जानकर सुमाली सहसा युद्धसे भाग निकला । (३६) बल एवं दर्पसे गर्वित सोम नामके देवने उसका पीछा पकड़ा । भिन्दिमाल नामक शस्त्रसे प्रहार करनेवाले उसको सुमालीने शस्त्रसे घायल किया । (३७) मूर्छाके कारण बन्द आँखोंवाला वह चिरकालके पश्चात् जब होशमें आया तबतक तो सुमाली राजा पातालपुरमें पहुँच चुका था । (३८) राक्षस सुभटोंने भी जल्दी ही पातालालंकारपुरमें प्रवेश किया । जिनका मान भंग हुआ है ऐसे वे मानो दूसरा जन्म प्राप्त किया हो इस तरह वहाँ रहने लगे । (३९) होशमें आने पर सोम वापस लौटा और इन्द्रके पास गया । बादमें जिसकी 'जय' शब्द द्वारा उद्घोषणा हो रही है ऐसे इन्द्रने रथनूपुर नगरमें प्रवेश किया । (४०) इस प्रकार रणमें विरोधी शत्रुको जीतकर सुरपति बड़े भारी राज्यका उपभोग करने लगा और लोकमें सर्वत्र 'इन्द्र, इन्द्र' हो गया । (४१)

लोकपालोंकी उत्पत्तिका वर्णन—

गौतम गणधर कहते हैं कि, हे मगधनरेश श्रेणिक ! तुम एकचित्त होकर जिस क्रमसे मैं कहता हूँ उस क्रमसे लोकपालोंकी उत्पत्तिके बारेमें सुनो । ( ४२ ) मकरध्वजकी आदित्यकीर्ति नामकी पत्नीसे सोम नामक पुत्र हुआ । वह ज्योतिःपुरका राजा हुआ तथा लोकपालके रूपसे उसकी प्रतिष्ठा की गई । ( ४३ ) मेघरथका वरुणाकी कुक्षिसे उत्पन्न पुत्र तथा मेघपुर नगरका राजा वरुण था । वह बड़ी भारी ऋद्धिवाला लोकपाल हुआ । ( ४४ ) विद्याधरोंमें श्रेष्ठ सूर्यका कनकावलीसे उत्पन्न पुत्र महात्मा तथा महासमर्थ कुबेर कंचनपुरमें रहता था । ( ४५ ) कालाग्नि नामक विद्याधरका श्रीप्रभाकी कुक्षिसे उत्पन्न वीर एवं कृतनिश्चयी पुत्र यम किष्किन्धिनगरीका राजा हुआ । ( ४६ ) शशीकी ( सोमकी ) पूर्व दिशामें, वरुणकी पश्चिम दिशामें, उत्तर दिशामें कुबेरकी तथा दक्षिण दिशामें यमकी स्थापना की गई । ( ४७ ) जिसका

१. रुहिरारविंदसच्छाओ—मु० । २. धीरो—प्रत्य० ।

जं जस्स हवइ नामं, पुरस्स तेणेव तस्स अणुसरिसा । विज्जाहरा निउत्ता, पुहइयले खायकित्तीया ॥ ४८ ॥
नयरम्मि असुरनामे, असुरा खाइं गया तिहुयणम्मि । जक्खपुरम्मि य जक्खा, किन्नरगीए य संरिनामा ॥ ४९ ॥
गन्धव्वपुरनिवासी, गन्धव्वा होन्ति नाम विक्खाया । तह असिणा असिणपुरे, वहसा वहसाणरपुरम्मि ॥ ५० ॥
अन्ने वि एवमाई, विणिओगा सक्कसंभवा रइया । कुवन्ति तियसलीलं, विज्जावलगविया वीरा ॥ ५१ ॥
एयारिसं महन्तं, भुञ्जइ रज्जं महागुणसमिद्धं । अगणियपडिवक्खभओ, विज्जाहरसेढिसामित्तं ॥ ५२ ॥
धणयस्स समुप्पत्ती, सेणिय! रन्नो सुणाहि एगमणो । अत्थि त्ति वोमबिन्दू, नन्दवई सुन्दरी तस्स ॥ ५३ ॥
तीए गब्भुप्पन्नाउ दोण्णि कन्नाउ रूववन्ताओ । कोसिय-केकसियाओ, अह कोउयमङ्गले नयरे ॥ ५४ ॥
जेट्ठा य तेहि दिन्ना, जक्खपुरे वीससेणरायस्स । वेसमणो त्ति कुमारो, तीए सुओ सुन्दरो जाओ ॥ ५५ ॥
सद्दाविओ य तुरियं, वेसमणो सुरवईण से दिन्ना । लङ्का भणिओ सि तुमं, भुञ्जसु सुइरं सुवीसत्थो ॥ ५६ ॥
अज्जप्पभिई ठविओ, पञ्चमओ लोगपालिणो तुहयं । सव्वारिभग्गपसरं, भुञ्जसु निक्कण्टयं रज्जं ॥ ५७ ॥
नमिऊण तस्स चलणे, वेसमणो पत्थिओ बलसमग्गो । लङ्कापुरिं पविट्ठो, नयरजणुग्घुट्ठजयसद्दो ॥ ५८ ॥
पायालंकारपुरे, पीइमईगब्भसंभवा जाया । धीरा सुमालिपुत्ता, तिण्णि वि रयणासवादीया ॥ ५९ ॥
रूवेण अणङ्गसमो, तेएण दिवायरो व पच्चक्खो । चन्दो व सोमयाए, लवणसमुद्दो व गम्भीरो ॥ ६० ॥
भिच्चाण बन्धवाण य, उवयारपरो तहेव साहूणं । देवगुरुपूयणपरो, धम्मुवगरणेसु साहीणो ॥ ६१ ॥
परमहिला जणणिसमा, मन्नइ धीरो तणं व परदव्वं । लोगस्स नियकालं, अहियं परिवालणुज्जुत्तो ॥ ६२ ॥

---

जो नाम था वही उसके नगरका नाम पड़ा और उसीके अनुसार पृथ्वी तलपर जिनका यश ख्यात है ऐसे विद्याधरोंकी नियुक्ति की गई। ( ४८ ) असुरनामके नगरमें रहनेवाले असुर, यक्षपुरमें रहनेवाले यक्ष तथा किन्नरगीत नगरीके सदृश नामवाले किन्नर तीनों लोकोंमें ख्यात हुए। ( ४९ ) गन्धर्वपुरके निवासी गन्धर्वके नामसे, अश्विनीपुरके निवासी अश्विनीके नामसे और वैश्वानरपुरके निवासी वैश्वानरके नामसे विख्यात हुए। ( ५० ) इस प्रकार इन्द्रने दूसरे भी विभागोंका निर्माण किया। वहाँ विद्या एवं बलसे गर्विष्ठ वीर पुरुष देवताओंका-सा आनन्द करते थे। ( ५१ ) विद्याधरश्रेणी (वैताढ्य पर्वत) का स्वामित्व पाकर महान् गुणोंसे समृद्ध बड़े भारी इस राज्यका शत्रुओंके भयकी परवाह न करके इन्द्र उपभोग करने लगा। (५२)

रत्नश्रवाका वृत्तान्त :—

हे श्रेणिक! तुम एक चित्त होकर अब धनदकी उत्पत्तिके बारेमें सुनो। व्योमबिन्दु तथा उसकी सुन्दर भार्या नन्दवती थी। ( ५३ ) कौतुकमंगल नामक नगरमें कौशिकी तथा केकसी नामकी दो कन्याएँ उसके गर्भसे उत्पन्न हुई। ( ५४ ) उन्होंने उसका विवाह यक्षपुरके विश्वसेन राजाके साथ किया। उससे वैश्रमणकुमार नामका सुन्दर पुत्र हुआ। ( ५५ ) सुरपति इन्द्रने वैश्रमणको शीघ्र ही बुला भेजा और लंकानगरी प्रदान करके कहा कि तुम निःशंक होकर सुचिर काल तक इसका उपभोग करो। ( ५६ ) आजसे मैंने तुम्हें पाँचवें लोकपालके पद पर स्थापित किया है। सभी शत्रुओंका नाश हो जानेसे चारों ओर फैले हुए निष्कण्टक राज्यका तुम उपभोग करो। ( ५७ ) उस ( इन्द्र ) के चरणोंमें नमन करके वैश्रमणने सेनाके साथ प्रस्थान किया और लंकानगरीमें प्रवेश किया। उस समय नगरजनोंने 'जय जय' शब्दकी उद्घोषणा की। ( ५८ ) पातालालंकारपुरमें सुमालीकी पत्नी प्रीतिमतीके गर्भसे उत्पन्न रत्नश्रवा आदि तीन धीर पुत्र थे। ( ५९ ) वह ( रत्नश्रवा ) रूपमें कामदेवके समान, तेजमें प्रत्यक्ष सूर्यके समान, सौम्यतामें चन्द्रके समान और लवण समुद्रके समान गम्भीर था। नौकर-चाकर, बन्धुजन तथा साधुओंके उपकार करनेवाला, देव एवं गुरुकी पूजा करनेमें तत्पर तथा धर्मोपकरणोंमें वह स्वायत्त था। दूसरेकी स्त्री उसे माताके तुल्य थी। उस धीरके लिए परद्रव्य तिनकेके समान था। वह लोगोंकी रक्षामें

---

१. सदृशनामानः। २. धीरा—प्रत्य०।

किं भूसणेहि कीरइ ?, रूवं चिय होइ भूसणं निययं । कित्ती लच्छी य गुणा, कुडुम्बसहिया ठिया जस्स ॥ ६३ ॥
एवं सबकलाऽऽगम-कुसलो रयणासवो वि चिन्तेन्तो । न लभइ खणं पि निद्दं, नियय पुरीपविसणट्ठाए ॥ ६४ ॥
परिचिन्तिऊण एवं, नियय नाऊण विरियमाहप्पं । विज्जासु साहणट्ठं, कुसुमुज्जाणे, समणुपत्तो ॥ ६५ ॥
गह-भूय-वाणमन्तर-पिसायबहुघोररूवसद्दाले । उज्जाणमज्झयारे, झाणुवओगं समारूढो ॥ ६६ ॥
नाऊण वोमबिन्दू, विज्जासमुहागयं तमुज्जाणे । देइ पडिचारियं से, धूयं चिय केकसीनामं ॥ ६७ ॥
सा तत्थ तक्खणं चिय, कयविणया जोगिणं समल्लीणा । रक्खइ पसन्नहियया, समन्तओ दिन्नदिट्ठीया ॥ ६८ ॥
अह सो समत्तविज्जो, काऊण थुई तओ जिणिन्दाणं । पेच्छइ य समब्भासे, विज्जाहरबालियं एक्कं ॥ ६९ ॥
वरपउमपत्तनेत्ता, पउममुही पउमगब्भसमगोरी । पउमद्दहवत्थबा,[1] किं होज्ज सिरी सयं चेव ? ॥ ७० ॥
रयणासवेण कन्ना, भणिया केणेत्थ कारणेण तुमं । अच्छसि वरलायण्णे ! हरिणी विव जूहपब्भट्ठा ? ॥ ७१ ॥
आयासबिन्दुतणया, नन्दवईगब्भसंभवा कन्ना । नामेण केकसी हं, जणएण निरूविया तुज्झं ॥ ७२ ॥
रयणासवस्स सिद्धा, अह माणससुन्दरी महाविज्जा । दरिसेइ तक्खणं चिय, रूवं बल-विरिय-माहप्पं ॥ ७३ ॥
विज्जाबलेण सहसा, तत्थेव निवेसियं महानयरं । वरभवणसमाइण्णं[2], दिव्वं कुसुमन्तयं नामं ॥ ७४ ॥
पाणिग्गहणविहाणं, विहिणा काऊण तोऍ कन्नाए । भुञ्जइ निरन्तराए, भोगे बहुमाणसवियप्पो ॥ ७५ ॥
सा अन्नया कयाई, सयणिज्जे महरिहे सुहपसुत्ता । पेच्छइ पसत्थसुमिणे, पडिबुद्धा मङ्गलरवेणं ॥ ७६ ॥
ईसुग्गयम्मि सूरे, सबालङ्कारभूसियसरीरा । गन्तूण समब्भासं, पइणो सुमिणे परिकहेइ ॥ ७७ ॥

---

सदा अधिक उद्यमशील रहता था। जिसका रूप ही अपना भूषण हो तथा कुटुम्बके साथ कीर्ति, लक्ष्मी एवं गुण जिसमें विद्यमान हों उसे आभूषणोंसे क्या प्रयोजन ? इस प्रकार सम्पूर्ण कलाओं और शास्त्रोंमें निपुण रत्नश्रवा अपनी नगरीमें प्रवेश पानेके लिए सोचता हुआ क्षण भर भी नींद नहीं लेता था। ( ६०-६४ ) ऐसा सोचकर तथा अपनी शक्ति एवं महत्त्वको जानकर विद्याओंकी साधनाके लिये वह कुसुमोद्यानमें आ पहुँचा। ( ६५ ) ग्रह, भूत, व्यन्तर एवं पिशाचोंके अत्यन्त भयङ्कर रूप एवं शब्दसे व्याप्त उस उद्यानके बीच वह ध्यानोपयोगमें लीन हुआ। ( ६६ ) उसे आया जानकर व्योमबिन्दु विद्याधरोंके समूहके साथ उस उद्यानमें आया और उसकी परिचर्या करके केकसी नामकी अपनी लड़की उसे दी। ( ६७ ) विनयशील तथा प्रसन्नहृदया वह उसी क्षणसे चारों ओर दृष्टि रखकर योगीकी रक्षा करने लगी। ( ६८ )

विद्या प्राप्त करनेके पश्चात् जिनेन्द्रोंकी स्तुति करके जैसे ही वह देखता है वैसे अपने पास उसने विद्याधरकी एक बालिका देखी। ( ६९ ) उत्तम कमलके समान नेत्रवाली, कमलके समान मुखवाली, कमलके गर्भके समान गौरवर्णवाली यह क्या पद्मसरोवरमें रहनेवाली स्वयं लक्ष्मी देवी है—ऐसा वह सोचने लगा। ( ७० ) ऐसा सोचकर रत्नश्रवाने उस कन्यासे पूछा कि, हे सुन्दर लावण्यवाली ! अपने गिरोहसे अलग पड़ी हुई हिरनी जैसी तुम यहाँ पर क्यों आई हो ? ( ७१ ) इसके उत्तरमें उसने कहा कि मैं नन्दवतीके गर्भसे उत्पन्न और आकाशबिन्दु ( व्योमबिन्दु ) की केकसी नामकी पुत्री हूँ। पिताने मुझे आपको दिया है। ( ७२ ) रत्नश्रवाके द्वारा सिद्ध की गई मानससुन्दरी नामकी महाविद्याने तत्क्षण ही अपना रूप बल, वीर्य एवं माहात्म्य दिखलाया। ( ७३ ) विद्याके प्रभावसे उसने वहीं पर उत्तम भवनोंसे व्याप्त एक कुसुमान्तक नामका दिव्य महानगर स्थापित किया। ( ७४ ) विधिपूर्वक उस कन्याके साथ विवाह करके मनोवांछित अनेक भोगोंका वह निरन्तर उपभोग करने लगा। ( ७५ )

अत्यन्त मूलवान शैयाके ऊपर सुखपूर्वक सोई हुई उसने एक दिन उत्तम स्वप्न देखे। सुबह होने पर वह मंगल वाद्योंकी ध्वनि सुनकर जगी। ( ७६ ) सूर्यके थोड़ा चढ़ने पर सर्व प्रकारके अलंकारोंसे विभूषित शरीरवाली वह अपने पतिके पास जाकर स्वप्नोंके बारेमें कहने लगी कि दृढ़ एवं मजबूत शरीरवाला तथा गरदन परके बालोंके कारण कुछ कुछ अरुणके

---

१. विज्जासमहागयं तरुज्जाणे—प्रत्य० । २. समाइण्णं—प्रत्य० ।

उयरम्मि समल्लीणो, सीहो दढ-कढिणकेसारुणिओ । अन्ने वि चन्द-सूरा, उच्छङ्गे धारिया नवरं ॥ ७८ ॥
एए दट्ठूण पहू, पडिबुद्धा तूरमङ्गलरवेणं । इच्छामि जाणिउं जे, एयत्थं मे परिकहेहि ॥ ७९ ॥
अट्ठङ्गनिमित्तधरो, सुमिणे नेमित्तिओ परिकहेइ । एए सबन्भुदया, सुयाण लम्भं परिकहेन्ति ॥ ८० ॥
होहिन्ति तिण्णि पुत्ता, विक्कम-माहप्प-सत्तिसंजुत्ता । अमरिन्दरूवसरिसा, पडिसत्तुखयंकरा [1]वीरा ॥ ८१ ॥
जो तुज्झ पढमपुत्तो, होही भद्दे ! विसालकीत्तीओ । चक्कहरसरिसविभवो, सुचरियकम्माणुभावेण ॥ ८२ ॥
पडिवक्खअगणियभओ, निच्चं रणकेलिकलहतल्लिच्छो । वरकूरकम्मकारी, होही नत्थेत्थ संदेहो ॥ ८३ ॥
जे पुण तस्स कणिट्ठा, दोण्णि जणा सुचरियाणुभावेणं । ते परमसम्मदिट्ठी, भविया होहिन्ति निक्खुत्तं [2] ॥ ८४ ॥
परितुट्ठा पसयच्छी, एयं सुणिऊण सुमिणपरमत्थं [3] । जिणचेइयाण पूयं, अणन्नसरिसं समारुहइ ॥ ८५ ॥
अह अन्नया कयाई, तीए गब्भस्स पढमउप्पत्ती । जत्तो पभूइ जाया, तत्तो च्चिय निट्ठुरा वाणी ॥ ८६ ॥
अङ्गं से अइकढिणं, सूरं रणतत्तिनिब्भयं हिययं । दाउं सुराहिवस्स वि, इच्छइ आणासमारम्भं ॥ ८७ ॥
सन्ते वि दप्पणयले, नियय च्छायं पलोयए खग्गे । विरइयकरञ्जलिउडा, नवरं गुरुभत्तिमन्ता य ॥ ८८ ॥
संपत्तडोहलाए, जाओ रिउआसणाइ कम्पन्तो । बन्धवहिययाणन्दो, अच्छेरयरूवसंठाणो ॥ ८९ ॥
भूएहि दुन्दुहीओ, पहयाओ विविहतूरमीसाओ । पिउणा कओ महन्तो, विहिणा जम्मूसवो रम्मो ॥ ९० ॥
सूयाहरम्मि [4] तइया, सयणिज्जाओ महिम्मि पल्हत्थो । गेण्हइ करेण हारं, बालो पसरन्तकिरणोहं ॥ ९१ ॥
जो सो रक्खसवइणा, दिन्नो च्चिय मेहवाहणस्स पुरा । एयन्तरम्मि नद्धो [5], न य केणइ खेयरिन्देणं ॥ ९२ ॥

---

समान वर्णवाला सिंह उदरमें प्रविष्ट हुआ और दूसरे दो सूर्य व चन्द्र मैंने अपनी गोदमें धारण किये। हे प्रभो! इन्हें देखकर मंगलवाद्योंकी ध्वनिसे जग गई! मैं इन स्वप्नोंके बारेमें जानना चाहती हूँ, तो इनका अर्थ मुझे कहो। (७७-७९) अष्टांगज्योतिष जाननेवाले ज्योतिषीने कहा कि ये स्वप्न सब प्रकारके अभ्युदयोंसे युक्त पुत्रोंका लाभ होगा ऐसा सूचित करते हैं। (८०) विक्रम, माहात्म्य एवं शक्तिसे युक्त, देवताओंके इन्द्रके समान रूपवाले तथा विरोधी शत्रुका विनाश करनेवाले तीन वीर पुत्र होंगे। (८१) हे भद्रे! तुम्हारा जो प्रथमपुत्र होगा वह पुण्यकर्मके फलस्वरूप विशाल कीर्तिवाला तथा चक्रवर्तीके समान वैभववाला होगा। (८२) शत्रुओंके भयकी परवाह न करनेवाला, युद्धक्रीड़ाके कलहमें सदा लीन तथा उत्तम और क्रूर कर्म करनेवाला वह होगा—इसमें कोई सन्देह नहीं है। (८३) उसके जो दो छोटे भाई होंगे वे पुण्यके फलस्वरूप परम सम्यग्दृष्टि एवं भव्य होंगे, यह सुनिश्चित है। (८४) स्वप्नोंका ऐसा परमार्थ सुनकर प्रसन्न नेत्रोंवाली वह अत्यन्त सन्तुष्ट हुई। बादमें उसने जिनचैत्योंकी अभूतपूर्वपूजाका समारोह किया। (८५)

रावण आदिका जन्म—

इसके अनन्तर जबसे उसके गर्भकी प्रथम उत्पत्ति हुई तबसे उसकी वाणी निष्ठुर हो गई, उसका अंग अत्यन्त कठोर हो गया, रणके विचारसे निर्भय एवं हौसलावाला उसका हृदय हो गया, देवताओंके स्वामी इन्द्रको भी आज्ञा देनेकी चाह उसे होने लगी, आईना होने पर भी तलवारमें वह अपने मुखकी छाया देखती थी और हाथका अंजलिपुट बनाकर अर्थात् हाथ जोड़कर गुरुओंकी भक्ति करती थी। (८६-८८) सम्पूर्ण दोहदवाली उसने शत्रुओंके आसनोंको कम्पित करनेवाले, बन्धुजनोंके हृदयको आनन्द देनेवाले तथा आश्चर्यजनक रूप एवं शरीररचनावाले पुत्रको जन्म दिया। (८९) भूतोंने विविध वाद्योंसे युक्त दुन्दुभियाँ बजाईं। पिताने सुन्दर और महान् जन्मोत्सव विधिपूर्वक मनाया। (९०) तब सूतिकागृहमें पृथ्वी पर बिछौने बिछाये गये। उस बालकने किरणोंका समूह फैलानेवाला हार, जिसे राक्षसपतिने पूर्वकालमें मेघवाहनको दिया था उसे हाथसे पकड़ा। उस हारको अबतक किसी भी विद्याधर राजाने धारण नहीं किया था। (९१-९२)

---

१. धीरा—प्रत्य०। २. निश्चितम्। ३. सूतिगृहे। ४. परिहितः।

दट्ठूण तं सहारं, जणणी सबायरेण परितुट्ठा । रयणासवस्स साहइ, पेच्छसु बालस्स माहप्पं ॥ ९३ ॥
रयणासवेण दिट्ठो, हारलयागहियनिट्ठुरकरग्गो । चिन्तेइ तो मणेणं, होहिइ एसो महापुरिसो ॥ ९४ ॥
नागसहस्सेणं चिय, जो सो रक्खिज्जए पयत्तेणं । सो जणणीऍ पिणद्धो[1], कण्ठे बालस्स वरहारो ॥ ९५ ॥
रयणकिरणेसु एत्तो, मुहाइँ नव नियय्वयणसरिसाइं । हारे दिट्ठाइँ फुडं, तेण कयं दहमुहो नामं ॥ ९६ ॥
एवं तु भाणुकण्णो, जाओ काले य सो वइक्कन्ते । जस्स य भाणुसरिच्छा, कण्णा वि हु गण्डसोभाए ॥ ९७ ॥
जाया ताण कणिट्ठा, चन्दणहा चन्दसोमसरिसमुही । तीए वि हु अणुयवरो[2], बिहीसणो चेव उप्पन्नो ॥ ९८ ॥
एवं कुमारलीलं, कीलन्तो रावणो पलोएइ । अम्बरयलम्मि विउले, वेसमणं सबबलसहियं ॥ ९९ ॥
को एस अगणियभओ, अम्मो वच्चइ नभेण वीसत्थो । सच्छन्दसुहविहारी[3], सुरवरलीलं विलम्बन्तो ? ॥ १०० ॥
मह एस भइणिपुत्तो, वेसमणो नाम निग्गयपयावो । लङ्कापुरीऍ सामी, पुत्तय ! इन्दस्स अग्गभडो ॥ १०१ ॥
तुब्भं कुलागया वि हु, पुत्तय ! लङ्कापुरी मणभिरामा । उबासिऊण नियय, पियामहं तो ठिओ एसो ॥ १०२ ॥
एस पिया ते पुत्तय ! गुरुयमणोरहसयाइँ चिन्तेन्तो । खणमवि न लभइ निद्दं, तीऍ कए सुन्दरपुरीए ॥ १०३ ॥
जणणिवयणाइँ एवं, सोऊण दसाणणो कउच्छाहो । विज्जासु साहणत्थं, भीमारण्णं वणं पत्तो ॥ १०४ ॥
कबायसत्तभीसण–निणायपडिसद्दमुक्कचुक्कारं । सुर-सिद्ध-किन्नरा वि य, जस्स य उवरिं न वच्चन्ति ॥ १०५ ॥
आबद्धजडामउडा, उवरि सिहामणिमऊहकयसोहा । काऊण समाढत्ता, तिण्णि वि घोरं तवोकम्मं ॥ १०६ ॥

---

उसे हारयुक्त देखकर माता सम्पूर्ण आदरके साथ अत्यन्त तुष्ट हुई और रत्नश्रवासे कहने लगी कि बालकका माहात्म्य तो देखो। ( ९३ ) हार रूपी लताको निष्ठुर उँगलियोंसे पकड़े हुए उस बालकको रत्नश्रवाने देखा और मनमें सोचने लगा कि यह भविष्यमें एक महान् पुरुष होगा। ( ९४ ) हजारों नाग जिसकी सावधानीके साथ रक्षा करते थे उस उत्तम हारको माताने बालकके गलेमें पहनाया। ( ९५ ) रत्नोंकी किरणोंके कारण उसके मुखके जैसे ही दूसरे नौ मुख हारमें अत्यन्त स्पष्ट दिखाई दिये, जिससे उसका नाम दशमुख रखा गया। ( ९६ ) इसी प्रकार समय बीतने पर भानुकर्णका जन्म हुआ। उसके गण्डस्थलकी शोभाके लिए भानुके सदृश कान थे। ( ९७ ) इन दोनोंके पश्चात् चन्द्रके समान सौम्य मुखवाली चन्द्रनखा नामकी उनकी छोटी बहन हुई। उसके बाद उसका छोटा भाई विभीषण उत्पन्न हुआ। ( ९८ )

इस प्रकार कुमार सुलभ क्रीड़ा करते हुए रावणने एक दिन विशाल आकाशमें अपने सम्पूर्ण सैन्यके साथ वैश्रमणको देखा। (९९) हे माता ! भयकी बिलकुल परवाह न करके अपनी इच्छानुसार सुखपूर्वक विचरण करनेवाला तथा इन्द्रकी लीलाकी भी विडम्बना करनेवाला यह कौन विश्वासपूर्वक आकाशमार्गसे जा रहा है ? (१००) ऐसा पूछने पर माताने रावणको कहा कि, हे पुत्र ! यह वैश्रमण नामका मेरा भानजा है। चारों ओर फैले हुए प्रतापवाला वह लंकापुरीका स्वामी और इन्द्रका मुख्य सुभट है। (१०१) हे पुत्र ! वह मनोहर लंकापुरी कुल-परम्परासे तुम्हारी है। अपने पितामहको निर्वासित करके यह वहाँ अधिष्ठित हुआ है। (१०२) हे पुत्र ! बड़ी-बड़ी सैकड़ों मनोरथोंसे चिन्तित तुम्हारे पिता उस सुन्दर नगरीके कारण क्षणभर भी नींद नहीं लेते। (१०३) अपनी माताके ऐसे वचन सुनकर उत्साहित दशानन विद्याओंकी साधनाके लिये भीमारण्य नामक वनमें गया। (१०४)

रावण आदिकी विद्यासाधना—

वह वन मांसभक्षी क्रूर प्राणियोंकी भयोत्पादक ध्वनि व प्रतिध्वनिसे ऐसी तो गर्जना करता था कि उसके ऊपरसे देव, सिद्ध और किन्नर तक नहीं जाते थे। (१०५) ऐसे वनमें जटाजूट बाँधे हुए और उसके ऊपर रखी हुई शिखामणिकी किरणोंसे शोभित वे तीनों भाई घोर तप करने लगे। (१०६) उन्हें एक लाख जपसे प्राप्त होनेवाली

---

१. परिधापितः। २. अनुजवरः। ३. क्रव्याद।

अट्ठक्खरा य विज्जा, सिद्धा से लक्खजावपरिपुण्णा । नामेण सवकामा, सा वि य सिद्धा दिणद्धेणं ॥ १०७ ॥
जविऊण समाढत्ता, विज्जा वि हु सोलसक्खरनिबद्धा । दहकोडिसहस्साइं, जीसे मन्ताण परिवारो ॥ १०८ ॥
जम्बुद्दीवाहिवई, तइया जक्खो अणाढिओ नामं । जुवइसहस्सपरिवुडो, कीलणहेउं वणं पत्तो ॥ १०९ ॥
ताणं वरतरुणीणं, कीलन्तीणं सहावलीलाए । तवनिच्चलदेहाणं, दिट्ठी पत्ता कुमाराणं ॥ ११० ॥
गन्तूण ताण पासं, भणन्ति वरकमलकोमलमुहीओ । तव-नियमसोसियाण वि पेच्छ हला ! रूवलावण्णं ॥ १११ ॥
एए पढमवयत्था, सेयम्बरधारिणो कुमारवरा । किं कारणं महन्तं, चरन्ति घोरं तवोकम्मं ॥ ११२ ॥
उट्ठ लहुं चिय गच्छह, गेहं किं सोसिएण देहेण ? । अम्हेहि समं भोगे. भुञ्जह पियदरिसणा तुब्भे ॥ ११३ ॥
मम्मण-महुरुल्लावं, एवं चिय ताण उल्लवन्तीणं । वयणं न भिन्दइ मणं, सत्थं व भडं ससन्नाहं ॥ ११४ ॥
देवीण मज्झयारे, दट्ठूण अणाढिओ भणइ एवं । भो भो ! तुम्हेत्थ ठिया, कयरं देवं विचिन्तेह ॥ ११५ ॥
सुट्ठु वि मग्गिज्जन्ता, झाणोवगया न देन्ति उल्लावं । रुट्ठो जक्खाहिवई, घोरुवसग्गं कुणइ तेसिं ॥ ११६ ॥
वेयाल-वाणमन्तर-गह-भूउब्भडकरालमुहदन्ता । भेसन्ति कुमारवरे, जक्खा विविहेहि रूवेहिं ॥ ११७ ॥
उम्मूलिऊण केई, पवयसिहरं सिलापरिग्गहियं । मुञ्चन्ति ताण पुरओ, पप्फोडन्ता धरणिवट्टं ॥ ११८ ॥
केइत्थ दीहविसहर–रूवं काऊण अङ्गमङ्गेसु । वेढन्ति कुमारवरे, तह वि य खोभं न वच्चन्ति ॥ ११९ ॥
काऊण सीहरूवे, दढदाढामुहललन्तजीहाले । मुञ्चन्ति सीहनायं, नक्खेहिं महिं विलिहमाणा ॥ १२० ॥
जाहे न चाइया ते, खोभेऊणं च विविहरूवेहिं । ताहे बहलतमनिभं, मेच्छबलं दावियं सहसा ॥ १२१ ॥

---

अष्टाक्षरा विद्या सिद्ध हुई और सर्वकामा नामकी विद्या भी आधे दिनमें प्राप्त हुई । (१०७) जिसके मंत्रोंका परिवार दसकरोड़ हजार था अर्थात् इतने मंत्रोंका जप करके सोलह अक्षरोंमें निबद्ध षोडशाक्षरा विद्या भी उन्होंने प्राप्त की । (१०८)

उस समय एक हजार युवतियोंसे घिरा हुआ अनादृत नामका जम्बूद्वीपका अधिपति यक्ष क्रीडा करनेके लिये उस वनमें आया । (१०९) स्वाभाविक लीलाके साथ क्रीड़ा करती हुई उन सुन्दर तरुणियोंकी दृष्टि तपसे निश्चल देहवाले उन कुमारोंके ऊपर पड़ी । (११०) उनके पास जाकर उत्तम कमल के समान कोमल मुखवाली वे कहने लगीं कि, अरे ! तप एवं नियमसे शोषित होने पर भी इनके रूप एवं लावण्य तो देखो । (१११) प्रथम वयमें स्थित अर्थात् बालक और श्वेत वस्त्रधारी ये कुमार किसलिए ऐसा घोर तप कर रहे हैं ? तुम उठो और जल्दी ही घर चले जाओ । शरीरको सुखानेसे क्या फायदा ? सुन्दर तुमलोग हमारे साथ भोग भोगो । (११२-११३) जिस प्रकार कवच पहने हुए सुभटका शस्त्र भेद नहीं कर सकता उसी प्रकार कामवर्धक मधुर वाणी बोलनेवाली उन स्त्रियोंके वचन उन्हें तनिक भी भेद न सके अर्थात् उन्हें जरा भी विचलित न कर सके । (११४) देवियोंके बीचमें रावण आदिको देखकर अनादृत कहने लगा कि अरे ! तुम यहाँ खड़े-खड़े किस देवके बारेमें सोच रहे हो ? (११५) बार-बार पूछने पर भी ध्यानमें लीन उन्होंने जब जवाब न दिया तब रुष्ट यक्षाधिपतिने उन पर घोर उपसर्ग किये । (११६) बेताल, व्यन्तर, ग्रह, भूत तथा भयंकर और विकराल मुँह और दाँतवाले यक्ष अनेक प्रकारके रूपोंसे उन कुमारोंको डराने लगे । ( ११७ ) उनमेंसे कई यक्ष शिलाओंसे व्याप्त पर्वतके शिखर उखाड़कर पृथ्वीतलको फोड़ रहे हों इस तरह उनके सम्मुख फेंकने लगे । ( ११८ ) कई यक्षोंने बड़े-बड़े विषधर सर्पोंका रूप धारण करके उन कुमारोंके प्रत्येक अंगको लपेट लिया, फिर भी वे लुब्ध न हुए । ( ११९ ) भयंकर डाढ़वाले, मुँहमें लपलपाती हुई जीभवाले तथा नखोंसे जमीनको खोदते हुए सिंहोंका रूप धारण करके वे सिंहनाद करने लगे । (१२०) इस प्रकार विविध रूपोंसे लुब्ध करने पर भी जब वे उन्हें ध्यानसे च्युत न कर सके तब उन्होंने सहसा घनघोर अन्धकारके जैसे काले म्लेच्छोंकी सेना प्रदर्शित की ।

---

१. न गच्छंति—प्रत्य० ।

हय-विहय-विप्परद्धं, कुसुमन्तपुरं हदेण काऊणं । तो बन्धिऊण ठविओ, पुरओ रयणासवो तेसिं ॥ १२२ ॥
अन्तेउरं विलावं, कुणमाणं बन्धवा य दीणमुहा । खररज्जुकढिणबद्धा, ते वि य पुरओ उवट्ठविया ॥ १२३ ॥
केसेसु कड्ढिऊणं, माया वि य नियलसंजया सिग्घं । ठविया य ताण पुरओ, मेच्छेहि अणज्जसीलेहिं ॥ १२४ ॥
हा पुत्त! परित्तायह, पल्ली हं पेसिया पुलिन्देहिं । होऊण समरसूरा, कह एयं परिहवं सहह? ॥ १२५ ॥
चोद्दसथणसोत्ताणं, जं पुत्ता! पाइया मए खीरं । तं कुपुरिसेहि संपइ, एक्कस्स वि निक्कओ न कओ ॥ १२६ ॥
एएसु य अन्नेसु य, झाणविरोहो जया न संभूओ । खग्गेण सिरं छिन्नं, पुरओ रयणासवस्स तया ॥ १२७ ॥
सविन्दियसंवरियं, चित्तं न य बाहिरं समल्लीणं । झाणं गिरिन्दसरिसं, निक्कम्पं दहमुहस्स ठियं ॥ १२८ ॥
जइ तं करेइ झाणं, सुद्धं इह संजओ य सद्धाए । छेत्तूण कम्मबन्धं, पावइ सिद्धिं न संदेहो ॥ १२९ ॥
एत्थन्तरे सहस्सं, विज्जाणं विविहरूवधारीणं । बद्धञ्जलिमउडाणं, सिद्धं चिय दहमुहस्स तया ॥ १३० ॥
कस्स वि चिरस्स सिज्झइ, विज्जा अइदुक्खदेहपीडाए । कस्स वि लहुं पि सिज्झइ, सुचरियकम्माणुभावेणं ॥ १३१ ॥
काले सुपत्तदाणं, सम्मत्तविसुद्धि-बोहिलाभं च । अन्ते समाहिमरणं, अभवजीवा न पावन्ति ॥ १३२ ॥
सवायरेण एवं, पुण्णं कायवयं मणूसेणं । पुण्णेण नवरि लब्भइ, कम्मसमिद्धी अ सिद्धी य ॥ १३३ ॥
पुवकयं निम्मायं, सेणिय! कम्मप्फलं दहमुहस्स । कालम्मि य संपुण्णे सिद्धाउ महन्तविज्जाओ ॥ १३४ ॥
एयासिं विज्जाणं, नामविभत्तिं सुणाहि एगमणो । आगासगामिणी कामदाइणी कामगामी य ॥ १३५ ॥
विज्जा य दुण्णिवारा, जयकम्मा[1] चेव तह य पन्नत्ती । अह भाणुमालिणी विय, अणिमा लघिमा य नायवा ॥ १३६ ॥

---

(१२१) जबरदस्तीसे कुसुमान्तपुरको क्षत-विक्षत एवं अत्यन्त पीड़ित करके तथा रत्नश्रवाको बाँधकर उनके सामने हाजिर किया। (१२२) विलाप करते हुए अन्तःपुरको और दीनमुख बन्धुजनोंको कठोर रस्सीसे मजबूतीके साथ बाँधा और उन्हें भी उनके सम्मुख उपस्थित किया। (१२३) अनार्य शीलवाले म्लेच्छोंने बेड़ीमें जकड़ी हुई माताको भी बालोंसे घसीटकर उनके सामने ला पटका। (१२४) हे पुत्रो! रक्षा करो। शबर मुझे उनको पल्ली (छोटा गाँव) में ले जा रहे हैं। तुम युद्ध करनेमें शूरवीर होने पर भी ऐसा परिभव क्यों सहते हो? (१२५) हे पुत्रो! अपने स्तनके चौदह स्रोतोंसे मैंने तुम्हें दूध पिलाया है, किन्तु उनमेंसे एकका भी तुम इस समय इन कुपुरुषोंसे मुझे छुड़ाकर बदला नहीं चुका रहे हो। (१२६) इनसे तथा ऐसे ही दूसरे कारणोंसे जब ध्यानका विनाश न हो सका तब उसके सामने ही रत्नश्रवाका सिर काट डाला। (१२७) ऐसा होने पर भी सब इन्द्रियोंमें संवर करनेवाला चित्त बहिर्मुख न हुआ। दशमुखका ध्यान गिरीन्द्रके समान निष्कम्प था। (१२८) यदि कोई संयमी साधु श्रद्धापूर्वक वैसा शुद्ध ध्यान यहाँ करे तो वह कर्मरूपी बन्धनको नष्टकर सिद्धि प्राप्त कर सकता है, इसमें कोई सन्देह नहीं है। (१२९) इस बीच विविध रूपधारी तथा सिर पर हाथ जोड़ी हुई हजारों विद्याएँ दशमुखको सिद्ध हुईं। (१३०) अत्यन्त दुःख और शारीरिक पीड़ासे किसीको चिरकालमें विद्या सिद्ध होती है और किसीको पुण्यकर्मके फलस्वरूप शीघ्र ही। (१३१) यथासमय सुपात्रको दान, सम्यक्त्व एवं विशुद्ध ज्ञानका लाभ तथा अन्तमें समाधिपूर्वक मरण—ये अभव्य जीव प्राप्त नहीं करते। (१३२) अतः मनुष्यको सम्पूर्ण आदरके साथ पुण्य-कर्म करना चाहिए, क्योंकि पुण्यसे ही कर्मजन्य समृद्धि तथा मोक्ष प्राप्त होता है। (१३३) हे श्रेणिक! पूर्वकृत कर्मका जो फल निर्मित हुआ था वह समय आने पर सम्पूर्ण हुआ और बड़ी-बड़ी विद्याएँ सिद्ध हुईं। (१३४)

इन विद्याओंके अलग-अलग नाम तुम ध्यानसे सुनो— १—आकाशगामिनी, २—कामदायिनी, ३—कामगामी, ४—दुर्निवारा, ५—जयकर्मा, ६—प्रज्ञप्ति, ७—भानुमालिनी, ८—अणिमा, ९—लघिमा, १०—मनःस्तम्भनी, ११—अक्षोभ्या, १२—संवाहिनी, १३—सुरध्वंसी, १४—कौमारी, १५—वधकारिणी, १६—सुविधाना, १७—तमोरूपा, १८—विपुलाकरी,

---

१. निष्क्रयः। २. पद्मचरितमें 'जगत्कम्पा' है।

मणथम्भणी अखोहा, विज्जा संवाहणी सुरद्धंसी । कोमारी वहकारी, सुविहाणा तह तमोरूवा ॥ १३७ ॥
विउलाअरी य दहणी, विज्जा सुहदाइणी रओरूवा । दिणरयणिकरी, वज्जोयरी य एत्तो समादिट्ठी ॥ १३८ ॥
अजरामरा विसन्ना, जलथम्भिणि अग्गिथम्भणी चेव । गिरिदारिणी य एत्तो, विज्जा अवलोवणी चेव ॥ १३९ ॥
अरिविद्धंसी घोरा, वीरा य भुयङ्गिणी तहा वरुणी । भुवणा विज्जा य पुणो, दारुणि मयणासणी य तहा ॥ १४० ॥
रवितेया भयजणणी, ईसाणी तह भवे जया विजया । बन्धणि वाराही वि य, कुडिला कित्ती मुणेयवा ॥ १४१ ॥
वाउब्भवा य सत्ती ( न्ती ) कोवेरी सङ्करी य उद्दिट्ठा । जोगेसी बलमहणी, चण्डाली वरिसिणी चेव ॥ १४२ ॥
विज्जाउ एवमाई, सिद्धाओ तस्स बहुविहगुणाओ । थेवदिवसेसु सेणिय !, अलीणाओ दहमुहस्स ॥ १४३ ॥
सवारुहरइविद्धी, आगासगमा य जम्भणी[1] चेव । निद्दाणी पञ्चमिया, सिद्धा चिय भाणुकण्णस्स ॥ १४४ ॥
सिद्धत्था अरिदमणी, निवाघाया खगामिणी पमुहा । एया वि हु विज्जाओ, पत्ताउ विभीसणेण तया ॥ १४५ ॥
अह ते समत्तनियमा, जक्खाहिवईण तत्थ तुट्ठेणं । सम्माणिय-कयपूया, दिन्नासीसा तओ भणिया ॥ १४६ ॥
दहमुह ! बन्धवसहिओ, महइमहाइड्ढि-सत्तसंपन्नो । पडिवक्खअपरिभूओ, जीवसु कालं अइमहन्तं ॥ १४७ ॥
अन्नं पि एव निसुणसु, जम्बुदीवे समुद्दपेरन्ते । सच्छन्दसुहविहारी, हिण्डसु मज्झं पसाएणं ॥ १४८ ॥
कइलाससिहरसरिसोवमेसु भवणेसु संविरायन्तं । दिव्वं सयंपभपुरं, धणएण कयं दहमुहस्स ॥ १४९ ॥
काऊण य सम्माणं, नियपुरं पत्थिओ महाजक्खो । सिग्घं च रक्खसभडा, संपत्ता सवपरिवारा ॥ १५० ॥
तत्तो महूसवं ते, करेन्ति अच्चन्तहरिसियमईया । बहुतूरसद्दकलयल-सिद्धवहूमङ्गलुग्गीयं ॥ १५१ ॥
संपत्तो य सुमाली, पियामहो मालवन्तनामो य । रिक्खरया-ऽऽइच्चरया, रयणासवमाइया सवे ॥ १५२ ॥

---

१९—दहनी, २०—शुभदायिनी, २१—रजोरूपा, २२—दिन-रजनीकरी, २३—वज्रोदरी, २४—समादिष्टी, २५—अजरामरा, २६—विसंज्ञा, २७—जलस्तम्भनी, २८—अग्निस्तम्भनी, २९—गिरिदारणी, ३०—अवलोकनी, ३१—अरिविध्वंसिनी, ३२—घोरा, ३३—वीरा, ३४—भुजंगिनी, ३५—वारुणी, ३६—भुवना, ३७—दारुणी, ३८—मदनाशनी, ३९—रवितेजा, ४०—भयजननी, ४१—ऐशानी, ४२—जया, ४३—विजया, ४४—बन्धनी, ४५—वाराही, ४६—कुटिला, ४७—कीर्ति, ४८—वायूद्भवा, ४९—शान्ति, ५०—कौवेरी, ५१—शंकरी, ५२—योगेश्वरी, ५३—बलमथनी, ५४—चाण्डाली, ५५—वर्षिणी। (१३५—१४२)

हे श्रेणिक ! ऐसे ही दूसरी अनेकविध गुणोंवाली विद्याएँ दशमुखको सिद्ध हुईं और उसमें थोड़े ही दिनोंमें लीन हो गईं। (१४३) भानुकर्णको सर्वारोहिणी, रतिवृद्धि, आकाशगामिनी, जृम्भिणी तथा पाँचवीं निद्राणी ये पाँच विद्याएँ सिद्ध हुईं। (१४४) उस समय विभीषणको भी सिद्धार्था, अरिदमनी, निर्व्याघाता और आकाशगामिनी ये चार विद्याएँ सिद्ध हुईं। (१४५) नियम समाप्त होने पर सन्तुष्ट यक्षाधिपतिने उनका सम्मान करके पूजा की तथा आशीर्वाद देकर कहा—हे दशमुख ! तुम्हें अत्यन्त महान् ऋद्धि और शक्ति प्राप्त हुई है। तुम शत्रुओंके द्वारा अपराजित हो। तुम अपने भाइयोंके साथ सुचिर काल पर्यन्त जीते रहो ! ( १४६-१४७ ) दूसरी बात भी सुनो। समुद्र पर्यन्त फैले हुए जम्बूद्वीपमें तुम मेरे प्रसादसे स्वच्छन्द एवं सुखपूर्वक विहार कर सकते हो। ( १४८ )

धनदने कैलास शिखरके जैसे समुन्नत भवनोंसे शोभित स्वयंप्रभ नामका एक नगर दशमुखके लिये बसाया। ( १४९ ) रावणका सम्मान करके महायक्ष अनादृतने अपने नगरकी ओर प्रस्थान किया। उधर राक्षस सुभट भी अपने समग्र परिवारके साथ वहाँ शीघ्र ही आ पहुँचे। ( १५० ) इसके पश्चात् अत्यन्त आनन्दविभोर उन्होंने अनेकविध वाद्योंकी ध्वनिसे शब्दायमान तथा सिद्धांगनाओंके मंगल गीतोंसे गानमय ऐसा महोत्सव मनाया। ( १५१ ) वहाँ सुमाली,

---

१. विज्जा चिय—प्रत्य०।

दिट्ठा कुमारसीहा, कयविणया ते गुरुं समल्लीणा । सव्वे वि य एगट्ठं, वच्चन्ति सयंपभं नयरं ॥ १५३ ॥
दट्ठूण केकसी वि य, पुत्ते वरहार-कुण्डलाहरणे । पुलइयरोमञ्चइया, न माइ नियगेसु अङ्गेसु ॥ १५४ ॥
पत्ता सयंपभपुरं, भवणालीविविहरयणकयसोहं । ऊसियधया-वडागं, सग्गविमाणं व ओइण्णं ॥ १५५ ॥
मज्झट्ठियम्मि सूरे, मज्जणयविही कया कुमाराणं । पडुपडह-मुरवबहुरव-जयसद्दुग्घुट्ठगम्भीरा ॥ १५६ ॥
ण्हाया कयबलिकम्मा, सबालंकारभूसियसरीरा । गुरुयणकयप्पणामा, दिन्नासीसा सुहनिविट्ठा ॥ १५७ ॥
एवं तु संकहाए, समागयं मालिमरणमुब्वेयं । जंपन्तो य सुमाली, सहसा ओमुच्छिओ पडिओ ॥ १५८ ॥
चन्दणजलोल्लियङ्गो, आसत्थो पुच्छिओ दहमुहेणं । केण निमित्तेण गुरू !, जेणेयं पाविओ दुक्खं ? ॥ १५९ ॥
अह साहिउं पयत्तो, पुत्तय ! निसुणेहि दिन्नकण्ण-मणो । जह अम्ह वसण-दुक्खं, उप्पन्नं एरिसं अङ्गे ॥ १६० ॥
लङ्कापुरीऍ सामी, आसि पुरा मेहवाहणो राया । तस्स इमो सुविसालो, रक्खसवंसो समुप्पन्नो ॥ १६१ ॥
एत्थेव महावंसे, लङ्कानयरीऍ खेयरिन्दाणं । वोलीणाइं कमेणं, बहुयाइं सयसहस्साइं ॥ १६२ ॥
जाओ च्चिय तडिकेसो, तस्स सुकेसो सुओ समुप्पन्नो । तस्स वि य होइ माली, पुत्तो हं मालवन्तो य ॥ १६३ ॥
जो आसि मज्झ जेट्ठो, लङ्कापुरिसामिओ विजियसत्तू । जेणेयं भरहद्धं, वसीकयं पुरिससीहेणं ॥ १६४ ॥
सो माली मह पुरओ, सहसारसुएण पुत्त ! इन्देणं । वहिओ संगाममुहे, रहनेउरचक्कवालपुरे ॥ १६५ ॥
तस्स भएण पविट्ठा, अम्हे पायालपुरवरं दुग्गं । नयरं चिय सो भुञ्जइ, तं अम्ह कुलोचियं नयरं ॥ १६६ ॥
अह अन्नया गएणं, सम्मेए वन्दिऊण जिणयन्दं । तत्थेव पुच्छिओ मे, अइसयनाणी समणसीहो ॥ १६७ ॥

पितामह माल्यवान्, ऋक्षरजा, आदित्यरजा तथा रत्नश्रवा आदि सब आये। ( १५२ ) उन्होंने विनयशील तथा गुरुभक्त उन सिंह जैसे कुमारोंको देखा। वे सब इकट्ठे होकर स्वयम्प्रभ नगरकी ओर चले। ( १५३ ) केकसी भी उत्तम हार, कुण्डल व आभरणोंसे युक्त पुत्रोंको देखकर हर्षसे रोमांचित हो गई। उसका हर्ष उसके शरीरमें समाता नहीं था। ( १५४ ) वे सब मकानोंकी पंक्तियोंमें विविध रत्नों द्वारा की गई शोभावाले, ध्वजा एवं पताकाओंसे व्याप्त तथा मानो स्वर्गका विमान नीचे उतर आया हो ऐसे स्वयम्प्रभपुरमें आ पहुँचे। ( १५५ ) सूर्यके आकाशके मध्यमें स्थित होने पर कुमारोंकी उत्तम ढोल व मृदंगकी ध्वनिसे शब्दायमान तथा 'जय' शब्दके उद्घोषसे गम्भीर, ऐसी स्नानविधि की गई। ( १५६ ) स्नान एवं बलिकर्म करके सब अलंकारोंसे भूषित शरीरवाले उन्होंने गुरुजनोंको प्रणाम किया। आशीर्वाद प्राप्त करके वे बादमें सुखपूर्वक बैठे। ( १५७ ) इस प्रकार वे वार्तालाप कर रहे थे कि वहां सुमाली आया और मालीके मरणके उद्वेगकर समाचारको कहता कहता सहसा मूर्छित होकर नीचे गिर पड़ा। ( १५८ ) चन्दनका जल शरीर पर छाँटनेसे होशमें आये हुए उससे दशमुखने पूछा कि किस कारण आपको इतना बड़ा दुःख सहना पड़ा है ? ( १५९ ) यह सुनकर वह कहने लगा कि हे पुत्र ! मेरे शरीरमें जिस आपत्तिके कारण ऐसा दुःख उत्पन्न हुआ है उसके बारेमें कान और मन लगाकरतू सुन। ( १६० )

प्राचीन कालमें लंकानगरीका स्वामी मेघवाहन नामका राजा था। उससे यह सुविशाल राक्षसवंश उत्पन्न हुआ है। ( १६१ ) इसी महावंशमें और लंकानगरीमें अनेक लाख विद्याधर राजा क्रमशः हो गये। ( १६२ ) उसी वंशमें तडित्केशी हुआ, उसका लड़का सुकेश नामका हुआ। उसीके माली और मैं—माल्यवान्—हम दो पुत्र थे। ( १६३ ) लंका नगरीका स्वामी, मेरा ज्येष्ठ भाई, शत्रुओं पर विजय प्राप्त करनेवाला तथा जिस पुरुषसिंहने आधे भारत खण्डको अपने वस कर लिया था ऐसे उस मालीको मेरे सम्मुख ही युद्ध भूमिमें, रथनूपुर—चक्रवालपुरमें, सहस्रारके पुत्र इन्द्रने मार डाला है। ( १६४-१६५ ) उसके भयसे हमने पातालपुर नामके उत्तम दुर्गमें प्रवेश किया है और जो हमारा कुलपरम्परासे प्राप्त नगर था उसका उपभोग अब वह करता है। ( १६६ ) एक बार सम्मेतशिखरके ऊपर जिनवरको वन्दन करनेके लिए मैं

१. कयपरिकम्मा—प्रत्य०।

कइया होही अम्हं, लङ्कानयरीसमासयनिवेसो ? । अइगरुयदारुणस्स य, वोच्छेओ वसणदुक्खस्स ? ॥ १६८ ॥
भणियं च मुणिवरेणं, जो ते पुत्तस्स होहिई पुत्तो । सो नियपुरिं सवसं, काही नत्थेत्थ संदेहो ॥ १६९ ॥
सो अद्धभरहसामी, पयाव-बल-विरिय-सत्तसंपन्नो । पडिवक्खखयन्तकरो, होही समरुज्जयमईओ ॥ १७० ॥
तं एयं मुणिभणियं, जायं निस्संसयं जहुद्दिट्ठं । रक्खसवंसस्स तुमं, होही कित्तीधुराधारो ॥ १७१ ॥
सोऊण गुरुवएसं, तुट्ठो च्चिय दहमुहो वियसियच्छो । सिद्धाण नमोक्कारं, करेइ मउलञ्जली सिरसा ॥ १७२ ॥
धम्मं काऊण बुद्धा नरवरवसहा होन्ति विक्खायकित्ती, दूरं भुञ्जन्ति सोक्खं पवरसिरिधरा लक्खणुक्किण्णदेहा ।
बोहिं पावेन्ति धीरा परभवमहणी मोक्खमग्गाहिलासी, तम्हा ठावेह चित्तं ससियरविमले सासणे संजयाणं ॥ १७३ ॥

॥ इति पउमचरिए दहमुहविज्जासाहणो नाम सत्तमो उद्देसो समत्तो ॥

## ८. दहमुहपुरिपवेसो

एत्तो वेयड्ढनगे, दक्खिणसेढीऍ सुरयसंगीए । नयरे मओ त्ति नामं, हेमवई नाम से भज्जा ॥ १ ॥
तीए गुणाणुरूवा, धूया मन्दोयरि त्ति नामेणं । नवजोव्वणसंपन्ना, मएण दिट्ठा विसालच्छी ॥ २ ॥
चिन्तं खणेण पत्तो, सद्दावेऊण मन्तिणो सिग्घं । अह देमि कस्स कन्नं ? एयं मे पुच्छिया भणह ॥ ३ ॥

---

गया था। वहीं पर एक अतिशय ज्ञानी और श्रमणोंमें सिंह जैसे पराक्रमी एक साधुसे मैंने पूछा कि लंकानगरी कब हमारा आश्रयस्थान बनेगी और अत्यन्त भारी और भयंकर इस आपत्तिजन्य दुःखका उच्छेद कब होगा ? ( १६७-१६८ ) यह सुनकर उस मुनिवरने कहा कि जो तुम्हारे पुत्रका पुत्र होगा, वह अपनी नगरी पुनः स्वाधीन करेगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है। ( १६९ ) प्रताप, बल, वीर्य और सामर्थ्यसे युक्त, शत्रुओंका विनाश करनेवाला तथा युद्धमें सतत उद्यत रहनेकी बुद्धिवाला वह आधे भरतक्षेत्रका स्वामी होगा। ( १७० ) मुनिका ऐसा कथन सुनकर मैं निःशंक हुआ। जिस प्रकार मुनिने कहा था वैसे ही तुम राक्षस वंशकी कीर्तिरूपी धुराके आधार बनोगे। ( १७१ )

गुरुजनका ऐसा कथन सुनकर विकसित नेत्रोंवाला दशमुख प्रसन्न हुआ। बादमें उसने हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर सिद्धोंको नमस्कार किया ! ( १७२ ) विख्यात कीर्तिवाले, बुद्धिशाली, उत्तम लक्ष्मीको धारण करनेवाले तथा शुभ लक्षणोंसे व्याप्त देहवाले श्रेष्ठ मनुष्य धर्मका आचरण करनेसे चिरकालपर्यन्त सुखोपभोग करते हैं, और मोक्षकी अभिलाषावाले धीर पुरुष दूसरे जन्मोंका नाश करनेवाला ज्ञान प्राप्त करते हैं। अतः संयमीजनोंके चन्द्रमाके किरणोंके समान विमल शासनमें तुम अपना चित्त लगाओ। ( १७३ )

। पद्मचरितमें दशमुखकी विद्या-साधना नामक सातवाँ उद्देश समाप्त हुआ ।

## ८. दशमुखका लंकाप्रवेश

रावणका मन्दोदरीके साथ विवाह—

इधर वैताढ्यपर्वतकी दक्षिणश्रेणीमें आये हुए सुरतसंगीत नामक नगरमें मय नामका राजा रहता था। उसकी भार्या हेमवती थी। ( १ ) उसकी नवीन यौवनसे सम्पन्न तथा गुणवती मन्दोदरी नामकी एक लड़की थी। एक दिन विशाल नेत्रोंवाली उसे मयने देखा। ( २ ) क्षणभर उसने सोचा। बादमें शीघ्र ही मन्त्रियोंको बुलाकर उसने पूछा कि तुम मुझे कहो कि यह कन्या किसे दूँ ? ( ३ ) मन्त्रियोंने बलसे समृद्ध अनेक विद्याधरोंके बारेमें कहा, तब दूसरेने

---

१. चेव से—मु० ।

मन्तीहि समुद्दिट्ठा, बहवे विज्जाहरा बलसमिद्धा । अन्नेण तओ भणियं, जोगा इन्दस्स वरकन्ना ॥ ४ ॥
अह ते मएण भणिया, नयसत्थवियारया महामन्ती । मज्झं किर परिणामो, दिज्जइ कन्ना दहमुहस्स ॥ ५ ॥
विज्जासहस्सधारी, अतुलियबलविक्कमो सुरूवो य । सुन्दरकुलसंभूओ, गुणेहि दूरं समुवहइ ॥ ६ ॥
मन्तीहि समणुनायं, एवं पहु ! जह तुमे समुद्दिट्ठं । कल्लाणसमारम्भो, कीरउ मा णे चिरावेह ॥ ७ ॥
सुभलग्गकरणजोए, कन्नं घेत्तूण सयलपरिवारो । दहवयणपुराभिमुहो, मओ पयट्टो नभयलेणं ॥ ८ ॥
गयणेण वच्चमाणो, भीमारण्णस्स मज्झयारम्मि । पेच्छइ मणाभिरामं, नगरं वरतुङ्गपायारं ॥ ९ ॥
सवावत्तबलाहय-सम्मेय-ऽट्ठावयाण मज्झम्मि । तं भीममहारण्णं, जत्थ पुरं सुरपुरायारं ॥ १० ॥
नयरस्स तस्स पासे, ओइण्णो नियवाहिणीसहिओ । पेच्छइ मओ मणोज्जं, भवणं सरयम्बुयायारं ॥ ११ ॥
भवणं मओ पविट्ठो, अह पेच्छइ दारियं तहिं एक्कं । भणिया य कस्स दुहिया ?, कस्स व एयं महाभवणं ? ॥ १२ ॥
सा भणइ मज्झ भाया, दहवयणो नामओ य चन्दणहा । खग्गस्स रक्खणट्ठा, ठविया हं चन्दहासस्स ॥ १३ ॥
तावं[1] चिय दहवयणो, मेरुं गन्तूण चेइयघराइं । संथुणिय पडिनियत्तो, तं चेव गिहं समणुपत्तो ॥ १४ ॥
काऊण समायारं, मयसहिया मन्तिणो दहमुहस्स । मारीचि वज्जमज्झो, गयणतडी वज्जनेत्तो य ॥ १५ ॥
मरुदुज्जउग्गसेणे, मेहावी सारणो सुगो मन्ती । अन्ने वि एवमाई, दट्ठूण दसाणणं तुट्ठा ॥ १६ ॥
काऊण विणयपणया, भणन्ति मन्ती सुणेह वयणऽम्हं । दहमुह ! एगग्गमणो, कारणमिणमो निसामेहि ॥ १७ ॥
सुरसंगीयाहिवई, वेयड्ढे दक्खिणाएँ सेढीए । एसो मओ त्ति नामं, विज्जाहरपत्थिवो सूरो ॥ १८ ॥
घेत्तूण नियधूयं, तुज्झ गुणायर ! विसिट्ठलायण्णं । भडचडयरेण सहिया, एत्थं चिय आगया सिग्घं ॥ १९ ॥

कहा कि यह उत्तम कन्या इन्द्रके योग्य है। ( ४ ) इस पर नीति एवं शस्त्रोंका विचार करनेवाले महामन्त्रियोंसे मयने कहा कि मेरा तो ऐसा विचार है कि यह कन्या दशमुखको दी जाय। ( ५ ) यह दशमुख हजारों विद्याओंको धारण करनेवाला है, इसका बल एवं विक्रम अद्वितीय है, यह सुन्दर है और उत्तम कुलमें उत्पन्न हुआ है तथा गुणोंके कारण दूर तक प्रसिद्ध है। ( ६ ) मन्त्रियोंने अनुमति दी कि हे प्रभो ! आपने जो कुछ कहा वह योग्य है, अतः मंगल-समारम्भ करो और अब विलम्ब मत करो। ( ७ )

शुभ लग्न एवं करणका योग होने पर कन्याको लेकर मयने सम्पूर्ण परिवारके साथ आकाशमार्गसे दशवदनके नगरकी ओर प्रस्थान किया। ( ८ ) गगनमार्गसे जाते हुए उसने भीमारण्यके बीच सुन्दर एवं ऊँचे और उत्तम प्राकारसे परिवेष्टित एक नगर देखा। (९) जहाँ सुरपुर अलकाके आकारका वह नगर बसा था वह भीम महारण्य सर्वावर्त, बलाहक, सम्मेतशिखर तथा अष्टापद पर्वतोंके बीच था। (१०) अपनी सेनाके साथ मय उस नगरके पास नीचे उतरा। वहाँ उसने शरत्कालीन जलके समान निर्मल वर्णका एक मनोहर भवन देखा। (११) उस भवनमें प्रवेश करने पर मयने वहाँ एक लड़की देखी। उसने पूछा कि तुम किसकी लड़की हो और यह विशाल भवन किसका है ? (१२) उसने कहा कि दशमुख मेरा भाई है और मेरा नाम चन्द्रनखा है। चन्द्रहास नामक खड्गकी रक्षाके लिए मैं यहाँ नियुक्त की गई हूँ। (१३) इस बीच दशवदन भी मेरु पर जाकर और चैत्यगृहोंकी स्तुति करके लौटा और उसी घरमें आ पहुँचा। (१४) मयसहित मंत्रियोंने दशमुखका यथोचित आदर-सत्कार किया। दशाननको देखकर मारीच, वज्रमध्य, गगनतडित्, वज्रनेत्र, मरुत्, उर्ज, उग्रसेन, मेधा, सारण, शुक तथा दूसरे भी सन्तुष्ट हुए। (१५-१६) विनयोपचार करके मंत्रियोंने झुककर कहा कि, हे दशमुख ! तुम एकाग्रमन होकर हमारा कथन तथा यहाँ आनेका कारण सुनो। (१७) वैताढ्यपर्वतकी दक्षिण श्रेणीमें आये हुए सुरसंगीत नामक नगरके अधिपति ये शूरवीर मय विद्याधरोंके राजा हैं। (१८) हे गुणाकर ! तुम्हारे लिये विशिष्ट लावण्यवाली अपनी

१. तावं चिय—मु० ।

सुणिऊण वयणमेयं, दसाणणो जिणहरं समल्लीणो । पूयं काऊण तओ, अभिवन्दइ जिणवरं तुट्ठो ॥ २० ॥
तत्थेव सयण-परियण-आणन्दुब्भडवरं निओगेणं । वत्तं पाणिग्गहणं, अणन्नसरिसं वसुमईए ॥ २१ ॥
पत्तो सयंपहपुरं, तीएँ समं दहमुहो पुलइयङ्गो । मन्नन्तो पवरसिरिं, समत्थभुवणागयं चेव ॥ २२ ॥
तत्तो मओ य राया, नियपुरं पत्थिओ सपरिवारो । दुहियाविओगजणियं, सोग-पमोयं च वहमाणो ॥ २३ ॥
जाया वरग्गमहिसी, एत्तो मन्दोयरी विसालच्छी । तीए गुणाणुरत्तो, न गणइ कालं पि वच्चन्तं ॥ २४ ॥
सो तत्थ विण्णसेउं, इच्छइ विज्जाण विरिय-माहप्पं । उच्छाहनिच्छियमणो, वावारे बहुविहे कुणइ ॥ २५ ॥
एक्को अणेयरूवं, काऊण[1]ऽल्लियइ सबजुवईणं । सूरो व्व कुणइ तावं, ससि व्व जोण्हं समुवहइ ॥ २६ ॥
अणलो व्व मुयइ जाला, वरिसइ मेहो व्व तक्खणुप्पन्नो । वाउ व्व चालइ गिरिं, कुणइ सुरिन्दत्तणं सहसा ॥ २७ ॥
होइ समुद्दो व्व फुडं, मत्तगइन्दो खणेण वरतुरओ । दूरे आसन्नो च्चिय, खणेण अदंसणो होइ ॥ २८ ॥
कुणइ महन्त रूवं, खणेण सुहुमत्तणं पुण उवेइ ! एवं लीलायन्तो, मेहवरं पवयं पत्तो ॥ २९ ॥
पेच्छइ य तत्थ वाविं, निम्मलजलतणुतरङ्गकयसोहं । कुमुउप्पलसंछन्नं, महुयरगुञ्जन्तमहुरसरं ॥ ३० ॥
तत्थ य कीलन्तीणं, पेच्छइ कन्नाण छस्सहस्साइं । विज्जाहरधूयाणं, लायण्णसिरी वहन्तीणं ॥ ३१ ॥
ताहिं पि सो कुमारो, दिट्ठो वरहार-मउडकयसोहो । जाणविमाणारूढो, सुरवइलीलं विडम्बन्तो[2] ॥ ३२ ॥
एवं भणन्ति ताओ, जइ न हवइ एस अम्ह भत्तारो । मण-नयणनिव्वुइकरो, तो अकयत्थो इमो जम्मो ॥ ३३ ॥

---

पुत्रीको लेकर वह सुभटसैन्यके साथ यहाँ पर अविलम्ब ही आये हैं। (१९) उनका ऐसा कथन सुनकर प्रसन्न हो दशानन जिनमन्दिरमें गया और पूजन करनेके पश्चात् वह जिनवरको वन्दन करने लगा। (२०) वहीं पर विधिपूर्वक स्वजन एवं परिजनोंको अत्यन्त आनन्ददायी तथा पृथ्वी पर अनन्यसदृश ऐसा पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ। (२१) समस्त लोकोंसे आई हुई लक्ष्मी मानता हुआ वह पुलकित शरीरवाला दशमुख उसके साथ स्वयंप्रभ नगरमें आ पहुँचा। (२२) इसके अनन्तर मय राजाने भी पुत्रीके वियोगजन्य दुःख और प्रमोदको धारण करके परिवारके साथ अपने नगरकी ओर प्रस्थान किया। (२३) विशाल नेत्रोंवाली मन्दोदरी पटरानी हुई। उसके गुणोंमें अनुरक्त दशमुख व्यतीत होनेवाले कालकी भी परवाह नहीं करता था। (२४)

उत्साही तथा सुस्थिर मनवाले उसको विद्याओंका वीर्य एवं माहात्म्य जाननेकी इच्छा हुई; अतः वह उनका अनेक प्रकारसे वहाँ उपयोग करने लगा। (२५) एक होने पर भी अनेक रूप करके वह सब युवतियोंका आलिंगन करता था। सूर्यकी तरह कभी वह गरमी फैलाता था तो चन्द्रकी भाँति कभी चाँदनी धारण करता था। (२६) वह आगकी भाँति ज्वाला छोड़ता था, उसी समय उत्पन्न बादलकी भाँति वर्षा करता था और वायुकी तरह पर्वतको चलायमान करता था तो कभी सहसा सुरेन्द्रका रूप धारण करता था। (२७) वह कभी समुद्रकी भाँति विशालरूप धारण करता था तो कभी क्षण भरमें मदोन्मत्त हाथी या उत्तम घोड़ा बन जाता था। कभी दूर, कभी नजदीक और कभी तो क्षणभरमें अदर्शनीय हो जाता था। (२८) वह कभी महान्रूप बनाता था और क्षण भरमें सूक्ष्म रूप धारण कर लेता था।

इस प्रकार लीला करता हुआ वह मेघवर नामक पर्वतके पास आ पहुँचा। (२९) वहाँ उसने निर्मल जलमें उठनेवाली छोटी छोटी लहरोंवाली, कुमुद एवं कमलोंसे व्याप्त तथा भौरोंके गुंजनसे मधुर स्वरयुक्त एक बावड़ी देखी। (३०) वहाँ पर उसने खेलती हुई, लावण्य एवं श्रीसम्पन्न छः हजार विद्याधर कन्याएँ देखीं। (३१) उन्होंने भी सुन्दर हार एवं मुकुटसे शोभित, विमानमें आरूढ़ तथा सुरपति इन्द्रकी लीलाका भी तिरस्कार करनेवाले उस कुमारको देखा। (३२) उसे देखकर वे ऐसा कहने लगीं कि मन एवं आँखको सुख पहुँचानेवाला यह यदि हमारा स्वामी नहीं होगा तो हमारा यह जन्म व्यर्थ है। (३३) सुरसुन्दरकी उत्तम पद्मके समान मुखवाली तथा पद्मसरोवरमें निवास करनेवाली लक्ष्मी जैसी पद्मावती

---

१. काऊणं नियइ—प्रत्य०। २. विलंबंतो—प्रत्य०।

सुरसुन्दरस्स दुहिया, कन्ना पउमावइ त्ति नामेण । वरपउमसरिसवयणा, सिरि व पउमालयनिवासी ॥ ३४ ॥
अन्ना बुहस्स दुहिया, मणवेगाकुच्छिसंभवा बाला । नामेण असोगलया, कुसुमलया चेव सोहन्ती ॥ ३५ ॥
कणयनरिन्दस्स सुया, संझादेवीऍ कुच्छिसंभूया । विज्जुसमसरिसवण्णा, नामं विज्जुप्पभा कन्ना ॥ ३६ ॥
एवं चिय कन्नाओ, बहुयाओ रूव-जोव्वणधरीओ । मोत्तूण उदयखेड्डं[1], तं वरपुरिसं पलोयन्ति ॥ ३७ ॥
अह दहमुहेण ताओ, गन्धव्वविहीऍ पवरकन्नाओ । रूव-गुणसालिणीओ, परिणीयाओ सहरिसेणं ॥ ३८ ॥
गन्तूण तुरियतुरियं, कञ्चुइणा अमरसुन्दरस्स तया । सिट्ठं च कुमारीणं, वरकल्लाणं जहावत्तं ॥ ३९ ॥
कोवि पहु ! एस वीरो, सुन्नं पिव तिहुयणं विचिन्तेन्तो । अगणियपडिवक्खभओ, कीलइ कन्नाण मज्झम्मि ॥ ४० ॥
सोऊण वयणमेयं, रुट्ठो सुरसुन्दरो महाराया । रहचक्कवालसामी, सन्नद्धो कणयवुहसहिओ ॥ ४१ ॥
अह निग्गओ महप्पा, तस्सुवरिं विविहवाहणसमग्गो । अम्बरतलेण वच्चइ, आउहकिरणेसु दिप्पन्तो ॥ ४२ ॥
अम्बरतलेण एन्तं, दट्ठूण बलं भणन्ति कन्नाओ । दहमुह ! लहुं पलायसु, रक्खसु अइदुल्लहे पाणे ॥ ४३ ॥
सोऊण वयणमेयं, दट्ठूण य परबलं समासन्ने । अह जंपइ दहवयणो, गब्वियहसियं च काऊण ॥ ४४ ॥
गरुडस्स किं व कीरइ, बहुएसु वि वायसेसु मिलिएसु ? । मयगन्धमुबहन्ते, किं न हणइ केसरी हत्थी ? ॥ ४५ ॥
नाऊण तस्स चित्तं, जइ एवं नाह मन्नसे गरुयं । तो अम्ह रक्खसु पहू ! नियए पिइ-भाइसंबन्धे ॥ ४६ ॥
भणिऊण वयणमेयं, उप्पइओ नहयलं विमाणत्थो । अह ताण सवडहुत्तो, रणरसतण्हालुओ सहसा ॥ ४७ ॥
ताव य बलं समत्थं, सन्दण-वरगय-तुरङ्ग-पाइक्कं । उच्छरिऊण पवत्तं, दहवयणं समरमज्झम्मि ॥ ४८ ॥
मुञ्चन्ति सत्थवरिसं, तस्सुवरिं खेयरा सुमच्छरिया । पवयवरस्स नज्जइ, धारानिवहं पओवाहा ॥ ४९ ॥

---

नामकी पुत्री, दूसरी मनोवेगाकी कुक्षिसे उत्पन्न तथा कुसुमलताकी भाँति शोभित अशोकलता नामकी बुधकी कन्या, तथा सन्ध्यादेवीके गर्भसे उत्पन्न और विद्युत्के समान सुन्दरवर्णवाली विद्युत्प्रभा नामकी कनकनरेन्द्रकी पुत्री—ये तथा दूसरी बहुतसी रूप एवं यौवनसे युक्त कन्याएँ जलक्रीड़ाका परित्याग कर उस उत्तम पुरुषको देखने लगीं। ( ३४-३७ ) इसके पश्चात् हर्षयुक्त दशमुखने रूप एवं गुणशाली उन उत्तम कन्याओंके साथ गान्धर्व विधिसे विवाह किया। ( ३८ ) तब जल्दी जल्दी जाकर कंचुकिने उन कुमारियोंका जैसा विवाह हुआ था वह अमरसुन्दरको कह सुनाया कि, हे प्रभो ! यह कोई ऐसा वीर है जो त्रिभुवनमें मानो कोई है ही नहीं ऐसा मानकर तथा शत्रुके भयकी परवाह न करके कन्याओंके बीच क्रीड़ा कर रहा है। ( ३९-४० ) ऐसा कथन सुनकर रथचक्रवालका स्वामी महाराजा सुरसुन्दर रुष्ट हो गया और बाणोंके समूहसे लैस हो गया। ( ४१ ) विविध वाहनोंके साथ वह महात्मा उस पर आक्रमण करनेके लिए अपने नगरसे बाहर निकला। आयुधोंसे निकलनेवाली किरणोंसे देदीप्यमान वह आकाशमार्गसे चल पड़ा। ( ४२ ) आकाशमार्गसे आती हुई सेनाको देखकर कन्याओंने कहा—"हे दशमुख ! तुम यहांसे जल्दी पलायन करो और अपने अतिदुर्लभ प्राणोंकी रक्षा करो।' ( ४३ ) ऐसा सुनकर तथा शत्रुसैन्यको समीप देखकर दर्पके साथ हँसकर दशवदनने कहा कि बहुतसे पक्षी मिलकर भी गरुड़का क्या कर सकते हैं ? मदकी गन्ध धारण करनेवाले हाथीको क्या सिंह नहीं मारता ? ( ४४-४५ ) उसके मनकी बात जानकर उन कन्याओंने कहा कि, हे नाथ ! यदि आप अपनेको इतना समर्थ समझते हैं तो हमारे पिता, भाई व सम्बन्धियोंकी रक्षा करना। ( ४६ )

'वैसा ही होगा' ऐसा कहकर और विमानमें बैठकर युद्धका प्यासा वह सहसा उनका सामना करनेके लिए आकाशमें उड़ा। ( ४७ ) उस समय रथ, उत्तम हाथी, घोड़े तथा पैदल—समग्र सैन्य उछल उछलकर दशवदनके साथ युद्धभूमिमें लड़ने लगा। ( ४८ ) मात्सर्ययुक्त खेचर उसके ऊपर शस्त्रोंकी वर्षा करने लगे। उस समय पर्वतके ऊपर बादल मुसलाधार वर्षा कर रहे हों ऐसा प्रतीत होता था। ( ४९ ) समर्थ दशाननने युद्धमें अपने ऊपर गिरनेवाले आयुधोंके समूहका निवारण

---

१. उदककीडाम् ।

वारेऊण समत्थो, आउहनिवहं दसाणणो समरे । तो मुयइ तामसत्थं, कज्जलघणकसिणसच्छायं ॥ ५० ॥
काऊण नट्ठचेट्ठे, विज्जाहरपत्थिवे बलसमग्गे । जमदण्डसच्छहेहिं, अह बन्धइ नागपासेहिं ॥ ५१ ॥
वयणेण नववहूणं, मुक्का विज्जाहरा सपरिवारा । पुणरवि करेन्ति तुट्ठा, कल्लाणमहूसवं परमं ॥ ५२ ॥
दिवसेसु तीसु वत्ते, कल्लाणे ताण पवरकन्नाणं । विज्जाहरराया णो, गया य नियया इँ ठाणाइं ॥ ५३ ॥
एत्तो नववहुसहिओ, दसाणणो पवरइड्ढिसंपन्नो[1] । पत्तो सयंपहपुरं, सयणजणाणन्दिओ मुइओ ॥ ५४ ॥
अह कुम्भपुरे राया, नामेण महोदरो त्ति विक्खाओ । तडिमाला तस्स सुया, सुरूवनयणाएँ उप्पन्ना ॥ ५५ ॥
वररूवजोवणधरी, रविकिरणविउद्धपङ्कयदलच्छी । विविहगुणाणुप्पत्ती, सा महिला कुम्भकण्णस्स ॥ ५६ ॥
तत्थेव कुम्भनयरे, केण वि सद्दो कओ सिणेहेणं । दट्ठूण पवरकन्ने, तेणं चिय कुम्भकण्णो त्ति ॥ ५७ ॥
धम्माणुरागरत्तो, सवकला-ऽऽगमविसारओ धीरो । अन्नह खेलेसु खाइं, नीओ च्चिय मूढभावेण ॥ ५८ ॥
आहारो वि य सुइओ, सुरहिसुयन्धो मणोज्जनिप्फन्नो । कालम्मि हवइ निद्दा, धम्मासत्तस्स परिसेसं ॥ ५९ ॥
परमत्थमजाणन्ता, पुरिसा पावाणुरायबुद्धीया । निरयपहगमणदच्छा, विवरीयत्थे विकप्पन्ति ॥ ६० ॥
दक्खिणसेढीएँ ठियं, नयरं जोइप्पभं तहिं राया । वीरो विसुद्धकमलो, नन्दवई गेहिणी तस्स ॥ ६१ ॥
धूया पङ्कयसरिसी, पत्ता य पइं विभीसणकुमारं । जोवणगुणाणुरूवं, रइ व कामं समल्लीणा ॥ ६२ ॥

---

करके काजलके सदृश अत्यन्त कृष्ण वर्णवाले तामस अस्त्रको छोड़ा । ( ५० ) विद्याधर राजाके समग्र सैन्यको निश्चेष्ट करके यमके दण्ड जैसे नागपाशोंसे उसे बाँध लिया । ( ५१ ) अपनी नववधुओंको दिये गए वचनके अनुसार उसने विद्याधरोंको परिवारके साथ मुक्त कर दिया । आनन्दमें आये हुए उन्होंने पुनः विवाह-महोत्सव मनाया । ( ५२ ) उन उत्तम कन्याओंका तीन दिन तक विवाह-महोत्सव मनानेके बाद ये विद्याधर राजा अपने अपने स्थानों पर चले गये । ( ५३ ) इसके उपरान्त उत्कृष्ट ऋद्धिसे युक्त और घरके लोगोंको आनन्द देनेवाला वह दशानन मुदित होकर नववधुओंके साथ स्वयम्प्रभनगरमें आ पहुँचा । ( ५४ )

कुम्भकर्ण और विभीषणका विवाह तथा इन्द्रजीत आदिका जन्म :—

कुम्भपुरमें महोदर नामका एक विख्यात राजा था । सुरूपनयनासे उत्पन्न तडित्माला नामकी उसकी एक पुत्री थी । ( ५५ ) सुन्दर रूप व यौवनको धारण करनेवाली, सूर्यकी किरणोंसे विकसित पंकजदलकी-सी शोभावाली तथा विविध गुणोंके संयोग रूप वह कुम्भकर्णकी पत्नी हुई । ( ५६ ) उसी कुम्भनगरमें उसके सुन्दर कानोंको देखकर किसीने स्नेहसे उसे बुलाया । इससे वह कुम्भकर्ण कहलाया । ( ५७ ) वह यद्यपि धीर, धर्मानुरागी तथा समग्र कलाओं और शास्त्रोंमें पारंगत था, तथापि दुष्ट लोगोंने मूढतावश दूसरी तरहसे—अधर्मी, अरसिक और अशास्त्रज्ञ रूपसे प्रसिद्ध कर रखा है । ( ५८ ) उसका आहार भी पवित्र, सुगन्धित पदार्थोंके कारण मीठी महकवाला और सुन्दर रीतिसे निष्पन्न होता था । यह भी निश्चित है कि धर्ममें आसक्त कुम्भकर्ण यथासमय नींद लेता था । ( ५९ ) फिर भी परमार्थको न जाननेवाले, पापमें ही जिनकी बुद्धि अनुरक्त रहती है ऐसे तथा नरकके मार्ग पर चलनेमें दक्ष पुरुष विपरीत अर्थोंकी भी कल्पना करते हैं । ( ६० )

दक्षिणश्रेणीमें ज्योतिःप्रभ नामका एक नगर है । वहाँ विशुद्धकमल नामका एक वीर राजा था । उसकी भार्याका नाम नन्दवती था । ( ६१ ) उसकी लड़कीका नाम पंकजसदृशी था । कामदेवमें लीन रतिकी भाँति उसने यौवन एवं रूपमें अनुरूप विभीषणकुमारको पति रूपसे प्राप्त किया । ( ६२ )

---

१. परमइड्ढि—प्रत्य० । २. जणेसु—प्रत्य० ।

कालम्मि वच्चमाणे, जाओ मन्दोयरीऍ वरपुत्तो । रूवेण इन्दसरिसो, तेणं चिय इन्दई नामं ॥ ६३ ॥
एवं कमेण बिइओ, जाओ चिय मेहवाहणो पुत्तो । नयणूसवो कुमारो, परिवड्ढइ बन्धवाणन्दो ॥ ६४ ॥
एवं सयंपहपुरे, रयणासवनन्दणा कुमारवरा । भुञ्जन्ति विसयसोक्खं, देवा जह देवलोयम्मि ॥ ६५ ॥
गन्तूण भाणुकण्णो, हढेण धणयस्स सन्तियं देसं । आणेइ गय-तुरङ्गे, महिलारयणाइयं सबं ॥ ६६ ॥
नाऊण य वेसमणो, नियय चिय देसपरिहवं रुट्ठो । पेसेइ सुमालिस्स य, वयणालंकारदूयं सो ॥ ६७ ॥
गन्तूण पणमिऊण य, सुमालिणं दहमुहं च दूओ सो । अह साहिउं पयत्तो, जं भणियं सामिसालेण ॥ ६८ ॥
अह जंपइ वेसमणो, समत्थतेलोक्कपायडपयावो । जह उत्तमो कुलीणो, सुमालि ! नयपण्डिओ सि तुमं ॥ ६९ ॥
एवंविहस्स होउं, न य जुत्तं तुज्झ ववसिउं एयं । नासयसि मज्झ देसं, जेणं चिय कुम्भयण्णेणं ॥ ७० ॥
अहवा किं पम्हुट्ठं ?, जं सि तया सबनिसियरसमक्खं । इन्देण समरमज्झे, वहियं मालिं न संभरसि ? ॥ ७१ ॥
सो हु तुम दद्दुरो इव, इन्दस्स रणे भयं अयाणन्तो । दाढाकण्टयविसमे, कीलसि वयणे भुयङ्गस्स ॥ ७२ ॥
मालिवहेण न सन्ती, जाया वि हु तुज्झ अणयकारिस्स । सेसनिययाण वि वहं, कप्पसि नत्थेत्थ संदेहो ॥ ७३ ॥
जइ न निवारेसि तुमं, एयं चिय बालयं अबुद्धीयं । दढनियल संजमेउं, चारगिहत्थं निवारे हं ॥ ७४ ॥
पायालंकारपुरं, चइऊण ठिओ सि जं चिरं कालं । पुणरवि धरिणीविवरं, सुमालि ! किं पविसिउं महसि ? ॥ ७५ ॥
रुट्ठे मए निसायर !, इन्दे वा कोहसंगए तुज्झ । न य अत्थि समत्थे वि हु, ताणं सरणं च तेलोक्के ॥ ७६ ॥

---

समय व्यतीत होने पर मन्दोदरीको एक उत्तम पुत्र हुआ। वह रूपमें इन्द्रके समान था, अतः उसका नाम इन्द्रजित् रखा गया। ( ६३ ) इस प्रकार क्रमसे मेघवाहन नामका दूसरा पुत्र पैदा हुआ। आँखोंके लिए उत्सवरूप तथा बन्धुजनोंके आनन्द स्वरूप वह कुमार बढ़ने लगा। ( ६४ ) इस प्रकार स्वयम्प्रभपुरमें रत्नश्रवाको आनन्द देनेवाले वे उत्तम कुमार, देवलोकमें देव जिस तरह सुखोपभोग करते हैं, उसी तरह विषयसुखका उपभोग करने लगे। ( ६५ )

रावण-वैश्रमण-युद्धका वर्णन :—

एकबार धनदके पास जो देश था, उसमें जबरदस्तीसे घुसकर भानुकर्ण हाथी, घोड़े तथा महिलारत्न आदि सब कुछ उठा लाया। (६६) अपने देशके परिभवके बारेमें जानकर गुस्सेमें आये हुए वैश्रमणने अपना वचनालंकार नामक दूत सुमालीके पास भेजा। ( ६७ ) वहाँ जाकर और सुमाली एवं दशमुखको प्रणाम करके वह दूत अपने मालिकने जो कुछ कहा था उसे कहने लगा। ( ६८ ) समग्र त्रिलोकमें प्रकटित प्रतापवाले वैश्रमणने कहा है कि हे सुमालि ! तुम जैसे उत्तम और कुलीन हो वैसे नीतिपण्डित भी हो। ( ६९ ) ऐसे होने पर भी तुमने यह अच्छा नहीं किया, क्योंकि तुमने कुम्भकर्णके द्वारा मेरे देशका नाश कराया है। ( ७० ) अथवा सभी राक्षसोंके समक्ष इन्द्रने युद्धमें मालीको जो मार डाला था, क्या वह तुम भूल गए ? या याद नहीं आता ? ( ७१ ) युद्धमें इन्द्रके भयसे अनजान तुम उस मेंढ़कके समान हो जो काँटेके समान विषम दाढ़वाले सर्पके मुहमें खेलता है ! ( ७२ ) ऐसा मालूम होता है कि नीति विरुद्ध आचरण करनेवाले तुम्हें मालीके वधसे शान्ति नहीं हुई, इसीलिए अवशिष्ट स्वजनोंका तुम बध चाहते हो, इसमें कोई सन्देह नहीं। ( ७३ ) यदि तुम अपने इस मूर्ख बालकको नहीं रोकोगे तो मजबूत जंजीरसे बाँधकर और कारागृहमें बन्द करके मैं उसे रोकूँगा। ( ७४ ) हे सुमालि ! पातालालंकारपुरीका त्याग करके तुम यहाँ चिरकालसे रहते हो, अब क्या पृथ्वीके बिलमें प्रवेश करना चाहते हो ? ( ७५ ) हे निशाचर ! मुझ इन्द्रके रुष्ट होने पर या क्रुद्ध होने पर तीनों लोकमें ऐसा कोई भी समर्थ नहीं है जो तुम्हारी रक्षा कर सके या तुम्हें शरण दे सके। ( ७६ )

---

१. काहसि।

सोऊण वयणमेयं, आरुट्ठो दहमुहो भणइ दूयं[1] । को वेसमणो नामं ?, को वा वि हु भण्णए इन्दो ? ॥ ७७ ॥
अम्हं परंपराए, कुलागयं भुञ्जसे तुमं नयरं । वेसमण ! मुञ्चसु लहुं, जइ इच्छसि अत्तणो जीयं ॥ ७८ ॥
सो सेणायइ काओ, सीहायइ कोल्हुओ अबुद्धीओ । भिच्चयणबन्धवारी, जो कुणइ मए समं जुज्झं ॥ ७९ ॥
रे दूय ! अवयणाइं, एव भणन्तस्स उत्तमङ्गं ते । पाडेमि धरणिवट्टे, असिणा तालप्फलं चेव ॥ ८० ॥
एवं भणिऊण सहसा, आयड्ढइ असिवरं परमरुट्ठो । दूयस्स उच्छरन्तो, रुद्धो य बिभीसणभडेणं ॥ ८१ ॥
पाययपुरिसेण पहू ! इमेण परवयणपेसणकरेणं । दूएण मारिएण वि, सुहडाण जसो न निवडइ ॥ ८२ ॥
भिच्चस्स कोऽवराहो, संपइ विक्कीयनिययदेहस्स ? । वाया पवत्तइ पहू ! पिसायगहियस्स व इमस्स ॥ ८३ ॥
जाव य विहीसणेणं, पसमिज्जइ दहमुहो पणामेणं । ताव चलणेहि घेत्तुं, दूओ अन्नेहि निच्छूढो ॥ ८४ ॥
हय-विहय-विप्परद्धो, दूओ गन्तूण नियय[2]सामिस्स । साहेइ समणुभूयं, जं चिय भणियं दहमुहेणं ॥ ८५ ॥
न य वारेइ कणिट्ठं, न य सम्मं कुणइ जं तुमे[3] भणियं । नवरं चिय पडिवज्जइ, संगामं चेव दहवयणो ॥ ८६ ॥
सोऊण दूयवयणं, वेसमणो कोहपसरियामरिसो । भडचडयरेण महया, विणिग्गओ समरतण्हालू ॥ ८७ ॥
रह-तुरय-गयारूढा, असि-खेडय-कणय-तोमरविहत्था । गुञ्जवरपवयं ते, जक्खभडा चेव संपत्ता ॥ ८८ ॥
सोऊण आगयं सो, वेसमणं दहमुहो रणपयण्डो । भाणुसवणाइएहिं, भडेहि सहिओ विणिक्खन्तो ॥ ८९ ॥
मत्तगएसु रहेसु य, आरूढा केइ वरतुरङ्गेसु । गुञ्जवरपवयं ते, दहमुहसुहडा समणुपत्ता ॥ ९० ॥
दट्ठूण परबलं ते, जक्खभडा हरिसमुक्कबुक्कारा । उच्छरिऊण पवत्ता, नाणाविहपहरणसमग्गा ॥ ९१ ॥

---

ऐसा कथन सुनकर गुस्सेमें आये हुए दशमुखने दूतसे कहा कि, वैश्रमण कौन है ? अथवा इन्द्र किसे कहते हैं ? (७७) हे वैश्रमण ! कुल परम्परासे आए हुए हमारे नगरका तुम उपभोग करते हो। यदि तुम अपनी जान बचाना चाहते हो तो उसका जल्दी ही परित्याग करो। (७८) जो मेरे साथ युद्ध करता है वह मानो कौआ होकर भी बाजके जैसा आचरण करता है और मूर्ख शृगाल होने पर भी सिंहकी भांति अपने आपको जताता है। वह अपने भृत्यजनोंका तथा सगे-सम्बन्धियोंका शत्रु है। (७९) हे दूत ! दुर्वचन कहनेवाले तेरे सिरको ताड़के फलकी भांति तलवारसे काटकर धरती पर गिराता हूँ। (८०) ऐसा कहकर खूब गुस्सेसे युक्त उसने दूतको मारनेके लिये तलवार खींची, पर वीर विभीषणने उसे रोका। (८१) उसने कहा कि, हे प्रभो ! प्राकृतजन और दूसरेका सन्देश लानेवाले इस दूतको मारनेसे सुभटोंको यश नहीं मिलता। (८२) अपने शरीरको बेचनेवाले भृत्यका इसमें क्या अपराध है ? हे प्रभो ! पिशाच द्वारा गृहीत मनुष्यकी भांति इसकी जीभ चलती है। (८३) इस प्रकार झुक-झुक कर विभीषण दशमुखको शान्त कर रहा था कि दूसरे लोगोंने दूतको पैरोंसे पकड़कर बाहर फेंक दिया। (८४) क्षत-विक्षत एवं अपमानित दूत अपने स्वामीके पास गया और जो कुछ अनुभव किया था तथा दशमुखने कहा था—कह सुनाया। (८५) "न तो छोटेको ( रावणको ) रोका और न आपने जो कुछ कहा था उसके अनुसार ही किया। अवश्य ही दशवदन संग्राम करेगा।" (८६) दूतका ऐसा कथन सुनकर क्रोधके कारण बढ़े हुए कदाग्रहवाले तथा युद्धके प्यासे वैश्रमणने बड़े भारी सुभट समूहके साथ युद्ध-प्रस्थान किया। (८७) रथ, घोड़े और हाथी पर सवार तथा तलवार, ढाल, तीर व तोमर हाथमें लिये हुए यक्ष-सुभट गुंजावर पर्वत पर आ पहुँचे। (८८) वैश्रमणका आगमन सुनकर रणप्रचण्ड रावण भानुकर्ण आदि योद्धाओंके साथ बाहर निकला। (८९) उधर मत्त हाथियों पर, रथों पर तथा उत्कृष्ट घोड़ों पर आरूढ़ दशमुखके सुभट भी गुंजावर पर्वतके ऊपर आ पहुँचे। (९० शत्रुसैन्यको देखकर नानाविध प्रहरणोंसे युक्त वे यक्ष सुभट उछल-उछल कर आनन्दवश गर्जनाएँ करने लगे। (९१) कायर पुरुषोंके लिये भयोत्पादक दोनों सैन्योंके वाद्योंकी ध्वनि तथा हाथियोंकी गर्जना और घोड़ोंकी हिनहिनाहट चारों ओर फैलने

---

१. एवं—प्रत्य०। २. तए—प्रत्य०। ३. गुज्जइरिपव्वयं—प्रत्य०।

उभयबलतूरसद्दो, गयगज्जिय-तुरयहिंसियरवो य । वित्थरिऊणाऽऽढत्तो, कायरपुरिसाण भयजणणो ॥ ९२ ॥
अह ढुक्किउं पवत्ता, दोण्णि वि सेन्नेसु हरिसिया सुहडा । सन्नद्धबद्धकवया, सुणिरूवियपहरणा-ऽऽवरणा ॥ ९३ ॥
अह ताण समावडियं, जुज्झं गुंजवरपवयस्सुवरिं । वेसमण-दहमुहाणं, दोण्हं पि उइण्णसेन्नाणं ॥ ९४ ॥
सर-झसर-सत्ति-सबल-करालकोन्तेसु खिप्पमाणेसु । चक्केसु पट्टिसेसु य, छन्नं गयणङ्गणं सहसा ॥ ९५ ॥
रहिया रहिएसु समं, गयमारूढा समं गयत्थेसु । जुज्झन्ति आसवारा, आसवलग्गेसु सह सुहडा ॥ ९६ ॥
खग्गेण मोग्गरेण य, चक्केण य केइ अभिमुहावडिया । पहरन्ति एक्कमेक्कं, सामियकज्जुज्जया सुहडा ॥ ९७ ॥
जुज्झन्ताण रणमुहे, चडकपहरोवमेसु पहरेसु । तक्खणमेत्तेण कयं, नच्चन्तकबन्धपेच्छणयं ॥ ९८ ॥
अह रक्खसाण सेन्नं, चक्कावत्तं व भामियं सहसा । जक्खभडेसु समत्थं, दिट्ठं चिय दहमुहेण रणे ॥ ९९ ॥
दढचावगहियहत्थेण, तेण विसिहेसु मुच्चमाणेणं । गरुयपहाराभिहया, जह जक्खभडा कया विमुहा ॥ १०० ॥
न य सो अत्थि रहवरो, जक्खबले गय-तुरङ्ग-पाइक्को । विसिहेसु जो न भिन्नो, दहवयणकरग्गमुक्केसु ॥ १०१ ॥
दट्ठूण समरमज्झे, एज्जन्तं रावणं सवडहुत्तं । तिव्वो बन्धवनेहो, जक्खनरिन्दस्स उप्पन्नो ॥ १०२ ॥
संवेगसमावन्नो, बाहुबली जह महाहवे पुव्वं । चिन्तेऊण पवत्तो, धिरत्थु संसारवासम्मि ॥ १०३ ॥
अइमाणगविएणं, विसयविमूढेण एरिसं कज्जं । रइयं बन्धुवहत्थं, अकित्तिकरणं च लोगम्मि ॥ १०४ ॥
भो भो दसाणण ! तुमं, मह वयणं सुणसु ताव एयमणो । मा कुणसु पावकम्मं, कएण खणभङ्गुरसिरीए ॥ १०५ ॥
अहयं तुमं च रावण !, पुत्ता एक्कोयराण बहिणीणं । न य बन्धवाण जुज्जइ, संगामो एक्कमेक्काणं ॥ १०६ ॥
काऊण जीवघायं, विसयसुहासाएँ तिव्वलोहिल्ला । वच्चन्ति पुण्णरहिया, पुरिसा बहुवेयणं नरयं ॥ १०७ ॥

---

लगी । (९२) कवच धारण करके तैयार खड़े, प्रहरणोंके आवरणसे भलीभांति दिखाई देनेवाले तथा हर्षमें आये हुए दोनों सेनाओंके सुभट एक दूसरेके समीप आने लगे । (९३) तगड़ी सेनावाले इन्द्र एवं दशमुख दोनोंका युद्ध गुंजावर पर्वतके ऊपर शुरू हुआ । (९४) फेंके जानेवाले शर, मुसर ( शस्त्रविशेष ), शक्ति, सब्बल ( शस्त्रविशेष ) भयंकर भालोंसे तथा चक्र एवं पट्टिसोंसे ( शस्त्र विशेष ) सारा आकाशरूपी आँगन छा गया । (९५) रथी रथियोंके साथ, गजारूढ़ गजारूढ़ोंके साथ तथा घुड़सवार घुड़सवारोंके साथ—इस तरह सब सुभट युद्ध करने लगे । (९६) अपने मालिकके कार्यमें उद्यत कई सुभट सामने आकर एक दूसरेका तलवार, मुद्गर व चक्रसे वध करने लगे । (९७) बिजलीकी तरह प्रहार करनेवाले हथियारोंसे जूझनेवालोंने फौरन ही युद्धभूमिको नाचते हुए धड़ोंके कारण नाटक-भूमिसा बना दिया । (९८) इसके अनन्तर सहसा अपने सैन्यको चक्रकी भाँति घुमाकर दशमुख उसे रणभूमिमें यक्ष-सुभटोंके समक्ष ले आया । (९९) बादमें धनुषको मजबूतीसे हाथमें पकड़े हुए उसके द्वारा फेंके गये बाणोंकी ज़बरदस्त चोटसे घायल यक्ष-योद्धा मानो लड़ाईसे विमुख कर दिये गये । (१००) यक्षसैन्यमें ऐसा कोई भी रथी, गजारूढ़, घुड़सवार या पैदल नहीं था जो दशवदनके हस्ताग्रसे छोड़े गये बाणोंसे क्षत न हुआ हो । (१०१)

युद्धभूमिमें रावणको समक्ष आते हुए देखकर यक्षराजको तीव्र बन्धुप्रेम उत्पन्न हुआ । (१०२) पूर्वकालमें जिस प्रकार बाहुबलिको महायुद्धमें वैराग्य हुआ था उसी प्रकार वह सोचने लगा कि संसारवासको धिक्कार है । (१०३) मानसे अत्यन्त गर्वित तथा विषयमें विमूढ़ मैं बन्धुजनोंके वधके लिए तथा लोकमें अकीर्त्तिकर कार्य कर रहा हूँ । (१०४) ऐसा सोचकर वह कहने लगा कि, हे दशानन ! तुम ध्यान लगाकर मेरा कहना सुनो—क्षणभंगुर लक्ष्मीके लिए तुम पापकर्म मत करो । (१०५) हे रावण ! मैं और तुम—हम दोनों सगी बहनोंके पुत्र हैं, अतः भाइयोंका एक दूसरेके साथ लड़ना योग्य नहीं है । (१०६) अत्यन्त लम्पट और पुण्यहीन पुरुष विषय-सुखकी आशासे जीवका वध करके अत्यन्त वेदनापूर्ण नरकमें जाते हैं । (१०७) अज्ञानी पुरुष एक दिनके

---

१. गुञ्जयर—प्रत्य० ।

भोत्तूण एगदिवसं, रज्जं संवच्छरं हवइ पावं । दोरस्स कारणट्ठं, नासन्ति मणी अविन्नाणा ॥ १०८ ॥
तं मुयसु रागदोसं, निययं दावेहि बन्धवसिणेहं । मा विसयभोगतिसिओ, पहरसु नियएसु अङ्गेसु ॥ १०९ ॥
सोऊण वयणमेयं, दसाणणो भणइ अइबलुम्मत्तो । धम्मसवणस्स कालो, वेसमण ! न होइ संगामे ॥ ११० ॥
खग्गस्स हवसु मग्गे, किं वा बहुएहि भासियवेहिं ? । अहवा कुणसु पणामं, न य सरणं अत्थि तुज्झऽन्नं ॥ १११ ॥
भणइ तओ वेसमणो, दसाणणं रणमुहे सवडहुत्तं । आसन्नमरणभावो, वट्टसि एयाइँ जंपन्तो ॥ ११२ ॥
बन्धवनेहेण मए, निवारिओ जं सि महुरवयणेहिं । तं मुणसि अतीगाढं, भीओ जक्खाहिवो मज्झं ॥ ११३ ॥
जइ ताव बलसमुत्थं, अत्थि तुमं कढिणदप्पमाहप्पं । ता पहरसु पढमयरं, दहमुह ! मा णे चिरावेहि ॥ ११४ ॥
अह भणइ रक्खसिन्दो, संगामे पढमरिउभडस्सुवरिं । सबाउहकयसङ्गा, एत्तिय न वहन्ति मे हत्था ॥ ११५ ॥
रुट्ठो जक्खाहिवई, तस्सुवरिं वरिसिओ सरसएहिं । किरणपसरन्तनिवहो, नज्जइ मज्झट्ठिओ सूरो ॥ ११६ ॥
वेसमणकरविमुक्कं, सरनिवहं अद्धचन्दबाणेहिं । छिन्देऊण दहमुहो, गयणे सरमण्डवं कुणइ ॥ ११७ ॥
आयण्णपूरिएहिं, सुणिसियबाणेहि धणुविमुक्केहिं । चावं दुहा विरिक्कं, रहो य संचुण्णिओ नवरं ॥ ११८ ॥
अन्नं रहं विलग्गो, चावं घेत्तूण सरवरसएहिं । उक्कत्तइ दहवयणो, कवयं धणयस्स देहत्थं ॥ ११९ ॥
अह रावणेण समरे, जमदण्डसमेण भिण्डिमालेण । वच्छत्थलम्मि पहओ धणओ मुच्छं समणुपत्तो ॥ १२० ॥
दट्ठूण तं विसन्नं, जक्खबले करुणकन्दियपलावो । उप्पन्नो च्चिय सहसा, परितोसो रक्खसभडाणं ॥ १२१ ॥
ताव य भिच्चेहि रणे, वेसमणो गेण्हिऊण हक्खुत्तो । सपुरिससेज्जारूढो, जक्खपुरं पाविओ सिग्घं ॥ १२२ ॥
दहवयणो वि य समरे, भग्गं नाऊण जक्खसामन्तं । जयसद्दतूरकलयलरवेण अहिणन्दिओ सहसा ॥ १२३ ॥

---

राज्यके उपभोगके लिये सालभर तक पाप करते हैं और इस तरह मानो डोरीके लिए मणिका नाश करते हैं। ( १०८ ) अतः राग-द्वेषका त्याग कर तुम अपना बन्धुस्नेह दिखलाओ और विषयभोगमें तृषित तुम अपने ही अंगों पर प्रहार मत करो। ( १०९ ) वैश्रमणका ऐसा कथन सुनकर अपने अतिबलसे उन्मत्त रावणने कहा कि हे वैश्रमण ! संग्राममें धर्म सुननेका समय नहीं होता। ( ११० ) बहुत कहनेसे क्या ? या तो तुम मेरी तलवारकी धारमें आओ, अथवा मुझे प्रणाम करो। तुम्हारे लिए दूसरी कोई शरण नहीं है। ( १११ ) इस पर वैश्रमणने रावणसे कहा कि तुम्हारे ऐसे कथनसे मालूम होता है कि रणमें तुम्हारा मरण आसन्न ही है। ( ११२ ) बन्धुस्नेहवश मधुर शब्दोंसे मैंने तुम्हें रोका, इससे तुम ऐसा मानने लगे हो कि यह यक्षराज मुझसे बहुत ही डर गया है। ( ११३ ) यदि तुम्हें अपने बलसे उत्पन्न बड़ा भारी घमण्ड हो आया है तो, हे दशमुख ! तुम सर्वप्रथम प्रहार करो, देर मत लगाओ। ( ११४ ) इस पर राक्षसेन्द्र रावणने कहा कि युद्धमें शत्रु-सुभटके ऊपर सर्वप्रथम, सभी तरहके आयुधोंके साथ जिसने दोस्ती की है ऐसे मेरे हाथ नहीं चलते। ( ११५ ) ऐसा सुनकर रुष्ट यक्षाधिपति वैश्रमण उस पर सैकड़ों बाणोंकी वर्षा करने लगा। उस समय वह आकाशके बीच अवस्थित तथा चारो ओर फैलनेवाली किरणोंके समूहसे युक्त सूर्य जैसा प्रतीत होता था। ( ११६ ) वैश्रमणके द्वारा छोड़े गये बाणोंके समूहको अर्धचन्द्र-बाणोंके द्वारा छिन्न-भिन्न करके रावणने आकाशमें बाणोंका एक मण्डप-सा तान दिया। ( ११७ ) कान तक खींचे हुए धनुषसे छोड़े गये अत्यन्त तीक्ष्ण बाणोंसे—वैश्रमणने रावणके धनुषके दो टुकड़े कर दिये तथा रथ भी चूर्ण-विचूर्ण कर दिया। ( ११८ ) दूसरे रथ पर चढ़कर तथा धनुष ग्रहण करके रावणने सैकड़ों बाणोंसे धनदके शरीर पर पहने हुए कवचको तोड़ डाला। ( ११९ ) इसके पश्चात् रावणने युद्धमें यमके दण्डके जैसे भिन्दिपाल नामक शस्त्रसे वक्षस्थल पर प्रहार किया, जिससे धनद मूर्छित हो गया। ( १२० ) उसे बेहोश देखकर सहसा यक्षसैन्यमें करुण क्रन्दनकी आवाज उत्पन्न हुई और राक्षस योद्धाओंमें आनन्द छा गया। ( १२१ ) इसके बाद वैश्रमणको उठाकर भृत्य युद्धभूमिसे ले गये। पुरुषोंसे युक्त शय्या पर आरूढ़ वह जल्दी ही यक्षपुरमें पहुँचा दिया गया। ( १२२ ) युद्धमें यक्षसामन्त भग्न हुआ है ऐसा जानकर 'जय' शब्द तथा बाणोंकी कलकल ध्वनिसे दशवदनका सहसा अभिनन्दन किया गया। ( १२३ )

धणओ वि जक्खराया, कयपरिकम्मो तिगिच्छएसु पुणो। ठविओ सभावरूवो, बल-विरियसमुज्जलसिरीओ ॥ १२४ ॥
चिन्तेइ तो मणेणं, हा ! कट्ठं विसयरागमूढेणं। बहुवेयणावगाढं, दुक्खं चिय एरिसं पत्तं ॥ १२५ ॥
कल्लाणबन्धवो मे, दसाणणो जेण रणमुहनिहेण। बद्धो वि मोइओ हं, सिग्घं गिहवासपासेसु ॥ १२६ ॥
मुणियपरमत्थसारो, पवज्जं गेण्हिऊण वेसमणो। आराहियतवनियमो, पत्तो अयरामरं ठाणं ॥ १२७ ॥
अह तस्स तं विचित्तं, उवणीयं धणयसन्तियं दिव्वं। मणिरयणपज्जलन्तं, पुप्फविमाणं मणभिरामं ॥ १२८ ॥
वरमन्ति-सुय-पुरोहिय-बन्धवजणविविहपरियणाइण्णो। आरुहइ वरविमाणं, दसाणणो रिद्धिसंपन्नो ॥ १२९ ॥
वरहार-कडय-कुण्डल-मउडालंकारभूसियसरीरो। ऊसियसियायवत्तो, चामरधुवन्तधयमालो ॥ १३० ॥
नामेण कुम्भयण्णो, सहोयरो तस्स गयवरारूढो। बीओ वि रहवरत्थो, बिहीसणो पङ्कयदलच्छो ॥ १३१ ॥
सीहो सरहो य तहा, मारीई गयणविज्जुनामो य। वज्जो य वज्जमज्झो, वज्जक्खो चेव होइ बुहो ॥ १३२ ॥
सुय सारणो सुनयणो, मओ य तह एवमाइया बहवे। विज्जाहरसामन्ता, सविभवपरिवारिया मिलिया ॥ १३३ ॥
सो एरिसबलसहिओ, उप्पइओ उययसामलं गयणं। वच्चइ य दाहिणदिसं, लङ्कानयरीसवडहुत्तो ॥ १३४ ॥
अह पेच्छिऊण पुहइं आरामुज्जाण-काणणसमिद्धं। पुच्छइ दसाणणो चिय, विणयं काऊण य सुमालिं ॥ १३५ ॥
दीसन्ति पवओवरि, सरियाकूलेसु गाम-नयरेसु। पडिया सङ्खदलनिभा, मेहा इव सरयकालम्मि ॥ १३६ ॥
सिद्धे नमंसिऊणं, भणइ सुमाली दसाणणं सुणसु। वच्छय ! न होन्ति एए, पडिया मेहा धरणिवट्टे ॥ १३७ ॥
धवलब्भसंनिगासा, विरइयपायार-गोउराडोवा। दीसन्ति पुत्त ! एए, जिणालया रयणविच्छुरिया ॥ १३८ ॥
दसमो भरहाहिवई, हरिसेणो नाम आसि चक्कहरो। तेण इमे भुवणयले, जिणालया कारिया बहवे ॥ १३९ ॥

---

चिकित्सकोंके द्वारा उपचार किये जानेके बाद यक्षराज धनद भी अपने असल बल, वीर्य तथा समुज्ज्वल शोभायुक्त रूपमें आ गया। ( १२४ ) वह मनमें सोचने लगा कि अफ़सोस है ! विषयोंकी आसक्तिके कारण मूढ मैंने अत्यन्त वेदनासे परिपूर्ण ऐसा दुःख प्राप्त किया है। ( १२५ ) दशानन मेरा कल्याणकारी बन्धु है जिसने युद्धके बहाने मुझे बद्ध होने पर भी गृहवासके बन्धनोंसे शीघ्र ही मुक्त कर दिया। ( १२६ ) इस प्रकार परमार्थ वस्तुका सार जानकर वैश्रमणने प्रव्रज्या अंगीकार की और तप एवं नियमकी आराधना करके अजरामर स्थान प्राप्त किया। ( १२७ )

इसके पश्चात् धनदके पास जो दिव्य, मणि एवं रत्नोंसे देदीप्यमान तथा मनोहर पुष्पक विमान था वह उसके ( रावणके ) पास लाया गया। ( १२८ ) उत्तम मंत्री, पुत्र, पुरोहित, बान्धवजन तथा अनेकविध नौकर-चाकरोंसे घिरा हुआ ऋद्धिसम्पन्न दशानन उस उत्तम विमान पर चढ़ा। ( १२९ ) उत्तम हार, कटक, कुण्डल, मुकुट तथा अलंकारोंसे विभूषित शरीरवाला, सफेद छत्र धारण करनेवाला तथा चामर डुलानेसे जिसकी ध्वजपंक्ति हिल रही है ऐसा कुम्भकर्ण नामका उसका भाई गजवरके ऊपर आरूढ़ हुआ। पंकजके पत्रके समान विशाल नेत्रोंवाला दूसरा भाई विभीषण रथके ऊपर सवार हुआ। ( १३०-१३१ ) सिंह, शरभ, मारीचि, गगनविद्युत्, वज्र, वज्रमध्य, वज्राक्ष, शुक, सारण, सुनयन एवं मय तथा दूसरे बहुतसे विद्याधर सामन्त अपने वैभव एवं परिवारके साथ इकट्ठे हुए। ( १३२-१३३ ) ऐसे सैन्यके साथ वह जलके समान नीलवर्णवाले आकाशमें उड़ा और लंकानगरीके सम्मुख दक्षिण दिशाकी ओर प्रयाण किया। ( १३४ ) मार्गमें बाग़-बगीचे और वनोंसे समृद्ध पृथ्वीको देखकर रावणने सुमालीसे विनयपूर्वक पूछा कि इस पर्वत पर आई हुई नदियोंके किनारों पर बसे हुए गाँव व शहरोंमें शंखके समूहके-से तथा शरत्कालीन बादलोंके-से पड़े हुए क्या दिखाई पड़ते हैं ? ( १३५-१३६ ) सिद्धोंको नमस्कार करके सुमालीने दशाननसे कहा कि, हे वत्स ! तुम सुनो, ये पृथ्वीतल पर गिरे हुए बादल नहीं हैं। ( १३७ ) हे पुत्र ! ये जो सफेद बादल जैसे, प्राकार एवं गोपुर आदिके निर्माणसे सजाये गये तथा रत्नोंके कारण देदीप्यमान दिखाई देते हैं, वे तो जिनमन्दिर हैं। (१३८) हरिषेण नामका भरतक्षेत्रका अधिपति और दसवाँ चक्रवर्ती पहले

एयाण नमोक्कारं, करेहि दहमुह ! विसुद्धभावेणं । कलिकलुसपावरहिओ, होहिसि नत्थेत्थ संदेहो ॥ १४० ॥
नमिऊण चेइयहरे, पुच्छइ हरिसेणसन्तियं चरियं । केण निमित्तेण पहू ! कया इमे जिणवरायणा ? ॥ १४१ ॥
सत्थ-ऽत्थ-नयविहिन्नू , भणइ सुमाली मणोहरगिराए । दहमुह ! एगग्गमणो, सुणेहि जह जिणहरुप्पत्ती ॥ १४२ ॥

हरिषेणचक्रिचरितम् :—

अत्थि भरहद्धवासे, कम्पिल्लपुरे मणोभिरमणिज्जे । सीहद्धओ त्ति नामं, राया बहुपणयसामन्तो ॥ १४३ ॥
तस्साऽऽसि महादेवी, वप्पा नामेण रूवगुणकलिया । तीए सुओ कुमारो, हरिसेणो लक्खणोवेओ ॥ १४४ ॥
अह अन्नया कयाई, वप्पाए जिणरहो रयणचित्तो । काराविओ य नयरे, चेइहरे धम्मसीलाए ॥ १४५ ॥
अन्ना वि तस्स महिला, लच्छी नामेण रूवसंपन्ना । मिच्छत्तमोहियमई, पडिणीया जिणवरमयम्मि ॥ १४६ ॥
सा भणइ एस पढमो, बम्भरहो भमउ नयरमज्झम्मि । अट्ठाहियमहिमाए[1], परिहिण्डउ जिणरहो पच्छा ॥ १४७ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, वज्जेण व ताडिया सिरे वप्पा । अह सा कुणइ पइन्नं, दुक्खमहासोगसंतत्ता ॥ १४८ ॥
जइ पढमजिणरहो वि हु, भमिही नयरे सुसङ्घपरिकिण्णो । ता होही आहारो, नियमा पुण अणसणं मज्झ ॥ १४९ ॥
कमलदलसरिसनयणं, रोवन्ती पेच्छिऊण हरिसेणो । पुच्छइ ससंभमहिओ, अम्मो ! किं रुयसि दुक्खत्ता ? ॥ १५० ॥
जिणवररहाइभमणं, परिकहियं तस्स एव जणणीए । चिन्तेऊण पवत्तो, सोगमहासंकडे पडिओ ॥ १५१ ॥
माया पिया य दोण्णि वि, लोगम्मि महागुरू इमे भणिया । न य ताण जणविरुद्धं, करेमि पीडा सुथेवं पि ॥ १५२ ॥
न य दट्ठूण समत्थो, जणणी बहुदुक्ख-सोगसंतत्ता । मोत्तूण नियभवणं, रण्णं पविसामि जणरहियं ॥ १५३ ॥

---

हुआ है। उसने पृथ्वीपर अनेक ऐसे जिनचैत्य बनवाये हैं। (१३९) हे दशमुख ! तुम विशुद्ध भावके साथ इन्हें नमस्कार करो। इससे तुम कलियुगमें उत्पन्न होनेवाले मलिन पापसे रहित हो सकोगे, इसमें कोई सन्देह नहीं है। (१४०) चैत्यगृहोंको वन्दन करके रावण हरिषेणका चरित पूछने लगा, कि हे प्रभो ! उसने क्यों जिनवरोंके ये चैत्य बनवाये। (१४१) शास्त्रोंके अर्थ तथा नीतिके जानकार सुमालीने मनोहर वाणीमें कहा कि, हे दशमुख ! इन जिनमन्दिरोंका निर्माण जिस तरह हुआ है उसके बारेमें तुम ध्यान लगाकर सुनो। (१४२)

हरिषेण चक्रवर्तीका वृत्तान्त :—

भरतार्द्धमें काम्पिल्यपुर नामका एक मनोहर नगर है। उसमें अनेक सामन्त जिसको प्रणाम करते हैं ऐसा सिंहध्वज नामका एक राजा था। (१४३) उसकी रूप एवं गुणसे युक्त वप्रा नामकी पटरानी थी। उससे शुभ लक्षणोंसे युक्त हरिषेण नामका कुमार हुआ। (१४४) एक बार धर्मशील वप्राने चैत्यगृहसे युक्त उस नगरमें जिनेश्वरदेवके लिये रत्नोंसे खचित एक रथ बनवाया। (१४५) उसकी रूपवती एक दूसरी भार्याका नाम लक्ष्मी था। उसकी मति मिथ्यात्वसे मोहित थी तथा वह जिनवर-मतकी विरोधी थी। (१४६) उसने कहा कि आठ दिनोंके उत्सवकी महिमा होनेसे आगे नगरमें ब्रह्मरथ घूमे, बादमें उसके पीछे जिनरथ घूमे। (१४७) यह सुनकर मानों सिरपर वज्र गिरा हो इस तरह दुःख एवं अत्यन्त शोकसे सन्तप्त उसने प्रतिज्ञा की कि यदि सुसंघसे घिरा हुआ जिनरथ ही नगरमें आगे-आगे भ्रमण करेगा तब तो मैं आहार करूँगी, अन्यथा मेरा अनशन निश्चित है। (१४८-१४९) कमलदलके समान नेत्रोंवाली उसे रोती देखकर मनमें घबराया हुआ हरिषेण पूछने लगा कि माँ ! तुम दुःखसे पीड़ित होकर क्यों रोती हो ? (१५०) इसपर माताने जिनवरके रथ आदिके परिभ्रमणके बारेमें उसे कहा। यह सुनकर शोकरूपी महासंकटमें फँसा हुआ वह सोचने लगा कि माता और पिता ये दोनों लोकमें सबसे अधिक बड़े कहे गये हैं। लोकविरुद्ध ऐसी तनिक भी पीड़ा मैं उन्हें नहीं पहुँचा सकता। (१५१-१५२) दुःख

---

१. नंदीसरमहिमाए—मु०। २. जणणिं बहुदुक्खसोगसंतत्तं—प्रत्य०।

अह निग्गओ पुराओ, रयणीए जणपसुत्तसमयम्मि । पविसरइ महारण्णं, घणतरुवर-सावयाइण्णं ॥ १५४ ॥
तत्थ परिहिण्डमाणो, दिट्ठो च्चिय तावसेहि हरिसेणो । दिन्नासणोवविट्ठो, फल-मूलाई कयाहारो ॥ १५५ ॥
चम्पापुरीए राया, तइया जणमेजओ पहियकित्ती । कालनरिन्देण तया, रुद्धो च्चिय साहणसमग्गो ॥ १५६ ॥
जणमेजओ वि राया, नयराओ निग्गओ बलसमिद्धो । अह जुज्झउं पवत्तो, कालेण समं सवडहुत्तो ॥ १५७ ॥
जाव य वट्टइ जुज्झं, ताव सुरुङ्गाए पुवरइयाए । भज्जा से नागवई, दुहियाए समं गया रण्णं ॥ १५८ ॥
तं चिय तावसनिलयं, नागवई पुवमेव संपत्ता । चिट्ठइ दुहियाए समं, कालक्खेवं विहारन्ती ॥ १५९ ॥
दट्ठूण य हरिसेणं, कन्ना सा ललियजोव्वणापुण्णा । पुलयन्ती न य तिप्पइ, विद्धा कुसुमाउहसरेहिं ॥ १६० ॥
जणणीए सा कुमारी, भणिया संभरसु पुव्ववयणाइं । चक्कहरस्स वरतणू, होहिसि महिला तुमं बाले ! ॥ १६१ ॥
तं पेच्छिऊण सो वि हु, हरिसेणो मयणबाणभिन्नङ्गो । चिन्तेइ इमा मुद्धा, होही य कया[1] महं घरिणी ? ॥ १६२ ॥
नेहाणुरागरत्तं, कन्नं नाऊण तावसगणेहिं । निद्धाडिओ कुमारो, हरिसेणो आसमपयाओ ॥ १६३ ॥
हरिसेणो वि हु तीए, कन्नाए रूव-जोव्वण-गुणेहिं[2] । सरमाणो च्चिय निद्दं, न लहइ रत्तिंदियं चेव ॥ १६४ ॥
न य आसणे न सयणे, न य गामे न य पुरे मणभिरामे । न य उज्जाणवरहरे, लहइ धिइं तीए विरहम्मि ॥ १६५ ॥
एवं विचिन्तयन्तो, हरिसेणो जइ लभामि तं कन्नं । तो सयलभरहवासं, भुत्तं चिय नत्थि संदेहो ॥ १६६ ॥
गामेसु पट्टणेसु य, सरियाकूलेसु पवयग्गेसु । जिणवरघराइं तो हं, सिग्घं चिय कारइस्सामि ॥ १६७ ॥
तच्चित्त तग्गयमणो, गामा[3]SSगर-नगरमण्डियं वसुहं । परिहिण्डन्तो कमसो, सिन्धुणदं पाविओ नयरं ॥ १६८ ॥

एवं शोकसे अत्यन्त सन्तप्त माताको भी मैं देखनेमें असमर्थ हूँ। अतः अपना भवन छोड़कर निर्जन वनमें मैं प्रवेश करूँगा। (१५३) ऐसा सोचकर लोग जब सोये हुए थे तब रातमें वह नगरसे बाहर निकला और घने पेड़ों तथा जङ्गली जानवरोंसे व्याप्त एक बड़े भारी जंगलमें प्रवेश किया। (१५४) वहाँ घूमते हुए उसे तापसोंने देखा। आसन देनेपर वह उसपर बैठा और फल, मूल आदिका आहार किया। (१५५)

उस समय चम्पापुरीमें, जनमेजय नामका एक राजा रहता था, जिसकी कीर्ति चारों ओर फैली हुई थी। उसे अपने सैन्यके साथ काल नामक राजाने घेर लिया। (१५६) सैन्यसे समृद्ध जनमेजय राजा भी नगरसे बाहर निकला और कालके साथ आमने-सामने होकर लड़ने लगा। (१५७) इधर जब युद्ध हो रहा था उससे पहलेसे तैयार की हुई सुरंगके द्वारा उसकी पत्नी नागमती अपनी लड़कीके साथ बाहर निकलकर जंगलमें चली गई और उसी तापस-आश्रममें पहले ही पहुँच गई। वहाँ वह अपनी लड़कीके साथ समय गुजारने लगी। (१५८-१५९) हरिषेणको देखकर कुसुमायुध कामदेवके बाणोंसे बींधी हुई वह सुन्दर एवं यौवनसे युक्त लड़की पुलकित हुई। उसे हरिषेणको देखनेसे तृप्ति ही नहीं होती थी। (१६०) माताने उस कुमारीसे कहा कि, हे बाले! सुन्दर शरीरवाली तू चक्रधरकी पत्नी बनेगी ऐसे पूर्वके वचन तू याद कर। (१६१) उस कन्याको देखकर मदनके बाणसे खण्डित शरीरवाला वह हरिषेण भी सोचने लगा कि यह शुद्ध कुलवाली कब मेरी गृहिणी बनेगी? (१६२) स्नेहानुरागसे अनुरक्त उस कन्याको जानकर तापसोंने कुमार हरिषेणको आश्रमसे बाहर निकाल दिया। (१६३) हरिषेण भी उस कन्याके रूप एवं गुणोंको रातदिन याद करता हुआ नींद नहीं लेता था। (१६४) उसके विरहके कारण आसन या शयनमें, गाँव या सुन्दर नगरमें, अथवा सुन्दर और आकर्षक उद्यानमें उसे चैन नहीं पड़ती थी। (१६५) हरिषेण ऐसा सोचता था कि यदि मैं उस कन्याको प्राप्त करूँ तो समग्र भरतक्षेत्रका उपभोग कर सकूँगा, इसमें सन्देह नहीं है। (१६६) तब तो मैं गाँवोंमें, नगरोंमें, नदियोंके किनारों पर, पर्वतोंके सिखरों पर अविलम्ब ही जिनमन्दिरोंका निर्माण कराऊँगा। (१६७) उस कन्यामें जिसका मन लगा है ऐसा वह विविध गाँवों और मकानोंसे शोभित वसुधा पर परिभ्रमण करता हुआ क्रमशः सिन्धुनद नामक नगरमें आ पहुँचा। (१६८)

१ कया य मह—प्रत्य०। २ गुणेहिं—मु०। ३ SSगर[विविहमंडियं—मु०।

तइया उ निग्गयाओ, उज्जाणवरम्मि[1] नयरजुवईओ । पेच्छन्ति वरकुमारं, हरिसेणं अणिमिसच्छीओ ॥ १६९ ॥
ताव य गओ वि रुट्ठो, पहाविओ अभिमुहो वरतणूणं । पगलन्तदाणसलिलो, सललियघोलन्तभमरउलो ॥ १७० ॥
दट्ठूण य तं एन्तं, मत्तमहागयवरं गुलुगुलेन्तं । भयविहलविब्भलाओ, पलयन्तिऽह सयलजुवईओ ॥ १७१ ॥
दट्ठूण य हरिसेणो, जुवइजणं गयभएण विलवन्तं । कलुणहियओ महप्पा, तस्स सयासं समल्लीणो ॥ १७२ ॥
नाऊण गयं खुहियं, नयरजणो धाविओ दवदवाए । अह पेच्छिउं पयत्तो, राया वि हु भवणसिहरत्थो ॥ १७३ ॥
तो भणइ कुञ्जरवरं, किं ते जुवईसु तुज्झ अवरद्धं ? । ए! एहि सवडहुत्तो, मज्झ तुमं मा चिरावेहि ॥ १७४ ॥
मोत्तूण जुवइवग्गं, हत्थी चलचवलगमणपरिहत्थो । अह तस्स सवडहुत्तो, पहाविओ आयरुप्पिच्छो ॥ १७५ ॥
परियरदढोवगूढो, हरिसेणो विज्जुविलसिएण तओ । दन्ते दाऊण पयं, चडिओ हंसो व लीलाए ॥ १७६ ॥
मण-नयणमोहणेहिं, बहुविहकरणेहि सत्थदिट्ठेहिं । चलचलणपीणपेल्लण-करयलअप्फालणेहिं च ॥ १७७ ॥
बलदप्पभग्गपसरं, काऊण खलन्तसिढिलपयगमणं । गेण्हइ गयं महप्पा, नागं पिव निव्विसं काउं ॥ १७८ ॥
कण्णे घेत्तूण तओ, आरूढो गयवरं अतिमहन्तं । भणइ य सुहोवएसं, जह पुण एयं न कारेसि ॥ १७९ ॥
अह पुरवरं पविट्ठो, नर-नारिसएसु तत्थ दीसन्तो । पत्तो नरिन्दभवणं, कुसुमाउहरूवसंठाणो ॥ १८० ॥
पासायतलत्थो चिय, राया दट्ठूण गयवरारूढं । चिन्तेइ कोइ एसो, उत्तमपुरिसो न संदेहो ॥ १८१ ॥
तो नरवइणा दिन्नं, सयमेगं तस्स वरकुमारीणं । वीवाहमङ्गलं सो, कुणइ पहिट्ठो महिड्ढीओ ॥ १८२ ॥
तेहि समं विसयसुहं, भुञ्जन्तो सुरवरो व सुरलोए । तत्थऽच्छइ हरिसेणो, तह वि य मयणावली सरइ ॥ १८३ ॥

---

उसी समय बाहर निकली हुई उस नगरकी युवतियाँ उद्यानमें अनिमेष लोचनोंसे कुमार हरिषेणको देखने लगीं। (१६९) उस समय एक क्रुद्ध हाथी उन सुन्दरियोंकी ओर दौड़ा। उस हाथीका मदजल झर रहा था तथा मौजसे घूमते हुए भौंरोंसे वह व्याप्त था। (१७०) 'गुड् गुड्' आवाज करते हुए उस बड़े मदोन्मत्त हाथीको आते देख भयसे विकल एवं विह्वल वे सभी युवतियाँ भागने लगीं। (१७१) हाथीके भयसे विलाप करती हुई उन युवतियोंको देखकर करुणासे व्याप्त हृदयवाला वह महात्मा हरिषेण उनके पास गया। (१७२) क्षुब्ध हाथीके बारेमें सुनकर नगरजन भी तेजीके साथ दौड़ पड़े—उनमें भी भगदड़ मच गई। इधर महलके ऊपरसे राजा भी देखने लगा। (१७३) उधर कुमारने हाथीसे कहा कि इन युवतियोंने तेरा क्या अपराध किया है? मेरे सामने आ, देर मत लगा। (१७४) इस पर चंचल और गमनमें कुशल तथा आकारमें भयंकर वह हाथी उन युवतियोंको छोड़कर उसके सामने दौड़ा। (१७५) मजबूतीसे कमर कसकर हरिषेण बिजलीकी चमककी तरह उस हाथी के दाँतों पर पैर रखकर हंसकी भाँति सरलतासे उसपर चढ़ गया। (१७६) शास्त्रोंमें निर्दिष्ट मन एवं आँखोंकी अनेकविध सम्मोहन शक्ति द्वारा तथा चंचल पैरोंसे खूब लतियाकर और हाथों द्वारा खूब पीटकर उस हाथीके बलका घमण्ड चूर कर दिया। बादमें स्खलित होनेसे पैरोंकी ढीली गतिवाले उस हाथीको सर्पकी भाँति निर्विष करके उसने क़ाबूमें कर लिया। (१७७-१७८) इसके पश्चात् कान पकड़कर उस बड़े हाथी पर वह सवार हो गया और अच्छा उपदेश देने लगा कि अब फिर ऐसा मत करना। (१७९) उसके बाद उसने नगरमें प्रवेश किया। कामदेवके समान रूप एवं आकृतिवाला तथा सैकड़ों नर-नारियों द्वारा दर्शन किया जाता वह राजभवनके पास आ पहुँचा। (१८०) महलके ऊपर खड़ा हुआ राजा हाथी पर सवार उसे देखकर सोचने लगा कि यह कोई उत्तम पुरुष है, इसमें सन्देह नहीं। (१८१) ऐसा सोचकर अत्यन्त ऋद्धिसम्पन्न उस राजाने प्रसन्न होकर एक सौ उत्तम कुमारियाँ उसे दीं और उनका विवाहमंगल किया। (१८२) देवलोकमें देवकी भाँति उनके साथ विषयसुखका उपभोग करता हुआ हरिषेण यद्यपि वहाँ रहा, फिर भी मदनावलीको तो वह याद करता ही रहा। (१८३)

---

१. वणम्मि—प्रत्य०।

अह तत्थ रयणिसमए, सयणिज्जे महरिहे सुहपसुत्तो । हरिओ वेगवईए, विज्जाहरवरजुवाणीए ॥ १८४ ॥
निहाखयम्मि दिट्ठा, महिला तो बन्धिऊण घणमुट्ठिं । आयामिय सो पुच्छइ, किं व निमित्तं मए हरसि ? ॥ १८५ ॥
सा भणइ सुणसु नरवर !, नयरं सूरोदयं ति नामेणं । विज्जाहराण राया, इन्दधणू तत्थ परिवसइ ॥ १८६ ॥
भज्जा से सिरिकन्ता, जयचन्दा तीऍ कुच्छिसंभूया । सा पुरिसवेसिणी पहु ! अवमन्नइ पिउमयं[1] निच्चं ॥ १८७ ॥
जो जो पडम्मि लिहिओ, तीऍ मए दरिसिओ नरवरिन्दो । सयलम्मि भरहवासे, न कोइ मणवल्लहो जाओ ॥ १८८ ॥
अह तुज्झ नियरूवं, पडए लिहिऊण दरिसियं तीए । मयणसरपूरियङ्गी, सहसा आयलयं पत्ता ॥ १८९ ॥
एएण सह विसिट्ठे, जइ न य भुञ्जामि कामभोगे हं । मरणिज्जं होहि सिही, नियमो पुण अन्नपुरिसस्स ॥ १९० ॥
तीऍ पुरओ पइण्णा, आरुहिया दुक्करा मए सामि ! । जइ तं नाऽऽणेमि लहुं, तो जलणसिहं पविस्से हं ॥ १९१ ॥
तुज्झ पसाएण पहू !, करेमि जीयस्स पालणं एण्हिं । पूरेमि च्चिय सहसा, महापइन्ना अविग्घेणं ॥ १९२ ॥
सूरोदयम्मि नगरे, नेऊण निवेइओ नरिन्दस्स । वत्तं पाणिग्गहणं, कन्नाऍ समं कुमारस्स ॥ १९३ ॥
संपुण्णवरपइन्ना, वेगवई पूइया य विहवेणं । उण्णयमाणा य पुणो, जाया जसभाइणी लोए ॥ १९४ ॥
[2]तीए मेहुणयदुवे, रुट्ठा सोऊण तीऍ कल्लाणं । विज्जाहराऽइचण्डा, गङ्गाहर-महिहरा नामं ॥ १९५ ॥
भडचडयरेण महया, हय-गयसन्नद्ध-बद्धधयचिन्धा । जुज्झस्स कारणट्ठं, पत्ता सूरोदयं नयरं ॥ १९६ ॥
सोऊण य हरिसेणो, सत्तुभडे आगए बलसमिद्धे । विज्जाहरेहि सहिओ, विणिग्गओ अहिमुहो तुरियं ॥ १९७ ॥
आवडियं चिय जुज्झं, बहुपहरपडन्ततूरसद्दालं । निवडन्तगय-तुरङ्गं, नच्चन्तकबन्धपेच्छणयं ॥ १९८ ॥

एक बार रातके समय अत्यन्त मूल्यवान शय्यापर वह सुखपूर्वक सोया हुआ था। उस समय वेगवती नामकी एक विद्याधर युवतीने उसका अपहरण किया। (१८४) नींद उड़नेपर उसने उस विद्याधर स्त्रीको देखा। इसपर मजबूत मुट्ठी बाँधकर और उसकी ओर तानकर उसने पूछा कि किसलिए तुम मेरा अपहरणकर रही हो ? (१८५) इसपर उसने कहा कि हे नरवर ! तुम सुनो। सूर्योदय नामका एक नगर है। उसमें इन्द्रधनु नामका विद्याधरोंका एक राजा रहता है। (१८६) उसकी भार्याका नाम श्रीकान्ता है। उसकी कुक्षिसे उत्पन्न जयचन्द्रा नामकी एक कन्या है। हे प्रभो ! पुरुषका द्वेष करनेवाली वह सदैव अपने पिताका अपमान करती है। (१८७) सम्पूर्ण भरतक्षेत्रमें जितने राजा थे उन सबका चित्रपटपर चित्र खींचकर मैंने उसे दिखलाया, परन्तु उसके मनको कोई भी पसन्द न आया। (१८८) पर तुम्हारा रूप पटपर चित्रित करके जैसे ही मैंने उसे दिखाया वैसे ही वह मदनके बाणसे बींध गई और बेचैनी महसूस करने लगी। (१८९) उसने कहा कि यदि मैं इसके साथ विशिष्ट काम भोगोंका उपभोग न कर सकूँ तो मेरा अग्निमें मरण होगा। मुझे अन्य पुरुषकी बाधा है। (१९०) हे स्वामी ! मैंने उसके सामने दुष्कर प्रतिज्ञा की है कि यदि मैं जल्दी ही उसे न ला सकूँ तो आगकी लपटोंमें मैं प्रवेश करूँगी। (१९१) हे प्रभो ! आपके प्रसादसे अब मैं अपने जीवनकी रक्षा करूँगी और निर्विघ्न रूपसे मैं अपनी महाप्रतिज्ञा एकदम पूर्णकर सकूँगी। (१९२) सूर्योदय नगरमें ले जाकर राजाके सम्मुख उसे उपस्थित किया गया। बादमें उस कन्याके साथ कुमारका पाणिग्रहण हुआ। (१९३) पूर्णप्रतिज्ञ वेगवतीका भी वैभवप्रदान द्वारा सम्मान किया गया। ऊँचा मान पाकर वह भी लोकमें यशस्विनी हुई। (१९४)

उसके ( जयचन्द्राके ) विवाहके बारेमें सुनकर उसके फूफे के अत्यन्त क्रोधी गंगाधर एवं महीधर नामके दो विद्याधर लड़के रुष्ट हो गये। (१९५) वे बड़ी भारी सुभट-सेनाके साथ तथा हाथी एवं घोड़ोंके समूहके ऊपर बाँधी गई ध्वजाओंके चिह्नसे युक्त हो युद्धके लिए सूर्योदयनगरके पास आ पहुँचे। (१९६) शत्रुओंके बलवान् सुभटोंका आगमन सुनकर विद्याधरोंके साथ हरिषेण भी उनका सामना करनेके लिए जल्दी ही बाहर निकला। (१९७) अनेक विध शस्त्रोंकी टकराहट तथा युद्धवाद्योंके कारण कोलाहलयुक्त, हाथी और घोड़े जिसमें गिर रहे हैं तथा नाचते हुए धड़ोंके कारण नाटककी

१. पियपरं निच्चं—प्रत्य० । २. तीसे—प्रत्य० ।

न य हत्थी न य जोहो, न य तुरओ अत्थि जो परबलम्मि । हरिसेणेण रणमुहे, जो य न विद्धो वरसरेहिं ॥ १९९ ॥
दट्ठूण नियसेन्नं, भयविहलविसंथुलं समरमज्झे । भग्गा पलाइया ते, गङ्गाहर-महिहरा दो वि ॥ २०० ॥
पुण्णोदयम्मि जाओ, चोद्दसरयणाहिवो भरहनाहो । दसमो य चक्कवट्टी, हरिसेणो नाम विक्खाओ ॥ २०१ ॥
भुञ्जन्तो चिय सयलं, रज्जं चिन्तेइ तग्गयमणो सो । मयणावलीएँ रहिओ, मन्नइ सुन्नं व तइलोक्कं ॥ २०२ ॥
तावसकुलासमपयं, हरिसेणो सह बलेण संपत्तो । दिट्ठो य वणयरेहिं, कुसुमफलाउण्णहत्थेहिं ॥ २०३ ॥
जणमेजएण दिन्ना, भयं धरन्तेण सा परमकन्ना । नागवईए वि तओ, वीवाहविही कओ रम्मो ॥ २०४ ॥
मयणावलीएँ सहिओ, बत्तीससहस्सपत्थिवाइण्णो । पत्तो कम्पिल्लपुरं, थुवन्तो मङ्गलसएहिं ॥ २०५ ॥
दिट्ठा य नियजणणी, रइयं चिय चलणवन्दणं तीए । वप्पा दट्ठूण सुयं, न माइ नियएसु अङ्गेसु ॥ २०६ ॥
दिणयरसरिसावयवा, कम्पिल्लपुरे कया रयणचित्ता । हरिसेणेण जिणरहा, वप्पाए भामिया बहवे ॥ २०७ ॥
समणाण सावयाण य, जाया वि हु संपया परमरिद्धी । जिणसासणे पवन्नो, लोगो धम्मुज्जयमईओ ॥ २०८ ॥
तेण इमे धरणियले, जिणालया कारिया धवलतुङ्गा । बहुगाम-नगर-पट्टण-नइसंगम-पवयग्गेसु ॥ २०९ ॥
रज्जं काऊण चिरं, भोत्तूण सुरयसंगमे भोए । पडिवन्नो जिणदिक्खं, मलरहिओ सिवसुहं पत्तो ॥ २१० ॥

**भुवनालङ्कारहस्ती**

एयं हरिसेणकहं, सोऊण दसाणणो परमतुट्ठो । सिद्धाण नमोक्कारं, काऊण य पत्थिओ सहसा ॥ २११ ॥
अवइण्णो दहवयणो, सिग्घं सम्मेयपवयनियम्बं । अह सुणइ गुरुगभीरं, सद्दं पसरन्तवित्थारं ॥ २१२ ॥

---

भाँति प्रेक्षणीय ऐसा वह युद्ध था । (१९८) शत्रुसैन्यमें ऐसा कोई हाथी, योद्धा या घोड़ा नहीं था जिसे युद्धभूमिमें हरिषेणने अपने तीक्ष्ण बाणोंसे घायल न किया हो । (१९९) युद्धमें भयसे विकल और व्याकुल अपने सैन्यको देखकर गंगाधर और महीधर दोनां नाहिम्मत हो गये और भाग खड़े हुए । (२००)

पुण्यका उदय होने पर चौदह रत्नोंका स्वामी तथा समग्र भरतक्षेत्रका नाथ हरिषेण दसवें चक्रवर्ती रूपसे विख्यात हुआ । ( २०१ ) सम्पूर्ण राज्यका उपभोग करने पर भी मदनावलीमें आसक्त मनवाला वह, उसके अभावमें तीनों लोकोंको शून्य मानता था । ( २०२ ) अतएव हरिषेण सेनाके साथ उस तापस-आश्रममें आ पहुँचा । मार्गमें पुष्प एवं फलसे परिपूर्ण हाथोंवाले वनचरोंने उसके दर्शन किये । ( २०३ ) भयभीत जनमेजयने वह सुन्दर कन्या उसे दी । बादमें नागमतीने भी उनकी सुभग विवाहविधि सम्पन्न की । ( २०४ ) बत्तीस हजार राजाओंसे घिरा हुआ तथा सैकड़ों मंगल-गीतोंसे स्तुत वह मदनावलीके साथ काम्पिल्यपुरमें आ पहुँचा । ( २०५ ) वहाँ उसने अपनी माताके दर्शन किये और उसके पैरोंमें वन्दन किया । अपने पुत्रको देखकर वप्रा हर्षवश अपने अंगोंमें समाती नहीं थी । ( २०६ ) हरिषेणने काम्पिल्यपुरमें सूर्य सदृश अवयववाले तथा रत्नोंसे चित्र विचित्र प्रतीत होनेवाले बहुतसे जिनरथ बनवाये । वप्राने उन्हें नगरमें घुमाया । (२०७) श्रमण एवं श्रावकोंको उत्कृष्ट ऋद्धि प्राप्त हुई तथा धर्ममें प्रयत्नशील और बुद्धिशाली लोगोंने जैनधर्म अंगीकार किया । ( २०८ ) उसी हरिषेणने पृथ्वी परके ग्राम, नगर, पत्तन एवं नदियोंके संगम-स्थानोंपर तथा पर्वतोंके शिखरोंके ऊपर ये सफेद और ऊँचे जिनालय बनवाये हैं । ( २०९ ) चिरकाल तक राज्य करनेके पश्चात् सुख-भोगोंका त्यागकर उसने जैनदीक्षा अंगीकार की । बादमें कर्ममलसे रहित उसने शिवसुख ( मोक्ष ) प्राप्त किया । (२१० )

भुवनालंकार नामक हाथी पर रावणका आधिपत्य-वर्णन :—

हरिषेणकी यह कथा सुनकर अत्यन्त हर्षित दशाननने सिद्धोंको नमस्कार करके एकदम आगे प्रस्थान किया । ( २११ ) शीघ्र ही रावण सम्मेतशिखर पर्वतकी ढाल पर उतरा । वहाँ उसने चारों ओर फैली हुई एक अत्यन्त गम्भीर ध्वनि सुनी ।

परिपुच्छइ दहवयणो, सद्दो कस्सेस ? कस्स व ? कहिं वा ?। सामिय ! गयस्स सद्दो, एसो भणियं पहत्थेणं ॥ २१३ ॥
अह गयवरं पहत्थो, दावेइ दसाणणस्स रण्णम्मि । घणनिवहनीलनिद्धं, अञ्जणकुलसेलसच्छायं ॥ २१४ ॥
सत्तुस्सेहं नवहत्थ आययं दस य परियरा पुण्णं । सुपइट्ठियसवङ्गं, महुपिङ्गललोयणं तुङ्गं ॥ २१५ ॥
घण-पीण-वियडकुम्भं, दीहकरं पउमवण्णसमतालुं । सियदन्त पिङ्गलनखं, गण्डयलुब्भिन्नमयलेहं ॥ २१६ ॥
दट्ठूण गयवरं सो, पुप्फविमाणाउ तुरियवेगेणं । अवइण्णो दहवयणो, तस्स समीवं समल्लीणो ॥ २१७ ॥
काऊण सङ्खसद्दं, घोरं उत्तासणं वणयराणं । आयारइ मत्तगयं ए ! एहि महं सवडहुत्तो ॥ २१८ ॥
सोऊण सङ्खसद्दं, दट्ठूण दसाणणं समासन्ने । मणपवणतुरियवेगो, संपत्तो अभिमुहो हत्थी ॥ २१९ ॥
अह मुयइ उत्तरिज्जं, गयपुरओ सललियं धरणिवट्टे । तस्स परिहत्थदच्छो, दन्तच्छोहं कुणइ हत्थी ॥ २२० ॥
जाव य मही निसण्णो, दन्तग्गविदारियं कुणइ वत्थं । ताव रयणासवसुओ, करेहि कुम्भत्थलं हणइ ॥ २२१ ॥
पविसरइ गत्तविवरं, पुणरवि पासेसु मग्गओ पुरओ । चलचवलमोहणेहिं, चक्कारूढो व परिभमइ ॥ २२२ ॥
ववगयदप्पुच्छाहं, हत्थिं काऊण दहमुहो रण्णे । उप्पइऊण सललियं, गयस्स खन्धं समारूढो ॥ २२३ ॥
गयवरगहणनिमित्तं, खेयरवसहेहि परमपीईए । पडुपडहतूरपउरो कओ पमोओ अइमहन्तो ॥ २२४ ॥
घेत्तूण गयवरिन्दं भुवणालंकारनामधेयं सो । चिन्तेइ मणेण महं सिद्धं चिय तिहुयणं सयलं ॥ २२५ ॥
वसिऊण तत्थ रयणो, पडिबुद्धो दहमुहो सुहासीणो । अत्थाणमण्डवत्थो, भडसहिओ गयकहासत्तो ॥ २२६ ॥
ताव य नहङ्गणेणं, समागओ खेयरो पवणवेगो । पहरणजज्जरियतणू, तं चेव सहं समल्लीणो ॥ २२७ ॥

---

( २९२ ) इस पर दशवदनने पूछा कि यह ध्वनि किसकी है और कहाँसे आ रही है ? रावणके मामा प्रहस्तने कहा कि हे स्वामी ! यह हाथीकी चिंघाड़ है। ( २१३ ) इसके बाद प्रहस्तने अरण्यमें रावणको वह हाथी दिखलाया। सात हाथ ऊँचे, नौ हाथ लम्बे, दस हाथ परिकरवाले, भरे हुए काले बादलोंके समूह जैसे, कुलपर्वत अंजनगिरिकीसी कान्तिवाले, घने मोटे और भयंकर कुम्भस्थलवाले, लम्बी सूँढवाले, पद्मके वर्णके समान तालुप्रदेशवाले, सफ़ेद दाँत तथा पीले नखवाले और गण्डस्थलमेंसे चूनेवाले मदको रेखासे युक्त उस हाथीको देखकर रावण पुष्पक विमानसे जल्दीसे नीचे उतरा और उसके समीप गया। ( २१४-२१७ ) वहाँ वनचर प्राणियोंको अत्यन्त त्रास देनेवाली घोर शंखध्वनि करके उसने उस मस्त हाथीको ललकारा कि अरे, मेरे पास तो तू आ ! ( २१८ ) शंखकी आवाज़ सुनकर तथा समीपमें दशाननको देखकर मन एवं पवनकी भाँति तीव्र गतिवाला वह हाथी उसके सम्मुख आ पहुँचा। ( २१९ ) इसके पश्चात् निपुण एवं कार्यकुशल रावणने सहज भावसे उस हाथीके सामने पृथ्वी पर अपना उत्तरीय वस्त्र छोड़ा। हाथी दाँतसे उसे चोट करने लगा। ( २२० ) वह पृथ्वी पर बैठकर अपने दांतोंके अग्रभागसे जबतक उस वस्त्रको चीरता है तब तक तो रत्नश्रवाका पुत्र रावण अपने हाथोंसे उसके गण्डस्थलको मारने लगा। ( २२१ ) मारकी पीड़ासे व्याकुल वह गड्ढेमें सरकने लगा तो उसे आगेपीछे रावण ही रावण दिखाई देने लगा। वशीकरण मंत्रों द्वारा अस्थिर किया गया वह चक्रके ऊपर आरूढकी भाँति घूमने लगा। ( २२२ ) इस युद्धमें हाथीको दर्प एवं उत्साह रहित बनाकर रावण कूदकर आसानीसे उसके कन्धे पर सवार हो गया। ( २२३ ) इस प्रकार हाथीको क़ाबूमें लानेके कारण आनन्दमें आये हुए खेचर राजाओंने उत्तम नगारे तथा दूसरे वाद्योंसे युक्त बड़ा भारी उत्सव मनाया। ( २२४ ) हाथियोंमें इन्द्र जैसे उस भुवनालंकार नामक उत्तम हाथीको प्राप्त कर वह मन ही मन सोचने लगा कि मैंने सारे तीनों लोक जीत लिये हैं। ( २२५ )

रावण द्वारा यमविजय—

वहाँ रात रहकर प्रातः जगने पर सभामण्डपमें आरामसे बैठा हुआ रावण सुभटोंके साथ हाथीकी कहानी कहनेमें जब लीन था तब आकाशमार्गसे शस्त्रोंके कारण देदीप्यमान शरीरवाला पवनवेग नामका एक विद्याधर वहाँ आया और

काऊण सिरपणामं, उवविट्ठो दहमुहस्स आसन्ने । अह साहिउं पयत्तो, पायालपुराउ निग्गमणं ॥ २२८ ॥
रिक्खरया-ऽऽइच्चरया, कुलक्कमपरिवाडियागयं नयरं । पत्ता य गहणहेउं, किक्किन्धि जमभडस्सुवरिं ॥ २२९ ॥
सोऊण परबलं सो समागयं निग्गओ जमो सिग्घं । अह जुज्झिउं पवत्तो, समच्छरो वाणरेहि समं ॥ २३० ॥
बहुभडजोयन्तयरे, महाहवे एरिसे समावडिए । गहिओ च्चिय रिक्खरओ, आइच्चरएण समसहिओ ॥ २३१ ॥
कारविया य निरया, जमेण वेयरणिमाइया बहवे । हण-दहण-पयण-मारण-छिन्दण-भिज्जन्तकम्मन्ता ॥ २३२ ॥
समरे विनिज्जिया जे, वाणरसुहडा समत्तपरिवारा । ते तत्थ दुक्खमरणं, नरएसु कया कयन्तेण ॥ २३३ ॥
दट्ठुं जमस्स चरियं, तो हं सबायरेण तूरन्तो । एत्थाऽऽगओ नराहिव !, रिक्खरया-ऽऽइच्चरयभिच्चो ॥ २३४ ॥
एयं ते परिकहियं, वाणरकेऊण सन्तियं वयणं । ताण पहु ! दुक्खमोक्खं, करेहि परिवालणं सिग्घं ॥ २३५ ॥
वणभङ्गसमादेसं, दाऊणं तस्स दूयपुरिसस्स । रयणासवस्स पुत्तो, किक्किन्धि तो गओ सिग्घं ॥ २३६ ॥
विद्धंसिया य नरया, उच्छिन्ना नरयवालया तुरियं । गन्तुं कहेन्ति सबं, जमस्स तो दहमुहागमणं ॥ २३७ ॥
सोऊण रावणं सो, समागयं निग्गओ जमो सिग्घं । रह-गय-तुरङ्गसहिओ, भडचडयरनिवहमज्झत्थो ॥ २३८ ॥
पढमं चिय आवडिओ, आडोवो नाम जमभडो तुरियं । पत्तो अग्गिमखन्धं, विहीसणो तस्स संगामे ॥ २३९ ॥
मुञ्चइ आडोवभडो, आउहसत्थं विहीसणस्सुवरिं । रयणासवस्स पुत्तो, सरेहि सबं निवारेइ ॥ २४० ॥
सुनिसियबाणेहि रणे, बलपरिमुक्केहि तेण आडोवो । अवसारिओ य दूरं, कुगओ विव मत्तहत्थीणं ॥ २४१ ॥
दट्ठूण पलायन्तं, आडोवं उट्ठिओ जमो कुद्धो । चउरङ्गबलसमग्गो, रक्खससेन्नस्स आवडिओ ॥ २४२ ॥
रुद्धो रहो रहेणं, आलग्गो गयवरो सह गएणं । तुरएण सह तुरङ्गो, पाइक्को सह पयत्थेणं ॥ २४३ ॥

---

उसी सभामें उतरा । (२२६-२२७) सिरसे प्रणाम करके वह दशमुखके समीप हाजिर हुआ । बादमें वह पातालपुरसे निकलनेका कारण कहने लगा । (२२८) कुलकी क्रम-परम्परासे प्राप्त अपने नगर किष्किन्धाको लेनेके लिए ऋक्षरजा और आदित्यरजाने सुभटोंके साथ यमके ऊपर आक्रमण किया है । (२२९) शत्रुसैन्यका आगमन सुनकर यम भी शीघ्र ही निकल पड़ा और ईर्ष्यावश वह वन्दरोंके साथ युद्ध करने लगा । (२३०) बहुतसे सुभटोंके जीवनका अन्त करनेवाले ऐसे महायुद्धमें आदित्यरजाके साथ ऋक्षरजा भी पकड़ लिया गया । (२३१) जिसमें पीटना, जलाना, पकाना, मारना तथा छेदन-भेदन आदि कर्म किये जाते हैं, ऐसे वैतरणी आदि बहुतसे नरक यमने बनवाये है । (२३२) जो वानर-सुभट उस लड़ाईमें हार गये थे, उन सबको परिवारके साथ उन नरकोंमें दुःखपूर्ण मरणके लिये यमने डाल दिया है । (२३३) हे राजन् ! यमका ऐसा आचरण देखकर ऋक्षरजा और आदित्यरजाका भृत्य मैं जितनी जल्दी हो सकी उतनी जल्दी यहाँ आया हूँ । (२३४) हे प्रभो ! वानरकेतुने जो कुछ कहा था वह मैंने आपसे निवेदन किया । शीघ्र ही दुःखसे मुक्त करके उनको आप रक्षा करें । (२३५) घावोंको मिटानेके लिये उस दूतको योग्य आदेश देकर रत्नश्रवाके पुत्र रावणने किष्किन्धिके ऊपर शीघ्र ही धावा बोल दिया । (२३६) उसने वहाँ पहुँचते ही नरक तोड़-फोड़ डाले और नरकपालोंको उखाड़ फेंका । उन सबने जल्दी ही जाकर यमसे दशमुखके आगमनकी बात कही । (२३७)

रावणका आगमन सुनकर सुभटोंके सैन्यसमूहके बीच स्थित वह यम रथ, हाथी एवं घोड़ोंके साथ शीघ्र ही बाहर निकला । (२३८) सर्वप्रथम यमका आटोप नामका सुभट जल्दी-जल्दी आया । संग्राममें विभीषण उसकी अग्रसेनाके पास पहुँचा । (२३९) सुभट आटोप विभीषणके ऊपर जो-जो आयुध एवं शस्त्र छोड़ता था, रत्नश्रवाका पुत्र उन सबका बाणोंसे प्रतीकार करता था । (२४०) युद्धमें विभीषण द्वारा बलपूर्वक फेंके गये अत्यन्त तीक्ष्ण बाणोंसे, मदोन्मत्त हाथियों द्वारा दूर भगाये गये दुष्ट हाथीकी तरह, वह दूर भगा दिया गया । (२४१) आटोपको भागते देख क्रुद्ध यम उठ खड़ा हुआ और चतुरंगिणी सेनाके साथ उसने राक्षससैन्यके ऊपर धावा बोल दिया । (२४२) रथसे रथ भिड़ गये तथा हाथीसे हाथी, घोड़ेसे घोड़ा और पैदलके साथ पैदल जुट गये । (२४३) एक क्षणमें तो योद्धाओंके शस्त्रोंके प्रहारोंसे

जाव य खणन्तरेक्कं, ताव य सुहडेहि सत्थपहरेहिं । गय-तुरएहिं भूमी, रुद्धा पवडन्त-पडिएहिं ॥ २४४ ॥
एयारिसम्मि जुज्झे, वट्टन्ते सुहडजीयविच्छड्डे । अह पेल्लिऊण सेन्नं, दहमुहहुत्तो जमो पत्तो ॥ २४५ ॥
दट्ठूण समासन्ने, एज्जन्तं जमभडं समावडिओ । रयणासवस्स पुत्तो, तेण समं जुज्झिउं पत्तो ॥ २४६ ॥
तो जुज्झिऊण सुइरं, चडक्कसरिसोवमेहि पहरेहिं । विरहो कओ कयन्तो, सरवरघायाहओ रुट्ठो ॥ २४७ ॥
मुच्छानिमीलियच्छो, घेत्तूण सएण परियणसमग्गो । नीओ इन्दसयासं, रहनेउरचक्कवालपुरं ॥ २४८ ॥
पडिबुद्धो कयविणओ, भणइ सुरिन्दं पहू ! निसामेहि । जं तं किक्किन्धिपुरे, जमलीलाविलसियं रइयं ॥ २४९ ॥
रूसह फुडं व तूसह, अहवा वि य जीवणं हरह सवं । अन्नं च कुणह दण्डं, न करेमि जमत्तणं अहयं ॥२५०॥
वेसमणलोगपालो, जेण जिओ साहिओ य मत्तगओ । अहमवि तेण रणमुहे, विमुहो च्चिय सरवरेहि कओ ॥२५१॥
एयं जमस्स वयणं, सुणिऊण सुराहिवो रणारम्भं । कुवन्तो च्चिय सवं, मन्तीहि निवारिओ सिग्घं ॥ २५२ ॥
भणिओ इन्देण जमो, वच्च तुमं पुरवरं सुरगीयं । अत्थसु वीसत्थमणो, मोत्तूण भयं रिउभडाणं ॥ २५३ ॥
इन्दो वि नियभवणे, सवसिरी-जुवइसहगओ भोए । भुञ्जन्तो परमगुणो, न गणइ कालं पि वच्चन्तं ॥ २५४ ॥
अह रावणो वि पत्तो, आइच्चरयस्स देइ किक्किन्धी । रिक्खरयस्स वि दिन्नं, रिक्खपुरं महुगिरिस्सुवरिं ॥ २५५ ॥
रिक्खरया-ऽऽइच्चरया, ठविऊण कुलागएसु नयरेसु । पुप्फविमाणारूढो, उप्पइओ दहमुहो गयणं ॥ २५६ ॥
वच्चइ लङ्काभिमुहो, खेयरभडचडयरेण महएणं । पेच्छन्तो लवणजलं, उम्मिसहस्साउलं भीमं ॥ २५७ ॥
भीम-झस-मयर-कच्छह–अन्नोन्नावडियविलुलियावत्तं । आवत्तविद्दुमाहय–निल्लुरियदलियसङ्खउलं ॥ २५८ ॥

---

कटकर नीचे गिरनेवाले हाथी एवं घोड़ोंसे युद्धभूमि छा गई। (२४४) योद्धाओंके जीवनका नाश करानेवाला ऐसा युद्ध जब हो रहा था तब सेनाको पेरता हुआ यम दशमुखके पास आ पहुँचा। (२४५) पासमें आते हुए सुभट यमको देखकर रत्नश्रवाका पुत्र रावण उसके समक्ष युद्ध करनेके लिए उपस्थित हुआ। (२४६) बादमें बिजलीकी तरह चमकदार शस्त्रोंसे चिरकाल तक युद्ध करके उसने क्रुद्ध यमको उत्तम बाणोंके प्रहारसे घायल करके रथभ्रष्ट कर दिया। (२४७) मूर्च्छाके कारण बन्द आँखोंवाले उसे समग्र परिवारके साथ इन्द्रके पास रथनूपुर (चक्रवालपुर) में ले गये। (२४८) होशमें आने पर उसने सुरेन्द्रसे विनयपूर्वक कहा कि हे प्रभो ! किष्किन्धिपुरमें मैंने जो यमलीला की है उसके बारेमें आप सुनें। (२४९) आप चाहे खूब गुस्से में हों या प्रसन्न हों, अथवा मेरा सारा जीवन ही ले लें, अथवा दूसरा कोई भी दण्ड दें, पर अब मैं यमत्व ( अर्थात् यमका कार्य ) नहीं करूँगा। (२५०) जिसने लोकपाल वैश्रमणको पराजित किया और जिसने मत्त हाथीको क़ाबूमें किया उसीने मुझे अपने बाणों द्वारा युद्धसे विमुख बनाया है। (२५१) यमका ऐसा कथन सुनकर इन्द्रने चारों ओरसे धावा बोलनेका निश्चय किया, पर मंत्रियोंने उसे शीघ्र ही रोका। (२५२) इस पर इन्द्रने यमसे कहा कि तुम सुरोद्गीत नामके उत्तम नगरमें जाओ और शत्रुके सुभटोंके भयका त्याग करके निःशंकमना होकर रहो। (२५३) इधर इन्द्र भी अपने भवनमें सम्पूर्ण शोभासम्पन्न युवतियोंके साथ अत्युत्तम भोगोंका उपभोग करता हुआ काल कैसे बीतता है, इसकी भी परवाह नहीं करता था। (२५४)

विजयप्राप्त रावणने आदित्यरजाको किष्किन्धि नगरी दी, तथा ऋक्षरजाको मधुगिरिके ऊपर बसा हुआ रिक्षपुर दिया। ( २५५ ) इस प्रकार ऋक्षरजाको और आदित्यरजाको कुलपरम्परासे प्राप्त नगरोंमें अधिष्ठित करके रावण पुष्पक-विमानमें चढ़कर आकाशमें उड़ा। ( २५६ ) खेचर सुभटोंके बड़े भारी समुदायके साथ हजारों लहरोंवाले भयंकर लवण-समुद्रको देखते हुए उसने लंकाकी ओर प्रस्थान किया। ( २५७ ) भयंकर मत्स्य, मगरमच्छ तथा कछुओंके एक दूसरे पर गिरनेसे अस्थिर भँवरवाला, गोलाकार विद्रुमकी चोट खानेसे कटे हुए और पीसे गये शंखोंसे व्याप्त, शंख-समूह एवं सीपके संपुटोंके विच्छिन्न होनेसे जिनके प्रान्तभाग शोभित हो रहे हैं, ऐसी तरंगोंवाला, पवनकी लहरोंसे आहत नदियोंके मुहानोंके पासके किनारोंमें भरे हुए जल वाला, किनारे पर बसे हुए हंस तथा सारस पक्षियोंकी विष्टाके कारण अवरुद्ध तट-मार्ग वाला,

सङ्खउलसिप्पिसंपुड–विहडियपेरन्तचच्चियतरङ्गं । सतरङ्गमारुयाहय–सरियामुहभरियकूलयलं ॥ २५९ ॥
कूलयलहंससारस–कलमलभरजणियरुद्धतडमग्गं । तडमग्गरयणबहुविह–किरणुज्जोवियदुरुप्पयरं ॥ २६० ॥
पयरन्तविसयमोत्तिय–धवलियघणफेणपुञ्जपुञ्जइयं । पुञ्जइयदिव्वपायव–कुसुमसमाइण्णदिण्णच्चं ॥ २६१ ॥
दिण्णच्चणं व रेहइ, महल्लहल्लन्तवीइसंघट्टं । [1]संघट्टजलाऊरिय, सव्वत्तो गुलगुलायन्तं ॥ २६२ ॥
एयारिसं समुद्दं, नियमाणो जोयणाइँ बहुयाइं । बोलेऊणं पेच्छइ, लङ्कानयरिं तिकूडत्थं ॥ २६३ ॥
सा माणुसोत्तरेण व, पायारवरेण संपरिक्खित्ता । वरकञ्चणामएणं, हुयवहमिव पज्जलन्तेणं ॥ २६४ ॥
तुङ्गेहि देउलेहि य, नाणामणि-रयणभित्तिकलिएहिं । गयणमिव मिलिउकामा, ससिकन्तमिणालधवलेहिं ॥ २६५ ॥
पायार-तोरणेसु य, अविरलउसवियवेजयन्तीहिं । वाहरइ व वोलन्ते, पवणाहयपल्लवकरेहिं ॥ २६६ ॥
पुक्खरिणि-दीहियासु य, आरामुज्जाण-काणण-वणेहिं । पासाय-सभा-चेइय–घरेहि अहिययररमणिज्जा ॥ २६७ ॥
अगरुय-तुरुक्क-चन्दण-कप्पूरा-ऽगरुपुगन्धगन्धेणं । वासेइ समन्ताओ, दिसाउ उवभोगनीएणं ॥ २६८ ॥
वच्चन्ता वि हु तुरियं, देवा दट्ठूण तं महानयरिं । अच्चन्तयरमणिज्जं, सहसा मोत्तुं न चाएन्ति ॥ २६९ ॥
किं जंपिएण बहुणा ?, सा नयरी सयलजीवलोगम्मि । विक्खाया गुणकलिया, इन्दस्स ऽमरावई चेव ॥ २७० ॥
दट्ठूण समासन्ने, समागयं दहमुहं बलसमग्गं । सव्वो वि नायरजणो, विणिग्गओ अभिमुहो सिग्घं ॥ २७१ ॥
केइत्थ खेयरभडा, हय-गय-रहवर-विमाणमारूढा । खर-करभ-केसरीसु य, संपेल्लुप्पेल्ल कुणमाणा ॥ २७२ ॥
वरहार-कडय-केउर-कडिसुत्तय-मउड-कुण्डलाभरणा । कुङ्कुमकयङ्गराया, चीणंसुयपट्टपरिहाणा ॥ २७३ ॥
मारीई सुय-सारण-हत्थ-पहत्था य तिसिर-धूमक्खा । कुम्भ-निसुम्भ-विहीसण, अन्ने य सुसेणमाईया ॥ २७४ ॥

---

तट मार्गमें पड़े हुए रत्नोंसे निकलनेवाली किरणोंसे प्रकाशित विशाल प्रदेशवाला, बिखरे हुए निर्मल मोतियोंके कारण और भी सफेद प्रतीत होनेवाली घनी फेनके ढेरसे भरपूर, फैले हुए दिव्य वृक्षोंके पुष्पोंसे भलीभाँति अर्चित, हिलने-डुलनेवाली बड़ी-बड़ी तरंगें जिसमें टकरा रही हैं, ऐसा टकराते हुए जलसे पीड़ित-सा तथा चारों ओरसे गर्जना करनेवाला वह समुद्र मानो पूजा कर रहा हो ऐसा शोभित हो रहा था। ( २५८-२५९ ) पुष्पक विमान द्वारा मुसाफरी करनेवाले उसने बहुतसे योजन तक ऐसे समुद्रको पार करके त्रिकूट शिखर पर स्थित लंकानगरी देखी। ( २६३ ) वह प्रज्वलित अग्नि सरीखे उत्तम सोनेके बने हुए क़िलेसे मानुषोत्तर पर्वतकी भाँति घिरी हुई थी। ( २६४ ) नाना प्रकारके मणि एवं रत्नोंसे युक्त दीवारवाले तथा चन्द्रकान्तमणि एवं मृणालके समान सफेद और ऊँचे देवमन्दिरोंके कारण वह मानो आकाशसे मिलना चाहती थी। ( २६५ ) क़िलेके तोरणोंमें अविरल ( पास-पास ) बाँधी हुई ऊँची-ऊँची ध्वजाओंसे तथा पवनसे आहत पल्लवरूपी हाथोंसे ऊपरसे उल्लंघन करनेवालोंको मानो वह आह्वान करती थी। ( २६६ ) सरोवर और बावड़ियोंसे तथा बाग़-बगीचे व वन-उपवनों और प्रासाद, सभा एवं चैत्यगृहोंसे वह अत्यन्त रमणीय प्रतीत होती थी। ( २६७ ) अगुरु, तुरुष्क, चन्दन एवं कपूरकी उपभोगके लिये बनाई गई सुगन्धीकी गन्धसे चारों ओर दिशाएँ सुवासित हो रही थीं। ( २६८ ) जल्दी-जल्दी भागते हुए देव भी उस अत्यन्त रमणीय महानगरीको देख उसे सहसा छोड़ना नहीं चाहते थे। ( २६९ ) बहुत कहनेसे क्या ? गुणोंसे युक्त तथा इन्द्रकी अमरावती नगरी सरीखी वह नगरी समग्र जीवलोकमें विख्यात थी। ( २७० )

समग्र सैन्यके साथ दशमुखको समीपमें आया जान सभी नगर जन उसकी अगवानीके लिए शीघ्र ही बाहर निकले। ( २७१ ) कोई विद्याधर सुभट घोड़े, हाथी, रथ एवं उत्तम विमान पर आरूढ़ हो तथा दूसरे गधे, ऊँट एवं सिंह पर सवार हो एक दूसरेको पेरते थे या ऊपर उछालते थे। ( २७२ ) उत्तम हार, कड़ा, बाजूबन्द, करधौनी, मुकुट एवं कुण्डल आदि आभरणोंसे युक्त, कुंकुमका अंगराग किये हुए और चीनांशुकके वस्त्र पहने हुए मारीचि, शुक एवं सारण मंत्री,

---

१. घट्टंत जला—प्रत्य०। २. भोगजणिएणं—मु०।

एएहि य अन्नेहि य, भडेहि परिवारिओ समन्तेणं । अइरेहइ दहवयणो इन्दो इव लोगपालेहिं ॥ २७५ ॥
नायरवहूहि सिग्घं, दहमुहदरिसणमणाहि अइरेयं । संसारिउं गवक्खा, रुद्धा चिय वयणकमलेहिं ॥ २७६ ॥
अन्ना अन्नं पेल्लइ, करेण मा ठाहि मग्गओ तुरियं । ताए वि सा भणिज्जइ, किं मज्झ न कोउयं बहिणे ? ॥२७७॥
मा थणहरेण पेल्लसु, दहमुहदरिसणमणाऽसि अइचवले ! तीए वि य सा भणिया, मा रुम्भ गवक्खयं एयं ॥२७८॥
भणइ सही ! धम्मिल्लं, अवसारसु मज्झ नयणमग्गाओ । तीए वि य सा भणिया, न य पेच्छसि अन्तरं विउलं ॥२७९॥
नायरवहूहि एवं, दसाणणं तत्थ पेच्छमाणीहिं । हलबोलमुहलसद्दा, भवणगवक्खा कया सबे ॥ २८० ॥
बहुतूरनिणाएणं, कयकोउयमङ्गलो विमाणत्थो । लङ्कापुरी पविट्ठो, दहवयणो इन्दसमविभवो ॥ २८१ ॥
पुरनारि-बहुजणेणं, दिन्नासीसो थुईहि थुबन्तो । पइसरइ नियभवणं, थम्भसहस्साउलं तुङ्गं ॥ २८२ ॥
कणयमयभित्तिचित्तं, मरगयलम्बन्तमोत्तिओऊलं । मन्दाणिलपरिघुम्मिर-धवलपडागाचलक्करग्गं ॥ २८३ ॥
सेसा वि य सामन्ता, अहिट्ठिया अत्तणो सगेहेसु । देवा व देवलोगे, भुञ्जन्ति जहिच्छिए भोगे ॥ २८४ ॥
गुरु-बन्धु-सयण-परियण-सुयसहिओ पीवराएँ लच्छीए । भुञ्जइ लङ्कानयरी, दहवयणो पणयसामन्तो ॥ २८५ ॥

विविहसंपयजायमहत्तया[1], पणयसत्तुगणा भयवेम्भला ।
सुकयकम्मफलोययसंगमे, विमलकित्ति दिसासु वियम्भिया ॥ २८६ ॥

॥ इय पउमचरिए दहमुहपुरिपवेसो नाम अट्ठमो उद्देसो समत्तो ॥

---

हृष्ट-प्रहृष्ट त्रिशिर एवं धूम्र नामके पुत्र, कुम्भकर्ण, निपुम्भ, विभीषण तथा दूसरे सुषेण आदि—इन तथा इतर दूसरे भटों द्वारा चारों ओरसे घिरा हुआ रावण लोकपालोंसे घिरे हुए इन्द्रकी भाँति अत्यन्त शोभित हो रहा था। ( २७५ ) रावणके दर्शनके लिये समुत्सुक मनवाली नगरकी स्त्रियाँ शीघ्र ही गवाक्षोंके पास आईं। उस समय वे गवाक्ष मानो वदनकमलसे अवरुद्ध हो गये। ( २७६ ) उस समय एक स्त्री दूसरीको हाथसे दबाने लगी और कहने लगी कि ठहरो मत, जल्दी चलो। इस पर वह दूसरी स्त्री भी कहती थी कि बहन, क्या मुझे भी देखनेका कौतुक नहीं है ? ( २७७ ) 'हे अतिचपले ! तुम्हें रावणके दर्शनका मन हुआ हो, तो भी अपने स्तनोंके भारसे मुझे मत दबाओ'—ऐसा कहने पर उसने भी उसे कहा कि 'इस गवाक्षको रोको मत।' ( २७८ ) कोई दूसरी कहती कि, 'हे सखी ! तुम अपने केशपाशको मेरी आँखोंके मार्गसे तनिक हटाओ।' इस पर उसने कहा कि, 'इतनी बड़ी जगह बीचमें तो है। क्या वह नहीं दीखती ?' ( २७९ ) इस प्रकार दशाननकी दर्शनार्थी नगरस्त्रियोंने सभी गवाक्षोंको हल्लेगुल्लेकी आवाजसे भर दिया। ( २८० ) अनेकविध वाद्योंके निनाद द्वारा जिसका कौतुकमंगल किया गया है ऐसे इन्द्रके समान वैभवशाली दशवदनने विमानमें बैठे बैठे लंकापुरीमें प्रवेश किया। ( २८१ ) नगरकी स्त्रियों और वधूजनों द्वारा आशीर्वाद प्राप्त करता हुआ तथा स्तुतियों द्वारा प्रशंसित उस रावणने अपने हजारों खम्भोंसे व्याप्त और ऊँचे भवनमें प्रवेश किया। ( २८२ ) वह भवन स्वर्णमय दीवारोंसे शोभित था। मरकत मणियोंमें लटकते हुए मोतियोंसे वह व्याप्त था। मन्द मन्द पवनसे शनैः शनैः हिलती हुई सफ़ेद ध्वजाके कारण उसका अग्रभाग चंचल प्रतीत होता था। ( २८३ ) बादमें जिस प्रकार देव स्वर्गलोकमें यथेच्छ भोगोंका उपभोग करते हैं उसी प्रकार बाक़ीके सामन्त भी अपने अपने घरोंमें जाकर यथेष्ट सुखोपभोग करने लगे। ( २८४ ) सामन्तों द्वारा प्रणत दशवदन गुरुजन, बन्धुजन, स्वजन, परिजन एवं पुत्रोंके साथ अत्यन्त ऐश्वर्यके साथ लंकानगरीका उपभोग करने लगा। ( २८५ ) विविध सम्पत्तियोंकी प्राप्तिसे महत्त्वशीला, शत्रुसमूहके झुक जानेसे भयके कारण विह्वल ऐसी उसकी विमल कीर्ति पुण्यकर्मके फलके उदयके साथ ही दिशाओंमें प्रकाशित हो गई -- फैल गई। ( २८६ )

॥ पद्मचरितमें दशमुखका नगर-प्रवेश नामका आठवाँ उद्देश्य समाप्त हुआ ॥

---

१. महव्वया—प्रत्य० ।

## ९. वालिणिव्वाणगमणाहियारो

**वालिसुग्रीवौ**

एत्थन्तरम्मि सेणिय !, आइच्चरयस्स इन्दमालीए । गब्भम्मि समुप्पन्नो, वाली बलविरियसंपन्नो ॥ १ ॥
रूवेण परमरूवो, विज्जाण कलाण गुणसयावासो । सम्मत्तभावियमई, अणन्नसरिसो वसुमईए ॥ २ ॥
चउसागरपेरन्तं, जम्बुद्दीवं पयाहिणं काउं । नमिऊण जिणहराइं, किक्किन्धिपुरं पुणो एइ ॥ ३ ॥
जाओ अणुक्कमेणं, सुग्गीवो तस्स ऽणुत्तरो भाया । अन्ना वि नियय[1]वहिणी, सिरिप्पभा चेव उप्पन्ना ॥ ४ ॥
रिक्खपुरे वि य तइया, रिक्खरयसुया महन्तगुणकलिया । नल-नीलनामधेया, हरिकन्ताए समुप्पन्ना ॥ ५ ॥
आइच्चरओ वि तया, असासयं जाणिऊण मणुयत्तं । वाली ठवेइ रज्जे, जुवरज्जे चेव सुग्गीवं ॥ ६ ॥
हय-गय-रह-जुवईओ विच्छड्डेऊण बन्धवसिणेहं । पवइओ खायजसो, पासे मुणिविगयमोहस्स ॥ ७ ॥
देहे वि निरवेक्खो, काऊण तवं अणेयवरिसाइं । कम्मट्ठनिट्ठियट्ठो, अबाबाहं समणुपत्तो ॥ ८ ॥
एत्तो रज्जवरसिरी, वालिनरिन्दस्स भुञ्जमाणस्स । वच्चन्ति मास-वरिसा, दियह व सुहावगाढस्स ॥ ९ ॥
एत्थन्तरम्मि सहसा, सहोयरी रावणस्स चन्दणहा । खरदूसणेण सहसा, दिट्ठा मेघप्पभसुएणं ॥ १० ॥
जाव च्चिय दहवयणो, विवरोक्खो आवलीए धूयाए । तणुकज्जुकारणत्थं, वीवाहविहीनिओगेणं ॥ ११ ॥
ताव खरदूसणेणं, अणुरागसमोत्थरन्तहियएणं । विज्जाबलेण हरिया, चन्दणहा चन्दसरिसमुही ॥ १२ ॥

---

## ९. वालीका निर्वाण

वाली-सुग्रीवका सामान्य जीवनवृत्तान्त—

श्री गौतम गणधर महाराजा श्रेणिकको सम्बोधित करके कहते हैं कि, हे श्रेणिक, इस बीच आदित्यरजाको इन्द्रमाली नामकी पत्नीके गर्भसे बल एवं वीर्यसम्पन्न वाली उत्पन्न हुआ। ( १ ) वह रूपकी दृष्टिसे अत्यन्त सुरूप था, विद्या, कला एवं सैकड़ों गुणोंका वह आवास था, उसकी बुद्धि सम्यक्त्वसे युक्त थी। धरातल पर उसके जैसा दूसरा कोई नहीं था। ( २ ) पूर्व, पश्चिम, उत्तर एवं दक्षिण इन चार दिशाओंमें आये हुए सागर पर्यन्त फैले हुए जम्बूद्वीपकी प्रदक्षिणा करके और उसमें आये हुए जिनचैत्योंको वन्दन करके वह पुनः किष्किन्धिपुरमें लौट आया। ( ३ ) उसके पश्चात् उसका छोटा भाई सुग्रीव हुआ। श्रीप्रभा नामकी उसकी अपनी एक दूसरी बहन भी हुई। ( ४ ) उस समय ऋक्षपुरमें ऋक्षरजाकी हरिकान्तासे उत्पन्न और बड़े-बड़े गुणोंसे युक्त नलनीला नामकी पुत्री थी। ( ५ )

जिसका यश विख्यात है ऐसे आदित्यरजाने मनुष्य-जन्मको अशाश्वत जान वालीको राज्य पर अधिष्ठित करके तथा सुग्रीवको युवराजपद देकर और घोड़े, हाथी, रथ व युवतियोंका तथा बन्धुजनोंके स्नेहका परित्याग करके विगतमोह नामक मुनिके पास दीक्षा अंगीकार की। (६-७) अपने शरीरमें भी आसक्तिरहित उसने अनेक वर्षों तक तप करके और ज्ञानावरणादि आठो कर्मोंको नाश करके अव्याबाध मोक्ष-सुख प्राप्त किया। (८) इधर राज्यकी उत्तम लक्ष्मीका उपभोग करते हुए और सुखमें लीन वाली राजाके महीने और वर्ष दिनकी भांति व्यतीत होने लगे (९)

खरदूषणका चन्द्रनखाके साथ विवाह—

इस बीच मेघप्रभके पुत्र खरदूषणने सहसा रावणकी बहन चन्द्रनखाको देखा। (१०) जब रावण अपनी आवली नामकी लड़कीकी विवाह विधिमें संलग्न रहनेके कारण अनुपस्थित था तब अनुरागवश उछलते हुए हृदयवाले खरदूषणने विद्याके बलसे चन्द्रमाके समान मुखवाली चन्द्रनखाका अपहरण किया। (११-१२) पहले न देखा हो ऐसा और शत्रुके छिद्रकी

---

१—सिरिं—प्रत्य०।

किं कुवन्तिह सूरा, सामन्ता भाणुकण्णमाईया ? । जत्थ रिउछिद्दघाई, अदिट्ठपुव्वो हरइ कन्नं ॥ १३ ॥
अह रावणो वि तइया, वत्तं सुणिऊण आगओ रुट्ठो । घेत्तूण चन्दहासं, तस्स वहत्थं अह पयट्ठो ॥ १४ ॥
चलणेसु पणमिऊणं, ताव य मन्दोयरी भणइ कन्तं । अन्नस्स होइ अरिहा, कन्ना लोगट्ठिई एसा ॥ १५ ॥
विज्जाहराण सामिय !, भिच्चाणं तस्स चोद्दस सहस्सा । बलदप्पगवियाणं, रणकण्डू उव्वहन्ताणं ॥ १६ ॥
जुज्झम्मि समावडिए, अवस्स दुट्ठो तुमे निहन्तव्वो । भत्तारम्मि विवन्ने, होही विधवा विगयसोहा ॥ १७ ॥
आइच्चरयस्स सुयं, चन्दोयरखेयरं विवाडेउं । तुज्झ कुलवंसनिलए, पायालपुरे परिवसइ ॥ १८ ॥
सत्तुभडाण रणमुहे, भयमुव्वेयं न जामि निमिसं पि । तुज्झ वयणेण सुन्दरि !, नवरि ठिओ सासयसहावो ॥ १९ ॥
अह अन्नया कयाई, चन्दोयरपत्थिवम्मि कालगए । महिला तस्सऽणुराहा, सयणविहूणा भमइ रण्णे ॥ २० ॥
अह गुरुभरखीणङ्गी, मणिकन्तमहीहरस्स कडयम्मि । सा दारयं पसूया, नामेण विराहियकुमारं ॥ २१ ॥
गब्भट्ठियस्स जस्स उ, कओ विरोहो सया रिउजणेणं । तेणं विराहिओ सो, भण्णइ धणभोगपरिहीणो ॥ २२ ॥
परिवड्ढिओ कुमारो, जाओ बल-रूव-जोव्वणापुण्णो । परिभमइ सयलवसुहं, अइसयदेसेसु रम्मेसु ॥ २३ ॥

रावणस्य वालिना सह युद्धम्—

अह रावणेण तइया, वालिनरिन्दस्स पेसिओ दूओ । गन्तूणं किक्किन्धिं, वालिसहं पत्थिओ सहसा ॥ २४ ॥
काऊण सिरपणामं, दूओ अह भणइ वाणराहिवई । निसुणेहि मज्झ वयणं, जं भणियं नियसामीणं ॥ २५ ॥

---

घातमें रहनेवाला जहाँ कन्याका अपहरण करे वहाँ देव, सामन्त तथा भानुकर्ण आदि करें भी क्या ? (१३) तब यह वृत्तान्त सुनकर गुस्सेमें आया हुआ रावण लौटा और चन्द्रहास नामकी तलवार लेकर उसके वधके लिये प्रवृत्त हुआ। (१४) तब मन्दोदरीने चरणोंमें प्रणाम करके अपने स्वामीसे कहा कि यह लोककी रूढ़ि है कि कन्या दूसरेके लिए होती है। (१५) बल एवं दर्पसे गर्वित और लड़ाईकी खुजली जिन्हें हो रही है ऐसे चौदह हजार विद्याधर भृत्योंका वह खरदूषण स्वामी है। (१६) युद्ध होने पर उस दुष्टको तुम अवश्य मारोगे और पतिकी मृत्यु होने पर वह चन्द्रनखा शोभाहीन विधवा हो जायगी। (१७) आदित्यरजाके पुत्र चन्द्रोदर खेचरको हरा कर तुम्हारे कुल एवं वंशके निलय पातालपुरमें वह रहता है। (१८) इस प्रकार मन्दोदरीके कहने पर रावणने कहा कि, हे सुन्दरी ! मैं यद्यपि युद्धक्षेत्रमें शत्रुके सुभटोंका तनिक भी भय या उद्वेग नहीं जानता, फिर भी तेरे कहनेसे मैं अपने स्वभावमें आता हूँ—शान्त रहता हूँ। (१९)

विराधितका जन्म—

बादमें किसी समय चन्द्रोदर राजाका निधन होने पर स्वजनसे वियुक्त उसकी अनुराधा नामकी स्त्री अरण्यमें घूमती थी। (२०) गर्भके भारसे क्षीण अंगवाली उसने मणिकान्त राजाके शिविरमें विराधितकुमार नामके पुत्रको जन्म दिया। (२१) जिसके गर्भमें रहने पर शत्रुओंने सदा विरोध किया था, अतः धन एवं भोगसे विहीन वह विराधित नामसे कहा जाने लगा। (२२) बड़ा होने पर बल, रूप एवं यौवनसे परिपूर्ण वह कुमार समग्र पृथ्वी पर आये हुए अत्यन्त रमणीय देशोंमें घूमने लगा। (२३)

वाली और रावणका युद्ध—

उस समय रावणने वाली राजाके पास अपना दूत भेजा। किष्किन्धिमें पहुंचकर वह वालीके पास सहसा उपस्थित हुआ। (२४) सिरसे प्रणाम करके दूत कहने लगा कि, हे वानराधिपति ! तुम मेरे वचन, जो कि मेरे स्वामीके कहे हुए हैं, सुनो। (२५) तुम उत्तम कुलमें पैदा हुए हो, उत्तम शक्तिसे युक्त हो तथा विनयसे सम्पन्न हो। अतः अत्यन्त प्रेमपूर्वक

उत्तमकुलसंभूओ, उत्तमविरिओ सि विणयसंपन्नो । उत्तमपीईएँ तुमं, भणइ लहुं एहि दहवयणो ॥ २६ ॥
रिक्खरया-ऽऽइच्चरया, किक्किन्धिमहापुरे नियय्यरज्जे । ठविया मए सणाहा, जिणिऊण जमं रणमुहम्मि ॥ २७ ॥
अन्नं पि एव भणियं, कुणह पणामं सिरीएँ जइ कज्जं । एवं च नियय्यहिणी, सिरिप्पभं देहि मे सिग्घं ॥ २८ ॥
अह भणइ पवङ्गनाहो, मज्झ सिरं मउड-कुण्डलाडोवं । मोत्तूण जिणवरिन्दं, न पडइ चलणेसु अन्नस्स ॥ २९ ॥
वालिवयणावसाणे, दूओ पडिभणइ निट्ठुरं वयणं । तस्स पणामेण विणा, न य जीयं न य तुमे रज्जं ॥ ३० ॥
दूयवयणेण रुट्ठो, वग्घविलम्बी भडो भणइ एवं । किं सो गहेण गहिओ, उल्लवइ दसाणणो एवं ? ॥ ३१ ॥
रे दूय! किं न याणसि, वालिं बलदप्पगबियं धीरं ? । पुहईयलम्मि सयले, जस्स जसो भमइ निस्सङ्को ॥ ३२ ॥
दूएण वि पडिभणिओ, वग्घविलम्बी सुनिट्ठुरं वयणं । भण्डह विलम्बगूढं, अहव पणामं कुणह गन्तुं ॥ ३३ ॥
दुब्वयणदूमियङ्गो, वग्घविलम्बी असिं नियच्छेउं । पहरन्तो च्चिय रुद्धो, दूयस्स सयं हरिवईणं ॥ ३४ ॥
किं मारिएण कीरइ, इमेण दूएण पेसियारेणं ? । जो परवयणुल्लावी, नवरं पडिसद्दओ एसो ॥ ३५ ॥
फरुसवयणेहि गाढं, जाहे निब्भच्छिओ गओ दूओ । सबं जहाणुभूयं, रक्खसनाहस्स साहेइ ॥ ३६ ॥
सोऊण वालिवयणं, सन्नद्धो दहमुहो सह बलेणं । अह निग्गओ तुरन्तो, तस्सुवरिं अम्बरतलेणं ॥ ३७ ॥
रक्खसतूरस्स रवं, वाली सोऊण अभिमुहो चलिओ । कइसुहडसमाइण्णो, रणरसतण्हालुओ वीरो ॥ ३८ ॥
कोवग्गिसंपलित्तो, वाली मन्तीहि उवसमं नीओ । बहुभडजीयन्तकरं, मा कुणह अकारणे जुज्झं ॥ ३९ ॥
अह भणइ वाणरिन्दो, संगामे रावणं बलसमग्गं । करयलघायाभिहयं, करेमि सयलं[1] कुलं चुण्णं ॥ ४० ॥

---

रावणने तुमसे कहा है कि तुम जल्दी आओ। (२६) युद्धक्षेत्रमें यमको जीतकर मैंने अपने राज्यकी किष्किन्धि नगरीमें ऋक्षरजा और आदित्यरजाको राज्यपदपर अधिष्ठित किया था। (२७) उन्होंने और भी कहा है कि यदि तुम्हें लक्ष्मीसे प्रयोजन है तो आकर प्रणाम करो और अपनी श्रीप्रभा नामकी बहन मुझे जल्दी ही दो। (२८)

इसपर वानरोंके स्वामी वालीने कहा कि मुकुट और कुण्डलोंसे युक्त मेरा सिर जिनवरेन्द्रको छोड़कर अन्य किसीके चरणोंमें नहीं गिरता। (२९) इस प्रकार वालीके कहनेपर दूतने कठोर बचन कहे कि उनके पैरोंमें प्रणाम किये बिना न तो तुम्हारा जीवन और न तुम्हारा राज्य ही सम्भव है। (३०) दूतके ऐसे कथनसे रुष्ट व्याघ्रविलम्बी नामका सुभट इस प्रकार कहने लगा—'क्या वह दशानन किसी ग्रहसे गृहीत है कि ऐसा अंडबंड बोलता है ? (३१) हे दूत! बल एवं दर्पसे गर्वित, धीर और जिसका यश निःशंक होकर सम्पूर्ण पृथ्वीतलपर परिभ्रमण करता है ऐसे वालीको क्या तुम नहीं पहचानते ?' (३२) दूतने भी व्याघ्रविलम्बीको अति कठोर शब्दोंसे प्रत्युत्तर देते हुए कहा कि विलम्बके पीछे जो बात छिपी हुई है उसे तुम कोसो, अथवा जाकरके प्रणाम करो। (३३) दूतके ऐसे दुर्वचनसे संतप्त अंगवाला वाघ्रविलम्बी तलवार खींचकर जैसे ही दूतपर प्रहार करनेके लिये उद्यत हुआ वैसे ही वानरपतिने उसे रोका कि यह दूत तो नौकर है जो दूसरेके कहेके अनुसार बोलनेवाला है। वस्तुतः यह तो प्रतिघोष जैसा है। इसे मारकर क्या करोगे ? (३४-३५) कठोर वचनों द्वारा अत्यन्त तिरस्कृत होनेपर वह दूत वहाँसे लौट आया और जो कुछ वहाँ अनुभव हुआ था वह सब राक्षसनाथ रावणको कह सुनाया। (३६)

बालीका कथन सुनकर रावण सैन्यके साथ सज्ज हुआ और उसपर आक्रमण करनेके लिए तुरन्त आकाशमार्गसे निकल पड़ा। (३७) राक्षसोंके युद्धवाद्यों की ध्वनि सुनकर युद्धरसकी तृष्णासे व्याकुल वह वीर वाली वानर सुभटोंके साथ उसका सामना करनेको चला। (३८) क्रोधाग्निसे जलते हुए वालीको मंत्री यह कहकर शान्त करने लगे कि अनेक सुभटोंके जीवनका अन्त करनेवाला यह युद्ध तुम अकारण मत करो। (३९) इसपर वानरेन्द्र वालीने कहा कि संग्राममें समग्र सैन्यके साथ रावण तथा उसके समस्त कुलको मैं अपने करतलके आघातसे पीटकर चूर-चूर कर सकता हूँ। (४०) किन्तु अपने

---

१. सबलं इमं चुण्णं—प्रत्य० ।

काऊण पावकम्मं, एरिसयं भोगकारणट्ठाए । नरय-तिरिएसु दुक्खं, भोत्तव्वं दीहकालम्मि ॥ ४१ ॥
पुव्वं मए पइन्ना, आरूढा साहुसन्नियासम्मि । मोत्तूण जिणवरिन्दं, अन्नस्स थुई न कायव्वा ॥ ४२ ॥
न करेमि समयभङ्गं, न य जीवविराहणं महाजुज्झं । गिण्हामि जिणुद्दिट्ठं, पव्वज्जं सङ्गपरिहीणं ॥ ४३ ॥
वरनारिथणयडोवरि, जे हत्था ऽलिङ्गणुज्जया मज्झं । ते न य करेन्ति एत्तिय, अन्नस्स सिरञ्जलिपणामं ॥ ४४ ॥
सद्दावेऊण तओ, सुग्गीवं भणइ वच्छ ! निसुणेहि । तस्स करेहि पणामं, मा वा रज्जे मए ठविओ ॥ ४५ ॥
ठविऊण कुलाधारं, सुग्गीवं उज्झिऊण गिहवासं । निक्खन्तो च्चिय वाली, पासे मुणिगयणचन्दस्स ॥ ४६ ॥
सुद्धेक्कभावनिरओ, संजम-तव-नियमगहियपरमत्थो । अन्नोन्नजोगजुत्तो, कम्मक्खयनिज्जरट्ठाए ॥ ४७ ॥
चारित्त-नाण-दंसण-निम्मलसम्मत्तमोहपरिमुक्को । विहरइ मुणिवरसहिओ, गामा-ऽऽगरमण्डियं वसुहं ॥ ४८ ॥
भुञ्जइ पाणनिमित्तं, पाणे धारेइ धम्मकरणत्थं । धम्मो मोक्खस्स कए, अज्जेइ सया अपरितन्तो ॥ ४९ ॥
सुग्गीवो वि हु कन्नं, सिरिप्पभं देइ रक्खसिन्दस्स । किक्किन्धिमहानयरे, करेइ रज्जं गुणसमिद्धं ॥ ५० ॥
विज्जाहरमणुयाणं, कन्नाओ रूवजोव्वणधरीओ । अक्कमिय विक्कमेणं, परिणेइ दसाणणो ताओ ॥ ५१ ॥
निच्चालोए नयरे, निच्चालोयस्स खेयरिन्दस्स । रयणावलि त्ति दुहिया, सिरिदेवीगब्भसंभूया ॥ ५२ ॥
तीए विवाहहेउं, पुप्फविमाणट्ठियस्स गयणयले । वच्चन्तस्स निरुद्धं, जाणं अट्ठावयस्सुवरिं ॥ ५३ ॥
दट्ठूण अवच्चन्तं, पुप्फविमाणं तओ परमरुट्ठो । पुच्छइ रक्खसनाहो, मारीइ ! किमेरिसं जायं ? ॥ ५४ ॥

---

भोगके लिये ऐसा पाप-कर्म करनेसे नरक एवं तिर्यंच गतिमें दीर्घकाल पर्यन्त दुःख भोगना पड़ता है। (४९) पहले एक साधुके पास मैंने एक प्रतिज्ञा की थी कि जिनवरेन्द्रको छोड़कर मैं किसी अन्यकी स्तुति नहीं करूँगा। (४२) मैं अपनी प्रतिज्ञाका भंग भी नहीं करूँगा और जीवोंका नाश करनेवाला महायुद्ध भी नहीं करूँगा, अतः मैं तो जिनेश्वर भगवान् द्वारा उपदिष्ट सब प्रकारकी आसक्तियोंसे रहित प्रव्रज्या अंगीकार करता हूँ। (४३) मेरे जो हाथ उत्तम स्त्रियोंके स्तनतटके ऊपर आलिंगन करनेमें उत्सुक रहते थे उनसे ही अब मैं जो आसक्ति नहीं रखते उन्हें सिरपर अंजलि धारण करके प्रणाम करता हूँ। (४४) इसके पश्चात् सुग्रीवको बुलाकर उसने कहा कि हे वत्स ! मैंने तुम्हें राज्यपर स्थापित किया है। अब तुम उसे (रावणको) प्रणाम करो या नहीं यह तुम्हारी इच्छाकी बात है। (४५) अपने कुलके आधाररूप सुग्रीवको राज्यपर स्थापित करके और गृहवासका त्याग करके वालीने गगनचन्द्र नामक मुनिके पास दीक्षा अंगीकार की। (४६)

एकमात्र शुद्ध भावमें निरत, संयम, तप एवं नियम द्वारा परमार्थका ज्ञाता, कर्मके क्षय एवं निर्जराके लिए चित्तवृत्तिनिरोधरूप विभिन्न प्रकारके योगसे युक्त, चरित्र, ज्ञान, दर्शन एवं निर्मल सम्यक्त्वसे सम्पन्न तथा मोहसे विमुक्त वह वाली मुनिवरके साथ ग्राम समूहसे व्याप्त पृथ्वी पर परिभ्रमण करने लगा। (४७-४८) वह प्राणोंकी रक्षाके लिए भोजन करता था, धर्माचारके लिए प्राणोंको धारण करता था और निर्विण्ण हुए बिना मोक्षके लिए सर्वदा धर्मका उपार्जन करता था। (४९)

रावणका अष्टापद-गमन तथा वाली मुनि द्वारा पराभव—

सुग्रीवने श्रीप्रभा नामकी कन्या राक्षसेन्द्र रावणको दी और महानगरी किष्किन्धिमें सुख, सदाचार आदि गुणोंसे समृद्ध ऐसा राज्य करने लगा। (५०) बलपूर्वक आक्रमण करके विद्याधर एवं मनुष्योंकी रूप व यौवनसे युक्त कन्याओंके साथ दशाननने विवाह किया। (५१) नित्यालोक नामक नगरमें खेचरेन्द्र नित्यालोककी तथा श्रीदेवीके गर्भसे उत्पन्न रत्नावली नामकी लड़की थी। (५२) उसके साथ विवाहके निमित्त पुष्पकविमानमें बैठकर आकाश मार्गसे जाते हुए रावणका विमान अष्टापदके ऊपर रुक गया। (५३) जाते हुए विमानको इस प्रकार स्थगित देखकर अत्यन्त रुष्ट राक्षसनाथ पूछने लगा कि मारीचि, ऐसा क्यों हुआ ? (५४) इस पर मारीचिने कहा कि, हे नाथ ! सूर्यकी ओर अभिमुख

अह साहिउं पयत्तो, मारीई को वि नाह ! मुणिवसहो । तप्पइ तवं सुघोरं, सूराभिमुहो महासत्तो ॥ ५५ ॥

**रावणस्य अष्टापदे अवतरणम्—**

एयस्स पभावेणं, जाणविमाणं न जाइ परहुत्तं । अवयरह नमोक्कारं, करेह मुणि पावमहणस्स ॥ ५६ ॥
ओयारियं विमाणं, पेच्छइ कविलासपवयं रम्मं । दूरुन्नयसिहरोहं, मेहं पिव सामलायारं ॥ ५७ ॥
घणनिवह-तरुणतरुवर-कुसुमालिनिलीणगुमुगुमायारं । निज्झरवहन्तनिम्मल-सलिलोहप्फुसियवरकडयं ॥ ५८ ॥
कडयतडकिन्नरोरग-गन्धव्वुग्गीयमहुरनिग्घोसं । मय-महिस-सरह-केसरि-वराह-रुरु-गयउलाइण्णं ॥ ५९ ॥
सिहरकरनियरनिग्गय—नाणाविहरयणमणहरालोयं । जिणभवणकणयनिम्मिय—उब्भासेन्तं दस दिसाओ ॥ ६० ॥
अवइण्णो दहवयणो, अह पेच्छइ साहवं तहिं वाली[1] । झाणपइट्ठियभावं, आयावन्तं सिलावट्टे ॥ ६१ ॥
वित्थिण्णविउलवच्छं, तवसिरिभरियं पलम्बभुयजुयलं । अचलियझाणारूढं, मेरुं पिव निच्चलं धीरं ॥ ६२ ॥
संभरिय पुव्ववेरं, भिउडिं काऊण फरुसवयणेहिं । अह भणिऊण पवत्तो, दहवयणो मुणिवरं सहसा ॥ ६३ ॥
अइसुन्दरं कयं ते, तवचरणं मुणिवरेण होऊणं । पुव्वावराहजणिए, जेण विमाणं निरुद्धं मे ॥ ६४ ॥
कत्तो पवज्जा ते?, कत्तो तवसंजमो सुचिण्णो वि? । जं वहसि राग-दोसं, तेण विहत्थं तुमे सव्वं ॥ ६५ ॥
फेडेमि गारवं ते, एयं चिय पवयं तुमे समयं । उम्मूलिऊण सयलं, घत्तामि लहुं सलिलनाहे ॥ ६६ ॥
काऊण घोररूवं, रुट्ठो संभरिय सव्वविज्जाओ । अह पवयस्स हेट्ठा, भूमी भेत्तुं चिय पविट्ठो ॥ ६७ ॥
हक्खुविऊण पयत्तो, भुयासु सव्वायरेण उप्पिच्छो । रोसाणलरत्तच्छो, खरमुहररवं पकुव्वन्तो ॥ ६८ ॥

---

होकर कोई महाशक्तिशाली मुनिवर अत्यन्त घोर तप कर रहा है । ( ५५ ) उसके प्रभावसे यह विमान आगे नहीं जा रहा है । अतः नीचे उतरो और पापका नाश करनेवाले मुनिको नमस्कार करो । ( ५६ )

विमानको नीचे उतारकर उसने सुन्दर, बहुत ऊँचे शिखरोंके समूहसे युक्त तथा बादल सरीखे श्याम वर्णवाले कैलास पर्वतको देखा । ( ५७ ) वह सघन एवं तरुण वृक्षराजिके पुष्पोंमें लीन भौंरोंकी गुंजारसे व्याप्त था, बहते हुए झरनोंके निर्मल पानीके समूहसे उसका सुन्दर मध्य भाग स्पृष्ट था; उसका मूल भाग किन्नर, नाग एवं गन्धर्वोंके सुमधुर संगीतके निर्घोषसे युक्त था; हिरन, भैंसे, गैंडे, सिंह, सूअर, रुरु ( मृगविशेष ) व हाथीके समूहोंसे वह व्याप्त था; शिखररूपी हाथोंके समूह मेंसे बाहर निकले हुए अनेक प्रकारके रत्नोंके मनोहर आलोकसे वह आलोकित था तथा दसों दिशाओंको प्रकाशित करनेवाले स्वर्णविनिर्मित जिनमन्दिरोंसे वह युक्त था । ( ५८-६० ) ऐसे कैलास पर्वत पर रावण उतरा । वहाँ पर उसने ध्यानभावमें स्थित तथा एक गोल शिला पर सूर्यकी धूपमें शरीरको तपाते हुए वालीको देखा । ( ६१ ) उसका वक्षःस्थल बड़ा और विशाल था, तपकी शोभासे वह पूर्ण था, उसकी दोनों भुजाएँ लटक रही थीं, वह निश्चल ध्यानमें आरूढ था और मेरुकी भाँति वह अडिग और धीर था । (६२) पहलेका बैर याद करके दशवदन भौंहें तानकर मुनिवर वालीको एकदम कठोर वचन कहने लगा कि मुनि होकरके भी पहलेके अपराधसे उत्पन्न रोषवश जो यह मेरा विमान तूने रोक रखा है यह बहुत ही सुन्दर किया ! (६३-४) तेरी प्रव्रज्या कहाँ गई ? सम्यग् आचरित तेरा संयम और तप कहाँ गया ? चूँकि तू राग एवं द्वेष धारण किये हुए है, अतः तेरा सब कुछ विनष्ट हो गया । (६५) मैं तेरा घमण्ड और इस पर्वतको भी तेरे ही सामने चकनाचूर करता हूँ । सबको जड़मूलसे उखाड़कर समुद्रमें जल्दी ही फेंकता हूँ । (६६)

इस प्रकार कहकर और सर्व विद्याओंको यादकर रुष्ट रावणने भयंकर रूप धारण किया । बादमें जमीन तोड़कर वह पर्वतके नीचे प्रविष्ट हुआ । (६७) रोषरूपी अग्निसे लाल लाल आँखेवाला तथा कठोर एवं तुमुल कोलाहल करता हुआ वह गुस्सेमें आकर पूरे बलके साथ अपनी भुजाओंसे उसे उखाड़ने लगा । (६८) पृथ्वीसे वेष्टित उस पर्वतको

---

१. वालि—प्रत्य० ।

आकम्पियमहिवेढं, विहडियदढसन्धिबन्धणामूलं । अह पवयं सिरोवरि, भुयासु दूरं समुद्धरइ ॥ ६९ ॥
लम्बन्तदीहविसहर–भीउद्दुयविविहसावय–विहङ्गं । तडपडणखुभियनिज्झर–चलन्तघणसिहरसंघायं ॥ ७० ॥
सरपवणरेणुपसरिय–गयणयलोच्छइयदसदिसायक्कं । जायं तम-ऽन्धयारं, तहियं अट्ठावउद्धरणे ॥ ७१ ॥
उवेल्ला सलिलनिही, विवरीयं चिय वहन्ति सरियाओ । निग्घायपडन्तरवं, उक्का-ऽसणिगब्भिणं भुवणं ॥ ७२ ॥
विज्जाहरा वि भीया, असि-खेडय-कप्प-तोमरविहत्थं । किं किं ? ति उल्लवन्ता, उप्पइया नहयलं तुरिया ॥ ७३ ॥
परमावहीएँ भगवं, वाली नाऊण गिरिवरुद्धरणं । अणुकम्पं पडिवन्नो, भरहकयाणं जिणहराणं ॥ ७४ ॥
एयाण रक्खणट्ठं, करेमि न य जीवियबयनिमित्तं । मोत्तूण राग-दोसं, पवयणवच्छल्लभावेण ॥ ७५ ॥
एव मुणिऊण तेणं, चलणङ्गुट्ठेण पीलियं सिहरं । जह दहमुहो निविट्ठो, गुरुभरभारोणयसरीरो ॥ ७६ ॥
विहडन्तमउडमोत्तिय-नमियसिरो गाढसिढिलसवङ्गो । पगलन्ततक्खणुप्पन्नसेयसंघायजलनिवहो ॥ ७७ ॥
ववगयजीयासेणं, रओ कओ जेण तत्थ अइघोरो । तेणं चिय जियलोए, विक्खाओ रावणो नामं ॥ ७८ ॥
सोऊण मुहरवं तं, मूढा सन्नज्झिऊण रणसूरा । किं किं ? ति उल्लवन्ता, भमन्ति पासेसु चलवेगा ॥ ७९ ॥
मुणितवगुणेण सहसा, दुन्दुहिसद्दो नहे पवित्थरिओ । पडिया य कुसुमवुट्ठी, सुरमुक्का गयणमग्गाओ ॥ ८० ॥
जाहे अणायरेणं, सिढिलो अङ्गुट्ठओ कओ सिग्घं । मोत्तूण पवयवरं, विणिग्गओ दहमुहो ताहे ॥ ८१ ॥
सिग्घं गओ पणामं, दसाणणो मुणिवरं खमावेउं । थोऊण समाढत्तो, तव-नियमबलं पसंसन्तो ॥ ८२ ॥

---

हिलाकर, मूलमेंसे ही उसके मजबूत जोड़ोंको विच्छिन्न करके तथा सिर पर उसे धारणा करके भुजाओं द्वारा वह उसे दूर तक उठा ले गया। (६९) उस पर्वत पर बड़े-बड़े साँप लटक रहे थे, अनेक प्रकारके पशु एवं पक्षी भयवश इधर-उधर भाग रहे थे, किनारोंके गिरनेसे झरने क्षुब्ध हो उठे थे और शिखरोंके समूह बादलोंकी तरह चल-से रहे थे। (७०) उस समय अष्टापदके उठानेके कारण तेज पवनमें मिली धूलके फैलनेसे आकाश आच्छादित हो गया तथा सभी दिशाओंमें अन्धकार व्याप्त हो गया। (७१) समुद्र अपना किनारा लाँघकर चारों ओर फैल गया, नदियाँ उल्टी बहने लगीं, बिजलीके गिरनेका भयंकर शब्द होने लगा और पृथ्वीमें भीतरसे उथल-पुथल मच गई। (७२) तलवार, ढाल, कल्प ( शस्त्रविशेष ) एवं बाण हाथोंमेंसे गिरनेसे विद्याधर भी भयभीत हो गये। 'यह क्या हुआ ? यह क्या हुआ ?' ऐसा बोलते हुए वे आकाशमें जल्दी उड़े। (७३)

परमावधिज्ञानसे पर्वतका ऊपर उठाना जानकर भरत चक्रवर्तीकृत जिनमन्दिरोंकी रक्षाके लिये भगवान् वालीको दया आई। (७४) 'राग-द्वेषका त्याग करके जिनोपदेश परके वात्सल्यभावके कारण, न कि अपने जीवनके हेतु, मैं इनकी रक्षा करता हूँ ऐसा सोचकर उसने अपने पैरके अंगूठेसे शिखरको ऐसा दबाया कि अत्यन्त भारके कारण झुके हुए शरीरवाला वह दशमुख बैठ गया। (७५-७६) उसके मुकुटके मोती बिखर गये, सिर झुक गया, सब अंग अत्यन्त ढीले पड़ गये और उस समय उत्पन्न पसीनेके समूहसे पानी का प्रवाह बह चला। (७७) जीवनकी आशा नष्ट होनेसे उसने उस समय जो अति भयंकर आवाज की उससे वह जीवलोकमें रावणके नामसे विख्यात हुआ। (७८) मुँहमेंसे निकली हुई उस आवाजको सुनकर मूढ सुभट कवच धारण करके 'क्या है ? क्या है ?' ऐसा बोलते हुए तेजीके साथ अगल-बगल घूमने लगे। (७९)

उस समय अचानक मुनिके तपके प्रभावसे आकाशमें दुन्दुभिका शब्द फैल गया और आकाश मार्गमेंसे देवताओं द्वारा मुक्त पुष्पोंकी वृष्टि होने लगी। (८०) जब अनादरके साथ वालीने अपना अंगूठा अविलम्ब शिथिल किया तब पर्वतका त्याग करके दशमुख बाहर निकला। (८१) शीघ्र ही आकर रावणने प्रणाम किया और मुनिवरसे क्षमायाचना करके तप एवं नियमके बलकी प्रशंसा करता हुआ वह उनकी स्तुति करने लगा कि जिनवरेन्द्रको छोड़कर दूसरेको प्रणाम न करनेकी जो तुम्हारी प्रतिज्ञा है उसकी वजहसे यह अतुल बल प्राप्त हुआ है, ऐसा मैं समझता हूँ। (८२-८३) हे धीरपुरुष !

मोत्तूण जिणवरिन्दं, अन्नस्स न पणमिओ तुमं जं से । तस्सेयं बलमउलं, दिट्ठं चिय पायडं अम्हे ॥ ८३ ॥
रूवेण य सीलेण य, बलमाहप्पेण धीरपुरिस ! तुमे । सरिसो न होइ अन्नो, सयले वि य माणुसे लोए ॥ ८४ ॥
अवकारिस्स मह तुमे, दत्तं चिय जीवियं न संदेहो । तह वि य खलो अलज्जो, विसयविरागं न गच्छामि ॥ ८५ ॥
धन्ना ते सप्पुरिसा, जे तरुणत्ते गया विरागत्तं । मोत्तूण सन्तविहवं, निस्सङ्गा चेव पवइया ॥ ८६ ॥
एवं थोऊण मुणी[1], दसाणणो जिणहरं समल्लीणो । नियय[2]जुवईहि सहिओ, रएइ पूयं अइमहन्तं ॥ ८७ ॥
तो चन्दहासअसिणा, उक्कत्तेऊण नियय[3]बाहं सो । ण्हारुमयतन्तिनिवहं, वाएइ सविब्भमं वीणं ॥ ८८ ॥
थोऊण समाढत्तो, पुण्णपवित्तक्खरेहि जिणं[4]यन्दं । सत्तसरसंपउत्तं, गीयं च निवेसियं विहिणा ॥ ८९ ॥

**अष्टापदस्थजिनस्तुतिः —**

मोहन्धयारतिमिरं, [5]जेणेयं नासियं चिरपरूढं । केवलकरेसु दूरं, नमामि तं उसभजिणभाणुं ॥ ९० ॥
अजियं पि संभवजिणं, नमामि अभिनन्दणं सुमइनाहं । पउमप्पहं सुपासं, पणओ हं ससिपहं भयवं ॥ ९१ ॥
थोसामि पुप्फदन्तं, दन्तं जेणिन्दियारिसंघायं । सिवमग्गदेसणयरं, सीयलसामिं पणमिओ हं ॥ ९२ ॥
सेयंसजिणवरिन्दं, इन्दसमाणन्दियं[6] च वसुपुज्जं । विमलं अणन्त धम्मं, अणन्नमणसो पणिवयामि ॥ ९३ ॥
सन्तिं कुन्थु अरजिणं, मल्लिं मुणिसुव्वयं नमिं नेमिं । पणमामि पास वीरं भवनिग्गमकारणट्ठाए ॥ ९४ ॥
जे य भविस्सन्ति जिणा, अणगारा गणहरा तवसमिद्धा । ते वि हु नमामि सव्वे, वाया-मण-कायजोएसु ॥ ९५ ॥
गायन्तस्स जिणथुइं, धरणो नाऊण अवहिविसएण । अह निग्गओ तुरन्तो, अट्ठावयपव्वयं पत्तो ॥ ९६ ॥

---

रूप, शील एवं बलकी महत्तामें तुम्हारे सदृश कोई भी पुरुष इस मनुष्यलोकमें नहीं है। (८४) अपकार करनेवाले मुझको तुमने जीवनदान दिया है, इसमें सन्देह नहीं है; फिर भी दुष्ट और निर्लज्ज मैं विषयोंमें रागभाव का परित्याग नहीं करता। (८५) वे सत्पुरुष धन्य हैं जो तरुणावस्थामें ही विरक्त हुए और अपने वर्तमान वैभवका त्याग करके निःसंग हो प्रव्रजित हुए। (८६) इस प्रकार मुनिकी स्तुति करके दशानन अपनी युवती स्त्रियोंके साथ जिनमन्दिरमें गया और वहाँ बड़ी भारी पूजा रची। (८७) इसके पश्चात् चन्द्रहास नामकी तलवारके द्वारा अपनी भुजा काटकर और उसकी शिराओंसे वीणाके तार जोड़कर उसने भक्तिभावसे पूर्ण हो वीणा बजाई। (८८) इसके पश्चात् शुभ एवं पवित्र अक्षरोंसे वह जिनचन्द्रकी स्तुति करने लगा और सातों स्वरोंका जिसमें उपयोग किया गया है ऐसा गीत विधिपूर्वक गाने लगा कि चिरकालसे उत्पन्न मोहरूपी अन्धकारको जिसने केवल ज्ञानरूपी किरणोंसे सर्वदा नष्ट किया है ऐसे उस ऋषभ जिनरूपी सूर्यको मैं नमस्कार करता हूँ। (८९-९०) अजित, सम्भव जिनेश्वर, अभिनन्दन तथा सुमतिनाथको प्रणाम करता हूँ। पद्मप्रभ, सुपार्श्व तथा भगवान् शशिप्रभ ( चन्द्रप्रभ ) को मैं वन्दन करता हूँ। (९१) इन्द्रियरूपी शत्रुसमूहका दमन करनेवाले पुष्पदन्तकी मैं स्तुति करता हूं। शिव-मार्गका उपदेश देनेवाले शीतल स्वामीको मैं वन्दन करता हूं। (९२) जिनवरोंमें इन्द्रतुल्य श्रेयांसको, इन्द्रों को आनन्द देनेवाले वासुपूज्य स्वामीको तथा विमल, अनन्त और धर्मको अनन्य मनसे प्रणाम करता हूँ। (९३) शान्ति, कुंथु, अर जिनेश्वर, मल्लि, मुनिसुव्रतस्वामी, नमि, नेमि, पार्श्व तथा महावीरस्वामीको जन्मके चक्रमेंसे बाहर निकलनेके लिए प्रणाम करता हूँ। (९४) भविष्यमें जो जिन, अनगार, गणधर और तपसे समृद्ध तपस्वी होंगे उन सबको मैं मन, वचन एवं काय इन तीनों प्रकारके योगसे नमस्कार करता हूँ। (९५)

**धरणेन्द्रसे शक्तिकी प्राप्ति और स्वदेशगमन—**

इस प्रकार रावण जब स्तुति कर रहा था तब अवधिज्ञानसे जानकर धरणेन्द्र फौरन अपने स्थानसे निकला और

---

१. मुणिं दहवयणो—प्रत्य० । २. जिणइंदं—प्रत्य० । ३. जेणं चिय नासियं—प्रत्य० । ४. सयाणंदियं—मु० ।

काऊण महापूयं, वन्दित्ता जिणवरं पयत्तेणं । अह पेच्छइ दहवयणं, गायन्तं पङ्कयदलच्छं ॥ ९७ ॥
तो भणइ नागराया, सुपुरिस ! अइसाहसं ववसियं ते । जिणभत्तिरायमउलं, मेरुं पिव निच्चलं हिययं ॥ ९८ ॥
तुट्ठो[1] तुहं दसाणण, जिणभत्तिपरायणस्स होऊणं । वत्थुं मणस्स इट्ठं, जं मग्गसि तं पणावेमि ॥ ९९ ॥
लङ्काहिवेण सुणिउं, धरणो फणमणिमऊहदिप्पन्तो । भणिओ किं न य लद्धं, जिणवन्दणभत्तिराएण ? ॥ १०० ॥
अहिययरं परितुट्ठो, धरणिन्दो भणइ गिण्हसु पसत्था । सत्ती अमोहविजया, जा कुणइ वसे सुरगणा वि ॥ १०१ ॥
अह रावणेण सत्ती, गहिया अहिउज्जिउं सिरपणामं । धरणो वि जिणवरिन्दं, थोऊण गओ नियय[2]ठाणं ॥ १०२ ॥
अट्ठावयसेलोवरि, मासं गमिऊण तत्थ दहवयणो । अणुचरिउं पच्छित्तं, वालिमुणिन्दं खमावेइ ॥ १०३ ॥
जिणहरपयाहिणं सो, काऊण दसाणणो तिपरिवारे । पत्तो नियय[3]पुरवरं, थुवन्तो मङ्गलसएसु ॥ १०४ ॥
झाणाणलेण कम्मं, दहिऊण पुराकयं निरवसेसं । अक्खयमयलमणहरं, वाली सिवसासयं पत्तो ॥ १०५ ॥

एवंविहं वालिचेट्ठियं जे, दिणाणि सव्वाणि सुणन्ति तुट्ठा ।
काऊण कम्मक्खयदुक्खमोक्खं, ते जन्ति ठाणं विमलं कमेणं ॥ १०६ ॥

॥ इय पउमचरिए वालिनिव्वाणगमणो नाम नवमो उद्देसो समत्तो ॥

## १०. दहमुहसुग्गीवपत्थाण-सहस्सकिरणअणरण्णपव्वज्जाविहाणं

एयं ते परिकहियं, मगहाहिव ! जं पुरा समणुवत्तं । निसुणेहि एगमणसो, भणामि जं अन्नसंबन्धं ॥ १ ॥

---

अष्टापदपर आ पहुँचा । (९६) बड़ी भारी पूजा करके तथा आदरपूर्वक जिनवरोंको वन्दन करके उसने कमलदलके समान नेत्रोंवाले रावणको गाते हुए देखा । (९७) इसके बाद नागराज धरणेन्द्रने कहा—'हे सुपुरुष ! तुमने यह एक बहुत बड़ा साहस किया है । जिनेश्वरके ऊपर तुम्हारा भक्तिराग अतुल है और तुम्हारा हृदय मेरु पर्वतकी भाँति अविचल है । (९८) हे दशानन ! तुम जिनवरकी भक्तिमें निरत हो, इसलिए मैं तुमपर प्रसन्न हुआ हूँ । तुम्हारे मनमें जो इष्ट वस्तु हो वह माँगो । मैं उसे हाजिर करता हूं । (९९) फणोंमें स्थित मणियोंमेंसे निकलनेवाली किरणोंसे देदीप्यमान धरणेन्द्रका ऐसा कथन सुनकर लङ्काधिप रावणने कहा कि जिनेश्वरदेवके वन्दनसे तथा उनमें जो भक्तिराग है उससे मुझे क्या नहीं मिला ? अर्थात् सब कुछ मिला है । (१००) इस उत्तरसे और भी अधिक प्रसन्न होकर धरणेन्द्रने कहा कि जिससे देवगण भी वशमें किये जा सकते हैं ऐसी अमोघविजया शक्ति तुम ग्रहण करो । (१०१) इसके पश्चात् सिरसे प्रणाम करके रावणने वह शक्ति ग्रहण की । उधर धरणेन्द्र भी जिनवरेन्द्रकी स्तुति करके अपने स्थानपर चला गया । (१०२)

उस अष्टापद पर्वतके ऊपर एक मास व्यतीत करके और प्रायश्चित्त करके मुनीन्द्र वालीसे रावणने क्षमायाचना की । (१०३) चैत्यकी प्रदक्षिणा करके शतशः मंगलोंसे स्तुति करता हुआ दशानन सपरिवार अपने नगरमें आ पहुँचा । (१०४) इधर वालीने भी ध्यानरूपी अग्निसे पहलेके किये हुए कर्मोंको समूल जलाकर अक्षत, निर्मल, मनोहर और शाश्वत सुखरूप मोक्षपद प्राप्त किया । (१०५) इस प्रकार वालीके सुचरितको जो तुष्ट होकर सब दिन सुनते हैं वे कर्मका क्षय करके तथा दुःखसे मुक्त हो क्रमशः विमल मोक्षस्थान प्राप्त करते हैं । (१०६)

। पद्मचरितमें वालीकी निर्वाणप्राप्ति नामक नवाँ उद्देश समाप्त हुआ ।

## १०. दशमुख और सुग्रीवका प्रस्थान तथा सहस्रकिरण एवं अनरण्यकी प्रव्रज्या

गौतम गणधर श्रेणिक राजासे कहते हैं कि हे मगधाधिप ! पुराकालमें जो घटनाएँ घटी थीं, उनका वर्णन मैंने किया । दूसरी घटनाओंके बारेमें अब मैं जो कुछ कहता हूँ उसे तुम एकचित्त होकर सुनो । (१)

---

१—तुट्ठो य तुह—प्रत्य० । २—मंगलसएहिं—प्रत्य० ।

जलणसिहखेयरसुया, जोइपुरे सिरिमईएँ देवीए । ताराहिवसरिसमुही, तारा नामेण वरकन्ना ॥ २ ॥
चक्कङ्कखेयरसुओ, पेच्छइ सो अन्नया परिभमन्तो । नामेण साहसगई, दुट्ठो अहिलसइ परिणेउं ॥ ३ ॥
मयणसरसल्लियङ्गो, चिन्तिन्तो तीएँ दंसणोवायं । पेसेइ नियदूए, उवरोवरि मग्गणट्ठाए ॥ ४ ॥
सुग्गीवो वि कइवरो, तं कन्नं मग्गिऊण आढत्तो । चिन्तेइ जमलहियओ, जलणसिहो कस्स देमि ? त्ति ॥ ५ ॥
जलणसिहेण मुणिवरो, विणयं काऊण पुच्छिओ भयवं ! । कस्सेसा वरकन्ना, होही महिला ? परिकहेहि ॥ ६ ॥
अह भणइ मुणिवरिन्दो, चक्कङ्कसुओ न चेव परमाऊ । होही चिराउसो पुण, सुग्गीवो वाणराहिवई ॥ ७ ॥
दीवं वसहं च गयं, परमनिमित्ताइँ विन्नसेऊणं । सुग्गीवस्स वरतणू दत्ता कयमङ्गलविहाणा ॥ ८ ॥
परिणेऊण सुतारा, सुग्गीवो उत्तमं विसयसोक्खं । भुञ्जइ पसन्नहियओ, इन्दो इव देवलोगम्मि ॥ ९ ॥
एवं कमेण तीए, पुत्ता जाया सुरूवलायण्णा । पढमो य अङ्गयभडो, बीओ य भवे जयाणन्दो ॥ १० ॥
न य मुयइ साहसगई, अणुबन्धं तीएँ कारणट्ठाए । चिन्तेइ उवायसए, दुक्खियमणसो विगयलज्जो ॥ ११ ॥
कइयाऽरविन्दसरिसं, तीएँ मुहं विप्फुरन्तविम्बोट्ठं । चुम्बीहामि कयत्थो ? पाडलकुसुमं महुयरो व ॥ १२ ॥
चिन्तावरेण एवं, संभरिया तत्थ अइबला विज्जा । रूवपरिवत्तणकरी, साहेइ हिमालयगुहाए ॥ १३ ॥

रावणदिग्विजयः

एत्थन्तरे पुरीए, दहवयणो निग्गओ बलुम्मत्तो । दीवन्तरवत्थवे, जिणइ तओ खेयरे सवे ॥ १४ ॥
संझायार सुवेलो, कञ्चणपुण्णो अओहणो चेव । पल्हाय-हंसदीवाइया उ सवे कया सवसा ॥ १५ ॥

---

ज्योतिपुरमें ज्वलनशिख नामक खेचरकी श्रीमती नामकी पत्नीसे उत्पन्न और चन्द्रके समान मुखवाली तारा नामकी एक सुन्दर कन्या थी। (२) चक्रांक विद्याधरके साहसगति नामके दुष्ट पुत्रने परिभ्रमण करते हुए एक बार उसे देखा। उसके साथ शादी करनेकी उसे अभिलाषा हुई। (३) मदनके बाणोंसे विद्ध शरीरवाला वह उसके दर्शनका उपाय सोचता हुआ उसकी मँगनीके लिये बार-बार अपना दूत भेजने लगा। (४) इधर कपिवर सुग्रीव भी उस कन्याकी मँगनी करने लगा। इस पर दुविधामें पड़ा हुआ ज्वलनशिख चिन्तामें पड़ गया कि मैं किसे दूँ ? (५) ज्वलनशिखने एक मुनिसे विनयपूर्वक पूछा कि, हे भगवन् ! यह मेरी सुन्दर पुत्री किसकी पत्नी बनेगी, यह आप मुझसे कहें ? (६) इस पर उस मुनिवरने कहा कि चक्रांक विद्याधरके पुत्रकी आयु अधिक नहीं है, जबकि वानराधिपति सुग्रीव चिरायु होगा। (७) दीपक, वृषभ और हाथी आदि उत्तम निमित्तोंको देखकर वैवाहिक मंगलविधि द्वारा उसने वह सुन्दर कन्या सुग्रीवको दी। (८) सुताराके साथ शादी करके प्रसन्न हृदयवाला सुग्रीव देवलोकमें इन्द्रकी भाँति उत्तम विषय-सुखोंका उपभोग करने लगा। (९) इस प्रकार उससे क्रमशः सुरूप एवं लावण्ययुक्त पुत्र हुए। उनमें पहला अंगदभट था और दूसरा जयानन्द था। (१०)

इधर दुःखित मनवाले और निर्लज्ज साहसगतिने पीछा न छोड़ा। उसकी प्राप्तिके लिए वह सैकड़ों उपाय सोचने लगा। (११) 'कब मैं उसके अरविन्दके समान मुखका तथा चपल और बिम्बके समान लाल-लाल होंठका, गुलाबके फूलका भौंरा जिस तरह चुम्बन करता है उस तरह, चुम्बन करके कृतार्थ होऊँगा' इस प्रकार चिन्ता करते हुए उसे रूपपरिवर्तनकरी नामकी अत्यन्त शक्तिशाली विद्याका स्मरण हो आया। हिमाचलकी गुफामें जाकर वह उसकी साधना करने लगा। (१२-१३)

इस बीच बलसे उन्मत्त दशवदन अपनी नगरीमेंसे आक्रमणके लिए बाहर निकला और दूसरे द्वीपोंमें रहनेवाले सब खेचरोंको जीत लिया। (१४) सन्ध्याकार, सुवेल, कांचनपूर्ण, अयोधन, प्रह्लाद एवं हंस द्वीप आदि सब उसने अपने वशमें कर लिए। (१५) इस प्रकार विजय करते हुए उस सुन्दर मनवाले दशवदनने बहुतसे सामन्त और बड़ी भारी

---

१. तुट्ठो—प्रत्य०।

एवं चिय दहवयणो, पायालंकारपुरवरसमीवे । आवासिओ सुमणसो, पभूयसामन्तखन्धारो ॥ १६ ॥
खरदूसणो वि एत्तो, सुणिऊण दसाणणं पुरवराओ । अह निग्गओ तुरन्तो, पेच्छइ रयणग्घदाणेणं ॥ १७ ॥
तेण वि ससंभमं सो, गाढं सम्माण-दाणविहवेणं । पडिपूइओ सिणेहं, समयं चिय चन्दणक्खाए ॥ १८ ॥
चोद्दस साहस्सीओ, मणरूववियारियाण जोहाणं । दावेइ तक्खणं चिय, रक्खसनाहस्स परितुट्ठो ॥ १९ ॥
विज्जाहरो हिडिम्बो, हेहय डिम्बो य वियड तिजडो य । हय माकोडो सुजडो, उक्को किक्किन्धिनामो य ॥ २० ॥
तिउरामुहो य हेमो, बालो [1]कोलावसुन्दरो चेव । एए अन्ने वि बहू, विज्जाहरपत्थिवा सूरा ॥ २१ ॥
अक्खोहिणीसहस्सं, जायं सुहडाण कुलपसूयाणं । बलदप्पगबियाणं, रणरसकण्डू वहन्ताणं ॥ २२ ॥
कुम्भ निसुम्भ बिहीसण इन्दइ अह मेहवाहणाईया । साहोणा सयलभडा, कयाइ पासं न मुञ्चन्ति ॥ २३ ॥
उप्पन्ना रयणवरा, बहुगुणसंघायधारिणो दिवा । देवसहस्सेणं चिय, रक्खिज्जइ एक्कमेक्केणं ॥ २४ ॥

इन्द्रोपरि प्रस्थानम्—

सियछत्त-चामरुद्धुय-धय-विजयपडाय-वेजयन्तीहिं । पुप्फविमाणारूढो, इन्दस्सुवरिं अह पयट्टो ॥ २५ ॥
गय-रह-विमाण-वाहण-वग्गन्ततुरङ्ग-चडुलपाइक्कं । चलियं दसाणणबलं, उच्छायन्तं गयणमग्गं ॥ २६ ॥
वच्चन्तस्स कमेणं, अत्थं चिय दिणयरो समल्लीणो । विज्झइरिपवरसिहरे, सिविरनिवेसो कओ तत्थ ॥ २७ ॥
विज्जाबलेण रइओ, सयणा-ऽऽसणविविहपरियणावासो । गमिऊण तत्थ रत्तिं, मङ्गलतूरेहि पडिबुद्धो ॥ २८ ॥
आहरणभूसियङ्गो, [2]अह पुणरवि उज्जओ य गयणेणं । वच्चन्तो चिय पेच्छइ, [3]विमलजलं नम्मयं विउलं ॥ २९ ॥
कत्थइ [4]सललियपवहा, कत्थइ वरसरविमुक्कसमवेगा । कत्थइ वियडावत्ता, कल्लोलुच्छलियजलनिवहा ॥ ३० ॥

---

सेनाके साथ पातालालंकारपुरके समीप डेरा डाला। (१६) उधर खरदूषण भी दशाननका आगमन सुनकर फौरन ही अपने उत्तम नगरमेंसे बाहर निकला और रत्नोंका पूजोपहार प्रदान किया। (१७) उसने भी तत्काल ही सम्मान एवं सम्पत्तिके दानसे अपनी चन्द्रनखा बहनके साथ उसकी भी अत्यन्त स्नेहपूर्वक पूजा की। (१८) उस खरदूषणने भी परितुष्ट होकर तत्काल ही इच्छानुसार रूप धारण करनेवाले चौदह हजार योद्धा राक्षसनाथ रावणको भेंटमें दिये। (१९) विद्याधर हिडिम्ब हेहय, डिम्ब, विकट, त्रिजट, हय, माकोट, सुजट, उत्क, किष्किन्धि, त्रिपुर, आमुख, हेम, बाल, कोल, वसुन्धर—ये तथा इनके अतिरिक्त दूसरे विद्याधर राजा और बल एवं गर्वसे दर्पित तथा युद्ध रसकी खाज जिन्हें हो रही है ऐसे उत्तम कुलमें उत्पन्न सुभटोंसे हजारों अक्षौहिणी सेना तैयार हो गई। (२०-२२) कुम्भ, निशुम्भ, विभीषण, इन्द्रजीत् तथा मेघवाहन आदि सब सुभट स्वाधीन थे। वे कभी उसका साथ नहीं छोड़ते थे। (२३) उस समय अनेक गुणोंको धारण करनेवाले दिव्य रत्न उत्पन्न हुए। उनमेंसे प्रत्येक रत्न हजार हजार देवोंसे रक्षित था। (२४)

श्वेत छत्र, चामर, ऊँचे उड़ती हुई ध्वजाओं और विजयपताकाओं से युक्त हो वह रावण इन्द्र पर आक्रमण करनेके लिए पुष्पकविमानमें आरूढ हुआ। (२५) गज, रथ, विमान, वाहन, हिनहिनाते हुए घोड़े तथा चपल पैदल सैनिकोंसे युक्त रावणकी सेना गगनमार्गको छाती हुई चल पड़ी। (२६) क्रमशः ये आगे प्रयाण कर रहे थे कि बीचमें सूर्यास्त हो गया; अतः उन्होंने विन्ध्यगिरिके एक उत्तम शिखर पर पड़ाव डाला। (२७) अपनी विद्याके बलसे उसने शयन, भोजन तथा परिजनोंके विविध आवास बनवाये। वहाँ रात बीतने पर मंगल वाद्योंसे वह सुबहके समय जगा। (२८) आभरणसे शोभित शरीरवाले तथा पुनः उद्यत रावणने आकाशमार्गसे जाते समय निर्मल जलवाली विशाल नर्मदा नदी देखी। (२९) उसमें कहीं पर सुललित प्रवाह बह रहा था, कहीं पर बन्धनरहित उत्तम सरोवरकी भाँति वह समवेग थी, कहीं पर उसमें भयंकर भँवर थे, कहीं पर उछलती हुई तरंगोंसे युक्त जलसमूह था, कहीं पर

---

१. गोवालसुंदरो—प्रत्य०। २. अन्नावासुज्जओ—मु०। ३. विमलजला नम्मया विउला—मु०। ४. सुसलिलपवहा—मु०।

कत्थइ मयरकराहय–दूरसमुच्छलियमच्छविच्छोहा । कत्थइ तरङ्गरङ्गन्तफेणपरिवड्ढियावयवा ॥ ३१ ॥
कत्थइ पवणाघुम्मिय–तरुकुसुमखिरन्तपिञ्जरतरङ्गा । कत्थइ उभयतडट्ठिय–सारसकलहंसनिग्घोसा ॥ ३२ ॥

जलक्रीडा—

एयारिसगुणकलियं,[1] पवरनईं दहमुहो समोइण्णो । अह मज्जिउं पवत्तो, विमलजले, पवरलीलाए ॥ ३३ ॥
ताव य उत्तरपासे, नईएँ माहेसरे महानयरे । राया सहस्सकिरणो, पढमयरं सलिलरइसत्तो ॥ ३४ ॥
जुवइसहस्सेण समं, कीलइ नइउदयमज्झयारम्मि । उभयतडट्ठियसाहण–सामन्तुग्घुट्ठजयसद्दो ॥ ३५ ॥
विविहजलजन्तविरइय–निरुद्धजलभरियकूलतीराए । सोहन्ति रमन्तीओ, सहस्सकिरणस्स महिलाओ ॥ ३६ ॥
एक्का तत्थ वरतणू, थणयुयलं अंसुएण छायन्ती । अवहरियउत्तरिज्जा, सहस त्ति जले अह निवुड्ढा ॥ ३७ ॥
ईसामिसेण[2] कुविया, उदयं घेत्तूण कोमलकरेसु । कन्तस्स हरिसियमणा, घत्तइ वच्छत्थलाभोए ॥ ३८ ॥
इन्दीवरदलनयणा, घेत्तुं इन्दीवरं हणइ अन्ना । अन्नाएँ सा वि तुरियं आहम्मइ सहसवत्तेहिं ॥ ३९ ॥
अन्ना दट्ठूण उरे, नहक्खयं बालचन्दसंठाणं । अवहरियउत्तरिज्जा, छाएइ थणं करयलेणं ॥ ४० ॥
काएत्थ पणयकुविया, मोणं परिगिण्हिऊण वरजुवई । तोसं पुण उवणीया, दइएण सिरप्पणामेणं ॥ ४१ ॥
जाव पसाएइ पिया, एक्का रोसं गया तओ अन्ना । कहकह वि कोवभङ्गो, कओ नरिन्देण जुवईणं ॥ ४२ ॥
वत्थायड्ढण-पेल्लण-करपरिहत्थुच्छलन्तसलिलाओ । वच्चण-वलण-निबुड्डण–सएसु कीलन्ति जुवईओ ॥ ४३ ॥

---

मगरमच्छके हाथसे आहत और इसीलिए दूर फेंके गये मत्स्यसे वह विक्षुब्ध प्रतीत होती थी, कहीं पर इधर उधर चलनेवाली लहरोंसे उत्पन्न फेनके कारण वह आकर्षक अवयववाली लगती थी, कहीं कहीं पर पवनकी हिलोरोंसे वृक्षोंके जो फूल गिरते थे उससे उसकी तरंगे चित्र-विचित्र वर्णवाली हो गई थीं, कहीं कहीं उसके दोनों तटोंके ऊपर स्थित सारस एवं कलहंसकी ध्वनि हो रही थी। (३०-३२) ऐसे गुणोंसे युक्त उस उत्तम नदीमें दशमुख उतरा और अत्यन्त लीलापूर्वक निर्मल जलमें डुबकी लगाने लगा। (३३)

सहस्रकिरणकी जलक्रीडा

उस समय नदीमें ऊपरकी ओर महानगरी माहिष्मतीका राजा सहस्रकिरण जलक्रीड़ामें आसक्त हो पहले ही से एक हजार युवतियोंके साथ नदीके जलकी मझधारमें क्रीड़ा कर रहा था और दोनों तटों पर स्थित सैन्य एवं सामन्त 'जय जय' शब्दका उद्घोष कर रहे थे। (३४-३५) अनेक प्रकारके बने हुए जलयंत्रोंसे जलका निरोध करनेसे किनारों तक भरी हुई नदीमें क्रीड़ा करती हुई सहस्रकिरणकी स्त्रियाँ शोभित हो रही थीं। (३६) वहाँ पर वस्त्रसे अपने दोनों स्तनोंको ढाँकनेवाली एक सुन्दर स्त्रीने उत्तरीयके छीने जानेसे एकदम जलमें डुबकी लगाई और ईर्ष्या के बहाने कुपित वह अपने कोमल हाथोंमें जल भरके मनमें आनन्दित हो अपने पतिके वक्षस्थल पर फेंकने लगी। (३७-३८) इन्दीवर (नीलकमल) के दलके समान नेत्रोंवाली एक दूसरी स्त्रीने इन्दीवर लेकर एक और स्त्रीको मारा। उस दूसरी स्त्रीने भी फौरन ही सहस्रदल कमलसे उसे पीटा। (३९) छाती पर बाल चन्द्रकी सी आकृतिवाले नखक्षतको देखकर उत्तरीय छीने जानेपर दूसरी स्त्री हथेलियोंसे स्तन ढाँकती थी। (४०) वहाँ पर कोई प्रणयकुपिता सुन्दर स्त्री मौन धारण करके खड़ी थी। सिरसे प्रणाम करके पतिने उसे पुनः सन्तुष्ट किया। (४१) एक प्रियाको प्रसन्न करता है, तब तक दूसरी स्त्रियाँ रुष्ट हो गईं। किसी तरह राजाने उन युवतियोंका कोप दूर किया। (४२) वक्षस्थलकी ओर खींचकर दबाई जातीं तथा हाथोंसे पानी उछालनेवाली युवतियाँ

---

१. कलिया पवरनई—मु०। २. ईसावसेण—मु०।

अङ्गपरिभोगलग्गं, कुङ्कुमधोवन्तपिञ्जरारुणियं । जायं खणेण सलिलं, जुवईहि तहिं रमन्तीहिं ॥ ४४ ॥
एवं रमिऊण निवो, जलजन्तविसज्जिए कए उदए । वियडे नईऍ पुलिणे, लीलाकयभूसणनिओगो ॥ ४५ ॥
ताव च्चिय दहवयणो, ण्हाउत्तिण्णो सियम्बरनियत्थो । ठावेइ कणयपीढे, पडिमाओ जिणवरिन्दाणं ॥ ४६ ॥
वरवालुयापुलीणे, धरियवियाणय-पडायरमणिज्जे । काऊण महापूयं, संथुणइ जिणिन्दपडिमाओ ॥ ४७ ॥
तस्स थुणन्तस्स तओ, नइपूरसमोत्थया हिया पूया । रुट्ठो लङ्काहिवई, भणइह किं एरिसं जायं ? ॥ ४८ ॥
एयं अयालसलिलं, भणइ गवेसेह पेसिया पुरिसा । गन्तूण पडिनियत्ता, जं दिट्ठं तं निवेदेन्ति ॥ ४९ ॥
अह नाह को वि पुरिसो, जुवइसमग्गो नईऍ पुलिणत्थो । अच्छइ लीलायन्तो, सुरो व मन्दाइणीसलिले ॥ ५० ॥
तेणेयं नइसलिलं, रुद्धं जलजन्तसंपओगेणं । रमिऊण पुणो मुक्कं, वहइ पहू उब्भडावत्तं ॥ ५१ ॥
बहुतूरजयालोयण–सद्दं सोऊण परमरुट्ठेणं । वीसज्जिया य सुहडा, तस्स वहत्था बलसमग्गा ॥ ५२ ॥
तो पेसिऊण सुहडे, पुणरवि पूया करित्तु पडिमाणं । संथुणइ एगमणसो, दहवयणो मङ्गलसएहिं ॥ ५३ ॥

दशमुखस्य सहस्रकिरणेन सह युद्धम्—

सन्नद्धबद्धकवया, विज्जाहरपत्थिवा गयणमग्गे । दट्ठूण सहसकिरणो, ओइण्णो नइपुलीणाओ ॥ ५४ ॥
सोऊण कलयलरवं, माहेसरनयरसन्तिया सुहडा । सन्नज्झिऊण तुरियं, सहस्सकिरणं समल्लीणा ॥ ५५ ॥
अह जुज्झिउं पवत्ता, निसायरा भूमिगोयरेहि समं । चक्क-ऽसि-सत्ति-तोमर-मोग्गरनिवहं विमुञ्चन्ता ॥ ५६ ॥
रह-गय-तुरङ्गदप्पिय–अन्नोन्नावडियचडुलपाइक्का । जुज्झन्ति सवडहुत्ता, नामं गोत्तं च सावेन्ता ॥ ५७ ॥

---

प्रवंचना, वक्रता और डूबकी आदि सैकड़ों तरहसे क्रीड़ा कर रही थीं। (४३) वहाँ खेलती हुई युवतियोंके शरीर पर भोगके लिए लगाये गए कुंकुमके घुलनेसे नदीका जल क्षणभरमें लाल-पीला हो गया। (४४)

रावणको सेनाके साथ सहस्रकिरणका युद्ध

इस प्रकार क्रीड़ा करनेके पश्चात् जलयंत्रों द्वारा छोड़े गये पानीके कारण खुले हुए नदीके कछारमें जैसे ही वह आनन्दके साथ आभूषण पहननेमें संलग्न हुआ, वैसे ही उधर रावणने भी स्नान करके श्वेत वस्त्र धारण किये और जिनेश्वरदेवकी प्रतिमाओंकी सोनेके सिंहासन पर प्रतिष्ठा की। (४५-४६) पताकाओंसे रमणीय मण्डपवाले बालूके सुन्दर पुलिनप्रदेशमें जिनप्रतिमाओंकी पूजा करके वह स्तुति करने लगा। (४७) जब लंकाधिपति स्तुति कर रहा था, तब नदीकी बाढ़से उसकी पूजा विनष्ट हो गई। इस पर वह कुपित हुआ और कहने लगा कि ऐसा क्यों हुआ ? (४८) उसने कहा कि असमयमें यह जल कहाँसे आया ? अतः जाकर तलाश करो। तलाश करनेके लिए भेजे गये पुरुष जाकर लौट आये और जो कुछ उन्होंने देखा था वह निवेदन किया कि हे नाथ, मन्दाकिनी नदीके जलमें क्रीड़ा करनेवाले देवकी भाँति इस नर्मदा नदीमें लीला करनेवाला कोई पुरुष युवतियोंके साथ किनारे पर खड़ा है। (४९-५०) उसीने इस नदीका पानी जलयंत्रोंका उपयोग करके रोक रखा था। हे प्रभो ! क्रीड़ा करनेके पश्चात् भयंकर भँवरोंवाला यह जल छोड़ दिया है। (५१) अनेकविध वाद्यों एवं जयघोषकी ध्वनि सुनकर अत्यन्त क्रोधमें आये हुए रावणने उसके वधके लिए सेनाके साथ सुभटोंको बिदा किया। (५२) उन सुभटोंको भेजकर रावण पुनः पूजा करनेके लिए सैकड़ों मंगल गीतोंसे उन प्रतिमाओंकी स्तुति करने लगा। (५३)

सज्ज और कवच बाँधे हुए विद्याधर पार्थिवोंको आकाशमार्गमें देखकर सहस्रकिरण नदीके किनारे परसे नीचे उतरा। (५४) सेनाकी कलकल ध्वनिको सुनकर माहेश्वरनगरके सुभट जल्दीसे तैयार होकर सहस्रकिरणके पास जमा हुए। (५५) चक्र, तलवार, तोमर एवं मुद्गरोंकी झड़ी लगानेवाले राक्षस पृथ्वी पर चलनेवाले लोगोंके साथ युद्ध करने लगे। (५६) रथ, हाथी, घोड़े तथा दर्पयुक्त एवं चपल पैदल सैनिक एक दूसरेके ऊपर गिरते पड़ते और अपने अपने नाम

रक्खसभडेहि भग्गं, नियय दट्ठूण साहणं समरे । रुट्ठो सहस्सकिरणो, आउहनिवहेण पज्जलिओ ॥ ५८ ॥
वाहेइ रहवरं सो, रक्खससेन्नस्स अहिमुहं तुरीओ । मुञ्चन्तो सरवरिसं, धारानिवहं व नवमेहो ॥ ५९ ॥
गरुयपहाराभिहयं, निवडन्तगइन्द-तुरय-पाइक्कं । विज्जाहराण सेन्नं, जोयणमेत्तं समोसरियं ॥ ६० ॥
पडिहारेणऽक्खाए, नियय बले समरदूमियसरीरो । आरूढो दहवयणो, भुवणालङ्कारमत्तगयं ॥ ६१ ॥
एवं दट्ठूण रणे, दसाणणं आउहाणि मुञ्चन्तं । बहुसमरलद्धविजओ, सहस्सकिरणो ठिओ पुरओ ॥ ६२ ॥
दोण्हं पि समावडिए, जुज्झे बहुसत्थघायसंपाए । विरहो सहस्सकिरणो, कओ खणद्धेण संगामे ॥ ६३ ॥
मोत्तूण रहवरं सो, आरूढो गयवरं गिरिसरिच्छं । मुञ्चइ सुनिसियबाणे, दहमुहसन्नहणभेयकरे ॥ ६४ ॥
सिक्खाहि ताव रावण !, धणुवेयं नियय पुरवरिं गन्तुं । ताहे मए समाणं, जुज्झसु ता अवहिओ होउं ॥ ६५ ॥
रत्तारुणसबङ्गो, दहवयणो कड्ढिऊण सरनिवहं । मुञ्चइ चलग्गहत्थो, सहस्सकिरणस्स देहम्मि ॥ ६६ ॥
जाव य सहस्सकिरणो, पहारवसवेम्भलो जणियमोहो । ताव य रक्खसवइणा, गहिओ रणमज्झयारम्मि ॥ ६७ ॥
अह बन्धिऊण नीओ, नियया वासं सविब्भममणेहिं । विज्जाहरेहिं दिट्ठो, सहस्सकिरणो महासत्तो ॥ ६८ ॥
ताव च्चिय दिवसयरो, अत्थाओ विगयकिरणसंघाओ । गयणं समोत्थरन्तो, बहलतमो वड्ढिओ सहसा ॥ ६९ ॥
ससियरजोण्हाधवले, रणभग्गुच्छाहजणियकम्मन्ते । अक्खयदेहाणं चिय, निद्दाएँ सुहं गया रयणी ॥ ७० ॥
अह उग्गमम्मि सूरे, सामन्तत्थाणिमज्झयारत्थो । अच्छइ लङ्काहिवई, ताव च्चिय मुणिवरो पत्तो ॥ ७१ ॥
दट्ठूण समणसीहं, सिग्घं अब्भुट्ठिओ कयपणामो । दिन्नासणोवविट्ठो, साहू तवलच्छिसंपन्नो ॥ ७२ ॥

---

एवं गोत्र कहते हुए आमने-सामने युद्ध करने लगे। (५७) युद्धभूमिमें राक्षस योद्धाओं द्वारा अपने सैन्यका भंग देख कर रुष्ट सहस्रकिरण आयुधसमूहके साथ चमकने लगा। (५८) वह फौरन ही अपना उत्तम रथ राक्षससैन्यके सम्मुख लिवा ले गया और नये बादलोंकी भाँति मूसलधार बाणवर्षा करने लगा। (५९) भीषण प्रहारोंसे पीटी गई और इसीलिए गिरती पड़ती विद्याधरोंकी गज, अश्व एवं पैदल सेना एक योजन तक पीछे हटी। (६०) प्रतिहारीके द्वारा अपने सैन्यकी कथा सुनकर युद्धसे सन्तप्त शरीरवाला रावण भुवनालंकार नामके मदोन्मत्त हाथी पर सवार हुआ। (६१) इस प्रकार रणमें आयुध छोड़ते हुए रावणको देखकर अनेक युद्धोंमें विजय प्राप्त करनेवाला सहस्रकिरण उसके सम्मुख आया। (६२) अनेकविध शस्त्रोंका घात-प्रतिघात जिसमें किया जाता है ऐसे युद्धमें वे दोनों एक दूसरेके सम्मुख उपस्थित हुए। उस संग्राममें आधे क्षणमें ही सहस्रकिरण रथसे च्युत कर दिया गया। (६३) रथको छोड़कर वह पर्वत जैसे उत्तम हाथी पर सवार हुआ और रावणके कवचका भेद करनेवाले तीक्ष्ण बाण छोड़ने लगा। (६४) उसने कहा कि, हे रावण! अपने नगरमें जाकर तुम धनुर्वेद सीख आओ। फिर मेरे साथ सावधान होकर युद्ध करना। (६५) यह सुनकर रक्तके समान लाल शरीरवाला रावण अपने चपल हाथोंसे सहस्रकिरणके शरीर पर खींचकर बाणसमूह फेंकने लगा। (६६) प्रहारसे विह्वल सहस्रकिरण ज्यों ही बेहोश हुआ, राक्षसपति रावणने उसे युद्धक्षेत्रमें ही पकड़ लिया। (६७) उसे बाँधकर वह अपने आवासमें लाया। वहाँ विस्मययुक्त मनवाले विद्याधरोंने महासत्त्वशाली सहस्रकिरणको देखा। (६८) उसी समय किरणसमूहसे रहित सूर्य अस्त हुआ और आकाशको आच्छादित करनेवाला गहरा अन्धकार एक दम बढ़ गया। (६९) चन्द्रमाकी चाँदनीसे सफेद तथा युद्धके बन्द हो जानेसे तज्जन्य कर्मका जिसमें अन्त आया है ऐसी रात अक्षत शरीरवालोंने सुखपूर्वक सोकर व्यतीत की। (७०)

सहस्रकिरण और अनरण्य द्वारा प्रव्रज्या-अंगीकार—

इधर सूर्योदय होनेपर लंकाधिपति रावण जब सामन्तसमूहके बीच स्थित था तब एक मुनिवर वहाँ आ पहुँचे। (७१) श्रमणोंमें सिंहके समान उस मुनिवरको देखकर वह एकदम खड़ा हो गया। वन्दन किये जानेके पश्चात् दिये हुए आसनपर

ओणमियउत्तिमङ्गो, पुच्छइ लङ्काहिवो मुणिवरिन्दं । केणेव कारणेणं, भयवं! जेणाऽऽगओ एत्थं? ॥ ७३ ॥
भणइ तओ मुणिवसहो, कुल-बल-विरियाइवण्णणं काउं । माहेसरनयरवई, राया हं आसि सयबाहू ॥ ७४ ॥
पुत्तं सहस्सकिरणं, रज्जे ठविऊण जायसंवेगो । मोक्खत्थं पवइओ, जिणवरधम्मुज्जयमईओ ॥ ७५ ॥
बद्धं सहस्सकिरणं, सोऊणमिहागओ तुह सगासं । मुञ्चसु इमं सुयं मे रावण! मा कुणसु वक्खेवं ॥ ७६ ॥
तो भणइ रक्खसिन्दो, पूया पडिमाण विरइया महई । सा नइपूरेण हया, एयस्स विचेट्टियगुणेहिं ॥ ७७ ॥
पूयाहरणनिमित्ते, बद्धो य विमाणिओ इमो सुहडो । तुज्झ वयणेण साहव! मुच्चइ नत्थेत्थ संदेहो ॥ ७८ ॥
दहमुहवयणेण तओ, सहस्सकिरणो खणेण परिमुक्को । अह पेच्छइ मुणिवसभं, पणमइ य पयाहिणं काउं ॥ ७९ ॥
भणिओ य रावणेणं, अज्जपभूइं तुमं महं भाया । मन्दोदरीऍ भइणी, सयंपभा ते पणामेमि ॥ ८० ॥
तो भणइ सहसकिरणो, न य मच्चू कोइ जाणइ विवेगं । सरए व घणायारो, नासइ देहो न संदेहो ॥ ८१ ॥
जइ नाम हवइ सारो, इमेसु भोगेसु अइदुरन्तेसु । तो न य गहिया होन्ती, पवज्जा मज्झ ताएणं ॥ ८२ ॥
ठविऊण नियरज्जे, पुत्तं आपुच्छिऊण दहवयणं । निस्सङ्गो पवइओ, सहस्सकिरणो पिउसयासे ॥ ८३ ॥
संभरियं चिय वयणं, जं तं अणरण्णमित्तसामक्खं । भणियं अईयकाले, तं एयं परिफुडं जायं ॥ ८४ ॥
जइया हं पढमयरं, परिगिण्हीहामि जिणवरं दिक्खं । तइया तुज्झ नराहिव, वत्ता दाहामि निक्खुत्तं ॥ ८५ ॥
संपेसिओ य पुरिसो, साकेयपुराहिवस्स गन्तूणं । साहइ जिणवरविहियं, सहस्सकिरणस्स पवज्जं ॥ ८६ ॥
सुणिऊण पवरदिक्खं, सहस्सकिरणस्स जणियसंवेगो । अणरण्णो पवइओ, पुत्तं ठविऊण रज्जम्मि ॥ ८७ ॥

---

तपरूपी लक्ष्मीसे सम्पन्न वह साधु बैठे। (७२) बादमें लंकाके राजा रावणने सिर झुकाकर उन मुनिवरसे पूछा कि, हे भगवन्! किस कारण आपका यहाँ पर आगमन हुआ है? (७३) मुनियोंमें वृषभके समान उन मुनिने अपने कुल, बल एवं वीर्य आदिका वर्णन करके कहा कि मैं माहेश्वर नगरका स्वामी और शतबाहु नामका राजा था। (७४) वैराग्य उत्पन्न होनेपर अपने पुत्र सहस्रकिरणको राजगद्दीपर बिठाकर जिनवरके धर्ममें उद्युक्त मतिवाले मैंने मोक्ष प्राप्तिके लिए प्रव्रज्या अंगीकार की है। (७५) सहस्रकिरण कैद किया गया है ऐसा सुनकर मैं यहाँ तुम्हारे पास आया हूँ। हे रावण! तुम मेरे इस पुत्रको छोड़ दो और इसमें देर मत करो। (७६) इसपर राक्षसेन्द्र रावणने कहा कि मैंने प्रतिमाओंकी बड़ी भारी पूजा रची थी। इसकी दुश्चेष्टाके फलस्वरूप वह नदीकी बाढ़से नष्ट हो गई। (७७) पूजाके विनाशके कारण ही यह सुभट पकड़ा गया है और इस तरह अपमानित हुआ है। हे मुनिवर! इसमें कोई सन्देह नहीं है कि आपके आदेशके अनुसार मैं इसे छोड़ता हूँ। (७८) तब रावण की आज्ञासे क्षणभरमें सहस्रकिरण मुक्त किया गया। बादमें मुनि-वृषभको देखकर उसने प्रदक्षिणा करके वन्दन किया। (७९) रावणने कहा कि आजसे तुम मेरे भाई हुए हो। मन्दोदरीकी बहन स्वयम्प्रभा मैं तुम्हें देता हूँ। (८०) इसपर सहस्रकिरणने कहा कि मृत्यु कब होगी यह कोई निश्चयपूर्वक नहीं जानता। इसमें सन्देह नहीं कि शरत्कालीन बादलके आकारकी भाँति यह देह विनष्ट हो जाती है। (८१) अत्यन्त खराब परिणामवाले इन भोगोंमें यदि कोई सार होता तो मेरे पिताजीने प्रव्रज्या न ली होती। (८२) रावणसे पूछकर सहस्रकिरणने पुत्रको अपनी गादीपर बिठा कर निःसंग हो पिताके पास दीक्षा ली। (८३)

पूर्व कालमें अनरण्य नामक मित्रके समक्ष जो वचन कहे थे वे उसे याद आये। वे अब अत्यन्त स्पष्ट हो गये। (८४) उसने कहा था कि हे नराधिप, मैं जब सर्वप्रथम जैनी दीक्षा लूँगा तब तुम्हें निश्चित ही समाचार भिजवाऊँगा। (८५) उसने आदमी भेजा। उसने साकेतपुरके स्वामी अनरण्यके पास जाकर सहस्रकिरणकी जिनवर द्वारा उपदिष्ट दीक्षाके बारेमें कहा। (८६) सहस्रकिरणकी उत्तम दीक्षाके बारेमें सुनकर वैराग्य आनेपर अनरण्यने भी राज्यपर पुत्रको स्थापित करके प्रव्रज्या ली। (८७)

एवं सहस्सकिरणस्स विचेट्ठियं जे, बीयं सुणन्ति अणरण्णनराहिवस्स ।
ते उत्तमेसु भवणेसु सुहोवगाढा, देवा भवन्ति विमलोयरकन्तिजुत्ता ॥ ८८ ॥

॥ इय पउमचरिए दहमुह-सुग्गीवपत्थाण-सहस्सकिरण-अणरण्णपव्वज्जाविहाणो नाम दसमो उद्देसओ समत्तो ॥

## ११. मरुयजण्णविद्धंसण-जणवयाणुरागाहियारो

अह रावणो नरिन्दो, जे जे पुहईयलम्मि विक्खाया । ते ते जिणिऊण वसे, ठवेइ विज्जाबलसमग्गो ॥ १ ॥
सव्वे काऊण वसे, महिवाले विविहद्धिससंभूए । रह-गय-तुरङ्ग-वाहण-पभूयजोहाउलाडोवे ॥ २ ॥
कारेइ जिणहराणं, समारणं जुण्ण-भग्ग-पडियाणं । पूया य बहुवियप्पा, विरएइ जिणिन्दपडिमाणं ॥ ३ ॥
जिणवरपडिकुट्ठा पुण, विद्धंसइ पूयई य समणवरे । एवं परिहिण्डमाणो, पुवदिसिं पत्थिओ नवरं ॥ ४ ॥
अह पत्तो नरवसहो, तेण सुओ रायपुरवरे नयरे । लोइयसत्थत्थरओ, उवउत्तो जन्नकम्मन्ते ॥ ५ ॥

यज्ञोत्पतिः —

सुणिऊण जन्नवयणं, पुच्छइ मगहाहिवो मुणिपसत्थं । जन्नस्स समुप्पत्ती, कहेहि भयवं! परिफुडं मे ॥ ६ ॥
अह भाणिउं पयत्तो, अणयारो सुमहुराएँ वाणीए । आसि अओज्झाहिवई, इक्खागुकुलुब्भवो राया ॥ ७ ॥
नामेण महासत्तो, अजिओ भज्जा य तस्स सुरकन्ता । पुत्तो य वसुकुमारो, गुरुसेवाउज्जयमईओ ॥ ८ ॥

---

इस प्रकार जो लोग एक सहस्रकिरणका तथा दूसरा अनरण्य राजाका चरित सुनते हैं वे उत्तम देवलोकमें सुखसे सम्पन्न तथा निर्मल एवं उदार कान्तिसे युक्त देव होते हैं । (८८)

। पद्मचरितमें 'दशमुख एवं सुग्रीवका प्रस्थान तथा सहस्रकिरण एवं अनरण्यकी प्रव्रज्याका विधान' नामक दसवाँ उद्देश समाप्त हुआ।

## ११. मरुत्के यज्ञका विध्वंस तथा जनपदोंका रावणके प्रति अनुराग

इस धरातल पर जो जो विख्यात राजा थे उन्हें जीतकर विद्या एवं बलशाली रावणने अपने वशमें कर लिया । (१) रथ, हाथी, घोड़े तथा दूसरे वाहन एवं योद्धाओंके बहुतसे दलोंके आडम्बरसे युक्त और विविध देशोंमें उत्पन्न सब राजाओंको वशमें करके उसने जीर्णशीर्ण एवं गिरे हुए जिनमन्दिरोंका जीर्णोद्धार करवाया तथा जिनेश्वरदेवोंकी प्रतिमाओंकी अनेक प्रकारसे पूजा की । (२-३) जिनवरके प्रति जो क्रुद्ध थे उनका उसने नाश किया और मुनिवरेण्योंकी पूजा की । इस प्रकारसे राजा रावणने पूर्वदिशाकी ओर प्रयाण किया । (४) वहाँ पहुँचकर उस नरश्रेष्ठ रावणने सुना कि राजपुर नगरमें वहाँका राजा लौकिकशास्त्र एवं उसके अर्थमें रत है तथा यज्ञकर्ममें उद्युक्त रहता है । (५)

यज्ञकी उत्पत्तिकी कथा—नारद-पर्वत संविवाद—

'यज्ञ' शब्द सुनकर मगधनरेशने मुनियोंमें उत्तम ऐसे गौतम गणधरसे पूछा कि, हे भगवन्! यज्ञकी उत्पत्तिके बारेमें आप मुझे विशद रूपसे कहें । (६) यह सुनकर अनगार गौतम स्वामीने मधुरवाणीमें कहा कि इक्ष्वाकुवंशमें उत्पन्न और अत्यन्त शक्तिशाली अजित नामका राजा अयोध्याका अधिपति था । उसकी भार्याका नाम सुरकान्ता था और गुरुकी सेवामें जिसका मन लगा रहता था ऐसा वसुकुमार नामका पुत्र था । (७-८) गुरुका नाम क्षीरकदम्ब और उसकी उत्तम

---

१. यरभत्तिजुत्ता—प्रत्य० ।

खीरकयम्बो त्ति गुरू, सत्थिमई हवइ तस्स वरमहिला । पुत्तो वि हु पवयओ, नारयविप्पो हवइ सीसो ॥ ९ ॥
अह अन्नया कयाई, सत्थं आरण्णयं वणुद्देसे । कुणइ तओ अज्झयणं, सीससमग्गो उवज्झाओ ॥ १० ॥
अह [1]बम्भणस्स पुरओ, आगासत्थेण तेण साहूणं । जीवाण दयट्ठाए, भणियं अणुकम्पजुत्तेणं ॥ ११ ॥
चउसु वि जीवेसु सया एक्को वि हु नरगभाविओ भणिओ । सुणिऊण उवज्झाओ, खीरकयम्बो तओ भीओ ॥ १२ ॥
वीसज्जिया सहाया, नियगयघरं तो लहुं समल्लीणा । भणिओ सत्थिमईए, पुत्त! पिया ते न एत्थाऽऽओ ॥ १३ ॥
तेणं [2]तीए सिट्ठं, एही ताओ अवस्स दिवसन्ते । तद्दंसणसुयमणा, अच्छइ मग्गं पलोयन्ती ॥ १४ ॥
अत्थमिओ च्चिय सूरो, तह वि घरं नागओ उवज्झाओ । सोगभरपीडियङ्गी, सत्थिमई मुच्छिया पडिया ॥ १५ ॥
आसत्था भणइ तओ, हा! कट्ठं मन्दभागधेज्जाए । किं मारिओ सि दइओ!, एगागी कं दिसं पत्तो? ॥ १६ ॥
किं सबसङ्गरहिओ, पवइओ तिबजायसंवेगो? । एवं विलवन्तीए, निसा गया दुक्खियमणाए ॥ १७ ॥
अरुणुग्गमे पयट्टो, पवयओ गुरुगवेसणट्ठाए । पेच्छइ नईतडत्थं, पियरं समणाण मज्झम्मि ॥ १८ ॥
निग्गन्थं पवइयं, दट्ठूण गुरुं कहेइ जणणीए । सुणिऊण अइविसण्णा, सत्थिमई दुक्खिया जाया ॥ १९ ॥
अह नारओ वि तइया, गुरुपत्तिं दुक्खियं सुणेऊणं । आगन्तूण पणामं, करेइ संथावणं तीए ॥ २० ॥
तइया जियारिराया, पवइओ वसुसुयं ठविय रज्जे । आगासनिम्मलयरं, फलिहमयं आसणं दिवं ॥ २१ ॥
पवयय-नारयाणं, तच्चत्थनिरूवणी कहा जाया । अह नारएण भणियं, दुविहो धम्मो जिणक्खाओ ॥ २२ ॥
पढममहिंसा सच्चं, अदत्तपरिवज्जणं च बम्भं च । सबपरिग्गहविरई, महब्बया होन्ति पञ्च इमे ॥ २३ ॥

---

भार्याका नाम स्वस्तिमती था। पर्वतक नामका उसका अपना पुत्र तथा नारद नामक ब्राह्मण—ये दो उसके शिष्य थे। (९) एक दिन अपने समग्र शिष्योंके साथ उपाध्याय वनप्रदेशमें आरण्यक शास्त्रका अध्ययन कर रहे थे! (१०) उस समय आकाशमें स्थित एक दयालु साधुने जीवों पर अनुकम्पा करनेके लिए कहा। (११) उसने कहा कि तुम चारों प्राणियोंमेंसे एक नरक गामी है। यह सुनकर उपाध्याय क्षीरकदम्ब भयभीत हो गया। (१२) उसने शिष्योंको अपने अपने घर भेज दिया। जल्दी ही आये हुए पुत्रको स्वस्तिमतीने पूछा कि रे पुत्र, तेरे पिता यहाँ क्यों नहीं आये? (१३) उससे तब उसने कहा कि सन्ध्याके समय पिताजी अवश्य आएँगे। इस पर अपने पतिके दर्शनके लिए उत्सुक मनवाली वह उसका मार्ग देखती रही। (१४) सूर्यास्त होने पर भी उपाध्याय जब घर पर न आये, तब शोकके भारसे पीड़ित स्वस्तिमती मूर्च्छित होकर गिर पड़ी। (१५) होशमें आनेपर वह कहने लगी कि 'अफसोस है! मुझ मन्दभाग्याको मारकर, प्रिय, तुम एकाकी किस तरफ चले गये हो? क्या तीव्र वैराग्य उत्पन्न होनेसे सब प्रकारकी आसक्तिओंसे मुक्त होकर प्रव्रज्या ली है?'—इस प्रकार विलाप करती हुई उस दुःखी मनवाली स्वस्तिमतीकी रात बीती। (१६-१७) अरुणोद्गम होने पर पर्वतक अपने पिताकी खोज करने लगा। उसने नदीके तट पर श्रमणोंके बीच अपने पिताको देखा। (१८) पिताने निर्ग्रन्थ दीक्षा अंगीकार की है ऐसा देखकर उसने अपनी माता से कहा। यह सुनकर स्वस्तिमती अत्यन्त खिन्न और दुःखी हो गई। (१९) तब अपने गुरुकी पत्नी दुःखित है ऐसा सुनकर नारद आया और प्रणाम करके उसे धैर्य बँधाने लगा। (२०) उधर जितारिराजाने राज्यके ऊपर अपने वसु नामक पुत्रको स्थापित करके दीक्षा ले ली। वसु राजाका आसन आकाशसे भी अत्यन्त निर्मल, स्फटिकमय तथा दिव्य था। (२१)

एक बार पर्वत और नारदके बीच तत्त्व एवं उसके अर्थका निरूपण करनेवाला वार्तालाप हो रहा था। उस समय नारदने कहा कि जिनवर द्वारा उपदिष्ट धर्म दो प्रकारका है। (२२) उनमेंसे प्रथम जो साधुका धर्म है उसमें अहिंसा, सत्य, अदत्तपरिवर्जन (अचौर्य), ब्रह्मचर्य और सर्व प्रकारके परिग्रहका त्याग (अपरिग्रह) ये पाँच महाव्रत आते हैं। (२३)

---

१. रावणस्स—प्रत्य०। २. पिईए—मु०।

सेसा अणुव्वयधरा, गिहिधम्मपरा हवन्ति जे मणुया । पुत्ताइभेयजुत्ता, अतिहिविभागे य जन्ने य ॥ २४ ॥
एत्तो अजेसु जन्नो, कायव्वो नारओ भणइ एवं । ते पुण अजा अविज्जा, जवाइयंकूरपरिमुक्का ॥ २५ ॥
तो पव्वएण भणियं, वुच्चन्ति अजा पसू न संदेहो । ते मारिऊण कीरइ, जन्नो एसा भवइ दिक्खा ॥ २६ ॥
तो नारएण भणिओ, पव्वयओ मा तुमं अलियवादी । होऊण जासि नरयं, दुक्खसहस्साण आवासं ॥ २७ ॥
भणइ तओ पव्वयओ, अत्थि वसू अम्ह एत्थ मज्झत्थो । एगगुरुगहियविज्जो, तस्स य वयणं पमाणं मे ॥ २८ ॥
अह पव्वएण य लहुं, माया वीसज्जिया वसुसयासं । भणइ पहु ! पक्खवायं, पुत्तस्स महं करेज्जासि ॥ २९ ॥
अह उग्गयम्मि सूरे, पव्वयओ नारओ य जणसहिया । पत्ता नरिन्दभवणं, जत्थऽच्छइ वसुमहाराया ॥ ३० ॥
भणिओ य नारएणं, वसुराया सच्चवाइणो तुम्हे । जं गुरुजणोवइट्ठं, तं चिय वयणं भणेज्जाहि ॥ ३१ ॥
जइ वीहिया अविज्जा, वुच्चन्ति अजा पसू गुरुवइट्ठा । एयाणं इक्कयरं, भणाहि सच्चेण सत्तो सि ॥ ३२ ॥
अह भणइ वसुनरिन्दो, तच्चत्थं पव्वएण उल्लवियं । अलियं नारयवयणं, न कयाइ सुयं गुरुसयासे ॥ ३३ ॥
एवं च भणियमेत्ते, फलिहामयआसणेण समसहिओ । धरणिं वसू पविट्ठो, असच्चवाई सहामज्झे ॥ ३४ ॥
पुढवी जा सत्तमिया, महातमा घोरवेयणाउत्ता । तत्थेव य उववन्नो, हिंसावयणालियपलावी ॥ ३५ ॥
धिद्धि ! त्ति अलियवाई, पव्वयय-वसू जणेण उग्घुट्ठं । पत्तो च्चिय सम्माणं, तत्थेव य नारओ विउलं ॥ ३६ ॥
पावो वि हु पव्वयओ, जणधिक्कारेण दूमियसरीरो । काऊण कुच्छियतवं, मरिऊणं रक्खसो जाओ ॥ ३७ ॥

---

बाक़ीके जो मनुष्य होते हैं वे अणुव्रतको धारण करनेवाले, गृहस्थधर्ममें रत, पुत्र आदिके भेदसे युक्त तथा अतिथिसंविभाग एवं यज्ञपरायण होते हैं। (२४) नारदने आगे चलकर ऐसा कहा कि 'अज' द्वारा यज्ञ करना चाहिए और वे 'अज' हैं जनन शक्तिसे रहित तथा छिलकेसे रहित जौ आदि। (२५) इस पर पर्वतने कहा कि इसमें कोई सन्देह नहीं कि अज पशुको हीं कहते हैं। उन्हें मारकर यज्ञ किया जाता है और यही दीक्षा होती है। (२६) तब नारदने कहा कि हे पर्वतक ! तुम असत्यभाषी मत बनो। ऐसा कहकर हज़ारों दुःखोंके आवासरूप नरकमें तुम जाओगे। (२७) इस पर पर्वतकने कहाकि समान गुरुसे विद्या ग्रहण करने वाला वसु है। वह इस बारेमें हमारा मध्यस्थ बने। उसका बचन मेरे लिये प्रमाणभूत है। (२८)

इसके पश्चात् पर्वतने शीघ्र ही अपनी माताको वसु राजाके पास भेजा। वहाँ जाकर उसने कहा कि, हे राजन् ! मेरे पुत्रका आप पक्षपात करें। (२९) दूसरे दिन सूर्योदय होनेपर पर्वत और नारद जहाँ वसु महाराजा थे उस राजभवनमें लोगोंके साथ आ पहुँचे। (३०) नारद ने कहा कि, हे वसुराजा ! तुम सत्यवादी हो ! गुरुजीने जैसा उपदेश दिया था वैसा ही कथन तुम करना। (३१) गुरुजीके द्वारा उपदिष्ट अजका अर्थ अंकुरजननमें असमर्थ ऐसे जौ या पशु इनमेंसे कोई एक है। तुम सत्यवादी हो, अतः सचसच कहो। (३२) इसपर वसु राजाने कहा कि पर्वतने यथार्थ कहा है। नारदका कथन असत्य है। मैंने गुरुजीके पाससे वैसा अर्थ कभी नहीं सुना। (३३) ज्यों ही उसने ऐसा कहा, त्यों ही वह वसु राजा स्फटिकमय आसनके साथ पृथ्वीमें समा गया और सभाके बीच असत्यवादी सिद्ध हुआ। (३४) हिंसाका कथन करनेवाला और असत्यप्रलापी वह घोर वेदनासे युक्त तथा महान्धकारसे पूर्ण जो सातवाँ नरक है उसमें उत्पन्न हुआ। (३५)

'झूठे पर्वत और वसुको धिक्कार है, धिक्कार है'—ऐसी लोगोंने उद्घोषणा की। वहीं राजसभामें नारदने विपुल सम्मान प्राप्त किया। (३६) लोगोंके धिक्कारसे पीड़ित शरीरवाला पापी पर्वत भी कुत्सित तप करके मरनेके पश्चात् राक्षस हुआ। (३७) अपने पूर्व जन्मका तथा लोगोंके असह्य धिक्कार वचन का स्मरण करके वैरवश प्रतिवंचनाके लिए उसने ब्राह्मणरूप

---

१. सुत्ताइ—प्रत्य०।

सरिऊण पुव्वजम्मं, जणवयधिक्कारदूसहं[1] वयणं । वेरपडिउज्झणत्थे, बम्भणरूवं तओ कुणइ ॥ ३८ ॥
बहुकण्ठसुत्तधारी, छत्त-कमण्डलु-गणित्तियाहत्थो । चिन्तेइ अलियसत्थं, हिंसाधम्मेण संजुत्तं ॥ ३९ ॥
सोऊण तं कुसत्थं, पडिबुद्धा तावसा य विप्पा य । तस्स वयणेण जन्नं, करेन्ति बहुजन्तुसंबाहं ॥ ४० ॥
गोमेहनामधेए, जन्ने पायाविया सुरा हवइ । भणइ अगम्मागमणं[2], कायवं नत्थि दोसो त्थ ॥ ४१ ॥
पिइमेह-माइमेहे, रायसुए आसमेह-पसुमेहे । एएसु मारियव्वा, सएसु नामेसु जे जीवा ॥ ४२ ॥
जीवा मारेयव्वा, आसवपाणं च होइ कायवं । मंसं च खाइयवं, जन्नस्स विही हवइ एसा ॥ ४३ ॥
एवं विमोहयन्तो, भणइ जणं रक्खसो महापावो । तिविहं च परिग्गहिओ, तस्सुवएसो अभविएहिं ॥ ४४ ॥
हिंसाजन्नं तु इमं, सेणिय ! जे परिहरन्ति भवियजणा । ते जन्ति देवलोगं, जिणवरधम्मुज्जयमईया ॥ ४५ ॥
ताव चिय दहवयणो, रायपुरं पत्थिओ जणसमिद्धं । मरुओ त्ति नाम राया, जत्थऽच्छइ जन्नवाडत्थो ॥ ४६ ॥
जन्नारम्भं सुणिऊण बम्भणा तत्थ आगया बहवे । पसवो य विविहरूवा, बद्धा अच्छन्ति दीणमुहा ॥ ४७ ॥
गयणेण वच्चमाणो, पेच्छइ तं नारओ जणसमूहं । परमकुतूहलभावो, तं चिय नयरं समोइण्णो ॥ ४८ ॥

**नारदस्वरूपम्—**

पुच्छइ मगहाहिवई, भयवं ! को नारओ ? सुओ कस्स ? । केव गुणा से अहिया ? कहेहि मे कोउयं गुरुयं ॥ ४९ ॥
भणइ तओ गणनाहो, विप्पो नामेण अत्थि बम्भरुई । महिला से वरकुम्मी, सा गुरुभारा समणुजाया ॥ ५० ॥

---

धारण किया । (३८) गलेमें अनेक सूत्रोंको धारण करनेवाला वह हाथमें छत्र-कमण्डलु-रुद्राक्षमाला धारण करके हिंसाधर्मसे युक्त झूठे शास्त्रके बारेमें सोचने लगा । (३९) उस कुशास्त्रको सुनकर प्रतिबोधित तापस और ब्राह्मण उसके उपदेशके अनुसार अनेक जन्तुओंका जिसमें नाश किया जाता है ऐसा यज्ञ करने लगे । (४०) गोमेध नामक यज्ञमें सुरा पिलाई जाती है और अगम्यागमन ( परस्त्रीसेवन ) करना चाहिए और इसमें दोष नहीं है ऐसा वह कहने लगा । (४१) पितृमेध, मातृमेध, राजसूय, अश्वमेध, पशुमेध, इन इन यज्ञोंमें यज्ञके नामसे सूचित पिता, माता आदि जीव मारने चाहिए । (४२) उन यज्ञोंमें जीवोंकी हत्या करनी चाहिए, मद्यपान करना चाहिए और मांस खाना चाहिए । यज्ञकी यह तो विधि है । (४३) इस प्रकारसे लोगोंको मूढ़ करता हुआ वह महापापी राक्षस उपदेश देता था । अभव्य जीवोंने उसका उपदेश मन-वचन-कायासे अंगीकार किया । (४४) गौतम गणधर कहते हैं कि हे श्रेणिक ! भव्य और जिनवरके धर्मसे उज्ज्वल बुद्धिवाले जो जीव हिंसामय यज्ञका परित्याग करते हैं वे देवलोकमें उत्पन्न होते हैं । (४५)

लोगोंसे समृद्ध राजपुरका मरुत नामका राजा जिस यज्ञवाटमें स्थित था वहाँ आनेके लिये दशवदनने प्रस्थान किया । (४६) यज्ञके बारेमें सुनकर वहाँ बहुतसे ब्राह्मण आये हुए थे और जिनके मुँह परसे दीनता टपक रही थी ऐसे बहुत प्रकारके पशु वहाँ बाधे हुए थे । (४७) आकाशमार्गसे जाते हुए नारदने उस जनसमूहको देखा, अतः अत्यन्त कुतूहलवश वह उस नगरमें उतरा । (४८)

नारदका जीवनवृत्तान्त—

मगधराज श्रेणिक गौतम गणधरसे पूछते हैं कि, हे भगवन् ! यह नारद कौन है ? किसका पुत्र है ? कौन-कौन गुणोंसे वह विशिष्ट है ? मुझे इसके बारेमें जाननेका बड़ा भारी कौतुक हो रहा है, अतः आप कहें । (४९) इस पर गणनाथ गौतमने कहा कि ब्रह्मरुचि नामका एक ब्राह्मण था । उसकी पत्नीका नाम वरकूर्मी था । वह सगर्भा हुई । (५०)

---

१. जणधिक्कारेण दूसहं—मु० । २. गम्मं—प्रत्य० ।

कालन्तरेण केणइ, विहरन्ता साहवो तमुद्देसं । पत्ता तावसनिलयं, तेहि य परिवारिया तुरियं ॥ ५१ ॥
दिन्नासणोवविट्ठा, साहू पेच्छन्ति तत्थ बम्भरुई । महिला य तस्स कुम्मी, गुरुभारा पीणथणजुयला ॥ ५२ ॥
अह साहवेण भणियं, संसारसहावजाणियच्छेणं । हा ! कट्ठं कह जीवा, नच्चाविज्जन्ति कम्मेसु ? ॥ ५३ ॥
चइऊण बन्धवजणं, गिहवासं चेव धम्मबुद्धीए । गहिओ तावसधम्मो, तह वि य सङ्गं न छड्डेइ ॥ ५४ ॥
जह छड्डिऊण भत्तं, पुणरवि लोगो न भुञ्जइ अभक्खं । तह छड्डिऊण कम्मं, न करेन्ति जई अकरणिज्जं ॥ ५५ ॥
चइऊण महिलियं जो, पुणरवि सेवेइ लिङ्गरूवेणं । सो पावमोहियमई, दीहं अंजेइ[1] संसारं ॥ ५६ ॥
सोऊण समणवयणं, पडिबुद्धो तक्खणेण बम्भरुई । जिणदिक्खं पडिवन्नो, सव्वं सङ्गं पयहिऊणं ॥ ५७ ॥
कुम्मी वि सुणिय धम्मं, मोत्तूण कुदिट्ठि जिणसुइमईया । अह दारयं पसूया, दसमे मासे अरण्णम्मि ॥ ५८ ॥
संभरिय साहुवयणं, असासयं जाणिऊण मणुयत्तं । संवेगसमावन्ना, कुम्मी चिन्तेइ हियएणं ॥ ५९ ॥
रण्णे समुद्दमज्झे, जलणे गिरिसिहर-कन्दरत्थं वा । रक्खन्ति पयत्तेणं, पुरिसं नियया[2]इं कम्माइं ॥ ६० ॥
गहियाउहेहि जइ वि हु, रक्खिज्जइ पञ्जरोयरत्थो वि । तह वि हु मरइ निरुत्तं, पुरिसो संपत्थिए काले ॥ ६१ ॥
एवं सा परमत्थं, मुणिऊण विमुच्च बालयं रण्णे । आणत्था लोगपुरं, गन्तुं अज्जाए पासम्मि ॥ ६२ ॥
अह इन्दमालिणीए, पवइया तिव्वजायसंवेगा । काऊण समाढत्ता, तवचरणं तग्गयमईया ॥ ६३ ॥
अह सो वि तत्थ बालो, आगासत्थेहि जम्भयगणेहिं । दट्ठूण य अवहरिओ, पुत्तो इव पालिओ नेउं ॥ ६४ ॥
सत्थाणि सिक्खवेउं, दिन्ना आगासगामिणी विज्जा । संपुण्णजोव्वणो सो, जाओ जिणसासणुज्जुत्तो ॥ ६५ ॥

---

कुछ समयके पश्चात् उस प्रदेशमें विहार करते हुए साधु उस तापसके आवासमें आ पहुँचे। वहाँ उन्होंने विश्राम किया। (५१) आसन दिये जाने पर साधु बैठे। वहाँ उन्होंने ब्रह्मरुचिको तथा गर्भवती व मोटे मोटे स्तनोंवाली उसकी स्त्री कूर्मीको देखा। (५२) इसके पश्चात् संसारके स्वभावको यथार्थ रूपसे जाननेवाले एक साधुने कहा कि, अफसोस है! किस प्रकार जीव कर्मोंसे नचाये जाते हैं? (५३) बन्धुजन तथा गृहवासको छोड़कर धर्मबुद्धिसे तापसधर्म अंगीकार किया, फिर भी आसक्ति नहीं छुटती। (५४) जिस प्रकार भक्ष्यको छोड़कर लोग पुनः अभक्ष्य नहीं खाते, उसी प्रकार कर्मका परित्याग करके यति अकरणीय कर्म नहीं करते। (५५) स्त्रीका त्याग करके जो लिंगधारी (वेशधारी साधु) पुनः स्त्रीका उपभोग करता है वह पापसे मोहित मतिवाला दीर्घ संसार उपार्जित करता है। (५६) साधुका ऐसा उपदेश सुनकर ब्रह्मरुचि तत्काल प्रतिबोधित हुआ। सब प्रकारके संगका परित्याग करके उसने जिनदीक्षा अंगीकार की। (५७) कुर्मी भी धर्मका श्रवण करके मिथ्यादृष्टिका त्यागकर जिनोपदिष्ट धर्ममें श्रद्धालु बनी। बादमें दसवें महीनेमें उसने अरण्यमें पुत्रको जन्म दिया। (५८) साधुके उपदेशको याद करके और मानवजन्मको अशाश्वत जानकर वैराग्ययुक्त कूर्मी मनमें ऐसा विचारने लगी कि अरण्यमें, समुद्रके बीच, आगमें और पर्वतके शिखर या कन्दरामें रहे हुए पुरुषकी रक्षा उसके अपने कर्म प्रयत्नपूर्वक करते हैं। (५९-६०) भले ही शस्त्रधारियोंके द्वारा रक्षित हो अथवा पिंजरे में बंद हो तथापि काल प्राप्त होने पर मनुष्य अवश्य ही मरता है। (६१) ऐसा परमार्थ सोचकर भगवान्की आज्ञामें स्थित उसने बालकको अरण्यमें छोड़ दिया और स्वयं लोकपुर नामके नगरमें आर्याके पास गई। (६२) वहाँ तीव्र वैराग्यवाली उसने इन्द्रमालिनी आर्याके पास दीक्षा ली। अपनी गुरुणीमें श्रद्धा रखनेवाली वह तपश्चर्या करने लगी। (६३)

उधर उस बालकको आकाशमें स्थित जृम्भक नामक देवोंके समूहोंने देखा। उसे देखकर के नीचे आये और ले जाकर पुत्रकी भाँति उसका पालन करने लगे। (६४) उसे शास्त्र सिखलाये और आकाशगामिनी विद्या दी। सम्पूर्ण यौवनमें आया हुआ वह जिनशासनका उद्योत करनेवाला हुआ। (६५) अपनी माताको देखकर और अंग-प्रत्यंग के चिह्नोंसे उसे

---

१. पावेइ—प्रत्य०।

दट्ठूण नियजणणी, परिणाया अङ्गमङ्गचिन्धेहिं । तुट्ठो लएइ धम्मं, उत्तमचारित्त-सम्मत्तं ॥ ६६ ॥
कन्दप्प-कुक्कुयरई, निच्चं गन्धव्व-कलहतल्लिच्छो । पुज्जो य नरवईणं, हिण्डइ पुहवी जहिच्छाए ॥ ६७ ॥
देवेहि रक्खिओ जं, देवगई देवविब्भमुल्लावो । देवरिसि त्ति पयासो, जाओ च्चिय नारओ लोए ॥ ६८ ॥
गयणेण वच्चमाणो, जणनिवहं पेच्छिऊण अवइण्णो । भणइ मरुयं नरिन्दं, किं कज्जं ते समाढत्तं? ॥ ६९ ॥
पसवो वि बहुवियप्पा, बद्धा अच्छन्ति केण कज्जेणं? । केणेव कारणेणं, इहागया बम्भणा बहवे? ॥ ७० ॥
संवत्तएण भणिओ, विप्पेणं किं न याणसे जन्नं । मरुयनरिन्देण कयं, परलोयत्थे महाधम्मं? ॥ ७१ ॥
जो चउमुहेण पुव्वं, उवइट्ठो वेयसत्थनिप्फण्णो । जन्नो महागुणो वि हु, कायवो तीसु वण्णेसु ॥ ७२ ॥
काऊण वेदिमज्झे, मन्तेसु पसू हवन्ति हन्तव्वा । देवा य तिप्पियव्वा, सोमाईया पयत्तेणं ॥ ७३ ॥
एसो धुवो त्ति धम्मो, जोएण य पायडो कओ लोए । इन्दिय-मणाभिरामं, देइ फलं देवलोगम्मि ॥ ७४ ॥

**आर्षवेदसम्मता यज्ञाः —**

सुणिऊण वयणमेयं, भणइ तओ नारओ महपगब्भो । आरिसवेयाणुमयं, कहेमि जन्नं निसामेहि ॥ ७५ ॥
वेइसरीरल्लीणो, मणजलणो नाणघयसुपज्जलिओ । कम्मतरुसमुप्पन्नं, मलसमिहासंचयं डहइ ॥ ७६ ॥
कोहो माणो माया, लोभो रागो य दोस-मोहो य । पसवा हवन्ति एए, हन्तव्वा इन्दिएहि समं ॥ ७७ ॥
सच्चं खमा अहिंसा, दायव्वा दक्खिणा सुपज्जत्ता । दंसण-चरित्त-संजम-बम्भाईया इमे देवा ॥ ७८ ॥
एसो जिणेहि भणिओ, जन्नो तच्चत्थवेयनिद्दिट्ठो । जोगविसेसेण कओ, देइ फलं परमनिव्वाणं ॥ ७९ ॥

---

पहचानकर तुष्ट उसने उत्तम चारित्र तथा सम्यक्त्व धर्म अंगीकार किया। (६६) सर्वशः भाँडकी भाँति हास्य-विनोद एवं अंगचेष्टा करनेमें अनुरक्त, गीतवाद्य व कलहप्रिय तथा राजाओं द्वारा पूजित वह इच्छानुसार पृथ्वी पर विचरण करता था। (६७) चूँकि देवोंने उसकी रक्षा की थी, देवलोकमें उसकी गति थी और देवोंके वैभवका वह कथन करनेवाला था, अतः वह नारद लोकमें देवर्षिके नामसे प्रख्यात हुआ। (६८)

यज्ञ— आर्ष और अनार्ष—

आकाशमार्गसे जाता हुआ वह लोगोंके झुण्डको देखकर नीचे उतरा। उसने मरुत् राजासे पूछा कि तुमने यह कौनसा कार्य शुरू किया है? (६९) अनेक प्रकारके पशु तुमने यहाँ पर क्यों बाँध रखे हैं और किसलिये ये बहुतसे ब्राह्मण यहाँ इकट्ठे हुए हैं। (७०) यज्ञका संचालन करनेवाले ब्राह्मणने कहा कि क्या तुम नहीं जानते कि मरुत् राजाने परलोकके लिये महान् धर्मप्रदायी ऐसा यह यज्ञ शुरू किया है। (७१) चतुर्मुख ब्रह्माने जिसका उपदेश दिया है ऐसा वेदशास्त्रमेंसे निष्पन्न तथा महान् पुण्यजनक यज्ञ ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं वैश्य इन तीन वर्णोंको करना चाहिए। (७२) बीचमें वेदिका बनाकर और मंत्रपूर्वक पशुओंको मारकर उनका हवन करना चाहिए। इससे देव तृप्त होते हैं। अतः जिसमें सोमपान किया जाता है ऐसे यज्ञ याग प्रयत्नपूर्वक करने चाहिए। (७३) यह शाश्वत धर्म है। योग द्वारा यह लोकमें प्रकट हुआ है। यह इन्द्रिय एवं मनको आनन्द देनेवाला है और मरने पर देवलोकका फल देता है। (७४)

ऐसा कथन सुनकर प्रज्ञाशाली नारदने कहा कि आर्षवेदोंसे अनुमत जो यज्ञ है उसके बारेमें मैं कहता हूँ। तुम उसे ध्यानपूर्वक सुनो। (७५) शरीररूपी वेदिकामें ज्ञानरूपी घीसे अत्यन्त प्रज्वलित मनरूपी अग्नि कर्मरूपी वृक्षसे उत्पन्न मलरूपी काष्ठके समूहको जलाती है। (७६) क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष और मोह—ये पशु हैं। इन्द्रियोंके साथ इनका वध करना चाहिए। (७७) सत्य, क्षमा, अहिंसा, सुयोग्य दक्षिणाका दान, सम्यग्दर्शन, चारित्र, संयम और ब्रह्मचर्य आदि देव हैं। (७८) सच्चे वेदोंमें निर्दिष्ट यह यज्ञ जिनेश्वर भगवानोंने कहा है। विशेष मनः प्रणिधानपूर्वक यदि यह किया जाय तो उत्तम निर्वाणरूप फल देता है। (७९) और लोही, चरबी एवं मांसके रसमें

जे पुण करेन्ति जन्नं, अणारिसं अलियवेयनिप्फण्णं । मारेऊण पसुगणे, रुहिर-वसा-मंसरसलोला ॥ ८० ॥
ते पावकम्मकारी, वाहा विव निद्दया निरणुकम्पा । मरिऊण जन्ति निरयं, अज्जेन्ति य दीहसंसारं ॥ ८१ ॥
जं नारएण भणिया, सव्वे वि य बम्भणा परमरुट्ठा । पहणेऊण पयत्ता, दढमुट्ठि-करप्पहारेहिं ॥ ८२ ॥
ते नारओ वि विप्पे, भुयबल-अइचडुलपण्हिपहरेहिं । वारेइ पययमणसो, संसयपरमं समणुपत्तो ॥ ८३ ॥
बहवेहि वेढिऊणं, गहिओ कर-चरण-अङ्गमङ्गेसु । पक्खी व पञ्जरत्थो, अवसीयइ नारओ धणियं ॥ ८४ ॥
एयन्तरम्मि पत्तो, दूओ दहवयणसन्तिओ तत्थ । अह पेच्छइ हम्मन्तं, विप्पेहि य नारयं दीणं ॥ ८५ ॥
गहियं विप्पेहि तहिं, दट्ठूणं नारयं पभूएहिं । गन्तुं कहेइ दूओ, जन्ननिओगं दहमुहस्स ॥ ८६ ॥
जस्स सयासं सामिय !, विसज्जिओ हं तए नरिन्दस्स । तस्स बहुबम्भणेहिं, हम्मन्तो नारओ दिट्ठो ॥ ८७ ॥
तत्थाऽऽउलं नरिन्दं, नाऊण भउद्दुयसरीरोहं । एत्थागओ नराहिव, तुज्झं जाणावणट्ठाए ॥ ८८ ॥
रुट्ठो लङ्काहिवई, सुहडे पेसेइ साहणसमग्गे । गन्तूण तेहि सहसा, परिमुक्को नारओ विप्पो ॥ ८९ ॥
हणिऊण बम्भणगणे, भग्गो जन्नो य मेलिया पसवो । भणिया य सुत्तकण्ठा, जह पुण एयं न कारेह ॥ ९० ॥
अह नारओ वि एत्तो, बम्भणकरकढिणगाहपरिमुक्को । उप्पइऊणं सहसा, पेच्छइ लङ्काहिवं तुट्ठो ॥ ९१ ॥
कल्लाणं होउ तुमं, विउलं मा हणसु बम्भणे पावे ! पियजीविए वराए, भमन्तु पुहई जहिच्छाए ॥ ९२ ॥

तापसविप्रयोरुत्पत्तिः —

निसुणेहि ताव सुपुरिस !, उप्पत्ती तावसाण एगमणो । उसभजिणस्स भगवओ, पवज्जादेसयालम्मि ॥ ९३ ॥

---

लुब्ध जो मनुष्य पशुओंको मारकर अनार्ष एवं झूठे वेदोंमेंसे निष्पन्न यज्ञ करते हैं वे पाप-कर्म करनेवाले तथा शिकारीकी भाँति निर्दय एवं अनुकम्पाशून्य मर करके नरकमें जाते हैं और दीर्घसंसार उपार्जन करते हैं। (८०-८१)

इस प्रकार नारदके कहने पर सब ब्राह्मण अत्यन्त रुष्ट हो गये और मजबूत मुठ्ठी व हाथके प्रहारोंसे उसे मारने लगे। (८२) मनसे सावधान नारदने भी अपने जीवनके बारेमें अत्यन्त संशय उत्पन्न होने पर अपनी भुजाओंके सामर्थ्यसे तथा खूब स्फुर्तीके साथ किये जानेवाले पादप्रहारोंसे उन ब्राह्मणोंको रोका। (८३) किन्तु बहुतसे ब्राह्मणोंने उसे घेरकर हाथ पैर तथा अन्यान्य अंगोंसे पकड़ लिया। पिंजरेमें बन्द पक्षीकी तरह वह नारद अत्यन्त दुःखी हुआ। (८४)

इस बीच दशवदन द्वारा भेजा गया दूत वहाँ आ पहुँचा। उसने ब्राह्मणों द्वारा पीटे जाते और दीन नारदको देखा। (८५) बहुतसे ब्राह्मणों द्वारा पकड़े हुए नारदको वहाँ देखकर वह दूत वापस गया और दशमुखसे यज्ञका समाचार कहने लगा कि, हे स्वामी ! आपने जिस राजाके पास मुझे भेजा था उसके समक्ष ही बहुतसे ब्राह्मणों द्वारा पीटे जाते नारदको मैंने देखा। (८६-८७) हे राजन् ! वहाँ राजाको आकुल देखकर भयभीत शरीरवाला मैं आपको जतानेके लिये यहाँ पर वापस आया हूँ। (८८) यह सुनकर रुष्ट लंकाधिपति रावणने सैन्यके साथ सुभट भेजे। वहाँ सहसा पहुँचकर उन्होंने ब्राह्मण नारदको मुक्त किया। (८९) ब्राह्मणोंको मार-पीटकर उन्होंने यज्ञको तोड़फोड़ दिया, पशुओंको छोड़ दिया और यज्ञोपवीतधारी ब्राह्मणोंसे कहा कि ऐसा फिर मत करना। (९०)

इसके पश्चात् ब्राह्मणोंके हाथोंकी मजबूत पकड़मेंसे मुक्त नारद भी तुष्ट होकर एकदम उड़ा और लंकाधिप रावणसे मिला (९१) वहाँ आशीर्वाद देते हुए उसने कहा कि तुम्हारा कल्याण हो, पापी ब्राह्मणोंको बहुत मत मारना। जिनको अपना जीवन प्रिय है ऐसे उन बेचारोंको इच्छानुसार पृथ्वी पर घुमने देना। (९२)

तापसोंकी उत्पत्तिका वर्णन—

हे सत्पुरुष ! तापसोंकी उत्पत्तिके बारेमें ध्यान लगाकर तुम सुनो। भगवान् ऋषभ जिनेश्वरने जिस समय प्रवज्या

चत्तारि सहस्साइं, मरीइसहियाण नरवरिन्दाणं । घेत्तूण जिणसयासे, पवज्जा पडिनियत्ताइं ॥ ९४ ॥
तण्हा-छुहाकिलन्ता, आरण्णं पविसिऊण दीणमुहा । तरुवरफलासणा ते, तावसपासण्डिणो जाया ॥ ९५ ॥
एवं ते पुहइतले, मोहेन्ता जणवयं कुसत्थेसु । जाया तावसविप्पा, विज्जं पिव वड्ढिया बहवे ॥ ९६ ॥
तित्थयरेसु वि न कयं, धम्मेक्कमणं जणं निरवसेसं । किं पुण दसाणण तुमे, कीरइ जिणसासणमतीयं ? ॥ ९७ ॥
सुणिऊण पगयमेयं, उसभजिणं पणमिऊण दहवयणो । वारेइ सुत्तकण्ठे, हम्मन्ते रक्खसभडेहिं ॥ ९८ ॥
मरुओ वि नरवरिन्दो, अञ्जलिमउलं करेवि नियसीसे । पणमइ लङ्काहिवई, भिच्चो हं तुज्झ साहीणो ॥ ९९ ॥
कणयप्पभा कुमारी, दिन्ना मरुएण रक्खसिन्दस्स । परिणीया चन्दमुही, जोबण-लायण्णपडिपुण्णा ॥ १०० ॥
रममाणस्स रइगुणे, तीए संवच्छरस्स उप्पन्ना । दुहिया विचित्तरूवा, कयचित्ता नाम नामेणं ॥ १०१ ॥
पुहईयलम्मि सुहडा, जे सूरा दप्पिया बलसमिद्धा । ते ते ठावेइ वसे, दसाणणो अत्तणो सबे ॥ १०२ ॥

जनपदानुरागवर्णनम् —

गयणेण वच्चमाणो, गामा-ऽऽगर-नगर-पट्टणसमिद्धं । पेच्छइ य मज्झदेसं, काणण-वणमण्डियं रम्मं ॥ १०३ ॥
अवइण्णो दहवयणो, नयरुभासे ठिओ जणवएणं । नर-नारीहि सहरिसं, पेच्छिज्जइ कोउहल्लेणं ॥ १०४ ॥
मरगयमऊहसामो, वियसियवरकमलसरिसमुहसोहो । वित्थिण्णविउलवच्छो, पीणुन्नयदीहबाहुजुओ ॥ १०५ ॥

---

ली उस समय उनके पास मरीचि सहित दूसरे चार हजार राजाओंने दीक्षा ली थी, किन्तु उसमें टिक न सकनेके कारण वे वापस लौट गये। (९३-९४) भूख एवं प्याससे पीड़ित तथा दीनवदन वे जंगलमें प्रवेश करके वृक्षोंके फल खाने लगे और इस तरह वे तापस-पाखण्डी[1] हुए। (९५) इस प्रकार धरातल पर कुशास्त्रोंमें लोगोंको मोहित करनेवाले वे तापस और ब्राह्मण हुए। उन्होंने बहुतसी विद्याओंका विकास किया। (९६) हे दशानन! तीर्थंकर भी सब लोगोंको धर्ममें एकचित्त नहीं कर सके हैं, तो क्या तुम सबको जिन शासनमें श्रद्धा रखनेवाला बना सकोगे? (९७) तापसोंकी यह बात सुनकर दशवदनने ऋषभ जिनेश्वरको प्रणाम किया और राक्षस भटों द्वारा पीटे जाते ब्राह्मणोंको रोका। (९८) राजा मरुत्तने भी अपने सिर पर हाथ जोड़कर लंकाधिपको प्रणाम किया और कहा कि मैं आपका अधीन एक भृत्य हूँ। (९९) बादमें मरुतने कनकप्रभा नामकी अपनी लड़की राक्षसेन्द्रको दी। चन्द्रके समान मुखवाली तथा यौवन एवं लावण्यसे परिपूर्ण उस कन्याका विवाहमंगल सम्पन्न हुआ। (१००) उसके साथ कामविलास करते हुए उसको एक सालके बाद कृतचित्ता नामकी एक विचित्र रूपवाली कन्या हुई। (१०१)

इस पृथ्वीतल पर जो जो शूरवीर, घमण्डी और बलशाली सुभट थे उन सबको दशाननने अपने बसमें कर लिया। (१०२) एक बार आकाश-मार्गसे जाते हुए उसने गाँव, आकर, नगर एवं पत्तनोंसे समृद्ध तथा बाग-बगीचोंसे रम्य मध्यदेश देखा। (१०३) दशवदन नीचे उतरा और उस जनपदके नगरके समीप आ ठहरा। स्त्री एवं पुरुष सब उसे आनन्द और कुतूहलके साथ देखने लगे। (१०४) मरकतमणिकी किरणोंके समान श्याम वर्णवाले, विकसित उत्तम कमलके समान शोभायुक्त मुखवाले, विशाल एवं मोटी छातीवाले, मोटी, ऊँची और लम्बी दो भुजाओंवाले, हाथकी पकड़में आ सके ऐसी तथा सिंहकी कमरके समान पतली कमरवाले, हाथीकी सूँढ़के समान जाँघवाले, उत्तम कछुएके समान सुन्दर

---

१. पाखण्ड शब्द मूलमें एक अच्छे अर्थमें प्रयुक्त होता था। अशोकके समयमें बौद्धेतर सम्प्रदायको 'पाखण्ड' कहते थे। अशोकके शासनलेखों परसे ज्ञात होता है कि ऐसे सम्प्रदायके अनुयायीको उसकी ओरसे दान आदि भी दिये गये हैं। जैन सूत्रोंमें भी जैनेतर सम्प्रदायोंके लिए 'पासण्डी' शब्दका प्रयोग हुआ है। कालान्तरमें अपनेसे विरोधी सम्प्रदायके लिए इसका उपयोग होने लगा और समय बीतने पर तो संस्कृत एवं लोकभाषाओंमें भी 'पाखण्डी' का अर्थ धर्मका ढोंग करनेवाला, बदमाश, लुच्चा हो गया।

करयल[ य ]गिज्झमज्झो, सीहकडी हत्थिहत्थसरिसोरू । कुम्मवरचारुचरणो, बत्तीससुलक्खणसमग्गो ॥ १०६ ॥
सिरिवच्छभूसियङ्गो, सव्वालङ्कारसुकयनेवच्छो । इन्दो व महिड्ढीओ, दिट्ठो लोएण दहवयणो ॥ १०७ ॥
तं मोत्तूण पुरवरं, अन्नं देसं गओ सह बलेणं । तत्थ वि नरिन्द-पुर-जणवएण अहिणन्दिओ मुइओ ॥ १०८ ॥
जं जं वच्चइ देसं, सो सो वि य सग्गसन्निहो होइ । धण-धन्न-रयणपुण्णो, दुब्भिक्ख-भयाइपरिमुक्को ॥ १०९ ॥
पुण्णेण परिग्गहिया, ते देसा पुव्वजम्मसुकएणं । सिरि-कित्ति-लच्छिनिलओ, दहवयणो जेसु संचरइ ॥ ११० ॥

प्रावृट्कालः —

ववगयसिसिर-निदाहे, गङ्गातीरट्ठियस्स रमणिज्जे । गज्जन्तमेहमुहलो, संपत्तो पाउसो कालो ॥ १११ ॥
धवलबलायाधयवड–विज्जुलयाकणयबन्धकच्छा य । इन्दाउहकयभूसा, झरन्तनवसलिलदाणोहा ॥ ११२ ॥
अञ्जणगिरिसच्छाया, घणहत्थी पाहुडं व सुरवइणा । संपेसिया पभूया, रक्खसनाहस्स अइगुरुया ॥ ११३ ॥
अन्धारियं समत्थं, गयणं रवियरपणट्ठगहचक्कं । तडयडसमुट्ठियरवं, धारासरभिन्नभुवणयलं ॥ ११४ ॥
धारासरभिन्नङ्गो, कन्ता सरिऊण मुच्छिओ पहिओ । पुणरवि आससिओ च्चिय, तीए सुहसंगमासाए ॥ ११५ ॥
अहिणवकयम्बगन्धं, अग्घाएऊण मूढमणहियया । जे अमुणियपरमत्था, भमन्ति तत्थेव पहियगणा ॥ ११६ ॥
दद्दुर-मऊर-जलहर–सद्दो वप्पीहयाण एयत्थं । पारद्धं पिव तालं, वारणलीलासहावेणं ॥ ११७ ॥
सुट्ठु वि उक्कण्ठुलया, पहिया जलफलिहरुद्धपयमग्गा । कन्तासमागममणा, पंखारहिया विसूरेन्ति ॥ ११८ ॥
हरियतणसामलङ्गी, महिविलया सलिलवत्थपरिहाणी । वरकुडयकुसुमदन्ती, हसइ व दसाणणागमणे ॥ ११९ ॥

---

पैरवाले, बत्तीस सुलक्षणोंसे व्याप्त, श्रीवत्ससे शोभित शरीरवाले, सब अलंकारोंसे विभूषित तथा सुन्दर वस्त्र धारण किए हुए और इन्द्रकी भाँति अत्यन्त ऐश्वर्यसम्पन्न उस रावणको लोगोंने देखा। (१०५-७) उस नगरको छोड़कर वह सैन्यके साथ दूसरे देशमें गया। वहाँ पर भी राजा तथा नगरनिवासी लोगोंने प्रसन्नतापूर्वक उसका अभिवादन किया। (१०८) वह जिस जिस देशमें जाता था वह धन, धान्य एवं रत्नोंसे परिपूर्ण तथा दुर्भिक्ष, भय आदि से मुक्त हो स्वर्गतुल्य बन जाता था। (१०९) श्री, कीर्ति एवं लक्ष्मीका आवास रूप रावण जिन जिन देशोंमें संचार करता था वे देश, पूर्व जन्ममें किये हुए पुण्यसे, अपने अधीन कर लेता था। (११०)

शीतकाल एवं ग्रीष्म-ऋतुके बीतनेपर जब रावण गंगाके रमणीय तीर पर स्थित था तब गरजते हुए बादलोंके कारण मुखरित वर्षाकाल आया। (१११) सफेद बगुले रूपी ध्वज-पताकाओंसे युक्त, विद्युल्लता रूपी सोनेकी कटिमेखला पहने हुए, इन्द्रधनुषसे शोभित, नवीन पानी रूपी मदका समूह जिसमें से झर रहा है ऐसे तथा अंजनगिरिके समान कान्तिवाले और अत्यन्त भारी बादलरूपी बहुत-से हाथी सुरपतिने भेंटके तौरपर मानो राक्षसनाथ रावणके पास भेजे। (११२-३) बादलोंके छा जानेसे सारा आकाश अंधकारसे व्याप्त हो गया। सूर्यकी किरणें तथा ग्रह-नक्षत्रोंके समूह ओझल हो गये। बिजलीकी कौंधसे तड़तड़की आवाज आती थी और धारा रूपी बाणसे पृथ्वीकी सतह छिन्न-भिन्न हो रही थी। (११४) वर्षाकी धारा रूपी बाणसे व्यथित शरीरवाला पथिक पुरुष अपनी पत्नीका स्मरण करके मूर्च्छित हो गया। बादमें उसके साथ सुख-समागमकी आशासे किसी तरह उसने ढाढ़स बाँधा। (११५) कदम्ब वृक्षकी ताजी ताजी गन्ध सूँघकर मन एवं हृदयसे मूढ़ जो पथिकगण वास्तविक परिस्थिति नहीं जानते वे वहीं कदम्बके आसपास चक्कर लगाते हैं। (११६) मिट्टीके ढूहोंके ऊपर एकत्रित होकर हाथीकी लीला हो रही हो उसमें मेंढक, मोर और बादलोंके शब्द मानो ताल दे रहे थे। (११७) कान्ताके साथ समागमके लिए जिन पथिकोंका मन अत्यन्त बेताब है वे जलभरी खाईसे गमन मार्ग रुद्ध होनेपर पंख न होनेके कारण खेद प्रकट करते थे। (११८) दशाननके आगमनपर हरी हरी घासके कारण श्याम अंगवाली, पानी रूपी वस्त्र पहने हुई, कुटज वृक्षके पुष्पोंके समान शुभ्र दाँतोंवाली तथा लज्जाशीला पृथ्वी रूपी ललना मानो

एवं सुहेण गमिओ, पाउसकालो महन्तघणवन्द्रो । पणयारिपक्खजणवय–सएसु अहिणन्दमाणस्स ॥ १२० ॥
एवं पुण्णफलोदएण पुरिसा पावन्ति तुङ्गं सिरिं, कित्तीछन्नसमत्थमेइणितला भग्गारिपक्खासया ।
दिव्वाणं रयणाण होन्ति निलया लोगस्स पुज्जा नरा, पच्छा ते विमलाणुभावचरिया पावन्ति सिद्धालयं ॥ १२१ ॥

॥ इय पउमचरिए मरुयजन्नविद्धंसणो जणवयाणुरागो नाम एक्कादसमो उद्देसो समत्तो ॥

## १२. वेयड्ढगमण-इन्दबंधण-लंकापवेसणाहियारो

रावणपुत्रीमनोरमायाः परिणयनम् :—

एत्तो लङ्काहिवई, समयं मन्तीहि संपहारेइ । कस्स इमा दायव्वा, दुहिया मे जोव्वणापुण्णा ॥ १ ॥
मन्तीहि वि सो भणिओ, महुराहिवई विसुद्धकुलवंसो । हरिवाहणो त्ति नामं, तस्स य पुत्तो महुकुमारो ॥ २ ॥
सो लक्खणोववेओ, जोव्वण-बल-विरिय-सत्तिसंपन्नो । तस्सेसा वरकन्ना, दिज्जइ एवंमणो अम्हं ॥ ३ ॥
अह भणइ रक्खसिन्दो, हरिवाहणनन्दणो महुकुमारो । सूरो विणयगुणधरो, लोगस्स य वल्लहो अहियं ॥ ४ ॥
हरिवाहणो वि पुत्तं, घेत्तूण दसाणणं समल्लीणो । परितुट्ठो नरवसभो, दट्ठुं तं सुन्दरायारं ॥ ५ ॥
हरिवाहणस्स मन्ती, भणइ तओ इय पहु ! निसामेहि । एयस्स सूलरयणं, दिन्नं असुरेण तुट्ठेणं ॥ ६ ॥
अह जोयणाण संखा, दोण्णि सहस्साणि दोण्णि य सयाणि । गन्तूण सूलरयणं, पुणरवि य तहिं समल्लियइ ॥ ७ ॥
दिन्ना वरकल्लाणी, मणोरमा तस्स महुनरिन्दस्स । वत्तं पाणिग्गहणं, अणन्नसरिसं वसुमईए ॥ ८ ॥

---

हँस रही थी ! (११९) नँवाए गए शत्रुपक्षके सैकड़ों जनपदों द्वारा अभिनन्दित रावणने बड़े बड़े बादल-समूहोंसे व्याप्त वर्षाकाल इस प्रकार सुखपूर्वक व्यतीत किया । (१२०) इस प्रकार पुण्योदयके फलस्वरूप पुरुष उन्नत शोभा प्राप्त करते हैं। समस्त भूतलमें उनकी कीर्ति छा जाती है और शत्रुपक्षकी सब आशाएँ चूर्ण-विचूर्ण हो जाती हैं। ये दिव्य रत्नोंके आवास हैं और लोगोंके पूज्य होते हैं। बादमें विमल भाव एवं चरित्रवाले वे मोक्ष प्राप्त करते हैं।

। पद्मचरितमें 'मरुतके यज्ञका विनाश' तथा 'जनपदका अनुराग' नामका ग्यारहवाँ उद्देश्य समाप्त हुआ ।

## १२. रावणका वैताढ्यगमन, इन्द्रबन्धन और लंकाप्रवेश

इधर लंकाधिपति रावण अपने मंत्रियोंके साथ विचार-विनिमय करने लगा कि यौवनसे परिपूर्ण मेरी यह लड़की किसे देनी चाहिए ? (१) इस पर मंत्रियोंने उससे कहा हरिवाहन नामके मथुराके राजाका कुल और वंश उत्तम है। उसका पुत्र मधुकुमार है। (२) वह उत्तम लक्षणोंसे युक्त तथा यौवन, बल, वीर्य और शक्तिसे सम्पन्न है। उसे यह उत्तम कन्या देनी चाहिए, ऐसा हमारा अभिप्राय है। (३) इस पर राक्षसेन्द्रने कहा कि हरिवाहनका पुत्र मधुकुमार शूर एवं विनय गुणको धारण करनेवाला है तथा लोगोंको बहुत प्रिय है। (४) हरिवाहन भी अपने पुत्रको लेकर दशाननके पास आया। उस सुन्दर आकृतिवाले मधुकुमारको देखकर मनुष्योंमें वृषभके समान उत्तम रावण सन्तुष्ट हुआ। (५) तब हरिवाहनको मंत्रियोंने इस प्रकार कहा—हे प्रभो ! आप सुनें। तुष्ट असुर रावणने इस मधुकुमारको एक शूलरत्न दिया है। (६) दो हजार और दो सौ योजन पर्यन्त यह शूलरत्न जाकर पुनः जहाँसे छोड़ा था वहीं वापस आ जाता है। (७) पश्चात् हरिवाहनके पुत्र मधु राजाको उत्तम कल्याणोंके करनेवाली मनोरमा दी। उनका पाणिग्रहण-समारोह पृथ्वीपर अद्वितीय था। (८)

मधुकुमारपूर्वभवः शूलरत्नोत्पत्तिश्च —

एयन्तरम्मि पुच्छइ, गणनाहं सेणिओ कयपणामो। दिन्नं तिसूलरयणं, केण निमित्तेण असुरेणं? ॥ ९ ॥
तो भणइ इन्दभूई, उप्पत्ती सुणसु सूलरयणस्स। धायइसण्डेरवए, सयदारपुरे दुवे मित्ता ॥ १० ॥
एक्को त्थ हवइ पभवो, सुमित्तनामो तओ भवे बीओ। एगगुरुसन्नियासे, सिक्खन्ति कलागमं सयलं ॥ ११ ॥
जाओ रज्जाहिवई, तत्थ सुमित्तो गुणेहि पडिपुण्णो। पभवो वि तेण मित्तो, अप्पसरिच्छो कओ ताहे ॥ १२ ॥
अह अन्नया कयाई, रण्णं तुरएण पेसिओ सिग्घं। गहिओ सुमित्तराया, भिल्लेहि अणज्जसीलेहिं ॥ १३ ॥
मिच्छाहिवेण दिन्ना, वणमाला तत्थ नरिन्दस्स। परिणेऊण नियतो, सयदारपुरं अह पविट्ठो ॥ १४ ॥
दट्ठूण मित्तभज्जं, पभवो कुसुमाउहस्स बाणेहिं। विद्धो असत्थदेहो, खणेण आयलयं पत्तो ॥ १५ ॥
दुक्खभरपीडियङ्गं, पभवं दट्ठूण पुच्छइ सुमित्तो। दुक्खस्स समुप्पत्ती, कहेहि जा ते पणासेमि ॥ १६ ॥
अह भणइ तत्थ पभवो, वेज्जनरिन्दाण मित्तपुरिसाणं। आहाणओ य लोए, एयाण फुडं कहेयव्वं ॥ १७ ॥
नमिऊण तस्स चलणे, पभवो परिकहइ दुक्खउप्पत्तो। दट्ठूण तुज्झ महिलं, सामिय आयलयं पत्तो ॥ १८ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, भणइ सुमित्तो निसासु वणमालं। वच्च तुमं वीसत्था, पभवसयासं पसन्नमुही ॥ १९ ॥
गामसहस्सं सुन्दरि, देमि तुमं जइ करेहि मित्तहियं। जइ तं नेच्छसि भद्दे! घोरं ते निग्गहं काहं ॥ २० ॥
भणिऊण वयणमेयं, वणमाला पत्थिया समप्पओसे। पत्ता पभवागारं, तेण य सा पुच्छिया सहसा ॥ २१ ॥
कासि तुमं वरसुन्दरि! केण व कज्जेण आगया एत्थं? । तीए वि तस्स सिट्ठं, निययं वीवाहमाईयं ॥ २२ ॥
वट्टइ जावुल्लावो, नाणं तावाऽऽगओ तहिं राया। पच्छन्नरूवधारी, चिट्ठइ भवणन्तरनिलुक्को ॥ २३ ॥

---

इसके पश्चात् श्रेणिकने प्रणाम करके गणनाथ गौतमसे पूछा कि असुर रावणने त्रिशूलरत्न क्यों दिया था? (९) इस पर इन्द्रभूति गौतमने कहा कि इस शूलरत्नकी उत्पत्तिके बारे में तुम सुनो। धातकी खण्डके ऐरावत क्षेत्रमें आये हुए शतद्वारपुर नामक नगरमें दो मित्र रहते थे। (१०) उनमेंसे एकका नाम प्रभव और दूसरेका नाम सुमित्र था। वे दोनों एक ही गुरुके पास सब कलाओं तथा शास्त्रोंका अभ्यास करते थे। (११) गुणोंसे परिपूर्ण सुमित्र उस नगर में राजा हुआ। उसने अपने मित्र प्रभवको अपने जैसा ही राजा बनाया। (१२) एक दिन सुमित्र राजाको घोड़ा जंगलमें तेजीसे खींच ले गया। वहाँ अनार्य आचरणवाले भीलोंने उसे पकड़ लिया। (१३) वहाँ म्लेच्छ राजाने अपनी कन्या वनमाला राजाको दी। उसके साथ शादी करके वह लौटा और शतद्वारनगरमें दाखिल हुआ। (१४) अपने मित्रकी पत्नीको देखकर कामदेवके बाणोंसे बींधा हुआ और अस्वस्थ शरीरवाला प्रभव एकदम बेचैन हो गया। (१५) दुःखके भारसे पीड़ित शरीरवाले प्रभवको देखकर सुमित्रने पूछा कि दुःखकी उत्पत्तिका कारण तुम मुझसे कहो, जिससे मैं तुम्हारा वह दुःखकारण दूर करूँ। (१६) इस पर प्रभवने कहा कि लोगोंमें ऐसी किंवदन्ती है कि वैद्य, राजा एवं मित्र पुरुषोंको साफ साफ कहना चाहिए। (१७) उसके चरणोंमें नमन करके प्रभव अपने दुःखकी उत्पत्तिका कारण कहने लगा कि, हे स्वामी! तुम्हारी पत्नीको देखकर मैं बेचैन हो उठा हूँ। (१८) प्रभवका ऐसा कथन सुनकर रात्रिके समय सुमित्रने वनमालासे कहा कि, हे प्रसन्नमुखी! तुम विश्वस्त होकर प्रभवके पास जाओ। (१९) हे सुन्दरी! यदि तू मेरे मित्रका हित करेगी तो मैं तुझे एक हजार गाँव दूँगा और, हे भद्रे! यदि तू उसे नहीं चाहेगी तो मैं तुझे कठोर दण्ड दूँगा। (२०) ऐसा कथन सुनकर वनमाला चल पड़ी और संध्याके समय प्रभवके आवासमें आ पहुँची। उसने उससे सहसा पूछा कि, हे सुन्दरी! तुम कौन हो? और किसलिए यहाँ पर आई हो? उसने भी प्रभवसे अपने विवाह आदिके बारेमें कहा। (२१-२२) उन दोनोंका इस प्रकार वार्तालाप हो रहा था कि वहाँ गुप्तवेशधारी सुमित्र राजा आया और मकानमें छिपकर बैठ गया। (२३)

तो जाणिऊण पभवो, वणमाला पेसिया सुमित्तेणं । संवेगसमावन्नो, पडिवहहुत्तं विसज्जेइ ॥ २४ ॥
हा ! कट्ठं चिय पावो, सुमित्तमहिलाहिलासकयहियओ । नूणं वज्जसरीरो, हिमं व जो हं न य विलीणो ॥ २५ ॥
किं वा जीवेण महं, अयसकलंकुब्भडेण लोयम्मि ? । खग्गेण नियय्यसीसं, लुणामि सिग्घं अचारित्तो ॥ २६ ॥
आयड्ढिऊण खग्गं, नीलुप्पलसन्निहं कयं कण्ठे । परिणायचेट्ठिएणं, सहसा धरिओ सुमित्तेणं ॥ २७ ॥
रागेण व दोसेण व, जे पुरिसा अप्पयं विवायन्ति । ते पावमोहियमई, भमन्ति संसारकन्तारे ॥ २८ ॥
खग्गं कराउ हरियं, सो य सुमित्तेण उवसमं नीओ । दोण्णि वि करेन्ति रज्जं, अवियण्हमणा बहुं कालं ॥ २९ ॥
अह अन्नया कयाई, पवज्जं गिण्हिऊण कालगओ । ईसाणकप्पवासी, सुमित्तराया समुप्पन्नो ॥ ३० ॥
चइऊण विमाणाओ, माहविदेवीएँ गब्भसंभूओ । हरिवाहणस्स पुत्तो, जाओ एसो [1]महुकुमारो ॥ ३१ ॥
मिच्छत्तमोहियमई, पभवो मरिऊण भमिय संसारे । विस्सावसुस्स पुत्तो, जोइमईए सिही जाओ ॥ ३२ ॥
काऊण समणधम्मं, सणियाणं तत्थ चेव कालगओ । जाओ भवणाहिवई, चमरकुमारो महिड्ढीओ ॥ ३३ ॥
अवहिविसएण मित्तं, नाऊण पुराकयं च उवयारं । महुरायस्स य गन्तुं, तिसूलरयणं पणामेइ ॥ ३४ ॥
एयं ते परिकहियं, चरियं महुपत्थिवस्स निस्सेसं । जो पढइ सुणइ सेणिय ! सो पुण्णफलं समज्जेइ ॥ ३५ ॥
लङ्काहिवो वि पुहई, [2]जिणिऊण ऽट्ठारसेसु वरिसेसु । जिणचेइयपूयत्थं, अट्ठावयपव्वयं पत्तो ॥ ३६ ॥
काऊण जिणहराणं, पूयं कुसुमेहि जलय-थलएहिं । वन्दइ पहट्ठमणसो, दहवयणो पत्थिवसमग्गो ॥ ३७ ॥

---

इधर सुमित्रने वनमालाको भेजा है ऐसा जानकर प्रभवको वैराग्य हो आया। उसने वनमालाको वापस भेज दिया। (२४) वह पश्चात्ताप करने लगा कि, अफसोस है ! मैं पापी हूँ कि मैंने सुमित्रकी पत्नीके लिए मनमें अभिलाषा की। सचमुच ही मेरा शरीर वज्र का बना हुआ है, अन्यथा मैं बरफकी भाँति पिघल क्यों न गया ? अथवा लोकमें अपयशरूपी कलंकके कारण भयंकर ऐसे जीनेसे क्या फायदा ? अचारित्रशील मैं अपना सिर तलवारसे जल्दी ही उड़ा दूँ। (२५-२६) नीलोत्पलके जैसी तलवार खींचकर ज्योंही उसने गले पर रखी, त्योंही प्रभवकी चेष्टाको जाननेवाले सुमित्रने वह पकड़ ली। (२७) राग किंवा द्वेषवश जो पुरुष अपनी हत्या करते हैं वे पापसे विमोहित बुद्धिवाले संसाररूपी अरण्यमें भटका करते हैं। (२८) हाथमेंसे तलवार लेकर सुमित्रने उसे शान्त किया। बादमें दोनोंने निर्विघ्नमनसे बहुत काल तक राज्य किया। (२९)

इसके बाद कभी प्रव्रज्या अंगीकार करके काल करने पर सुमित्र राजा ईशान नामक देवलोकमें उत्पन्न हुआ। (३०) विमानसे च्युत होकर वह माधवीदेवीके गर्भसे उत्पन्न और हरिवाहनका यह मधुकुमार पुत्र हुआ है। (३१) मिथ्यात्वसे मोहित बुद्धिवाला प्रभव मरकर और संसारमें परिभ्रमण करके विश्वावसुका शिखी नामका देदीप्यमान पुत्र हुआ। (३२) श्रावकधर्मका पालन करके और उसीमें निदानपूर्वक मरकर वह महान् ऋद्धिवाला चमरकुमार नामका भवनाधिपति हुआ। (३३) अवधिज्ञान द्वारा मित्रको तथा पहलेके किये हुए उसके उपकारको जानकर वह मधुराजाके पास गया और त्रिशूलरत्न प्रदान किया। (३४) गौतमस्वामी कहते हैं कि, हे श्रेणिक ! इस प्रकार मधुनरेशका समग्र चरित मैंने तुमसे कहा। जो इसे पढ़ता है या सुनता है वह पुण्यफल प्राप्त करता है। (३५)

लंकाका राजा रावण भी अठारह वर्षोंमें पृथ्वीको जीतकर जिनचैत्योंकी पूजाके निमित्त अष्टापद पर्वत पर आ पहुँचा। (३६) जल एवं स्थलमें उत्पन्न होनेवाले फूलोंसे जिनचैत्योंकी पूजा करके प्रहृष्ट मनवाला रावण दूसरे राजाओंके साथ वन्दन करने लगा। (३७) इस बीच इन्द्रके द्वारा लोकपालके पद पर अधिष्ठित नलकूबर दुर्लंघपुर नामके नगरमें

---

१. वरकुमारो—प्रत्य० । २. पुहइं—प्रत्य० ।

एत्थन्तरम्मि जो सो, ठविओ इन्देण लोगपालत्ते । नलकुब्बरो त्ति नामं, दुलङ्घपुरे परिवसइ ॥ ३८ ॥
नाऊण रावणं सो, अट्ठावयपव्वए समल्लीणं । पेसेइ तस्स दूयं, रुट्ठो नलकुब्बरो राया ॥ ३९ ॥
संपत्तो च्चिय दूओ, दिट्ठो लङ्काहिवो सभामज्झे । रइओ य सिरपणामो, उवविट्ठो आसणे भणइ ॥ ४० ॥
नलकुब्बरेण दूओ, विसज्जिओ देव! तुज्झ पासम्मि । सो भणइ एह पेच्छह, दुलङ्घपुरिं रिवुदुलङ्घं ॥ ४१ ॥
भणिओ य रावणेणं, जाव अहं नन्दणे जिणहराइं । वन्दणनिमित्तहेउं, गन्तूण लहुं नियत्तामि ॥ ४२ ॥
ताव तुमं वीसत्थो अच्छसु वरकामिणीसु कीलन्तो । रे दूय! भणसु गन्तुं, दुलङ्घपुराहिवं एवं ॥ ४३ ॥
मण-पवणचारुवेगो, दूओ गन्तूण सामिसालस्स । जं रावणेण भणियं, तं सव्वं साहइ फुडत्थं ॥ ४४ ॥
अह तेण अग्गिपउरो, पायारो जोयणा सयं रइओ । जन्ताणि बहुविहाणि य, रिउभडजीयन्तनासाणि ॥ ४५ ॥
गन्तूण नन्दणवणं, वन्दित्ता चेइयाणि भावेणं । पुणरवि य पडिनियत्तो, दहवयणो नियय आवासं ॥ ४६ ॥
सन्नद्ध-बद्ध-कवया, पहत्थपमुहा भडा बलसमग्गा । पेसेइ गहणहेउं, दुलङ्घपुरिं दहग्गीवो ॥ ४७ ॥
पत्ता पेच्छन्ति पुरिं, समन्तओ जलणतुङ्गपायारं । जन्तेसु अइदुलङ्घं, भयजणणं सत्तुसुहडाणं ॥ ४८ ॥
अह वेढियं समत्थं, अलीणा रक्खसा कउच्छाहा । हम्मन्ति वेरिएणं, बहुविहविज्जापओगेहिं ॥ ४९ ॥
मारिज्जन्तेहि तओ, रक्खससुहडेहि पेसिओ पुरिसो । गन्तूण सामियं सो, भणइ पहू मे निसामेहि ॥ ५० ॥
डज्झन्ति अल्लियन्ता, सव्वत्तो धगधगन्तजलणेणं । मारिज्जन्ति पहुत्ता, जन्तेसु करालवयणेसु ॥ ५१ ॥

रावणस्य नलकूबरेण सह युद्धम्:—

सोऊण इमं वयणं, लङ्काहिवमन्तिणो महपगब्भा । नियय बलरक्खणट्ठे, जाव उवायं विचिन्तेन्ति ॥ ५२ ॥
ताव य उवरम्भाए, दूई नलकुब्बरस्स महिलाए । संपेसिया य पत्ता, दहमुहनेहाणुरत्ताए ॥ ५३ ॥

---

रहता था। (३८) अष्टापद पर्वतके ऊपर रावण गया है ऐसा जानकर रुष्ट नलकूबर राजाने उसके पास दूत भेजा। (३९) दूत वहाँ आ पहुँचा। उसने दरबारमें लंकाधिप रावणको देखा और सिर पर हाथ जोड़कर प्रणाम किया। बादमें आसन ऊपर बैठकर वह कहने लगा कि, हे देव! नलकूबरने आपके पास दूत भेजा है। उसने कहा है कि शत्रुके द्वारा जिसका उल्लंघन नहीं हो सकता ऐसे इस दुर्लंघपुरमें आकर तुम मुझे मिलो। (४०-४१) इस पर रावणने कहा कि मैं नन्दनवनमें आये हुए जिनचैत्योंके वन्दनार्थ जाकर शीघ्र ही लौटता हूँ, तबतक तुम विश्वस्त होकर जाओ और उत्तम स्त्रियोंमें क्रीड़ा करो। हे दूत! तुम जाकर दुर्लंघपुरके अधीशको ऐसा कहो! (४२-४३)

मन और वायुके समान चारु वेगवाला दूत अपने स्वामीके पास गया और रावणने जो कुछ कहा था उसे स्पष्ट रूपसे कह सुनाया। (४४) इस पर उसने अग्निसे व्याप्त सौ योजन विस्तृत क़िलेकी दीवार बनवाई तथा शत्रुओंके योद्धाओंके जीवनका नाश करनेवाले अनेक प्रकारके यंत्र स्थापित किये (४५) नन्दनवनमें जाकर और वहाँ चैत्योंको भावपूर्वक वन्दन करके रावण अपने आवासमें लौट आया। (४६) बादमें शस्त्रोंसे लैस तथा कवच पहने हुए प्रहस्त आदि सुभटोंको सैन्यके साथ दुर्लंघपुरी छिन लेनेके लिए भेजा। (४७) वहाँ पहुँचने पर उन्होंने जलते हुए ऊँचे क़िलेसे घिरी हुई नगरी तथा शत्रुओंके सुभटोंमें भय पैदा करनेवाले अत्यन्त दुर्लंघ्य यंत्र देखे। (४८) उत्साहित राक्षसोंने उसे चारों ओरसे घेर लिया। अनेक प्रकारकी विद्याओंके प्रयोगसे शत्रु द्वारा वे मारे जाने लगे। (४९) मार खाते हुए राक्षस सुभटोंने एक आदमी रावणके पास भेजा। उसने जाकर अपने स्वामीसे कहा कि, हे प्रभो! आप मेरी बात सुनें। (५०) चारों ओर धग्-धग् करती हुई आगके कारण उस नगरमें प्रवेश करनेवाले सब जल मरते हैं और कराल मुखवाले यंत्रोंके द्वारा बहुतसे मारे जाते हैं (५१) दूतका ऐसा कथन सुनकर लंकाधिपके अत्यन्त बुद्धिशाली मंत्री अपने सैन्यको रक्षाके लिए उपाय सोचने लगे। (५२)

इस बीच दशमुखके स्नेहमें अनुरक्त नलकूबरकी उपरंभा नामकी पत्नीने रावणके पास एक दूती भेजी और वह

काऊण सिरपणामं, एगन्ते भणइ रावणं दूई । जेण निमित्तेण पहू!, विसज्जिया तं निसामेहि ॥ ५४ ॥
नलकुब्बरस्स महिला, उवरम्भा, नाम अत्थि विक्खाया । ताए विसज्जिया वि हु, नामेणं चित्तमाला हं ॥ ५५ ॥
सा तुज्झ दरिसणुस्सुय-हियया चिन्तेइ पेमसंबद्धा । निब्भरगुणाणुरत्ता, कुणसु पसायं दरिसणेणं ॥ ५६ ॥
ठइऊण दो वि कण्णे, रयणासवनन्दणो भणइ एवं । [1]वेसं परमहिलं पिय, न रूवमन्तं पि पेच्छेमि ॥ ५७ ॥
इह-परलोयविरुद्धं, परदारं वज्जियव्वयं निच्चं । उच्चिट्ठभोयणं पिव, नरेण दढसीलजुत्तेणं ॥ ५८ ॥
नाऊण दूइकज्जं, भणिओ मन्तीहि तत्थ कुसलेहिं । अलियमवि भासियव्वं, अप्पहियं परिगणन्तेहिं ॥ ५९ ॥
तुट्ठा कयाइ महिला, सामिय! भेयं करेज्ज नयरस्स । सम्मागदिन्नपसरा, सब्भावपरायणा होइ ॥ ६० ॥
भणिऊण एवमेयं, दूई वि विसज्जिया दहमुहेणं । गन्तूण सामिणीए, साहइ संदेसयं सव्वं ॥ ६१ ॥
सुणिऊण य उवरम्भा, वयणं दूईए निग्गया तुरिया । पत्ता दसाणगहरं, तत्थ पविट्ठा सुहासीणा ॥ ६२ ॥
भणिया य दहमुहेणं, भद्दे किं एत्थ रइसुहं रण्णे? । न य होइ माणियव्वं, दुलङ्घपुरं पमोत्तूणं ॥ ६३ ॥
सोऊणं उवरम्भा, तं वयणं महुर-मम्मणुल्लावं । देइ मयणाउरा सा, विज्जा आसालिया तस्स ॥ ६४ ॥
तं पाविऊण विज्जं, दहवयणो सव्वबलसमूहेणं । दुलङ्घपुरनिवेसं, गन्तूणं हरइ पायारं ॥ ६५ ॥
सोऊण रावणं सो, समागयं नासियं च पायारं । अहिमाणेण य राया, विणिग्गओ कुञ्जरो सहसा ॥ ६६ ॥
अह जुज्झिउं पवत्तो, समयं चिय रक्खसेहि संगामे । सर-सत्ति-कोन्त[2]-तोमर-उभओक्खिप्पन्तसंघाए ॥ ६७ ॥
अह दारुणम्मि जुज्झे, वट्टन्ते सुहडजीवनासयरे । गहिओ विहीसणेणं, नलकुब्बरपत्थिवो समरे ॥ ६८ ॥

आ भी पहुँची। (५३) सिरसे प्रणाम करनेके पश्चात् दूतीने रावणसे एकान्तमें कहा कि, हे प्रभो! जिस कारण मैं यहाँ भेजी गई हूँ उसे आप ध्यानपूर्वक सुनें। (५४) नलकूबरकी उपरम्भाके नामसे एक विख्यात पत्नी है। उसने मुझे यहाँ भेजा है। मेरा नाम चित्रमाला है। (५५) तुम्हारे साथ प्रेमसे सम्बद्ध वह हृदयसे तुम्हारे दर्शनके लिए उत्सुक है। तुम्हारे गुणोंमें वह अत्यन्त अनुरक्त है, अतः दर्शन देकर उस पर कृपा कीजिए। (५६) दोनों कानोंको ढँककर रत्नश्रवाके पुत्र रावणने कहा कि वेश्या और दूसरेकी स्त्री रूपमती होने पर भी मैं उसको इच्छा नहीं रखता। (५७) दृढ़शीलयुक्त मनुष्यके लिये उच्छिष्ट भोजनकी भाँति दूसरेकी स्त्रीको अपनाना इस लोक और परलोकके विरुद्ध होता है। उसकेलिए तो परदार विरमणव्रत ही सर्वदा पालनीय होता है। (५८)

दूतीके कार्यके बारेमें जानकर कुशल मंत्रियोंने कहा कि आत्महितका विचार करनेवालेको झूठ भी बोलना चाहिए। (५९) हे स्वामी! सन्तुष्ट स्त्री भी शायद नगरका भेद कर सके, क्योंकि खूब सम्मान देनेसे वह सद्भावपरायण होती है। (६०) दशमुखने 'भले ऐसा ही हो' ऐसा कहकर दूतीको बिदा किया। अपनी मालकिनके पास जाकर उसने सारा सन्देश कह सुनाया। (६१) दूतीका वचन सुनकर उपरम्भा जल्दी ही निकल पड़ी। वह दशाननके आवासके पास पहुँची और उसमें प्रवेश करके सुखासन पर बैठी। (६२) दशमुख रावणने उसे कहा कि, भद्रे! इस जंगलमें रतिसुख कैसे मनाया जा सकता है? दुर्लंघपुरको छोड़कर वह नहीं मनाया जा सकता। (६३) मधुर एवं कामजनक वचन सुनकर कामातुर उस उपरम्भाने रावणको आशालिका नामकी विद्या दी। (६४) उस विद्याको प्राप्त करके रावणने सदलबल दुर्लंघपुरके पास जाकर किले पर कब्जा जमा लिया। (६५) रावणने आकर किलेको तहसनहस कर दिया है ऐसा सुनकर नलकूबर राजा अभिमानके साथ एकदम बाहर निकला और दोनों ओरसे फेंके जानेवाले बाण, शक्ति, भाले और मुद्गरोंसे युक्त रणभूमिमें राक्षसोंके साथ युद्ध करने लगा। (६६-६७) सुभटोंके प्राणोंका नाश करनेवाले उस दारुण युद्धमें विभीषणने नलकूबर राजाको युद्धभूमि पर ही पकड़ लिया। (६८) लंकाधिप रावणने उपरम्भासे कहा कि भद्रे! तुमने

१. वेसा परमहिला विव न रूवमंता वि पत्थेमि—मु०। २. कोन्त-मोग्गर उभओ—मु०।

लङ्काहिवेण भणिया, उवरम्भा मह तुमं गुरू भद्दे ! । जो देसि बलसमिद्धं, विज्जं आसालियं नाम ॥ ६९ ॥
उत्तमकुलसंभूया, जाया वि य सुन्दरीए गब्भम्मि । कासद्धयस्स दुहिया, सीलं रक्खन्तिया होहि ॥ ७० ॥
अज्ज वि तुज्झ पिययमो, जीवइ भद्दे ! सुरूव-लायण्णो । एएण सह विसिट्ठे, भुञ्जसु भोए चिरं कालं ॥ ७१ ॥
संपूइऊण मुक्को, राया नलकुब्बरो दहमुहेणं । अमुणियदोसविभाओ, भुञ्जइ भोगे समं तीए ॥ ७२ ॥

रावणस्य इन्द्रेण समं युद्धम्—

जिणिऊण समरमज्झे, दुलङ्घपुराहिवं सह बलेणं । पत्तो वेयड्ढगिरिं, दहवयणो इन्दविसयम्मि ॥ ७३ ॥
सुणिऊण तत्थ इन्दो, समागयं रावणं समासन्ने । रिवुयणकज्जारम्भं, पुच्छइ पियरं सहस्सारं ॥ ७४ ॥
तो भणइ सहस्सारो, पुत्तय एसो बलेण संपन्नो । विज्जासहस्सधारी, एएण समं वरं सन्धी ॥ ७५ ॥
दव्वेण साहणेण व, जाव य सत्तू समो व अहिओ वा । नाऊण देस-यालं, ताव य सन्धी करेयव्वा ॥ ७६ ॥
पुव्वपुरिसेहि भणियं, बलिएहि समं न कीरइ विवाओ । होइ महायासयरो, तं पुण कज्जं न साहेइ ॥ ७७ ॥
तं चेव जाणमाणो, पुत्तय ! मा मुज्झ नियकज्जम्मि । एयस्स देहि कन्नं, जइ इच्छसि अत्तणो रज्जं ॥ ७७ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, इन्दो दढरोसपरिगयसरीरो । अह भाणिउं पवत्तो, सद्देण नहं व फोडन्तो ॥ ७९ ॥
वज्झस्स य दायव्वा, कन्ना कह ताय ! भासियं दीणं ? । माणुन्नयगरुयाणं, न होइ एयारिसं कम्मं ॥ ८० ॥
छज्जइ मरणं पि रणे, उत्तमपुरिसाण धीरहिययाणं । न य परपणामजणियं, रज्जं पि करेइ निव्वाणं ॥ ८१ ॥
एवं भणिऊण सक्को, सिग्घं सन्नाहमण्डवं लीणो । सन्नज्झिउं पयत्तो, समयं चिय लोगपालेहिं ॥ ८२ ॥

---

मुझे बलसे समृद्ध आशालिका नामकी विद्या दी थी, इस कारण तुम मेरी गुरु हो। (६९) तुम उत्तम कुलमें उत्पन्न हुई हो। सुन्दरीकी कूखसे तुम पैदा हुई हो और आकाशध्वजकी तुम पुत्री हो, अतः तुम्हें अपने शीलकी रक्षा करनी चाहिए। (७०) भद्रे ! अब भी सुन्दर रूप और लावण्यसे युक्त तुम्हारा प्रियतम जीवित है, अतः उसके साथ तुम चिरकाल पर्यन्त विशिष्ट भोगोंका उपभोग करो। (७१) रावणने यथोचित सत्कार करके राजा नलकूबरको छोड़ दिया। रावणके साथके परिचयजन्य दोषको न जानता हुआ वह उस उपरम्भाके साथ भोग भोगने लगा। (७२)

इन्द्रके साथ युद्ध—

इस प्रकार दुर्लंघपुरके राजाको युद्धमें जीतकर रावण सैन्यके साथ वैताढ्यगिरिमें आये हुए इन्द्रके देशमें आ पहुँचा। (७३) उस प्रदेशमें रावणका आगमन हुआ है ऐसा सुनकर इन्द्र अपने पिता सहस्रारसे शत्रुको लक्ष्यमें रखकर किये जानेवाले कार्यकी तैयारीके बारेमें पूछने लगा। (७४) इस पर सहस्रारने कहा कि, हे तात ! यह बलसे सम्पन्न तथा हजारों विद्याओंको धारण करनेवाला है। अतः इसके साथ तो सन्धि कर लेना ही उत्तम है। (७५) यदि शत्रु तुल्य बलवाला अथवा अधिक हो तो देश-कालका विचार करके द्रव्य और दूसरी साधन-सामग्री देकर उसके साथ सन्धि कर लेनी चाहिए। (७६) पुरखोंने कहा है कि बलवानके साथ विवाद नहीं करना चाहिए। उसके साथका विवाद अत्यन्त दुःखदायी होता है और उससे अपना कार्य भी सिद्ध नहीं होता। (७७) हे पुत्र ! तू तो उसे जानता ही है, अतः अपने कार्यमें प्रमाद न कर। यदि तू अपना राज्य सुरक्षित रखना चाहता है तो उसे अपनी लड़की दे दे। (७८)

यह सुनकर जिसके शरीरमें अत्यन्त रोष व्याप्त हो गया है ऐसा इन्द्र शब्दसे मानो आकाश फोड़ना चाहता हो इस तरह कहने लगा कि पिताजी ! जो वध्य है उसे मैं कन्या दूँ ऐसा दीनवचन आपने क्यों कहा ? स्वाभिमानसे जो उन्नत एवं गुरु हैं उनका कार्य ऐसा नहीं होता। (७९-८०) धीर हृदयवाले उत्तम पुरुषोंके लिए युद्धमें मर जाना बेहतर है, परन्तु शत्रुको प्रणाम करनेसे मिलनेवाला सुख-चैन और राज्य नहीं चाहिए। ऐसा कहकर इन्द्र शीघ्र ही आयुधशालामें

---

१. य सत्तुरस होइ समम्महिओ—मु० । २. वयणं—प्रत्य० ।

अन्नो रहं विलग्गइ, ऊसियधयदण्डमण्डणाडोवं[1] । अन्नो चलन्तचमरं, लङ्घइ तुरयं फुरुफुरन्तं ॥ ८३ ॥
सन्नाह-सिरत्ताणं, अन्नो वाहरइ लहु पराणेह । धणु-सत्ति-खग्ग-सबल—अन्नोन्नाहवणारावं ॥ ८४ ॥
सन्नज्झिऊण इन्दो, समयं चिय लोगपालचक्केणं । एरावणमारूढो, विणिग्गओ नियणयराओ ॥ ८५ ॥
पडुपडह-भेरिपउरं, काहल-वरसङ्खगहिरसद्दालं । रसिऊण समाढत्तं, तूरं घणसद्दनिग्घोसं ॥ ८६ ॥
सोऊण तूरसद्दं, रक्खससेन्नं पि आयरुप्पित्थं । सन्नज्झिउं पयत्तं, हय-गय-रह-तुरय-पाइक्कं ॥ ८७ ॥
सर-सत्ति-चक्क-तोमर-असि-मोग्गरगहियपहरणावरणं । तक्खणमेत्तेण कयं, रणपरिहत्थं तओ सबं ॥ ८८ ॥
विसमाहयतूररवं, तुरङ्गवग्गन्त-चडुलपाइक्कं । रक्खसबलं महन्तं, अब्भिट्ठं इन्दसुहडाणं ॥ ८९ ॥
सुरवइभडेहि एत्तो, फलिहसिलाकुन्तसत्तिपहरेहिं । रक्खसबलस्स पमुहं, भग्गं विवडन्तगय-तुरयं ॥ ९० ॥
दट्ठूण नियसेन्नं, भज्जन्तं सुरभडेहि संगामे । सबाउहकयजोगा, आवडिया रक्खसा ताणं ॥ ९१ ॥
बज्जो य बज्जवेगो, हत्थ-पहत्थो तहेव मारीई । सुर-सारणो य जढरो, गयणुज्जलमाइया सुहडा ॥ ९२ ॥
सन्नद्ध-बद्ध-कवया, ददरोसुज्जलियदप्पमाहप्पा । तह जुज्झिउं पवत्ता, जह इन्दबलं समोसरियं ॥ ९३ ॥
दट्ठूण सेन्नपमुहं, भज्जन्तं रक्खसेहि संगामे । इन्दसुहडा वि ताणं, समुट्ठिया सहरिसुच्छाहा ॥ ९४ ॥
घणमाली तडिपिङ्गो, जलियक्खो अद्दिपञ्जरो चेव । जलहरमाई एए, जुज्झन्ति समं निसयरेहिं ॥ ९५ ॥
हय-जाण-वहियजोहं, दट्ठूण कइद्धओ महिन्दसुओ । उद्धाइओ य सहसा, पसन्नकित्ती रणपयण्डो ॥ ९६ ॥
अह मालवन्तपुत्तो, सिरिमाली सरसयाइँ मुञ्चन्तो । पविसरइ सुराणीए, रण्णे जह वणदवो दित्तो ॥ ९७ ॥

---

गया और लोकपालोंके साथ अस्त्र-शस्त्रोंसे लैस होने लगा। (८१-८२) कोई ऊपर उठे हुए ध्वजदण्डसे मण्डित रथ पर चढ़ा, दूसरा जिसकी कलगी हिल रही है, ऐसे काँपते हुए घोड़े पर सवार हुआ। दूसरा कोई कवच और शिरस्त्राण धारण करके कहता था कि शत्रुको जल्दी हाजिर करो। धनुष, शक्ति, खड्ग तथा बर्छेसे लैस वे एक-दूसरेको ललकार रहे थे। (८३-८४) तैयार होकर ऐरावत हाथी पर सवार इन्द्र लोकपालोंके समूहके साथ अपने नगरमेंसे बाहर निकला। (८५) बड़े बड़े नगाड़े और भेरियोंसे व्याप्त, काहल एवं उत्तम शंखोंके बजनेसे गम्भीर शब्दवाले तथा बादलकी गर्जनाकी भाँति निर्घोष करनेवाले युद्धवाद्य बजने लगे। (८६)

युद्धवाद्योंकी आवाज़ सुनकर अशान्त और त्रस्त घोड़े, हाथी, रथ और पैदल सैनिकोंवाली राक्षससेना भी तैयारी करने लगी। (८७) उसने फौरन ही बाण, शक्ति, चक्र, तोमर, तलवार और मुद्गर धारण करके तथा शस्त्रोंसे लैस हो रणके योग्य सब तैयारी की। (८८) रणवाद्योंके बजनेसे भयंकर आवाज़ करती हुई, कूदते हुए घोड़ों तथा चंचल पैदल सैनिकोंसे युक्त बड़ी भारी राक्षस सेना इन्द्रके सुभटोंके साथ भिड़ गई। (८९) स्फटिक शिलाओं, बाण एवं शक्ति द्वारा प्रहार करनेवाले इन्द्रके सुभटोंने गिरते हुए हाथी और घोड़ेवाले राक्षससैन्यके अग्रिम भागको तहस-नहस कर डाला। (९०) संग्राममें देवोंके सुभटों द्वारा अपने सैन्यका विनाश देखकर उसकी रक्षाके लिए सब प्रकारके आयुधोंसे सज्ज राक्षस आ पहुँचे। (९१) कवच पहने हुए तथा अत्यंत रोषके कारण रोषसे गौरवशाली आत्मावाले वज्र, वज्रवेग, हस्त, प्रहस्त, मारीचि, शुक, सारण, जठर तथा गगनोज्ज्वल आदि सुभट ऐसा युद्ध करने लगे कि इन्द्रकी सेना पीछे हट गई। (९२-९३) युद्धमें राक्षसों द्वारा अपने अग्रिम सैन्यका भंग देखकर इन्द्रके सुभट हर्ष और उत्साहके साथ रक्षाके लिए खड़े हुए। (९४) घनमाली, तडित्पिङ्ग, ज्वलिताक्ष, अद्रिपंजर तथा जलधर आदि सुभट निशाचरोंके साथ भिड़ गये। (९५) घोड़े रथ एवं योद्धाओंके विनाशको देखकर युद्ध करनेमें भयंकर महेन्द्रपुत्र कपिध्वज प्रसन्नकीर्ति सहसा उठ खड़ा हुआ। (९६) इस पर सैकड़ों बाणोंको छोड़ते हुए मालवन्तके पुत्र श्रीमालीने जंगलमें प्रदीप्त दावाग्निकी भाँति देवसेनामें प्रवेश किया। (९७)

---

१. मंडलाडोवं—प्रत्य०।

सिहि-केसरिदण्डो वि य, उग्गो कणयप्पभाइया सुहडा । जुज्झन्ति तेहि समयं, सिरिमालि-पसन्नकित्तीहिं ॥ ९८ ॥
सिरिमालीण रणमुहे, एयाण भडाण अद्धयन्देहिं । छिन्नाइँ पडन्ति महिं, सिराइँ जह पङ्कयाइं व ॥ ९९ ॥
दट्ठूण मारिया ते, भिच्चा सयमेव उट्ठिओ इन्दो । धरिओ य अलियन्तो, पुत्तेण तओ जयन्तेणं ॥ १०० ॥
अच्छ पहू ! वीसत्थओ, जावेए रणमुहे विवाडेमि । नक्खेण जं विलुप्पइ, तत्थ य परसूण किं कज्जं ? ॥ १०१ ॥
सिरिमालि-जयन्ताणं, आवडियं दारुणं महाजुज्झं । विविहाउहसंघट्टं, उट्ठन्तफुलिङ्गजालोहं ॥ १०२ ॥
सिरिमालीण सहरिसं, चावं आयड्ढिऊण कणएणं । विरहो कओ जयन्तो, मुच्छावसवेम्भलो जाओ ॥ १०३ ॥
आसासिऊण समरे, तत्थ जयन्तेण परमरुट्ठेणं । पहओ थणन्तरोवरि, सिरिमालि गयप्पहारेणं ॥ १०४ ॥
दट्ठूण विगयजीयं, सिरिमालिं इन्दई रणमुहम्मि । वाहेऊण रहवरं, अभिमुहिहूओ जयन्तस्स ॥ १०५ ॥
रावणपुत्तेण रणे, सुरिन्दपुत्तो सरेहि निब्भिन्नो । रुहिरारुणियसरीरो, गिरि व जह गेरुयालिद्धो ॥ १०६ ॥
दट्ठूण तं जयन्तं, पुत्तं सरघायरुहिरविच्छड्डं । उद्धाइओ य सहसा, इन्दो एरावणारूढो ॥ १०७ ॥
ढक्कारवेण महया, वियडघडा-रह-तुरङ्ग-पाइक्कं । वेढेइ इन्दसेन्नं, समन्तओ इन्दइकुमारं ॥ १०८ ॥
आलोइऊण पुत्तं, वेढिज्जन्तं रणे सुरबलेणं । लङ्काहिवो पयट्टो, इन्दाभिमुहो रहवरत्थो ॥ १०९ ॥
इन्दस्स लोगपाला, आवडिया रक्खसा य रणसूरा । मुञ्चन्ता सरवरिसं, परोप्परं दारुणामरिसा ॥ ११० ॥
असि-कणय-चक्क-तोमर-मोग्गर-करवाल-कोन्त-सूलेहिं । पहरन्ति एक्कमेक्कं, अदिन्नपट्ठी रणे सुहडा ॥ १११ ॥
हण हण हण त्ति कत्थइ, कत्थइ खण खण खणन्ति खग्गाइं । तड तड तड त्ति कत्थइ, सद्दो सरभिन्नदेहाणं ॥ ११२ ॥
हत्थी हत्थीण समं, आलग्गो रहवरो सह रहेणं । तुरएण सह तुरङ्गो, पाइक्को सह पयत्थेणं ॥ ११३ ॥

---

शिखी, केसरी, दण्ड, उग्र, तथा कनकप्रभ आदि सुभट श्रीमालो तथा प्रसन्नकीर्ति आदिके साथ जूझने लगे। (९८) युद्धक्षेत्रमें श्रीमालीने इन सुभटोंके सिर अर्द्धचन्द्र नामक बाणोंके प्रहारसे पंकजकी भाँति तोड़कर जमीन पर लुढ़का दिये। (९९) इन सेवकोंका मरण देखकर स्वयं इन्द्र उठ खड़ा हुआ। तब उसके पुत्र जयन्तने पासमें जाकर उसे रोका कि, हे प्रभो ! जबतक मैं इन्हें युद्धमें धराशायी करता हूँ तबतक आप विश्वस्त होकर ठहरो। जो नाखूनसे काटा जा सकता है वहाँ कुल्हाड़ीका क्या प्रयोजन ? (१००-१०१)

श्रीमाली एवं जयन्त इन दोनोंके बीच दारुण महायुद्ध होने लगा। विविध प्रकारके आयुधोंकी टकराहटके कारण वहाँ उठती हुई चिनगारियोंका जाल-सा लग गया। (१०२) श्रीमालीने गुस्सेमें धनुष्यको खींचकर बाण छोड़ा। उससे जयन्त रथसे च्युत कर दिया गया। मूर्च्छाके कारण वह विह्वल हो गया। (१०३) होशमें आने पर अत्यन्त क्रोधमें आये हुए जयन्तने उस युद्धमें श्रीमालीको छातीके बीच गदाके प्रहारसे आघात किया। (१०४) श्रीमालीको मरा जान इन्द्रजित युद्धक्षेत्रमें रथ लेकर आया और जयन्तके सामने उपस्थित हुआ। (१०५) रावणके पुत्र इन्द्रजितने सुरेन्द्रके पुत्र जयन्तको बाणोंसे ऐसा तो जर्जरित कर दिया कि गेरुसे युक्त पर्वतकी भाँति उसका शरीर रुधिरसे लाल-लाल हो गया। (१०६) बाणोंके आघातसे रक्त-प्लावित अपने पुत्रको देखकर ऐरावत हाथीके ऊपर आरूढ़ इन्द्र सहसा दौड़ा। (१०७) नगाड़ोंके बड़े भारी आवाजके साथ बादलोंकी विस्तृत घटाके सरीखी रथ, घोड़े और पैदल सैनिकोंसे युक्त इन्द्रकी सेनाने इन्द्रजित-कुमारको चारों ओरसे घेर लिया। (१०८) देवताओंके सैन्यके द्वारा अपने पुत्रको युद्धमें घिरा देखकर उत्तम रथके ऊपर स्थित रावण इन्द्रके सम्मुख उपस्थित हुआ। (१०९) इधर इन्द्रके लोकपाल आये तो उधर लड़नेमें बहादुर राक्षस भी आ डटे। क्रोधयुक्त वे सब एक-दूसरेके ऊपर बाणोंकी वर्षा करने लगे। (११०) तलवार, बाण, चक्र, तोमर, मुद्गर, खुखरी, बर्छी तथा भालोंसे वे सुभट उस युद्धमें पीठ दिखाये बिना एक-दूसरे पर प्रहार करने लगे। (१११) 'मारो, मारो, मारो' इस प्रकार सैनिक चिल्ला रहे थे। 'खन् खन् खन्' इस प्रकार तलवारें खनखना रही थीं। बाणोंसे विद्ध शरीरमेंसे 'तड् तड् तड्' ऐसा शब्द निकल रहा था। (११२) हाथियोंके साथ हाथी, रथके साथ रथ, घोड़ेके साथ घोड़े और पैदलके

सीसगहिएक्कमेक्का, सामियसम्माणलद्धमाहप्पा । जुज्झन्ति समरसूरा, कायरपुरिसा पलायन्ति ॥ ११४ ॥
जुज्झन्ताण सहरिसं, अन्नोन्नावडियसत्थघायग्गी । पज्जलइ सवओ च्चिय, जणयन्तो सुहडसंतावं ॥ ११५ ॥
पडुपडह-भेरि-काहल-गयगज्जिय-तुरयहिंसियरवेणं । न सुणन्ति एक्कमेक्कं, उल्लावं कण्णवडियं पि ॥ ११६ ॥
खग्ग-सर-सत्ति-तोमर-पहया लोलन्ति केइ महिवट्टे । पडिउट्ठियं करेन्ता, अवरे हिण्डन्ति वरजोहा ॥ ११७ ॥
तक्खणमेत्तुक्कत्तिय-निवडियसिररुहिरदिन्नचच्चिक्का । विसमाहयतूररवे, नच्चन्ति कबन्धसंघाया ॥ ११८ ॥
एयारिसम्मि जुज्झे, निवडन्ते सुहडसत्थसंघाए । लङ्काहिवेण भणिओ, अह एत्तो सारही सुमई ॥ ११९ ॥
वाहेहि रहवरं मे, तुरियं इन्दस्स अहिमुहं समरे । किं मारिएहि कीरइ, अन्नेहि अतुल्लविरिएहिं ? ॥ १२० ॥
गुण-रूवअसामन्नं, इन्दत्तं जं इमेण आढत्तं । फेडेमि सव्वमेयं, गव्वं विज्जाबलुप्पन्नं ॥ १२१ ॥
एवभणिएण सिग्घं, सारहिणा धय-वडायकयसोहो । मण-पवणसरिसवेगो, इन्दाभिमुहो रहो छूढो ॥ १२२ ॥
दट्ठूण रावणं ते, एज्जन्तं सुरभडा भउव्विग्गा । अह नासिउं पयत्ता, लङ्घन्ता चेव अन्नोन्नं ॥ १२३ ॥
भग्गं दट्ठूण बलं, इन्दो एरावणट्ठिओ कुद्धो । मुञ्चन्तो सरवरिसं, रक्खसनाहस्स अल्लीणो ॥ १२४ ॥
तं रावणो वि एन्तं, सरवरिसं निययबाणपहरेहिं । सिग्घं दुहा विरिक्कं, करेइ धणुवेयचलहत्थो ॥ १२५ ॥
घेत्तूण तो सरोसं, अग्गेयं पहरणं सुरिन्देणं । लङ्काहिवस्स उवरिं, विसज्जियं जलणपज्जलियं ॥ १२६ ॥
आरोलियं समत्थं, घणतावुम्हवियरक्खसाणीयं । अह रावणेण सिग्घं, वारुणसत्थेण विज्झवियं ॥ १२७ ॥
इन्देण पुणरवि लहुं, विसज्जियं तामसं महासत्थं । तं रावणो वि सिग्घं, उज्जोयत्थेण नासेइ ॥ १२८ ॥
जमदण्डसरिसरूवा, नायसरा फणमणीसु पज्जलिया । लङ्काहिवेण मुक्का, सयलं बन्धन्ति सुरसेन्नं ॥ १२९ ॥

---

साथ पैदल भिड़ गये। (११३) एक-दूसरेके सिर लेकर और इस तरह अपने-अपने स्वामियोंसे सम्मान और शाबाशी प्राप्त करनेवाले रणशूर सैनिक तो युद्ध कर रहे थे, जब कि कायर पुरुष भाग जाते थे। (११४) गुस्सेमें आकर लड़नेवाले योद्धा एक-दूसरे पर जो शस्त्र फेंकते थे उनके टकरानेसे उत्पन्न होनेवाली और सुभटोंको जलानेवाली आग चारों ओर जल रही थी। (११५) बड़े-बड़े नगाड़े, ढोल और काहल जैसे वाद्य तथा हाथियोंकी चिंघाड़ और घोड़ोंकी हिनहिनाहटके मारे कानमें पड़े हुए शब्द भी एक-दूसरेको सुनाई नहीं पड़ते थे। (११६) खड्ग, बाण, शक्ति एवं तोमरके प्रहारसे कई योद्धा जमीन पर लोट पड़ते थे और दूसरे अच्छे लड़ाकू उठ करके चलने लगते थे। (११७) उसी क्षण काटनेसे नीचे गिरे हुए मस्तकके रक्तसे लिपटे हुए धड़ोंके समूह आरोह-अवरोहके साथ बजाये जानेवाले वाद्योंकी ध्वनिमें नाचते थे। (११८)

जब इस प्रकार युद्ध हो रहा था और सुभटों द्वारा फेंके गये शस्त्र-समूह गिर रहे थे तब लङ्काधिपति रावणने सारथी सुमतिसे कहा कि युद्धभूमिमें मेरा रथ तुम जल्दी ही इन्द्रके सम्मुख ले जाओ। असमान बलवाले दूसरे योद्धाओंको मारकर क्या करूँ ? (११९-२०) इसने गुण और रूपकी दृष्टिसे अयोग्य ऐसा जो इन्द्रत्व प्राप्त किया है उसे तथा विद्या एवं बलसे उत्पन्न गर्व—इन सबको मैं नष्ट करता हूँ। (१२१) इस प्रकार कहनेपर सारथी ध्वज एवं पताकाओंसे शोभित तथा मन और पवनके जैसा वेगवाला रथ इन्द्रके सम्मुख ले गया। (१२२) रावणको आते देख भयसे उद्विग्न देव-सुभट एक दूसरेके ऊपर गिरते-पड़ते भागने लगे। (१२३) अपने सैन्यका विनाश देखकर गुस्सेमें आया हुआ इन्द्र बाणोंकी वर्षा करता हुआ रावणके पास आ पहुँचा। (१२४) धनुष्यके वेगके कारण चंचल हाथवाले रावणने उस आती हुई शर वर्षाके अपने बाणोंके प्रहारोंसे शीघ्र ही टुकड़े-टुकड़ेकर डाले। (१२५) तब सुरेन्द्रने रोषपूर्वक आगसे जलते हुए आग्नेय शस्त्रको उठाकर लंकाके राजा रावणपर छोड़ा। (१२६) अत्यन्त आकुलित समस्त राक्षससैन्यको एकत्रित करके रावणने शीघ्र ही वारुण शस्त्रसे उस आग्नेय-शस्त्रको बुझा दिया। (१२७) फिर इन्द्रने फौरन ही तामस नामका महाशस्त्र फेंका। रावणने उद्योत नामक शस्त्रके द्वारा उसका भी तत्काल नाश कर डाला। (१२८) बादमें लंकेश रावणने यमके दण्डके समान रूपवाले तथा फणोंमें लगे हुए मणियोंसे प्रज्वलित नाग-बाण फेंके। उन्होंने समग्र देव-सेनाको बाँध लिया। (१२९) नागोंके द्वारा

दट्ठूण नियसेन्नं, बद्धं नाएहिं विगयसुहचेट्ठं । गरुडत्थेण सुरवई, भुयङ्गपासे पणासेइ ॥ १३० ॥
लङ्काहिवो सुरिन्दं, दट्ठूणं नागपासपरिमुक्कं । आरुहइ तक्खणं चिय, भुवणालङ्कारमत्तगयं ॥ १३१ ॥
सक्को वि गयवरिन्दे, चडिओ एरावणे गिरिसरिच्छे । जुज्झइ दसाणणेणं, समयं हत्थी वि हत्थीणं ॥ १३२ ॥
दोण्णि वि महागइन्दा, आवडिया कढिणदप्पमाहप्पा । उत्तुङ्गमुसलदन्ता, उप्पाइयपव्वया चेव ॥ १३३ ॥
दोण्णि वि छुहन्ति घाए, दन्तेसु करेसु पुरिसगत्तेसु । गज्जन्ति गुलगुलेन्ति य, मेहा इव पाउसे काले ॥ १३४ ॥
पगलन्तदाणसलिला, महुयरगुञ्जन्तबद्धपरिवेढा । चवलपरिहत्थदच्छा, जुज्झन्ति रणे महाहत्थी ॥ १३५ ॥
जाव य जुज्झन्ति गया, ताव च्चिय दहमुहेण सुरनाहो । अभिलङ्घिऊण गहिओ, हत्थारोहं विवाडेउं ॥ १३६ ॥
दिव्वंसुएण बद्धो, नियगइन्दं च वलइउं°सिग्घं । ववगयदप्पुच्छाहो, चन्दो इव राहुगहणम्मि ॥ १३७ ॥
घेत्तूण पुणो मुक्को, इन्दसुओ इन्दईण संगामे । किं वा तुसेसु कीरइ, तन्दुलसारम्मि संगहिए? ॥ १३८ ॥
एत्तो इन्दस्स बलं, सबं गयवर-तुरङ्ग-पाइक्कं । भग्गं पलायमाणं, वेयड्ढगिरिं समणुपत्तं ॥ १३९ ॥
घेत्तूण सुराहिवई, दसाणणो नियसाहणसमग्गो । लङ्काहिमुहो चलिओ, छायन्तो अम्बरं विउलं ॥ १४० ॥
दट्ठूण समासन्ने, लङ्कापुरिजणवओ परियणो य । आगन्तूण अभिमुहो, अहिणन्दइ मङ्गलसएसु ॥ १४१ ॥
ऊसियसियायवत्तो, सुललियधुवन्तचामराजुयलो । लङ्कापुरिं पविट्ठो, देवावसहिं व देविन्दो ॥ १४२ ॥
संपत्तो नियघरं, नाणाविहमणिमऊहपज्जलियं । जयसद्दुग्घुट्ठरवो, पुप्फविमाणाउ अवइण्णो ॥ १४३ ॥

सन्नद्ध-बद्ध-कवया जिणिऊण सत्तू, आणामिया य बहवे वरभूमिपाला ।
पुव्वज्जिएण विमलेण सुहोदएण, लङ्काहिवो रमइ तत्थ सुहावगाढो ॥ १४४ ॥

॥ इह पउमचरिए वेयड्ढगमण-इंदबन्धण-लङ्कापवेसणो नाम बारसमो उद्देसओ समत्तो ॥

---

बद्ध और उस कारण सुखपूर्वक चेष्टा करना असम्भव हो गया है ऐसे अपने सैन्यको देखकर सुरपतिने गरुड़ास्त्र द्वारा सर्पोंके बन्धनका नाश किया। (१३०) नागपाशसे विमुक्त सुरेन्द्रको देखकर रावण फौरन ही भुवनालङ्कार नामके अपने मत्त हाथीपर सवार हुआ। (१३१) इन्द्र भी पर्वत सरीखे उत्तम ऐरावत हाथीपर चढ़ा और इस तरह हाथीके साथ हाथीको भिड़ाकर रावणके साथ लड़ने लगा। (१३२) भयंकर दर्पसे गौरवशाली, मुसलके जैसे बड़े-बड़े दाँतवाले और उखाड़े हुए पर्वतके जैसे वे दोनों महागजेन्द्र एक दूसरेसे भिड़ गये। (१३३) दोनों दाँतोंपर, सूंढ़ोंपर तथा पुरुष-गात्रोंपर चोट लगाते थे और वर्षाकालीन बादलोंकी भाँति गर्जना करते थे। (१३४) जिनमेंसे मदका पानी झर रहा है और घेरा लगाकर भौंरे जिनपर गूँज रहे हैं तथा चपल एवं निपुण दाँतोंवाले वे दोनों हाथी युद्धमें जूझ रहे थे। (१३५) जिस समय वे हाथी लड़ रहे थे उस समय ऊपरसे लाँघकर और महावतको गिराकर रावणने इन्द्रको पकड़ लिया। (१३६) दिव्य वस्त्रसे आवृत्त और राहुसे ग्रस्त चन्द्रकी भाँति दर्प एवं उत्साहसे शून्य इन्द्रने अपने हाथीको शीघ्र ही लौटा लिया। (१३७) संग्राममें इन्द्रजितने इन्द्रसुत जयन्तको पकड़कर फिर छोड़ दिया। साररूप चावल ले लेनेके पश्चात् भूसेसे क्या प्रयोजन? (१३८) इधर इन्द्रकी हाथी, घोड़े और पैदलरूप सारी सेना तितरबितर होकर भागी और वैताढ्यगिरिके पास आ पहुँची। (१३९)

रावणका लंका-प्रवेश—

देवेन्द्र इन्द्रको पकड़कर अपनी सेनाके साथ रावण विशाल आकाशको छाता हुआ लंकाकी ओर चला। (१४०) लंकानगरीके निवासी और परिजन रावणको समीपमें आते देख सामने गये और सैकड़ों मंगलाचारोंसे उसका अभिनन्दन करने लगे। (१४१) श्वेत छत्र धरे हुए और दो सुन्दर चँवर डुलाए जाते रावणने देवसभामें प्रवेश करनेवाले इन्द्रकी भाँति लंकापुरीमें प्रवेश किया। (१४२) पुष्पकविमानमेंसे नीचे उतरा हुआ और 'जय-जय' शब्दोंसे उद्घोषित रावणने नानाविध मणियोंमेंसे निकलनेवाली किरणोंसे प्रज्वलित अपने महलमें प्रवेश किया। (१४३) कवचधारी शत्रुओंको जीतकर और बहुतसे अच्छे-अच्छे राजाओंको झुकाकर पूर्वार्जित विमल पुण्योदयके प्रभावसे सुखमें लीन लंकानरेश रावण वहाँ आनन्दक्रीड़ा करने लगा। (१४४)

। पद्मचरितमें वैताढ्यगमन, इन्द्रबन्धन तथा लंकाप्रवेश नाम बारहवाँ उद्देश समाप्त हुआ।

## १३. इन्दनिव्वाणगमणाहियारो

एत्तो इन्दस्स भडा, पुरओ काऊण तं सहस्सारं । पत्ता रावणभवणं, पडिहारनिवेइओ दिट्ठो ॥ १ ॥
काऊण सिरपणामं, उवविट्ठो आसणे समासन्ने । तो भणइ सहस्सारो, दहवयणं आयरतरेणं ॥ २ ॥
जो तुज्झ पुरिसयारो, निबडिओ विक्कमो पयावो य । मुञ्चसु न किंचि कज्जं, इमेण इन्देण रुद्धेणं ॥ ३ ॥
भणइ तओ दहवयणो, जइ मह लङ्काएँ कज्जवकयारं । फेडेहि अपरितन्तो, दियहे दियहे नियय्कालं ॥ ४ ॥
संमज्जिओवलित्ता, काऊण मही इमाएँ नयरीए । कुसुमेहि अच्चियवा, सुरहिसुगन्धेहि दिवेहिं ॥ ५ ॥
एयारिसे निओगे, अज्जपभूइं महं जइ करेहि । मुञ्चामि तओ इन्दं, कत्तो पुण अन्नभेदेणं ? ॥ ६ ॥
जं रावणेण भणिओ, सलोगपालो तओ सहस्सारो । इन्दस्स मोयणट्ठे, अह इच्छइ सवमेयं तु ॥ ७ ॥
लङ्काहिवेण मुक्को, इन्दो वरदाण-माण-विभवेणं । सम्माणिऊण भणिओ, अज्जपभूइं महं भाया ॥ ८ ॥
भुञ्जसु वेयड्ढगिरिं, रहनेउरचक्कवालनयरत्थो । इन्दिय-मणाभिरामं, अणुहवसु सुहं जहिच्छाए ॥ ९ ॥
भणिऊण एवमेयं, सहस्सारो सुरवईण संजुत्तो । पत्तो सलोगपालो, रहनेउरचक्कवालपुरं ॥ १० ॥
नियय्भवणं पविट्ठो, सक्को विज्जाहरेहि थुवन्तो । सेसा वि लोगपाला, सपुराइँ गया सपरिवारा ॥ ११ ॥

इन्द्रस्य वैराग्यम्—

इन्दो उविग्गमणो, न य भवणे आसणे धिइं कुणइ । न य कुसुमवरुज्जाणे, पउमसरे नेव रमणिज्जे ॥ १२ ॥
कन्तासु न देइ मणं, इन्दो चिन्तावरो जिणाययणं । गन्तूण पणमिऊण स, इच्छइ भङ्गं विचिन्तेन्तो ॥ १३॥
धिद्धी ! अहो ! अकज्जं, किं कीरइ खेयराण रिद्धीए । विज्जु व चञ्चलाए, इन्दाउहलेहसरिसाए ? ॥ १४ ॥
ताओ चिय विज्जाओ, ते य भडा ते य गय-तुरङ्गा य । तिणसरिसं व भुयबलं, जायं पुण्णावसाणम्मि ॥ १५ ॥

---

## १३. इन्द्रका निर्वाणगमन

इधर सहस्रारको आगे करके प्रतिहार द्वारा निवेदित इन्द्रके सुभट रावणके महलमें आ पहुँचे। (१) शिरसे प्रणाम करके समीपवर्ती आसनके ऊपर सहस्रार बैठा। बादमें वह अत्यन्त आदरपूर्वक रावणसे कहने लगा कि तुम्हारा जो पौरुष, विक्रम एवं प्रताप है वह सिद्ध हुआ है। अब इस इन्द्रको बन्धनमें रखनेका कोई प्रयोजन नहीं है, अतः इसे छोड़ दो। (२-३) इसपर रावणने कहा कि, यदि मेरी लंकामेंसे प्रतिदिन नियत समयपर खिन्न हुए बिना कूड़ा-करकट दूर करे, इस नगरीकी जमीन बुहारकर लीपपोत दे और सुगन्धित दिव्य पुष्पों द्वारा इसकी पूजा करे—इस प्रकारका मेरा आदेश है। यदि वह आजसे उसका पालन करे तो मैं उसे छोड़ सकता हूँ, दूसरी तरहसे उसकी मुक्ति कैसे सम्भव है ? (४-६) रावणने जो कुछ कहा वह सब लोकपालोंके साथ सहस्रारने इन्द्रकी मुक्तिके लिये मंजूर किया। (७) रावणने इन्द्रको छोड़ दिया। वरदान, सम्मान एवं वैभवसे उसका सम्मान करके कहा कि आजसे तुम मेरे भाई हो। (८) रथनूपुर-चक्रवाल नगरमें रहकर वैताढ्यगिरिका उपभोग करो तथा इन्द्रिय एवं मनको अच्छे लगनेवाले सुखका यथेच्छ अनुभव करो। (९) 'ऐसा ही हो' ऐसा कहकर सुरपति इन्द्र और लोकपालोंके साथ सहस्रार रथनूपुरचक्रवालपुरमें आ पहुँचा। (१०)

विद्याधरोंके द्वारा स्तुत इन्द्रने अपने भवनमें प्रवेश किया। दूसरे लोकपाल भी परिवारके साथ अपने अपने नगरको चले गये। (११) खिन्न मनवाले इन्द्रको अपने भवनमें, सिंहासनके ऊपर, पुष्पोंसे छाये हुए उत्तम विमानमें और रमणीय पद्मसरोवरमें कहींपर भी शान्ति नहीं मिलती थी। (१२) चिन्तापरायण इन्द्रका अपनी पत्नियोंमें भी मन नहीं लगता था। वह जिनचैत्यमें जाकर और वन्दन करके अपनी पराजयके बारेमें सोचने लगा कि इस अकार्यके लिए मुझे धिक्कार है। बिजलीकी भाँति चंचल और इन्द्रधनुष्यकी रेखाकी भाँति क्षणिक खेचरोंकी इस ऋद्धिको लेकर मैं क्या करूँ ? (१३-१४) वे ही विद्याएँ थीं, वे ही सुभट तथा हाथी-घोड़े थे तथा वैसा ही भुजबल था, फिर भी पुण्य समाप्त होनेपर वे सब

वेरियनिहेण मज्झं, जाओ लङ्काहिवो परमबन्धू। निस्सारसुहासत्तो, जेणं पडिबोहिओ इहई ॥ १६ ॥
इन्दिय-मणाभिरामं, सबं सुहसंगमं पयहिऊण। गिण्हामि पावमहणी, पवज्जा जिणवरमयम्मि ॥ १७ ॥
एयम्मि देसयाले, साहू निबाणसंगमो नामं। तं चेव जिणायणं, अवइण्णो गयणमग्गाओ ॥ १८ ॥
दट्ठूण मुणिवरिन्दं, सक्को अब्भुट्ठिओ सपरितोसो। ओणमियउत्तमङ्गो, वन्दइ परमेण भावेण ॥ १९ ॥
साहू वि जहायारं, काऊण जिणिन्दचन्दपडिमाणं। दिन्नासणोवविट्ठो, तवतेयसिरीएँ दिप्पन्तो ॥ २० ॥

इन्द्रस्य पूर्वभवचरितम्—

पुणरवि नमिऊण मुणी, पुच्छइ सक्को परेण विणएणं। सामिय! कहेहि मज्झं, पुबभवं जं जहावत्तं ॥ २१ ॥
अह साहिउं पवत्तो, साहू तं पुबजम्मसंबन्धं। कह वि भमन्तेण तुमे, लद्धा वि हु माणुसी जाई ॥ २२ ॥
नयरे सिहिपुरिनामे, दालिद्दकुलम्मि तत्थ उप्पन्ना। दुहिया अलक्खणगुणा, वाहीसयपीडियसरीरा ॥ २३ ॥
माया पिया य तीए, कालगया दो वि कम्मजोएणं। कहकह वि जीविया सा, लोगुच्छिट्ठेण भत्तेणं ॥ २४ ॥
फुडियकर-पायजुयला, लुक्खसरीरा कुवत्थपरिहाणा। परिभमइ दुक्खियमणा, भेसिज्जन्ती जणवएणं ॥ २५ ॥
कम्मपरिनिज्जराए, कालं काऊण तत्थ उववन्ना। किंपुरिसस्स महिलिया, नामेणं खीरधार त्ति ॥ २६ ॥
तत्तो चुया समाणी, रयणपुरे धारिणीएँ गब्भम्मि। गोमुहकुडम्बियसुओ, सहस्सभाओ समुप्पन्नो ॥ २७ ॥
सम्मत्तं पडिवन्नो, सहस्सभाओ अणुबयसमग्गो। कालं काऊण तओ, सुक्कविमाणे समुप्पन्नो ॥ २८ ॥
चविऊण विमाणाओ, पुबिल्ले रयणसंचए नयरे। गुणवल्लीए पुत्तो, जाओ च्चिय मणिरए नयरे ॥ २९ ॥

---

तिनकेके समान सिद्ध हुए। (१५) शत्रुतुल्य होनेपर भो रावण, जिसने यहाँ इन निःसार सुखोंमें आसक्त मुझे जगाया है, मेरा परमबन्धु सिद्ध हुआ है। (१६) इन्द्रिय एवं मनको सुन्दर प्रतीत होनेवाले सारे सुख-साधनोंको छोड़कर पापका नाश करनेवाली जिनवरके धर्ममें जो प्रव्रज्या है वह मैं अंगीकार करूँ। (१७)

उसी समय निर्वाणसंगम नामके एक साधु गगनमार्गसे उस जिनभवनमें उतरे। (१८) उस मुनिवरको देखकर आनन्दसे युक्त वह शक्र खड़ा हुआ और मस्तक झुकाकर उत्कृष्ट भावके साथ वन्दन किया। (१९) तपके तेजकी कान्तिसे देदीप्यमान वह मुनि जिनेश्वरदेवकी प्रतिमाओंका अपने आचारके अनुरूप ( पूजन ) करके दिये हुए आसनपर बैठे। (२०) मुनिको पुनः नमस्कार करके शक्रने अत्यन्त विनयके साथ पूछा कि, हे स्वामी! मेरा जो और जैसा पूर्वभव था उसके बारेमें आप कहें। (२१) इसपर वह साधु उसके पूर्वजन्मके सम्बन्धमें कहने लगे—

इन्द्रके पूर्वभवोंका वृत्तान्त—

परिभ्रमण करते हुए तूने किसी प्रकार मानवजन्म प्राप्त किया। (२२) शिखिपुर नामक नगरमें एक दरिद्र कुलमें लक्षण एवं गुणसे रहित तथा सैकड़ों रोगोंसे पीड़ित एक लड़की उत्पन्न हुई थी। (२३) दुर्भाग्यवश उसके माता-पिता दोनों मर गये। लोगोंका जूठा अन्न खाकर वह किसी तरह जोती रही। (२४) फटे हुए हाथ-पैरोंवाली, रूक्ष शरीर तथा गन्दे व फटे-पुराने वस्त्र पहनी हुई और लोगोंसे डराई-धमकाई जाती वह मनमें दुःखित होकर इधर-उधर भटकती रहती थी। (२५) कर्मकी निर्जरावश मरनेके पश्चात् वह किंपुरुषको स्त्री क्षीरधाराके नामसे वहाँ उत्पन्न हुई। (२६) वहाँसे च्युत होनेपर रत्नपुरमें धारिणीके कृषक गोमुखके पुत्र सहस्रभानुके रूपमें उत्पन्न हुई। (२७) सम्यक्त्वधारी सहस्रभानुने अणुव्रत अंगीकार किये। वहाँसे मरकर वह शुक्र नामक विमानमें उत्पन्न हुआ। (२८) विमानसे च्युत होकर पूर्वके रत्नसंचय नगरमें मणिरत्नकी पत्नी गुणवल्लीके पुत्र रूपसे उत्पन्न हुआ। (२९) उस नन्दिवर्द्धनने राज्य करनेके पश्चात् जिनवरके

---

१. महणिं पव्वज्जं—प्रत्य०। २. मुणिं—प्रत्य०।

अह नन्दिवद्धणो सो, रज्जं काऊण जिणवरेण समं । पवइओ करिय तवं, गेविज्जं उत्तमं पत्तो ॥ ३० ॥
अहमिन्दपवरसोक्खं, भोत्तूण चुओ इहं भरहवासे । मणसुन्दरीऍ जाओ, सहसारसुओ तुमं इन्दो ॥ ३१ ॥
इन्दत्तं पडिवन्नो, मणाभिलासेण गब्भसमयम्मि । इह चक्कवालनयरे, जाओ विज्जाहराहिवई ॥ ३२ ॥
किं परितप्पसि दीहं, जह संगामे विणिज्जिओ अहयं ? । एयनिमित्तेण तुमं, कम्मकलङ्काउ मुच्चिहिसि ॥ ३३ ॥
किं न सरसि जं पुवं, कीलन्तेण वि य दुण्णएण कयं । तं सवं फुडवियडं, कहेमि निसुणेहि एगमणो ॥ ३४ ॥
नयरे अरिंजयपुरे, जलणसिहो नाम खेयराहिवई । महिला से वेगवई, दुहिया वि य होइ आहल्ला ॥ ३५ ॥
तीए सयंवरट्ठे, मिलिया विज्जाहरा बहुवियप्पा । बल-रिद्धिसमुदएणं, तुमं पि पत्तो तहिं चेव ॥ ३६ ॥
चन्दावत्तपुरुत्तम–सामी आणन्दमालिणो नामं । गहिओ सयंवराए, परभवकम्माणुभावेणं ॥ ३७ ॥
परिणेऊण नरिन्दो, तं कन्नं रूव-जोवणाउण्णं । रइसागरोवगाढो, भुञ्जइ भोगे सुरवरो व्व ॥ ३८ ॥
तत्तो पभूइ तुहयं, ईसावसरोसपसरियसरीरो । न य छड्डसि अणुबन्धं, तस्सुवरिं नन्दिमालिस्स ॥ ३९ ॥
अह अन्नया कयाई, संजमकम्मोदएण पडिबुद्धो । निक्खमइ नन्दिमाली, चइऊण परिग्गहा-ऽऽरम्भं ॥ ४० ॥
विहरन्तो संपत्तो, नदीऍ हंसावलीऍ तीरम्मि । समणसहिओ महप्पा, दिट्ठो य तुमे भमन्तेण ॥ ४१ ॥
ओलक्खिओ य साहू, झाणत्थो पवए रहावत्ते । सरियं ते जं वत्तं, आहल्लाकारणं सवं ॥ ४२ ॥
रुट्ठेण तुमे बद्धो, समणो सवेसु चेव अङ्गेसु । तह वि न कम्पइ समणो, मेरू विव वायगुञ्जाहिं ॥ ४३ ॥
समणस्स नियभाया, साहू कल्लाणगुणधरो नामं । दट्ठूण य उवसग्गं, रुट्ठो पडिमं समाणेइ ॥ ४४ ॥
कोवाणलेण सिग्घं, डहिऊण निरूविओ समाणेणं । सवसिरीऍ महरिसी, उवसमिओ तुज्झ महिलाए ॥ ४५ ॥

---

पास दीक्षा ली और तप करके उत्तम ग्रैवेयक विमानमें उत्पन्न हुआ। (३०) अहमिन्द्रके समान उत्तम सुखका उपभोग करके वहाँसे च्युत होनेपर इसी भरतक्षेत्रमें मनःसुन्दरीसे उत्पन्न तुम सहस्रारके पुत्र इन्द्र हुए हो। (३१) गर्भसमयमें तुमने जो मनमें अभिलाषा की थी उससे तुमने इन्द्रत्व प्राप्त किया है। इस चक्रवाल नगरमें तुम विद्याधरोंके अधिपति हुए हो। (३२) लड़ाईमें मैं हराया गया, ऐसा दीर्घ कालसे अनुताप तुम क्यों करते हो? इस निमित्तसे तुम कर्मरूपी कलंकसे मुक्त हो जाओगे। (३३) खेलखेलमें तुमने पूर्वकालमें जो दुर्नीति की थी वह क्या तुम्हें याद नहीं आ रही? वह सब मैं स्फुटरूपसे कहता हूँ। तुम बराबर ध्यान देकर सुनो। (३४)

अरिंजय नामक नगरमें ज्वलनसिंह नामका एक खेचराधिपति था। उसकी स्त्री वेगवती थी तथा अहल्या नामकी एक पुत्री भी थी। (३५) उसके स्वयंवरमें बल एवं ऋद्धिसे सम्पन्न अनेक विद्याधर इकट्ठे हुए थे। तुम भी वहाँपर आये थे। (३६) पूर्वजन्मके कर्मके फलरूप उस स्वयंवरा कन्या अहल्याने चन्द्रावर्त नामक उत्तम नगरके आनन्दमालिवर नामक स्वामीको अंगीकार किया। (३७) रूप एवं यौवनसे पूर्ण उस कन्याके साथ शादी करके प्रेमके सागरमें लीन वह राजा उत्तम देवकी भाँति भोगोंका उपभोग करने लगा। (३८) तबसे लेकर ईर्ष्यावश जिसके समग्र शरीरमें रोष व्याप्त हो गया है ऐसे तुमने उस नन्दिमालीके ऊपर वैरभाव नहीं छोड़ा। (३९) एक बार संयमजनक कर्मके उदयसे नन्दिमालीको बोध हुआ और परिग्रह एवं आरम्भका त्याग करके उसने दीक्षा ले ली। (४०) श्रमणोंके साथ विहार करता हुआ वह महात्मा हंसावली नदीके तीरपर आ पहुँचा। घूमते हुए तुमने उसे देखा। (४१) रथावर्त पर्वतके ऊपर ध्यानस्थ उस मुनिको तुमने पहचान लिया। अहल्याके कारण जो कुछ हुआ था वह सब तुम्हें याद हो आया। (४२) क्रोधमें आकर तुमने सभी अंगोंसे उस साधुको बाँध लिया, फिर भी गुंजारव करते हुए वायुसे जिस तरह मेरुपर्वत कम्पित नहीं होता उसी तरह वह कंपित न हुआ। (४३) श्रमणका अपना भाई और कल्याणगुणधर नामका साधु इस उपसर्गको देखकर क्रुद्ध हुआ। उसने प्रतिमायोग ( ध्यान ) पूर्ण किया। (४४) फौरन ही कोपरूपी अग्निसे जलाकर श्रमणने देखा। तुम्हारी पत्नी सर्वश्रीने उस महर्षिको शान्त किया। (४५) सम्यक्त्वयुक्त बुद्धिवाला और दयालु वह श्रमण उस स्त्रीको देखकर तत्काल शान्त हो

सम्मत्तभावियमई, तं महिलं पेच्छिउं दयावन्नो । समणो पसन्नमणसो, जाओ च्चिय तक्खणं चेव ॥ ४६ ॥
निम्ममनिरहङ्कारं, जो निन्दइ साहवं दढचरित्तं । आहणइ सवइ मूढो, सो पावइ दीहसंसारं ॥ ४७ ॥
एवं नाऊण तुमे, पुण्णस्स पराभवस्स य विसेसं । धम्मेण नवरि छिज्जइ, एयं दुक्खासयं सवं ॥ ४८ ॥
सुणिऊण नियचरियं, सक्को संवेगजायसब्भावो । पणमइ मुणी निसण्णो, पुणो पुणो मुणियपरमत्थो ॥ ४९ ॥
दाऊणं उवएसं, साहू संपत्थिओ नियठाणं । इन्दो वि सयलरज्जे, ठवेई पुत्तं विरियदत्तं ॥ ५० ॥
आपुच्छिऊण सक्को, माया-पिय-सयण-महिलियाओ य । गिण्हइ जिणोवइट्ठं, पवज्जं दुक्खमोक्खट्ठे ॥ ५१ ॥
अन्नोन्नजोगकरणेहि तवोविहाणं, काऊण कम्मकलुसस्स य सक्कनासं ।
उप्पन्ननाणविमलामलसुद्धभावो, इन्दो सिवं उवगओ परिनिट्ठियट्ठो ॥ ५२ ॥

॥ इय पउमचरिए इन्दनिव्वाणगमणो नाम तेरसमो उद्देसओ समत्तो ॥

## १४. अणंतविरियधम्मकहणाहियारो

अह सो सुरिन्दनाहो, मेरुं गन्तूण चेइयहराइं । थोऊण पडिनियत्तो, आगच्छइ नियबलीलाए ॥ १ ॥
घणगुरुगभीरसरिसं, सद्दं सोऊण रावणो खुहिओ । पेच्छइ य पलोयन्तो, कुंकुमवण्णं दिसाचक्कं ॥ २ ॥
परिपुच्छइ मारीई, कस्सेसो मेहसरिसनिग्घोसो ? । किं वा इमं समत्थं, भुवणं रत्तारुणच्छायं ? ॥ ३ ॥
भणइ तओ मारीई, सुवण्णतुङ्गे अणन्तविरियस्स । लोगा-ऽलोगपगासं, उप्पन्नं केवलं नाणं ॥ ४ ॥
जन्ताण साहुमूलं, देवाणं एस तूरनिग्घोसो । मणिमउडकिरणपसरिय-रएण भुवणं पि विच्छुरियं ॥ ५ ॥

---

गया । (४६) ममत्व एवं अहंकार रहित तथा चरित्रमें दृढ़ ऐसे साधुकी जो मूर्ख निन्दा करते हैं, उन्हें मारते हैं या दुःखी करते हैं वे दीर्घ संसार प्राप्त करते हैं । (४७) इस प्रकार पुण्य एवं पराभवके बीच जो विशेषता है वह तुम जानो । वस्तुतः इस समूचे दुःखका आधार धर्मसे ही नष्ट होता है । (४८)

अपने पूर्वाचरणके बारेमें सुनकर वैराग्यभाव जिसे उत्पन्न हुआ है ऐसे उस इन्द्रने मुनिको वन्दन किया और परमार्थपर पुनः पुनः विचार करता हुआ बैठा । (४९) उपदेश देकर साधुने अपने स्थानकी ओर प्रस्थान किया । इन्द्रने भी अपने समग्र राज्यपर वीर्यदत्त नामक पुत्रको स्थापित किया । (५०) माता, पिता, स्वजन एवं पत्नियोंकी अनुमति प्राप्त करके इन्द्रने दुःखके विनाशके लिए जिनोपदिष्ट प्रव्रज्या अंगीकार की । (५१) विभिन्न योग एवं करणोंसे तपविधि करके तथा कर्मरूपी मैलका सर्वनाश करके निर्मल ज्ञान एवं निष्कलंक व शुद्ध भाववाले और अर्थके पारगामी इन्द्रने मोक्ष प्राप्त किया । (५२)

। पद्मचरितमें इन्द्रका निर्वाण-गमन नामक तेरहवाँ उद्देश समाप्त हुआ ।

## १४. अनन्तवीर्यका धर्मोपदेश

एक बार वह सुरेन्द्रनाथ रावण मेरुपर्वत पर जाकर और चैत्यगृहोंमें स्तवन करके आरामसे वापस लौट रहा था (१) बादलके समान अतिगम्भीर शब्द सुनकर रावण क्षुब्ध हुआ । चारों तरफ दृष्टि डालने पर उसने कुंकुमके सदृश वर्णवाली दिशाएँ देखीं । (२) उसने मारीचिसे पूछा कि मेघके समान यह निर्घोष किसका है ? और यह समग्र लोक अरुणके समान लालकान्तिवाला क्यों हो गया है ? (३) इस पर मारीचिने कहा कि सुवर्णगिरिके ऊपर अनन्तवीर्यको लोक एवं अलोकको प्रकाशित करनेवाला केवलज्ञान हुआ है जो प्राणियोंके कल्याणके मूलरूप है । देवोंके वाद्योंका यह निर्घोष है तथा उनके मुकुटोंकी मणियोंमेंसे निकलनेवाली किरणोंके प्रकाशसे यह विश्व व्याप्त हो गया है । (४-५) उसका

सुणिऊण तस्स वयणं, अवहण्णो रावणो जणियतोसो । वन्दइ मुणिवरवसहं, तिक्खुत्त[1] पयाहिणं काउं ॥ ६ ॥
ताव च्चिय पढमयरं, देवा अभिवन्दिऊण उवविट्ठा । बीओ सुराहिवो इव, तत्थाऽऽसीणो दहमुहो वि ॥ ७ ॥
देव-मणुएसु एत्तो, खेयरवसहेसु आसणत्थेसु । सीसेण तत्थ समणो, जोवहियं पुच्छिओ धम्मं ॥ ८ ॥
तो फुड-वियडपयत्थं, निम्मल-निउणं सहावमहुरगिरं । कहिऊण समाढत्तो, बन्धं मोक्खं च मुणिवसहो ॥ ९ ॥
अट्ठविहकम्मबद्धो, जीवो परिभमइ दीहसंसारं । दुक्खाणि अणुहवन्तो, उदएणं वेयणिज्जस्स ॥ १० ॥
जइ कह वि माणुसत्तं, लभइ य परिनिज्जराएँ कम्माणं । तह वि य न कुणइ धम्मं, रस-फरिसवसाणुगो जीवो ॥ ११ ॥
रत्ता दुट्ठा मूढा, जे एत्थ कुणन्ति पावयं कम्मं । ते जन्ति नरयलोयं, बहुवेयणसंकुलं घोरं ॥ १२ ॥
वच्चन्ति महारम्भा, महाहिगरणा परिग्गहमहन्ता । तिव्वकसायपरिणया[2], ते वि य नरयं पवज्जन्ति ॥ १३ ॥

नरक गति:—

माया-पिइ-गुरु-भाया-भगिणी-पत्ती-सुयं च घाएन्ति । ते चण्डकम्मकारी, वच्चन्ति मया[3] महानरयं ॥ १४ ॥
मंसरसलुद्धगा वि य, वाउरिया[4] वाह-मच्छबन्धा य । आलीविया वि चोरा, गामा-ऽऽगर-देसघाया य ॥ १५ ॥
जे वि य मारेन्ति पसू, पुरोहिया होमकारणुज्जुत्ता । गुम्माहिवई वि नरा, ते वि य नरगोवगा हुन्ति ॥ १६ ॥
सीह-ऽच्छभल्ल-चित्तय-तन्तुय-तिमि-मयर-सुंसुमारा य । वच्चन्ति ते वि नरयं, जीवाहारा महापावा ॥ १७ ॥
पाडिप्पवग-बलाया, गिद्धा कुरुला य वञ्जुला चेव । उरगा महोरगा वि य, सव्वे ते नरयपहगामी ॥ १८ ॥
एए उ महारम्भा, भणामि एत्तो महाहिगरणा य । जे नरवईण मन्ती, दूया आएसदाया य ॥ १९ ॥

---

कथन सुनकर आनन्दमें आया हुआ रावण नीचे उतरा और तीन बार प्रदक्षिणा देकर मुनियोंमें वृषभके समान श्रेष्ठ ऐसे उन मुनिवरको वन्दन किया। (६) तबतक तो वन्दन करके पहले ही देव बैठ गये थे। दूसरे सुरेश अर्थात् इन्द्रके जैसा रावण भी वहाँ जाकर बैठा। (७) वहाँ देव, मनुष्य तथा उत्तम विद्याधरोंके आसन पर बैठ जाने पर किसी एक शिष्यने श्रमण भगवान्से जीवोंके लिए कल्याणकर धर्मके बारेमें पूछा। (८) तब स्फुट एवं गम्भीर पद तथा अर्थवाली, अत्यन्त निर्मल और अत्यन्त मधुर वाणीमें मुनियोंमें श्रेष्ठ ऐसे अनन्तवीर्य प्रभुने बन्ध एवं मोक्षके बारेमें कहना शुरू किया। (९)

आठ प्रकारके कर्मोंसे बद्ध जीव वेदनीय कर्मके उदयके अनुसार दुःखोंका अनुभव करता हुआ दीर्घ संसारमें परिभ्रमण करता है। (१०) कर्मोंकी निर्जरावश यदि वह किसी तरह मनुष्यभव प्राप्त करता है तो भी रस एवं स्पर्शके वशीभूत होकर जीव धर्म नहीं करता। (११) इस संसारमें जो दुष्ट एवं मूढ़ जीव पापकर्म करते हैं वे अत्यन्त वेदनासे भरे हुए घोर नरकलोकमें जाते हैं। (१२) जो हिंसादि महान् आरम्भ-समारम्भ करनेवाले हैं, जो अत्यन्त असंयमी होते हैं, जो बड़ा भारी परिग्रह रखते हैं और जो क्रोधादि तीव्र कषायोंसे युक्त होते हैं वे भी नरकमें जाते हैं। (१३) जो माता, पिता, गुरु, भाई, बहन, पत्नी और पुत्रका घात करते हैं—ऐसे भयंकर कर्म करनेवाले भी मर करके घोर नरकमें जाते हैं। (१४) मांस एवं रसमें लुब्ध, शिकारी, बहेलिये, मच्छीमार, आग लगानेवाले, चोर, गाँव नगर एवं देशका विनाश करनेवाले तथा यज्ञके लिए उद्युक्त जो पुरोहित पशुको मारते हैं और जो मनुष्य सेनाके अधिपति होते हैं वे भी नरकमें जानेवाले होते हैं। (१४-१६) सिंह, रीछ-भालू, चिता तथा तन्तु ( जलजन्तु-विशेष ), मछली, मगरमच्छ एवं सुंसुमार ( मत्स्य-विशेष ) जीवोंका आहार करनेवाले ऐसे जो महापापी पशु हैं वे भी नरकमें जाते हैं। (१७) पारिप्लवक (पक्षी-विशेष) बगुले, गीध, कुरुल ( पक्षी-विशेष ), वंजुल ( पक्षी-विशेष ), सर्प तथा महानाग—ये सभी नरकमार्गके अनुगामी हैं। (१८) ये सब महारम्भ अर्थात् हिंसादि पापाचार करनेवाले हैं। अब जो महाधिकरण अर्थात् असंयमी हैं उनके बारेमें कहता हूँ। राजाके जो मंत्री, दूत तथा आज्ञाका पालन करनेवाले हैं, जो बाण एवं अस्त्रविद्याके उपाध्याय हैं, जो विष एवं द्यूतके प्रयोक्ता

---

१. त्रिवारा। २. मृताः। ३. वागुरिकाः।

ईसत्थउवज्झाया, विसजोगपउञ्जणा अलियवादी । मरिऊण जन्ति निरयं, नरिन्देनेमित्तिया जे य ॥ २० ॥
अन्ने वि एवमाई, वायाए अज्जिणन्ति जे पावं । ते सव्वे अहिगरणा, हवन्ति नरओवगा मणुया ॥ २१ ॥
चक्कहरा य नरिन्दा, मण्डलिया रट्ठसामिणो जे य । अन्ने वि एवमाई, बहवे नरओवगा होन्ति ॥ २२ ॥
मण-वयण-कायगुत्तं, निरहंकारं जिइन्दियं धीरं । समणं च जो दुगुञ्छइ, सो वि य नरयं समज्जेइ ॥ २३ ॥
एवंविहा य जीवा, नरए वहुवेयणा समुप्पन्ना । छिज्जन्ति य भिज्जन्ति य, करवत्त-ऽसिपत्त-जन्तेसु ॥ २४ ॥
सीहेसु य वग्घेसु य, पक्खीसु य लोहतुण्डमाईसु । खज्जन्ति आरसन्ता, पावा पावन्ति दुक्खाइं ॥ २५ ॥

तिर्यंगतिः—

जे पुण नियडीकुडिला, कूडतुला-कूडमाणववहारी । रसभेदिणो य पावा, जे य ठिया करिसणाईसु ॥ २६ ॥
अन्ने वि एवमाई, इन्दियवसगा विमुक्कधम्मधुरा । अट्टज्झाणेण मया, ते वि य गच्छन्ति तिरियगइं ॥ २७ ॥
निच्चं भयदुद्दुयमणा, असण-तिसा-वेयणापरिगहिया । अणुहोन्ति तिरियजीवा, तिक्खं दुक्खं नियय़कालं ॥ २८ ॥

मनुष्यगतिः—

गो-महिसि-उट्ट-पसुया, तणचारी एवमाईया बहवे । मरिऊण होन्ति मणुया, मन्दकसाया नरा जे य ॥ २९ ॥
आरिय-अणारिया वि य, कुलेसु अहमुत्तमेसु उववन्ना । अप्पाउया य दीहाउया य जीवा सकम्मेसु ॥ ३० ॥
केएत्थ अन्ध-बहिरा, मूया खुज्जा य वामणा पङ्गु । धणवन्ता गुणवन्ता, केइ दरिद्देण अभिभूया ॥ ३१ ॥
लोभमहागहगहिया, केई पविसन्ति रणमुहं सूरा । अवरे य सायरवरे, वीईसंघट्टकल्लोले ॥ ३२ ॥
केएत्थ अडविमज्झे, सत्थाहा पविसरन्ति बीहणयं । अन्ने वि करिसणाईवावारसएसु संजुत्ता ॥ ३३ ॥

देवगतिः—

एवं मणुयगईए, सवत्तो जाणिऊण दुक्खाइं । सहरागसंजमा वि य, करेन्ति धम्मं बहुवियप्पं ॥ ३४ ॥

---

हैं, जो असत्यवादी हैं तथा राजाके जो ज्योतिषी हैं वे मर करके नरकमें जाते हैं। (१६-२०) ऐसे ही दूसरे भी जो वचनके पापको नहीं जीतते वे सब अधिकरण ( असंयमी ) मनुष्य नरकमें जानेवाले होते हैं। (२१) चक्रवर्ती राजा, सामन्त, जो राष्ट्रके अधिपति होते हैं वे तथा ऐसे दूसरे भी बहुतसे नरकगामी होते हैं। (२२) मन, वचन एवं कायाका संयम करनेवाले, निरहंकार, जितेन्द्रिय तथा धीर ऐसे श्रमणकी जो निन्दा करता है वह भी नरक प्राप्त करता है। (२३) अत्यन्त वेदनावाले नरकोंमें उत्पन्न ऐसे जीव करवत, तलवार तथा यंत्रों द्वारा काटे तथा खण्ड खण्ड किये जाते हैं। (२४) सिंह, व्याघ्र तथा लोहतुण्ड आदि पक्षियों द्वारा वे खाये जाते हैं। उस समय चिल्लाते हुए वे पापी दुःख प्राप्त करते हैं। (२५) जो कपटी और कुटिल होते हैं, जो झूठे तौल और झूठे मापसे व्यवहार करते हैं, जो रसवाली चीजोंमें मिलावट करते हैं, जो खेती आदिमें लगे हुए हैं तथा दूसरे भी ऐसे ही जो इन्द्रियके वशीभूत एवं धर्मधुराका त्याग करनेवाले होते हैं वे भी आर्तध्यानसे मरकर तिर्यंच गतिमें जाते हैं। (२६-२७) भयसे पीड़ित मनवाले तथा खाने-पीनेकी वेदनासे व्याकुल पशु-पक्षी आदि तिर्यंच जीव नियत काल तक अर्थात् आयुष्यपर्यन्त सदैव तीव्र दुःखका अनुभव करते हैं। (२८) गाय, भैंस तथा ऊँट और ऐसे ही दूसरे घास खानेवाले पशु तथा मन्द कषायवाले मनुष्य मर करके मनुष्य होते हैं। (२९) अल्प आयुष्य अथवा दीर्घ आयुष्यवाले जीव अपने कर्मके अनुसार आर्य अथवा अनार्य तथा उत्तम अथवा अधम कुलोंमें उत्पन्न होते हैं। (३०) कोई यहाँ पर अन्धे, बहिरे, गूँगे, कुबड़े, बौने, पंगु होते हैं, कोई धनी और गुनी होते हैं तो कोई दारिद्र्यसे अभिभूत होते हैं। लोभरूपी महाग्रहसे ग्रस्त कोई शूरवीर युद्धके मुखमें तो दूसरे तरंगोंके टकरानेसे शब्दायमान समुद्रमें प्रवेश करते हैं। इस संसारमें कई सार्थवाह बीहड जंगलमें प्रवेश करते हैं तो दूसरे खेती आदि सैकड़ों व्यापारोंमें जुड़े हुए हैं। (३१-३३) इस प्रकार मनुष्यगतिमें चारों ओर दुःख है ऐसा जानकर सरागसंयमी ( गृहस्थ ) अनेक प्रकारके धर्मका पालन करते हैं। (३४) पाँच अणुव्रतसे युक्त

पञ्चाणुव्वयजुत्ता, केएत्थ अकामनिज्जराए य । एवंविहा मणुस्सा, मरिऊण लहन्ति देवत्तं ॥ ३५ ॥
केएत्थ भवणवासी, वन्तर-जोइसिय-कप्पवासी य । जोगविसेसेण पुणो, हवन्ति अहमुत्तमा देवा ॥ ३६ ॥
एवं चउप्पयारे, संसारे संसरन्ति कम्मवसा । जीवा मोहपरिणया, तं सिवसोक्खं अपावेन्ता ॥ ३७ ॥

सुपात्रकुपात्रं दानं, तत्प्रकाराः, फलं च:—

दाणेण वि लभइ नरो, सुमाणुसत्तं तहेव देवत्तं । जं देइ संजयाणं, चारित्तविसुद्धसीलाणं ॥ ३८ ॥
जे नाण-संजमरया, अणन्नदिट्ठी जिइन्दिया धीरा । ते नाम होन्ति पत्तं, समणा सव्वुत्तमा लोए ॥ ३९ ॥
सुह-दुक्खेसु य समया, जेसिं माणे तहेव अवमाणे । लाभा-ऽलाभे य समा, ते पत्तं साहवो भणिया ॥ ४० ॥
भावेण य जं दिन्नं, फासुयदाणोसहं मुणिवराणं । तं इन्दियाभिरामं, विउलं पुण्णप्फलं होइ ॥ ४१ ॥
मिच्छदिट्ठीण पुणो, जं दिज्जइ राग-दोसमूढाणं । आरम्भपरिणयाणं, तं चिय अफलं हवइ दाणं ॥ ४२ ॥
कूएक्करसजलेणं, अहिसित्ता पायवा बहुवियप्पा । तित्तं च महुर-कडुया, हवन्ति नियययाणुभावेणं ॥ ४३ ॥
एवमिह भत्तमेयं, सुसीलवन्ताण सीलरहियाणं । दिन्नं अन्नम्मि भवे, सुहमसुहफलावहं होइ ॥ ४४ ॥
अप्पसरिसाण दाणं, जं दिज्जइ कामभोगतिसियाणं । तं न हु फलं पयच्छइ, धणियं पि हु उज्जमन्ताणं ॥ ४५ ॥
हा! कट्टं चिय लोओ, कहयं वेयारिओ कुलिङ्गीहिं । कुग्गन्थकत्थएहिं, उम्मग्गपलोट्टजीवेहिं ? ॥ ४६ ॥
उवइट्ठं चिय मंसं, जागं काऊण भुञ्जह न दोसो । इन्दियवसाणुगेहिं, परलोगनियत्तचित्तेहिं ॥ ४७ ॥
काऊण धम्मबुद्धी, जे मंसं देन्ति जे य खायन्ति । उभओ वि जन्ति नरयं, तिव्वमहावेयणं घोरं ॥ ४८ ॥
जइ वि हु तवं महन्तं, कुणइ य तित्थाभिसेवणं सयलं । मंसं च जो न भुञ्जइ, तं तेण समं न य भवेज्जा ॥ ४९ ॥

---

कोई-कोई यहाँ अकामनिर्जरा करते हैं। इस प्रकारके मनुष्य मर करके देवत्व प्राप्त करते हैं। (३५) कई इस देवगतिमें भवनवासी होते हैं तो कई व्यंतर ज्योतिष्क तथा कल्पवासी देव होते हैं और अपनी मन-वचन-कायाकी प्रवृत्ति रूप योग विशेषके अनुसार अधम अथवा उत्तम देव बनते हैं। (३६) इस प्रकार चतुर्विध संसारमें मोहमें परिणत जीव परिभ्रमण करते हैं, और उस शिवसुखको (मोक्षको) प्राप्त नहीं करते। (३७)

दानसे मनुष्य अच्छा मानवभव प्राप्त करता है तथा जो चारित्र एवं विशुद्ध शीलवाले संयमीको दान देता है वह देवगति प्राप्त करता है। (३८) जो ज्ञान एवं संयममें रत हैं और जो सत्यदृष्टि, जितेन्द्रिय तथा धीर होते हैं वे ही सर्वोत्तम श्रमण दानके पात्र हैं। (३९) सुख-दुःखमें जो समभाव रखते हैं, जो मान एवं अपमानमें तथा लाभ एवं हानिमें सम रहते हैं, वे ही साधु दानके पात्र कहे गये हैं। (४०) भावपूर्वक जो प्रासुक दान तथा औषध मुनिवरोंको दिया जाता है वह इन्द्रियोंके लिए सुन्दर तथा विपुल पुण्यरूपी फलमें कारणभूत होता है। (४१) किन्तु राग-द्वेषसे मूढ़ तथा हिंसादि आरम्भमें लगे हुए मिथ्यादृष्टियोंको जो दान दिया जाता है वह निष्फल जाता है। (४२) जिस प्रकार कुएँके एक ही स्वादवाले पानीसे सींचे गये अनेक प्रकारके वृक्ष अपने अपने स्वभावके अनुसार तीखे, मीठे अथवा कडुए होते हैं, इसी प्रकार सुन्दर शीलवालोंको तथा शीलरहित जनोंको दिया गया भोजन दूसरे भवमें शुभ अथवा अशुभ फलदायी होता है। (४३-४४) अपने ही जैसे कामभोगोंमें तृषित लोगोंको जो दान दिया जाता है वह प्रशंसनीय होने पर भी उसमें उद्यम करनेवालोंको फल नहीं देता। (४५) अफसोस है कि कुशास्त्रोंका कथन करनेवाले तथा उन्मार्ग पर फेंके गये मिथ्यात्वी जीवोंने किस तरह लोगोंको ठगा है! (४६) इन्द्रियोंके वशवर्ती तथा परलोकसे जिन्होंने मन हटा लिया है ऐसे लोगोंने उपदेश दिया है कि यज्ञ करके मांस खाओ तो इसमें दोष नहीं है। (४७) धर्मबुद्धिसे जो मांस देते हैं और जो खाते हैं वे दोनों घोर तथा अत्यन्त तीव्र वेदनासे युक्त नरकमें जाते हैं। (४८) यदि कोई बड़ा भारी तप करता है और समग्र तीर्थोंकी सेवा करता है तो वह, जो मांस नहीं खाता उसकी बराबरी नहीं कर सकता। (४९) जोगोदान, कन्यादान, भूमिदान तथा सुवर्णदान करते हैं वे

गो-इत्थि-भूमिदाणं, सुवण्णदाणं च जे पउञ्जन्ति । ते पावकम्मगरुया, भमन्ति संसारकन्तारे ॥ ५० ॥
बन्धण-ताडण-दमणं, तु होइ गाईण दारुणं दुक्खं । हल-कुलिसेसु य पुहई, दारिज्जइ जन्तुसंघायं ॥ ५१ ॥
जो वि हु देइ कुमारी, सो वि हु रागं करेइ गिद्धिं च । रागेण होइ मोहो, मोहेण वि दुग्गईगमणं ॥ ५२ ॥
हेमं भयावहं पुण, आरम्भ-परिग्गहस्स आमूलं । तम्हा वज्जन्ति मुणी, चत्तारि इमाणि दाणाणि ॥ ५३ ॥
नाणं अभयपयाणं, फासुयदाणं च भेसजं चेव । एए हवन्ति दाणा, उवइट्ठा वीयरागेहिं ॥ ५४ ॥
नाणे उ दिव्वनाणी, दीहाऊ होइ अभयदाणेणं । आहारेण य भोगं, पावइ दाया न संदेहो ॥ ५५ ॥
लहइ य दिव्वसरीरं, साहूणं भेसजस्स दायारो । निरुवमअङ्गोवङ्गो, उत्तमभोगं च अणुहवइ ॥ ५६ ॥
जह वड्ढइ वडबीयं, पुहइयले पायवो हवइ तुङ्गो । तह मुणिवराण दाणं, दिन्नं विउलं हवइ पुण्णं ॥ ५७ ॥
जह खेत्तम्मि सुकिट्ठे, सुबहुत्तं अब्भुयं हवइ बीयं । तह संजयाण दाणं, महन्तपुण्णावहं होइ ॥ ५८ ॥
जह ऊसरम्मि बीयं, खित्तं न य तस्स होइ परिवुड्ढी । तह मिच्छत्तमइलिए, पत्ते अफलं हवइ दाणं ॥ ५९ ॥
सद्धा सत्ती भत्ती, विन्नाणेण य हवेज्ज जं दिन्नं । तं दाणं विहिदिन्नं, पुण्णफलं होइ नायवं ॥ ६० ॥
विविहाउहगहियकरा, सव्वे देवा कसायसंजुत्ता । कामरइरागवसगा, निच्चकयमण्डणाभरणा ॥ ६१ ॥
जे एवमाइ देवा, न हु ते दाणस्स होन्ति नेयारो । सयमेव जे न तिण्णा, कह ते तारन्ति अन्नजणं ? ॥ ६२ ॥
जह पङ्गुलेण पङ्गू, निज्जइ देसन्तरं सखन्धेणं । तह एएसु वि धम्मो, देवेसु न एत्थ संदेहो ॥ ६३ ॥
जे य पुण वीयरागा, तित्थयरा सव्वदोसपरिमुक्का । ते होन्ति नवरि लोए, उत्तमदाणस्स नेयारा ॥ ६४ ॥

अशुभ कर्मोंसे भारी हो संसाररूपी जंगलमें भटकते हैं। (५०) बन्धन, ताड़न तथा दमन जैसा दारुण दुःख गायोंको होता है। हलोंके फलोंसे जन्तुओंसे व्याप्त पृथ्वी तोड़ी-फोड़ी जाती है। (५१) जो कन्या देता है वह भी राग और आसक्ति पैदा करता है। रागसे मोह होता है और मोहसे तो दुर्गतिमें गमन होता है। (५२) सोना तो आरम्भ-परिग्रहका मूल है। अतः मुनि इन चार दानोंका परित्याग करते हैं। (५३) ज्ञान दान, अभयदान, प्रासुक अन्न-जलका दान तथा औषधदान—वीतराग द्वारा उपविष्ट ये चार दान हैं। (५४) ज्ञानदानसे दिव्य ज्ञानी, अभयदानसे दीर्घआयुष्य तथा आहारदानसे दाता भोग प्राप्त करता है इसमें सन्देह नहीं है। (५५) साधुको दवाका दान देनेवाला दिव्य शरीर व निरुपम अंगोपांग प्राप्त करता है तथा उत्तम भोगका अनुभव करता है। (५६) जिस प्रकार बरगदका बीज बढ़नेपर पृथ्वी पर विशाल वृक्ष बनता है उसी प्रकार मुनिवरको दान देनेसे विपुल पुण्य होता है। (५७) जिस प्रकार अच्छी तरह जुते गये खेतमें बहुत बड़ी मात्रामें और अद्भुत दाने पैदा होते हैं उसी प्रकार संयत मुनियोंको दिया गया दान बड़े भारी पुण्यका कारण होता है। (५८) जिस तरह ऊसर जमीनमें बीज बोने पर उसकी अभिवृद्धि नहीं होती, उसी तरह मिथ्यात्वसे मलिन पात्रमें दिया गया दान निष्फल जाता है। (५९) श्रद्धापूर्वक, यथाशक्ति, भक्तिभावसे तथा विवेकबुद्धिसे जो दान दिया जाता है वह विधिपूर्वक दिया कहा जाता है और वही पुण्यफलदायी होता है ऐसा समझना चाहिए। (६०) विविध प्रकारके आयुध हाथमें धारण करनेवाले, सब देव काम रति एवं रागके वशीभूत तथा सदैव मण्डन व आभूषण धारण करनेवाले होते हैं। (६१) ऐसे ही जो दूसरे देव हैं वे दानको ग्रहण करनेवाले नहीं होते, क्योंकि जो स्वयं पार नहीं पहुँचे हैं वे दूसरे लोगोंको कैसे पार लगायेंगे ? (६२) जिस प्रकार एक लंगड़ा दूसरे लंगड़ेको अपने कन्धेपर बिठाकर दूसरे स्थानपर ले जाय ( जो अशक्य है ), उसी प्रकार इसमें सन्देह नहीं कि इन देवोंमें धर्म असम्भव है। (६३) जो सब दोषोंसे रहित वीतराग तीर्थंकर होते हैं वे इस लोकमें उत्तम दानके अधिकारी हैं। (६४) आसक्तिसे पार उतरे हुए

१. अनुयोगद्वारेषु कुलिसस्थाने कुलियाशब्दो दृश्यते—"जण्णं हल-कुलियादीहिं खेत्ताइं उवक्कामिज्जन्ति" सूत्र ६७ पत्र ४८-१। "अधोनिवद्धतिर्यक्तीक्ष्णलोहपट्टिकं मयिकाख्यघुतरं काष्ठं तृणादिच्छेदार्थं यत् क्षेत्रे वाह्यते तद् मरुमण्डलादिप्रसिद्धं कुलिकमुच्यते।

२. श्रद्धया शक्त्या भक्त्या।

जे जिणवराण धम्मं, करेन्ति पडिमाण तिण्णसङ्काणं । पूयासु य उज्जुत्ता, ते होन्ति सुरा महिड्ढीया ॥ ६५ ॥
धयवडय पट्टयं वा, धूवं दीवं च जे जिणाययणे ! देन्ति नरा सोममणा, ते वि य देवत्तणमुवेन्ति ॥ ६६ ॥
एवंविहं तु दाणं, दाऊण नरा परंपरसुहाइं । भोत्तूण देवमणुयत्तणम्मि पच्छा सिवं जन्ति ॥ ६७ ॥
सुणिऊण भाणुकण्णो, दाणं सयवित्थरं कयपणामो । पुच्छइ अणन्तविरियं, सामिय धम्मं परिकहेहि ॥ ६८ ॥
तो भणइ अणन्तबलो, दुविहो धम्मो जिणेहि उवइट्ठो । सायार निरायारो, सो वि हु बहुपज्जओ होइ ॥ ६९ ॥

श्रमणधर्मः —

हिंसा-ऽलिय-चोरिक्का-मेहुण-परिग्गहस्स नियत्ती । एयाइं पञ्च महव्वयाणि समणाण भणियाणि ॥ ७० ॥
इरिया भासा तह एसणा य आयाणमेव निक्खेवो । उच्चाराई समिई, पञ्चमिया होइ नायव्वा ॥ ७१ ॥
मणगुत्ती वयगुत्ती, तहेव कायस्स जा हवइ गुत्ती । एयाउ मुणिवरेणं, नियमयमिह धारियव्वाओ ॥ ७२ ॥
कोहो माणो माया, लोभो रागो य दोससंजुत्तो । एए निरुम्भियव्वा, देहे लीणा महासत्तू ॥ ७३ ॥
अणसणमूणोयरिया, वित्तीसंखेव कायपरिपीडा । रसपरिचागो य तहा, विवित्तसयणासणं चेव ॥ ७४ ॥
पायच्छित्तं विणओ, वेयावच्चं तहेव सज्झाओ । झाणं चिय उस्सग्गो, तवो य अब्भिन्तरो एसो ॥ ७५ ॥

---

जिनवरोंके धर्मको जो प्रमाणरूप मानते हैं और जो उनकी पूजामें उद्यमशील रहते हैं वे बड़ी भारी ऋद्धिवाले देव होते हैं। (६५) जो सौम्यमनस्क मनुष्य जिन शासनमें ध्वज एवं पताकाके लिए वस्त्र, धूप तथा दीपका दान देते हैं वे भी देवत्व प्राप्त करते हैं। (६६) इस प्रकारका दान देनेसे मनुष्य देव एवं मानव भवमें सुखोंकी परम्पराका उपभोग करके बादमें मोक्षमें जाते हैं। (६७)

इस प्रकार विस्तारके साथ दानके बारेमें सुनकर प्रणत भानुकर्णने अनन्तवीर्यसे निवेदन किया कि, हे स्वामी! धर्मके बारेमें आप कहें। (६८) इसपर अनन्तवीर्य प्रभुने कहा कि जिनेश्वर भगवानोंने दो प्रकारके धर्मका उपदेश दिया है, सागार और अनगार। इसके भी अनेक भेद हैं। (६९) हिंसा, झूठ, चोरी, मैथुन एवं परिग्रहसे निवृत्ति—ये श्रमणोंके पाँच महाव्रत कहे गये हैं। (७०) ईर्या, भाषा, एषणा, आदान-निक्षेप तथा उत्सर्ग—ये पाँच समितियाँ ज्ञातव्य हैं।[२] (७१) मनोगुप्ति, वचनगुप्ति तथा कायगुप्ति—ये तीन गुप्तियाँ मुनिवरको अवश्यमेव धारण करनी चाहिए[३]। (७२) क्रोध, मान, माया, लोभ तथा द्वेषके साथ राग—ये शरीरमें रहनेवाले महाशत्रु हैं, अतः इनका विरोध करना चाहिए। (७३) अनशन, ऊनोदरिता, वृत्तिसंक्षेप, कायक्लेश, रसपरित्याग तथा विविक्तशय्यासन—ये छः बाह्य तप हैं। (७४) प्रायश्चित, विनय, वैयावृत्त्य, स्वाध्याय, ध्यान और उत्सर्ग ये छः अभ्यन्तर तप हैं। (७५) जिनवरोंने बारह प्रकारके[४] इस तपका उपदेश

---

१. सागारः निरगारः।

२. (१) ईर्यासमिति—किसी भी जन्तुको क्लेश न हो इस प्रकार सावधानीसे चलना। (२) भाषासमिति—सत्य, हितकारी, परिमित एवं सन्देहरहित बोलना। (३) एषणासमिति—जीवनयात्राके लिए आवश्यक निर्दोष साधनोंको जुटानेमें सावधानीके साथ प्रवृत्ति करना। (४) आदाननिक्षेपसमिति—वस्तुमात्राको भलीभाँति देखकर तथा प्रमार्जित करके लेना या रखना। (५) उत्सर्गसमिति—जन्तुशून्य प्रदेशमें देखकर एवं प्रमार्जित करके ही अनुपयोगी वस्तुओंको डालना।

३. (१) कायगुप्ति—लेने-देने अथवा बैठने-उठने आदिमें विवेकपूर्वक शारीरिक व्यापारका नियम करना। (२) वचनगुप्ति—बोलनेका प्रसंग उपस्थित होने पर या तो वचनका नियम करना या अवसरोचित मौन धारण करना। (३) मनोगुप्ति—दुष्ट एवं भले-बुरे मिश्र संकल्पका परित्याग करके शुभ संकल्पका सेवन करना।

४. जिस तपमें शारीरिक क्रियाकी प्रधानता होती है वह बाह्य तप और जिसमें मानसिक क्रियाकी प्रधानता होती है वह अभ्यन्तर तप। अभ्यन्तर तपकी पुष्टिमें ही बाह्य तपका महत्त्व माना गया है। छः बाह्य तप ये हैं—(१) अनशन—मर्यादित समय तक अथवा जीवनके अन्ततक सभी प्रकारके आहारका त्याग करना। (२) ऊनोदरिता—भूखसे कम आहार लेना। (३) वृत्तिसंक्षेप—विविध वस्तुओंकी

एसो बारसभेओ, होइ तवो जिणवरेहि उद्दिट्ठो । कम्मट्ठनिज्जरट्ठं, करेन्ति समणा समियपावा ॥ ७६ ॥
देहे वि निरवयक्खा, निरहंकारा जिइन्दिया धीरा । बारसअणुपेक्खासु य, निययं भावेन्ति अप्पाणं ॥ ७७ ॥
वासी-चन्दणसरिसा, मन्नन्ति सुहं तहेव दुक्खं वा । जत्थत्थमियनिवासी, सीहा इव निब्भया समणा ॥ ७८ ॥
धरणी विव सबसहा, पवणो इव सबसङ्गपरिमुक्का । गयणं व निम्मलमणा, गम्भीरा सायरं चेव ॥ ७९ ॥
सोमा निसायरं पिव, तेएण दिवायरं व दिप्पन्ता । मेरु व धीरगरुया, विहगा इव सङ्गपरिहीणा ॥ ८० ॥

दिया है। जिनके पाप शान्त हो गये हैं ऐसे श्रमण कर्मोंकी निर्जरा (क्षय) के लिए इसका आचरण करते हैं। (७६) शरीरमें भी अनासक्त, निरहंकार, जितेन्द्रिय तथा धीर जन बारह अनुप्रेक्षाओंमें[1] आत्माकी नित्य भावना करते हैं। (७७) श्रमण वासीचन्दनसदृश[2] होनेसे सुख-दुःखको समान मानते हैं, सूर्यके अस्त होने पर ठहर जाते हैं और सिंहकी भाँति होते हैं। (७८) श्रमण पृथ्वीकी भाँति सब कुछ सहन करनेवाले, पवनकी भाँति सब प्रकारके संग से विमुक्त, आकाशकी भाँति निर्मल मनवाले, सागरकी भाँति गम्भीर चन्द्रमाकी भाँति सौम्य, सूर्यकी भाँति तेजसे दीप्त, मेरुके भाँति धीरगम्भीर और पक्षीकी भाँति संगरहित होते हैं। (७९-८०) साधुजन अठारह हजार प्रकारके शीलके अंगोंको[3] धारण करते हैं। निराकुल

लालचको कम करना। (४) रसपरित्याग—घी, दूध, मद्य, मधु, मक्खन आदि विकारजनक रसका त्याग। (५) कायक्लेश—ठंड, गरमी तथा विविध आसनों द्वारा शरीरको कष्ट देना। (६) विविक्तशय्यासन—बाधारहित एकान्त स्थानमें रहना।

छः अभ्यन्तर तप ये हैं: (१) प्रायश्चित्त—धारण किये हुए व्रतमें प्रमादजनित दोषोंका शोधन करना। (२) विनय—ज्ञान आदि सद्गुणोंमें बहुमान करना। (३) वैयावृत्त्य—योग्य साधनोंको जुटाकर अथवा अपने आपको काममें लगाकर गुरुजन आदिकी सेवा-शुश्रूषा करना। (४) स्वाध्याय—ज्ञान प्राप्तिके लिए विविध प्रकारका अभ्यास करना। (५) ध्यान—चित्तके विक्षेपोंका त्याग करना। (६) उत्सर्ग—अहन्त्व और ममत्वका त्याग करना।

१. अनुप्रेक्षा ( अनु + प्रेक्षा ) का अर्थ है गहन चिन्तन। तात्त्विक एवं गहन चिन्तनसे राग-द्वेष आदि वृत्तियाँ रुक जाती हैं। जिन विषयोंका चिन्तन जीवनशुद्धिमें विशेष उपयोगी हो सकता है, ऐसे बारह विषयोंको चुनकर उनके विविध चिन्तनको ही बारह अनुप्रेक्षाओंके रूपमें गिनाया है। अनुप्रेक्षाको भावना भी कहते हैं। ये बारह अनुप्रेक्षाएँ इस प्रकार हैं—

(१) अनित्यानुप्रेक्षा—आसक्ति कम करनेके लिए शरीर एवं घरबार आदिमें अनित्यत्व एवं अस्थिरत्वका चिन्तन करना। (२) अशरणानुप्रेक्षा—सिंहके पंजेमें पड़े हुए हिरनकी भाँति आधि, व्याधि एवं उपाधिसे ग्रस्त मैं भी सर्वदाके लिए अशरण हूँ ऐसा चिन्तन करना। (३) संसारानुप्रेक्षा—संसारगत तृष्णाका त्याग करनेके लिए 'यह संसार हर्ष-शोक, सुख-दुःख आदि द्वन्द्वोंका अधिष्ठान और सचमुच ही कष्टमय है' ऐसा सोचना। (४) एकत्वानुप्रेक्षा—निर्लेपताकी साधनाके लिए 'मैं अकेला ही जन्मता-मरता हूँ तथा अकेला ही अपने किये कर्मोंका फल भोगता हूँ' ऐसा चिन्तन करना। (५) अन्यत्वानुप्रेक्षा—शरीर एवं बाह्य पदार्थों परसे आसक्ति दूर करनेके लिए शरीर आदिकी स्थूलता व जड़ताका तथा आत्माकी सूक्ष्मता व चेतनता आदिका चिन्तन करना। (६) अशुचित्वानुप्रेक्षा—शरीर ही सबसे बड़ा आसक्तिका स्थान है, अतः उस परसे आसक्ति दूर करनेके लिए उसकी अशुचिताका चिन्तन करना। (७) आस्रवानुप्रेक्षा—इन्द्रियोंके भोगोंकी आसक्तिको घटानेके लिए इन्द्रिय सम्बन्धी रागमेंसे उत्पन्न होनेवाले अनिष्ट परिणामोंका चिन्तन करना। (८) संवरानुप्रेक्षा—दुर्वृत्तिके द्वारोंको बन्द करनेके लिए सद्वृत्तिके गुणोंका चिन्तन करना। (९) निर्जरानुप्रेक्षा—कर्मके बन्धनोंको नष्ट करनेकी वृत्ति दृढ़ करनेके लिए उसके विविध विपाकोंका चिन्तन करना। (१०) लोकानुप्रेक्षा—तत्त्वज्ञानकी विशुद्धिके निमित्त विश्वके वास्तविक स्वरूपका चिन्तन करना। (११) बोधिदुर्लभत्वानुप्रेक्षा—प्राप्त हुए मोक्षमार्गमें अप्रमत्तभावकी साधनाके लिए सोचना कि अनादि संसारके अनन्त दुःख सहते हुए जीवको सम्यग्दृष्टि एवं शुद्ध चारित्र पाना दुर्लभ है। (१२) धर्मस्वाख्यातत्वानुप्रेक्षा—धर्ममार्गसे च्युत न होने तथा उससे स्थिरता बनाये रखनेके लिए सोचना कि जिससे सब प्राणियोंका कल्याण हो सकता है ऐसे सर्वगुणसम्पन्न धर्मका सत्पुरुषोंने उपदेश दिया है, यह कितना बड़ा सौभाग्य है।

२. वासीचन्दनसदृश—चन्दनके वृक्षको कुल्हाड़ीसे काटने पर उसमेंसे अधिक सुगन्ध तो निकलती ही है, साथ ही काटनेवाली कुल्हाड़ीको भी वह सुगन्धित करता है; उसी प्रकार सच्चा साधक श्रमण भी अनिष्ट करनेवालेके प्रति मधुर दृष्टि ही रखता है और अपकारक एवं उपकारक दोनोंके प्रति द्वेष या राग बुद्धि न रखकर समान भावसे व्यवहार करता है।

३. शीलके अठारह हजार अंगोंकी गिनती इस प्रकार की जाती है—

जोए करणे सन्ना, इन्दिय भोमाइ समणधम्मे य। सीलंगसहस्साणं अठारससहस्स निप्फत्ती ॥ —ओघनिर्युक्ति, गाथा १७७

अट्ठारस य सहस्सा, सीलङ्गाणं धरन्ति सप्पुरिसा । चिन्तन्ता परमपयं, विहरन्ति अणाउला समणा ॥ ८१ ॥
उप्पन्नरिद्धि-विहवा, जिणवरधम्मेण साहवो धीरा । तवसिरिविहूसियङ्गा, अब्भुयकम्माणि कुवन्ति ॥ ८२ ॥
केएत्थ दियसनाहं, निच्तेयं तक्खणेण कुवन्ति । उच्छाइऊण चन्दं, केई मेहं व वरिसन्ति ॥ ८३ ॥
चालन्ति मन्दरगिरिं, नभेण वच्चन्ति पवणसमवेगा । चलणरएण मुणिवरा, पसमन्ति अणेयवाहीओ ॥ ८४ ॥
महु-खीर-सप्पिसविणो, अमयस्सविणो य कोट्ठबुद्धी य । केई पयाणुसारी, अवरे संभिन्नसोया य ॥ ८५ ॥
एवंविहा य समणा, कालं काऊण नियजोगेणं । ठाणाइं देवलोए, पावन्ति सिवालयं केइ ॥ ८६ ॥
उववन्ना कयपुण्णा, सोहम्माईसु वरविमाणेसु । केई हवन्ति इन्दा, सामाणिय अङ्गरक्खा य ॥ ८७ ॥
एवं बहुप्पयारा, अहमुत्तम-मज्झिमा सुरा भणिया । अवरे वि य अहमिन्दा, केइत्थ सिवालयं पत्ता ॥ ८८ ॥

---

श्रमण परमपद मोक्षका चिन्तन करते हुए विचरते हैं। (८१) जिनवरके धर्मके आचरणके फलस्वरूप आमोसही आदि ऋद्धि[1] एवं वैभव जिनमें उत्पन्न हुए हैं ऐसे धीर और तपरूपी लक्ष्मीसे विभूषित शरीरवाले साधुपुरुष अद्भुत कार्य करते हैं। (८२) तपके प्रभावसे कोई तो सूर्यको तत्क्षण निस्तेज बना देते हैं तो कोई चन्द्रको उछालकर बादलकी भाँति बरसाते हैं। (८३) कोई मेरुपर्वतको चलित करते हैं, तो पवनके समान वेगवाले कोई आकाशमार्गसे जाते हैं। मुनिवर चरणकी रजसे अनेक व्याधियोंको शान्त करते हैं। (८४) कोई शहद, दूध एवं घृत बहानेवाले होते हैं, कोई अमृतवर्षी होते हैं, कोई ऐसे होते हैं जो एक बार जानने पर फिर कभी नहीं भूलते, कोई दूर दूर तक उड़कर जाने-आनेकी शक्तिवाले होते हैं तो दूसरे कोई शरीरके किसी भी अंगसे सुननेकी अथवा एक इन्द्रियसे सब इन्द्रियोंका कार्य लेनेकी क्षमता रखते हैं। (८५) ऐसे श्रमण मर करके अपने अपने योगके अनुसार देवलोकमें स्थान प्राप्त करते हैं और कोई कोई तो शिवधाम मोक्ष भी प्राप्त करते हैं। (८६) जिन्होंने पुण्यका उपार्जन किया है ऐसे कई सौधर्मादि उत्तम विमानोंमें उत्पन्न होकर इन्द्र, सामानिक और अंगरक्षक बनते हैं। (८७) इस तरह बहुत प्रकारके अधम, मध्यम तथा उत्तम देव कहे गये हैं। दूसरे अहमिन्द्र[2] होते हैं और कई पुण्यशाली तो यहीं पर मोक्ष प्राप्त करते हैं (८८)

---

अर्थात् योग, करण, संज्ञा, इन्द्रिय, पृथ्वीकाय आदि तथा श्रमणधर्म—इस प्रकार शीलके अठारह हज़ार अंगोंकी सिद्धि होती है। एसका विशेष स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

यतिधर्म दस प्रकारका है :—(१) क्षमा, (२) मार्दव, (३) आर्जव, (४) मुक्ति, (५) तप, (६) संयम, (७) सत्य, (८) शौच, (९) अकिंचनत्व और (१०) ब्रह्मचर्य। ये शीलके दस अंग हुए। इन धर्मोंसे युक्त यतिको (१) पृथ्वीकाय-समारम्भ, (२) अप्कायसमारम्भ, (३) तेजस्काय-समारम्भ, (४) वायुकाय-समारम्भ, (५) वनस्पतिकाय-समारम्भ, (६) द्वीन्द्रिय-समारम्भ, (७) त्रीन्द्रिय-समारम्भ, (८) चतुरिन्द्रिय-समारम्भ, (९) पंचेन्द्रिय-समारम्भ, तथा (१०) अजीव-समारम्भ (अजीवमें जीवबुद्धि) इन दस समारम्भोंका त्याग करना चाहिए। अतः उपर्युक्त क्षमा आदि दस यतिधर्ममेंसे प्रत्येक गुण दस दस प्रकारका होने पर शीलके १०० अंग हुए।

यतिधर्मयुक्त यतना ( जयणा ) पाँचों इन्द्रियोंपर विजय प्राप्त करके करनी पड़ती है, अतः कुल संख्या ५०० ( १००×५ =५०० ) हुई। यतिधर्मयुक्त यतना द्वारा किया गया इन्द्रियजय आहारसंज्ञा, भयसंज्ञा, मैथुनसंज्ञा और परिग्रहसंज्ञासे रहित होना चाहिए, तथा वह मन, वचन एवं कायासे अकृत, अकारित और अननुमोदनरूप होनेसे ५००×४×३×३ = १८,००० होता है।

१. वैदिक, बौद्ध एवं जैन सभी परम्पराओंमें योगजन्य विभूति अथवा लब्धियोंका वर्णन आता है। पातंजल योगसूत्रके द्वितीय तथा तृतीय पादमें इसका सविस्तार वर्णन है। इसी प्रकार जैन परम्पराके शास्त्रोंमें भी संयमसे प्राप्त होनेवाली अनेक लब्धियोंका उल्लेख आता है। उनमेंसे कतिपय ये हैं—आमोसहि ( स्पर्शमात्रसे रोगका दूर होना ); विप्पोसहि, खेलोसहि, जल्लोसहि ( शरीरके मूत्र, श्लेष्म आदि मलोंके स्पर्शसे ही रोगका दूर होना ); संभिन्नसोय ( शरीरके किसी भी भागसे सुन सकना अथवा प्रत्येक इन्द्रिय द्वारा अन्य इन्द्रियोंका कार्य सम्पन्न होना; सव्वोसहि ( सब अवयव औषधका कार्य करें ), चारण ( दूर-दूरतक उड़कर जाने-आनेकी शक्ति ), आसीविस ( शाप देनेकी शक्ति )। विशेषके लिए देखो 'योगशतक' परिशिष्ट ३।

२. ग्रैवेयक और अनत्तर विमानके निवासी देव।

**देवविमानानि देवाः तत्सौख्यं च—**

अह तत्थ देवलोए, बहुभत्तिविचित्तकन्तिकलियाइं । देवाण विमाणाइं, सूरं पिव पज्जलन्ताइं ॥ ८९ ॥
वज्जिन्दनील-मरगय-वेरुलियविचित्तभत्तिरम्माइं । दढवियडपेढनिग्गय–थम्भसहस्सोहनिवहाइं ॥ ९० ॥
गय-वसह-सरह-केसरि-वराह-रुरु-चमरकोट्टिमतलाइं । मिउपवणचलाधुम्मिय–नच्चन्तधयग्गहत्थाइं ॥ ९१ ॥
गोसीससरसचन्दण-कालागरुसुरहिधूवगन्धाइं । जलथलयकुसुमबहुविह–कयच्चणाइं विमाणाइं ॥ ९२ ॥
गन्धबगीय-वाइय-वीणा-वरवंसमहुरसद्दाइं । एयारिसेसु देवा, भुञ्जन्ति महन्तसोक्खाइं ॥ ९३ ॥
रयणमिव निरुवलेवा, मंस-ऽट्ठिविवज्जिया अणोवङ्गा । देवा अगब्भजाया, अणिमिसनयणा सभावेणं ॥ ९४ ॥
समचउरंसट्ठाणा, मणिमउड-विचित्तकुण्डलाभरणा । अमरवहूमज्झगया, रमन्ति रइसागरोगाढा ॥ ९५ ॥
तत्थ य सुरवहुयाओ, वियसियवरपउमसरिसवयणाओ । नयण-दसणा-ऽहरा-ऽमलथणजुयलुब्भिन्नसोहाओ ॥ ९६ ॥
रत्तासोगसमुज्जल-कोमलकर-चरण-पिहुलसोणीओ । छन्दाणुवत्तणीओ, सहावमिउ-मणहरगिराओ ॥ ९७ ॥
एयारिसासु समयं, देवीसु मणोहरं विसयसोक्खं । भुञ्जन्ति निययकालं, देवा धम्माणुभावेणं ॥ ९८ ॥
जे वि य ते अहमिन्दा, गेविज्जाईसु वरविमाणेसु । उवसन्तमोहणिज्जा, सोक्खमणन्तं अणुहवन्ति ॥ ९९ ॥
सिद्धालयम्मि पत्ता, समणा जे सबसङ्गउम्मुक्का । ते तत्थ अणन्तसुहं, अणन्तकालं अणुहवन्ति ॥ १०० ॥
सयलम्मि वि तेलोक्के, जं होइ नरा-ऽमराण विसयसुहं । तं सिद्धाण न अग्घइ, अणन्तकोडीण भागम्मि ॥ १०१ ॥
देवाण माणुसाण य, जं सोक्खं होइ सयलजियलोए । तं सबं धम्मफलं, जिणवरवसहेहि परिकहियं ॥ १०२ ॥
देवत्तं इन्दत्तं, अहमिन्दत्तं च जं च सिद्धत्तं । तं सबं मणुयभवे, जीवा धम्मेण पावन्ति ॥ १०३ ॥

---

देवलोकमें देवोंके अनेक प्रकारकी विचित्र शोभासे युक्त तथा सूर्यकी भांति देदीप्यमान विमान होते हैं। (८९) वज्र, इन्द्रनील, मरकत एवं वैडूर्यकी विचित्र रचनाके कारण रम्य; मजबूत और विशाल पीठिकामेंसे उठे हुए हजारों स्तम्भोंसे समृद्ध; कृत्रिम, हाथी, वृषभ, सिंह, केसरी, वराह, मृग एवं चमरीगायके बने हुए आसनवाले, मृदु पवनके चलनेसे कम्पित और डोलती हुई पताकाओं रूपी अग्रहस्तवाले; रसयुक्त गोशीर्षचन्दन व कालागुरुकी सुगन्धित धूपसे सुरभित और जल एवं स्थल पर उगनेवाले नानाविध पुष्पोंसे पूजित तथा गन्धर्वोंके गाने बजाने और उत्तम वीणा व बंसीके मधुर शब्दोंसे युक्त वे विमान होते हैं। ऐसे विमानोंमें देव बड़े बड़े सुखोंका उपभोग करते हैं। (९०-९३) रत्नकी भाँति अलिप्त, मांस एवं अस्थिसे रहित, अनवद्य शरीरवाले, गर्भसे पैदा न होनेवाले तथा स्वभावसे निमेषशून्य आँखोवाले देव होते हैं। (९४) समचतुरस्र संस्थानवाले, मणिमय मुकुट, विचित्र कुण्डल तथा आभूषणोंसे अलंकृत वे देवकन्याओंके बीचमें स्थित हो रतिके सागरमें अवगाहन करके आनन्दानुभव करते हैं। (९५) वहाँ खिले हुए सुन्दर कमलोंके समान मुखवाली, निर्मल नेत्र दाँत तथा अधरवाली, विकसित दोनों स्तनोंके कारण शोभान्वित, लाल कमलके समान उज्ज्वल कान्तिवाली, कोमल हाथ-पैरोंसे युक्त तथा मोटे नितम्ब प्रदेशवाली, इच्छानुसार कार्य करनेवाली, स्वभावसे मृदु तथा मनोहर वाणी बोलनेवाली देवियाँ होती हैं। ऐसी देवियोंके साथ देव अपने अपने पुण्यके अनुसार निश्चित समय तक मनोहर विषय-सुखका अनुभव करते हैं। (९६-९८) ग्रैवेयक आदि उत्तम विमानोंमें जिनका मोह उपशान्त हो गया है ऐसे जो अहमिन्द्र होते हैं वे अनन्त सुखका उपभोग करते हैं। (९९) सब प्रकारके संगोंसे उन्मुक्त जो श्रमण सिद्धधाममें पहुँचते हैं वे वहाँ अनन्त कालतक अनन्त सुखका अनुभव करते हैं। (१००) समग्र तीनों लोकोंमें मनुष्य एवं देवोंका जो विषयसुख होता है वह सिद्धोंके सुखके अनन्त करोड़वें जितने भागके भी योग्य नहीं है। (१०१) सम्पूर्ण जीवलोकमें देव एवं मनुष्योंको जो सुख होता है वह सब धर्मका ही फल है ऐसा उत्तम जिनवरोंने कहा है। (१०२)

जो देवत्व, इन्द्रत्व, अहमिन्द्रत्व तथा सिद्धत्व है वह सब धर्मके कारण जीव मनुष्यभवमें प्राप्त करते हैं। (१०३) जैसे पक्षियोंका राजा गरुड़ और सब पशुओंका राजा सिंह है वैसे ही संसारी जीवोंका राजा मनुष्य है। वह गुणोंके

जह पक्खिणाण[1] गरुडो, राया सीहो य सबपसवाणं । तह माणुसो भवाणं, गुणेहि दूरं समुबहइ ॥ १०४ ॥
एक्को गुणो महन्तो, मणुयभवे जो न होइ अन्नत्तो । जं जाइ इओ मोक्खं, जीवो कम्मक्खयं काउं ॥ १०५ ॥
जह सागरम्मि नट्ठं, रयणं न य पेच्छए गवेसन्तो । तह धम्मेण विरहिओ, जीवो न य लहइ मणुयभवं ॥ १०६ ॥
एवं केवलिविहियं, धम्मं सोऊण परमसद्धाए । अह भणइ भाणुकण्णो, अणन्तविरियं पणमिऊणं ॥ १०७ ॥
अज्ज वि न वीयरागो, भयवं ! भोगाभिलासिणो अहयं । उग्गं तवोविहाणं, असमत्थो समणधम्मम्मि ॥ १०८ ॥
तो भणइ अणन्तबलो, गिहत्थधम्मं सुणाहि एगमणो । काऊण जं विमुच्चसि, कमेण संसारवासाओ ॥ १०९ ॥
सागार[2] निरायारो, दुविहो धम्मो जिणेहि उवइट्ठो । समणाण निरायारो, होइ गिहत्थाण सायारो ॥ ११० ॥

श्रावकधर्मः —

कहिओ ते पढमयरं, धम्मो साहूण महरिसीणं तु । एत्तो सावयधम्मं, सुणाहि सागारचारित्तं ॥ १११ ॥
पञ्च य अणुबयाइं, तिण्णेव गुणबयाइ भणियाइं । सिक्खावयाणि एत्तो, चत्तारि जिणोवइट्ठाणि ॥ ११२ ॥
थूलयरं पाणिवहं, मूसावायं अदत्तदाणं च । परजुवईण निवित्ती, संतोसवयं च पञ्चमयं ॥ ११३ ॥
दिसिविदिसाण य नियमो, अणत्थदण्डस्स वज्जणं चेव । उवभोगपरीमाणं, तिण्णेव गुणबया एए ॥ ११४ ॥
सामाइयं च उववासपोसहो अतिहिसंविभागो य । अन्ते समाहिमरणं, सिक्खासु बयाइँ चत्तारि ॥ ११५ ॥
राईभोयणविरई, महु-मंस-सुराविवज्जणं भणियं । पूया-सीलविहाणं, एसो धम्मो गिहत्थाणं ॥ ११६ ॥
एवं सावयधम्मं, काऊण नरा विसुद्धसम्मत्ता । मरिऊण जन्ति सग्गं, सोहम्माईसु कप्पेसु ॥ ११७ ॥
देवत्ताओ मणुया, होन्ति पुणो सुरवरा महिड्ढीया । सत्तऽट्ठ भवे गन्तुं, सिद्धिं पावन्ति धुयकम्मा ॥ ११८ ॥

---

कारण बहुत उन्नत समझा जाता है । (१०४) मनुष्यभवमें एक बहुत बड़ा गुण है जो अन्यत्र नहीं होता । वह यह है कि यहींसे कर्मोंका क्षय करके जीव मोक्षमें जाता है । (१०५) जैसे सागरमें खोया हुआ रत्न खोजने पर भी हाथ नहीं लगता वैसे ही धर्मसे रहित जीव मानवभव प्राप्त नहीं करता । (१०६)

इस प्रकार केवली भगवान् द्वारा उपदिष्ट धर्मको परम श्रद्धापूर्वक सुनकर भानुकर्णने अनन्तवीर्य प्रभुको प्रणाम करके कहा कि, हे भगवन् ! भोगाभिलाषी मैं अब भी रागशून्य नहीं हुआ हूँ । श्रमणधर्ममें करने योग्य उग्र तपविधि करनेमें मैं असमर्थ हूँ । (१०७-१०८) इस पर अनन्तवीर्य प्रभुने कहा कि तुम ध्यान लगाकर गृहस्थधर्मके बारेमें सुनो, जिसका आचरण करके तुम संसारके वाससे धीरे धीरे मुक्त हो सकोगे । (१०९) जिनवरोंने सागार और अनगार ऐसे दो तरहके धर्मका उपदेश दिया है । श्रमणोंके लिए अनगार-धर्म है, जबकि गृहस्थोंके लिए सागार-धर्म है । (११०) साधु-महर्षियोंका अनगार धर्म मैंने तुमसे पहले ही कहा । अब श्रावकके धर्म सागार चारित्रके बारेमें सुनो । (१११)

जिनोपदिष्ट पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत इस श्रावकधर्ममें कहे गये हैं । (११२) स्थूलतर प्राणिवध, असत्यवचन, अदत्तादान ( चोरी ) और परस्त्री इनसे निवृत्ति तथा पाँचवाँ सन्तोषव्रत—ये पाँच अणुव्रत हैं । (११३) दिशा एवं विदिशाओंका नियमन, अनर्थदण्डका त्याग तथा उपभोगका परिमाण करना—ये ही तीन गुणव्रत हैं । (११४) सामायिक, उपवास-पोषध, अतिथिसंविभाग तथा अन्तमें समाधिमरण—ये चार शिक्षाव्रत हैं । (११५) रात्रिभोजनका त्याग मधु, मांस एवं मद्यका वर्जन तथा पूजा एवं शीलका आचरण—यह गृहस्थोंका धर्म है । (११६) ऐसे श्रावकधर्मका आचरण करके विशुद्ध सम्यक्त्ववाले मनुष्य मर करके सौधर्म आदि देवलोकोंमें उत्पन्न होते हैं । (११७) देवत्वसे च्युत होकर वे मनुष्य होते हैं, पुनः वे महर्द्धिक देव होते हैं । इस प्रकार सात-आठ जन्म धारण करके तथा कर्मोंका क्षय करके वे मोक्ष प्राप्त करते हैं । (११८) मनुष्यत्व प्राप्त करके जो जिनवरोंके धर्म पर श्रद्धा रखते हैं वे नरक एवं तिर्यंच गतिमें

---

१. पक्षिणाम् । २. सागारः निरागारः ।

लहिऊण माणुसत्तं, जो धम्मं जिणवराण सद्दहइ । सो वि हु न दीहकालं, परिहिण्डइ नरय-तिरिएसु ॥ ११९ ॥
जो पुण सम्मद्दिट्ठी, जिणपूया-विणय-वन्दणाभिरओ । सो वि य कमेण पावइ, निव्वाणमणुत्तरं सोक्खं ॥ १२० ॥
निस्सङ्कियाइएसुं, गुणेसु सहिया य सावया परमा । अभिगयजीवा-ऽजीवा, ते होन्ति महिड्ढिया देवा ॥ १२१ ॥
जो कुणइ ससत्तीए, अहमुत्तम-मज्झिमं नरो धम्मं । सो लहइ तारिसाइं, ठाणाइं देवलोगम्मि ॥ १२२ ॥
अह भणइ मुणिवरिन्दो, एत्तो तव-संजमं बहुवियप्पं । जं काऊण मणूसा, अक्खयसोक्खं अणुहवन्ति ॥ १२३ ॥
थेवो थेवो वि वरं कायव्वो नाणसंगहो निययं । सरियाउ किं न पेच्छह, बिन्दूहि समुद्दभूयाओ? ॥ १२४ ॥
एक्कं पि अह मुहुत्तं, परिवज्जइ जो चउव्विहाहारं । मासेण तस्स जायइ, उववासफलं तु सुरलोए ॥ १२५ ॥
दसवरिससहस्साऊ, भुञ्जइ जो अन्नदेवयासत्तो[1] । पलिओवमकोडी पुण, होइ ठिई जिणवरत्तवेणं ॥ १२६ ॥
तत्तो चुओ समाणो, मणुयभवे लहइ उत्तमं भोगं । जह तावसदुहियाए, लद्धं रण्णे वसन्तीए ॥ १२७ ॥
भुञ्जइ अणन्तरेणं, दोण्णि य वेलाउ जो निओगेणं । सो पावइ उववासा, अट्ठावीसं तु मासेणं ॥ १२८ ॥
सो तस्स फलं विउलं, भुञ्जइ सुरजुवइनिवहमज्झगओ । सिरि-कित्ति-लच्छिनिलओ, दिव्वामलविरइयाभरणो ॥ १२९ ॥
अणुभविय विसयसोक्खं, आयाओ माणुसम्मि लोगम्मि । उत्तमवंसुब्भूओ, रमइ य रइसागरोगाढो ॥ १३० ॥
एवं मुहुत्तवुड्ढी, उववासे छट्ठमट्ठमादीए । जो कुणइ जहाथामं, तस्स फलं तारिसं भणियं ॥ १३१ ॥
सो तस्स फलं विउलं, सुरलोए भुञ्जिउं सुचिरकालं । लहिऊण माणुसत्तं, बहुजणसयसामिओ होइ ॥ १३२ ॥

रात्रिभोजनविरतिस्तत्फलं च :—

जो कुणइ अणत्थमियं[1], पुरिसो जिणभत्तिभावियमईओ । सो वरविमाणवासी, रमइ चिरं सुरवहूसहिओ ॥ १३३ ॥

---

दीर्घकाल पर्यन्त परिभ्रमण नहीं करते । (११९) जो सम्यग्दृष्टि जिन पूजा, विनय एवं वन्दनादिमें अभिरत होता है वह भी क्रमशः अनुपम निर्वाणसुख प्राप्त करता है । (१२०) जिनप्रोक्त धर्ममें निःशंकता आदि गुणोंसे युक्त तथा जीव-अजीव आदि तत्त्वोंके जानकार आदि जो उत्तम श्रावक होते हैं वे बड़ी भारी ऋद्धिवाले देव होते हैं । (१२१) जो मनुष्य अपनी शक्तिके अनुसार अधम, मध्यम या उत्तम धर्मका आचरण करता है वह देवलोकमें वैसा ही स्थान प्राप्त करता है । (१२२)

मुनियोंमें इन्द्रके समान उन अनन्तवीर्य प्रभुने आगे कहा कि यहाँ नानाविध तप-संयमका आचरण करके मनुष्य अक्षयसुख मोक्षका अनुभव करते हैं । (१२३) थोड़ा-थोड़ा भी सतत ज्ञानसंग्रह करना चाहिए । क्या तुम नहीं देखते हो कि बूँदोंको जमा करके ही नदियाँ समुद्र जैसी विशाल हो जाती हैं । (१२४) जो चारों प्रकारके आहारोंका एक मुहूर्तके लिए भी परित्याग करता है उसे एक मास पूर्ण होने पर स्वर्गलोकमें एक उपवाससे मिलनेवाला पुण्यफल मिलता है । (१२५) अन्य देवमें आसक्त जो मनुष्य दश हजार वर्ष तक स्वर्गमें सुख भोगता है, वही स्थिति जिनवरके द्वारा उपदिष्ट तपके आचरणसे कोटि पल्योपम जितनी हो जाती है । (१२६) वहाँसे च्युत होने पर जंगलमें रहनेवाली तापसकी कन्याने जैसा उत्तम सुख प्राप्त किया वैसा वह मनुष्यभवमें उत्तम सुखोपभोग प्राप्त करता है । (१२७) जो नियमपूर्वक दो मुहूर्त अर्थात् प्रतिदिन दो बार ही भोजन करता है वह एक महीनेमें अट्ठाईस उपवासोंका फल प्राप्त करता है । (१२८) देवकन्याओंके समूहके मध्यमें स्थित, श्री, कीर्ति एवं लक्ष्मीका आवासरूप तथा दिव्य एवं निर्मल आभूषणोंसे अलंकृत वह उन उपवासोंका विपुल फल भोगता है । (१२९) वहाँ स्वर्गलोकमें विषयसुखका अनुभव करके मनुष्य लोकमें आया हुआ वह उत्तम कुलमें उत्पन्न हो तथा सुखरूपी सागरमें निमग्न हो क्रीड़ा करता है । (१३०) इस प्रकार एक-एक मुहूर्तकी अभिवृद्धि करते-करते जो यथाशक्ति उपवास बेला या तेला करता है उसका वैसा ही फल कहा गया है । (१३१) देवलोकमें उसके विपुल फलका चिरकाल तक उपभोग करके और वहाँसे च्युत होनेपर मनुष्यजन्म प्राप्त करके वह सैकड़ों लोगोंका स्वामी बनता है । (१३२)

---

१. अनस्तमितं रात्रिभोजनविरतिरित्यर्थः ।

अणथन्ते दिवसयरे, जो चयइ चउव्विहं पि आहारं । सो जगजगेन्तसोहे, वसइ विमाणे चिरं कालं ॥ १३४ ॥
तत्तो चुओ समाणो, उप्पन्नो एत्थ माणुसे लोए । बहुनयर-खेड-कब्बड-रह-गयवरसामिओ होइ ॥ १३५ ॥
पुणरवि जिणवरविहिए, धम्मे काऊण दढयरं चित्तं । आराहियतव-नियमो, कमेण सिवसासयं लहइ ॥ १३६ ॥
जे पुण रयणीसु नरा, भुञ्जन्ति असंजया वयविहूणा । ते नरय-तिरियवासे, हिण्डन्ति अणन्तयं कालं ॥ १३७ ॥
अणुहविऊण य दुक्खं, जइ कह वि लहन्ति माणुसं जम्मं । तत्थ वि होन्ति अणाहा, जे निसिभत्तं न वज्जन्ति ॥ १३८ ॥
महिला य जा न रत्तिं, भुञ्जइ आहार-खाण-पाणविहिं । जिणधम्मभावियमई, सा वि य देवत्तणं लहइ ॥ १३९ ॥
तत्थ विमाणम्मि चिरं, विसयसुहं भुञ्जिउं चुयसमाणी । आयाइ माणुसत्ते, उत्तममहिला सुरूवा य ॥ १४० ॥
तीए हवइ पकामं, कञ्चण-मणि-रयण-रुप्पय-पवालं । धण-धन्नं च बहुविहं, जीएँ न भुत्तं वियालम्मि ॥ १४१ ॥
सेज्जाहि सुहनिसण्णा, विज्जिज्जइ चामरेहि विलयाहिं । आभरणभूसियङ्गी, जा निसिभत्तं विवज्जेइ ॥ १४२ ॥
चक्कहर-वासुदेवाण होन्ति महिलाउ ललियरूवाओ । भुञ्जन्ति विसयसोक्खं, जाओ विवज्जन्ति निसिभत्तं ॥ १४३ ॥
जाओ पुण महिलाओ, रत्तिं जेमन्ति धम्मरहियाओ । ताओ वि हु दुक्खाइँ, अणुहोन्ति बहुप्पयाराइं ॥ १४४ ॥
हीणकुलसंभवाओ, धण-धन्न-सुवण्ण-रूवरहियाओ । जायन्ति महिलियाओ, जाओ भुञ्जन्ति निसिभत्तं ॥ १४५ ॥
दारिद्द-दूहवाओ, निच्चं कर-चरणफुट्टकेसीओ । होन्ति इह महिलियाओ, जाओ भुञ्जन्ति निसिभत्तं ॥ १४६ ॥
जइ वि हु किंचि निओगं, करेन्ति अन्नाणधम्मसद्धाए । तह वि य तं अप्पफलं, होइ य निसिभोयणरयाणं ॥ १४७ ॥
तम्हा वज्जेह इमं, निसिभत्तं जीवघायणं जं च । अलियं अदत्तदाणं, परदारं तह य महुमंसं ॥ १४८ ॥

---

जिनेश्वरकी भक्तिसे युक्त बुद्धिवाला जो पुरुष दिनमें भोजन करता है वह उत्तम विमानका वासी बनकर चिरकाल पर्यन्त देवकन्याओंके साथ रमण करता है। (१३३) सूर्यके अस्त न होने पर भी जो चतुर्विध आहारका त्याग करता है। वह देदीप्यमान शोभावाले विमानमें चिरकाल तक निवास करता है। (१३४) वहाँसे च्युत होनेपर इस मनुष्यलोकमें उत्पन्न होकर वह बहुतसे नगर, गाँव एवं छोटे-छोटे नगरोंका तथा रथ एवं उत्तम हाथियोंका स्वामी बनता है। (१३५) जिनवरके द्वारा कहे गये धर्ममें पुनः चित्त अत्यन्त दृढ़ करके जो तप एवं नियमकी आराधना करते हैं वे क्रमशः शाश्वत शिवपद प्राप्त करते हैं। (१३६) जो असंयमी और व्रतहीन मनुष्य रातमें खाते हैं वे नरक एवं तिर्यंचगतिमें अत्यन्त कालतक परिभ्रमण करते हैं। (१३७) दुःखका अनुभव करके किसी तरह यदि मनुष्य-जन्म प्राप्त करने पर भी जो रात्रिभोजनका त्याग नहीं करते वे अनाथ होते हैं। (१३८) जिनधर्ममें दृढ़ बुद्धिवाली जो स्त्री रातमें भोजन नहीं करती और अशन एवं खानपानका नियम करती है वह भी देवत्व प्राप्त करती है। (१३९) वहाँ विमानमें चिरकाल विषयसुखका भोग करके च्युत होनेपर मनुष्यभवमें आती है और उत्तम एवं रूपवती स्त्री होती है। (१४०) जो सायंकालमें भोजन नहीं करती उसे बहुत ही सोना, मणि, रत्न, चाँदी, प्रवाल तथा बहुविध धन-धान्य मिलते हैं। (१४१) जो रात्रिभोजनका त्याग करती है वह शैय्यामें सुखपूर्वक आराम करती है, स्त्रियाँ उसे चामर ढोलती हैं तथा उसका शरीर आभूषणोंसे अलंकृत होता है। (१४२) जो रात्रिभोजनका त्याग करती हैं वे चक्रवर्ती एवं वासुदेवोंकी सुन्दर रूपवाली महिलाएँ होती हैं तथा विषयसुखका उपभोग करती हैं। (१४३) जो धर्मरहित स्त्रियाँ रातमें खाती हैं वे निश्चयसे अनेक प्रकारके दुःखोंका अनुभव करती हैं। (१४४) जो स्त्रियाँ यहाँ पर रातमें भोजन करती हैं वे हीन कुलमें उत्पन्न होती हैं तथा धन, धान्य, सुवर्ण एवं चाँदीसे रहित होती हैं। (१४५) जो स्त्रियाँ यहाँ पर रात्रिभोजन करती हैं वे सदा दरिद्र और कमनसीब होती हैं तथा उनके हाथ और पैरमें बाल फूट निकलते हैं। (१४६) रात्रिभोजनमें निरत यदि कोई अज्ञान एवं धर्मश्रद्धावश नियम करता भी है तो भी वह अल्प फल देनेवाला होता है। (१४७) इसलिए इस रात्रिभोजनका तथा जीवघात, असत्य, चोरी, परदारा तथा मधु-मांसका परित्याग करो। (१४८) अन्य धर्मका त्याग करो तथा जिनशासनमें सर्वदा प्रयत्नशील रहो। तभी सब संगोंसे मुक्त

---

१. रूप्यरहिताः। २. दुर्भगाः।

परिहरह अन्नदिट्ठो, जिणसासणउज्जया सया होह। तो सवसङ्गमुक्का, कमेण मोक्खं पि पाविहह ॥ १४९ ॥
रयणाइँ रयणदीवे, जह कोइ नरो लएइ लाहत्थी। तह मणुयभवे गिण्हइ, धम्मत्थी नियमरयणाइं ॥ १५० ॥
भणिओ धम्मरवेणं, मुणिणा लंकाहिवो जिणमयम्मि। एक्कं पि गिण्ह नियमं, रयणदीवे जहा रयणं ॥ १५१ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, दसाणणो भणइ केवलिं नमिउं। भयवं! असमत्थोऽहं, दुक्करचरिया मुणिवराणं ॥ १५२ ॥
जइ वि हु सुरूववन्ता, परमहिला तो वि हं न पत्थेमि। नियया वि अप्पसण्णा, विलया एयं वयं मज्झ ॥ १५३ ॥
अह सो वि भाणुकण्णो, गेण्हइ नियमं मुणिं पणमिऊणं। अज्जप्पभिई य मए, जिणाभिसेओ करेयवो ॥ १५४ ॥
पूया य बहुवियप्पा, थुई य सूरुग्गमाइ कायवा। एसो अभिग्गहो मे, जावज्जीवं परिग्गहिओ ॥ १५५ ॥
अन्ने वि बहुवियप्पा, नियमा परिगेण्हिउं ससत्तीए। साहुं नमिऊण गया, नियथट्ठाणाइँ सुरमणुया ॥ १५६ ॥
अह रावणो वि एत्तो, मुणिवसहं पणमिऊण उप्पइओ। सुरवरसमाणविभवो, लंकानयरिं समणुपत्तो ॥ १५७ ॥

एवं तु कम्मस्स खओवएसे, गेण्हन्ति जीवा गुरुभासियत्थं।
काऊण तिव्वं विमलं च धम्मं, सिद्धालयं जन्ति विसुद्धभावा ॥ १५८ ॥

॥ इय पउमचरिए अणन्तविरियधम्मकहणो नाम चउद्दसमो उद्देसओ समत्तो ॥

## १५. अंजणासुन्दरीवीवाहविहाणाहियारो

तस्स मुणिस्स सयासे, हणुमन्त-बिहीसणेहि सम्मत्तं। गहियं अणन्नसरिसं, काऊण सुनिम्मलं हिययं ॥ १ ॥
तह वि य दूरेण ठियं, हणुमन्तस्स य विसुद्धसम्मत्तं। अन्नाणमारुएणं, न चलिज्जइ मन्दरो चेव ॥ २ ॥

---

होकर तुम क्रमसे मुक्ति प्राप्त कर सकोगे। (१४९) जिस तरह कोई लाभकी इच्छावाला पुरुष रत्नद्वीपमें जाने पर रत्न प्राप्त करता है उसी तरह मनुष्यभवमें धर्मार्थी पुरुष नियमरूपी रत्न ग्रहण करता है। (१५०)

इसके पश्चात् धर्मरुष मुनिने लंकानरेशसे कहा कि जिनधर्ममें रत्नद्वीपमें रत्नके जैसा एक भी नियम तुम धारण करो। (१५१) यह वचन सुनकर केवली भगवान्को नमस्कार करके रावणने कहा कि, हे भगवन्! मुनिवरोंके दुष्कर आचारका पालन करनेमें मैं असमर्थ हूँ। (१५२) रूपवती होने पर भी दूसरेकी स्त्री को और मेरी भी अप्रसन्न हो तो मैं उसकी अभिलाषा नहीं करूँगा। यह मेरा व्रत है। (१५३) इसके अनन्तर उस भानुकर्णने भी मुनिको प्रणाम करके नियम धारण किया कि आजसे मैं जिनाभिषेक स्नात्रपूजा करूँगा। (१५४) सूर्योदय होने पर अनेक प्रकारकी पूजा और स्तुति करूँगा। यह अभिग्रह मैंने जीवनपर्यन्तके लिए धारण किया है। (१५५) अपनी अपनी शक्तिके अनुसार दूसरे भी अनेक प्रकारके नियम धारण करके तथा मुनिवरको नमस्कार करके देव एवं मनुष्य अपने-अपने स्थान पर गये। (१५६) इसके पश्चात् देवोंके समान वैभववाला रावण भी मुनिश्रेष्ठको प्रणाम करके ऊपर उड़ा और लंका नगरीमें आ पहुँचा। (१५७)

इस प्रकार कर्मके क्षयके लिए दिये गये उपदेशमें जीव गुरु द्वारा भाषित अर्थको ग्रहण करते हैं। विशुद्ध भाववाले वे तीव्र एवं विमल धर्मका आचरण करके सिद्धधाम मोक्षमें जाते हैं। (१५८)

। पद्मचरितमें अनन्तवीर्यका धर्मोपदेश नामका चौदहवाँ उद्देश समाप्त हुआ।

## १५. अंजनासुन्दरीका विवाह-विधान

हनुमान एवं विभीषणने अपना हृदय निर्मल बनाकर उन्हीं मुनिवर अनन्तवीर्यके पास दूसरे किसीसे जिसकी तुलना न की जा सके ऐसा अद्वितीय सम्यक्त्व अंगीकार किया। (१) फिर भी हनुमानका सम्यक्त्व अज्ञानरूपी हवासे

सुणिऊण वयणमेयं, परिपुच्छइ गणहरं मगहराया । भयवं ! को हणुमन्तो, कस्स सुओ कत्थ वत्थवो ॥ ३ ॥

**हनुमन्तचरित्रम्—**

अह भासिउं पयत्तो, गणाहियो अत्थि भारहे वासे । वेयड्ढो नाम गिरी, उभओ सेढीसु अइरम्मो ॥ ४ ॥
तत्थाऽऽइच्चपुरवरं, अत्थि वरुज्जाण-काणणसमिद्धं । पल्हाओ नाम निवो, तं भुञ्जइ खेयरो सूरो ॥ ५ ॥
महिला से कित्तिमई, पुत्तो पवणंजओ त्ति नामेणं । जो सयलजीवलोए, गुणेहि दूरं समुवहइ ॥ ६ ॥
दट्ठूण तं कुमारं, जोवण-लायण्ण-कन्तिपडिपुण्णं । चिन्ता कुणइ नरवई, कुल-वंसुच्छेयपरिभीओ ॥ ७ ॥

**अञ्जनासुन्दरीचरितम् —**

तावऽच्छउ संबन्धो, सेणिय ! पवणंजयस्स जो भणिओ । तस्स महिलाएँ एत्तो, सुणसुप्पत्ती पवक्खामि ॥ ८ ॥
भारहवरिसन्ते खलु, दाहिणपासम्मि सायरासन्ने । दन्ती नाम महिहरो, ऊसियवरसिहरसंघाओ ॥ ९ ॥
तत्थ पुरं विक्खायं, महिन्दनयरं कयं महिन्देणं । वरभवण-तुङ्गतोरण-अट्टालय-वियडपायारं ॥ १० ॥
अह हियसुन्दरीए, महिन्दभज्जाएँ पवरपुत्ताणं । जायं सयं कमेणं, अरिन्दमाई सुरूवाणं ॥ ११ ॥
भइणी ताण कणिट्ठा, वरअञ्जणसुन्दरि त्ति नामेणं । रूवाणि रूविणीणं, होऊण व होज्ज निम्मविया ॥ १२ ॥
सा अन्नया कयाई, कीलन्ती तेन्दुएण वरभवणे । नवजोवणचिञ्चइया, सहसा दिट्ठा महिन्देणं ॥ १३ ॥
सद्दाविया य मन्ती, कयविणया आसणेसु उवविट्ठा । भणिया य साहह फुडं, कस्स इमा देमि कन्ना हं ॥ १४ ॥
मइसायरेण भणिओ, महिन्दविज्जाहरो पणमिऊणं । लङ्काहिवस्स दिज्जइ, एस कुमारी गुणब्भहिया ॥ १५ ॥
अहवा दिज्जइ कन्ना, दहमुहपुत्ताण रूवमन्ताणं । घणवाहणिन्दईणं, विज्जा-बलगवियमईणं ॥ १६ ॥

---

विचलित न होनेवाले मेरुकी भाँति अत्यन्त स्थिर था। (२) ऐसा कथन सुनकर गणधर गौतमसे मगधनरेश श्रेणिकने पूछा कि, हे भगवन् ! यह हनुमान कौन है ? किसका पुत्र है ? और कहाँ रहता है ? (३)

इसपर गणाधिप गौतमने कहा कि भरतक्षेत्रमें दोनों तरफकी श्रेणियोंसे अतिरम्य ऐसा वैताढ्य नामका पर्वत है। (४) वहाँ उत्तम बाग-बगीचोंसे समृद्ध आदित्यपुर नामका नगर है। प्रह्लाद नामक शूरवीर खेचर उसका उपभोग करता था। (५) उसकी कीर्तिमती नामकी पत्नी और पवनंजय नामका पुत्र था, जो सारे जीवलोकमें अपने गुणोंके कारण सर्वश्रेष्ठ था। (६) यौवन, लावण्य एवं कान्तिसे परिपूर्ण उस कुमारको देखकर कुल एवं वंशके उच्छेदके कारण भयभीत राजा चिन्ता करने लगा। (७) अस्तु,

हे श्रेणिक ! पवनंजयका जो वृत्तान्त कहा वह यहीं रहे। अब उसीकी स्त्रीकी उत्पत्तिके बारेमें अब मैं कहता हूँ। उसे तुम सुनो। (८) भारवर्षके छोरपर दक्षिणदिशामें सागरके समीप ऊँचे और उत्तम शिखरोंके समूहवाला दन्ती नामका एक पर्वत आया है। (९) वहाँ महेन्द्रने उत्तम भवन, ऊँचे तोरण, अट्टालिकाओं तथा विशाल परकोटेवाला महेन्द्रनगर नामका प्रसिद्ध नगर निर्मित किया। (१०) इसके पश्चात् महेन्द्रकी भार्या हृदयसुन्दरीसे अरिन्दम आदि सुन्दर और उत्तम सौ पुत्र क्रमशः हुए। (११) उनकी अंजनासुन्दरी नामकी छोटी बहन थी। वह मानो रूपवतियोंके रूपको एकत्रित करके निर्मित की गई थी ! (१२) नवयौवनसे मण्डित वह एक बार कभी अपने उत्तम भवनमें गेंदसे खेल रही थी कि सहसा महेन्द्रने उसे देखा। (१३) उसने मंत्रियोंको बुलाया। विनय प्रदर्शित करके वे आसन पर बैठे। फिर राजाने कहा कि आप स्पष्ट रूपसे कहें कि मैं यह कन्या किसे दूँ ? (१४) महेन्द्र विद्याधरको प्रणाम करके मतिसागरने कहा कि गुणोंसे विशिष्ट यह कुमारी लंकाधिप रावणको दीजिए। (१५) अथवा रावणके सुन्दर रूपवाले तथा विद्या एवं बलसे गर्वित मतिवाले मेघवाहन या इन्द्रजित आदि पुत्रोंको लड़की दी जाय। (१६) ऐसा कथन सुनकर सुमतिने अत्यन्त स्पष्ट शब्दोंमें कहा कि रावणको यह कन्या नहीं देनी चाहिए,

सुणिऊण वयणमेयं, सुमई तो भणइ परिफुडुल्लावो । न य रावणस्स कन्ना, दिज्जइ सोऽणेयजुवइपई ॥ १७ ॥
जइ इन्दइस्स दिज्जइ, तो रूसइ मेहवाहणो नियमा । घणवाहणस्स दिन्ना, तो कुप्पइ इन्दइकुमारो ॥ १८ ॥
गणियाहेउं जुज्झं, जायं सिरिसेणरायपुत्ताणं । पिइ-माइदुक्खजणयं, किं न सुयं जं पुरा वत्तं ? ॥ १९ ॥
सुमईण तत्थ भणियं, वेयड्ढे दक्खिणिल्लसेढीए । कणयपुरं अत्थि तहिं, हरिणाहो खेयराहिवई ॥ २० ॥
सुमणा तस्स वरतणू[1], पुत्तो विज्जुप्पहो त्ति नामेणं । रूव-गुण-जोव्वणेणं, अइसयभूओ तिहुयणम्मि ॥ २१ ॥
तस्सेसा वरकन्ना, दिज्जइ मा एत्थ संसयं कुणह । अणुसरिसजोवणाणं, अचिरा वि हु होउ संजोओ ॥ २२ ॥
धुणिऊण उत्तिमङ्गं, मन्ती सन्देहपारओ भणइ । भविओ सिवपहगामी, होही विज्जुप्पहकुमारो ॥ ॥ २३ ॥
अट्ठारसमे वरिसे, भोगं मोत्तूण गहियवय-नियमो । सिद्धालयं गमीही, एवाऽऽइट्ठं मुणिवरेणं ॥ २४ ॥
वरजोव्वणुज्जला वि हु, तेण विमुक्का इमा य वरकन्ना । होही वन्नगयसोहा, चन्देण विणा जहा रयणी ॥ २५ ॥
अह भणइ तत्थ मन्ती, निसुणह आइच्चपुरवरे राया । विज्जाहरो महप्पा पल्हाओ नाम नामेणं ॥ २६ ॥
भज्जा से कित्तिमई, पुत्तो पवणंजओ पहियकित्ती । रूवेण जोव्वणेण य, कामस्स सिरिं विडम्बेइ ॥ २७ ॥

नन्दीश्वरयात्रा —

एयन्तरम्मि मासो, संपत्तो फग्गुणो गुणसमिद्धो । जणयन्तो नवपल्लव, दुमाण कमलायराणं च ॥ २८ ॥
छज्जन्ति उववणाइं, नाणाविहकुसुमरिद्धिगन्धाइं । गुमगुमगुमन्तमहुयर-कोइलकोलाहलरवाइं ॥ २९ ॥
एयारिसम्मि काले, देवा नन्दीसरं परमदीवं । गन्तूण अट्ठ दियहे, करेन्ति महिमं जिणवराणं ॥ ३० ॥
पूयाउवगरणकरा, सबे विज्जाहरा समुदएणं । पत्ता वेयड्ढगिरिं, पणमन्ति जिणालए तुट्ठा ॥ ३१ ॥
तत्थ महिन्दो वि गओ, पूया काऊण सिद्धपडिमाणं । थुइमङ्गलेहि नमिउं, उवविट्ठो समसिलावट्टे ॥ ३२ ॥

क्योंकि वह अनेक युवतियोंका स्वामी है । (१७) यदि इन्द्रजितको दी जाती है तो मेघवाहन बिगड़ उठेगा और मेघवाहनको दी जाती है तो इन्द्रजित रुष्ट होगा । (१८) एक गणिकाके लिए श्रीसेन राजाके पुत्रोंमें माता-पिताके लिए दुःखजनक जो युद्ध प्राचीन समयमें हुआ था वह क्या नहीं सुना है ? (१९) तब सुमतिने कहा कि वैताढ्यकी दक्षिण श्रेणीमें कनकपुर आया है। वहाँ हरिणनाभ नामक एक खेचर राजा है । (२०) सुमना उसकी स्त्री है । उनका रूप एवं यौवनसे सम्पन्न तथा तीनों लोकोंमें प्रशंसित ऐसा विद्युत्प्रभ नामका एक पुत्र है । (२१) उसे यह कन्या दी जाय । इसमें तुम सन्देह मत करो । अनुरूप यौवनवालोंका संयोग शीघ्र ही हो । (२२) इसपर सिर धुनाकर सन्देहपारग मंत्रीने कहा कि भव्य ( मोक्षमें जानेकी योग्यतावाला ) यह विद्युत्प्रभकुमार शिवपथ ( मोक्ष ) पर प्रयाण करनेवाला होगा । (२३) अठारहवें वर्षमें भोगका त्याग करके तथा व्रत एवं नियम अंगीकार करके मोक्षमें जायगा ऐसा मुनिवरने कहा है । (२४) उत्तम यौवनसे देदीप्यमान यह कन्या उसके द्वारा परित्यक्त होनेपर चन्द्रसे रहित रात्रीकी भाँति शोभाहीन होगी । (२५) इसपर एक मंत्रीने कहा कि आदित्यपुरमें प्रह्लाद नामका एक बड़ा विद्याधर राजा है । (२६) उसकी भार्या कीर्तिमती है और रूप एवं यौवनसे कामदेवकी भी विडम्बना करनेवाला पवनंजय नामका उसका एक यशस्वी पुत्र है । (२७)

इस बीच गुणसे समृद्ध तथा वृत्त एवं कमलसमूहोंमें नवपल्लव पैदा करनेवाला फागुनका महीना आ गया । (२८) नानाविध कुसुमोंकी समृद्धि एवं गन्धसे व्याप्त तथा भौंरोंकी गुनगुनाहट एवं कोयलके मधुर कलरवसे युक्त उपवन शोभित होने लगे । (२९) ऐसे समयमें देव नन्दीश्वर नामके उत्तम द्वीपमें जाकर आठ दिन तक जिनवरोंकी भक्ति करते हैं । (३०) पूजाकी सामग्री हाथमें लेकर सब विद्याधर आनन्दके साथ वैताढ्यपर्वत पर गये और तुष्ट होकर जिनालयोंमें वन्दन करने लगे । (३१) वहाँ महेन्द्र भी गया और पूजा करके सिद्धप्रतिमाओंका स्तुति-मंगल द्वारा वन्दन किया । बादमें वह शिलापट्ट पर बैठा । (३२) प्रह्लाद राजा भी भक्तिरागसे प्रेरित होकर वहाँ गया और मनमें उत्साहशील होकर सब

१. पत्नी ।

पल्हाओ वि नरवई, भत्तीरागेण चोइओ सन्तो । गन्तूण पययमणसो, संथुणइ जिणालए सव्वे ॥ ३३ ॥

अञ्जनायाः पवनञ्जयेन सह सम्बन्धः —

अह सो समत्तनियमो, दिट्ठो अब्भुट्ठिओ महिन्देणं । कयविणय-पीइपमुहा, दो वि जणा तत्थ उवविट्ठा ॥ ३४ ॥
पल्हाएण महिन्दो, तत्थ सरीराइ पुच्छिओ कुसलं । भणिओ य महिन्देणं, कत्तो कुसलं अपुण्णस्स ? ॥ ३५ ॥
दुहिया पढमवयत्था, अत्थि महं रूव-जोवण-गुणोहा । तीए य वरं सरिसं, न लभामि य दुक्खिओ अहयं ॥ ३६ ॥
पुणरवि महिन्दराया, पल्हायं भणइ महुरवायाए । मन्तीहि मज्झ सिट्ठं, तुज्झ सुओ अत्थि पवणगई ॥ ३७ ॥
तस्स कुमारी सुपुरिस ! दिन्ना य मए करेह कल्लाणं । परिचिन्तियं य बहुसो, पूरेहि मणोरहे सव्वे ॥ ३८ ॥
अह भणइ तत्थ वयणं, पल्हाओ सच्चमेव एयं तु । गाढऽम्हि परिग्गहिओ, महिन्द ! तुज्झाणुराएणं ॥ ३९ ॥
दोण्हं पि अणुमएणं, माणसवरसरतडे निओगेणं । गन्तूण य कायव्वो, वीवाहो तइयदियहम्मि ॥ ४० ॥
एवं कमेण दोण्णि वि, नियबलाणाइँ तत्थ गन्तूणं । हय-गय-परियणसहिया, संपत्ता माणसं तुरिया ॥ ४१ ॥
उभयबलसन्निवेसा, विज्जाहर-सयण-परियणापुण्णा । सोहन्ति तत्थ वियडा, अहिट्ठिया रिद्धिसंपन्ना ॥ ४२ ॥

दश कामवेगाः —

दिवसेसु तीसु होही, वीवाहो एव गुरुजणाइट्ठं । कन्नाएँ दरिसणमणो, न सहइ पवणंजओ गमिउं ॥ ४३ ॥
मयणोरगावरद्धो, उदरट्ठियवेयणापरिग्गहिओ । दोसं गुणं न पेच्छइ, न य जाणइ जाणियव्वं ति ॥ ४४ ॥
सत्त य हवन्ति वेगा, भुयङ्गदट्ठस्स गारुडे भणिया । दस य पुणो सविसेसा, हवन्ति मयणाहिदट्ठस्स ॥ ४५ ॥
पढमम्मि हवइ चिन्ता, वेगे बीयम्मि इच्छए दट्ठुं । तइए दीहुस्सासो, हवइ चउत्थम्मि जरगहिओ ॥ ४६ ॥

---

जिनालयोंमें स्तुति करने लगा। (३३) पूजा आदिका नियम जिसका पूर्ण हुआ है ऐसे उस प्रह्लादको देखकर महेन्द्र सम्मान करनेके लिए खड़ा हुआ। विनय एव प्रेम आदि जताकर वे दोनों वहाँ बैठे। (३४)

उस समय प्रह्लादने महेन्द्रसे शरीर आदिकी कुशल पूछी। महेन्द्रने कहा कि अपुण्यशालीके लिए कुशल कहाँसे ? (३५) प्रथय वयमें आई हुई तथा रूप, यौवन एवं गुणोंसे युक्त मेरी एक लड़की है। उनके योग्य वर नहीं मिल रहा। इससे मैं दुःखी हूँ। (३६) फिर महेन्द्र राजाने मीठे शब्दोंमें प्रह्लादसे कहा कि मंत्रियोंने मुझे कहा था कि आपका पवनगति नामका पुत्र है। (३७) हे सुपुरुष ! मैंने उसे कन्या दे दी। उनका विवाहमंगल करो। मैंने बहुत विचार किया है। अब सब मनोरथ पूर्ण करो। (३८) तब प्रह्लादने कहा कि यह सत्य है। हे महेन्द्र ! तुम्हारे अनुरागसे मैं अत्यन्त अनुगृहीत हूँ। (३९) दोनोंका विवाह मानस सरोवरके तट पर आजसे तीसरे दिन पर करना चाहिए ऐसा निश्चय उन्होंने मान्य रखा। (४०) इस प्रकार निश्चय करके वे अपने-अपने स्थान पर गये और घोड़े, हाथी एवं परिजनोंके साथ वे जल्दी ही मानससरोवरके पास आ पहुँचे। (४१) विद्याधर, स्वजन एवं परिजनसे पूर्ण तथा विशाल, प्रतिष्ठित और ऋद्धिसम्पन्न दोनों सेनाओंकी छावनियाँ थीं। (४२)

तीन दिनमें विवाह होगा ऐसा गुरुजनोंने कहा, किन्तु कन्याके दर्शनके अभिलाषी पवनंजयके लिए वे तीन दिन बिताने असह्य हो गये। (४३) मदनरूपी साँपसे डँसा हुआ और इसीलिए उदरमें रही हुई वेदनासे व्याप्त वह न तो गुण या दोष ही देख सकता था और न जानने योग्य ही जान सकता था। (४४) साँपसे काटे हुएके सात वेग होते हैं ऐसा सर्पशास्त्रमें कहा गया है, परन्तु मदनरूपी सर्पके काटे हुएके तो और भी अधिक—दस होते हैं। (४५) प्रथम वेगमें चिन्ता होती है, दूसरेमें देखनेकी चाह होती है, तीसरेमें दीर्घ उच्छ्वास निकलते हैं, चौथेमें ज्वरसे ग्रस्त होता है, पाँचवें वेगमें जलता है, छठेमें भोजन विष जैसा लगता है, सातवेंमें प्रलाप करता है, आठवें वेगमें ऊँचेसे

पञ्चमवेगे डज्झइ, छट्ठे भत्तं विसोवमं होइ। सत्तमयम्मि पलवइ, अट्ठमवेगम्मि उग्गाइ ॥ ४७ ॥
नवमे मुच्छाविहलो, दसमे पुण मरइ चेव अकयत्थो। एवं विहा उ वेगा, कहिया मयणाहिदट्ठस्स ॥ ४८ ॥
एवं कामभुयङ्गम–दट्ठो पवणञ्जओ विगयहासो। विरहविसघायणट्ठे, तं कन्नाओसहिं महइ ॥ ४९ ॥
वरभवणगओ वि धिइं, न लहइ सयणा-ऽऽसणे महरिहम्मि। उज्जाण-काणण-वणे, पउमसरे नेव रमणिज्जे ॥ ५० ॥
चिन्तेइ तग्गयमणो, कइया तं वरतणुं नियच्छे हं। नियय‌ङ्कम्मि निविट्ठं, फुसमाणो अङ्गमङ्गाइं ? ॥ ५१ ॥
निज्झाइऊण बहुयं, छायापुरिसो व नियय‌पासत्थो। पवणंजएण मित्तो, भणिओ चिय पहसिओ नाम ॥ ५२ ॥
अन्नस्स कस्स व जए, मित्तं मोत्तूण कारणं गरुयं। समपिज्जइ सुह-दुक्खं ?, जं भण्णसि तं निसामेहि ॥ ५३ ॥
जइ तं महिन्दतणयं, अज्ज न पेच्छामि तत्थ गन्तूणं। तो विगयजीविओ हं, होहामि न एत्थ संदेहो ॥ ५४ ॥
जो एक्कं चिय दियहं, पहसिय! न सहामि दरिसणविओगं। दिवसाणि तिण्णि सो हं, कह य गमिस्सामि अकयत्थो? ॥५५॥
तं चिय कुणसु उवायं, जेण अहं अज्ज तीऍ मुहयन्दं। पेच्छामि तत्थ गन्तुं, पहसिय! मा णे चिरावेहि ॥ ५६ ॥
भणिओ य पहसिएणं, सामिय! मा एव कायरो होह। दावेमि अज्ज तुज्झं, अञ्जणवरसुन्दरिं कन्नं ॥ ५७ ॥
जाव चिय उल्लावो, वट्टइ दोण्हं पि ताण एयन्ते। ताव समोसरियकरो, दिवसयरो चेव अत्थाओ ॥ ५८ ॥

पवनञ्जयेन अञ्जनाया दर्शनं तद्विरागश्च—

अन्धारिए समत्थे, मित्तो पवणंजएण आणत्तो। उट्ठेहि ठाहि पुरओ, वच्चामो जत्थ सा कन्ना ॥ ५९ ॥
उप्पइया गयणयले, दोण्णि वि वच्चन्ति पवणपरिहत्था। वड्ढन्तघणसिणेहा, संपत्ता अञ्जणाभवणं ॥ ६० ॥
सत्तमतलं पविट्ठा, उवविट्ठा आसणेसु दिवेसु। पेच्छन्ति तं वरतणुं, कोमुइससिसयलमुहसोहं ॥ ६१ ॥

---

गाता है, नवेंमें मूर्च्छासे विह्वल हो जाता है और दसवेंमें तो अकृतार्थ वह मर जाता है। इस प्रकारके वेग मदनरूपी सर्पसे काटे हुएके कहे गये हैं। (४६-४८) इस तरह कामरूपी सर्पसे काटे गये पवनंजयका हास्य विलुप्त हो गया। विरहरूपी विषके नाशके लिए वह उस कन्यारूपी औषधकी आकांक्षा करने लगा। (४९) उत्तम राजमहलमें रहने पर भी अत्यन्त मूल्यवान् शयनासनमें वह शान्ति प्राप्त नहीं करता था। बाग़-बग़ीचोंमें तथा पद्मसरोवरोंमें उसका मन नहीं लगता था। (५०) उस कन्यामें ही जिसका मन लगा है ऐसा वह सोचता था कि कब मैं उस सुन्दरीको देखूँगा और अपनी गोदमें बैठी हुई उसके अंगोंसे मेरे अंगोंका स्पर्श करूँगा। (५१) बहुत सोचविचार करके छायापुरुषकी भाँति अपने पासमें रहनेवाले प्रहसित नामके मित्रसे पवनंजयने कहा कि मित्रको छोड़कर दूसरे किसको मैं दुःखका कारण कहूँ। मित्रको ही सुख-दुःख समर्पित किया जाता है, अतः मैं तुझे जो कहता हूँ वह तू सुन। (५२-५३) यदि महेन्द्रकी उस कन्याका आज ही वहाँ जाकर दर्शन नहीं करूँगा तो मैं मर जाऊँगा, इसमें सन्देह नहीं है। (५४) हे प्रहसित! यदि मैं एक ही दिन दर्शनका वियोग सह नहीं सकता तो फिर अकृतार्थ मैं तीन दिन कैसे बिताऊँगा? (५५) इसलिए, हे प्रहसित! वैसा उपाय कर जिससे मैं आज वहाँ जाकर उसके मुखचन्द्रको देख सकूँ। तू देर मत लगा (५६) प्रहसितने कहा कि, हे स्वामी! आप इस तरह कायर न बनें। आज आपको अंजनासुन्दरी कन्याके दर्शन कराता हूँ। (५७) इस प्रकार जब उन दोनोंके बीच एकान्तमें वार्तालाप हो रहा था कि किरणोंको समेटता हुआ सूर्य अस्त हो गया। (५८)

अन्धकार फैल जाने पर पवनंजयने मित्रसे कहा कि उठ और आगे हो। जहाँ वह कन्या है वहाँ हम जाएँगे। (५९) वे दोनों आकाशमें उड़े, पवनके समान दक्ष वे चले और अत्यन्त बढ़े हुए स्नेहवाले वे दोनों अंजनासुन्दरीके महलके पास आ पहुँचे। (६०) महलकी सातवीं मंजिलमें प्रवेश करके और दिव्य आसन पर बैठकर उन्होंने पूर्णिमाके चन्द्रकी भाँति सम्पूर्ण मुख-शोभावाली उस सुन्दरीको देखा। (६१) उसके दोनों स्तन मोटे और ऊँचे थे, उसका कटिभाग पतला था,

---

१. एकान्ते। २. अस्तमायातः अस्तङ्गत इत्यर्थः।

पीणुन्नयथणजुयला, तणुमज्झा वियड-पीवरनियम्बा । रत्तासोयसमुज्जल-कर-चरणालत्तयच्छाया ॥ ६२ ॥
रूवेण जोव्वणेण य, जंपिय-हसिएण गइ-सहावेण । देवाण वि हरइ मणं, किं पुण एसा मणुस्साणं? ॥ ६३ ॥
तं दट्ठूण वरतणू, पवणगई विम्हिओ विचिन्तेइ । किं होज्ज पयावइणा, रूवपडाया कया एसा? ॥ ६४ ॥

अञ्जनासख्युल्लापाः—

एयन्तरम्मि सहिया, वसन्ततिलय त्ति नामओ भणइ । धन्ना सि तुमं बाले!, जा दिन्ना पवणवेगस्स ॥ ६५ ॥
एयस्स पवरकित्ती, गेहं गेहेण भमइ जियलोए । अणिवारियगइपसरा, पदुट्ठमहिल व निस्सङ्का ॥ ६६ ॥
भणिया वसन्ततिलया, सहियाए तत्थ मीसकेसीए । पुरिसाण गुणविसेसे, उत्तम-अहमे न लक्खेसि ॥ ६७ ॥
विज्जुप्पभं पमोत्तुं, चरिमसरीरं गुणायरं धीरं । पवणंजयं पसंससि, वसन्ततिलए! परममूढे! ॥ ६८ ॥
भणिया य मिस्सकेसी, वसन्ततिलयाऍ सो हु अप्पाऊ । तेण विहूणा बाला, होही पब्भट्ठलायण्णा ॥ ६९ ॥
अह भणइ मीसकेसी, वरं खु विज्जुप्पभेण सह पेम्मं । एक्कं पि होउ दियहं, न दीहकालं कुपुरिसेणं ॥ ७० ॥
सोऊण वयणमेयं, पवणगई रोसपसरियामरिसो । जुवईण मारणट्ठा, आयड्ढइ असिवरं सहसा ॥ ७१ ॥
पहसिय! बालाऍ इमं, वयणं अणुयन्नियं निरुत्तेणं । जेणेव जंपमाणी, न निसिद्धा अत्तणो सहिया ॥ ७२ ॥
एयाण असिवरेणं, सिराइँ छिन्दामि दोण्ह वि जणीणं । हिययस्स वल्लइयरो, वरेउ विज्जुप्पहो इहइं ॥ ७३ ॥
दट्ठूण समुग्गिण्णं, खग्गं जुवईण मारणट्ठाए । वारेइ पवणवेगं, मित्तो महुरेहि वयणेहिं ॥ ७४ ॥
वरसुहडजीयनासं, खग्गं गयकुम्भदारणसमत्थं । बहुदोसाण वि धीरा, महिलाण इमं न वाहिन्ति ॥ ७५ ॥
उत्तमकुलसंभूओ, उत्तमचरिएहि उत्तमो सि तुमं । मा कुणसु पणइणिवहं, तम्हा कोवं परिच्चयसु ॥ ७६ ॥

---

विशाल एवं मोटे उसके नितम्ब थे तथा अशोकके लाल पुष्पोंके सदृश कान्तिवाले उसके हाथ-पैर आलतेसे रंगे हुए थे। (६२) वह अपने रूप, यौवन, वार्तालाप, हास्य एव गतिके सौन्दर्यसे देवोंका मन हरती थी, तो फिर मनुष्योंका तो कहना ही क्या? (६३) उस सुन्दरीको देखकर विस्मित पवनगति सोचने लगा कि प्रजापतिने क्या यह रूपकी पताका बनाई है? (६४)

इस बीच वसन्ततिलका नामकी सखीने कहा कि, हे बाले! तू धन्य है; जो पवनवेगको दी गई है। (६५) जिसकी गतिका विस्तार रोका नहीं जा सकता अर्थात् सर्वत्र गति करनेवाली और निःशंक दुष्ट महिलाकी भाँति इसकी उत्तम कीर्ति जीवलोकमें घर-घर परिभ्रमण करती है। (६६) वहाँ उपस्थित दूसरी सखी मिश्रकेशीने वसन्ततिलकासे कहा कि तू पुरुषोंके उत्तम, अधम जैसे गुणविशेष नहीं जानती (६७) हे अत्यन्त मूढ़ वसन्ततिलके! गुणके निधान, धीर और चरमशरीरी विद्युत्प्रभको छोड़कर तू पवनंजयकी प्रशंसा करती है? (६८) इस पर वसन्ततिलकाने मिश्रकेशीसे कहा कि वह अल्पायु है। उसके बिना यह बाला लावण्यहीन हो जायगी। (६९) तब मिश्रकेशीने कहा कि विद्युत्प्रभके साथ एक दिन भी प्रेम हो तो वह अच्छा है, किन्तु कुपुरुषके साथ दीर्घकाल तक हो तो वह अच्छा नहीं है। (७०) यह वचन सुनकर गुस्सेमें भरे हुए पवनगतिने उस युवतीको मारनेके लिए एकदम तलवार खेंची। (७१) हँसकर और उत्तर न देकर इस कन्या (अंजनासुन्दरी) ने इस कथनका अनुमोदन किया है, क्योंकि इस तरह बोलती हुई अपनी सखीको उसने रोका नहीं। (७२) इन दोनों स्त्रियोंका सिर मैं तलवारसे काटता हूँ, अब अपने प्रेमी विद्युत्प्रभके साथ भले ही शादी करे। (७३) युवतियोंके वधके लिए ऊपर उठाई हुई तलवारको देखकर मित्र मीठे वचनोंसे उसे रोकने लगा। (७४) बड़े बड़े सुभटोंके जीवनका नाश करनेवाली तथा हाथियोंके गण्डस्थलका दान करनेमें समर्थ यह तलवार बहुत अपराध करनेपर भी महिलाओंके ऊपर नहीं चलाई जाती। (७५) तुम उत्तम कुलमें पैदा हुए हो और उत्तम आचरणके कारण तुम उत्तम हो, अतः प्रणयिनीका वध मत करो और क्रोधका त्याग करो। (७६) इस प्रकार प्रहसित द्वारा मधुर वचनसे शान्त किया गया

महुरक्खरेहि एवं, उवसमिओ पहसिएण पवणगई । निग्गन्तूण घराओ, नियआवासं समल्लीणो ॥ ७७ ॥
सयणम्मि सुहनिसण्णो, महिलावेरग्गमुवगओ भणइ । मा वीसम्भह नियय, विलयाणं अन्नहिययाणं ॥ ७८ ॥
मुक्खं चेव कुमित्तं, सत्तुं भिच्चत्तणं समल्लीणं । महिला य परायत्ता, लद्धूण कओ सुहं होइ ? ॥ ७९ ॥
एवं कमेण रयणी, वोलीणा आहयं विबुहतूरं । बन्दिजणेण सहरिसं, पाहाउयमङ्गलं घुट्ठं ॥ ८० ॥
पडिबुद्धेण य भणिओ, मित्तो पवणंजएण तूरन्तो । दावेहि गमणसङ्खं, निययपुरं जेण वच्चामो ॥ ८१ ॥
दिन्नो य गमणसङ्खो, मुहमारुयचवल-तुङ्गसद्दालो । सोऊण तं समत्थं, पडिबुद्धं साहणं तुरियं ॥ ८२ ॥
ताव च्चिय दिवसयरो, उदिओ मिउकिरणमण्डलाडोवो । विहसन्तो वरकमले, मउलावेन्तो उ कुमुयाइं ॥ ८३ ॥
हय-गय-रहपरिहत्थो, चलिओ पवणंजओ सपुरहुत्तो । ऊसियसियायवत्तो, धयवडधुवन्तकयसोहो ॥ ८४ ॥
सोऊण तस्स गमणं, बाला चिन्तेइ अकयपुण्णा हं । अन्नावराहजणिए, चयइ ममं जेण हियइट्ठो ॥ ८५ ॥
नूणं मे अन्नभवे, पावं अइदारुणं समणुचिण्णं । दाऊण य अत्थनिहीं, नयणविणासो कओ पच्छा ॥ ८६ ॥
एयाणि य अन्नाणि य, जाव य सा अञ्जणा विचिन्तेइ । ताव अणुमग्गलग्गा, पवणस्स महिन्द-पल्हाया ॥ ८७ ॥
तुरिय-चवलेहि गन्तुं, दिट्ठो पवणंजओ समालत्तो । भणिओ य किं अकज्जे, गमणारम्भो तुमे रइओ ? ॥ ८८ ॥
पल्हायनरवईणं, भणिओ मा पुत्त ! जाहि अकयत्थो । किं वा अकज्जरुट्ठो, लोए दावेहि लहुयत्तं ? ॥ ८९ ॥
जं होइ गरहणिज्जं, उवहासं जं च नरयगइगमणं । उत्तिमपुरिसेण जए, तं चिय कम्मं न कायव्वं ॥ ९० ॥
सुणिऊण वयणमेयं, पवणगई तो मणेण चिन्तेइ । एयं अलङ्घणिज्जं, कायव्वं गुरुजणाइट्ठं ॥ ९१ ॥
अहवा पाणिग्गहणं, काऊणं तं इहं समुज्झे हं । जेण महं अन्नस्स य, न होइ इट्ठा निययकालं ॥ ९२ ॥

पवनञ्जयेन अञ्जनायाः परिणयनम्—

पल्हाय-महिन्देहिं, अणेयउवएससयसहस्साइं । दाऊण कुमारवरो, नियत्तिओ बुद्धिमन्तेहिं ॥ ९३ ॥

---

पवनगति घरसे निकलकर अपने आवासमें आया। (७७) शयनमें आरामसे बैठा हुआ तथा स्त्री पर वैररूपी अग्निसे युक्त वह कहने लगा कि दूसरेमें जिनका मन लगा हो ऐसी स्त्रियोंका कभी विश्वास मत करो। (७८) मूर्ख कुमित्र, नौकर रूपसे रहे हुए शत्रु तथा दूसरेमें आसक्त स्त्री—इन्हें पाकर कौन सुखी हो सकता है ? (७९) इस प्रकार क्रमशः रात व्यतीत हुई। जगानेके वाद्य बजने लगे। बन्दिजनोंने आनन्दके साथ प्रभातकालीन मंगलगीत गाये। (८०) जगनेपर पवनंजयने मित्रसे कहा कि फ़ौरन ही प्रयाणका शंख बजाओ, जिससे अपने नगरकी ओर हम प्रयाण करें। (८१) मुँहकी हवासे खूब ऊँची आवाज़ करनेवाला जानेका शंख बजाया गया। उसे सुनकर समस्त सेना शीघ्र ही जग गई। (८२) उसी समय उत्तम कमलोंको विकसित करनेवाला तथा मृदु किरणोंके मण्डलसे अलंकृत सूर्य उदित हुआ। (८३) घोड़े, हाथी और रथसे घिरा हुआ, सफ़ेद छत्रधारी तथा ध्वजाओंके पटके हिलनेसे शोभित ऐसा वह पवनंजय अपने नगरकी ओर चला। (८४) उसके गमनके बारे में सुनकर वह बाला (अंजनासुन्दरी) सोचने लगी कि मैंने पुण्य नहीं किया है, क्योंकि दूसरेके अपराधपर हृदयेश्वरने मुझे छोड़ दिया है। (८५) अवश्य ही पूर्वभवमें मैंने अति भयंकर पाप बाँधा है। अर्थनिधि देकर बादमें उसकी आँखें फोड़ी होंगी। (८६) ऐसे तथा दूसरे विचार जब वह कर रही थी तब पवनंजयके मार्गका अनुगमन करनेवाले महेन्द्र और प्रह्लाद भी आ पहुँचे। (८७) जल्दी जल्दी जाते हुए पवनंजयको देखकर उन्होंने पूछा कि असमयमें जानेका आरम्भ तुमने क्यों किया है ? (८८) प्रह्लाद राजाने कहा कि, हे पुत्र ! कार्य पूर्ण किये बिना तुम मत जाओ, अथवा अकार्यसे रुष्ट होकर तुम मुझे लघुता क्यों दे रहे हो ? (८९) जो निन्दास्पद, उपहसनीय और नरकगतिमें जाने योग्य कार्य होता है वह उत्तम पुरुषको इस संसारमें नहीं करना चाहिए। (९०) ऐसा कथन सुनकर पवनगति मनमें विचारने लगा कि यह अनुल्लंघनीय है। गुरुजनके आदेशका पालन करना चाहिए। (९१) अथवा पाणिग्रहण करके उसे मैं यहीं छोड़ दूँ, क्योंकि वह अवश्य ही मेरे अथवा अन्यके लिए इष्ट नहीं है। (९२)

पवणंजए नियत्ते, दोसु वि सेन्नेसु होइ आणन्दो । बहुखाण-पाण-भोयण–सएसु लोओ समारद्धो ॥ ९४ ॥
सबम्मि सुपडिउत्ते, सुतिहि-सुनक्खत्त-करण-लग्गम्मि । वत्तं पाणिग्गहणं, कन्नाएँ समं कुमारस्स ॥ ९५ ॥
वत्तम्मि य वारिज्जे, उभओ सम्माणदाणकयविभवा । तत्थेव मासमेगं, अच्छन्ति महिन्द-पल्हाया ॥ ९६ ॥
अह ते अवियण्हमणा, अन्नोन्नाभासणाइ काऊणं । विज्जाहररायाणो, निययपुराइं समणुपत्ता ॥ ९७ ॥
हय-गय-रहपरिकिण्णो, ऊसियधय-विजय-वेजयन्तीहिं । पवणंजओ पविट्ठो, सपुरं चिय अञ्जणासहिओ ॥ ९८ ॥
दिन्नं से वरभवणं, मणिकोट्टिम-सालिभञ्जियाकलियं । अह सा महिन्दतणया, तत्थ पविट्ठा गमइ कालं ॥ ९९ ॥

परभवजणियं जं दुक्कयं सुक्कयं वा, उवणमइह लोए सोक्ख-दुक्खावहं तं ।
चउगइभयभीया जायसंवेगसङ्गा, विमलहिययभावा[1] होह धम्मेक्कचित्ता ॥ १०० ॥

॥ इय पउमचरिए अञ्जणासुन्दरीवीवाहविहाणो नाम पन्नरसमो उद्देसओ समत्तो ॥

## १६. पवणंजय-अंजणासुंदरीभोगविहाणाहियारो

अञ्जनायास्त्यागः परिदेवनं च—

सरिऊण मिस्सकेसी-वयणं पवणंजएण रुट्ठेणं । चत्ता महिन्दतणया, दुक्खियमणसा अकयदोसा ॥ १ ॥
विरहाणलतवियङ्गी, न लभइ विहाणलोयणा निद्दं । वामकरधरियवयणा, वाउकुमारं[2] विचिन्तन्ती ॥ २ ॥
उक्कण्ठिय त्ति गाढं, नयणजलासित्तमलिणथणजुयला । हरिणी व वाहभीया, अच्छइ मग्गं पलोयन्ती ॥ ३ ॥

बुद्धिशाली प्रह्लाद एवं महेन्द्रने सैकड़ों और हजारों ऐसे अनेक उपदेश देकर कुमार पवनंजयको वापस लौटाया। (९३) पवनंजयके लौटने पर दोनों सेनाओंमें आनन्द छा गया। नानाविध खानपान और सैकड़ों प्रकारके भोजनसे लोगोंने आनन्द मनाया। (९४) सब भलीभाँति व्यवस्थित होने पर शुभ दिन, नक्षत्र, करण एवं लग्नमें कन्याके साथ कुमारका पाणिग्रहण सम्पन्न हुआ। (९५) विवाह पूर्ण होने पर दान एवं वैभव द्वारा एक-दूसरेका सम्मान करके महेन्द्र और प्रह्लाद वहीं एक मास तक ठहरे। (९६) इसके बाद अविभक्त मनवाले वे दोनों विद्याधर राजा एक दूसरेके साथ परामर्श करके अपने अपने नगरमें आ पहुँचे। (९७) घोड़े, हाथी एवं रथसे घिरे हुए पवनंजयने ध्वजा एवं विजय-वैजयंती पताका फहराते हुए अंजनाके साथ अपने नगरमें प्रवेश किया। (९८) मणिसे खचित तल वाला तथा शालभंजिका पुतलियोंवाला एक उत्तम महल उसे दिया गया। महेन्द्रकी पुत्री अंजना उसमें प्रवेश करके काल बिताने लगी। (९९) परभवमें जो पाप या पुण्य किया होता है वह इस लोकमें दुःख अथवा सुखका कारण उपस्थित करता है, किन्तु चारों गतिके भयसे भीत, वैराग्य और श्रद्धासे सम्पन्न तथा हृदयके विमल भाववाले मनुष्य धर्ममें ही एकचित्त होते हैं।

॥ पद्मचरितमें 'अंजनासुन्दरीका विवाह-विधान' नामक पन्द्रहवाँ उद्देश समाप्त हुआ ॥

## १६. पवनंजय और अञ्जनासुन्दरीका भोग-विधान

मिश्रकेशीके वचनको याद करके रुष्ट पवनंजयने निर्दोष और दुःखित मनवाली महेन्द्रकी पुत्री अंजनासुन्दरीका परित्याग किया। (१) विरहाग्निसे तप्त शरीरवाली, फीकी आँखोंवाली तथा बाँये हाथपर सिर थामे हुई वह वायुकुमारके बारेमें सोचती हुई नींद नहीं लेती थी। (२) अत्यन्त उत्कण्ठित तथा आँसुओंसे सींचे जानेके कारण मलिन स्तनोंवाली वह बाघसे डरी हुई हिरनीकी भाँति रास्ता देखती हुई बैठी रहती थी। (३) जिसके सब अंग अत्यन्त क्षीण हो गये थे तथा

१. वीवाहे। २. स्वस्वामिनं पवनञ्जयम् इत्यर्थः।

अइतणुइयसवङ्गी, कडिसुत्तय-कडयसिढिलियाभरणा । भारेण अंसुयस्स य, जाइ महन्तं परमखेयं ॥ ४ ॥
ववगयदप्पुच्छाहा, दुक्खं धारेइ अङ्गमङ्गाइँ । एमेव सुन्नहियया, पलवइ अन्नन्नवयणाइं ॥ ५ ॥
पासायतलत्था चिय, मोहं गच्छइ पुणो पुणो बाला । नवरं आसासिज्जइ, सोयलपवणेण फुसियङ्गी ॥ ६ ॥
मिउ-महुर-मम्मणाए, जंपइ वायाएँ दीणवयणाइं । अइतणुओ वि महायस !, तुज्झऽवराहो मए न कओ ॥ ७ ॥
मुञ्चसु कोवारम्भं, पसियसु मा एव निट्ठुरो होहि । पणिवइयवच्छला किल, होन्ति मणुस्सा महिलियाणं ॥ ८ ॥
एयाणि य अन्नाणि य, जंपन्ती तत्थ दीणवयणाइं । अह सा महिन्दतणया, गमेइ कालं चिय बहुत्तं ॥ ९ ॥

रावणस्य वरुणेन सह विरोधः—

एत्थन्तरे विरोहो, जाओ अइदारुणो रणारम्भो । रावण-वरुणाण तओ, दोण्ह वि पुण दप्पियबलाणं ॥ १० ॥
लङ्काहिवेण दूओ, वरुणस्स य पेसिओ अइतुरन्तो । गन्तूण पणमिऊण य, कयासणो भणइ वयणाइं ॥ ११ ॥
विज्जाहराण सामी, वरुण ! तुमं भणइ रावणो रुट्ठो । कुणह पणामं व फुडं, अह ठाहि रणे सवडहुत्तो ॥ १२ ॥
हसिऊण भणइ वरुणो, दूयाहम ! को सि रावणो नामं ? । न य तस्स सिरपणामं, करेमि आणापमाणं वा ॥ १३ ॥
न य सो वेसमणो हं, नेय जमो न य सहस्सकिरणो वा । जो दिवसत्थभीओ, कुणइ पणामं तुहं दीणो ॥ १४ ॥
वरुणेणं उवलद्धो, दूओ जं एव फरुसवयणेहिं । तो रावणस्स गन्तुं, कहेइ सवं जहाभणियं ॥ १५ ॥
सोऊण दूयवयणं, रुट्ठो लङ्काहिवो भणइ एवं । दिवत्थेहि विणा मएँ, अवस्स वरुणो जिणेयवो ॥ १६ ॥
एत्थन्तरे पयट्टो, दसाणणो सयलबलकयाडोवो । संपत्तो वरुणपुरं, मणि-कणयविचित्तपायारं ॥ १७ ॥
सोऊण रावणं सो समागयं पुत्तबलसमाउत्तो । रणपरिहत्थुच्छाहो, विणिग्गओ अभिमुहो वरुणो ॥ १८ ॥
राईवपुण्डरीया, पुत्ता बत्तीसइं सहस्साइं । सन्नद्ध-बद्ध-कवया, अब्भिट्ठा रक्खसभडाणं ॥ १९ ॥

---

कटिसूत्र एवं कड़े आदि आभूषण जिसके ढीले पड़ गये थे ऐसी वह अपने वस्त्रके भारसे बहुत अधिक खेद अनुभव करती थी। (४) दर्प एवं उत्साह नष्ट होनेपर उसके प्रत्येक अंगमें पीड़ा हो रही थी। इस प्रकार शून्यहृदया वह असम्बद्ध वचन बोला करती थी। (५) प्रासादतलमें रहनेपर भी वह स्त्री बार-बार मूर्च्छित हो जाती थी। शीतल पवनका शरीरसे स्पर्श होनेपर वह बादमें आश्वस्त की जाती थी। (६) मृदु, मधुर एवं अव्यक्त वाणीसे वह दीनवचन कहती थी कि, हे महायश ! मैंने तुम्हारा स्वल्प भी अपराध नहीं किया है। (७) तुम क्रोधका त्याग करो और मुझपर अनुग्रह करो। ऐसे निष्ठुर मत बनो। प्रणिपात करनेवाली महिलाओंपर पुरुष तो प्रेम करते हैं। (८) ये तथा दूसरे दीनवचन कहती हुई उस महेन्द्रपुत्री अंजनाने बहुत काल बिताया। (९)

इस बीच बलके कारण दर्पयुक्त रावण और वरुण दोनोंमें विरोध जगा और बादमें अतिभयंकर लड़ाई शुरू हुई। (१०) लंकाधिप रावणने शीघ्र ही वरुणके पास दूत भेजा। वहाँ जाकर और प्रणाम करके आसनपर बैठे हुए उसने कहा कि, विद्याधरोंके स्वामी हे वरुण ! रुष्ट रावणने तुमसे कहा है कि या तो तुम स्पष्ट रूपसे प्रणाम करो या युद्धमें समक्ष खड़े रहो। (११-१२) इसपर हँसकर वरुणने कहा कि, हे अधम दूत ! रावण कौन है ? न तो मैं उसे सिरसे प्रणाम करूँगा और न उसकी आज्ञा शिरोधार्य करूँगा। (१३) मैं न तो वह वैश्रमण हूँ, न यम और न सहस्रकिरण जो दिव्य शस्त्रोंसे भयभीत और दीन हो तुझे प्रणाम करूँगा। (१४) इस प्रकार कठोर वचनों द्वारा वरुणसे उलहना पाये हुए दूतने रावणके पास जाकर जैसा वरुणने कहा था वह सब कह सुनाया। (१५) दूतका वचन सुनकर रुष्ट लंकेश रावणने ऐसा कहा कि दिव्यास्त्रोंके बिना ही मैं वरुणको अवश्य जीतूँगा। (१६) इसके पश्चात् सम्पूर्ण सेनासे युक्त हो दशाननने प्रयाण किया और मणि एवं सुवर्णसे विचित्र प्राकारवाले वरुणपुरके पास आ पहुँचा। (१७) रावणको आया जान युद्धके लिए परिपूर्ण उत्साहवाला वरुण पुत्र एवं सैन्यके साथ सामना करनेके लिए बाहर निकला। (१८) राजीव, पुण्डरीक आदि बत्तीस हजार पुत्र तैयार हो तथा कवच धारण करके राक्षस सुभटोंका सामना करने लगे। (१९) एक-दूसरेके तोड़े जाते शस्त्रोंसे संकुल,

अन्नोन्नसत्थभज्जन्त-संकुलं हुयवहुट्ठियफुलिङ्गं । अइदारुणं पवत्तं, जुज्झं विवडन्तवरसुहडं ॥ २० ॥
रह-गय-तुरङ्ग-जोहा, समरे जुज्झन्ति अभिमुहावडिया । सर-सत्ति-खग्ग-तोमर-चक्काउह-मोग्गरकरग्गा ॥ २१ ॥
रक्खसभडेहि भग्गं, वरुणबलं विवडियाऽऽस-गय-जोहं । दट्ठूण पलायन्तं, जलकन्तो अभिमुहीहूओ ॥ २२ ॥
वरुणेण बलं भग्गं, ओसरियं पेच्छिऊण दहवयणो । अब्भिडइ रोसपसरिय-सरोहनिवहं विमुञ्चन्तो ॥ २३ ॥
वरुणस्स रावणस्स य, वट्टन्ते दारुणे महाजुज्झे । ताव य वरुणसुएहिं, गहिओ खरदूसणो समरे ॥ २४ ॥
दट्ठूण दूसणं सो, गहिओ मन्तीहि रावणो भणिओ । जुज्झन्तेण पहु! तुमे, अवस्स मारिज्जए कुमरो ॥ २५ ॥
काऊण संपहारं, समयं मन्तीहि रक्खसाहिवई । खरदूसणजीयत्थे, रणमज्झाओ समोसरिओ ॥ २६ ॥
पायालपुरवरं सो, पत्तो मेलेइ सबसामन्ते । पल्हायखेयरस्सं वि, सिग्घं पुरिसं विसज्जेइ ॥ २७ ॥

पवनञ्जयस्य रणार्थं निस्सरणम्—

गन्तूण पणमिऊण य, पल्हायनिवस्स कहइ संबन्धं । रावण-वरुणाण रणं, दूसणगहणं जहावत्तं ॥ २८ ॥
पडियागओ महप्पा, पायालपुरट्ठिओ ससामन्तो । मेलेइ रक्खसवई, अहमवि वीसज्जिओ तुज्झं ॥ २९ ॥
सोऊण वयणमेयं, पल्हाओ तक्खणे गमणसज्जो । पवणंजएण धरिओ, अच्छ तुमं ताव वीसत्थो ॥ ३० ॥
सन्तेण मए सामिय!, कीस तुमं कुणसि गमणआरम्भं? । आलिङ्गणफलमेयं, देमि अहं तुज्झ साहीणं ॥ ३१ ॥
भणिओ य नरवईणं बालो सि तुमं अदिट्ठसंगामो । अच्छसु पुत्त! घरगओ कीलन्तो नियकीलाए ॥ ३२ ॥
मा ताय! एव जंपसु, बालो त्ति अहं अदिट्ठरणकज्जो । किं वा मत्तवरगए, सीहकिसोरो न घाएइ? ॥ ३३ ॥

---

अग्निमेंसे उठनेवाली चिनगारियोंसे व्याप्त तथा जिसमें अच्छे-अच्छे सुभट गिर रहे हैं ऐसा अत्यन्त भयंकर युद्ध होने लगा। (२०) बाण, शक्ति, तलवार, तोमर, चक्र, आयुध एवं मुद्गर हाथमें लिये हुए रथ, हाथी एवं घोड़ोंपर आरूढ़ योद्धा सामने जाकर युद्धमें जूझने लगे। (२१) गिरे हुए घोड़े, हाथी एवं योद्धाओंवाले वरुणसैन्यको भग्न और भागते देख जलका स्वामी वरुण सामने आया। (२२) वरुणके द्वारा सैन्यका भंग और पीछे हटना देख रावण रोषवश बाणोंका समूह छोड़ता हुआ आगे बढ़ा। (२३) जब वरुण और रावणका भयंकर महायुद्ध हो रहा था उस समय वरुणके पुत्रोंने खरदूषणको युद्धमें पकड़ लिया। (२४) दूषण पकड़ा गया है ऐसा देखकर मंत्रियोंने उस रावणसे कहा कि, हे प्रभो! आप लड़ते रहेंगे तो कुमार अवश्य मारा जायगा। (२५) मंत्रियोंके साथ निश्चय करके राक्षसाधिपति रावण खरदूषणके जीवनके लिए रणमेंसे वापस लौटा। (२६)

पातालपुरमें वह आ पहुँचा और सब सामन्तोंको इकट्ठा किया। प्रह्लाद खेचरको बुलानेके लिए भी शीघ्र एक आदमी भेजा। (२७) जा करके और प्रणाम करके प्रह्लाद राजासे उसने रावणका सम्बन्ध, रावण और वरुणका युद्ध तथा दूषणका पकड़ा जाना, जैसा हुआ था वैसा, कह सुनाया। (२८) वापस लौटा हुआ और सामन्तोंसे युक्त पातालपुर स्थित महात्मा राक्षसपति रावण आपसे मिलना चाहता है और इसीलिए मुझे भी आपके पास भेजा है। (२९) यह वचन सुनकर प्रह्लाद उसी समय जानेके लिए तैयार हुआ। यह देखकर पवनंजयने उसे रोका और कहा कि आप यहीं पर विश्रस्त होकर ठहरें। (३०) हे स्वामी! मेरे रहते आप जानेकी तैयारी क्यों करते हैं? मैं आपके अधीन हूँ। मुझे यह आलिंगनका फल दें, अर्थात् मुझे आलिंगनपूर्वक जानेकी अनुमति दें। (३१) राजाने कहा कि तुम अभी बच्चे हो। तुमने अबतक कभी लड़ाई नहीं देखी। पुत्र! तुम अपना खेल खेलते हुए घर पर ही रहो। (३२) इसपर पवनंजयने कहा कि, हे तात! आप ऐसा मत कहें कि मैं बच्चा हूँ और लड़ाई कभी नहीं देखी। क्या मदोन्मत्त हाथीको सिंहका बच्चा नहीं मारता। (३३) तब प्रह्लाद राजाने पवनवेगको

---

१. वरुण इत्यर्थः।

पल्हायनरवईणं, ताहे वीसज्जिओ पवणवेगो । भणिओ य पत्थिवजयं, पुत्तय! पावन्तओ होहि ॥ ३४ ॥
तातस्स सिरपणामं, काउं आपुच्छिऊण से जणणिं । आहरणभूसियङ्गो, विणिग्गओ सो सभवणाओ ॥ ३५ ॥
सहसा पुरम्मि जाओ, उल्लोल्लो निग्गओ पवणवेगो । सोऊण अञ्जणा वि य, तं सद्दं निग्गया तुरियं ॥ ३६ ॥
अइपसरन्तसिणेहा, थम्भलीणा पइं पलोयन्ती । वरसालिभञ्जिया इव, दिट्ठा बाला जणवएणं ॥ ३७ ॥
पेच्छइ य तं कुमारं, महिन्दतणया नरिन्दमग्गम्मि । पुलयन्ती न य तिप्पइ, कुवलयदलसरिसनयणेहिं ॥ ३८ ॥
पवणंजएण वि तओ, पासायतलट्ठिया पलोयन्ती । दूरं उव्वियणिज्जा, उक्का इव अञ्जणा दिट्ठा ॥ ३९ ॥
तं पेच्छिऊण रुट्ठो, पवणगई रोसपसरियसरीरो । भणइ य अहो! अलज्जा, जा मज्झ उवट्ठिया पुरओ ॥ ४० ॥
रइऊण अञ्जलिउडं, चलणपणामं च तस्स काऊण । भणइ उव्वालम्भन्ती, दूरपवासो तुमं सामी! ॥ ४१ ॥
वच्चन्तेण परियणो, सबो संभासिओ तुमे सामि! । न य अन्नमणेणं वि, आलत्ता हं अकयपुण्णा ॥ ४२ ॥
जीयं मरणं पि तुमे, आयत्तं मज्झ नत्थि संदेहो । जइ वि हु जासि पवासं, तह वि य अम्हे सरेज्जासु ॥ ४३ ॥
एवं पलवन्तीए, पवणगई मत्तगयवरारूढो । निग्गन्तूण पुराओ, उवट्ठिओ माणससरम्मि ॥ ४४ ॥
विज्जाबलेण रइओ, तत्थ निवेसो घरा-ऽऽसणाईओ । ताव च्चिय अत्थगिरिं, कमेण सूरो समल्लीणो ॥ ४५ ॥

सन्ध्यावर्णनम्, पवनञ्जयेन अञ्जनायाः स्मरणम् च —

अह सो संझासमए, भवण-गवक्खन्तरेण पवणगई । पेच्छइ सरं सुरम्मं, निम्मलवरसलिलसंपुण्णं ॥ ४६ ॥
मच्छेसु कच्छभेसु य, सारस-हंसेसु पयलियतरङ्गं । गुमुगुमुगुमन्तभमरं, सहस्सपत्तेसु संछन्नं ॥ ४७ ॥
अइदारुणप्पयावो, लोए काऊण दीहरज्जं सो । अत्थाओ दिवसयरो, अवसाणे नरवई चेव ॥ ४८ ॥

---

जानेकी अनुज्ञा दी और कहा कि, हे पुत्र ! तुम राजाओं पर विजय प्राप्त करनेवाले हो ! (३४) पिताको सिरसे प्रणाम करके तथा माताकी अनुमति लेकर आभूषणोंसे भूषित शरीरवाला वह अपने महलमेंसे बाहर निकला । (३५)

नगरमें एकदम कोलाहल मच गया कि पवनवेग जा रहा है । ऐसा शब्द सुनकर अंजना भी तत्काल बाहर आई ।(३६) अत्यन्त स्नेह फैलाती तथा स्तंभका सहारा लेकर पतिको निहारती उस स्त्री अंजनासुन्दरीको लोगोंने सुन्दर शालभंजिका पुतली जैसी देखा । (३७) पुलकित होकर कमलदलके समान नेत्रों द्वारा राजमार्गमें उस कुमारको देखती हुई वह महेन्द्रतनया अंजना सुन्दरी तृप्त नहीं होती थी । (३८) उस समय पवनंजयने भी प्रासादतल पर खड़ी होकर देखनेवाली उस अंजनाको उद्वेगप्रद उल्काकी भाँति देखा । (३९) उसे देखकर जिसके शरीरमें रोष फैल गया है ऐसे पवनगतिने रुष्ट होकर कहा कि यह कितनी निर्लज्जता है कि तुम मेरे सामने उपस्थित हुई हो । (४०) इसपर हाथ जोड़कर और उसके चरणोंमें प्रणाम करके उपालम्भ देती हुई वह कहने लगी कि, हे स्वामी ! आप प्रवास पर जा रहे हैं । हे नाथ ! जाते समय आपने सब परिजनोंके साथ सम्भाषण किया । अन्यमनस्क आपने पापी मेरे साथ तो बात भी नहीं की । (४१-४२) इसमें सन्देह नहीं है कि मेरा जीवन और मरण भी आपके अधीन है । यद्यपि आप प्रवासमें जा रहे हैं, फिर भी मैं तो याद करती रहूँगी । (४३) इस प्रकार जब वह प्रलाप कर रही थी तब पवनगति मत्त हाथीके ऊपर सवार होकर नगरमेंसे बाहर निकला और मानससरोवरके पास आ पहुँचा । (४४) विद्याके बलसे वहाँ घर तथा शैय्या आदिसे युक्त आवासस्थानकी रचना की । उस समय सूर्य भी क्रमशः परिभ्रमण करता हुआ अस्ताचल पर आ गया । (४५)

संध्याके समय भवनके गवाक्षमें स्थित होकर पवनगतिने निर्मल एवं उत्तम जलसे परिपूर्ण उस सुन्दर सरोवरको देखा । (४६) मत्स्य, कच्छप, सारस एवं हंसोंसे उसकी तरंगें चंचल हो रही थीं । सहस्रदल कमलोंमें गुंजारव करनेवाले भ्रमरोंसे वह छाया हुआ था । (४७) अतिदारुण प्रतापवाले राजाकी भाँति दीर्घकाल पर्यन्त राज्य करके वह सूर्य अवसानके समय अस्त हो गया । (४८) दिवसमें विकसित और भ्रमरकुलने जिनके दलोंका त्याग किया है ऐसे कमल सूर्यके विरहसे

दियहम्मि वियसियाइं, नियगं भमरउलछड्डियदलाइं । मउलेन्ति कुवलयाइं, दिणयरविरहम्मि दुहियाइं ॥ ४९ ॥
अह ते हंसाईया, सउणा लीलाइउं सरवरम्मि । दट्ठुं संझासमयं, गया य नियगाइँ ठाणाइं ॥ ५० ॥
तत्थेक्का चक्काई, दिट्ठा पवणंजएण कुबन्ती । अहियं समाउलमणा, अहिणवविरहग्गितवियङ्गी ॥ ५१ ॥
उद्धाइ चलइ वेवइ, विहुणइ पक्खावलिं वियम्भन्ती । तडपायवे विलग्गइ, पुणरवि सलिलं समल्लियइ ॥ ५२ ॥
विहडेइ पउमसण्डं, दइययसङ्काएँ चञ्चुपहरेहिं । उप्पयइ गयणमग्गं, सहसा पडिसद्दयं सोउं ॥ ५३ ॥
गरुयपियविरहदुहियं, चक्किं दट्ठूण तग्गयमणेणं । पवणंजएण सरिया, महिन्दतणया चिरपमुक्का ॥ ५४ ॥
भणिऊण समाढत्तो, हा! कट्ठं जा मए अकज्जेणं । मूढेण पावगुरुणा, चत्ता वरिसाणि बावीसं ॥ ५५ ॥
जह एसा चक्काई, गाढं पियविरहदुक्खिया जाया । तह सा मज्झ पिययमा, सुदीणवयणा गमइ कालं ॥ ५६ ॥
जइ नाम अकण्णसुहं, भणियं सहियाएँ तीएँ पावाए । तो किं मए विमुक्का, पसयच्छी दोसपरिहीणा ? ॥ ५७ ॥
परिचिन्तिऊण एवं, वाउकुमारेण पहसिओ भणिओ । दट्ठूण चक्कवाई, सरिया मे अञ्जणा भज्जा ॥ ५८ ॥
एन्तेण मए दिट्ठा, पासायतलट्ठिया पलोयन्ती । ववगयसिरि-सोहग्गा, हिमेण पहया कमलिणि व ॥ ५९ ॥
तं चिय करेहि सुपुरिस !, अज्ज उवायं अकालहीणम्मि । जेण चिरविरहदुहिया, पेच्छामि अहञ्जणा बाला ॥ ६० ॥
परिमुणियकज्जनिहसो, पवणगइं भणइ पहसिओ मित्तो । मोत्तूण तत्थ गमणं, अन्नोवायं न पेच्छामि ॥ ६१ ॥
पवणंजएण तुरियं, सद्दावेऊण मोग्गरामच्चो । ठविओ य सेन्नरक्खो, भणिओ मेरुं अहं जामि ॥ ६२ ॥
चन्दणकुसुमविहत्था, दोण्णि वि गयणङ्गणेण वच्चन्ता । रयणीए तुरियचवला, संपत्ता अञ्जणाभवणं ॥ ६३ ॥
तो पहसिओ ठवेउं, घरस्स अङ्गीवए पवणवेगं । अब्भिन्तरं पविट्ठो, दिट्ठो बालाएँ सहस त्ति ॥ ६४ ॥

दुःखित होकर सकुचा गये । (४९) हंस आदि जो पक्षी उस सरोवरमें क्रीड़ा करते थे वे भी संध्याकाल देखकर अपने-अपने स्थानोंमें चले गये । (५०) वहाँ पवनंजयने अत्यन्त व्याकुल मनवाली, ताजे विरहरूपी अग्निसे तपे हुए शरीरवाली तथा अनेक प्रकारकी चेष्टा करनेवाली एक चकवीको देखा । (५१) वह ऊँचे जाती थी, चलती थी, काँपती थी, जमुहाई खाती हुई पर फड़फड़ाती थी, तटवर्ती पेड़ पर बैठती थी और फिर पानीमें डुबकी मारती थी । (५२) प्रियकी आशंकासे चंचुप्रहार करती हुई वह कमलसमूहमेंसे होकर चलती थी और प्रतिध्वनि सुनकर एकदम आकाशमार्गमें उड़ जाती थी । (५३) प्रियके विरहसे अत्यन्त दुःखित उस चकवीको देखकर उसमें लगे हुए मनवाले पवनंजयको चिरकालसे परित्यक्त अंजनासुन्दरी की याद आई । (५४) वह कहने लगा कि अफसोस है कि मूढ़, अकार्यकारी और पापसे भारी मैंने बाईस सालसे उसे छोड़ दिया है । (५५) जैसे यह चकवी अपने प्रियके विरहसे अत्यन्त दुःखी हो गई है वैसे ही मेरी वह अत्यन्त दीनवदना प्रियतमा समय व्यतीत करती होगी । (५६) यदि उसको दुष्ट सखीने कानोंके लिए असुखकर कहा तो मैंने क्यों दोषरहित उस विशाल नेत्रोंवालीको छोड़ दिया । (५७) ऐसा सोचकर पवनकुमारने प्रहसितसे कहा कि चकवीको देखकर मुझे मेरी पत्नी अंजना याद आई है । (५८) आते हुए मैंने पालेसे पीड़ित पद्मिनीकी भाँति श्री एवं सौभाग्यसे रहित उसे महलमें खड़ी होकर अवलोकन करती हुई देखा था (५९) हे सत्पुरुष ! समय बिताये बिना ही तुम आज कोई ऐसा उपाय करो जिससे चिरकालीन विरहसे दुःखित अंजनाकुमारीको मैं देख पाऊँ । (६०) कार्यके महत्त्वको जानकर मित्र प्रहसितने पवनगतिसे कहा कि वहाँ जानेके अलावा दूसरा कोई उपाय मैं नहीं देखता । (६१) पवनंजयने मुद्गर नामक अमात्यको शीघ्र ही बुलाकर और सेनाधिपतिके पद पर स्थापित करके कहा कि मैं मेरुकी ओर जाता हूँ । (६२) चन्दन एवं पुष्प हाथमें धारण करके वे दोनों आकाशमार्गसे प्रयाण करते हुए जल्दी ही अंजनाके भवनके पास आ पहुँचे । (६३) बादमें पवनवेगको घरके आगेके हिस्सेमें रखकर प्रहसितने भीतर प्रवेश किया । अंजनासुन्दरीने उसे सहसा देखा । (६४) उसने पूछा कि तुम कौन हो ? किसलिए यहाँ आये हो ? तब उसने प्रणाम करके कहा कि मैं

१. दुहियं पेच्छामि अज्जं व.लं—त्य० । २. गृहस्य मध्यप्रदेशे यत्राञ्जनाऽऽस्ते ।

भणिओ य भो ! तुमं को ?, केण व कज्जेण आगओ एत्थं ? । तो पणमिऊण साहइ, मित्तो हं पवणवेगस्स ॥ ६५ ॥
सो तुज्झ [1]पिओ सुन्दरि !, इहागओ तेण पेसिओ तुरियं । नामेण पहसिओ हं, मा सामिणि ! संसयं कुणसु ॥ ६६ ॥
सोऊण सुमिणसरिसं, बाला पवणञ्जयस्स आगमणं । भणइ य किं हससि तुमं ?, पहसिय ! हसिया कयन्तेणं ॥ ६७ ॥
अहवा को तुह दोसो ?, दोसो च्चिय मज्झ पुव्वकम्माणं । जा हं पियपरिभूया, परिभूया सव्वलोएणं ॥ ६८ ॥
भणिया य पहसिएणं, सामिणि ! मा एव दुक्खिया होहि । सो तुज्झ हिययट्ठो, एत्थं चिय आगओ भवणे ॥ ६९ ॥
कच्छन्तरट्ठिओ सो, वसन्तमालाएँ कयपणामाए । पवणंजओ कुमारो, पवेसिओ वासभवणम्मि ॥ ७० ॥
अब्भुट्ठिया य सहसा, दइयं दट्ठूण अञ्जणा बाला । ओणमियउत्तमङ्गा, तस्स य चलणञ्जली कुणइ ॥ ७१ ॥
पवणञ्जओवविट्ठो, कुसुमपडोच्छइयरयणपलङ्के । हरिसवसुब्भिन्नङ्गी, तस्स ठिया अञ्जणा पासे ॥ ७२ ॥
कच्छन्तरम्मि बीए, वसन्तमाला समं पहसिएणं । अच्छइ विणोयमुहला, कहासु विविहासु जंपन्ती ॥ ७३ ॥

**पवनञ्जयाञ्जनयोः मोलनम् —**

तो भणइ पवणवेगो, जं सि तुमं सासिया अकज्जेणं । तं मे खमाहि सुन्दरि !, अवराहसहस्ससंघायं ॥ ७४ ॥
भणइ य महिन्दतणया, नाह ! तुमं नत्थि कोइ अवराहो । सुमरिय मणोरहफलं, संपइ नेहं वहेज्जासु ॥ ७५ ॥
तो भणइ पवणवेगो, सुन्दरि ! पम्हुससु सव्वअवराहे । होहि सुपसन्नहिययया, एस पणामो कओ तुज्झं ॥ ७६ ॥
आलिङ्गिया सनेहं, कुवलयदलसरिसकोमलसरीरा । वयणं पियस्स अणिमिस-नयणेहि व पियइ अणुरायं ॥ ७७ ॥
घणनेहनिब्भराणं, दोण्ह वि अणुरायलद्धपसराणं । आवडियं चिय सुरयं, अणेगचडुकम्मविणिओगं ॥ ७८ ॥
आलिङ्गण-परिचुम्बण-रइउच्छाहणगुणेहि सुसमिद्धं । निव्वविय विरहदुक्खं, मणतुट्ठियरङ्गियजहिच्छं ॥ ७९ ॥

---

पवनवेगका मित्र हूँ । (६५) हे सुन्दरी ! तुम्हारा वह प्रिय यहाँ आया है । उसने तत्काल ही यहाँ मुझे भेजा है । मेरा नाम प्रहसित है । हे स्वामिनी ! तुम सन्देह मत करो । (६६) स्वप्नके समान पवनंजयके आगमनकी बात सुनकर अंजनाने कहा कि, हे प्रहसित ! तुम क्यों मजाक कर रहे हो ? मैं कृतान्त ( यम, मृत्यु ) द्वारा उपहसनीय हुई हूँ (६७) अथवा तुम्हारा क्या दोष है ? मेरे पूर्वकर्मोंका ही दोष है कि मैं प्रियसे तिरस्कृत हुई हूँ, सब लोगोंसे अपमानित हुई हूँ । (६८) इस पर प्रहसितने कहा कि, हे स्वामिनी ! तुम इस तरह दुःखी मत हो । तुम्हारा वह हृदयस्थ इसी भवनमें आया हुआ है । (६९) वसन्तमालाने दूसरे कक्षमें स्थित पवनंजयकुमारको प्रणाम करके शयनगृहमें दाखिल किया । (७०) प्रियको देखकर अंजनाकुमारी सहसा खड़ी हो गई और सिर झुकाकर उसके चरणोंमें प्रणाम किया । (७१) पवनंजय पुष्पोंकी चादरसे आच्छादित रत्नमय पलंगके ऊपर बैठा । हर्षवश रोमांचित शरीरवाली अंजना उसके पास बैठी । (७२) विनोदपूर्ण बातें और विविध प्रकारकी कथाएँ कहनेवाली वसन्तमाला प्रहसितके साथ दूसरे कक्षमें ठहरी । (७३)

तब पवनवेगने कहा कि, हे सुन्दरी ! अकार्यकारी मैंने जो तुम्हें दुःखित किया है उस मेरे हजारों अपराधके समूहको क्षमा करो । (७४) इसपर महेन्द्रतनया अंजनासुन्दरीने कहा कि, हे नाथ ! इसमें तुम्हारा कोई अपराध नहीं है । मनोरथके फलको याद करके अब आप स्नेह बहावें । (७५) तब पवनंजयने कहा कि, हे सुन्दरी ! सब अपराधोंको भूल जाओ और सुप्रसन्न हृदयवाली हो । मैंने तुम्हें यह प्रणाम किया । (७६) कमलदलके समान कोमल शरीरवाली अंजनाका आलिंगन किया । अनिमेष नयनोंसे वह प्रियके वदनका अनुरागपूर्वक पान करने लगी । (७७) प्रगाढ़ स्नेहसे भरे हुए तथा अनुरागके कारण प्रसारप्राप्त—खिले हुए उन दोनोंमें अनेक प्रकारके प्रिय कर्मोंका जिसमें विनियोग किया जाता है ऐसा सुरतकर्म हुआ । (७८) आलिंगन, चुम्बन, रति एवं उत्साह गुणोंसे अतिसमृद्ध, विरहका दुःख जिसमें उपशान्त हो गया है तथा

१. पिययमो इह समागओ—प्रत्य० ।

सुरतूसवे समत्ते, दोण्णि वि खेयालसङ्गमङ्गाइं । अन्नोन्नभुयालिङ्गण-सुहेण निद्दं पवन्नाइं ॥ ८० ॥
एवं कमेण ताणं, सुरयसुहासायलद्धनिद्दाणं । किंचावसेससमया, ताव य रयणी खयं पत्ता ॥ ८१ ॥
रयणीमुहपडिबुद्धो, पवणगई भणइ पहसिओ मित्तो । उट्ठेहि लहुं सुपुरिस !, खन्धावारं पगच्छामो ॥ ८२ ॥
सुणिऊण मित्तवयणं, सयणाओ उट्ठिओ पवणवेगो । उवगूहिऊण कन्तं, भणइ य वयणं निसामेहि ॥ ८३ ॥
अच्छ तुमं वीसत्था, मा उव्वेयस्स देहि अत्ताणं । जाव अहं दहवयणं, दट्ठूण लहुं नियत्तामि ॥ ८४ ॥
तो विरहदुक्खभीया, चलणपणामं करेइ विणएणं । मम्मण-महुरुल्लावा, भणइ य पवणंजयं बाला ॥ ८५ ॥
अज्जं चिय उदुसमओ, सामिय ! गब्भो कयाइ उयरम्मि । होही वयणिज्जयरो, नियमेण तुमे परोक्खेणं ॥ ८६ ॥
तम्हा कहेहि गन्तुं, गुरूण गब्भस्स संभवं एयं । होहि बहुदोहपेही, करेहि दोसस्स परिहारं ॥ ८७ ॥
अह भणइ पवणवेगो, मह नामामुद्दियं रयणचित्तं । गेण्हसु मियङ्कवयणे !, एसा दोसं पणासिहिइ ॥ ८८ ॥
आपुच्छिऊण कन्ता, वसन्तमाला य गयणमग्गेणं । नियय निवेसभवणं, पहसिय-पवणंजया पत्ता ॥ ८९ ॥
धम्मा-ऽधम्मविवागं, संजोग-विओग-सोग-सुहभावं । नाऊण जीवलोए, विमले जिणसासणे समुज्जमह सया ॥ ९० ॥

॥ इय पउमचरिए पवणंजयअञ्जणासुन्दरीभोगविहाणो नाम सोलसमो उद्देसओ समत्तो ॥

## १७. अंजणाणिव्वासण-हणुयउप्पत्तिअहियारो

केत्तियमेत्ते वि गए, काले गब्भप्पयासया बहवे । जाया विविहविसेसा, महिन्दतणयाएँ देहम्मि ॥ १ ॥
पीणुन्नया य थणया, सामलवयणा कडी य वित्थिण्णा । गब्भभरभारकन्ता, गई य मन्दं समुव्वहइ ॥ २ ॥

मनको सन्तोष हो इस प्रकार जिसमें यथेच्छ रंजन किया गया है ऐसा वह सुरतोत्सव था । (७९) सुरतोत्सव समाप्त होनेपर खेद एवं आलस्यसे युक्त अंगवाले वे दोनों एक दूसरेकी भुजाओंके आलिंगन सुखमें लीन हो सो गये । (८०)

इस प्रकार सुरतसुखके आस्वादके बाद सोये हुए उनकी रात, जिसमें थोड़ा ही समय बाकी रहा था, बीत गई । (८१) प्रातःकालमें जगे हुए मित्र प्रहसितने पवनगतिसे कहा कि, हे सुपुरुष ! जल्दी उठो । छावनीकी ओर प्रयाण करें । (८२) मित्रका वचन सुनकर पवनवेग शय्यामेंसे उठ खड़ा हुआ और पत्नीको आलिंगन करके कहा कि मेरा कहना सुनो । (८३) जबतक मैं रावणका दर्शन करके शीघ्र ही वापस आता हूँ तबतक तुम विश्वस्त होकर यहाँ रहो और मनमें उद्वेग मत धारण करो । (८४) तब विरहदुःखसे भीत उस बालाने विनयपूर्वक चरणोंमें प्रणाम करके प्रेमपूर्ण और मधुर स्वरमें पवनंजयसे कहा कि, हे नाथ ! आज ऋतुकालमें शायद उदरमें गर्भ रहा हो । निश्चय ही तुम ( लोगोंकी दृष्टिमें ) परोक्ष हो, अतः वह मेरे लिए निन्दनीय ही होगा । (८५-६) अतः गुरुजनोंके पास जाकर इस गर्भकी सम्भावनाके बारेमें कहो । बहुत दूरकी बात देखनेवाले बनो अर्थात् दीर्घदृष्टि बनो और दोषका परिहार करो । (८७) इसपर पवनवेगने कहा कि, हे चन्द्रमुखी ! तुम मेरे नामसे अंकित यह रत्नखचित मुद्रिका लो । यह दोषका नाश करेगी । (८८) पत्नी तथा वसन्तमालाको पूछकर और गगनमार्गसे प्रयाण करके प्रहसित एवं पवनंजय अपने पड़ावके भवनमें आ पहुँचे । (८९) धर्म एवं अधर्मके फलस्वरूप संयोग एवं वियोग तथा सुख एवं दुःख इस जीवलोकमें होते हैं ऐसा जानकर विमल जिनशासनमें तुम उद्यमशील बनो । (९०) ।

। पद्मचरितमें पवनंजय-अंजनासुन्दरीका भोगविधान नामक सोलहवाँ उद्देश समाप्त हुआ ।

## १७. अञ्जनाका निर्वासन और हनुमानका जन्म

कुछ समय व्यतीत होनेके अनन्तर महेन्द्रतनया अंजनासुन्दरीके शरीरमें गर्भके सूचक अनेक प्रकारके विशिष्ट चिह्न उत्पन्न हुए । (१) उसके स्तन मोटे और ऊँचे हुए, मुँह श्याम पड़ गया और कमर फैल गई । गर्भके भारसे

१. पवणगइं—प्रत्य० । २. कंतं वसन्तमालं च—प्रत्य० ।

एएहि लक्खणेहिं, मुणिया पवणंजयस्स जणणीए । भणिया य जायगब्भा, पावे ! कन्ते पउत्थम्मि ॥ ३ ॥
काऊण सिरपणामं, कहेइ पवणंजयागमं सव्वं । मुद्दा य पच्चयत्थं, तह वि य न पसज्जई सासू ॥ ४ ॥
भणइ तओ [1]कित्तिमई, जो न वि नामं पि गेण्हई तुज्झं । सो किह दूरपवासं, गन्तूण पुणो नियत्तेइ ? ॥ ५ ॥
धिद्धि ! त्ति दुट्ठसीले !, नियय[2]कुलं-निम्मलं कयं मलिणं । लोगम्मि गरहणिज्जं, एरिसकम्मं जणन्तीए ॥ ६ ॥
एवं बहुप्पयारं, उवलम्भेऊण तत्थ कित्तिमई । आणवइ कम्मकारं, नेह इमं पियहरं सिग्घं ॥ ७ ॥
लद्धाएसेण तओ, समयं सहियाएँ अञ्जणा तुरियं । जाणम्मि समारूढा, महिन्दनयरामुहं नीया ॥ ८ ॥
संपत्ता य खणेणं, पावो मोत्तूण पुरवरासन्ने । खामेऊण नियत्तो, ताव य अत्थंगओ सूरो ॥ ९ ॥
जाए तमन्धयारे, बाला परिदेविऊण आढत्ता । हाहक्कारमुहरवा, दस वि दिसाओ पलोयन्ती ॥ १० ॥
भणइ य वसन्तमाले !, पावं अइदारुणं पुराचिण्णं । जेणेस अयसपडहो, पुहइयले ताडिओ मज्झं ॥ ११ ॥
एक्कं चिय जाव न वी, दुक्खं वोलेइ जणियपियविरहं । ताव य उवट्ठियं मे, बीयं अववायसंबन्धं ॥ १२ ॥
किं मज्झ पयावइणा, इमं सरीरं अलद्धसुहसायं । बहुदुक्खसन्निहाणं, जाणन्तेणेव निम्मवियं ? ॥ १३ ॥
भणइ य वसन्तमाला, बाले ! किं विलविएण रण्णम्मि ? । पुव्वकयं निम्मायं, अणुहवियव्वं अविमणाए ॥ १४ ॥
कयपल्लवोवहाणे, वसन्तमालाएँ विरइए सयणे । सुवइ खणलद्धनिद्दा, पडिया चिन्तासमुद्दम्मि ॥ १५ ॥
सूरुग्गमम्मि तो सा, सहीएँ समयं कुलोचियं नयरं । पविसन्ती दीणमुही, पडिरुद्धा दारवालेणं ॥ १६ ॥
पडिपुच्छियाएँ सिट्ठं, वसन्तमालाएँ दारवालस्स । पवणंजयमाईयं, सव्वं चिय अञ्जणागमणं ॥ १७ ॥

---

सुन्दर प्रतीत होनेवाली उसकी गति मन्द हो गई। (२) पवनंजयकी माताने इन लक्षणोंसे जानकर कहा कि हे पापी! पतिके बाहर जाने पर भी गर्भवती हुई हो। (३) सिरसे प्रणाम करके पवनंजयके आगमनका सर्व वृत्तान्त उसने कह सुनाया और साक्षीके तौर पर मुद्रिका भी दिखलाई, तथापि सासको विश्वास नहीं हुआ। (४) तब कीर्तिमतीने कहा कि जो तेरा नाम भी नहीं लेता था वह दूर प्रवासमें जाकर कैसे वापस लौट सकता है ? (५) हे दुष्टशीले ! तुझे धिक्कार है, धिक्कार है। लोकमें निन्दित ऐसा कर्म करके तूने अपना निर्मल कुल कलंकित किया है। (६) इस तरह अनेक प्रकारसे उसे बुराभला कहकर कीर्तिमतीने नौकरको आज्ञा दी कि इसे जल्दी ही इसके मायके ले जाओ। (७) तब आज्ञा मिलने पर अंजना अपनी सखीके साथ जल्दी ही सवारीमें जा बैठी। वह महेन्द्रनगरकी ओर ले जाई गई। (८) थोड़ी ही देरमें वह वहाँ पहुँच गई। नगरके समीप वह पापी नौकर उसे छोड़कर और क्षमा माँगकर लौटा। उस समय सूर्य भी अस्त हो गया। (९) रातका अन्धकार फैल जाने पर दसों दिशाओंमें नजर घुमाती हुई वह मुँहसे हाहाकार ध्वनि करती हुई रोने लगी और कहने लगी कि, हे वसन्तमाले ! पहले मैंने अतिभयंकर पाप किया है जिससे ऐसा अयशका ढोल मेरे लिए दुनियाँमें बजाया गया है। (१०-११) प्रियके विरहसे उत्पन्न एक दुःख भी अभी पूरा नहीं होता वहाँ तो अपयश सम्बन्धी दूसरा दुःख मेरे लिए हाजिर हो गया है। (१२) प्रजापति ब्रह्माने सुख और शान्ति न पानेवाले और अनेक दुःखोंके आधाररूप मेरे इस शरीरको क्या जानकर बनाया होगा ? (१३)

इस प्रकार विलाप करती हुई अंजनासे वसन्तमालाने कहा कि, हे बाले ! इस अरण्यमें विलाप करनेसे क्या फायदा ? पहले किये हुए का फल मनमें खिन्न हुए बिना अनुभव करना चाहिए। (१४) जिसमें पत्तोंका सिरहाना बनाया गया है ऐसी वसन्तमाला द्वारा निर्मित शय्यामें चिन्ता-समुद्रमें डूबी हुई अंजना नींद आने पर क्षण भरके लिए सो गई। (१५) सूर्योदय होने पर सखीके साथ अपने कुलोचित नगरमें प्रवेश करने पर दीनमुखी वह द्वारपाल द्वारा रोकी गई। (१६) द्वारपाल द्वारा पूछनेपर वसन्तमालाने पवनंजयसे लेकर अंजनाके आगमनका सारा वृत्तान्त कह सुनाया।

---

१-२ केउमई—मु०।

अह सो वि दारवालो, सिलाकवाडो त्ति नाम गन्तूणं । तं चेव वयणनिहसं, महिन्दरायस्स साहेइ ॥ १८ ॥
जं दारवालएणं, सिट्ठं दुहियागमं सअववायं । तं सोऊण महिन्दो, अहोमुहो लज्जिओ जाओ ॥ १९ ॥
रुट्ठो पसन्नकित्ती, महिन्दपुत्तो तओ भणइ एवं । धाडेह [1]पावकम्मा, बाला कुलदूसणी एसा ॥ २० ॥
नामेण महुच्छाहो, सामन्तो भणइ एव न य जुत्तं । दुहियाण होइ सरणं, माया-वित्तं महिलियाणं ॥ २१ ॥
अच्चन्तनिट्ठुरा सा, केउ(?कित्ति)मई लोयधम्मकयभावा । निद्दोसा एस पहू !, बाला निद्धाडिया तीए ॥ २२ ॥
भणइ य महिन्दराया, पुव्विं पि मए सुयं जहा एसा । पवणंजयस्स वेसा, तेण य गब्भस्स संदेहो ॥ २३ ॥
मा होहिइ अववाओ, मज्झं पि इमाएँ संकिलेसेणं । भणिओ य दारवालो, धाडेह लहुं पुरवराओ ॥ २४ ॥
तो दारवालएणं, लद्धाएसेण अञ्जणा तुरियं । निद्धाडिया पुराओ, सहीएँ समयं परविएसं ॥ २५ ॥
सुकुमालहत्थ-पाया, खरपत्थर-विसमकण्टइल्लेणं । पन्थेण वच्चमाणी, अइगरुयपरिस्समावन्ना ॥ २६ ॥
जं जं सयणस्स घरं, वच्चइ आवासयस्स कज्जेणं । तं तं वारेन्ति नरा, नरिन्दसंपेसिया सव्वं ॥ २७ ॥
एवं धाडिज्जन्ती, सवेण जणेण निरणुकम्पेणं । घोराडविं [2]पविट्ठा, पुरिसाण वि जा भयं देइ ॥ २८ ॥
नाणाविहगिरिपउरा, नाणाविहपायवेहि संछन्ना । महई अणोरपारा, नाणाविहसावयाइण्णा ॥ २९ ॥
वाया-ऽऽयवपरिसन्ना, तण्हाएँ छुहाएँ पीडियसरीरा । एगुद्देसम्मि ठिया, करेइ परिदेवणं बाला ॥ ३० ॥

अञ्जनायाः परिदेवनम् —

हा कट्ठं चिय पहया, विहिणा हं विविहदुक्खकारीणं । अणहेउवइरिएणं, कं सरणं वो पवज्जामि ? ॥ ३१ ॥
भत्तारविरहियाणं, होइ पिया आलओ महिलियाणं । मह पुण पुण्णेहि विणा, सो वि हु वइरीसमो जाओ ॥ ३२ ॥

---

(१७) इसके बाद शिलाकपाट नामके उस द्वारपालने जाकर महेन्द्र राजासे वह सारा समाचार कह सुनाया। (१८) द्वारपालका कहा गया अपनी पुत्रीका अपवादपूर्ण आगमन सुनकर महेन्द्रने लज्जित हो सिर झुका दिया। (१९) तब महेन्द्रका पुत्र प्रसन्नकीर्ति गुस्सेमें आकर कहने लगा कि कुलको कलंकित करनेवाली इस पापी लड़कीको बाहर निकाल दो। (२०) तब महोत्साह नामक एक सामन्तने कहा कि यह उचित नहीं है। पुत्री जैसी स्त्रियोंके लिये तो माता-पिता ही शरणरूप होते हैं। (२१) लौकिक धर्मका अनुसरण करनेवाली वह कीर्तिमती अत्यन्त निष्ठुर है। हे प्रभो! यह निर्दोष बाला उसके द्वारा बाहर निकाल दी गई है। (२२) इस पर महेन्द्र राजाने कहा कि पहले भी मैंने सुना था कि यह पवनंजयकी द्वेषभाजन है, अतः इसके गर्भके बारेमें सन्देह है। (२३) इस कलंकसे मेरी भी बेइज्जती न हो, ऐसा समझकर उसने द्वारपालसे कहा कि नगरमेंसे इसे जल्दी बाहर निकाल दो। (२४) तब आदेशप्राप्त द्वारपालने सखीके साथ अंजनासुन्दरीको तुरंत ही नगरमेंसे बाहर परदेशमें निकाल दिया। (२५) सुकुमार हाथ-पैरवाली उसे तीक्ष्ण पत्थर और काँटोंसे व्याप्त विषम मार्गसे जाने पर अति भारी परिश्रम पड़ता था। (२६) आवासके लिए जिस जिस स्वजनके घर वह जाती थी उस-उसको—सबको राजाके द्वारा भेजे गये पुरुष रोकते थे। (२७) इस प्रकार सब निर्दय लोगोंके द्वारा निष्कासित उसने ऐसे घोर वनमें प्रवेश किया जो पुरुषोंके लिए भी भयानक था। (२८) वह जंगल अनेक प्रकारके पर्वतोंसे व्याप्त था, नानाविध वृक्षोंसे वह छाया हुआ था, वह बहुत बड़ा और अतिविस्तृत था तथा अनेक प्रकारके जंगली पशुओंसे भरा हुआ था। (२९) पवन और धूपसे पीड़ित तथा भूख एवं प्याससे दुःखित शरीरवाली वह एक स्थान पर ठहरकर रोने लगी कि अफसोस है! अनेक प्रकारके दुःख देनेवाले और निष्कारण वैरी विधाताने मुझ पर प्रहार किया है। किसकी शरण प्राप्त करूँ ? (३०-३१) पतिसे रहित महिलाओंकी शरण पिता होते हैं। पुण्यसे विरहित मेरे लिए तो वे भी शत्रुके जैसे हो गये हैं। (३२) जब तक स्त्री अपने पतिके घरसे नहीं निकाली जाती तब तक ही माता, पिता एवं बन्धुजनोंके हृदयमें

---

१. पावकम्मं बालं—प्रत्य०। २. पवन्ना—प्रत्य०।

ताव च्चिय हियइट्ठा, माऊण पिऊण बन्धवाणं च । जाव न धाडेइ पई, महिलं[1] नियय्स्स गेहस्स ॥ ३३ ॥
ताव सिरी सोहग्गं, ताव य गरुयाउ होन्ति महिलाओ । जाव य पई महग्घं, सिणेहपक्खं समुव्वहइ ॥ ३४ ॥
माया पिया य भाया, वच्छलं तारिसं करेऊणं । अवराहविरहियाए, कह मज्झ पणासियं सव्वं ? ॥ ३५ ॥
न य मज्झ सासुयाए, न चेव पियरेण मूढभावेणं । अयसस्स मूलदलियं, दोसस्स परिक्खणं न कयं ॥ ३६ ॥
एवं बहुप्पयारं, [2]रोवन्ती अञ्जणा निवारेउं । भणइ य वसन्तमाला, सामिणि ! वयणं निसामेहि ॥ ३७ ॥
अवलोइऊण बाले !, पेच्छ गुहा सुन्दरा समासन्ने । एयं वच्चामु[3] लहुं, एत्थं पुण सावया घोरा ॥ ३८ ॥
गब्भस्स मा विवत्ती, होही भणिउं वसन्तमालाए । हत्थावलम्बियकरा, नीया य गुहामुहं तुरिया ॥ ३९ ॥
दिट्ठो य तत्थ समणो, सिलायले समयले सुहनिविट्ठो । चारणलद्धाइसओ, जोगारूढो विगयमोहो ॥ ४० ॥
करयलकयञ्जलीओ, मुणिवसहं वन्दिऊण भावेणं । तत्थेव निविट्ठाओ, दोण्णि वि भयवज्जियङ्गीओ ॥ ४१ ॥
ताव य झाणुवओगे, संपुण्णे साहवो वि जुवईओ । दाऊण धम्मलाहं, पुच्छइ देसे कहिं तुम्हे ? ॥ ४२ ॥
तो पणमिऊण साहू[4], वसन्तमाला कहेइ संबन्धं । एसा महिन्दधूया, नामेणं अञ्जणा चेव ॥ ४३ ॥
पवणंजयस्स महिला, लोए गब्भावायकयदोसा । बन्धवजणेण चत्ता, एत्थ पविट्ठा अरण्णम्मि ॥ ४४ ॥
केण व कज्जेण इमा, वेसा कन्तस्स सासुयाए य ? । अणुहवइ महादुक्खं, कस्स व कम्मस्स उदएणं ? ॥ ४५ ॥
को वा य मन्दपुण्णो, जीवो एयाएँ गब्भसंभूओ ? । जस्स कएण महायस ! जीवस्स वि संसयं पत्ता ॥ ४६ ॥
तत्तो सो अमियगई, कहेइ सव्वं तिनाणसंपन्नो । कम्मं परभवजणियं, फुड-वियडत्थं जहावत्तं ॥ ४७ ॥

---

वह स्थान पाती है । (३३) जबतक पति अत्यन्त मूल्यवान् ऐसे स्नेहके पक्षको धारण करता है तभी तक श्री एवं सौभाग्य तथा गौरव होता है । (३४) माता, पिता और भाईने कैसा वात्सल्य किया ? निरपराध मेरा सब कुछ कैसे नष्ट हो गया ? (३५) न तो मेरी सासने और अज्ञानके वशीभूत होनेसे न पिताने बदनामीका मूल नष्ट किया और न दोषकी परीक्षा ही की । (३६)

इस प्रकार अनेक तरहसे रुदन करती हुई अंजनाको रोककर वसंतमालाने कहा कि, हे स्वामिनी ! मेरा कहना सुनो । (३७) हे बाले ! पासमें आई हुई इस सुन्दर गुफाको बराबर अवलोकन करके देखो । वहाँ हम जल्दी जावें, क्योंकि यहाँ पर भयंकर जानवर रहते हैं । (३८) गर्भ विनाश न हो—ऐसा कहकर वसन्तमाला हाथसे हाथका सहारा देकर उसे शीघ्र ही गुफाके मुँहके पास ले आई । (३९) वहाँ पर उन्होंने समतल शिलातल पर सुखपूर्वक बैठे हुए, चारणलब्धिके अतिशयसे युक्त, योगमें आरूढ़ तथा निर्मोही एक श्रमणको देखा । (४०) भयसे रहित शरीरवाली तथा हाथ जोड़ी हुई वे दोनों मुनियोंमें श्रेष्ठ ऐसे उस मुनिको प्रणाम करके वहीं बैठ गईं । (४१) उसी समय ध्यानोपयोग सम्पूर्ण होने पर साधुने युवतियोंको 'धर्मलाभ' देकर पूछा कि तुम्हारा देश कौनसा है ? (४२) तब साधुको प्रणाम करके वसन्तमालाने वृत्तान्त कहा कि यह महेन्द्रकी पुत्री है और इसका नाम अंजना है । (४३) लोगोंमें गर्भके अपवादसे दूषित मानी गई पवनंजयकी इस पत्नीका बन्धुजनोंने परित्याग किया है और इसीलिए इसने इस वनमें प्रवेश किया है । (४४) किसलिए यह अपने पति तथा सासकी द्वेष्या हुई है ? और किस कर्मके उदयसे बड़ाभारी दुःख सह रही है ? (४५) हे महायश ! इसके गर्भमें कौन पुण्यहीन जीव पैदा हुआ है, जिसकी वजहसे जीवनके बारेमें भी संदेह हो गया है ? ( ४६ ) तब त्रिज्ञानसे युक्त अमितगतिने परभवमें कृत कर्म के विषयमें जैसा हुआ था वैसा, स्फुट एवं विशद रूपसे कहा । (४७)—

---

१. महिलं नियय्याउ गेहाओ—प्रत्य० । २. रोवन्ति अञ्जणं—प्रत्य० । ३. वच्चामि—प्रत्य० । ४. साहुं—प्रत्य० ।

अञ्जनागर्भपूर्वभवचरितम् —

इह जम्बुद्दीववरे, पियनन्दी नाम मन्दिरपुरम्मि । तस्स जया वरमहिला, पुत्तो से होइ दमयन्तो ॥ ४८ ॥
अह अन्नया कयाई, दमयन्तो पत्थिओ वरुज्जाणं । पुरजणकयपरिवारो, कीलइ रइसागरोगाढो ॥ ४९ ॥
रमिऊण तओ सुइरं, पेच्छइ साहुं तहिं गुणसमिद्धं । गन्तूण ताण पासे, धम्मं सोऊण पडिबुद्धो ॥ ५० ॥
दाऊण भावसुद्धं, सत्तगुणं फासुयं मुणिवराणं । संजम-तव-नियमरओ, कालगओ सुरवरो जाओ ॥ ५१ ॥
दिव्वा-ऽमलदेहधरो, सुरसोक्खं भुञ्जिऊण चिरकालं । चविओ य इहाऽऽयाओ, जम्बुद्दीवे वरपुरम्मि ॥ ५२ ॥
हरिवाहणस्स पुत्तो, जाओ गब्भे पियङ्गुलच्छीए । नामेण सीहचन्दो, सव्वकलापारओ सुहओ ॥ ५३ ॥
जिणधम्मभावियमणो, कालं काऊण वरविमाणम्मि । सिरि-कित्ति-लच्छिनिलओ, देवो जाओ महीड्ढीओ ॥ ५४ ॥
तत्तो वि देवसोक्खं, भोत्तूण चुओ इहेव वेयड्ढे । कणओयरीए गब्भे, सुकण्ठपुत्तो समुप्पन्नो ॥ ५५ ॥
अह सीहवाहणो सो, अरुणपुरं भुञ्जिऊण चिरकालं । लच्छीहरस्स पासे, निक्खन्तो विमलजिणतित्थे ॥ ५६ ॥
काऊण तवमुयारं, आराहिय संजमं तवबलेणं । जाओ लन्तयकप्पे, देवो दिव्वेण रूवेणं ॥ ५७ ॥
तं अमरपवरसोक्खं, भोत्तूण चुओ महिन्दतणयाए । गब्भम्मि समावन्नो, इह जीवो पुवकम्मेहिं ॥ ५८ ॥
एसो ते परिकहिओ, इमस्स गब्भस्स संभवो भद्दे ! । तुह सामिणीए हेउं, सुणेहि घणविरहदुक्खस्स ॥ ५९ ॥

अञ्जनापूर्वभवचरितम् —

एसा आसि परभवे, बाला कणओयरी महादेवी । लच्छि त्ति नाम तइया, तीए सवत्ती तहिं बीया ॥ ६० ॥
सम्मत्तभावियमई, सा लच्छी ठविऊण जिणपडिमा । अच्चेइ पययमणसा, थुणइ य थुइमङ्गलसएहिं ॥ ६१ ॥
तो नियसवत्तीए, गाढं कणओयरीए रुट्ठाए । घेत्तूण सिद्धपडिमा, ठविया घरबाहिरुद्देसे ॥ ६२ ॥

---

इस उत्तम जम्बूद्वीपमें आई हुई मन्दिरपुर नामकी नगरीमें प्रियनन्दी नामका एक आदमी रहता था। उसकी जया नामकी उत्तम स्त्री थी। उसका दमयंत नामका एक पुत्र था। (४८) एक दिन दमयन्त एक सुन्दर उद्यानकी ओर गया। नगरजनोंसे घिरा हुआ वह रतिरूपी सागरमें अवगाहन करके क्रीड़ा करने लगा। (४९) बहुत देरतक क्रीड़ा करनेके पश्चात् वहाँ उसने गुणसे समृद्ध ऐसे एक साधुको देखा। उसके पास जाकर और धर्म सुनकर वह प्रतिबोधित हुआ। (५०) मुनिवरोंको भावशुद्धिपूर्वक सात्त्विक गुणोंसे युक्त प्रासुक दान देकर तथा संयम, तप एवं नियममें रत वह मरनेपर उत्तम देव हुआ। (५१) दिव्य एवं निर्मल देहधारी वह देवसुलभ सुखका चिरकालतक उपभोग करनेके पश्चात् च्युत होकर इस जम्बूद्वीपके उत्तम नगरमें पैदा हुआ। (५२) प्रियंगुलक्ष्मीके गर्भसे हरिवाहनको सिंहचन्द्र नामका सब कलाओंमें पारंगत तथा सुन्दर पुत्र हुआ। (५३) जिनधर्ममें भक्तियुक्त मनवाला वह मरकर उत्तम देवविमानमें श्री, कीर्ति एवं लक्ष्मीका धामरूप एक महर्द्धिक देव हुआ। (५४) देवसुखका उपभोग करके वहाँसे च्युत होनेपर इसी वैताढ्यमें कनकोदरीके गर्भसे सुकण्ठके पुत्ररूपसे उत्पन्न हुआ। (५५) उस सिंहवाहनने चिरकाल पर्यन्त अरुणपुरका उपभोग करके विमलजिनके तीर्थमें लक्ष्मीधरके पास दीक्षा अंगीकार की। (५६) उग्र तप करके और तपके सामर्थ्यसे संयमकी आराधना करके वह लान्तक नामक देवलोकमें दिव्य रूपधारी देव हुआ। (५७)। देवके उस अत्युत्तम सुखका उपभोग करके च्युत होनेपर पूर्व कर्मोंके कारण वह जीव यहाँपर महेन्द्र-तनयाके गर्भमें आया है। (५८) हे भद्रे! इस गर्भकी उत्पत्तिके बारेमें मैंने तुझे यह वृत्तान्त कहा। तेरी मालकिनके विरहजन्य घने दुःखका कारण अब तू सुन। (५९)

परभवमें यह स्त्री पटरानी कनकोदरी थी। उस समय वहाँ उसकी लक्ष्मी नामकी एक दूसरी सपत्नी थी। (६०) सम्यक्त्वसे भावित बुद्धिवाली वह लक्ष्मी जिनप्रतिमाकी स्थापना करके एकाग्र मनसे पूजा करती थी तथा सैकड़ों स्तुतियों एवं मंगलगीतोंसे स्तुति-प्रार्थना करती थी। (६१) इसपर उसकी सपत्नी कनकोदरीने अत्यन्त रुष्ट हो जिनप्रतिमाको उठाकर

नामेण संजमसिरी, तइया अज्जा कएण भिक्खाए । नयरम्मि परिभमन्ती, पेच्छइ घरबाहिरे पडिमा ॥ ६३ ॥
मुणियपरमत्थसारा, अज्जा कणओयरिं भणइ एत्तो । भद्दे! सुणाहि वयणं, जं तुज्झ हियं च पत्थं च ॥ ६४ ॥
नरय-तिरिएसु जीवो, हिण्डन्तो नियय्पावपडिबद्धो । दुक्खेहि माणुसत्तं, पावइ कम्मावसेसेणं ॥ ६५ ॥
तं चेव तुमे लद्धं, माणुसजम्मं कुलं चिय विसिट्ठं । होऊण एरिसगुणा, मा कुणसु दुगुञ्छियं कम्मं ॥ ६६ ॥
जो जिण-गुरुपडिकुट्ठो, पुरिसो महिला व होइ जियलोए । सो हिण्डइ संसारे, दुक्खसहस्साइ पावेन्तो ॥ ६७ ॥
सोऊण अज्जियाए, वयणं कणओयरी सुपडिबुद्धा । ठावेइ चेइयहरे, जिणवरपडिमा पयत्तेणं ॥ ६८ ॥
जाया गिहिधम्मरया, कालं काऊण संजमगुणेणं । देवी होऊण चुया, उप्पन्ना अञ्जणा एसा ॥ ६९ ॥
जं बाहिरम्मि पडिमा, ठविया एयाए राग-दोसेणं । तं एस महादुक्खं, अणुहूयं रायधूयाए[1] ॥ ७० ॥
गेण्हसु जिणवरधम्मं, बाले! संसारदुक्खनासयरं । मा पुणरवि घोरयरे, भमिहिसि भवसायरे घोरे ॥ ७१ ॥
जो तुज्झ एस गब्भो, होही पुत्तो गुणाहिओ लोए । सो विज्जाहरइड्ढिं, सम्मत्तगुणं च पाविहिइ ॥ ७२ ॥
थोवदिवसेसु बाले!, दइएण समं समागमो तुज्झं । होही निस्संदेहं, भयमुव्वेयं विवज्जेहि ॥ ७३ ॥
भावेण वन्दिओ सो, समणो दाऊण ताण आसीसं । उप्पइय नहयलेणं, नियय्ट्ठाणं गओ धीरो ॥ ७४ ॥
पलियङ्कगुहावासे, तोए उवगरण-भोयणाईयं । सव्वं वसन्तमाला, करेइ विज्जानिओगेणं ॥ ७५ ॥
एवं कमेण सूरो, अत्थाओ सयलकिरणपरिवारो । उत्थरिऊण पवत्तो, बहलतमो कज्जलसवण्णो ॥ ७६ ॥
ताव च्चिय संपत्तो, सीहो दढदाढकेसरारुणिओ । पज्जलियनयणजुयलो, ललन्तजीहो कयन्तो व ॥ ७७ ॥
तं पेच्छिऊण सीहं, दोण्णि वि भयविहलपुण्णवयणाओ । अचन्तमसरणाओ[2], दस वि दिसाओ पलोयन्ति ॥ ७८ ॥

---

घरके बाहरके भागमें रख दिया। (६२) नगरमें भिक्षार्थ परिभ्रमण करती हुई संयमश्री नामकी आर्याने घरके बाहर प्रतिमा देखी। (६३) परमार्थका सार जिसने जान लिया है ऐसी उस आर्याने तब कनकोदरीसे कहा कि, हे भद्रे! जो तुम्हारे लिए हितकर एवं पथ्य है ऐसा वचन सुनो। (६४) अपने पापसे जकड़ा हुआ जीव नरक एवं तिर्यंच गतिमें भटकता-भटकता कर्मका नाश होनेपर बड़ी कठिनाईसे मनुष्य जन्म प्राप्त करता है। (६५) इस तरह तुमने मनुष्यजन्म तथा विशिष्ट कुल प्राप्त किया है। ऐसे गुणोंसे युक्त होकर तुम निन्दित कार्य मत करो। (६६) जिनेश्वरदेव तथा गुरु द्वारा निषिद्ध वस्तुका आचरण करनेवाली जो स्त्री या पुरुष होता है वह हजारों दुःख झेलता हुआ संसारमें परिभ्रमण करता है। (६७) आर्यिकाका ऐसा वचन सुनकर अच्छी तरहसे प्रतिबोधित कनकोदरीने आदरके साथ जिनप्रतिमाकी चैत्यगृहमें स्थापना की। (६८) वह गृहस्थ धर्ममें रत हुई। मरकर संयमगुणके कारण देवी हुई और वहाँसे च्युत होकर वह इस अंजना रूपसे पैदा हुई है। (६९) इसने राग-द्वेषके वशीभूत होकर जो बाहर प्रतिमा स्थापित की थी उसीसे इस राजपुत्रीने महादुःखका अनुभव किया है। (७०) हे बाले! संसारके दुःखका नाश करनेवाला जिनधर्म तू अंगीकार कर, अन्यथा घोर एवं घोरतर भवसागरमें पुनः भ्रमण करना पड़ेगा। (७१) तेरे गर्भमें जो यह पुत्र है वह लोकमें अत्यंत प्रशंसित होगा। वह विद्याधरोंकी ऋद्धि तथा सम्यक्त्वगुण प्राप्त करेगा। (७२) हे बाले! थोड़े ही दिनोंमें पतिके साथ निस्सन्देह तेरा समागम होगा अतः भय एवं उद्वेगका परित्याग कर। (७३) भावपूर्वक वन्दित वह धीर श्रमण उन्हें आशीर्वाद देकर ऊपर उड़ा और आकाशमार्गसे अपने स्थान पर गया। (७४) पर्यंक गुफाके उस आवासमें वसन्तमालाने विद्याके बलसे पलंग आदि उपकरण तथा भोजनादि सब कुछ जुटाया। (७५) उस समय समग्र किरणोंसे व्याप्त सूर्य क्रमशः गति करता हुआ अस्त हुआ और काजलके समान वर्णवाला गाढ़ अन्धकार छा गया। (७६) ऐसे समय मजबूत डाढ़ों और केसरके कारण अरुण आभावाला, प्रज्वलित दोनों आँखोंवाला तथा जीभ लपलपाता हुआ यमके जैसा सिंह वहाँ आया। (७७) उस सिंहको देखकर भयजन्य विह्वलतासे व्याप्त वदनवाली वे दोनों अत्यन्त अशरण होकर दसों दिशाओंमें देखने लगीं। (७८)

---

१. राजदुहित्र्या। २. कंपंतसरीराओ—प्रत्य०।

दट्ठुं वसन्तमाला, तिहत्थमेत्तट्ठियं गयवरारिं । पासेसु अञ्जणाए, कुरलि व्व नहङ्गणे भमइ ॥ ७९ ॥
हाहा! हया सि मुद्धे!, पुव्वं दोहग्गविरहदुक्खेणं । बन्धवजणेण चत्ता, पुणरवि सीहेण पडिरुद्धा ॥ ८० ॥
एसा महिन्दतणया, पवणंजयगेहिणी गुहामज्झे । सीहेण खज्जमाणी, रक्खसु वणदेवए! तुरियं ॥ ८१ ॥
दट्ठूण गुहावासी, मणिचूलो नाम तत्थ गन्धवो । काऊण सरहरूवं, धाडेइ गुहाउ पञ्चमुहं ॥ ८२ ॥
सीहभयम्मि ववगए, संपडिए जीवियव्वए बाला । सयणिज्जम्मि निसण्णा, वसन्तमालाएँ रइयम्मि ॥ ८३ ॥
ताव च्चिय गन्धवो, भणिओ देवीएँ चित्तमालाए । सामिय! गायसु गीयं, एयाणं सज्झसावहरं ॥ ८४ ॥
तो गाइउं पवत्तो, गन्धवो मणहरं सह पियाए । वरवीणागहियकरो, जिणवरथुइमङ्गलसणाहं ॥ ८५ ॥
सोऊण गीयसद्दं, महिन्दतणया वसन्तमाला य । ववगयभयाउ दोण्णि वि, अच्छन्ति तहिं गुहावासे ॥ ८६ ॥
जाए पभायसमए, नाणाविहजलय-थलयकुसुमेहिं । मुणिसुव्वयस्स चलणे, अच्चेन्ति विसुद्धभावाओ ॥ ८७ ॥
अच्छन्ति तत्थ दोण्णि वि, जिणपूया-वन्दणुज्जयमईओ । गन्धवो च्चिय ताओ रक्खइ नियय पयत्तेणं ॥ ८८ ॥

अञ्जनायाः पुत्रप्रसूतिः —

अह अञ्जणा कयाई, वसन्तमालाए विरइएँ सयणे । वरदारयं पसूया, पुव्वदिसा चेव दिवसयरं ॥ ८९ ॥
तस्स पभावेण गुहा, वरतरुवरकुसुम-पल्लवसणाहा । जाया कोइलमुहला, महुयरझंकारगीयरवा ॥ ९० ॥
घेत्तूण बालयं सा, उच्छङ्गे अञ्जणा रुयइ मुद्धा । किं वच्छ! करेमि तुहं, एत्थारण्णे अपुण्णा हं? ॥ ९१ ॥
एस पिया ते पुत्तय! अहवा मायामहस्स य घरम्मि । जइ तुज्झ जम्मसमओ, होन्तो वि तओ महाणन्दो ॥ ९२ ॥
तुज्झ पसाएण अहं, पुत्तय! जीवामि नत्थि संदेहो । पइसयणविप्पमुक्का, जूहपणट्ठा मई चेव ॥ ९३ ॥

---

अंजनाके पास तीन हाथ जितनी दूरी पर स्थित सिंहको देखकर वसन्तमाला कुरली पक्षिणीकी भाँति आकाशमें घूमने लगी। (७९) हे मुग्धे! पहले दुर्भाग्यवश विरह-दुःखसे तू मारी गई और बन्धुजनोंने तेरा परित्याग किया। अब पुनः तू सिंहके द्वारा घेरी गई है। (८०) हे वनदेवते! यह महेन्द्रकी पुत्री और पवनंजयकी गृहिणी गुफामें सिंह द्वारा खाई जा रही है, इसकी तुम जल्दी रक्षा करो। (८२) उस गुफामें रहनेवाले मणिचूड़ नामके गन्धर्वने यह देखकर शरभका रूप धारण किया और गुफामेंसे सिंहको भगा दिया। (८२) सिंहका भय दूर होने पर और जानमें जान आने पर वह बाला अंजना वसन्तमाला द्वारा रचित शय्या पर बैठी। (८३) उस समय देवी चित्रमालाने गन्धर्वसे कहा कि, हे स्वामी! इनके भयको दूर करनेवाला एक गीत आप गावें। (८४) तब वह गन्धर्व उत्तम वीणा हाथमें धारण करके अपनी प्रियाके साथ जिनवरकी स्तुति एवं मंगलसे युक्त मनोहर गीत गाने लगा। (८५) गीतकी ध्वनि सुनकर जिनका भय दूर हो गया है ऐसी महेन्द्रतनया अंजना और वसन्तमाला दोनों ही उस गुफागृहमें ठहरीं। (८६) प्रभातवेला होने पर जलमें एवं स्थलमें उत्पन्न होनेवाले नानाविध पुष्पोंसे उन्होंने मुनिसुव्रतस्वामीके चरणोंमें विशुद्ध भावसे पूजा की। (८७) वहाँ पर जिनपूजा एवं वन्दनमें उद्यमशील बुद्धिवाली वे दोनों रहने लगीं और गन्धर्व भी सतत प्रयत्नसे उनकी रक्षा करने लगा। (८८)

इसके पश्चात् कभी वसन्तमाला द्वारा विरचित शयनके ऊपर अंजनाने पूर्वदिशामें उगनेवाले सूर्यकी भाँति एक उत्तम पुत्रको जन्म दिया। (८९) उसके प्रभावसे वह गुफा उत्तम वृक्षोंके सुन्दर फूल और पत्तोंसे युक्त, कोयलसे मुखरित तथा भौरोंके झंकारकी गीतध्वनिसे व्याप्त हो गई। (९०) बालकको गोदमें धारण करके वह मुग्धा अंजना रोती थी कि, हे वत्स! अपुण्यशाली मैं इस अरण्यमें तेरे लिए क्या करूँ? (९१) हे पुत्र! पिताके अथवा मातामहके घरमें तेरा यह जन्मोत्सव होता तो आनन्द-आनन्द छा जाता (९२) हे पुत्र! तेरे प्रसादसे ही यूथसे परिभ्रष्ट हिरनीकी भाँति पति एवं स्वजनसे मुक्त मैं जी रही हूँ। (९३) इस पर वसन्तमालाने कहा कि, हे स्वामिनी! ऐसी सारी ग्लानिका परित्याग

भणइ य वसन्तमाला, सामिणि छड्डेहि परिभवं सव्वं । न य होइ अलियवयणं, जं पुव्वं मुणिवराइट्ठं ॥ ९४ ॥

**अञ्जनायाः मातुलमीलनम्—**

एयं ताण पलावं, सुणिऊण नहङ्गणाउ ओइण्णो । संयलपरिवारसहिओ, ताव य विज्जाहरो सहसा ॥ ९५ ॥
पेच्छइ गुहापविट्ठो, जुवईओ दोण्णि रूवकलियाओ । पुच्छइ किवालुयमणो, कत्तो सि इहाऽऽगया तुब्भे ? ॥ ९६ ॥
भणइ य वसन्तमाला, सुपुरिस ! एसा महिन्दनिवधूया । नामेण अञ्जणा वि हु, महिला पवणंजयभडस्स ॥ ९७ ॥
सो अन्नया कयाई, काऊण इमाएँ गब्भसंभूई । चलिओ सामिसयासं, न य केणइ तत्थ परिणाओ ॥ ९८ ॥
दिट्ठा य सासुयाए, गुरुभारा एस मूढहिययाए । काऊण दुट्ठसीला, पिउभवणं पेसिया सिग्घं ॥ ९९ ॥
तेण वि य महिन्देणं, निच्छूढा तिव्वदोसभीएणं । समयं मए पविट्ठा, एसा रण्णं महाघोरं ॥ १०० ॥
एसा दोसविमुक्का, रयणीए अज्ज पच्छिमे जामे । वरदारयं पसूया, पलियङ्कगुहाएँ मज्झम्मि ॥ १०१ ॥
एयं चिय परिकहिए, जंपइ विज्जाहरो सुणसु भद्दे ! । नामेण चित्तभाणू, मज्झ पिया कुरुवरद्दीवे ॥ १०२ ॥
पडिसुज्जउ त्ति अहयं, सुन्दरमालाएँ कुच्छिसंभूओ । वरहिययसुन्दरीए, भाया य महिन्दभज्जाए ॥ १०३ ॥
मह एस भइणिधूया, बाला चिरकालदिट्ठपम्हुट्ठा । साभिन्नाणेहि पुणो, मुणिया सयणाणुराएणं ॥ १०४ ॥
नाऊण माउलं सा, रुवइ वणे तत्थ अञ्जणा कलुणं । घणदुक्खवेढियङ्गी, वसन्तमालाएँ समसहिया ॥ १०५ ॥
वारेऊण रुयन्ती, भणिओ पडिसुज्जएण गणियण्णू । नक्खत्त-करण-जोगं, कहेहि एयस्स बालस्स ॥ १०६ ॥
सो भणइ अज्ज दियहो, विभावसू बहुलअट्ठमी य चेत्तस्स । समणो च्चिय नक्खत्तं, बम्भा उण भण्णए जोगो ॥ १०७ ॥
मेसम्मि रवी तुङ्गो, वट्टइ मयरे ससी य समठाणे । आरो वसभे गमणो, कुलिरम्मि य भग्गवो तुङ्गो ॥ १०८ ॥
गुरुसणि मीणे तुङ्गा, बुहो य कण्णंमि वट्टए उच्चो । साहिन्ति रायरिद्धिं, इमस्स बालस्स जोगत्तं ॥ १०९ ॥

---

करो । मुनिवरने पहले जो कुछ कहा है वह असत्य कथन नहीं होगा । (९४) उनके ऐसी बातचीतको जानकर सम्पूर्ण परिवारके साथ एक विद्याधर सहसा वहाँ आकाशमेंसे नीचे उतरा । (९५) गुफामें प्रवेश करके उसने दो रूपवती युवतियोंको देखा । दयालु मनवाले उसने पूछा कि यहाँ पर तुम कहाँसे आई हो ? (९६) इस पर वसन्तमालाने कहा कि, हे सुपुरुष ! यह महेन्द्रकी अंजना नामकी पुत्री तथा सुभट पवनंजयकी पत्नी है । (९७) वह पवनंजय कभी एक बार इसमें गर्भकी उत्पत्ति करके स्वामी रावणके पास चला गया । किसीने भी वहाँ यह बात न जानी । (९८) मूढ़ हृदयवाली सासने देखा कि यह गर्भवती है । कुशीलका दोषारोपण करके उसे शीघ्रही पिताके घर पर भेज दिया । (९९) बड़े भारी दोषसे भयभीत उस महेन्द्रने भी इसे निकाल दिया । इस कारण मेरे साथ इसने अतिभयंकर अरण्यमें प्रवेश किया है । (१००) दोषसे रहित इसने आज रातके पिछले प्रहरमें इस पर्यंकगुफामें उत्तम पुत्रको जन्म दिया है । (१०१) इस प्रकार कहने पर विद्याधरने कहा कि, हे भद्रे ! सुनो । कुरुवर द्वीपमें मेरे चित्रभानु नामके पिता हैं । सुन्दर माताकी गोदसे उत्पन्न मैं प्रतिसूर्यक, महेन्द्रकी भार्या वरहृदयसुन्दरीका भाई हूँ । (१०२-१०३) यह कन्या मेरी बहनकी लड़की है । चिरकालके बाद देखनेके कारण यह विस्मृत-सी हो गई थी, परन्तु स्वजनके अनुरागके कारण मैंने इसे पहचान लिया है । (१०४) अपने मामाको पहचानकर वह अंजना उस अरण्यमें करुण स्वरसे रोने लगी । अत्यन्त दुःखसे परिव्याप्त शरीरवाली वह वसन्तमाला द्वारा आश्वस्त की गई । (१०५) रोती हुई उसे शान्त करके प्रतिसूर्यकने ज्योतिषीसे पूछा कि इस बालकका नक्षत्र, करण एवं योग कहो । (१०६) उसने कहा कि आज रविवारका दिन तथा चैत्रमासकी कृष्णाष्टमी है । श्रवण नक्षत्र और ब्राह्म नामका योग कहा गया है । (१०७) मेषमें रवि उच्च स्थान पर है, मकरमें चन्द्रमा समस्थान पर है । मंगलका गमन वृषमें है और मेषमें शुक्र उच्च स्थान पर है । (१०८) गुरु और शनि मीनमें उन्नत स्थानपर हैं, बुध कन्या राशिमें उच्च है । ये सब इस बालककी राज-ऋद्धि तथा योगित्वके सूचक हैं । (१०९) हे सुपुरुष ! उस समय शुभ मुहूर्त था और मीनका उदय था ।

सुपुरिस! सुभो मुहुत्तो, उदओ मीणस्स आसि तवेलं । सबे गहाऽणुकूला, विद्धिट्ठाणेसु वट्टन्ति ॥ ११० ॥
एवं महानिमित्तं, भणियं बल-भोग-रज्ज-सामिद्धी । भोत्तूण एस बालो, सिद्धिसुहं चेव पाविहिई ॥ १११ ॥
नक्खत्तपाढयं पि य, संपूएऊण तत्थ पडिसूरो । तो भणइ भाइणेज्जी, हणुरुहनयरं पगच्छामो ॥ ११२ ॥
तो निग्गया गुहाओ, ठाणनिवासिं सुरं खमावेउं । वच्चइ नहङ्गणेणं, वरकणयविमाणमारूढा ॥ ११३ ॥
उच्छङ्गवट्टियतणू, बालो दट्ठूण खिङ्खिणीजालं । मीणो ब समुच्छलिउं, पडिओ गिरिणो सिलावट्टे ॥ ११४ ॥
दट्ठूण सुयं पडियं, रोयन्ती भणइ अञ्जणा कलुणं । दाऊण निही मज्झं, अच्छीणि पुणो अवहियाणि ॥ ११५ ॥
तो सा महिन्दतणया, समयं पडिसुज्जएण अवइण्णा । हाहाकारमुहरवा, पेच्छइ य सिलायले बालं ॥ ११६ ॥
निरुवहयङ्गोवङ्गो, गहिओ बालाएँ परमतुट्ठाए । पडिसुज्जएण वि तओ, पसंसिओ हरिसियमणेणं ॥ ११७ ॥
जाणविमाणारूढा, समयं पुत्तेण अञ्जणा तुरियं । बहुतूरमङ्गलेहिं, पवेसिया हणुरुहं नयरं ॥ ११८ ॥
जम्मूसवो महन्तो, तस्स कओ खेयरेहि तुट्ठेहिं । देवेहि देवलोए, नज्जइ इन्दे समुप्पन्ने ॥ ११९ ॥
बालत्तणम्मि जेणं, सेलो आचुण्णिओ य पडिएणं । तेणं चिय सिरिसेलो, नामं पडिसुज्जएण कयं ॥ १२० ॥
हणुरुहनयरम्मि जहा, सक्कारो पाविओ अइमहन्तो । हणुओ त्ति तेण नामं, बीयं ठवियं गुरुयणेणं ॥ १२१ ॥
सबजणाणन्दयरो, तम्मि पुरे सुरकुमारसमरूवो । अच्छइ परिकीलन्तो, सुहेण जणणीएँ हियइट्ठो ॥ १२२ ॥

एव नरा सुणिऊण महन्तं, पुबकयं बहुदुक्खविवायं ।
संजमसुट्ठियउज्जुयभावा, होह सया विमले जिणधम्मे ॥ १२३ ॥

॥ इय पउमचरिए हणुयसंभवविहाणो नाम सत्तरसमो उद्देसओ समत्तो ॥

---

सब अनुकूल ग्रह वृद्धिस्थानमें रहे हुए हैं। (११०) यह महानिमित्त कहता है कि बल, भोग, राज्य एवं समृद्धिका उपभोग करके यह बालक मोक्षसुख प्राप्त करेगा। (१११) वहाँ प्रतिसूर्यने नक्षत्रपाठक (ज्योतिषी) का सम्मान करके अपनी भानजीसे कहा कि हम हनुरुह नगरको जावें। (११२) बादमें उस स्थानमें रहनेवाले देवसे क्षमायाचना करके वह गुफामेंसे बाहर निकली और सोनेके बने हुए उत्तम विमानमें आरूढ़ होकर चली। (११३) गोदमें जिसका शरीर धारण किया हुआ है ऐसा वह बालक किंकिणीके समूहको देखकर मछलीकी भाँति उछला और पहाड़की शिलापर जा गिरा। (११४) पुत्र नीचे गिरा है ऐसा देखकर अंजना करुण स्वरमें रोकर कहने लगी कि मुझे खजाना देकर फिर आँखें छीन ली है! (११५) तब मुखसे हाहाकार ध्वनि करती हुई वह महेन्द्रतनया अंजना प्रतिसूर्यके साथ नीचे उतरी और शिलातल पर बालकको देखा। (११६) अक्षत अंगोपांगवाले उस बालकको अंजनाने आनन्दमें विभोर होकर उठा लिया। हर्षित मनवाले प्रतिसूर्यने भी तब उसकी प्रशंसा की। (११७) पुत्रके साथ अंजना शीघ्र ही विमानके वाहन पर आरूढ़ हुई और नानाविध मंगल वाद्योंके साथ हनुरुहनगरमें उसका प्रवेश कराया गया। (११८) इन्द्रके उत्पन्न होने पर देवलोकमें देवों द्वारा जैसा जन्मोत्सव मनाया जाता है वैसा ही आनन्दमें आये हुए खेचरोंने उसका जन्मोत्सव मनाया। (११९) बचपनमें चूँकि गिरनेसे पहाड़ चूर्ण-चूर्ण कर दिया था, अतएव प्रतिसूर्यने उसका नाम श्रीशैल रखा। (१२०) और चूँकि हनुरुहनगरमें बहुत बड़ा सत्कार पाया था, इसलिए गुरुजनोंने उसका दूसरा नाम हनुमान रखा। (१२१) सब लोगोंको आनन्द देनेवाला, देवकुमारके समान रूपवाला और माताके मनको प्रिय वह उस नगरमें क्रीड़ा करता हुआ सुखपूर्वक रहने लगा। (१२२)

इस प्रकार बड़े भारी और अत्यन्त दुःखदायी फल देनेवाले पूर्वकृत कर्मके बारेमें सुनकर मनुष्य विमल जिनधर्ममें सर्वदा संयममें सुस्थित तथा ऋजुभावसे युक्त हों। (१२३)

। पद्मचरितमें हनुमानजन्मविधान नामक सत्रहवाँ उद्देश समाप्त हुआ।

## १८. पवणंजय-अंजणासुन्दरीसमागमविहाणं

**पवनञ्जयेन अञ्जनाया गवेषणा —**

एवं ते मगहाहिव!, कहियं सिरिसेलजम्मसंबन्धं । एत्तो सुणाहि संपइ, पवणंजयकारणं सव्वं ॥ १ ॥
पवणंजएण एत्तो, गन्तुं लङ्काहिवं पणमिऊणं । लद्धाएसेणं चिय, वरुणेण समं कयं जुज्झं ॥ २ ॥
संगामम्मि पवत्ते, वरुणं उवउट्ठिऊण पवणगई । कारेइ संधिसमयं, जलकन्तो दूसणं मुयइ ॥ ३ ॥
लङ्काहिवेण एत्तो, सम्माणेऊण तत्थ पवणगई । वीसज्जिओ य वच्चइ, सपुरं गयणेण तूरन्तो ॥ ४ ॥
पविसरइ नियणयरं, गुरूण काऊण सहरिसो विणयं । कन्तासमूसुयमणो, अल्लीणो अञ्जणाभवणं ॥ ५ ॥
तत्थ भवणे निविट्ठो, संभासेऊण परियणं सयलं । कन्तं अपेच्छमाणो, पुच्छइ पवणंजओ मित्तं ॥ ६ ॥
परिमुणियकारणेणं, सिट्ठं मित्तेण तुज्झ सा महिला । नीया महिन्दनयरं, तत्थऽच्छइ पिइहरे बाला ॥ ७ ॥
एवं च कहियमेत्ते, महिन्दनयरं गओ पवणवेगो । दट्ठूण नियय[1]ससुरं, रियइ[2] तओ अञ्जणाभवणं ॥ ८ ॥
तत्थ वि य अपेच्छन्तो, कन्ताविरहग्गितवियसव्वङ्गो । भवणेक्कवरतरुणी[3], पुच्छइ कत्तो महं भज्जा? ॥ ९ ॥
तीए वि तस्स सिट्ठं, सा महिला तुज्झ गब्भदोसेणं । अववायजणियदुक्खा, गुरूहि चत्ता गया रण्णं ॥ १० ॥
सुणिऊण वयणमेयं, पवणगई दुक्खदूमियसरीरो । छिद्देण य निग्गन्तुं, भमइ य कन्ता[4] गवेसन्तो ॥ ११ ॥
परिहिण्डिऊण वसुहं, अलहन्तो अञ्जणाएँ पडिवत्तिं । गच्छसु आइच्चपुरं, मित्तं पवणंजओ भणइ ॥ १२ ॥
एयं चिय संबन्धं, गुरूण सव्वं कहेहि गन्तूण । अहयं पुण पुहइयले, भमामि कन्ता[5] गवेसन्तो ॥ १३ ॥
जइ तं महिन्दतणयं, एत्थ न पेच्छामि परिभमन्तो हं । तो निच्छएण मरणं, मित्त पइन्ना महं एसा ॥ १४ ॥

---

## १८. पवनंजय तथा अंजनासुन्दरीका समागम

श्रीगौतम गणधर राजा श्रेणिकसे कहते हैं कि, हे मगधनरेश! मैंने इस प्रकार तुम्हें श्रीशैलके जन्मका वृत्तान्त कहा। अब यहाँसे पवनंजयके बारेमें जो कुछ कहता हूँ वह सब तुम सुनो। (१)

उधर लंकाधिप रावणके पास जाकर, प्रणाम करके तथा आज्ञा लेकर पवनंजयने वरुणके साथ युद्ध किया। (२) युद्ध होने पर वरुणको हराकर पवनगतिने संधि कराई। जलके स्वामी वरुणने खरदूषणको छोड़ दिया। (३) इस पर रावणने पवनगतिका लंकामें सम्मान करके उसे जानेकी अनुमति दी। वह गगनमार्गसे जल्दी जल्दी प्रयाण करता हुआ अपने नगरकी ओर चल पड़ा। (४) अपने नगरमें प्रवेश किया। आनन्दमें आये हुए उसने गुरुजनोंका विनय किया। बादमें पत्नीके लिए उत्सुक मनवाले उसने अंजनाके भवनमें प्रवेश किया। (५) उस भवनमें प्रविष्ट पवनंजयने सभी परिजनोंके साथ बातचीत की, किन्तु अपनी पत्नीको न देखकर उसने मित्रसे पूछा। (६) कारण जानकर मित्रने कहा कि तुम्हारी उस पत्नीको महेन्द्रनगर ले गये हैं। वहाँ अपने मायकेमें वह बाला है। (७) इस प्रकार कहने पर पवनवेग महेन्द्रनगरमें गया। और अपने श्वसुरके दर्शन करके वह अंजनाके भवनमें गया। (८) वहाँ पर भी पत्नीको न देखकर सारे शरीरमें विरहाग्निसे जलते हुए उसने उस भवनमें रहनेवाली एक सुन्दरीसे पूछा कि मेरी भार्या कहाँ है? (९) उसने भी उसे कहा कि गर्भके दोषके कारण होनेवाली निन्दासे दुःखित गुरुजनोंने तुम्हारी स्त्रीका परित्याग कर दिया है, जिससे वह अरण्यमें चली गई है। (१०) यह बात सुनकर दुःखसे पीड़ित शरीरवाला पवनगति दरवाजेसे बाहर निकला और पत्नीको खोजता हुआ भटकने लगा। (११) पृथ्वीमें परिभ्रमण करने पर भी अंजनाकी खबर न लगनेसे पवनंजयने मित्रसे कहा कि तुम आदित्यपुर जाओ। (१२) वहाँ जाकर गुरुजनोंसे यह समग्र वृत्तान्त कह सुनाना। मैं तो पृथ्वीतलपर पत्नीको ढूँढ़ता फिरता हूँ। (१३) हे मित्र! परिभ्रमण करता हुआ मैं यदि उस अंजनाको यहाँ नहीं देखूँगा तो निश्चय ही

---

१. इयर्ति-गच्छति। २. तरुणि—प्रत्य०। ३-४. कंतं—प्रत्य०।

तं मोत्तूण पहसिओ, आइच्चपुरं खणेण संपत्तो । पवणंजयसंबन्धं, गुरूण सबं निवेएइ ॥ १५ ॥

**पवनञ्जयस्य विलपनम्—**

पवणंजओ वि एत्तो, आरुहिउं गयवरं गयणगामी । परिहिण्डिऊण वसुहं, कुणइ पलावं तओ विमणो ॥ १६ ॥
सोगायवसंतत्ता, मिणालदलकमलकोमलसरीरा । हरिणि व जूहभट्ठा, कत्तो व गया महं कन्ता? ॥ १७ ॥
गुरुभारखेइयङ्गी, चलणेहिं दब्भसूइभिन्नेहिं । गमणं अणुच्छहन्ती, किं खइया दुट्ठसत्तेणं? ॥ १८ ॥
किं वा असण-तिसाए, बाहिज्जन्ती मुया[1] अरण्णम्मि? । किं खेयरेण केणइ, अवहरिया सा महं कन्ता? ॥ १९ ॥
एवं बहुप्पयारं, पवणगई विलविऊण दीणमुहो । भूयरवं[2] नाम वणं, संपत्तो सो गवेसन्तो ॥ २० ॥
तत्थ वि य अपेच्छन्तो, महिलं पवणंजओ विगयहासो । तो सुमरिउं पइन्नं, सत्थेसु समं मुयइ हत्थी[3] ॥ २१ ॥
जं परिहवो महन्तो, तुज्झ कओ वाहणाइसत्तेणं । तं खमसु मज्झ गयवर! विहरसु रण्णे जहिच्छाए ॥ २२ ॥
एवं चिय वोलीणा, रयणी पवणंजयस्स तम्मि वणे । जं पिउणा तस्स कयं, तं मगहवई सुणसु एत्तो ॥ २३ ॥
पवणंजयवुत्तन्ते, मित्तेण निवेइए गुरूण तओ । सबो सयण-परियणो, जाओ अइदुक्खिओ विमणो ॥ २४ ॥
सुयसोगगग्गरगिरा, केउ (कित्ति) मई भणइ पहसियं एत्तो । पुत्तं मोत्तूण ममं, एगागी किं तुमं आओ? ॥ २५ ॥
सो भणइ देवि! तेणं, अहयं संपेसिओ इहं तुरिओ । विरहभयदुक्खिएणं, काऊण इमं पइन्नं तु ॥ २६ ॥
जइ तं एत्थ वरतणू[4], न य हं पेच्छामि सोमससिवयणं । ता मज्झ एत्थ मरणं, होही भणियं तुह सुएणं ॥ २७ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, केउ (कित्ति) मई मुच्छिया समासत्था । जुवईहि संपरिवुडा, कुणइ पलावं तओ कलुणं ॥ २८ ॥

---

मेरा मरण समझो—यह मेरी प्रतिज्ञा है । ( १४ ) उसे छोड़कर प्रहसित क्षणभरमें आदित्यपुर आ पहुँचा और पवनंजयका सारा वृत्तान्त कह सुनाया । (१५)

इधर विमनस्क पवनंजय भी गगनगामी उत्तम हाथीके ऊपर आरोहण करके पृथ्वी पर भ्रमण करता हुआ प्रलाप करने लगा कि शोकरूपी आतपसे सन्तप्त और मृणाल एवं कमलदलके समान कोमल शरीरवाली मेरी पत्नी यूथभ्रष्ट हरिणीकी भाँति कहाँ गई है ? (१६-१७) गर्भके भारसे खिन्न अंगवाली और दर्भकी सूई जैसी नोकोंसे पैर क्षत-विक्षत हो जानेसे गमनके लिए अनुत्साहित उसे किसी दुष्ट प्राणीने खा तो नहीं लिया होगा ? (१८) अथवा भूख और प्याससे पीड़ित होकर जंगलमें वह मर तो नहीं गई होगी ? किसी खेचरने तो क्या मेरी उस पत्नीका अपहरण नहीं किया होगा ? (१९) इस तरह अनेक प्रकारसे प्रलाप करके दीन मुखवाले पवनगतिने खोजते खोजते भूतरव नामके वनमें प्रवेश किया । (२०) जिसकी हँसी नष्ट हो गई है ऐसे पवनंजयने वहाँ पर भी पत्नीको न देखकर और अपनी प्रतिज्ञाको याद करके शस्त्रोंके साथ हाथीको छोड़ दिया । (२१) हे गजवर ! वाहनमें अत्यन्त आसक्त मैंने तुम्हारा जो बड़ा भारी तिरस्कार किया है उसके लिए तुम मुझे क्षमा करो और इच्छानुसार वनमें विचरण करो । (२२) इस प्रकार उस वनमें पवनंजयकी रात व्यतीत हुई ।

हे मगधपति ! इधर उसके पिताने जो किया वह तुम अब सुनो । (२३) जब मित्रने पवनंजयका वृत्तान्त गुरुजनोंसे निवेदित किया, तब सभी स्वजन परिजन अत्यन्त दुःखित हो शून्यचित्तसे हो गये । (२४) दुःख एवं शोकके कारण गद्गद् वाणीमें कीर्तिमतीने प्रहसितसे कहा कि मेरे पुत्रको अकेला छोड़कर तू यहाँ क्यों आया ? (२५) उसने कहा कि, हे देवी ! विरहके भयसे दुःखित उसीने ऐसी प्रतिज्ञा करके यहाँपर मुझे जल्दी भेजा है । (२६) आपके पुत्रने कहा है कि उत्तम शरीरवाली तथा चन्द्रमाके समान सौम्य वदनवाली उसे मैं यहाँ नहीं देखूँगा तो मेरा यहाँ मरण होगा । (२७) यह वचन सुनकर कीर्तिमती मूर्च्छित हो गई । होशमें आनेपर स्त्रियोंसे घिरी हुई वह करुण प्रलाप करने लगी । (२८) कार्याकार्यका

---

१. मया—प्रत्य० । २. भूयवरं—प्रत्य० । ३. हत्थि—प्रत्य० । ४. वरतणुं—प्रत्य० ।

अमुणियकज्जाएँ मए, पावाए एरिसं कयं कम्मं । जीवस्स वि संदेहो, जेण य पुत्तस्स मे जाओ ॥ २९ ॥
एयं आइच्चपुरं, आरामुज्जाण-काणणसमिद्धं । मह पुत्तेण विरहियं, देइ सोहं अरण्णं व ॥ ३० ॥
संठाविऊण महिलं, पल्हाओ निग्गओ पुरवराओ । पुत्तस्स मग्गणट्ठे, पुरओ चिय पहसियं काउं ॥ ३१ ॥
सबे वि खेयरिन्दा, वाहरिया उभयसेढिवत्थबा । सिग्घं चिय संपत्ता, पल्हायनराहिवसयासं ॥ ३२ ॥
हिण्डन्ति गवेसन्ता, पवणगइं ते समन्तओ पुहई । पडिसुज्जएण दिट्ठा, दूया पल्हायनिवतणया ॥ ३३ ॥
परिपुच्छिएहि सिट्ठं, पवणंजयकारणं अपरिसेसं । सोऊग अञ्जणा वि य, अहिययरं दुक्खिया जाया ॥ ३४ ॥
रोवन्ती भणइ तओ, हा नाह ! कओ गओ अपुण्णाए । बहुदुक्खभाइणीए, अलद्धसुहसंगमासाए ? ॥ ३५ ॥
पडिमुज्जओ वि एत्तो, आसासेऊण अंजणा तुरियं । उप्पइओ गयणयले, पेच्छइ विज्जाहरे सबे ॥ ३६ ॥
अह ते गवेसमाणा, भूयारण्णं वणं समणुपत्ता । पेच्छन्ति तत्थ हत्थिं, पवणंजयसन्तियं मत्तं ॥ ३७ ॥
दट्ठूण गयवरं तं, सबे विज्जाहरा सुपरितुट्ठा । जंपन्ति एक्कमेक्कं, पवणगई एत्थ निक्खुत्तं ॥ ३८ ॥
अञ्जणगिरिसमसरिसो, सियदन्तो चडुलचलणगइगमणो । पासेसु परिभमन्तो, रक्खइ सामी सुभिच्चो व ॥ ३९ ॥
दट्ठूण पवणवेगं, ओइण्णा खेयरा नहयलाओ । वारेइ अल्लियन्ते, तस्स समीवं गयवरो सो ॥ ४० ॥
काऊण वसे हत्थिं, पवणसमीवम्मि खेयरा पत्ता । पेच्छन्ति अचलियङ्गं, मुणि व जोगं समारूढं ॥ ४१ ॥
आलिङ्गिऊण पुत्तं, पल्हाओ रुयइ बहुविहपलावं । हा वच्छ ! महिलियाए, कएण दुक्खं इमं पत्तो ॥ ४२ ॥
परिवज्जियमाहारं, कयमोणं मरणनिच्छिउच्छाहं । नाऊण साहइ फुडं, पडिसूरो अञ्जणापगयं ॥ ४३ ॥
एत्तो कुमार ! निसुणसु, संझागिरिमत्थए मुणिवरस्स । उप्पन्नं नाणवरं, नामेण अणन्तविरियस्स ॥ ४४ ॥
तं वन्दिऊण समणं, आगच्छन्तेण तत्थ रयणीए । पलियङ्कगुहाएँ मए, रोवन्ती अञ्जणा दिट्ठा ॥ ४५ ॥

---

ज्ञान न रखनेवाली पापी मैंने ऐसा कार्य किया है, जिससे मेरे पुत्रके बारेमें सन्देह हो गया है। (२९) वन-उपवनोंसे समृद्ध यह आदित्यपुर मेरे पुत्रके अभावमें जंगलकी भाँति सुख नहीं देता। (३०) पत्नीको ढाढ़स बँधाकर प्रह्लाद प्रहसितको आगे करके पुत्रकी खोजके लिए नगरमेंसे निकला। (३१) दोनों श्रेणियोंमें रहनेवाले सभी खेचरेन्द्र बुलाये गये। प्रह्लाद राजाके पास वे शीघ्र ही आये। (३२) पवनंजयको खोजते हुए वे पृथ्वीपर चारों ओर घूमने लगे। प्रह्लाद राजाके सन्देशवाहक पुत्रोंको प्रतिसूर्यने देखा। (३३) पूछनेपर पवनंजयका समग्र वृत्तान्त उन्होंने कह सुनाया। उसे सुनकर अंजना भी बहुत ही अधिक दुःखी हुई। (३४) रोती हुई वह कहने लगी कि, हा नाथ ! पापी, अतिदुःखभागी और मिलनसुख जिसे नहीं मिला है ऐसी मुझे छोड़कर तुम कहाँ गये हो ? (३५) प्रतिसूर्य भी अंजनाको आश्वासन देकर वहाँसे जल्दी ही आकाशतलमें उड़ा और उसने सब विद्याधरोंको देखा। (३६) उसे ढूँढ़ते हुए वे भूतारण्य नामक वनमें आ पहुँचे। वहाँपर उन्होंने पवनंजयके पास जो मदोन्मत्त हाथी था उसे देखा। (३७) उस हाथीको देखकर सब विद्याधर आनन्दित होकर एक-दूसरेसे कहने लगे कि पवनगति यहाँपर अवश्य है। (३८) अंजनगिरिके समान श्याम वर्णवाला, सफेद दाँतवाला और पैरोंसे चपलगति करनेवाला वह हाथी अच्छे सेवककी भाँति चारों ओर घूमकर अपने स्वामीकी रक्षा कर रहा था। (३९) पवनवेगको देखकर आकाशमेंसे सब विद्याधर नीचे उतरे। गजवर उसके पास आनेवालोंको रोकता था। (४०) हाथीको वशमें करके खेचर पवनंजयके समीप पहुँच गये। वहाँ उन्होंने योगमें आरूढ़ मुनिकी भाँति निश्चल शरीरवाले पवनंजयको देखा। (४१) पुत्रको आलिंगन करके प्रह्लाद अनेक प्रकारका विलाप करके रोने लगा कि, हा वत्स ! स्त्रीके लिए तुमने यह दुःख प्राप्त किया है। (४२) आहारका त्याग करके मौन धारण किये हुए और मरणके लिए दृढ़ उत्साहवाले तथा अंजनासे विरहित उसे पहचानकर प्रतिसूर्यने स्पष्ट रूपसे कहा कि, हे कुमार ! तुम सुनो। संध्यागिरिके शिखरपर अनन्तवीर्य नामके मुनिको केवल ज्ञान उत्पन्न हुआ था। (४३-४) उन श्रमणको वन्दन करके वापस लौटते हुए मैंने वहाँ पल्यंकगुफामें रोती हुई अंजनाको देखा। (४५)

---

१. अञ्जणं—प्रत्य० ।

परिपुच्छिया य तीए, सिट्ठं निवासकारणं सबं । आसासिया मए चिय, सयणसिणेहं वहन्तेणं ॥ ४६ ॥
तद्दिवसं चिय तीए, जाओ पुत्तो सुरूवलयण्णो । दिबविमाणारूढो, निज्जन्तो महियले पडिओ ॥ ४७ ॥
ओइण्णो चिय सहसा, गयणाओ अञ्जणाएँ समसहिओ । पेच्छामि बालयं तं, पडियं गिरिकन्दरुद्देसे ॥ ४८ ॥
संचुण्णिओ य सेलो, सहसा बालेण पडियमेत्तेणं । तेणं चिय सिरिसेलो, नामं से कयं कुमारस्स ॥ ४९ ॥
सहियाएँ समं बाला, गहियसुया आयरेण लीलाए । नीया हणुरुहनयरं, तत्थ पमोओ कओ विउलो ॥ ५० ॥
तत्तो य हणुरुहपुरे, जेणं संवड्ढिओ य सो बालो । हणुओ त्ति तेण नामं, बीयं चिय पायडं जायं ॥ ५१ ॥
एसा ते परिकहिया, समयं पुत्तेण मह पुरे बाला । अच्छइ महिन्दतणया, मा अन्नमणं तुमं कुणसु ॥ ५२ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, चलिओ पवणंजओ परमतुट्ठो । विज्जाहरेहि समयं, हणुरुहनयरं समणुपत्तो ॥ ५३ ॥
विज्जाहरेहि परमो, तत्थेव कओ समागमाणन्दो । बहुखाण-पाण-भोयण-नड-नट्टरमन्तअइसोहो ॥ ५४ ॥
गमिऊण दोण्णि मासे, तत्थ गया खेयरा नियपुराइं । पवणंजओ वि अच्छइ, तम्मि पुरे अञ्जणासहिओ ॥ ५५ ॥
तत्थेव य हणुमन्तो, संपत्तो जोवणं सह कलासु । साहियविज्जो य पुणो, जाओ बल-विरियसंपन्नो ॥ ५६ ॥
पुत्तेण महिलियाए, सहिओ पवणंजओ हणुरुहम्मि । अच्छइ भोगसमिद्धिं, भुञ्जन्तो सुरवरो चेव ॥ ५७ ॥

पवणगइविओगे अञ्जणासुन्दरीए, परभवजणियं जं पावियं तिबदुक्खं ।
हणुयभवसमूहं जे सुणन्तीह तुट्ठा, विमलकयविहाणा ते हु पावन्ति सोक्खं ॥ ५८ ॥

॥ इय पउमचरिए पवणंजयअञ्जणासुन्दरीसमागमविहाणो नाम अट्ठारसमो उद्देसओ समत्तो ॥

---

पूछनेपर उसने निर्वासनाका सारा कारण कह सुनाया। स्वजनके स्नेहको धारण करनेवाले मैंने उसे आश्वासन दिया। (४६) उसी दिन उसे रूप एवं लावण्यसे युक्त सुन्दर पुत्र हुआ था। दिव्य विमानमें आरूढ़ होकर ले जाया जाता वह पृथ्वीपर गिर पड़ा। (४७) सखीसे युक्त अंजनाके साथ मैं एकदम आकाशमेंसे नीचे उतरा और देखता हूँ तो पर्वतकी कन्दराओंके प्रदेशमें वह पड़ा हुआ था। (४८) बालकके सहसा गिरने मात्रसे वह पर्वत चूर्ण विचूर्ण हो गया था। इसीलिए उस कुमारका नाम श्रीशैल रखा गया है। (४९) सखीके साथ बालकको धारण करनेवाली अंजना आदरके साथ सुखपूर्वक हनुरुहनगरमें लाई गई। वहाँपर बड़ा भारी उत्सव मनाया गया। (५०) चूँकि हनुरुहनगरमें वह बालक पाला-पोसा गया, अतः उसका दूसरा हनुमान नाम प्रसिद्ध हो गया। (५१)

यह मैंने तुम्हें कहानी कही। पुत्रके साथ अंजनाकुमारी मेरे नगरमें है, अतः तुम मनमें अन्यथा विचार मत करो। (५२) ऐसा कथन सुनकर अत्यन्त आनन्दित पवनंजय विद्याधरोंके साथ चल पड़ा और हनुरुहनगरमें आ पहुँचा। (५३) विद्याधरोंने वहाँ नानाविध खान-पान एवं भोजन तथा नटोंकी और नृत्यकी क्रीड़ासे अत्यन्त शोभनीय ऐसा आगमनका परम आनन्द मनाया। (५४) वहाँ दो मास व्यतीत करके खेचर अपने-अपने नगरोंमें गये। अंजनाके साथ पवनंजय भी उसी नगरमें रहा। (५५) वहींपर हनुमान कलाओंके साथ यौवनको प्राप्त हुआ और विद्याओंकी साधना करके बल एवं वीर्यसे सम्पन्न हुआ। (५६) पुत्र एवं पत्नीके साथ पवनंजय हनुरुहनगरमें उत्तम देवकी भाँति सुख एवं समृद्धिका उपभोग करता हुआ रहने लगा। (५७)

पवनगतिके वियोगमें अंजनासुन्दरीने परभवजनित जो तीव्र दुःख प्राप्त किया उसे तथा हनुमानके पूर्वभवोंके समूहको जो यहाँ तुष्ट होकर सुनते हैं वे अपने भाग्यको विमल करके सुख प्राप्त करते हैं। (५८)

। पद्मचरितमें पवनंजय एवं अंजनासुन्दरीके समागमका विधान नामका अठारहवाँ उद्देश समाप्त हुआ।

## १९. वरुणपराजय-रावणरज्जविहाणं

रावणस्य वरुणेन सह सङ्ग्रामः —

अह रावणो वि दीहं, कोहभरुवहणदूमियसरीरो । वरुणस्स विग्गहत्थे, मेलेई खेयरे सव्वे ॥ १ ॥
किक्किन्धिपुरनिवासी, पायालङ्कारपुरवरे जे य । रहनेउरवत्थव्वा, सव्वे विज्जाहरा मिलिया ॥ २ ॥
अह रावणेण दूओ, सिग्घं संपेसिओ हणुरुहम्मि । गन्तूण सामिवयणं, कहेइ पडिसूर-पवणाणं ॥ ३ ॥
सुणिऊण दूयवयणं, गमणसमुच्छाहनिच्छियमईया । हणुयस्स निरूवणं ते, करेन्ति रज्जाभिसेयस्स ॥ ४ ॥
जणिओ य तूरसद्दो, पडुपडह-गभीरभेरिनिग्घोसो । मन्ती वि कलसहत्था, हणुयस्स अवट्ठिया पुरओ ॥ ५ ॥
परिपुच्छिया य तेणं, साहह किं एरिसं इमं कज्जं ? । मन्तीहि वि परिकहियं, कीरइ रज्जाभिसेओ ते ॥ ६ ॥
पवणंजएण भणिओ, पुत्तय ! सद्दाविया हणुवईणं । अम्हेहि सामिकज्जं, लंङ्का गन्तूण कायव्वं ॥ ७ ॥
अत्थि रसायलनयरे, वरुणो नामेण तस्स पडिसत्तू । पुत्तसयबलसमत्थो, अइचण्डो दुज्जओ समरे ॥ ८ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, हणुमन्तो भणइ विणयनमियङ्गो । सन्तेण मए तुज्झं, न य जुत्तं रणमुहे गन्तुं ॥ ९ ॥
भणिओ पवणगईणं, पुत्तय ! बालो महारणे घोरे । रुट्ठाण भडाण तुमं, अज्ज वि वयणं न पेच्छाहि ॥ १० ॥
भणइ तओ सिरिसेलो, किं ताय ! वणे कायरस्स रणे ? । बालो वि हु पञ्चमुहो, मत्तगइन्दे खयं नेइ ॥ ११ ॥
वारिज्जन्तो वि बहुं, गमणग्गाहं जया न छड्डेइ । अणुमन्निओ कुमारो, गुरूण ताहे च्चिय पयट्टो ॥ १२ ॥

---

## १९. वरुणका पराजय एवं रावणका राज्य

दीर्घकाल पर्यन्त क्रोधके भारको धारण करनेसे दुःखित शरीरवाले रावणने वरुणके साथ विग्रहके लिये सभी विद्याधरोंको इकट्ठा किया। (१) किष्किन्धिपुरके निवासी, पातालल्लंकापुरमें जो थे तथा रथनूपुर नगरमें जो रहनेवाले थे वे सब विद्याधर इकट्ठे हुए। (२) इसके बाद रावणने शीघ्र ही हनुरुहमें दूत भेजा। उसने जा करके प्रतिसूर्य तथा पवनंजयको अपने स्वामीका वचन कह सुनाया। (३) दूतका वचन सुनकर गमनके लिए उत्साही और निश्चल बुद्धिवाले उन्होंने हनुमानके राज्याभिषेककी उद्घोषणा की। (४) उस समय वाद्योंकी ध्वनि तथा नगारोंका ऊँचा और भेरियोंका गंभीर निर्घोष होने लगा। हाथमें कलश धारण करके मंत्री भी हनुमानके आगे खड़े हुए। (५) इस पर उसने पूछा कि कहो तो, ऐसा यह क्या कार्य है ? मंत्रियोंने कहा कि आपका राज्याभिषेक किया जाता है। (६) पवनंजयने कहा कि वत्स ! हनुरुहके राजाको बुलाया गया है। हमें अपने स्वामीका कार्य लंका जाकर करना चाहिए। (७) रसातल नगरमें वरुण नामका उसका एक विरोधी शत्रु है। वह सौ पुत्रों तथा सैन्यके कारण शक्तिशाली, अत्यन्त प्रचण्ड और युद्धमें दुर्जय है। (८)

यह वचन सुनकर विनयसे नत शरीरवाले हनुमानने कहा कि मेरे रहते युद्धमें जाना आपके लिए उपयुक्त नहीं है। (९) पवनंजयने कहा कि, हे पुत्र ! तू बच्चा है। घोर संग्राममें रुष्ट सुभटोंका मुँह तूने अभी तक देखा नहीं है। (१०) इस पर हनुमानने कहा कि कायरका युद्धमें जानेसे क्या फायदा ? बालक होने पर भी सिंह मत्त हाथियोंका विनाश करता है। (११) बहुत मना करने पर भी जब कुमारने जानेका आग्रह न छोड़ा, तब गुरुओंने अनुज्ञा दी और वह प्रवृत्त हुआ। (१२) स्नान और बलिकर्म करके वह सब गुरुजनोंको पूछकर और उत्तम विमान पर आरूढ़

---

१. लंकं—प्रत्य०। २. सोऊण—प्रत्य०। ३. अह मन्निओ कुमारो गुरुहिं—प्रत्य०।

ण्हाओ कयबलिकम्मो, आपुच्छेऊण गुरुयणं सबं । आरुहिय वरविमाणं, चलिओ लङ्का सह बलेणं ॥ १३ ॥
जलवीइपबओवरि, रत्तिं गमिऊण उग्गए सूरे । पेच्छन्तो सलिलनिहिं, पइसइ लङ्कापुरिं हणुओ ॥ १४ ॥
साहणकयपरिहत्थो, सबालङ्कारभूसियसरीरो । निसियरजणेण दिट्ठो, हणुयन्तो सुरकुमारो व ॥ १५ ॥
एवं दसाणणसहं, हणुओ पविसरइ रयणविच्छुरिओ । सामन्तकयाडोवो, अणेयकुसुमच्चणविहाणो ॥ १६ ॥
मत्तगयलीलगामी, पणमइ लङ्काहिवं पवणपुत्तो । तेण वि ससंभमेणं, अब्भुट्ठेऊण उवगूढो ॥ १७ ॥
दिन्नासणे निविट्ठं, पुच्छइ हणुयं दसाणणो कुसलं । कुणइ य सम्माणवरं, अइगरुयं दाणविभवेणं ॥ १८ ॥
एवं समत्थसाहण–सहिओ लङ्काहिवो पुरवरीए । रणपरिहत्थुच्छाहो, विणिग्गओ वरुणपुरहुत्तो ॥ १९ ॥
विज्जाएँ सायरवरं, भेत्तूण य वरुणसन्तियं नयरं । संपत्तो च्चिय सहसा, सन्नाहकयङ्गरायबलो ॥ २० ॥
सोऊण रावणं सो, समागयं तत्थ सबबलसहिओ । सन्नद्ध-बद्ध-कबओ, विणिग्गओ अहिमुहो वरुणो ॥ २१ ॥
वरुणस्स सुयाण सयं, अब्भिट्टं रक्खसाण संगामे । सर-सत्ति-खग्ग-मोग्गर–आउहविच्छूढघाओहं ॥ २२ ॥
वरुणसुएहि रणमुहे, निद्दयपहरेहि रक्खसाणीयं । भग्गं दट्ठूण सयं, समुट्ठिओ रावणो तुरियं ॥ २३ ॥
जुज्झन्तो दहवयणो, वरुणस्स सुएहि वेढिओ समरे । मेहेहि व दिवसयरो, पाउसकाले समोत्थरिओ ॥ २४ ॥
इन्दइ-विहीसणा वि य, सुहडा तह भाणुकण्णमाईया । चक्कं व समारूढा, वरुणेण भमाडिया सबे ॥ २५ ॥
रक्खसबलं विसण्णं, हणुमन्तो पेच्छिऊण परिकुविओ । बाणासणिं मुयन्तो, समुट्ठिओ नियबलसहिओ ॥ २६ ॥
खग्गेण मोग्गरेण य, चक्केण य पवणनन्दणो सुहडे । आहणइ चडुलपसरन्तविक्कमो जह कयन्तो व ॥ २७ ॥
जुज्झं काऊण चिरं, गिण्हइ वरुणस्स नन्दणे हणुओ । अह रावणो वि बन्धइ, वरुणं चिय नागपासेहिं ॥ २८ ॥

होकर सैन्यके साथ लंकाको ओर चल पड़ा। (१३) जलवीचि नामक पर्वतके ऊपर रात बिताकर सूर्य उगने पर समुद्रको देखते हुए हनुमानने लंकापुरीमें प्रवेश किया। (१४) सैन्यमें दक्षता प्राप्त और सब प्रकारके अलंकारोंसे भूषित शरीरवाला हनुमान राक्षसों द्वारा देवकुमारकी भाँति देखा गया। (१५) रत्नोंसे देदीप्यमान, सामन्तोंसे घिरे हुए और अनेक प्रकारके पुष्पोंसे जिसकी पूजनविधि की जा रही है ऐसे हनुमानने रावणको सभामें प्रवेश किया। (१६) मदोन्मत्त हाथीकी भाँति गमन करनेवाले पवनपुत्रने लंकेश रावणको प्रणाम किया। उसने भी जल्दीसे खड़े होकर उसका आलिंगन किया। (१७) दिये गये आसन पर बैठे हुए हनुमानसे रावणने कुशल पूछी और वैभवके प्रदान द्वारा उसका बड़ा भारी सम्मान किया। (१८)

इस प्रकार समस्त सैन्यके साथ युद्धके लिए परिपूर्ण उत्साहवाले रावणने नगरीमेंसे निकलकर वरुणपुरीकी ओर प्रयाण किया। (१९) कवचका ही जिसकी सेनाने अंगराग किया है ऐसा वह रावण विद्याके बलसे सागरका भेद करके सहसा वरुणके नगरके पास आ पहुँचा। (२०) रावणका वहाँ आगमन सुनकर तैयार और बद्ध कवचवाला वरुण सम्पूर्णसेनाके साथ रावणका सामना करनेके लिए निकला। (२१) शर, शक्ति, तलवार एवं मुद्गर जैसे शस्त्रोंके छोड़नेसे चोट पर चोट लगते हुए वरुणके सौ पुत्र संग्राममें राक्षसोंसे भिड़ गये। (२२) युद्धमें निर्दय प्रहार करनेवाले वरुणपुत्रोंने राक्षस-सैन्यको नष्ट कर दिया है यह देखकर रावण शीघ्र ही उठ खड़ा हुआ। (२३) वर्षाकालमें बादलों द्वारा ढँके गये सूर्यकी भाँति वरुणके पुत्रोंने युद्धमें लड़ते हुए रावणको घेर लिया। (२४) इन्द्रजित, विभीषण तथा भानुकर्ण आदि सब सुभटोंको, मानो वे चक्र पर चढ़े हों इस तरह वरुणने घुमाया। (२५) राक्षससैन्यको विषण्ण देखकर अत्यन्त कुपित हनुमान बाणरूपी वज्र फेंकता हुआ अपनी सेनाके साथ उपस्थित हुआ। (२६) चारों ओर प्रसरित विक्रमवाला हनुमान तलवार, मुद्गर तथा चक्रसे यमकी भाँति सुभटोंको मारने लगा। (२७) चिरकाल पर्यन्त युद्ध करनेके बाद हनुमानने वरुणके पुत्रोंको पकड़ लिया। रावणने भी नागपाशसे वरुणको बाँध लिया। (२८) पुत्रके साथ वरुणको लेकर कृतार्थ लंकाधिपने उत्तम उद्यानमें डेरा डाला

१. कयपरिकम्मो—मु०। २. लंकं—प्रत्य०। ३. वरुणपुराभिमुखम्।

घेत्तूण पुत्तसहियं, वरुणं आवासिओ वरुज्जाणे । लङ्काहिवो कयत्थो, तत्थाऽऽसोणो ससामन्तो ॥ २९ ॥
विद्धत्थं नयरवरं, रक्खससुहडेहि नायगविहूणं । गहियवरदव्वसारं, बन्दीजणसंकुलारावं ॥ ३० ॥
दिट्ठं रक्खसवइणा, तं नयरं सबओ विलुप्पन्तं । सिग्घं दयालुएणं, निवारियं पवरपुरिसेणं ॥ ३१ ॥
मुक्को य वरुणरायो, सुयसहिओ रावणं पणमिऊणं । हणुयस्स देइ कन्नं, सच्चमई नाम नामेणं ॥ ३२ ॥
वत्ते पाणिग्गहणे, वरुणं ठविऊण नियनयरम्मि । रणरसलद्धामरिसो, दहवयणो आगओ लङ्कं ॥ ३३ ॥
हणुयस्स रावणेण वि, दिन्ना कन्ना गुणेहि संपुण्णा । धूया चन्दणहाए, अणङ्गकुसुम त्ति नामेणं ॥ ३४ ॥
काऊण करग्गहणं, तीए समं कण्णकुण्डले नयरे । भुञ्जइ भोगसमिद्धिं, सिरिसेलो सुरकुमारो व्व ॥ ३५ ॥
तत्तो नलेण दिन्ना, कन्ना हरिमालिणि त्ति नामेणं । हणुयस्स किन्नरपुरे, किन्नरकन्नासयं लद्धं ॥ ३६ ॥
किक्किन्धिपुराहिवई, दुहियं ताराए तत्थ सुग्गीवो । नामेण पउमरागं, दट्ठुं चिन्तावरो जाओ ॥ ३७ ॥
तीए वरस्स कज्जे, विज्जाहरपत्थिवाण रूवाइं । लिहिऊण आणियाइं, कमेण बाला पलोएइ ॥ ३८ ॥
एवं पलोयमाणी, पेच्छइ हणुयस्स सन्तियं रूवं । कुसुमाउहसमसरिसं, तं चेव अवट्ठियं हियए ॥ ३९ ॥
मुणिऊण तीए भावं, सुग्गीवो पवणनन्दणं सिग्घं । आणेइ सदूएणं, महया विभवेण साहीणं ॥ ४० ॥
हणुएण वरतणू सा, परिणीया दाण-माण-विभवेहिं । सिरिपुरगओ महप्पा, भुञ्जइ भोगे रइगुणड्ढे ॥ ४१ ॥
एवं सहस्समेगं, जायं हणुयस्स पवरमहिलाणं । रूव-गुणसालिणीणं, संपुण्णमियङ्कवयणाणं ॥ ४२ ॥
अह रावणो वि रज्जं, कुणइ तिखण्डाहिवो विजियसत्तू । सिरि-कित्ति-लच्छिनिलओ, विज्जाहरनमियपयवीढो ॥ ४३ ॥
चक्कं सुदरिसणं तं, दिव्वं मज्झण्हकालरविसरिसं । दण्डरयणं पि जायं, भयजणणं सबरायाणं ॥ ४४ ॥

---

और सामन्तोंके साथ वहीं ठहरा । (२९) नायकसे रहित, उत्तम द्रव्य एवं सारभूत पदार्थ जिसमेंसे ले लिये गये हैं और क़ैदमें पकड़े गये लोगोंके रुदनसे व्याप्त ऐसे उस उत्तम नगरको राक्षस सुभटोंने विध्वस्त कर दिया । (३०) उस नगरका चारों ओरसे नाश देखकर दयालु और उत्तम पुरुष राक्षसपति रावणने शीघ्र ही उन्हें रोका । (३१) पुत्रोंके साथ मुक्त वरुणराजाने रावणको प्रणाम करके सत्यवती नामकी कन्या हनुमानको दी । (३२) विवाह सम्पन्न होने पर वरुणको अपने नगरमें स्थापित कर युद्धरसके कारण जिसे क्रोध आया था ऐसा रावण लंकामें लौट आया । (३३) रावणने भी हनुमानको गुणोंसे परिपूर्ण चन्द्रनखाकी पुत्री अनंगकुसुमा नामकी कन्या दी । (३४) उसके साथ पाणिग्रहण करके कर्णकुण्डल नामके नगरमें हनुमान देवकुमारकी भाँति भोगसमृद्धिका उपभोग करने लगा । (३५) उसके बाद नलने हरिमालिनी नामकी कन्या दी । किन्नरपुरमें हनुमानने सौ किन्नरकन्याएँ प्राप्त कीं । (३६) किष्किन्धिपुरीका राजा सुग्रीव ताराकी पद्मरागा नामकी पुत्रीको देखकर चिन्तित हुआ । (३७) उसके वरके लिये विद्याधर राजाओंके चित्र अंकित करके लाये गये । वह कन्या उन्हें क्रमसे देखने लगी । (३८) इस प्रकार देखती हुई उसने कामदेवके जैसा हनुमानका रूप देखा और वह उसके हृदयमें स्थिर हो गया । (३९) उसके भावको जानकर सुग्रीवने दूत द्वारा शीघ्र ही हनुमान को बुलाया और बड़े भारी समारोहके साथ स्वाधीन की । (४०) दान, मान एवं वैभवके साथ हनुमानने उस सुन्दरीके साथ विवाह किया । वह श्रीपुर गया और रतिगुणसे युक्त भोग भोगने लगा । (४१) इस तरह हनुमानकी रूप एवं गुणसे सम्पन्न और पूर्णिमाके चन्द्रके समान सुन्दर मुखवाली एक हजार उत्तम स्त्रियाँ थीं । (४२)

इधर तीन खण्डका स्वामी, श्री, कीर्ति एवं लक्ष्मीका धाम तथा विद्याधर जिसके पादपीठमें नमस्कार करते हैं ऐसा रावण शत्रुओं पर विजय प्राप्त करके राज्य करने लगा । (४३) मध्याह्नकालीन सूर्यके समान तेजस्वी सुदर्शनचक्र तथा सब राजाओंको भयभीत करनेवाला दण्डरत्न भी पैदा हुआ । (४४)

एवं जिणिन्दवरसासणसुद्धभावा, काऊण पुण्णमउलं इह माणुसत्ते ।
ते देवलोगजणियं विमलं सरीरं, पावन्ति उत्तमसुहं च सया समिद्धं ॥ ४५ ॥

॥ इय पउमचरिए रावणरज्जविहाणो नाम एगूणवीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## २०. तित्थयर-चक्कवट्टि-बलदेवाइभवाइट्ठाणकित्तणं

तीर्थकराः तेषां च द्विचरमपूर्वजन्मनगर्यः—

एवं मगहाहिवई, चरियं सोऊण रक्खसिन्दस्स । पुच्छइ गणहरवसहं, जिण-चक्कहराण उप्पत्ती ॥ १ ॥
अट्ठमओ पुण जो सो, बलदेवो तिहुयणम्मि विक्खाओ । वंसे कस्स महायस !, उप्पन्नो किं व से चरियं ? ॥ २ ॥
एवं गणाहिवो सो, जं भणिओ सेणिएण नमिऊणं । तो साहिउं पवत्तो, उसभाईणं जिणवराणं ॥ ३ ॥
उसभो अजिओ य जिणो, सुरमहिओ संभवो भवविणासो । अहिणन्दणो य सुमई, पउमसवण्णो सुपासो य ॥ ४ ॥
चन्दाभो कुसुमरदो, दसमो पुण सीयलो य सेयंसो । भयवं पि वासुपुज्जो, विमलोऽणन्तो य धम्मो य ॥ ५ ॥
सन्ती कुन्थू य अरो, मल्ली मुणिसुव्वओ नमो नेमी । पासो य वद्धमाणो, जस्स इमं वट्टए तित्थं ॥ ६ ॥
परलोयम्मि पहाणा, आसि पुरी पुण्डरीगिणी पढमा । तयणन्तरं सुसीमा, खेमपुरी रयणवरचम्पा ॥ ७ ॥
उसभाई तित्थगरा, जाव चिय वासुपुज्जजिणवसभो । तावेयाउ पुरीओ, आसि पुरा रायहाणीओ ॥ ८ ॥
एत्तो य महानयरं, रिट्ठपुरं भद्दिलं च विक्खायं । अह पुण्डरीगिणी वि य, हवइ सुसीमा महानयरी ॥ ९ ॥
खेमा ववगयसोगा, चम्पा नयरी तहेव कोसम्बी । नागपुरं साएया, छत्तायारं पुरं रम्मं ॥ १० ॥

---

इस प्रकार इस मनुष्यभवमें जिनेन्द्रोंके उत्तम शासनमें शुद्ध भाववाले जो जीव अनुपम पुण्य उपार्जन करते हैं वे देवलोकमें उत्पन्न हो विमल शरीर और अत्यन्त वैभवयुक्त उत्तम सुख नित्य प्राप्त करते हैं। (४५)

। पद्मचरितमें रावणराज्य विधान नामका उन्नीसवाँ उद्देश समाप्त हुआ ।

## २०. तीर्थंकर आदिके भवोंका अनुकीर्तन

राक्षसेन्द्र रावणका ऐसा चरित्र सुनकर मगधाधिपति श्रेणिकने गणधरोंमें वृषभके समान श्रेष्ठ गौतमस्वामीसे तीर्थंकर तथा चक्रवर्तियोंकी उत्पत्तिके बारेमें पूछा कि, हे महायश ! आठवाँ जो बलदेव तीनों लोकोंमें विख्यात है वह किसके वंशमें उत्पन्न हुआ था और उसका चरित्र कैसा था ? (१-२) इस प्रकार श्रेणिकने वन्दन करके जब उन गणाधिपसे पूछा तब वे ऋषभ आदि जिनवरोंके बारेमें कहने लगे । (३)

ऋषभ[1], देवों द्वारा पूजित अजितजिन[2], भवका विनाश करनेवाले सम्भव[3], अभिनन्दन[4], सुमति[5], पद्मप्रभ[6], सुपार्श्व[7], चन्द्रप्रभ[8], कुसुमरद[9] (पुष्पदन्त), दसवें शीतलनाथ[10], श्रेयांसनाथ[11], वासुपूज्य[12] भगवान्, विमलनाथ[13], अनन्तनाथ[14], धर्मनाथ[15], शान्तिनाथ[16], कुन्थुनाथ[17], अरनाथ[18], मल्लि[19], मुनिसुव्रत[20], नमिनाथ[21], नेमिनाथ[22], पार्श्वनाथ[23], और जिनका यह तीर्थ चल रहा है वे वर्धमानस्वामी[24]—ये जिनवर हुए हैं। (४-६)

पूर्वजन्ममें प्रथम पुण्डरीकिणी नगरी थी। उसके बाद सुसीमा, क्षेमपुरी, रत्नवर चम्पा—ये नगरियाँ ऋषभसे लेकर वासुपूज्य जिनेश्वर तककी पूर्वकालमें राजधानियाँ थीं। (७-८) महानगर, रिष्टपुर, सुप्रसिद्ध भद्दिलपुर, पुण्डरीकिणी,

---

१. लद्धभावा—प्रत्य० ।

सेसाण जिणवराणं, अणुपरिवाडीएँ पुव्वजम्मम्मि । नरवइधम्मपुरीओ, एयाओ सुरपुरिसमाओ ॥ ११ ॥

तीर्थकराणां द्विचरमाः पूर्वभवा :—

पढमोऽत्थ वज्जनाभो, बीओ पुण विमलवाहणो होइ । अह विउलवाहणो वि य, महाबलो अइबलो चेव ॥ १२ ॥
अवराइओऽत्थ अन्नो, हवइ तहा नन्दिसेणनामो य । पउमो य महापउमो, एत्तो पउमुत्तरो चेव ॥ १३ ॥
राया पङ्कयगुम्मो, अणुपरिवाडीएँ नलिणिगुम्मो य । पउमासणो य एत्तो, पउमरहो दढरहो चेव ॥ १४ ॥
मेहरहो सीहरहो, वेसमणो चेव हवइ सिरिधम्मो । सुवइट्ठो सुरजेट्ठो, सिद्धत्थो चेव आणन्दो ॥ १५ ॥
तह चेव सुणन्दो खलु, इमाणि तित्थंकराण पुव्वभवे । नामाणि आसि सेणिय, सिट्ठाइँ मए कमेणं तु ॥ १६ ॥

तीर्थकराणां द्विचरमपूर्वजन्मगुरवः —

पढमो य वज्जसेणो, अरिदमणो तह सयंपभो चेव । अह विमलवाहणो पुणो, गुरवो सीमंधरो वीरो ॥ १७ ॥
पिहियासवो महप्पा, अरिदमणो तह जुगंधरो य मुणी । सव्वजणाणन्दयरो, सत्थाओ वज्जदत्तो य ॥ १८ ॥
गुरवो य वज्जनाभो, सव्वमुगुत्तो तहा मुणेयव्वो । चित्तारिक्खो अह विमलवाहणो घणरहो चेव ॥ १९ ॥
अह संवरो य एत्तो, साहू वि य संवरो मुणेयव्वो । वरधम्मो य सुनन्दो, नन्दो य वईयसोगो य ॥ २० ॥
भणिओ य डामरमुणी, पोट्टिलो चेव पुव्वजम्मम्मि । तित्थयराणं एए, कमेण गुरवो मुणेयव्वा ॥ २१ ॥

तीर्थकराणामुपान्त्यदेवभवाः —

सव्वट्ठं विजयन्तं, गेविज्जं वे जयन्तनामं च । उवरिम-मज्झिम भणिया, गेविज्जा वेजयन्तं च ॥ २२ ॥

---

महानगरी सुसीमा, शोकरहित क्षेमा, चम्पानगरी, कौशाम्बी, नागपुर, साकेत ( अयोध्या ), सुन्दर छत्राकारपुर—ये अवशिष्ट जिनेश्वरोंकी पूर्वजन्ममें अलकापुरीके समान अनुक्रमसे राजाओंकी धर्मपुरियाँ ( राजधानियाँ ) थीं। (९-११)

प्रथम वज्रनाभ[1] हुए, दूसरे विमलवाहन[2] हुए। उनके बाद विपुलवाहन[3], महाबल[4] तथा अतिबल[5], इनके बाद दूसरे अपराजित[6], तथा नन्दिषेण[7] नामके हुए। बादमें पद्म[8], महापद्म[9] हुए। उनके बाद पद्मोत्तर[10] हुए। इनके अनंतर क्रमशः पंकजगुल्म[11] राजा, नलिनीगुल्म[12], पद्मासन[13], पद्मरथ[14] एवं दृढ़रथ[15] हुए। तब मेघरथ[16], सिंहरथ[17], वैश्रमण[18], श्रीधर्म[19], सुप्रतिष्ठ[20], सुरश्रेष्ठ[21], सिद्धार्थ[22], आनन्द[23] तथा सुनन्द[24] हुए। हे श्रेणिक! पूर्वभवमें तीर्थंकरोंके ये नाम थे। मैंने क्रमसे उनका उल्लेख किया है। (१२-१६)

प्रथम वज्रसेन[1], उनके बाद अरिदमन[2], स्वयंप्रभ[3], विमलवाहन[4] तथा वीर सीमन्धरगुरु[5], महात्मा पिहितास्रव[6], अरिदमन[7], तथा युगन्धर[8] नामके मुनि, सर्वजनानन्दकर[9], सार्थक[10] और वज्रदत्त[11], वज्रनाभगुरु[12], इनके बाद सर्वसुगुप्त[13] को जानना चाहिए। इनके पश्चात् चित्तरक्ष[14], विमलवाहन[15], बादमें घनरथ[16], संवर[17] और साधुसंवर[18] को, वरधर्म[19], सुनन्द[20], नन्द[21], व्यतीतशोक[22], डामर[23] और पोट्टिल[24] – क्रमशः इन्हें तीर्थंकरोंके गुरु जानो। (१७-२१)

*सर्वार्थसिद्धि[1], वैजयन्त[2], ग्रैवेयक[3], दो जयन्त[4-5], ऊपरि[6]-ग्रैवेयक तथा मध्यम[7]-ग्रैवेयक, वैजयन्त[8], अपराजित[9] विमान, सौभाग्यशाली आरण[10], पुष्पोत्तर[11], कापिष्ट[12], सहस्रार[13], पुष्पोत्तर[14], विजय[15], सुन्दर अपराजित[16] विमान तथा वैजयन्त[17] और अन्तमें पुष्पोत्तर[18]—इन विमानोंमेंसे च्युत होकर इस भारतवर्षमें तीर्थंकर रूपसे उत्पन्न और सुर व असुरों द्वारा प्रणत वे सिद्ध हुए हैं। (२२-२५)

---

१. अमियसोगो—प्रत्य०।

* इन चार ( २२-२५ ) गाथाओंमें तीर्थंकर जिन देवलोकोंमें से च्युत होकर यह तीर्थंकर रूपसे उत्पन्न हुए थे इसका वर्णन है; परन्तु गिनने पर कुल अठारह विमानोंका निर्देश ही इनमें आता है। इसीके आधार पर लिखे गये पद्मपुराण ( पर्व २० ) में भी प्रायः

अवराइयं विमाणं, नायव्वं आरणं महाभागं । पुप्फोत्तरं च एत्तो, कावि8ं अह सहस्सारं ॥ २३ ॥
पुप्फोत्तरं च विजयं, एत्तो अवराइयं वरविमाणं । तह चेव वेजयन्तं, अन्ते पुप्फोत्तरं होइ ॥ २४ ॥
एएसु विमाणेसुं, चइया तित्थंकरा समुप्पन्ना । इह भारहम्मि वासे, सुर-असुरनमंसिया सिद्धा ॥ २५ ॥

तीर्थंकराणां जन्मनगर्यः माता-पितवः नक्षत्राणि ज्ञानपादपाः निर्वाणस्थानं च —

नयरी माया य पिया, नक्खत्तं नाणपायवो चेव । निव्वाणगमणठाणं, कहेमि सव्वं जिणवराणं ॥ २६ ॥
साएयं मरुदेवी, नाही तह उत्तरा य आसाढा । वडरुक्खो अट्ठावय, पढमजिणो मङ्गलं दिसउ१ ॥ २७ ॥
अह कोसला य विजया, जियसत्तू रोहिणी जिणो अजिओ । रुक्खो य सत्तवण्णो, सेणिय ! तुह मङ्गलं दिसउ२ ॥२८॥
सावत्थी सेणा वि य, विजयारी संभवो जिणवरिन्दो । इन्दतरू वरसालो, मगहाहिव ! फुसउ पावं ते३ ॥ २९ ॥
सिद्धत्था पढमपुरी, रिक्खं तु पुणव्वसू सरलरुक्खो । अह संवरो नरिन्दो, जिणो य अहिणन्दणो पुणउ४ ॥ ३० ॥
मेहप्पभो पियङ्गू, सुमङ्गला पुरवरी य साएया । रिक्खं मघा य सुमई, मङ्गलमउलं तुह नरिन्द !५ ॥ ३१ ॥

---

उन जिनवरोंके नगरी, माता व पिता, नक्षत्र, वृक्ष एवं निर्वाणगमनस्थान ये सब कहता हूँ (२६) —

१. साकेत नगरी, मरुदेवी माता तथा नाभि पिता, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, वट वृक्ष तथा अष्टापद पर्वत—प्रथम जिन ऋषभदेव तुम्हारा कल्याण करें। २. कोशलानगरी, विजया माता और जितशत्रु पिता, रोहिणी नक्षत्र, सप्तपर्णवृक्ष तथा अजित जिन, हे श्रेणिक ! तुम्हारा मंगल करें। ३. हे मगधाधिप ! श्रावस्ती नगरी, सेना माता और विजयारि पिता, जिनवरेन्द्र सम्भवनाथ और उत्तम माला धारण करनेवाला इन्द्रवृक्ष तुम्हें पापसे बचावे। ४. सिद्धार्था नामकी उत्तम नगरी, पुनर्वसु नक्षत्र, सरल वृक्ष, संवरराजा और अभिनन्दन जिन तुम्हें पवित्र करें। ५. हे नरेन्द्र ! मेघप्रभ पिता,

---

इन्हीं विमानोंका निर्देश है:—

सर्वार्थसिद्धिसंज्ञश्च वैजयन्तः सुखावहः । ग्रैवेयको महाभासः वैजयन्तः स एव च ॥ ३१ ॥
ऊर्ध्वग्रैवेयको ज्ञेयो मध्यमश्च प्रकीर्तितः । वैजयन्तो महातेजा अपराजितसंज्ञकः ॥ ३२ ॥
आरणश्च समाख्यातस्तथा पुष्पोत्तराभिधः । कापिष्टः पुर शुक्रश्च सहस्रारो मनोहरः ॥ ३३ ॥
त्रिपुष्पोत्तरसंज्ञोतो मुक्तिस्थानवरस्थितः । विजयाख्यस्तथा श्रीमानपराजितसंज्ञकः ॥ ३४ ॥
प्राणतोऽनन्तरातीतो वैजयन्तो महाद्युतिः । पुष्पोत्तर इति ज्ञेयो जिनानाममरालयाः ॥ ३५ ॥

यद्यपि छपे हुए इस पद्मपुराणका पाठ कहीं कहीं अशुद्ध प्रतीत होता है, तथापि 'त्रिपुष्पोत्तर' से तीन पुष्पोत्तर लें तो भी बीसकी संज्ञा होती है, अवशिष्ट चारका निर्देश रह ही जाता है। इसका कारण सोचने पर ऐसा लगता है कि रविषेणके पहलेसे ही मूलमेंसे एक गाथा छूट गई हो और इस कमीकी ओर किसीका ध्यान ही न गया हो। जो कुछ भी हो, इस विषयमें जैन परम्परा जाननेके लिए सप्ततिशतस्थानमेंसे नीचेकी गाथाएँ उद्धृत की जाती हैं:—

सव्वट्ठं तह विजयं सत्तमगोविज्जयं दुसु जयन्तं । नवमं छट्ठं गेविज्जयं तओ वेजयंतं च ॥ ५४ ॥
आणय-पाणय अच्चुअ पाणअ सहसार पाणयं विजयं । तिसु सव्वट्ठ-जयंतं अवराइय पाणयं चेव ॥ ५५ ॥
अवराइय पाणयगं पाणयगमिमे अ पुव्वभवसग्गा ।

—अर्थात् ऋषभदेव आदि चौबीस तीर्थंकर क्रमशः (१) सर्वार्थसिद्ध, (२) विजय, (३) सप्तम ग्रैवेयक, (४-५) जयन्त, (६) नवम ग्रैवेयक, (७) षष्ठ ग्रैवेयक, (८) वैजयन्त, (९) आनत, (१०) प्राणत, (११) अच्युत, (१२) प्राणत, (१३) सहस्रार, (१४) प्राणत, (१५) विजय, (१६-१७-१८) सर्वार्थसिद्ध, (१९) जयन्त, (२०) अपराजित, (२१) प्राणत, (२२) अपराजित, (२३-२४) प्राणत—ये जिनोंके पूर्वभवके स्वर्ग हैं।

१-२. देउ—प्रत्य०। ३. पुनातु।

कोसम्बी य सुसीमा, पियङ्गु चित्ता य पत्थिवो य धरो । पउमप्पभो जिणिन्दो, हवउ सया मङ्गलं तुज्झ६ ॥ ३२ ॥
सुपइट्ठो कासिपुरं, पुहइ विसाहा सिरीसरुक्खो य । तित्थंकरो सुपासो, एसो ते मङ्गलं परमं७ ॥ ३३ ॥
चन्दाभो चन्दपुरी, महसेणो लक्खणा य अणुराहा । नागद्दुमो य परमं, मङ्गलमउलं तिहुयणम्मि८ ॥ ३४ ॥
कायन्दी सुग्गीवो, रामा मूलं च पुप्फदन्तजिणो । मल्लीदुमो य तुज्झं, सेणिय! पावं पणासेन्तु[1]९ ॥ ३५ ॥
भद्दिलपुरं सुनन्दा, पुव्वासाढा य दढरहो राया । तुह सीयलो जिणिन्दो, निग्गोहद्दुमो य पावहरो१० ॥ ३६ ॥
सीहपुरं विण्हुसिरी, समणो विण्हू य नरवई होइ । सेयंसो तित्थयरो, तिन्दुगरुक्खो सुहं दिसउ११ ॥ ३७ ॥
चम्पा पाडलरुक्खो, जया य वसुपुज्जपत्थिवो होइ । भयवं तु वासुपुज्जो, नक्खत्तं सयभिसा पुणउ[2]१२ ॥ ३८ ॥
कम्पिल्ला कयधम्मो, सम्मा विमलो य जम्बुरुक्खो य । उत्तरभद्दवया वि य, सेयं कुबन्तु ते निययं[3]१३ ॥ ३९ ॥
आसत्थो सव्वजसा, नक्खत्तं रेवई अणन्तजिणो । राया य सीहसेणो, साएया ते सुहं दिसउ१४ ॥ ४० ॥
रयणपुरं दहिवण्णो, भाणू धम्मो य सुवया जणणी । पुस्सो य हवइ रिक्खं, एए तुह मङ्गलं देन्तु१५ ॥ ४१ ॥
अइराणी नागपुरं, भरणी रिक्खं च नन्दिरुक्खो य । राया य विस्ससेणो, सन्तिजिणो कुणउ तुह सन्ति१६ ॥ ४२ ॥
नागपुरं तिलयसिरी, कुन्थुजिणो कित्तिया य नक्खत्तं । सूरनराहिवसहियाणि तुज्झ पावं पणासन्तु१७ ॥ ४३ ॥
मित्ता सुदरिसणो वि य, पढमपुरी अरजिणो य चूयदुमो । रिक्खं च रोहिणी तुह, कुणउ सया मङ्गलविहाणं१८ ॥४४॥
मिहिला कुम्भनरिन्दो य, रिक्खया अस्सिणी जिणो मल्ली । नाणदुमो य असोगो, सोगं नासन्तु वो सिग्घं[4]१९ ॥४५॥
पउमावई कुसग्गं, समणो वि हु चम्पओ सुमित्तो य । मुणिसुव्वओ जिणिन्दो, तुह पावमलं पणासेउ२० ॥४६॥

---

सुमंगला माता, प्रियंगु वृक्ष, साकेत नगरी, मघा नक्षत्र और सुमतिस्वामी तुम्हारा अनुपम कल्याण करें। ६. कौसाम्बी नगरी, सुसीमा माता, प्रियंगु वृक्ष, चित्रा नक्षत्र, धर राजा और पद्मप्रभ जिनेन्द्र तुम्हारे लिए सदा मंगलकारी हों। ७. सुप्रतिष्ठ पिता, काशीनगरी, पृथ्वी माता, विशाखा नक्षत्र, शिरीष वृक्ष और सुपार्श्व तीर्थंकर ये तुम्हारे लिए परम मंगल रूप हों। ८. चन्द्रप्रभ जिन, चन्द्रपुरी, महासेन पिता और लक्षणा माता, अनुराधा नक्षत्र और नागवृक्ष—ये तुम्हें तीनों लोकोंमें अतुलनीय मंगल प्रदान करें। ९. हे श्रेणिक! काकन्दी नगरी, सुग्रीव पिता, रामा माता, मूलनक्षत्र, पुष्पदन्त जिन और मल्लीवृक्ष तुम्हारे पापका नाश करें। १०. भद्दिलपुर, सुनन्दा माता, दृढ़रथ राजा, पूर्वाषाढा नक्षत्र, शीतल जिनेन्द्र और न्यग्रोधवृक्ष ये तुम्हारे लिए पाप नाशक हों। ११. सिंहपुर, विष्णुश्री माता और विष्णु राजा, श्रवण नक्षत्र, श्रेयासनाथ तीर्थंकर तथा तिन्दुक वृक्ष तुम्हें सुख दें। १२. चम्पा नगरी, पाटल वृक्ष, जया माता, वसुपूज्य राजा, वासुपूज्य भगवान् और शतभिषज् नक्षत्र तुम्हें पवित्र करें। १३. काम्पिल्य नगरी, कृतधर्मा पिता, शर्मा माता, विमलनाथ जिनेन्द्र, जम्बूवृक्ष और उत्तरभद्रपदा नक्षत्र तुम्हारा अवश्य ही कल्याण करें। १४. अश्वत्थ वृक्ष, सर्वयशा माता, रेवती नक्षत्र, अनन्तनाथ जिनेश्वर, सिंहसेन राजा और साकेत नगरी तुम्हें सुख दें। १५. रत्नपुर नगरी, दधिपर्ण वृक्ष, भानु पिता, धर्मनाथ जिनेन्द्र, सुव्रता माता और पुष्य नक्षत्र—ये तुम्हें मंगल प्रदान करें। १६. अचिरा माता, नागपुर नगरी, भरणी नक्षत्र, नन्दिवृक्ष, विश्वसेन राजा और शान्तिनाथ जिनेश्वर तुम्हें शान्ति प्रदान करें। १७. सूर्य राजाके साथ नागपुर नगर, तिलकश्री माता, कुन्थुनाथ जिनेश्वर और कृत्तिका नक्षत्र तुम्हारे पापका नाश करें। १८. मित्रा माता और सुदर्शन पिता, प्रथमपुरी (साकेत नगरी), अमरनाथ जिनेश्वर, आम्रवृक्ष और रोहिणी नक्षत्र सदा तुम्हारा मंगलविधान करें। १९. मिथिला नगरी, कुम्भ राजा, रक्षिता माता, अश्विनी नक्षत्र, मल्लिनाथ जिन और जिसके नीचे ज्ञान हुआ था वह अशोक वृक्ष शीघ्र ही तुम्हारा शोक नष्ट करे। २० पद्मावती माता, कुशाग्रनगर, श्रवण नक्षत्र, चम्पक वृक्ष, सुमित्र पिता और

---

१. पुनातु। २. अश्वत्थः। ३. खिपं—प्रत्य०।

विजओ य मिहिल वप्पा, बउलदुमो अस्सिणी नमिजिणिन्दो। मयहाहिवई! तुज्झं, समागमं देन्तु धम्मस्स२१ ॥४७॥
सोरियपुरं तु एत्तो, समुद्दविजओ सिवा य उज्जेन्तो। चित्ता य रिट्ठनेमी, नरिन्द! तुह मङ्गलं देन्तु२२ ॥४८॥
वाणारसी विसाहा, पासो वम्मा य आससेणो य। अहिछत्ता बाहिरओ, तुह मङ्गलकारयाणि सया२३ ॥ ४९ ॥
सिद्धत्थो कुण्डपुरं, सरलो पियकारिणी य हत्थो य। भयवं वीरजिणिन्दो, देन्तु सया मङ्गलं तुज्झ२४ ॥५०॥
अट्ठावयम्मि उसभो, सिद्धो चम्पाएँ वासुपुज्जजिणो। पावाएँ वद्धमाणो, नेमी उज्जेन्तसिहरम्मि ॥ ५१ ॥
अवसेसा तित्थयरा, सम्मेए निव्वुया सिवं पत्ता। जो पढइ सुणइ पुरिसो, सो बोहिफलं समज्जेइ ॥ ५२ ॥

तीर्थकराणां राज्यर्द्धिः देहवर्णाश्च —

सन्ती कुन्थू य अरो, तित्थयरा चक्कवट्टिणो आसि। सेसा पुण जिणवसभा, हवन्ति सामन्तरायाणो ॥ ५३ ॥
चन्दाभो चन्दनिभो, बीओ पुण पुप्फदन्तजिणवसभो। कुसुमपियङ्गुसवण्णो, हवइ सुपासो विगयमोहो ॥ ५४ ॥
वरतरुणसालिवण्णो, पासो नागिन्दसंथुओ भयवं। पउमाभो पउमनिभो, वसुपुज्जो किंसुयसुवण्णो ॥ ५५ ॥
अञ्जणगिरिसरिसनिभो, हवइ य मुणिसुव्वओ तियसनाहो। वरहिणकण्ठावयवो, नेमिजिणो जायवाणन्दो ॥ ५६ ॥

---

मुनिसुव्रत जिनेन्द्र तुम्हारे पाप-मलका नाश करें। २१. हे मगधाधिपति! विजय पिता, मिथिला नगरी, वप्रा माता, बकुल वृक्ष, अश्विनी नक्षत्र और जिनेन्द्र नमिनाथ तुम्हें धर्मका समागम दें। २२. हे नरेन्द्र! शौरिपुर नगरी, समुद्रविजय पिता, शिवा माता, उज्जयन्त (गिरनार) पर्वत, चित्रा नक्षत्र और अरिष्टनेमि जिन तुम्हें मंगल प्रदान करें। २३. वाराणसी नगरी, विशाखा नक्षत्र, पार्श्वनाथ जिनेश्वर, वामा माता, अश्वसेन पिता और अहिच्छत्राका बाह्यभाग—ये तुम्हारे लिए सर्वदा मंगलकारी हों। २४. सिद्धार्थ पिता, कुण्डपुर नगर, सरल (शाल?) वृक्ष, प्रियकारिणी (त्रिशला) माता, हस्त नक्षत्र और वीर जिनेन्द्र तुम्हें सदा मंगल प्रदान करें। (२७-५०)

अष्टापद पर्वतपर ऋषभदेव, चम्पामें वासुपूज्यजिन, नेमिनाथ उज्जयन्त पर्वतके शिखरपर तथा वर्धमानस्वामी पावापुरीमें सिद्ध हुए। (५१) बाकीके तीर्थंकर सम्मेतशिखरपर मुक्त होकर मोक्षमें पहुँचे हैं। जो पुरुष इसे पढ़ता है और सुनता है वह सम्यक्त्वका फल प्राप्त करता है। (५२)

शान्तिनाथ, कुंथुनाथ और अरनाथ तीर्थंकर चक्रवर्ती थे। बाकीके जिनेश्वर सामान्य राजा थे। (५३) चन्द्रप्रभ और दूसरे पुष्पदन्त जिनेश्वर चन्द्रकी-सी कान्तिवाले थे। मोहका नाश करनेवाले सुपार्श्वजिन प्रियंगुके पुष्पके जैसे थे। (५४) नागेन्द्र द्वारा स्तुति किये गये पार्श्वनाथ भगवान् उत्तम और अपक्व (तरुण) शालिके समान वर्णवाले थे। पद्मप्रभ पद्मके जैसे वर्णके और वासुपूज्य किंशुकके जैसे वर्णके थे। (५५) देवोंके भी नाथ ऐसे मुनिसुव्रतस्वामी अंजनगिरिके जैसे वर्णवाले थे। यादवोंको आनन्द देनेवाले नेमिजिन मोरके कण्ठके भागके जैसे वर्णवाले थे। (५६) बाकीके तीर्थंकर तपाये हुए सोनेके जैसे वर्णवाले कहे गये हैं। मल्लिनाथ, अरिष्टनेमि, पार्श्वनाथ, महावीर स्वामी[1] और वासुपूज्य स्वामी—कुमारावस्थामें

---

१. भ. महावीरके विवाहका सर्वप्रथम उल्लेख प्रथम भद्रबाहुकृत 'कल्पसूत्र' में आता है उसके पहलेके किसी आगममें नहीं आता। भगवतीसूत्रमें जमालिकी कथा विस्तारसे आती है, पर वहाँ भी उसकी आठ पत्नियोंमें वर्धमान महावीरकी पुत्रीका न तो उल्लेख है और न जमालिकी माता वर्धमान महावीरकी बहन थी ऐसा कोई निर्देश है। स्थानांगसूत्रके पाँचवें स्थानके अन्तमें पाँच तीर्थंकर—वासुपूज्य, मल्लि, नेमि, पार्श्व और महावीरने कुमारवासमें रहकर दीक्षा ली थी और समवायांगके १९ वें अंगमें उन्नीस तीर्थंकरोंने अगारवासमें रहकर दीक्षा ली थी ऐसा उल्लेख है। इन दोनों उल्लेखोंको साथमें रखकर देखनेसे यही फलित होता है कि पूर्वोक्त पाँच बालब्रह्मचारी थे, जबकि अवशिष्ट उन्नीस विवाहित थे।

आचार्य हेमचन्द्र त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरितके वासुपूज्यचरितमें स्थानांगके, उपर्युक्त स्थानमें उल्लिखित पाँच जिनोंमेंसे श्री महावीर सिवायके चारको अविवाहित कहते हैं—

मल्लिनेमिः पार्श्व इति भाविनोऽपि त्रयो जिनाः। अकृतोद्वाह-साम्राज्याः प्रव्रजिष्यन्ति मुक्तये ॥ १०३ ॥

निद्धन्तकणयवण्णा, सेसा तित्थंकरा समक्खाया । मल्ली अरिट्ठनेमी, पासो वीरो य वसुपुज्जो ॥ ५७ ॥
एए कुमारसीहा, गेहाओ निग्गया जिणवरिन्दा । सेसा वि हु रायाणो, पुहई भोत्तूण निक्खन्ता ॥ ५८ ॥
एए [1]जिणिन्दचन्दा, सुर-नरमहिय-ऽच्चिया निययकालं । पत्ता महाभिसेयं, जम्मणसमए गिरिन्दम्मि ॥ ५९ ॥
संपत्ता कल्लाणं, परमपयं सासयं सिवं ठाणं । तिहुयणमङ्गलनिलया, देन्तु गई[2] जिणवरा सव्वे ॥ ६० ॥
आउपमाणं तह अन्तरं च तित्थयर-चक्कवट्टीणं । जो जस्स हवइ तित्थे, बलदेवो चक्कवट्टी वा ॥ ६१ ॥
तुज्झ पसाएण अहं, एयं इच्छामि जाणिउं भयवं ! । साहसु फुड-वियडत्थं, जह वत्तं कालसमयम्मि ॥ ६२ ॥
एवं च भणियमेत्ते, मगहनरिन्देण गोयमो ताहे । जलहरगम्भीरसरो, कहेइ सव्वं निरवसेसं ॥ ६३ ॥
जो वित्थरेण अत्थो, संखाएँ अवट्ठिओ अइमहन्तो । सो बुहयणेण एत्तो, गहिओ-संखेवओ सव्वो ॥ ६४ ॥

पल्योपमसागरोपमोत्सर्पिण्यादिकालस्वरूपम् —

जं जोयणवित्थिण्णं, ओगाढं जोयणं तु वालस्स । एगदिणजायगस्स उ, भरियं वालग्गकोडीणं ॥ ६५ ॥
वाससए वाससए, एक्केक्के अवहियम्मि जो कालो । कालेण तेण एवं, हवइ य पलिओवमं एक्कं ॥ ६६ ॥
दस कोडाकोडीओ, पल्लाणं सागरं हवइ एक्कं । दसकोडाकोडीओ, उदहीण ऽवसप्पिणी हवइ ॥ ६७ ॥
उस्सप्पिणी वि एवं, सरिसा परियत्तदेसभावेणं । जह बहुलसुक्कपक्खे, ओसरइ पवड्ढई चन्दो ॥ ६८ ॥
छब्भेया उद्दिट्ठा, कालविभागस्स होन्ति नायव्वा । भरहेरवएसु सया, कुणन्ति परियट्टणं एए ॥ ६९ ॥

---

ही सिंह जैसे पराक्रमी ये जिनवरेन्द्र दीक्षित हुए थे। बाकीके राजा पृथ्वीका उपभोग करके निकले थे। (५७-८) देवों एवं मनुष्यों द्वारा स्तुत एवं पूजित तथा जिनेन्द्रोंमें चन्द्रके समान इन जिनेश्वरोंका जन्मके समय नियमतः मेरुपर्वतके ऊपर महाभिषेक हुआ था। (५९) दीक्षा, केवलज्ञान आदि कल्याणक भी इन्होंने प्राप्त किये थे तथा शाश्वत शिवस्थानरूप परम-पद भी प्राप्त किया था। सब जिनवर तीनों लोकोंमें मंगलधाम जैसी मोक्षगति प्रदान करें। (६०)

हे भगवन्! आपके अनुग्रहसे तीर्थंकर एवं चक्रवर्तीकी आयुका परिमाण तथा बीचका अन्तर, जिसके तीर्थमें जो बलदेव या चक्रवर्ती होता है—यह सब मैं जानना चाहता हूँ। अतः उस काल और समयमें जैसा हुआ वैसा आप स्फुट एवं विशद रूपसे कहें। (६१-६२)

मगधराजके ऐसा कहनेपर बादलके समान गम्भीर स्वरवाले गौतमने पूर्णरूपसे सब कुछ कहा कि जो अर्थ विस्तारमें संख्यासे भी बहुत बड़ा है अर्थात् जिसकी गणना नहीं की जा सकती उस सबको ज्ञानीजनोंने ग्रहण करके संक्षेपमें कहा है। (६३-६४) एक योजन लम्बा-चौड़ा और एक योजन गहरा गड्ढा हो और एक दिनके पैदा हुए बालकके बालके करोड़ों अग्रभागोंसे वह भरा जाय तथा सौ सौ सालके बाद एक एक बाल निकालनेपर जो समय उसके खाली करनेमें लगेगा वह एक पल्योपम होता है। (६५-६६) दस कोटाकोटि पल्योपमका एक सागरोपम होता है। दस कोटाकोटि सागरोपमकी एक अवसर्पिणी होती है। (६७) उत्सर्पिणी भी ऐसी ही होती है। कृष्णपक्ष एवं शुक्लपक्षमें चन्द्र जिस तरह घटता और बढ़ता है उसी तरह देश और भावके अनुसार ये उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी घटती-बढ़ती रहती है। (६८) इस कालविभागके छः भेद किये गये हैं, जो ज्ञातव्य हैं। भरत एवं ऐरवतमें ये परिवर्तन करते हैं। (६९) अतिसुषमाका काल चार कोटाकोटि

---

श्री वीरश्चरमश्चार्हन्नीषदूभोग्येन कर्मणा । कृतोद्वाहोऽकृतराज्यः प्रव्रजिष्यति सेत्स्यति ॥ १०४ ॥

परन्तु आगे जाने पर पार्श्वनाथचरित ( पर्व ९, सर्ग ३ ) में पार्श्वको विवाहित सूचित करते हैं। इस सर्गके २१० वें श्लोकका चरण है—'....उद्वाह प्रभावतीम् ।' सम्भवतः स्मरण न रहनेसे अथवा दूसरी कोई परम्परा सम्मुख रहनेसे ऐसा हुआ होगा।

१. जिणवरचंदा—प्रत्य० । २. गई—प्रत्य० ।

कालो अइसुसमाए, कोडाकोडीउ हवइ चत्तारि । सुसमा पुण तिण्णि भवे, सूसमदुसमा य दो चेव ॥ ७० ॥
एक्का कोडाकोडी, बायालीसं भवे सहस्सेहिं । वासेहि य ऊणो खलु, दूसमसुसमाएँ कालोउ ॥ ७१ ॥
एगावीससहस्सा, कालो च्चिय दूसमाएँ परिणमइ । अच्चन्तदूसमाए, तावइओ चेव नायवो ॥ ७२ ॥

तीर्थकराणामन्तराणि —

पन्नाससयसहस्सा, उदहीकोडीण अन्तरं पढमं । बीयं तु हवइ तीसा, तइयं दस होन्ति नायवं ॥ ७३ ॥
नवनउई य चउत्थं, नउइ सहस्साणि पञ्चमं भणियं । नव चेव सहस्सा पुण, सायरनामाण छट्ठं तु ॥ ७४ ॥
नव चेव सया भणिया, सत्तमयं अन्तरं सुयधरेहिं । नउइं पुण अट्ठमयं, नवमं नव चेव नायवं ॥ ७५ ॥
छावट्ठिसयसहस्सा, छबीससहस्स वाससंखाए । उदहिसएण य ऊणा, एगा कोडी य दसमम्मि ॥ ७६ ॥
चउपन्नसागराइं, तीसा नव चेव होन्ति चत्तारि । एया अन्तराइं, अणुपरिवाडीएँ भणियाइं ॥ ७७ ॥
तिण्णेव सागराइं, तीसु य भागेसु होन्ति पलस्स । ऊणाणि य पन्नरसं, जिणन्तरं होइ नायवं ॥ ७८ ॥
पलद्धं सोलसमं, सत्तरसं अन्तरं चउब्भाओ । पलस्स हवइ ऊणो, कोडिसहस्सेण वासाणं ॥ ७९ ॥
कोडिसहस्सं वासाण, होइ अट्ठारसन्तरं एत्तो । चउपन्नसयसहस्सा, जिणन्तरं ऊणवीसइमं ॥ ८० ॥
छ चेव सयसहस्सा, वीसइमं अन्तरं समुद्दिट्ठं । पञ्चेव हवइ लक्खा, जिणन्तरं एगवीसइमं ॥ ८१ ॥
पन्नासा सत्त सया, तेयासीई सहस्स बावीसं । अड्ढाइज्जा य सया, तेवीसं अन्तरं होइ ॥ ८२ ॥
एयावीस सहस्सा, तित्थं वीरस्स कालसंखाए । होही परं तु नियमा, अइदुसमा तत्तिया चेव ॥ ८३ ॥

पञ्चमषष्ठारकयोःस्वरूपम् —

परिनिव्वुए जिणिन्दे, वीरे अइसयविवज्जिओ कालो । बल-चक्क-हरिविमुक्को, होही नाणुत्तमविहीणो ॥ ८४ ॥

---

सागरोपमका होता है। सुषमाके तीन जबकि सुषमदुःषमके दो सागरोपम होते हैं। (७०) बयालीस हज़ार वर्ष कम एक कोटाकोटि सागरोपम काल दुःषम-सुषमाका होता है। (७१) इक्कीस हज़ार वर्षका समय दुःषमाका कहा गया है। अत्यन्त दुःषमाका भी उतना ही जानना चाहिये। (७२)

५० लाख कोटि सागरोपमका पहला अन्तर ( अर्थात् पहले और दूसरे तीर्थंकरके निर्वाणके बीचका अन्तर ) है। दूसरा अन्तर ( दूसरे और तीसरे तीर्थंकरके बीच ) ३० लाख कोटि सागरोपमका है। तीसरा अन्तर ( तीसरे और चौथे के बीच ) १० लाख कोटि सागरोपमका होता है, यह जानना चाहिए। (७३) चौथा अन्तर ९ लाख कोटि सागरोपमका है। पाँचवाँ ९० सहस्र कोटि सागरोपमका कहा गया है। छठा ९ सहस्र कोटि सागरोपमका है। (७४) सातवाँ अन्तर ९ सौ कोटि सागरोपमका श्रुतधरोंने कहा है। आठवाँ ९० कोटि सागरोपमका और नवाँ ९ कोटि सागरोपमका समझना चाहिए। (७५) दसवाँ १०० सागरोपम, ६६ लाख और २६ हज़ार वर्ष न्यून एक कोटि सागरोपमका है। (७६) ५४ सागरोपम, ३० सागरोपम, ९ सागरोपम तथा ४ सागरोपम—ये अन्तर क्रमशः कहे गये हैं; अर्थात् ग्यारहवें, बारहवें, तेरहवें और चौदहवें अन्तरका काल इतना है। (७७) जिनोंके बीचका पन्द्रहवाँ अन्तर $\frac{3}{4}$ पल्योपम न्यून ३ सागरोपमका समझो। (७८) सोलहवाँ $\frac{1}{4}$ पल्योपमका और सत्रहवाँ कोटि सहस्र वर्ष न्यून पल्योपमके चौथा भागका है। (७९) अठारहवाँ अन्तर कोटि सहस्र वर्षका और जिनोंके बीचका उन्नीसवाँ अन्तर ५४ लाख वर्षका है। (८०) बीसवाँ अन्तर छः लाख वर्षका कहा गया है। जिनोंके बीचका इक्कीसवाँ अन्तर ५ लाखका होता है। (८१) बाईसवाँ ८३,७५० वर्षका और तेईसवाँ २५० वर्षका अन्तर है। (८२) कालकी संख्यासे वीरप्रभुका तीर्थ २१ हज़ार वर्षका है। उसके पश्चात् नियमतः अतिदुःषमा काल आयेगा। (८३)

होहिन्ति पुहइपाला, दुट्ठा दुस्सीलनिब्बया पावा । बहुकूडकवडभरिया, नरा य कोहुज्जयमईया ॥ ८५ ॥
गोडण्डयसरिसेसुं, नट्ठा सयमेव ते कुहम्मेसु । नासेहिन्ति बहुजणं, कुदिट्ठिसत्थेसु बहुएसु ॥ ८६ ॥
अइविट्ठि अणाविट्ठो, विसमा वि हु विट्ठिसंपया काले । होहिन्ति दुस्समाए, सभावपरिणामजोगेणं ॥ ८७ ॥
सत्तेव य रयणीओ, आयपमाणं नराण दुसमाए । हाणी कमेण होही, अन्ते पुण दोण्णि रयणीओ ॥ ८८ ॥
वाससयं पुण आउं, दुसमाए आदिमं समुद्दिट्ठं । परिहाइ इह कमेणं, जावं तेवीस वरिसाइं ॥ ८९ ॥
अइदुस्समाएँ होहिइ, आयपमाणं तु दोण्णि रयणीओ । वरिसाणि वीस आउं, नराण निद्धम्मबुद्धीणं ॥ ९० ॥
अइदुस्समाएँ अन्ते, एगा रयणी नराण उच्चत्तं । आउं सोलस वरिसाणि, ताण कालाणुभावेणं ॥ ९१ ॥
न य पत्थिवा ण भिच्चा, न गिहाणि न उस्सवा न संबन्धा । होहिन्ति धम्मरहिया, मणुया य सरिस्सवाहारा ॥ ९२ ॥
आउ बलं उस्सेहो, एवं अवसप्पिणोएँ अवसरइ । वड्ढइ य कमेण पुणो, उस्सप्पिणिकालसमयम्मि ॥ ९३ ॥

कुलकराणां तीर्थकराणां चोत्सेधा—

एवं जिणन्तराइं, नरवइ कालो य तुज्झ परिकहिओ । एत्तो कमेण निसुणसु, उस्सेहाऽऽउं जिणिन्दाणं ॥ ९४ ॥
अट्ठारस तेर अट्ठ य, सयाणि सेसेसु पञ्चधणुवीसं । पडिहायन्तो कमसो, उस्सेहो कुलगराण इमो ॥ ९५ ॥
पञ्च सयाणि धणूणं, उस्सेहो आइजिणवरिन्दस्स । अट्ठसु पन्नासा पुण, परिहाणी होइ नियमेणं ॥ ९६ ॥
सीयलजिणस्स नउई, भवइ असीया सत्तरी य सट्ठि त्ति । पन्नासा य कमेणं, उस्सेहो जिणवराणं तु ॥ ९७ ॥
अट्ठसु य पञ्चहाणी, नव रयणी सत्त होन्ति रयणीओ । तित्थयराण पमाणं, एयं संखेवओ भणियं ॥ ९८ ॥

---

जिनेन्द्र वीरके निर्वाणके अनन्तर अतिशय वर्जित काल आयेगा। वह बलदेव एव चक्रवर्तीसे रहित तथा उत्तम ज्ञानसे हीन होगा। (८४) राजा दुश्शील, व्रतरहित एवं पापी होंगे। लोग भी नानाविध छलकपटसे भरे हुए तथा क्रोधसे युक्त बुद्धिवाले होंगे। (८५) गायके डण्डेके जैसे कुधर्मों द्वारा वे स्वयं नष्ट होकर मिथ्यात्वियोंके नानाविध शास्त्रोंसे वे बहुतसे लोगोंको नष्ट करेंगे। (८६) स्वभावके परिणामके योगसे दुःषमा कालमें अतिवृष्टि, अनावृष्टि और विषम वृष्टि होगी। (८७) दुःषमामें मनुष्योंके शरीरका परिमाण सात हाथका होगा। इसमें भी क्रमसे हानि होती जायगी। अन्तमें तो दो हाथका ही रहेगा। (८८) दुःषमाके आरम्भमें आयु सौ सालकी कही गई है। इसमें भी क्रमशः हानि होती जायगी और तेईस वर्षतककी रहेगी। (८९) अतिदुःषमामें धर्मशून्य बुद्धिवाले मनुष्योंके शरीरकी लम्बाई दो हाथकी और आयु बीस सालकी होगी। (९०) अतिदुःषमाके अन्तमें लोगोंकी ऊँचाई एक हाथभर होगी और कालके प्रभावसे उनकी आयु सोलह सालकी होगी। (९१) उस समय न तो राजा होंगे न भृत्य, गृह, उत्सव और न तो सम्बन्ध ही होंगे। मनुष्य धर्मरहित होंगे और सरिसृप (सर्प आदि रेंगनेवाले जानवर) का आहार करेंगे। (९२) इस प्रकार अवसर्पिणी कालमें आयुष्य, बल एवं ऊँचाई कम होती जाती है और उत्सर्पिणी कालमें पुनः क्रमशः वे बढ़ते हैं। (९३)

हे राजन्! इस प्रकार जिनोंके बीचके अन्तर और कालके बारेमें तुम्हें कहा। अब जिनेन्द्रोंकी ऊँचाई और आयुके बारेमें अनुक्रमसे सुनो। (९४) कुलकरोंकी ऊँचाई क्रमशः अठारह सौ, तेरह सौ, आठ सौ और बाकीकी घटते-घटते पाँच सौ बीस धनुष्य जितनी थी। (९५) आदिजिनवरेन्द्र ऋषभदेवकी[1] ऊँचाई पाँच सौ धनुष्यकी थी। उनके बादके आठ[2-9] तीर्थंकरोंकी ऊँचाईमें पचास-पचास धनुष्यकी हानि नियमतः होती है। (९६) शीतलजिनकी नब्बे है। इनके बादके जिनवरोंकी ऊँचाई क्रमशः अस्सी,[11] सत्तर,[12] साठ,[13] और पचास[14] धनुष्यकी है। (९७) उनके बादके आठ तीर्थंकरोंकी[15-22] ऊँचाईमें पाँच-पाँच धनुष्यकी हानि होती है। तेईसवें तीर्थंकरकी ऊँचाई नौ हाथ और चौबीसवेंकी[24] सात हाथ है। इस प्रकार संक्षेपसे मैंने तीर्थंकरोंकी ऊँचाईके बारेमें कहा। (९८)

---

१. सरीसृपाहाराः।

कुलकराणां तीर्थकराणां चायूषि —

पल्लस्स अट्ठभागो, तस्स वि य हवेज्ज जो दसमभागो । तं कुलगरस्स आउं, पढमस्स जिणेहि परिकहियं ॥ ९९ ॥
एवं दसमो दसमो, भागो अवसरइ आउखन्धस्स । सेसाण कुलगराणं, नाभिस्स य पुवकोडीओ ॥ १०० ॥
चुलसीइ सयसहस्सा, पुवाणं आउयं तु उसभस्स । बावत्तरी य अजिए, छण्हं पुण दस य परिहाणी ॥ १०१ ॥
दोण्णि य एक्कं लक्खं, कमेण दोण्हं जिणाण पुवाउं । चुलसीती बावत्तरि, सट्ठी तीसा य दस एक्कं ॥ १०२ ॥
एए हवन्ति लक्खा, वासाणं जिणवराण छण्हं पि । पञ्चाणउइ सहस्सा, चउरासीई य नायव्वा ॥ १०३ ॥
पणपन्ना पणतीसा, दस य सहस्सा सहस्समेगं च । वासाण सयं एत्तो, हवन्ति बावत्तरिं वासा ॥ १०४ ॥

जिनान्तरे द्वादशचक्रवर्त्तिनः तपूर्वभवादि च —

एवं तित्थयराणं, आउं सेणिय ! मए समक्खायं । जो जस्स अन्तरे पुण, चक्कहरो तं इओ सुणसु ॥ १०५ ॥
उसभे सुमङ्गलाए, जाओ भरहो य पढमचक्कहरो । अह पुण्डरीगिणीए, बाहू सो आसि अन्नभवे ॥ १०६ ॥
जिणवइरसेणपुत्तो, मरिऊणं पत्थिओ य सवट्ठं । तत्तो चुओ समाणो, भरहो होऊण सिद्धिगओ१ ॥ १०७ ॥
पुहईपुरम्मि राया, विजओ नामेण जसहरं गुरवं । लहिऊण य निक्खन्तो, गओ य विजयं वरविमाणं ॥ १०८ ॥
चइऊण कोसलाए, विजएणं जसवईए जाओ सो । सगरो पुत्तविओगे, काऊण तवं गओ मोक्खं२ ॥ १०९ ॥
अह पुण्डरीगिणीए, ससिप्पभो विमलमुणिवरसयासे । घेत्तूण य जिणदिक्खं, गेविज्जे सुरवरो जाओ ॥ ११० ॥
तत्तो चुओ समाणो, सावत्थीए सुमित्तरायस्स । जाओ य भामिणीए, मघवं नामेण चक्कहरो ॥ १११ ॥
धम्मस्स य सन्तिस्स य, जिणन्तरे भुञ्जिउं भरहवासं । काऊण जिणवरतवं, सणंकुमारं गओ कप्पं३ ॥ ११२ ॥

---

पल्योपमका आठवाँ भाग और फिर उसका भी जो दसवाँ भाग होगा वह जिनवरोंने प्रथम कुलकरकी आयु कही है। (९९) इस प्रकार आयु-स्कन्धका दसवाँ दसवाँ भाग शेष कुलकरोंका कम होता जाता है। नाभि कुलकरकी आयु एक कोटि पूर्वकी होती है। (१००)

श्री ऋषभदेवकी[1] आयु चौरासी लाख पूर्वकी है। श्री अजितनाथकी बहत्तर लाख पूर्वकी है। इनके पश्चात् छः[1-6] तीर्थंकरोंकी क्रमशः दस-दस लाख पूर्व कम होती जाती है। (१०१) इनके बाद दो जिनोंकी[8-10] आयु क्रमशः दो लाख पूर्व और एक लाख पूर्वकी है। इनके पश्चात् छः[11-16] जिनवरोंकी आयु चौरासी लाख, बहत्तर लाख, साठ लाख, तीस लाख एवं एक लाखकी है। इनके बादके तीर्थंकरोंकी आयु क्रमशः पंचानवे[17] हजार, चौरासी[18] हजार, पचपन[19]-हजार, पैंतीस[20] हजार, दस[21] हजार, एक[22] हजार, एक सौ[23] और बहत्तर[24] वर्षकी है। (१०२-४)

हे श्रेणिक ! इस प्रकार तीर्थंकरोंकी आयुके बारेमें मैंने कहा। अब जो चक्रवर्ती जिन तीर्थंकरोंके बीच होता है उसके बारेमें सुनो। (१०५) ऋषभसे मंगलामें प्रथम चक्रधर भरत हुआ। अन्य भवमें बाहु नामका वह पुण्डरीकिणीमें जिनवज्रसेनका पुत्र था। मरकर वह राजा सर्वार्थसिद्धमें गया। वहाँसे च्युत होकर और भरतके रूपमें पैदा हो मोक्षमें गया। (१०६-७) पृथिवीपुरमें विजय नामके राजाने यशोधर गुरुको पाकर दीक्षा ली और विजय नामक उत्तम विमानमें गया। (१०८) च्युत होनेपर अयोध्यामें विजयसे यशोमतीमें वह उत्पन्न हुआ। पुत्रोंके वियोगमें सगर तप करके मोक्षमें गया। (१०९) इसके पश्चात् पुण्डरीकिणीमें शशिप्रभने विमल मुनिवरके पास जिनदीक्षा ग्रहण की और ग्रैवेयकमें उत्तम देवरूपसे उत्पन्न हुआ। (११०) वहाँसे च्युत होनेपर श्रावस्तीमें सुमित्र राजाकी पत्नीसे मघवा नामक चक्रधर हुआ। (१११) श्रीधर्मनाथ एवं श्रीशान्तिनाथ जिनोंके बीचके समयमें भरतक्षेत्रका उपभोग करके तथा जिनवरके तपका आचरण करके सनत्कुमार नामक

---

१. विणीयाए—प्रत्य०।

सनत्कुमारचक्रिचरितम्—

एत्तो सणंकुमारो, अइरूवो तिहुयणम्मि विक्खाओ । उप्पन्नो चक्कहरो, तत्थेव जिणन्तरे धीरो ॥ ११३ ॥
तो भणइ मगहराया, केण व पुण्णाणुभावजणिएणं । जाओ सो अइरूवो, कहेहि मे कोउयं भयवं ! ॥ ११४ ॥
संखेवेण गणहरो, कहेइ सव्वं पुराणसंबन्धं । अत्थेत्थ भरहवासे, गामो गोवद्धणो नामं ॥ ११५ ॥
सावयकुलसंभूओ, जिणदत्तो नाम गहवई तत्थ । सायारतवं काउं, कालगओ पत्थिओ सुगई[1] ॥ ११६ ॥
महिला तस्स विओए, विणयवई जिणहरं अइमहन्तं । कारविय दढचित्ता, पवज्जं गिण्हिऊण मया ॥ ११७ ॥
नामेण मेहबाहू, तत्थेगो गहवई परिवसइ । भद्दो सम्मद्दिट्ठी, धीरो उच्छाहवन्तो य ॥ ११८ ॥
दट्ठूण जिणाययणे, विणयमईसन्तिए महापूयं । सद्दहिऊण मओ सो, तत्तो जक्खो समुप्पन्नो ॥ ११९ ॥
कुणइ य वेयावच्चं, चाउव्वण्णस्स समणसङ्घस्स । जिणसासणाणुरत्तो, विसुद्धसम्मत्तदढभावो ॥ १२० ॥
तत्तो चुओ समाणो, महापुरे सुप्पभस्स भज्जाए । अह तिलयसुन्दरीए, धम्मरुई नरवई जाओ ॥ १२१ ॥
सुप्पहमुणिस्स सीसो, जाओ वय-समिइ-गुत्तिसंपन्नो । सङ्काइदोसरहिओ, सए वि देहे निरवयक्खो ॥ १२२ ॥
सङ्घस्स भावियमई, वेयावच्चुज्जुओ गुणमहन्तो । काऊण कालधम्मं, माहिन्दे सुरवरो जाओ ॥ १२३ ॥
अमरविमाणाउ चुओ, सहदेवनराहिवस्स महिलाए । जाओ सणंकुमारो, चक्कहरो गयपुरे नयरे ॥ १२४ ॥
सोहम्माहिवईणं, रूवं चिय जस्स वण्णियं सोउं । दो संसयपडिवन्ना, देवा दट्ठूण ओइण्णा ॥ १२५ ॥
दट्ठूण चक्कवट्टिं, देवा जंपन्ति साहु ! साहु ! त्ति । अइसुन्दरं तु रूवं, पसंसियं तुज्झ सक्केणं ॥ १२६ ॥
तो भणए चक्कवट्टी, जइ देवा ! आगया मए दट्ठुं[2] । एक्कं खणं पडिच्छह, मज्जिय-जिमियं नियच्छेह[3] ॥ १२७ ॥

---

कल्पमें उत्पन्न हुआ । (११२) वहाँ से अत्यन्त रूपवान तीनों लोकोंमें विख्यात और धीर सनत्कुमार चक्रवर्ती उन्हीं जिनोंके अन्तराल कालमें उत्पन्न हुआ । (११३)

तब मगधराज श्रेणिकने पूछा कि, हे भगवन्! किस पुण्यके फलस्वरूप वह अत्यन्त रूपवान् हुआ, यह आप कहें। मुझे इसका कुतूहल हो रहा है । (११४) इस पर गणधर गौतमस्वामीने समग्र प्राचीन वृत्तान्त संक्षेपमें कहा कि—

इस भरतक्षेत्रमें गोवर्धन नामका एक गाँव है । (११५) वहाँ श्रावक कुलमें उत्पन्न जिनदत्त नामका एक गृहपति था। सागार तप करके मरने पर उसने अच्छी गति प्राप्त की । (११६) उसकी भार्या विनयवतीने उसके वियोगमें अतिविशाल जिनमन्दिर बनवाया। दृढ़चित्तवाली वह प्रव्रज्या अंगीकार करके मर गई । (११७) उसी गाँवमें मेघबाहु नामका एक गृहस्थ रहता था। वह भद्र, सम्यग्दृष्टि, धीर और उत्साहशील था । (११८) जिनमन्दिरमें विनयवती द्वारा की गई महापूजा उसने देखी। उसे श्रद्धा हुई। मरने पर वह यक्ष रूपसे उत्पन्न हुआ । (११९) जिन शासनमें अनुरक्त तथा विशुद्ध सम्यक्त्वमें दृढ़ भाववाला वह चतुर्विध श्रमणसंघकी सेवा-शुश्रूषा करता था । (१२०) वहाँसे च्युत होने पर महापुरमें सुप्रभकी भार्या तिलकसुन्दरीसे धर्मरुचि नामका राजा हुआ । (१२१) वह सुप्रभ मुनिके व्रत, समिति और गुप्तिसे सम्पन्न, शंका आदि दोषोंसे रहित और अपनी देहमें भी अनासक्त ऐसा शिष्य हुआ । (१२२) संघमें श्रद्धासम्पन्न, सेवापरायण और गुणोंसे महान् ऐसा वह मर करके माहेन्द्र देवलोकमें उत्तम देव हुआ । (१२३) देव विमानसे च्युत होने पर वह सहदेव राजाकी पत्नीसे गजपुरनगरमें सनत्कुमार नामका चक्रवर्ती हुआ । (१२४) सौधर्माधिपतिसे उसके रूपका वर्णन सुनकर संशयालु दो देव उसे देखनेके लिए नीचे उतरे । (१२५) चक्रवर्तीको देखकर देव कहने लगे कि, 'साधु साधु !, तुम्हारे अतिसुन्दर रूपकी प्रशंसा इन्द्रने की है ।' (१२६) इस पर चक्रवर्तीने कहा कि हे देव ! यदि मुझे देखनेके लिए आये हैं तो एक क्षण भर मेरी प्रतीक्षा करें और स्नान एवं भोजन करनेके बाद मुझे देखें । (१२७) स्नान एवं बलिकर्म करके सब अलंकारोंसे विभूषित

---

१. भावजोएण—प्रत्य० । २. सुगइं—प्रत्य० । ३. पश्यत ।

ण्हाओ कयबलिम्मो, सबालंकारभूसियसरीरो । सीहासणे निविट्ठो, दिट्ठो देवेहि चक्कहरो ॥ १२८ ॥
एत्तो मणन्ति देवा, तुज्झ इमं सुन्दरं परमरूवं । एक्को ऽत्थ नवरि दोसो, जेणं खणभंगुरसहावं ॥ १२९ ॥
जा पढमदरिसणे च्चिय, आसि तुमं जोबणाणुरूवसिरी । सा कह खणेण हीणा, सोहा अइतुरियवेगेणं ? ॥ १३० ॥
सोऊण देववयणं, माणुसजम्मं असासयं नाउं । निक्खमइ चक्कवट्टी, कुणइ य घोरं तवोकम्मं ॥ १३१ ॥
अहियासिऊण रोगे, अणेयलद्धी-सुसत्तिसंपन्नो । कालं काऊण तओ, सणंकुमारं गओ सग्गं४ ॥ १३२ ॥
अह पुण्डरीगिणीए, मेहरहो घणरहस्स सीसत्तं । काऊण कालधम्मं, सबट्ठे सुरवरो जाओ ॥ १३३ ॥
तत्तो चुओ समाणो, नागपुरे वीससेणमहिलाए । गब्भम्मि सुओ जाओ, सन्ती जीवाण सन्तिकरो ॥ १३४ ॥
भोत्तूण भरहवासं, तित्थं उप्पाइऊण सिद्धिगओ । सोलसमो य जिणाणं, पञ्चमओ चक्कवट्टीणं५ ॥ १३५ ॥
कुन्थू अरो य चक्की, दोण्णि वि तित्थंकरा समुप्पन्ना । हन्तूणं कम्ममलं, सिवमयलमणुत्तरं पत्ता६-७ ॥ १३६ ॥
धम्मस्स य सन्तिस्स य, सणंकुमारो जिणन्तरे आसि । तिण्णि जिणा चक्कहरा, अन्तरमेयं तु नायबं ॥ १३७ ॥
धण्णपुरे ए नराहिव !, नराहिवो मुणिविचित्तगुत्तस्स । सीसो होऊण मओ, पत्तो च्चिय देवलोयं सो ॥ १३८ ॥
चविऊण विमाणाओ, सावत्थीसामियस्स महिलाए । ताराए समुप्पन्नो, पुत्तो सो कत्तविरियस्स ॥ १३९ ॥
नामेण सो सुभूमो, जमदग्गिसुयं रणे परसुरामं । हन्तूण चक्कवट्टी, जाओ रयणाहिवो सूरो ॥ १४० ॥
निब्बम्भणा[1] य पुहई, काऊण य विरइवज्जिओ कालं । सत्तमपुढविं पत्तो, घणपावपसङ्गजोएणं८ ॥ १४१ ॥
चिन्तामणि त्ति नामं, नराहिवो वीयसोगनयरीए । लहिऊण सुप्पभगुरुं, पञ्चमकप्पे समुप्पन्नो ॥ १४२ ॥
चइऊणं नागपुरे, पउमरहनराहिवस्स महिलाए । जाओ य मऊराए, अह चक्कहरो महापउमो ॥ १४३ ॥

शरीरवाला वह सिंहासन पर बैठा। देवोंने चक्रवर्तीको देखा। (१२८) तब देवोंने कहा कि तुम्हारा यह अत्यन्त सुन्दर रूप है। इसमें सिर्फ एक ही दोष है कि यह क्षणभंगुर स्वभाववाला है। (१२९) प्रथम दर्शनके समय तुम्हारी जो यौवनके अनुरूप शोभा थी वह अतिशीघ्र गतिसे क्षणभरमें क्यों क्षीण हो गई ? ( १३० ) देवोंका ऐसा कथन सुनकर और मनुष्यजन्मको अशाश्वत समझकर चक्रवर्तीने दीक्षा ली और घोर तपश्चर्या करने लगा। (१३१) अनेक लब्धियों और सुन्दर शक्तियोंसे सम्पन्न उसने रोगोंको सहन किया। तब मर करके वह सनत्कुमार स्वर्गमें गया। (१३२)

पुण्डरीकिणीमें मेघरथने घनरथका शिष्यत्व अंगीकार किया मर कर वह सर्वार्थसिद्धमें उत्तमदेव हुआ। (१३३) वहाँसे च्युत होनेपर नागपुरसे विश्वसेनकी पत्नीके गर्भसे जीवोंको शान्ति प्रदान करनेवाला शान्ति नामक पुत्र हुआ। (१३४) भरतक्षेत्रका उपभोग करके और तीर्थकी स्थापना करके वह मोक्षमें गया। वह जिनोंमें सोलहवाँ और चक्रवर्तियोंमें पाँचवाँ था। (१३५) कुन्थु और अर ये दोनों चक्रवर्ती और तीर्थंकर रूपसे उत्पन्न हुए थे। इन्होंने कर्म मलका नाश करके अचल और अनुपम मोक्ष प्राप्त किया। (१३६) सनत्कुमार धर्मनाथ और शान्तिनाथ इन दो जिनेश्वरोंके बीचके समयमें हुआ था। तीन जिन-चक्रवर्ती थे। यह अन्तर जानना चाहिए। (१३७)

हे राजन् ! धन्यपुरमें राजा विचित्रगुप्त नामक मुनिका शिष्य हुआ। मर करके उसने देवलोक पाया। (१३८) विमानसे च्युत होने पर श्रावस्तीके स्वामी कार्तवीर्यकी स्त्री तारासे वह पुत्रके रूपमें उत्पन्न हुआ। (१३९) उसका नाम सुभूम था। जमदग्निके पुत्र परशुरामको रणमें मारकर वह शूर चक्रवर्ती रत्नोंका स्वामी हुआ। (१४०) पृथ्वीको ब्राह्मणोंसे रहित करके वैराग्यहीन वह मरकर अत्यन्त पाप प्रसंगके कारण सातवें नरकमें गया। (१४१) वीतशोक नगरीमें चिन्तामणि नामका एक राजा था। सुप्रभ गुरुको पाकर वह पांचवें कल्पमें उत्पन्न हुआ। (१४२) वहाँसे च्युत होकर नागपुरमें पद्मरथ राजाकी पत्नी मयूरासे महापद्म नामका चक्रवर्ती हुआ। (१४३) उसकी रूप और गुणसे युक्त आठ कन्याएँ

१. निब्बंभणं च पुहइं—प्रत्य० ।

रूवगुणसालिणीओ, दुहियाओ अट्ठ तस्स कन्नाओ । नेच्छन्ति हि भत्तारं, खेयरवसहेहि हरियाओ ॥ १४४ ॥
उवलभिय आणियाओ, पवज्जं गेण्हिऊण सवाओ । अह पच्छिमम्मि काले, उववन्नाओ य सुरलोए ॥ १४५ ॥
जे वि य ते अट्ठ जणा, ताण विओगे उ खेयरकुमारा । निविण्णा पवइया, तियसविमाणुत्तमं पत्ता ॥ १४६ ॥
पडिबुद्धो चक्कहरो, दुहियाहेउम्मि जायसंवेगो । पउमस्स देइ रज्जं, निक्खन्तो विण्हुणा समयं ॥ १४७ ॥
समणो वि महापउमो, काऊण तवं महागुणसमिद्धं । पत्तो इसिपब्भारं, अर-मल्लिजिणन्तरे धीरो९. ॥ १४८ ॥
आसी महिन्ददत्तो, विजयपुरे नरवई महिड्ढीओ । नन्दणमुणिस्स सीसो, होऊण गओ य माहिन्दं ॥ १४९ ॥
चइऊण य कम्पिल्ले, हरिकेउनराहिवस्स वप्पाए । जाओ चिय हरिसेणो, चक्कहरो पुहइविक्खाओ ॥ १५० ॥
काऊण महिं सव्वं, जिणचेइयमण्डियं च पवइओ । मुणिसुव्वयस्स तित्थे, सिद्धिगओ कम्मपरिमुक्को१० ॥ १५१ ॥
अमियप्पभो नरिन्दो, रायपुरे मुणिसुहम्मसीसत्तं । काऊण बम्भलोयं, पत्तो तव-संजमगुणेणं ॥ १५२ ॥
तत्थ चुओ रायपुरे, जसमइदेवीए नन्दणो जाओ । जयसेणो चक्कहरो, समत्तभरहाहिवो सूरो ॥ १५३ ॥
संवेगजणियभावो, दिक्खं जिणदेसियं गहेउं जे । कम्मट्ठनिट्ठियट्ठो, नमि-नेमिजिणन्तरे सिद्धो११ ॥ १५४ ॥
वाणारसीए पुव्विं तिलिङ्गसमणस्स पायमूलम्मि । संभूओ पवइओ, कुणइ तवं बारसवियप्पं ॥ १५५ ॥
तत्तो समाहिबहुलं, कालं काऊण कमलगुम्मम्मि । जाओ सुरवरवसहो, ललियङ्गय-कुण्डलाभरणो ॥ १५६ ॥
सो तत्थ वरविमाणे, सुरगणियासहगओ महिड्ढीओ । भुञ्जइ मणोभिरामं, विसयसुहं उत्तमगुणोहं ॥ १५७ ॥
चइऊण विमाणाओ, बम्भरहनराहिवस्स महिलाए । जाओ य बम्भदत्तो, कम्पिल्ले पुप्फचूलाए ॥ १५८ ॥
भोत्तूण भरहवासं, काऊण य विरइवज्जिओ कालं । सत्तमखिइं पविट्ठो, जिणन्तरे नेमि-पासाणं१२ ॥ १५९ ॥

---

थीं। विद्याधरोंके द्वारा अपहृत वे अपना कोई पति हो ऐसा नहीं चाहती थीं। (१४४) विद्याधरोंसे प्राप्त करके लाई गई उन सबने प्रव्रज्या ली। मरनेके बाद वे देवलोकमें उत्पन्न हुईं। (१४५) उनके वियोगमें जो आठ खेचरकुमार थे वे भी निर्विण्ण होकर प्रव्रजित हुए। उन्होंने उत्तम देवविमान प्राप्त किया। (१४६) पुत्रियोंके कारण संवेगयुक्त चक्रवर्ती प्रतिबुद्ध हुआ। पद्मको राज्य देकर उसने विष्णुके साथ दीक्षा ली। (१४७) धीर महापद्म श्रमणने भी महान् गुणोंसे समृद्ध तप करके अरनाथ और मल्लीनाथ जिनोंके बीचके समयमें ईषत्प्राग्भार ( मोक्ष ) स्थान प्राप्त किया। (१४८)

विजयपुरमें महेन्द्रदत्त नामका एक बड़ी ऋद्धिवाला राजा था। नन्दनमुनिका शिष्य होकर वह माहेन्द्र देवलोकमें गया। (१४९) वहाँसे च्युत होकर काम्पिल्यमें हरिकेतु राजाकी वप्रा नामकी स्त्रीसे हरिषेण नामका पृथ्वीमें विख्यात चक्रवर्ती हुआ। (१५०) समग्र पृथ्वीको जिनचैत्योंसे मण्डित करके वह प्रव्रजित हुआ और कर्मसे विमुक्त होकर मुनिसुव्रतस्वामीके तीर्थमें मोक्षमें गया। (१५१)

राजपुरमें अमितप्रभ राजाने सुधर्मा नामक मुनिका शिष्यत्व अंगीकार किया। तप एवं संयमके गुणसे उसने ब्रह्मलोक प्राप्त किया। (१५२) वहाँसे च्युत होकर उसी राजपुरमें यशोदेवीका वीर पुत्र जयसेन चक्रवर्ती समस्त भरतक्षेत्रका स्वामी हुआ। (१५३) संवेगजनित भावोंसे युक्त उसने जिनेश्वरद्वारा उपदिष्ट दीक्षा ली और आठों कर्मोंका नाश करके कृतकृत्य वह नमिनाथ तथा नेमिनाथ इन दो जिनोंके बीचके समयमें मोक्षमें गया। (१५४)

वाराणसीमें त्रिलिंग मुनिके चरणोंमें सम्भूतने प्रव्रज्या ली। वह बारह प्रकारका तप करने लगा। (१५५) समाधिसे युक्त मरण प्राप्त करके कमलगुल्म नामक विमानमें सुन्दर बाजूबन्द और कुण्डलके अलंकारोंसे अलंकृत वह वृषभके समान उत्तम देव हुआ। (१५६) उस उत्तम विमानमें महान् ऋद्धिवाला वह देव-गणिकाओंसे युक्त हो हृदयको आनन्द देनेवाला और उत्तम गुणसमूहसे सम्पन्न विषयसुखका उपभोग करने लगा। (१५७) उस विमानमेंसे च्युत होने पर वह काम्पिल्य-नगरमें ब्रह्मरथ राजाकी पत्नी पुष्पचूलासे ब्रह्मदत्तके रूपमें पैदा हुआ। (१५८) भरतक्षेत्रका उपभोग करके वैराग्यसे रहित वह मरकर नेमिनाथ और पार्श्वनाथके बीचके समयमें सातवीं पृथ्वी ( सातवें नरक ) में प्रविष्ट हुआ। (१५९)

एए भरहाहिवई, बारस चक्की मए समक्खाया । सेणिय! पुण्णविवायं, दावन्ति जणस्स पच्चक्खं ॥ १६० ॥

पुण्य-पाप-फलम्—

गिरिसिहरसमेसु नरा, भवणेसु वसन्ति जं सया सुहिया । तं धम्मदुमस्स फलं, सव्वं इह पायडं लोए ॥ १६१ ॥
छिड्डुसयमण्डिएसुं, घरेसु धण-धन्नविप्पमुक्केसु । जं परिवसन्ति पुरिसा, तं पावदुमस्स हवइ फलं ॥ १६२ ॥
तुरएसु कुञ्जरेसु य, चलचामरमण्डिएसु विविहेसु । वच्चन्ति जं नरिन्दा, तं धम्मदुमस्स हवइ फलं ॥ १६३ ॥
तण्हा-छुहाकिलन्ता, दुक्खं सी-उण्हपरिगयसरीरा । वच्चन्ति य पाएसुं, तं सव्वं पावरुक्खफलं ॥ १६४ ॥
अट्ठारसगुणकलियं, सोवण्णियभायणेसु वरभत्तं । भुञ्जन्ति जं नरिन्दा, तं सव्वं पुण्णरुक्खफलं ॥ १६५ ॥
रसवज्जियं च भत्तं, घडखप्परथल्लियासु[1] य विदिन्नं । जं भुञ्जन्ति कुभत्तं, तं पावदुमस्स चेव फलं ॥ १६६ ॥
तित्थयर चक्कवट्टी, बलदेवा वासुदेवमाईया । जं होन्ति महापुरिसा, तं धम्मदुमस्स होइ फलं ॥ १६७ ॥
धम्मा-ऽधम्मतरूणं, फलमेयं वण्णियं समासेणं । एत्तो सुणाहि सेणिय!, जम्मं बल-वासुदेवाणं ॥ १६८ ॥

वासुदेवाः तत्सम्बद्धानि स्थानकानि च विविधानि—

नागपुरं साएया, सावत्थी तह य होइ कोसम्बी । पोयणपुर सीहपुरं, सेलपुरं चेव कोसम्बी ॥ १६९ ॥
पुणरवि पोयणपुरं, इमाणि नयराणि वासुदेवाणं । आसी कमेण परभवे, सुरपुरसरिसाइ सव्वाइं ॥ १७० ॥
पढमो य विस्सभूई, पवयओ तह य हवइ धणमित्तो । सागरदत्तो वि तओ, पियमित्तो ललियमित्तो य ॥ १७१ ॥
तह य पुणव्वसुनामो, नवमो उण होइ गङ्गदत्तो उ । आसि मुणी गयजम्मे, सव्वे वि य केसवा एए ॥ १७२ ॥
पढमस्स गवापडणं, जुज्झन्तं महिलियाहरणहेउं । उज्जाणरण्णमरणं, हवइ य वणकीलणं चेव ॥ १७३ ॥

---

भरतक्षेत्रके अधिपति इन बारह चक्रवर्तियोंके बारेमें मैंने कहा। हे श्रेणिक! ये पुण्यका फल प्रत्यक्ष रूपसे दिखाते हैं। (१६०)

पर्वतके शिखरके समान ऊँचे भवनोंमें सदा सुखपूर्वक लोग रहते हैं वह धर्मरूपी वृक्षका फल है। इस लोकमें यह सब प्रत्यक्ष है। (१६१) सैकड़ों छिद्रोंसे मण्डित और धन धान्यसे रहित घरोंमें जो पुरुष रहते हैं वह पापरूपी वृक्षका फल है। (१६२) विविध प्रकारके घोड़े और हाथियों पर तथा डुलाते हुए चामरोंसे मण्डित हो राजा जो परिभ्रमण करते हैं वह धर्मरूपी वृक्षका फल है। (१६३) प्यास और भूखसे पीड़ित तथा सर्दी और गर्मीसे व्याप्त शरीरवाले जो लोग दुःखके साथ पैदल चलते हैं वह सब पापवृक्षका फल है। (१६४) सोनेके पात्रोंमें अठारह प्रकारके गुणोंसे युक्त उत्तम भोजन राजा जो करते हैं वह सब पुण्यवृक्षका फल है! (१६५) घड़े, खप्पर (घड़ेका टुकड़ा) और थालियोंमें जो रसहीन, फेंका हुआ और खराब अन्नवाला भोजन लोग खाते हैं वह पापवृक्षका ही फल है। (१६६) तीर्थंकर, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव आदि जो महापुरुष होते हैं वह धर्मवृक्षका फल है। (१६७) हे श्रेणिक! मैंने धर्म एवं अधर्मका यह फल संक्षेपमें कहा। अब बलदेवों और वासुदेवोंके जन्मके बारेमें सुनो। (१६८)

नागपुर, साकेत, श्रावस्ती, सिंहपुर, शैलपुर, कौशाम्बी तथा पोतनपुर—देवनगरके समान ये सब नगर पूर्वभवमें क्रमशः वासुदेवोंके थे। (१६९-१७०) पहला विश्वभूति, उसके बाद पर्वतक, उसके पश्चात् धनमित्र, उसके अनन्तर सागरदत्त, विकट, प्रियमित्र, ललितमित्र तथा पुनर्वसु नामका और नवाँ गंगदत्त—सब वासुदेवोंके गत जन्ममें ये नाम थे। (१७१-१७२) पहलेका गायसे पतन, उसके पश्चात् युद्ध, द्यूत,[2] स्त्रीके अपहरणका कारण, उद्यान-अरण्यमें

---

१. घटकर्परस्थालिकासु। २. मूलमें 'द्यूत' शब्द नहीं है, किन्तु नौकी संख्या पूरी न होनेसे इतर ग्रन्थोंके आधार पर मूलमें 'द्यूत' शब्द जोड़ दिया है।

अच्चन्तविसयसङ्गो, तह य विओगो विरूवणा परमा । एयाइ नियाणाइं, केसीणं आसि पुव्वभवे ॥ १७४ ॥
तम्हा सनियाणतवं, मा कुणह खणं पि मूढभावेणं । संसारवड्ढणकरं, आमूलं सव्वदुक्खाणं ॥ १७५ ॥
संभूय संभवो वि य, सुदरिसणो तह हवइ सेयंसो । अइभूई वसुभूई, तइ चेव य घोससेणरिसी ॥ १७६ ॥
एत्तो य परं उयही, दुमसेणो चेव मुणिवरा एए । गुरवो आसि परभवे, कमेण इह वासुदेवाणं ॥ १७७ ॥
कप्पो य महासुक्को, पाणयकप्पो य अच्चुओ चेव । सहसारो सोधम्मो, माहिन्दो चेव सोधम्मो ॥ १७८ ॥
कप्पो सणंकुमारो, तह य महसुक्कनामहेओ य । एएसु चुया सन्ता, उप्पन्ना केसवा सव्वे ॥ १७९ ॥
पोयणपुर वारिपुरं, महापुरं सन्तिनामनयरं च । चक्कपुरं च कुसग्गं, मिहिला साएय महुरा य ॥ १८० ॥
एएसु य नयरेसुं, उप्पन्ना केसवा बलसमिद्धा । एत्तो कमेण वोच्छं, पियरो एयाण सव्वाणं ॥ १८१ ॥
पढमो य पयावइ बम्भभूइ एत्तो य रुद्दनामो य । सोमो सिवंकरो वि य, समसुद्धो अग्गिदाणो य ॥ १८२ ॥
दसरहनराहिवो वि य, वसुदेवो पत्थिवो कमेणं तु । एए हवन्ति पियरो, सव्वाण वि वासुदेवाणं ॥ १८३ ॥
पढमा मिगावई माहवी य पुहई तहेव सीया य । अह अम्बिया य लच्छी, केसी वि य केगई चेव ॥ १८४ ॥
तह देवई य एत्तो, इमाउ जणणीउ वासुदेवाणं । महिलाओ च्चिय ताणं, भणामि एत्तो निसामेहि ॥ १८५ ॥
पढमा सयंपभा रुप्पिणी य पभवा मणोरमा हवइ । तह य सुनेत्ता अह विमलसुन्दरी चेव नन्दवई ॥ १८६ ॥
एत्तो पहावई रुप्पिणी य गुणरूवजोव्वणधरीओ । आसि महादेवीओ, सव्वाण वि वासुदेवाणं ॥ १८७ ॥

बलदेवाः तत्सम्बद्धानि विविधानि स्थानकानि च—

धवलब्भसण्णियासा, पढमपुरी पुण्डरीगिणी भणिया । पुहई आणन्दपुरी, नन्दपुरी चेव नायव्वा ॥ १८८ ॥
नयरी आसि असोगा, विजयपुरं मणहरं सुसीमा य । खेमा वि य नागपुरं, इमाणि रामाण गयजम्मे ॥ १८९ ॥
सुबलो य पवणवेगो, नन्दि सुमित्तो महाबलो चेव । पुरिसवसभो य एत्तो, सुदरिसणो होइ नायव्वो ॥ १९० ॥

---

मरण, वनक्रीड़ा, अत्यन्त विषयसंग, वियोग और अत्यन्त विरूपता—ये वासुदेवोंके पूर्वभवमें निदान थे। (१७३-१७४) अतएव मूर्खतावश संसारकी वृद्धि करनेवाला और सब दुःखोंका मूलरूप ऐसा निदानयुक्त तप क्षणभरके लिए भी मत करो। (१७५) संभूत, सम्भव, सुदर्शन, श्रेयांस, अतिभूति, वसुभूति, घोषसेन ऋषि इनके पश्चात् उदधि और द्रुमसेन—ये मुनिवर परभवमें वासुदेवोंके क्रमशः गुरु थे। (१७६-१७७) महाशुक्र कल्प, प्राणतकल्प, अच्युत, सहस्रार, सौधर्म, माहेन्द्र, सौधर्म, सनत्कुमार कल्प तथा महाशुक्र नामका कल्प—इनमेंसे च्युत होकर सब वासुदेवके रूपमें उत्पन्न हुए थे। (१७८-१७९) पोतनपुर, वारिपुर, महापुर, शान्ति नामक नगर, चक्रपुर, कुशाग्र, मिथिला, साकेत तथा मथुरा—इन नगरोंमें बलसे समृद्ध वासुदेव उत्पन्न हुए थे। (१८०-१८१)

अब मैं क्रमशः इन सबके पिताओंके बारेमें कहूँगा। प्रथम प्रजापति, उसके बाद ब्रह्मभूति, रुद्र, सोम, शिवंकर, समशुद्ध, अग्निदान, दशरथ राजा और वसुदेव राजा—ये अनुक्रमसे सभी वासुदेवोंके पिता थे। (१८२-१८३) पहली मृगावती, उसके बाद माधवी, पृथिवी, सीता, अम्बिका, लक्ष्मी, केशी, कैकेई और देवकी—ये वासुदेवोंकी माताएँ थीं। अब उनकी पत्नियोंके नाम मैं कहता हूँ। तुम ध्यानपूर्वक सुनो। (१८४-१८५) पहली स्वयंप्रभा, फिर रुक्मिणी, प्रभवा, मनोरमा, सुनेत्रा, विमलसुन्दरी, नन्दवती, प्रभावती और रुक्मिणी—गुण, रूप एवं यौवनको धारण करनेवाली ये अनुक्रमसे सभी वासुदेवोंकी पटरानियाँ थीं। (१८६-१८७)

पहली नगरी श्वेत मेघके सदृश पुण्डरीकिणी कही गई है। उसके बाद पृथिवी, आनन्दपुरी और नन्दपुरीको जानो। उसके पश्चात् अशोका नगरी थी। उसके अनन्तर सुन्दर विजयपुर, सुसीमा, क्षेमा, और नागपुर—गत जन्ममें बलरामोंके ये नगर थे। (१८८-१८९) सुबल, पवनवेग, नन्दिमित्र, महाबल, पुरुषवृषभ, सुदर्शन, वसुन्धर श्रमण, श्रीचन्द्र

समणो वसुंधरो चिय, सिरिचन्दो हवइ पच्छिमो सङ्घो । एयाइँ पुवजम्मे, बलदेवमुणीण नामाणि ॥ १९१ ॥
अणयारो मुणिवसभो, हवइ तओ समणसीहनामो य । तइओ य सुव्वयरिसी, वसभो य तहा पयापालो ॥ १९२ ॥
अह दमधरो सुधम्मो, सायरघोसो य विद्दुमाभो य । एए आसि परभवे, गुरवो चिय सीरधारीणं ॥ १९३ ॥
तिण्णि य अणुत्तराओ, सहसाराओ हवन्ति तिण्णेव । दोण्णि य बम्भाउ चुया, एक्को पुण दसमकप्पाओ ॥ १९४ ॥
एएसु चुया जाया, बलदेवमुणी तवोधरा सव्वे । एत्तो कहेमि सेणिय! जणणीओ ताण इह जम्मे ॥ १९५ ॥
भद्दा सुभद्दनामा, सुदरिसणा सुप्पभा तहा विजया । अन्ना वि वेजयन्ती, सीला अवराइया चेव ॥ १९६ ॥
सव्वन्ते पुण एत्तो, भणिया वि हु रोहिणी पवररूवा । एयाओ आसि एत्थं, जणणीओ सीरधारीणं ॥ १९७ ॥
सेयंसाइ तिविट्ठू, वंदन्ति य केसवा जिणा पञ्च । पुरिसवरपुण्डरीओ, अर-मल्लिजिणन्तरे आसो ॥ १९८ ॥
मल्लि-मुणिसुव्वयाणं, दत्तो वि य केसवो समक्खाओ । सुव्वय-नमीण मज्झे, केसी पुण लक्खणो हवइ ॥ १९९ ॥
वन्दइ अरिट्ठनेमी, अपच्छिमो केसवो बलसमग्गो । एत्तो पडिसत्तूणं, भणामि नयराणि सव्वाणि ॥ २०० ॥

प्रतिवासुदेवास्तत्सम्बद्धानि विविधानि स्थानकानि च—

अलकापुरि विजयपुरं, नन्दणनयरं हवइ पुहइपुरं । एत्तो य हरिपुरं पुण, सूरपुरं सीहनामं च ॥ २०१ ॥
लङ्कापुरी य भणिया, रायगिहं चेव होइ नायवं । एयाणि आसि सेणिय! पुराणि पडिवासुदेवाणं ॥ २०२ ॥
आसग्गीवो तारग, मेरग तत्तो य हवइ महुकेडो । हवइ निसुम्भो य बली, पल्हाओ रावणो चेव ॥ २०३ ॥
नवमो य जरासन्धू, एए पडिकेसवा कमेणं तु । इह भारहम्मि वासे, आसी पडिसत्तु केसीणं ॥ २०४ ॥
पढमो सुवण्णकुम्भो, कित्तिधरो तह सुधम्मनामो य । हरिणङ्कुसो य कित्ती, हवइ सुमित्तो भुवणसोहो ॥ २०५ ॥
भणिओ य सुव्वयमुणी, सिद्धत्थो पच्छिमो हवइ एत्तो । बलदेवाणं एए, आसि गुरू इह भवे सव्वे ॥ २०६ ॥
अट्ठेव य बलदेवा, सिवमयलमणुत्तरं गइं पत्ता । एक्को य बम्भलोए, अपच्छिमो चेव उप्पन्नो ॥ २०७ ॥

---

और अन्तिम शंख—ये पूर्वजन्ममें बलदेवोंके नाम हैं। (१९०-१९१) अनगार नामके मुनिवृषभ, उनके बाद श्रमणसिंह हुए। तीसरे सुव्रत ऋषि, तब वृषभ तथा प्रजापाल, तब दमधर, सुधर्मा, सागरघोष और विद्रुमाभ—ये पूर्वभवमें हलधरोंके गुरु थे। (१९२-१९३) तीन अनुत्तरमेंसे, तीन सहस्रारमेंसे, दो ब्रह्मलोकमेंसे और एक दशम कल्पमेंसे च्युत होकर तपको धारण करनेवाले सब बलदेव पैदा हुए थे। हे श्रेणिक! अब मैं इस जन्ममें उनकी जो माताएँ थीं उनके नाम कहता हूँ। (१९४-१९५) भद्रा, सुभद्रा, सुदर्शना, सुप्रभा, विजया, वैजयन्ती, शीला, अपराजिता और सबके अन्तमें उत्कृष्ट रूपवाली रोहिणी कही गई है। ये इस जन्ममें हलधरोंकी माताएँ थीं। (१९६-१९७)

श्रेयांस आदि जिनेश्वरोंको त्रिपृष्ठ आदि पाँच केशव वन्दन करते थे, अर्थात् उनके समयमें वे पाँच हुए। पुरुषवर पुण्डरीक श्रीअरनाथ तथा श्रीमल्लिके बीचके समयमें हुआ। (१९८) श्रीमल्लि और श्रीमुनिसुव्रतस्वामीके बीचके कालमें दत्त केशव कहा गया है। श्रीमुनिसुव्रतस्वामी और श्रीनमिनाथके बीचके समयमें केशी लक्ष्मण हुआ है। (१९९) बलसम्पन्न अन्तिम केशवने अरिष्टनेमिको वन्दन किया है।

अब मैं प्रतिशत्रुओंके सब नगर कहता हूँ। (२००) अलकापुरी, विजयपुर, नन्दननगर, पृथ्वीपुर, हरिपुर, सूरपुर, सिंहपुर, लंकापुरी और राजगृह—हे श्रेणिक! ये प्रतिवासुदेवोंके नगर थे। (२०१-२०२) अश्वग्रीव, तारक, मेरक, मधुकैटभ, निशुम्भ, बलि, प्रह्लाद, रावण और नवाँ जरासन्ध—इस भारतवर्षमें ये प्रतिवासुदेव क्रमशः वासुदेवोंके प्रतिशत्रु थे। (२०३-२०४) प्रथम सुवर्णकुम्भ, उसके पश्चात् कीर्तिधर, सुधर्मा, हरिणांकुश, कीर्ति, सुमित्र, भुवनशोभ, सुव्रत और अन्तिम सिद्धार्थ—ये सब इस भवमें बलदेवोंके गुरु थे। (२०५-२०६) आठों बलदेव अचल और अनुत्तर ऐसी मोक्षगतिमें गये हैं। पहला ही एक ब्रह्मलोकमें उत्पन्न हुआ है। (२०७)

एवं कम्ममहावणं सुविउलं वाहीलयालिङ्गियं, सव्वं झाणमहाणलेण डहिउं केइत्थ मोक्खं गया ।
अन्ने थेवभवावसेसकलुसा कप्पालएसु ट्ठिया, भवा धम्मफलेण होन्ति विमला निच्चं सुहावासया ॥ २०८ ॥

॥ इय पउमचरिए तित्थयराइभवाणुकित्तणो नाम वीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## २१. सुव्वय-वज्जबाहु-कित्तिधरमाहप्पवण्णणं

हरिवंशोत्पत्तिः—

अट्ठमरामस्स तुमं, सेणिय ! निसुणेहि ताव संबन्धं । कुल-वंसनिग्गमं ते, कहेमि सव्वं जहावत्तं ॥ १ ॥
सीयलजिणस्स तित्थे, सुमुहो नामेण आसि महिपालो । कोसम्बीनयरीए, तत्थेव य वीरयकुविन्दो ॥ २ ॥
हरिऊण तस्स महिलं, वणमालं नाम नरवई तत्थ । भुञ्जइ भोगसमिद्धं, रईए समयं अणङ्गो व ॥ ३ ॥
अह अन्नया नरिन्दो, फासुयदाणं मुणिस्स दाऊणं । असणिहओ उववन्नो, महिलासहिओ य हरिवासे ॥ ४ ॥
कन्ताविओयदुहिओ, पोट्टिलयमुणिस्स पायमूलम्मि । घेत्तूण य पवज्जं, कालगओ सुरवरो जाओ ॥ ५ ॥
अवहिविसएण नाउं, देवो हरिवाससंभवं मिहुणं । अवहरिऊण य तुरियं, चम्पानयरम्मि आणेइ ॥ ६ ॥
हरिवाससमुप्पन्नो, जेणं हरिऊण आणिओ इहइं । तेणं चिय हरिराया, विक्खाओ तिहुयणे जाओ ॥ ७ ॥
जाओ चिय तस्स सुओ, महागिरी नाम रूवसंपन्नो । तस्स वि कमेण पुत्तो, उप्पन्नो हिमगिरी नामं ॥ ८ ॥
वसुगिरि इन्द्रगिरी वि य, जाओ चिय पत्थिवो रयणमाली । राया वि य संभूओ, एत्तो पुण भूयदेवो य ॥ ९ ॥

---

इस प्रकार व्याधिरूपी लताओंसे आलिंगित कर्मरूपी समग्र विशाल महावनको ध्यानरूपी महानलसे जलाकर यहाँसे कुछ मोक्षमें गये हैं और अन्य कुछ थोड़े जन्मों तक कालुष्य बाकी रहनेसे स्वर्ग-भवनोंमें ठहरे हैं। इस प्रकार धर्मके फलस्वरूप भव्यजन विमल हो सुखपूर्ण निवासवाले होते हैं। (२०८)

॥ पद्मचरितमें तीर्थंकर आदिके भवोंका अनुकीर्तन नामक बीसवाँ उद्देशक समाप्त हुआ ॥

## २१. सुव्रत, वज्रबाहु एवं कीर्तिधरका माहात्म्य वर्णन

हे श्रेणिक ! अब तुम अष्टम रामका वृत्तान्त सुनो। कुल, वंश एवं जन्म सब कुछ जैसा हुआ था वैसा मैं कहता हूँ (१) श्रीशीतलनाथ जिनेश्वरके तीर्थमें कौशाम्बी नगरीमें सुमुख नामका राजा था। वहीं वीरक नामका एक जुलाहा रहता था। (२) उस वीरककी वनमाला नामकी स्त्रीका अपहरण करके राजा वहाँ, जिस तरह रतिके साथ कामदेव सुखोपभोग करता है उस तरह, उसके साथ समृद्ध भोग भोगने लगा। (३) एक दिन राजाने मुनिको निर्दोष आहार दिया। बिजली द्वारा मारा गया वह उस स्त्रीके साथ हरिवर्षमें उत्पन्न हुआ। (४)

अपनी पत्नीके वियोगसे दुःखित वीरकने पोट्टिल मुनिके चरणोंमें दीक्षा अंगीकार की। मरने पर वह देव हुआ। (५) अवधिज्ञानके उपयोग द्वारा हरिवर्षमें उत्पन्न उस युगलको जानकर उसका जल्दी अपहरण किया और चम्पानगरीमें लाया। (६) चूँकि हरिवर्षमें उत्पन्न वह अपहरण करके यहाँ लाया गया था, अतः तीनों लोकोंमें हरिराजाके नामसे वह विख्यात हुआ। उसे महागिरि नामका एक रूपसम्पन्न पुत्र हुआ। अनुक्रमसे उसे भी हिमगिरि नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। (८) फिर वसुगिरि और इन्द्रगिरि हुए। उनके बाद रत्नमाली नामका राजा हुआ। उसके बाद सम्भूत राजा

राया महीधरो वि य, नरवसभा एवमाइया बहवे । उप्पन्ना हरिवंसे, वोलीणा दीहकालेणं ॥ १० ॥

मुनिसुव्रतजिनचरितम् —

तत्थेव य हरिवंसे, उप्पन्नो पत्थिवो वि हु सुमित्तो । भुञ्जइ कुसग्गनयरं, महिला पउमावई तस्स ॥ ११ ॥
अह सा सुहं पसुत्ता, रयणीए पच्छिमम्मि जामम्मि । पेच्छइ चउदस सुमिणे, पसत्थजोगेण कल्लाणी ॥ १२ ॥
गय वसह सीह अभिसेय दाम ससि दिणयरं झयं कुम्भं । पउमसर सागर विमाण-भवण रयणुच्चय सिहिं च ॥ १३ ॥
पडिबुद्धा कमलमुही, चोद्दस सुमिणे कहेइ दइयस्स । तेण वि सा पडिभणिया, होही तुह जिणवरो पुत्तो ॥ १४ ॥
जाव य एसाऽऽलावो, वट्टइ तावं नहाउ सयराहं । पडिया य रयणवुट्ठी, उज्जोवन्ती दस दिसाओ ॥ १५ ॥
तिण्णेव य कोडीओ, अद्धं च दिणे दिणे य रयणाणं । पाडेइ धणयजक्खो, एवं मासा य पन्नरस ॥ १६ ॥
कमलवणवासिणीहिं, देवीहिं सोहिए तओ गब्भे । अवइण्णो कयपुण्णो, कमेण जाओ जिणवरिन्दो ॥ १७ ॥
सो तत्थ जायमेत्तो, सुरेहि नेऊण मन्दरस्सुवरिं । इन्दाइएहि पहविओ, विहिणा खीरोदहिजलेणं ॥ १८ ॥
अह तं कयाहिसेयं, सवालङ्कारभूसियसरीरं । इन्दाई सुरपवरा, थुणन्ति थुइमङ्गलसएहिं ॥ १९ ॥
अह ते थोऊण गया, विवुहा सेणाणिओ वि जिणचन्दं । ठविऊण जणणिअङ्के, सो वि य देवालयं पत्तो ॥ २० ॥
गब्भट्ठियस्स जस्स य, जणणी वि हु आसि सुव्वया रज्जे । मुणिसुव्वओ त्ति नामं जिणस्स रइयं गुरुजणेणं ॥ २१ ॥
परिवड्ढिओ कमेणं, रज्जं भोत्तूण सुइरकालम्मि । दट्ठूण सरयमेहं, विलिज्जमाणं च पडिबुद्धो ॥ २२ ॥
मुणिसुव्वयजिणवसभो, पुत्तं ठविऊण सुव्वयं रज्जे । सुरपरिकिण्णो भयवं, पवइओ नरवईहि समं ॥ २३ ॥
छट्ठोववासनियमे, रायगिहे वसभदत्तनरवइणा । परमन्नेण य दिन्नं, पारणयं जिणवरिन्दस्स ॥ २४ ॥

---

हुआ। उससे फिर भूतदेव हुआ। (९) मनुष्योंमें वृषभके समान श्रेष्ठ महीधर राजा भी हुआ। इस प्रकार बहुतसे राजा हरिवंशमें उत्पन्न हुए। उन्हें व्यतीत हुए दीर्घकाल हुआ है। (१०)

उसी हरिवंश में सुमित्र राजा उत्पन्न हुआ। वह कुशाग्रनगरका उपभोग करता था। पद्मावती उसकी पत्नी थी। (११) सुखपूर्वक सोई हुई उस कल्याणीने रातके पिछले प्रहरमें प्रशस्त योग ( मन-वचन-कर्म ) के साथ चौदह स्वप्न देखे। (१२) हाथी, वृषभ, सिंह, अभिषेक, माला, चन्द्र, सूर्य, ध्वजा, कुम्भ, पद्मसरोवर, सागर, विमान-भवन, रत्नोंका ढेर तथा वह्नि—ये चौदह स्वप्न थे। (१३) कमलके समान सुन्दर मुखवाली उसने पतिसे चौदह स्वप्नोंके बारेमें कहा। उसने भी प्रत्युत्तरमें कहा कि तुझे जो पुत्र होगा वह जिनवर होगा। (१४) ऐसा वार्तालाप हो ही रहा था कि शीघ्र ही आकाशमेंसे दसों दिशाओंको प्रकाशित करनेवाली रत्न-वृष्टि हुई। (१५) धनद यक्ष साढ़े तीन करोड़ रत्न प्रतिदिन गिराता था। इस प्रकार पन्द्रह मास तक उसने रत्न गिराये। (१६) तब कमलवनमें निवास करनेवाली देवियों द्वारा शुद्ध किये गये गर्भमें पुण्यशाली जिनवरेन्द्र अवतीर्ण हुए। यथा समय उनका जन्म हुआ। (१७) वहाँ पर उत्पन्न होते ही देव मन्दरपर्वतके ऊपर उन्हें ले गये और इन्द्र आदिने क्षीरसागरके जलसे विधिपूर्वक स्नान कराया (१८) बादमें अभिषिक्त तथा सब तरहके अलंकारोंसे भूषित शरीरवाले उनकी इन्द्र आदि उत्तम देवोंने सैकड़ों मंगलस्तुतियोंसे स्तुति की। (१९) वे देव स्तुति करके चले गये। सेनापतिने भी जिनचन्द्रको माताकी गोदमें स्थापित किया फिर वह भी देवलोकमें गया। (२०) चूँकि गर्भमें स्थित होनेपर राज्यमें माता सुव्रतोंको धारण करनेवाली हुई थी, अतः गुरुजनोंने जिनवरका 'मुनिसुव्रत' ऐसा नाम रखा। (२१) क्रमशः वे बड़े हुए। अत्यन्त दीर्घकाल पर्यन्त राज्यका उपभोग करके शरत्कालीन मेघको विलीन होते देख वे प्रतिबुद्ध हुए। (२२) जिनोंमें वृषभके समान श्रेष्ठ मुनिसुव्रतस्वामीने पुत्र सुव्रतको राज्यपर अधिष्ठित किया। देवताओंसे घिरे हुए भगवान्‌ने राजाओंके साथ दीक्षा ली। (२३) षष्ठोपवास ( बेला ) का नियम पूर्ण होनेपर वृषभदत्त राजाने उत्तम अन्नसे जिनवरेन्द्रको पारना कराया। (२४) जिनेश्वरके प्रभावसे वृषभदत्तने पाँच अतिशय प्राप्त किये। सुर एवं असुर

पत्तो य वसभदत्तो, पञ्चाइसए जिणप्पहावेणं । सुर-असुरनमियचलणो, विहरइ तित्थंकरो वसुहं ॥ २५ ॥
चम्पयदुमस्स हिट्ठे, एवं घाइक्खएण कम्माणं । झायन्तस्स भगवओ, केवलनाणं समुप्पन्नं ॥ २६ ॥
अह सुव्वओ वि रज्जं, दाऊण सुयस्स तत्थ दक्खस्स । पवइओ चरिय तवं, कालगओ पाविओ सिद्धिं ॥ २७ ॥
तित्थं पवत्तिऊणं, मुणिसुव्वयसामिओ वि गणसहिओ । सम्मेयपव्वओवरि, दुक्खविमोक्खं गओ मोक्खं ॥ २८ ॥

जनकराजोत्पत्तिः—

दक्खस्स पढमपुत्तो, जाओ इलवद्धणो त्ति नामेणं । सिरिवद्धणो कुमारो, तस्स वि य सुओ समुप्पन्नो ॥ २९ ॥
सिरिवक्खो तस्स सुओ, जाओ चिय संजयन्तनरवसभो । कुणिमो महारहो वि य, हरिवंसे पत्थिवा बहवे ॥ ३० ॥
कालेण अइक्कन्ता केइत्थ तवेण पाविया सिद्धिं । अन्ने पुण सुरलोए, उप्पन्ना नियय जोएणं ॥ ३१ ॥
एवं महन्तकाले, वोलीणेसु य निवेसु बहुएसु । मिहिलाए समुप्पन्नो, वासवकेऊ य हरिवंसे ॥ ३२ ॥
महिला तस्स सुरूवा, नामेण इला गुणाहिया लोए । तीए गब्भम्मि सुओ, जाओ जणओ त्ति नामेणं ॥ ३३ ॥
जणयस्स पसूई खलु, सेणिय! कहिया मए समासेणं । निसुणेहि जत्थ वंसे, उप्पन्नो दसरहो राया ॥ ३४ ॥

दशरथराजोत्पत्तिः—

गच्छन्ति काल-समया, तप्पन्ति तवं सुउज्जया समणा । विलसन्ति विसयलग्गा, सुस्सन्ति य अकयसुहकम्मा[1] ॥ ३५ ॥
अणुयत्तन्ति य जोवा, दुक्खाणि सुहाणि जीवलोगम्मि । तेसिं परिवत्तन्ति य, वसणाणि महोच्छवा चेव ॥ ३६ ॥
झायन्ति मुणी झाणं, मुक्खा निन्दन्ति रागिणो मत्ता । अभिनन्दन्ति बुहा जे, मुज्झन्ति सुरामिसासत्ता ॥ ३७ ॥
गायन्ति विसयमूढा, रोवन्ति य रोगपीडिया जे य । सुहिणो चेव हसन्ति य, किलिसन्तं पेच्छिऊण जणं ॥ ३८ ॥
विवदन्ति कलहसीला, वग्गन्ती तह य केवि धावन्ति । लोभवसेण वि केई, संगामं जन्ति तण्हत्ता ॥ ३९ ॥

---

जिनके चरणोंमें नमस्कार करते हैं ऐसे वे तीर्थंकर वसुधा पर विहार करने लगे। (२५) इस प्रकार चम्पक वृक्षके नीचे घातिकर्मोंका क्षय होनेपर ध्यानमें स्थित भगवान्को केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। (२६) उधर सुव्रतने भी पुत्र दक्षको राज्य देकर प्रव्रज्या अंगीकार की और तपका आचरण करके मरनेपर मुक्ति प्राप्त की। (२७) तीर्थका प्रवर्तन करके मुनिसुव्रत स्वामीने भी समुदायके साथ सम्मेत शिखरके ऊपर दुःखका नाश करनेवाला मोक्ष प्राप्त किया। (२८)

दक्षका पहला पुत्र इलावर्द्धन नामका हुआ। उसे भी श्रीवर्द्धन नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। (२९) उसका पुत्र श्रीवृक्ष था। उससे संजयन्त राजा हुआ। उससे कुणिम और कुणिमसे महारथ हुआ। इस प्रकार हरिवंशमें बहुत-से राजा हुए। (३०) मरने पर इनमेंसे कइयोंने तप द्वारा सिद्धि प्राप्त की तो दूसरे अपने योगके अनुसार देवलोकमें उत्पन्न हुए। (३१) इस तरह बहुत समय और बहुतसे राजाओंके व्यतीत होनेपर मिथिलामें हरिवंशमें वासवकेतु उत्पन्न हुआ। (३२) उसकी सुन्दर और गुणोंके कारण लोकमें प्रसिद्ध इला नामकी पत्नी थी। उसके गर्भसे जनक नामका पुत्र हुआ। (३३)

हे श्रेणिक! मैंने संक्षेपसे जनकके जन्मके बारेमें कहा। जिस वंशमें दशरथ राजा उत्पन्न हुआ था उसके बारेमें भी तुम सुनो। (३४) काल-समय बीतता है, उद्यमशील श्रमण तप करते हैं, विषयोंमें लगे हुए लोग विलास करते हैं, शुभ कर्म न करनेवाले लोग सूखते ( दुःख उठाते ) हैं, जीवलोकमें जीव सुख एवं दुःखका अनुभव करते हैं और महोत्सवोंमें अपने वस्त्र बदलते हैं, मुनि ध्यान करते हैं, बुद्धिशाली लोग जिसकी प्रशंसा करते हैं उसकी मूर्ख और मत्त रागी निन्दा करते हैं, मांस एवं मदिरामें आसक्त लोग मोह करते हैं, विषयमें मूढ़ लोग गाते हैं तो जो रोगसे पीड़ित हैं वे रोते हैं, दुःखी मनुष्यको देखकर सुखी लोग हँसते हैं, कलहशीलजन, विवाद करते हैं, लोभवश कोई कूदते-फाँदते हैं तो तृष्णासे पीड़ित कोई युद्धमें

---

१. अकयबलिकम्मा—प्रत्य०।

एवं विविहपगारं, अवसप्पइ दियह-कालमाईहिं । चित्तपडो व विचित्तो, खीयइ अवसप्पिणी कालो ॥ ४० ॥
अह एत्तो वीसइमे, जिणन्तरे वट्टमाणसमयम्मि । विजओ नाम नरिन्दो, साएयपुराहिवो जाओ ॥ ४१ ॥
तस्स महादेवीए, हिमचूलाए सुया समुप्पन्ना । पढमो य वज्जबाहू, बीओ य पुरंदरो नामं ॥ ४२ ॥
तइया[1] पुण नागपुरे, राया बहुवाहणो परिवसइ । चूडामणि से भज्जा, दुहिया य मणोहरा होइ ॥ ४३ ॥
अह वाहणेण दिन्ना, सा कन्ना विजयपढमपुत्तस्स । गन्तूण वज्जबाहू, परिणेइ पराएँ पीईए ॥ ४४ ॥
वत्तम्मि य वारिज्जे, तं कन्नं उदयसुन्दरो भाया । आढत्तो वि य नेउं, ससुरघरं तेण समसहिओ ॥ ४५ ॥

मुनिवरदर्शनम्—

एत्तो वसन्तकाले, वसन्तगिरिमत्थए मुणिवरिन्दो । वोलन्तएण दिट्ठो, झाणत्थो वज्जबाहूणं ॥ ४६ ॥
जह जह तस्स समीवं, गिरिस्स अल्लियइ वज्जवरबाहू । तह तह वड्ढइ पीई, कुपुमियवरपायवोहेणं ॥ ४७ ॥
रत्तासोय-हिलद्दुम-वरदाडिम-किंसुएसु दिप्पन्तो । कोइलमुहलुग्गीओ, महुयरझंकारगीयरवो ॥ ४८ ॥
वरबउल-तिलय-चम्पय-असोय-पुन्नाय-नायसुसमिद्धो । पाडल-सहयार-ऽज्जुण-कुन्दलयामण्डिउद्देसो ॥ ४९ ॥
बहुकुसुमसुरहिकेसर—मयरन्दुद्दामवासियदिसोहो । दाहिणपवणन्दोलिय—नच्चाविज्जन्ततरुनिवहो ॥ ५० ॥
दट्ठूण वज्जबाहू, मुणिवसहं तो मणेण चिन्तेइ । धन्नो एस कयत्थो, जो कुणइ तवं अइमहन्तं ॥ ५१ ॥
समसत्तु-मित्तभावो, कञ्चण-तणसरिस विगयपरिसङ्गो । लाभा-ऽलाभे य समो, दुक्खे य सुहे य समचित्तो ॥ ५२ ॥
एएण फलं लद्धं, माणुसजम्मस्स ताव निस्सेसं । जो झायइ परमत्थं, एगग्गमणो विगयमोहो ॥ ५३ ॥
हा! कट्ठं चिय पावो, बद्धो हं पावकम्मपासेहिं । अइकढिण-दारुणेहिं, चन्दणरुक्खो व नागेहिं ॥ ५४ ॥

जाते हैं। इस तरह अनेक रीतिसे दिवस और काल आदि व्यतीत हो रहा था और विचित्र चित्रपटकी भाँति अवसर्पिणीकाल भी बीत रहा था। (३५-४०)

उधर बीसवें जिन श्री मुनिसुव्रत स्वामीको विद्यमानताके समय विजय नामक राजा साकेतपुरीका स्वामी हुआ। (४१) उसकी पटरानी हिमचूलासे दो पुत्र उत्पन्न हुए। पहलेका नाम वज्रबाहु और दूसरेका नाम पुरन्दर था। (४२) उस समय नागपुरमें राजा बहुवाहन रहता था। उसकी भार्या चूड़ामणि और पुत्री मनोहरा थी। (४३) बहुवाहनने वह कन्या विजय राजाके बड़े पुत्रको दी। वज्रबाहुने जाकर बड़े प्रेमके साथ विवाह किया। (४४) विवाह सम्पन्न होने पर उदयसुन्दर नामका भाई उस कन्याको ले जानेके लिए उसीके साथ ससुरालकी ओर चला। (४५)

उधर वसन्तकालमें वसन्तगिरीके शिखर पर एक ध्यानस्थ मुनिवरको जाते हुए वज्रबाहुने देखा। (४६) जैसे जैसे उस पर्वतके समीप वज्रबाहु आता जाता था वैसे-वैसे पुष्पित उत्तम वृक्षोंके समूहसे युक्त उस पर्वतमें उसकी प्रीति बढ़ती जाती थी। (४७) रक्ताशोक, हारिद्रद्रुम, उत्तम दाडिमके पेड़ तथा किंशुक वृक्षसे देदीप्यमान; कोयलके गीतसे मुखरित, भौंरोंके झंकार-गीतसे शब्दायमान; उत्तम बकुल, तिलक, चम्पक, अशोक, पुन्नाग एवं नाग वृक्षोंसे अति समृद्ध; पाटल, आम, अर्जुन तथा कुन्द लतासे विभूषित प्रदेशवाला; अनेक प्रकारके पुष्पोंके सुगन्धि केसर व मकरन्दकी तीव्र सुगन्धसे सुवासित दिशासमूहवाला तथा दक्षिण पवनसे आन्दोलित वृक्ष मानों नाच रहे हों—ऐसा वह पर्वत था। (४८-५०) उन मुनिवृषभको देखकर वज्रबाहु मनमें सोचने लगा कि यह जो अतिमहान् तप कर रहे हैं वह धन्य एवं कृतार्थ हैं। (५१) यह शत्रु एवं मित्रमें समभाव रखनेवाले हैं, परिग्रहसे मुक्त इनके लिये सोना और तिनका समान है, यह लाभ और हानिमें सम हैं तथा सुख और दुःखमें समचित्त हैं। (५२) सचमुच ही इन्होंने मनुष्य जन्मका समग्र फल प्राप्त किया है, क्योंकि मोहरहित हो एकाग्र मनसे यह परमार्थका ध्यान करते हैं। (५३) अफसोस है कि साँपोंसे बद्ध चन्दनवृक्षकी भाँति अत्यन्त कठोर और दारुण पापकर्मोंके बन्धनोंसे मैं पापी बद्ध हूँ। (५४) मुनिवरके ऊपर दृष्टि जमाये हुए उससे उदयसुन्दरने ये वचन कहे कि, हे कुमार! तुम

१. तदा ।

मुणिवसभदिन्नदिट्ठी, भणइ य तं उदयसुन्दरो वयणं । किं महसि समणदिक्खं ?, कुमार ! अहियं निरिक्खेसि ॥ ५५ ॥
तो भणइ वज्जबाहू, एव इमं जं तुमे समुल्लवियं । उदएण वि पडिभणिओ, तुज्झ सहाओ भविस्से हं ॥ ५६ ॥
वीवाहभूसणेहिं, विभूसिओ गयवराउ ओइण्णो । आरुहिऊण गिरिवरे, पणमइ य मुणिं पयत्तेणं ॥ ५७ ॥
अह सो नमिऊण मुणी, सुहासणत्थं पणट्ठमय-रायं । पुच्छइ संसारठिइं, वन्धण-मोक्खं च जीवस्स ॥ ५८ ॥

**संसारस्वरूपं बन्धमोक्षस्वरूपं च—**

भणइ तओ मुणिवसभो, जीवो जह अट्ठकम्मपडिबद्धो । दुक्खाइँ अणुहवन्तो, परिहिण्डइ दीहसंसारं ॥ ५९ ॥
कम्माण उवसमेणं, लहइ जया माणुसत्तणं सारं । तह वि य बन्धवनडिओ, न कुणइ धम्मं विसयमूढो ॥ ६० ॥
दुविहो जिणवरधम्मो, सायारो तह य होइ निरयारो । सायारो गिहिधम्मो, मुणिवरधम्मो [1]निरायारो ॥ ६१ ॥
सावयधम्मं काऊ-णं निच्छिओ अन्तकालसमयम्मि । कालगओ उववज्जइ, सोहम्माईसु सुरपवरो ॥ ६२ ॥
देवत्ताउ मणुत्तं, मणुयत्ताओ पुणो वि देवत्तं । गन्तूण सत्तमभवे, पावइ सिद्धिं न संदेहो ॥ ६३ ॥
अह पुण जिणवरविहियं, दिक्खं घेत्तूण पवरसद्धाए । हन्तूण य कम्ममलं, पावइ सिद्धिं धुयकिलेसो ॥ ६४ ॥
एवं मुणिवरविहियं, सोऊणं नरवरो विगयमोहो । हिययं कुणइ दढयरं, पवज्जानिच्छिउच्छाहं ॥ ६५ ॥
एक्कम्मि वरं जम्मे, दुक्खं अभिभुञ्जिउं समणधम्मे । कम्मट्ठपायववणं, लुणामि तवपरसुघाएहिं ॥ ६६ ॥
दट्ठूण वज्जबाहुं, विरत्तभावं मुणिस्स पासत्थं । वरजुवईउ पलावं कुणन्ति समयं नववहूए ॥ ६७ ॥
अह उदयसुन्दरो तं, विन्नवइ सगग्गरेण कण्ठेणं । परिहासेण महायस !, भणिओ मा एव ववसाहि ॥ ६८ ॥

---

गौरसे देख रहे हो, तो क्या श्रमणदीक्षा लेना चाहते हो ? (५५) तब वज्रबाहुने कहा कि तुमने जैसा कहा वैसा ही है। उदयसुन्दरने प्रत्युत्तरमें कहा कि मैं तुम्हारा सहायक बनूँगा। (५६)

विवाहके आभूषणोंसे अलंकृत वज्रबाहु हाथी परसे नीचे उतरा और पर्वतके ऊपर चढ़कर उसने मुनिको भावपूर्वक प्रणाम किया। (५७) सुखासन पर बैठे हुए और मान एवं राग जिनके नष्ट हो गये हैं ऐसे मुनिको प्रणाम करके उसने संसारकी स्थिति एवं जीवके बन्ध-मोक्षके बारेमें पूछा। (५८) इस पर उन मुनिश्रेष्ठने कहा कि—

आठ प्रकारके कर्मोंसे जकड़ा हुआ जीव दुःखोंका अनुभव करता हुआ दीर्घ संसारमें परिभ्रमण करता है। (५९) कर्मोंका उपशम होने पर जब उत्तम मनुष्य भव प्राप्त करता है तब भी बन्धुजनोंसे ठगा गया वह विषयोंमें मूढ़ जीव धर्मका आचरण नहीं करता। (६०) जिनवरका धर्म दो प्रकारका है – सागार और अनगार। गृहस्थोंका धर्म सागार-धर्म है, जब कि मुनिवरोंका धर्म अनगार-धर्म है। (६१) श्रावकधर्मका आचरण करके अन्त समयमें निष्ठायुक्त होनेसे मरने पर वह सौधर्म आदि देवलोकमें उत्तम देवके रूपमें उत्पन्न होता है। (६२) देवजन्मसे मनुष्यजन्म और मनुष्यजन्मसे पुनः देवजन्ममें जाकर सातवें भवमें वह निस्सन्देह सिद्धि प्राप्त करता है। और जिनवर द्वारा विहित दीक्षा परम श्रद्धाके साथ ग्रहण करके और कर्ममलका नाश करके जो निष्कलंक होता है वह सिद्धि प्राप्त करता है। (६४)

इस प्रकार मुनिवरका उपदेश सुनकर जिसका मोह नष्ट हो गया है ऐसे उस पुरुषश्रेष्ठने प्रव्रज्याके लिए निश्चित रूपसे उत्साही अपने हृदयको दृढ़तर किया कि एक ही जन्ममें श्रमणधर्ममें दुःख अनुभव करके अष्टकर्मरूपी वृक्षोंके वनको तपरूपी कुल्हाड़ीसे नष्ट करूँ यह उत्तम है। (६५-६६) मुनिके पास विरक्तभावसे युक्त वज्रबाहुको देखकर नववधूके साथ दूसरी सुन्दर युवतियाँ रोने लगीं। (६७) तब उदयसुन्दरने उससे गद्गद् कण्ठसे बिनती की कि, हे महायश ! मैंने तो परिहासमें कहा था। ऐसा तुम व्यवसाय मत करो। (६८) इस पर वज्रबाहुने कहा कि परिहासमें पी गई दवाई अच्छी

---

१. निरगारः श्रमणधर्म इत्यर्थः ।

तं भणइ वज्जबाहू, परिहासेणोसहं नु जह पीयं । सुट्ठु वि उदिण्णसंती, किं न हरइ वेयणं अज्ज ? ॥ ६९ ॥
तो भणइ वज्जबाहू, मुणिवसभं पणमिऊण भावेणं । तुज्झ पसाएण अहं, निक्खमिउं अज्ज इच्छामि ॥ ७० ॥
नाऊण तस्स भावं, साहू गुणसायरो भणइ तुज्झं । धम्मे हवउ अविग्घं, पावसु तव-संजमं विउलं ॥ ७१ ॥

वज्रबाहुदीक्षा—

निक्खमइ वज्जबाहू, मुणिवरपासम्मि जायसंवेओ । सुन्दरपमुहेहि समं, छब्बीसाए कुमाराणं ॥ ७२ ॥
सोयरनेहेण वहू, भत्तारस्स य विओयदुक्खेणं । सा वि तहिं पवइया, मणोहरा मुणिसयासम्मि ॥ ७३ ॥
सोऊण वज्जबाहू, पवइयं विजयपत्थिवो भणइ । तरुणत्ते मज्झ सुओ, कह भोगाणं विरत्तो सो ? ॥ ७४ ॥
अहयं पुण नीसत्तो, इन्दियवसगो जराएँ परिगहिओ । ववगयदप्पुच्छाहो, कं सरणं वो पवज्जामि ? ॥ ७५ ॥
पसिढिलचलन्तगत्तो, अहयं पुण कासकुसुमसमकेसो । विवडियदसणसमूहो, तह वि विरायं न गच्छामि ॥ ७६ ॥
एवं विजयनरिन्दो, दाऊण पुरंदरस्स रायसिरिं । निक्खन्तो खायजसो, पासे निव्वाणमोहस्स ॥ ७७ ॥

कीर्तिधरः—

एत्तो पुरंदरस्स वि, पुहईदेवीएँ कुच्छिसंभूओ । जाओ च्चिय कित्तिधरो, जणम्मि विक्खायकित्तीओ ॥ ७८ ॥
राया कुसत्थलपुरे, धूया वि य तस्स नाम सहदेवी । कित्तिधरेण वरतणू, परिणीया सा विभूईए ॥ ७९ ॥
खेमंकरस्स पासे निक्खमइ पुरंदरो विगयनेहो । पारंपरागयं सो, कित्तिधरो भुञ्जए रज्जं ॥ ८० ॥
अह अन्नया कयाई, कित्तिधरो आसणे सुहनिसन्नो । पेच्छइ गयणयलत्थं, रविबिम्बं राहुणा गहियं ॥ ८१ ॥
चिन्तेऊण पयत्तो, जो गहचक्कं करेइ निस्तेयं । सो दिणयरो असत्तो, तेयं राहुस्स विहडेउं ॥ ८२ ॥
एव घणकम्मबद्धो[1], पुरिसो मरणे उदिण्णसन्तम्मि । वारेऊण असत्तो, अवसेण विवज्जए नियमा ॥ ८३ ॥

---

तरहसे फलोन्मुख होने पर क्या वह शरीरमें वेदना दूर नहीं करती ? (६९) वज्रबाहुने उन मुनिश्रेष्ठको भावपूर्वक प्रणाम करके कहा कि, हे आर्य ! आपके प्रसादसे मैं प्रव्रज्या लेना चाहता हूँ । (७०) उसके भावको जानकर गुणसागर साधुने कहा कि तुम्हें धर्ममें निर्विघ्नता हो और विपुल तप एवं संयम प्राप्त करो । (७१)

उदयसुन्दर आदि छब्बीस कुमारोंके साथ विरक्त वज्रबाहुने मुनिवरके पास दीक्षा ली । (७२) अत्यन्त भातृस्नेह तथा पतिके वियोगजन्य दुःखके कारण उस मनोहराने भी मुनिके पास दीक्षा ली । (७३) वज्रबाहुने दीक्षा ली है ऐसा सुनकर विजय राजा कहने लगा कि युवावस्थामें ही मेरा वह पुत्र भोगोंसे क्यों विरक्त हुआ ? (७४) अशक्त, इन्द्रियोंके वशीभूत, बुढ़ापेसे गृहीत और पराक्रमका उत्साह जिसका नष्ट हो गया है ऐसा मैं भी किसकी शरणमें जाऊँ ? (७५) शिथिल और काँपते हुए शरीरवाला, कासके फूल जैसे सफेद बालोंवाला और दाँतोंका समूह जिसका गिर गया है ऐसा मैं हूँ, तथापि मैं वैराग ग्रहण नहीं करता । (७६) ऐसा सोचकर ख्यात यशवाले विजय राजाने पुरन्दरको राज्यश्री देकर निर्वाणमोहके पास दीक्षा ली । (७७)

इधर पुरन्दरको भी पृथ्वीदेवीकी कुक्षिसे उत्पन्न और लोकमें विख्यात कीर्तिवाला कीर्तिधर नामका पुत्र हुआ । (७८) कुशस्थलमें एक राजा था । उसकी लड़कीका नाम सहदेवी था । कीर्तिधरने उस सुन्दरीके साथ समारोहपूर्वक विवाह किया । (७९) निर्मोही पुरन्दरने क्षेमंकरके पास दीक्षा ली । वह कीर्तिधर परम्परासे प्राप्त राज्यका उपभोग करने लगा । (८०) एक दिन आसन पर आरामसे बैठे हुए कीर्तिधरने आकाशमें राहुसे ग्रस्त सूर्यबिम्बको देखा । (८१) यह देखकर वह सोचने लगा कि जो समस्त ग्रहोंको निस्तेज करता है वह सूर्य भी राहुके तेजको खण्डित करनेमें अशक्त है । (८२) इसी प्रकार भारी कर्मोंसे बद्ध पुरुष मरणका उदय होने पर उसे दूर करनेमें अशक्त होता है और निरुपाय हो अवश्य

---

१. घणकम्मलद्धो—प्रत्य० ।

तम्हा असासयमिणं, माणुसजम्मं असारसुहसङ्गं । मोत्तूण रायलच्छी, जिणवरदिक्खं पवज्जामि ॥ ८४ ॥
सोऊण वयणमेयं, मन्ती बन्धवजणा य दीणमुहा । जंपन्ति नरवराहिव !, मा ववससु एरिसं कम्मं ॥ ८५ ॥
सामिय ! तुमे विहूणा, अवस्स पुहई विणस्सइ वराई । पुहईए विणट्ठाए, धम्मविणासो सया होइ ॥ ८६ ॥
धम्मे पणट्ठे सन्ते, किं व न नट्ठं नरिन्द ! सवस्सं ? । तम्हा करेहि रज्जं, रक्खसु पुहई पयत्तेणं ॥ ८७ ॥
जं एव अमच्चेहिं, भणिओ गेण्हइ अभिग्गहं धीरो । सोऊण सुयं जायं, तो अहयं पवइस्सामि ॥ ८८ ॥
एवं रायवरसिरिं, भुञ्जन्तस्स य अणेयकालम्मि । जाओ सहदेवीए, गब्भम्मि सुकोसलो पुत्तो ॥ ८९ ॥
थोवदिवसाणि बालो, निगूहिओ मन्तिणेहि कुसलेहिं । परिकहिओ च्चिय पुत्तो, एक्केण नरेण रायस्स ॥ ९० ॥
सोऊण सुयं जायं, मउडाइविभूसणं निरवसेसं । तस्स पयच्छइ राया, गामसएणं तु घोसपुरं ॥ ९१ ॥
अह एक्कपक्खजायं, ठविऊण सुयं निवो नियरज्जे । पवइओ कित्तिधरो, परिचत्तपरिग्गहारम्भो ॥ ९२ ॥

घोरं तवं तप्पइ गिम्हकाले, मेहागमे चिट्ठइ छन्नठाणे ।
हेमन्तमासेसु तवोवणत्थो, झाणं पसत्थं विमलं चरेइ ॥ ९३ ॥

॥ इय पउमचरिए सुव्वयवज्जबाहुकित्तिधरमाहप्पवण्णणो एक्कवीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## २२. सुकोसलमुणिमाहप्प-दसरहउप्पत्तिवण्णणं

अह एत्तो कित्तिधरो, मुणिवसभो मलविलित्तसवङ्गो । मज्झण्हदेसयाले, नयरं पविसरइ भिक्खट्ठं ॥ १ ॥

मरता है । (८३) यह मनुष्यजन्म अशाश्वत है और सुखदायी यह संसर्ग असार है; अतः राजलक्ष्मीका परित्याग करके मैं जिनवरकी दीक्षाके लिए निकल पड़ूँ । (८४) ऐसा कथन सुनकर दीन वदनवाले मंत्री और बन्धुजन कहने लगे कि, हे राजन् ! आप ऐसा कार्य न करें । (८५) हे स्वामी ! आपके बिना यह बेचारी पृथ्वी अवश्य नष्ट होगी । पृथ्वीके नष्ट होने पर धर्मका सर्वदा विनाश होता है । (८६) हे नरेन्द्र ! धर्मका नाश होने पर दूसरा सबकुछ क्या नष्ट नहीं होता ? अतएव आप राज्य करें और प्रयत्नपूर्वक पृथ्वीका रक्षण करें । (८७) अमात्योंने जो कुछ कहा उससे उस धीर राजाने अभिग्रह धारण किया कि पुत्रका जन्म हुआ है ऐसा सुनने पर मैं प्रव्रज्या लूँगा । (८८)

इस प्रकार दीर्घकाल पर्यन्त राज्यकी उत्तम लक्ष्मीका उपभोग करते हुए उसे सहदेवीके गर्भसे सुकोशल नामका पुत्र हुआ । (८९) कुशल मंत्रियोंने थोड़े दिनोंतक बालकको छुपाकर रखा । राजाको किसी पुरुषने पुत्रके बारेमें कहा । (९०) पुत्र हुआ है ऐसा सुनकर राजाने मुकुट आदि समग्र विभूषणोंके साथ उसे सौ गाँवोंसे युक्त घोषपुर दिया । (९१) एक पखवाड़ेके पुत्रको अपने राज्यपर स्थापित करके परिग्रह एवं आरम्भ ( पापकर्म ) का परित्याग करनेवाले कीर्तिधर राजाने प्रव्रज्या अंगीकार की । (९२) ग्रीष्मकालमें वह घोर तप करता था, बादलोंके आगमनके समय ( वर्षाकालमें ) वह ढँके हुए स्थानमें रहता था और हेमन्तके महीनोंमें वह तपोवनमें रहकर प्रशस्त एवं विमल ध्यान करता था । (९३)

। पद्मचरितमें सुव्रत, वज्रबाहु एवं कीर्तिधरके माहात्म्यका वर्णन नामका इक्कीसवाँ उद्देश समाप्त हुआ ।

## २२. सुकोसलका माहात्म्य तथा दशरथका जन्म

इसके पश्चात् एक बार जिसके सारे शरीरपर मैल जमा है ऐसे मुनिवर कीर्तिधरने मध्याह्नके समय भिक्षाके लिए नगरमें प्रवेश किया । (१) गवाक्षकी जालीमेंसे उस साधुको देखकर सहदेवी रुष्ट हो गई । उसने आदमियोंको भेजा कि

१. रायलच्छिं—प्रत्य० । २. मन्त्रिभिः । ३. धरेइ—मु० ।

तं पेच्छिऊण साहुं, जालगवक्खन्तरेण सहदेवी । रुट्ठा पेसेइ नरे, धाडेह इमं पुरवराओ ॥ २ ॥
अन्ने वि लिङ्गिणो जे, ते वि य धाडेह मा चिरावेह । मा धम्मवयणसद्दं, सुणिही पुत्तो महं एसो ॥ ३ ॥
एत्थन्तरे य तेहिं, नयराओ धाडिओ मुणिवरिन्दो । अन्ने वि जे पुरत्था, निच्छूढा लिङ्गिणो सबे ॥ ४ ॥
तं नाऊण मुणिवरं, कित्तिधरं कोसलस्स जा धाई । रुवइ किवालुयहियया, सुमरन्ती सामियगुणोहं ॥ ५ ॥
निसुणेऊण रुवन्ती, भणिया य सुकोसलेण केण तुमं । अम्मो परिभूय च्चिय ?, तस्स फुडं निग्गहं काहं ॥ ६ ॥
तो भणइ वसन्तलया, पुत्तय ! जो तमभिसिञ्चिउं रज्जे । ठविऊण य पवइओ, सो तुज्झ पिया इह पविट्ठो ॥ ७ ॥
भिक्खट्ठे विहरन्तो, जणणीए तुज्झ दुट्ठपुरिसेहिं । धाडाविओ य अज्जं, पुत्तय ! तेणं मए रुण्णं ॥ ८ ॥
दट्ठूण य पासण्डे, मा निबेओ य होहिइ सुयस्स । तेणं चिय नयराओ, निच्छूढा लिङ्गिणो सबे ॥ ९ ॥
उज्जाण-काणणाइं, पुक्खरिणी-वाहियालिमाईणि । नयरस्सऽब्भिन्तरओ, तुज्झ कयाइं च जणणीए ॥ १० ॥
अन्ने वि तुज्झ वंसे, पुत्तय ! जे नरवई अइक्कन्ता । ते वि य भोत्तूण महिं, पवज्जमुवागया सबे ॥ ११ ॥
एएण कारणेणं, न देइ नयरस्स निग्गमं तुज्झ । मा निसुणिऊण धम्मं, निक्खमिही जायसंवेगो ॥ १२ ॥
सोऊण वयणमेयं, सुकोसलो निग्गओ पुरवराओ । पत्तो य पिउसयासं, वन्दइ परमेण विणएणं ॥ १३ ॥
तं वन्दिऊण समणं, उवविट्ठो सुणिय धम्मपरमत्थं । भणइ य सुकोसलो तं, भयवं ! निसुणेहि मे वयणं ॥ १४ ॥
आलित्ते नियघरे, जणओ घेत्तूण पुत्तभण्डाइं । अवहरइ तूरमाणो, सो ताण हियं विचिन्तन्तो ॥ १५ ॥
मोहग्गिसंपलित्ते, जियलोयघरे मए पमोत्तूणं । निक्खन्तो नाह ! तुमं, न य जुत्तं एरिसं लोए ॥ १६ ॥
तम्हा कुणह पसायं, मोहाणलदीविए सरीरघरे । निक्खममाणस्स महं, हत्थालम्बं पयच्छाहि ॥ १७ ॥
एवं सो अणगारो, चित्तं नाऊण नियपुत्तस्स । ताहे भणइ सुभणिओ, होउ अविग्घं तुहं धम्मे ॥ १८ ॥

---

इसे नगरमेंसे बाहर निकालो । (२) दूसरे भी जो सन्यासी हों उन्हें भी निकाल बाहर करो । देर मत लगाओ । मेरा यह पुत्र धर्मोपदेशका शब्द न सुन पावे । (३) तब उन्होंने मुनिवरेन्द्रको नगरमेंसे बाहर निकाल दिया । नगरमें दूसरे भी जो साधु-संन्यासी थे वे सब बाहर निकाल दिये गये । (४) उस मुनिवर कीर्तिधरके बारेमें सुनकर सुकोशलकी जो सदयहृदया धाय थी वह स्वामीके गुणोंको याद करके रोने लगी । (५) उसे रोते सुनकर सुकोशलने कहा, हे माता ! किसने तुम्हारा तिरस्कार किया है ? उसे मैं बराबर सजा करूँगा । (६) तब वसन्तलताने कहा कि, हे पुत्र ! जिसने राज्यपर तुम्हारा अभिषेक करके और उसपर तुम्हें प्रतिष्ठित करके प्रव्रज्या ली थी उस तुम्हारे पिताने इस नगरमें प्रवेश किया था । (७) हे पुत्र ! भिक्षाके लिए विहार करते हुए उन्हें आज तुम्हारी माताने दुष्ट पुरुषों द्वारा बाहर निकाल दिया है । इसीसे मैं रोती थी । (८) पाखण्डियोंको देखकर मेरा पुत्र विरक्त न हो इसलिए वेशधारी सब साधुओंको नगरमेंसे बाहर निकाल दिया है । (९) तुम्हारी माताने तुम्हारे लिये नगरके भीतर ही वन-उपवन तथा जलाशय एवं अश्व खेलनेके मैदान आदि बनवाये हैं । (१०) हे पुत्र ! तुम्हारे वंशमें जो दूसरे भी राजा हुए हैं उन सबने पृथ्वीका उपभोग करके प्रव्रज्या अंगीकार की है । (११) धर्म सुनकर वैराग्य उत्पन्न होनेपर दीक्षा न ले लो, इसीलिए तुम्हें नगरसे बाहर नहीं जाने देती । (१२)

यह कथन सुनकर सुकोशल नगरमेंसे बाहर निकला और पिताके पास पहुँचकर उसने अत्यन्त विनयके साथ वन्दन किया । (१३) उस श्रमणको वन्दन करके और धर्मके परमार्थको सुनकर सुकोशल बैठा और उससे कहा कि, हे भगवन् ! मेरा कहना आप सुनें । (१४) अपना घर जलनेपर पिता पुत्र एवं घरके पात्र-वस्त्र आदि उपकरणोंको लेकर उनके हितका विचार करके जल्दी जल्दी बाहर निकल जाता है । (१५) हे नाथ ! मोहरूपी अग्निसे सन्तप्त जीवलोकरूपी घरमें मुझे छोड़कर आप निकल गये—ऐसा लोकमें उचित नहीं समझा जाता । (१६) अतः आप अनुग्रह करें । मोहरूपी आगसे जलते हुए मेरे शरीररूपी घरमेंसे बाहर निकलते हुए मुझे आप हाथका सहारा दें । (१७) ऐसा सुनकर उस अनगारने मनमें अपने पुत्रको पहचान लिया । फिर कहा कि तुमने अच्छा कहा । धर्ममें तुम निर्विघ्न हो । (१८)

वट्टइ एसाऽऽलावो, ताव य भडचडयरेण परिकिण्णा । पत्ता विचित्तमाला, गुरुभारा पणइणी तस्स ॥ १९ ॥
सा भणइ पायपडिया, सामिय! पुहई[1] ममं च मोत्तूणं । मा ववससु पवज्जं, दुच्चरिया मुणिवराणं पि[2] ॥ २० ॥
संथाविऊण[3] गाढं, सुकोसलो भणइ तुज्झ गब्भम्मि । भद्दे! होही पुत्तो, सो अहिसित्तो मए रज्जे ॥ २१ ॥
आपुच्छिऊण सबं, बन्धुजणं परिजणं च महिलाओ । जिणदिक्खं पडिवन्नो, सुकोसलो पिउसयासम्मि ॥ २२ ॥
अह सो निच्छियहियओ, संवेगपरायणो दढधिईओ । अन्नन्नविहिनिओगं, काऊण तवं समाढत्तो ॥ २३ ॥

विविधानि तपांसि—

रयणावलि मुत्तावलि, कणयावलि कुलिसमज्झ[4] जवमज्झं । जिणगुणसंपत्ती वि य, विही य तह सबओभद्दा ॥ २४ ॥
एत्तो तिलोयसारा, मुइङ्गमज्झा पिवीलियामज्झा । सीसंकारयलद्धी, दंसणनाणस्स लद्धी य ॥ २५ ॥
अह पञ्चमन्दरा वि य, केसरिकीला चरित्तलद्धी य । परिसहजया य पवयण-माया आइण्णसुहनामा ॥ २६ ॥
पञ्चनमोक्कारविही, तित्थट्ठसुया य सोक्खसंपत्ती । धम्मोवासणलद्धी, तहेव अणुवट्टमाणा य ॥ २७ ॥
एयासु य अन्नासु य, विहीसु दसमाइपक्खमासेसु । बेमासिय तेमासिय, खवेइ छम्मासजोएसु ॥ २८ ॥
ते दो वि पिया-पुत्ता, नव-संजम-नियमसोसियसरीरा । विहरन्ति दढधिईया, गामा-ऽऽगरमण्डियं वसुहं ॥ २९ ॥
सा पुत्तविओगेणं, सहदेवी तत्थ दुक्खिया सन्ती । अट्टज्झाणेण मया, उप्पन्ना कन्दरे वग्घी ॥ ३० ॥
एवं विहरन्ताणं, मुणीण संपत्थिओ जलयकालो । पसरन्तमेहनिवहो, गयणयलोच्छइयसबदिसो ॥ ३१ ॥
वरिसइ घणो पभूयं, तडिच्छडाडोवभीसणं गयणं । गुलगुलगुलन्तसद्दो, वित्थरइ समन्तओ सहसा ॥ ३२ ॥
धाराजज्जरियमही, उम्मग्गपलोट्टसलिलकल्लोला । उब्भिन्नकन्दलदला, मरगयमणिसामला जाया ॥ ३३ ॥
एयारिसम्मि काले, जत्थत्थमिया मुणी निओगेणं । चिट्ठन्ति सेलमूले, चाउम्मासेण जोएणं ॥ ३४ ॥

ऐसा वार्तालाप हो ही रहा था कि सुभटोंके समूहसे घिरी हुई उसकी गर्भवती पत्नी विचित्रमाला आ पहुँची। (१९) पैरोंमें गिरकर वह कहने लगी कि, हे स्वामी! पृथ्वी एवं मेरा परित्याग करके मुनिवरोंके लिए भी जिसका आचरण करना कठिन है ऐसी प्रव्रज्याके लिए निर्णय मत करो। (२०) उसे बहुत आश्वासन देकर सुकोशलने कहा कि, हे भद्रे! तेरे गर्भसे जो पुत्र होगा उसे मैंने राज्यपर अभिषिक्त किया। (२१) सब बन्धुजन, परिजन एवं महिलाओंसे पूछकर सुकोशलने पिताके पास जिनदीक्षा अंगीकार की। (२२) इसके बाद हृदयमें निष्ठावाला, संवेगपरायण और दृढ़ बुद्धिवाला वह भिन्न भिन्न विधियोंकी योजना करके तप करने लगा। (२३) रत्नावलि, मुक्तावलि, कनकावलि, कुलिशमध्य, यवमध्य, जिनगुणसम्पत्ति और सर्वतोभद्रा विधि तथा त्रिलोकसारा, मृदंगमध्या, पिपीलिकामध्या, शीर्षाकारकलब्धि तथा दर्शन-ज्ञानकी लब्धि; पंचनमस्कार विधि, तीर्थाश्रुता, सौख्यसम्पत्ति, धर्मोपासनालब्धि तथा अनुवर्तमाना, इन तथा दूसरी दशम, पक्ष, मास, द्वैमासिक, त्रैमासिक एवं षण्मासयोगकी विधि द्वारा वह कर्म क्षीण करने लगा। (२४ ८) तप, संयम एवं नियमसे शरीरको शोषित करनेवाले दृढ़मति वे दोनों पिता-पुत्र ग्राम एवं आकरोंसे मण्डित वसुधातलपर विहार करने लगे। (२९)

पुत्रवियोगसे दुःखित होती हुई वह सहदेवी आर्तध्यानसे मरकर एक कन्दरामें व्याघ्रीके रूपमें पैदा हुई। (३०) इस प्रकार विहार करते हुए उन दोनों मुनियोंके लिए बादलोंके समूह जिसमें छाये हैं और आकाशमें सब दिशाओंको जिसने आच्छादित कर दिया है ऐसा वर्षाकाल आ पहुँचा। (३१) बादल खूब बरसने लगे, आकाश बिजलीकी कान्ति और कौंधसे भीषण हो गया और गुड़ गुड़का शब्द चारों ओर फैल गया। (३२) पृथ्वी पानीकी धारासे जर्जरित, उल्टे मार्गपर बहनेवाले जलकी तरंगोंसे व्याप्त और अंकुरोंके पत्ते फूटनेसे मरकत मणिके समान श्यामल हो गई। (३३) ऐसे समयमें जहाँ हों वहीं नियमतः ठहरनेवाले मुनि चातुर्मासके योग ( समाधि ) के साथ पर्वतकी तलहटीमें ठहरे। (३४) इस प्रकार राक्षसों,

१. पुहई—प्रत्य०। २. मुणिवईणं पि—प्रत्य०। ३. संठाविऊण—प्रत्य०। ४. वज्रमध्यम्।

एवं उत्तासणए, रण्णे कंवाय-सत्त-तरुगहणे । फासुयठाणम्मि ठिया, पसत्थझाणुज्जयमईया ॥ ३५ ॥
वीरासणजोएणं, काउस्सग्गेण एगपासेणं । उववासेण य नीओ, एक्केणं पाउसो कालो ॥ ३६ ॥
सरयम्मि समावडिए, कत्तियमासस्स मुणिवरा एत्तो । संपुण्णनियमजोगा, नयरं पविसन्ति भिक्खट्ठा ॥ ३७ ॥
लीलाऍ वच्चमाणा, दिट्ठा वग्घीऍ तीऍ मुणिवसहा । रुसिया नक्खेहि मही, विलिहइ नायं विमुञ्चन्ती ॥ ३८ ॥
अह सो सुकोसलमुणी, वग्घी दट्ठुं वहुज्जयमईयं । ताहे वोसिरियतणू, सुक्कज्झाणं समारुहइ ॥ ३९ ॥
दाढाकरालवयणा, उप्पइऊणं नहं चलसहावा । पडिया सुकोसलोवरि, विज्जू इव दारुणा वग्घी ॥ ४० ॥
पाडेऊण महियले, मंसं अहिलसइ अत्तणो वयणे । मोडेइ अट्ठियाइं, तोडेइ य ण्हारुसंघाए ॥ ४१ ॥
इय पेच्छसु संसारे, सेणिय! मोहस्स विलसियं एयं । जणणी खायइ मंसं, जत्थ सुइट्ठस्स पुत्तस्स ॥ ४२ ॥
खज्जन्तस्स भगवओ, सुक्कज्झाणावगाहियमणस्स । समणस्स जीवियन्ते, केवलनाणं समुप्पन्नं ॥ ४३ ॥
एवं सहदेवीए, कोसलअङ्गाइँ खायमाणीए । जायं जाईसरणं, पुत्तयदन्ताइँ दट्ठूणं ॥ ४४ ॥
सा पच्छायावेणं, तिण्णि य दिवसाइँ अणसणं काउं । उववन्ना दियलोए, वग्घी मरिऊण सोहम्मे ॥ ४५ ॥
देवा चउप्पगारा, समागया मुणिवरस्स कुवन्ति । निव्वाणगमणमहिमं, नाणाविहगन्धकुसुमेहिं ॥ ४६ ॥
कित्तिधरस्स वि एत्तो, समुग्गयं केवलं जगपगासं । महिमकराण य एक्का, जत्ता जाया सुरवराणं ॥ ४७ ॥
महिमं काऊण तओ, पणमिय सबायरेण तिक्खुत्तं । देवा चउप्पगारा, नियय्ट्ठाणाइँ संपत्ता ॥ ४८ ॥
एयं जो सुणइ नरो, भावेण सुकोसलस्स निव्वाणं । सो उवसग्गविमुक्को, लभइ य पुण्णफलं विउलं ॥ ४९ ॥

---

वन्य प्राणियों तथा वृक्षोंसे सघन उस भयंकर जंगलमें उत्तम ध्यानमें उद्यत ऐसी बुद्धिवाले वे निर्जीव स्थानमें ठहरे। (३५) वीरासनके योगसे, कायोत्सर्गसे, एक ही पार्श्वसे भूमिके साथ सम्बन्ध रखनेसे और उपवाससे उन्होंने एकाकी वर्षाकाल व्यतीत किया। ३६) कार्तिक मासका शरत्काल आनेपर नियम एवं योग जिन्होंने सम्पूर्ण किया है ऐसे उन दोनों मुनिवरोंने भिक्षाके लिए नगरमें प्रवेश किया। (३७) आरामसे जाते हुए उन मुनिवृषभोंको देखकर वह व्याघ्री गुस्सेमे आकर गर्जना करती हुई नाखूनोंसे जमीन कुरेदने लगी। (३८) तब मारनेके लिए उद्यत बुद्धिवाली उस व्याघ्रीको देखकर कायोत्सर्ग करके वह सुकोशल मुनि शुक्लध्यानमें आरूढ़ हो गये। (३९) दाँतोंके कारण भयंकर मुख तथा चंचल स्वभाववाली वह क्रूर व्याघ्री आकाशमें कूदकर बिजलीकी भाँति सुकोशलके ऊपर गिरी। (४०) जमीनपर गिराकर वह अपने मुँहमें मांस रखने लगी, हड्डियोंको तोड़ने लगी और शिराओंको काटने लगी। (४१)

हे श्रेणिक! संसारमें मोहका यह विलास तो देखो जिसमें कि माता अपने अतिप्रिय पुत्रका मांस खाती है। (४२) खाये जाते उन शुक्लध्यानमें लगे हुए मनवाले श्रमण भगवानको जीवनके अन्तमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। (४३) सुकोशलके अंगोंका भक्षण करनेवाली सहदेवीको पुत्रके दाँत देखकर जाति स्मरण ज्ञान उत्पन्न हुआ। (४४) वह व्याघ्री पश्चात्तापसे तीन दिन तक अनशन करके मरने पर सौधर्म देवलोकमें उत्पन्न हुई। (४५) चारों प्रकारके देवोंने वहाँ आकर मुनिवरका नानाविध सुगन्धित पुष्पोंसे निर्वाणगमनका उत्सव मनाया। (४६) इधर कीर्तिधरको भी विश्वको प्रकाशित करनेवाला केवलज्ञान उत्पन्न हुआ जिससे उत्सव करनेवाले देवोंके लिए एक यात्रा हो गई। (४७) उत्सव मनानेके बाद सम्पूर्ण आदरके साथ तीन प्रदक्षिणा देकर और प्रणाम करके चारों प्रकारके देव अपने अपने स्थानोंको चले गये। (४८) जो मनुष्य भावपूर्वक सुकोशलका यह निर्वाणवर्णन सुनता है वह उपसर्गोंसे विमुक्त होकर विपुल पुण्यफल प्राप्त करता है। (४९)

---

१. कव्याद-सत्त्व-तरुगहने। २. नखैः। ३. नादम्। ४. वर्घि—प्रत्य०। ५. समारूढो—प्रत्य०।

हिरण्यगर्भः—

देवी विचित्तमाला, संपुण्णे तत्थ कालसमयम्मि । पुत्तं चेव पसूया, हिरण्णगब्भो त्ति नामेणं ॥ ५० ॥
पत्तो सरीरविद्धिं, कमेण रज्जस्स सामिओ जाओ । हरिवाहणस्स दुहिया, परिणेइ मिगावई कन्नं ॥ ५१ ॥
तोए समं रायसिरिं, भुञ्जन्तो अन्नया नरवरिन्दो । भमरनिहकेसमज्झे, पेच्छइ पलियङ्कुरं एक्कं ॥ ५२ ॥
अह सोइउं पयत्तो, मच्चूणं पेसिओ महं दूओ । बल-सत्ति-कन्तिरहिओ, होहामि न एत्थ संदेहो ॥ ५३ ॥
विसएसु वञ्चिओ हं, कालं अइदारुणं सुहपसत्तो । बन्धवनेहविणडिओ, धम्मधुरं नेव पडिवन्नो ॥ ५४ ॥

सिंहिका-नघुषौ—

एवं हिरण्णगब्भो, नघुसकुमारं मिगावईपुत्तं । अहिसिञ्चिऊण रज्जे, निक्खन्तो विमलमुणिपासे ॥ ५५ ॥
गब्भत्थे च्चिय असिवं, न घोसियं जस्स जणवए जम्हा । नघुसो त्ति तेण नामं, गुरूहि रइयं सुमणसेहिं ॥ ५६ ॥
नघुसो परिट्ठवेउं, नियययपुरे सीहियं महादेविं । उत्तरदिसं पयट्टो, जेउं सामन्तसंघाए ॥ ५७ ॥
दाहिणदेसाहिवई, नघुसं नाऊण दूरदेसत्थं । घेत्तुं साएयपुरिं, समागया साहणसमग्गा ॥ ५८ ॥
नघुसस्स महादेवी, विणिग्गया सीहिया बलसमग्गा । अह जुज्झिउं पयत्ता, तेहि समं नरवरिन्देहिं ॥ ५९ ॥
निहयपहरेहि हया, समरे हन्तूण सीहिया सत्तू । रक्खइ साएयपुरी, नियययपयावुज्जयमईया ॥ ६० ॥
नघुसो वि उत्तरदिसं, काऊण वसे समागओ नयरिं । सुणिऊण सीहियाए, परक्कमं दारुणं रुट्ठो ॥ ६१ ॥
भणइ य अहो अलज्जा, न य कुलवहुयाएँ एरिसं जुत्तं । अविखण्डियसीलाए, परपुरिसनियत्तचित्ताए ॥ ६२ ॥
परिभूया नरवइणा, दोसं काऊण सा महादेवी । अह अन्नया कयाई, नघुसस्स जरो समुप्पन्नो ॥ ६३ ॥
मन्ताण ओसहाण य, वेज्जपउत्ताण नेव उवसन्तो । दाहज्जरो महन्तो, अहिययरं वेयणं देइ ॥ ६४ ॥

---

समय पूर्ण होने पर देवी विचित्रमालाने हिरण्यगर्भ नामक पुत्रको जन्म दिया। (५०) क्रमशः उसके शरीरकी वृद्धि हुई, राज्यका वह स्वामी हुआ और हरिवाहनकी पुत्री मृगावतीके साथ उसने विवाह किया। (५१) उसके साथ राज्य लक्ष्मीका उपभोग करते हुए राजाने एक दिन भौंरेके समान काले बालोंमें एक सफेद बाल देखा। (५२) इस पर वह सोचने लगा कि मृत्युने मेरे पास दूत भेजा है। इसमें सन्देह नहीं है कि मैं बल, शक्ति और कान्तिसे रहित हो जाऊँगा। (५३) विषयोंसे ठगे गये, सुखमें आसक्त तथा बन्धुजनोंके स्नेहसे विडम्बित मैंने धर्मकी धुराका अवलम्बन नहीं लिया। अतिभयंकर मृत्यु उपस्थित हुई है। (५४)

इस प्रकार विचार करके मृगावतीके पुत्र नघुष कुमारको राज्य पर अभिषिक्त करके हिरण्यगर्भने विमल मुनिके पास दीक्षा ली। (५५) जिसके गर्भमें रहने पर जनपदमें अशिव घोषित नहीं किया गया था, अतः आनन्दमें आये हुए गुरुजनोंने उसका नाम नघुष रखा। (५६) महादेवी सिंहिकाको अपने नगरमें प्रतिष्ठित करके नघुष सामन्तसमूहको जीतनेके लिए उत्तर दिशाकी ओर गया। (५७) दूर देशमें नघुष है ऐसा जानकर दक्षिणदेशका स्वामी साकेतनगरीको लेनेके लिए समग्र सैन्यके साथ आया। (५८) नघुषकी पटरानी सिंहिका सारी सेनाके साथ बाहर निकली और उन राजाओंके साथ लड़ने लगी। (५९) निर्दय प्रहारोंसे आहत होने पर भी शत्रुओंको मारकर अपने प्रतापके कारण उद्युक्त बुद्धिवाली सिंहिकाने साकेतपुरीकी रक्षा की। (६०) नघुष भी उत्तरदिशाको वशमें करके साकेतनगरीमें लौट आया और सिंहिकाके पराक्रमके विषयमें सुनकर अत्यन्त रुष्ट हुआ। (६१) उसने कहा कि तुम्हारी निर्लज्जता पर खेद है। अखण्डितशीला और परपुरुषमें मन न लगानेवाली कुलवधूके लिए ऐसा उपयुक्त नहीं है। (६२) द्वेष करके राजाने उस महादेवीका तिरस्कार किया। एक दिन नघुषको बुखार आया। (६३) वैद्यों द्वारा प्रयुक्त मंत्र एवं औषधोंसे भी वह भारी दाहज्वर शान्त न हुआ। वह और भी अधिक

---

१. पुरिं—प्रत्य०। २. सोऊण—प्रत्य०। ३. मंतेहि ओसहेहि य वेज्जपउत्तेहि नेव—प्रत्य०।

नाऊण तहाभूयं, नराहिवं सीहिया महादेवी । सोयपरिग्गहियमणा, तस्स सयासं समल्लीणा ॥ ६५ ॥
सबजणस्स समक्खं, उदयं घेत्तूण सीहिया भणइ । मोत्तूण नियय्दइयं, जइ अन्नो नाऽऽसि मे हियए ॥ ६६ ॥
तो नरवइस्स दाहो, उवसमउ जलेण करविमुक्केणं । एवं भणिऊण सित्तो, राया विगयज्जरो जाओ ॥ ६७ ॥
उल्हवियसबगत्तं, दट्ठूण नराहिवं जणो तुट्ठो । सीलं पसंसमाणो, भणइ अहो! साहु! साहु! त्ति ॥ ६८ ॥
देवेहि कुसुमवुट्ठी, मुक्का सुसुयन्धगन्धरिद्धिल्ला । राया वि य परितुट्ठो, सीलं नाऊण महिलाए ॥ ६९ ॥
ठविऊण नरवइन्दो, नियय्पए सीहिया[1] महादेवी । भोगे भोत्तूण चिरं, संवेगपरायणो जाओ ॥ ७० ॥
नघुसो परिट्ठवेउं, सोदासं सीहियासुयं रज्जे । निक्खन्तो नरवसभो, परिचत्तपरिग्गहारम्भो ॥ ७१ ॥

सोदासः—

तीसु वि कालेसु सया, सोदासनराहिवस्स कुलवंसे । न य केणइ परिभुत्तं, मंसं चिय अट्ठ दिवसाइं ॥ ७२ ॥
कम्मोदएण सो पुण, तेसु वि दिवसेसु भुञ्जई मंसं । भणइ य सूयारवइं, मंसं आणेहि मे सिग्घं ॥ ७३ ॥
तइया पुणो अमारी, वट्टइ अट्ठाहिया जिणवराणं । पिसियस्स अलाभेणं, माणुसमंसं च से दिन्नं ॥ ७४ ॥
माणुसमंसपसत्तो, खायन्तो पउरबालए[2] बहवे । सूयारेण[3] समाणं, सुएण निद्धाडिओ राया ॥ ७५ ॥
तस्स सुओ गुणकलिओ, कणयाभानन्दणो तहिं नयरे । अहिसित्तो सीहरहो, रज्जे सबेहि सुहडेहिं ॥ ७६ ॥
सीहस्स जहा मंसं, आहारो तस्स नियय्कालम्मि । तेणं चिय विक्खाओ, पुहईए सीहसोदासो ॥ ७७ ॥
पेच्छइ परिब्भमन्तो, दाहिणदेसे सियम्बरं पणओ । तस्स सगासे धम्मं, सुणिऊण तओ समाढत्तो ॥ ७८ ॥
अह भणइ मुणिवरिन्दो, निसुणसु धम्मं जिणेहि परिकहियं । जेट्ठो य समणधम्मो, सावयधम्मो य अणुजेट्ठो ॥ ७९ ॥

---

दुःख देने लगा। (६४) राजाको वैसा जानकर मनमें दुःखी हो महादेवी सिंहिका उसके पास गई। (६५) पानी लेकर सिंहिकाने सब लोगोंके समक्ष कहा कि यदि मेरे हृदयमें मेरे पतिको छोड़ दूसरा कोई नहीं था तो हाथसे विमुक्त जलसे राजाका दाह शान्त हो। ऐसा कहकर पानी छींटने पर राजा ज्वरमुक्त हो गया। (६६-७) जिसका सारा शरीर उपशान्त हो गया है ऐसे राजाको देखकर लोग प्रसन्न हुए और शीलकी प्रशंसा करते हुए 'साधु साधु' कहने लगे। (६८) देवोंने सुगन्धित गन्धसे समृद्ध पुष्पोंकी वृष्टि की। स्त्रीके शीलको जानकर राजा भी अत्यन्त तुष्ट हुआ। (६९) अपने पद पर सिंहिकाको स्थापित करके और चिर काल तक भोग भोगकर राजा विरक्त हुआ। (७०) राजा नघुषने सिंहिकाके पुत्र सौदासको राज्य पर बिठाकर परिग्रह एवं पाप-प्रवृत्तिका परित्याग करके प्रव्रज्या ली। (७१)

ऐसे समय सर्वदासे सौदास राजाके कुलमें कोई भी आठ दिन तक मांस नहीं खाता था। (७२) किन्तु कर्मके उदयसे वह उन दिनोंमें भी मांस खाता था। उसने बड़े रसोइयेसे कहा कि मेरे लिए जल्दी ही मांस लाओ। (७३) उस समय जिनवरोंकी अष्टाह्निका होनेसे 'अमारि' थी, अतः मांस न मिलनेसे मनुष्यका मांस उसे दिया गया। (७४) मनुष्यके मांसमें आसक्त राजा नगरके बहुत-से बालकोंको खा गया। इस पर पुत्रने रसोइयेके साथ राजाको निष्कासित किया। (७५) उस सौदासके गुणी, सोनेकी सी कान्तिवाले तथा आनन्ददायी पुत्र सिंहरथका सभी सुभटोंने राजगद्दी पर उसी नगरीमें अभिषेक किया। (७६) सिंहकी भाँति उसका (सौदासका) रोजका आहार मांस था, इसीलिए वह पृथ्वीपर सिंहसौदासके नामसे विख्यात हुआ। (७७) दक्षिण देशमें परिभ्रमण करते हुए उसने एक श्वेताम्बर साधुको देखा और प्रणाम किया। उसके पास धर्म सुननेकी जिज्ञासा उसने प्रकट की। (७८) इसपर मुनिवरने कहा कि जिन द्वारा कहा गया धर्म तुम सुनो। श्रमणधर्म

---

१. सीहियं महादेविं—प्रत्य०। २. पौरबालकान्। ३. सूदकारः।

पञ्च य महव्वयाइं, समिईओ चेव पञ्च भणियाओ । तिण्णि य गुत्तिनिओगा, एसो धम्मो मुणिवराणं ॥ ८० ॥
हिंसालियचोरिक्का, परदारपरिग्गहस्स य नियत्ती । तिण्णि य गुणव्वयाइं, महुमंसविवज्जणं भणियं ॥ ८१ ॥
भगवं ! गेण्हामि वयं, जं भणसि महामुणी पयत्तेणं । एक्कं पुण हियइट्ठं, नवरि य मंसं न छड्डेमि ॥ ८२ ॥

मांसभक्षणविपाकः —

भणिओ तहेव मुणिणा, भुञ्जसि मंसं अयाणओ तं सि । तह पडिहिसि संसारे, तिमिंगिली जह गओ नरयं ॥ ८३ ॥
गिद्धा सुणय-सियाला, मंसं खायन्ति असण-तण्हाए । जे वि हु खायन्ति नरा, ते तेहि समा न संदेहो ॥ ८४ ॥
जो खाइऊण मंसं, मज्जइ तित्थेसु कुणइ वयनियमं । तं तस्स किलेसयरं, अयालकुसुमं व फलरहियं ॥ ८५ ॥
जो भुञ्जइ मूढमई, मंसं चिय सुक्क-रुहिरसंभूयं । सो पावकम्मगरुओ, सुइरं परिभमइ संसारे ॥ ८६ ॥
मंसासायणनिरओ, जीवाण वहं करेइ निक्खुत्तं । जीववहम्मि य पावं, पावेण य दोग्गइं जाइ ॥ ८७ ॥
जे मारिऊण जीवे, मंसं भुञ्जन्ति जीहदोसेणं । ते अहिवडन्ति नरए, दुक्खसहस्साउले भीमे ॥ ८८ ॥
ते तत्थ समुप्पन्ना, नरए बहुवेयणे नियकालं । छिज्जन्ति य भिज्जन्ति य, करवत्त-ऽसिवत्त-जन्तेसु ॥ ८९ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, मुणिवरविहियं भएण दुक्खाणं । होउं पसन्नहियओ, सोदासो सावओ जाओ ॥ ९० ॥
तत्तो महापुरे वि य, कालगए पत्थिवे सुयविहूणे । गयखन्धसमारूढो, सोदासो पाविओ रज्जं ॥ ९१ ॥
पुत्तस्स तेण दूओ, विसज्जिओ कुणह मे लहु पणामं । तेण वि भणिओ दूओ, न तस्स अहयं पणिवयामि ॥ ९२ ॥
सोऊण दूयवयणं, सोदासो निग्गओ बलसमग्गो । तस्स विसयं च पत्तो, बन्दियणुग्घुट्ठजयसद्दो ॥ ९३ ॥
सीहरहो वि अहिमुहो, चउरङ्गबलेण तत्थ निग्गन्तुं । आभिट्टो तेण समं, संगामो दारुणो जाओ ॥ ९४ ॥

---

बड़ा है और श्रावकधर्म छोटा है। (७९) पाँच महाव्रत, पाँच समिति तथा तीन गुप्तिके नियम कहे गये हैं। यह मुनिवरोंका धर्म है। (८०) हिंसा, असत्य, चोरी, परदारा एवं परिग्रहकी निवृत्ति, तीन गुणव्रत तथा मधु-मांसका त्याग—यह गृहस्थोंका धर्म कहा गया है। (८१) राजाने कहा कि, हे भगवन्! आप महामुनिने तकलीफ़ उठाकर जिस व्रतके बारेमें कहा है उसे मैं अंगीकार करता हूँ, किन्तु मनको प्रिय लगनेवाला मांस केवल नहीं छोड़ूँगा। (८२) इसपर मुनिने कहा कि अनजाने भी यदि तुम मांस खाओगे तो उसी प्रकार तुम संसारमें गिरोगे जिस प्रकार कि तिमिंगल मत्स्य नरकमें गया। (८३) भोजनकी तृष्णासे गीध, कुत्ते, गीदड़ मांस खाते हैं। जो मनुष्य भी मांस खाते हैं वे भी निस्सन्देह उनके जैसे ही हैं। (८४) जो मांस खाकर तीर्थोंमें स्नान और व्रत-नियम करता है, वह उसके लिए फलरहित अकालकुसुमकी भाँति क्लेशकर होता है। (८५) जो मूढ़मति शुष्क रुधिरसे पैदा होनेवाला मांस खाता है वह पाप-कर्मसे भारी हो दीर्घकालतक संसारमें घूमता है। (८६) मांसके आस्वादनमें निरत मनुष्य जीवोंका निश्चित वध करता है। जीववधमें पाप है और पापसे दुर्गतिमें उत्पत्ति होती है। (८७) जीभके दोषसे जो जीवोंको मारकर मांस खाते हैं वे हज़ारों दुःखोंसे व्याकुल ऐसे भयंकर नरकमें जाते हैं। (८८) वे बहुत दुःखवाले उस नरकमें उत्पन्न होकर अपने नियत कालतक करवत, तलवार तथा यंत्रोंसे छिन्न-भिन्न किये जाते हैं। (८९)

ऐसा मुनिवर द्वारा कहा गया वचन सुनकर दुःखोंके भयसे प्रसन्न हृदयवाला वह सौदास श्रावक हुआ। (९०) उसके बाद महापुरमें पुत्रहीन राजाके मरनेपर हाथीके स्कन्धपर आरूढ़ सौदासने राज्य प्राप्त किया। (९१) उसने पुत्रके पास दूत भेजा कि जल्दी ही आकर मुझे प्रणाम कर। उसने भी दूतसे कहा कि मैं उसे प्रणाम नहीं करूंगा। (९२) दूतका वचन सुनकर सौदास समग्र सैन्यके साथ आक्रमणके लिए निकला। बन्दीजनोंके द्वारा जिसके जय शब्दका उद्घोष किया जा रहा है ऐसा वह उसके प्रदेशके पास आ पहुँचा। (९३) सिंहरथ भी सामना करनेके लिए चतुरंग सैन्यके साथ निकल-

जेऊण सुयं समरे, तस्स य रज्जं महागुणं दाउं। सोदासो पव्वइओ, कुणइ तवं बारसवियप्पं ॥ ९५ ॥
सीहरहस्स वि पुत्तो, बम्भरहो नरवई समुप्पन्नो। तस्स वि चउम्मुहो वि य, हेमरहो जसरहो चेव ॥ ९६ ॥
पउमरहो य मयरहो, ससीरहो रविरहो य मन्धाओ। उदयरहो नरवसहो, वीरसुसेणो य पडिवयंणो ॥ ९७ ॥
नामेण कमलबन्धू, रविसत्तू तह वसन्ततिलओ य। राया कुबेरदत्तो, कुन्थू सरहो य विरहो य ॥ ९८ ॥
रहनिग्घोसो य तहा, मयारिदमणो हिरण्णनाभो य। पुञ्जत्थलो य ककुहो, राया रघुसो य नायव्वो ॥ ९९ ॥
एवं इक्खागकुले, समइक्कन्तेसु नरवरिन्देसु। साएयपुरवरीए, अणरण्णो पत्थिवो जाओ ॥ १०० ॥

दशरथः—

तस्स महादेवीए, पुहईए दो सुया समुप्पन्ना। पढमो य अणन्तरहो, बीओ पुण दसरहो जाओ ॥ १०१ ॥
माहेसरनयरवई, मित्तं सोऊण सहसकिरणं सो। पव्वइओ निविण्णो, इमस्स संसारवासस्स ॥ १०२ ॥
अणरण्णो वि नरवई, पुत्तं चिय दसरहं ठविय रज्जे। निक्खमइ सुयसमग्गो, पासे मुणिअभयसेणस्स ॥ १०३ ॥
छट्ठ-ऽट्ठम-दसम-दुवालसेहि मास-ऽद्धमासखमणेहिं। काऊण तवमुयारं, अणरण्णो पत्थिओ मोक्खं ॥ १०४ ॥
साहू वि अणन्तरहो, अणन्तबल-विरिय-सत्तिसंपन्नो। संजम-तव-नियमधरो, जत्थत्थमिओ मही भमइ ॥ १०५ ॥
अरुहत्थले नरिन्दो, सुकोसलो तस्स चेव महिलाए। अमयप्पभाएँ धूया, कन्ना अवराइया नामं ॥ १०६ ॥
सा दसरहस्स दिन्ना, परिणीया तेण वरविभूईए। अह कमलसंकुलपुरे, सुबन्धुतिलओ निवो तत्थ ॥ १०७ ॥
मित्ता य महादेवी, दुहिया चिय केकई ललियरूवा। सा दसरहेण कन्ना, परिणीया नाम सोमित्ती ॥ १०८ ॥
एवं जुवईहि समं, परिभुञ्जइ दसरहो महारज्जं। सम्मत्तभावियमई, देव-गुरूपूयणाभिरओ ॥ १०९ ॥

---

कर उसके साथ भिड़ गया। उस समय भयंकर लड़ाई हुई। (९४) पुत्रको युद्धमें जीतकर और उसे अतिसमृद्ध राज्य देकर सौदासने प्रव्रज्या ली और बारह प्रकारका तप करने लगा। (९५)

सिंहरथका पुत्र राजा ब्रह्मरथ हुआ। उससे भी चतुर्मुख, हेमरथ, यशोरथ, पद्मरथ, मृगरथ, शशिरथ, रविरथ, मान्धाता, राजा उदयरथ तथा प्रतिवचन क्रमशः हुए। इनके बाद कमलबन्धु, रविशत्रु, वसन्ततिलक, राजा कुबेरदत्त, कुन्थु, सरथ, विरथ, रथनिर्घोष, मृगारिदमन, हिरण्यनाभ, पुंजस्थल, ककुस्थ तथा रघु राजा जानने चाहिये। (९६-९) इस तरह इक्ष्वाकुकुलमें राजाओंके होनेके बाद उत्तम साकेतपुरीमें अनरण्य राजा हुआ। (१००) उसकी पटरानी पृथ्वीसे दो पुत्र पैदा हुए। पहला अनन्तरथ और दूसरा दशरथ हुआ। (१०१) माहेश्वर नगरीका राजा और अपना मित्र सहस्रकिरण दीक्षित हुआ है ऐसा सुनकर अनरण्यको इस संसारपर वैराग्य आया। (१०२) अनरण्य राजाने भी अपने पुत्र दशरथको राज्यपर स्थापित करके अनन्तरथ नामक पुत्रके साथ अभयसेन मुनिके पास दीक्षा ली। (१०३) बेला, तेला, दशम (चार उपवास), द्वादश (पाँच उपवास), अर्धमासक्षमण (पंद्रह दिनका उपवास) और मासक्षमण (एक महीनेका उपवास) द्वारा घोर तप करके अनरण्य राजा मोक्षमें गया। (१०४) अनन्त बल, वीर्य एवं शक्तिसे सम्पन्न तथा संयम, तप एवं नियमका धारक और सूर्य जहाँ अस्त होता वहीं ठहरनेवाला अनन्तरथ साधु भी पृथ्वीपर विहार करने लगा। (१०५)

अरुहस्थलमें सुकोशल राजा था। उसकी पत्नी अमृतप्रभाकी पुत्री अपराजिता नामकी थी। (१०६) वह दशरथको दी गई। बड़े आडम्बरके साथ उसके द्वारा वह ब्याही गई। कमलसंकुलपुरमें सुबन्धुतिलक नामका राजा था। (१०७) उसकी महादेवी मित्रा तथा सुन्दर रूपवाली पुत्री कैकयी थी। उसके साथ दशरथने विवाह किया और उसका नाम सुमित्रा रखा गया। (१०८) इस प्रकार सम्यक्त्वसे भावित मतिवाला तथा देव एवं गुरुकी पूजामें निरत दशरथ युवतियोंके साथ महाराज्यका उपभोग करने लगा। (१०९)

---

१. नियमरओ—प्रत्य०।

जे भरहाइनराहिवसूरा, उत्तमसत्ति-सिरीसंपन्ना । ते जिणधम्मफलेण महप्पा, होन्ति पुणो विमला-ऽमलभावा ॥ ११० ॥

॥ इय पउमचरिए सुकोसलमाहप्पजुत्तो दसरहउप्पत्तिभिहाणो नाम बावीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## २३. बिहीसणवयणविहाणं

अह अन्नया कयाई, सहाएँ मज्झम्मि दसरहो राया । चिट्ठइ सुहासणत्थो, ताव च्चिय नारओ पत्तो ॥ १ ॥
अब्भुट्ठिओ य सहसा, नरवइणा आसणे सुहनिसण्णो । परिपुच्छिओ य भयवं !, कत्तो सि तुमं परिब्भमिओ ? ॥ २ ॥
दाऊण य आसीसं, भणइ तओ नारओ जिणहराणं । वन्दणनिमित्तहेउं, पुव्वविदेहं गओ अहयं ॥ ३ ॥
अह पुण्डरोगिणीए, सीमन्धरजिणवरस्स निक्खमणं । दिट्ठं मए महायस !, सुरअसुरसमाउलं तत्थ ॥ ४ ॥
सीमंधरभगवन्तं, नमिऊणं चेइयाइँ तत्थ पुणो । मन्दरगिरिं गओ हं, पणमामि जिणालए तुट्ठो ॥ ५ ॥
सुरगणसेवियसिहरं, काऊण पयाहिणं नगवरिन्दं । तुरियं च पडिनियत्तो, अभिवन्दन्तो जिणहराइं ॥ ६ ॥
तो नारएण भणिओ, साएयवई ! सुणेहि मह वयणं । अवसारेसु य लोयं, जेण रहस्सं निवेएमि ॥ ७ ॥
ओसारियम्मि लोए, कहेइ तो नारओ नरवइस्स । वन्दणकएण नवरं, तिकूडसिहरं गओ अहयं ॥ ८ ॥
तत्थ जिणसन्तिभवणं, अभिवन्देऊण चिट्ठमाणेणं । तुह पुण्णपभावेणं, तं मे अवहारियं वयणं ॥ ९ ॥
नेमित्तिएण सिट्ठं, सायरविहिणा उ रावणं समरे । जह दहरहस्स पुत्तो, मारिहिइ न एत्थ संदेहो ॥ १० ॥
जणयदुहियानिमित्तं, सुणिऊण बिहीसणो भणइ एवं । मारेमि दसरहं तं, जाव [1]सुओ से न संभवइ ॥ ११ ॥
अहमवि बिभीसणेणं, भणिओ जाणासि कहिं दसरहो सो ? । जणओ य साहसु फुडं, भयवं ! मा कुणह वक्खेवं ॥ १२ ॥

---

उत्तम शक्ति एवं श्रीसे सम्पन्न जो महात्मा भरतादि शूरवीर राजा हुए हैं वे जिनधर्मके फलस्वरूप विमल और स्वच्छ भाववाले हुए हैं । (११०)

। पद्मचरितमें सुकोशलके महात्म्यसे युक्त दशरथकी उत्पत्तिका अभिधान नामक बाईसवाँ उद्देश समाप्त हुआ ।

## २३. बिभीषणका कथन

अन्यदा कभी राजा दशरथ सभामें सुखासन पर बैठे थे, उस समय नारद वहाँ आया । (१) आसन पर आरामसे बैठा हुआ राजा सहसा खड़ा हुआ और पूछा कि, भगवन् ! आप घूमते हुए कहाँसे पधारे हैं ? (२) तब आशीर्वाद देकर नारदने कहा कि जिनमन्दिरोंके वन्दनार्थ मैं पूर्वविदेहक्षेत्रमें गया था । (३) हे महायश ! वहाँ मैंने पुण्डरीकिणी नगरीमेंसे सुर एवं असुरोंसे युक्त सीमन्धरस्वामीका निष्क्रमण देखा । (४) सीमन्धर भगवान् तथा वहाँ आये हुये अन्य चैत्योंको वन्दन करके मैं मन्दराचल पर गया और तुष्ट होकर जिनालयोंमें प्रणाम किया । (५) देवगणके द्वारा जिसके शिखरकी सेवा की जाती है ऐसे उस उत्तम पर्वतकी प्रदक्षिणा करके जिनमन्दिरोंको वन्दन करता हुआ मैं शीघ्र ही वापस लौटा । (६) फिर साकेतपति दशरथको नारदने कहा कि मेरा कहना आप सुनें । आप लोगोंको दूर करें, जिससे मैं गुप्त बात कह सकूँ । (७) लोगोंको हटाने पर नारदने राजासे कहा कि वन्दनके लिए मैं त्रिकूटशिखर पर गया था । (८) वहाँ भगवान् शान्तिनाथके मन्दिरमें वन्दन करके मैं ठहरा हुआ था कि आपके पुण्यप्रभावसे मैंने वह वचन सुना जो एक नैमित्तिकने कहा था 'सागर-मार्गसे आकर दशरथका पुत्र जनककी पुत्री सीताके कारण रावणको युद्धमें मारेगा, इसमें सन्देह नहीं है ।' यह सुनकर बिभीषणने कहा कि दशरथको ही मैं मार डालूँ जिससे उसे पुत्र न हो । (९-११) बिभीषणने मुझसे भी पूछा कि वह दशरथ और जनक कहाँ हैं यह आप जानते हैं ? हे भगवन् ! आप ब्योरेसे कहें । इसका आप प्रतिषेध न करें । (१२) मैंने बिभीषणसे

---

१. सुओ नेव संभवइ—प्रत्य० ।

भणिओ बिभीसणो मे, अहयं न सुणेमि ताण उप्पत्ती । दाऊण उत्तरमिणं, इहागओ तुज्झ पासम्मि ॥ १३ ॥
एवं ते परिकहियं, सम्मद्दिट्ठिस्स तुज्झ नेहेणं । ताव करेहि उवायं, जाव य न बिभीसणो एइ ॥ १४ ॥
दाऊण य उवएसं, अइतुरियं नारओ गओ मिहिलं । जणयस्स वि निस्सेसं, कहेइ वत्तं मरणहेउं ॥ १५ ॥
मरणमहब्भयभीओ, नराहिवो दसरहो समप्पेउं । मन्तीण कोस-देसं, विणिग्गओ तत्थ पच्छन्नो ॥ १६ ॥
ताव य मन्तीहि लहुं, लेप्पमयं दसरहस्स पडिबिम्बं । काराविय मणोज्जं, सत्ततले भवणपासाए ॥ १७ ॥
एसो च्चिय वित्तन्तो जणयस्स वि कारिओ य मन्तीहिं । नट्ठा भमन्ति दोण्णि वि, पुहई पच्छन्नरूवधरा ॥ १८ ॥
ताव य बिहीसणेणं, साएयपुरीएँ पेसिया पुरिसा । हिण्डन्ति गवेसन्ता, नराहिवं दिन्नदिट्ठीया ॥ १९ ॥
रायहरं असमत्था, पविसेउं जाव ते चिरावेन्ति । ताव य साएयपुरिं, बिहीसणो आगओ तुरियं ॥ २० ॥
तडिविलसिएण सिग्घं, बिहीसणाणत्तियाएँ भवणवरं । पविसेऊण य छिन्नं, सीसं चिय कित्तिमनिवस्स ॥ २१ ॥
लक्खारसपगलन्तं, सीसं तडिविलसिएण घेत्तूणं । रयणीएँ सयं दट्ठुं, पुणरवि दावेन्ति सामिस्स ॥ २२ ॥
अन्तेउरे पलावं, सोऊण सिरं महीएँ मोत्तूण । मणपवणजणियवेओ, बिहीसणो पत्थिओ लङ्कं ॥ २३ ॥
परिवग्गो वि पलावं, काऊणं पेयकम्मकरणिज्जं । दहरहसमूसुयमणो, अच्छइ य दिसिं पलोयन्तो ॥ २४ ॥
एत्तो बिभीसणो वि य, गुरूण सम्माण-दाण-पूयाई । कुणइ पयत्तेणं चिय, आणन्दं हरिसियमईओ ॥ २५ ॥

परभवजणियं जं दुक्कयं सुक्कयं वा, परिणमइ नराणं तं तहा नेव मिच्छं ।
इइ मुणिय विसेसं घोरसंसारवासं, कुणह विमलभावं मोक्खमग्गे जिणाणं ॥ २६ ॥

॥ इय पउमचरिए बिहीसणवयणविहाणो नाम तेवीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

---

कहा कि मैंने उनकी उत्पत्तिके बारेमें नहीं सुना है। यह उत्तर देकर मैं आपके पास आया हूँ। (१३) सम्यग्दृष्टिके ऊपर स्नेहके कारण मैंने तुमसे यह बात कही है। जबतक बिभीषण नहीं आता तबतक तुम उपाय करो। (१४)

उपदेश देकर नारद बहुत त्वरासे मिथिला गया और जनकसे भी मरणका हेतुभूत समग्र वृत्तान्त कह सुनाया। (१५) मरणके भयसे अत्यन्त डरकर दशरथ राजा मन्त्रियोंको कोश व देश देकर बाहर चला गया और वहीं छिप गया। (१६) तब मंत्रियोंने शीघ्र ही सात तलवाले प्रासादमें दशरथकी सुन्दर लेपमयी मूर्ति बनवाई। (१७) जनकका भी यही वृत्तान्त मंत्रियोंने किया। भागे हुए वे दोनों गुप्त रूप धारण करके पृथ्वी पर भ्रमण करने लगे। (१८) उधर बिभीषणने साकेतपुरीमें आदमी भेजे। दृष्टि लगाकर राजाको खोजते हुए वे घूमते थे। (१९) राजगृहमें प्रवेश पानेके लिए असमर्थ उन्हें विलम्ब हो रहा था, अतः साकेतपुरीमें बिभीषण शीघ्र आया। (२०) बिभीषणकी आज्ञासे महलमें दाखिल होकर कृत्रिम राजाका मस्तक फौरन ही तलवारसे काट डाला गया। (२१) लाक्षारस जिसमेंसे टपक रहा है ऐसे मस्तकको तलवारसे उठाकर उसने रातमें स्वयं देखा और फिर स्वामीको दिया। (२२) अन्तःपुरमें रोना धोना सुनकर सिर जमीन पर रख दिया गया। मन एवं पवनके समान वेगवाले बिभीषणने लंकाकी ओर प्रस्थान किया। (२३) परिजनवर्ग भी रुदन एवं प्रेतकर्म करके दशरथके लिए उत्सुकमना होकर दिशाओंको देखने लगा। (२४) उधर बिभीषण भी गुरुओंका उत्साहके साथ सम्मान, दान एवं पूजन आदि करके मनमें प्रसन्न होता हुआ आनन्द करने लगा। (२५)

परभवमें किया हुआ दुष्कृत अथवा सुकृत लोगोंको उसी तरहसे अर्थात् बुरे या अच्छे रूपसे परिणत होता है, यह मिथ्या नहीं है। यहाँ अर्थात् इस जन्ममें भयंकर संसारवासको भलीभाँति जानकर जिनप्रोक्त मोक्षमार्गमें विमल भाव धारण करो। (२६)

। पद्मचरितमें बिभीषणका कथन-विधान नामक तेईसवाँ उद्देश समाप्त हुआ।

---

१. विलावं—प्रत्य० ।

## २४. केगइपरिणयण-वरसंपायणवण्णणं

**कैकयी—**

तस्स भमन्तस्स तया, जं वत्तं तं सुणेहि मगहवई ! । तं ते कहेमि सव्वं, सुणेहि इह अवहिओ होउं ॥ १ ॥
उत्तरदिसाएँ नयरं, इह कोउयमङ्गलं मणभिरामं । तत्थऽऽसी नरवसभो, गुणाहिओ सुहमई नामं ॥ २ ॥
महिला से पुहइसिरी, धूया वि य केगई पवरकन्ना । पुत्तो य दोणमेहो, जोव्वणलायण्णपडिपुण्णो ॥ ३ ॥
कन्तिपडिपुण्णसोहा, रूवाईसयगुणेहि उववेया । विविहकला-ऽऽगमकुसला, सा कन्ना बुद्धिसारेणं ॥ ४ ॥
नट्टं सलक्खणगुणं, गन्धव्वं सरविहत्तिसंजुत्तं । जाणइ आहरणविही, चउव्विहं चेव सविसेसं ॥ ५ ॥
विज्जं सभेयभिन्नं, लिविसत्थं सद्दलक्खणं सयलं । गयतुरयलक्खणं चिय, गणियं छन्दं निमित्तं च ॥ ६ ॥
आलेक्खं लेप्पमयं, पत्तच्छेज्जं च भोयणविही य । बहुविहरयणविसेसं, कुसुमविसेसं सभेयजुयं ॥ ७ ॥
विविहा य गन्धजुत्ती, लोयन्नाणं तहेव सविसेसं । एयासु य अन्नासु य, कलासु कन्ना समुवहइ ॥ ८ ॥
दट्ठूण नरवरिन्दो, कन्नं नवजोव्वणं विचिन्तेइ । को से वरो णु सरिसो, पुहइयले होहिइ इमाए ? ॥ ९ ॥
जो से मणस्स इट्ठो, तं गिण्हउ वा सयंवरा कन्ना । एव भणिऊण सहसा, नराहिवा मेलिया सव्वे ॥ १० ॥
ते च्चिय तहिं समन्ता, दसरह-जणया तओ मिलेऊणं । अन्नोन्नमुणियनिहसा, दो वि तहिं चेव संपत्ता ॥ ११ ॥
मञ्चेसु य उवविट्ठा, हरिवाहणमाइया नरवरिन्दा । सयलपरिवारसहिया, आहरणविभूसियसरीरा ॥ १२ ॥
सा वि तहिं वरकन्ना, सव्वालंकारसुकयनेवच्छा । मङ्गलसओवगीया, रायसमुद्दं समोइण्णा ॥ १३ ॥
पासेसु चामराइं, उवरिं छत्तं समोत्तिओऊलं । पुरओ य महातूरं, वज्जइ घणसरिसनिग्घोसं ॥ १४ ॥
लीलाएँ संचरन्ती, नियन्ति तं पत्थिवा अणिमिसच्छा । उम्माइया खणेणं, बहवे आयल्लयं पत्ता ॥ १५ ॥

---

## २४. कैकयीका विवाह और उसके द्वारा वर-सम्पादन

हे मगधपति ! उस समय घूमते हुए उसका जो हुआ वह सुनो। मैं वह सब कहता हूँ, अतः ध्यान लगाकर इसे तुम सुनो। (१) उत्तर दिशामें कौतुकमंगल नामका एक मनोहर नगर है। वहाँ अधिक गुणवाला शुभमति नामका एक राजा रहता था। (२) उसकी पत्नी पृथ्वीश्री और सुन्दर पुत्री कैकयी थी तथा यौवन एवं लावण्यसे परिपूर्ण द्रोणमेघ पुत्र था। (३) बुद्धिके प्रकर्षके साथ ही साथ वह कन्या कान्तिसे परिपूर्ण शोभावाली, रूपादि सैकड़ों गुणोंसे युक्त तथा विविध कलाओं और शास्त्रोंमें कुशल थी। (४) लक्षण और गुणोंसे युक्त नृत्य, स्वरविभक्ति ( आरोह अवरोह ) से युक्त गानविद्या और विशेष रूपसे चार प्रकारकी आभरणविधि वह जानती थी। (५) भेद-प्रभेदयुक्त विद्या, लिपिशास्त्र, समग्र शब्दलक्षण ( व्याकरण ), हाथी एवं घोड़ेके लक्षण, गणित, छन्द, निमित्तशास्त्र, दीवारके ऊपर चित्र बनानेकी आलेख्य विद्या, पत्रच्छेद्य, भोजनविधि, बहुविध रत्नोंकी परीक्षा, अनेक प्रकारके भेदसे युक्त पुष्पोंकी परीक्षा, विविध प्रकारोंकी गन्धोंका आयोजन तथा लोकका विशिष्ट ज्ञान ये तथा दूसरी कलाएँ वह कन्या धारण करती थी। (५-८) अभिनव यौवनसे सम्पन्न उस कन्याको देखकर राजा सोचने लगा कि इस पृथ्वीतल पर इस कन्याके योग्य कौन वर होगा ? (९) जो उसके अपने मनमें इष्ट हो उसे स्वयं वरण करनेवाली यह कन्या ग्रहण करे—ऐसा कहकर उसने सहसा सब राजाओंको इकट्ठा किया। (१०) चारों ओरसे वे भी वहाँ जमा हुये एक-दूसरेका परिचय प्राप्त किए हुए दशरथ एवं जनक दोनों भी वहाँ आये। (११) आभूषणोंसे विभूषित शरीरवाले हरिवाहन आदि राजा सम्पूर्ण परिवारके साथ मंचों पर बैठ गये। (१२) सब अलंकारों से भूषित और वस्त्रोंसे भलीभाँति सजी हुई तथा सैकड़ों मंगल गीतों द्वारा गाई जाती वह सुन्दर कन्या उस राजसमुद्रमें उतरी। (१३) उसके दोनों पार्श्वोंमें चामर डुल रहे थे, ऊपर मोतियोंसे व्याप्त छत्र था और आगे बादलके समान ध्वनि करनेवाला बड़ा वाद्य बज रहा था। (१४) लीलापूर्वक गमन करती हुई उसे अपलक नेत्रोंसे देखते हुए राजा क्षणभरमें पागल-से हो गये। बहुतसे तो बेचैनीका अनुभव करने

मयहरयदाविए ते, सबे वि नराहिवे पलोएउं । बालाएँ कया माला, सिग्घं कण्ठे दसरहस्स ॥ १६ ॥
आलइयकण्ठमालं, दट्ठूणं दसरहं जणो भणइ । रूवेण अणन्नसमो, नवरं तु अणायकुल-वंसो ॥ १७ ॥
केइत्थ नरवरिन्दा, भणन्ति जोगो वरो सुलायण्णो । गहिओ कन्नाएँ इमो, पुवक्कम्माणुजोएणं ॥ १८ ॥
अन्ने भणन्ति रुट्ठा, देसियपुरिसस्स अमुणियकुलस्स । एयस्स हरह कन्नं, सिग्घं चिय मा चिरावेह ॥ १९ ॥
अह ते खणेण सबे, सन्नद्धे पेच्छिऊण नरवसभे । तो सुहमई नरिन्दो, वयणं जामाउयं भणइ ॥ २० ॥
जाव य सरेहि समरे, धाडेमि इमे अहं नरवरिन्दे । ताव य कन्नाएँ समं, पविससु नयरं रहारूढो ॥ २१ ॥
जं एव समालत्तो, भणइ तओ मं[1]म! किं विसण्णो सि?। थोवन्तरेण पेच्छसु, भज्जन्ते रणमुहे एए ॥ २२ ॥
एव भणिऊण तो सो, सन्नद्धो रहवरं समारूढो । पग्गहकरावलग्गा, धुरासणे केगई तस्स ॥ २३ ॥
जस्स ससिमण्डलनिभं, दीसइ छत्तं भडाण मज्झम्मि । एयस्स तुरियवेयं, वाहेहि रहं विसालच्छि! ॥ २४ ॥
एव भणियाएँ सिग्घं, ओसियधयदण्डमण्डणाडोवो । तह वाहिओ रहवरो, जह खुहियं रिउबलं सयलं ॥ २५ ॥
जुज्झन्तेण रणमुहे, सरेहि परिहत्थदच्छसुक्केहिं । भग्गा नासन्ति भडा, अन्नन्नं चेव लङ्घन्ता ॥ २६ ॥
हेमप्पभेण सबे, नियय[2]भडा चोइया पडिणियत्ता । मुञ्चन्ता सरनिवहं, आवडिया दसरहं समरे ॥ २७ ॥
हत्थीसु रहवरेसु य, तुरङ्गजोहेसु वेढिओ समरे । जुज्झइ अविसण्णमणो, मुञ्चन्तो आउहसयाइं ॥ २८ ॥
चउसु वि दिसासु सिग्घं, भमइ चिय दसरहो रहारूढो । गयवर-तुरङ्ग-जोहे, घायन्तो सत्थपहरेहिं ॥ २९ ॥
दट्ठूण भउब्विग्गं, सेन्नं हेमप्पभो नरवरिन्दो । पुरओ अवट्ठिओ दसरहस्स परिबद्धतोणीरो ॥ ३० ॥
छिन्नकवया-ऽऽयवत्तो, सरेहि हेमप्पहो कओ विरहो । सिग्घं रणमज्झाओ, सेन्नेण समं समोसरइ ॥ ३१ ॥

---

लगे। (१५) प्रतीहारी द्वारा निवेदित उन सब राजाओंको देखकर उस कन्याने फौरन ही दशरथके गलेमें माला डाली। (१६) योग्य स्थानमें आरोपित कण्ठमालावाले दशरथको देखकर लोग कहने लगे कि रूपसे तो यह अनन्यसदृश है, केवल इसका कुल एवं वंश ही अज्ञात है। (१७) वहाँ आये हुए राजाओंमेंसे कई राजा कहने लगे कि इस कन्याने पूर्वकर्मके योगसे यह लावण्ययुक्त योग्य वर प्राप्त किया है। (१८) दूसरे रुष्ट होकर कहने लगे कि अज्ञात कुलवाले इस प्राकृत (सामान्य) पुरुषकी कन्याको शीघ्र ही हर लो। देर मत करो। (१९) क्षणभरमें ही उन राजाओंको शस्त्रसज्ज देख शुभमति राजाने दामादसे कहा कि जबतक मैं इन राजाओंको युद्धमेंसे बाणोंके द्वारा भगाता नहीं हूँ तबतक तुम कन्याके साथ रथमें आरूढ होकर नगरमें प्रवेश करो। (२०-१) इस तरह कहने पर वह कहने लगा कि मेरे लिए आप दुःखी क्यों हैं? थोड़ी देरके बाद ही आप इन्हें युद्धक्षेत्रमेंसे भागते हुए देखोगे। (२२) ऐसा कहकर वह सज्ज हो रथ पर सवार हुआ। उस रथकी धुराके आसन पर हाथमें लगाम धारण करके कैकयी बैठी। (२३) हे विशालाक्षी! सुभटोंके बीच जिसका चन्द्रमंडलके समान छत्र दिखाई पड़ता है उसके समीप तीव्र वेगवाले रथको ले जाओ। (२४) इस प्रकार कहने पर उसने ऊपर उठे हुए ध्वजदण्ड तथा मण्डपके आटोपवाले रथको ऐसा चलाया कि सारा शत्रुसैन्य क्षुब्ध हो गया। (२५) युद्धमें लड़ते हुए उसके द्वारा पूर्ण दक्षताके साथ फेंके गये बाणोंसे एक-दूसरेका उल्लंघन करते हुए सुभट भाग खड़े हुए और नष्ट हुए। (२६) हेमप्रभ द्वारा प्रेरित उसके सब भट वापस लौटे और युद्धक्षेत्रमें बाणोंको छोड़ते हुए उन्होंने दशरथ पर आक्रमण किया। (२७) हाथी, रथ, घोड़े तथा योद्धाओंसे रणभूमिमें घिरा हुआ वह मनमें खिन्न हुए बिना ही सैकड़ों आयुधोंको छोड़ता हुआ युद्ध करने लगा। (२८) हाथी, घोड़े और योद्धाओंका शस्त्रोंके प्रहारसे विनाश करता हुआ दशरथ रथमें आरूढ हो चारों दिशाओंमें जल्दी-जल्दी घूमने लगा। (२९) भयसे उद्विग्न सैन्यको देखकर जिसने तरकश बाँधा है ऐसा हेमप्रभ राजा दशरथके आगे उपस्थित हुआ। (३०) बाणोंसे जिसका कवच और छत्र छिन्नभिन्न कर दिया गया है ऐसा हेमप्रभ रथसे च्युत हो शीघ्र ही रणभूमिमेंसे सैन्यके साथ लौट गया। (३१) हेमप्रभके भागने

---

१. महत्तरकदर्शितान् : २. सामि।—प्रत्य०।

हेमप्पभम्मि भग्गे, बन्दिजणाइण्णघुट्ठजयसद्दो । कन्नाएँ समं नयरं, पविसरइ रहेण वीसत्थो ॥ ३२ ॥
तो सो पाणिग्गहणं, करेइ विहिणा जणेण परिकिण्णो । कोउयमङ्गलनिलए, परिणीओ दसरहो राया ॥ ३३ ॥
परमविभूईएँ तओ, महिला[1] घेत्तूण सयलपरिवारो । पडियागओ विणीयं, अणरण्णसुओ पहियकित्ती ॥ ३४ ॥
मन्ति-भड-पुरजणेणं, ठविओ पुण दसरहो महारज्जे । भुञ्जइ भोगसमिद्धिं, सग्गे वाऽऽखण्डलो मुइओ ॥ ३५ ॥
संपत्थिओ य मिहिलं[2], जणओ वि ससंभमो दढधिईओ । पुणरवि रज्जाणन्दं, परितुट्ठो कुणइ सविसेसं[3] ॥ ३६ ॥
अह केगई कयाई, भणिया अणरण्णपत्थिवसुएणं । भद्दे ! मणस्स इट्ठं, जं मग्गसि तं पणामेमि ॥ ३७ ॥
जं तइया संगामे, सारच्छगुणेण तोसिओ अहयं । तस्सुवयारस्स फलं, मग्गसु मा ने चिरावेहि ॥ ३८ ॥
तो केगईएँ भणिओ, संपइ नत्थेत्थ कारणं किंचि । काले जत्थ नराहिव !, मग्गिस्सं तत्थ देज्जासु ॥ ३९ ॥

वरजुवइसमग्गो तिव्वभोगाणुरत्तो, महुरसरनिणाओ गिज्जमाणो महप्पा ।
भडमउडमऊहालीढपायप्पएसो, रमइ विमलकित्ती सेसकालं नरिन्दो ॥ ४० ॥

॥ इय पउमचरिए केगइवरसंपायणो नाम चउवीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## २५. चउभाइविहाणं

अह अन्नया कयाई, देवी अवराइया सुहपसुत्ता । पेच्छइ य पवरसुमिणे, रयणीए पच्छिमे जामे ॥ १ ॥
वरकुसुमकुन्दवण्णं, सीहं सूरं तहेव रयणियरं । दट्ठूण अह विबुद्धा, पइणो सुमिणे परिकहेइ ॥ २ ॥

---

पर बन्दीजनोंके द्वारा जिसकी जयध्वनि उद्घोषित की जा रही है ऐसे उसने विश्वस्त हो रथ द्वारा कन्याके साथ नगरमें प्रवेश किया। (३२) तब लोगोंसे घिरे हुए तथा कौतुक एवं मंगलके धाम रूप परिणीत दशरथ राजाने विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। (३३) इसके बाद बड़े भारी ऐश्वर्यके साथ पत्नीको लेकर विस्तृत यशवाला दशरथ सकल परिवारके सहित साकेत-पुरीमें लौट आया। (३४) मंत्री, सुभट एवं नगरजनोंने पुनः दशरथको महाराज्यमें प्रतिष्ठित किया। वह मुदित होकर स्वर्गमें इन्द्रकी भाँति भोग समृद्धिका उपभोग करने लगा। (३५) दृढ़ बुद्धिवाले जनकने भी मिथिलाकी ओर उत्कण्ठाके साथ प्रस्थान किया। तुष्ट वह पुनः सविशेष रूपसे राज्य सुख मनाने लगा। (३६)

एक बार कैकयीसे दशरथने कहा कि, भद्रे ! मनमें जो प्रिय हो वह यदि तुम माँगोगी तो मैं वह दूँगा। (३७) उस समय संग्राममें तुम्हारे सारथिपनके गुणसे मैं बहुत प्रसन्न हुआ हूँ। उस उपकारका फल तुम माँगो। विलंब मत करो। (३८) तब कैकयीने कहा कि, हे राजन् ! इस समय तो कोई माँगनेका कारण नहीं है। जब मैं माँगूँगी तब तुम देना। (३९) सुन्दर युवतियोंसे युक्त भोगोंमें अत्यन्त अनुरक्त, सुखके सरोवरमें स्नान करनेवाला, जिसके गीत गाये जाते हैं, सुभटोंके मुकुटमेंसे निकलनेवाली किरणें जिसका पादप्रदेश छूती हैं—ऐसा वह विमल कीर्तिवाला महात्मा राजा दशरथ शेष समय आनन्द क्रीड़ा करता था। (४०)

। पद्मचरितमें कैकयी द्वारा वरसंपादन नामक चौबीसवाँ उद्देश समाप्त हुआ ।

## २५. चार भाई

कभी रातके पिछले प्रहरमें आरामसे सोई हुई देवी अपराजिताने उत्तम स्वप्न देखे। (१) उत्तम कुन्द पुष्पके समान वर्णवाले सिंह, सूर्य एवं चन्द्रमाको देखकर वह जाग गई। उसने स्वप्नोंके बारेमें पतिसे कहा। (२) उन उत्तम स्वप्नोंको

---

१. महिलं—प्रत्य०। २. मिथिलानगरीम्। ३. सिग्घं—मु०।

सोऊण पवरसुमिणे, सत्थत्थविसारओ नरवरिन्दो । भणइ इमे वरपुरिसं, सुन्दरि ! पुत्तं निवेएन्ति ॥ ३ ॥
तयणन्तरं सुमित्ता, पेच्छइ सुमिणे निसावसाणम्मि । लच्छी[1] कमलविहत्था, ससि-सूरे किरणपज्जलिए ॥ ४ ॥
अत्ताणं अइतुङ्गे, गिरिवरसिहरे अवट्ठिया सन्ती । सायरवरपेरन्तं, पेच्छइ पुहइं चिय पसत्थं ॥ ५ ॥
सूरुग्गमम्मि तो सा, गन्तूण कहेइ सुविणए पहणो । तेण वि य तीऍ सिट्ठं, होही पुत्तो तुमं भद्दे ! ॥ ६ ॥
अवराइया कयाई, गुरुभारा सोहणे तिहि-मुहुत्ते । पुत्तं चेव पसूया, वियसियवरपउमसरिसमुहं ॥ ७ ॥
जम्मूसवो महन्तो, तस्स कओ दसरहेण तुट्ठेणं । नामं च विरइयं से, पउमो पउमप्पलदलच्छो ॥ ८ ॥
तत्तो चेव पसूया, सोमित्ती दारयं परमरूवं । तस्स वि य महाणन्दो, सविसेसो नरवईण कओ ॥ ९ ॥
वेरियघरेसु जाया, उप्पाया दारुणा महापावा । बन्धवनयरेसु पुणो, कहेन्ति सुहसंपयं विउलं ॥ १० ॥
नीलुप्पलदलसामो, जेणं चिय लक्खणेसु उववेओ । तेणं गुणाणुरूवं, छूढं चिय लक्खणो नामं ॥ ११ ॥
अह दो वि बालया ते, रिङ्खण-चंकमणयाइ कुणमाणा । वड्ढन्ति लच्छिनिलया, आभरणविभूसियसरीरा ॥ १२ ॥
बहुविहजम्मसिणेहा, अन्नोन्नवसाणुगा वरकुमारा । बन्धवहिययाणन्दा, रक्खिज्जन्ते पयत्तेणं ॥ १३ ॥
अह केगई पसूया, भरहकुमारं तहेव सत्तुघणं[2] । जम्मूसवो महन्तो, ताणं पि कओ नरवईणं ॥ १४ ॥
अह ते कुमारसीहे, चत्तारि वि सत्ति-कन्ति-बलजुत्ते । कलगहण-धारणसहे, दट्ठूण समाउलो राया[3] ॥ १५ ॥
अत्थेत्थ महानयरी, कम्पिल्ला तत्थ भग्गवो नामं । तस्सऽइराणी महिला, पुत्तो वि य अइरकुच्छी सो ॥ १६ ॥
अइलालिओ सं दूरं, अविणयकारी जणस्स अइवेसो । निद्धाडिओ पुराओ, पियरेणं अयसभीएणं ॥ १७ ॥

---

सुनकर शास्त्रके अर्थमें विशारद राजाने कहा कि, हे सुन्दरी ! ये स्वप्न उत्तम पुरुष रूप पुत्रको सूचित करते हैं। (३) उसके बाद सुमित्राने रात्रिके अवसानके समय स्वप्नमें हाथमें कमल धारण की हुई लक्ष्मी तथा किरणोंसे प्रज्वलित चन्द्र एवं सूर्य देखे। (४) पर्वतके अत्युच्च शिखर पर स्वयं स्थित होकर सागर-पर्यन्त फैली हुई प्रशस्त पृथ्वीको देखा। (५) सूर्योदय होने पर पतिके पास जाकर स्वप्न कहे। उसने भी उसे कहा कि, हे भद्रे ! तुम्हें भी पुत्र होगा। (६)

गर्भवती अपराजिताने कभी शुभ तिथि एवं मुहूर्तमें खिले हुए उत्तम कमलके समान मुखवाले पुत्रको जन्म दिया। (७) तुष्ट दशरथने उसका बड़ा भारी जन्मोत्सव मनाया और पद्मकमलके दलकी-सी कान्तिवाले उसका नाम पद्म रखा। (८) उसके बाद सुमित्राने भी अत्यन्त रूपवान् पुत्रको जन्म दिया। उसका भी राजाने बड़ा भारी विशिष्ट उत्सव मनाया। (९) शत्रुओंके घरोंमें महापापके सूचक दारुण उत्पात हुए, जबकि मित्रोंके नगरोंमें विपुल सुखसम्पत्ति कही गई। (१०) नीलकमलके दलके समान श्याम वर्णवाला वह लक्षणोंसे युक्त था, अतः गुणके अनुरूप उसका नाम लक्ष्मण रखा गया। (११) शोभाके धाम रूप तथा आभूषणोंसे विभूषित शरीरवाले वे दोनों बालक रेंगना, चलना आदि करते हुए बढ़ने लगे। (१२) जन्मोंसे ही स्नेह रखनेवाले, एक-दूसरेके वशवर्ती तथा बन्धुजनोंके हृदयको आनन्द देनेवाले उन उत्तम कुमारोंकी प्रयत्नके साथ रक्षा की जाती थी। (१३) इसके बाद कैकयीने भरतकुमार तथा शत्रुघ्नको जन्म दिया। राजाने उनका भी बड़ा भारी जन्मोत्सव मनाया। (१४) शक्ति, कान्ति एवं बलसे युक्त तथा कलाओंके धारण व ग्रहणमें समर्थ उन कुमारसिंहोंको देखकर राजा व्याकुल हुआ। (१५)

यहाँ पर काम्पिल्य नामकी महानगरी है। वहाँ एक भार्गव रहता था। उसकी अचिरा नामकी पत्नी थी। अचिराकी कुक्षिसे एक पुत्र हुआ। (१६) बहुत दुलारमें पालापोसा गया वह अविनयी लोगोंके अतिद्वेषका विषय हुआ, अतः अपयशसे डरे हुए पिताने उसे नगरमेंसे बाहर दूर निकाल दिया। (१७) दो वर्ष पहना हुआ वह महानगर राजगृहमें आया। वहाँ धनुर्वेदमें अतिकुशल वैवस्वत नामका आचार्य

---

१. लच्छिं कमलविहत्थं—प्रत्य०। २. सत्तुग्घं—प्रत्य०। ३. सरोसं—मु०।

दोकप्पडपरिहाणो, पत्तो रायगिहं महानयरं । वइवस्सओ त्ति नामं, तत्थ धणुवेयमइकुसलो ॥ १८ ॥
सीससहस्सेणं चिय, परिकिण्णो तस्स चेव पासम्मि । अह सिक्खिओ कमेणं, सवाण वि उत्तमो जाओ ॥ १९ ॥
रायगिहसामिओ तं, सुणिऊणं चावलक्खमइकुसलं । कारेइ सरक्खेवं, समयं चिय अन्तवासीहिं ॥ २० ॥
दट्ठूण सरक्खेवं, भणइ निवो अह दुसिक्खिओ तुहयं । सुणिऊण रायवयणं, पुणरवि य गुरुं समल्लीणो ॥ २१ ॥
वइवस्सयस्स दुहिया[1], काऊण वसे निसासु छिद्देणं । निग्गन्तूण पलाओ, साएयपुरिं समणुपत्तो ॥ २२ ॥
तो दसरहस्स सवं, नियय दावेइ सत्थकुसलत्तं । परितुट्ठो नरवसभो, तस्स कुमारे समप्पेइ ॥ २३ ॥
ईसत्थसन्निहाणं, नियय जं तस्स चावमाईयं । संकन्तं चिय सवं, ताणं उदए व ससिबिम्बं ॥ २४ ॥
ते तत्थ कुमारवरा, बहुविहविन्नाणलद्धमाहप्पा । जाया विक्खायजसा, चत्तारि वि सायरा चेव ॥ २५ ॥

एवं कलासु कुसला[2] मुणिऊण पुत्ता, विन्नाण-नाण-बल-सत्तिसमत्थचित्ता[3] ।
सम्माण-दाण-विभवेण गुरुस्स तुट्ठो, पूयं करेइ विमलेण मणेण राया ॥ २६ ॥

॥ इय पउमचरिए चउभाइविहाणो नाम पञ्चवीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## २६. सीया-भामण्डलुप्पत्तिविहाणं

भामण्डलपूर्वभवचरितम् —

एत्तो जणयस्स तुमं, सेणिय! निसुणेहि ताव संबन्धं । होऊण एगचित्तो, कहेमि सवं जहावत्तं ॥ १ ॥
जणयस्स महादेवी, आसि विदेहि त्ति नाम नामेणं । गुरुभारा पसवन्ती, परिवालइ सुरवरो तइया ॥ २ ॥

था । (१८) वह एक हजार शिष्योंसे घिरा रहता था । उसीके पास उसने शिक्षा ग्रहण की और क्रमशः सबमें उत्तम हो गया । (१९) उसके धनुष्यके द्वारा किये जानेवाले अतिकुशल लक्ष्यवेधको सुनकर राजगृहके राजाने दूसरे अन्तेवासियोंके साथ शरक्षेप करवाया । (२०) उसके शरक्षेपको देखकर राजाने कहा कि तुमने अच्छी तरहसे शिक्षा प्राप्त नहीं की है । राजाका ऐसा वचन सुनकर वह पुनः गुरुके समीप गया । (२१) वैवस्वतकी पुत्रीको अपने वशमें करके रातके समय छिद्रमेंसे निकलकर वह भाग गया और साकेतनगरीमें आ पहुँचा । (२२) इसके पश्चात् उसने अपनी शस्त्रकुशलता दशरथको दिखलाई । सन्तुष्ट राजाने उसे कुमारों को सौंपा । (२३) पानीमें जिस तरह चन्द्रबिम्ब संक्रान्त होता है उसी तरह धनुष्य आदिका तथा बाण एवं शस्त्रोंका जो उसका अपना कौशल था वह सब उन कुमारोंमें संक्रान्त हुआ । (२४) वे चारों राजकुमार नानाविध विज्ञानोंमें कुशलता प्राप्त करके सागरके जैसे विख्यात यशवाले हुए । (२४)

इस प्रकार विज्ञान, ज्ञान, बल, शक्ति एवं समस्त ज्ञानसे युक्त पुत्रोंको कलाओंमें कुशल जानकर तुष्ट राजाने संमान, दान एवं सम्पत्ति द्वारा गुरुकी विमल मनसे पूजा की । (२६)

। पद्मचरितमें चारों भाइयोंका विधान नामक पच्चीसवाँ उद्देश समाप्त हुआ ।

## २६. सीता एवं भामण्डलका जन्म

हे श्रेणिक! अब तुम एकचित्त होकर जनकका वृत्तान्त सुनो । जैसा हुआ था वैसा मैं सब कुछ कहता हूँ । (१) जनककी पटरानी विदेही नामकी थी । जन्म देनेवाली वह गर्भवती थी तब एक देव उसके गर्भकी रक्षा करता था । (२)

१. दुहियं—प्रत्य० । २. कुसले मुणिऊण पुत्ते—प्रत्य० । ३. चित्तो—प्रत्य० ।

तो भणइ मगहराया, केण निमित्तेण सुरवरो गब्भं । रक्खइ साहेहि पहू !, एयं मे कोउयं परमं ॥ ३ ॥
तो भणइ गणाहिवई, राया चक्कद्धओ त्ति नामेणं । सो चक्कपुरनिवासी, भज्जा मणसुन्दरी तस्स ॥ ४ ॥
तीए गुणाणुरूवा, धूया अइसुन्दरा गुरुगिहम्मि । सा पढइ अक्खराइं, लेहणिहत्था पयत्तेणं ॥ ५ ॥
नरवइपुरोहियसुओ, साहामहिलाएँ कुच्छिसंभूओ । महुपिङ्गलो त्ति नामं, सो वि तहिं गुरुगिहे पढइ ॥ ६ ॥
पढमं चिय आलावो, आलावा रई रईएँ वीसम्भो । वीसम्भाओ पणओ, पणयाओ वड्ढए पेम्मं ॥ ७ ॥
जाए च्चिय सब्भावे, तं कन्नं पिङ्गलो हरेऊणं । अइदुग्गमं सुदूरे, वियब्भनयरं समणुपत्तो ॥ ८ ॥
काऊण तत्थ गेहं, मूढो विन्नाण-नाण-धणरहिओ । तण-दारुएहि जीवइ, विक्कन्तो सो तहिं नयरे ॥ ९ ॥
तइया तम्मि पुरवरे, पयाससीहस्स पढममहिलाए । पवरावलीएँ पुत्तो, अह कुण्डलमण्डिओ नामं ॥ १० ॥
सो तत्थ निग्गओ च्चिय, विहरन्तो अत्तणो सलीलाए । तं दट्ठूण वरतणू[1], विद्धो कुसुमाउहसरेहिं ॥ ११ ॥
तीए कएण दूई, गूढं संपेसिया नरवईणं । वेयारिऊण बाला, समाणिया नरवइभवणं ॥ १२ ॥
तीए समं नरिन्दो, वरकुण्डलमण्डिओ पवरभोगे । भुञ्जइ गुणाणुरत्तो, रईएँ समयं अणङ्गो व्व ॥ १३ ॥
महुपिङ्गलो वि एत्तो, अंडवीय[2] समागओ नियगेहं । कन्ता[3] अपेच्छमाणो, पडिओ दुक्खण्णवे सहसा ॥ १४ ॥
महिलं गवेसमाणो, रुवइ च्चिय गग्गरेण कण्ठेण । गन्तूण भणइ नरवइ !, केणइ बाला महं हरिया ॥ १५ ॥
भणिओ य सहामज्झे, मन्तीणं सो अणेयबुद्धीणं । अज्जाहि समं बाला, पोयणनयरे मए दिट्ठा ॥ १६ ॥
सो एवभणियमेत्तो, सिग्घं चिय पोयणं गवेसेउं । पडियागओ नरिन्दं, भणइ य कन्ता[4] ममं लहसु ॥ १७ ॥
नरवइआणाएँ तओ, पुरुसेहि गलग्गहप्पहारेहिं । निद्धाडिओ पुराओ, भमइ महिं दुक्खिओ विमणो ॥ १८ ॥

इस पर मगधराजने पूछा कि, हे प्रभो ! किस कारण देव गर्भकी रक्षा करता था, यह आप कहें। मुझे यह बड़ा भारी कुतूहल हो रहा है। (३) तब गणधरने कहा कि—चक्रध्वज नामका एक राजा था। वह चक्रपुरमें रहता था। उसकी भार्या मनःसुन्दरी थी। (४) उसकी गुणोंके अनुरूप तथा अत्यन्त सुन्दर एक लड़की थी। गुरुके घर पर वह हाथमें लेखनी लेकर प्रयत्नपूर्वक अक्षरोंको पढ़ती थी। (५) राजाके पुरोहित तथा उसकी शाखा नामकी पत्नीकी कोखसे उत्पन्न मधुपिंगल नामका पुत्र था। वह भी वहीं गुरुके घर पर पढ़ता था। (६) पहले बातचीत, बातचीतसे रति, रतिसे विश्वास, विश्वाससे प्रणय और प्रणयसे प्रेम बढ़ता है। (७) सद्भाव पैदा होने पर उस कन्याका अपहरण करके पिंगल बहुत दूर आये हुए अत्यन्त दुर्गम विदर्भनगरमें पहुँच गया। (८) विज्ञान, ज्ञान एवं धनसे रहित वह मूर्ख वहाँ घर बसाकर और घास एवं लकड़ी उस नगरमें बेचकर आजीविका चलाता था। (९) उस समय उस नगरमें प्रकाशसिंहकी अग्रमहिषी प्रवरावलीसे उत्पन्न कुण्डलमण्डित नामका एक पुत्र था। (१०) अपने आप लीलापूर्वक भ्रमण करता हुआ वह उधरसे निकला। उस सुन्दरीको देखकर कामदेवके बाणोंसे वह बींध गया। (११) राजाने उसके पास गुप्त रूपसे दूती भेजी। वह धोखेसे उस बालाको राजभवनमें ले आई। (१२) उसके साथ गुणानुरक्त कुण्डलमण्डित राजा, रतिके साथ कामदेवकी भाँति, उत्तम भोग भोगने लगा। (१३)

उधर मधुपिंगल भी कहींसे अपने घर पर आया। पत्नीको न देखकर वह एकदम दुःखसागरमें डूब गया। (१४) पत्नी खोजता हुआ वह सगद्गद कण्ठसे रोने लगा। राजाके पास जाकर उसने कहा कि मेरी पत्नीका किसीने अपहरण किया है। (१५) सभाके बीच अत्यन्त बुद्धिशाली मंत्रियोंसे उसने ( कुण्डलमण्डितने ) कहा कि मैंने साध्वियोंके साथ उस स्त्रीको पोतनपुरमें देखा था। (१६) इस प्रकार कहने पर वह शीघ्र ही पोतनपुरमें खोजनेके लिए गया। वापस लौटे हुए उसने राजासे कहा कि मुझे मेरी पत्नी ढूँढ़ दो। (१७) तब राजाकी आज्ञासे गर्दन पकड़कर प्रहार करनेवाले पुरुषोंने उसे नगरमेंसे बाहर निकाल दिया। विमनस्क और दुःखित वह पृथ्वी पर घूमने लगा। (१८) पृथ्वीपर परिभ्रमण करते

१. वरतणुं—प्रत्य०। २. कत्थइ य—मु०। ३. कंतं—प्रत्य०। ४. कंतं—प्रत्य०।

हिण्डन्तो च्चिय पुहई, साहुं दट्ठूण अज्जगुत्तं सो । पणमइ कयञ्जलिउडो, सुणइ य धम्मं जिणुद्दिट्ठं ॥ १९ ॥
सोऊण धम्मनिहसं, वइरागुप्पन्नजायसंवेगो । गेण्हइ सङ्गविमुक्कं, पवज्जं गुरुसयासम्मि ॥ २० ॥
गिम्हे आयावेन्तो, चिट्ठइ सिसिरे निसासु एगन्ते । वासारत्तं पि मुणी, गमइ सया पव्वयगुहत्थो ॥ २१ ॥
घोरं तवोविहाणं, बारसरूवं मुणी पकुबन्तो । सीया-ऽऽयवदुहिओ वि य, कन्तामोहं न छड्डेइ ॥ २२ ॥
ताव ऽच्छउ संबन्धो, एसो अन्नं सुणेहि मगहवई ! । अन्तरजोयनिबद्धा, ठिया कहा रयणमाल ब ॥ २३ ॥
अणरण्णे रज्जत्थे, अह कुण्डलमण्डिओ महासुहडो । दुग्गमपुरट्ठिओ सो, देसं सबं विणासेइ ॥ २४ ॥
अणरण्णसन्तिए जे, सुहडे मारेइ ते बलुम्मत्तो । निद्दय-निराणुकम्पो, देसविणासं कुणइ सबं ॥ २५ ॥
धेत्तूणमचायन्तो, अणरण्णो तं अवट्ठियं विसमे । रत्तिंदिया य निद्दं, न लहइ चिन्तापरिग्गहिओ ॥ २६ ॥
दट्ठूण दुक्खियं तं, अणरण्णं तत्थ भणइ सामन्तो । नामेण बालचंदो, सामिय ! वयणं निसामेहि ॥ २७ ॥
जइ बन्धिऊण समरे, इह कुण्डलमण्डियं न आणेमि । तो एव निग्गओ हं, होहामि इमा पइन्ना मे ॥ २८ ॥
गन्तूण तेण तुरियं, सहसा चउरङ्गबलसमग्गेणं । वीसत्थओ पमाई, अह कुण्डलमण्डिओ बद्धो ॥ २९ ॥
विद्धंसेऊण पुरं, सिग्घं पडियागओ नियं ठाणं । दावेइ बालचन्दो, बद्धं सत्तुं नरिन्दस्स ॥ ३० ॥
तो तेण सुभिच्चेणं, पुहई सत्था कया निरवसेसा । परितुट्ठो अणरण्णो, सम्माणं से तओ कुणइ ॥ ३१ ॥
मुक्को य बन्धणाओ, अह कुण्डलमण्डिओ परिभमन्तो । दट्ठूण मुणिवरिन्दं, कयविणओ पुच्छए धम्मं ॥ ३२ ॥

मांसविरत्युपदेशः, मांसभक्षणे नरकवेदनावर्णनं च —

जो न कुणइ पवज्जं, भयवं ! गिहवासपासपडिबद्धो । सो किह संसाराओ, मुच्चिहिइ अणाइमन्ताओ ? ॥ ३३ ॥

---

हुए उसने आर्यगुप्त नामके एक साधुको देखकर प्रणाम किया और हाथ जोड़कर जिनोपदिष्ट धर्मका श्रवण किया। (१९) धर्मोपदेश सुनकर उसे वैराग्य उत्पन्न हुआ। संवेगशील उसने गुरुके पास आसक्तिसे रहित ऐसी दीक्षा अंगीकार की। (२०) ग्रीष्ममें वह मुनि सूर्यकी धूपमें शरीरको तपाता था, शिशिरमें रात्रिके समय एकान्तमें बैठता था और पर्वतकी गुफामें रहकर वर्षाकाल व्यतीत करता था। (२१) वह मुनि बारह प्रकारका घोर तपोविधान करने तथा सर्दी एवं गरमीसे दुःखित होने पर भी पत्नीके मोहको नहीं छोड़ सका। (२२)

हे मगधनरेश! यह वृत्तान्त यहीं पर छोड़ें। रत्नमालाकी भाँति भीतरी सम्बन्धसे जुड़ी हुई एक दूसरी कथा है। उसे तुम सुनो। (२३) जब अनरण्य राज्य करता था तब महासुभट कुण्डलमण्डित दुर्गम ऐसे नगरमें रहकर सारे देशका विनाश करता था। (२४) अनरण्य से सम्बन्ध रखनेवाले जितने सुभट थे उन्हें बलसे उन्मत्त उसने मार डाला। निर्दय और अनुकम्पा रहित वह सारा देश उजाड़ने लगा। (२५) विषम प्रदेशमें अवस्थित उसे पकड़नेमें असमर्थ अनरण्य चिन्तित होकर रातदिन नींद नहीं लेता था। (२६) उस अनरण्यको दुःखित देखकर बालचन्द्र नामके सामन्तने कहा कि, हे स्वामी! मेरा कहना आप सुनें। (२७) यदि युद्धमें बाँधकर कुण्डमण्डितको मैं यहाँ न लाऊँ तो मैं देश त्याग करूँगा— यह मेरी प्रतिज्ञा है। (२८) शीघ्र ही समस्त चतुरंग सैन्यके साथ अचानक आक्रमण करके विश्वासमें रहे हुए और प्रमादी कुण्डलमण्डितको पकड़ लिया। (२९) नगरका विध्वंस करके शीघ्र ही अपने स्थान पर लौटे हुए बालचन्द्रने पकड़ा हुआ शत्रु राजाको दिया। (३०) तब उस सुभृत्यने समग्र पृथ्वी प्रशान्त की। इस पर परितुष्ट अनरण्यने उसका सम्मान किया। (३१)

बादमें बन्धनसे मुक्त कुण्डलमण्डितने भ्रमण करते करते एक मुनिवरको देखा। उसने विनयोपचार करके धर्मके बारेमें पूछा कि, भगवान्! गृहवासके पाशमें बद्ध जो मनुष्य प्रव्रज्या अंगीकार नहीं करता वह अनादि-अनन्त संसारमेंसे कैसे मुक्त हो सकता है? (३२-३) इस पर मुनिने कहा कि जीवदया और कषायोंका निग्रह करना धर्म है। इनसे ही जीव

---

१. वसइ—प्रत्य०।

तो भणइ मुणी धम्मो, जीवदया निग्गहो कसायाणं । एएसु चेव जीवो, मुच्चइ घणकम्मबन्धाओ ॥ ३४ ॥
हिंसा पुण जीववहो, सो वि य मंसस्स कारणं हवइ । तुहमवि खायसि मंसं, कह बन्धविमोयणं कुणसि ? ॥ ३५ ॥
इह खाइऊण मंसं, जिब्भिन्दियवसगओ सरीरत्थो । मरिऊण वच्चइ नरो, तिव्वमहावेयणे नरए ॥ ३६ ॥
ण्हाणेण मुण्डणेण य, दाणेणं विविहलिङ्गगहणेणं । मंसासिणस्स भणियं, नत्थि हु साहारणं किंचि ॥ ३७ ॥
संसारत्था जीवा, आसि चिय बन्धवा परभवेसु । खायन्तएण मंसं, ते सव्वे भक्खिया नवरं ॥ ३८ ॥
न य पायवेसु मंसं, उप्पज्जइ नेय धरणिपट्ठम्मि । वज्जेह सुक्क-सोणिय-समुब्भवं पावसंबन्धं ॥ ३९ ॥
जलयर-पक्खि-मिया वि य, हन्तूणं जीववल्लहे सत्ते । एएसु हवइ मंसं, दयावरा तं न भुञ्जन्ति ॥ ४० ॥
धण्णेण वड्ढियं चिय, महिसीखीरेण पोसियं देहं । तह वि य खायन्ति नरा, जणणीए अत्तणो मंसं ॥ ४१ ॥
इह मन्दरहेट्ठाओ, पुढवी रयणप्पभा मुणेयव्वा । तिसु भागेसु विहत्ता, असीयं जोयणा लक्खं ॥ ४२ ॥
तत्थेव भवणवासी, देवा निवसन्ति दोसु भागेसु । तइए पुण नेरइया, हवन्ति बहुवेयणा निययं ॥ ४३ ॥
तत्तो य सक्करा वालुया य पङ्कप्पभा महापुढवी । धूमा तमा तमतमा, इमासु नरया महाघोरा ॥ ४४ ॥
नरओ कुम्भीपाओ, वेयरणी कूडसामली हवइ । असिपत्तवणे एत्तो, तत्थेव खुरप्पधाराओ ॥ ४५ ॥
दुग्गन्धा दुप्फरिसा, ससि-सूरविवज्जिया तमब्भहिया । एएसु पावकारी, नरएसु हवन्ति नेरइया ॥ ४६ ॥
जे एत्थ जीववहया, महु-मंस-सुराइलोलुया पावा । ते हु मुया परलोए, हवन्ति नरएसु नेरइया ॥ ४७ ॥
केएत्थ धगधगन्ते, नरए डज्झन्ति जलियजालोहे । छिमिछिमिछिमन्तसद्दे, रुहिरवसावट्टणारूवे ॥ ४८ ॥
नासन्ति अग्गिभीया, सुतिक्खसूईसु विद्धचलणजुया । वेयरणिजलं दट्ठुं, तिसाभिभूया अहिवडन्ति ॥ ४९ ॥

---

कर्मके सघन बन्धनसे मुक्त होता है। (३४) जीववध हिंसा है और वह जीववध भी मांसके लिए किया जाता है। तुम भी मांस खाते हो तो फिर बन्धका नाश कैसे कर सकते हो ? (३५) जिह्वेन्द्रियके वशीभूत हो शरीरका पोषण करनेवाला जो नर यहाँ मांस खाता है वह मरकर तीव्र और अत्यन्त दुःखवाले नरकमें जाता है। (३६) स्नान करनेसे, मुण्डित होनेसे, दानसे तथा संन्यासियोंके विविध वेश धारण करनेसे भी मांसभक्षीका कोई उपकार नहीं होता, ऐसा कहा गया है। (३७) जो संसारी जीव परभवमें बन्धुजन थे, उन्हीं बन्धुओंको मांसखानेवाले खाते हैं। (३८) न तो वृक्षोंमें और न पृथ्वीतल पर मांस उत्पन्न होता है। अतः शुक्र-शोणितसे उत्पन्न होनेवाले इस पाप-सम्बन्धका परित्याग करो। (३९) जिन्हें जीव प्यारा है ऐसे जलचर, पक्षी एवं हरिण जैसे प्राणियोंकी हत्या की जाती है, क्योंकि इनमें मांस होता है। जो दयालु होते हैं वे उसे नहीं खाते। (४०) धान्यसे शरीर बढ़ता है और भैंसके दूधसे शरीर पुष्ट होता है, फिर भी लोग अपनी माताका मांस खाते हैं। (४१)

यहाँ पर आये हुए मन्दराचलके नीचे रत्नप्रभा पृथ्वी ( पहला नरक ) है ऐसा जानो। वह तीन भागोंमें विभक्त है और एक लाख अस्सी हजार योजन इसकी मुटाई है। (४२) वहीं पर दो भागोंमें भवनवासी देव रहते हैं। तीसरे भागमें बहुत वेदनावाले नारकी जीव नियमतः रहते हैं। (४३) उसके बाद शर्करा, वालुका, पंकप्रभा, धूमा, तमा और महातमा नामकी महापृथ्वियाँ आई हैं। इनमें महाभयंकर नरक हैं। (४४) कुम्भीपाक, वैतरणी और कूटशाल्मलीसे युक्त नरक होते हैं। उस्त्रेकी धारके समान तीक्ष्ण असिपत्रके वन भी वहीं होते हैं। (४५) दुर्गन्ध एवं दुःस्पर्शसे युक्त तथा चन्द्र एवं सूर्यसे रहित होनेके कारण ये विशेष अन्धकाराच्छन्न होते हैं। पापाचरण करनेवाले इन नरकोंमें नारकी रूपसे पैदा होते हैं। (४६) जो यहाँ जीवका वध करनेवाले तथा मधु, मांस एवं सुरामें अत्यन्त लोलुप पापी होते हैं वे मर करके दूसरे जन्ममें नरकोंमें नारकी होते हैं। (४७) कितने ही नारकी जीव दहकते हुए, आगकी ज्वालाओंके समूहसे व्याप्त, छम-छम शब्द करते हुए तथा रुधिर एवं चरबीके कीचड़से पटी हुई भूमिवाले नरकोंमें जलते हैं। (४८) अग्निसे भयभीत यदि वे भागते हैं तो अत्यन्त तीक्ष्ण सूइयोंसे उनके दोनों पैर बींध जाते हैं। वैतरणीनदीके जलको देखकर तृषासे अभिभूत

कढकढकढेन्तफरिसं, विलोणतउ-तम्ब-सीसयसरिच्छं । वस-केस-पूय-सोणिय-मीसं खारोदयं दुरभिं ॥ ५० ॥
चडचडचडं त्ति घेत्तुं, खण्डन्ति य वेढियं महीवट्टे । पाइज्जन्ति रडन्ता, पाणीयं नरयपालेहिं ॥ ५१ ॥
खारोदयदड्ढङ्गा, मयवेगेणं समुट्ठिया सन्ता । छायं अहिलसमाणा, असिपत्तवणं तओ जन्ति ॥ ५२ ॥
खणखणखणन्ति खग्गा, गाढं कणंकणकणन्ति सत्तीओ । मडमडमडन्ति कोन्ता, ताण सरीरे निवडमाणा ॥ ५३ ॥
कर-चरण-कण्ण-नासोट्ठ-फुप्फुसा छिन्नभिन्नसवङ्गा । लोलन्ति धरणिवट्टे, मेय-वसा-रुहिरविच्छड्डा ॥ ५४ ॥
खर-फरुसरज्जुबद्धा, सिग्घं आहिण्डिऊण विरडन्ता । आरुहणोरुहणाइं, कारिज्जन्ते अकयपुण्णा ॥ ५५ ॥
पीलिज्जन्ते जन्तेसु केइ कडकडकडेन्ति कावडिया । अवरे मुसुंढि-मोग्गर-चडक्कघाएसु ओसुद्धा ॥ ५६ ॥
काएसु य गिद्धेसु य, अवरे चडचडचडायखद्धङ्गा । अणुहोन्ति वेयणाओ, चिट्ठइ नरयाउयं जाव ॥ ५७ ॥
एयाणि य अन्नाणि य, दुक्खाणि निरन्तरं[1] अणुहवन्ता । अच्छन्ति दीहकालं, जेहि अधम्मो कओ पुर्वि ॥५८ ॥
एयं सोऊण तुमं, दुक्खं नरएसु मंससंभूयं । तम्हा वज्जेह इमं, मंसं दोसाण आमूलं ॥ ५९ ॥
जो पुण मंसनिवित्तिं, कुणइ नरो सील-दाणरहिओ वि । सो चिय सोग्गइगमणं, पावइ नत्थेत्थ संदेहो ॥ ६० ॥
पञ्चाणुव्वयधारी, जो पुण तव-नियम-सीलसंपन्नो । जिणसासणाणुरत्तो, सो देवो होइ सुहनिलओ ॥ ६१ ॥

मांसविरतिफलम्—

हवइ अहिंसा मूलं, धम्मस्स जिणुत्तमेहि परिकहियं । सा पुण सुनिम्मलतरी, मंसनिवित्तीए संभवइ ॥ ६२ ॥
जो वि य सबर-पुलिन्दो, चण्डालो वा दयावरो नियमं । महु-मंसनिवित्तीए, सो पाववियज्जिओ होइ ॥ ६३ ॥
पावेण वज्जियस्स य, देवत्तं हवइ अह नरिन्दत्तं । सम्मत्तलद्धबुद्धी, कमेण सिद्धिं पि पाविहिइ ॥ ६४ ॥

वे उसमें गिरते हैं। (४९) वह पानी कड़-कड़ करते हुए स्पर्शवाला, पिघले हुए और गरम ताँबे व सीसेके जैसा, चरबी, केश, पीब और रक्तसे मिश्रित, दुर्गन्धयुक्त तथा खारा होता है। (५०) नरकपाल उन्हें पकड़कर चड़-चड़ चीरते हैं, जमीन पर घेरकर उन्हें काटते हैं और रोते हुए उन्हें पानी पिलाते हैं। (५१) खारे पानीसे जलते हुए शरीरवाले वे खड़े होकर छायाकी इच्छासे हरिणके जैसे वेगसे असिपत्रवनमें जाते हैं। (५२) वहाँ उनके शरीर पर गिरती हुई तलवारें खन-खन करती हैं, शक्तियाँ कण-कण करती हैं और भाले मड़-मड़ करते हैं। (५३) हाथ, पैर, नाक, कान, होठ और अँतड़ियाँ आदि सब अंगोंसे छिन्न भिन्न वे मेद, चरबी एवं रुधिरसे सने हुए धरातल पर लोटते हैं। (५४) तीक्ष्ण और कठोर रस्सीसे बाँधे गये और रोते हुए उन पापियोंको चलाकर आरोहण-अवरोहण कराया जाता है। (५५) कपट करनेवाले लोग यंत्रोंमें कड़ कड़ करके पीसे जाते हैं तो दूसरे भुसुण्ढि ( शस्त्रविशेष ) मुद्गर तथा चडक्क ( शस्त्रविशेष ) के प्रहारोंसे विनष्ट होते हैं। (५६) शरीरमें आसक्त दूसरे प्राणियोंके शरीर चड़-चड़ खाये जाते हैं। जबतक नरकका आयु-य रहता है तबतक वे वेदनाका अनुभव करते हैं। (५७) जिन्होंने पूर्वजन्ममें अधर्म किया होता है वे ऐसे और इनके जैसे दूसरे दुःख परजन्ममें दीर्घ काल तक अनुभव करते हैं। (५८) इस प्रकार तुमने नरकोंमें मांससे उत्पन्न होनेवाले दुःखके बारेमें सुना। अतः दोषोंके मूल रूप इस मांसका तुम परित्याग करो। (५९) जो मनुष्य शील एवं दानसे रहित होने पर भी मांस त्याग करता है वह सद्गति प्राप्त करता है, इसमें सन्देह नहीं है। (६०) जो पाँच अणुव्रतको धारण करनेवाला, तप, नियम एवं शीलसे सम्पन्न तथा जिनशासनमें अनुरक्त होता है वह सुखका धाम रूप देव होता है। (६१)

उत्तम जिनों द्वारा प्रोक्त धर्मका मूल अहिंसा है और अत्यन्त निर्मलतर वह अहिंसा मांसके त्यागसे सम्भव है। (६२) जो भी शबर, पुलिन्द और चाण्डाल मधु एवं मांसका परित्याग करके वस्तुतः दयापरायण बनता है वह पापसे मुक्त होता है। (६३) पापसे वर्जित जीवको देवत्व अथवा राजत्व मिलता है। जिसकी बुद्धिने सम्यक्त्व प्राप्त किया है ऐसा जीव क्रमशः सिद्धि भी प्राप्त करता है। (६४)

१. अणन्तरं—मु०।

एयं साहुवएसं, सोऊणं कुण्डलो य दढसत्तो । पञ्चाणुबयसहिओ, जाओ महु-मंसविरओ य ॥ ६५ ॥
जाओ अणन्नदिट्ठी, साहू नमिऊण निग्गओ तत्तो । परिचिन्तिऊण वच्चइ, अत्थि महं माउलो नियओ ॥ ६६ ॥
तस्स पसाएण अहं, सत्तुं जिणिऊण समरमज्झम्मि । नियपुरे बलसहिओ, पुणरवि रज्जं करीहामि ॥ ६७ ॥
चिन्तेऊण पयट्टो, एगागी दक्खिणावहं तुरिओ । पन्थपरिस्समदुहिओ, मरणावत्थो तओ जाओ ॥ ६८ ॥
जम्मि समए विमुञ्चइ, जीवं इह कुण्डलो तहिं अन्ना । सग्गाउ चुया देवी, अवसाणे आउखन्धस्स ॥ ६९ ॥
जणयस्स महिलियाए, गब्भे सम्मुच्छिया विदेहाए । जीवा कम्मवसेणं, दोण्णि वि एक्कोयरम्मि ठिया ॥ ७० ॥
एयन्तरम्मि साहू, कालं काऊण पिङ्गलो सग्गे । जाओ सुरो महप्पा, सुमरइ अन्नं तओ जम्मं ॥ ७१ ॥
अवहिविसएण मुणिउं, जणयस्स वरङ्गणाएँ गब्भम्मि । उववन्नो मह सत्तू, समयं अन्नेण जीवेणं ॥ ७२ ॥
सरिऊण विरहदुक्खं, सेणिय ! पुव्वाणुबन्धजोएण । वेरपडिवञ्चणट्ठे, तं गब्भं रक्खई देवो ॥ ७३ ॥
नाऊण एवमेयं, दुक्खं चिय न य परस्स कायवं । मा पुणरवि अहियरं, पाविहह परम्परं दुक्खं ॥ ७४ ॥
अह सा सुहं पसूया, दुहिया पुत्तं च तत्थ वइदेही । पुवभववद्धवेरो, हरइ सुरो बालयं सिग्घं ॥ ७५ ॥
चिन्तेइ तो मणेणं, एयं दढकक्खडे सिलावट्टे । अप्फोडेमि रसन्तं, अह कुण्डलमण्डियं सत्तुं ॥ ७६ ॥
पुणरवि चिन्तेइ सुरो, संसारनिबन्धणं ववसियं मे । कम्मं बहुदुक्खयरं, एयं बालं वहन्तेणं ॥ ७७ ॥
साहुपसाएण मए, जिणधम्मस्स य पसङ्गजोएणं । लद्धं मे देवत्तं, पावं न करेमि जाणन्तो ॥ ७८ ॥
परिचिन्तिऊण एयं, कुण्डल-वरहारभूसियं काउं । देवो मुञ्चइ बालं, उज्जाणे पत्तलच्छाए ॥ ७९ ॥
ताव य सेज्जासु ठिओ, चन्दगई खेयरो निसासमए । [1]चुंपालएण पेच्छइ, निवडन्तं रयणपज्जलियं ॥ ८० ॥

साधुका ऐसा उपदेश सुनकर दृढ़ शक्तिवाला कुण्डलमण्डित पाँच अणुव्रतोंके साथ मधु-मांससे विरत हुआ। (६५) वह पदार्थको सत्य रूपसे देखनेवाला ( सम्यग्दृष्टि ) हुआ। साधुको नमस्कार करके वहाँसे निकला और सोचने लगा कि मेरा अपना एक मामा है। (६६) उसके प्रसादसे युद्धमें शत्रुको जीतकर सेनाके साथ अपने नगरमें मैं पुनः राज्य करूँगा। (६७) इस प्रकार सोचकर वह अकेला जल्दी जल्दी दक्षिणापथकी ओर चल पड़ा। तब यह मार्गके परिश्रमसे दुःखित हो मरणासन्न हो गया। (६८) जिस समय कुण्डलमण्डितने यहाँ प्राण छोड़े उसी समय आयुष्यकर्मका क्षय होनेसे एक दूसरी देवी स्वर्गसे च्युत हुई। (६९) जनककी पत्नी विदेहाके गर्भमें वह उत्पन्न हुई। वे दोनों जीव कर्मवश एक ही उदरमें स्थित हुए। (७०)

इस बीच पिंगल साधु मर करके स्वर्गमें महाप्रभावशाली देव हुआ। तब उसने दूसरे जन्मका स्मरण किया। (७१) अवधिज्ञानसे उसने जाना कि जनककी पत्नीके गर्भमें दूसरे जीवके साथ मेरा शत्रु उत्पन्न हुआ है। (७२) हे श्रेणिक! विरहदुःखको याद करके पूर्वके अनुबन्धके योगसे वैरका बदला लेनेके लिए उस गर्भकी देव रक्षा करता था। (७३) यह जानकर दूसरेको दुःख नहीं देना चाहिए। अन्यथा दूसरे जन्ममें और भी अधिक दुःख प्राप्त होगा। (७४)

इसके बाद विदेहाने सुखपूर्वक वहाँ मिथिलामें पुत्री एवं पुत्रको जन्म दिया। पूर्वभवमें जिसने वैर बाँधा है ऐसे उस देवने बालकका शीघ्र ही अपहरण किया। (७५) वह मनमें सोचने लगा कि दृढ़ और कठोर शिलाके ऊपर इस चिल्लाते हुए शत्रुको पटकूँ। (७६) फिर उस देवने सोचा कि इस बालकका अपहरण करके मैंने संसारको बाँधनेवाला बहुत दुःखकर कर्म किया है। (७७) मैंने साधुके प्रसादसे और जिनधर्मके परिपालनसे देवत्व प्राप्त किया है, अतः जानबूझ कर मैं पाप नहीं करूँगा। (७८) इस प्रकार सोचकर उस बालकको उत्तम कुण्डल एवं हारसे विभूषित कर पत्तोंकी छायावाले उद्यानमें ज्यों ही उसने छोड़ा त्यों ही रात्रिके समय शैयामें बैठे हुए चन्द्रगति खेचरने गवाक्षमेंसे नीचे पड़ते हुए रत्नसे प्रज्वलित को देखा। (७९-८०) क्या यह बड़ा उत्पात है अथवा बिजलीका टुकड़ा है—इस तरह मनमें विकल्प करता हुआ वह जाकर

१. गवाक्षेण।

किं एस महुप्पाओ, अहवा सोदामणीएँ खण्डो व? । सवियक्कमणो गन्तुं, पेच्छइ बालं महियलत्थं ॥ ८१ ॥
घेत्तूण बालयं तं, अंसुमईए सुहं पसुत्ताए । सुकुमाल-कोमलङ्गं, जङ्घुद्देसम्मि संठवइ ॥ ८२ ॥
पडिबोहिऊण साहइ, सुन्दरि! पुत्तं तुमं पसूया सि । तीए वि य सो भणिओ, किं वञ्झा पसवई नाह! ॥ ८३ ॥
काऊण य अट्टहासं, सव्वं साहेइ बालसंबन्धं । तुज्झ इमो पसयच्छी!, होही पुत्तो अपुत्ताए ॥ ८४ ॥
भणिऊण एवमेयं, देवी सूयाहरं[1] समल्लीणा । तत्तो पहायसमए, लोयस्स पयासिओ पुत्तो ॥ ८५ ॥
जम्मूसवो महन्तो, तस्स कओ चक्कवालनयरम्मि । जह बन्धवा समत्था, लोगो वि य विम्हयं पत्तो ॥ ८६ ॥
कुण्डलमाणिक्कसमुज्जलेहि किरणेहि दित्तसव्वङ्गो । तो से गुणाणुरूवं, कयं च भामण्डलो नामं ॥ ८७ ॥
देहसुहलालणट्ठे, धाईण समप्पिओ तओ बालो । एत्तो सुणेहि सेणिय!, पुत्तपलावं विदेहाए ॥ ८८ ॥
हा पुत्तय! केण हिओ, मज्झ अपुण्णाएँ पुव्ववेरीणं? । दावेऊण वरनिहिं, अच्छीणि पुणो अवहियाणि ॥ ८९ ॥
वरकमलकोमलत्तणू, बालो अविकारिणो अबुद्धीओ । पावेण केण हरिओ, अज्ज महं निरणुकम्पेणं? ॥ ९० ॥
नूणं कओ विओगो, कस्स वि बालस्स अन्नजम्मम्मि । तस्सेयं कम्मफलं, न बीजरहियं हवइ कज्जं ॥ ९१ ॥
एवं परिदेवन्ती, जणओ परिसंथवेइ वइदेहिं । मा रोयसु अणुदियहं, पुव्वकयं पावई जीवो ॥ ९२ ॥
छड्डसु सोगसमूहं, लेहं पेसेमि दसरहनिवस्स । सो हं च बालयं तं, अज्जप्पभूई गवेसामो ॥ ९३ ॥
संथाविऊण कन्तं, अणरण्णसुयस्स पेसिओ लेहो । तं सोऊण दसरहो, बालस्स गवेसणं कुणइ ॥ ९४ ॥
सिग्घं चारियपुरिसा, जणएण विसज्जिया समन्तेण । बालं गवेसिऊणं, नियय्पुरिं आगया सव्वे ॥ ९५ ॥
साहन्ति कयपणामा, सामि! न दिट्ठो महिं भमन्तेहिं । केण वि गयणेण हिओ, सामिय! दिव्वेण पुरिसेणं ॥ ९६ ॥

---

देखता है तो पृथ्वीतल पर बालक था। (८१) अति मृदु एवं कोमल अंगवाले उस बालकको उठाकर उसने आरामसे सोई हुई अंशुमताकी जाँघके पास रख दिया। (८२) फिर जगाकर कहा कि, हे सुन्दरी! तुमने पुत्रको जन्म दिया है। उसने भी उससे कहा कि, हे नाथ! वन्ध्या क्या जन्म देगी? (८३) इस पर अट्टहास करके बालकका सारा वृत्तान्त उसे कह सुनाया। हे प्रसन्ना! अपुत्रा तुम्हारा यह पुत्र होगा। (८४) ऐसा ही हो—कहकर देवी प्रसूतिगृहमें गई। तब प्रभातके समय लोगोंमें जाहिर किया गया कि पुत्र हुआ है। (८५) चक्रवालनगरमें तो उसका ऐसा भारी जन्मोत्सव मनाया गया कि समस्त बन्धुजनोंकी भाँति लोग भी विस्मित हो गये। (८६) कुण्डलके माणिक्यांसे निकलनेवाली समुज्ज्वल किरणोंसे उसका सारा शरीर दीप्त था, अतः गुणके अनुरूप उसका नाम भामण्डल रखा गया। (८७) बादमें शरीरसुख एवं लालनपालनके लिए बालक धायोंको सौंपा गया।

हे श्रेणिक! अब तुम विदेहाके पुत्र-प्रलापके बारेमें सुनो। (८८) हा पुत्र! पूर्वके किस वैरीने अपुण्यशाली मेरे पाससे तेरा अपहरण किया है? उत्तम निधि दे करके मानों आँखें छीन ली हैं। (८९) उत्तम कमलके समान कोमल शरीरवाले, विकारशून्य और बेसमझ मेरे बालकको आज किस निर्दय पापीने हर लिया है? (९०) अवश्य ही दूसरे जन्ममें मैंने किसी बालकका वियोग किया होगा। उसी कर्मका यह फल है। बीजके बिना फल नहीं होता है। (९१) इस प्रकार रुदन करती हुई विदेहाको जनकने सान्त्वना दी कि तुम मत रोओ। जीव सर्वदा पूर्वकृत कर्मका ही फल पाता है। (९२) तुम शोकका परित्याग करो। दशरथ राजाके पास मैं पत्र भेजता हूँ। वह और मैं—हम दोनों उस बालकको आजसे खोजेंगे। (९३) इस तरह पत्नीको आश्वासन देकर दशरथके पास उसने पत्र भेजा। उसे सुनकर दशरथ बालककी खोज करने लगा। (९४) जनकने शीघ्र ही गुप्तचरोंको चारों ओर भेजा। बालककी खोज करके वे अपनी नगरीमें लौट आये। (९५) प्रणाम करके वे कहने लगे कि, हे स्वामी! पृथ्वीपर भ्रमण करते हुए हमने उसे नहीं देखा। हे स्वामी!

---

१. प्रसूतिगृहम्।

दुसहं हवइ समक्खं, दुक्खं चिय उब्भवे जणवयस्स । गयवेयणं तु पच्छा, जणम्मि एसा सुई भमइ ॥ ९७ ॥

सीता—

एवं अणुक्कमेणं, जोव्वण-लायण्ण-कन्तिपडिपुण्णा । सोयस्स मोयणट्ठं, नज्जइ संवड्ढिया सीया ॥ ९८ ॥
वरकमलपत्तनयणा, कोमुइरयणियरसरिसमुहसोहा । कुन्ददलसरिसदसणा, दाडिमफुल्लाहरच्छाया ॥ ९९ ॥
कोमलबाहालइया, रत्तासोउज्जलाभकरजुयला । करयलसुगेज्झमज्झा, विच्छिण्णनियम्बकरभोरू ॥ १०० ॥
रत्तुप्पलसमचलणा, कोमुइरयणियरकिरणसंघाया । ओहासिउं व नज्जइ, रयणियरं चेव कन्तीए ॥ १०१ ॥
एरिसरूवावयवा, लक्खणसंपुण्णजोव्वणगुणोहा । जणएण पसन्नेणं, रामस्स निवेइया सीया ॥ १०२ ॥

सुरवरमहिला वा रूव-लावण्णजुत्ता, रमइ परिमिया सा सत्तकन्नासएहिं ।
जणयनरवरिन्दो रामदेवस्स भज्जं, विमलगुण सरंतो तं निरूवेइ सीयं ॥ १०३ ॥

॥ इय पउमचरिए सीया-भामण्डलउप्पत्तिविहाणो नाम छव्वीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## २७. रामकयमेच्छपराजयस्स कित्तणं

तो मगहनराहिवई, विम्हियहियओ मुणिं पणमिऊणं । पुच्छइ अणन्नहियओ, कहेहि रामस्स संबन्धं ॥ १ ॥
रामस्स किं व दिट्ठं, माहप्पं जणयनरवरिन्देणं । रूव-गुण-जोव्वणधरी, निरूविया जेण सा सीया ? ॥ २ ॥
अह भणइ गणाहिवई, सेणिय ! निसुणेहि जणयनरवइणा । कज्जेण जेण दुहिया, रामस्स निरूविया सीया ॥ ३ ॥

---

किसी दिव्य पुरुषने गगनमार्गसे उसका अपहरण किया है। (९६) उत्पत्तिके समय जो दुःख आँखोंके समक्ष होता है वह लोगोंके लिये दुस्सह होता है, परन्तु बादमें वह दुःख नष्ट हो जाता है। लोगोंमें यह अनुश्रुति प्रचलित है। (९७)

इस तरह अनुक्रमसे यौवन, लावण्य एवं कान्तिसे परिपूर्ण सीता शोक दूर करनेके लिए ही, मालूम होता है, संवर्धित हुई। (९८) उत्तम कमलदलके समान नेत्रोंवाली, शरत्पूर्णिमाके चन्द्रके समान मुखकी शोभावाली, कुन्दपुष्पके समान दाँतोंवाली, अनारके फूलके समान अधरोंकी कान्तिवाली, कोमल बाहुलतावाली, रक्ताशोकके समान उज्ज्वल कान्तिवाले दोनों हाथोंसे युक्त, हाथमें जिसका कटिप्रदेश पकड़ा जा सकता है ऐसी अर्थात् पतली कमरवाली, विशाल नितम्ब तथा हाथीकी सूँढ़के समान ऊरुप्रदेशवाली, रक्तकमल सरीखे पैरोंवाली, शरत्पूर्णिमाके चन्द्रमाकी किरणोंका मानों समूह हो—ऐसी वह सीता अपनी कान्तिसे मानों चन्द्रमाको प्रकाशित करती हो ऐसा प्रतीत होता था। (९९-१०१) ऐसे सुरूप अवयववाली तथा सम्पूर्ण लक्षण, यौवन एवं गुणसमूहसे युक्त ऐसी सीता जनकने प्रसन्नताके साथ रामको समर्पित की। (१०२)

देवकन्याकी भाँति रूप एवं लावण्यसे युक्त वह सात सौ कन्याओंके साथ क्रीड़ा करती थी। रामके विमल गुणोंका स्मरण करके जनक राजाने उनको सीता दी। (१०३)

। पद्मचरितमें सीता-भामण्डलकी उत्पत्तिविधि नामका छब्बीसवाँ उद्देश समाप्त हुआ।

## २७. रामद्वारा म्लेच्छोंकी पराजय

तब हृदयमें विस्मित हो एकाग्रचित्तवाले मगधराज श्रेणिकने मुनिको प्रणाम करके पूछा कि आप रामका वृत्तान्त कहें। (१) जनक राजाने रामका ऐसा कौनसा माहात्म्य देखा कि रूप, गुण एवं यौवनको धारण करनेवाली सीता उन्हें दी। (२) इस पर गणाधिपति गौतमने कहा, हे श्रेणिक! जिस कारण जनक राजाने अपनी पुत्री सीताको दिया उसे तुम सुनो। (३)

वेयड्ढदाहिणेणं, कइलासगिरिस्स उत्तरदिसाए । देसा हवन्ति बहवे, गामा-ऽऽगर-नगरपरिपुण्णा ॥ ४ ॥
तत्थेव अत्थि देसो, एक्को च्चिय अद्धबब्बरो नामं । निस्संजम-निस्सीलो, बहुमेच्छसमाउलो घोरो ॥ ५ ॥
तत्थ य मऊरमाले, नयरे परिवसइ मेच्छजणपउरे । नामेण आयरङ्गो, राया जमसरिसदढसत्तो ॥ ६ ॥
कम्बोय-सुय-कवोया, देसा अन्ने य सबरजणपउरा । एएसु जे नरिन्दा, ते तणया आयरङ्गस्स ॥ ७ ॥

रामस्य अनार्यैः सह युद्धम्—

अह अन्नया कयाई, देसं जणयस्स बब्बरो राया । उव्वासिउं पयत्तो, चिलायसेन्नेण परिपुण्णो ॥ ८ ॥
सोऊण जणयराया, देसं उवासियं अणज्जेहिं । पेसेइ तुरियचवलं, पुरिसं चिय दसरहनिवस्स ॥ ९ ॥
गन्तूण पणमिऊण य, सबं मेच्छागमं परिकहेइ । देसविणासं च पुणो, जं चिय जणएण संदिट्ठं ॥ १० ॥
सामिय ! विन्नवइ तुमं, जणओ जणवच्छलो कयपणामो । मह अद्धबब्बरेहिं, सबो उवासिओ विसओ ॥ ११ ॥
सावय[1] समणा य बहू, विद्धत्थाणि य जिणिन्दभवणाणि । एयनिमित्तेण पहू !, एहु लहुं रक्खणट्ठाए ॥ १२ ॥
भणिऊण एवमेयं, रामं सद्दाविऊण नरवसभो । सबबलसमुदएणं, रज्जं दाउं समाढत्तो ॥ १३ ॥
चामीयरकलसकरा, सूरा पडुपडह-बन्दिघोसेणं । अहिसेयकारणट्ठे, रामस्स अवट्ठिया पुरओ ॥ १४ ॥
दट्ठूण एरिसं सो, आडोवं भणइ राहवो वयणं । किंकारणम्मि सुहडा, कलसविहत्था समल्लीणा ? ॥ १५ ॥
तो दसरहो पवुत्तो, पुत्तय ! मेच्छाण आगयं सेन्नं । पुहइं पालेहि तुमं, तस्साहं अहिमुहो जामि ॥ १६ ॥
भणइ विहसन्तवयणो, रामो किं ताय ! पसुसरिच्छाणं । उवरिं जासि महाजस !, पुत्तेण मए सहीणेणं ? ॥ १७ ॥
सोऊण वयणमेयं, हरिसियहियओ नराहिवो भणइ । बालो सि तुमं पुत्तय !, कह मिच्छबलं रणे जिणसि ? ॥ १८ ॥

---

वैताढ्यके दक्षिणमें तथा कैलास पर्वतकी उत्तर दिशामें गाँव, आकर और नगरोंसे परिपूर्ण बहुतसे देश हैं। (४) उनमें संयम एवं शीलसे रहित, बहुतसे म्लेच्छोंसे व्याप्त और भयंकर अर्धबर्बर नामका एक देश है। (५) वहाँ म्लेच्छ लोगोंसे प्रचुर मयूरमाल नगरमें यमके सदृश अत्यन्त शक्तिशाली आयरंग नामका राजा रहता था। (६) कम्बोज, शुक और कपोत तथा दूसरे भी शबर लोगोंसे व्याप्त अन्य देश थे। उनमें जो राजा थे वे आयरंगके ही पुत्र थे। (७) एक दिन किरात-सैन्यसे युक्त हो बर्बर राजा जनकका राज्य उजाड़ने लगा। (८) अनार्यों द्वारा उजाड़े गये देशके बारेमें सुनकर जनक राजाने जल्दी और तेज चलनेवाले एक पुरुषको दशरथके पास भेजा। (९) जाकर और प्रणाम करके म्लेच्छोंके आक्रमणके तथा देशके विनाशके बारेमें जनकने जो संदेश भेजा था वह सब उसने कह सुनाया (१०) हे स्वामी ! जन-वत्सल जनक प्रणाम करके आपसे बिनती करते हैं कि मेरा सारा देश अर्धबर्बरने उजाड़ दिया है। (११) बहुतसे श्रावक, श्रमण एवं जिनमन्दिर उसने विध्वस्त किये हैं। इस कारण, हे प्रभो ! रक्षाके लिए आप जल्दी आवें। (१२) ऐसा उसने कहा।

तब रामको बुलाकर सम्पूर्ण सैन्यसमुदायके साथ राजा दशरथ उन्हें राज्य देने लगा। (१३) स्वर्णकलश हाथमें धारण करके देवदुन्दुभि एवं बन्दीजनोंके पटु घोषके साथ शूर पुरुष अभिषेकके लिए रामके आगे खड़े हुए। (१४) ऐसा आडम्बर देखकर रामने कहा कि क्यों हाथमें कलश लेकर सुभट खड़े हैं ? (१५) तब दशरथने कहा कि, हे पुत्र ! म्लेच्छोंका सैन्य आया है। तुम पृथ्वीका पालन करो। उसका सामना करनेके लिए मैं जाता हूँ। (१६) इस पर हँसते मुखवाले रामने कहा कि, हे महायश ! मुझ पुत्रके रहते हुए पशुसदृश उनके ऊपर आक्रमणके लिए तात जाएँगे ? (१७) यह बचन सुनकर हृदयमें हर्षित होते हुए राजाने कहा कि, हे पुत्र ! अभी तुम बच्चे हो। म्लेच्छके सैन्यको युद्धमें कैसे जीतोगे ? (१८)

---

१. तावससमणगणाण य बहुविहाण य जिणिन्दभवणाण—प्रत्य० ।

भणइ पउमो नराहिव !, थोवो च्चिय हुयवहो वणं बहुयं। डहइ य खणेण सबं, किं व बहुत्तेण निबडई ? ॥ १९ ॥
रामस्स वयणनिहसं, सोऊणं नरवई भणइ एवं । संगामे सुहडजसं, पुत्तय! पावन्तओ होहि ॥ २० ॥
काऊण पियपणामं, दो वि कुमारा महन्तबलसहिया । अह निग्गया पुराओ, जयसद्दुग्घुट्ठतूरखा ॥ २१ ॥
ताव च्चिय पढमयरं, विणिग्गयाणं तु जणयतणयाणं । दो चेव जोयणाइं, उभयबलाणऽन्तरं जायं ॥ २२ ॥
रिवुबलसद्दुक्करिसं, असहन्ता जणयसन्तिया सुहडा । पविसन्ति मेच्छसेन्नं, गह ब मेहाण संघायं ॥ २३ ॥
मेच्छाण आरियाण य, संगामो दारुणो समावडिओ । अन्नोन्नसत्थपन्तिय-संघट्टुट्ठेन्तजालोहो ॥ २४ ॥
अन्तरिओ च्चिय कणओ, मेच्छेहिं बहलतमसरिच्छेहिं । ताहे जणयनरिन्दो, वाहेइ समन्तसेन्नेणं ॥ २५ ॥
तो बबरेहि जणओ, भग्गेहि पुणो पुणो समन्तेहिं । परिवेढिओ खणेणं, सूरो इव मेहनिवहेणं ॥ २६ ॥
एयन्तरम्मि रामो, लक्खणसहिओ बलेण परिपुण्णो । संपत्तो च्चिय सहसा, तं मेच्छबलं अइमहन्तं ॥ २७ ॥
आसासिऊण जणयं, रामो तं मेच्छसुहडसंघायं । पउमसरं पिव हत्थी, कुणइ च्चिय विहयविद्धत्थं ॥ २८ ॥
तह लक्खणो वि बाणे, मुञ्चइ उवरिं अणारियभडाणं । नज्जइ य सायरवरे, वरिसइ मेहो सरयकाले ॥ २९ ॥
निद्दयपहरुम्हवियं, भग्गं च्चिय मेच्छसाहणं समरे ! तह वि य सोमित्तिसुओ, धावइ मग्गेण बलसहिओ ॥ ३० ॥
दट्ठूण नियसेन्नं, भग्गं च्चिय लक्खणेण परहुत्तं । सयमेव आयरङ्गो, सुहडेहि समं समुट्ठेइ ॥ ३१ ॥
केएत्थ कज्जलाभा, सुयपिच्छसमप्पभा तहिं अन्ने । अवरे तम्बयवण्णा, वामणदेहा चिविडनासा ॥ ३२ ॥
वक्कलपत्तनियच्छा, मणिमयकडिसुत्तयाभरणदेहा । धाऊकयङ्गरागा, विरइयसिरिमञ्जरीकुसुमा ॥ ३३ ॥
एवंविहेहि समयं, जोहेहिं आयरङ्गनरवसहो । अह लक्खणस्स पुरओ, उवट्ठिओ दप्पियामरिसो ॥ ३४ ॥

---

रामने कहा कि, हे राजन् ! थोड़ी-सी ही आग सारे बड़े वनको क्षणमें जला डालती है। बहुतसे क्या होता है ? (१९) रामके ऐसे कसौटी जैसे कथनको सुनकर राजाने कहा कि, हे पुत्र ! संग्राममें सुभटका यश तुम्हें प्राप्त हो। (२०)

जिनके 'जय' शब्दसे वाद्योंकी ध्वनि दब गई है ऐसे वे दोनों कुमार पिताको प्रणाम करके बड़ी भारी सेनाके साथ नगरमेंसे निकले। (२१) पहले ही निकले हुए जनक और उसके पुत्र तथा शत्रुसैन्यके बीच दो ही योजनका अन्तर था। (२२) शत्रुदलके शब्दके महत्त्वको न सहनेवाले जनकके सुभट म्लेच्छोंके सैन्यमें, बादलोंके समूहमें ग्रहकी भाँति, प्रविष्ट हुए। (२३) म्लेच्छों और आर्योंका संग्राम एक-दूसरेपर फेंके जानेवाले शस्त्रोंके समूहके संघर्षसे उठनेवाली किरणोंकी वजहसे भयंकर हो गया। (२४) प्रगाढ़ अन्धकार सरीखे म्लेच्छोंने जनकको अन्तर्हितकर दिया। तब जनक राजाने सामन्त-सैन्यके साथ आक्रमण किया। (२५) उस समय जिस तरह बादलोंके समूह सूर्यको घेर लेते हैं उसी तरह, बार-बार सामन्तोंको भग्न करके बर्बरने क्षणभरमें जनकको घेर लिया। (२६) इसी समय लक्ष्मणके साथ एवं सैन्यसे परिपूर्ण राम एकदम उस अतिविशाल म्लेच्छसैन्यके पास आ पहुँचे। (२७) जनकको आश्वासन देकर राम म्लेच्छोंके उस सुभटदलको, हाथी जिस तरह पद्मसरोवरको वैभवसे नष्ट करता है उस तरह, नष्ट करने लगे। (२८) उस समय लक्ष्मणने भी अनार्य सुभटोंके ऊपर बाण फेंके, ऐसा मालूम होता था कि मानों शरत्कालमें समुद्रके ऊपर बादल बरस रहा हो। (२९) निर्दय प्रहारोंसे त्रस्त हो म्लेच्छसेना युद्धमेंसे भाग खड़ी हुई। फिर भी सेनाके साथ लक्ष्मणने उसका मार्ग द्वारा पीछा पकड़ा। (३०) अपनी सेनाको लक्ष्मणके द्वारा पराजित एवं विनष्ट देखकर आयरंग स्वयं ही उठ खड़ा हुआ। (३१) उनमेंसे कई काजलको-सी कान्तिवाले थे, दूसरे तोतेकी पँखकी-सी प्रभावाले थे, इतर तांबेके-से वर्णके, बौने और चिपटे नाकवाले थे। (३२) कई वल्कल और पत्ते पहने हुए थे, कई मणिमय कटिसूत्र एवं आभरणोंसे युक्त शरीरवाले थे, कई धातुसे अंगराग किये हुए थे और दूसरोंने मंजरी एवं पुष्पोंकी शोभा की थी। (३३) ऐसे योद्धाओंके साथ दर्पयुक्त एवं क्रुद्ध

---

१. वड्ढियामरिसो—प्रत्य०।

गय-वसह-सीहचिन्धा, सर-सत्ति-करालकोन्तगहियकरा । जुज्झन्ति मेच्छसुहडा, खोहन्ता अज्जवबलोहं ॥ ३५ ॥
अह लक्खणस्स चावं, दुहाकयं आयरङ्गनरवइणा । जाव य गेण्हइ खग्गं, ताव य विरहो कओ सिग्घं ॥ ३६ ॥
दट्ठूण लक्खणं सो, विरहं सयमेव उट्ठिओ रामो । सर-सत्ति-चक्क-मोग्गर-सएसु सेन्नं विवायन्तो ॥ ३७ ॥
रामेण आयरङ्गो, गरुयपहाराहओ कओ विमुहो । नस्सइ विभग्गमाणो, दस वि दिसाओ पलोयन्तो ॥ ३८ ॥
हय-विहय-विप्परद्धं, सेन्नं काऊण राहवो समरे । मग्गं अमुञ्चमाणो, नियत्तिओ लक्खणेण तओ ॥ ३९ ॥
जाओ य महाणन्दो, पुहई आवासिया भयविमुक्का । वीसज्जिओ य रामो, लद्धजसो पत्थिओ नयरिं[1] ॥ ४० ॥
तं पुरिसयारनिहसं, दट्ठूण नराहिवेण तुट्ठेणं । रामस्स नियय धूया, जणएण निरूविया सीया ॥ ४१ ॥
एवं मणुस्सो सुकएण पुवं, जयं रणे पावइ वीरसत्तो ।
विक्खायकित्ती भुवणे पसिद्धो, ससि व रामो विमलप्पभावो ॥ ४२ ॥
॥ इय पउमचरिए मेच्छपराजयकित्तणो नाम सत्तावीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## २८. राम-लक्खण-धणुरयणलाभविहाणं

अह अन्नया कयाई, पुहइ भमन्तेण नारएण सुया । रामस्स पवररूवा, जणएण निरूविया सीया ॥ १ ॥
ताहे नहङ्गणेणं, उप्पइउं नारओ गओ मिहिलं । कन्नालोयणहियओ, सीयाभवणं समल्लीणो ॥ २ ॥
दट्ठूण पविसरन्तं, दीहजडामउडभासुरं सहसा । भयविहलवेविरङ्गी, सीया भवणोयरं लीणा ॥ ३ ॥
अणुमग्गेण रियन्तो, रुद्धो नारीहिं दारवालीहिं । कलहन्तो ताहि समं, गहिओ सो रायपुरिसेहिं ॥ ४ ॥

आयरंग राजा लक्ष्मणके आगे उपस्थित हुआ । (३४) हाथी, बैल, एवं सिंहके चिह्नवाले तथा बाण, शक्ति और भयंकर भाले हाथमें धारण किये हुए म्लेच्छ सुभट आर्योंके सैन्य-समूहको क्षुब्ध करने लगे । (३५) बादमें आयरंग राजाने लक्ष्मणके धनुष्यके टुकड़े कर दिये । जबतक वह तलवार लेता है तबतक तो उसे अविलम्ब ही रथहीन बना दिया । (३६) लक्ष्मणको रथहीन देखकर राम खड़े हुए और सैकड़ों बाणों, शक्तियों, चक्रों एवं तोमरोंसे सेनाको मारने लगे । (३७) रामने भारी प्रहारसे आहत करके आयरंगको विमुख कर दिया । भग्नमान वह दसों दिशाओंको देखता हुआ भागने लगा । (३८) युद्धमें सेनाको तहस-नहस करके पीछा न छोड़ते हुए रामको लक्ष्मणने लौटा लिया । (३९)

खूब आनन्द हुआ, भयविमुक्त पृथ्वी फिर बसी और प्राप्तयश रामने विसर्जित होनेपर अपने नगरकी ओर प्रस्थान किया । (४०) ऐसे अद्वितीय पौरुषको देखकर संतुष्ट राजा जनकने अपनी पुत्री सीता रामको दी । (४१) इस प्रकार पहलेके सुकृतसे वीर पुरुष युद्धमें जय प्राप्त करते हैं । विख्यात कीर्तिवाले और चन्द्रमाकी भाँति विमल प्रभाववाले राम तीनों लोकोंमें प्रसिद्ध हैं । (४२)

। पद्मचरितमें म्लेच्छोंके पराजयका कीर्तन नामक सत्ताइसवाँ उद्देशक समाप्त हुआ ।

## २८. राम एवं लक्ष्मणको धनुष-रत्नकी प्राप्ति

एक दिन पृथ्वी पर घूमते हुए नारदने सुना कि जनकने अत्यन्त रूपवती सीता रामको दी है । (१) तब उड़कर नभोमार्गसे नारद मिथिला गया और कन्याको देखनेकी इच्छासे सीताके भवनमें प्रवेश किया । (२) लटकती हुई मोटी जटाके भारसे भयंकर मालूम होनेवाले नारदको अचानक देखकर भयसे विह्वल और काँपते हुए शरीरवाली सीता महलके भीतर चली गई । (३) पीछे पीछे जाते हुए उसे द्वारकी रक्षा करनेवाली स्त्रियोंने रोका । उनके साथ कलह करते हुए उसे राजपुरुषोंने पकड़ लिया । (४) जबतक लोग कहते रहे कि यह कौन है ? मुझसे इसे खत्म कर दो; तबतक भयसे

१. नयरं—प्रत्य० ।

जाव य भणन्ति पुरिसा, को एसो? हणह मुट्ठिपहरेहिं । ताव भउव्विग्गमणो, उप्पइउं नारओ नट्ठो ॥ ५ ॥
कइलासपव्वओवरि, आसत्थो चिन्तिऊण आढत्तो । अह तं पोढकुमारी, वसणसमुद्दे निवाडेमि ॥ ६ ॥
परिचिन्तिऊण एवं, सिग्घं रहणेउरं गओ नयरं । ताहे उज्जाणहरे, सीयारूवं पडे लिहइ ॥ ७ ॥
ताव च्चिय चन्दगई, समयं भामण्डलेण नयराओ । अह निग्गओ महप्पा, कीलणहेउं तमुज्जाणं ॥ ८ ॥
तत्थेव काणणहरे, कन्नारूवं पडे समालिहियं । दट्ठूण तं विसण्णो, सहसा भामण्डलकुमारो ॥ ९ ॥
मुञ्चइ दीहुस्सासे, सोयइ पलवइ य अन्नमन्नाइं । रत्तिं दिया य निद्दं, न लहइ चिन्तापरिग्गहिओ ॥ १० ॥
सुसुयन्धगन्धमल्लाइयाइँ, आहार-मज्जणविहीओ । नेच्छइ अणन्नहियओ, परिहायइ अङ्गमङ्गेसु ॥ ११ ॥
नाऊण तं कुमारं, मयणावत्थं तु नारओ ताहे । अह देइ दरिसणं चिय, वीसत्थो तस्स गन्तूणं ॥ १२ ॥
भामण्डलेण दिट्ठो, तुरियं अब्भुट्ठिओ पणमिऊणं । दिन्नासणोवविट्ठो, भणिओ य मुणी ! निसामेहि ॥ १३ ॥
केण वि उज्जाणहरे, आलिहिया बालिया मणभिरामा । जइ जाणसि भूयत्थं, साहसु कस्सेरिसा धूया? ॥ १४ ॥
जं एव पुच्छिओ सो, भणइ तओ नारओ पसंसन्तो । अत्थि मिहिलाएँ राया, जणओ सो इन्दकेउसुओ ॥ १५ ॥
तस्स महिला विदेहा, तीए दुहिया इमा पवरकन्ना । जोव्वणगुणाणुरूवा, सीया नामेण विक्खाया ॥ १६ ॥
अहवा किं परितुट्ठो, पडिरूवं पेच्छिऊण आलेक्खे? । जे तीएँ विब्भमगुणा, ते च्चिय को वण्णिउं तरइ? ॥ १७ ॥
एवं कहिऊण गओ, जहिच्छियं नारओ अइतुरन्तो । भामण्डलो वि दियहा[1], वम्महसरसल्लिओ गमइ ॥ १८ ॥
जइ तं कन्नारयणं, न लहामि कईवएहि दिवसेहिं । तो न य जीवामि फुडं, मयणभुयङ्गेण दट्ठो हं ॥ १९ ॥
सीयारूवविणडियं, पुत्तं नाऊण तत्थ चन्दगई । भामण्डलस्स पासं, समयं कन्ताएँ संपत्तो ॥ २० ॥

---

उद्विग्न मनवाला नारद उड़कर भाग खड़ा हुआ। (५) कैलास पर्वतके ऊपर आश्वस्त होकर वह सोचने लगा कि मैं उस प्रगल्भ कुमारीको दुःखके समुद्रमें गिराऊँगा। (६) ऐसा सोचकर वह शीघ्र ही रथनूपुर नगरमें गया। वहाँ उद्यान गृहमें पटपर सीताका चित्र खींचा। (७)

उसी समय भामण्डलके साथ महात्मा चन्द्रगति उसी उद्यानमें क्रीड़ा करनेके लिए नगरमेंसे बाहर निकला। (८) वहीं उद्यानगृहमें कन्याका पटपर खींचा हुआ वह चित्र देखकर भामण्डलकुमार अचानक विषण्ण हो गया। (९) वह दीर्घ निःश्वास छोड़ने लगा, अण्डबण्ड सोचने और प्रलाप करने लगा। चिन्तासे पकड़ा गया वह रात और दिन नींद नहीं लेता था। (१०) उसीमें लीन मनवाला वह सुगन्धित गन्ध एवं मालादि तथा आहार व स्नानविधिको इच्छा नहीं रखता था—ये सब उसे अरुचिकर प्रतीत होते थे। उसका अंग-प्रत्यंग क्षीण होने लगा। (११) तब कामपीड़ित उस कुमारको देखकर नारदने विश्वस्तभावसे उसके पास जाकर दर्शन दिया। (१२) भामण्डलने उसे देखा और फौरन खड़े होकर प्रणाम किया। दिये गये आसन पर बैठे हुए मुनिसे उसने कहा कि आप सुनें। (१३) किसीने उद्यानगृहमें एक सुन्दर कन्याका चित्र आलिखित किया है। यदि आप वस्तुतः जानते हैं तो कहें कि यह किस कन्याका चित्र है। (१४) इस प्रकार जब नारदसे पूछा गया तब उसने प्रशंसा करते हुए कहा कि मिथिलामें इन्द्रकेतुका पुत्र राजा जनक है। (१५) उसकी पत्नी विदेहा है। उसकी यौवन एवं गुणोंके अनुरूप सीता नामकी एक उत्तम कन्या विख्यात है। (१६) अथवा चित्रफलकके ऊपर उसका चित्र देखकर क्या तुम परितुष्ट हो गये हो? उसमें जो विभ्रमगुण हैं उनका वर्णन कौन कर सकता है? (१७) ऐसा कहकर नारद अति शीघ्र ही इच्छानुसार चला गया। कामदेवके बाणोंसे विद्ध भामण्डल भी दिन बिताने लगा। (१८) कतिपय दिनोंमें ही यदि उस कन्यारत्नको नहीं पाऊँगा तो मदनरूपी सर्पसे डँसा हुआ मैं अवश्य ही जी नहीं सकूँगा। (१९) पुत्रको सीताके रूपसे व्याकुल देखकर पत्नीके साथ चन्द्रगति भामण्डलके पास गया। (२०)

---

१. दियहे—प्रत्य०।

भणइ तओ चन्दगई, पुत्तय! मा एव दुक्खिओ होहि। कन्ना वरेमि गन्तुं, जा तुज्झ अवट्ठिया हियए ॥ २१ ॥
संथाविऊण पुत्तं, चन्दगई, भणइ अत्तणो महिलं। विज्जाहर-मणुयाणं, कह संबन्धो इमो होइ ॥ २२ ॥
भूमीगोयरनिलयं, अम्हं न हि जुज्जए तहि गन्तुं। अहवा तेण न दिन्ना, का वयणसिरी तया अम्हं? ॥ २३ ॥
तम्हा अकालहीणं, कंचि उवायं करेमि भद्दे! हं। कन्नाए तीए पियरं, एत्थेव ठिओ समाणेमि ॥ २४ ॥
चवलगइनामधेयं, सद्दावेऊण तस्स एयन्ते। सबं कहेइ राया, भामण्डलदुक्खमाईयं ॥ २५ ॥
सामियआणाए लहुं, मिहिलानयरिं गओ चवलवेगो। काऊण आसरूवं, वित्तासन्तो भमइ लोयं ॥ २६ ॥
दट्ठूण नरवरिन्दो, आसं उद्दामयं नयरमज्झे। तो भणइ गेण्हह इमं अदिट्ठपुबं महातुरयं ॥ २७ ॥
नरवइवयणेण तओ, गहिओ पुरिसेहि पग्गहकरेहिं। ठविओ य मन्दुराए, कुंकुमचच्चिक्कछुरियङ्गो ॥ २८ ॥
सो तत्थ माससमेगं, अवट्ठिओ ताव तुरियवेगेणं। संपत्तो भणइ निवं, गयवरपयवासिओ एक्को ॥ २९ ॥
सामिय! सुणेहि दिट्ठो, हत्थी एरावणो व रण्णम्मि। थोवन्तरेण पेच्छह, तं घेप्पन्तं कढिणदप्पं ॥ ३० ॥
सो एव भणियमेत्तो, विणिग्गओ नरवई गयारूढो। पत्तो य तं पएसं, पेच्छइ वरवारणं मत्तं ॥ ३१ ॥
दट्ठूण सरसि दुग्गे, हत्थी तो नरवई भणइ सिग्घं। आणेह किंचि तुरयं, बलपरिहत्थं विलग्गामि ॥ ३२ ॥
ताव च्चिय सो तुरओ, उवणीओ कढिणदप्पमाहप्पो। मोत्तूण कुञ्जरवरं, तत्थाऽऽरूढो नरवरिन्दो ॥ ३३ ॥
आरूढस्स य तुरओ, उप्पइओ नहयलं चवलवेगो। हाहारवं महल्लं, काऊण भडा गया सपुरं ॥ ३४ ॥
तत्तो अणेयदेसा, वोलेऊणं जिणालयासन्ने। पायवसाहाए लहुं, आलग्गो नरवई घणियं ॥ ३५ ॥
सो तस्स तरुवराओ, ओइण्णो कञ्चणामयं तुङ्गं। पेच्छइ वरपासायं, उब्भासन्तं दस दिसाओ ॥ ३६ ॥

---

तब चन्द्रगतिने कहा कि पुत्र! तू दुःखी न हो। जो तेरे हृदयमें स्थित है उस कन्याका मैं जाकर वरण करता हूँ। (२१)

इस प्रकार पुत्रको आश्वासन देकर चन्द्रगतिने अपनी पत्नीसे कहा कि विद्याधर एवं मनुष्योंके बीच यह सम्बन्ध कैसे हो सकता है? (२२) भूमि पर जिनके मकान दिखाई पड़ते हैं ऐसे मनुष्य होते हैं। हमारे लिए वहाँ जाना ठीक नहीं है। अथवा उसने न दी तो हमारे मुखकी शोभा क्या रहेगी? (२३) हे प्रिये! इसलिए मैं अविलम्ब ही कोई उपाय करता हूँ। यहीं बैठे बैठे उस कन्याके पिता को लाता हूँ। (२४) चपलगति नामके दूतको बुलाकर उसे एकान्तमें राजाने भामण्डलका दुःख आदि सब कुछ कहा। (२५) मालिककी आज्ञासे चपलवेग शीघ्र ही मिथिला नगरीमें गया। अश्वका रूप धारण करके लोगोंको त्रस्त करता हुआ वह घूमने लगा। (२६) नगरमें स्वच्छन्द घूमते हुए अश्वको देखकर राजाने कहा कि पहले न देखे गये ऐसे इस महा-अश्वको पकड़ो। (२७) तब राजाके आदेशसे पुरुषोंने उसे लगामसे पकड़ लिया। केसरके विलेपनसे लिप्त शरीरवाले उसको अश्वशालामें रखा। (२८) वह वहाँ एक महीने तक रहा। तब हाथीको पकड़ने वाले किसीने जल्दीसे आकर राजासे कहा कि, हे स्वामी! आप सुनें। जंगलमें ऐरावतके जैसा एक हाथी देखा गया है। थोड़ी दूर रहकर उस कठोर दर्पवाले हाथीको पकड़ते आप देखो। (२९ ३०) ऐसा कहकर वह चला गया। हाथी पर बैठकर राजा उस प्रदेशमें पहुँचा। वहाँ उसने एक मदोन्मत्त हाथी देखा (३१) दुर्गम सरोवरमें हाथीको देखकर राजाने कहा कि किसी बलशाली घोड़ेको लाओ, उस पर मैं आरूढ़ हूँगा। (३२) उसी समय कर्कश दर्प एवं गौरवसे युक्त वह घोड़ा लाया गया। हाथीको छोड़कर राजा उस पर आरूढ़ हुआ। (३३) आरूढ़ होते ही तीव्र वेगवाला घोड़ा आकाशमें उड़ा। सुभट बहुत हाहारव करके अपने नगरमें गये। (३४) उसके पश्चात् अनेक देश और आसन्नवर्ती जिनालयोंको पारकर राजा शीघ्र ही एक वृक्षकी शाखामें दृढ़ रूपसे आ लगा। (३५)

उस वृक्ष परसे नीचे उतर कर उसने सोनेका बना हुआ, ऊँचा और दसों दिशाओंको प्रकाशित करनेवाला एक उत्तम प्रासाद देखा। (३६) निर्भय वह तलवार खींचकर दरवाजेमें दाखिल हुआ। वहाँ उसने उद्यानमें एक बावड़ी

आयड्ढिऊण खग्गं, विगयभओ गोउरं समल्लीणो । अह पेच्छइ तत्थ पुणो, वावी उज्जाणमज्झम्मि ॥ ३७ ॥
दिट्ठं जिणिन्दभवणं, नाणाविहमणिमऊहपज्जलियं । इन्दस्स वासगेहं[1], नज्जइ सग्गाउ अवइण्णं ॥ ३८ ॥
अब्भन्तरं पविट्ठो, पेच्छइ सीहासणट्ठियं पडिमं । आइगरस्स भगवओ, दीहजडामउडकयसोहं ॥ ३९ ॥
दट्ठऊण अञ्जलिउडं, सहसा ओमुच्छिओ समासत्थो । भावेण पयय्यमणसो, करेइ थुइमङ्गलविहाणं ॥ ४० ॥
काऊण य किइकम्मं, उवविट्ठो तत्थ विम्हिओ जणओ । मोत्तूण आसरूवं, चवलगई वि य गओ सपुरं ॥ ४१ ॥
नमिऊण सामिचलणे, पत्तो साहेइ अवहियं[2] जणयं । उज्जाणमज्झयारे, ठवियं चिय जिणहरासन्ने ॥ ४२ ॥
सोऊण आगयं सो, जणयं विज्जाहराहिवो तुट्ठो । घेत्तूण महापूयं, तं जिणभवणं गओ सिग्घं ॥ ४३ ॥
दिव्वविमाणारूढो, दिट्ठो जणएण सुहडपरिकिण्णो । मुणिओ य कओ एसो, इहागओ खेयराहिवई ? ॥ ४४ ॥
अमुणियचित्तसहावो, जणओ सीहासणन्तरनिलुक्को । जावच्छइ ताव चिय, चन्दगईणं कया पूया ॥ ४५ ॥
थुइमङ्गलं च विहिणा, काऊणं तत्थ बारसावत्तं । अह गाइउं पवत्तो, जिणगुण वीणा य घेत्तूणं ॥ ४६ ॥

जो तियसाहिवेहि ण्हविओ गिरिमत्थए, किन्नर-सिद्ध-जक्खकयमङ्गलसद्दए ।
जम्म-जरा-विओग-घणकम्मविणासए, पणमह आयरेण सययं उसभजिणिन्दए ॥ ४७ ॥
तुहं सयंभू भयवं! चउम्मुहो, पियामहो विण्हु जिणो तिलोयणो ।
अणन्तसोक्खामलदेहधारिणो, सयंपबुद्धो वरधम्मदेसओ ॥ ४८ ॥
पणमह सुर-नर-ससि-रविमहियं, बहुविहगुणसयवरसिरिनिलयं ।
अणुवमअचलियसिवसुहफलयं, जिणवरसुचरिय तुह मम सरणं ॥ ४९ ॥

---

देखी । (३७) वहाँ उसने नानाविध मणियोंकी किरणोंसे प्रकाशित एक जिनमन्दिर देखा । स्वर्गमेंसे नीचे अवतीर्ण इन्द्रके रहनेके भवन जैसा वह मालूम होता था । (३८) भीतर प्रवेश करके उसने सिंहासनस्थित तथा लम्बी जटाके मुकुटसे शोभित भगवान् ऋषभदेवकी मूर्ति देखी । (३९) हाथ जोड़ते ही वह सहसा मूर्छित हो गया । होशमें आने पर प्रयत्नशील हृदयवाले उसने भावपूर्वक स्तुति एवं मंगलविधि की । (४०) वन्दन करके विस्मित होता हुआ जनक वहाँ बैठा । चपलगति मी अश्वरूपका त्याग करके अपने नगरमें गया । (४१) स्वामीके चरणोंमें नमस्कार करके उसने कहा कि अपहृत जनकको उद्यानके बीच जिनमन्दिरके समीप स्थापित करके मैं यहाँ आया हूँ । (४२) आये हुए जनकके बारेमें सुनकर तुष्ट विद्याधर राजा बड़ी भारी पूजा सामग्री लेकर शीघ्र ही उस जिनभवनके पास गया । (४३) दिव्य विमानमें आरूढ़ और सुभटोंसे घिरे हुए उसको जनकने देखा । और सोचा कि यह कौन खेचर-राजा यहाँ आया है ? (४४) उसके चित्तके भावसे अज्ञात जनक अभी तो सिंहासनके पीछे छिपकर बैठा ही था कि चन्द्रगतिने आकर पूजा की (४५) विधिपूर्वक स्तुति-मंगल तथा द्वादशावर्त वन्दन करके वीणा लेकर वह जिनके गुणोंका गान करने लगा (४६)—

जिनको इन्द्रोंने मेरुपर्वतके शिखर पर स्नान कराया, जिनका किन्नर, सिद्ध एवं यक्ष मंगल गीत गाते हैं, जो जन्म एवं जरासे रहित तथा गाढ़ कर्मोंके विनाशक हैं—ऐसे ऋषभजिनेन्द्रको सतत आदरपूर्वक प्रणाम करो । (४७) हे प्रभो ! आप ही स्वयम्भू, चतुर्मुख, पितामह, जिन और त्रिलोचन हैं । आप ही अनन्तसुख एवं निर्मल देहको धारण करनेवाले हैं । आप ही स्वयंसम्बुद्ध तथा उत्तम धर्मका उपदेश देनेवाले हैं । (४८) सुर, नर, चन्द्रमा एवं सूर्य द्वारा पूजित, अनेक प्रकारके सैकड़ों गुणों तथा शोभाके धामरूप तथा अनुपम एवं अचल शिवसुखका फल प्रदान करनेवाले जिनवरको प्रणाम करो । हे सुचरित ! आप ही मेरे लिए शरणरूप हैं । (४९) मत्सर, राग एवं भयको जीतनेवाले, भय एवं दुर्गतिके

---

१. वासभवणं, नज्जइ—प्रत्य० । २. अपहृतम् ।

उसभं जियमच्छर-राग-भयं, भय-दोग्गइमग्गपणासयरं ।
करणुज्जयधम्मपहस्स गुरुं, गुरुकम्ममहोयहिसोसणयं ॥ ५० ॥

एवं गायन्तस्स य, सीहासणअन्तराउ निप्फिडिओ । जणओ चन्दगईणं, दिट्ठो य तओ समालत्तो ॥ ५१ ॥
भणिओ य साहसु फुडं, को सि तुमं ! भो ! कहिं च वत्थवो ? । केणेव कारणेणं, अच्छसि एत्थं जिणाययणे ? ॥ ५२ ॥
मिहिलापुरीए अहयं, जणओ नामेण इन्दकेउसुओ । एत्थाऽऽणिओ य हरिउं, केण वि मायातुरङ्गेणं ॥ ५३ ॥
संभासिय-कयविणया, दोण्णि वि य सुहासणेसु उवविट्ठा । अच्छन्ति पीइपमुहा, वेसम्भसमागयालावा ॥ ५४ ॥
नाऊण पत्थिवं सो, चन्दगई भणइ जणय ! निसुणेहि । दुहिया तुज्झ कुमारी, अत्थि त्ति मए सुयं पुव्वं ॥ ५५ ॥
सा मह सुयस्स दिज्जउ, कन्ना भामण्डलस्स अणुरूवा । गाढ म्हि अणुग्गहिओ, जणय ! तुमे नत्थि संदेहो ॥ ५६ ॥
सो भणइ खेयराहिव[1] ! मह वयणं सुणसु ताव एगमणो । दसरहसुयस्स दिन्ना, सा कन्ना रामदेवस्स ॥ ५७ ॥
भणइ पुणो चन्दगई, सा कन्ना केण कारणेण तुमे । दसरहसुयस्स दिन्ना ?, एत्थं मे कोउयं परमं ॥ ५८ ॥
मिहिलापुरीए देसो, अत्थि ममं धणसमिद्धजणपउरो । सो अद्धबब्बरेहिं, मेच्छेहि विणासिओ सबो ॥ ५९ ॥
संगामम्मि पवत्ते, मेच्छा रामेण निज्जिया सबे । रक्खससमाणसत्ता, देवेहिं जे न जिप्पन्ति ॥ ६० ॥
पुणरवि य महं देसो, सबो आवासिओ[2] भयविमुक्को । रामस्स पसाएणं, जाओ धण-रयणपडिपुण्णो ॥ ६१ ॥
तस्सुवयारस्स मए, सा कन्ना रूव-जोबण-गुणोहा । दिन्ना रामस्स फुडं, एयं ते साहियं गुज्झं[3] ॥ ६२ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, भणन्ति विज्जाहरा परमरुट्ठा । अविसेसो जणय ! तुमं, कज्ज-ऽकज्जं न लक्खेसि ॥ ६३ ॥
मेच्छेसु किं व कीरइ ?, पसवसरिच्छेसु हीणसत्तेसु । भग्गेसु तेसु समरे, सुहडाण जसो न निवडइ ॥ ६४ ॥

---

र्गका नाश करनेवाले, क्रियामें उद्यत ऐसे धर्म मार्गके उपदेशक तथा भारी कर्मरूपी महासागरको सुखानेवाले ऋषभदेवको वन्दन करो । (५०)

इस प्रकार चन्द्रगति जब गा रहा था तब सिंहासनके पीछेसे जनक बाहर निकला । देखने पर चन्द्रगतिने उससे कहा । (५१) उसने पूछा कि साफ़ साफ़ कहो कि तुम कौन हो ? कहाँके रहनेवाले हो ? और किस कारण इस जिनमन्दिरमें बैठे हुए हो ? (५२) इसके उत्तरमें जनकने कहा कि जनक नामका मैं इन्द्रकेतुका पुत्र किसी मायावी घोड़े द्वारा मिथिलासे अपहरण करके यहाँ लाया गया हूँ । (५३) संभाषण एवं विनयोपचार करके वे दोनों ही विश्वासमें आकर वार्तालाप करने लगे व प्रेममें तल्लीन होकर सुखासन पर बैठे । (५४) उसे राजा जानकर चन्द्रगतिने कहा कि, हे जनक ! तुम सुनो तुम्हारी पुत्री कुमारी है ऐसा मैंने पहले सुना था । (५५) वह अनुरूप कन्या मेरे पुत्र भामण्डलको तुम दो । हे जनक ! इसमें सन्देह नहीं है कि तुमसे मैं अत्यन्त अनुगृहीत हूँ । (५६) इस पर उसने कहा कि, हे विद्याधरनरेश ! मेरा कहना तुम ध्यान देकर सुनो । दशरथके पुत्र रामको मैंने वह कन्या दी है । (५७) चन्द्रगतिने पुनः पूछा कि वह कन्या तुमने दशरथके पुत्र रामको क्यों दी है ? यह जाननेका मुझे बहुत कुतूहल है । (५८) इसपर जनकने कहा कि धनसे समृद्ध तथा लोगोंसे प्रचुर मेरा मिथिलापुरी देश है । वह सारा अर्धबर्बर म्लेच्छोंने विनष्टकर दिया था । (५९) राक्षसोंके समान समर्थ और देवोंसे भी न जीते जा सके ऐसे उन सब म्लेच्छोंको रामने हरा दिया । (६०) मेरा सारा देश भयसे विमुक्त करके पुनः बसाया । रामके प्रसादसे वह धन एवं रत्नोंसे परिपूर्ण हुआ है । (६१) उस उपकारके कारण रूप, यौवन एवं गुणोंके समूहसे युक्त वह कन्या मैंने रामको दी है । यह गुप्त बात मैंने तुम्हें स्पष्ट रूपसे कही है । (६२)

यह कथन सुनकर अत्यन्त रुष्ट विद्याधर कहने लगे कि, हे जनक ! तुम अविवेकी हो । कार्य-अकार्य तुम नहीं देखते । (६३) पशुसदृश हीन सत्व म्लेच्छोंके ऊपर क्या बहादुरी की ? युद्धमें उन्हें नष्ट करनेसे सुभटोंको यश नहीं मिलता । (६४) कौएकी प्रीति सूखे पेड़में और बबूलकी विषके फलमें होती है । उसी तरह सामान्य और हीन तुम हीनके

---

१. अणुमरिसा—प्रत्य० । २. आसासिओ—प्रत्य० । ३. गुत्तं—प्रत्य० ।

कायस्स सुक्करुक्खे, पोई बालस्स विसफले होइ । तह इच्छइ अविसेसो, हीणो हीणेण संजोगो ॥ ६५ ॥
परिचयसु कुसंबन्धं, जणय ! तुमं भूमिगोयरेण समं । विज्जाहरेण समयं, करेहि नेहं सययकालं ॥ ६६ ॥
देवो व संपयाए, चन्दगई खेयराहिवो सूरो । एयस्स देहि कन्नं, का गणणा पायचारेणं ? ॥ ६७ ॥
जणएण वि पडिभणिया, किं निन्दह भूमिगोयरे तुब्भे ? । तित्थयर-चक्कवट्टी, हवन्ति मणुया हलधरा य ॥ ६८ ॥
भोत्तूण भरहवासं, बहवे इक्खागवंससंभूया । असुर-सुरनमियचलणा, सिवमयलमणुत्तरं पत्ता ॥ ६९ ॥
तत्थेव महावंसे, अणरण्णसुओ सुमङ्गलागब्भे । जाओ पढमपुरीए, नराहिवो दसरहो नामं ॥ ७० ॥
रूव-गुणसालिणीणं, पञ्च सया जस्स पवरजुवईणं । पुत्ता य पउममाई, चत्तारि जणा महासत्ता ॥ ७१ ॥
रामस्स विक्कमगुणं, नाऊणं तस्स परमउवयारं । तेण मए नियसुया, निरूविया तस्स वरकन्ना ॥ ७२ ॥
विज्जाहरा पवुत्ता, जणय ! तुमं सुणसु निच्छयं अम्हं । गब्वं चिय अइतुङ्गं, रामस्स फुडं समुव्वहसि ॥ ७३ ॥
एयं चिय धणुरयणं, वज्जावत्तं सुरेसु कयरक्खं । जइ कुणइ वसे रामो, तो कन्ना गेण्हउ कयत्थो ॥ ७४ ॥
अह पुण वज्जावत्तं, धणुरयणं अत्तणो वसे रामो । न कुणइ नरवइमज्झे, तो से कन्ना कओ होइ ? ॥ ७५ ॥
अह ते खेयरवसहा, जणयं धणुयं च गेण्हिउं तुरिया । मिहिलाभिमुहा चलिया, गओ य सपुरं च चन्दगई ॥ ७६ ॥
एत्तो कओवसोहं, जयसद्दुग्घुट्ठमङ्गलरवेणं । पविसरइ नियभवणं, जणओ बहुजणवयाइण्णो ॥ ७७ ॥
विविहाउहपरिहत्था, विज्जाहरपत्थिवा बलसमिद्धा । आवासिया समन्ता, मिहिलाए बाहिरुद्देसे ॥ ७८ ॥
ताव य खेयरवसओ, पणट्ठमाहप्प-दप्प-उच्छाहो । चिन्तेइ जणयराया, दीहुस्सासे विमुञ्चन्तो ॥ ७९ ॥
उत्तमनारीहि समं, तत्थ विदेहा गया निवसयासं । उवविट्ठा भणइ पहू !, किं झायसि महिलियं अन्नं ? ॥ ८० ॥

---

साथ ही सम्बन्ध चाहते हो । (६५) हे जनक ! तुम भूमिपर विहार करनेवालेके साथका कुसम्बन्ध छोड़ दो और सर्वदाके लिए विद्याधरके साथ स्नेह सम्बन्ध करो । (६६) शूर विद्याधरराज चन्द्रगति ऐश्वर्यमें देवके जैसा है । उसे कन्या दो । पैरोंपर विहार करनेवालोंकी गिनती ही क्या है ? (६७)

जनकने भी प्रत्युत्तरमें कहा कि तुम भूमिचर लोगोंकी निन्दा क्यों करते हो ? तीर्थंकर, चक्रवर्ती तथा हलधर मनुष्य ही होते हैं । (६८) भारतक्षेत्रका उपभोग करके इक्ष्वाकु वंशमें उत्पन्न तथा असुर एवं सुर जिनके चरणोंमें नमस्कार करते हैं ऐसे बहुतसे पुरुषोंने निर्मल और अनुत्तर शिवलोक प्राप्त किया है । (६९) उसी महावंशमें साकेतनगरीमें सुमंगलाके गर्भसे अनरण्यका पुत्र दशरथ नामका राजा हुआ है । (७०) रूप एवं गुणशाली पाँच सौ उसकी उत्तम स्त्रियाँ तथा राम आदि चार महासमर्थ पुत्र हैं । (७१) रामके पराक्रम तथा उसके परम उपकारको मैं जानता हूँ, अतः मैंने उसे अपनी सुन्दर कन्या दी है । (७२) इसपर वे विद्याधर कहने लगे कि, हे जनक ! तुम हमारा निश्चय सुनो । रामके लिए तुम स्पष्ट ही बहुत भारी गर्व धारण करते हो । (७३) देवों द्वारा रक्षित इस वज्रावर्त धनुषरत्नको यदि राम बसमें कर लें तो कृतार्थ वह कन्या ग्रहण करे, और यदि राम राजाओंके मध्यमें वज्रावर्त धनुषरत्नको अपने वशमें नहीं करेगा तो वह कन्या उसकी कैसे होगी ? (७४-७५)

इसके पश्चात् वे खेचरराजा जनक एवं धनुषको लेकर जल्दी ही मिथिलाकी ओर चले । चन्द्रगति भी अपने नगरमें गया । (७६) उधर सजाये गये अपने महलमें बहुतसे लोगोंसे घिरे हुए जनक राजाने जय शब्दके उद्घोषसे युक्त मंगलगीतों की ध्वनिके साथ प्रवेश किया । (७७) विविध आयुधोंमें दक्ष तथा बलसमृद्ध विद्याधर राजाओंने मिथिलाके बाहरके प्रदेशमें चारों ओर पड़ाव डाला । (७८) तब विद्याधरोंके वशीभूत तथा माहात्म्य, दर्प एवं उत्साह जिसका नष्ट हो गया है ऐसा जनकराजा दीर्घ निःश्वास छोड़ता हुआ सोचने लगा । (७९) उत्तम स्त्रियोंके साथ विदेहा राजाके पास गई और बैठकर कहने लगी कि क्या किसी दूसरी स्त्रीका ध्यान कर रहे हो ? (८०) अथवा जिसका मनसे चिन्तन कर रहे हो उस स्त्रीके बारेमें मुझे

---

१. तस्स—प्रत्य० । २. खेचरवशगः ।

अहवा कहेहि मज्झं, तं विलयं जं मणेण चिन्तेसि । आणेमि तक्खणं चिय, मा एवं दुक्खिओ होहि ॥ ८१ ॥
जं एव समालत्तो, जणओ तो भणइ अत्तणो कन्तं । अमुणियकज्जा सि तुमं, मह चिन्ताकारणं सुणसु ॥ ८२ ॥
मायातुरङ्गमेणं, नीओ हं तेणं[1] कलि वेयड्ढं । विज्जाहिवेण तत्तो, समयं काऊण परिमुक्को ॥ ८३ ॥
वज्जावत्तवरधणुं, जइ काहिइ अत्तणो वसे रामो । ता होही कन्ना ते, न पुणो अन्नेण भेएणं ॥ ८४ ॥
तं च अधन्नेण मए, बन्दावत्थेण इच्छियं सव्वं । विज्जाहरेहि धणुयं, इहाऽऽणियं नयरबाहिरओ ॥ ८५ ॥
जइ पुण सज्जीवं चिय, पउमो न करेइ तं महाधणुहं । तो खेयरेहि बाला, हिज्जिहिइ न एत्थ संदेहो ॥ ८६ ॥
दियहाणि वीस अवही, एयाण मए कया अपुण्णेणं । एत्तो परं तु नियमा, नेहिन्ति बलाधियारेणं ॥ ८७ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, वइदेही सोगपूरियसरीरा । परिदेविउं पयत्ता, नयणजलासित्तथणजुयला ॥ ८८ ॥
किं नाम मए सामिय!, दइवस्स कयं अभागधेज्जाए । जेण बहुदुक्खनिलयं, इमं सरीरं विणिम्मवियं ॥ ८९ ॥
पुत्तेण न संतुट्ठो, धूयं हरिऊण उज्जओ दइवो । मा मे होही एसा, नेहस्सऽवलम्बणं बाला ॥ ९० ॥
एकस्स जाव अन्तं, न जामि दुक्खस्स पावकम्मा हं । ताव चिय गरुययरं, बिइयं तु निरूवियं विहिणा ॥ ९१ ॥
रोवन्ती भणइ निवो, भद्दे! छड्डेहि सोगसंबन्धं । नच्चावेइ समत्थं, लोयं पुवकयं कम्मं ॥ ९२ ॥
संठाविऊण महिलं, जणएण समन्तओ धणुवरस्स । उवसोहिया विसाला, धरणी कयमण्डणाडोवा ॥ ९३ ॥
तीए सयंवरत्थे, आहूया नरवई समन्तेणं । सिग्घं साएयपुरी[2], रामस्स वि पेसिओ दूओ ॥ ९४ ॥
सोऊण दूयवयणं, पउमो भडचडयरेण महएणं । लक्खण-भरहेहि समं, मिहिलानयरी[3] समणुपत्तो ॥ ९५ ॥
माया-वित्तेहि समं, सव्वे वि गया नराहिवा मिहिलं । सम्माणिया य परमं, जणएण पसन्नहियएणं ॥ ९६ ॥

---

कहो। उसे मैं तत्काल लाती हूँ। इस प्रकार तुम दुःखित मत हो। (८१) जब इस प्रकार कहा, तब जनकने अपनी पत्नीसे कहा कि तुम कार्य नहीं जानती, मेरी चिन्ताका कारण सुनो। (८२) वह मायावी घोड़ा मुझे कल वैताढ्यपर ले गया था। वहाँके विद्याधर राजाने ऐसा संकेत करके छोड़ा है कि यदि राम वज्रावर्त नामक उत्तम धनुष्यको अपने बसमें करेगा तो कन्या उसकी होगी, दूसरे किसी प्रकारसे नहीं। (८३-८४) बन्धनावस्थामें पड़े हुए अधन्य मैंने वह सब मंजूर किया है। विद्याधर वह धनुष्य यहाँ नगरके बाहर लाये हैं। (८५) यदि राम उस महाधनुष्यकी डोरी नहीं चढ़ा सकेगा तो विद्याधर लड़कीको उठा ले जाएँगे, इसमें सन्देह नहीं है। (८६) अपुण्यशाली मैंने इनके साथ बीस दिनकी अवधि निश्चित की है। इसके बाद तो वे नियमानुसार लड़कीको बलपूर्वक ले जाएँगे। (८७)

यह कथन सुनकर विदेहाके शरीरमें शोक व्याप्त हो गया। वह रोने लगी और उसके आँसुओंसे दोनों स्तन भीग गये। (८८) हे स्वामी! दुर्भाग्यशाली मैंने दैव, जिसने बहुत दुःखोंका आवासरूप यह शरीर बनाया है, का क्या बिगाड़ा है? (८९) पुत्रसे सन्तुष्ट न होकर दैव पुत्रीका अपहरण करनेके लिए उद्यत हुआ है जिससे कि मेरे स्नेहकी अवलम्बनरूप यह लड़की भी न रहे। (९०) पापी मैं एक दुःखका जबतक अन्त नहीं पाती हूँ तबतक तो विधिने दूसरी और भी भारी दिखाया है। (९१) इस तरह रोती हुईको राजाने कहा कि, भद्रे! शोककी बात छोड़ो। पहलेका किया हुआ कर्म लोगोंको नचानेमें समर्थ है। (९२) पत्नीको आश्वासन देकर जनकने धनुषके चारों ओर मण्डपका आडम्बर करके विशाल पृथ्वी सजाई। (९३) शीघ्र ही उसके स्वयंवरके लिए चारों ओरसे राजाओंको बुलाया। रामके लिए साकेतपुरीमें दूत भेजा। (९४) दूतका बचन सुनकर बड़े भारी सुभट समूहसे युक्त हो लक्ष्मण एवं भरतके साथ राम मिथिलानगरीमें आ पहुँचे। (९५) माया और धनक साथ सभी राजा मिथलामें आये। प्रसन्नहृदय जनकने उनका बहुत सम्मान किया। (९६)

---

१. तेण तत्थ वेयड्ढं—प्रत्य०। २. पुरिं—प्रत्य०। ३. नयरिं—प्रत्य०।

विज्जाहरा य मणुया, सबालंकारभूसियसरीरा । रइयासणेसु एत्तो, उवविट्ठा परियणसमग्गा ॥ ९७ ॥
तत्तो सा धणुभवणे, सत्तहि कन्नासएहि परिकिण्णा । पेच्छइ नरिन्दवसभे, सीया कयमण्डणाडोवे[1] ॥ ९८ ॥
तो कञ्चुई पवुत्तो, बाले ! रामो इमो मणभिरामो । दसरहनिवस्स पुत्तो, देवकुमारोवमसिरीओ ॥ ९९ ॥
एयस्स जो समीवे, अणुओ चिय लक्खणो महाबाहू । भरहो सत्तुग्घो वि य, दोण्णि वि एए वरकुमारा ॥ १०० ॥
हरिवाहणो महप्पा, बाले ! मेहप्पहो य चित्तरहो । अह मन्दिरो जओ चिय, सिरिकन्तो दुम्मुहो भाणू ॥ १०१ ॥
राया चेव सुभद्दो, बुहो विसालो य सिरिधरो धीरो । अचलो य बन्धुरुद्दो, तह य सिही पत्थिवो सूरो ॥ १०२ ॥
एए अन्ने य बहू, विसुद्धकुलसंभवा नरवरिन्दा । तुज्झ कएण वरतणू, इहाऽऽगया धणुपरिक्खाए ॥ १०३ ॥
मन्तीण समुल्लवियं, धणुवं जो कुणइ एत्थ सज्जीवं । सो होही वरणीओ, कन्नाए नत्थि संदेहो ॥ १०४ ॥
एवं च भणियमेत्ते, कमेण चावस्स अभिमुहा सबे । अह दुक्किउं पयत्ता, निम्मज्जियपरियरावेढा ॥ १०५ ॥
जह जह दुक्कन्ति भडा, तह तह अंगी[2] विमुञ्चए धणुयं । विज्जुच्छडासरिच्छं, भीमोरगमुक्कनीसासं ॥ १०६ ॥
केएत्थ अग्गिभीया, करेसु पच्छाइऊण नयणाइं । भज्जन्ति पडिवहेणं, अन्नोन्नं चेव लङ्घन्ता ॥ १०७ ॥
अन्ने पुण दूरत्था, दट्ठूण फुरन्तपन्नयाडोवं । कम्पन्ति चलसरीरा, पणट्ठवाया दिसामूढा ॥ १०८ ॥
पन्नयवायाभिहया, पलासपत्तं व घत्तिया अवरे । मुच्छाविहलसरीरा, केई पुण थम्भिया सुहडा ॥ १०९ ॥
केई भणन्ति ठाणं, जइ वि हु जीवन्तया गमिस्सामो । तो दाणमणेयविहं, दाहामो दीण-किविणाणं ॥ ११० ॥
अन्ने भणन्ति एवं, अम्हे नियया सु महिलियासु समं । कालं चिय नेस्सामो, किं वा एयाए रूवाए ? ॥ १११ ॥
अवरे भणन्ति एसा, केण वि माया कया अउण्णेणं । ठविया य मरणहेउं, बहुयाणं नरवरिन्दाणं ॥ ११२ ॥

---

सब प्रकारके अलंकारोंसे भूषित शरीरवाले विद्याधर और मनुष्य अपने-अपने परिजनोंके साथ रचे हुए आसनों पर बैठ गये । (९७) तब सात सौ कन्याओंसे घिरी हुई सीताने सजाये गये धनुषभवनमेंसे वृषभके समान श्रेष्ठ राजाओंको देखा । (९८) कंचुकी कहने लगा कि, हे बाले! यह सुन्दर और देवकुमारोंके समान कान्तिवाला दशरथका पुत्र राम है । (९९) उसके समीप महाबली छोटा भाई लक्ष्मण है । ये दोनों उत्तम कुमार भरत और शत्रुघ्न हैं । (१००) हे बाले! महात्मा हरिवाहन, मेघप्रभ, चित्ररथ, मन्दिर, जय, श्रीकान्त, दुर्मुख, भानु, सुभद्रराजा, बुध, विशाल, धीर श्रीधर, अचल, बन्धु, रुद्र, तथा शिखी और सूर राजा – ये तथा दूसरे भी विशुद्ध कुलमें उत्पन्न बहुतसे राजा धनुषकी परीक्षा करनेकी दृष्टिसे, हे सुन्दरी! तुम्हारे लिए यहाँ आये हैं । (१०१-१०३) मंत्रियोंने घोषणा की कि जो यहाँ धनुष पर डोरी चढ़ा सकेगा वह कन्या द्वारा वरणयोग्य होगा, इसमें सन्देह नहीं है । (१०४)

इस प्रकार कहने पर अंगराग किये हुए तथा परिजनोंसे घिरे हुए वे सब क्रमशः धनुषकी ओर अभिमुख हो उस ओर बढ़ने लगे । (१०५) जैसे-जैसे सुभट उस ओर बढ़ते थे वैसे-वैसे वह धनुष बिजलीकी कान्ति सरीखी और भयंकर सर्पों द्वारा छोड़े गये निःश्वास जैसी आग छोड़ता था । (१०६) अग्निसे भयभीत कई सुभट तो हाथोंसे आँखें ढँककर एक दूसरेको लाँघते हुए विपरीत मार्गसे भागने लगे । (१०७) स्फुरायमाण सर्पोंका समूह देखकर दूर खड़े हुए दूसरे अस्थिरशरीरवाले, वाणी नष्ट हो गई हो ऐसे तथा दिङ्मूढ़ हो काँपने लगे । (१०८) सर्पोंकी फुत्कारसे आहत दूसरे पलाशके पत्तेकी भाँति दूर फेंके गये और मूर्छासे विह्वल कई सुभट स्तब्ध हो गये । (१०९) कई कहते थे कि यदि जीतेजी स्थान पर जा सकें तो दीन एवं कृपणजनोंको अनेक प्रकारका दान देंगे । (११०) दूसरे कहते थे कि हम अपनी स्त्रियोंके साथ समय बिताएँगे । इस रूपवतीसे हमें क्या प्रयोजन है ? (१११) दूसरे कहते थे कि किसी पापीने माया की है और बहुतसे राजाओंको मारनेके लिए यहाँ स्थापित की है । (११२) तब डुलते हुए कुण्डलवाले, मुकुट एवं अलंकारोंसे विभूषित देहवाले और सुन्दर हाथीके

---

१. णाडोवा—प्रत्य० । २. अंगि—प्रत्य० ।

ताव य चलन्तकुण्डल-मउडा-ऽलंकारभूसियसरीरो । पउमो गयवरगामी, अल्लीणो धणुवरन्तेणं ॥ ११३ ॥
अह ते महाभुयङ्गा, नियसहावट्ठिया परमसोमा । धणुयं पि विगयजालं, गहियं रामेण सहस त्ति ॥ ११४ ॥
ठविऊण लोहपीढे, सज्जीवं धणुवरं कयं सिग्घं । ताव च्चिय संजायं, रय-रेणुसमोत्थयं गयणं ॥ ११५ ॥
आकम्पिया य सेला, विवरीयं चिय वहन्ति सरियाओ । उक्का-तडिच्छडालं, विद्दुमवण्णं दिसायक्कं ॥ ११६ ॥
सबत्तो घोररवा, चण्डा निवडन्ति तत्थ निग्घाया । सूरो पणट्ठतेओ, जाओ य जणो भउब्विग्गो ॥ ११७ ॥
एयारिसम्मि जाए, पलयावत्ते जए धणुवरं तं । विलएइ पउमनाहो, सबनरिन्दाण पच्चक्खं ॥ ११८ ॥
एयन्तरम्मि गयणे, देवा मुञ्चन्ति कुसुमवरवासं । साहु त्ति जंपमाणा, जयसद्दुग्घुट्ठतूररवा ॥ ११९ ॥
रामेण धणुवरं तं, गाढं अप्फालियं सदप्पेणं । जह वरहिणेहि घुट्ठं, नवपाउसमेहसङ्काए ॥ १२० ॥
खुहिओ व सायरवरो, सो जणनिवहो कमेण आसत्थो । ताव च्चिय पसयच्छी, सीया रामं पलोएइ ॥ १२१ ॥
उल्लसियरोमकूवा, सिणेहसंबन्धजणियपरिओसा । लीलाएँ संचरन्ती, रामस्स अवट्ठिया पासे ॥ १२२ ॥
ऊयारिऊण धणुयं, पउमो नियआसणे सुहनिविट्ठो । सीयाएँ समं रेहइ, रइसाहीणो अणङ्गो व ॥ १२३ ॥
तं लक्खणेण धणुयं, घेत्तूणं वलइयं सहरिसेणं । आयड्ढियं सदप्पं, पक्खुभियसमुद्दनिग्घोसं ॥ १२४ ॥
दट्ठूण विक्कमं ते, सबे विज्जाहरा भउब्विग्गा । देन्ति गुणसालिणीओ, अट्ठारस पवरकन्नाओ ॥ १२५ ॥
विज्जाहरेहि सिग्घं, गन्तूणं चक्कवालवरनयरं । वित्तन्ते परिकहिए, चन्दगई दुम्मणो जाओ ॥ १२६ ॥
आलोइऊण भरहो, रामं दढसत्ति-कन्तिपडिपुण्णं । अह सोइउं पयत्तो, तक्खणमेत्तेण पडिबुद्धो ॥ १२७ ॥
गोत्तं पिया य एक्को, एयस्स ममं पि दोण्ह वि जणाणं । नवरं अब्भुयकम्मो, रामो परलोयसुकएणं ॥ १२८ ॥

---

समान गमन करनेवाले राम धनुषके पास आये। (११३) उस समय वे बड़े-बड़े सर्प अपने पूर्व रूपमें स्थित हो अत्यन्त सौम्य बन गये। और अग्निकी ज्वालासे रहित धनुषको भी रामने सहसा उठा लिया। (११४) लोहेके बने हुए मंच पर स्थापित करके उन्होंने धनुष पर शीघ्र ही डोरी चढ़ा दी। उस समय आकाश धूल और रेतसे छा गया। (११५) पर्वत काँप उठे, नदियाँ उल्टी बहने लगीं तथा दिशाएँ उल्का-बिजलीकी छटावाली और विद्रुमके समान वर्णवाली हो गईं। (११६) उस समय चारों तरफ़ घोर शब्द होने लगे, प्रचण्ड बिजलियाँ गिरने लगीं, सूर्य तेजहीन हो गया और लोग भयसे उद्विग्न हो गये। (११७) विश्वमें जब ऐसा प्रलयका आवर्तन हो रहा था तब रामने सब राजाओंके समक्ष उस उत्कृष्ट धनुषको चढ़ा दिया। (११८) इसी पर आकाशमेंसे 'साधु' ऐसा कहते हुए तथा जयध्वनीसे वाद्योंकी आवाजको भी आच्छादित करने वाले देवोंने सुन्दर पुष्पोंकी वर्षा की। (११९) वर्षाकालमें नवीन मेघोंकी आशंकासे मोर जैसा घोष करते हैं वैसा ही रामने दर्पके साथ उस उत्तम धनुषका प्रचण्ड टंकार किया। (१२०) उससे सागर क्षुब्ध हो गया। वह मानवसमूह आहिस्ता-आहिस्ता आश्वस्त हुआ। उस समय विशालाक्षी सीताने रामको देखा। (१२१) जिसके रोमकूप उल्लसित हो गये हैं और स्नेहके सम्बन्धसे जिसे परितोष हुआ है ऐसी सीता लीलापूर्वक गमन करती हुई रामके पास आई। (१२२) धनुषको उतारकर सीताके साथ अपने आसन पर आरामसे स्थित राम रतियुक्त अनंगकी भांति शोभित हो रहे थे। (१२३) उस धनुषको उठा करके हर्षित लक्ष्मणने बलयकी भांति गोलाकार बना दिया और क्षुब्ध समुद्रके समान निर्घोष करते हुए उसको दर्पके साथ खींचा। (१२४) उसके पराक्रमको देखकर भयसे उद्विग्न सब विद्याधरोंने गुणवाली अठारह उत्तम कन्याएँ दीं। (१२५) शीघ्र ही चक्रवालनगरमें जाकर विद्याधरोंने सारा वृत्तान्त कह सुनाया। इससे चन्द्रगति मनमें उद्विग्न हो गया। (१२६)

दृढशक्ति एवं कान्तिसे परिपूर्ण रामको देखकर उसी समय प्रतिबुद्ध भरत सोचने लगा कि इसके और मेरे—हम दोनों जनोंके गोत्र और पिता एक ही हैं। केवल परलोकमें किये हुए पुण्यके कारण राम अभ्युदय-कर्मवाले हैं। (१२७-१२८) अपने कर्मोंके प्रभावसे ही पद्मदलके समान नेत्रोंवाली, पद्मके समान मुखवाली तथा पद्मके गर्भके समान गौरवर्णा यह

पउमदलसरिसनयणा, पउममुही पउमगब्भसंकासा । पउमस्स इमा भज्जा, जाया नियया(णु)भावेणं ॥ १२९ ॥
सव्वकला-ऽऽगमकुसला, विमणं नाऊण केगई पुत्तं । दइयस्स साहइ फुडं, भरहकुमारस्स सब्भावं ॥ १३० ॥
भरहस्स मए सामिय!, मुणियं सोगाउरं मणं गाढं । तह तं करेहि सिग्घं, जह निव्वेयं न य उवेइ ॥ १३१ ॥
अत्थि जणयस्स भाया, कणओ नामेण एत्थ मिहिलाए । जाया य सुप्पभाए, तेण सुभद्दा पवरकन्ना ॥ १३२ ॥
सिग्घं सयंवरा सा, घोसाविज्जउ नरिन्दमज्झम्मि । जाव न गच्छइ भरहो, अज्जं चिय परमनिव्वेयं ॥ १३३ ॥
भणिऊण एवमेयं, सा वत्ता दसरहेण कणयस्स । कहिया य निरवसेसा, तेण वि य पडिच्छिया आणा ॥ १३४ ॥
कणएण तत्थ तुरियं, सव्वे वि नराहिवा समाहूया । जे वि य गया निवेसं, ते वि तहिं चेवमल्लीणा ॥ १३५ ॥
उवविट्ठेसु कमेणं, कणयसुया तत्थ आगया कन्ना । परिहरिऊण नरिन्दे, वरेइ भरहं सुभद्दा सा ॥ १३६ ॥
अच्चन्तविसमभावं, सेणिय! पेच्छसु खलाण कम्माणं । पडिबुद्धो चिय भरहो, भज्जाएँ विमोहिओ पच्छा ॥ १३७ ॥
जंपन्ति एक्कमेक्कं, विलक्खवयणा नराहिवा सव्वे । जा जस्स पुव्वविहिया, भज्जा सा तस्स उवणमइ ॥ १३८ ॥
रामेण तओ सीया, परिणीया संपयाएँ परमाए । भरहेण वि कणयसुया, तेणेव निओगकरणेणं ॥ १३९ ॥
सव्वे काऊण तहिं, वीवाहमहुस्सवं नरवरिन्दा । नियययुराणि कमेणं, संपत्ता साहणसमग्गा ॥ १४० ॥

दसरहस्स सुया बलदप्पिया, नववहूहिं समं जणसेविया ।
पविसरन्ति कमेण सुकोसलं, विमलकित्तिधरा पुरिसोत्तमा ॥ १४१ ॥

॥ इय पउमचरिए रामलक्खणधणुरयणलाभविहाणो नाम अट्ठावीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

---

पद्मकी भार्या हुई है। (१२९) सर्वकला एवं शास्त्रोंमें प्रवीण कैकईने पुत्रको चिन्तित देख पतिसे भरतकुमारके मनोभावके बारेमें स्पष्ट रूपसे कहा कि हे स्वामी! मुझे भरतका मन अत्यन्त शोकातुर प्रतीत होता है। इसलिए शीघ्र ही वैसा करो जिससे वह निर्वेद प्राप्त न करे। (१३०-१३१) यहाँ मिथिलामें कनक नामका जनकका एक भाई है। उसकी पत्नी सुप्रभासे उसे सुभद्रा नामकी सुन्दर कन्या है। (१३२) जबतक आज भरत परम निर्वेद प्राप्त नहीं करता है तबतक शीघ्र ही वह स्वयंवरा है ऐसी राजाओंमें घोषणा करवाओ। (१३३) ऐसा ही हो—इस प्रकार कहकर वह सारी बात दशरथने कनकसे कही। उसने भी आज्ञा अंगीकार की। (१३४) कनकने फौरन ही सब राजाओंको बुलाया। जो अपने स्थान पर चले गये थे वे भी वहाँ आ गये। (१३५) सबके बैठ जाने पर कनककी पुत्री वहाँ आई। दूसरे राजाओंका त्याग करके उस सुभद्राने भरतका वरण किया। (१३६)

हे श्रेणिक! दुष्ट कर्मोंकी अत्यन्त विषमता तो देखो कि प्रतिबुद्ध होने पर भी भार्याने बादमें उसे विमोहित कर दिया। (१३७) लज्जित मुखवाले सब राजा एक-दूसरेसे कहने लगे कि जो जिसकी पूर्वकर्म द्वारा विहित भार्या होती है वही उसे मिलती है। (१३८) तब रामने सीताके साथ परम वैभवके साथ विवाह किया। भरतने भी कनकसुता सुभद्राके साथ उसी नियोग एवं करणमें शादी की। (१३९) वहाँ विवाह-महोत्सव करके क्रमशः सब राजा सेनाके साथ अपने-अपने नगरमें पहुँचे। (१४०) बलका अभिमान रखनेवाले लोगों द्वारा सेवित विमल कीर्ति धारण करनेवाले तथा पुरुषोंमें उत्तम ऐसे दशरथके पुत्र क्रमशः अपना कौशल फैलाने लगे। (१४१)

। पद्मचरितमें राम एवं लक्ष्मण द्वारा किया गया धनुष-रत्नका लाभ नामक अट्ठाइसवाँ उद्देश समाप्त हुआ।

---

१. भद्दाए—प्रत्य०। २. कयसोहिया—प्रत्य०।

## २९. दसरहवइराग-सव्वभूयसरणमुणिआगमणं

एत्तो चिय आसाढे, राया धवलट्ठमीए भूईए । जिणचेइयाण महिमं, काऊण तओ समाढत्तो ॥ १ ॥
सम्मज्जिओवलित्ता, जिणहरभूमी करन्ति केणत्थ । रङ्गावलीनिओगं, चुण्णेणं पञ्चवण्णेणं ॥ २ ॥
केई पुण वरकुसुमे, गहिऊणं तोरणेसु मालाओ । विरयन्ति य भत्तीओ, विचित्तधाउरसेणं तु ॥ ३ ॥
सव्वम्मि सुपडिउत्ते, सुयसहिओ नरवई जिणिन्दाणं । ण्हवणं करेइ विहिणा, पडुपडह-मुइङ्गसद्दालं ॥ ४ ॥
दिवसाणि अट्ठ राया, पोसहिओ जिणवराण वरपूयं । काऊण भत्तिमन्तो, संथुणइ परेण विणएणं ॥ ५ ॥
तं ण्हवणसन्तिसलिलं, नरवइणा पेसियं सभज्जाणं । तरुणविलयाहि नेउं, छूढं चिय उत्तमङ्गेसु ॥ ६ ॥
कञ्चुइहत्थावगयं, जाव य गन्धोदयं चिरावेइ । ताव य वरग्गमहिसी, पत्ता कोवं च सोयं च ॥ ७ ॥
चिन्तेऊण पयत्ता, एयाओ नरवईण महिलाओ । सम्माणियाउ न य हं, एत्तो जिणसन्तिसलिलेणं ॥ ८ ॥
दइयस्स को व दोसो?, पुव्वं न उवज्जियं मए सुकयं । तेणं चिय पम्हुट्ठा, जुवईणं मज्झयारम्मि ॥ ९ ॥
अवमाणजलणदड्ढं, एयं मे पावपूरियं हिययं । मरणेण उवसमिज्जइ, कत्तो पुण अन्नभेएणं? ॥ १० ॥
भण्डारियं विसाहं, सद्दावेऊण भणइ ससिवयणा । एयं न कस्स वि तुमे, संपइ वत्थुं कहेयव्वं ॥ ११ ॥
अब्भिन्तरं पविट्ठा, मरणे उच्छाहनिच्छियमईया । कण्ठकरगहियवत्था, ताव चिय नरवई पत्तो ॥ १२ ॥
पेसजणस्स नरिन्दो, सद्दं निसुणेइ तत्थ अइकलुणं । हा देवि! किमारद्धं, जीयन्तयरं इमं कम्मं? ॥ १३ ॥
घेत्तूण पत्थिवेणं, निययङ्कनिवेसिया समालत्ता । कीस अकज्जे सुन्दरि!, मरणुच्छाहा तुमं जाया? ॥ १४ ॥
सा भणइ सामिय! तुमे, सव्वाण वि महिलियाण सन्तिजलं । संपेसियं महायस!, तस्साहं वञ्चिया नवरं ॥ १५ ॥

## २९. दशरथका वैराग्य तथा मुनि सर्वभूतशरणका आगमन

उधर आषाढ़की शुक्ल अष्टमीके दिन राजाने वैभवके साथ जिनचैत्योंका माहात्म्य मनाना शुरू किया। (१) कई लोग बुहारकर पोती गई जिनमन्दिरकी भूमिपर पाँच रंगके चूर्ण द्वारा रंगवल्ली[1] (एँपन) का कार्य करने लगे। (२) कई उत्तम पुष्प लेकर तोरणोंमें मालाएँ तथा विचित्र धातुरससे रचनाएँ करने लगे। (३) सब सम्पन्न होनेपर पुत्रसहित राजाने जिनेन्द्रोंका विधिपूर्वक दुन्दुभि एवं मृदंगसे अत्यन्त शब्दायमान ऐसा स्नान कराया। (४) आठ दिनका पौषध किये हुए राजाने जिनवरोंकी पूजा करके भक्तियुक्त हो परम विनयके साथ स्तुति की। (५) वह शान्तिस्नानका जल राजाने अपनी पत्नियोंके पास भेजा। तरुण स्त्रियोंने लेकर उसे मस्तकपर डाला। (६) कंचुकी हाथमें रहे हुए गन्धोदक ले जानेमें विलम्ब कर रहा था। इसपर मुख्य पटरानीको क्रोध और शोक हो आया। (७) वह सोचने लगी कि ये महिलाएँ राजा द्वारा जिनेश्वरके शान्तिजलसे सम्मानित हुई हैं, किन्तु मैं नहीं हुई। (८) इसमें पतिका क्या दोष है? मैंने पूर्वमें पुण्य उपार्जित नहीं किया होगा। उसीसे स्त्रियोंके बीच मैं भुला दी गई हूँ। (९) अपमानरूपी आगसे जला हुआ और पापसे भरा हुआ मेरा यह हृदय मरणसे ही शान्त होगा। दूसरे प्रकारसे कैसे शान्त हो सकेगा? (१०) तब विशाख नामके भण्डारीको बुलाकर शशिवदना कैकेईने कहा कि यह बात तुम इस समय किसीसे मत कहना। (११) मरणके लिए उत्साही और दृढ़ निश्चयवाली वह भीतर प्रवेश करके जैसे ही हाथमें लिया हुआ वस्त्र गलेमें बाँधती थी वैसे ही राजा आ पहुँचा। (१२) राजाने वहाँ नौकरका अत्यन्त करुण शब्द सुना कि, हे देवी! जीवनका नाश करनेवाला यह कार्य तुम किसलिए कर रही हो? (१३) राजाने उसे उठाकर अपनी गोदमें रखा और कहा कि, हे सुन्दरी! किस तरहके अनुचित कार्यके कारण तुम्हें मरनेका उत्साह हुआ है? (१४) उसने कहा कि, हे स्वामी! आपने सभी स्त्रियोंको शान्तिजल भेजा, किन्तु हे महायश! मैं ही सिर्फ उससे वंचित रखी गई। (१५) अपमानसे दुःखित हो उच्चकुलमें उत्पन्न स्त्री प्राणधारण करके क्या करे? मरण ही अच्छा है।

१. गुजरातीमें रंगोली।

अवमाणदूमिएणं, किं कीरइ पणइणीण जीएणं । तुङ्गकुलजाइयाणं?, वरं खु मरणं सुहावेइ ॥ १६ ॥
जाव य सा भणइ इमं, ताव च्चिय कञ्चुई समणुपत्तो । एवं समुल्लवन्तो, तुज्झ जलं पेसियं पहुणा[1] ॥ १७ ॥
सा कञ्चुइणा मुद्धा, अहिसित्ता तेण सन्तिसलिलेणं । निव्वियमाणसग्गी, पसन्नहियया तओ जाया ॥ १८ ॥
ताव य नराहिवेणं, भणिओ च्चिय कञ्चुई सरोसेणं । न य आगओ सि सिग्घं, को वक्खेवो तुहं आसि ? ॥ १९ ॥
ता कञ्चुई पवुत्तो, भएण अहियं चलन्तसव्वङ्गो । सामिय ! न य वक्खेवो, अत्थि महं कोइ जियलोए ॥ २० ॥
एयं जराएँ अङ्गं, मज्झ कयं विगयदप्पउच्छाहं । तूरन्तस्स वि धणियं, न वहइ परिजुण्णसयडं व ॥ २१ ॥
जे आसि मज्झ नयणा, सामिय! पढमं विपारदिट्ठिल्ला । ते वि य न दीहपेही, संपइ जाया कुमित्त व ॥ २२ ॥
कण्णा वि पढम वयणं, निसुणन्ता मम्मणं पि उल्लावं । ते सुमहयं पि सद्दं, न सुणन्ति पहू! दुपुत्त व ॥ २३ ॥
जे वि महं आसि पुरा, दन्ता वरकुडयकुसुमसंकासा । ते वि जरवड्ढइकया, पडिया अरय व तुम्बाओ ॥ २४ ॥
आसि च्चिय पढमयरं, हत्था दढचावकड्ढणसमत्था । ते वि य गय व कवलं, मुहाउ दुक्खेहि ढोयन्ति ॥ २५ ॥
जङ्घाओ वि य मज्झं, आसि पुरा चलण-गमणदच्छाओ । नाह! अणायत्ताओ, संपइ जह दुट्ठमहिलाओ ॥ २६ ॥
नवरं चिय हियइट्ठा, दइया विव नरवई महं लट्ठी । जा कुणइ अवट्टंभं, घुलन्त-विवडन्तदेहस्स ॥ २७ ॥
तूरन्तस्स य अङ्गं, कम्पइ बहुला हवन्ति नीसासा । खेओ य समुप्पज्जइ, गई वि मन्दं समुव्वहइ ॥ २८ ॥
कत्तो च्चिय वक्खेवो?, सामिय! अहयं जराएँ परिगहिओ । आणाएँ तुज्झ एन्तो, इमाएँ वेलाएँ संपत्तो ॥ २९ ॥
सुणिऊण तस्स वयणं, राया चिन्तेइ अद्धुवं देहं । तडिविलसियं व नज्जइ, खणेण जीयं पि नासेइ ॥ ३० ॥
देहस्स कए पुरिसा, कुणन्ति पावं परिग्गहासत्ता । विसयविसमोहियमई, धम्मं दूरेण वज्जेन्ति ॥ ३१ ॥

---

वही उसे सुख दे सकता है। (१६) जब वह ऐसा कह ही रही थी कि कंचुकी, ऐसा कहता हुआ कि आपके लिए स्वामीने जल भेजा है, आ पहुँचा। (१७) उस कंचुकी द्वारा वह मुग्धा स्त्री शान्तिजलसे अभिषिक्त की गई। तब मनकी आग शान्त होनेपर वह मनमें प्रसन्न हुई। (१८)

उस समय क्रुद्ध राजाने कंचुकीसे पूछा कि तुम यहाँ जल्दी क्यों नहीं आये। तुम्हें कौनसा विक्षेप हुआ था। (१९) तब भयसे और भी अधिक जिसका सारा अंग काँप रहा है ऐसा कंचुकी कहने लगा कि, हे स्वामी! इस जीवलोकमें मेरा कोई विक्षेपकारी नहीं है। (२०) बुढ़ापेने मेरा यह शरीर दर्प और उत्साहसे रहित बना दिया है। जल्दी करनेपर भी जीर्ण शकटकी भाँति यह विशेष नहीं चलता। (२१) हे स्वामी! पहले अतिदूर देखनेवाली मेरी जो आँखें थीं वे ही अब कुमित्रकी भाँति दीर्घदर्शी नहीं रही हैं। (२२) हे प्रभो! पहले जो अव्यक्त वचन और सम्भाषण भी कान सुनते थे वे ही अब दुष्ट पुत्रकी भाँति बड़ा भारी शब्द भी नहीं सुन सकते। (२३) कुटजके सुंदर पुष्पोंके सरीखे जो मेरे पहले दाँत थे उन्हें भी जरारूपी बढ़ईने आरोंको गिराकर साफ तुम्बे जैसा बना दिया है। (२४) जो हाथ पहले मजबूत धनुषको खींचनेमें समर्थ थे वे भी हाथीकी भाँति मुँहतक कौर दुःखसे ले जाते हैं। (२५) हे नाथ! जो जँघाएँ पहले चलन और गमनमें दक्ष थीं, अब वे दुष्ट स्त्रीकी भाँति स्वाधीन नहीं हैं। (२६) हे राजन्! प्रिय पत्नीकी भाँति लकड़ी ही केवल मेरी प्यारी है जो काँपते और गिरते शरीरको अवलम्बन देती है। (२७) जल्दी करनेपर शरीर काँपता है, साँस जोरोंसे चलती है, थाक पैदा होता है और गति भी मन्द हो जाती है। (२८) हे स्वामी! विक्षेप किससे? मैं बुढ़ापे द्वारा पकड़ा गया हूँ। आपकी आज्ञासे चलता-चलता इतने समयमें मैं यहाँ पहुँच पाया हूँ। (२९)

उसका वचन सुनकर राजा सोचने लगा कि यह अध्रुव शरीर बिजलीकी चमकके जैसा विदित होता है। क्षणभरमें जीव भी चला जाता है। (३०) परिग्रहमें आसक्त पुरुष देहके लिए पाप करते हैं। विषयरूपी विषसे विमोहित

---

१. पहुणा—प्रत्य०।

पुण्णेण परिग्गहिया, ते पुरिसा जे गिहं पयहिऊणं । धम्मचरणोवएसं, कुणन्ति निच्चं दढधिईया ॥ ३२ ॥
कइया हं विसयसुहं, मोत्तूण परिग्गहं च निस्सङ्गो । काहामि जिणतवं चिय, दुक्खक्खयकारणट्ठाए ॥ ३३ ॥
भुत्तं चिय विसयसुहं, पुहई परिपालिया चिरं कालं । जणिया य पवरपुत्ता, अन्नं किं वा पडिक्खामि ? ॥ ३४ ॥
परिचिन्तिऊण एयं, राया पुव्विकयस्स अवसाणे । धम्माणुरागरत्तो, भोगेसु अणायरं कुणइ ॥ ३५ ॥
कस्स वि कालस्स तओ, विहरन्तो सुमहएण सङ्घेणं । पत्तो साएयपुरिं, मुणिवसभो सव्वसत्तहिओ ॥ ३६ ॥
पन्थायवपरिसमियं, सङ्घं ठविऊण सरिसउद्देसं[1] । पविसरइ अप्पदसमो, महिन्दउदयं वरुज्जाणं ॥ ३७ ॥
तस-पाण-जन्तुरहिए, सिलायले समयले मणभिरामे । नागद्दुमस्स हेट्ठे, चउनाणी तत्थ उवविट्ठो ॥ ३८ ॥
केई गुहानिवासी, पब्भारेसु य अवट्ठिया समणा । गिरिकन्दरेसु अन्ने, समासिया चेइयहरेसु ॥ ३९ ॥
सो सव्वभूयसरणो, चाउव्वण्णेण समणसङ्घेणं । तत्थेव गमइ मासं, ताव च्चिय पाउसो पत्तो ॥ ४० ॥
गज्जन्ति घणा गरुयं, तडिच्छडाडोवभासुरं गयणं । धारासयजज्जरिया, नवसाससमाउला पुहई ॥ ४१ ॥
परिवड्ढन्ति नईओ, जाया पहियाण दुग्गमा पन्था । ऊसुयमणाउ एत्तो, गयवइयाओ विसूरन्ति ॥ ४२ ॥
झज्झ त्ति निज्झराणं, बप्पीहय-दद्दुराण मोराणं । सद्दो पवित्थरन्तो, वारणलीलं विलम्बेइ ॥ ४३ ॥
एयारिसम्मि काले, समणा सज्झाय-झाण-तवनिरया । अच्छन्ति महासत्ता, दुक्खविमोक्खं विचिन्तन्ता ॥ ४४ ॥
अह अन्नया नरिन्दो, पभायसमये भडेहि परिकिण्णो । वच्चइ उज्जाणवरं, मुणिवन्दणभत्तिराएणं ॥ ४५ ॥
संपत्तो य दसरहो, अहिवन्देऊण भावओ साहू । तत्थेव य उवविट्ठो, सुणेइ सिद्धन्तसंबन्धं ॥ ४६ ॥
लोगो दव्वाणि तहा, खेत्तविभागो य कालसब्भावो । कुलगरपरम्परा वि य, नरिन्दवंसा अणेगविहा ॥ ४७ ॥

बुद्धिवाले मनुष्य धर्मका दूरसे ही त्याग करते हैं। (३१) जो दृढ़ बुद्धिवाले घरका त्याग करके सदैव धर्मका आचरण और धर्मका उपदेश करते हैं वे ही पुण्यशाली हैं। (३२) विषयसुख तथा परिग्रहका त्याग करके मैं कब निःसंग बनूँगा और कब दुःखोंका क्षय करनेके लिए जिनप्रोक्त तप करूँगा ? (३३) मैंने चिरकाल पर्यन्त विषयसुखका उपभोग और पृथ्वीका परिपालन किया है। उत्तम पुत्रोंको भी जन्म दिया है। अब मैं दूसरे किसकी प्रतीक्षा करता हूँ ? (३४) ऐसा सोचकर पूर्वकृत कर्मोंके अवसानके समय राजा धर्मानुरागमें अनुरक्त हुआ और भोगोंमें अनादर करने लगा। (३५)

इसके बाद कुछ समय व्यतीत होने पर बड़े भारी संघके साथ विहार करते हुए सर्वसत्त्वहित मुनिवर साकेतमें पधारे। (३६) मार्ग और धूपसे थके हुए संघको सरोवरके प्रदेशमें ठहराकर स्वयं दसवें होकर उन्होंने महेन्द्रोदय नामक सुन्दर उद्यानमें प्रवेश किया। (३७) त्रस, प्राण और जन्तुसे रहित, समतल और मनोरम शिलातलके ऊपर तथा नागवृक्षके नीचे वे चतुर्ज्ञानी मुनिवर ठहरे। (३८) कई श्रमण गुफामें रहे, कई पर्वतके ऊपर ठहरे तो दूसरोंने पर्वतकी कन्दराओंमें और चैत्यगृहोंमें आश्रय लिया। (३९) उन सर्वभूतशरणने चतुर्विध श्रमणसंघके साथ वहीं एक मास बिताया। उसके बाद वर्षाकाल आ पहुँचा। (४०) बादल खूब गरजने लगे, आकाश बिजलीकी चमकसे दीप्तिमान् हो गया और सैकड़ों धाराओंसे जर्जरित पृथ्वी नवीन शस्यसे छा गई। (४१) नदियाँ बढ़ने लगीं, पान्थजनोंके लिए मार्ग दुर्गम हो गये और प्रोषितपतिकाएँ उत्सुकमना होकर अफसोस करने लगीं। (४२) झरनोंका झर्झर शब्द, पपीहे, मेढ़क और मोरोंका चारों ओर फैलनेवाला शब्द हाथीकी लीलाका बिडम्बन करता था। (४३) ऐसे समयमें स्वाध्याय, ध्यान और तपमें निरत महासमर्थ साधु दुःखके विनाशका विचार करते थे। (४४)

एक दिन सुभटोंसे घिरे हुए राजाने प्रभातके समय भक्तिरागसे मुनिको वन्दन करनेके लिए उद्यानकी ओर गमन किया। (४५) दशरथ आ पहुँचा। साधुओंको भावपूर्वक वन्दन करके वहीं बैठा और सिद्धान्तकी बातें सुनने लगा। (४६) लोक, द्रव्य, क्षेत्रका विभाग, कालका सद्भाव, कुलकर परम्परा तथा अनेक तरहके राजवंश—इनके बारेमें सुनकर तथा

१. सरिउद्देसं—प्रत्य० ।

थुणिऊण[1] पणमिऊण य, मुणिवसहं नरवई पहट्ठमणो । पविसरइ नियय[2]नयरी, गमेइ कालं जहिच्छाए ॥ ४८ ॥
एवं राया मुणिगुणकहासत्तचित्तो महप्पा, पूया-दाणं विणयपणओ देइ सव्वायरेणं ।
सेविज्जन्तो गमइ दियहे दिव्वनारीजणेणं, पुव्वोवत्तं विमलहियओ भुञ्जई देहसोक्खं ॥ ४९ ॥

॥ इय पउमचरिए दसरहवइरागसव्वभूयसरणागमो नाम एगूणतीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## ३०. भामण्डलसंगमविहाणं

घणगरुयगज्जियरवो, कालो च्चिय पाउसो वइक्कन्तो । उद्दण्डपुण्डरीओ, संपइ सरओ समणुपत्तो ॥ १ ॥
ववगयघणसेवालं, ससिहंसं धवलतारयाकुमुयं[3] । लोगस्स कुणइ पीई, नभसलिलं पेच्छिउं सरए ॥ २ ॥
चक्काय-हंस-सारस-अन्नोन्नरसन्तकयसमालावा । निप्फण्णसव्वसस्सा, अहियं चिय रेहए वसुहा ॥ ३ ॥
भामण्डलस्स एवं, सीयाचिन्ताए गहियहिययस्स । सरओ च्चिय वोलीणो, मयणमहाजलणतवियस्स ॥ ४ ॥
अह अन्नया कुमारो, लज्जा[4] मोत्तूण पिउसगासम्मि । सीयाए कारणट्ठे, भणइ वसन्तद्धयं मित्तं ॥ ५ ॥
मा कुणसु दीहसुत्तं, परकज्जं सीयलं परिगणन्तो । मयणसमुद्दविवडियं, सुपुरिस ! तं मे न उक्खिवसि ॥ ६ ॥
एवं समुल्लवन्तं, भणइ कुमारं महद्धओ वयणं । निपुणेहि कहिज्जन्तं, सम्बन्धं तीए कन्नाए ॥ ७ ॥
जणओ कुमार ! अम्हे, एत्थाऽऽणेऊण मग्गिओ कन्नं । तेणं पि एवं भणियं, रामस्स मए पढमदिन्ना ॥ ८ ॥

---

मुनिवृषभको प्रणाम करके मनमें आनन्दित राजाने अपनी नगरीमें प्रवेश किया और इच्छानुसार काल व्यतीत करने लगा। (४७-४८)

इस प्रकार मुनिके गुण तथा उपदेशमें आसक्त चित्तवाला, महात्मा और विनयसे प्रणत राजा पूजा करता था तथा दान देता था। सेवा किया जाता वह दिव्य स्त्रियोंके साथ दिन बिताता था और पूर्वजन्ममें प्राप्त किये हुए शरीर-सुखका विमल हृदयवाला वह उपभोग करता था। (४९)

। पद्मचरितमें दशरथ-वैराग्य तथा सर्वभूतशरणका आगमन नामक उन्तीसवाँ उद्देश समाप्त हुआ ।

## ३०. भामण्डलका पुनर्मिलन

बादल और गम्भीर गर्जन-ध्वनि जिसमें होती है ऐसा वर्षाकाल व्यतीत हुआ। अब कमलोंको उद्दण्ड करनेवाला शरत्काल आया। (१) बादलरूपी सेवारसे रहित, चन्द्ररूपी हंससे युक्त, सफेद तारे रूपी कुमुदसे व्याप्त ऐसे आकाश रूपी जलको शरत्कालमें देखकर लोगोंको आनन्द होता था। (२) जिसमें चक्रवाक, हँस और सारस एक-दूसरेके साथ समालाप करते हैं और सब प्रकारके धान्य जिसमें उत्पन्न हुए हैं ऐसी पृथ्वी अधिक शोभित हो रही थी। (३) सीताकी चिन्ताने जिसके हृदयको पकड़ रखा है तथा मदनकी बड़ी भारी अग्निसे जो तप्त है ऐसे भामण्डलका शरत्काल भी व्यतीत हो गया। (४) एकदिन लज्जाका परित्याग करके कुमारने पिताके समक्ष ही सीताके बारेमें मित्र वसन्तध्वजसे कहा ! (५) दूसरेके कार्यको तुच्छ मानकर तुम दीर्घसूत्री मत बनो। हे सुपुरुष ! मदनरूपी सागरमें गिरे हुए मुझको तुम बाहर क्यों नहीं निकालते ? (६) इस तरह बोलते हुए कुमारको वसन्तध्वजने कहा कि उस कन्याके बारेमें तुम मेरा कहना सुनो। (७) हे कुमार ! यहाँ लाकरके जनकसे हमने कन्याकी मँगनी की थी। उसने भी ऐसा कहा कि मैंने रामको पहले ही दे दी है। (८) मित्रने आगे धनुष आदिके बारेमें जैसा हुआ था वैसा सब कुछ कहा। हे कुमार ! राजाओंके बीच

---

१. सुणिऊण—प्रत्य० । २. नयरिं—प्रत्य० । ३. कुमुम—मु० । ४. लज्जं—प्रत्य० ।

पुणरवि कहेइ मित्तो, सवं धणुयाइयं जहावत्तं । रामेण निवइमज्झे, सीया विभवेण परिणीया ॥ ९ ॥
नीया साएयपुरी[1], रामेण महाबलेण सा कन्ना । इन्दो वि पुवविहियं, कुमार ! न य अन्नहा कुणइ ॥ १० ॥
सुणिऊण वयणमेयं, रुट्ठो भामण्डलो भणइ एवं । विज्जाहरत्तणं मे, निरत्थयं तीए रहियस्स ॥ ११ ॥
एव भणिऊण तो सो, सन्नद्धो नियसाहणसमग्गो । अह जाइउं पवत्तो, साएयपुरिं सवडहुत्तो ॥ १२ ॥
तं पेच्छिऊण सहसा, वियब्भनयरं नहेण वच्चन्तो । संभरियपुवजम्मो, मुच्छावसविब्भलो जाओ ॥ १३ ॥
नीओ य नियभवणं, भडेहि अहियं समाउलमणेहिं । चन्दणजलोल्लियङ्गो, पडिबुद्धो तक्खणं चेव ॥ १४ ॥
भणिओ चन्दगईणं, पुत्तय ! किं कारणं गओ मुच्छं ? । एयं कहेहि मज्झं, मयणावत्थं पमोत्तूणं ॥ १५ ॥
लज्जाओणमियसिरो, भणइ य भामण्डलो विरुद्धं मे । परिचिन्तियं महाजस ! घणमोहपसङ्गजोएणं ॥ १६ ॥
जीसे पडम्मि रूवं, आलिहियं नारएण निक्खुत्तं । सा मज्झ नियय[2]बहिणी, एक्कोयरगब्भसंभूया ॥ १७ ॥

भामण्डलपूर्वभवः —

भणइ पुणो चन्दगई, पुत्तय ! साहेहि परिफुडं एयं । कह तुज्झ नियय[2]बहिणी सा कन्ना ? कस्स वा दुहिया ? ॥ १८ ॥
सो भणइ ताय ! निसुणसु, मह चरियं पुवजम्मसंबन्धं । अत्थि वियब्भा नयरी, महिन्दगिरिसंक[3]डे दुग्गे ॥ १९ ॥
तत्थाहं आसि पुरा, अह कुण्डलमण्डिओ नरवरिन्दो । भज्जा विप्पस्स हिया, तया मए कामवसएणं ॥ २० ॥
अणरण्णनरवईणं, बद्धो हं छुट्टिऊण हिण्डन्तो । पेच्छामि तत्थ समणं, तवलच्छिविभूसियसरीरं ॥ २१ ॥
तस्समणपायमूले, धम्मं सुणिऊण भावियमणेणं । गहियं अणामिसवयं, सद्धम्मे मन्दसत्तेणं ॥ २२ ॥
जिणवरधम्मस्स इमं, माहप्पं एरिसं अहो लोए । घणपावकम्मकारी, तह वि अहं दुग्गइं न गओ ॥ २३ ॥
नियमेण संजमेण य, अणन्नदिट्ठित्तणेण मरिऊणं । जाओ य विदेहाए, समयं अन्नेण जीवेणं ॥ २४ ॥

रामने वैभवके साथ विवाह किया है। महाबली राम सीताको साकेतपुरीमें ले गये हैं। इन्द्र भी पूर्वकृत कर्मको अन्यथा नहीं कर सकता। (९-१०) ऐसा कथन सुनकर रुष्ट भामण्डलने कहा कि तो फिर उससे रहित मेरे लिए विद्याधरता भी निरर्थक है। (११) ऐसा कहकर वह अपनी सारी सेनाके साथ तैयार हो गया। इसके बाद वह साकेतपुरीकी ओर चल पड़ा। (१२) आकाशमार्गसे जाता हुआ वह मार्गमें विदर्भनगरको देखकर पूर्वजन्मका स्मरण होने पर सहसा विह्वल हो मूर्च्छावश हो गया। (१३) अत्यन्त व्याकुल मनवाले सुभटों द्वारा वह अपने भवनमें लाया गया। चन्दनका जल शरीर पर सिंचन करनेसे वह तत्काल ही होशमें आया। (१४) चन्द्रगतिने पूछा कि, हे पुत्र ! मदनावस्थाका त्याग करके तू क्यों मूर्च्छित हो गया था, यह मुझे कह। (१५) लज्जासे अवनत सिरवाले भामण्डलने कहा कि, हे महाशय ! प्रगाढ़ मोहके कारण मैंने अनुचित विचार किया है। (१६) नारदने जिसको विशिष्ट चित्रपटमें अंकित किया था वह तो मेरी एक ही गर्भसे उत्पन्न सहोदरा बहन है। (१७) इसपर चन्द्रगतिने पुनः पूछा कि, हे पुत्र ! तू साफ-साफ कह कि वह कन्या तेरी अपनी बहन कैसे है तथा वह किसकी लड़की है ? (१८) उसने कहा कि, हे तात ! आप मेरे पूर्वजन्मका वृत्तान्त सुनें।

महेन्द्रगिरिसे घिरी हुई और दुर्गम ऐसी विदर्भनगरी है। (१९) पूर्वमें मैं वहाँ कुण्डलमण्डित नामका राजा था। उस समय कामके वशीभूत मैंने वहाँ एक ब्राह्मणकी भार्याका अपहरण किया था। (२०) अनरण्य राजाके द्वारा मैं पकड़ा गया था। छूटने पर घूमते हुए मैंने तपरूपी लक्ष्मीसे विभूषित शरीरवाले एक श्रमणको देखा। (२१) उस मुनिके चरणोंमें भावपूर्वक धर्म सुनकर मन्द सामर्थ्यवाले मैंने सद्धर्ममें अनामिषव्रत ( मांसभक्षण न करनेका व्रत ) अंगीकार किया। (२२) अहो ! जिनवरके धर्मका लोकमें ऐसा तो माहात्म्य है कि अत्यन्त पाप करनेवाला होने पर भी मैं दुर्गतिमें नहीं गया। (२३) नियम, संयम एवं अनन्यदृष्टिताके कारण मरकर मैं दूसरे जीवके साथ विदेहासे उत्पन्न हुआ। (२४) जिसकी महिलाको

१. पुरिं—प्रत्य०। २. भइणी—प्रत्य०। ३. संकुले—प्रत्य०।

जस्स मए सा महिला, गहिया सो सुरवरो समुप्पन्नो । तेणाहं अवहरिओ, मुक्को मणिकुण्डले दाउं ॥ २५ ॥
निवडन्तो ताय ! तुमे, दिट्ठो घेत्तूण आणिओ इहइं । परिवड्ढिओ कमेणं, पत्तो विज्जाहरत्तं च ॥ २६ ॥
सुणिऊण पगयमेयं, चन्दगई सह जणेण विम्हइओ । धिद्धिक्कारमुहरवो, संसारठिइं विनिन्देइ ॥ २७ ॥
दाऊण नियरज्जं, पुत्तस्स गओ सपरियणाइण्णो । मुणिसव्वभूयसरणं, राया संसारपरिभीओ ॥ २८ ॥
दिट्ठो महिन्दउदए, उज्जाणे वन्दिओ समणसीहो । भणिओ य मज्झ वयणं, भयवं ! निसुणेहि एगमणो ॥ २९ ॥
तुज्झ पसाएण अहं, जिणदिक्खं गेण्हिऊण कयनियमो । इच्छामि विणिग्गन्तुं, इमाउ भवपञ्जरघराओ ॥ ३० ॥
भणिओ य एवमेयं, मुणिणा वच्छल्लभावहियएणं । भामण्डलेण वि तओ, निक्खमणमहो कओ विउलो ॥ ३१ ॥
जणयमहारायसुओ, जयउ पहामण्डलो वरकुमारो । बन्दिजणुग्घुट्ठरवो, वित्थरिऊणं समाढत्तो ॥ ३२ ॥
भवणे विमुक्कनिद्दा, सीया आयण्णिऊण तं सद्दं । चिन्तेइ कोवि अन्नो, जणओ जस्सेस पुत्तवरो ॥ ३३ ॥
सूयाहरम्मि जो सो, मह भाया अवहिओ वइरिएणं । कम्मस्स उवसमेणं, किं व इहं सो समल्लीणो ? ॥ ३४ ॥
तो जणयरायदुहिया, रोवन्ती भणइ राघवो वयणं । नट्ठं हियं च भद्दे ! न सोइयव्वं बुहजणेणं ॥ ३५ ॥
एवं पभायसमए, उच्चलिओ दसरहो मुणिसयासं । जुवइ-बल-पुत्तसहिओ, कमेण पत्तो तमुज्जाणं ॥ ॥ ३६ ॥
पेच्छइ य तत्थ राया, सेन्नं विज्जाहराण वित्थिण्णं । उवसोहिया य भूमी, धय-तोरण-वेजयन्तीहिं ॥ ३७ ॥
तं वन्दिऊण साहुं, उवविट्ठो दसरहो सह बलेणं । भामण्डलो वि तत्तो[1], चिट्ठइ मुणिपायमूलत्थो ॥ ३८ ॥
विज्जाहरा य मणुया, आसन्ने मुणिवरा जणियतोसा । निसुणन्ति तग्गयमणा, गुरुवयणविणिग्गयं धम्मं ॥ ३९ ॥

---

मैंने उठा लिया था वह देव रूपसे उत्पन्न हुआ। उसने मेरा अपहरण किया और मणिकुण्डल देकर छोड़ दिया। (२५) उस समय गिरते हुए मुझे आपने देखा। फिर ग्रहण करके आप यहाँ लाये। क्रमसे बढ़ता हुआ मैं विद्याधरताको प्राप्त हुआ। (२६)

यह वृत्तान्त सुनकर लोगोंके साथ चन्द्रगति मुँहसे धिक्कारका शब्द कहता हुआ संसारकी स्थितिकी निन्दा करने लगा। (२७) अपना राज्य पुत्रको देकर संसारसे अत्यन्त भयभीत राजा चन्द्रगति अपने परिजनोंसे युक्त हो सर्वभूत-शरण नामक मुनिके पास गया। (२८) महेन्द्रोदय उद्यानमें उन श्रमण सिंहको देखा, वन्दन किया और कहा कि, हे भगवन् ! आप ध्यानसे मेरा कहना सुनें। (२९) आपके अनुग्रहसे कृतनिश्चय मैं जिनदीक्षा अंगीकार करके इस संसाररूपी पिंजरेमेंसे निकल जाना चाहता हूँ। (३०) हृदयमें वात्सल्यभाव धारण किये हुए मुनिने कहा कि ऐसा हो। भामण्डलने भी उस समय बड़ा भारी निष्क्रमण-महोत्सव मनाया। (३१) 'जनक महाराजके पुत्र कुमारवर भामण्डलकी जय हो'—ऐसी बन्दीजनों द्वारा उद्घोषित ध्वनि चारों ओर फैल गई। (३२) अपने भवनमें उस ध्वनिको सुनकर नींद टूटने पर सीता सोचने लगी कि यह कोई दूसरा ही जनक है जिसका कि यह पुत्र है। (३३) अथवा सूतिकागृहमेंसे मेरे जिस भाईका अपहरण शत्रुने किया था वही कर्मका उपराम होने पर यहाँ आया है। (३४) तब रोती हुई सीताको रामने कहा कि, हे भद्रे ! नष्ट और अपहृत सम्बन्धी वचन समझदारको नहीं सुनने चाहिए। (३५)

सुबहके समय युवतियों, सैन्य तथा पुत्रोंके साथ दशरथराजा मुनिके पास चले और अनुक्रमसे उस उद्यानमें आ पहुँचे। (३६) वहाँ राजाने विद्याधरोंकी विशाल सेना तथा ध्वज, तोरण एवं पताकाओंसे शोभित भूमि देखी। (३७) उन साधुको वन्दन करके सैन्यके साथ दशरथ बैठा। उधर भामण्डल भी मुनिके चरणोंमें बैठा हुआ था। (३८) विद्याधर, मनुष्य और समीपमें बैठे हुए मुनिवर सन्तोषके साथ एकचित्तसे गुरुके मुखमेंसे निकलनेवाला धर्म सुनने लगे कि—

---

१. रात्तो—प्रत्य० ।

सायारमणायारं, सुद्धं बहुभेय-पज्जयं धम्मं । भवियसुहुप्पायणयं, अभवजीवाण भयजणणं ॥ ४० ॥
सम्मद्दंसणजुत्ता, तव-नियमरया विसुद्धदढभावा । देहे य निरवयक्खा, समणा पावन्ति सिद्धिगइं ॥ ४१ ॥
जे वि य गिहधम्मरया, पूया-दाणाइसीलसंपन्ना । सङ्काइदोसरहिया, होहिन्ति सुरा महिड्ढीया ॥ ४२ ॥
एवं बहुप्पयारं, जिणवरधम्मं विहोऍ काऊणं । लभिहिन्ति देवलोए, ठाणाणि जहाणुरूवाणि ॥ ४३ ॥
जे पुण अभवजीवा, जिणवयणपरम्मुहा कुदिट्ठीया । ते नरयतिरियदुक्खं, अणुहोन्ति अणन्तयं कालं ॥ ४४ ॥
एवं मुणिवरविहियं, धम्मं सोऊण दसरहो भणइ । केण निभेण विउद्धो, चन्दगई खेयराहिवई ? ॥ ४५ ॥
संसारम्मि अणन्ते, जीवो कम्मावसेण हिण्डन्तो । गहिओ चन्दगईणं, बालो वरकुण्डलाभरणो ॥ ४६ ॥
संवड्ढिओ कमेणं, एसो भामण्डलो वरकुमारो । जणयतणयाऍ रूवं, दट्ठुं मयणाउरो जाओ ॥ ४७ ॥
सरिओ य पुवजम्मो, मुच्छा[1] गन्तुं पुणो वि आसत्थो । परिपुच्छिओ कुमारो, चन्दगईणं तओ भणइ ॥ ४८ ॥
अत्थेत्थ भरहवासे, वियब्भनयरं सुदुग्गपायारं । तत्थाहं आसि निवो, वरकुण्डलमंडिओ नामं ॥ ४९ ॥
विप्पस्स मए भज्जा, हरिया बद्धो य बालचन्देणं ! मुक्को मुणिवरपासे, गेण्हामि अणामिसं च वयं ॥ ५० ॥
कालं काऊण तओ, जणयस्स पियाऍ गब्भसंभूओ । जाओ बालाऍ समं, जिणवरधम्माणुभावेणं ॥ ५१ ॥
महिलाविओगदुहिओ, विप्पो वि य पिङ्गलो तवं काउं । उववन्नो पढमयरं, देवो संभरइ पुवभवं ॥ ५२ ॥
तो जायमेत्तओ हं, घेत्तूणं तेण वेरियसुरेणं । मुक्को य धरणिवट्टे, पुणरवि य तुमे घरं नीओ ॥ ५३ ॥
परिवड्ढिओ कमेणं, जाओ विज्जाहरो तुह गुणेणं । ओमुच्छिएण सहसा, अन्नभवो मे तओ सरिओ ॥ ५४ ॥
माया मे वइदेही, जणओ य पिया न एत्थ संदेहो । सा वि य मज्झ नराहिव ! सीया एक्कोयरा बहिणी ॥ ५५ ॥

---

सागार और अनगार तथा शुद्ध एवं बहुतसे भेद और पर्यायोंसे युक्त वह धर्म भव्यजनोंके लिए सुखजनक तथा अभव्य जनोंके लिए भयोत्पादक था। (३९-४०) सम्यग्दर्शनसे युक्त, तप एवं नियममें निरत, विशुद्ध एवं दृढ़ भाववाले तथा शरीरमें अनासक्त श्रमण सिद्धिगति प्राप्त करते हैं। (४१) और गृहस्थधर्ममें रत हो जो पूजा, दान आदि शीलसे सम्पन्न तथा शंका आदि दोषसे रहित होते हैं वे बड़ी ऋद्धिवाले देव होते हैं। (४२) इस तरह जिनवरके बहुत प्रकारके धर्मका विधिपूर्वक पालन करनेसे जीव देवलोकमें यथायोग्य स्थान प्राप्त करते हैं। (४३) जो जिनवचनसे पराङ्मुख और कुदृष्टिवाले अभव्य जीव होते हैं वे अनन्तकाल तक नरक एवं तिर्यंचगतिके दुःखका अनुभव करते हैं। (४४)

मुनिवर द्वारा कहे गये ऐसे धर्मको सुनकर दशरथने पूछा कि खेचराधिपति चन्द्रगतिको जागृति किस कारण हुई है ? (४५) इस पर मुनिवरने कहा कि जीव कर्मवश अनन्त संसारमें परिभ्रमण करता है। चन्द्रगतिने उत्तम कुण्डलोंसे अलंकृत एक बालक ग्रहण किया। (४६) अनुक्रमसे वह कुमारवर भामण्डल बड़ा हुआ और जनकतनया सीताका रूप देखकर मदनातुर हो गया। (४७) उसे पूर्वजन्मका स्मरण हो आया। मूर्छित होनेके बाद पुनः वह आश्वस्त हुआ। तब चन्द्रगति द्वारा पूछने पर कुमारने कहा कि इस भरतक्षेत्रमें दुर्गम प्राकारवाला एक विदर्भनगर है। वहाँ मैं कुण्डलमण्डित नामका राजा था। (४८-४९) ब्राह्मणकी भार्याका मैंने अपहरण किया। बालचन्द्रके द्वारा मैं बाँधा गया। छूटने पर मुनिवरके पास अनामिषव्रत मैंने अंगीकार किया। (५०) तब मरकर जिनवरके धर्मके प्रभावसे जनककी प्रियाके गर्भमें उत्पन्न मैं एक लड़कीके साथ पैदा हुआ। (५१) पत्नीके वियोगसे दुःखित ब्राह्मण पिंगल भी तप करके देवरूपसे उत्पन्न हुआ। उसने पूर्वभवका स्मरण किया। (५२) तब पैदा होते ही उस शत्रुदेवने मुझे उठा लिया और फिर जमीन पर छोड़ दिया। तुम मुझे घर पर लाये। (५३) क्रमशः बढ़ता हुआ मैं तुम्हारे प्रभावसे विद्याधर हुआ। तब मूर्छित मुझे सहसा पूर्वभव याद आ गया (५४) हे राजन् ! इसमें सन्देह नहीं कि मेरी माता विदेहा है और पिता जनक हैं तथा वह सीता ही मेरी सहोदरा भगिनी है। (५५)

---

१. कयकुण्ड—मुना० । २. मुच्छं—प्रत्य० ।

सुणिऊण पगयमेयं, सव्वे विज्जाहरा सुविम्हइया । चन्दगई वि नरिन्दो, पवइओ जायसंवेगो ॥ ५६ ॥
एत्थन्तरे मुणिन्दं, पुच्छइ भामण्डलो मह सिणेहं । अहियं वहइ महायस! चन्दगई केण कज्जेणं? ॥ ५७ ॥
अंसुमईएँ महायस! समप्पिओ वा अहं तओ पढमं । तत्थेव खेयरपुरे, जम्माणन्दो कओ परमो ॥ ५८ ॥

चन्द्रगति-भामण्डलपूर्वभवसम्बन्धः—

तो सव्वभूयसरणो, भणइ य भामण्डलं सुणसु एत्तो । माया-वित्तजुवलयं[1] जं आसि परे भवे तुज्झं ॥ ५९ ॥
विप्पो दारुग्गामे, विमुची नामेण गेहिणी तस्स । अणुकोसा अइभूई, पुत्तो सुण्हा य से सरसा ॥ ६० ॥
अह अन्नया कयाई, विप्पो सरसं नईएँ, दट्ठूणं । अवहरइ मयणमूढो, कयाणनामो महापावो ॥ ६१ ॥
एत्तो सो अइभूई, कन्तासोगाउरो महिं सयलं । परिभमइ गवेसन्तो, ताव य से लुडियं गेहं ॥ ६२ ॥
विमुची वि य पढमयरं, हिण्डइ देसं तु दक्खिणाकङ्खी । सुणिऊण गेहभङ्गं, पुत्तस्स तओ पडिनियत्तो ॥ ६३ ॥
चीरम्बरपरिहाणिं, अणुकोसं पेच्छिऊण अइदुहियं । संथावेइ य विमुची, तोएँ समं मेइणी भमइ ॥ ६४ ॥
पेच्छइ य सच्चरिपुरे, अवहिसमग्गं मुणिं विगयमोहं । सुण्हा-सुयसोगेण य, निव्वेयं चेव पडिवन्नो ॥ ६५ ॥
दट्ठूण साहुरिद्धिं, संसारठिइं च तत्थ निसुणेउं । संवेगजणियकरणो, विमुची दिक्खं समणुपत्तो ॥ ६६ ॥
सा वि तहिं अणुकोसा, पासे अज्जाएँ कमलकन्ताए । संजमतवनियमधरी, जाया समणी समियपावा ॥ ६७ ॥
अह ताणि दो वि मरिउं, तव-नियमगुणेण देवलोगम्मि । निच्चालोयमणहरं, गया य लोगन्तियं ठाणं ॥ ६८ ॥
अइभूइ कयाणो वि य, निस्सीलो निद्दओ करिय कालं । हिण्डेइ चाउरङ्गे, दुग्गइभवसंकडे भीमे ॥ ६९ ॥
सरसा वि य पवज्जं, काऊण तवं समाहिणा मरिउं । उववन्ना कयपुण्णा, देवी चित्तुस्सवा नामं[2] ॥ ७० ॥

---

यह वृत्तान्त सुनकर सभी विद्याधर अत्यन्त विस्मित हुए। चन्द्रगति राजा भी वैराग्य उत्पन्न होने पर प्रव्रजित हुआ। (५६) इसके बाद भामण्डलने मुनिसे पूछा कि, हे महायश! चन्द्रगति किसलिए मुझ पर अधिक स्नेह रखते हैं? हे महायश! अंशुमतिको मैं प्रथम सौंपा गया और उस खेचरपुरमें मेरा बड़ा भारी जन्मोत्सव मनाया गया इसका क्या कारण है? (५७-५८) तब सर्वभूतशरण मुनिने भामण्डलसे कहा कि तुम्हारे माता-पिताका जो युगल पूर्वभवमें था उसके बारेमें अब तुम सुनो। (५९)

दारुग्राममें विमुचि नामक एक ब्राह्मण था। अनुकोशा उसकी गृहिणी थी। उसे अतिभूति नामका पुत्र और सरसा नामकी पुत्रवधू थी। (६०) एक दिन कयाण नामका एक महापापी ब्राह्मण सरसाको नदीके ऊपर देखकर मदनसे विमूढ़ हो उठा और उसे ले गया। (६१) इसलिए कान्ताके शोकसे आतुर हो वह अतिभूति ढूँढ़ता हुआ सारी पृथ्वी पर घूमने लगा। उधर उसका घर लूट गया। (६२) दक्षिणाकी आकांक्षावाला विमुचि प्रथम तो देशमें घूमता था, पर पुत्रके गृहभंगके बारेमें सुनकर वह लौट आया। (६३) अत्यन्त दुःखित तथा जीर्ण वस्त्रवाली अनुकोशाको देखकर विमुचिने उसे सान्त्वना दी। फिर उसके साथ पृथ्वी पर घूमने लगा। (६४) पुत्रवधू और पुत्रके शोकसे सन्तप्त उसने सत्यारिपुरमें मोहरहित तथा अवधिज्ञानसे युक्त एक मुनिको देखा और निर्वेद प्राप्त किया। (६५) वहाँ साधुकी ऋद्धि देखकर और संसार स्थितिके बारेमें सुनकर जिसके मनमें संवेग उत्पन्न हुआ है ऐसे विमुचिने दीक्षा अंगीकार की। (६६) पापका शमन करनेवाली अनुकोशा भी वहीं पर कमलकान्ता नामकी आर्याके पास संयम, तप तथा नियमको धारण करनेवाली श्रमणी हुई। (६७) बादमें वे दोनों तप एवं नियमपूर्वक मरकर देवलोकमें नित्य आलोकसे मनोहर ऐसे लोकान्तिक स्थानमें गये। (६८) शीलरहित तथा दयाशून्य अतिभूति तथा कयाण भी मरकर चार अंगवाले दुर्गतिरूपी घोर भववनमें परिभ्रमण करने लगे। (६९) पुण्यशालिनी सरसा भी दीक्षा लेकर, तप करके तथा समाधिपूर्वक मरकर चित्तोत्सवा नामकी देवी

---

१. मातापितृयुगलकम्। २. जुयलयं—प्रत्य०। ३. धणदत्तपुओ कयाणो य—प्रत्य०।

कम्मस्स उवसमेणं, होऊण कमेण तो कयाणो वि । जाओ वि पिङ्गलो सो, पुत्तो चिय धूमकेउस्स ॥ ७१ ॥
अइभूई वि भमन्तो, संसारे हंसपोयओ जाओ । सेणेसु खज्जमाणो, पडिओ जिणचेइयासन्ने ॥ ७२ ॥
सोऊण नमोक्कारं, कीरन्तं साहवेण कालगओ । दसवरिससहस्साऊ, नगन्तरे किन्नरो जाओ ॥ ७३ ॥
चुइउं वियब्भनयरे, अह कुण्डलमण्डिओ समुप्पन्नो । अवहरइ पिङ्गलस्स उ, कन्ता[1] मयणाउरो तत्तो ॥ ७४ ॥
जो आसि पुरा विमुची, सो एसो चन्दविक्कमो राया । जा वि य सा अणुकोसा, सा [2]अंसुमई इहं जाया ॥ ७५ ॥
जो चेव कयाणो खलु, सरसा हरिऊण भमइ संसारे । महुपिङ्गलो त्ति समणो, जाओ पुण सुरवरो मरिउं ॥ ७६ ॥
जो वि य सो अइभूई, सो हु तुमं कुण्डलो समुप्पन्नो । एसो ते संबन्धो, परभवजणियस्स कम्मस्स ॥ ७७ ॥
एयं चिय वित्तन्तं, सबं सुणिऊण दसरहो राया । भामण्डलं कुमारं, अवगूहइ तिबनेहेण ॥ ७८ ॥
तं पेच्छिऊण सीया, सहोयरं जायबन्धवसिणेहा । पगलन्तअंसुनिवहा, रुयइ चिय महुरसद्देण ॥ ७९ ॥
चिरकालदरिसणुस्सुय-हियया आलिङ्गिउं समासत्था । सीया वि य कमलमुही, परिओसुब्भिन्नरोमञ्ची ॥ ८० ॥
रामेण लक्खणेण य, अन्नेण पि सेसबन्धवजणेणं । आलिङ्गिओ कुमारो, गरुयसिणेहाणुरागेणं ॥ ८१ ॥
तं पणमिऊण समणं, विज्जाहर-भूमिगोयरा सबे । हय-गय-जोहसमग्गा, साएयपुरिं पविसरन्ति ॥ ८२ ॥
भामण्डलेण समयं, संमन्तेऊण दसरहो लेहं । पेसेइ खेयरवरं, आसेण समं पवणवेगं ॥ ८३ ॥
गन्तूण पणमिऊण य, पवणगईणं नराहिवो जणओ । वद्धाविओ य सहसा, पुत्तस्स समागमेणं तु ॥ ८४ ॥
लेहं समप्पियं सो, जणओ सुणिऊण तस्स परितुट्ठो । देइ नियअङ्गलग्गं, आहरणविहिं निरवसेसं ॥ ८५ ॥

---

हुई । (७०) कर्मका उपशम होने पर क्रमशः कयाण भी धूमकेतुके पुत्र पिंगलके रूपमें उत्पन्न हुआ । (७१) अतिभूति भी संसारमें घूमता हुआ हंसका बच्चा हुआ । बाज पक्षियों द्वारा भक्षण किया जाता वह जिनचैत्यके पास गिरा । (७२) साधु द्वारा किये जाते नमस्कारको सुनकर वह मर गया और पर्वतके मध्यमें दशहजार वर्षकी आयुवाला एक किन्नर देव हुआ । (७३) वहाँसे च्युत होकर विदर्भनगरमें कुण्डलमण्डितके रूपमें उत्पन्न उसने मदनातुर होकर पिंगलकी पत्नीका अपहरण किया (७४) जो पहले विमुचि था वही यह चन्द्रगति राजा है और जो अनुकोशा थी वही यहाँ अंशुमती हुई । (७५) सरसाका अपहरण करके जो कयाण संसारमें भ्रमण करता था वह मधुपिंगल श्रमण हुआ । मर करके वह देव हुआ । (७६) जो वह अतिभूति था वह तुम कुंडलके रूपमें उत्पन्न हुए । परभवमें किए कर्मका तुम्हारा यह वृत्तान्त है । (७७)

यह सारा वृत्तान्त सुनकर दशरथ राजाने अत्यन्त स्नेहसे कुमार भामण्डलका आलिंगन किया । (७८) उस सहोदर भाईको देखकर बन्धुस्नेह जिसमें उत्पन्न हुआ है ऐसी सीता आँसू बहाती हुई मधुर स्वरमें रोने लगी । (७९) चिरकालके पश्चात् दर्शन होनेसे उत्सुक मनवाली और परितोषके कारण रोमांचित कमलमुखी सीता आलिंगन करके आश्वस्त हुई । (८०) रामने, लक्ष्मणने तथा अवशिष्ट दूसरे बन्धुजनोंने अत्यन्त स्नेहानुरागसे कुमारका आलिंगन किया । (८१) उन श्रमणको प्रणाम करके घोड़े, हाथी तथा योद्धाओंसे युक्त सभी विद्याधर तथा भूमि पर विचरण करनेवाले मनुष्योंने साकेतपुरीमें प्रवेश किया । (८२) दशरथने भामण्डलके साथ विचार-विनिमय करके अश्वसे युक्त पवनवेग नामके खेचरवरको लेखके साथ भेजा । (८३) जाकर और प्रणाम कर पवनगतिने पुत्रके समागमकी राजा जनकको सहसा बधाई दी । (८४) उसने लेख दिया । वह सुनकर हर्षमें आये हुए जनकने अपने शरीर पर धारण किये हुए सब आभूषण उसे दे दिये । (८५) लेखमें लिखे हुए वृत्तान्तके सारसे अवगत राजाका, परिजन एवं भार्याके साथ, उत्सव और मंगलध्वनिसे अत्यन्त अभिनन्दन

---

१. कन्तं—प्रत्य० । २. पुप्फवई मु० ।

लेहत्थमुणियसारो, सपरियणो नरवई सभज्जाओ । अभिणन्दिओ सुदूरं, कयकोउयमङ्गलरवेणं ॥ ८६ ॥
विज्जाहरसाहीणं, भज्जाएँ समं नराहिवो तुरियं । आरुहिऊण खणेणं, साएयपुरिं समणुपत्तो ॥ ८७ ॥
दट्ठूण नियययुत्तं, आलिङ्गिऊण रुयइ नरवसभो । अइदीहविओगाणल-तविओ पगलन्तनयणजुओ ॥ ८८ ॥
रुइऊण समासत्थो, पुत्तं परिमुसइ अङ्गमङ्गेसु । हियएण जायहरिसो, चन्दणफरिसोवमं महइ ॥ ८९ ॥
दट्ठूण सुयं जणणी, मुच्छा[1] गन्तूण तत्थ पडिबुद्धा । रुयइ कलुणं मयच्छी, चिरदंसणलद्धजीयासा ॥ ९० ॥
जत्तो पभूइ पुत्तय ! केण वि बालत्तणम्मि अवहरिओ । तत्तो इमं सरीरं, दड्ढं चिन्तग्गिणा मज्झं ॥ ९१ ॥
तुह दरिसणोदएणं, विज्झवियं एत्थ नत्थि संदेहो । परिओससमूसवियं, अज्जप्पभिइं महं हिययं ॥ ९२ ॥
धन्ना सा [2]अंसुमई, जीए अङ्गाइं बालभावम्मि । परिचुम्बियाइं पुत्तय ! कीलणरयरेणुमइलाइं ॥ ९३ ॥
फुसिऊण नयणजुयलं, थणेसु खीरं तओ हरिसियङ्गी । अभिणन्दिया विदेहा, समागमे नियययुत्तस्स ॥ ९४ ॥
कुणइ जणओ महन्तं, पुत्तनिमित्तं समागमाणन्दं । जिणचेइयपूयत्थं, ण्हवणविहिं चेव सविसेसं ॥ ९५ ॥
भामण्डलेण भणिओ, रामो अच्चन्तबन्धवो तुहयं । सीया न गच्छइ पहू, जह उव्वेयं पयणुयं पि ॥ ९६ ॥
संभासिऊण सबे, जणयं मिहिलापुरिं विसज्जेउं । पियरं घेत्तूण गओ, निययं भामण्डलो ठाणं ॥ ९७ ॥
एवं सेणिय ! पेच्छ धम्मनिहसं तुङ्गं पुरा सेवियं, जाओ नेहनिरन्तरोच्छयमणो बन्धू[3] पहामण्डलो ।
वज्जावत्तधणुं वसम्मि ठवियं सीया य से गेहिणी, रामस्सऽब्भुयकारणस्स विमलो भन्तो जसो मेइणी[4] ॥ ९८ ॥

॥ इय पउमचरिए भामण्डलसंगमविहाणो नाम तीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

---

किया गया । (८६) पत्नीके साथ विद्याधरके यानमें शीघ्र ही आरूढ़ होकर राजा क्षणभरमें साकेतपुरीमें आ पहुँचा । (८७) अपने पुत्रका दर्शन तथा आलिंगन करके अतिदीर्घ वियोगरूपी अग्निसे तप्त तथा दोनों आँखोंसे आँसू बहाता हुआ राजा रोने लगा । (८८) रोनेके पश्चात् समाश्वस्त राजा पुत्रको अंग-प्रत्यंगसे छूने लगा । आनन्दमें आया हुआ वह हृदयसे उसे चन्दनके स्पर्शके समान मानता था । (८९) पुत्रको वहाँ देखकर माता मूर्छित हो गई । होशमें आने पर चिरकालके पश्चात् दर्शन होनेसे जीवनकी आशा जिसने प्राप्त की है ऐसी वह मृगाक्षी करुणस्वरमें रोने लगी कि, हे पुत्र ! बचपनमें जबसे तुम्हारा अपहरण हुआ तबसे मेरा यह शरीर चिन्तारूपी अग्निसे अत्यन्त जल रहा था । (९०-९१) यहाँ पर तुम्हारे दर्शनसे वह शान्त किया गया है, इसमें सन्देह नहीं । आजसे मेरा हृदय परितोषके कारण ऊपर उछल रहा है । (९२) हे पुत्र ! वह अंशुमती धन्य है जिसने बचपनमें खेलमें लगी हुई धूलसे मलिन अंगोंको चुमा है । (९३) दोनों आँखोंको तथा स्तनोंमें आये हुए दूधको पोछकर हर्षिताङ्गी विदेहा अपने पुत्रके समागम पर आनन्दित हुई । (९४) जनकने पुत्रके समागममें बड़ा भारी उत्सव मनाया और खासतौर पर जिनमन्दिरोंमें पूजाके लिए स्नानविधि की । (९५) भामण्डलने रामसे कहा कि, हे प्रभो ! तुम ही मेरे अत्यन्त-बन्धु हो । सीता तनिको भी उद्वेग प्राप्त न करे ऐसा प्रयत्न तुम करना । (९६) सबके साथ वार्तालाप करके, जनकको मिथिलापुरी भेजकर तथा पिता ( चन्द्रगति ) को लेकर भामण्डल अपने स्थान पर गया । (९७) हे श्रेणिक ! पूर्वजन्ममें सेवित विशिष्ट और विशालधर्मको देखो स्नेहसे निरन्तर उछलते हुए मनवाला भामण्डल जिसका भाई हुआ, वज्रावर्त धनुष जिसने वशमें किया और सीता जिसकी गृहीणी हुई उस अद्भुत कार्यके कारणरूप रामका विमल यश पृथ्वीमें फैला है । (९८)

। पद्मचरितमें भामण्डलसंगम विधान नामका तीसवाँ उद्देशक समाप्त हुआ ।

---

१. मुच्छं—प्रत्य० । २. सा पुप्फवई—मु० । ३. वन्धू य भामण्डलो—प्रत्य० । ४. मेइणिं—प्रत्य० ।

## ३१. दसरहपव्वज्जनिच्छयविहाणं

पुच्छइ मगहनरिन्दो, गणाहिवं दसरहो महारिद्धिं । केण व कएण पत्तो ? एयं साहेहि मे भयवं ! ॥ १ ॥
तो भणइ इन्दभूई, सेणिय ! निसुणेहि दसरहो राया । मुणिसव्वभूयसरणं, पुच्छइ निययं भवसमूहं ॥ २ ॥
जं एव नरवईणं, अप्पहियं पुच्छिओ समणसीहो । तो साहिउं पवत्तो, परभवपरियट्टणं बहुसो ॥ ३ ॥

दशरथपूर्वभवः—

तो भणइ दसरह ! तुमं, मिच्छत्तेणं तु भमिय संसारे । सेणापुरम्मि नयरे, अत्थि च्चिय भावणो नामं ॥ ४ ॥
भज्जा य दीविया से, तीए उवत्थी सुया समुप्पन्ना । सा मिच्छत्तमइलिया, साहूण अवण्णवाई उ ॥ ५ ॥
मरिऊण उवत्थी सा, भमिय चिरं नरय-तिरियजोणीसु । कम्मपरिणिज्जराए, कमेण पुण्णस्स उदएणं ॥ ६ ॥
जाओ च्चिय अङ्गपुरे, धरणेणं नयणसुन्दरीपुत्तो । बहुबन्धवो सुरूवो, नामेणं भद्दवरुणो त्ति ॥ ७ ॥
दाऊण भावसुद्धं, फासुयदाणं मुणिस्स कालगओ । धाइयसण्डम्मि तओ, उत्तरकुरुवाए उप्पन्नो ॥ ८ ॥
भोत्तूण मिहुणसोक्खं, कालगओ सुरवरो समुप्पन्नो । चइऊण पुक्खलाए, नयरीए नन्दिघोसस्स ॥ ९ ॥
जाओ च्चिय भज्जाए, पुहईए नन्दिवद्धणो नामं । अह अन्नया नरिन्दो, पडिबुद्धो नन्दिघोसो उ ॥ १० ॥
संसारभउव्विग्गो, ठविऊणं नन्दिवद्धणं रज्जे । निक्खमइ नन्दिघोसो, पासम्मि जसोहरमुणिस्स ॥ ११ ॥
काऊण तवमुयारं, कालगओ सुरवरो समुप्पन्नो । अह नन्दिवद्धणो च्चिय, सागारतवं कुणइ धीरो ॥ १२ ॥
भोत्तूण पुव्वकोडिं[1], रज्जं सण्णासणेण कालगओ । विमलामलबोहिधरो, पञ्चमकप्पे सुरो जाओ ॥ १३ ॥
तत्तो चुओ समाणो, अवरविदेहे नगम्मि वेयड्ढे । उत्तरवरसेढीए, विक्खाओ ससिपुरे राया ॥ १४ ॥

---

## ३१. दशरथका प्रव्रज्याके लिए निश्चय

मगधनरेश श्रेणिकने पूछा कि, हे गणाधिप ! हे भगवन् ! किस कर्मसे दशरथने महाऋद्धि प्राप्त की—यह आप मुझे कहें । (१) तब इन्द्रभूति गौतमने कहा कि, हे श्रेणिक ! तुम सुनो ।

दशरथ राजाने सर्वभूतशरण मुनिसे अपने पूर्वभवोंके बारेमें पूछा । (२) चूँकि राजाने आत्महितके बारेमें श्रमणसिंहसे पूछा था, अतः वे पूर्वभवोंके अनेक परिभ्रमणके बारेमें कहने लगे । (३) तब उन्होंने कहा कि, हे दशरथ ! मिथ्यात्वके कारण तुम संसारमें परिभ्रमण करके सेनापुर नामक नगर में भावन नामसे पैदा हुए । (४) उसकी भार्या दीपिका थी । उससे उपास्ति नामकी कन्या हुई । वह मिथ्यात्वसे मलिन तथा साधुकी निन्दा करनेवाली थी । (५) मर करके वह उपास्ति चिरकाल तक नरक एवं तिर्यंचयोनियोंमें घूमी । क्रमशः कर्मकी निर्जरासे तथा पुण्यके उदयसे अंगपुरमें धरणसे नयनसुन्दरीके पुत्ररूपसे वह उत्पन्न हुई । सुन्दर तथा अनेक बन्धुओंवाले उसका नाम भद्रवरुण था । (६-७) शुद्ध भावसे उसने मुनिको प्रासुक दान दिया, जिससे मरने पर वह धातकीखण्डके उत्तरकुरुमें पैदा हुआ । (८) वहाँ रतिसुखका उपभोग करके मरने पर वह देवरूपसे उत्पन्न हुआ । वहाँसे च्युत होने पर पुष्कलानगरीमें नन्दिघोषकी भार्या पृथ्वीसे नन्दिवर्धनके नामसे वह उत्पन्न हुआ । एक दिन नन्दिघोष राजा प्रतिबुद्ध हुआ । (९-१०) संसारके भयसे उद्विग्न नन्दिघोषने नन्दिवर्धनको राज्य पर स्थापित करके यशोधर मुनिके पास दीक्षा ली । (११) कठोर तप करके मरने पर वह देव हुआ । इधर धीर नन्दिवर्धन भी गृहस्थके योग्य तप करने लगा । (१२) एक पूर्वकोटि तक राज्यका उपभोग करके प्रव्रज्यापूर्वक मरने पर वह पाँचवें कल्पमें अत्यन्त निर्मल ज्ञानका धारक देव हुआ । (१३) वहाँसे च्युत होने पर अपर

१. पुव्वकोडी—मु० ।

नामेण रयणमाली, तस्स पियाए य कुच्छिसंभूओ । विज्जुलयाए पुत्तो, जाओ सूरंजयकुमारो ॥ १५ ॥
अह विग्गहेण चलिओ, सीहपुरं रयणमालिणो सबलो । सन्नद्धबद्धकवओ, जत्थ य सो वज्जवरनयणो ॥ १६ ॥
कोहाणलविज्जाए, उहिउमणो रिउपुरं रहारूढो । वच्चन्तो च्चिय भणिओ, गयणयलत्थेण देवेणं ॥ १७ ॥
भो रयणमालिनरवइ ! मा ववससु एरिसं महापावं । निसुणेहि मज्झ वयणं, कहेमि तुह पुबसंबन्धं ॥ १८ ॥
इह भारहम्मि वरिसे, गन्धारे आसि भूरिणो नामं । दट्ठूण कमलगब्भं, साहुं तो गेण्हए नियमं ॥ १९ ॥
न करेमि पुणो पावं, भणइ तओ एरिसं वयं मज्झं । पञ्चपलिओवमाइं, सग्गे अज्जेइ देवाउं ॥ २० ॥
उवमच्चुनामधेओ, तत्थेव पुरोहिओ वसइ पावो । तस्सुवएसेण वयं, मुञ्चइ भूरी अकयपुण्णो ॥ २१ ॥
खन्देण हिंसिओ सो, पुरोहिओ गयवरो समुप्पन्नो । जुज्झे जज्जरियतणू, लहइ च्चिय कण्णजावं सो ॥ २२ ॥
कालगओ गन्धारे, तत्थेव उ भूरिणस्स उप्पन्नो । जोयणगन्धाएँ सुओ, अरिहसणो नाम नामेणं ॥ २३ ॥
दट्ठूण कमलगब्भं, पुबभवं सुमरिऊण पबइओ । कालगओ उप्पन्नो, सहसारे सुरवरो अहयं ॥ २४ ॥
सो हु तुमं जो भूरी, कालं काऊण दण्डगारण्णे । जाओ दगकित्तिधरो, दवेण दड्ढो मओ तत्तो ॥ २५ ॥
पावपसङ्गेण गओ, बीयं च्चिय सक्करप्पभं पुढविं । तत्थ मए नेहेणं, नरए पडिबोहिओ गन्तुं ॥ २६ ॥
तत्तो च्चिय नरयाओ, कालेणुबट्टिओ रयणमाली । जाओ तुमं महायस, राया विज्जाहराहिवई ॥ २७ ॥
जो आसि पुरा भूरी, सो हु तुमं रयणमालिणो जाओ । जो वि य आसुवमच्चू, पुरोहिओ सो अहं देवो ॥ २८ ॥
किं ते नऽणुहूयाइं, दुक्खाइं नरय-तिरियजोणीसु । जेणेरिसं अकज्जं, करेसि घणरागदोसेणं ॥ २९ ॥
सुणिऊण देववयणं, संवेगपरायणो नरवरिन्दो । कुलनन्दणं ठवेई, रज्जे सूरंजयस्स सुयं ॥ ३० ॥

---

विदेहमें आये हुए वैताढ्यपर्वतकी उत्तरश्रेणीमें स्थित शशिपुरमें रत्नमाली नामका राजा हुआ। उसकी प्रिया विद्युल्लताकी कुक्षिसे सूर्यजयकुमार नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। (१४-१५)

एक बार तैयार हो और कवच बाँध रत्नमालीने सेनाके साथ सिंहपुरकी ओर प्रयाण किया जहाँ पर कि वह वज्रवरनयन राजा था। (१६) क्रोधसे आग्नेय विद्याके द्वारा शत्रुसैन्यको जला डालनेकी इच्छावाला वह जब रथ पर आरूढ़ होकर जा रहा था तब आकाशस्थित देवने कहा कि, हे रत्नमाली राजा ! ऐसा महापाप मत करो। मेरा कहना सुनो। मैं तुम्हारा पूर्ववृत्तान्त कहता हूँ। (१७-१८) इस भारतवर्षमें आये हुए गान्धारप्रदेशमें भूरी नामका राजा था। कमल-गर्भ साधुको देखकर उसने नियम अंगीकार किया तब उसने कहा कि अब मैं पाप नहीं करूँगा और मेरा ऐसा व्रत है। इस पर पाँच पल्योपमकी देवायु उसने उपार्जित की। (१९-२०) उपमृत्यु नामका एक पापी पुरोहित वहाँ रहता था। उसके उपदेशसे अपुण्यशाली भूरीने व्रत छोड़ दिया। (२१) स्कन्दके द्वारा मारा गया वह पुरोहित हाथीके रूपमें उत्पन्न हुआ। युद्धमें जर्जरित शरीरवाले उसको कानमें जापका लाभ हुआ। (२२) मरकर वही गान्धारमें भूरीकी पत्नी योजनगन्धाके अरिहसन नामक पुत्रके रूपमें उत्पन्न हुआ। (२३) कमलगर्भको देखकर और पूर्वभवको याद करके प्रव्रजित हुआ और मरने पर सहस्रारमें देव हुआ हूँ। (२४) जो भूरी था वही तुम हो। मर करके दण्डकारण्यमें उदककीर्तिधर हुआ। दावानलसे जलने पर मर करके वह पापकी वजहसे दूसरे नरक शर्कराप्रभा पृथ्वीमें उत्पन्न हुआ। वहाँ नरकमें स्नेहवश मैंने जाकर उसे प्रतिबोधित किया। (२५-२६) हे महायश ! समय आने पर उस नरकमेंसे निकलकर तुम विद्याधरोंके अधिपति रत्नमाली हुए हो। (२७) जो पहले भूरी था वही तुम रत्नमाली हुए हो और जो उपमृत्यु पुरोहित था वही मैं देव हूँ। (२८) नरक एवं तिर्यंच गतियोंमें तुमने क्या दुःख नहीं अनुभव किये कि अत्यन्त राग एवं द्वेषवश ऐसा अकार्य करनेके लिए तत्पर हुए हो ? (२९)

देवका कथन सुनकर राजा संवेगपरायण हुआ। सूर्यजयके पुत्र कुलनन्दनको उसने राजगद्दी पर बिठाया। (३०)

सूरंजएण समयं, आयरियं तिलयसुन्दरं सरणं । पत्तो य रयणमाली, दिक्खं जिणदेसियं धीरो ॥ ३१ ॥
सूरंजओ महन्तं, काऊण तवं गओ महासुक्कं । चविओ अणरण्णसुओ, जाओ च्चिय दसरहो सि तुमं ॥ ३२ ॥
नरवइ थोवेण तुमं, पुण्णेण उवत्थिमाइसु भवेसु । वडवीयं पिव विद्धिं, पत्तो सुहकम्मउदएणं ॥ ३३ ॥
जो आसि नन्दिघोसो, तुज्झ पिया नन्दिवद्धणस्स पुरा । सो हं गेविज्जचुओ, जाओ मुणिसव्वभूयहिओ ॥ ३४ ॥
जे वि य ते दोण्णि जणा, भूरी-उवमच्चुनामधेया ऽऽसि । ते चेव जणय-कणया, इह तुज्झ वसाणुगा जाया ॥ ३५ ॥
संसारम्मि य घोरे, अणेयभवसयसहस्ससंबन्धे । उवट्टण-परियट्टग, करेन्ति जीवा सकम्मेहिं ॥ ३६ ॥
एवं मुणिवरभणियं, सुणिऊणं दसरहो भउव्विग्गो । अह संजमाभिलासी, जाओ च्चिय तक्खणं चेव ॥ ३७ ॥
सव्वायरेण चलणे, गुरुस्स नमिऊण दसरहो राया । पविसरइ नियय[1]नयरिं, साएयं जण-धणाइण्णं ॥ ३८ ॥
चिन्तेइ तो मणेणं, रज्जं दाऊण पउमनाहस्स । तो सव्वसङ्गरहिओ, मुत्तिसुहं चेव पत्थेमो ॥ ३९ ॥
मेरु व्व धीरगरुओ, रामो तिसमुद्दमेहलं पुहइं । पालेऊण समत्थो, परिकिण्णो बन्धवजणेणं ॥ ४० ॥

हेमन्तवर्णनम् —

चिन्तावरस्स एवं, नरिन्दवसहस्स रज्जविमुहस्स । अभिलड्ढिओ य सरओ, हेमन्तो चेव संपत्तो ॥ ४१ ॥
हेमन्तवायविहवो, लोगो परिफुडियअहर-कर-चरणो । रयरेणुपडलछन्नो, ससी व मन्दच्छविं वहइ ॥ ४२ ॥
आकुञ्चियकर-गीवा, पुरिसा सीएण फुडियसव्वङ्गा । सुमरन्ति अग्गिनिवहं, दीणा वि अमन्दपाउरणा ॥ ४३ ॥
आवडियदसणवीणा, दारु-तणाजीवया थरथरेन्ता । दारिद्दसमभिभूया, गमेन्ति कालं अकयपुण्णा ॥ ४४ ॥
पासायतलत्था वि य, अन्ने पुण गीय-वाइयरवेणं । वरवत्थपाउयङ्गा, कालागरुधूवससुयन्धा ॥ ४५ ॥

---

सूर्यजयके साथ धीर रत्नमाली आचार्य तिलकसुन्दरकी शरणमें गया और जिनोपदिष्ट दीक्षा अंगीकार की। (३१) सूर्यजय बड़ा भारी तप करके महाशुक्र नामके देवलोकमें गया। वहाँसे च्युत होकर तुम अनरण्यसुत दशरथ हुए हो। (३२) हे राजन्! अल्प पुण्यसे शुभ कर्मके उदयके कारण उपास्ति आदिके जन्मोंमें तुमने वटबीजकी भाँति वृद्धि प्राप्त की है। (३३) पूर्वजन्ममें तुम नन्दिवर्धनका नन्दिघोष नामका जो पिता था वह मैं ग्रैवेयकसे च्युत होकर सर्वभूतहित मुनि हुआ हूँ। (३४) भूरी और उपमृत्यु नामके जो दो मनुष्य थे वे यहाँ तुम्हारे वशवर्ती जनक और कनक हुए हैं। (३५) अनेक लाख भवोंके सम्बन्धवाले घोर संसारमें जीव अपने कर्मोंके कारण मरण एवं परिवर्तन प्राप्त करते रहते हैं। (३६)

मुनिवरका ऐसा उपदेश सुनकर संसारसे उद्विग्न दशरथ तत्क्षण ही संयमाभिलाषी हुआ। (३७) सम्पूर्ण आदरके साथ गुरुके चरणोंमें वन्दन करके दशरथ राजाने जन एवं धनसे भरीपूरी साकेत नगरीमें प्रवेश किया। (३८) वहाँ आनेके पश्चात् वह सोचने लगा कि रामको राज्य देकर और मैं सर्व आसक्तियोंसे रहित हो मुक्तिसुखके लिए प्रार्थना करूँ। (३९) मेरुके समान धीर-गम्भीर राम समस्त बान्धवजनोंसे युक्त हो तीन ओर समुद्रकी मेखलावाली पृथ्वीका पालन करे। (४०) इस तरह सोचते हुए और राज्यसे विमुख ऐसे राजाका शरत्काल व्यतीत हो गया और हेमंतकाल आ पहुँचा। (४१)

हेमन्त ऋतुके पवनसे प्रताड़ित और इसीलिए होठ व हाथ-पैर जिनके फट गये हैं ऐसे लोग धूलिकणोंके समूहसे आच्छन्न चन्द्रकी भाँति मन्द शोभा धारण करते थे। (४२) शीतके कारण हाथ और गर्दन सिकुड़े हुए तथा जिनका सारा शरीर फट गया है ऐसे दीन पुरुष ढेर से कपड़े ओढ़ने पर भी आगको याद करने लगे। (४३) दाँतरूपी वीणा बजानेवाले, दारिद्र्यसे अत्यन्त अभिभूत तथा अपुण्यशाली और लकड़ी एवं घास पर आजीविका चलानेवाले लोग थर-थर काँपते हुए किसी तरह काल बिताते थे। (४४) और सुंदर वस्त्रोंसे शरीर ढकनेवाले तथा कालागुरुकी धूपसे सुगन्धित महलोंमें रहनेवाले दूसरे लोग गीत एवं वाद्योंकी ध्वनिसे अपना समय व्यतीत करते थे। (४५) कुंकुमका अंगराग किये हुए तथा अक्षीण धनवाले

---

१. धण-कणाइण्णं—प्रत्य० ।

भुञ्जन्ति सया रसियं, आहारं कणयभायणविदिन्नं । कुंकुमकयङ्गरागा अक्खीणधणा सुकयपुण्णा ॥ ४६ ॥
कलमहुरभासिणीहिं, संगयवरचारुवेसरूवाहिं । तरुणविलयाहि समयं, कीलन्ति चिरं सुकयपुण्णा ॥ ४७ ॥
धम्मेण लहइ जीवो, सुर-माणुसविविहभोगसामिद्धिं । नरय-तिरिक्खेसु पुणो, पावइ दुक्खं अहम्मेणं ॥ ४८ ॥
एव सुणिऊण राया, कम्मविवागं जणस्स सयलस्स । संसारगमणभीओ, इच्छइ घेत्तूण पवज्जं ॥ ४९ ॥
सद्दाविया य सिग्घं, सामन्ता आगया समन्तिजणा । काऊण सिरपणामं, उवविट्ठा आसणवरेसु ॥ ५० ॥
सामिय ! देहाऽऽणत्ति, किं करणिज्जं ? भडेहि संलवियं । भणिया य दसरहेणं, पवज्जं गिण्हिमो अज्जं ॥ ५१ ॥
अह तं भणन्ति मन्ती, सामिय ! किं अज्ज कारणं जायं । धणसयलजुवइवग्गं, जेण तुमं ववसिओ मोत्तुं ? ॥ ५२ ॥
तो भणइ नरवरिन्दो, पच्चक्खं वो जयं निरवसेसं । सुक्कं व तणमसारं, डज्झइ मरणग्गिणा धणियं ॥ ५३ ॥
भवियाण जं सुगिज्झं, अगिज्झं अभवियाण जीवाणं । तियसाण पत्थणिज्जं, सिवगमणसुहावहं धम्मं ॥ ५४ ॥
तं अज्ज मुणिसयासे, धम्मं सुणिऊण जायसंवेगो । संसारभवसमुद्दं, इच्छामि अहं समुत्तरिउं ॥ ५५ ॥
अहिसिञ्चह मे पुत्तं, पढमं चिय रज्जपालणसमत्थं । पवज्जामि अविग्घं, जेणाहं अज्ज वीसत्थो ॥ ५६ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, पवज्जानिच्छियं नरवरिन्दं । सुहडा-ऽमच्च-पुरोहिय, पडिया सोयण्णवे सहसा ॥ ५७ ॥
नाऊण निच्छियमई, दिक्खाभिमुहं नराहिवं एत्तो । अन्तेउरजुवइजणो, सबो रुविउं समाढत्तो ॥ ५८ ॥
दट्ठूण तारिसं चिय, पियरं भरहो खणेण पडिबुद्धो । चिन्तेइ नेहबन्धो, दुच्छेज्जो जीवलोगम्मि ॥ ५९ ॥
तायस्स किं व कीरइ, पवज्जावसियस्स पुहईए ? । पुत्तं ठवेइ रज्जे, जेणं चिय पालणट्ठाए ॥ ६० ॥
आसन्नेण किमेत्थं, इमेण खणभङ्गुरेण देहेणं । दूरट्ठिएसु अहियं, काऽवत्था बन्धवेसु भवे ? ॥ ६१ ॥

---

पुण्यशाली लोग सोनेके पात्रोंमें परोसे गये रसपूर्ण आहारका सदा उपभोग करते थे । (४६) पुण्यसे परिपूर्ण लोग अत्यन्त मधुर बोलनेवाली तथा उत्तम वेश और सुन्दर रूप धारण करनेवाली तरुण स्त्रियोंके साथ चिरकाल तक क्रीड़ा करते हैं । (४७) धर्मसे जीव देव एवं मनुष्योंकी विविध भोगसमृद्धि प्राप्त करता है, जब कि अधर्मसे वह नरक एवं तिर्यंचगतियोंमें दुःख प्राप्त करता है । (४८)

सब लोगोंका ऐसा कर्मविपाक सुनकर संसारभ्रमणसे भीत राजाने प्रव्रज्या लेनेका विचार किया । (४९) शीघ्र ही सामन्तोंको बुलाया गया । मंत्रियोंके साथ वे आ पहुँचे और सिरसे प्रणाम करके उत्तम आसनों पर बैठे । (५०) 'हे स्वामी ! आप आज्ञा दें कि क्या करना है ?'—ऐसा सुभटोंने पूछा । दशरथने कहा कि आज मैं प्रव्रज्या ग्रहण करूँगा । (५१) इस पर मंत्रियोंने कहा कि, हे स्वामी ! आज क्या कारण उपस्थित हुआ है कि धन एवं सारे स्त्रीसमूहका आप परित्याग करना चाहते हैं । (५२) तब राजाने कहा कि तुम्हारे समक्ष अवस्थित यह सारा जगत् सूखे और निःसार तृणकी भाँति मरणरूपी अग्निसे अत्यन्त जल रहा है । (५३) भव्योंके लिए जो सुग्राह्य है, अभव्य जीवोंके लिए जो अग्राह्य है तथा देवोंके लिए जो प्रार्थनीय है वह धर्म मोक्षमें जानेके लिए सुखकर मार्ग है । (५४) आज ऐसे धर्मके बारेमें सुनकर वैराग्य उत्पन्न होने पर संसार जन्मके समुद्रको मैं पार करना चाहता हूँ । (५५) अतः तुम राज्यका पालन करनेमें समर्थ ऐसे मेरे प्रथम पुत्रका राज्याभिषेक करो, जिससे विश्वस्त होकर मैं आज निर्विघ्न दीक्षा लूँ । (५६)

प्रव्रज्या लेनेके लिए दृढ़ निश्चयवाले राजाका ऐसा कथन सुनकर सुभट, अमात्य तथा पुरोहित एकदम शोकरूपी समुद्रमें गिर पड़े । (५७) दृढ़मति तथा दीक्षाकी ओर अभिमुख राजाके बारेमें सुनकर अन्तःपुरकी सब स्त्रियाँ रोने लगीं । (५८) वैसे अर्थात् विरक्त पिताको देखकर भरत तत्काल प्रतिबुद्ध हुआ । वह सोचने लगा कि—

जीवलोकमें स्नेहका बन्धन मुश्किलसे काटा जा सके ऐसा होता है । (५९) प्रव्रज्याके लिए प्रयत्नशील पिताके लिए पृथ्वीका क्या प्रयोजन है ? इसीलिए उसके पालनके लिए वे पुत्रको राज्य पर स्थापित कर रहे हैं । (६०) यहाँ पर समीपवर्ती होने पर भी इस क्षणभंगुर देहसे क्या प्रयोजन है ? तो फिर बान्धवोंके दूरवर्ती होने पर तो किस अधिक

---

१. नियं—मु० ।

एक्कोऽत्थ एस जीवो, दुहपायवसंकुले भवारण्णे । भमइ चिय मोहन्धो, पुणरवि तत्थेव तत्थेव ॥ ६२ ॥
तो सवकलाकुसला, भरहं नाऊण तत्थ पडिबुद्धं । सोगसमुत्थयहियया, परिचिन्तइ केगई देवी ॥ ६३ ॥

भरतस्य राज्यं रामस्य च वनवासः—

न य मे पई न पुत्तो, दोण्णि वि दिक्खाहिलासिणो जाया । चिन्तेमि तं उवायं, जेण सुयं वा नियत्तेमि ॥ ६४ ॥
तो सा विणओवगया, भणइ निवं केगई महादेवी । तं मे वरं पयच्छसु, जो भणिओ सुहडसामक्खं ॥ ६५ ॥
भणइ तओ नरवसभो, दिक्खं मोत्तूण जं पिए भणसि । तं अज्ज तुज्झ सुन्दरि ! सवं संपाडइस्सामि ॥ ६६ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, रोवन्ती केगई भणइ कन्तं । दढनेहबन्धणं चिय, विरागखग्गेण छिन्नं ते ॥ ६७ ॥
एसा दुद्धरचरिया, उवइट्ठा जिणवरेहि सवेहिं । कह अज्ज तक्खणं चिय, उप्पन्ना संजमे बुद्धी ? ॥ ६८ ॥
सुरवइसमेसु सामिय ! नियएं भोगेसु लालियं देहं । खर-फरुस-कक्कसयरे, कह अरिहसि परिसहे जेउं ? ॥ ६९ ॥
चलणङ्गुलीऍ भूमिं, विलिहन्ती केगई समुल्लवइ । पुत्तस्स मज्झ सामिय ! देहि समत्थं इमं रज्जं ॥ ७० ॥
तो दसरहो पवुत्तो, सुन्दरि ! पुत्तस्स तुज्झ रज्जं ते । दिन्नं मए समत्थं, गेण्हसु मा णे चिरावेहि ॥ ७१ ॥
तो दसरहेण सिग्घं, पउमो सोमित्तिणा समं पुत्तो । वाहरिओ वसहगई, समागओ कयपणामो य ॥ ७२ ॥
वच्छ ! महासंगामे, सारत्थं केगईऍ मज्झ कयं । तुट्ठेण वरो दिन्नो, सवनरिन्दाण पच्चक्खं ॥ ७३ ॥
तो केगईऍ रज्जं, पुत्तस्स विमग्गियं इमं सयलं । किं वा करेमि वच्छय ! पडिओ चिन्तासमुद्दे हं ॥ ७४ ॥
भरहो गिण्हइ दिक्खं, तस्स विओगम्मि केगई मरइ । अहमवि य निच्छएणं, होहामि जए अलियवाई ॥ ७५ ॥
तो भणइ पउमनाहो, ताय ! तुमं रक्ख अत्तणो वयणं । न य भोगकारणं मे, तुज्झ अकित्तीऍ लोगम्मि ॥ ७६ ॥
जाएण सुएण पहू ! चिन्तेयवं हियं नियकालं । जेण पिया न य सोगं, गच्छइ एगं पि य मुहुत्तं ॥ ७७ ॥

---

अवस्थाकी आशा रखी जाय ? (६१) यहाँ अकेला ही यह मोहान्ध जीव दुःख एवं पापसे संकुल भवरूपी अरण्यमें जहाँ-तहाँ भटकता रहता है । (६२) भरतको इस प्रकार प्रतिबुद्ध जानकर सर्व कलाओंमें कुशल देवी कैकेई हृदयमें शोकान्वित हो सोचने लगी कि न तो मेरे पति हैं और न पुत्र है। दोनों ही दीक्षाके अभिलाषी हुए हैं। मैं वैसा उपाय सोचती हूँ जिससे पुत्रको तो लौटा लूँ। (६३-६४) तब विनय धारण करके महादेवी कैकेईने राजासे कहा कि सुभटोंके समक्ष जिस वरके बारेमें आपने कहा था वह वर मुझे दो । (६५) इस पर राजाने कहा कि, हे प्रिये ! हे सुन्दरी ! दीक्षाको छोड़कर जो कहोगी वह सब आज तुम्हें दूँगा । (६६) यह वचन सुनकर रोती हुई कैकेईने पतिसे कहा कि आपने वैराग्यरूपी तलवारसे स्नेहके दृढ़ बन्धनको काट डाला है । (६७) सभी जिनवरोंने इस दुर्धर चर्याका उपदेश दिया है। आज एकदम संयममें बुद्धि कैसे उत्पन्न हुई है ? (६८) हे स्वामी ! सुरपति सरीखे भोगोंमें आपने अपने शरीरका लालन-पालन किया है। तीव्र, कठोर और अत्यन्त कर्कश परीषहोंको आप कैसे जीत सकोगे ? (६९) पैरोंकी उँगलीसे जमीनको कुरेदती हुई कैकेईने कहा कि, हे स्वामी ! मेरे पुत्रको यह सारा राज्य दें। (७०) तब दशरथने कहा कि, हे सुन्दरी ! तेरे पुत्रको मैंने सारा राज्य दे दिया । इसे तू ग्रहण कर । देर मत लगा । (७१) बादमें लक्ष्मणके साथ रामको राजाने शीघ्र ही बुलाया। वृषभके समान गतिवाले राम आये और उन्होंने प्रणाम किया । (७२) राजाने कहा कि, हे वत्स ! महासंग्राममें कैकेईने मेरा सारथिपन किया था । तुष्ट होकर मैंने सब राजाओंके समक्ष उसे एक वर दिया था । (७३) अब कैकेईके पुत्रके लिए यह सारा राज्य माँगा है । हे वत्स ! मैं क्या करूँ ? मैं तो चिन्तारूपी समुद्रमें डूब गया हूँ । (७४) भरत दीक्षा ले रहा है और उसके वियोगमें कैकेई मर रही है । इधर मैं भी अवश्य ही संसारमें मिथ्याभाषी कहा जाऊँगा । (७५) इस पर रामने कहा कि, हे तात ! आप अपना वचन रखें । आपकी लोकमें अकीर्ति हो तो मेरे लिए भोगका कारण नहीं है । (७६) हे प्रभो ! योग्य पुत्रको तो सदैव ऐसा ही हृदयमें सोचना चाहिए, जिससे पिता एक मुहूर्तके लिए भी शोक न करें । (७७)

जाव च्चिय एस कहा, वट्टइ परिसाणुरञ्जणी ताव । पत्तो भरहकुमारो, संवेगमणो पिउसगासं ॥ ७८ ॥
भणिओ य दसरहेणं, वच्छ! तुमं होहि रज्जसाहारो । अहयं पुण निस्सङ्गो, जिणवरदिक्खं पवज्जामि ॥ ७९ ॥
सो भणइ नत्थि कज्जं, रज्जेण महं करेमि पवज्जं । मा तिबदुक्खपउरे, ताय! भमिस्सामि संसारे ॥ ८० ॥
अणुभवसु पुत्त! सोक्खं, सारं माणुस्सयस्स जम्मस्स । ता पच्छिमम्मि काले, जिणवरदिक्खं करेज्जासि ॥ ८१ ॥
पुणरवि एव पवुत्तो, भरहो किं ताय मोहसि अकज्जे? । न य बाल-विद्ध-तरुणं, मच्चू पडिवालई कोई ॥ ८२ ॥
गेहासमे वि धम्मो, पुत्त! महागुणयरो समक्खाओ । तम्हा गिहिधम्मरओ, होहि तुमं सयलरज्जवई ॥ ८३ ॥
जइ लहइ मुत्तिसोक्खं, पुरिसो गिहधम्मसंठिओ सन्तो । तो कीस मुञ्चसि तुमं, गेहं संसारपरिभीओ? ॥ ८४ ॥
मोत्तूण सयणवग्गं, धण-धन्नं मायरं च पियरं च । सुह-दुक्खं वेयन्तो, एगागी हिण्डइ जीवो ॥ ८५ ॥
सुणिऊण पुत्तवयणं, परितुट्ठो दसरहो भणइ एवं । साहु त्ति साहु अहियं, पडिबुद्धो भवियसदूलो ॥ ८६ ॥
तह वि तुमे मह वयणं, पुत्तय! कायबयं अविमणेणं । निसुणेहि कहिज्जन्तं, भूयत्थं सारसब्भावं ॥ ८७ ॥
सारत्थतोसिएणं, संगामे जो वरो मए दिन्नो । सो अज्ज तुज्झ पुत्तय! जणणीए मग्गिओ इहइं ॥ ८८ ॥
रज्जे ठवेहि पुत्तं, भणिओ हं केगईए देवीए । तो अणुवालेहि तुमं, सयलसमत्थं इमं वसुहं ॥ ८९ ॥
पउमो वि तं कुमारं, हत्थे घेत्तूण भणइ नेहेणं । निक्कण्टयमणुकूलं, करेहि रज्जं सुचिरकालं ॥ ९० ॥
तायस्स विमलकित्ती, करेहि परिवालणं च जणणीए । भरहेण य पडिभणिओ, न य तुज्झ वइक्कमं काहं ॥ ९१ ॥
अडविनईसु गिरीसु य, तत्थाऽऽवासं करेमि एयन्ते । जह मे न मुणइ कोई, कुणसु य रज्जं सुचिरकालं ॥ ९२ ॥
भणिऊण वयणमेयं, पणमिय पिउपायपङ्कए सिरसा । रामो वरगयगामी, विणिग्गओ रायपरिसाओ ॥ ९३ ॥

---

जिस समय परिषद्का अनुरंजन करनेवाली यह कथा हो रही थी उसी समय विरक्त मनवाला भरतकुमार पिताके पास आ पहुँचा। (७८) दशरथने उसे कहा कि, हे वत्स! तुम राज्यका आधार बनो। मैं तो निस्संग होकर जिनवरकी दीक्षामें प्रव्रजित हूँगा। (७९) उसने कहा कि मुझे राज्यसे कोई प्रयोजन नहीं है। मैं प्रव्रज्या लूँगा। हे तात! तीव्र दुःखोंसे युक्त संसारमें मैं भ्रमण नहीं करूँगा। (८०) दशरथने कहा, हे पुत्र! मनुष्यजन्मके साररूप सुखका तुम अनुभव करो। उत्तरावस्थामें जिनवरकी दीक्षा लेना। (८१) इस पर भरतने पुनः कहा कि, हे तात! आप अकार्यमें क्यों मोह पैदा करते हैं? मृत्यु, बाल, वृद्ध या तरुण किसीकी प्रतीक्षा नहीं करती। (८२) राजाने कहा कि, हे पुत्र! गृहस्थाश्रमके लिये भी अत्यन्त गुणकर धर्म कहा गया है। अतः गृहधर्ममें रत होकर तुम सम्पूर्ण राज्यके स्वामी बनो। (८३) इस पर भरतने कहा कि यदि गृहधर्ममें स्थित हो करके भी पुरुष मुक्तिसुख प्राप्त कर सकता है तो फिर संसारसे डरकर आप गृहका त्याग क्यों करते हो? (८४) स्वजनसमूह, धन धान्य तथा माता एवं पिताको छोड़कर जीव सुख-दुःखका अनुभव करता हुआ एकाकी परिभ्रमण करता है। (८५)

पुत्रका ऐसा कहना सुनकर परितुष्ट दशरथने कहा कि भव्यजनोंमें सिंहके समान तुम प्रतिबुद्ध हुए हो, यह उत्तम है—और भी अधिक उत्तम है। (८६) फिर भी, हे पुत्र! खिन्न हुए बिना तुम्हें मेरा कहना करना चाहिए। सत्य एवं सारपूर्ण जो कुछ मैं कहता हूँ वह तुम सुनो। (८७) हे पुत्र! संग्राममें सारथिपनसे संतुष्ट हो मैंने जो वर दिया था वह आज तुम्हारी माताने माँग लिया है। (८८) देवी कैकेईने मुझसे कहा है कि राज्य पर मेरे पुत्र भरतको स्थापित करो। अतः तुम इस सारी पृथ्वीका पालन करो (८९) रामने भी उस कुमार भरतको हाथसे ग्रहण करके स्नेहपूर्वक कहा कि तुम चिरकाल पर्यन्त निष्कण्टक और इच्छानुसार राज्य करो। (९०) निर्मल कीर्तिवाले हे भरत! तुम पिता एवं माताके वचनका पालन करो। इसके प्रत्युत्तरमें भरतने कहा कि मैं तुम्हारा उल्लंघन नहीं करूंगा। (९१) जंगलोंमें, नदियों पर तथा पर्वतोंके ऊपर एकान्तमें मैं निवास करूँगा, जिससे मुझे कोई पहचान न सकेगा। तुम चिरकाल तक राज्य करो। (९२) ऐसा वचन कहकर तथा पिताके चरणकमलोंमें सिरसे प्रणाम करके उत्तम गजके समान गमन करनेवाले राम राजपरिषद्में से बाहर

एत्थन्तरम्मि मुच्छा[1], राया गन्तूण तत्थ पडिबुद्धो । नज्जइ आलेक्खगओ, अणिमिसनयणो पलोएइ ॥ ९४ ॥
गन्तूण नियय[2]णणी, आउच्छइ राहवो कयपणामो । अम्मो! वच्चामि अहं, दूरपवासं खमेज्जासु ॥ ९५ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, सहसा तो मुच्छिऊण पडिबुद्धा । भणइ सुयं रोवन्ती, पुत्तय! किं मे परिच्चयसि? ॥ ९६ ॥
कह कह वि अणाहाए, लद्धो सि मणोरहेहि बहुएहिं । होहिसि पुत्ता ऽऽलम्बो, पारोहो चेव साहाए ॥ ९७ ॥
भरहस्स महो दिन्ना, ताएणं केगईवरनिमित्तं । सन्तेण मए नेच्छइ, एस कुमारो महिं भोत्तुं ॥ ९८ ॥
दिक्खाभिमुहो राया, पुत्तय! दूरं तुमं पि वच्चिहिसि । पइ-पुत्तविरहिया इह, कं सरणमहं पवज्जामि? ॥ ९९ ॥
विञ्झगिरिमत्थए वा, मलए वा सायरस्स वा ऽऽसन्ने । काऊण पइट्ठाणं, तुज्झ फुडं आगमिस्से हं ॥ १०० ॥
जणणीऍ सिरपणामं, काऊणं सेसमाइवग्गस्स । पुणरवि य नरवरिन्दं, पणमइ रामो गमणसज्जो ॥ १०१ ॥
आपुच्छिया य सबे, पुरोहिया-ऽमच्च-बन्धवा सुहडा । रह-गय-तुरङ्गमा वि य, पलोइया निद्धदिट्ठीए ॥ १०२ ॥
चाउवण्णं च जणं, आपुच्छेऊण निग्गओ रामो । वइदेही वि य ससुरं, पणमइ परमेण विणएणं ॥ १०३ ॥
सबाण सासुयाणं, काऊणं चलणवन्दणं सीया । सहियायणं च नियय, आपुच्छिय निग्गया एत्तो ॥ १०४ ॥
गन्तूण समाढत्तं, रामं दट्ठूण लक्खणो रुट्ठो । ताएण अयसबहुलं, कह एयं पत्थियं कज्जं? ॥ १०५ ॥
एत्थ नरिन्दाण जए, परिवाडीआगयं हवइ रज्जं । विवरीयं चिय रइयं, ताएण अदीहपेहीणं ॥ १०६ ॥
रामस्स को गुणाणं, अन्तं पावेइ धीरगरुयस्स? । लोभेण जस्स रहियं, चित्तं चिय मुणिवरस्सेव ॥ १०७ ॥
अहवा रज्जधुरधरं, सबं फेडेमि अज्ज भरहस्स । ठावेमि कुलाणीए, पुहइवइं आसणे रामं ॥ १०८ ॥
एएण किं व मज्झं, हवइ वियारेण ववसिएण ऽज्जं? । नवरं पुण तत्तत्थं, ताओ जेट्ठो य जाणन्ति ॥ १०९ ॥

---

आये। (९३) तब राजा वहाँ मूर्छित हो गया। होशमें आने पर वह चित्रमें अंकितकी भाँति स्तब्ध-सा दिखाई देता था। अपलक नेत्रोंसे वह देखता था। (९४)

अपनी माताके पास जाकर और प्रणाम करके रामने अनुज्ञा माँगी कि, माताजी! मैं दूरके प्रवास पर जाता हूँ, अतः आप मुझे क्षमा करें। (९५) ऐसा कथन सुनकर वह एकदम मूर्छित हो गई। जगने पर रोती हुई वह पुत्रसे कहने लगी कि, हे पुत्र! क्या मेरा परित्याग तुम करते हो? (९६) बहुतसे मनोरथोंके बाद किसी तरह अनाथ मैंने तुम्हें प्राप्त किया है। हे पुत्र! शाखाके लिए तनेकी भाँति तुम मेरे लिए अवलम्बन रूप हो। (९७) कैकेईके वरके कारण तुम्हारे पिताने भरतको पृथ्वी दी और मेरे रहते हुए भी यह कुमार पृथ्वीको भोगना नहीं चाहता। (९८) हे पुत्र! राजा दीक्षाभिमुख हैं और तुम दूर जाओगे। पति और पुत्रसे विरहित मैं किसकी शरणमें जाऊँगी? (९९) रामने कहा कि विन्ध्यगिरिके शिखर पर, मलय पर्वत पर और सागरके समीप निवास करके मैं अवश्य ही तुम्हारे पास आऊँगा। (१००) जानेके लिए तैयार रामने अपनी माता तथा दूसरे मातृवर्गको प्रणाम करके पुनः राजाको वन्दन किया। (१०१) उन्होंने पुरोहित, अमात्य, बन्धुजन एवं सुभटोंको अनुमति ली तथा रथ, हाथी एवं घोड़ोंको स्निग्ध दृष्टिसे देखा। (१०२) चतुर्वर्णके लोगोंकी आज्ञा लेकर राम निकल पड़े। सीताने भी अपने श्वसुरको अत्यन्त आदरके साथ प्रणाम किया। (१०३) सभी सासोंके चरणोंमें वन्दन करके तथा अपनी सखियोंकी अनुमति लेकर सीता भी वहाँसे निकली। (१०४) जानेके लिए उद्युक्त रामको देखकर लक्ष्मण रुष्ट हो गया कि पिताने अयशसे व्याप्त ऐसा कार्य क्यों किया है? (१०५) इस जगत्में परिपाटीके अनुसार राजाओंको राज्य मिलता है। अदीर्घदर्शी पिताने विपरीत ही किया है। (१०६) मुनिवरकी भाँति जिसका लोभसे रहित चित्त है ऐसे धीर एवं गम्भीर रामके गुणोंका अन्त कौन पा सकता है? (१०७) अथवा आज मैं राज्यकी धुराको धारण करनेवाले भरतका सब कुछ विनष्ट कर डालता हूँ और कुलपरम्परासे प्राप्त आसन पर रामको बिठाता हूँ। (१०८) अथवा आज मेरे ऐसे विचार करनेसे क्या होगा? वस्तुतः सच बात तो सिर्फ पिता और बड़े भाई ही जानते हैं। (१०९) क्रोधको

---

१. मुच्छं—प्रत्य०। २. जणणिं—प्रत्य०। ३. अहक्काए—प्रत्य०।

कोवं च उवसमेउं, पणमिय पियरं परेण विणएणं । आपुच्छइ दढचित्तो, सोमित्ती अत्तणो जणणी ॥ ११० ॥
संभासिऊण भिच्चे, वज्जावत्तं च धणुवरं घेत्तुं । घणपीइसंपउत्तो, पउमसयासं समल्लीणो ॥ १११ ॥
पियरेण बन्धवेहि य, सामन्तसएसु परिमिया[1] सन्ता । रायभवणाउ एत्तो, विणिग्गया सुरकुमार व्व ॥ ११२ ॥
सुयसोगताविया ओ, धरणियलोसित्तअंसुनिवहाओ । कह कह वि पणमिऊणं, नियत्तियाओ य जणणीओ ॥ ११३ ॥
काऊण सिरपणामं, नियत्तिओ दसरहो य रामेणं । सहवड्ढिया य बन्धू, कलुणपलावं च कुणमाणा ॥ ११४ ॥
जंपन्ति एक्कमेक्कं, एस पुरी जइ वि जणवयाइण्णा[2] । जाया रामविओए, दीसइ विज्झाडवी चेव ॥ ११५ ॥
लोगो वि उस्सुयमणो, जंपइ धन्ना इमा जणयधूया । जा वच्चइ परदेसं, रामेण समं महामहिला ॥ ११६ ॥
नयणजलसित्तगत्तं, पेच्छय जणणिं इमं पमोत्तूणं । चलिओ रामेण समं, एसो च्चिय लक्खणकुमारो ॥ ११७ ॥
तेसु कुमारेसु समं, सामन्तजणेण वच्चमाणेणं । सुन्ना साएयपुरी, जाया छणवज्जिया तइया ॥ ११८ ॥
न नियत्तइ नयरजणो, धाडिज्जन्तो वि दण्डपुरिसेहिं । ताव य दिवसवसाणे, सूरो अत्थं समल्लीणो ॥ ११९ ॥
नयरीऍ मज्झयारे, दिट्ठं चिय जिणहरं मणभिरामं । हरिसियरोमञ्चइया, तत्थ पविट्ठा परमतुट्ठा ॥ १२० ॥
थोऊण अच्चिऊण य, जिणपडिमाओ परेण भावेणं । तत्थेव सन्निविट्ठा, समयं चिय जणसमूहेणं ॥ १२१ ॥
ते तत्थ वरकुमारा, वसिया सोऊण ताण जणणीहिं । आगन्तूण जिणहरे, दोहिं वि पुत्ता समागूढा ॥ १२२ ॥
सबाण वि सुद्धीणं, मणसुद्धी चेव उत्तमा लोए । आलिङ्गइ भत्तारं, भावेणऽन्नेण पुत्तं च ॥ १२३ ॥
पुत्तेहि समं ताओ, सम्मन्तेऊण पडिणियत्ताओ । डोलावियहियया ओ, दइयसमीवं[4] उवगयाओ ॥ १२४ ॥
नमिऊण य भत्तारं, भणन्ति रामं ससीय-सोमित्तिं । पल्लट्टेहि महाजस! मा उव्वेयं कुणसु धीर? ॥ १२५ ॥
तो भणइ दसरहनिवो, न य मे इह अत्थि किंचि सायत्तं । जं जस्स पुव्वविहियं, तं तस्स नरस्स उवणमइ ॥ १२६ ॥

शान्त करके और अत्यन्त विनयके साथ पिताको प्रणाम करके दृढ़चित्त लक्ष्मणने अपनी माता सुमित्रासे अनुज्ञा माँगी। (११०) भृत्योंके साथ बातचीत करके तथा वज्रावर्त धनुषको लेकर अत्यन्त प्रीतियुक्त वह रामके पास गया। (१११) पिता, बन्धुजन तथा सैकड़ों सामन्तोंसे घिरे हुए वे राजभवनमेंसे देवकुमारकी भाँति निकले। (११२) पुत्रोंके शोकसे सन्तप्त और आँसुओंसे जमीनको भिगोनेवाली माताओंको प्रणाम करके किसी तरह उन्हें लौटाया। (११३) मस्तकसे प्रणाम करके दशरथको तथा करुण रुदन करनेवाले साथमें ही बड़े हुए बन्धुओंको रामने लौटाया। (११४) लोग एक-दूसरेसे बातें करते थे कि यद्यपि यह नगरी जनपदसे परिपूर्ण है, फिर भी रामके वियोगसे विन्ध्याटवी की भाँति दिखाई पड़ती है। (११५) उत्सुक मनवाले लोग कहते थे कि यह महान् नारी सीता धन्य है जो रामके साथ परदेश जा रही है। (११६) देखो, यह लक्ष्मण कुमार भी आँसुओंसे भीगे शरीरवाली माताका परित्याग करके रामके साथ चल दिये हैं। (११७) उस समय उन कुमारोंके साथ सामन्तजनोंके जानेसे साकेतपुरी उत्सवरहित शून्य नगरी सी हो गई। (११८) दण्डधारी पुरुषों ( पुलिस ) द्वारा भगाये जाने पर भी नगरजन वापस लौटते नहीं थे। उस समय दिवसका अवसान होने पर सूर्य अस्त हुआ। (११९) नगरीके बीच उन्होंने एक मनोरम जिनमन्दिर देखा। हर्षसे रोमांचित और अत्यन्त तुष्ट उन्होंने उसमें प्रवेश किया। (१२०) जिन प्रतिमाओंकी अत्यन्त भावपूर्वक स्तुति एवं पूजा करके जनसमुदायके साथ वे वहीं बैठे। (१२१) वे कुमारवर वहाँ ठहरे हैं ऐसा सुनकर दोनों माताएँ जिन-मन्दिरमें आईं और पुत्रोंका आलिंगन किया। (१२२) जगत्में सब शुद्धियोंकी अपेक्षा मनःशुद्धि उत्तम है। उत्तम भावके साथ पति एवं पुत्रको आलिंगन किया। (१२३) पुत्रोंके साथ बातचीत करके कम्पित हृदयवाली वे वापस लौटीं और पतिके पास आईं। (१२४) पतिको नमस्कार करके उन्होंने कहा कि हे महाशय! सीता एवं लक्ष्मणसे युक्त रामको लौटा लो। हे धीर! इसमें उद्वेग मत करो। (१२५) इस पर दशरथने कहा कि इसमें मेरा कुछ भी सामर्थ्य नहीं है। जो जिसके लिए पूर्वसे विहित है वह उस मनुष्यको प्राप्त होता है। (१२६) राज्यभारसे

१. जणणिं—प्रत्य०। २. परिवृता इत्यर्थः। ३. धणकणाइण्णा—प्रत्य०। ४. पईसमीवं—प्रत्य०।

ववगयरज्जभरो हं, विरओ पावस्स संजमाभिमुहो । न य नज्जइ कं वेलं, मुणिवरचरियं पवज्जामि ॥ १२७ ॥
एवं नरिन्दो जिणसासणुज्जओ, अहो य राओ य सिवाभिलासिणो ।
सुहं पबुद्धो मिह भवकेसरी, विमुत्तिमग्गे विमले सुहालए ॥ १२८ ॥

॥ इय पउमचरिए दसरहपव्वज्जानिच्छयविहाणो नाम एक्कतीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## ३२. दसरहपव्वज्जा-रामनिग्गमण-भरहरज्जविहाणं

अह तत्थ जिणाययणे, निद्दं गमिऊण अद्धरत्तम्मि । लोगे सुत्तपसुत्ते, नीसंचारे विगयसद्दे ॥ १ ॥
घेत्तुं धणुवररयणं, सीयासहिया जिणं नमंसित्ता[1] । सणियं विणिग्गया ते, दो चेव जणं पलोयन्ता ॥ २ ॥
को वेत्थ सुरयखीणो, गाढं उवगूहिउं सुवइ कन्तं । पुवं कयावराहो, अन्नो महिलं पसाएइ ॥ ३ ॥
अवरो पुण परगेहं, गन्तूणं कुञ्चिएसु अङ्गेसु । उवासइ मज्जारं, जालगवक्खन्तरे धुत्तो ॥ ४ ॥
अन्नो सुन्नाययणे, संकेयदिन्नकन्नसब्भावो[2] । अहियं आकुलियमणो, कुणइ निविट्ठुट्ठियं पुरिसो ॥ ५ ॥
एयं चिय सुणमाणा, पेच्छन्ता जणवयस्स विणिओगं । अह निग्गया पुरीओ, सणियं ते गूढदारेणं ॥ ६ ॥
अवरदिसं वच्चन्ता, दिट्ठा सुहडेहि मग्गमाणेहिं । गन्तूण पणमिया ते, भावेण ससेन्नसहिएहिं ॥ ७ ॥
सीहा सहावमन्थरगईए, सणियं तु तत्थ नरवसहा । गाऊयमेत्तठाणं, वच्चन्ति सुहं बलसमग्गा ॥ ८ ॥
गामेसु पट्टणेसु य, पूइज्जन्ता जणेण बहुएणं । पेच्छन्ति वच्चमाणा, खेड-मडम्बा-ऽऽगरं वसुहं ॥ ९ ॥

दूर, पापसे विरत तथा संयमकी ओर अभिमुख मैं नहीं जानता कि किस समय मुनिचर्याके लिए प्रव्रज्या लूँगा। (१२७) इस तरह जिन शासनमें उद्यत, रात और दिन कल्याणकी अभिलाषा करनेवाला तथा भव्यजनोंमें सिंह सदृश वह राजा सुखके धाम रूप विमल मुक्तिमार्गमें सुखपूर्वक प्रबुद्ध हुआ। (१२८)

॥ पद्मचरितमें दशरथके प्रव्रज्याके लिए निश्चयका विधान करनेवाला इकत्तीसवाँ उद्देश समाप्त हुआ ॥

## ३२. दशरथकी प्रव्रज्या, रामका निर्गमन तथा भरतका राज्य

उस जिनभवनमें नींद लेकर अर्धरात्रिके समय जब लोग सोये हुए थे और किसीका संचार नहीं हो रहा था तथा आवाज नहीं आ रही थी तब उत्तम धनुषको लेकर तथा जिनेश्वर भगवान्‌को वन्दन करके वे दोनों लोगोंको देखते हुए धीरेसे निकल पड़े। (१-२) वहाँ कोई सुरतके पश्चात् थका हुआ पत्नीको गाढ़ आलिंगन देकर सोया हुआ था तो पूर्वमें अपराध किया हुआ दूसरा कोई स्त्रीको खुश कर रहा था। (३) अन्य कोई धूर्त दूसरेके घर पर जाकर और अंगोंको सिकोड़कर गवाक्षकी जालीमेंसे बिल्लीको भगा रहा था। (४) शून्य घरमें कन्याको दिये गये संकेतके अनुसार आया हुआ दूसरा कोई पुरुष अधिक व्याकुल होकर बैठता-उठता था। (५) इस तरह लोगोंके कार्योंको सुनते-देखते वे गुप्त द्वारमेंसे होकर धीरेसे नगरमेंसे बाहर निकले। (६) दूसरी दिशामें जाते हुए उन्हें खोजनेवाले सुभटोंने देख लिया। अपने सैन्योंके साथ आकर उन्होंने भावपूर्वक प्रणाम किया। (७) सिंहके समान स्वभावसे मन्थर गतिवाले वे राजा सेनाके साथ आरामसे एक कोस भर गये। (८)

गाँवोंमें और नगरोंमें बहुत-से लोगों द्वारा पूजे जाते वे चलते चलते खेट, मडम्ब एवं आकरसे युक्त पृथ्वीका अवलोकन करते थे। (९) इस प्रकार क्रमशः विचरण करते हुए वे सिंह, रुरु (मृग-विशेष), चमरीमृग एवं शरभ ( आठ पैर

१. नमेऊण—प्रत्य०। २. संकेयट्ठाणदिन्नसब्भावो—प्रत्य०।

अह ते कमेण पत्ता, हरि-गय-रुरु-चमर-सरहसद्दालं । घणपायवसंछन्नं, अडविं चिय पारियत्तस्स ॥ १० ॥
पेच्छन्ति[1] तत्थ भीमा, बहुगाहसमाउला जलसमिद्धा । गम्भीरा नाम नदी, कल्लोलुच्छलियसंघाया ॥ ११ ॥
तो राघवेण भणिया, सुहडा सव्वे वि साहणसमग्गा । तुम्हे नियत्तियव्वं, एयं रण्णं महाभीमं ॥ १२ ॥
ताएण भरहसामी, ठविओ रज्जम्मि सयलपुहईए । गच्छामि दाहिणपहं, अवस्स तुब्भे नियत्तेह ॥ १३ ॥
अह ते भणन्ति सुहडा, सामि ! तुमे विरहियाण किं अम्हं । रज्जेण साहणेण य, विविहेण य देहसोक्खेणं ? ॥ १४ ॥
सीह-ऽच्छभल्ल-चित्तय-घणपायव-गिरिवराउले रण्णे । समयं तुमे वसामो, कुणसु दयं असरणाणऽम्हं ॥ १५ ॥
आउच्छिऊण सुहडे, सीयं भुयावगूहियं काउं । रामो उत्तरइ नइं, गम्भीरं लक्खणसमग्गो ॥ १६ ॥
रामं सलक्खणं ते, परतीरावट्ठियं पलोएउं । हाहारवं करेन्ता, सव्वे वि भडा पडिनियत्ता ॥ १७ ॥
तेहि नियत्तेहि तहिं, दिट्ठं चिय जिणहरं महातुङ्गं । समणेहि संपरिवुडं, तत्थ पविट्ठा सुहडसीहा ॥ १८ ॥
काऊण नमोक्कारं, जिणपडिमाणं विसुद्धभावेणं । पणमन्ति मुणिवरिन्दे, अणुपरिवाडीए तिविहेणं ॥ १९ ॥
पुच्छन्ति साहवं ते, भयवं ! संसारसायरं भीमं । उत्तारेहि महाजस ! अम्हे जिणधम्मपोएणं ॥ २० ॥
तो साहवेण धम्मो, कहिओ संखेवओ जिणुद्दिट्ठो । जह तक्खणेण जाया, संवेगपरायणा बहवे ॥ २१ ॥
निद्दड्ढो विजओ वि य, मेहकुमारो तहेव रणलोलो । नागदमणो य [2]वीरो, सढो य सत्तूदमधरो य ॥ २२ ॥
तह कक्कडो विणीओ, सव्वो पियवद्धणो कढोरो य । एवंविहा नरिन्दा, निग्गन्थसिरिं[3] समणुपत्ता ॥ २३ ॥
अन्ने पुण गिहधम्मं, घेत्तूण नराहिवा विसयहुत्ता । पत्ता साएयपुरी, भरहस्स फुडं निवेएन्ति ॥ २४ ॥
सीया-लक्खणसहिओ, न नियत्तो राघवो गओ रण्णं । सोऊण वयणमेयं, भरहो अइदुक्खिओ जाओ ॥ २५ ॥

और चार आँखोंवाला सिंह जैसा वन्य पशु ) से शब्दायमान तथा सघन वृक्षोंसे आच्छन्न ऐसे पारियात्र ( देश-विशेष ) के जंगलमें आ पहुँचे । (१०) वहाँ उन्होंने भयंकर, बहुत-से मगरमच्छोंसे व्याप्त, जलसे समृद्ध तथा जिसमें तरंगोंका समूह उठ रहा है ऐसी गम्भीरा नामकी नदी देखी (११) तब राघवने सैन्यसे युक्त सब सुभटोंसे कहा कि यह अरण्य अत्यन्त भयंकर है, अतः तुम्हें लौटना चाहिए । (१२) पिताने सकल पृथ्वीके स्वामी रूपसे भरतराजको स्थापित किया है । मैं अब दक्षिणापथको जाता हूँ । तुम सब अवश्य लौट जाओ । ( १३ ) तब सुभटोंने कहा—स्वामी ! तुम्हारे बिना राज्य, सैन्य और नाना प्रकारके देहसुखसे क्या प्रयोजन है ? (१४) सिंह, रीछ-भालू, चीते तथा सघन वृक्षों एवं पर्वतोंसे व्याप्त अरण्यमें हम आपके साथ रहेंगे । अशरण हम पर आप दया करें । (१५) इस प्रकार सुभटोंकी अनुज्ञा लेकर और सीताको हाथोंसे अवलम्बन देकर रामने लक्ष्मणके साथ गम्भीरा नदी पार की । (१६) सामनेके किनारे पर स्थित राम एवं लक्ष्मणको देखकर हाहारव करते हुए वे सब सुभट वापस लौटे । (१७) लौटते हुए उन्होंने वहाँ साधुओंसे भरा हुआ एक अत्यन्त उन्नत जिनमन्दिर देखा । उन सुभटसिंहोंने उसमें प्रवेश किया । (१८) विशुद्ध भावसे जिनप्रतिमाओंको वन्दन करके उन्होंने अनुक्रमसे मुनिवरोंको मनसा, वाचा एवं कर्मणा तीन प्रकारसे वन्दन किया । (१९) उन्होंने साधुओंसे पूछा कि, हे भगवन् ! हे महाशय ! जिन धर्मरूपी नौका द्वारा संसाररूपी भयंकर सागरसे आप हमें पार उतारें । (२०) तब साधुओंने संक्षेपमें जिनोपदिष्ट धर्म इस तरहसे कहा कि बहुत-से लोग उसी समय संवेगपरायण हो गये । (२१) निर्दग्ध, विजय, मेघकुमार, रणलोल, नागदमन, धीर, शठ, शत्रुदम, धर, कक्कट, विनोद, शर्व, प्रियवर्धन और कठोर—इन तथा ऐसे ही दूसरे राजाओंने निर्ग्रन्थशोभा प्राप्त की । (२२-२३) दूसरे राजाओंने विषयवासनाका होम करके गृहस्थधर्म अंगीकार किया । बादमें साकेतपुरीमें पहुँचकर उन्होंने भरतसे सारा वृत्तान्त ब्योरेवार कहा कि सीता एवं लक्ष्मणके साथ राम न लौटे और अरण्यमें चले गये । यह कथन सुनकर भरत अत्यन्त दुःखी हुआ । (२४-२५)

१. पेच्छन्ति तत्थ भीमं बहुगाहसमाउलं जलसमिद्धं । गंभीरं नाम नइं कल्लोलुच्छलियसंघायं—प्रत्य० । २. धीरो—प्रत्य० । ३. सिरिं—प्रत्य० ।

तो दसरहो वि राया, पुत्तविओए अईवसंविग्गो । ठावेइ तक्खणं चिय, विसए रज्जाहिवं भरहं ॥ २६ ॥
संवेगजणियकरणो, भडाण बावत्तरीए समसहिओ । दिक्खं गओ नरिन्दो, पासे चिय भूयसरणस्स ॥ २७ ॥

दशरथप्रव्रज्या—

तत्थ वि एगविहारी, अणरण्णसुओ तवं पकुव्वन्तो । मणसा दूमियहियओ, पुत्तसिणेहं समुव्वहइ ॥ २८ ॥
अह अन्नया कयाई, धीरो आरुहिय सुहयरं झाणं । चिन्तेइ तो मणेणं, नेहो चिय बन्धणं गाढं ॥ २९ ॥
धण-सयण-पुत्त-दारा, जे अन्नभवेसु आसि णेगविहा । ते कत्थ गया ऽणाईसंसारे परिभमन्तस्स ॥ ३० ॥
परिभुत्तं विसयसुहं, सुरलोए वरविमाणवसहीसु । नरयाणलदाहा चिय, संपत्ता भोगहेउम्मि ॥ ३१ ॥
अन्नोन्नभक्खणं पुण, तिरिक्खजोणीसु समणुभूयं मे । पुढवि-जल-जलण-मारुय भमिओ य वणस्सईसु चिरं ॥ ३२ ॥
मणुयत्तणे वि भोगा, भुत्ता संजोय-विप्पओगा य । बहुरोग-सोगमाई, बन्धवनेहाणुरत्तेणं ॥ ३३ ॥
तम्हा पुत्तसिणेहं, एयं छड्डेमि दोसआमूलं । मुणिवरदिट्ठेण पुणो, झाणेण मणं विसोहेमि ॥ ३४ ॥
विविहं तवं करेन्तो, अहियासेन्तो परीसहे सव्वे । दसरहमुणी महप्पा, विहरइ एगन्तदेसेसु ॥ ३५ ॥
पुत्तेसु पर विएसं, गएसु अवराइया य सोमित्ती । भत्तारे पव्वइए, सोयसमुद्दम्मि पडियाओ ॥ ३६ ॥
सुयसोगदुक्खियाओ, ताओ दट्ठूण केगई देवी । तो भणइ नियपुत्तं, वयणमिणं मे निसामेहि ॥ ३७ ॥
निक्कण्टयमणुकूलं, पुत्त! तुमे पावियं महारज्जं । पउमेण लक्खणेण य, रहियं न य सोहए एयं ॥ ३८ ॥
ताणं चिय जणणीओ, पुत्तविओगम्मि जायदुक्खाओ । काहिन्ति मा हु कालं, आणेहि लहुं वरकुमारे ॥ ३९ ॥
जणणीए वयणमेयं, सुणिऊण तुरंगमं समारूढो । तूरन्तो चिय भरहो, ताणं अणुमग्गओ लग्गो ॥ ४० ॥
इय दिट्ठा वि य समयं, महिलाए ते कुमारवरसीहा । पुच्छन्तो पहियजणं, वच्चइ भरहो पवणवेगो ॥ ४१ ॥

---

तब दशरथ राजा भी पुत्रके वियोगके कारण अत्यन्त विरक्त हो गये। उन्होंने शीघ्र ही राज्याधिप भरतको राजगद्दी पर बिठाया। (२६) अन्तःकरणमें जिसे वैराग्य उत्पन्न हुआ है ऐसे राजाने बहत्तर सुभटोंके साथ भूतशरण मुनिके पास दीक्षा ली। (२७) एकाकी विचरण करनेवाले दशरथ यद्यपि तप करते थे, तथापि दुःखित हृदयवाले वे मनमें पुत्रस्नेह धारण करते थे। (२८) एक दिन धीर दशरथ शुक्लतर ध्यानमें आरूढ़ होकर मनमें सोचने लगे कि स्नेह भी गाढ़ बन्धन रूप है। (२९) दूसरे भावोंमें जो मेरे अनेकविध धन, स्वजन, पुत्र और पत्नी आदि थे वे अनादिसंसारमें परिभ्रमण करते हुए मेरे लिए कहाँ चले गये? (३०) देवलोकमें आये हुए उत्तम विमानस्थानोंमें विषयसुखका उपभोग किया है, तो भोगके कारण नरककी आगमें जलना भी पड़ा है। (३१) तिर्यंचयोनिमें एकदूसरेके भक्षणका मैंने अनुभव किया है तथा पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु एवं वनस्पतिमें चिरकाल तक घूमा हूँ। (३२) मनुष्यजन्ममें भी बान्धवोंके स्नेहमें अनुरक्त मैंने भोग, संयोग एवं वियोग तथा अनेक रोग एवं शोक आदिका अनुभव किया है। (३३) अतः दोषके मूलरूप इस पुत्रस्नेहको भी मैं छोड़ता हूँ और मुनिवरके द्वारा कहे गये ध्यानसे मैं मनको शुद्ध करता हूँ। (३४) विविध तप करते हुए तथा सब परीषहोंको सहते हुए महात्मा दशरथमुनि एकान्त देशोंमें विहार करते थे। (३५)

पुत्रोंके दूसरे देशमें जानेसे तथा पतिके प्रव्रजित होनेसे अपराजिता तथा सुमित्रा शोकसमुद्रमें डूब गईं। (३६) उन्हें पुत्रके शोकसे दुःखित देखकर कैकेईने अपने पुत्रसे कहा कि मेरा यह कथन सुन। (३७) हे पुत्र! तूने निष्कण्टक तथा अनुकूल महाराज्य प्राप्त किया है, किन्तु राम एवं लक्ष्मणसे रहित यह सुहाता नहीं है। (३८) पुत्रवियोगसे दुःखित उनकी माताएँ काल न करें, अतः तुम शीघ्र ही उन कुमारवरोंको वापस ले आओ। (३९) माताका ऐसा कथन सुनकर तुरन्त ही घोड़े पर सवार हो भरत उनकी खोजमें लग गया। (४०) स्त्रीके साथ सिंहके जैसे उन कुमारवरोंको देखा है?—इस प्रकार पथिकजनोंसे पूछता हुआ भरत पवनके वेगसे आगे बढ़ने लगा। (४१) भयंकर महावनमें नदीके किनारे पर सीताके साथ

अह ते नईएँ तीरे, वीसममाणा महावणे भीमे । सीयाएँ समं पेच्छइ, भरहो पासत्थवरधणुया ॥ ४२ ॥
बहुयदिवसेसु देसो, जो वोलीणो कुमारसीहेहिं । सो भरहेण पवन्नो, दियहेहिं छहि अयत्तेणं ॥ ४३ ॥
सो चक्खुगोयराओ, तुरयं मोत्तूण केगईपुत्तो । चलणेसु पउमणाहं, पणमिय मुच्छं समणुपत्तो ॥ ४४ ॥
पडिबोहिओ य भरहो, रामेणालिङ्गिओ सिणेहेणं । सीयाएँ लक्खणेण य, बाढं[1] संभासिओ विहिणा ॥ ४५ ॥
भरहो नमियसरीरो, काऊण सिरञ्जलिं भणइ रामं । रज्जं करेहि सुपुरिस ! सयलं आणागुणविसालं ॥ ४६ ॥
अहयं धरेमि छत्तं, चामरधारो य हवइ सत्तुजो । लच्छीहरो य मन्ती, तुज्झऽन्नं सुविहियं किं वा ? ॥ ४७ ॥
जाव इमो आलावो, वट्टइ तावं रहेण तूरन्तीं । तं चेव समुद्देसं, संपत्ता केगई देवी ॥ ४८ ॥
ओयरिय रहवराओ, पउमं आलिङ्गिऊण रोवन्ती । संभासेइ कमेणं, सीयासहियं च सोमित्तिं ॥ ४९ ॥
तो केगई पवुत्ता, पुत्त,! विणीयापुरिम्मि वच्चामो । रज्जं करेहि निययं, भरहो वि य सिक्खणीओ ते ॥ ५० ॥
महिला सहावचवला, अदीहपेही सहावमाइल्ला । तं मे खमाहि पुत्तय ! जं पडिकूलं कयं तुज्झ ॥ ५१ ॥
तो भणइ पउमणाहो, अम्मो ! किं खत्तिया अलियवाई । होन्ति महाकुलजाया ? तम्हा भरहो कुणउ रज्जं ॥ ५२ ॥
तत्थेव काणणवणे, पच्चक्खं सबनरवरिन्दाणं । भरहं ठवेइ रज्जे, रामो सोमित्तिणा सहिओ ॥ ५३ ॥
नमिऊण केगईए, भुयासु उवगूहिउं भरहसामिं । अह ते सीयासहिया, संभासिय सबसामन्ते ॥ ५४ ॥
दक्खिणदेसाभिमुहा, चलिया भरहो वि नियय[2]पुरहुत्तो । पत्तो करेइ रज्जं, इन्दो जह देवनयरीए ॥ ५५ ॥
सो एरिसम्मि रज्जे, न करेइ धिई खणं पि सोएणं । नवरं पुण अङ्गसुहं, हवइ चिय जिणपणामेणं ॥ ५६ ॥
भरहो जिणिन्दभवणं, वन्दणहेउं गओ सपरिवारो । थोऊण पेच्छइ मुणी, नामेण जुई[3] सह गणेणं ॥ ५७ ॥

---

विश्राम करते हुए तथा पासमें उत्तम धनुष रखे हुए उन्हें भरतने देखा। (४२) कुमारसिंहोंने जो देश बहुत दिनोंमें पार किया था वह भरतने अनायास ही छः दिनोंमें पार किया। (४३) चक्षुगोचर होनेपर उस कैकेईपुत्र भरतने घोड़ेको छोड़ दिया और रामके चरणोंमें प्रणाम करके मूर्छित हो गया। (४४) होशमें आनेपर भरतको रामने स्नेहसे आलिंगित किया तथा सीता और लक्ष्मणने उसके साथ अनुक्रमसे खूब वार्तालाप किया। (४५) झुके हुए शरीरवाले भरतने सिर पर अंजलि धारण करके रामसे कहा कि, हे सुपुरुष। आप आज्ञागुणसे विशाल ऐसे इस सारे राज्यका पालन करें। (४६) मैं छत्र धारण करूँगा, शत्रुघ्न चामरधर होगा, लक्ष्मण मंत्री होगा। आपके लिए आचरणीय दूसरा क्या है ? (४७)

जिस समय ऐसा वार्तालाप हो रहा था उसी समय रथसे त्वरा करती हुई देवी कैकेई उसी प्रदेशमें आ पहुँची। (४८) रथसे उतरकर रामको आलिंगन देकर रोती हुई उसने सीता सहित लक्ष्मणके साथ संभाषण किया। (४९) तब कैकेईने कहा कि, हे पुत्र ! चलो हम साकेतपुरीमें लौट जायँ। तुम अपना राज्य करो। भरतको भी तुम शिक्षा देना। (५०) स्त्री स्वभावसे ही चंचल, अदीर्घदर्शी तथा स्वभावसे ही माया करनेवाली होती है। अतः, हे पुत्र ! मैंने जो तुम्हारा प्रतिकूल किया है उसके लिए तुम मुझे क्षमा करो। (५१) इसपर रामने कहा कि, हे माताजी ! क्या बड़े कुलमें उत्पन्न क्षत्रिय मिथ्याभाषी होते हैं ? अतएव भरत राज्य करे। (५२) उसी वनमें सब राजाओंके समक्ष लक्ष्मणके साथ रामने भरतको राज्य पर स्थापित किया। (५३) कैकेईको नमस्कार करके, भरत राजाको भुजाओंसे आलिंगित करके तथा सब सामन्तोंके साथ वार्तालाप करके सीताके साथ वे दक्षिणदेशकी ओर चल पड़े। भरत भी अपने नगरकी ओर चला और वहाँ पहुँचकर देवनगरीमें इन्द्रकी भाँति वहाँ राज्य करने लगा। (५४-५५) शोकके कारण वह ऐसे राज्यमें क्षणभर भी धैर्य धारण नहीं करता था। सिर्फ जिनेश्वर भगवान्‌को वन्दन करनेसे ही उसे शरीर-सुख होता था। (५६)

एक बार भरत सपरिवार वन्दनके लिए जिनेन्द्रके मन्दिरमें गया। वहाँ स्तुति करनेके पश्चात् उसने गणसे युक्त द्युति नामके मुनिको देखा। (५७) मुनिको नमस्कार करके धीर भरतने उसके समक्ष यह अभिग्रह लिया कि रामका दर्शन

---

१. गाढं—मु०। २. मुणिं नामेण जुइं—प्रत्य०।

भरहो नमिऊण मुणी[1], तस्स य पुरओ अभिग्गहं धीरो । गेण्हइ रामदरिसणे, पव्वज्जा हं करिस्सामि ॥ ५८ ॥
भरहेण धम्मनिहसं, समणो परिपुच्छिओ भणइ एवं । जाव य न एइ रामो, ताव गिहत्थो कुणसु धम्मं ॥ ५९ ॥

विविधव्रतनियमजिनपूजादानादीनां फलम्—

अच्चन्तदुद्धरधरा, चरिया निग्गन्थमहरिसीणं तु । परिकम्मविसुद्धस्स उ, होही सुहसाहणा नियमा ॥ ६० ॥
रयणद्दीवम्मि गओ, गेण्हइ एक्कं पि जो महारयणं । तं तस्स इहाणीयं, महग्घमोलं हवइ लोए ॥ ६१ ॥
जिणधम्मरयणदीवे, जइ नियममणिं लहेइ[2] एक्कं पि । तं तस्स अणग्घेयं, होही पुण्णं परभवम्मि ॥ ६२ ॥
पढममहिंसारयणं, गेण्हेउं जो जिणं समच्चेइ । सो भुञ्जइ सुरलोए, इन्दियसोक्खं अणोवमियं ॥ ६३ ॥
सच्चवयनियमधरो, जो पूयइ जिणवरं पयत्तेणं । सो होइ महुरवयणो भुञ्जइ य परंपरसुहाइं ॥ ६४ ॥
परिहरिऊण अदत्तं, जो जिणनाहस्स कुणइ वरपूयं । सो नवनिहीण सामी, होही मणि-रयणपुण्णाणं ॥ ६५ ॥
परनारीसु पसङ्गं, न कुणइ जो जिणमयासिओ पुरिसो । सो पावइ सोहग्गं, नयणाणन्दो वरतणूणं ॥ ६६ ॥
संतोसवयामूलं, धारइ य जिणिन्दवयणकयभावो । सो विविहधणसमिद्धो, होइ नरो सव्वजणपुज्जो ॥ ६७ ॥
आहारपयाणेणं, जायइ भोगस्स आलओ निययं । जइ वि य जाइ विएसं, तहवि य सोक्खं हवइ तस्स ॥ ६८ ॥
अभयपयाणेण नरो, जायइ भयवज्जिओ निरोगो य । नाणस्स पयाणेणं, सव्वकलापारओ होइ ॥ ६९ ॥
आहारवज्जणं जो, करेइ रयणीसु जिणमयाभिमुहो । आरम्भपवत्तो वि य, लहइ नरो सो वि सुगइपहं ॥ ७० ॥
अरहन्तनमोक्कारं, तिण्णि वि काले करेइ जो पुरिसो । तस्स बहुयं पि पावं, नासइ वरसुद्धभावस्स ॥ ७१ ॥
जल-थलयसुरहिनिम्मलकुसुमेसु य जो जिणं समच्चेइ । सो दिव्वविमाणठिओ, कीलइ पवरच्छराहि समं ॥ ७२ ॥

---

होने पर मैं दीक्षा लूंगा । (५८) भरतके द्वारा धर्मकी कसौटी जैसे उत्तम मुनिवरको पूछने पर उन्होंने ऐसा कहा कि जबतक राम नहीं आते तबतक गृहस्थधर्मका आचरण करो । (५९) निर्ग्रन्थ महर्षियोंकी चर्या धारण करनेमें अत्यन्त दुर्धर होती है । अभ्याससे विशुद्ध व्यक्तिके लिए वह नियमतः सुखपूर्वक साधन करने योग्य होती है । (६०) रत्नदीपमें गया हुआ मनुष्य यदि एक भी महारत्न लेता है तो वह यहाँ लानेपर लोगोंमें अत्यन्त मूल्यवान् होता है । (६१) जिनधर्मरूपी रत्नद्वीपमें यदि एक भी नियमरूपी मणि लिया जाय तो उससे परभवमें अमूल्य ऐसा पुण्य होता है । (६२) पहला अहिंसारूपी रत्न ग्रहण करके जो जिनवरकी पूजा करता है वह देवलोकमें अनुपम इन्द्रिय सुखका उपभोग करता है । (६३) सत्यव्रतका नियम धारण करनेवाला जो मनुष्य भक्तिभावसे जिनवरकी पूजा करता है वह मधुर वचनवाला होता है और सुखोंकी परम्पराका उपभोग करता है । (६४) अदत्त (चौर्य) का परित्याग करके जो जिननाथकी उत्तम प्रकारसे पूजा करता है वह मणि एवं रत्नोंसे पूर्ण नव निधियोंका स्वामी बनता है । (६५) जिनमतका आश्रित जो पुरुष परस्त्रीके साथ प्रसंग नहीं करता अर्थात् ब्रह्मचर्यका पालन करता है वह आँखोंको आनन्द देनेवाला ऐसा उत्तम स्त्रियोंका सौभाग्य प्राप्त करता है । (६६) जिनेन्द्रके वचनोंमें श्रद्धा रखनेवाला जो व्यक्ति सर्वथा सन्तोषव्रत धारण करता है वह विविध प्रकारके धनोंसे समृद्ध तथा सबलोगोंके लिए पूजनीय होता है । (६७) आहारदानसे वह अवश्य ही भोगका धाम बनता है । यदि वह विदेशमें जाता है तो भी उसे सुख मिलता है । (६८) अभयप्रदानसे मनुष्य निर्भय और नीरोग होता है । ज्ञानके दानसे वह सब कलाओंमें पारगामी होता है । (६९) जिनधर्मकी ओर अभिमुख जो रातमें आहारका त्याग करता है वह मनुष्य आरम्भमें प्रवृत्त होने पर भी सुगतिका मार्ग प्राप्त करता है । (७०) जो पुरुष तीनों कालमें अरिहन्त भगवान्को नमस्कार करता है उस अत्यन्त शुद्ध भाववालेका बहुत-सा भी पाप नष्ट हो जाता है । (७१) जलमें तथा स्थलपर होनेवाले सुगन्धित एवं निर्मल पुष्पोंसे जो व्यक्ति जिनेश्वरकी पूजा करता है वह दिव्य विमानमें स्थित

---

१. मुणिं—प्रत्य० । २. लहेइ—प्रत्य० ।

भावकुसुमेसु नियय, विमलेसु जिणं समच्चए जो उ। सो होइ सुन्दरतणू, लोए पूयारिहो पुरिसो ॥ ७३ ॥
धूयं अगरु-तुरुक्कं, कुंकुम-वरचन्दणं जिणवरस्स। [1]जो देइ भावियमई, सो सुरहिसुरो समुब्भवइ ॥ ७४ ॥
जो जिणभवणे दीवं, देइ नरो तिव्वभावसंजुत्तो। सो दिणयरसमतेओ, देवो उप्पज्जइ विमाणे ॥ ७५ ॥
छत्तं चमर-[2]पडाया, दप्पण-लम्बूसया वियाणं च। जो देइ जिणाययणे, सो परमसिरिं समुव्वहइ ॥ ७६ ॥
गन्धेहि जिणवरतणूं, जो हु समालभइ भावियमईओ। सो सुरभिगन्धपउरे, रमइ विमाणे सुचिरकालं ॥ ७७ ॥
काऊण जिणवराणं, अभिसेयं सुरहिगन्धसलिलेणं। सो पावइ अभिसेयं, उप्पज्जइ जत्थ जत्थ नरो ॥ ७८ ॥
खीरेण जोऽभिसेयं, कुणइ जिणिन्दस्स भत्तिराएणं। सो खीरविमलधवले, रमइ विमाणे सुचिरकालं ॥ ७७ ॥
दहिकुम्भेसु जिणं जो, ण्हवेइ दहिकोट्टिमे सुरविमाणे। उप्पज्जइ लच्छिधरो, देवो दिव्वेण रूवेणं ॥ ८० ॥
एत्तो घियाभिसेयं, जो कुणइ जिणेसरस्स पययमणो। सो होइ सुरहिदेहो, सुरपवरो वरविमाणम्मि ॥ ८१ ॥
अभिसेयपभावेणं, बहवे सुवन्तिऽणन्तविरियाई। लद्धाहिसेयरिद्धी, सुरवरसोक्खं अणुहवन्ति ॥ ८२ ॥
भत्तीऍ निवेयणयं, बलिं च जो जिणहरे पउञ्जेइ। परमविभूईं[3] पावइ, आरोग्गं चेव सो पुरिसो ॥ ८३ ॥
गन्धव्व-तूर-नट्टं, जो कुणइ महुस्सवं जिणाययणे। सो वरविमाणवासे, पावइ परमुस्सवं देवो ॥ ८४ ॥
जो जिणवराण भवणं, कुणइ जहाविहवसारसंजुत्तं। सो पावइ परमसुहं, सुरगणअहिणन्दिओ सुइरं ॥ ८५ ॥
जिणपडि[4]मा कुणइ नरो, जो दढधम्मो अणन्नदिट्ठीओ। सो सुर-माणुसभोगे, भोत्तूण सिवं पि पाविहिइ ॥ ८६ ॥
काऊण एवमाई, धम्मं जिणदेसियं सुरविमाणे। उप्पज्जिऊण चविओ, चक्कहरत्तं पुणो लहइ ॥ ८७ ॥

होकर उत्तम अप्सराओंके साथ क्रीड़ा करता है। (७२) जो केवल निर्मल भावरूपी पुष्पोंसे जिनेश्वरकी अर्चना करता है वह पुरुष सुन्दर शरीरवाला और लोकमें पूजनीय होता है। (७३) जो श्रद्धालु अगुरु एवं तुरुष्कका धूप तथा केसर एवं चन्दन जिनवरको देता है वह देवाधिदेवके रूपमें उत्पन्न होता है। (७४) तीव्र श्रद्धासे युक्त जो मनुष्य जिनमन्दिरमें दीप करता है वह देवविमानमें सूर्यके समान तेजवाला देव होता है। (७५) जो जिनमन्दिरमें छत्र, चामर, पताका, दर्पण, लम्बूष एवं विमान देता है वह परम शोभा धारण करता है। (७६) जो श्रद्धापूर्वक सुगन्धित पदार्थोंसे जिनेन्द्रके शरीरको अलंकृत करता है वह सुगन्धित गन्धसे प्रचुर ऐसे विमानमें सुदीर्घ काल तक रमण करता है। (७७) जो मनुष्य सुगन्धित गन्धयुक्त जलसे जिनवरोंका अभिषेक करता है वह जहाँ जहाँ उत्पन्न होता है वहाँ अभिषेक प्राप्त करता है। (७८) भक्तिरागके साथ जो दूधसे जिनेन्द्रोंका अभिषेक करता है वह दूधके समान विमल और धवल विमानमें चिरकाल तक आनन्द करता है। (७९) जो दहीके घड़ोंसे जिनको स्नान कराता है वह दधिकोट्टिम नामक देवविमानमें दिव्य रूपके कारण लक्ष्मीको धारण करनेवाला देव होता है। (८०) मनमें श्रद्धान्वित जो मनुष्य जिनेश्वरका घीसे अभिषेक करता है वह उत्तम विमानमें सुगन्धित शरीरवाला देव होता है। (८१) अभिषेकके प्रभावसे अनन्तवीर्य आदि बहुत-से ऐसे सुने जाते हैं जो अभिषेककी ऋद्धि प्राप्त करके देवोंके उत्तम सुखका अनुभव करते हैं। (८२) भक्तिपूर्वक जो नैवेद्य एवं पूजोपहार जिनमंदिरमें चढ़ाता है वह मनुष्य परमविभूति तथा आरोग्य प्राप्त करता है। (८३) जो जिनमन्दिरमें गीत, वाद्य एवं नृत्यसे महोत्सव करता है वह देव होकर उत्तम विमानमें वास करता हुआ परम उत्सव प्राप्त करता है। (८४) जो जिनवरोंका वैभवके अनुसार भवन बनवाता है वह देवोंके गणसे अभिनन्दित हो सुचिर काल तक परम सुख प्राप्त करता है। (८५) जो धर्ममें दृढ़ तथा अनन्य दृष्टिवाला मनुष्य जिनप्रतिमा बनवाता है वह देव एवं मनुष्योंके भोगोंका उपभोग करके मोक्ष भी प्राप्त करता है। (८६) इस तरहके जिनोपदिष्ट धर्मका आचरण करके मनुष्य देवविमानमें उत्पन्न होता है और च्युत होने पर चक्रवर्तीपद प्राप्त करता है। (८७) फिर तप करके कर्मरजसे विमुक्त हो सिद्धि प्राप्त करता है।

१. दिव्वामलहारधरो—प्रत्य०। २. पडायं दप्पण लम्बूसयं—प्रत्य०। ३. तणुं—प्रत्य०। ४. विभूइं—प्रत्य०। ५. पडिमं—प्रत्य०।

पुणरवि काऊण तवं, पावइ सिद्धिं विमुक्कम्मरओ । एत्तो सुणसु विभत्तिं, जिणवन्दणभत्तिरायस्स ॥ ८८ ॥
मणसा होइ चउत्थं, छट्ठफलं उट्ठियस्स संभवइ । गमणस्स उ आरम्भे, हवइ फलं अट्ठमोवासे ॥ ८९ ॥
गमणे दसमं तु भवे, तह चेव दुवालसं गए किंचि । मज्झे पक्खोवासं, मासोवासं तु दिट्ठेणं ॥ ९० ॥
संपत्तो जिणभवणं, लहई छम्मासियं फलं पुरिसो । संवच्छरियं तु फलं दारुद्देसे ठिओ लहइ ॥ ९१ ॥
पायक्खिणणे लहइ य, वरिससयफलं जिणे तओ दिट्ठे । पावइ वरिससहस्सं, अणन्तपुण्णं जिणथुईए ॥ ९२ ॥
जिणवन्दणभत्तीए, न हु अन्नो अत्थि उत्तमो धम्मो । तम्हा करेहि भत्तीं[1], भरह! तुमं जिणवरिन्दाणं ॥ ९३ ॥
पच्छा निग्गन्थरिसी, भविऊण सिवं पि जाहिसि कयत्थो । भरहो मुणिस्स पासे, सायारं गेण्हई धम्मं ॥ ९४ ॥
दरिसणविसुद्धभावो, साहुपयाणुज्जओ विणीओ य । जुयइसयद्धेण समं, करेइ रज्जं गुणविसालं ॥ ९५ ॥
एवंविहे वि रज्जे, नियएण उवेइ भोगमणुबन्धं । चिन्तेइ तग्गयमणो, कइया दिक्खं पवज्जे हं? ॥ ९६ ॥
एवं तु राया भरहो विणीओ, जिणिन्दनिग्गन्थकहाहि सत्तो । सकम्मविद्धंसणहेउभूयं, करेइ चित्तं विमलं विसुद्धं ॥ ९७ ॥

॥ इय पउमचरिए दसरहपव्वज्जारामनिग्गमणभरहरज्जविहाणो नाम बत्तीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## ३३. वज्जयण्णउवक्खाणं

तत्तो ते दो वि जणा, सीयासहिया कमेण वच्चन्ता । पत्ता य तावसकुलं, वक्कल-जडधारिणो जत्थ ॥ १ ॥
नाणासंगहियफलं, अकिट्ठधण्णेण रुद्धपहमग्गं । उम्बर-फणस-वडाणं, समिहासंघायकयपुञ्जं ॥ २ ॥

अब तुम जिनवन्दन तथा भक्तिरागके बारेमें विवरण सुनो। (८८) मनसे सोचने पर एक उपवासका तथा उठे हुएको बेलेका फल होता है। गमनका आरम्भ करने पर अष्टम उपवास ( तेले ) का फल होता है। (८९) गमन करने पर दशम ( चार उपवास ) तथा थोड़ा चलने पर द्वादश ( पाँच उपवास ) का फल मिलता है। मध्यमें एक पक्षके उपवासका तथा जिनभवनका दर्शन होने पर एक मासके उपवासका फल मिलता है। (९०) जिनभवन पहुँचा पुरुष छः मासका फल पाता है। द्वार प्रदेशमें स्थित मनुष्य सांवत्सरिक उपवासका फल प्राप्त करता है। (९१) प्रदक्षिणा करने पर सौ वर्षका फल पाता है। जिनका दर्शन करने पर हजार वर्षका फल तथा जिनकी स्तुति करनेसे तो अनन्त पुण्य प्राप्त करता है। (९२) जिनेश्वरके वन्दन एवं भक्तिसे बढ़कर दूसरा कोई उत्तम धर्म नहीं है। इसलिए, हे भरत! तुम जिनेन्द्रोंकी भक्ति करो। (९३) बादमें कृतार्थ तुम निर्ग्रन्थ ऋषि होकर मोक्षमें भी जाओगे।

ऐसा उपदेश सुनकर भरतने मुनिके पास गृहस्थधर्म अंगीकार किया। (९४) सम्यक्त्वके कारण विशुद्ध भाववाला, साधुओंको दान देनेमें उद्यत तथा विनीत भरत डेढ़ सौ युवतियोंके साथ समृद्ध एवं विशाल राज्यका पालन करने लगा। (९५) अपने ऐसे राज्यमें भी वह भोग एवं स्नेहभाव नहीं रखता था। उसीमें ( धर्ममें ) जिसका मन लगा है ऐसा वह सोचा करता था कि कब मैं दीक्षा ग्रहण करूँगा? (९६) इस प्रकार विनीत तथा जिनेन्द्र एवं निर्ग्रन्थोंकी कथामें आसक्ति रखनेवाला भरत अपने कर्मोंके नाशके लिए चित्तको विमल एवं विशुद्ध करता था। (९७)

। पद्मचरितमें दशरथ-प्रव्रज्या, राम-निर्गमन तथा भरतका राज्य-विधान नामक बत्तीसवाँ उद्देश समाप्त हुआ।

## ३३. वज्रकर्ण उपाख्यान

इसके बाद सीताके साथ वे दोनों राम और लक्ष्मण क्रमशः परिभ्रमण करते हुए वल्कल एवं जटाधारी तापस जहाँ थे ऐसे एक आश्रममें आ पहुँचे। (१) वह आश्रम नानाविध फलोंसे परिपूर्ण था, उदुम्बर, पनस एवं बड़के पत्तोंके हटाये

१. भक्तिं—प्रत्य०।

पविसन्ति तावसकुलं, आसण-विणओवयारकुसलेहिं । संभासिया य पयया, सबेहिं तावसगणेहिं ॥ ३ ॥
वसिऊण तत्थ रयणी, पुणरवि वच्चन्ति अडविपहमग्गं । दूरुन्नयसिहरोहं, पेच्छन्ति उ चित्तकूडं ते ॥ ४ ॥
नाणाविहदुमछन्नं, नाणाविहसावयाण आवासं । नाणापक्खिसमिद्धं, गिरिनइयारुद्धसंचारं ॥ ५ ॥
कत्थइ सीहवियारिय–गयवररुहिरच्छडारुणं भीमं । कत्थइ सरभुत्तासिय–हत्थिउलविभग्गतरुनिवहं ॥ ६ ॥
कत्थइ वराह-केसरिदढदप्पाबडियजुज्झसंघट्टं । कत्थइ कढिणोरत्थल–वग्घचवेडाहयं महिसं ॥ ७ ॥
वाणरबुक्काररवं, कत्थइ किलिकिलिकिलन्तपक्खिगणं । कत्थइ सीहभयद्दुय–हरिणपलायन्तसंघायं ॥ ८ ॥
कत्थइ मत्तमहागय–गण्डालीणालिगुमगुमायन्तं । एयारिसविणिओगं, पेच्छन्ति य चित्तकूडं ते ॥ ९ ॥
नाणातरुब्भवाइं, नाणाविहसुरहिगन्धकलियाइं । खायन्ति जहिच्छाए, फलाइं वरसायकलियाइं ॥ १० ॥
लीलाएँ वच्चमाणा, चउसु वि मासेसु साइरेगेसु । पत्ता अवन्तिविसयं, काणण-वणमण्डियं रम्मं ॥ ११ ॥
जण-धणसमाउलं ते, केत्तियमेत्तं पि वोलिया विसयं । अन्नं पुण उद्देसं, पेच्छन्ति जणुज्झियं सहसा ॥ १२ ॥
वडपायवस्स हेट्ठे, उवविट्ठा ऽऽसासिया य वीसन्ता । भणिओ य राघवेणं, लक्खण ! देसो इमो विजणो ॥ १३ ॥
सासा अकिट्टजाया, उज्जाणदुमा य फलभरोणमिया । पुण्डुच्छुवाडपउरा, गामा वि य पट्टणायारा ॥ १४ ॥
दीसन्ति सरा विउला, अछिन्नपउमुप्पला य पक्खीसु । सयडेसु भण्डएसु य, भग्गेसु विसंटुला पन्था ॥ १५ ॥
चणय-तिल-मुग्ग-मासा, विक्खिरिया तन्दुला य णेगविहा । दीसन्ति बहुद्देसे, जिण्णा य जरग्गवो पडिया ॥ १६ ॥
भणिओ य राघवेणं, सोमित्ती पट्टणं व गामं वा । लक्खेहि समब्भासे, परिसमिया दारुणं सीया ॥ १७ ॥

---

न जानेसे उसके रास्ते रुक गये थे और उसमें इकट्ठी की हुई समिधोंका ढेर लगा था। (२) ऐसे आश्रममें प्रवेश करने पर आसन, विनय एवं कुशलवादसे उनका सत्कार किया गया। उन्होंने सब तापसगणोंके साथ सावधानीसे बातचीत की। (३) वहाँ रात भर रहकर पुनः उन्होंने वनमार्गसे प्रयाण किया और अत्यन्त उन्नत शिखरोंके समूहवाले चित्रकूट पर्वतको देखा। (४)

वह अनेक प्रकारके वृक्षोंसे ढका हुआ था। उसमें नाना प्रकारके पशुओंका आवास था। वह अनेक तरहके पक्षियोंसे समृद्ध था तथा पर्वतीय नदियोंके कारण वहाँ गति अवरुद्ध हो जाती थी। (५) कहीं कहीं वह सिंह द्वारा फाड़े गये उत्तम हाथीके रुधिरकी रेखाके कारण लाल होनेसे भयंकर लगता था। कहीं कहीं शरभसे पीड़ित हाथियोंके समूहने बहुतसे वृक्ष तोड़ डाले थे। (६) कहीं पर अत्यन्त दर्पके कारण सूअर और सिंहमें युद्धका संघर्ष हो रहा था, तो कहीं पर बाघकी थापसे कठोर वक्षस्थलमें आहत भैंसा दिखाई पड़ता था। (७) कहीं पर बन्दर 'हुक् हुक्' कर रहे थे, कहीं पर पक्षीगण चहचहा रहे थे, तो कहीं पर सिंहके भयसे हिरनोंका समूह भागा जा रहा था। (८) कहीं पर मदोन्मत्त बड़े बड़े हाथियोंके गण्डस्थलमें लीन भौंरे गुनगुना रहे थे। इस प्रकारके वर्णनवाला चित्रकूट पर्वत उन्होंने देखा। (९)

वहाँ उन्होंने अनेक वृक्षों पर उत्पन्न, नानाविध सुगन्धित गन्धसे युक्त तथा उत्तम स्वादवाले फल इच्छानुसार खाये। (१०) आरामके साथ कुछ अधिक चार मास तक परिभ्रमण करते हुए वे उद्यान एवं निकुंजोंसे अलंकृत तथा सुन्दर ऐसे अवन्ति देशमें आये। (११) जन एवं धनसे परिपूर्ण उस देशके कुछ भागोंसे गुजर कर उन्होंने सहसा लोगों द्वारा त्यक्त दूसरा प्रदेश देखा। (१२) वड़के पेड़के नीचे बैठकर उन्होंने अपनी थकान दूर की और आराम किया। तब रामने लक्ष्मणसे कहा कि यह देश निर्जन है। अन्न खूब पैदा हुआ है, उद्यानके वृक्ष भी फलोंके भारसे झुके हुए हैं और ईखके खेतोंसे प्रचुर ग्राम भी नगरके आकारके जैसे बड़े बड़े हैं। पक्षियों द्वारा नहीं काटे गये कमलोंसे व्याप्त बड़े बड़े तालाब दिखाई देते हैं और टूटे हुए गड्ढों तथा बर्तनोंसे मार्ग भरे हुए हैं। चने, तिल, मूँग, उर्द, तथा चावल जैसे अनेक प्रकारके धान्य बिखरे पड़े हैं और बहुतसे स्थानों पर अशक्त और बूढ़े बैल पड़े हुए हैं। (१३-१६) आगे रामने लक्ष्मणसे कहा कि पासमें कोई गाँव या नगर हो तो देखो। सीता बहुत थक गई है। (१७)

तो लक्खणो वलग्गो, नग्गोहं दीहविडवविच्थारं । रामेण पुच्छिओ सो, किं पेच्छसि एत्थ सोमित्ति!? ॥ १८ ॥
सो भणइ देव वियडं, रूवं पेच्छामि पव्वयसरिच्छं । सत्ततलधवलएसु य, पासायसएसु परिकिण्णं ॥ १९ ॥
आरामुज्जाणेहि य, तलायसइसेहि वेढियं सयलं । धण-जणवयपरिहीणं, दीसइ नयरं इमं वियडं ॥ २० ॥
एक्कं पेच्छामि पहू! पुरिसं अइचवलतुरियगइगमणं । भणिओ य राघवेणं, आणेहि इमं मह समीवे ॥ २१ ॥
ओयरिय पायवाओ, सोमित्ती तेण आणिओ पुरिसो । रामस्स चलणजुयलं, नमिऊण ठिओ समब्भासे ॥ २२ ॥
तं भणइ पउमणाहो, भद्द! कओ आगओ सि? किं देसो। विजणो धणेण रहिओ? साहसु एयं फुडं मज्झं ॥ २३ ॥
सो भणइ सिरीगुत्तो, अहयं तु कुडुम्बिओ य वइएसो । एत्थागओ महाजस! भणामि जं तं निसामेहि ॥ २४ ॥
सीहोदरो त्ति नामं, उज्जेणीसामिओ नरवरिन्दो । तस्स इह वज्जयण्णो, दसउरनयराहिवो भिच्चो ॥ २५ ॥
मोत्तूण तिहुयणगुरुं, निग्गन्था साहवो य नाणधरा । अन्नस्स नमोक्कारं, न कुणइ सो चेव पुरिसस्स ॥ २६ ॥
निग्गन्थपसाएणं, सम्मत्तं वज्जयण्णनरवइणा । पत्तं जगविस्खायं, किं न सुयं देव! तुम्हेहिं? ॥ २७ ॥
भणिओ य लक्खणेणं, केणोवाएण तेण सम्मत्तं । लद्धं? कहेहि एत्तो, जायं मे कोउयं परमं ॥ २८ ॥

**वज्रकर्णराजकथा—**

एत्तो कहेइ पहिओ, देव! निसामेहि तस्स साहूणं । दिन्नो जहोवएसो, पढमं सम्मत्तरयणस्स[1] ॥ २९ ॥
अह वज्जयण्णराया, पारद्धीफन्दिओ परिभमन्तो । पेच्छइ मन्दारण्णे, निग्गन्थं साहवं एक्कं[2] ॥ ३० ॥
गिम्हे सिलायलत्थो, सूरायवसोसिएसु अङ्गेसु । सीहो व भयविमुक्को, समत्तनियमो दढधिईओ ॥ ३१ ॥
वरतुरयसमारूढो, कयन्तसरिसो अणाइमिच्छत्तो । गन्तूण भणइ साहुं, किं एत्थं कुणसि आरण्णे? ॥ ३२ ॥

---

इस पर लक्ष्मण बड़ी बड़ी शाखाओंके विस्तारवाले एक बड़के पेड़ पर चढ़ा। रामने उससे पूछा कि, हे सौमित्रि! यहाँ तुम्हें क्या दिखाई देता है? (१८) उसने कहा कि, देव! सात मंजलेवाले सैकड़ों सफ़ेद महलोंसे व्याप्त कोई पर्वत जैसा भयंकर रूप दिखाई दे रहा है। (१९) बाग़-बग़ीचे तथा सहस्रों सरोवरोंसे व्याप्त यह सारा नगर धन एवं जनसे शून्य होनेके कारण भयंकर मालूम होता है। (२०) हे प्रभो! अत्यन्त चपल और जल्दी जल्दी गमन करनेवाले ऐसे एक पुरुषको मैं देखता हूँ। इस पर रामने कहा कि उसे तुम मेरे पास लाओ। (२१) रामकी आज्ञाके अनुसार पेड़ परसे नीचे उतरकर लक्ष्मण उस पुरुषको ले आया। वह रामके दोनों चरणोंमें नमस्कार करके उनके पास खड़ा रहा। (२२) रामने उससे पूछा कि हे भद्र! तुम कहाँसे आये हो और यह देश जनशून्य तथा धनसे रहित क्यों है? मुझे यह साफ़ साफ़ कहो। (२३) तब श्रीगुप्तने कहा कि, हे महाशय! मैं तो एक गृहस्थ और परदेसी हूँ। यहाँ आनेके बारेमें जो कुछ मैं कहता हूँ वह आप सुनें। (२४)

उज्जयिनीका स्वामी सिंहोदर नामका एक राजा है। दशपुर नगरका स्वामी वज्रकर्ण उसका अनुचर है। (२५) वह वज्रकर्ण त्रिभुवनके गुरु जिन भगवान् और ज्ञानी निर्ग्रन्थ साधुओंको छोड़कर अन्य किसी पुरुषको नमस्कार नहीं करता था। (२६) निर्ग्रन्थ साधुओंके प्रसादसे वज्रकर्ण राजाने सम्यक्त्व (सत्य दर्शन) प्राप्त किया, यह विश्वमें विख्यात है। हे देव! आपने क्या यह नहीं सुना? (२७) इस पर लक्ष्मणने पूछा कि किस उपायसे उसने सम्यक्त्व प्राप्त किया है, यह मुझे कहो। मुझे इस बारेमें बहुत जिज्ञासा हो रही है। (२८) वह सुनकर पथिक कहने लगा कि, हे देव! सम्यक्त्वसे हीन उसे साधुओंने जैसा उपदेश दिया था उसे आप सुनें। (२९)

एक दिन वज्रकर्ण राजा शिकारके लिए घूम रहा था, तब एक छोटे बनमें उसने एक निर्ग्रन्थ साधुको देखा। (३०) सूर्यकी धूपसे शोषित अंगवाला वह ग्रीष्मकालमें एक पत्थर पर बैठा हुआ था। वह दृढ़ धैर्यवाला सिंहकी भाँति निर्भय था और उसने अपना नियम परिपूर्ण कर लिया था। (३१) उत्तम घोड़े पर सवार और यमके जैसा अनादि-मिथ्यात्वी वह

---

१. रयणस्स—प्रु०। २. अणगारं—प्र य०।

तो भणइ समणसीहो, एत्थ हियं अत्तणो विचिन्तेन्तो। अच्छामि रण्णमज्झे, दुक्खविमोक्खं च कुणमाणो ॥ ३३ ॥
पुणरवि भणइ नरिन्दो, एयावत्थस्स भोगरहियस्स। थोवं पि नत्थि सोक्खं, किं अप्पहियं तुमं साहू!? ॥ ३४ ॥
विसयपसङ्गाभिमुहं, नाऊण सुभासियं भणइ साहू। जं पुच्छसि अप्पहियं, तं ते सव्वं निवेएमि ॥ ३५ ॥
जे विसएसु पसत्ता, ते अप्पसुहेण वञ्चिया मूढा। भमिहिन्ति भवसमुद्दे, दुक्खसहस्साइं पावन्ता ॥ ३६ ॥
हन्तूण विविहसत्ते, इमस्स देहस्स पोसणट्ठाए। आयसपिण्डो ब जले, जाहिसि नरए निरभिरामे ॥ ३७ ॥
नूणं तुमे नराहिव! न य विन्नायाओ सत्त पुढवीओ। बहुनरयसंकुलाओ, घोराणलपज्जलन्तीओ ॥ ३८ ॥
दुग्गन्धा दुप्पारिसा, नरया ससि-सूरवज्जिया निच्चं। पुडपाय-कूडसामलि-करवत्तऽसिवत्तजन्ताइं ॥ ३९ ॥
एएसु पावकम्मा, पक्खित्ता जीवहिंसया दीणा। चक्खुनिमिसं पि सोक्खं, न लहन्ति लभन्ति दुक्खाइं ॥ ४० ॥
ते एरिसं महन्तं, दुक्खं पावन्ति विसयसुहलोला। ताणं चिय अप्पहियं, केरिसयं होइ पुरिसाणं? ॥ ४१ ॥
किम्पागफलसरिच्छं, विसयसुहं अप्पसोक्ख-बहुदुक्खं। अहियं वज्जेहि इमं, करेहि जं तुज्झ अप्पहियं ॥ ४२ ॥
तेहि कयं अप्पहियं, जेहि उ गहिया महव्वया पञ्च। अहवाऽणुव्वयनिरया, सेसा दुक्खाणि पावन्ति ॥ ४३ ॥
धम्मं काऊण इहं, पाविहिसि सुरालए परमसोक्खं। दुक्खं अणुहवसि चिरं, नरयम्मि गओ अहम्मेणं ॥ ४४ ॥
एए मया अणाहा, निच्चुव्विग्गा भउद्दुया रण्णे। मा हणसु रसासत्तो, हिंसं तिविहेण वज्जेहि ॥ ४५ ॥
एएसु य अन्नेसु य, उवएससएसु बोहिओ जाहे। ताहे तुरङ्गमाओ, ओयरिउं पणमई साहुं ॥ ४६ ॥

---

राजा उस साधुके पास जाकर कहने लगा कि तुम इस जंगलमें क्या करते हो ? (३२) तब उस श्रमण-सिंहने कहा कि मैं इस वनमें आत्माका कल्याण सोचता हुआ तथा दुःखका नाश करता हुआ बैठा हूँ। (३३) यह सुनकर राजाने पुनः पूछा कि भोगसे रहित इस तरहकी अवस्थामें विद्यमान पुरुषको तो तनिक भी सुख नहीं है। तो फिर, हे साधो! तुम्हारी आत्माके कल्याणकी तो बात ही क्या ? (३४) राजाको विषयसुखकी ओर अभिमुख जानकर वह साधु सुन्दर शब्दोंमें कहने लगा कि तुम आत्महितके बारेमें जो पूछते हो वह सब मैं तुम्हें कहता हूँ। (३५)

जो विषयसुखमें आसक्त हैं वे आत्मसुखसे वंचित मूर्ख हजारों दुःख प्राप्त करके भवसागरमें भ्रमण करते हैं। (३६) इस शरीरके पोषणके लिए अनेक प्राणियोंका वध करके व जलमें लोहेके गोलेकी भाँति सुखसे रहित वे नरकमें जायेंगे। (३७) हे नराधिप! अनेक नरकोंसे संकुल तथा भयंकर अग्नि जिसमें जल रही है ऐसी सात नरककी पृथ्वीओंको तुम सचमुच नहीं जानते। (३८) दुर्गन्धसे व्याप्त तथा असह्य वे नरक सर्वदा सूर्य एवं चन्द्रसे रहित होते हैं। उसमें पुटपाक, कूट शाल्मली जैसे पेड़ होते हैं, जिसके पत्ते करवत और तलवारके यंत्र सरीखे होते हैं। (३९) जीवकी हिंसा करनेवाले पापी और दीन जीव इन नरकोंमें फेंके जाते हैं। वहाँ वे चक्षुके निमेष जितने समयके लिए भी अर्थात् क्षणभरके लिए भी सुख प्राप्त नहीं करते; उन्हें दुःख ही मिलता है। (४०) विषयोंके सुखमें आसक्त वे ऐसा भयंकर दुःख प्राप्त करते हैं। ऐसे पुरुषोंका आत्महित कैसे हो सकता है ? (४१) अल्प सुख एवं बहु दुःखवाला विषयसुख किंपाकवृक्षके फलके समान है। अतः तुम इस अहितकर पापका त्याग करो और तुम्हारे आत्माके लिए जो हितकर है वह करो। (४२) जिन्होंने पाँच महाव्रत ग्रहण किये हैं अथवा जो अणुव्रतमें निरत हैं वे ही आत्महित साधते हैं, बाकी तो दुःख प्राप्त करते हैं। (४३) इस भवमें धर्म करनेसे तुम देवलोकमें उत्तम सुख प्राप्त करोगे और अधर्म करनेसे नरकमें जाकर चिरकाल पर्यन्त दुःख अनुभव करोगे। (४४) ये असहाय मृग अरण्यमें भयसे त्रस्त होकर सर्वदा दुःखी रहते हैं। रसमें आसक्त तुम इन्हें मत मारो और मन-वचन-काया तीनों प्रकारसे हिंसाका त्याग करो। (४५)

इन और ऐसे ही दूसरे सैकड़ों उपदेशोंसे जब वह बोधित हुआ तब घोड़े परसे नीचे उतरकर उसने साधुको प्रणाम किया। (४६) तब उसने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि मैं कृतार्थ हुआ हूँ और पापसे विमुक्त हुआ हूँ कि देव

तो भणइ कयत्थोऽहं, विमुक्कपावो न एत्थ संदेहो । जो सुर-नरसंपुज्जं, साहुस्स समागमं पत्तो ॥ ४७ ॥
निग्गन्थाण महायस ! दुक्करचरिया अहं पुण असत्तो । पञ्चाणुव्वयधारी, गिहत्थधम्मे अभिरमामो ॥ ४८ ॥
एवं गिहत्थधम्मं, घेत्तूण नराहिवो समुल्लवइ । जिणसाहवे पमोत्तुं, अन्नस्स सिरं न नामेमि ॥ ४९ ॥
अह पीइवद्धणं सो, साहुं पूएइ परमभावेणं । उववासं चिय गिण्हइ, राया उल्लसियरोमञ्चो ॥ ५० ॥
उववासियस्स साहू, कहेइ परमं हियं नियय्कालं । जं काऊण गिहत्था, भविया मुच्चन्ति दुक्खाणं ॥ ५१ ॥
सागार-निरागारं, चारित्तं दुविहमेव उवइट्ठं । सालम्बणं गिहत्था, करन्ति साहू निरालम्बं ॥ ५२ ॥
पञ्च य अणुव्वयाइं, सिक्खाओ तह य होन्ति चत्तारि । तिण्णि य गुणव्वयाइं, जिणिन्दवन्दणपूया य उवइट्ठा ॥ ५३ ॥
तो वज्जयण्णराया, जिणधम्मं गेण्हिऊण भावेणं । पविसरइ नियय्नयरं, बहुजणपरिवारिओ तुट्ठो ॥ ५४ ॥
गमिऊण रयणिसमयं, मज्जियजिमिओ मणेण चिन्तेइ । सीहोयरस्स विणयं, कह तस्स फुडं करिस्से हं ? ॥ ५५ ॥
चिन्तेऊण सुमरिउं, कणयमयं मुद्दियं इहऽङ्गुट्ठे । कारेमि रयणचित्तं, सुव्वयजिणबिम्बसन्निहियं ॥ ५६ ॥
सा नरवईण मुद्दा, कारावेऊण दाहिणङ्गुट्ठे । आविद्धा राएणं, हरिससमुल्लसियगत्तेणं ॥ ५७ ॥
सीहोयरस्स पुरओ, काऊणऽङ्गुट्ठयं नियय्सीसे । पणमइ जिणिन्दपडिमं, ससंभमो लोगमज्झम्मि ॥ ५८ ॥
परिसुणिय कारणेणं, केणइ वइरीण साहिए सन्ते । दसउरवइस्स रुट्ठो, गाढं सीहोयरो राया ॥ ५९ ॥
तो सबबलसमग्गो, माणी सन्नद्धबद्धतोणीरो । चलिओ दसउरनयरं, उवरिं चिय वज्जयण्णस्स ॥ ६० ॥
ताव च्चिय तुरियगई, वेणुलयागहियकरयलो पुरिसो । गन्तूण वज्जयण्णं, भणइ तओ मे निसामेहि ॥ ६१ ॥
अणमोक्कारस्स पहू ! रुट्ठो सीहोयरो सह बलेणं । आगच्छइ तूरन्तो, तुज्झ वहत्थं सवडहुत्तो ॥ ६२ ॥

---

एवं मनुष्यों द्वारा पूजनीय साधुका समागम मुझे प्राप्त हुआ है । (४७) हे महाशय! निर्ग्रन्थोंकी दुष्कर चर्याके लिए मैं असमर्थ हूँ, अतः पाँच अणुव्रतको धारण करनेवाले गृहस्थके धर्ममें मुझे अभिरुचि है । (४८) इस प्रकार गृहस्थ धर्मको अंगीकार करके राजा वज्रकर्णने कहा कि जिन और साधुओंको छोड़कर मैं किसीको सिर नहीं झुकाऊँगा । (४९) उस राजाने अत्यन्त भावपूर्वक प्रीतिवर्धन साधु की पूजा की और आनन्दसे रोमांचित उसने एक उपवास ग्रहण किया । (५०) साधुने उपवासित राजाको सार्वकालिक परम हित, जिसका आचरण करके गृहस्थ एवं भव्य जीव दुःखोंसे छुटकारा पाते हैं, का उपदेश दिया । (५१) दो प्रकारके चरित्रका उपदेश दिया गया है: १—सागार, और २—अनगार । गृहस्थ आलम्बन-युक्त ( अपूर्ण ) और साधु आलम्बनसे रहित ( पूर्ण ) चरित्रका पालन करते हैं । (५२) उसने पाँच अणुव्रत, चार गुणव्रत और तीन शिक्षाव्रत तथा जिनेन्द्रोंके पूजनका उपदेश दिया । (५३) अनेक लोगोंसे घिरे हुए और तुष्ट उस राजाने भाव-पूर्वक जिनधर्म अंगीकार करके अपने नगरमें प्रवेश किया । (५४)

रात्रिका समय व्यतीत करके तथा स्नान एवं भोजन करके वह मनमें सोचने लगा कि उस सिंहोदरका आज्ञापालन मैं किस प्रकार अच्छी तरहसे कर सकूँगा ? (५५) सोचने पर उसे याद आया कि मैं इस अंगूठे पर रत्नोंसे चित्रविचित्र और सुव्रत जिनके बिम्बसे युक्त ऐसी एक सोनेकी अंगूठी बनवाऊँ । (५६) मुद्रा बनवाकर हर्षसे पुलकित गात्रवाले राजाने अपने दाहिने अंगूठे पर वह पहनी । (५७) सिंहोदरके समक्ष लोगोंके बीच घबराहटके साथ अपने अंगूठेको मस्तक पर ले जाकर जिनेन्द्रकी प्रतिमाको प्रणाम किया । (५८) किसी शत्रु द्वारा कहे गये इस प्रकारकी घबराहटके कारणको सुनकर सिंहोदर राजा दशपुरके नरेश वज्रकर्ण पर अत्यन्त रुष्ट हुआ । (५९) तब शस्त्रोंसे लैस हो तथा तरकस बाँधकर वह मानी राजा समग्र सैन्यके साथ वज्रकर्णके दशपुर नगर पर आक्रमण करनेके लिए चला । (६०) इस बीच हाथमें बेंत धारण किये हुए एक शीघ्रगामी पुरुषने वज्रकर्णके पास जाकर कहा कि आप मेरी बात सुनें (६१) नमस्कार न करनेसे रुष्ट सिंहोदर राजा सैन्यके साथ तुम्हारे वधके लिए इस ओर जल्दी-जल्दी आ रहा है । (६२) तुम्हारे किसी शत्रु द्वारा इस प्रकार

---

१. वन्दणपूया—मु० ।

एवं नराहिवो सो, केण वि तुह वेरिएण अक्खाए । अवसेण इहाऽऽगच्छइ, करेहि हियइच्छियं जं ते ॥ ६३ ॥
तो भणइ वज्जयण्णो, को सि तुमं ? कत्थ देसवत्थवो ? । कह वा नरिन्दमन्तो, एसो ते जाणिओ ? भणह ॥ ६४ ॥
सो भणइ कुन्दनयरे, नामेणं सद्दसंगमो वणिओ । जउणा तस्स वरतणू, पुत्तो वि य विज्जुयङ्गो हं ॥ ६५ ॥
पत्तो य जोवणसिरी[1], उज्जेणी आगओ वणिज्जेणं । दट्ठूण अणङ्गलया, वेसा आयलयं[2] पत्तो ॥ ६६ ॥
वसिओ य एगरत्तिं, तीऍ समं तिव्वनेहराएणं । कढिणयरं चिय बद्धो, हरिणो जह वाउराए व ॥ ६७ ॥
जणएण मज्झ नियय, समज्जियं जं धणं असंखेज्जं । तं छम्मासेण पहू ! विणासियं मे दुपुत्तेणं ॥ ६८ ॥
जह कमले व महुयरो, आसत्तो तह य कामगयचित्तो । महिलाणुरागरत्तो, किं न कुणइ साहसं पुरिसो ? ॥ ६९ ॥
अह सा सहीऍ पुरओ, निन्दन्ती नियय कुण्डलं मुणिया । एएण असारेणं, किं कीरइ कण्णभारेणं ? ॥ ७० ॥
भणइ य अहो ! कयत्था, धन्ना सा सिरिधरा महादेवी । उत्तमरयणाइद्धं, सोहइ मणिकुण्डलं कण्णे ॥ ७१ ॥
अहयं कुण्डलचोरो, रायहरं पत्थिओ निसि पओसे । सीहोयरं सुया मे, पुच्छन्ती सिरिहरा देवी ॥ ७२ ॥
नरवइ ! न लहसि निद्दं, किं उव्विग्गो सि दारुणं अज्जं ? । सो भणइ मज्झ निद्दा, कत्तो चिन्ताउलमणस्स ? ॥ ७३ ॥
मह विणयपराहुत्तो, न मारिओ जाव सुन्दरी ! दुट्ठो । दसउरनयराहिवई, ताव कओ मे हवइ निद्दा ? ॥ ७४ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, तो हं मोत्तूण चोरियं तुरिओ । एत्थाऽऽगओ नराहिव ! तुज्झ रहस्सं परिकहेउं ॥ ७५ ॥
जाव चिय उल्लावो, एसो वट्टइ सभाए मज्झम्मि । ताव चिय बलसहिओ, पत्तो सीहोयरो राया ॥ ७६ ॥
सो गेण्हिउं असत्तो, तं नयरं विसमदुग्ग-पायारं । परिवेढिऊण सयलं, पुरिसं पेसेइ तूरन्तं ॥ ७७ ॥

---

कहा गया वह राजा यहाँ अवश्य आ रहा है । अतः मनमें जैसी इच्छा हो वैसा करो । (६३) तब वज्रकर्णने पूछा कि तुम कौन हो ? किस देशके निवासी हो ? मुझे कहो कि तुमने राजाका यह गुप्त रहस्य कैसे जाना ? (६४) इस पर उसने कहा कि—

कुन्दनगरमें शब्दसंगम नामका एक वणिक् रहता है । उसकी सुन्दर पत्नी यमुना है । उनका मैं विद्युदंग नामका पुत्र हूँ । (६५) यौवनकी कान्ति प्राप्त होने पर मैं व्यापारके लिए उज्जयिनी आया । वहाँ अनंगलता नामकी गणिकाको देखकर मैं प्रेमासक्त हो गया । (६६) मैं उसके साथ एक रात रहा और जालमें बद्ध हिरनकी भाँति तीव्र स्नेहरागवश मैं उसमें अत्यन्त आसक्त हो गया । (६७) मेरे पिताने जो असंख्येय धन उपार्जित किया था वह कुपुत्र मैंने छः मासमें ही नष्ट कर दिया । (६८) जिस प्रकार कमलमें आसक्त भौंरा होता है उसी प्रकार काममें आसक्त मनवाला पुरुष होता है । स्त्रीके अनुरागमें लीन पुरुष कौनसा साहस नहीं करता ? (६९) तब सखियोंके सामने अपने कुण्डलोंकी निन्दा करती हुई उसने कहा कि इस असार और कानके लिए भाररूप कुण्डलोंको रखकर मैं क्या करूँ ? (७०) उसने कहा कि वह पटरानी श्रीधरा धन्य एवं कृतार्थ है कि जिसके कानमें उत्तम रत्नोंसे जड़े हुए मणिकुण्डल शोभित हो रहे हैं । (७१) कुण्डलचोर मैंने रात्रिमें प्रदोषके समय राजमहलकी ओर प्रस्थान किया । वहाँ सिंहोदरसे इस प्रकार पूछती हुई श्रीधरा मेरे द्वारा सुनी गई कि, हे राजन् ! तुम्हें नींद क्यों नहीं आ रही ? आज तुम इतने उद्विग्न क्यों हो ? इस पर उसने कहा कि चिन्तातुर मनवाले मुझे नींद कहाँसे आ सकती है ? हे सुन्दरी ! विनयसे पराङ्मुख और दुष्ट दशपुर नरेश जबतक मेरे द्वारा नहीं मारा जाता तबतक मुझे कैसे नींद आ सकती है । (७२-७४) हे नराधिप ! ऐसा वचन सुनकर चुरानेका छोड़ मैं तो जल्दी-जल्दी यहाँ पर तुम्हें यह गुप्त बात कहनेके लिए आया हूँ । (७५)

जबतक सभाके बीच यह बातचीत हो ही रही थी तबतक तो सिंहोदर राजा सैन्यके साथ आ पहुँचा । (७६) विषम तथा दुर्गम परकोटेवाले उस नगरको लेनेमें असमर्थ उसने उसे चारों ओरसे घेर लिया और फौरन ही एक आदमीको भेजा । (७७) वज्रकर्णके पास जाकर अपने स्वामीके कथनानुसार उसने अत्यन्त कठोर शब्दोंमें कहा कि मुनि द्वारा उत्साहित

---

१. सिरिं उज्जेणिं—प्रत्य० । २. लयं वेसं—प्रत्य० ।

गन्तूण वज्जयण्णं, भुणिट्ठुरं भणइ सामिवयणेणं । मुणिउच्छाहियहियओ, जिणवरगव्वं समुव्वहसि ॥ ७८ ॥
दिन्नं मए पहुत्तं, भुञ्जसि विसयं जिणं नमंसेसि । मायाएँ ववहरन्तो, कह मज्झं निव्वुई[1] कुणसि ? ॥ ७९ ॥
जइ मज्झ चलणजुयलं, न नमसि रे वज्जयण्ण ! आगन्तुं । तो निच्छएण तुज्झं, न य जीयं नेय रज्जं ते ॥ ८० ॥
तो भणइ वज्जयण्णो, मह विसयं साहणं पुरं कोसं । सव्वं च गेण्हउ इमं, धम्मद्दारं च मे देउ ॥ ८१ ॥
एसा मए पइन्ना, आरूढा साहुसक्खियासम्मि । एयं ते परिकहियं, अमओ हं न य विमुञ्चामि ॥ ८२ ॥
गन्तूण तत्थ दूओ, सव्वं सीहोयरस्स साहेइ । रुट्ठो रोहेइ पुरं, विसयं च इमं विणासेइ ॥ ८३ ॥
एवं ते परिकहियं, देसविणासस्स कारणं सव्वं । एत्तो गच्छामि अहं, सुन्नागारं इमं गामं ॥ ८४ ॥
डज्झन्तम्मि य विसए, मज्झ वि नियया कुडीरयं दड्ढं । भज्जाएँ पेसिओ हं, घडपिढराणं इहं देव ! ॥ ८५ ॥
एवं चिय परिकहिए, दट्ठूणऽइदुक्खियं दयावन्नो । पउमो देइ महग्घं, नियया कडिसुत्तयं तस्स ॥ ८६ ॥
पणिवइऊण गओ सो, नियघरं देसिओ अइतुरन्तो । पउमो वि भणइ एत्तो, लक्खण ! वयणं सुणसु मज्झं ॥ ८७ ॥
जाव च्चिय न य सूरो, सुदुस्सहो होइ गिम्हकालम्मि । ताव इमस्स समीवं, पुरस्स भूमिं[2] पगच्छामो ॥ ८८ ॥
अह ते कमेण पत्ता, दसङ्गनयरस्स बाहिरुद्देसे । चन्दप्पहस्स भवणं, थोऊण अवट्ठिया तत्थ ॥ ८९ ॥
पन्थपरिस्समखीणा[3], सीया दट्ठूण लक्खणो सिग्घं । पविसरइ दसउरं सो, अणुणाओ दारपालेहिं ॥ ९० ॥
दिट्ठो य वज्जयण्णो, तेण वि संभासिओ निविट्ठो य । भुञ्जावेहि लहुं चिय, एवं भणिओ य सूयारो ॥ ९१ ॥
तो जंपइ सोमित्ती, मज्झ गुरू जिणहरे सह पियाए । चिट्ठइ तम्मि अभुत्ते, न य हं भुञ्जामि आहारं ॥ ९२ ॥
भणिओ सूयारवई, नरवइणा अन्न-पाणमाईयं । एयस्स तुमं निययं, देहि तुरन्तो वराहारं ॥ ९३ ॥

---

हृदयवाला तू जिनवरके कारण गर्व धारण करता है। (७८) मैंने तुम्हें प्रभुत्व प्रदान किया है और इसीलिए इस प्रदेशका तुम उपभोग करते हो और फिर भी जिनको नमस्कार करते हो। छलकपटका व्यवहार करके तुम मुझे सन्तुष्ट कैसे कर सकते हो ? (७९) हे वज्रकर्ण ! तुम आ करके यदि मेरे दोनों पैरोंमें नमन नहीं करोगे तो निश्चयसे न तो तुम्हारा जीवन रहेगा और न यह राज्य ही रहेगा। (८०) इस पर वज्रकर्णने कहा कि मेरा राज्य, सेना, नगर, खजाना—सब कुछ ले लो, पर धर्मका साधन मुझे दो। (८१) साधुके पास मैंने यह प्रतिज्ञा की है। यह मैंने तुमसे कहा। जबतक जीवित हूँ तबतक मैं इसे नहीं छोड़ूँगा। (८२) वहाँ जाकरके दूतने सिंहोदरसे सब कुछ कहा। इस पर रुष्ट हो करके उसने नगरको घेरा डाला और इस प्रदेशको तहस-नहस कर दिया। (८३) इस प्रकार मैंने इस देशके विनाशका सब कारण तुमसे कहा। अब मैं शून्य घरोंवाले इस नगरमें जाता हूँ। (८४) जब सारा प्रदेश जलाया जा रहा था तब मेरी अपनी कुटिया भी जला दी गई। हे देव ! घड़े और मथानीके लिए मेरी पत्नीने मुझे यहाँ भेजा है। (८५) इस प्रकार कहने पर अतिदुःखित देख दयालु रामने अत्यन्त मूल्यवान् अपनी करधौनी उसे दी। (८६) वह मुसाफिर प्रणाम करके अत्यन्त शीघ्रताके साथ अपने घर लौट गया।

तब रामने कहा कि, हे लक्ष्मण ! तुम मेरा कहना सुनो। (८७) ग्रीष्मकालमें जबतक सूर्य अत्यन्त दुस्सह नहीं हो जाता तबतक हम इस नगरकी भूमिके समीप पहुँच जायँ। (८८) यथासमय वे दशांगपुर नगरके बाहरके भागमें आ पहुँचे और चन्द्रप्रभस्वामीके मन्दिरमें स्तुति करके वहीं ठहरे। (८९) मार्गके परिश्रमसे थकी हुई सीताको देखकर द्वारपालों द्वारा अनुज्ञात लक्ष्मणने दशपुरमें प्रवेश किया। (९०) उसने वज्रकर्णको देखा, उससे बातचीत की और आसन पर बैठा। वज्रकर्णने रसोइयेसे कहा कि इसे जल्दी भोजन कराओ। (९१) इस पर लक्ष्मणने कहा कि मेरे बड़े भाई अपनी प्रियाके साथ जिनालयमें ठहरे हुए हैं। जबतक वह भोजन नहीं करते तबतक मैं भी भोजन नहीं करता। (९२) राजाने बड़े रसोइयेको आज्ञा दी कि तुम अवश्य ही इसे जल्दी उत्तम आहार दो। (९३) लक्ष्मण उसे ले गये और यथेच्छ भोजन

---

१. निव्वुइं—प्रत्य०। २. भूमीए ग—मु०। ३. खीणं सीयं—प्रत्य०।

तं लक्खणेण नीयं, भुत्तं चिय भोयणं जहिच्छाए । सबगुणेहि वि पुण्णं, अमयं व तणू सुहावेइ ॥ ९४ ॥
तो भणइ पउमणाहो, पेच्छसु सोमित्ति ! वज्जयण्णेणं । अमुणियगुणेण अम्हं, ववहरियं एरिसं कज्जं ॥ ९५ ॥
जिणसासणाणुरत्तो, अणन्नदिट्ठी दसङ्गनयरवई । जइ पाविही विणासं, धिरत्थु तो अम्ह जीएणं ॥ ९६ ॥
गन्तूण लक्खण ! तुमं, सीहोयरपत्थिवं भणसु एवं । [1]पीई करेहि सिग्घं, समयं चिय वज्जयण्णेणं ॥ ९७ ॥
जं आणवेसि भणिऊण लक्खणो अइगओ पवणवेगो । सिबिरं चिय संपत्तो, कमेण पविसरइ रायहरं ॥ ९८ ॥
अत्थाणिमण्डवत्थं, जंपइ सीहोयरं महपगब्भो । भरहेण अहं दूओ, विसज्जिओ तुज्झ पासम्मि ॥ ९९ ॥
आणवइ तुमं भरहो, समुद्दपेरन्तवसुमईनाहो । जह मा कुणसु विरोहं, समयं चिय वज्जयण्णेणं ॥ १०० ॥
सीहोयरो पवुत्तो, किं गुणदोसे न याणई भरहो । जइ विणयमइगयाणं, भिच्चाण पहू पसज्जन्ति ॥ १०१ ॥
मह एस वज्जयण्णो, विणयपराहुत्तमाणिओ मुइओ । एयस्स परमुवायं, करेमि किं तुज्झ तत्तीए ? ॥ १०२ ॥
भणइ तओ सोमित्ती, किं ते बहुएहि जंपियवेहिं ? । एयस्स खमसु सबं, सीहोयर ! मज्झ वयणेणं ॥ १०३ ॥
सोऊण वयणमेयं, भणइ य सीहोयरो परमरुट्ठो । जो तस्स वहइ पक्खं, सो वि मए चेव हन्तबो ॥ १०४ ॥
पुणरवि भणइ कुमारो, मह वयणं सुणसु सबसंखेवं । संधिं व कुणसु अज्जं, मरणं व लहुं पडिच्छाहि ॥ १०५ ॥
एवं च भणियमेत्ते, संखुहिया सयलपत्थिवत्थाणी । नाणाचेट्ठाउलिया, नाणादुबयणकल्लोला ॥ १०६ ॥
केइ भडा सहस त्ति य, उक्कड्ढिऊण तत्थ छुरियाओ । सिग्घं चिय संपत्ता, तस्स वहत्थुज्जयमईया ॥ १०७ ॥
संवेढिउं पवत्ता, मसगा इव पवयं समन्तेणं । अह सो भउज्झियमणो, जुज्झेइ समं रिउभडेहिं ॥ १०८ ॥
करयलघायाहि भडा, केएत्थाऽऽहणइ चलणपहरेहिं । जङ्घाबलेण केई, केई पाडइ भुयबलेणं ॥ १०९ ॥

---

हुआ। वह सब गुणोंसे पूर्ण तथा अमृतकी भाँति शरीरको सुखदायी था। (९४) तब पद्मनाभ ( राम ) ने कहा कि, हे लक्ष्मण ! देखो। हमारे गुणोंको न जानने पर भी वज्रकर्णने ऐसा व्यवहार किया है। (९५) जिनशासनमें अनुरक्त तथा किसी दूसरे धर्मकी ओर दृष्टि न डालनेवाला दशपुरका राजा यदि विनाशको प्राप्त होगा तो हमारे जीवनको धिक्कार है। (९६) हे लक्ष्मण ! तुम सिंहोदर राजाके पास जल्दी जाकर ऐसा कहो कि वज्रकर्ण राजाके साथ तुम शीघ्र ही प्रीति करो। (९७) 'आप जो आज्ञा देते हैं'—ऐसा कहकर पवनकी भाँति वेगवाला लक्ष्मण गया और शिबिरके पास पहुँचकर क्रमशः राजमहलमें प्रवेश किया। (९८) राजसभामें बैठे हुए उस सिंहोदरके पास जाकर उसने कहा कि, हे बुद्धिशाली सिंहोदर ! भरतने मुझ दूतको तुम्हारे पास भेजा है। (९९) समुद्रपर्यन्त पृथ्वीके स्वामी भरत तुम्हें आज्ञा देते हैं कि वज्रकर्णके साथ विरोध मत करो। (१००) सिंहोदरने जवाबमें कहा कि भरत क्या गुण-दोष नहीं जानते कि विनयका अतिक्रम करनेवाले भृत्योंके कारण मालिकको तकलीफ उठानी पड़ती है ? (१०१) मेरे प्रति विनयसे परांमुख यह वज्रकर्ण अभिमानी हो गया है और फूला नहीं समाता। मैं इसका योग्य उपाय करता हूँ। तुम्हारे सन्तोषसे मुझे क्या प्रयोजन है ? (१०२) इस पर लक्ष्मणने कहा कि तो तुम्हारे बहुत बोलनेसे भी मुझे क्या प्रयोजन है ? हे सिंहोदर ! मेरे कहनेसे तुम इसका सब कुछ क्षमा कर दो। (१०३) यह कथन सुनकर अत्यन्त रुष्ट सिंहोदर कहने लगा कि जो उसका पक्ष लेता है वह भी मेरे द्वारा मारे जाने योग्य है। (१०४) कुमार लक्ष्मणने पुनः कहा कि अत्यन्त संक्षेपमें मेरा कथन तुम सुन लो—आज ही सन्धि कर लो, अन्यथा मृत्युकी शीघ्रतासे प्रतीक्षा करो। (१०५) ऐसा कहते ही राजाकी समग्र सभा संक्षुब्ध हो उठी। वह अनेक प्रकारकी चेष्टाएँ करने लगी तथा अनेक प्रकारके दुर्वचनरूपी तरंगोंसे व्याप्त हो गई। (१०६) वहाँ वध करनेके लिए उत्सुक बुद्धिशाली कई भट एकदम तलवार खींचकर उसके पास शीघ्र ही पहुँच गये। (१०७) पर्वतको घेरनेवाले मच्छरोंकी भाँति उन्होंने उसे घेरनेका प्रयत्न किया, परन्तु भयरहित मनवाला वह लक्ष्मण शत्रुके सुभटोंके साथ लड़ने लगा। (१०८) उसने कई सुभटोंको मुट्ठीके प्रहारसे, कइओंको पैरोंके प्रहारसे, कइयोंको जाँघके बलसे और कइयोंको भुजाओंकी सामर्थ्यसे पीटा। (१०९)

---

१. पीइं—प्रत्य० ।

जोहेण हणइ जोहं, पण्हिपहारेण कुणइ निज्जीवं । अन्नं विदिन्नपट्ठिं, वज्जइ य अहोमुहं पडियं ॥ ११० ॥
एवं सा भडपरिसा, भग्गा दट्ठूण उट्ठिओ राया । सीहोयरो तुरन्तो, मत्तमहागयवरारूढो ॥ १११ ॥
तुरय-रह-कुञ्जरेसु य, अन्नेसु भडेसु बद्धकवएसु । वेढेइ लक्खणं सो, मेहो व रविं जलयकाले ॥ ११२ ॥
दट्ठूण आवयन्तं, रिउसेन्नं सबओ समन्तेणं । सोमित्ती गयखम्भं, उम्मूलेऊण अब्भिट्ठो ॥ ११३ ॥
गय-तुरय-दप्पियभडे, पहणइ परिहत्थदच्छउच्छाहो । चक्कं व समाहद्धं, तं रिउसेन्नं भमाडेइ ॥ ११४ ॥
हयमाणवहयजोहं, भग्गं तं रिउबलं पलोएइ । दसउरनयराहिवई, जणसहिओ गोउरनिविट्ठो ॥ ११५ ॥
साहु त्ति साहु लोगो, जंपइ एक्केणिमेण वीरेणं । भग्गं सुहडाणीयं, सीहेण व मयकुलं सयलं ॥ ११६ ॥
भग्गा भणन्ति सुहडा, किं एसो दाणवो सुरो कालो ? । एक्को जोहेइ बलं, समरसमत्थो महापुरिसो ॥ ११७ ॥
भयविहलवेवियङ्गं, गन्तुं सीहोयरं रहारूढं । उप्पइऊणाऽऽयड्ढइ, धरणियलत्थं कुणइ वीरो ॥ ११८ ॥
नियथंसुयगलगहियं, पुरओ काऊण जह य बलिवद्दं । पउमस्स सन्नियासं, सोमित्ती नेइ तूरन्तो ॥ ११९ ॥
सीहोयरमहिलाओ, जंपन्ति विमुक्कनयणसलिलाओ । पइभिक्खं देहि पहू ! अम्हं सरणं असरणाणं ॥ १२० ॥
सो भणइ रुक्खसण्डं, जं पेच्छह अम्ह सुविउलं पुरओ । उल्लम्बेमि हणेउं, एयं सीहोयरं सिग्घं ॥ १२१ ॥
सो ताण रुयन्तीणं, नीओ सीहोयरो गुरुसमीवं । कहिओ य लक्खणेणं, एस पहू ! वज्जयण्णरिऊ ॥ १२२ ॥
सीहोयरो पणामं, काऊणं भणइ पउमणाहं सो । न य हं जाणामि फुडं, को सि तुमं देव ! एत्थाऽऽओ ? ॥ १२३ ॥
जं आणवेसि सामिय ! सबं पि करेमि तुज्झ भिच्चो हं । भणिओ य कुणसु-संधिं, समयं चिय वज्जयण्णेणं ॥ १२४ ॥

---

उस लक्ष्मणने एक योद्धाको युद्ध करके मारा और उसे लतिया करके निर्जीव किया। जिसकी पीठ फट गई है और इसीलिए जो औंधे मुँह पड़ा है ऐसे दूसरे किसीको उसने बाँध लिया। (११०) इस प्रकार सुभटोंकी उस परिषद् को भग्न होते देख राजा सिंहोदर उठ खड़ा हुआ और तुरन्त ही मदोन्मत्त बड़े भारी हाथी पर सवार हुआ। (१११) घोड़े, रथ और हाथी तथा कवच बाँधे हुए दूसरे सुभटोंके साथ उसने लक्ष्मणको वर्षाकालमें बादल सूर्यको जिस प्रकार घेर लेते हैं, उस प्रकार घेर लिया। (११२) यह देखकर कि शत्रु-सैन्य चारों ओरसे आक्रमण कर रहा है, लक्ष्मण हाथी बाँधनेके खम्भेको उखाड़कर सामने खड़ा रहा। (११३) चतुर, दक्ष एवं उत्साही लक्ष्मण हाथी, घोड़े तथा घमण्डी सुभटोंको मारने लगा और तेजीसे घूमते हुए चक्रकी भाँति शत्रुकी सेनाको घुमाने लगा। (११४) लोगोंके साथ नगरके द्वारमें खड़े हुए दशपुर नगरके अधिपति वज्रकर्णने पीटे और मारे जाते योद्धाओंके कारण भग्न उस शत्रुसैन्यको देखा। (११५) लोग चिल्लाते थे कि अच्छा किया, अच्छा किया। जैसे हरिणोंके समूहको अकेला सिंह नष्ट करता है वैसे ही इस अकेले वीरने सुभटोंकी सेनाको नष्ट कर दिया है (११६) हारे हुए सुभट कहते थे कि क्या यह कोई राक्षस, देव या यम है ? युद्धमें कुशल यह महापुरुष अकेला सैन्यके साथ लड़ता है। (११७) भयसे विह्वल होनेके कारण जिसका शरीर काँप रहा है ऐसे रथ पर आरूढ़ सिंहोदरके पास जाकर उस वीरने कूदकर उसे खींचा और ज़मीन पर ला पटका। (११८) उसके अपने ही वस्त्रसे बैलकी तरह गला पकड़कर और आगे करके लक्ष्मण उसे तत्काल रामके समक्ष ले गया। (११९) जिनकी आँखोंमेंसे आँसू गिर रहे हैं ऐसी सिंहोदरकी स्त्रियाँ कहने लगीं कि, हे प्रभो ! अशरणोंकी शरण ! हमें आप पतिभिक्षा दें। (१२०) उस लक्ष्मणने कहा कि हमारे सामने जो वह बड़ा भारी पेड़ तुम देख रही हो उस पर इस सिंहोदरको मारनेके लिए शीघ्र ही लटका दूँगा। (१२१) उन रोती हुई स्त्रियोंका पति सिंहोदर बड़े भाईके पास लाया गया। लक्ष्मणने कहा कि, हे प्रभो ! वज्रकर्णका शत्रु यह रहा। (१२२) प्रणाम करके सिंहोदरने रामसे कहा कि, हे देव ! यहाँ पर आये हुए आप कौन हैं यह मैं बिलकुल नहीं जानता हूँ। (१२३) हे स्वामी ! मैं आपका भृत्य हूँ। आप जो आज्ञा देंगे वह सब मैं करूँगा। इस पर रामने कहा कि वज्रकर्णके साथ तुम सन्धि कर लो। (१२४) इस बीच भेजे हुए मनुष्य द्वारा दशपुरका

ताव च्चिय आहूओ, हिएण पुरिसेण दसउराहिवई । सिग्घं च समणुपत्तो, पयाहिणं कुणइ जिणभवणे ॥ १२५ ॥
चन्दप्पहस्स पडिमं, थोऊणं राघवं सुहासीणं । संभासेइ पहट्ठो, सीयं च ससंभमसिणेहं ॥ १२६ ॥
देहाइकुसलपुव्वं, परिपुच्छेऊण तत्थ उवविट्ठो । कुसलेण भद्द! तुज्झं, अम्ह वि कुसलं भणइ रामो ॥ १२७ ॥
वट्टइ जावुल्लावो, समागओ ताव विज्जुयङ्गो वि । पउमं सीयाएँ समं, पणमिय तत्थेव उवविट्ठो ॥ १२८ ॥
रामेण वज्जयण्णो, भणिओ साहु त्ति जिणमए दिट्ठी । गिरिरायचूलिया इव, न कम्पिया कुसुइवाएणं ॥ १२९ ॥
नमिऊण जिणवरिन्दं, भवोहमहणं तिलोयपरिमहियं । कह अन्नो पणमिज्जइ, इमेण वरउत्तिमङ्गेणं ? ॥ १३० ॥
तो भणइ वज्जयण्णो, अवसीयन्तस्स वसणपडियस्स । पुण्णेहि मज्झ सुपुरिस! जाओ च्चिय बन्धवो तुहयं ॥ १३१ ॥
भणिओ य वज्जयण्णो, रामकणिट्ठेण जं तुमे इट्ठं । तं अज्ज भणसु सिग्घं, सव्वं संपायइस्सामि ॥ १३२ ॥
तो भणइ तणाईण वि, पीडं नेच्छामि सव्वजीवाणं । मह वयणेण महाजस! मुञ्चसु सीहोयरं एयं ॥ १३३ ॥
एवं भणिए जणेणं, उग्घुट्ठं साहु साहु साहु त्ति । सीहोयरो य मुक्को, वयणेणं वज्जयण्णस्स ॥ १३४ ॥
पीई कया य दोण्ह वि, समयसमावन्नपणयपमुहाणं । नियनयरीएँ अद्धं, तस्स य सीहोयरो देइ ॥ १३५ ॥
आसाण गयवराणं, कुणइ हिरण्णस्स समविभागेणं । सीहोयरो य तुट्ठो, देइ च्चिय वज्जयण्णस्स ॥ १३६ ॥
जिणधम्मपभावेणं, तत्थ गयाणं च कुण्डलं दिव्वं । सीहोयरेण दिन्नं, तुट्ठेणं विज्जुयङ्गस्स ॥ १३७ ॥
तो दसउराहिवेणं, दुहियाओ ताण अट्ठ दिन्नाओ । आभरणभूसियाओ, सिग्घं पुरओ य ठवियाओ ॥ १३८ ॥
सीहोयरमाईहिं, अन्नेहि वि पत्थिवेहि कन्नाणं । थणजहणसालिणीणं, सयाणि तिण्णेव दिन्नाइं ॥ १३९ ॥
तो लक्खणो पवुत्तो, न य महिलासंगहेण मे कज्जं । जाव य न भुयबलेणं, समज्जियं अत्तणो रज्जं ॥ १४० ॥

---

राजा वज्रकर्ण भी बुलाया गया। वह शीघ्र ही आया और जिनमन्दिरमें दर्शनार्थ प्रदक्षिणा दी। (१२५) चन्द्रप्रभस्वामीकी प्रतिमाकी स्तुति करके अत्यन्त आनन्दित उसने आरामसे बैठे हुए रामचन्द्रजी तथा उत्कण्ठा एवं स्नेहसे युक्त सीतासे बात की। (१२६) प्रथम शरीर आदिकी कुशल पूछकर वह वहाँ बैठा। रामने कहा कि, भद्र! जब तुम कुशल हो तो हम भी कुशल हैं। (१२७)

इस प्रकार जब वार्तालाप हो रहा था तब विद्युदंग भी आ पहुँचा और सीताके साथ रामको प्रणाम करके वहीं बैठा। (१२८) रामने वज्रकर्णसे कहा कि कुशास्त्ररूपी वायुसे गिरिराजके शिखरकी भाँति अकम्पित तुम्हारी जैनमतमें दृष्टि श्लाघनीय है। (१२९) संसारके प्रवाहको नाश करनेवाले और तीनों लोकोंमें पूजित जिनवरेन्द्रको एक बार नमस्कार करके दूसरा कौन है जिसे इस उत्तम अंग मस्तकसे नमस्कार किया जाय? (१३०) तब वज्रकर्णने कहा कि, हे सुपुरुष! विनष्ट और दुःखमें पड़े हुए मेरे पुण्योंके कारण ही तुम मेरे भाई हुए हो। (१३१) इसपर रामके छोटे भाई लक्ष्मणने वज्रकर्णसे कहा कि आज तुम्हें जो अभीष्ट हो वह कहो। मैं वह सब जल्दी ही पूरा करूँगा। (१३२) इसपर उसने कहा कि मैं तिनकेसे लेकर किसी भी जीवको पीड़ा हो ऐसा नहीं चाहता। इसलिए, हे महायश! इस सिंहोदरको तुम छोड़ दो। (१३३) इस प्रकार कहनेपर लोगोंने 'बहुत अच्छा, बहुत अच्छा, बहुत अच्छा' ऐसा उद्घोष किया। वज्रकर्णके कहनेसे सिंहोदरको मुक्त किया गया। (१३४) सन्धि हो जानेके कारण जिन्होंने पूर्ण प्रेम प्राप्त किया है ऐसे उन दोनोंमें मैत्री हो गई। सिंहोदरने उसे अपनी नगरीका आधा हिस्सा दिया। (१३५) तुष्ट सिंहोदरने घोड़े, हाथी एवं सोनेका बराबर हिस्सा किया और वह वज्रकर्णको दिया। (१३६) जैनधर्म तथा वहाँ आये हुए राम-लक्ष्मणके प्रभावसे संतुष्ट होकर सिंहोदरने विद्युदंगको दिव्य कुण्डल दिये। (१३७) तब दशपुरके राजाने उसे (लक्ष्मणको) आठ कन्याएँ दीं। आभूषणोंसे भूषित वे शीघ्र ही उसके सम्मुख लाई गईं। (१३८) सिंहोदर आदि दूसरे राजाओंने भी स्तन एवं जघनसे सुन्दर दिखाई देनेवाली तीन सौ कन्याएँ दीं। (१३९) इसपर लक्ष्मणने कहा कि जबतक भुजाओंके बलसे मैं अपना राज्य प्राप्त नहीं करूँगा तबतक मुझे इन महिलाओंके परिग्रहसे प्रयोजन नहीं है। (१४०) भरतके सम्पूर्ण राज्यका त्याग करके और मलयपर्वत पर निवास करके जब हम

भरहस्स सयलदेसं, मोत्तूणं मलयपवए अम्हे । काऊण पइट्ठाणं, नियययुरं आगमिस्सामो ॥ १४१ ॥
एयाण अहं तइया, पाणिग्गहणं करेमि कन्नाणं । भणियं च एवमेयं, सवेहि वि नरवरिन्देहिं ॥ १४२ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, तत्थ विसण्णाओ रायधूयाओ । घणविरहजलावत्ते, सोगसमुद्दम्मि पडियाओ ॥ १४३ ॥
एवं ते नरवसभा, विमणाओ गेण्हिऊण धूयाओ । नियययराणि उवगया, दसरहपुत्ते पणमिऊणं ॥ १४४ ॥
तत्थेव जिणहरे ते, रत्तिं गमिऊण अरुणवेलाए । पुणरवि पहं पवन्ना, वच्चन्ति सुहं जहिच्छाए ॥ १४५ ॥
चेइयहरं पभाए, सुन्नं दट्ठूण जणवओ सवो । घरवावारविमुक्को, जाओ चिय ताण सोगेणं ॥ १४६ ॥
वज्जसवणेण[1] समयं, जाया सीहोयरस्स वरपीई । सम्माण-दाण-गमणाइएसु परिवड्ढियसिणेहा ॥ १४७ ॥
एवं ते मन्दमन्दा दसरहतणया मेइणी[2] संचरन्ता, नाणागन्धाइपुण्णे तरुणतरुफले भुञ्जमाणा पभूए ।
पत्ता ते कूववद्दं बहुभवण-महावप्प-वावीसमिद्धं, उज्जाणे सन्निविट्ठा विमलकुसुमिए मत्तभिङ्गाणुगीए ॥ १४८ ॥

॥ इय पउमचरिए वज्जयण्णउवक्खाणो नाम तेत्तीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## ३४. सीहोदर-रुद्दभूइ-वालिखिल्लोवक्खाणाणि

ताणं चिय उज्जाणे, अच्छन्ताणं तिसाभिभूयाणं । सलिलत्थी तूरन्तो, सोमित्ती सरवरं पत्तो ॥ १ ॥
ताव चिय नयराओ, रायसुओ आगओ सरवरं तं । कीलइ जणेण समयं, नामं कल्लाणमालो त्ति ॥ २ ॥
पेच्छइ तीरावत्थं, सरस्स सो लक्खणं ललियरूवं । पेसेइ तस्स पुरिसं, वम्महसरताडियसरीरो ॥ ३ ॥
गन्तूण पणमिऊण य, भणइ पहू! एह अणुवरोहेणं । तुह दरिसणुस्सवमुहं, नरिन्दपुत्तो इहं महइ ॥ ४ ॥

---

लौटेंगे तब मैं इन कन्याओंका पाणिग्रहण करूँगा। तब सब राजाओंने कहा कि ऐसा ही हो। (१४१-१४२) ऐसा कथन सुनकर विरहरूपी गहरे भँवरसे युक्त शोकसागरमें पड़ी हुई राजकन्याएँ खिन्न हो गईं। (१४३) इस प्रकार दुःखी वे राजा कन्याओंको लेकर तथा दशरथके पुत्र राम और लक्ष्मणको प्रणाम करके अपने-अपने घरपर लौट आये। (१४४)

वहीं जिनमन्दिरमें रात बिताकर सुबहके समय पुनः उन्होंने रास्ता पकड़ा और इच्छानुसार सुखपूर्वक चलने लगे। (१४५) प्रभातमें मन्दिरको खाली देखकर उनके शोकके कारण सब लोगोंने अपना घरेलू काम छोड़ दिया। (१४६) सिंहोदरकी वज्रश्रवणके साथ उत्तम प्रीति हो गई और वह स्नेह-सम्मान, अन्नादिके दान तथा गमन आदि द्वारा बढ़ाया गया। (१४७) इस प्रकार पृथ्वीपर मन्द-मन्द परिभ्रमण करते हुए और अनेक प्रकारकी गन्ध आदिसे पूर्ण तरुण वृक्षोंके बहुतसे फल खाते हुए दशरथके वे पुत्र अनेक भवनों, बड़े किले तथा बावड़ियोंसे समृद्ध कूपपद्र नामक नगरमें आ पहुँचे और मत्त भौंरे जिनपर गुनगुना रहे हैं ऐसे विमल पुष्पोंसे व्याप्त उद्यानमें ठहरे। (१४८)

। पद्मचरितमें वज्रकर्ण-उपाख्यान नामक तैंतीसवाँ उद्देश समाप्त हुआ।

## ३४. सिंहोदर-रुद्रभूति-वालिखिल्य उपाख्यान

उद्यानमें ठहरे हुए उन राम आदिको जब प्यास लगी तब लक्ष्मण पानीकी खोज करता हुआ एक सरोवरके पास जल्दी ही आ पहुँचा। (१) उसी समय उस नगरमेंसे कल्याणमाल नामका एक राजकुमार भी उस सरोवरके पास आ पहुँचा और लोगोंके साथ क्रीड़ा करने लगा। (२) उसने सरोवरके किनारेपर खड़े हुए सुन्दर रूपवाले लक्ष्मणको देखा। कामदेवके बाणसे पीड़ित शरीरवाले उस राजकुमारने उसके पास आदमी भेजा। (३) उसने जाकर और प्रणाम करके कहा कि, हे प्रभो! अनुग्रह करके आप पधारें। आपके दर्शनोत्सवका सुख राजकुमार चाहते हैं। (४) 'इसमें वस्तुतः क्या दोष

---

१. सवणेण—प्रत्य०। २. मेइणि—प्रत्य०।

परिचिन्तिऊं ण को वि हु, दोसो संपत्थिओ य सोमित्ती । कोमलकरग्गगहिओ, भवणं चिय पेसिओ तेणं ॥ ५ ॥
एक्कासणे निविट्ठो, पुच्छइ सो लक्खणं कओ सि तुमं । एत्थाऽऽगओ महाजस !?, किं नामं ते परिकहेहि? ॥ ६ ॥
सो भणइ विप्पउत्तो, मह भाया चिट्ठए वरुज्जाणे । जाव न तस्स उदं तं, वच्चामि तओ कहिस्से हं ॥ ७ ॥
तो भणइ नराहिवई, एत्थं चिय भोयणं बहुवियप्पं । उवसाहियं मणोज्जं, आणिज्जउ सो इहं चेव ॥ ८ ॥
वीसज्जिओ तुरन्तो, पडिहारो काणणे सुहनिविट्ठं । दट्ठूण पउमनाहं, कुणइ पणामं ससीयस्स ॥ ९ ॥
भणइ य तो पडिहारो, सहोयरो देव! तुज्झ वरभवणे । चिट्ठइ विसज्जिओ हं, नयराहिवईण पासं ते ॥ १० ॥
सामिय! कुणसु पसायं, पविसरसु नराहिवस्स वरभवणं । वयणेण तस्स चलिओ, सीयाएँ समं पउमनाहो ॥ ११ ॥
अब्भुट्ठिओ य एन्तो, लच्छीनिलएण जणसमग्गेणं । दिन्नासणोवविट्ठो, रामो सीयाएँ साहीणो ॥ १२ ॥
सबम्मि सुपडिउत्ते, काउं मज्जणय-भोयणाईयं । पउमो लक्खणसहिओ, पवेसिओ तेण वरभवणं ॥ १३ ॥
पाएसु पणमिऊणं, जंपइ ताएण पेसिओ दूओ । मह सुणसु देव! तुब्भे, परमत्थं सारसब्भावं ॥ १४ ॥
तो उज्झिऊण लज्जा, ओइंधइ कञ्चुयं सरीराओ । सुरजुवइ व्व मणहरा, नज्जइ सग्गाउ पब्भट्ठा ॥ १५ ॥
दिट्ठा वरकन्ना सा, जोव्वण-लायण्ण-कन्तिपडिपुण्णा । लच्छि व्व कमलरहिया, भवणसिरी चेव पच्चक्खा ॥ १६ ॥
तं भणइ पउमनाहो, भद्दे! किं एरिसेण वेसेण । कीलसि वरतणुयङ्गी, कन्ने! नियय्म्मि रज्जम्मि? ॥ १७ ॥
लज्जोणउत्तिमङ्गी, भणइ य निसुणेहि देव! वित्तन्तं । नामेण वालिखिल्लो, इह पुरिसामी नरवरिन्दो ॥ १८ ॥
तस्स पुहइ त्ति महिला, सा गुरुभारा कयाइ संपन्ना । मेच्छाहिवेण जुज्झे, बद्धो सो नरवई तइया ॥ १९ ॥

है ?'—ऐसा विचार करके लक्ष्मण चल पड़ा। कोमल हाथों द्वारा गृहीत लक्ष्मणको वह महलमें ले गया। (५) एक ही आसनपर बैठे हुए लक्ष्मणसे पूछा कि, हे महायश! तुम कहाँसे यहाँपर पधारे हो और तुम्हारा क्या नाम है, यह कहो। (६) उसने कहा कि मेरे भाई मुझसे वियुक्त होकर उत्तम उद्यानमें ठहरे हुए हैं। यावत् उनके पास पानी नहीं है, अतः मैं वह लेकर जाता हूँ। बादमें मैं कहूँगा। (७) तब राजाने कहा कि यहाँपर अनेक प्रकारका भोजन तैयार किया गया है। उन्हें यहींपर ले आओ। (८) प्रतिहार तुरन्त भेजा गया। उद्यानमें आरामसे बैठे हुए रामको देखकर सीतासहित उन्हें उसने प्रणाम किया। (९) बादमें प्रतिहारने कहा कि, हे देव! आपके भाई उत्तम भवनमें ठहरे हुए हैं। इस नगरके राजाने मुझे आपके पास भेजा है। (१०) हे स्वामी! आप राजाके महलमें प्रवेश करें। उसके ऐसा कहनेपर सीताके साथ राम चल पड़े। (११) आते हुए उनका लक्ष्मणके साथ सब लोगोंने खड़े होकर सत्कार किया। सीताके साथ राम दिये गये आसनपर बैठे। (१२) सब कुछ आनन्दके साथ समाप्त हुआ तब स्नान, भोजन आदि करके लक्ष्मणके साथ रामका उसने उस उत्तम भवनमें प्रवेश कराया। (१३) पैरोंमें प्रणाम करके उसने कहा कि, हे देव! पिताके द्वारा भेजा गया मैं एक दूत हूँ। साररूप अर्थात् संक्षेपमें जो परमार्थ है वह आप मुझसे सुनें। (१४) तब लज्जाका परित्याग करके उसने शरीरपरसे कंचुक उतारा। स्वर्गसे च्युत देवकन्याकी भाँति वह मनोहर प्रतीत होती थी। (१५) यौवन, लावण्य तथा कान्तिसे परिपूर्ण वह उत्तम कन्या कमलरहित लक्ष्मी तथा विश्वकी प्रत्यक्ष शोभा जैसी दिखाई देती थी। (१६) उसे रामने कहा कि, भद्रे! तुमने ऐसा वेश क्यों धारण किया है? हे सुन्दर शरीरवाली कन्ये! अपने ही राज्यमें तुम क्यों दुःखी हो रही हो? (१७) लज्जासे सिर झुकाकर उसने कहा कि, हे देव! आप वृत्तान्त सुनें।

इस नगरका स्वामी वालिखिल्य नामका राजा था। (१८) उसकी पृथ्वी नामकी पत्नी एक बार सगर्भा हुई। उस समय म्लेच्छ राजाने युद्धमें उस राजाको कैद कर लिया। (१९) वालिखिल्यके बन्धनकी बात सुनकर राजा सिंहोदरने

१. विप्पओगे मह—मु०। २. जाव य न तस्स अंतं—मु०। ३. इह चेव य भोयणं—प्रत्य०। ४. लज्जं—प्रत्य०। ५. अवमुञ्चति—त्यजति।

सुणिऊण वालिखिल्लं, वद्धं सीहोयरो भणइ सामी । जो इह गब्भुप्पन्नो, होही पुत्तो य सो रज्जे ॥ २० ॥
तत्तो य अहं जाया, मन्तीण सुबुद्धिनामधेएणं । सीहोयरस्स सिट्ठं, सामिय! पुत्तो समुप्पन्नो ॥ २१ ॥
बालत्तणम्मि रइयं, नामं कल्लाणमालिणी मज्झं । नवरं चिय सब्भावं, मन्ती जणणी य जाणन्ति ॥ २२ ॥
काऊण पुरिसवेसं, गुरूहि रज्जाहिवो परिट्ठविओ । अहयं तु पावकम्मा, महिला तुम्हं[1] समक्खायं ॥ २३ ॥
तो कुणह पसायं मे, तायं मोएह मेच्छपडिबद्धं । गुरुसोयजलणतविय, इमं सरीरं सुहावेह ॥ २४ ॥
सीहोयरो वि राया, न य तस्स विमोयणं पहू! कुणइ । जं एत्थ विसयदव्वं, नियय पेसेमि मेच्छाणं ॥ २५ ॥
नयणंसुए मुयन्ती, रामेणाऽऽसासिया ससीएणं । भणिया य लक्खणेणं, मह वयणं सुणसु तणुयङ्गी! ॥ २६ ॥
रज्जं करेहि सुन्दरि!, इमेण वेसेण ताव भयरहिया । मोएमि जाव तुज्झं, पियरं कइएसु दियहेसु ॥ २७ ॥
एवभणियम्मि तोसं, जणए व विमोइए गया बाला । उल्लसियरोमकूवा, सहस त्ति समुज्जला[2] जाया ॥ २८ ॥
दिवसाणि तिण्णि वसिउं, तत्थुज्जाणे मणोहरे रम्मे । सीयाएँ समं दोण्णि वि, विणिग्गया सुहपसुत्तजणे ॥ २९ ॥
अह विमलम्मि पहाए, सा कन्ना ते तहिं अपेच्छन्ती । रोयइ कलुणं मयच्छी, सोगावन्नेण हियएणं ॥ ३० ॥
एवं उज्जाणाओ, नियय्पुरं पविसिऊण सा कन्ना । रज्जं करेइ नयरे, तेणं चिय पुरिसवेसेणं ॥ ३१ ॥
अह ते कमेण पत्ता, विमलजलं नम्मयं सुवित्थिण्णं । चक्काय-हंस-सारस-कल-महुरुग्गीयसद्दालं ॥ ३२ ॥
संखुभियमयर-कच्छव-मच्छसमुच्छलियविलुलियावत्तं । तरलतरङ्गुब्भासिय-जलहत्थिविमुक्कसिक्कारं ॥ ३३ ॥
सीयाएँ समं दोण्णि वि, लीलाए नम्मयं समुत्तिण्णा । विन्झाडविं पवन्ना, घणतरुवर-सावयाइण्णं ॥ ३४ ॥

---

कहा कि गर्भसे उत्पन्न जो कोई भी पुत्र होगा वह इस राज्यपर प्रतिष्ठित होगा । (२०) इसके पश्चात् मैं उत्पन्न हुई। सुबुद्धि नामके मंत्रीने सिंहोदरको कहला भेजा कि, हे स्वामी ! पुत्र उत्पन्न हुआ है । (२१) बचपनमें ही मेरा नाम कल्याणमालिनी रखा गया। केवल मंत्री और माता ही सच्ची हकीकत जानते हैं । (२२) पुरुषवेश धारण कराके गुरुजनोंने मुझे राज्यके स्वामीके रूपमें स्थापित किया है, परन्तु मैं तो एक पापी स्त्री हूँ यह मैंने आपसे कहा है । (२३) अब मुझपर अनुग्रह करके म्लेच्छ द्वारा पकड़े गये पिताको आप छुड़ावें और शोकरूपी अग्निसे अत्यन्त पीड़ित इस शरीरको सुख दें । (२४) हे प्रभो ! सिंहोदर राजा भी मेरे उन पिताको नहीं छुड़ा सका। इस राज्यका जो द्रव्य है वह मैं नियमित रूपसे म्लेच्छोंको भेजती रहती हूँ । (२५)

आँखोंमेंसे आँसू गिराती हुई उस कन्याको सीता सहित रामने आश्वासन दिया और लक्ष्मणने कहा कि, हे सुन्दरी ! तुम मेरा कहना सुनो । (२६) हे सुन्दरी ! जबतक कुछ ही दिनोंमें मैं तुम्हारे पिताको नहीं छुड़ा लेता तबतक भयरहित होकर तुम यही वेश धारण करके राज्य करो । (२७) ऐसा कहनेपर मानो पिता मुक्त हुए हों ऐसा आनन्द उस कन्याको हुआ और आनन्दसे रोमांचित होकर वह एकदम प्रकाशित-सी हो गई । (२८)

उस मनोहारी और सुन्दर उपवनमें तीन दिन ठहरकर जब लोग आरामसे सोये हुए थे तब सीताके साथ वे दोनों वहाँसे चल दिये । (२९) निर्मल प्रातःकालमें हिरनके जैसी आँखोंवाली वह कन्या उन्हें वहाँ न देखकर शोकपूर्ण हृदयके साथ करुणभावसे रोने लगी । (३०) उद्यानमेंसे निकलकर और अपने नगरमें प्रवेश करके वह कन्या उसी पुरुष वेशमें नगरमें राज्य करने लगी । (३१) इसके पश्चात् वे क्रमशः निर्मल जलसे भरी हुई, अत्यन्त विस्तीर्ण, चक्रवाक, हंस एवं सारसके मधुर गीतसे शब्दायमान, मगरमच्छ व कछुओंके कारण संक्षुब्ध मछलियोंके ऊपर उछलनेके कारण भँवरोंसे व्याप्त, चंचल लहरोंसे उद्भासित तथा जलमें प्रविष्ट हाथियोंकी चिंघाड़ोंसे पूर्ण ऐसी नर्मदा नदीके पास आ पहुँचे । (३२-३३) सीताके साथ दोनों सरलताके साथ नर्मदा नदीको पार करके सघन वृक्षों और वन्य पशुओंसे व्याप्त विन्ध्याटवीके पास आये । (३४)

---

१. तुब्भं समक्खाया—मु० । २. समुज्जया—प्रत्य० ।

पन्थेण संचरन्ता, वारिज्जन्ता व गोवपहिएहिं । वरवसभलीलगामी, किंचुद्देसं वइक्कन्ता ॥ ३५ ॥
अह भणइ जणयतणया, वामदिसावट्ठिओ कडुयरुक्खे । वाहरइ इमो रिट्ठो, सामिय! कलहं निवेएइ ॥ ३६ ॥
अन्नो य खीररुक्खे, वाहरमाणो जयं परिकहेइ । भणियं महानिमित्ते, होइ मुहुत्तन्तरे कलहो ॥ ३७ ॥
थोवन्तरं निविट्ठा, पुणरवि वच्चन्ति अडविपहहुत्ता । पुरओ मेच्छाण बलं, ताव य पेच्छन्ति मसिवण्णं ॥ ३८ ॥
मेच्छाण समावडिया, दोण्णि वि सरवरसयाणि मुञ्चन्ता । तह जुज्झउं पवत्ता, जह भग्गाऽणारिया सबे ॥ ३९ ॥
अह ते भउद्दुयमणा, गन्तूण कहेन्ति नियसामिस्स । महया बलेण सो वि य, पुरओ य उवट्ठिओ ताणं ॥ ४० ॥
मिच्छा कागोणन्दा, विक्खाया महियलम्मि ते सूरा । जे सयलपत्थिवेसु वि, न य संगाममि भञ्जन्ति ॥ ४१ ॥
दट्ठूण उच्छरन्तं, मेच्छबलं पाउसे व घणवन्दं । लच्छीहरेण एत्तो, रुट्ठेणं वलइयं धणुयं ॥ ४२ ॥
अप्फालियं सरोसं, चावं लच्छीहरेण सहस त्ति । जेणं तं मेच्छबलं, भीयं आगम्पियं सहसा ॥ ४३ ॥
दट्ठूण नियसेन्नं, संभन्तं भयपडन्तभणु-खग्गं । ओयरिय रहवराओ, पणमइ तो मिच्छसामन्तो ॥ ४४ ॥
जंपइ कोसम्बीए, विप्पो वेसाणलो त्ति नामेणं । भज्जा से पइभत्ता, तीए हं कुच्छिसंभूओ ॥ ४५ ॥
नामेण रुद्दभूई, बालपभूईऍ दुट्ठकम्मकरो । गहिओ य चोरियाए, सूलाऍ निरोविओ भेत्तुं ॥ ४६ ॥
कारुण्णमुवगएणं, वणिएण विमोइओ तहिं सन्तो । एत्थाऽऽगओ भमन्तो, कागोनन्दाहिवो जाओ ॥ ४७ ॥
इह एत्तियम्मि काले, बलवन्ता जइ वि पत्थिवा बहवे । मह दिट्ठिगोयरं ते, असमत्था रणमुहे धरिउं ॥ ४८ ॥
सो हं निराणुकम्पो, दरिसणमेत्तेण तुम्ह भयभीओ । चलणेसु एस पडिओ, भणह लहुं किं करेमि? त्ति ॥ ४९ ॥

ग्वालोंके द्वारा मना करनेपर भी उत्तम वृषभके समान सुन्दर गतिवाले उन्होंने मार्गपर आगे बढ़ते हुए कुछ प्रदेश तय किया। (३५) तब जनकतनया सीताने कहा कि, हे स्वामी! कटुक वृक्षकी बाँई ओर बैठा हुआ यह कौआ बोल रहा है, जो कलह का सूचक है। (३६) क्षीरवृक्षपर बोलनेवाला दूसरा जयकी सूचना देता है। महानिमित्तशास्त्रमें कहा गया है कि ऐसे निमित्त उपस्थित होनेपर थोड़े समयमें ही लड़ाई होगी। (३७)

वे थोड़ी देरके लिए बैठे और जैसे ही उन्होंने जंगलके मार्ग पर पुनः प्रयाण किया वैसे ही म्लेच्छोंकी काले वर्णकी सेना सामने देखी। (३८) जब उनपर म्लेच्छोंने आक्रमण किया तब उन दोनोंने सैकड़ों बाण फेंके। वे इस तरहसे लड़े कि सभी अनार्य भाग खड़े हुए। (३९) भयसे भयभीत उन अनार्योंने जाकर अपने स्वामीसे कहा। वह भी बड़ी सेनाके साथ उनका सामना करनेके लिए आया। (४०) वे काकोनन्द नामके म्लेच्छ पृथ्वी पर वीरके रूपमें विख्यात थे। सब राजाओं द्वारा अर्थात् किसी भी राजासे वे युद्धमें पराजित नहीं किये जा सकते थे। (४१) वर्षा कालमें बादलोंके समूहकी तरह फैले हुए म्लेच्छ सैन्यको देखकर क्रुद्ध लक्ष्मणने धनुष चढ़ाया। (४२) लक्ष्मणने एकदम गुस्सेमें आकर धनुषकी ऐसी तो टंकार की कि उससे म्लेच्छोंकी वह सेना भयसे सहसा काँपने लगी। (४३) अपनी सेनाको भयभीत तथा स्वेच्छापूर्वक धनुष एवं तलवारको नीचे रखते देख उस म्लेच्छ राजाने रथसे नीचे उतरकर प्रमाण किया। (४४) उसने कहा कि कौशाम्बी नगरीमें वैश्वानल नामका एक ब्राह्मण था। उसकी पतिभक्ता नामकी पत्नी थी। उसकी गोदसे मैं पैदा हुआ हूँ। (४५) मेरा नाम रुद्रभूति है। बचपनसे ही दुष्ट कर्म करनेवाला मैं चोरीके अपराधमें पकड़ा गया। मुझे मारनेके लिए शूलीपर चढ़ाया गया। (४६) दया आनेसे किसी वणिक्ने मुझे वहाँसे छुड़ाया। भटकता हुआ मैं यहाँ आ चढ़ा और काकोनन्दोंका राजा हो गया। (४७) यहाँपर अबतक मैंने यद्यपि अनेक शक्तिशाली राजाओंको देखा है, पर वे युद्धमें टिक नहीं सकते थे। (४८) ऐसा मैं अनुकम्पाशून्य आपके दर्शन मात्रसे भयभीत होकर चरणोंमें पड़ा हूँ। मैं क्या करूँ यह आप जल्दी कहें। (४९) तब कृपालु रामने कहा कि यदि मेरे वचनका पालन करते हो तो उस वालिखिल्य राजाको

१. आकम्पितम्।

पउमेण तओ भणिओ, किवालुणा जइ करेह मह वयणं । मोएहि बन्धणाओ, नराहिवं वालिखिल्लं तं ॥ ५० ॥
जं आणवेसि सामिय!, एवं भणिऊण वालिखिल्लं सो । मोएइ बन्धणाओ, सम्माणं से परं कुणइ ॥ ५१ ॥
नीओ पउमसयासं, पणमइ य पुणो पुणो पसंसन्तो । जं बन्धणाउ मुक्को, अहयं तुम्हं पसाएणं ॥ ५२ ॥
भणिओ य राघवेणं, इट्ठजणसमागमं लहसु सिग्घं । जाणिहिसि सबमेयं, नियपुरिं पत्थिओ सन्तो ॥ ५३ ॥
चलिओ य वालिखिल्लो, पणइं काऊण रुद्दभूई य । पउमो मेच्छाहिवई, ठविय वसे वच्चइ पहेणं ॥ ५४ ॥
राया वि वालिखिल्लो, संपत्तो रुद्दभूइणा समयं । पविसरइ कूववइं, बन्दिजणुग्घुट्ठजयसद्दो ॥ ५५ ॥
चिरविप्पओगदुहिया, पणमइ कल्लाणमालिणी पियरं । तेण वि य उत्तमङ्गे, घूया परिचुम्बिया तयणु ॥ ५६ ॥
पुहवी वि महादेवी, परितुट्ठा पुलइएसु अङ्गेसु । संभासिया सणेहं, भिच्चा य सनायरा सबे ॥ ५७ ॥
ण्हाओ महारहसुओ, समयं चिय रुद्दभूइणा एत्तो । आहरण-रयण-कणयाइएसु पूएइ मेच्छवइं ॥ ५८ ॥
संपूइओ पयट्टो, आउच्छेऊण मेच्छसामन्तो । संपत्तो नियपुरं, रमइ सुहं वालिखिल्लो वि ॥ ५९ ॥
सोऊण धीरस्स विचेट्ठियं ते, सीहोदराई बहवे नरिन्दा । पसंसमाणा विमलं जसोहं, जाया ससङ्का पउमस्स निच्चं ॥ ६० ॥

॥ इय पउमचरिए वालिखिल्लउवक्खाणं नाम चउतीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## ३५. कविलोवक्खाणं

अह ते कमेण विज्झं, अइक्कमेऊण पाविया विसयं । मज्झेण वहइ तावी, जस्स नई निम्मलजलोहा ॥ १ ॥
वच्चन्ताणुद्देसो, जाओ जलवज्जिओ अरण्णमि । ताव च्चिय अइगाढं, सीया तण्हं समुबहइ ॥ २ ॥

---

बन्धनसे मुक्त करो। (५०) 'हे स्वामी! आपकी जो आज्ञा'—ऐसा कहकर उसने वालिखिल्यको बन्धनसे मुक्त किया और खूब आदरसत्कार किया। (५१) रामके पाससे जानेपर उसने (वालिखिल्यने) प्रणाम किया और बार-बार प्रशंसा करता हुआ कहने लगा कि आपके अनुग्रहसे मैं क़ैदमेंसे मुक्त किया गया हूँ। (५२) रामने भी कहा कि तुम इष्ट-जनका समागम जल्दी ही प्राप्त करो। अपनी नगरीकी ओर प्रस्थान करनेपर तुम जान पाओगे कि यह सत्य है। (५३) प्रणाम करके वालिखिल्य चला गया और म्लेच्छाधिपति रुद्रभूतिको अपने वशमें करके राम भी रास्ते पर आगे बढ़े। (५४)

वालिखिल्य राजा रुद्रभूतिके साथ आ पहुँचा और चारणों द्वारा जिसके लिए 'जय जय' शब्दकी उद्घोषणा की जा रही है ऐसे उसने कूपपद्र नगरीमें प्रवेश किया। (५५) चिरकालीन वियोगसे दुःखित कल्याणमालिनीने पिताको प्रणाम किया और तब उसने भी अपनी पुत्रीके मस्तक पर चुम्बन किया। (५६) पटरानी पृथ्वी भी अत्यन्त आनन्दित हुई। उसके शरीर पर हर्षवश रोमांच खड़े हो गये। नागरिकोंके साथ सब नौकर-चाकर स्नेहपूर्वक बुलाये गये। (५७) इसके पश्चात् रुद्रभूतिके साथ महारथके पुत्रने भी स्नान किया। वालिखिल्यने आभूषण, रत्न एवं सुवर्णसे म्लेच्छपति रुद्रभूतिका सम्मान किया। (५८) सम्मानित म्लेच्छराजा अनुमति लेकर वापस लौटा और अपने नगरमें आ पहुँचा। वालिखिल्य भी सुखपूर्वक समय बिताने लगा। (५९) धीर रामके साहसपूर्ण कार्योंके बारेमें सुनकर सिंहोदर आदि बहुतसे राजा उनके विमल यशके प्रवाहकी प्रशंसा करते हुए सदैव उनसे साशंक रहने लगे। (६०)

। पद्मचरितमें वालिखिल्य-उपाख्यान नामका चौंतीसवाँ उद्देश समाप्त हुआ।

## ३५. कपिल उपाख्यान

इसके पश्चात् क्रमशः विन्ध्यको पार करके वे उस प्रदेशमें पहुँचे जिसके बीचमेंसे होकरके निर्मल पानीके प्रवाहवाली ताप्ती नदी बहती थी। (१) आगे जानेपर एक अरण्यमें जलशून्य प्रदेश आया। उस समय सीताको जोरोंकी प्यास लगी। (२)

भणइ पउमं वि सीया, सूसइ कण्ठो महं अइतिसाए । परिसमजणियं च तणू, तम्हा उदयं समाणेह ॥ ३ ॥
हत्थावलम्बियकरा, भणिया रामेण पेच्छ आसन्ने । गामं तुङ्गवरघरं, एत्थ तुमं पाणियं पियसु ॥ ४ ॥
एव भणिऊण सणियं, सणियं संपत्थिया ऽरुणग्गामे । गेहम्मि य उवविट्ठा, कविलस्स उ आहियग्गिस्स ॥ ५ ॥
तं बम्भणीऍ दिन्नं, पीयं सीयाऍ सीयलं सलिलं । ताव च्चिय रण्णाओ, संपत्तो तक्खणं कविलो ॥ ६ ॥
तरुफल-समिहकन्तो, कमण्डलुग्गहियउंछवित्तीओ । अइकोहणो विसीलो, उल्लुयमुहो[1] कक्कडच्छीओ ॥ ७ ॥
ते तत्थ सन्निविट्ठा, दट्ठूणं बम्भणी[2] भणइ रुट्ठो । एयाण घरपवेसो, किं ते दिन्नो महापावे ? ॥ ८ ॥
पहरेणुमइलचलणा, मा मे उवहणह अग्गिहोत्तघरं । तुम्भे निप्फिडह लहुं, किं अच्छह एत्थ निल्लज्जा ? ॥ ९ ॥
तो भणइ जणयधूया, इमेण दुवयणअग्गिनिवहेणं । दड्ढं सरीरयं मे, रण्णं व जहा वणदवेणं ॥ १० ॥
अडवीसु वरं वासो, समयं हरिणेसु जत्थ सच्छन्दो । न य एरिसाणि सामिय !, सुवन्ति जहिं दुवयणाइं ॥ ११ ॥
लोएण तत्थ बहुओ, वारिज्जन्तो वि गामवासीणं । न पसज्जइ दुट्ठप्पा, भणइ य गेहाओ निप्फिडह ॥ १२ ॥
आरुट्ठो सोमित्ती, गाढं दुवयणफरुसघाएहिं । चलणेसु गेण्हिऊणं, अहोमुहं भामई विप्पं ॥ १३ ॥
भणिओ य राघवेणं, लक्खण ! न य एरिसं हवइ जुत्तं । मेल्लेहि इमं विप्पं, पावं अयसस्स आमूलं ॥ १४ ॥
समणा य बम्भणा वि य, गो पसु इत्थी य बालया वुड्ढा । जइ वि हु कुणन्ति दोसं, तह वि य एए न हन्तव्वा ॥ १५ ॥
मोत्तूण बम्भणं तं, सोमित्ती राघवो सह पियाए । अह निग्गओ घराओ, पुणरवि य पहेण वच्चन्ति ॥ १६ ॥
कूलेसु गिरिनईणं, निवसामि वरं अरण्णवासम्मि । न य खलयणस्स गेहं, पविसामि पुणो भणइ रामो ॥ १७ ॥

---

सीताने रामसे कहा कि जोरकी प्याससे मेरा गला सूख रहा है और शरीर भी थक गया है, अतः पानी लावें। (३) हाथसे जिसके हाथको सहारा दिया गया है ऐसी उस सीताको रामने कहा कि देखो, यहाँ समीपमें ही ऊँचे और उत्तम घरोंसे युक्त ग्राम है। वहाँ तुम पानी पीना। (४) इस प्रकार कहकर उन्होंने अरुणग्रामकी ओर शनैः शनैः प्रयाण किया और आहिताग्नि ( पवित्र अग्नियोंको घरमें स्थापित करनेवाले ) कपिलके घरमें जाकर बैठे। (५) ब्राह्मणीने ठंडा पानी दिया और सीताने पीया। उस समय कपिल भी अरण्यमेंसे वहाँ आ पहुँचा। (६) वह वृक्षोंके फल तथा समिध ( यज्ञकी लकड़ियाँ ) उठाए हुए था और एक कमण्डल लिए हुए था। उञ्छवृत्तिवाला वह बहुत क्रोधी, खराब स्वभावका, अशिष्ट तथा उल्लू जैसे मुँहवाला और कैंकड़ेके जैसी आँखोंवाला था। (७) उन्हें वहाँ बैठे देख गुस्सेमें आया हुआ वह बोलने लगा कि, हे महा-पापिणी ! तूने इन्हें घरमें प्रवेश क्यों दिया है। (८) रास्तेकी धूलसे मैले पैरोंवाले तुम मेरे अग्निहोत्रसे युक्त घरको अपवित्र मत बनाओ। तुम जल्दी ही चले जाओ। निर्लज्ज तुम यहाँ क्यों बैठे हो ? (९) तब सीताने कहा कि दावानलसे जैसे जंगल जलता है वैसे ही इस दुर्वचनरूपी अग्निसे मेरा शरीर जल रहा है। (१०) हे स्वामी ! जंगलोंमें हिरनोंके साथ रहना अच्छा है, जहाँ स्वाधीनता होती है और जहाँ ऐसे दुर्वचन नहीं सुनने पड़ते। (११) गाँवमें रहनेवाले लोगों द्वारा बहुत रोके जानेपर भी वह दुष्टात्मा पसीजा नहीं। वह कहता ही रहा कि घरमेंसे बाहर निकलो। (१२) दुर्वचनरूपी कठोर प्रहारोंसे गुस्सेमें आये हुए लक्ष्मणने उस ब्राह्मणके पैरोंको पकड़कर और सिर नीचे लटकाकर घुमाया। (१३) इसपर रामने कहा कि, हे लक्ष्मण ! ऐसा करना ठीक नहीं है। पापी और अयशके मूलरूप इस ब्राह्मणको छोड़ दो। (१४) यदि श्रमण, ब्राह्मण, गाय, पशु, स्त्री, बालक एवं बूढ़े लोग दोषाचरण करें तो भी उन्हें नहीं मारना चाहिए। (१५) इसके बाद सीताके साथ राम और लक्ष्मणने उस ब्राह्मणको छोड़कर तथा घरसे निकलकर पुनः मार्गपर प्रयाण शुरू किया। (१६) रामने कहा कि पहाड़ों की घाटियोंमें, नदियोंके किनारोंपर अथवा जंगलोंमें रहूँ यह अच्छा है, पर अब पुनः दुष्ट लोगोंके घरमें प्रवेश नहीं करूँगा। (१७)

---

१. उल्लुण्ठमुहो—मु०। २. बंभणिं—प्रत्य०।

ताव च्चिय घणकालो, समागओ गज्जियाइसद्दालो । चञ्चलतडिच्छडालो, धारासंभिन्नपहमग्गो ॥ १८ ॥
अन्धारियं समत्थं, गयणं रविकिरणववगयालोयं । वरिसन्तेण पलोट्टा, जह पुहई भरियकूव-सरा ॥ १९ ॥
सलिलेण तिम्ममाणा, पत्ता निग्गोहपायवं विउलं । घणवियडपत्तबहलं, नज्जइ गेहं व अइरम्मं ॥ २० ॥
सो तत्थ दुमाहिवई, इभकण्णो नाम सामियं गन्तुं । भणइ करेहि परित्तं, गिहाउ उब्बासिओ अहयं ॥ २१ ॥
अवहिविसएण नाउं, हलहर-नारायणा तुरियवेगा । तत्थेव आगओ सो, विणायगो पूयणो नामं ॥ २२ ॥
ताण पभावेण लहुं, वच्छलेण य विसालपायारा । जण-धण-रयणसमिद्धा, तेण तहिं निम्मिया नयरी ॥ २३ ॥
तत्थेव सुहपसुत्ता, पाहाउयगीय-मङ्गलरवेणं । पेच्छन्ति नवविउद्धा, भवणं तूलीनिसण्णङ्गा ॥ २४ ॥
पासाय-तुङ्गतोरण-हय-गय-सामन्त-परियणाइण्णा । देहुवगरणसमिद्धा, धणयपुरी चेव पच्चक्खा ॥ २५ ॥
जक्खाहिवेण सहसा, रामस्स विणिम्मिया पुरी जेणं । तेणं सा रामपुरी, जाया पुहईऍ विक्खाया ॥ २६ ॥
तो भणइ गणाहिवई, सेणिय! निसुणेहि तत्थ सो विप्पो । सूरुग्गमे पयट्टो, दब्भयहत्थो अरण्णम्मि ॥ २७ ॥
तेण भमन्तेण तहिं, दिट्ठा नयरी घरा-ऽऽवणसमिद्धा । उववण-तलाय-जण-धण-समाउला तुङ्गपायारा ॥ २८ ॥
चिन्तेइ बम्भणो सो, किं सुरलोगाउ आगया एसा । नयरी मणाभिरामा, कस्स वि पुण्णाणुभावेणं ? ॥ २९ ॥
किं होज्ज मए सुमिणो ?, दिट्ठो माया व केणइ पउत्ता ? । पित्ताहियं व चक्खुं ?, होज्ज व मरणं समासन्नं ? ॥ ३० ॥
एयाणि य अन्नाणि य, परिचिन्तन्तेण महिलिया दिट्ठा । भणिया य कस्स भद्दे !, एस पुरी देवनयरि ब्व ? ॥ ३१ ॥
सा भणइ किं न याणसि ?, एस पुरी भद्द ! पउमनाहस्स । सीया जस्स महिलिया, हवइ य लच्छीहरो भाया ॥ ३२ ॥

---

इसी समय बादलोंकी गर्जनासे अत्यन्त शब्दायमान, चंचल बिजलीकी छटासे युक्त तथा मुसलधार वर्षासे जिसने रास्ता तोड़फोड़ दिया है ऐसा वर्षाकाल आ गया। (१८) उस समय सारा आकाश अन्धेरेसे व्याप्त हो गया, सूर्यकी किरणों का प्रकाश अदृश्य हो गया और पृथ्वी बारिशके पानीसे ऐसी तो छा गई कि कूएँ और सरोवर भर गये। (१९) पानीसे भीगे हुए वे सघन, बड़े और पत्तोंसे छाये हुए ऐसे एक विशाल बरगदके पेड़के पास आ पहुँचे। वह अत्यन्त रमणीय घरकी भाँति प्रतीत होता था। (२०) इभकर्ण नामका उस वृक्षका अधिपति देव अपने स्वामीके पास जाकर कहने लगा कि मेरी रक्षा करो। मैं घरमेंसे निकाल दिया गया हूँ। (२१) अवधिज्ञानसे जानकर कि वे तो हलधर और नारायण हैं, वह पूयण नामका देवोंका स्वामी वहाँ शीघ्रगतिसे आया। (२२) उनके प्रभावसे तथा उनके प्रति प्रेमभाव होनेसे उसने वहाँ विशाल क़िलेसे युक्त तथा जन, धन एवं रत्नोंसे समृद्ध एक नगरी बसाई। (२३) उसी नगरीमें सुखपूर्वक सोये हुए वे जब तरोताज़ा होकर प्रातर्गीतकी मंगलध्वनिसे जगे तब उन्होंने एक भवन देखा और अपने शरीरको रूईके गद्दोंपर आराम करते पाया। (२४) महल, ऊँचे तोरण, हाथी, घोड़े, सामन्त और परिजनोंसे भरीपूरी तथा शरीरके लिए आवश्यक उपकरणोंसे समृद्ध वह नगरी साक्षात् कुबेरकी नगरी जैसी मालूम होती थी। (२५) चूँकि रामके लिए यक्षाधिपने वह नगरी सहसा निर्मित की थी, इसलिए वह रामपुरीके नामसे पृथ्वीमें विख्यात हुई। (२६)

इसके पश्चात् गणाधिपति श्री गौतमस्वामीने कहा कि, हे श्रेणिक! तुम सुनो। वहाँ जो ब्राह्मण (कपिल) था वह सूर्योदय होने पर हाथमें दर्भ लेकर जंगलमें गया। (२७) घूमते हुए उसने वहाँ घर एवं बाज़ारोंसे समृद्ध, उपवन, सरोवर, जन एवं धनसे व्याप्त तथा ऊँचे क़िलेसे युक्त नगरी देखी। (२८) उसे देखकर वह ब्राह्मण सोचने लगा कि किसीके पुण्यके फलस्वरूप क्या यह मनोरम नगरी स्वर्गलोकमेंसे नीचे उतर आई है? अथवा क्या मैं कोई स्वप्न तो नहीं देख रहा? अथवा किसीने इन्द्रजाल तो नहीं फैलाया? अथवा मेरी आँखमें पीलिया तो नहीं हो गया? अथवा मरण तो पासमें नहीं आया? (२९-३०) जब वह ऐसे तथा इनके सदृश दूसरे विचार कर रहा था तब उसने एक स्त्रीको देखा। उससे पूछा कि भद्रे! देवनगरी जैसी यह किसकी नगरी है? (३१) उसने कहा कि क्या तुम नहीं जानते कि सीता जिनकी पत्नी है और लक्ष्मण जिनका भाई है ऐसे रामचन्द्रजीकी यह नगरी है। (३२) हे विप्र! दूसरी बात भी तुम सुनो। राम

अन्नं पि विप्प! निसुणसु, पउमो दहं जहिच्छियं देइ । तेण वि सा पडिभणिया, कहेहि तद्दरिसणोवायं ॥ ३३ ॥
सा जक्खिणी सुनामा[1], भणइ य भो विप्प! सुणसु मह वयणं । साहेमि तं उवायं, जेण तुमं पेच्छसी पउमं ॥ ३४ ॥
गयवर-सीहमुहेहिं, वेयालबिहीसिएहि बहुएहिं । नयरीएँ तिण्णि दारा, रक्खिज्जन्ते य पुरिसेहिं ॥ ३५ ॥
पुवद्दारस्स बहिं, जं पेच्छसि धय-वडायकयसोहं । तं जिणहरं महन्तं, जत्थ सुसाहू परिवसन्ति[2] ॥ ३६ ॥
जो कुणइ नमोक्कारं, अरहन्ताणं विसुद्धभावेणं । सो पविसइ निब्बिग्घं, लहइ वहं जो उ विवरीओ ॥ ३७ ॥
जो पुण अणुव्वयधरो, जिणधम्मुज्जयमणो सुसीलो य । सो पूइज्जइ पुरिसो, पउमेण अणेगदव्वेणं ॥ ३८ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, वच्चइ विप्पो थुइं पउञ्जन्तो । संपत्तो जिणभवणं, पणमइ य तहिं जिणवरिन्दं ॥ ३९ ॥
तं पणमिऊण साहू[3], पुच्छइ अरहन्तदेसियं धम्मं । समणो वि अपरिसेसं, साहेइ अणुव्वयामूलं ॥ ४० ॥
तं सोऊण दियवरो, धम्मं गेण्हइ गिहत्थमणुचिण्णं । जाओ विसुद्धभावो, अणन्नदिट्ठी परमतुट्ठो ॥ ४१ ॥
असणाइएण भत्तं, लद्धं जह पाणियं च तिसिएणं । तह तुज्झ पसाएणं, साहव! धम्मो मए लद्धो ॥ ४२ ॥
एव भणिऊण समणं, पणमिय सबायरेण परितुट्ठो । परिओसजणियहियओ, नियघरं पत्थिओ विप्पो ॥ ४३ ॥
भणइ पहिट्ठो कविलो, सुन्दरि! साहेमि जं मए अज्जं । दिट्ठं अदिट्ठपुवं, सुयं च गुरुधम्मसबस्सं ॥ ४४ ॥
समिहाहेउं संपत्थिएण, दिट्ठा पुरी मए रण्णे । महिला य सुन्दरङ्गी, नूणं सा देवया का वि ॥ ४५ ॥
परिपुच्छियाएँ सिट्ठं, तीए मह एस विप्प! रामपुरी । सावयजणस्स पउमो, देइ किलाणन्तयं दवं ॥ ४६ ॥
समणस्स सन्नियासे, धम्मं सुणिऊण सावओ जाओ । परितुट्ठो हं सुन्दरि!, दुल्लहलम्भो मए लद्धो ॥ ४७ ॥

---

यथेच्छ द्रव्य देते हैं। इसपर उसने उस स्त्रीसे पूछा कि उनके दर्शनका उपाय कहो। (३३) उस सुनामा नामकी यक्षिणीने कहा कि, हे विप्र! तुम मेरा कहना सुनो। मैं वह उपाय कहती हूँ जिससे तुम रामके दर्शन कर सको। (३४) इस नगरीके तीनों दरवाजोंकी रक्षा हाथी एवं सिंह जैसे मुखवाले तथा बेतालके समान भयंकर ऐसे बहुतसे पुरुष कर रहे हैं। (३५) पूर्व द्वारके बाहर जो तुम देखते हो वह ध्वजा एवं पताकाओंसे जिसकी शोभा की गई है ऐसा विशाल जिनमन्दिर है, जिसमें साधु रहते हैं। (३६) जो विशुद्ध भावके साथ अरिहन्तोंको वन्दन करता है वह नगरमें निर्विघ्न प्रवेश पाता है और जो इसके विपरीत आचरण करता है उसका वध होता है। (३७) और जो अणुव्रत धारण करनेवाला हो, जिनप्रोक्त धर्ममें जिसका मन उद्यत हो और जो सुशील हो उसका राम अनेक प्रकारके द्रव्य द्वारा सम्मान करते हैं। (३८) ऐसा कथन सुनकर वह ब्राह्मण स्तुति करता हुआ आगे बढ़ा और जिनमन्दिरके पास पहुँचकर उसने वहाँ जिनवरको प्रणाम किया। (३९) उन्हें वन्दन करके उसने वीतराग जिनके द्वारा उपदिष्ट धर्मके बारेमें पूछा। श्रमणने भी अणुव्रतमूलक समग्र धर्मका उपदेश दिया। (४०) उस उत्तम ब्राह्मणने उसे सुनकर गृहस्थोंके द्वारा आचरित धर्म अंगीकार किया। अनन्यदृष्टि और अत्यन्त संतुष्ट वह इस प्रकार विशुद्ध भाववाला हुआ। (४१) हे मुनिवर! जैसे भूखेको खाना मिले और प्यासेको पानी मिले वैसे ही आपके अनुग्रहसे मैंने धर्म प्राप्त किया है। (४२) इस प्रकार कहकर तथा श्रमणको सम्पूर्ण आदरके साथ प्रणाम करके जिसके हृदयमें आनन्द उत्पन्न हुआ है ऐसे उस ब्राह्मणने घरकी ओर प्रस्थान किया। (४३) आनन्दमें आया हुआ कपिल कहने लगा कि, हे सुन्दरी! पहले कभी न देखा हो ऐसा जो मैंने आज देखा है और महान् धर्मका जो सार-सर्वस्व मैंने सुना है वह मैं तुझे कहता हूँ। (४४) समिधके लिए जाने पर मैंने अरण्यमें एक नगरी और सुन्दर शरीरवाली एक स्त्री देखी। वह स्त्री अवश्य ही कोई देवी होगी। (४५) पूछने पर उसने मुझे कहा कि, हे विप्र! यह रामपुरी है और इसमें श्रावक लोगोंको राम अनन्त द्रव्य देते हैं। (४६) एक श्रमणके पास धर्म सुनकर मैं श्रावक हो गया हूँ। हे सुन्दरी! मैं परितुष्ट हूँ, क्योंकि मुश्किलसे प्राप्त होनेवाला धर्म मैंने पालिया है। (४७) उस सुशर्मा ब्राह्मणीने पतिसे कहा

---

१. सुजामा—प्रत्य०। २. साहूं—प्रत्य०। ३. क्षुधितेन।

सा बम्भणी सुसम्मा, भणइ पइं जो तुमे मुणिसयासे । गहिओ जिणवरधम्मो, सो हु मए चेव पडिवन्नो ॥ ४८ ॥
सबायरेण सुन्दरि !, फासुयदाणं मुणीण दायवं । अरहन्तो सयकालं, नमंसियवो पयत्तेणं ॥ ४९ ॥
तो भुञ्जिऊण सोक्खं, उत्तरकुरवाइभोगभूमीसु । लभिहिसि परम्पराए, निवाणमणुत्तरं ठाणं ॥ ५० ॥
सागारधम्मनिरओ, कविलो तं बम्भणी भणइ एवं । पउमं पउमदलच्छी !, गन्तूण पुरिं च पेच्छामो ॥ ५१ ॥
दवेण विप्पमुक्कं, पुरिसं दारिद्दसागरे पडियं । उत्तारेइ निरुत्तं, रामो अणुकम्पमावन्नो ॥ ५२ ॥
तो निग्गओ घराओ, पुरओ काऊण बम्भणी विप्पो । कुसुमकरण्डयहत्थो, उच्चलिओ रामपुरिहुत्तो ॥ ५३ ॥
सो तत्थ वच्चमाणो, पेच्छइ नागे फडाविसालिल्ले । वेयाले य बहुविहे, दाढाविगरालबीहणए ॥ ५४ ॥
एयाणि य अन्नाणि य, रूवाणि बहुप्पयारघोराणि । कन्ताएँ समं विप्पो, घोसेइ महानमोक्कारं ॥ ५५ ॥
मोत्तूण लोगधम्मं, अहियं जिणसासणुज्जओ अहयं । जाओ नमो जिणाणं, संपइऽतीए भविस्साणं ॥ ५६ ॥
पञ्चसु पञ्चसु पञ्चसु, भरहे एरवएसु य तह विदेहेसु । एएसु य जायाणं, नमो जिणाणं जियभयाणं ॥ ५७ ॥
जिणधम्मनिच्छियमणो, एवं तु विहीसियाउ वोलेउं । पत्तो रामपुरी सो, कन्तासहिओ मणभिरामं ॥ ५८ ॥
अब्भन्तरं पविट्ठो, दावेन्तो महिलियाएँ भवणवरे । रायङ्गणं च पत्तो, आलोवइ लक्खणं विप्पो ॥ ५९ ॥
पेच्छन्तेण सुमरिओ, एसो सो रूव-कन्तिपडिपुण्णो । जो कडुय-कक्कसेहिं, तइया वयणेहि मे सत्तो ॥ ६० ॥
तस्स भएणं तुरिओ, मोत्तूणं बम्भणी पलायन्तो । लच्छीहरेण दिट्ठो, सिग्घं सद्दाविओ विप्पो ॥ ६१ ॥
वाहरिओ य नियत्तो, दट्ठूणं दो वि ते महापुरिसे । सत्थि करेइ कविलो, मुञ्चइ पुप्फञ्जली पुरओ ॥ ६२ ॥
पउमेण बम्भणो सो, भणिओ कत्तो सि आगओ तुहयं ? । तो भणइ आगओ हं, अरुणग्गामाउ तुह पासं ॥ ६३ ॥

---

कि मुनिके पाससे तुमने जो जिनवरका धर्म ग्रहण किया है वह मैं भी अंगीकार करती हूँ । (४८) हे सुन्दरी ! सम्पूर्ण आदरके साथ मुनिको प्रासुक दान देना चाहिए और सावधान होकर सर्वदा अरिहन्तको नमस्कार करना चाहिए । (४९) ऐसा करनेसे उत्तरकुरु आदि भोगभूमियोंमें सुखका उपभोग करके क्रमशः उत्तम स्थान मोक्ष तुम प्राप्त कर सकोगी । (५०) गृहस्थ धर्ममें तल्लीन कपिलने उस ब्राह्मणी ( अपनी पत्नी ) से ऐसा कहा कि, हे कमलाक्षी ! उस नगरीमें जाकर हम रामके दर्शन करें । (५१) द्रव्यसे रहित और दारिद्र्य-सागरमें पड़े हुए पुरुषको अनुकम्पायुक्त राम अवश्य पार लगाते हैं । (५२) तब ब्राह्मणीको आगे करके ब्राह्मण घरसे निकला और फूलोंकी डलिया हाथमें धारण करके रामपुरीकी ओर चला । (५३) वहाँ जाते हुए उसने विशाल फणवाले नाग और विकराल व भीषण दाँतवाले अनेक प्रकारके भूत-प्रेत देखे । (५४) ये और ऐसे ही दूसरे अनेक प्रकारके घोर रूप देखकर पत्नीके साथ वह ब्राह्मण महानमस्कार मंत्रका उच्चारण करने लगा । (५५) अहितकारी लोकधर्मका त्याग करके मैं जैनशासनमें उद्यमशील हुआ हूँ । वर्तमान, अतीत एवं भविष्यकालीन जिनोंको नमस्कार हो । (५६) पाँच भरतक्षेत्र, पाँच ऐरावत क्षेत्र और पाँच महाविदेहक्षेत्र—इसमें होनेवाले भयविजयी जिनोंको सदा नमस्कार हो । (५७) इस प्रकार भयका निराकरण करके जिनधर्ममें निश्चय मनवाला वह पत्नीके साथ मनको आनंद देनेवाली रामपुरीमें पहुँचा । (५८) भीतर प्रवेश करके और अपनी पत्नीको उत्तम भवन दिखलाता हुआ वह ब्राह्मण राजाके प्रांगणमें आ पहुँचा और लक्ष्मणको देखा । (५९) देखते ही उसे याद हो आया कि रूप एवं कान्तिसे परिपूर्ण यह तो वही है जिसको मैंने उस समय कडुए और कठोर वचनोंसे बुरा भला कहा था । (६०) उसके भयसे ब्राह्मणीको छोड़कर जल्दी-जल्दी भागते हुए उस ब्राह्मणको लक्ष्मणने देखा और शीघ्र ही उसे बुलाया । (६१) बुलानेपर वह लौटा । दोनों महापुरुषोंको देखकर कपिलने आशीर्वाद दिया और उनके सम्मुख पुष्पाञ्जलि अर्पित की । (६२) रामने उस ब्राह्मणसे पूछा कि तुम कहाँसे आये हो ? तब उसने कहा कि अरुणग्रामसे मैं आपके पास आया हूँ । (६३) मेरा नाम कपिल है और यह सुशर्मा मेरी गृहिणी है ।

---

१-२. बंभणिं—प्रत्य० । ३. पंचसु भरहेसु सया एरवएसु य तहा विदेहेसु—मु० । ४. रामपुरिं—प्रत्य० । ५. बंभणिं—प्रत्य० ।

कविलो नामेणाहं, हवइ सुसम्मा य गेहिणी एसा । तइया मए न नाओ, पच्छन्नमहेसरो सि तुमं ॥ ६४ ॥
जइ वि य सयं नरिन्दो, परविसयगओ हवेज्ज एगागी । तह वि य परिहवठाणं, पावइ लोए ठिई एसा ॥ ६५ ॥
जस्स ऽत्थो तस्स सुहं, जस्स ऽत्थो पण्डिओ य सो लोए । जस्स ऽत्थो सो गुरुओ, अत्थविहूणो य लहुओ उ ॥ ६६ ॥
तस्स महत्थो य जसो, धम्मो वि य तस्स होइ साहीणो । धम्मो वि सो समत्थो, जस्स अहिंसा समुद्दिट्ठा ॥ ६७ ॥
अहवा किं न सुयं ते?, सणंकुमारो समन्तभरहवई । रूवस्स दरिसणट्ठे, जस्स सुरा आगया इहई ॥ ६८ ॥
संवेगजणियकरुणो, पवज्जं गेण्हिउं परिभमन्तो । भिक्खं च अलभमाणो, विजयपुरं पाविओ कमसो ॥ ६९ ॥
पडिलाहिओ महप्पा, कयाइ दारिद्दसमभिभूयाए । पडिया य रयणवुट्ठी, गन्धोदय-पुप्फवरिसं च ॥ ७० ॥
एवंविहा वि समणा, सुर-नरमहिय-ऽच्चिया दढचरित्ता । परविसयं विहरन्ता, परिभूया दुट्ठलोएणं ॥ ७१ ॥
फरुसाणि अणिट्ठाणि य, जं भणिया राग-दोस-मूढेणं । तं खमह अविणयं मे, जो तुम्ह पहू! कओ तइया ॥ ७२ ॥
कविलं एव रुयन्तं, संथावइ राघवो महुरभासी । सीया वि सुसम्मं संभमेण परिनिबुई कुणइ ॥ ७३ ॥
कणयकलसेसु कविलो, किंकरपुरिसेहि पउमआणाए । साधम्मिओ त्ति काउं, कन्ताएँ समं तओ ण्हविओ ॥ ७४ ॥
भुञ्जाविओ विचित्तं, आहारं भूसिओ य रयणेहिं । दिन्नं च धणं बहुयं, ताहे गेहं गओ विप्पो ॥ ७५ ॥
आजम्मधणविहीणो, पत्तो जणविम्हयं महाभोगं । तह वि य न करेइ धिइं, सम्माणपराहयसरीरो ॥ ७६ ॥
पुव्वं विहडिय-पडियं, मज्झ घरं आसि विभवपरिहीणं । रामस्स पसाएणं, जायं धण-रयणपरिपुण्णं ॥ ७७ ॥
हा! कट्ठं सप्पुरिसा, जं मे निब्भच्छिया अलज्जेणं । तं मे दहइ सरीरं, सल्लं च अवट्ठियं हियए ॥ ७८ ॥

---

उस समय मैं न जान सका कि आप प्रच्छन्न ईश्वर हैं। (६४) स्वयं राजा होनेपर भी यदि वह अकेला दूसरे देशमें जाता है तो वह अपमानित होता है। लोकमें ऐसी ही स्थिति है। (६५) जिसके पास पैसा है उसके पास सुख है, जिसके पास पैसा है वही लोकमें पण्डित है, जिसके पास पैसा है वही महान् है और जो बिना पैसेका है वह तुच्छ है। (६६) जिसके पास धन है वह महान् यशस्वी होता है तथा धर्म भी उसके अधीन होता है। जिस धर्ममें अहिंसाका उपदेश दिया गया है वह धर्म भी पैसावाला ही करनेमें समर्थ होता है। (६७) अथवा क्या आपने नहीं सुना कि जिसके रूपके दर्शनके लिए देव भी यहाँ आते थे वह समस्त भरतक्षेत्रका स्वामी सनत्कुमार चक्रवर्ती वैराग्यके कारण करुणाभाव उत्पन्न होनेपर दीक्षा अंगीकार करके क्रमशः विहार करता हुआ भिक्षा न मिलनेपर विजयपुरमें आया था। (६८-६९) दारिद्र्यसे तिरस्कृत किसी स्त्रीने उस महात्माको भिक्षा दी। फलतः रत्नोंकी वृष्टि तथा सुगन्धित जल एवं पुष्पोंकी वर्षा हुई थी। (७०) देव एवं मनुष्यों द्वारा सत्कृत और सम्मानित तथा दृढ़ चरित्रवाले ऐसे श्रमण भी दूसरे देशमें विहार करनेपर दुष्ट लोगों द्वारा अपमानित होते हैं। (७१) हे प्रभो! राग एवं द्वेषसे मूढ़ मैंने जो कठोर और अनिष्ट वचन कहकर आपका उस समय अविनय किया था उसे क्षमा करें। (७२) इस प्रकार रोते हुए कपिलको मधुरभाषी रामने आश्वासन दिया। सीताने भी सुशर्माको जल्दी ही शान्त किया। (७३) तब साधर्मिक मानकर पत्नीके साथ कपिलको रामकी आज्ञासे सोनेके कलशों द्वारा परिचारकोंने नहलाया। (७४) उसे अनेक प्रकारका भोजन खिलाया गया, रत्नोंसे अलंकृत किया गया तथा बहुत धन दिया गया। बादमें वह ब्राह्मण घर लौट आया। (७५) जन्मसे ही उस धनविहीनने लोगोंको विस्मित करे इतना भारी ऐश्वर्य प्राप्त किया था, तो भी सम्मानसे संकोच अनुभव करनेवाला वह अभिमानी नहीं था। (७६) वह सोचता था कि पहले मेरा घर अस्तव्यस्त, गिरा हुआ और वैभवशून्य था, किन्तु रामके अनुग्रहसे अब धन एवं रत्नोंसे भर गया है। (७७) दुःख है कि निर्लज्ज मैंने सत्पुरुषोंकी जो भर्त्सना की थी वह मेरे शरीरको जला रही है और हृदयमें शल्यकी भाँति चुभ रही है। (७८) अठारह-

---

१. सम्माणसराहय – प्रत्य०। २. निब्भत्थिया सकज्जेणं—प्रत्य०।

अट्ठारस य सहस्सा, धेणूणं तं च गेहिणी[1] मोत्तुं । नन्दजइस्स[2] सयासे, कविलो दिक्खं समणुपत्तो ॥ ७९ ॥
बारसविहं तवं सो, कुणमाणो मारुओ व नोसङ्गो । विहरइ मुणी महप्पा, गामा-ऽऽगरमण्डियं वसुहं ॥ ८० ॥
जो कविलस्स इमं तु पयत्थं, एक्कमणो निसुणेइ मणुस्सो । सो उववाससहस्सविहायं, भुञ्जइ दिव्वसुहं विमलङ्गो[3] ॥ ८१ ॥

॥ इय पउमचरिए कविलोवक्खाणं नाम पञ्चतीसइमो उद्देसओ समत्तो ॥

## ३६. वणमालापव्वं

तत्तो कमेण ताणं, तत्थऽच्छन्ताण पाउसो कालो । अहिलङ्घिओ सुहेणं, ताव य सरओ समणुपत्तो ॥ १ ॥
भणइ तओ जक्खवई, पउमं पत्थाणववसिउच्छाहं । जो कोइ अविणओ मे, सो देव तुमे खमेयव्वो ॥ २ ॥
एव भणिओ पउत्तो, पउमो जक्खाहिवं महुरभासी । अम्हाण वि दुच्चरियं, खमाहि सव्वं निरवसेसं ॥ ३ ॥
अहिययरं परितुट्ठो, इमेहि वयणेहि रामदेवस्स । चलणेसु पणमिऊणं, हारं च सयंपभं देइ ॥ ४ ॥
मणिकुण्डलं च दिव्वं, देवो उवणेइ लच्छिनिलयस्स । सीयाऍ सुकल्लाणं तुट्ठो चूडामणिं देई ॥ ५ ॥
वीणा य इच्छियसरा, दाऊणं ताण उस्सुगमणेणं । मायाविणिम्मिया सा, अवहरिया तक्खणं नयरी ॥ ६ ॥
तत्तो विणिग्गया ते, वच्चन्ति फलासिणो जहिच्छाए । रण्णं वइक्कमेउं, विजयपुरं चेव संपत्ता ॥ ७ ॥
अत्थमिए दिवसयरे, जाए तमसाउले दिसायक्के । नयरस्स समब्भासे, अवट्ठिया उत्तरवरेणं ॥ ८ ॥

---

लाख गायों तथा पत्नीका परित्याग करके नन्दपति मुनिके पास कपिलने दीक्षा अंगीकार की । (७९) पवनकी तरह निःसंग वह महात्मा मुनि बारह प्रकारका तप करता हुआ ग्राम एवं नगरोंसे मण्डित वसुधामें विहार करने लगा । (८०) जो मनुष्य कपिलका यह प्रशस्त आख्यान ध्यान लगाकर सुनेगा वह विमल शरीरवाला होकर एक हज़ार उपवाससे मिलनेवाले दिव्य सुखका उपभोग करेगा । (८१)

॥ पद्मचरितमे कपिल-उपाख्यान नामक पैंतीसवाँ उद्देश समाप्त हुआ ॥

## ३६. वनमाला

तब वहाँ रहते हुए उनका वर्षाकाल क्रमशः सुखपूर्वक व्यतीत हुआ । उसके पश्चात् शरत्काल आया । (१) उस समय यक्षपतिने प्रस्थानके लिए प्रयत्न करनेवाले रामसे कहा कि, हे देव ! यदि कोई मेरा अविनय हुआ हो तो उसे आप क्षमा करें । (२) इस प्रकार कहे गये रामने मधुरभाषी यक्षाधिपतिसे कहा कि हमारा भी सारा दुश्चरित तुम पूर्णतः क्षमा करो । (३) इन वचनोंसे बहुत अधिक प्रसन्न यक्षाधिपतिने रामदेवके चरणोंमें प्रणाम करके स्वयंप्रभ नामका हार दिया । (४) देव लक्ष्मणके लिए दिव्य मणिकुण्डल लाया और तुष्ट उसने सीताको कल्याणकारी चूड़ामणि रत्न दिया । (५) इच्छित स्वरवाली वीणा उन्हें देकर उत्कंठित मनवाले उसने मायासे विनिर्मित उस नगरीका उसी क्षण संवरण किया । (६) वहाँसे निकले हुए वे फल भक्षण करते हुए इच्छानुसार विचरण करनेलगे और अरण्यको पारकर विजयपुरके पास आ पहुँचे । (७) सूर्यके छिपनेपर और सभी दिशाओं के अंधकारसे छानेपर एक अति सुन्दर नगरके समीप वे ठहरे । (८)

---

१. गेहिणि—प्रत्य० । २. नन्दवइस्स—मु० । ३. अह लंघिओ—प्रत्य० ।

तम्मि पुरे नरवसभो, महीहरो नाम निग्गयपयावो । महिला से इन्दाणी, धूया वि य तस्स वणमाला ॥ ९ ॥
बालत्तणमाईए, सा कण्णा लक्खणाणुगुणरत्ता । दिज्जन्ती वि हु नेच्छइ, अन्नं पुरिसं सुरूवं पि ॥ १० ॥
पवइयम्मि दसरहे, विणिग्गए राम-लक्खणे सोउं । पुहईधरो विसण्णो, दुहियाएँ वरं विचिन्तेइ ॥ ११ ॥
मुणिओ य इन्दनयरे, नरिन्दवसहस्स बालमित्तस्स । पुत्तो सुन्दररूवो, निरूविया तस्स सा कन्ना ॥ १२ ॥
तं वित्तन्तं नाऊण, बालिया लक्खणं अणुसरन्ती । भणइ य मरणं पि वरं, न य मे कज्जं तु अन्नेणं ॥ १३ ॥
अन्नस्स दिज्जमाणी, काऊणं मरणनिच्छयं हियये । गन्तूण भणइ पियरं, करेमि वणदेवयापूयं ॥ १४ ॥
अणुमन्निया य तेणं, [1]पोसहियानिग्गया सह जणेणं । रयणिसमयम्मि पत्ता, जत्थुद्देसं ठिया ते उ ॥ १५ ॥
वणदेवयाएँ पूयं, काऊणं जणवए पसुत्तम्मि । सिबिराउ विणिग्गन्तुं, तं चिय वडपायवं पत्ता ॥ १६ ॥
एक्कुद्देसम्मि ठिया, तम्मि य वडपायवे अइमहन्ते । लच्छीहरेण दिट्ठा, इमाणि वयणाणि जंपन्ती ॥ १७ ॥
जा एत्थ तरुनिवासी, सुणेउ वणदेवया इमं वयणं । लच्छीहरस्स गन्तुं, कहेज्ज मह मरणसंबन्धं ॥ १८ ॥
जह तुज्झ विओगेणं, वणमाला दुक्खिया अणन्नमणा । [2]उल्लम्बिऊण कण्ठं, कालगया रण्णमज्झम्मि ॥ १९ ॥
भणिऊण वयणमेयं, वत्थमयं पासयं करिय कण्ठे । साहाएँ बन्धमाणी, गन्तुं सोमित्तिणा गहिया ॥ २० ॥
अवगूहिऊण जंपइ, अहयं सो लक्खणो विसालच्छी । समदिट्ठीएँ पलोयसु, अधिइं सोगं च मोत्तूणं ॥ २१ ॥
सो लक्खणेण पासो, कण्ठाओ फेडिओ तुरन्तेणं । आसासिया य बाला, धणियं वयणामएणं तु ॥ २२ ॥
सुन्दररूवेण तओ, मुणेइ सा लक्खणं सुविम्हइया । किं वणदेवीएँ इमो, तुट्ठाएँ कओ पसाओ मे ? ॥ २३ ॥
तो लक्खणेण नीया, वणमाला राघवस्स पामूले । पणमइ कयञ्जलिउडा, सीयासहियं पउमनाहं ॥ २४ ॥

---

उस नगरमें बाहर फैला हुआ प्रतापवाला महीधर नामका राजा था। उसकी स्त्री इन्द्राणी तथा पुत्री वनमाला थी। (९) बचपनसे ही वह कन्या लक्ष्मणके गुणोंमें अनुरक्त थी। दिये जानेपर भी दूसरे सुन्दर पुरुषको वह नहीं चाहती थी। (१०) दशरथकी प्रव्रज्या तथा राम-लक्ष्मणके बहिर्गमनके बारेमें सुनकर विषण्ण राजा पुत्रीके लिए वरकी चिन्ता करने लगा। (११) इन्द्रनगरमें राजाओंमें वृषभके समान उत्तम बालमित्रका सुन्दर रूपवाला एक पुत्र है ऐसा जानकर उसके पास उस कन्याका उसने जिक्र किया। (१२) उस वृत्तान्तको जानकर लक्ष्मणका स्मरण करती हुई वह कन्या कहने लगी कि मर जाना अच्छा है, पर दूसरे पुरुषसे मुझे कोई प्रयोजन नहीं है। (१३) दूसरेको दी जानेवाली उसने हृदयमें मरणका निश्चय किया और पितासे जाकर कहा कि मैं वनदेवताकी पूजा करना चाहती हूँ। (१४) बन्धनमें पड़ी हुई वह उससे अनुमति प्राप्तकर सखीजन के साथ निकली और जिस प्रदेशमें वे राम आदि ठहरे थे वहाँ रात्रिके समय जा पहुँची। (१५) वनदेवताकी पूजा करके जनपद जब सोया हुआ था तब शिबिरसे निकलकर वह उसी बरगदके पेड़के पास गई। (१६) उस विशाल बरगदके पेड़के एक भागमें स्थित वह लक्ष्मणके द्वारा ऐसे वचन कहती हुई सुनी गई कि यहाँ पेड़पर रहनेवाले जो वनदेवता हो वह मेरा यह कथन सुने। वह लक्ष्मणके पास जाकर मेरे मरणका वृत्तान्त कहे कि दूसरे किसीमें मन न लगानेवाली दुःखित वनमाला तुम्हारे वियोगसे गलेमें फाँसी लगाकर जंगलमें मर गई। (१७-९) ऐसा वचन कहकर और गलेमें वस्त्रका फँदा डालकर शाखासे बाँधती हुई उसे लक्ष्मणने जाकर पकड़ लिया और उसे आलिंगन करके कहा कि, हे विशालाक्षी ! मैं वह लक्ष्मण हूँ। अधिक शोकका त्याग करके समदृष्टिसे देखो। (२०-१) लक्ष्मणने शीघ्र ही गलेसे वह पाश दूर किया और वचनामृतसे उस कन्याको खूब आश्वासन दिया। (२२) तब अत्यन्त विस्मित उसने सुन्दर रूपके कारण लक्ष्मणको पहचान लिया। वह सोचने लगी कि क्या तुष्ट वनदेवीने मुझपर यह अनुग्रह किया है ? (२३) इसके पश्चात् लक्ष्मण वनमालाको राघवके चरणोंके पास ले गया। हाथ जोड़कर उसने सीता सहित रामको प्रणाम किया। (२४) अपने जैसी दूसरी स्त्रीको देखकर सीताने हँसकर लक्ष्मणसे कहा कि कुमार ! चन्द्रके

---

१. निग्गहिया निग्गया—प्रत्य०। २. उव्वन्धिऊण—प्रत्य०।

दट्ठूण अप्पबीयं, विहसन्ती लक्खणं भणइ सीया । किं चन्देण समाणं, कुमार ! जणिओ य समवाओ ? ॥ २५ ॥
कह जाणसि वइदेही !, भणिया रामेण जंपई सीया । चेट्ठाएँ नवरि सामिय ! अहयं जाणामि निसुणेहि ॥ २६ ॥
जोण्हाएँ समं चन्दो, जम्मि य वेलाएँ उग्गओ गयणे । तंबेलम्मिह पत्तो, सहिओ बालाएँ सोमित्ती ॥ २७ ॥
जह आणवेसि भद्दे !, एव इमं जंपिऊण सोमित्ती । वणमालाए सहिओ, उवविट्ठो सन्निगासम्मि ॥ २८ ॥
ते तत्थ समुल्लवं, वणमालासंसियं पकुबन्ता । अच्छन्ति सुरसरिच्छा, नग्गोहदुमस्स हेट्ठम्मि ॥ २९ ॥
ताव य वणमालाए, सहीओ निद्दक्खए विउद्धाओ । दट्ठूण ताएँ सयणं, सुन्नं ताहे गवेसन्ति ॥ ३० ॥
सद्देण ताण सुहडा, समुट्ठिया विविहपहरणविहत्था । पायालबलसमग्गा, ते वि गवेसन्ति वणमालं ॥ ३१ ॥
दिट्ठा य भमन्तेहिं, वणमाला राम-लक्खणा य तहिं । परिमुणियकारणेहिं, नरेहि सिट्ठा महिहरस्स ॥ ३२ ॥
दिट्ठा नरवइ विद्धी, तुह सामिय ! सयलबन्धुसहियस्स । इह लक्खणो य रामो, समागया पुरिसमीवम्मि ॥ ३३ ॥
सा तुज्झ सामि ! दुहिया, वणमाला अप्पयं विवायन्ती । रुद्धा य लक्खणेणं, सा च तहिं अच्छई बाला ॥ ३४ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, ताण धणं देइ नरवई तुट्ठो । चिन्तेइ य दुहियाए, जं इट्ठसमागमो जाओ ॥ ३५ ॥
सबाण वि जीवाणं, इह इट्ठसमागमो सुहावेइ । जो पुण हवेज्ज सहसा, सो सुरलोगं विसेसेइ ॥ ३६ ॥
एवं महीहरनिवो, भज्जाए परिजणेण समसहिओ । गन्तूण रामदेवं, अवगूहइ लक्खणसमग्गं ॥ ३७ ॥
सीया य समालत्ता, कुसलं परिपुच्छिया सरीराइ । तत्थेव ण्हाण-भोयण-आभरणविही कया ताणं ॥ ३८ ॥
पडुपडह-तूरसद्दो, महूसवो कारिओ नरवईणं । नच्चन्तवरविलासिणि-जणेण बहुमङ्गलाडोवो ॥ ३९ ॥
कुङ्कुमकयङ्गरागा, सीयासहिया रहेसु आरूढा । नयरं महीहरेणं, पवेसिया जण-धणाइण्णं ॥ ४० ॥

---

साथ कैसा सम्बन्ध हुआ है ! (२५) वैदेही ! तुम कैसे जानती हो ?—इस तरह रामके द्वारा पूछी गई सीताने कहा कि, हे स्वामी ! केवल चेष्टासे ही मैं जानती हूँ । आप सुनें । (२६) जिस समय आकाशमें ज्योत्स्नाके साथ चन्द्रमाका उदय हुआ उसी समय कन्याके साथ लक्ष्मण यहाँ आये । (२७) हे भद्रे ! जैसी आज्ञा—इस प्रकार उसे कहकर वनमालाके साथ लक्ष्मण पासमें आकर बैठा । (२८) वनमालाके लिए अभिलषित वार्तालाप करते हुए देवसदृश वे उस बरगदके पेड़के नीचे बैठे रहे । (२९)

उस समय निद्रा पूर्ण होनेपर वनमालाकी जागृत सखियाँ उसकी शैया खाली देखकर उसे खोजने लगीं । (३०) उनकी आवाजसे सुभट भी जग गये । हाथमें विविध शस्त्र धारण किये हुए वे भी पैदल सेनाके साथ वनमालाको खोजने लगे । (३१) घूमते हुए उन्होंने वनमाला तथा राम-लक्ष्मणको वहाँ देखा । कारण सुनकर लोगोंने राजासे कहा कि, हे राजन् ! भाग्यसे आपकी सब बन्धुजनोंके साथ वृद्धि हो । हे स्वामी ! यहाँ नगरके समीप ही राम एवं लक्ष्मण पधारे हैं । (३२-३) हे स्वामी ! अपने आपकी हत्या करनेवाली आपकी पुत्री वनमालाको लक्ष्मणने रोका है । वह बाला वहाँ बैठी हुई है । (३४) यह कथन सुनकर सन्तुष्ट राजाने उन्हें धन दिया ।

वह सोचने लगा कि लड़कीको इष्टका समागम हुआ है । (३५) इस संसारमें सभी जीवोंको इष्टकी प्राप्ति सुख देती है और यदि वह अचानक हो तो स्वर्गसे भी विशेष होती है । (३६) ऐसा सोचकर भार्या एवं परिजनके साथ जाकर राजाने लक्ष्मणके साथ रामका आलिंगन किया । (३७) शरीर आदिका कुशल पूछकर सीताके साथ भी बातचीत की । वहीं पर उनकी स्नान, भोजन एवं आभरण विधि की गई (३८) दुन्दुभि एवं वाद्योंकी सुन्दर ध्वनिसे युक्त और नृत्य करती हुई सुन्दर वारांगनाओंके कारण अनेक मंगलाचारोंके आटोपसे सम्पन्न ऐसा बड़ा भारी उत्सव मनाया गया । (३९) कुंकुमके अंगरागवाले तथा रथोंमें सीताके साथ आरूढ़ उनका राजाने जन एवं धनसे आकीर्ण नगरमें प्रवेश कराया । (४०)

ते तम्मि य विजयपुरे, भुञ्जन्ता उत्तमं विसयसोक्खं । अच्छन्ति जहिच्छाए, दसरहपुत्ता गुणमहन्ता ॥ ४१ ॥
एवं तु पुण्णेण समज्जिएणं, अन्नन्नदेसेसु वि संचरन्ता । पावन्ति सम्माण परं मणुस्सा, तम्हा खु धम्मं विमलं करेह ॥४२॥

॥ इय पउमचरिए वणमालानामं छत्तीसइमं पव्वं समत्तं ॥

## ३७. अइवीरियनिक्खमणपव्वं

अह अन्नया सहाए, राहव-लच्छीहराण पच्चक्खं । तुरियं च लेहवाहो, समागओ महिहरं नमइ ॥ १ ॥
लेहं समप्पिऊणं, सो चेव य आसणे सुहनिविट्ठो । नरवइदिन्नाएसो, वायइ सेणावई लेहं ॥ २ ॥
अत्थि सिरीअइविरिओ, नन्दावत्ते पुरे महाराया । पणउत्तमङ्गनरवइ-मउडतडोहट्टचलणजुओ ॥ ३ ॥
भरहेण सह विरोहो, महीहरं आणवेइ विजयपुरे । अइविरियमहाराया, कुसलेणाऽऽभासणं कुणइ ॥ ४ ॥
जे केइह सामन्ता, सबे वि समागया मह समीवं । चउरङ्गबलसमग्गा, वट्टन्ति अणारिया य वसे ॥ ५ ॥
अञ्जणगिरिसरिसाणं, मत्ताण गयाण अट्ठहि सएहिं । तिहि तुरयसहस्सेहिं, समागओ विजयसद्दूलो ॥ ६ ॥
कलहो केसरिसहिओ, महाधओ तह रणम्मि माईया । अङ्गाहिवइनरिन्दो, सएहि छहि मत्तहत्थीणं ॥ ७ ॥
तुरयाण सहस्सेहिं, सत्तहि एए लहुं समणुपत्ता । पञ्चालवई पत्थो, समागओ करिसहस्सेणं ॥ ८ ॥
पुण्डपुरसामिओ वि य, समागओ साहणेणं बहुएणं । पत्तो य मगहराया, अट्ठहिं दन्तीसहस्सेहिं ॥ ९ ॥
वज्जहरो य सुकेसो, मुणिभद्दो तह सुभद्दनामो य । नन्दणमाई एए, जउणाहिवई समणुपत्ता ॥ १० ॥

---

उत्तम विषम सुखका यथेच्छ उपभोग करते हुए गुणोंसे महान् ऐसे वे दशरथपुत्र उस विजयपुरमें ठहरे। (४१) इस प्रकार अर्जित पुण्यके कारण भिन्न-भिन्न देशोंमें भ्रमण करते हुए मनुष्य उत्कृष्ट सम्मान प्राप्त करते हैं, अतः विमल धर्मका अवश्य आचरण करो । (४२)

॥ पद्मचरितमें वनमाला नामका छत्तीसवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ३७. अतिवीर्यका निष्क्रमण

एक दिन सभामें राम एवं लक्ष्मणके समक्ष ही एक पत्रवाहक जल्दी जल्दी आया। उसने राजाको प्रणाम किया। (१) आसनपर आरामसे बैठनेपर उसने पत्र दिया। राजाके द्वारा आदेश दिये गये सेनापतिने वह पत्र पढ़ा। (२) प्रणत राजाओंके सिरपर धारण किये हुए मुकुटोंके प्रान्त भागसे जिसके दोनों चरण छुये जाते हैं ऐसे श्री अतिवीर्य नामके महाराजा नन्दावर्त नगरमें हैं। (३) उनका भरतके साथ विरोध हुआ है, अतः विजयपुरमें राजाको आज्ञा देते हैं। अतिवीर्य महाराजाने कुशलपूर्वक कहा है कि जो कोई सामन्त हैं वे सब चतुरंग सेनाके साथ मेरे पास आ गये हैं। अनार्य भी मेरे बसमें हैं। (४-५) अंजनगिरिके समान आठ सौ मत्त हाथी तथा तीन हजार घोड़ोंके साथ विजयशार्दूल आया है। (६) सिंहके साथ तथा युद्धमें लड़नेवाला अंगाधिपति राजा महाधन छः सौ मत्त हाथियोंके साथ आया है। (७) पांचालपति पार्थ सात हजार घोड़े और एक हजार हाथीके साथ शीघ्र ही उपस्थित हुआ है। (८) पुण्ड्रपुरका स्वामी भी बहुत-सी सेनाके साथ आया है। मगधराज भी आठ हजार हाथियों के साथ आया है। (९) वज्रधर, सुकेश, मुनिभद्र, सुभद्र तथा नन्दन आदि यमुनाधिपति आये हैं। (१०) अनिवारितवीर्य, केसरिवीर्य तथा सिंहरथ आदि मेरे मामे भी सेनाके

अणिवारियविरिओ वि य, केसरिविरिओ य सीहरहमाई । एए साहणसहिया, समागया नियमाउलगा ॥ ११ ॥
वसुसामि मारिदत्तो, अम्बट्ठो पोट्टिलो य सोवीरो । मन्दरमाई एए, समागया तिबबलसहिया ॥ १२ ॥
एए अन्ने य बहू, दससु य अक्खोहिणीसु परिपुण्णा । सिग्घं च समणुपत्ता, तियसा विय भोगदुल्ललिया ॥ १३ ॥
एएसु परिमिओ हं, भरहं इच्छामि रणमुहे जेउं । महिहर ! लेहदरिसणे, आगन्तबं तए सिग्घं ॥ १४ ॥
परिवाइयम्मि लेहे, जाव च्चिय महिहरो न उल्लवइ । ताव च्चिय तं पुरिसं, वयणमिणं लक्खणो भणइ ॥ १५ ॥
अइविरियस्स किमत्थं, भरहस्स य जेण विग्गहो जाओ । एयं साहेहि फुडं, भद्द ! महं कोउगं परमं ॥ १६ ॥
एवं च भणियमेत्ते, वाउगई साहिउं अह पवत्तो । मह सामिएण दूओ, विसज्जिओ भरहरायस्स ॥ १७ ॥
अह सो सुबुद्धिनामो, भरहं गन्तूण भणइ वयणाइं । अइविरिएण सुणिज्जउ, दूओ हं पेसिओ तुज्झ ॥ १८ ॥
सो आणवेइ देवो, भरह ! तुमं मज्झ कुणसु भिच्चत्तं । अहवा पुरिं अओज्झं, मोत्तूणं वच्चसु विदेसं ॥ १९ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, सत्तुग्घो रोसपूरियामरिसो । अह उट्ठिओ तुरन्तो, जंपन्तो फरुसवयणाइं ॥ २० ॥
न य तस्स भरहसामी, कुणई भिच्चत्तणं कुपुरिसस्स । किं केसरि भयभीओ, वच्चइ पासं सियालस्स ? ॥ २१ ॥
अहवा तस्साऽऽसन्नं, मरणं जेणेरिसाइं भासेइ । पित्तजरेण व गहिओ, अणप्पवसगो धुवं जाओ ॥ २२ ॥
दूएण वि पडिभणिओ, किं गज्जसि एत्थ अत्तणो गेहे ? । जाव च्चिय अइविरियं, न पेच्छसी रणमुहे रुट्ठं ॥ २३ ॥
एवं च भणियमेत्ते, घेत्तुं चलणेसु कड्ढिओ दूओ । सुहडेसु नयरमज्झे, नीओ च्चिय हम्ममाणो सो ॥ २४ ॥
सो तेहि विमाणेउं, मुक्को रयरेणुधूलियसरीरो । गन्तूण सबमेयं, कहेइ निवगस्स सामिस्स ॥ २५ ॥
महया बलेण भरहो, विणिग्गओ तक्खणं पुरवरीओ । अइविरियस्स अभिमुहो, रणरसकण्डुं[2] च वहमाणो ॥२६॥

---

साथ उपस्थित हुए हैं। (११) वसुस्वामी, मारिदत्त, अम्बष्ठ, पोट्टिल, सौवीर तथा मन्दर आदि भी बड़ी सेना के साथ आये हैं। (१२) देवोंकी भाँति भोगोंमें आसक्त ऐसे अन्य बहुतसे दस अक्षौहिणी सेनाको परिपूर्ण करनेवाले राजा शीघ्र ही आ पहुँचे हैं। (१३) इनसे घिरा हुआ मैं युद्धभूमिमें भरतको जीतना चाहता हूँ, अतः हे राजन् ! पत्र देखते ही तुम्हें शीघ्र आना चाहिये। (१४)

पत्र पढ़नेके बाद अभी राजा नहीं बोलता है तबतक तो लक्ष्मणने उस पुरुषको यह वचन कहा कि, हे भद्र ! अतिवीर्यका भरतके साथ किसलिए विग्रह हुआ, यह तुम स्पष्ट रूपसे कहो। मुझे बड़ा कुतूहल हो रहा है। (१६) ऐसा कहने पर वायुगति कहने लगा कि मेरे स्वामीने भरतराजके पास दूत भेजा था। (१७) सुबुद्धि नामके उस दूतने भरतके पास जाकर जो वचन कहे वे आप सुनें। अतिवीर्यने मुझ दूतको आपके पास भेजा है। (१८) उस देव अतिवीर्यने आज्ञा दी है कि, भरत ! तुम मेरी नौकरी करो अथवा अयोध्या नगरीका परित्याग करके विदेशमें चले जाओ। (१९) यह वचन सुनकर गुस्सेसे भरा हुआ शत्रुघ्न कठोर वचन कहता हुआ एकदम उठ खड़ा हुआ। (२०) भरत स्वामी उस कुपुरुषकी नौकरी नहीं बजाएँगे। क्या भयसे डरकर सिंह शृगालके पास जाता है ? (२१) अथवा जिसने ऐसा कहा है उसका मरण समीप है। अवश्य ही वह पित्तज्वरसे गृहीत व्यक्तिकी भाँति भूताविष्ट हो गया है। (२२) दूतने भी जवाब दिया कि जबतक रुष्ट अतिवीर्यको युद्धभूमिमें नहीं देखते तभी तक तुम यहाँ अपने घरमें क्यों गरजते हो ? (२३) इस प्रकार कहनेपर पैरोंको पकड़कर बाहर निकाल दिया गया और सुभटों द्वारा मारा जाता वह नगरके बीचमें लाया गया। (२४) धूलकी रजसे धूसरित शरीरवाले उसका अपमान करके उसे उन्होंने छोड़ दिया। जा करके अपने स्वामीसे उसने यह सब कुछ कहा। (२५)

युद्धके रसकी खुजली धारण करनेवाला भरत बड़े भारी सैन्यके साथ अतिवीर्यका सामना करनेके लिए उसी समय नगरीमेंसे निकल पड़ा। (२६) यह सुनकर मिथिलाका राजा सेनाके साथ आ पहुँचा। सिंहोदर आदि सुभट भरतके पास

---

१. परिमिओ परिवृत्त इत्यर्थः। २. रणकण्डुं चेव वहमाणो—मु०।

सोऊण मिहिलसामी, कणगो सह साहणेण संपत्तो । सीहोयरमाईया, सुहडा भरहं समल्लीणा ॥ २७ ॥
अइविरिओ वि नरिन्दो, दूएण विमाणिएण आरुट्ठो । भरहस्स सवडहुत्तो, विणिग्गओ नियणयराओ ॥ २८ ॥
आगच्छामि लहुं चिय, एत्तो लेहारियं विसज्जेउं । सो महिहरो नरिन्दो, भणिओ रामेण एगन्ते ॥ २९ ॥
भरहस्स जं सकज्जं, तं चिय अम्हाण साहणीयं तु । पच्छन्नएहि गन्तुं, अइविरिओ चेव हन्तव्वो ॥ ३० ॥
अच्छ सुहं वीसत्थो, महिहर ! पुत्तेहि तुज्झ सहिओ हं । वच्चामि तस्स पासं, तेण वि अणुमन्निओ रामो ॥३१॥
एव भणिऊण तो सो, आरूढो रहवरं सह पियाए । महिहरसुएहि सुमयं, वच्चइ तो लक्खणसमग्गो ॥ ३२ ॥
नन्दावत्तपुरं ते, महिहरपुत्ता गया सह बलेणं । आवासिया य एत्तो, पउमो वि तहिं सुहासीणो ॥ ३३ ॥
तिण्हं पि समुल्लावो, अइविरियपराजए निसासमए । तो भणइ जणयतणया, राघव ! वयणं निसामेहि ॥ ३४ ॥
अइविरिओ वि हु सुवइ, बहुसुहडसहस्सजणियपरिवारो । कह तं जिणिज्ज भरहो, थेवेण बलेण संगामे ? ॥ ३५ ॥
चिन्तेह तं उवायं, अइविरिओ जेण जिप्पई पावो । एवं च परिगणेउं, अदीहसुत्तं कुणह कज्जं ॥ ३६ ॥
तो भणइ लच्छिनिलओ, किं दीणं एव जंपसे भद्दे ! । पावं च अप्पविरियं, विणिज्जियं पेच्छसू अचिरा ॥ ३७ ॥
अह भणइ पउमनाहो, लक्खण ! निसुणेहि रणमुहे भरहो । अइविरिएण जइ जिओ, तो अम्हं किं व जीएणं ? ॥३८॥
अन्नं पि सुणसु लक्खण !, सत्तुग्घेणं तु जं कयं कज्जं । दाऊण य उक्खन्दं, सिबिराओ साहणं हणइ ॥ ३९ ॥
सहसा निसासु गन्तुं, समयं चिय रुद्दभूइणा सिबिरं । हयविहयविप्परद्धं, काऊण भडे विगयजीए ॥ ४० ॥
चउसट्ठिसहस्साइं, तुरयाणं गयवराण सत्तसया । भुयबलविणिज्जिया ते, नीया भरहस्स पासम्मि ॥ ४१ ॥
एवं कयसामत्था, रयणी गमिऊण तत्थ पडिबुद्धा । गन्तूण जिणहरं ते पयओ वन्दन्ति परितुट्ठा ॥ ४२ ॥
जाव जिणवन्दणं ते, कुणन्ति तावाऽऽगया भवणपाली । दिट्ठा असिवरहत्था, देवी दिव्वेण रूवेणं ॥ ४३ ॥

---

आये । (२७) अपमानित दूतके कारण क्रुद्ध अतिवीर्य राजा भी भरतका सामना करनेके लिए अपने नगरमेंसे निकला । (२८) 'जल्दी ही आता हूं'—ऐसा कहकर उसने पत्रवाहकको बिदा किया ।

तब उस महीधर राजाने रामसे एकान्तमें कहा । (२९) भरतका जिससे भला हो वही हमें करना चाहिए, अतः प्रच्छन्न रूपसे जाकर अतिवीर्यकी हत्या करनी चाहिए । (३०) इसपर रामने कहा कि, हे महीधर ! तुम विश्वस्त होकर आरामसे रहो । मैं तुम्हारे पुत्रोंके साथ उसके पास जाता हूं । उसने भी रामको अनुमति दी । (३१) ऐसा कहकर वे प्रिया सीताके साथ रथपर आरूढ़ हुए और लक्ष्मणसे युक्त वे महीधरके पुत्रोंके साथ चल पड़े । (३२) महीधरके पुत्र सेनाके साथ नन्दावर्तपुर की ओर गये और वहाँ पड़ाव डाला । राम भी वहाँ आरामसे बैठे । (३३) अतिवीर्यके पराजयके लिए रातके समय तीनोंमें परामर्श हुआ । उस समय सीताने कहा कि, हे राघव ! आप मेरा कहना सुनें । (३४) अतिवीर्य भी सुव्रत धारण करनेवाला और हजारों सुभटोंके परिवारसे युक्त है । उसे भरत युद्धमें थोड़ी-सी सेनासे कैसे जीतेगा ? (३५) ऐसा उपाय सोचो जिससे वह पापी अतिवीर्य जीता जा सके । और इस प्रकार गणना करके शीघ्र कार्य करो । (३६) तब लक्ष्मणने कहा कि, भद्रे ! ऐसा दीन वचन क्यों कहती हो ? तुम शीघ्र ही पापी और अल्पवीर्य उसे पराजित देखोगी । (३७) इसपर रामने कहा कि, लक्ष्मण ! सुनो ! यदि युद्धमें भरत अतिवीर्य द्वारा पराजित हुआ तो हम जीकर क्या करेंगे ? (३८) लक्ष्मण ! दूसरा भी शत्रुघ्नने जो कार्य किया है उसे सुनो । घेरा डालकर वह पड़ावमेंसे सेनाको मार रहा है । (३९) उसने रातके समय रुद्रभूतिके साथ सहसा जाकर शिबिरको क्षत-विक्षत और त्रस्त करके बहुत-से भटोंको मार डाला है । (४०) अपनी भुजाओंके सामर्थ्यसे चौसठ हजार घोड़े और सात सौ हाथी जीतकर वे भरतके पास लाये हैं । (४१)

ऐसा सामर्थ्य करनेवाले उन्होंने वहाँ रात बिताई । जगनेपर जिनमन्दिरमें जाकर प्रयत्नशील और परितुष्ट उन्होंने वन्दन किया । (४२) जब वे जिन भगवान्‌को वन्दनकर रहे थे कि भवनपाली आई । दिव्य रूपसे हाथमें उत्तम तलवार लिये हुई दिखाई दी । (४३) उसने कहा कि, हे राघव ! शीघ्र ही वशमें करके अंजलिबद्ध हाथवाले अतिवीर्यको चरणोंमें

सा भणइ तुज्झ राघव! अइविरियं तक्खणे वसे काउं। करयलकयञ्जलिउडं, सिग्घं चलणेसु पाडेमि ॥ ४४ ॥
तो देवयाएँ एत्तो, सिग्घं पुरिसाण महिलियारूवं। लक्खणसहियाण कयं, सुरवहुसरिसं मणभिरामं ॥ ४५ ॥
पुणरवि नमिऊण जिणं, रामो तं नट्टियाजणं घेत्तुं। पच्छन्नदेहधारी, रायहरं पत्थिओ सहसा ॥ ४६ ॥
दिट्ठो सभाएँ राया, आढत्ता नच्चिउं ठिया समुहा। तग्गयमणेण एत्तो, दिट्ठा लोगेण अइरूवा ॥ ४७ ॥
गन्धवं तु पगीयं, महुरं सत्तसरगमयसंजुत्तं। बहुविहवियप्पकुहरं, हरइ मणं मुणिवराणं पि ॥ ४८ ॥
अह नच्चिउं पवत्ता, एत्तो सा नट्टिया ललियरूवा। रत्तुप्पलबलियम्मं व देइ चलणेसु वियरन्ती ॥ ४९ ॥
नयणकडक्खुक्खेवण–लीलापवियम्भमाणकर-चरणा। इसिहसियथणुक्कम्पण–भमुहासंचाररसभावा ॥ ५० ॥
परिभमइ जत्थ जत्थ य, नच्चन्तो नट्टिया मणभिरामा। कुणइ जणो एगमणो, दिट्ठिं तत्थेव तत्थेव ॥ ५१ ॥
गायइ उसभाईणं, जिणाण चरियाइं तिण्णसङ्काणं। परिओसिओ य लोगो, सबो वि य नरवईण समं ॥ ५२ ॥
तो नट्टिया पवुत्ता, अइविरियं किं तुमे समाढत्तं। भरहेण सह विरोहो, अकित्तिकरणो य लोगम्मि? ॥ ५३ ॥
एवं गए वि विणयं, भरहस्स तुमं करेहि गन्तूणं। भिच्चत्तणं च ववससु, जइ इच्छसि अत्तणो जोयं ॥ ५४ ॥
सुणिऊण नट्टियाए, इमाणि वयणाणि नरवई रुट्ठो। खुहिया य सुहडपुरिसा, वेला इव लवणतोयस्स ॥ ५५ ॥
जाव च्चिय अइविरिओ, आयड्ढइ असिवरं वहत्थाए। तो नट्टियाएँ गहिओ, खग्गं हरिऊण केसेसु ॥ ५६ ॥
नीलुप्पलसंकासं, खग्गं सा नट्टिया समुग्गिरिउं। जंपइ जो मह पुरओ, ठाही सो होइ हन्तबो ॥ ५७ ॥
सो नट्टियाएँ भणिओ, जइ पणमसि भरहसामियं गन्तुं। तो होही जीयं ते, न पुणो अन्नेण भेएणं ॥ ५८ ॥
हाहाकारमुहरवो, लोगो भयविहलवेवियसरीरो। भणइ महच्छेरमिणं, चारणकन्नाएँ ववहरियं ॥ ५९ ॥

झुकाती हूँ। (४४) तब देवताने शीघ्र ही लक्ष्मण सहित पुरुषोंका देवियोंके जैसा मनोहर स्त्री-रूप किया। (४५) जिनेश्वरको पुनः नमन करके प्रच्छन्नदेहधारी रामने उन नर्तिकाओंको लेकर सहसा राजमहलकी ओर प्रस्थान किया। (४६) उन्होंने सभामें राजाको देखा। सामने खड़े होकर वे नाचने लगीं। उनमें तल्लीन मनवाले लोगोंने अतिरूपवती उन सुन्दरियोंको देखा। (४७) मधुर, सातों स्वर एवं गमकसे युक्त बीचमें नानाविध विकल्पोंवाला तथा मुनिवरोंका मन भी हर ले, ऐसा संगीत उन्होंने गाया। (४८) बादमें सुन्दर रूपवाली वह नटी नाचने लगी और विचरण करती हुई वह मानों चरणों में रक्त कमल द्वारा पूजन करती हो ऐसा जताने लगी। (४९) आँखोंसे कटाक्ष फेंकनेवाली, लीलापूर्वक हाथ-पैर हिलानेवाली और मन्द मन्द हास्य, स्तन-कम्पन एवं भौहोंके संचार द्वारा रस व भावसे युक्त नाचनेवाली वह सुंदर नर्तकी जहाँ-जहाँ घूमती थी वहाँ-वहाँ लोग तल्लीन हो दृष्टि डालते थे। (५०-५१) वह संसारको पार करनेवाले ऋषभादि जिनोंके चरित गाती थी। राजाके साथ सभी लोग खुश-खुश हो गये। (५२)

तब नर्तिकाने अतिवीर्यसे कहा कि लोगोंमें अकीर्तिकर ऐसा भरतके साथ विरोध तुमने क्यों किया है? (५३) ऐसा होनेपर भी यदि तुम अपना जीवन चाहते हो तो जा करके भरतका विनय करो और उसकी दासता स्वीकार करो। (५४) नर्तकीके ये वचन सुनकर राजा क्रुद्ध हुआ और लवणसमुद्रकी वेलाकी भाँति सुभट पुरुष क्षुब्ध हुए। (५५) जबतक अतिवीर्य वधके लिए तलवार खींचता है तबतक तो नर्तकीने तलवार छीनकर उसे बालोंसे पकड़ लिया। (५६) उस नर्तकीने नीलकमल के समान तलवारको उठाकर कहा कि जो मेरे सामने खड़ा होता है वह मारा जाता है। (५७) नर्तिकाने उसे कहा कि यदि जा करके तू भरत स्वामीको प्रणाम करेगा तो तेरे प्राण बचेंगे, दूसरे किसी प्रकार नहीं। (५८) मुखसे हाहाकार ध्वनि

१. संचारसब्भावा—मु०।

तो करिवरं विलग्गो, अइविरियं गेण्हिउं पउमणाहो । गन्तूण चेइयहरं, तत्थोइण्णो कुणइ पूयं ॥ ६० ॥
सीयाएँ समं रामो, थोऊण जिणं विसुद्धभावेणं । वरधम्मं आयरियं, पणमइ य पुणो पयत्तेणं ॥ ६१ ॥
तं लक्खणकरगहियं, अइविरियं पेच्छिऊण जणयसुया । भणइ य मेल्लेहि लहुं, एस ठिई होइ सुहडाणं ॥ ६२ ॥
जे सबभूयसरणा, साहू तव-नियम-संजमाभिरया । ताण वि खलो खलाइ य, का सण्णा पत्थिवज्जणेणं ? ॥ ६३ ॥
एवभणिए विमुक्को, अइविरिओ लक्खणेण कयसमओ । भरहस्स होहि भिच्चो, गच्छ तुमं कोसला नयरी[1] ॥ ६४ ॥
एवं विमुक्क सन्तो, अइविरिओ राघवं पणमिऊणं । संवेगसमावन्नो, पडिबुद्धो तक्खणं चेव ॥ ६५ ॥
पउमेण तओ भणिओ, मा गेण्हसु[2] एस दुक्करा चरिया । भरहस्स वसे होउं, भुञ्जसु य तुमं महाभोगं ॥ ६६ ॥
अइविरिओ वि य भणिओ, दिट्ठो रज्जस्स अज्ज परमत्थो । संसारभउव्विग्गो, गेण्हामिह देव! पवज्जं ॥ ६७ ॥
रज्जे विजयरहं सो, पुत्तं ठविऊण विगयसुयनेहो । आयरियपायमूले, अइविरिओ गेण्हए दिक्खं ॥ ६८ ॥
कुणइ तवं नीसङ्गो, जत्थऽत्थमिओ जिइन्दिओ धीरो । विहरइ वसुंधरं सो, सीहो इव निब्भओ समणो ॥ ६९ ॥

चारित्त-नाण-तव-संजम-सीलजुत्तो, छट्ठऽट्ठमेसु निययं परिखीणदेहो ।
रण्णे गुहासु वसहिं च करेइ धीरो, एवंगुणो विमलनाणधरो तिविज्जो ॥ ७० ॥

॥ इय पउमचरिए अइविरियनिक्खमणं नाम सत्ततीसइमं पव्वं समत्तं ॥

---

करनेवाले तथा भयसे विह्वल हो जिनके शरीर काँप रहे हैं ऐसे लोग कहने लगे कि चारण कन्याने यह बड़ा भारी आश्चर्य किया है। (५९)

तब उत्तम हाथीपर बैठे हुए राम अतिवीर्यको लेकर जिनमन्दिरमें गये। हाथीसे उतरकर वहाँ उन्होंने पूजा की। (६०) सीताके साथ रामने विशुद्ध भावसे जिनकी स्तुति की और उत्तम धर्मका आचरण किया। बादमें श्रद्धापूर्वक वन्दन किया। (६१) लक्ष्मणके द्वारा हाथसे पकड़े हुए उस अतिवीर्यको देखकर सीताने कहा कि इसे शीघ्र ही छोड़ दो, क्योंकि यही स्थिति सुभटोंकी होती है। (६२) जो सब प्राणियोंके लिये शरणरूप तथा तप, नियम एवं संयममें निरत रहनेवाले साधु होते हैं उनपर भी दुष्ट दुष्टता करता है, तो फिर पार्थिवजनके बारेमें तो कहना ही क्या ? (६३) इस तरह कहनेपर 'तुम भरतके सेवक बनो और कोसलानगरीमें जाओ' ऐसी सन्धि करनेवाला अतिवीर्य लक्ष्मणके द्वारा छोड़ दिया गया। (६४) इस प्रकार छोड़े जाने पर अतिवीर्यने रामको प्रणाम किया। संसारसे विरक्ति हुई और उसे तत्काल ही प्रतिबोध हुआ। (६५) तब रामने कहा कि साधुका दुष्कर आचार तुम मत ग्रहण करो। भरतके अधीन रहकर तुम बड़े-बड़े भोगोंका उपभोग करो। (६६) इसपर अतिवीर्यने भी कहा कि, हे देव! राज्यका सार मैंने देख लिया है। हे देव! संसारके भयसे उद्विग्न मैं अब प्रव्रज्या लूँगा। (६७) पुत्रका प्रेम जिसका नष्ट हो गया है ऐसे उस अतिवीर्यने अपने पुत्र विजयरथको राज्यपर स्थापित करके आचार्यके चरणोंमें दीक्षा ग्रहण की। (६८) निःसंग, जहाँ सूर्यास्त हो वहीं ठहरनेवाला, जितेन्द्रिय और धीर वह श्रमण तप करने लगा तथा सिंहके समान निर्भय हो पृथ्वीपर विहार करने लगा। (६९) चारित्र, ज्ञान, तप, संयम एवं शीलसे युक्त, बेले और तेलेसे अपनी देह क्षीण करनेवाला, विमल ज्ञानका धारक, मति-श्रुत-अवधिरूप तीन ज्ञानोंसे सम्पन्न—ऐसे गुणोंवाला वह धीर अरण्यमें तथा गुफाओंमें निवास करता था। (७०)

॥ पद्मचरितमें अतिवीर्यका निष्क्रमण नामक सैंतीसवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

---

१. नयरिं—प्रत्य। २. गेण्हसु दुक्करं जईचरियं—प्रत्य०।

## ३८. जियपउमावक्खाणं

अह एत्तो विजयरहो, रइमाला नाम अत्तणो बहिणी[2] । सुरवहुसमाणरूवा[3], देइ च्चिय लच्छिनिलयस्स ॥ १ ॥
तं इच्छिऊण कन्नं, विणिग्गया दो वि सीयसंजुत्ता । संपत्ता विजयपुरं, चिट्ठन्ति तहिं जहिच्छाए ॥ २ ॥
अइविरियं पवइयं, सोऊणं नट्टियानिमित्तम्मि । सत्तुग्घयं हसन्तं, भरहो वारेइ मइकुसलो ॥ ३ ॥
धन्नो सो अइविरिओ, मा हससु कुमार ! मूढभावेणं । मोत्तूण विसयसुक्खं, जो जिणदिक्खं समणुपत्तो ॥ ४ ॥
जाव च्चिय एस कहा, वट्टइ तावाऽऽगओ सह बलेणं । पविसइ नरिन्दभवणं, विजयरहो पेच्छई भरहं ॥ ५ ॥
काऊण सिरपणामं, उवविट्ठो तस्स पायमूलम्मि । सम्माणलद्धपसरो, विजयरहो पत्थिवं भणइ ॥ ६ ॥
रइमालाएँ कणिट्ठा, नामेणं विजयसुन्दरी कन्ना । सा तुज्झ मए दिन्ना, कुणसु अविग्घेण कल्लाणं ॥ ७ ॥
तीए पाणिग्गहणं, भरहो काऊण परमरिद्धीए । अइविरियस्स सयासं, वच्चइ तुरएसु वेगेणं ॥ ८ ॥
संपत्तो नरवसभो, पेच्छइ गिरिकन्दरे समणसीहं । समसत्तु-बन्धुहिययं, समसुह-दुक्खं भयविमुक्कं ॥ ९ ॥
पाएसु तस्स पडिओ, भरहो सामन्त-जणवयसमेओ । थोवन्तरं निविट्ठो, तस्स गुणुक्कित्तणं कुणइ ॥ १० ॥
नाह ! तुमं अइविरिओ, एक्को च्चिय एत्थ तिहुयणे सयले । जो नियययरायरिद्धिं, अवहत्थेऊण पवइओ ॥ ११ ॥
माणुसजम्मस्स फलं, धीर ! तुमे पावियं निरवसेसं । तं खमसु मज्झ सुपुरिस !, जं दुच्चरियं कयं किंचि ॥ १२ ॥
तं पणमिऊण समणं, भरहो पडियागओ पसंसन्तो । पविसरइ नियय्नयरिं, पुरजणअभिणन्दिओ मुइओ ॥ १३ ॥
सो विजयसुन्दरीए, सहिओ रज्जं महागुणं भरहो । भुञ्जइ सुरो व सग्गे, पणमियसामन्तपावीढो ॥ १४ ॥

---

## ३८. जितपद्मा आख्यान

विजयरथने रतिमाला नामकी देवकन्या जैसी रूपवाली अपनी बहन लक्ष्मणको दी । (१) उस कन्याकी अभिलाषा से सीताके साथ दोनों निकल पड़े, विजयपुर आ पहुँचे और यथेच्छ समय तक वहाँ ठहरे । (२) अतिवीर्य प्रव्रजित हुआ है ऐसा सुनकर नर्तिकाकी घटनाको लेकर हँसते हुए शत्रुघ्नको कुशल बुद्धिवाले भरतने रोका कि हे कुमार ! विषयसुखका त्याग करके जिनदीक्षा जिसने अंगीकार की है ऐसा वह अतिवीर्य धन्य है । मूढ़भावसे तुम मत हँसो । (३-४) जब यह वार्तालाप हो रहा था, उसी समय विजयरथ सेनाके साथ आया और राजभवनमें प्रवेश करके उसने भरतके दर्शन किये । (५) सिरसे प्रणाम करके उसके पैरोंके पास विजयरथ बैठा । किये गये सम्मानसे जिसने आनन्द प्राप्त किया है ऐसे उसने राजासे कहा । (६) विजयसुन्दरी नामकी रतिमालाकी छोटी बहन है । वह मैंने आपको दी है । आप निर्विघ्न विवाह-मंगल करें । (७) खूब आडम्बरके साथ उससे शादी करके भरत घोड़ोंपर सवार हो वेगसे अतिवीर्यके पास गया । (८) वहाँ पहुँचकर राजाने पर्वतकी गुफामें शत्रु और मित्रपर समान भाव रखनेवाले, सुख और दुःखमें सम तथा भयसे मुक्त उस श्रमण-सिंहको देखा । (९) सामन्त और जनसमूहके साथ भरत उसके पैरोंमें नमस्कार करके थोड़ी दूर बैठा और उसके गुणोंका कीर्तन करने लगा । (१०) हे नाथ ! इस सारे त्रिभुवनमें आप अतिवीर्य ही एक ऐसे हैं जिसने अपनी राज्य-ऋद्धिका परित्याग करके प्रव्रज्या ली है । (११) हे धीर ! आपने ही मनुष्यजन्मका समग्र फल प्राप्त किया है । हे सुपुरुष ! यदि मैंने तनिक भी दुश्चरित किया हो तो उसे आप क्षमा करें । (१२) इस तरह उसे प्रणाम करके प्रशंसा करता हुआ भरत वापस लौटा । नगरजनों द्वारा अभिनन्दित और आनन्दित उसने अपनी नगरीमें प्रवेश किया । (१३) जिसके पादपीठमें सामन्त प्रणाम करते हैं ऐसा भरत स्वर्गमें देवकी भाँति विजयसुन्दरीके साथ विशाल राज्यका उपभोग करने लगा । (१४)

---

१. रइमालं—प्रत्य० । २. बहिणिं—प्रत्य० । ३. रूवं—प्रत्य० ।

गमिऊण कंचि कालं, विजयपुरे महिहरं भणइ रामो । हियइच्छियं पएसं, अवस्स अम्हेहि गन्तव्वं ॥ १५ ॥
सोऊण गमणसज्जे, वणमाला लक्खणं भणइ मुद्धा । पूरेहि मज्झ सुपुरिस !, मणोरहा जे कया पुव्वं ॥ १६ ॥
लच्छीहरो पवुत्तो, मा हु विसायस्स देहि अत्ताणं । काऊण अहिट्ठाणं, जाव अहं पडिनियत्तामि ॥ १७ ॥
सम्मत्तवज्जियाणं, जा हवइ गई नराण ससिवयणे ! । तमहं वच्चेज्ज पिए !, जइ ! नाऽऽगच्छामि तुह पासं ॥ १८ ॥
अम्हेहि रक्खियव्वं, वयणं तायस्स निच्छियमणेहिं । नवरं पुण गन्तूणं, तत्थ अवस्सं नियत्तेहं ॥ १९ ॥
सो एवमाइएहिं, वयणसहस्सेहि तत्थ वणमालं । संथावेऊण गओ, सोमित्ती राघवसमीवं ॥ २० ॥
तत्तो ते सुत्तजणे, सीयाएँ समं विणिग्गया सणियं । अडविपहेण पयट्टा, भुञ्जन्ता तरुवरफलाइं ॥ २१ ॥
तं वोलिऊण रण्णं, पत्ता विसयस्स मज्झयारेऽत्थ । खेमञ्जलीपुरं ते, तत्थुज्जाणे सुहनिविट्ठा ॥ २२ ॥
तं लक्खणमुवणीयं, आहारं भुञ्जिउं जहिच्छाए । समयं जणयसुयाए, चिट्ठइ य हलाउहो गामे ॥ २३ ॥
अह लक्खणो अणुज्जं, मग्गेऊणं सहोयरं एत्तो । वरभवणसमाइण्णं, पविसइ खेमञ्जलीनयरं ॥ २४ ॥
तत्थ सभावुल्लवियं, नरस्स सुणिऊण लक्खणो वयणं । को सहइ सत्तिपहरं, नरिन्दमुक्कं महिलियत्थे ? ॥ २५ ॥
सोऊण वयणमेयं, पुच्छइ लच्छीहरो तयं पुरिसं । को वि हु देइ पहारं ?, का सत्ती ? का व सा महिला ? ॥ २६ ॥
सो भणइ सत्तुदमणो, राया भज्जा य तस्स कणयाभा । जियपउमा वि य धूया, विसकन्ना सा इहं नयरे ॥ २७ ॥
जो सहइ सत्तिपहरं, इमस्स रायस्स कढिणकरमुक्कं । तस्सेसा जियपउमा, देइ त्ति य किं तुमे न सुयं ? ॥ २८ ॥
सोऊण तं सरोसो, विम्हियहियओ य लक्खणो तुरियं । पविसइ नरिन्दभवणं, तीएँ कए पवरकन्नाए ॥ २९ ॥
इन्दीवरघणसामं, जियसत्तू पेच्छिऊण सिरिनिलयं । भणइ य उवणेह लहुं, एयस्स वरासणं एत्तो ॥ ३० ॥

---

कुछ समय विजयपुरमें बिताकर रामने महीधरसे कहा कि हमें हृदयेप्सित प्रदेशमें अवश्य जाना चाहिये । (१५) जानेके लिये सज्ज हैं—ऐसा सुनकर भोली वनमालाने लक्ष्मणसे कहा कि, हे सुपुरुष ! पहलेके किये हुए जो मनोरथ हैं उन्हें आप पूर्ण करें । (१६) इस पर लक्ष्मण ने कहा कि जबतक मैं वापस लौटता हूँ, तबतक तू अपने आपको दुःखी मत कर । (१७) हे शशिवदने ! हे प्रिये ! सम्यक्त्वरहित लोगोंकी जो गति होती है वह, यदि मैं तेरे पास न आऊँ तो मेरी हो । (१८) हमें पिताके वचनका दृढ़ताके साथ पालन करना चाहिए । अतः वहाँ जाकर मैं अवश्य वापस आऊँगा । (१९) ऐसे सहस्रों वचनसे वनमालाको सान्त्वना देकर लक्ष्मण रामके पास गया । (२०) इसके बाद जब लोग सोये हुए थे तब सीताके साथ वे धीरेसे निकल गये और वृक्षके फल खाते हुए जंगलके रास्तेसे आगे बढ़े । (२१)

उस जंगलको पारकर उस प्रदेशके मध्यमें आये हुए क्षेमांजलिपुरमें वे आ पहुँचे और वहाँ एक उद्यानमें आरामसे बैठे । (२२) लक्ष्मणके द्वारा लाये गये आहारको इच्छानुसार खाकर राम सीताके साथ उस ग्राममें ठहरे । (२३) अपने भाईकी अनुज्ञा माँगकर लक्ष्मणने उत्तम भवनोंसे व्याप्त क्षेमांजलिनगरमें प्रवेश किया । (२४) वहाँ 'स्त्रीके लिए राजाके द्वारा छोड़ी गई शक्तिका प्रहार कौन सह सकता है ?'—ऐसे तात्पर्यवाला एक मनुष्य द्वारा कहा गया वचन लक्ष्मणने सुना । (२५) यह वचन सुनकर लक्ष्मणने उस पुरुषसे पूछा कि कौन प्रहार करेगा ? शक्तिकी बात क्या है और वह महिला कौन है ? (२६) उसने कहा कि इस नगरमें शत्रुदमन राजा और उसकी भार्या कनकाभा तथा पुत्री जितपद्मा है । वह विषकन्या है । (२७) जो इस राजाके कठोर हाथोंसे छोड़ी गई शक्तिका प्रहार सहेगा उसे वह यह जितपद्मा देगा । क्या तुमने यह नहीं सुना ? (२८) यह सुनकर रोषयुक्त किन्तु मनमें विस्मित लक्ष्मणने फ़ौरन ही उस सुन्दर कन्याके लिए राजभवनमें प्रवेश किया । (२९) नीलकमलके समान अत्यन्त श्याम वर्णवाले तथा कान्तिके धामरूप उसे देखकर जितशत्रुने कहा कि इसके लिए जल्दी ही उत्तम आसन यहाँ लाओ । (३०) फिर राजाने पूछा कि

---

१. तस्सेयं जियपउमं—प्रत्य० ।

भणिओ य नरवईणं, कत्थ तुमं आगओ सि ? किं नामं ? । केणेव कारणेणं, भमसि महिं जेण एगागी ? ॥ ३१ ॥
भरहस्स अहं दूओ, पत्तो हं एत्थ कारणवसेणं । तुह दुहियमाणभङ्गं, करेमि गब्भं वहन्तीए ॥ ३२ ॥
जो मज्झ सत्तिपहरं, सहइ नरो गाढकरयलविमुक्कं । सो नवरि माणभङ्गं, कुणइ य नत्थेत्थ संदेहो ॥ ३३ ॥
भणइ तओ लच्छिहरो, एक्काए किं व मज्झ सत्तीए ? । मुञ्चसु पञ्च नराहिव !, सत्तीओ मा चिरावेहि ॥ ३४ ॥
वट्टइ जावुल्लाओ, ताव गवक्खन्तरेण जियपउमा । अह पुरिसवेसणी तं, मोत्तूण निएइ लच्छिहरं ॥ ३५ ॥
रइऊण अञ्जलिउडं, कुणइ पणामं पसन्नहियया सा । सन्नाएँ लक्खणो चिय, भणइ भयं मुञ्च पसयच्छि ! ॥३६॥
लच्छीहरेण भणिओ, किं पडिवालेसि अज्ज वि थिरत्तं ? । मुञ्चसु अरिदमण ! तुमं, मह सत्ती विउलवच्छयले ॥३७॥
एवभणिओ नरिन्दो, रुट्ठो आबन्धिऊण परिवेढं । जलियाणलसंकासं, उग्गिरइ तओ महासत्तिं ॥ ३८ ॥
रइऊण य वइसाहं, ठाणं सत्तुदमो मुयइ सत्तिं । दाहिणकरेण सो वि य, गेण्हइ सत्ती अयत्तेणं ॥ ३९ ॥
वामकरेण य बीयं, धरेइ कक्खन्तरेण दो अन्ना । सोहइ चउदन्तसमो, सरिसो एरावणो चेव ॥ ४० ॥
संकुद्धाभोगिसमा, संपत्ता पञ्चमा महासत्ती । दसणेण सा वि गेण्हइ, मासं पिव सीहसरभेणं ॥ ४१ ॥
तत्तो गयणयलत्था, देवा मुञ्चन्ति कुसुमवरवासं । जयसद्दं कुणमाणा, पहणन्ति य दुन्दुहीं अन्ने ॥ ४२ ॥
भणिओ य लक्खणेणं, अरिदमण ! पडिच्छ सत्तिपहरं मे । सुणिऊण वयणमेयं, भीओ राया सह जणेणं ॥ ४३ ॥
तत्तो सा जियपउमा, अवट्ठिया लक्खणस्स पासम्मि । सोहइ सुराहिवस्स व, देवी दिव्वेण रूवेणं ॥ ४४ ॥
सुहडाण जणवयस्स य, पुरओ सत्तुदमस्स कन्नाए । सुन्दररूवावयवो, सयंवरो लक्खणो गहिओ ॥ ४५ ॥
भणइ विणओणयङ्गो, सोमित्ती नरवई ! खमेज्जासु । जं किंचि वि दुच्चरियं, माम ! तुमं ववसियं अम्हे ॥ ४६ ॥
सत्तुदमणो वि एवं, तं खामेऊण महुरवयणेहिं । भणइ य वरकल्लाणं, कुणसु इहं मज्झ धूयाए ॥ ४७ ॥

---

तुम कहाँसे आये हो ? तुम्हारा क्या नाम है और किस कारण अकेले पृथ्वीपर घूमते हो ? (३१) इसपर लक्ष्मणने कहा कि मैं भरतका दूत हूँ और यहाँ कारणवश आया हूँ। गर्व धारण करनेवाली तुम्हारी पुत्रीका मैं मानभंग करूँगा। (३२) तब राजाने कहा कि जो मनुष्य मेरे मजबूत हाथोंसे छोड़ी गई शक्तिके प्रहारको सहेगा वही केवल मानभंग कर सकेगा, इसमें सन्देह नहीं है। (३३) इसपर लक्ष्मणने कहा कि हे राजन् ! एक शक्तिकी तो क्या बात, पाँच शक्ति मुझपर छोड़ो। देर मत करो। (३४) जब उनमें ऐसा वार्तालाप होरहा था तब पुरुषका द्वेष करनेवाली जितपद्मा गवाक्षमेंसे उसको ( द्वेषको ) छोड़कर लक्ष्मणको देखने लगी। (३५) प्रसन्नहृदया उसने हाथ जोड़कर प्रणाम किया। लक्ष्मणने भी संज्ञा द्वारा कहा कि हे विशालाक्षी ! भयका त्याग कर। (३६) लक्ष्मणने कहा कि, हे अरिदमन ! तुम अब भी प्रतीक्षा क्यों करते हो ? तुम मेरे विशाल वक्षस्थल पर शक्ति छोड़ो। (३७)

ऐसा कहने पर क्रुद्ध राजाने कमर कसकर जलती आग सरीखी महाशक्ति उगली। (३८) वैशाखस्थान (योद्धाका आसन-विशेष ) की रचना करके जितशत्रुने शक्ति छोड़ी और उसने भी दाहिने हाथसे अनायास ग्रहण कर ली। (३९) बाँये हाथसे दूसरी तथा बगलोंमें दो और धारण की। उस समय चतुर्दन्त ऐरावतकी भाँति वह शोभित हो रहा था। (४०) क्रुद्ध सर्पके समान पाँचवीं महाशक्ति आई। पंचानन सिंह जैसे दाँतसे माँस पकड़ता है उसी तरह उसने वह दाँतसे पकड़ ली। (४१) तब गगनतलमें रहे हुए देवोंने उत्तम पुष्पोंकी वर्षा की। जयध्वनि करनेवाले दूसरे देवोंने दुन्दुभि बजाई। (४२) लक्ष्मणने कहा कि, हे अरिदमन ! अब तुम मेरा शक्तिप्रहार ग्रहण करो। यह वचन सुनकर लोगोंके साथ राजा भयभीत हो गया। (४३) तब वह जितपद्मा लक्ष्मणके पास आकर खड़ी हुई। वह दिव्य रूपके कारण इन्द्रकी देवीकी भाँति शोभित हो रही थी। (४४) सुभटों, जनसमूह और शत्रुंदमके समक्ष कन्याने सुन्दर रूप एवं अवयववाले तथा अपनी इच्छासे वरण किये गये लक्ष्मणको अंगीकार किया। (४५) विनयसे झुके हुए शरीरवाले राजाने कहा कि, हे लक्ष्मण ! मैंने यदि कुछ भी तुम पर खराब आचरण किया हो तो तुम मुझे क्षमा करो। (४६) इस तरह मधुर वचनों द्वारा उससे क्षमा

भणइ तओ सोमित्ती, मह जेट्ठो चिट्ठई वरुज्जाणे । सो जाणइ परमत्थं, तं पुच्छसु नरवई गन्तुं ॥ ४८ ॥
आरुहिऊण रहवरं, जियपउमा लक्खणेण समसहिया । पउमस्स सन्नियासं, राया य गओ समन्तिजणो ॥ ४९ ॥
जियपउमाएँ समाणं, सोमित्ती रहवराउ ओयरिउं । नमिऊण रामदेवं, सीयासहियं चिय निविट्ठो ॥ ५० ॥
सत्तुदमणो वि राया, परियण-सामन्त-बन्धुजणसहिओ । पउमस्स चलणजुयलं, पणमिय तत्थेव उवविट्ठो ॥ ५१ ॥
तत्थऽच्छिउं खणेक्कं, परिपुच्छेऊण देहकुसलाई । पउमो सीयाएँ समं, पवेसिओ रइणा नयरं ॥ ५२ ॥
जणिओ य महाणन्दो, नरवइणा हट्ठ-तुट्ठमणसेणं । तूरसहस्ससमाहय-नच्चन्तजणेण अइरम्मो ॥ ५३ ॥
तत्थऽच्छिऊण कालं, केत्तियमेत्तं पि भोगदुल्लिया । काऊण संपहारं, गमणेक्कमणा वरकुमारा ॥ ५४ ॥
जियपउमा विरहाणल-भीया दट्ठूण भणइ सोमित्ती । आसासिउं पयट्टो, जह वणमाला तहा सा वि ॥ ५५ ॥
सीया-लक्खणसहिओ, पउमो नगराउ निग्गओ रत्तिं । दाऊण अद्धिइं सो, सव्वस्स वि नयरलोयस्स ॥ ५६ ॥

परभवसुकएणं ते महासत्तिमन्ता, जइ वि विहरमाणा जन्ति अन्नन्नदेसं ।
तह वि समणुहोन्ती सोक्ख-सम्माण-दाणं, जणियविमलकित्ती राम-सोमित्तिपुत्ता ॥ ५७ ॥

॥ इय पउमचरिए जियपउमावक्खाणं नाम अट्ठतीसइमं पव्वं समत्तं ॥

## ३९. देसभूसण-कुलभूसणवक्खाणं

अह ते बहुविहतरुवर-वल्लि-लयाकुसुमगन्धरिद्धिल्लं । वच्चन्ति दसरहसुया, लीलायन्ता महाअडविं ॥ १ ॥

माँगकर शत्रुदमनने कहा कि मेरी पुत्रीका विवाहोत्सव यहाँ करो । (४७) तब लक्ष्मणने कहा कि मेरे बड़े भाई सुन्दर उद्यानमें ठहरे हुए हैं । वह परमार्थ ( कर्तव्य-अकर्तव्यकी वास्तविकता ) जानते हैं । अतः हे राजन् ! उन्हें जाकर तुम पूछो । (४८)

रथ पर आरूढ़ होकर लक्ष्मणके साथ जितपद्मा तथा मंत्रियोंके साथ राजा भी रामके पास गया । (४९) जितपद्माके साथ लक्ष्मण रथमेंसे नीचे उतरा और सीता सहित रामको प्रणाम करके बैठा । (५०) परिजन, सामन्त एवं बन्धुजनोंसे युक्त शत्रुदमन भी रामके चरणयुगलमें प्रणाम करके वहीं बैठा । (५१) वहाँ एक क्षण ठहरकर और शरीरकी कुशल आदि पूछकर राजाने सीताके साथ रामको नगरमें प्रवेश कराया । (५२) हृष्ट और तुष्ट मनवाले राजाने हजारों वाद्योंके साथ वादन एवं नृत्य करते हुए लोगोंके कारण अत्यन्त सुन्दर ऐसा बड़ा भारी उत्सव मनाया । (५३) वहाँ कुछ समय ठहरकर भोगोंमें अनुत्सुक और एकाग्र चित्तवाले उन दोनों कुमारवरोंने गमनके लिए निश्चय किया । (५४) विरहाग्निसे भयभीत जितपद्माको देखकर लक्ष्मण आश्वासन देने लगा कि जैसी वनमाला है वैसी तुम भी हो । (५५) सब नगरजनोंको अधैर्य प्रदान करके सीता एवं लक्ष्मणके साथ राम रातके समय नगरमेंसे निकल पड़े । (५६)

परभवके पुण्यसे महाशक्तिशाली वे राम और लक्ष्मण विचरण करते हुए यद्यपि विभिन्न देशोंमें गये, तथापि विमल कीर्ति सम्पादन करनेवाले वे सुख, सम्मान एवं दानका अनुभव करते थे । (५७)

॥ पद्मचरितमें जितपद्माका आख्यान नामक अठतीसवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ३९. देशभूषण एवं कुलभूषणका आख्यान

देव द्वारा लाये गये पदार्थोंका उपभोग करनेवाले, शरीर एवं उपकरणोंके कारण जिनका गौरव किया गया है ऐसे, धनुषरत्न हाथमें धारण किये हुए, सिंहके समान निर्भय तथा धीर वे दशरथ पुत्र राम और लक्ष्मण अनेक प्रकारके वृक्ष,

१. महाविवाहः । २. दाऊणं अधिइं—प्रत्य० ।

देवोवणीयभोगा, सरीरउवगरणजणियमाहप्पा । धणुरयणगहियहत्था, सीहा इव निब्भया धीरा ॥ २ ॥
कत्थइ जलहरसामा, कत्थइ गिरिधाउविद्दुमावयवा । कत्थइ कुसुमभरेणं, धवलवलायच्छविं वहइ ॥ ३ ॥
एवं कमेण अडविं, वोलेऊणं च तत्थ संपत्ता । वंसइरिसन्नियासे, नयर वंसत्थलं नामं ॥ ४ ॥
ताव चिय नयरजणो, आगच्छइ अभिमुहो अइबहुत्तो । अन्नोन्नतुरियवेगो, दिट्ठो सहसा पलायन्तो ॥ ५ ॥
तो राघवेण एक्को, पुरिसो परिपुच्छिओ इमो लोगो । कस्स भएण पलायइ?, एयं साहेहि मे सिग्घं ॥ ६ ॥
सो भणइ अज्ज दिवसो, तइओ वट्टइ इमम्मि गिरिसिहरे । निसुणिज्जइ अइघोरो, सद्दो लोगस्स भयजणणो ॥ ७ ॥
जइ कोइ अज्ज रत्तिं, एहिइ अम्हं वहुज्जयमईओ । तस्स भएण पलायइ, एस जणो नरवइसमग्गो ॥ ८ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, जणयसुया भणइ राघवं एवं । अम्हे वि पलायामो, जत्थ इमो जाइ नयरजणो ॥ ९ ॥
भणिया य राघवेणं, सुन्दरि! किं सुपुरिसा पलायन्ति?। मरणन्तिए वि कज्जे, आवडिए अहिमुहा होन्ति ॥ १० ॥
एवं वारिज्जन्तो, पउमो सोमित्तिणा समं चलिओ । वंसइरिस्स अभिमुहो, जणयसुयं मग्गओ ठविउं ॥ ११ ॥
आरुहिऊण पवत्ता, विसमसिला-सिहर-निज्झराइण्णं । गयणयलमणुलिहन्तं, वंसगिरिं गहगणासन्नं[1] ॥ १२ ॥
हत्थावलम्बियकरा, कत्थइ विसमे भुयासु उक्खिविउं । कहकह वि पवयवरं, रामेणं विलइया सीया ॥ १३ ॥
ते तत्थ गिरिवरोवरि, नवरं पेच्छन्ति दोण्णि मुणिवसभे । लम्बियकरग्गजुयले, झाणोवगए विगयमोहे ॥ १४ ॥
जणयतणयाएँ सहिया, दोण्णि वि गन्तूण सबभावेणं । सीसकयञ्जलिमउला, अवट्ठिया ताण आसन्ने ॥ १५ ॥
ताव य पेच्छन्ति बहू, समन्तओ भमरकज्जलसवण्णे । नागे उत्तासणए, घोररवं चेव कुणमाणे ॥ १६ ॥
नाणावण्णेहि य विच्छिएहिं तह घोणसेहि घोरेहिं । परिवेढिया मुणी ते, पलोइया दसरहसुएहिं ॥ १७ ॥

---

वेलों और लताओंके पुष्पोंकी गन्धसे समृद्ध ऐसे एक महावनमेंसे लीला करते हुए जा रहे थे। (१-२) कहीं बादलके समान श्याम, कहीं पर्वतकी धातु एवं विद्रुमके अवयववाली और कहीं कुसुमसमूहसे सफेद बगुलोंकी-सी कान्ति वह धारण किये था। (३) ऐसे जंगलको क्रमशः पार करके वे वंशगिरिके समीप बसे हुए वंशस्थल नामके नगरमें आ पहुँचे। (४) उस समय एक-दूसरेसे जल्दी जल्दी गति करते हुए और सहसा भागते हुए नगरजन बहुत बड़ी संख्यामें सामने आ रहे थे। (५) तब रामने एक आदमीसे पूछा कि ये लोग किसके भयसे भाग रहे हैं, मुझे यह जल्दी कहो। (६) उसने कहा कि आज तीसरा दिन है कि इस पर्वतके शिखर परसे लोगोंके लिए भयजनक ऐसा एक अत्यन्त भयंकर शब्द सुनाई पड़ता है। (७) यदि आज रातके समय हमारे वधके लिए मनमें उद्यत ऐसा कोई आ जाय तो ? उसके भयके मारे राजाके साथ सब लोग भागे जा रहे हैं। (८) यह वचन सुनकर सीताने रामसे कहा कि जहाँ ये नगरजन जा रहे हैं वहाँ हम भी पलायन करें। (९) इसपर रामने कहा कि, हे सुन्दरी ! क्या सज्जन भागते हैं ? मृत्युजनक कार्य आ पड़ने पर भी वे सामने जाते हैं। (१०) इस प्रकार रोके जाते राम सीताको एक ओर रखकर लक्ष्मणके साथ वंशगिरिकी ओर चले। (११)

निर्मल शिलाओं शिखरों और झरनोंसे व्याप्त तथा ग्रहसमूहसे व्याप्त आकाशको चूमनेवाले वंशगिरीपर वे चढ़ने लगे। (१२) हाथसे हाथको सहारा दे कर और कहीं विषम स्थानों पर हाथोंमें उठाकर सीताको किसी तरह रामने पर्वतपर चढ़ाया। (१३) उन्होंने वहाँ गिरिवरके ऊपर दोनों हाथ लटकाये हुए, ध्यानमें लीन तथा मोहरहित दो मुनियोंको देखा। (१४) सीताके साथ वे दोनों जाकर और सर्वभावसे सिर पर हाथ जोड़कर उनके समीप बैठे। (१५) उस समय उन्होंने चारों ओर भ्रमर एवं काजलके समान वर्णवाले, उद्वेगजनक और भयंकर आवाज करते हुए बहुतसे हाथियोंको देखा। (१६) नाना वर्णके चारों ओर फैले हुए तथा भयंकर रूपसे चिंघाड़ते हुए उन्होंने मुनियोंको घेर लिया। दशरथके

---

१. गणाइण्णं—प्रत्य०।

धणुवग्गेहि विहडिउं, विञ्छिय नागे य सबओ दूरं । जाया लक्खणपउमा, पसन्नहियया तओ दो वि ॥ १८ ॥
पक्खालिऊण रामो, निज्झरसलिलेण साहुचलणजुए । लक्खणसमप्पिएहिं, अच्चेइ य वल्लिकुसुमेहिं ॥ १९ ॥
सत्तिसरिसं च एत्तो, कुणन्ति मुणिवन्दणं परमतुट्ठा । जणयतणयाऍ समयं, हलहर-नारायणा दो वि ॥ २० ॥
[1]वीणा मणोहरसरा, पउमो घेत्तूण वायई विहिणा । साहुगुणसंपउत्तं, गायइ गेयं च बहुभेयं ॥ २१ ॥
भावेण जणयतणया, मुणिपुरओ नच्चिउं समाढत्ता । लीला-विलास-अभिणय, दावेन्ती चलचलन्तोरू ॥ २२ ॥
ताव च्चिय अत्थाओ, महलन्तो अम्बरं दियसनाहो । उवसग्गस्स व भीओ, किरणबलेणं समं नट्ठो ॥ २३ ॥
सहसा समोत्थयं चिय, गयणयलं भूयसयसहस्सेसु । दाढासंघट्टुट्ठिय-हुयवहजालं मुयन्तेसु ॥ २४ ॥
मुञ्चन्ति सिर-कलेवर-जङ्घाई बहुविहाइं अङ्गाइं । घणविन्दुरुहिरवासं, वासन्ति य तडतडारावं ॥ २५ ॥
केई तिसूलहत्था, अन्ने असि-कणय-तोमरकरग्गा । मुक्कट्टहासभीसण-संखोभियदसदिसायक्का ॥ २६ ॥
गय-वग्घ-सीह-चित्तय-सिवामुहुज्जलियभीसणायारा । अह खोभिउं पवत्ता, भूया समणे समियपावे ॥ २७ ॥
आलोइऊण सीया, अणेयवेयाल-भूयसंघट्टं । नच्चणविहिं पमोत्तुं, भीया रामं समल्लीणा ॥ २८ ॥
भणिया य राघवेणं, चिट्ठसु भद्दे ! मुणीण पामूले । अहयं पुण उवसग्गं, लक्खणसहिओ पणासेमि ॥ २९ ॥
घेत्तूण धणुवराइं, दोहि वि अप्फालियाइं अइगाढं । सद्देण तेण सेलो, नज्जइ आकम्पिओ सयलो ॥ ३० ॥
अह सो जोइसवासी, देवो अणलप्पभो त्ति नामेणं । अवहिविसएण जाणइ, हलहर-नारायणा एए ॥ ३१ ॥
मायाविगुब्बियं तं, उवसग्गं मुणिवराण अवहरिउं । वच्चइ नियय्विमाणं, गयणं पि सुनिम्मलं जायं ॥ ३२ ॥

---

पुत्रोंने उन्हें देखा। (१७) उन्होंने धनुषको टंकारसे विह्वल करके तथा तितर-बितर करके उन हाथियोंको बहुत दूर भगा दिया। तब दोनों राम व लक्ष्मण मनमें प्रसन्न हुए। (१८)

झरनेके पानीसे साधुओंके चरणोंका प्रक्षालन करके लक्ष्मणके द्वारा दिये गये लता-पुष्पोंसे रामने पूजा की। (१९) सीताके साथ हलधर और नारायण ( राम और लक्ष्मण ) दोनोंने अत्यन्त तुष्ट हो यथाशक्ति मुनिको वन्दन किया। (२०) मनोहर स्वरवाली वीणा लेकर रामने विधिपूर्वक बजाई और साधुके गुणोंसे युक्त नानाविध गीत गाये। (२१) लीलापूर्वक और विलासके साथ अभिनय करती हुई तथा चपल जंघावाली सीता मुनिके आगे भावपूर्वक नाचने लगी। (२२) उसी समय आकाशको मलिन करता हुआ सूर्य अस्त हो गया। मानो उपसर्गसे डरकर किरण रूपी सेनाके साथ वह भाग गया। (२३)

उस समय दाँतोंके पोसनेसे उठी हुई अग्निकी ज्वालाको छोड़नेवाले लाखों भूतोंसे आकाश सहसा आच्छादित हो गया। (२४) वे सिर, शरीर और जाँघ आदि अनेक प्रकारके अवयव फेंकने लगे तथा बादलोंकी बूँदोंकी तरह तड़-तड़ आवाज करती हुई रुधिरकी वर्षा करने लगे। (२५) कई भूतोंके हाथमें त्रिशूल था, दूसरोंके हाथमें तलवार, कनक व तोमर थे। मुक्त अट्टहास्यके कारण भीषण लगने वाले उन्होंने दसों दिशाओंको संक्षोभित कर दिया। (२६) हाथी, बाघ, सिंह, चीते और सियारके मुखवाले तथा ऊँची ज्वालाओंसे युक्त भीषण आकृतिवाले वे भूत निष्पाप श्रमणोंको क्षुब्ध करने लगे। (२७) बहुतसे पिशाच और भूतोंके समूहको देखकर भयभीत सीता नाचना छोड़कर रामके पास आई। (२८) रामने कहा कि, हे भद्रे! तुम मुनियोंके चरणोंमें बैठो। लक्ष्मणके साथ मैं उपसर्गका नाश करता हूँ। (२९) दोनोंने धनुष लेकर खूब आस्फोटन किया। मालूम होता है, उस आवाजसे सारा पर्वत काँप गया। (३०) तब अनलप्रभ नामके उस ज्योतिष्क देवने अवधिज्ञानसे जाना कि ये हलधर और नारायण हैं। (३१) मुनियोंके ऊपर मायाके द्वारा किये गये उस उपसर्गका संवरण करके वह अपने विमानमें चला गया। आकाश भी अतिनिर्मल हो गया। (३२)

---

१. वीणं मणोहरसरं--प्रत्य० ।

जणिए य पाडिहेरे, हलहर-नारायणेहि साहूणं । कम्मस्स खयवसेणं, उप्पन्नं केवलन्नाणं ॥ ३३ ॥
तत्तो य चउनिकाया, समागया सुरगणा नरगणा य । थोऊण समणसीहे, जहाविहं चेव उवविट्ठा ॥ ३४ ॥
काऊण केवलीणं, पूया नमिऊण सव्वभावेणं । सीयाएँ दो वि पासे, उवविट्ठा राम-सोमित्ती ॥ ३५ ॥
तो सुरगणाण मज्झे, पउमो पुच्छइ महामुणो एत्तो । अज्ज निसामुवसग्गो, केण कओ मे अपुण्णेणं ? ॥ ३६ ॥
अह साहिउं पवत्तो, केवलनाणी परब्भवसमूहं । अत्थि च्चिय विक्खाया, नयरी वि हु पउमिणी नामं ॥ ३७ ॥
तं भुञ्जइ वरनयरिं, नराहिवो विजयपव्वओ नामं । सुरवहुसमाणरूवा, महिला वि य धारिणी तस्स ॥ ३८ ॥
तत्थेव वसइ दूओ, अमयसरो विविहसत्थमइकुसलो । उवओगा से घरिणी, तीए दो सुन्दरा पुत्ता ॥ ३९ ॥
उदिओ त्थ हवइ एक्को, बिइओ मुइओ त्ति नाम नामेणं । सो नरवईण दूओ, पवेसिओ दूयकज्जेणं ॥ ४० ॥
वसुभूईण समाणं, मित्तेणं कवडपीइपमुहेणं । वच्चइ परविसयं सो, अणुदियहं देहसोक्खेणं ॥ ४१ ॥
विप्पो वि य वसुभूई, आसत्तो तस्स महिलियाएँ समं । दूयं हन्तूण तओ, रयणीसु छलेण विणियत्तो ॥ ४२ ॥
साहेइ य वसुभूई, जणस्स विणियत्तिओ अहं तेणं । दूयघरिणीएँ समयं, कुणइ य सो दुट्ठमन्तणयं ॥ ४३ ॥
उवओगा भणइ तओ, एए हन्तूण दो वि पुत्ते हं । भुञ्जामि तुमे समयं, भोगं निक्कण्टयं सुइरं ॥ ४४ ॥
तं वम्भणीएँ सव्वं, रइए वसुभूइमहिलियाए उ । ईसालुणीएँ सिट्ठं, उइयस्स य जं जहावत्तं ॥ ४५ ॥
तो रोसवसगएणं, उदिएणं असिवरेण तिक्खेणं । सो मारिओ कुविप्पो, मेच्छो पल्लिम्मि उप्पन्नो ॥ ४६ ॥
अह अन्नया कयाई, चाउव्वण्णेण समणसङ्घेणं । महवद्धणो सुसाहू, समागओ पउमिणिं नयरिं ॥ ४७ ॥
आसि तया विक्खाया, अणुद्धरा नाम सयलगणपालो । धम्मज्झाणोवगया, वच्छल्लपभावणुज्जुत्ता ॥ ४८ ॥

---

राम एवं लक्ष्मणने साधुओंके प्रातिहार्य किये। कर्मके क्षयसे उन्हें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। (३३) तब चारों निकायोंके देवगण तथा मानवगण आये और श्रमणोंमें सिंह जैसे उनकी स्तुति करके यथायोग्य स्थान पर वे बैठ गये। (३४) केवलियोंकी पूजा करके और सर्वभावसे वन्दन करके राम व लक्ष्मण दोनों ही सीताके पास बैठे। (३५) तब रामने पूछा कि देवताओंके गणोंमेंसे किस अपुण्यशालीने आज रातके समय आप पर उपसर्ग किया था ? (३६) इसपर केवलज्ञानीने परभवोंके बारेमें कहना शुरू किया—

पद्मिनी नामकी एक प्रसिद्ध नगरी है। (३७) उस सुन्दर नगरीका विजयपर्वत नामका राजा उपभोग करता था। देवकन्याके जैसे रूपवाली धारिणी उसकी पत्नी थी। (३८) वहीं पर विविध शास्त्रोंमें अत्यन्त कुशल अमृतसर नामका एक दूत रहता था। उसकी गृहिणीका नाम उपयोगा था। उसके दो सुन्दर पुत्र थे। (३९) उनमेंसे एकका नाम उदित और दूसरेका नाम मुदित था। वह दूत राजाके द्वारा दौत्यकार्यके लिए बाहर भेजा गया। (४०) कपटी प्रेम करनेवाले तथा प्रतिदिन शरीरसुखमें आसक्त वसुभूति नामके मित्रके साथ वह दूसरे देशमें गया। (४१) वसुभूति ब्राह्मण उसकी स्त्रीमें आसक्त था, अतः रातमें छलसे दूतको मारकर वह वापस लौट आया। (४२) वसुभूतिने लोगोंसे कहा कि उसने मुझे लौटा दिया है। दूतपत्नी उपयोगाके साथ उसने दुष्ट मंत्रणा की। (४३) तब उपयोगाने कहा कि इन दो पुत्रोंको भी मार डालो, जिससे मैं निष्कण्टक हो चिरकाल पर्यन्त तुम्हारे साथ भोग भोग सकूँ। (४४) वसुभूतिकी ईर्ष्यालु ब्राह्मणपत्नीने जैसा हुआ था वैसा सब कुछ रातके समय उदित से कहा। (४५) तब रोषके वशीभूत उदितने तीक्ष्ण तलवारसे उस दुष्ट ब्राह्मणको मार डाला। मरकर वह म्लेच्छके रूपमें एक पल्लीमें उत्पन्न हुआ। (४६)

एक दिन चतुर्विध श्रमणसंघके साथ मतिवर्धन नामक साधु पद्मिनीनगरीमें आये। (४७) उस समय सारे गणका पालन करनेवाली, धर्मध्यानमें लीन, साधर्मिवात्सल्य एवं धर्मप्रभावनामें उद्युक्त अनुद्धरा प्रसिद्ध थी। (४८) श्रमणसंघके

---

१. पूयं--प्रत्य० । २. नियकज्जेणं--प्रत्य० ।

सो समणसङ्घसहिओ, साहू मइवद्धणो वरुज्जाणे । उवविट्ठो गणजेट्ठो, तसपाणविवज्जिउद्देसे ॥ ४९ ॥
उज्जाणवालएणं, सिट्ठं गन्तूण नरवरिन्दस्स । सामिय वसन्ततिलए, उज्जाणे आगया समणा ॥ ५० ॥
सोऊण वयणमेयं, नराहिवो विजयपव्वओ गन्तुं । मइवद्धणमाईए, पणमइ समणे समियपावे ॥ ५१ ॥
नमिऊण मुणिवरिन्दं, जंपइ भोगेसु मज्झ अहिलासो । भयवं! साहवचरियं, असमत्थो धारिउं अहयं ॥ ५२ ॥
भणइ मुणी मुणियत्थो, नरवइ! जा एस भोगतण्हा ते । भवसयसहस्सजणणी, संसारनिबन्धणकरी य ॥ ५३ ॥
गयकण्णतालसरिसं, विज्जुलयाचञ्चलं हवइ जीयं । सुमिणसमा होन्ति इमे, बन्धुसिणेहा य भोगा य ॥ ५४ ॥
खणभङ्गुरे सरीरे, का एत्थ रई सभावदुग्गन्धे । नरयसरिच्छे घोरे, दुगुञ्छिए किमिकुलावासे ॥ ५५ ॥
वस-कलल-सेम्भ-सोणिय-मुत्तासुइकद्दमे मलसभावे । वसिऊण गब्भवासे, पुणरवि तं चेव अहिलससि ॥ ५६ ॥
एवंविहम्मि देहे, जे पुरिसा विसयरागमणुरत्ता । ते दुहसहस्सपउरे, घोरे हिण्डन्ति संसारे ॥ ५७ ॥
एवं चिय मणहत्थिं, वच्चन्तं विसयसंकडपहेसु । वेरग्गबलसमग्गो, धरेहि नाणङ्कुसेण तुमं ॥ ५८ ॥
पणमसु जिणं नराहिव, भत्तिं काऊण वज्जिय कुदिट्ठी[1] । संसारसलिलनाहं, जेण अविग्घेण उत्तरसि ॥ ५९ ॥
मोहारिमहासेन्नं, हन्तूणं संजमासिणा सिग्घं । अज्झासिय सिद्धिपुरं, करेह रज्जं भयविमुक्कं ॥ ६० ॥
जं एव मुणिवरेणं, भणिओ च्चिय विजयपव्वओ राया । संवेगसमावन्नो, मुणिस्स पासम्मि निक्खन्तो ॥ ६१ ॥
ते वि तहिं जिणविहियं, नाणं सोऊण भायरो दो वि । वेरग्गजणियकरुणा, समणत्तं जाव पडिवन्ना ॥ ६२ ॥
सम्मेयपव्वयं ते, वन्दणहेउम्मि तत्थ वच्चन्ता । मग्गाओ पब्भट्ठा, इसिण्डपल्लिं समणुपत्ता ॥ ६३ ॥
जो वि य सो वसुभूई, मेच्छो ते साहवे तहिं दट्ठुं । सविऊण समाढत्तो, कक्कस-फरुसेहि वयणेहिं ॥ ६४ ॥

साथ समुदायमें ज्येष्ठ वह मतिवर्धन साधु सुन्दर उद्यानमें त्रस एवं दूसरे प्राणियोंसे रहित स्थानमें ठहरे। (४९) उद्यान पालकने जाकर राजासे कहा कि, हे स्वामी ! वसन्ततिलक उद्यानमें श्रमण पधारे हैं। (५०) ऐसा कथन सुनकर विजयपर्वत राजाने जाकर मतिवर्धन आदि निष्पाप साधुओंको वन्दन किया। (५१) मुनिवरको नमन करके उसने कहा कि, हे भगवन् ! भोगोंमें मुझे अभिलाषा है, अतः साधुका चारित्र ग्रहण करनेमें मैं असमर्थ हूँ। (५२) इसपर गीतार्थ मुनिने कहा कि—

हे राजन् ! तुम्हारी यह जो भोगतृष्णा है वह लाखों भवोंकी जननी और संसारका बन्धन करनेवाली है। (५३) हाथीके कान, तालपत्र ( अथवा गजकर्ण नामक द्वीपमें होनेवाले तालपत्र ) तथा बिजलीके समान जीवन चंचल होता है। बन्धुजनोंके ये स्नेह और भोग स्वप्न सरीखे होते हैं। (५४) क्षणभंगुर, स्वभावसे ही दुर्गन्धमय, नरकके समान भयंकर, जुगुप्सा-जनक और कृमियोंके आवासरूप इस शरीरमें आसक्ति कैसी ? (५५) चरबी, कलल, श्लेष्म, रक्त एवं मूत्र रूप अशुचि पदार्थोंके कीचड़वाले और स्वभावसे ही मलरूप ऐसे गर्भवासमें निवास करके पुनः उसीकी अभिलाषा तुम करते हो। (५६) ऐसे शरीरमें जो पुरुष विषयरागसे अनुरक्त होते हैं वे हजारों दुःखोंसे भरे हुए घोर संसारमें परिभ्रमण करते हैं। (५७) इस प्रकार विषयरूपी संकटाकीर्ण पथमें जाते हुए मनरूपी हाथीको वैराग्य बलसे युक्त हो ज्ञानरूपी अंकुशसे तुम क़ाबूमें रखो। (५८) हे राजन् ! कुदृष्टिका परित्याग करके भक्तिपूर्वक जिनेश्वरको वन्दन करो, जिससे संसाररूपी सागरको तुम निर्विघ्न पार कर सकोगे। (५९) मोहरूपी शत्रुके महासैन्यको संयमकी तलवारसे शीघ्र ही मारकर और सिद्धिरूपी नगरमें अधिष्ठित हो भयसे विनिर्मुक्त राज्य करो। (६०)

मुनिवरके द्वारा इस तरह कहे गये विजयपर्वत राजाने वैराग्य धारण करके उसी मुनिके पास दीक्षा ली। (६१) वहाँ जिन भगवान् द्वारा उपदिष्ट ज्ञानको सुनकर उन दोनों भाइयोंको वैराग्य-जनित करुणा हो आई। उन्होंने भी श्रमणत्व अंगीकार किया। (६२) सम्मेतपर्वतके ऊपर वन्दनके लिए जाते हुए वे मार्ग भूल गये और अनार्योंके एक गाँवमें जा पहुँचे। (६३) वहाँ जो वसुभूति म्लेच्छ था वह उन साधुओंको देखकर कर्कश एवं कठोर वचनोंसे गालियाँ देने लगा। (६४)

१. कुदिट्ठि—प्रत्य० ।

तं पेच्छिऊण मेच्छं, जीवसमाणं मुणीहि सायारं । गहियं पच्चक्खाणं, पडिमाजोगो य पडिवन्नो ॥ ६५ ॥
संपत्तो य सयासं, मेच्छो हन्तुं समुज्जओ पावो । सेणावईण दिट्ठो, निवारिओ विहिनिओगेणं ॥ ६६ ॥
पउमो मुणिं पवुत्तो, एवं मेच्छेण हम्ममाणा ते । सेणावईण दोण्णि वि, निवारिया केण कज्जेणं ? ॥ ६७ ॥
केवलनाणेण मुणी, परभवचरियं कहेइ विदियत्थो । जक्खट्ठाणनिवासी, सहोयरा करिसया दो वि ॥ ६८ ॥
वाहेण गहियसन्तं, सउणं आहारकारणट्ठाए । ते करिसया दयालू, मोलं दाऊण मोएन्ति ॥ ६९ ॥
कालं काऊण तओ, सउणो मेच्छाहिवो समुप्पन्नो । ते करिसया य दोण्णि वि, जाया उदिओ य मुदिओ य ॥ ७० ॥
सउणो मारिज्जन्तो, जम्हा परिरक्खिओ करिसएहिं । सेणावईण तम्हा, मुणी वि परिरक्खिया तइया ॥ ७१ ॥
जं जेण नियय़कम्मं, समज्जियं परभवम्मि जीवेणं । तं तेण पावियव्वं, संसारे परिभमन्तेणं ॥ ७२ ॥
एवं उवसग्गाओ, विणिग्गया साहवो तओ गन्तुं । सम्मेयपवओवरि, कुणन्ति जिणवन्दणं पयओ ॥ ७३ ॥
आराहिऊण विहिणा, चिरकालं नाण-दंसण-चरित्तं । आउक्खयम्मि साहू, उववन्ना देवलोगम्मि ॥ ७४ ॥
वसुभूई वि बहुत्तं, कालं भमिऊण नरय-तिरिएसु । पत्तो सुमाणुसत्तं, जडाधरो तावसो जाओ ॥ ७५ ॥
काऊण य बालतवं, जोइसवासी सुरो समुप्पन्नो । नामेण अग्गिकेऊ, मिच्छत्तमई महापावो ॥ ७६ ॥
भरहम्मि अरिट्ठपुरे, पियंवओ नाम नरवई वसइ । तस्स दुवे भज्जाओ, पउमाभा कञ्चणाभा य ॥ ७७ ॥
ते सुरलोगाउ चुया, पउमाभाए सुया समुप्पन्ना । रयणरह-विचित्तरहा, देवकुमारोवमसिरीया ॥ ७८ ॥
चविउं जोइसियसुरो, कणयाभानन्दणो समुप्पन्नो । बहुगुणनिहाणभूओ, अणुद्धरो नाम विक्खाओ ॥ ७९ ॥
रज्जं सुयाण दाउं, पियंवओ छद्दिणाणि जिणभवणे । संलेहणाएँ कालं, काऊण सुरालयं पत्तो ॥ ८० ॥

जीवनको समाप्त करनेवाले उस म्लेच्छको देखकर मुनियोंने सागार ( अपवादयुक्त ) प्रत्याख्यान ग्रहण किया और प्रतिमायोग ( कायोत्सर्ग अथवा जैनशास्त्रोक्त नियम-विशेष ) धारण किया। (६५) मारनेके लिए उद्यत वह पापी म्लेच्छ समीप आ पहुँचा। दैवयोगसे सेनापतिने उसे देखा और रोका। (६६)

रामने मुनिसे पूछा कि म्लेच्छ द्वारा मारे जाते उन दो मुनियोंकी सेनापतिने किस लिए रक्षा की ? (६७) केवलज्ञानसे रहस्यको जाननेवाले मुनिने परभवका चरित कहा कि यक्षस्थानके निवासी वे दोनों किसान भाई थे। (६८) आहारके लिए शिकारी द्वारा पकड़े गये पक्षीको उन दयालु किसानोंने मूल्य देकर छुड़ाया। (६९) उसके बाद मर करके वह पक्षी म्लेच्छराजाके रूपमें उत्पन्न हुआ और वे दोनों किसान उदित और मुदित हुए। (७०) मारे जाते पक्षीको चूँकि किसानोंने बचाया था, अतः सेनापतिने उस समय मुनियोंकी रक्षा की। (७१) परभवमें जिस जीवने जो कर्म अपने लिए उपार्जित किया होता है वह संसारमें परिभ्रमण करते हुए उसको प्राप्त होता ही है। (७२)

इस प्रकार उपसर्गसे युक्त साधुओंने उस सम्मेत-शिखरके ऊपर जाकर जिनेन्द्रोंको भावपूर्वक वंदन किया। (७३) चिरकाल पर्यन्त ज्ञान, दर्शन एवं चारित्रकी विधिवत् आराधना करके आयुका क्षय होनेपर वे साधु देवलोकमें उत्पन्न हुए। (७४) वसुभूतिने भी बहुत काल तक नरक एवं तिर्यंच गतियोंमें परिभ्रमण करके अच्छा मनुष्यजन्म प्राप्त किया और जटाधारी तापस हुआ। (७५) बालतप ( अज्ञानपूर्वक तप ) करके वह अग्निकेतुके नामसे मिथ्यात्वी और महापापी ज्योतिष्क देवके रूपमें उत्पन्न हुआ है। (७६) भरतक्षेत्रमें आये हुए अरिष्टपुरमें प्रियंवद नामका राजा रहता था। उसकी पद्माभा और कनकाभा नामकी दो भार्याएँ थीं। (७७) वे देवलोकसे च्युत होकर पद्माभाके रत्नरथ और चित्ररथ नामके देवकुमारोंके समान कान्तिवाले पुत्रोंके रूपमें उत्पन्न हुए। (७८) ज्योतिष्क देव भी च्युत होकर कनकाभाके बहुतसे गुणोंके निधानभूत ऐसे पुत्रके रूपमें पैदा हुआ और अनुद्धरके नामसे विख्यात हुआ। (७९) प्रियंवदने पुत्रोंको राज्य देकर और छः दिनतक जिन मन्दिरमें संलेखना करके मरनेपर देवलोक प्राप्त किया। (८०) वहीं पर लक्ष्मीके समान सुन्दर शरीरवाली श्रीप्रभा नामकी

१. तहिं गन्तुं—प्रत्य०।

तत्थेव रायधूया, सिरिप्पभा नाम सिरिसमाणङ्गी । तं मग्गन्ति कुमारा, रयणरहा-ऽणुद्धरा दो वि ॥ ८१ ॥
रयणरहेण तओ सा, लद्धा सोऊण ऽणुद्धरो रुट्ठो । विसयं तस्स समत्थं, बलेण सहिओ विणासेइ ॥ ८२ ॥
तत्तो रयणरहेणं, गहिउं सो चित्तरहसमं तेणं । काऊण पञ्चदण्डं, निच्छूढो नियदेसाओ ॥ ८३ ॥
खलियारण-अवमाणण-परभवजणिएण वइरदोसेण । दीहजडामउडधरो, वक्कलिणो तावसो जाओ ॥ ८४ ॥
ते तत्थ दो वि नियया, सहोयरा गेण्हिऊण पवज्जं । कालगया सुरलोए, देवा जाया महिड्ढीया ॥ ८५ ॥
ते भोत्तूण सुरसुहं, चइया सिद्धत्थनयरसामिस्स । खेमंकरस्स पुत्ता, जाया विमलाएँ गब्भम्मि ॥ ८६ ॥
सुन्दररूवावयवो, पढमो च्चिय देसभूसणो नामं । कुलभूसणो त्ति बीओ, गुणेहि जो भूसिओ निच्चं ॥ ८७ ॥
सायरघोसस्स तओ, पासे सिक्खन्ति सव्वविज्जाओ । नरवइसमप्पिया ते, सहोयरा ते उ कयविणया ॥ ८८ ॥
ते गुरुगिहे वसन्ता, न चेव जाणन्ति परियणं सयणं । देहुवगरणं सव्वं, ताण तहिं चेव सन्निहियं ॥ ८९ ॥
चिरकालस्स कयाई, घेत्तूण उवज्झओ कुमारवरे । खेमंकरस्स पासे, गओ य संपूइओ तेणं ॥ ९० ॥
वायायणभवणत्थं, कन्नं दट्ठूण दो वि रायसुया । हियएण अहिलसन्ता, अणिमिसनयणा पलोयन्ति ॥ ९१ ॥
अम्हे किर महिलत्थे, चिन्तासमणन्तरं गया कन्ना । ताएण समाणीया, सा एसा नत्थि संदेहो ॥ ९२ ॥
ताव य वन्दीण तहिं, घुट्ठं खेमंकरो जयउ राया । विमलादेवीएँ समं, जस्सेए सुन्दरा पुत्ता ॥ ९३ ॥
वायायणम्मि लीणा, सुचिरं कमलुस्सवा वि वरकन्ना । जयउ इमा गुणनिलया, जीसे एक्कोयरा सूरा ॥ ९४ ॥
तं सुणिऊण कुमारा, सद्दं वन्दिस्स सोयरा बहिणी । जणन्ति जओ दोण्णि वि, संवेगपरायणा जाया ॥ ९५ ॥
धिद्धी अहो ! अकज्जं, सव्वं मोहस्स विलसियं एयं । जं सोयरा वि बहिणी, अहिलसिया मयणमूढेणं ॥ ९६ ॥
परिचिन्तिऊण एयं, दोण्णि वि संजायतिव्वसंवेगा । सोगाउरं च जणणिं, पियरं मोत्तूण पवइया ॥ ९७ ॥

---

एक राजकन्या थी। रत्नरथ और अनुद्धर दोनोंने उसकी मँगनी की। (८१) बादमें, रत्नरथने वह प्राप्त की है ऐसा सुनकर रुष्ट अनुद्धर सेनाके साथ उसका प्रदेश उजाड़ने लगा। (८२) तब चित्ररथके साथ उस रत्नरथने उसे पकड़ लिया और पंचदण्ड करके अपने देशमेंसे उसे निष्कासित किया। (८३) तिरस्कार, अपमान और परभवजनित वैर एवं द्वेषसे वह बड़ी-बड़ी जटाओंका मुकुट धारण करनेवाला वल्कली तापस हुआ। (८४) वे दोनों नियमधारी भाई प्रव्रज्या ग्रहण करके मरनेपर देवलोकमें बड़ी भारी ऋद्धिवाले देव हुए। (८५) वे देवोंके सुखका उपभोग करके वहाँसे च्युत होनेपर सिद्धार्थनगरके राजा क्षेमंकरकी पत्नी विमलाके गर्भसे पुत्रके रूपमें उत्पन्न हुए। (८६) देशभूषण नामका पहला पुत्र सुन्दर रूप और अवयववाला था, जबकि कुलभूषण नामका दूसरा पुत्र गुणोंसे नित्य भूषित था। (८७)

राजाके द्वारा समर्पित वे दोनों विनयी भाई सागरघोषके पास सब विद्याएँ सीखने लगे। (८८) गुरुके गृहमें रहते हुए वे अपने कुटुम्ब-परिवार तथा घरके बारेमें कुछ भी नहीं जानते थे। शरीरके सब उपकरण उन्हें वहीं पहुँचाये जाते थे। (८९) चिरकालके बाद उपाध्याय उन कुमारोंको लेकर क्षेमंकरके पास गया और उसने उसकी पूजाकी। (९०) भवनके वातायनमें बैठी हुई कन्याको देखकर दोनों ही राजकुमार हृदयसे अभिलाषा करते हुए उसे अपलक नेत्रोंसे देखने लगे। (९१) सोचते ही हमारी पत्नीके लिए पिता इस कन्याको लाये हैं, इसमें सन्देह नहीं। (९२) उसी समय बन्दिजनोंने उद्घोषणा की कि जिनके ये सुन्दर पुत्र हैं उन क्षेमंकर राजाकी विमलादेवीके साथ जय हो। (९३) वातायनमें चिरकालसे स्थित तथा कमलाके समान कान्तिवाली उत्तम कन्या, जिसके ये दोनों गुणोंके आवासरूप तथा शूरवीर सहोदर भाई हैं, उसकी जय हो। (९४) बन्दिजनोंका यह शब्द सुनकर कुमारोंने जाना कि यह तो हमारी सगी बहन है। इस पर वे दोनों संवेगपरायण हुए। (९५) इस अपकृत्यके लिए धिक्कार है। यह सब मोहका विलास है कि कामसे मोहित हमने सहोदरा बहनकी अभिलाषा की—ऐसा सोचकर उन दोनोंको तीव्र वैराग्य प्राप्त हुआ। शोकातुर माता-पिताको छोड़कर वे प्रव्रजित हुए। (९६-७) क्षेमंकर राजा भी पुत्रोंके वियोगके कारण आरम्भका परित्याग करके संयम, तप और नियमोंमें

खेमंकरो वि राया, पुत्तविओगेण वज्जियारम्भो । संजम-तव-नियमरओ, मरिउं गरुडाहिवो जाओ ॥ ९८ ॥
आसणकम्पेण तओ, उवसग्गं सुमरिऊण पुत्ताणं । एत्थाऽऽगओ महप्पा, हवइ महालोयणो एसो ॥ ९९ ॥
जो वि य अणुद्धरो सो, सङ्घं घेत्तूण कोमुई[1] नयरिं । पत्तो सुसङ्घसहिओ, जत्थ य राया सुहाधारो ॥ १०० ॥
कन्ता से हवइ रई, बीया अवरुद्धिया मयणवेगा । मुणिवरदत्तसयासे, सम्मत्तपरायणा जाया ॥ १०१ ॥
अह अन्नया नरिन्दो, पुरओ मयणाएँ भणइ विम्हइओ । घोरं तवोविहाणं, कुणन्ति इह तावसा एए ॥ १०२ ॥
तो भणइ मयणवेगा, इमाण मूढाण को तवो सामि! । सम्मत्तनाण-दंसण-चरित्तरहियाण दुट्ठाणं ? ॥ १०३ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, रुट्ठो च्चिय नरवई इमं भणिओ । अचिरेण इमे पेच्छसु, पडिया एए चरित्ताओ ॥ १०४ ॥
एव भणिऊण तो सा, सगिहं संपत्थिया निसासमए । धूया य नागदत्ता, तावसनिलयं विसज्जेइ ॥ १०५ ॥
गन्तूण य सा कन्ना, तावसगुरवस्स जोगजुत्तस्स । दावेऊण पवत्ता, देहं वरकुङ्कुमविलित्तं ॥ १०६ ॥
अद्धुग्घाडा थणया, गयकुम्भाभं च नाहिपरिवेढं । विउलं नियम्बफलयं, कयलीथम्भोवमे ऊरू ॥ १०७ ॥
तं दट्ठूण वरतणू[2], खुभिओ च्चिय तावसो समुल्लवइ । बाले! कस्स वि दुहिया? इहागया केण कज्जेण? ॥ १०८ ॥
तो भणइ बालिया सा, सरणागयवच्छला! निसामेहि । अहयं दोसेण विणा, गिहाउ अम्माएँ निच्छूढा ॥ १०९ ॥
कासायपाउयङ्गी, अहमवि गेण्हामि तुज्झ नेवच्छं । अणुमोएहि महाजस!, सरणागयवच्छलो होहि ॥ ११० ॥
जं एव बालियाए, भणिओ च्चिय तावसो समुल्लवइ । को हं सरणस्स पिए! नवरं पुण तुम महं सरणं ॥ १११ ॥
एव भणिऊण तो सो, मणेण चिन्तेइ उज्जुया एसा । उवगूहिउं पवत्तो, भुयासु मयणग्गितवियङ्गो ॥ ११२ ॥
मा मा न वट्टइ इमं, कम्मं विहिवज्जिया अहं कन्ना । गन्तूण मज्झ जणणी[3], मग्गसु को अम्ह अहिगारो? ॥ ११३ ॥

---

निरत हुआ। मर करके वह गरुड़ाधिपति हुआ। (९८) आसनके डोलनेसे पुत्रोंका उपसर्ग याद करके वह महात्मा यहाँ आया है यह अत्यन्त दर्शनीय है। (९९)

जो वह संघसे युक्त अनुद्धर था वह भी संघ लेकर जहाँ शुभाधार राजा था उस कौमुदी नगरीमें आ पहुँचा। (१००) उसकी एक पत्नी रति और दूसरी पत्नी मदनवेगा थी। दत्त नामक मुनिवरके पास वे सम्यकत्व परायण हुईं। (१०१) एक दिन विस्मित राजाने मदनाके आगे कहा कि यहाँ पर ये तापस घोर तप करते हैं। (१०२) तब मदनवेगाने कहा कि, हे स्वामी! सम्यक् ज्ञान-दर्शन-चारित्रसे हीन इन मूढ़ और दुष्टोंका तप कैसा? (१०३) ऐसा वचन सुनकर रुष्ट हुए राजाको उसने कहा कि आप शीघ्र ही इन्हें चारित्रसे भ्रष्ट देखोगे। (१०४) ऐसा कहकर वह अपने भवनमें गई और रातके समय नागदत्ता नामकी अपनी लड़कीको तापसोंके निवासस्थानमें भेजा। (१०५) जा करके वह कन्या योगयुक्त तापसगुरुओंको उत्तम कुंकुमसे लिप्त देह दिखाने लगी। (१०६) उसके स्तन आधे खुले हुए थे, नाभिका घेरा हाथीके गण्डस्थलके सदृश था, नितम्बप्रदेश विशाल था और जाँघें कदलीस्तम्भ जैसी थीं। (१०७) उस सुन्दर शरीरवालीको देखकर क्षुब्ध तापस पूछने लगा कि, हे बाले! तू किसकी लड़की है और किसलिए यहाँ आई है? (१०८) इसपर उस बालिकाने कहा कि, हे शरणगतवत्सल! आप सुनें। बिना दोषके माताने मुझे निकाल दिया है। (१०९) काषाय वस्त्रोंसे अंग ढकनेवाली मैं आपके वस्त्र ग्रहण करना चाहती हूँ। हे महाशय! आप अनुमति दें। आप शरणमें आये हुए पर वात्सल्य दिखलावें। (११०) बालाके ऐसा कहनेपर तापसने कहा कि, हे प्रिये! मैं शरण देनेवाला कौन? केवल तुम ही मेरे लिए शरणरूप हो। (१११) ऐसा कहकर उसने मनमें सोचा कि यह सरल है। मदनाग्निसे तपे हुए शरीरवाला वह भुजाओंसे उसे आलिंगन देनेके लिए प्रवृत्त हुआ। (११२) नहीं, नहीं; ऐसा कर्म करना योग्य नहीं है। मैं कन्या विधि द्वारा वर्जित हूँ। मेरा अधिकार क्या है? जा करके मेरी मातासे मँगनी करो। (११३) ऐसा कहनेपर वह लड़कीके साथ राजाके भवनमें गया। पैरोंमें

---

१. कोमुइं--प्रत्य०। २. वरतणुं--प्रत्य०। ३. जणणिं--प्रत्य०।

एव भणिओ पयट्टो, समयं बालाएँ पत्थिओ भवणं । विन्नवइ पायवडिओ, विलासिणी! देहि मे कन्नं ॥ ११४ ॥
ताव च्चिय पढमयरं, कयसंदेसेण नरवरिन्देणं । वेसाएँ पायवडिओ, दिट्ठो सो तावसो धिट्ठो ॥ ११५ ॥
खररज्जुवेसु बद्धा, खलियारं पाविओ पहायम्मि । पुहइ भमन्तो य मओ, किलेसजोणीसु उप्पन्नो ॥ ११६ ॥
कम्मपरिनिज्जराए, कह वि य मणुयत्तणम्मि आयाओ । धण-बन्धु-सयणरहिओ, जणओ वि गओ परविएसं ॥ ११७ ॥
जाए कुमारभावे, हरिया जणणी वि तस्स मेच्छेहिं । अइदुक्खिओ समाणो, तावसधम्मं समल्लीणो ॥ ११८ ॥
अइकट्ठं बालतवं, विहिणा काऊण आउगे झीणे । जाओ जोइसवासी, देवो अणलप्पहो नाम ॥ ११९ ॥
भयवं अणन्तविरिओ, सिस्सेणं पुच्छिओ विबुहमज्झे । मुणिसुव्वयस्स तित्थे, होही को केवली अन्नो? ॥ १२० ॥
भणइ तओऽणन्तबलो, मह निव्वाणं गयस्स होहन्ति । समणा समाहियमणा, दो वि जणा केवली एत्थ ॥ १२१ ॥
निग्गन्थसमणसीहो, पढमो च्चिय देसभूसणो नामं । कुलभूसणोऽत्थ बीओ, केवलनाणी जगुत्तारो ॥ १२२ ॥
अणलप्पभो वि सुणिउं, केवलिमुहकमलनिग्गयं वयणं । हियएण अणुसरन्तो, नियय्ट्ठाणं समल्लीणो ॥ १२३ ॥
अह अन्नयाऽवहीणं, अम्हे नाऊण एत्थ कयजोगा । जंपइ करेमि मिच्छा, अणन्तविरियस्स वयणं तं ॥ १२४ ॥
अहिमाणेण तुरन्तो, इहागओ पुव्ववेरदढरोसो । काऊण य उवसग्गं, अइघोरं पत्थिओ सघरं ॥ १२५ ॥
नारायणसहिएणं, राघव! जं ते कयं तु वच्छलं । कम्मक्खएण अम्हं, केवलनाणं समुप्पन्नं ॥ १२६ ॥
सुणिऊण एवमाई, वेरनिमित्तं तु परभवदुहट्टं । परिहरह वेरकज्जं, धम्मेक्कमणा सया होह ॥ १२७ ॥
एवं ते सुरमणुया, सुणिऊणं देसभूसणुल्लावे । भीया भवदुक्खाणं, सम्मत्तपरायणा जाया ॥ १२८ ॥

---

गिरकर वह बिनती करने लगा कि, हे विलासिनी ! मुझे कन्या दो । (११४) उस समय पहलेसे किये हुए संकेतके अनुसार राजाने वेश्याके चरणमें गिरे हुए उस धृष्ट तापसको देखा । (११५) मजबूत रस्सीसे बाँधा हुआ वह प्रभातमें तिरस्कृत किया गया । पृथ्वीपर घूमता वह मर गया और दुःखजनक योनियोंमें उत्पन्न हुआ । (११६) कर्मकी निर्जरा होनेपर किसी तरहसे मनुष्यजन्ममें आया । धन, बन्धु एवं स्वजनसे रहित उसका पिता भी परदेश चला गया । (११७) जब वह कुमार भावमें आया तब उसकी माताका म्लेच्छोंने अपहरण कर लिया । अतिदुःखित होनेपर उसने तापसधर्म अंगीकार किया । (११८) अत्यन्त कठोर अज्ञान-तप करके आयुके क्षीण होनेपर वह अनलप्रभ नामका ज्योतिष्क देव हुआ । (११९)

देवोंके बीच शिष्यने अनन्तवीर्यसे पूछा कि, हे भगवन्! मुनिसुव्रतस्वामीके तीर्थमें दूसरा कौन केवली होगा ? (१२०) तब अनन्तवीर्यने कहा कि मेरे निर्वाणमें जानेके बाद समाहितमनवाले दो श्रमण यहाँ केवली होंगे । (१२१) पहला निर्ग्रन्थ श्रमणोंमें सिंहके समान देशभूषण नामका केवलज्ञानी और दूसरा संसारको तारनेवाला कुलभूषण नामका केवलज्ञानी होगा । (१२२) अनलप्रभ भी अपना वृत्तान्त जानकर केवलीके मुखकमलसे निकली हुई वाणीको हृदयसे याद करता हुआ अपने स्थानपर गया । (१२३)

एक बार अवधिज्ञानसे जानकर कि हमने यहाँ योग किया है, उसने कहा कि मैं अनन्तवीर्यके उस कथनको मिथ्या करूँ । (१२४) पूर्वके वैरसे अत्यन्त रोषयुक्त वह अभिमानके साथ यहाँ आया । अतिभयंकर उपसर्ग करके वह अपने घरकी ओर चला गया । (१२५) हे राघव ! नारायण ( लक्ष्मण ) के साथ तुमने जो वात्सल्य दिखलाया है उससे कर्मक्षय होनेपर हमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ है । (१२६)

इस तरह परभवमें दुर्निवार ऐसे वैरके बारेमें सुनकर वैरका परित्याग करो और धर्ममें ही सदा लीन रहो । (१२७) देशभूषण मुनिका ऐसा उपदेश सुनकर देव और मनुष्य भव-दुःखसे भयभीत हो सम्यक्त्वपरायण हुए । (१२८) तब गरुड़ा-

ताव य गरुडाहिवई, नमिऊणं केवली भणइ रामं । निसुणेहि मज्झ वयणं, सिणेहदिट्ठी पसारेउं ॥ १२९ ॥
जेणं तु पाडिहेरं, मज्झ सुयाणं कयं सुमणसेणं । जं मग्गसि हियइट्ठं, तं ते वत्थुं पणामेमि ॥ १३० ॥
परिचिन्तिऊण रामो, भणइ सुरं जइ तुमं पसन्नो सि । तो आवईहि अम्हे, नियमेणं संभरिज्जासु ॥ १३१ ॥
अह ते चउप्पयारा, देवा नमिऊण केवली पयया । नियया[1]णियपरिकिण्णा, जहागया पडिगया सव्वे ॥ १३२ ॥

जे देसभूसणकुलस्स विभूसणाणं, एयं सुणन्ति चरियं सुविसुद्धभावा ।
ते उत्तमा जणियधम्मधुरा समत्था, बुद्धीफलं च विमलं अणुहोन्ति भव्वा ॥ १३३ ॥

॥ इय पउमचरिए देसभूसण-कुलभूसणवक्खाणं नाम एगूणचत्तालं पव्वं समत्तं ॥

## ४०. रामगिरिउवक्खाणं

सुणिऊण पउमणाभो, मुणिवरवसभाण कुणइ जयसद्दं । एत्तो य समुदएणं, सो वि य पणओ नरिन्देहिं ॥ १ ॥
वंसत्थलपुरसामी, सुरप्पभो नरवई भणइ रामं । अम्ह पसाओ कीरउ, पविससु नयरं मणभिरामं ॥ २ ॥
सुट्ठु वि पत्थिज्जन्तो, न पविट्ठो राघवो उ तं नयरं । सबनरिन्देहि समं, तत्थेव ठिओ जहिच्छाए ॥ ३ ॥
नाणाविहतरुछन्ने, नाणाविहपक्खिकलरवुग्गीए । वरकुसुमगन्धपवणे, निज्झरपवहन्तविमलजले ॥ ४ ॥
दप्पणयलसमसरिसा, तक्खणमेत्तेण सज्जिया भूमी । रङ्गावली विरइया, दसद्धवण्णेण चुण्णेणं ॥ ५ ॥
सुरहिसुगन्धेण पुणो, समच्चिया बहुविहेहि कुसुमेहिं । सहसा वि समुस्सविए, धय-घण्टा-तोरणे रइए ॥ ६ ॥

---

धिपतिने केवलीको वन्दन करके रामसे कहा कि स्नेहदृष्टि फैलाकर आप मेरा वचन सुनें। (१२९) तुमने चूँकि सुन्दर मनके साथ मेरे पुत्रोंका प्रातिहार्य किया है, अतः मनमें जो प्रिय हो वह यदि तुम माँगोगे तो मैं वह वस्तु तुम्हें अर्पित करूँगा। (१३०) रामने सोचकर देवसे कहा कि यदि तुम प्रसन्न हो तो हमारी आपत्तियोंमें तुम नियमतः स्मरणीय बनो। (१३१) इसके बाद अपनी अपनी सेनासे घिरे हुए चारों प्रकारके सब देव केवलीको प्रणाम करके चले गये और अपने अपने स्थानमें लौट आये। (१३२) जो विशुद्ध भावसे देशभूषण तथा कुलभूषणका यह चरित सुनते हैं वे उत्तम, धर्मरूपी धुरा धारण करनेवाले तथा समर्थ भव्य जन ज्ञानके विमल फलका अनुभव करते हैं। (१३३)

॥ पद्मचरितमें देशभूषण तथा कुलभूषणका आख्यान नामक उनचालीसवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ४०. रामगिरि-उपाख्यान

मुनिवरोंसे धर्मोपदेश सुनकर रामने उनकी जयध्वनि की। उधर राजाओं द्वारा वे भी हर्षपूर्वक प्रणाम किये गये। (१) वंशस्थलपुरके स्वामी राजा सुरप्रभने रामसे कहा कि मुझपर आप अनुग्रह करें और मनोहर नगरमें प्रवेश करें। (२) अतिशय प्रार्थना करनेपर भी रामने उस नगरमें प्रवेश नहीं किया और सब राजाओंके साथ वहीं इच्छानुसार ठहरे। (३) नानाविध वृक्षोंसे आच्छादित, नाना प्रकारके पक्षियोंके कलरवसे संगीतमय, पुष्पोंकी सुन्दर गन्ध और पवनवाले तथा झरनोंमें बहते हुए निर्मल जलसे युक्त उस स्थानपर तत्काल ही दर्पणके समान भूमि सम एवं स्वच्छ करके सजाई गई और पाँचों वर्णके चूर्णसे ऐपन रचे गये। (४-५) सुगन्धित गन्ध तथा बहुविध पुष्पोंसे अर्चित उस भूप्रदेशमें सहसा उन्नत ध्वजाएँ, घण्टे एवं तोरण रचे गये। (६) राजाकी आज्ञासे लोग वहीं आभरण, भूषण, शयनासन एवं विविध

---

१. सोक्खं—मु०।

आहरण-भूसणाइं, सयणा-ऽऽसण-विविहभोयणाइं च । तत्थेव आणियाइं, नरवइआणाएँ पुरिसेहिं ॥ ७ ॥
तत्तो मज्जियजिमिया, समयं सीयाएँ राम-सोमित्ती । तत्थऽच्छिउं पवत्ता, बहुजणपरिवारिया निच्चं ॥ ८ ॥
तत्थेव वंससेले, पऊमाणत्तेण नरवरिन्देणं । जिणवरभवणाइं तओ, निवेसियाइं पभूयाइं ॥ ९ ॥
कइलाससिहरिसरिसाइं, ताइं धुवन्तधयवडायाइं । वीणा-वंस-मणोहरपडुपडहरवोवगीयाइं ॥ १० ॥
सोभन्ति जिणिन्दाणं, पडिमाओ तेसु पवरभवणेसु । सवङ्गसुन्दराओ, नाणावण्णुज्जलसिरीओ ॥ ११ ॥
अह अन्नया कयाई, भणिओ रामेण तत्थ सोमित्ती । मोत्तूण इमं ठाणं, अन्नं देसं पगच्छामो ॥ १२ ॥
निसुणिज्जइ कण्णरवा, महाणई तीएँ अत्थि परएणं । मणुयाण दुग्गमं चिय, तरुवहलं दण्डयारण्णं ॥ १३ ॥
तत्थ समुद्दासन्ने, काऊणं आलयं परिवसामो । भणिओ य लक्खणेणं, जहाऽऽणवेसि त्ति एवेयं ॥ १४ ॥
आउच्छिऊण रामो, सुरप्पहं निग्गओ गिरिवराओ । समयं चिय सीयाए, पुरओ काऊण सोमित्ती ॥ १५ ॥

रामेण जम्हा भवणोत्तमाणि, जिणिन्दचन्दाण निवेसियाणि ।
तत्थेव तुङ्गे विमलप्पभाणि, तम्हा जणे रामगिरी पसिद्धो ॥ १६ ॥

॥ इय पउमचरिए रामगिरिउवक्खाणं नाम चत्तालं पव्वं समत्तं ॥

## ४१. जडागीपक्खिउवक्खाणं

अह ते अइक्कमेउं, गामा-ऽऽगर-नगरमण्डिए देसे । पत्ता दण्डारण्णे, घणगिरि-तरुसंकडपवेसे ॥ १ ॥
पेच्छन्ति तत्थ सरिया[1], कण्णरवा विमलसलिलपडिपुण्णा । फल-कुसुमसमिद्धेहिं, संछन्ना पायवगणेहिं ॥ २ ॥

प्रकारके भोजन लाये । (७) सीताके साथ राम एवं लक्ष्मण स्नान-भोजन करके अनेक लोगोंसे युक्त हो वहीं नित्य रहने लगे । (८) तब उसी वंशपर्वतके ऊपर रामकी आज्ञासे राजाने बहुतसे जिनमन्दिर बनवाये । (९) वे कैलास पर्वतके समान ऊँचे थे, उनपर ध्वज एवं पाताकाएँ डोल रही थीं तथा सुन्दर वीणा बंसी एवं ढोलके निपुण स्वरोंसे वे संगीतमय रहा करते थे । (१०) उन सुन्दर भवनोंमें जिनेन्द्रोंकी सर्वांगसुन्दर तथा नाना वर्णोंके कारण उज्ज्वल कान्तिवाली प्रतिमाएँ शोभित हो रही थीं । (११)

एक दिन वहाँ रामने लक्ष्मणसे कहा कि इस स्थानका परित्याग करके दूसरे देशमें हम जायँ । (१२) कर्णरवा नामकी एक महानदी सुनी जाती है । उससे परे मनुष्योंके लिए दुर्गम तथा वृक्षोंसे सघन ऐसा दण्डकारण्य वन आया है । (१३) वहाँ समुद्रके पास निवासस्थान करके हम रहें । लक्ष्मणने कहा कि जैसा आप फ़रमाते हैं वैसा ही हो । (१४) सुरप्रभको पूछकर सीताके साथ तथा लक्ष्मणको आगे करके राम पर्वतमेंसे निकले । (१५) चूँकि रामने उस ऊँचे पर्वत पर जिनेन्द्रोंके निर्मल कान्तिवाले उत्तम भवन स्थापित किये थे, इसलिए लोगोंमें वह रामगिरिके नामसे प्रसिद्ध हुआ । (१६)

॥ पद्मचरितमें रामगिरि उपाख्यान नाम चालीसवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ४१. जटायु उपाख्यान

गाँव, आकर एवं नगरोंसे शोभित देशको लाँघकर पर्वतपर उगे हुए सघन वृक्षोंके कारण जिसमें प्रवेश पाना दुष्कर था ऐसे दण्डकारण्यमें वे आ पहुँचे । (१) वहाँ उन्होंने निर्मल पानीसे भरी हुई तथा फल एवं कुसुमोंसे समृद्ध वृक्षोंसे ढकी हुई कर्णरवा नदी देखी । (२) उस निर्मल जलवाली नदीमें स्नान करके उन्होंने वृक्षोंके नाना विध स्वादवाले

१. सरियं कण्णरवं० पडिपुण्णं० संछन्नं—प्रत्य० ।

तत्थ उ विमलजलाए, नईए काऊण मज्जणविहाणं । भुञ्जन्ति तरुफलाइं, नाणाविहसाउकलियाइं ॥ ३ ॥
विविहं भण्डुवगरणं, वंस-पलासेसु कुणइ सोमित्ती । धन्नं च रण्णजायं, आणेइ फलाणि य बहूणि ॥ ४ ॥
अह अन्नया कयाई, साहू मज्झण्हदेसयालम्मि । तवसिरिगवत्थियङ्गा, अवइण्णा गयणमग्गाओ ॥ ५ ॥
दट्ठूण मुणिवरे ते, सोया साहेइ राघवस्स तओ । जंपइ इमे महाजस !, पेच्छसु समणे समियपावे ॥ ६ ॥
ते पेच्छिऊण रामो, समयं सीयाए सव्वभावेणं । पणमइ पहट्ठमणसो, तिक्खुत्तपयाहिणावत्तं ॥ ७ ॥
अह ताण देइ सीया, परमन्नं साहवाण भावेणं । आरण्णजाइयाणं, गावीणं खीरनिप्फन्नं ॥ ८ ॥
नारङ्ग-फणस-इङ्गुय-कयली-खज्जूर-नालिएरेसु । उवसाहियं च दिन्नं, सीयाए फासुयं दाणं ॥ ९ ॥
अह तत्थ तक्खणं चिय, पारणसमयम्मि गयणमग्गाओ । पडिया य रयणवुट्ठी, गन्धोदय-कुसुमपरिमीसा ॥ १० ॥
घुट्ठं च अहो दाणं, दुन्दुहिसद्दो य गरुयगम्भीरो । वित्थरइ गयणमग्गे, पूरेन्तो दिसीवहे सबे ॥ ११ ॥
ताव य तत्थारण्णे, गिद्धो दट्ठूण साहवे सहसा । तं चाइसयं परमं, ताहे जाईसरो जाओ ॥ १२ ॥
चिन्तेऊण पवत्तो, हा ! कट्ठं माणुसत्तणम्मि मया । परिगिण्हिऊण मुक्को, धम्मो अन्नोवएसेणं ॥ १३ ॥
परिचिन्तिऊण एवं, संसारुच्छेयकारणनिमित्तं । पक्खी हरिसवसगओ, ताणं चलणोदए लुलिओ ॥ १४ ॥
सो तस्स पभावेणं, जाओ चिय रयणरासिसरिसाभो । निवत्तपारणाणं, साहूणं पडइ पाएसु ॥ १५ ॥
वेरुलियसरिसनिद्दसे, उवविट्ठा साहवो सिलावट्टे । परिपुच्छइ पउमाभो, भयवं ! को एरिसो पक्खी ? ॥ १६ ॥
पढमं चिय आसि इमो, दुबण्णो असुइओ दुगन्धो य । कह तक्खणेण जाओ, जलन्तमणिरयणसच्छाओ ? ॥ १७ ॥
अह भासिउं पवत्तो, सुगुत्तिनामो मुणी मुणियभावो । एसो आसि परभवे, राया वि हु दण्डगो नाम ॥ १८ ॥

---

फल खाये । (३) लक्ष्मणने बाँस और पत्तोंसे विविध पात्र और उपकरण बनाये तथा जंगलमें उत्पन्न धान्य एवं बहुत-से फल वह लाया । (४)

एक दिन मध्याह्नके समय तपकी शोभासे आच्छादित साधु आकाशमार्गसे नीचे उतरे । (५) उन मुनिवरोंको देखकर सीताने रामसे कहा कि, हे महायश ! उपशान्त पापवाले इन मुनियोंको आप देखें । (६) उन्हें देखकर सीताके साथ रामने मनमें आनन्दित हो तीन प्रदक्षिणा देकर श्रद्धापूर्वक वन्दन किया । (७) इसके पश्चात् सीताने उन साधुओंको अरण्य में उत्पन्न गायोंके दूधसे बनाया गया उत्तम अन्न भावपूर्वक दिया । (८) नारंगी, कटहर, इंगुदी वृक्षके फल, केले, खजूर, नारियलसे तैयार किया गया प्रासुक दान सीताने दिया । (९) पारनेके समय तत्काल ही आकाशमें से सुगन्धित जल तथा पुष्पोंसे युक्त रत्नोंकी वृष्टि वहाँ हुई । (१०) 'अहोदान !' ऐसी घोषणा हुई और गुरु एवं गम्भीर दुन्दुभिनाद सब दिशाओंको भरता हुआ आकाशमार्गमें फैल गया । (११)

उस समय उस अरण्यमें रहे हुए एक गीधने उन मुनियोंको देखा । तब उसे परम अतिशययुक्त जातिस्मरण ज्ञान हुआ । (१२) वह सोचने लगा कि अफसोस है कि मनुष्य जन्ममें मैंने धर्म अंगीकार करके दूसरेके उपदेशसे उसे छोड़ दिया । (१३) इस तरहसे सोचकर हर्षमें आया हुआ वह पक्षी उनके चरणोदकमें लोट पड़ा । (१४) उसके प्रभावसे रत्नकी राशि सरीखी शोभावाला वह पारना किये हुए साधुओंके चरणोंमें गिरा । (१५) वैडूर्यमणिके जैसी कान्तिवाले शिलापट पर बैठे हुए साधुओंसे रामने पूछा कि, हे भगवन् ! ऐसा पक्षी कौन है ? (१६) पहले यह खराब वर्णवाला, अशुचि और दुर्गन्धयुक्त था । प्रकाशित मणि एवं रत्नोंकी-सी सुन्दर कान्तिवाला यह एकदम कैसे हो गया ? (१७)

इस पर वस्तुस्थितिके जाननेवाले सुगुप्ति नामक मुनिने कहा कि यह परभवमें दण्डक नामका राजा था । (१८) इस प्रदेशके मध्यभागमें कर्णकुण्डल नामका एक नगर था । दण्डक नामका राजा सेनाके सहित उसका उपभोग करता

---

१. तिगुत्तिनामो—मु० ।

विसयस्स मज्झयारे, आसि इहं कण्णकुण्डलं नयरं । तं भुञ्जइ बलसहिओ, नामेणं दण्डगो राया ॥ १९ ॥
तस्स गुण-सीलकलिया, नामेणं मक्खरी महादेवी । जिणधम्मभावियमई, साहूणं वन्दणुज्जुत्ता ॥ २० ॥
नयराउ निग्गएणं, नरवइणा अन्नया मुणिवरिन्दो । दिट्ठो पलम्बियभुवो, झाणत्थो वइरथम्भसमो ॥ २१ ॥
घेत्तूण किण्हसप्पं, कालगयं नरवई विसालिद्धं । निक्खिवइ कण्ठभागे, झाणोवगयस्स समणस्स ॥ २२ ॥
जाव य इमो भुयङ्गो, न फेडिओ मज्झ केणइ नरेणं । ताव य न साहरेमी, जोगं अह साहुणा मुणियं ॥ २३ ॥
गमिऊण तओ रत्तिं, पुणरवि मग्गेण तेण सो राया । अह निग्गओ पुराओ, पेच्छइ य तहट्ठियं समणं ॥ २४ ॥
फेडेइ य तं सप्पं, विम्हियहियओ नराहिवो एत्तो । जंपइ य अहो ! खन्ती, एरिसिया होइ समणाणं ॥ २५ ॥
चलणवडिओ नरिन्दो, तं खामेऊण नियय्यनयरत्थो । तत्तो पभूयभत्तिं, कुणइ अईवं मुणिवराणं ॥ २६ ॥
तत्थेव परिव्वाओ, दट्ठूणं नरवइं समणभत्तं । चिन्तेइ पावहियओ, एयाण वहं करावेमि ॥ २७ ॥
चइऊण नियय्यजीयं, परदुक्खुप्पायणे कयमईओ । निग्गन्थरूवधारी, जाओ चिय विडपरिव्वाओ ॥ २८ ॥
अन्तेउरं पविट्ठो, समयं देवीएँ कयसमुल्लावो । दिट्ठो य नरवईणं, भणिओ य इमो अचारित्तो ॥ २९ ॥
तस्सावराहजणिए, आणत्ता किंकरा नरिन्देणं । पीलेह सव्वसमणे, जन्तेसु य मा चिरावेह ॥ ३० ॥
जमदूयसच्छहेहिं, पुरिसेहिं सामियस्स वयणेणं । जन्तेहि सव्वसमणा, उच्छू इव पीलिया सिग्घं ॥ ३१ ॥
एक्को तत्थ मुणिवरो, गन्तूणं बाहिरं पडिनियत्तो । पत्तो य नियय्यठाणं, वारिज्जन्तो वि लोएणं ॥ ३२ ॥
सो तत्थ पेच्छइ मुणी, जन्तापीलियतणू विवण्णे य । सहसा रोसमुवगओ, हुंकारसमं मुयइ अग्गिं ॥ ३३ ॥
नयरं जण-धणपुण्णं, देसो उज्जाण-गिरिवरसमग्गो । समणेण तक्खणं चिय, सव्वो कोवग्गिणा दड्ढो ॥ ३४ ॥
जेण पुरा आसि इहं, देसे नामेण दण्डगो राया । तेणं चिय पुहइयले, अह भण्णइ दण्डगारण्णं ॥ ३५ ॥

---

था। (१९) उसकी गुण एवं शीलसे युक्त, जिनधर्मसे वासित अन्तःकरणवाली तथा साधुओंको वन्दन करनेमें उद्यत ऐसी मस्करी नामकी पटरानी थी। (२०) नगरमेंसे निकले हुए राजाने एकदिन हाथ नीचे लटकाये हुए, ध्यानस्थ तथा वज्रके स्तम्भके समान एक मुनिवरको देखा। (२१) मरे हुए तथा विषसे सने हुए एक काले सर्पको उठाकर राजाने ध्यानस्थित मुनिके गलेमें डाल दिया। (२२) जब तक कोई मनुष्य मुझ परसे यह सर्प नहीं हटाता, तबतक मैं योग नहीं समेटूँगा—ऐसा उस मुनिने निश्चय किया। (२३) रात बिताकर पुनः उसी मार्गसे वह राजा नगरमेंसे बाहर निकला और उसी प्रकार मुनिको स्थित देखा। (२४) तब विस्मित हृदयवाले राजाने उस सर्पको दूर किया और कहने लगा कि अहो ! श्रमणोंकी क्षमावृत्ति ऐसी होती है ! (२५) चरणोंमें गिरे हुए उस राजाने उस मुनिकी क्षमा याचना की। इसके पश्चात् अपने नगरमें रहा हुआ वह राजा मुनिवरोंकी विशेष और प्रचुर भक्ति करने लगा। (२६)

वहाँ रहे हुए मनमें पापी एक परिव्राजकने राजाको श्रमणोंका भक्त देखकर सोचा कि इन श्रमणोंका वध कराऊँ। (२७) अपने परिव्राजक-जीवनका परित्याग करके दूसरोंको दुःख देनेमें कृतनिश्चय वह भंडुआ परिव्राजक निर्ग्रन्थरूपधारी हुआ। (२८) अन्तःपुरमें प्रविष्ट होकर रानीके साथ बातचीत करते हुए उसे देखकर राजाने कहा यह चारित्रहीन है। (२९) उसके अपराधसे उत्पन्न रोषवश राजाने नौकरोंको आज्ञा दी कि सब श्रमणोंको यंत्रोंमें पेर दो। देर मत करो। (३०) स्वामीकी आज्ञासे यमके दूत सरीखे पुरुषोंने सब श्रमणोंको ईखकी भाँति यंत्रोंमें शीघ्र ही पेर दिया। (३१) एक मुनिवर बाहर गये थे। वह वहाँ वापस आये। लोगोंके द्वारा मना करने पर भी वह अपने स्थान पर पहुँचे। (३२) वहाँ उन्होंने यंत्रोंमें पेरे गये शरीरवाले तथा विवर्ण मुनियोंको देखा। एकदम रोषमें आये हुए उन्होंने हुंकारके साथ आग छोड़ी। (३३) जन और धनसे पूर्ण नगर तथा उद्यानों और गिरिवरोंसे व्याप्त सारा देश श्रमणने क्रोधाग्नि द्वारा जला डाला। (३४) प्राचीन कालमें इस देशमें दण्डक नामका राजा था, अतः पृथ्वीतल पर यह दण्डकारण्य कहा जाने लगा। (३५) समय बीतने पर इसमें बहुतसे पेड़ तथा हाथी, सूअर, सिंह आदि अनेक-

काले समइक्कन्ते, अइवहवे पायवा समुप्पन्ना । सत्ता य अणेगविहा, गय-सूयर-सीहमाईया ॥ ३६ ॥
सो दण्डगोऽतिपावो, संसारे हिण्डिऊण चिरकालं । गिद्धो य समुप्पन्नो, एसो रण्णे घिइं कुणइ ॥ ३७ ॥
भणिओ य साहवेणं, पक्खी ! मा कुणसु पावयं कम्मं । मा पुणरवि संसारे, हिण्डिहिसि अणन्तयं कालं ॥ ३८ ॥
तस्स परिबोहणत्थं, सुगुत्तिनामो कहेइ मुणिवसभो । निययं सुहमसुहफलं, जं दिट्ठं जं च अणुभूयं ॥ ३९ ॥
वाणारसीऍ राया, अयलो नामेण आसि विक्खाओ । भज्जा से होइ सिरी, सिरि ब रूवेण पच्चक्खा ॥ ४० ॥
साहू सुगुत्तिनामो, पारणवेलाऍ आगओ तीए । पडिलाभिओवविट्ठो, पुत्तत्थं पुच्छिओ भणइ ॥ ४१ ॥
सिट्ठं च मुणिवरेणं, दो पुत्ता गब्भसंभवा तुज्झं । होहिन्ति निच्छएणं, भद्दे ! अइसुन्दरायारा ॥ ४२ ॥
अह ते कमेण जाया, दोण्णि वि पुत्ता सिरीऍ देवीए । सबजणनयणकन्ता, ससि-सूरसमप्पभसिरीया ॥ ४३ ॥
जम्हा सुगुत्तिमुणिणा, आइट्ठा दो वि ते समुप्पन्ना । तम्हा सुगुत्तिनामा, कया य पियरेण तुट्ठेणं ॥ ४४ ॥
तावऽन्नो संबन्धो, जाओ गन्धावईऍ नयरीए । रायपुरोहियतणया, सोमस्स दुवे कुमारवरा ॥ ४५ ॥
पढमो होइ सुकेऊ, बीओ पुण अग्गिकेउनामो य । एवं चेव सुकेऊ, कयदारपरिग्गहो जाओ ॥ ४६ ॥
अह अन्नया सुकेऊ, सुहकम्मुदएण जायसंवेगो । पवइओ खायजसो, अणन्तविरियस्स पासम्मि ॥ ४७ ॥
इयरो वि अग्गिकेऊ, भाउविओगम्मि दुक्खिओ सन्तो । वाणारसिं च गन्तुं, अणुवत्तइ तावसं धम्मं ॥ ४८ ॥
सुणिऊण भायरं सो, तावसधम्मुज्जयं सिणेहेणं । चलिओ तत्थ सुकेऊ, तस्स य परिबोहणट्ठाए ॥ ४९ ॥
दट्ठूण गमणसज्जं, भणइ सुकेउं गुरू सुणसु एत्तो । सो तावसो विवायं, करिही समयं तुमे दुट्ठो ॥ ५० ॥
अह जण्हवीऍ तीरे, कन्ना महिलासु तीसु समसहिया । दिवसस्स एगजामे, एही चित्तंसुयनियत्था ॥ ५१ ॥
चिन्धेसु एवमाई, नाऊणं तं तुमे भणेज्जासु । जइ अत्थि किंपि नाणं, जाणसु कन्नाऍ सुह-दुक्खं ॥ ५२ ॥

---

विध प्राणी पैदा हुए । (३६) वह अतिपापी दण्डक चिरकाल पर्यन्त संसारमें गमन करके इस गीधके रूपमें पैदा हुआ और अरण्यमें अवस्थान किया । (३७) साधुने कहा कि, हे पक्षी ! पाप कर्म मत कर, अन्यथा संसारमें और भी अनन्त काल तक भ्रमण करना पड़ेगा । (३८) उसके प्रतिबोधके लिए सुगुप्ति नामक मुनिवृषभने जो देखा था और जिसका अनुभव किया था ऐसा अपना शुभ और अशुभ फल कहा । (३९)

वाराणसीमें अचल नामका विख्यात राजा था । उसकी रूपमें साक्षात् लक्ष्मी जैसी श्री नामकी पत्नी थी । (४०) पारनेके समय सुगुप्ति नामके मुनि आये । उसने प्रतिलाभित और बैठे हुए उन्हें पुत्रके बारेमें पूछा । (४१) मुनिवरने कहा कि, हे भद्रे ! तेरे गर्भसे निश्चय ही अत्यन्त सुन्दर आचारवाले दो पुत्र होंगे । (४२) इसके अनन्तर अनुक्रमसे श्रीदेवीको सब लोगोंकी आँखोंको आनन्द देनेवाले तथा चन्द्र एवं सूर्यके समान कान्ति और शोभावाले दो पुत्र हुए । (४३) सुगुप्ति मुनिके कहनेके अनुसार वे पैदा हुए थे, अतः हर्षान्वित पिताने उनका नाम सुगुप्ति रखा । (४४) उसी समय गन्धावती नगरीमें एक दूसरी घटना घटी । राजपुरोहित सोमको दो कुमार थे । (४५) उनमें पहला सुकेतु और दूसरा अग्निकेतु नामका था । सुकेतुने विवाह किया । (४६) एक दिन शुभकर्मके उदयसे सुकेतुको वैराग्य उत्पन्न हुआ । विख्यात यशवाले उसने अनन्तवीर्यके पास दीक्षा अंगीकार की । (४७) दूसरा अग्निकेतु भी भाईके वियोगसे दुःखित हो वाराणसी गया और तापस धर्मका पालन करने लगा । (४८) तापस धर्ममें प्रवृत्त भाईके बारेमें सुनकर सुकेतु उसे प्रतिबोधित करनेके लिए स्नेहवश वहाँ गया । (४९) गमनके लिए सुकेतुको तैयार देखकर गुरुने कहा कि सुनो, वह दुष्ट तापस तुम्हारे साथ विवाद करेगा । (५०) उस समय गंगाके किनारे, दिवसका एक याम रहनेपर, तीन समवयस्क सखियोंके साथ विचित्र वस्त्र पहने हुई एक कन्या आयगी । (५१) ऐसे चिह्नोंसे पहचानकर तुम उसे कहना कि यदि तुम्हें तनिक भी ज्ञान है तो कन्याके सुख-दुःखका परिज्ञान करो । (५२) वह अज्ञानी तापस उसे नहीं जाननेसे शरमिन्दा हो

सो तं अजाणमाणो, अन्नाणी तावसो विलक्खो सो । होही परब्भवो से, कन्नाऍ तुमं कहेज्जासु ॥ ५३ ॥
अथेत्थ वणियगोत्ते, पवरो नामेण बहुधणाइण्णो । तस्सेसा अङ्गरुहा, भण्णइ रुइर त्ति विक्खाया ॥ ५४ ॥
एत्तो य तइयदियहे, करिही कालं इमा सकम्मेहिं । होही कुबरगामे, मेसी य विसालनामस्स ॥ ५५ ॥
सा मारिया वि तेणं, महिसी होऊण पुण मया सन्ती । होही विसालधूया, पवरस्स उ नियममामस्स ॥ ५६ ॥
भणिऊण वयणमेयं, पणमिय गुरुवं गओ अह सुकेऊ । पत्तो तावसनिलयं, तेहि समं कुणइ वायत्थं ॥ ५७ ॥
जं गुरुणा उवइट्ठं, तं सबं तावसाण परिकहियं । सुणिऊण अग्गिकेऊ, तं संबन्धं च पडिबुद्धो ॥ ५८ ॥
तत्तो विसालधूया, लद्धा पवरेण नामउ विधूया । एत्तो विवाहसमए, सो भणिओ अग्गिकेऊणं ॥ ५९ ॥
मा परिणसु पवर! तुमं, एसा ते आसि परभवे धूया । अन्ने वि तीऍ जम्मा, विसालपुरओ समक्खाया ॥ ६० ॥
सरिऊण पुबजाइं, सा कन्ना तिबजायसंवेगा । नेच्छइ य विवाहविहिं, नवरं चिय महइ पबज्जं ॥ ६१ ॥
पवरस्स विसालस्स य, ववहारो तीऍ कारणे जाओ । अम्हं पिओ सभाए, दोण्ह वि उल्लावसंलावो ॥ ६२ ॥
सा कन्ना पबइया, अम्हे वि य तं सुणेवि वित्तन्तं । जाया निग्गन्थमुणी, पासम्मि अणन्तविरियस्स ॥ ६३ ॥
एवं मोहवसेणं, जीवाणं होन्ति कुच्छियायारा । जणणी सुया य बहिणी, जायइ महिला विहिवसेणं ॥ ६४ ॥
सुणिऊण तं जडागी, अहिययरं भवसमूहदुक्खाणं । भीओ करेइ सद्दं, कलुणं चिय धम्मगहणट्ठे ॥ ६५ ॥
तं भणइ सुगुत्तमुणी, भद्द! तुमं मा करेहि परपीडं । अलियं अबम्भचेरं, जावज्जीवं विवज्जेहि ॥ ६६ ॥
राईभोयणविरई, करेहि मंसस्स वज्जणं चेव । उववासविहिं च पुणो, भावेहि जहाणुसत्तीए ॥ ६७ ॥
वारेऊण कसाए, निच्चं जिण-मुणिनमंसणुज्जुत्तो । होहि परलोगकङ्खी, जेण भवोहं समुत्तरसि ॥ ६८ ॥
जं मुणिवरेण भणियं, तं सबं गेण्हिऊण भावेणं । पक्खी हरिसवसगओ, सावयधम्मुज्जओ जाओ ॥ ६९ ॥

---

जायगा और इस प्रकार पराजित होगा। फिर तुम उस कन्याके बारेमें कहना कि यहाँ पर अत्यन्त सम्पन्न प्रवर नामका एक वणिक् है। उसकी यह रुचिरा नामकी प्रसिद्ध पुत्री कही जाती है। (५३-५४) आजसे तीसरे दिन अपने कर्मोंके कारण यह मर जायगी और कुब्बर गाँवमें विशालकी बकरी होगी। उसके द्वारा मारे जाने पर भैंस होकर मरने पर वह विशालकी लड़कीके रूपमें उत्पन्न होगी और फिर अपने मामा प्रवरको वह दी जायगी। वह सुकेतु गुरुको प्रणाम करके चल दिया और तापस-आश्रममें पहुँचा। वहाँ उनके साथ शास्त्रार्थ करने लगा। (५५-५७) गुरुने जो कुछ कहा था वह सब उसने तापसोंसे कहा। उस वृत्तान्तको सुनकर अग्निकेतु प्रतिबोधित हुआ। (५८) तब विशालकी धूता नामकी पुत्री प्रवरने प्राप्त की। विवाहके समय अग्निकेतुने उसे कहा कि, हे प्रवर! तुम विवाह मत करो। यह परभवमें तुम्हारी पुत्री थी। उसके दूसरे भी जन्मोंके बारेमें विशालके समक्ष कहा। (५९-६०) पूर्वजन्मको याद करके जिसे तीव्र वैराग्य उत्पन्न हुआ है ऐसी उस कन्याने विवाहकी इच्छा न की; केवल प्रव्रज्याकी ही आकांक्षा की। (६१) उसके सम्बन्धमें प्रवर और विशालके बीच सभामें ऐसी बातचीत हुई कि हम दोनों ही इसके पिता हुए। (६२) उस कन्याने दीक्षा ली है ऐसा वृत्तान्त सुनकर हम भी अनन्तवीर्यके पास निर्ग्रन्थ मुनि हुए। (६३) इस प्रकार मोहके वशीभूत होनेसे जीव कुत्सित आचारवाले होते हैं और माता, पुत्री एवं बहन कर्मवश पत्नीरूप होते हैं। (६४)

यह सुनकर जन्मसमूहके दुःखोंसे अत्यन्त भयभीत जटायु धर्मग्रहणके लिए करुण शब्द करने लगा। (६५) सुगुप्त मुनिने उसे कहा कि, भद्र! तुम दूसरेको दुःख मत दो तथा झूठ एवं अब्रह्मचर्यका यावज्जीवन परित्याग करो। (६६) रात्रि-भोजनका त्याग तथा मांसका वर्जन करो और यथाशक्ति उपवास करो। (६७) कषायका परित्याग करके नित्य जिनेश्वरदेव तथा मुनियोंको नमस्कार करनेमें उद्यमशील रहो और परलोकके आकांक्षी रहो जिससे भवसागरको तैर सको। (६८) मुनिवरने जो कुछ कहा वह सब भावपूर्वक अंगीकार करके आनन्दविभोर पक्षी श्रावकधर्ममें उद्यत हुआ। (६९) साधुने

भणिया य साहवेणं, जणयसुया पक्खिणं इमं भद्दे! । रक्खेज्जसु पययमणा, सम्मद्दिट्ठी इहारण्णे ॥ ७० ॥
दाऊण य उवएसं, नियय्यट्ठाणं गया मुणिवरिन्दा । सीया वि पक्खिणं तं, संभमहियया परामुसइ ॥ ७१ ॥
सुणिऊण दुन्दुभिरवं, ताव य लच्छीहरो गयारूढो । तत्थाऽऽगओ य पेच्छइ, पव्वयमेत्तं रयणरासिं ॥ ७२ ॥
अह लक्खणस्स एत्तो, कोउगगहियस्स रामदेवेणं । परिकहिओ वित्तन्तो, भिक्खादाणाइओ सबो ॥ ७३ ॥
धम्मस्स पेच्छ विउलं, माहप्पं इह भवेसु गहियस्स । जेणेरिसो वि गिद्धो, जाओ इन्दाउहसवण्णो ॥ ७४ ॥
जेण उ रेहन्ति सिरे, जडाउ मणि-रयण-कञ्चणमईओ । तेणं चिय वाहरिओ, तेहि जडाई पहट्ठेहिं ॥ ७५ ॥
रामस्स लक्खणस्स य, पुरओ य उवट्ठिओ विणयजुत्तो । भुञ्जइ सुसाउकलियं, सीयाएँ पसाहियाहारं ॥ ७६ ॥
जिणवन्दणं तिसञ्झं, सीयाएँ समं करेइ पययमणो । अच्छइ ताणऽल्लीणो, पक्खी अन्नन्नदिट्ठीओ ॥ ७७ ॥
रक्खिज्जमाणो जणयङ्गयाए, निच्चं सुणन्तो जिणगीययत्थं ।
पणच्चिओ धम्मगुणाणुरत्तो, जाओ जडागी विमलाणुभावो ॥ ७८ ॥
॥ इय पउमचरिए जडागीपक्खिउवक्खाणं नाम एगचत्तालं पव्वं समत्तं ॥

## ४२. दण्डगारण्णनिवासविहाणं

अह ते दसरहतणया, दिन्नेण सुपत्तदाणतेएणं । पत्ता य रयणवुट्ठी, पुण्णं च समज्जियं विउलं ॥ १ ॥
अन्नं च हेममइयं, मणि-रयणोचूलमण्डियाडोवं । सयणा-ऽऽसणसंजुत्तं, सललियधुवन्तधयमालं ॥ २ ॥
चउतुरयसमाउत्तं, पत्ता य रहं सुरेसु उवणीयं । वियरन्ति तत्थ रण्णे, अभिरममाणा जहिच्छाए ॥ ३ ॥
कत्थइ दियहं पक्खं, कत्थइ मासं मणोहरुद्देसे । अच्छन्ति ते कयत्था, कीलन्ता नियय्यलीलाए ॥ ४ ॥

---

जनकसुता सीतासे कहा कि, हे भद्रे! इस अरण्यमें सम्यग्दृष्टि इस पक्षीकी प्रयत्नपूर्वक तुम रक्षा करो। (७०) उपदेश देकर मुनिवरेन्द्र अपने स्थान पर चले गये। हृदयमें आदर बुद्धिवाली सीता भी उस पक्षीको सहलाने लगी। (७१) उस समय दुन्दुभिकी ध्वनि सुनकर हाथी पर सवार हो लक्ष्मण वहाँ आया और पर्वत जैसी विशाल रत्नराशि देखी (७२) आश्चर्यचकित लक्ष्मणको रामने भिक्षादानसे लेकर सारा वृत्तान्त कह सुनाया। (७३) धारण किये हुए धर्मका इस भवमें ही विपुल माहात्म्य देखो, जिससे ऐसा गीध भी इन्द्रके आयुध वज्रके जैसा वर्णवाला हो गया है। (७४) चूँकि उसके सिर पर मणि, रत्न तथा कांचनमय जटाएँ शोभित हो रही थीं, अतएव आनन्दमें आये हुए उन्होंने उसे 'जटायु' कहा। (७५) राम एवं लक्ष्मणके आगे बैठे हुए विनययुक्त उसने सीताके द्वारा पकाये गये और सुस्वादसे युक्त आहारका भक्षण किया। (७६) मनमें उद्यमशील वह पक्षी सीताके साथ तीनों सन्ध्याके समय जिनवन्दन करता था और अनन्यदृष्टि (सम्यग्दृष्टि) वह उन्हींके पास रहता था। (७७) सीता द्वारा रक्षित वह नित्य जिनेश्वरके आगे गाये जानेवाले गीत सुनता था और धर्मके गुणमें अनुरक्त हो नाचता था। इस प्रकार जटायु विमल भाववाला हुआ। (७८)

॥ पद्मचरितमें जटायु पक्षीका उपाख्यान नामक एकतालीसवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ४२. दण्डकारण्यमें निवास

उन दशरथपुत्रोंने सुपात्रको दिये गये दानके प्रभावसे रत्न-वृष्टि प्राप्त की तथा विपुल पुण्य अर्जित किया। (१) इसके अतिरिक्त हेममय मणि एवं रत्नोंकी चूलिकासे मण्डित आडम्बरवाला, शयन एवं आसनसे युक्त, ध्वजाओंकी पंक्ति जिसपर लीलाके साथ फहरा रही है तथा चार घोड़े जिसमें जुते हुए हैं ऐसा देवों द्वारा लाया गया रथ भी उन्हें मिला। इच्छानुसार रमण करते हुए वे उस अरण्यमें विचरण करते थे। (२-३) अपनी मौजसे क्रीड़ा करते हुए कृतार्थ वे उस मनोहर प्रदेशमें कहीं दिन, कहीं पखवाड़ा तो कहीं एक महीना ठहरते थे। (४) सघन वन-वृक्षोंको तथा बहुतसे

अह ते वणतरुगहणं, लङ्घेऊणं च पवए बहवे। अब्भन्तरं पविट्ठा, तस्सारण्णस्स भयरहिया ॥ ५ ॥
वड-धव-सिरीस-धम्मण-अज्जुण-पुन्नाग-तिलय-आसत्था। सरल-कयम्ब-ऽम्बाडय-दाडिम-अङ्कोल्ल-बिल्ला य ॥ ६ ॥
उम्बर-खइर-कविट्ठा, तेन्दुग-वंसा य लोणरुक्खा य। सागा य निम्ब-फणसा, अम्बतरू नन्दिरुक्खा य ॥ ७ ॥
वउल-तिलया-ऽइमुत्तय-कोरिण्टय-कुडय-कुज्जयाइण्णं । चम्प-सहयार-अरलुग-कुन्दलयामण्डिउद्देसं ॥ ८ ॥
खज्जूरीसु समीसु य, केयरि-बयरीसु नालिएरीसु। कयलीसु य संछन्नं, अहियं चिय माउलिङ्गीसु ॥ ९ ॥
तं एवमाइएहिं, तरूहि नाणाविहप्पयारेहिं। नन्दणवणं व नज्जइ, सवत्तो सुन्दरायारं ॥ १० ॥
पुण्डुच्छुमाइएसु य, सभावजाएसु सस्सनिवहेसु। रेहइ सरेसु रण्णं, कमलुप्पलभरियसलिलेसु ॥ ११ ॥
गय-चमर-सरभ-केसरि-वराह-मय-महिस-चित्तयाइण्णं। ससय-सय-वग्घ-रोहिय-तरच्छ-ऽभल्लाउलंह निच्चं ॥ १२ ॥
कत्थइ फलोणयदुमं, कत्थइ सियकुसुमधवलिउद्देसं। कत्थइ नीलं हरियं, कत्थइ रत्तारुणच्छायं ॥ १३ ॥
दण्डयगिरिस्स सिहरे, नामेण य दण्डओ महानागो। तेण इमं ससिवयणे, दण्डारण्णं जणे सिट्ठं ॥ १४ ॥
एसा वि य कुञ्चरवा, महानई विमलसलिलपरिपुण्णा। कलहंसकलयलरवा, सच्छन्दरमन्तपक्खिउला ॥ १५ ॥
उभयतडट्ठियपायव–निवडियवरकुसुमपिञ्जरतरङ्गा । चडुलयरमयरकच्छभ–निच्चंचियविलुलियावत्ता ॥ १६ ॥
तं दट्ठूण वरनई, जणयसुया भणइ राघवं एत्तो। जलमज्जणं महाजस!, किं न खणेक्कं इह रमामो? ॥ १७ ॥
भणिऊण एवमेयं, अवइण्णो राघवो सह पियाए। मज्जइ विमलजलोहे, करि व समयं करेणूए ॥ १८ ॥
सुमहुरसरपरिहत्थं, जलमुरवं राघवो बहुवियप्पं। पहणइ लीलायन्तो, हरिसं घरिणीएँ कुणमाणो ॥ १९ ॥
सीया वि तत्थ सलिले, घेत्तूणं सुरहिपुण्डरीयाइं। दइयस्स पवरकण्ठे, आलयइ निलीणभमराइं ॥ २० ॥

---

पर्वतोंको लाँघकर भयरहित वे उस अरण्यके भीतर प्रविष्ट हुए। (५) बरगद, धव, शिरीष, धम्मण, अर्जुन, पुन्नाग, तिलक, अश्वत्थ, सरल, कदम्ब, आँवले, अनार, अंकोठ, बिल्व, गूलर, खदिर, कपित्थ, तिन्दुक, बांस, लवणवृक्ष, साग, नीम, कटहल, आम, नन्दिवृक्ष, बकुल, अतिमुक्तक, कोरण्टक तथा शतपत्रिकासे आकीर्ण; चम्पक, सहकार ( कलमी आम ), अरटु तथा कुन्दलतासे मण्डित प्रदेशवाला; खजूरी, शमी, करील, बेर, नारियल, कदली एवं बीजौरसे सविशेष छाया हुआ—इस तरह नाना प्रकारके वृक्षोंके कारण सुन्दर आकृतिवाला वह वन नन्दनवनकी भाँति प्रतीत होता था। (६-१०) स्वतः उत्पन्न सफेद ऊख आदि शस्यों तथा कमल एवं उत्पलोंसे भरे हुए पानीवाले सरोवरोंके कारण वह अरण्य शोभित हो रहा था। (११) वह हाथी, चमरीगाय, शरभ, केसरी, वराह, मृग, भैंसे एवं चीतोंसे व्याप्त तथा खरगोश, बाघ, नीलगाय, नाहर एवं भालुओंसे सर्वदा भरापूरा था। (१२) वहाँ कहीं फलसे झुके हुए वृक्ष थे, कहीं सफेद पुष्पोंसे धवलित प्रदेश था, कहीं नील, हरित और कहीं रक्तारुणकी छाया थी। (१३) दण्डकगिरिके शिखर पर दण्डक नामका एक महानाग था, अतः हे शशिवदने! यह दण्डकारण्यके नामसे लोगोंमें कहा जाने लगा। (१४)

निर्मल सलिलसे परिपूर्ण, कलहंसोंके कलरवसे शब्दायमान तथा स्वच्छ क्रीड़ा करनेवाले पक्षियोंसे व्याप्त यह क्रौंचरवा नामकी महानदी है। (१५) दोनों तटपर स्थित वृक्षोंमेंसे गिरनेवाले उत्तम पुष्पोंके कारण पीले रंगवाली तरङ्गोंसे युक्त तथा अत्यन्त चंचल घड़ियाल एवं कछुओंसे सदैव उपमर्दित आवर्तोंसे व्याप्त यह नदी है। (१६) उस उत्तम नदीको देखकर सीताने रामसे कहा कि, हे महायश! जलस्नानके लिए हम यहाँ एकक्षण क्यों न ठहरें? (१७) ऐसा कहने पर प्रियाके साथ राम नदीमें उतरे और हथनीके साथ हाथीकी भाँति निर्मल पानीमें उन्होंने स्नान किया। (१८) पत्नीको हर्षित करते हुए राघवने अनेक प्रकारसे सुमधुर स्वर निकालनेमें कुशल जलतरंग बजाई। (१९) सीताने भी उस पानीमेंसे भौंरोंसे व्याप्त कमलोंको लेकर अपने पतिके सुन्दर कण्ठमें आरोपित किया। (२०)

---

१. ०ससावयाइण्णं—मु०। २. वरनई—प्रत्य०।

अह ते तत्थ महुयरा, रामेण समाहया परिभमेउं । सीयाऍ वयणकमले, निलिन्ति पउमाहिसङ्काए ॥ २१ ॥
सा ते मत्तमहुयरे, असमत्था वारिउं अइपभूए । सहस त्ति पउमनाभं, अवगूहइ महिलिया धणियं ॥ २२ ॥
गायन्ति व महुयरा, जयसद्दं पक्खिणो इव कुणन्ति । सुहडा व तडल्लीणा, सत्ता रामस्स मज्जणए ॥ २३ ॥
तो सिसिरसीयलजले, विहिणा परिमज्जिउं जहिच्छाए । उत्तरइ पउमनाहो, नईऍ समयं पिययमाए ॥ २४ ॥
सबङ्गकयाभरणो, अइमुत्तयमण्डवे सुहनिविट्ठो[1] । पउमो भणइ कणिट्ठं, सुणेहि मह सन्तियं वयणं ॥ २५ ॥
अत्थेत्थ फलसमिद्धद्दुमा लयामण्डवेसु उववेया । सच्छोदया य सरिया, गिरी वि एसो रयणपुण्णो ॥ २६ ॥
सिग्घं आणेहि पिया, जणणीहि समं च बन्धवा सबे । काऊण पइट्ठाणं, रमणिज्जे एत्थ अच्छामो ॥ २७ ॥
भणिओ य लक्खणेणं, एव पहू जं तुमे समुद्दिट्ठं । अम्हं पि य कुणइ धिई[2], एयं चिय दण्डगारण्णं ॥ २८ ॥
अह ताण तत्थ रण्णे, अच्छन्ताणं अइच्छिओ गिम्हो । गज्जन्तमेहनिवहो, संपत्तो पाउसो कालो ॥ २९ ॥
गयणं समोत्थरन्ता, मेहा कज्जलनिहा कयाडोवा[3] । वरिसेऊण पवत्ता, धारासंभिन्नमहिवेढा ॥ ३० ॥
घणपडलसमुब्भूओ, अइचण्डो सबओ सगसगेन्तो । नच्चावेइ तरुगणे, पवणो अन्नोन्नभेएहिं ॥ ३१ ॥
नीला हरियां पीया, अन्ने वा पण्डुरा घणा गयणे । रेहन्ति संचरन्ता, अचिराभामण्डिउद्देसा ॥ ३२ ॥
उब्भिन्नकन्दलदला, हरियङ्कुरसामला मही जाया । सर-सरसि-वावि-वप्पिण—नवजलभरिया नईपवहा ॥ ३३ ॥
भणिओ य राघवेणं, कुमार! एयारिसे जलयकाले । न हु जुज्जइ तुह गमणं, पडन्तनवसलिलवाहुले ॥ ३४ ॥
सामच्छिऊण एवं, समासयं सुन्दरं समल्लीणा । सीया-जडागिसहिया, तत्थ ठिया राम-सोमित्ती ॥ ३५ ॥

---

उन कमलोंमें रहे हुए भौंरे रामसे आघात पाकर वापस लौटे और कमलकी आशंकासे सीताके वदन-कमलमें छिपनेका प्रयत्न करने लगे। (२१) उन अत्यधिक मत्त भौंरोंको हटानेमें असमर्थ उस स्त्रीने अपने स्वामी रामका सहसा आलिंगन किया। (२२) रामके स्नानके समय मानों भौंरे गा रहे थे तथा पक्षी एवं सुभटोंकी भाँति तट पर स्थित प्राणी जय-ध्वनि कर रहे थे। (२३) तब शिशिरके समान शीतल जलमें विधिपूर्वक यथेच्छ स्नान करके राम प्रियतमाके साथ नदीमेंसे बाहर निकले। (२४)

तब सर्वांगमें अलंकार धारण किये हुए तथा अतिमुक्तकके मण्डपमें आरामसे बैठे हुए रामने अपने छोटे भाईसे कहा कि तुम मेरा कहना सुनो। (२५) यहां पर फलसे समृद्ध वृक्ष हैं, मण्डपोंसे युक्त लताएँ हैं, स्वच्छ जलवाली नदी है और रत्नोंसे भरा हुआ पर्वत भी है। (२६) तुम शीघ्र ही पिता एवं माताओंके साथ सभी बन्धुओंको यहाँ लाओ। इस रमणीय स्थानमें नगर बसाकर हम रहें। (२७) इसपर लक्ष्मणने कहा कि, हे प्रभो! आपने जो कहा वह वैसा ही है। यह दण्डकारण्य मुझे भी सुख देता है। (२८)

इसके पश्चात् उनके वहाँ रहते रहते ग्रीष्मकाल व्यतीत हो गया और जिसमें बादल गरजते हैं ऐसा वर्षाकाल आ पहुँचा। (२९) आकाशमें फैले हुए काजलके समान काले मेघ गर्जना करके धाराओंसे मानो पृथ्वीको लपेट रहे हों इस तरह बरसने लगे। (३०) बादलोंके समूहमें से उत्पन्न, अत्यन्त प्रचण्ड और चारों ओर सग-सग आवाज करता हुआ पवन एक-दूसरेके साथ टकराकर वृक्षोंको नचाता था। (३१) क्षणिक आभासे मण्डित प्रदेशवाले नीले, हरे, पीले तथा सफेद रंग के दूसरे बादल आकाशमें विचरण करते हुए शोभित हो रहे थे। (३२) टहनियाँ और पत्ते जिसमें से फूटे हैं ऐसी पृथ्वी हरे हरे अंकुरों से श्यामल हो गई। सरोवर, तालाब, बावड़ी, खेत तथा नदीके प्रवाह नये जलसे भर गये। (३३) रामने कहा कि, हे कुमार! जिसमें नया पानी खूब गिर रहा है ऐसे वर्षाकालमें तुम्हारा जाना उपयुक्त नहीं है। (३४) ऐसा विचार करके उस सुन्दर स्थानमें वे रहे। सीता एवं जटायुके साथ राम व लक्ष्मण वहीं

---

१. सुहनिसन्नो—प्रत्य०। २. धिई—प्रत्य०। ३. महाडोवा—प्रत्य०।

एवं कहासु विविहासु रईसमग्गा, आहार-पाण-सयणा-ऽऽसणसंपउत्ता ।
कालं गमेन्ति सलिलोहतडिच्छडालं, रण्णे सुहेण निययं विमलप्पभावा ॥ ३६ ॥

॥ इय पउमचरिए दण्डगारण्णनिवासविहाणं नाम बायालीसइमं पव्वं समत्तं ॥

## ४३. संबुकवहणपव्वं

एवं पाउसकालो, तत्थऽच्छन्ताण ताण वोलीणो । सरओ चिय संपत्तो, कमलवणाणं सिरिं देन्तो ॥ १ ॥
मेहमलपडलमुक्कं, धोयं धारासु निम्मलं जायं । रेहइ जलं व गयणं, तारा-कुमुएसु ससि-हंसं ॥ २ ॥
घणवायविमुक्काइं, लहिऊण सुहत्थियं पहट्ठाइं । पल्लवकरेसु नज्जइ, नच्चन्ति व काणणवणाइं ॥ ३ ॥
पक्खीण कलयलरवो, पवियम्भइ हंस-सारसाईणं । सरियासु सरवरेसु य, कमलुप्पलभरियसलिलेसु ॥ ४ ॥
एवंविहम्मि सरए, जाए जेट्ठाणुमोइओ एत्तो । रण्णं परिभममाणो, अग्घायइ लक्खणो गन्धं ॥ ५ ॥
चिन्तेइ तो मणेणं, कस्सेसो सुरहिसीयलो गन्धो? । किं वा तरुस्स कस्स वि, एत्थलीणस्स व सुरस्स? ॥ ६ ॥
पुच्छइ मगहाहिवई, भयवं! सो कस्स सुरहिवरगन्धो? । नारायणो महप्पा, जेणं चिय विम्हयं पत्तो ॥ ७ ॥
अह भणइ इन्दभूई, सेणिय! बीयस्स जिणवरिन्दस्स । सरणं चिय संपत्तो, एक्को विज्जाहरनरिन्दो ॥ ८ ॥
घणवाहणो त्ति नामं, भणिओ भीमेण रक्खसिन्देणं । गेण्हसु लङ्कानयरी, रक्खसदीवे तिकूडत्था ॥ ९ ॥
अन्नं पियं रहस्सं, जम्बूभरहस्स दक्खिणदिसाए । लवणजलस्सुत्तरओ, ठाणं पुढवीऍ विवरत्थं ॥ १० ॥

ठहरे। (३५) इस तरह प्रेमपूर्ण, आहार, पान, शयन एवं आसन से युक्त तथा विमल प्रभाववाले उन्होंने विविध कथाओं से जल एवं बिजलीकी छटासे सम्पन्न अपना समय अरण्यमें बिताया।

॥ पद्मचरितमें दण्डकारण्य निवास नामक बयालीसवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ४३. शम्बूकवध

इस प्रकार वहाँ रहते हुए उनका वर्षाकाल व्यतीत हुआ तथा कमलवनों को शोभा देनेवाला शरत्काल आया। (१) उस समय बादलोंके काले आवरणसे मुक्त, पानीकी धाराओं से धुलने के कारण निर्मल तारारूपी कुमुदों से व्याप्त तथा चन्द्ररूपी हंससे युक्त गगन जलकी भाँति शोभित हो रहा था। (२) अतिशय पवनसे विमुक्त तथा सुहस्तीको प्राप्त करके प्रहृष्ट वन-उपवन पल्लव रूपी हाथोंसे मानों नाच रहे हैं। (३) कमलसे भरे हुए जलवाले सरोवरों और नदियोंमें हंस एवं सारस आदि पक्षियोंका कलरव हो रहा था। (४) ऐसे शरत्कालके आने पर बड़े भाई से अनुज्ञाप्राप्त लक्ष्मणको अरण्यमें परिभ्रमण करते हुए गन्ध आई। (५) वह मनमें सोचने लगा कि यह मीठी और शीतल गन्ध किसकी है? क्या यह किसी पेड़ की है या फिर यहाँ रहे हुए किसी देवकी है? (६)

मगधनरेश श्रेणिक पूछता है कि, हे भगवन्! यह मीठी गन्ध किसकी थी, जिससे कि महात्मा नारायण भी विस्मित हुआ? (७) इस पर इन्द्रभूति गौतमने कहा कि –

हे श्रेणिक! दूसरे जिनवरेन्द्रकी शरणमें एक विद्याधर राजा आया था। (८) उसका नाम घनवाहन था। राक्षसेन्द्र भीमने उसे कहा कि राक्षस द्वीपमें त्रिकूट पर्वत पर स्थित लंकानगरी तुम ग्रहण करो। (९) दूसरा भी रहस्य सुनो। जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र की दक्षिण दिशा में और लवणसमुद्रके उत्तरमें पृथ्वीके विवरमें एक स्थान आया है। (१०)

१. नयरि—प्रत्य०। २. तिकूडत्थं—प्रत्य०।

तं जोयणद्धभागं, गन्तूण अहो य दण्डगगिरिस्स । रेहइ गुहामुहत्थं, दिव्वं मणितोरणं विउलं ॥ ११ ॥
तं पविसिऊण अन्तो, अत्थि अलङ्कारपुरवरं रम्मं । परचक्कदुप्पवेसं, सव्वुवगरणेसु संजुत्तं ॥ १२ ॥
एवं चिय परिकहिए, अणुणाओ मेहवाहणो गन्तुं । लङ्कापुरीएँ रज्जं, करेइ इन्दो इव जहिच्छं ॥ १३ ॥
न य रक्खसा न देवा, रक्खसदीवं तु जेण रक्खन्ति । विज्जाहरा जणेणं, वुच्चन्ति उ रक्खसा तेणं ॥ १४ ॥
अह मेहवाहणाई, रक्खसवंसे नरिन्दवसहेसु । कालेण ववगएसुं, बहवेसु महाणुभावेसु ॥ १५ ॥
तत्थ य रक्खसवंसे, उप्पण्णो रावणो तिखण्डवई । बहिणी से चन्दणहा, तीए खरदूसणो कन्तो ॥ १६ ॥
चोद्दसहि सहस्सेहिं, जोहाणं सत्ति-कन्तिजुत्ताणं । भुञ्जइ पायालपुरं, दिव्वं धरणीएँ विवरत्थं ॥ १७ ॥
खरदूसणस्स पुत्ता, दोण्णि जणा सुरकुमारसमरूवा । संबुक्क-सुन्दनामा, जेट्ठ-कणिट्ठा महासत्ता ॥ १८ ॥
वारिज्जन्तो वि बहुं, गुरूहि मरणावलोइओ सन्तो । पविसइ दण्डारण्णं, सम्बुक्को सुज्जहासत्थे ॥ १९ ॥
जो दिट्ठिगोयरपहे, ठाही असमत्तनियमजोगस्स । सो मे होही वज्झो, एत्थारण्णे न संदेहो ॥ २० ॥
लवणजलस्सुत्तरओ, कोञ्चरवाए नईएँ आसन्नं । सम्बुको कयकरणो, पविसइ वंसत्थलं गुविलं ॥ २१ ॥
बारस वरिसाणि तओ, गयाणि चत्तारि चेव दिवसाणि । अच्छन्ति तिण्णि दिवसा, विज्जाएँ असिद्धकालस्स ॥ २२ ॥
ताव य परिहिण्डन्तो, संपत्तो लक्खणो तमुद्देसं । पेच्छइ य सुज्जहासं, खग्गं बहुकिरणपज्जलियं ॥ २३ ॥
घणपायवसंछन्नं, बहुपत्थरवेढियं कयाभोगं । मज्झम्मि धरणिवट्टं, समच्चियं कणयपउमेहिं ॥ २४ ॥
तं गन्धसमालद्धं, वरकुङ्कुमबहलदिन्नचच्चिक्कं । गेण्हइ तहट्ठियं सो, खग्गं लच्छीहरो सिग्घं ॥ २५ ॥
दाहिणकरग्गगहियं, विण्णासन्तेण वाहियं खग्गं । घणनिचयबद्धमूलं, छिन्नं वंसत्थलं तेणं ॥ २६ ॥
ताव चिय तत्थ सिरं, पेच्छइ पडियं सकुण्डलाडोवं । देहं च रुहिरकद्दम–समोल्लियं विद्दुमावयवं ॥ २७ ॥

---

दण्डकगिरिके नीचे आधा योजन जाने पर गुफाके मुखमें एक दिव्य और विशाल मणिमय तोरण शोभित हो रहा है। (११) उसमें प्रवेश करने पर अन्तमें सुन्दर, दूसरे राजा के लिए दुष्प्रवेश तथा सभी तरहके उपकरणोंसे संयुक्त अलंकारपुर नामका नगर आता है। (१२) इस प्रकार उसे कहा। अनुज्ञाप्राप्त मेघवाहन लंकापुरीमें जाकर इन्द्रकी भाँति इच्छानुसार राज्य करने लगा। (१३) वे न तो राक्षस हैं और न देव ही। वे विद्याधर राक्षस द्वीपकी रक्षा करते थे, अतः लोगोंमें वे राक्षस कहे गये। (१४) राक्षसवंश में मेघवाहन आदि बहुत-से महानुभाव राजा स्वर्गवासी हुए। (१५) उस राक्षसवंशमें तीन खण्डों का अधिपति रावण उत्पन्न हुआ। उसकी बहन चन्द्रनखा और उसका पति खरदूषण था। (१६) शक्ति एवं कान्तिसे युक्त चौदह हजार योद्धाओं के साथ पृथ्वीके विवरमें रहे हुए पातालपुर नामक दिव्य नगरका वह उपभोग करता था। (१७) खरदूषण के देवकुमारोंके समान रूपवाले तथा अतिसमर्थ शंबूक एवं सुन्द नाम के ज्येष्ठ व कनिष्ठ दो पुत्र थे। (१८) गुरुजनों द्वारा बहुत मना करने पर भी मानों मृत्यु द्वारा देखा गया हो ऐसे शम्बूकने सूर्यहास तलवार के साथ दण्डकारण्यमें प्रवेश किया। (१९) इस जंगलमें सम्यक्त्व, नियम एवं योगसे रहित जो मेरे दृष्टिपथ में आयगा वह निःसन्देह मेरे द्वारा मारा जायगा। (२०) लवणसमुद्रके उत्तरमें और क्रौंचरवा नदीके समीप अभ्यास करने वाले शम्बूकने बाँसके गहरे जंगलमें प्रवेश किया। (२१) वहाँ बारह साल और चार दिन बीते। विद्याके अप्राप्ति-कालके तीन दिन बाकी थे। (२२) उस समय घूमता-घामता लक्ष्मण उस प्रदेश में जा पहुँचा। उसने किरणों से अत्यन्त प्रज्वलित सूर्यहास तलवार देखी। (२३) वनके बीच सघन वृक्षोंसे आच्छन्न, बहुत-से पत्थरों द्वारा वेष्टित, सामग्री से संपन्न समतल धरातल पर स्वर्ण कमलोंसे अर्चित, गन्धसे लिप्त, उत्तम कुंकुमका कर्दम लगाने से शोभित—इस तरहसे अवस्थित तलवार लक्ष्मणने जल्दी ही उठा ली। (२४-५) दाहिने हाथ में धारण करके उसने जिज्ञासासे तलवार चलाई और सघन और बद्धमूल बाँस के समूहको काट डाला। (२६) उसी समय उसने वहाँ कुण्डलसे अलंकृत एक मस्तक गिरा हुआ देखा। विद्रुमके समान अवयव वाली देह रुधिरके कीचड़से लिप्त हो गई थी। (२७) इसके पश्चात्

अह सो पउमसयासं, सोमित्ती पत्थिओ गहियखग्गो । परिपुच्छिओ य साहइ, तं वित्तन्तं अपरिसेसं ॥ २८ ॥
ताव च्चिय चन्दणहा, पइदियहं पत्थिया सुयसमीवं । पेच्छइ य सिरकबन्धं, छिन्नं पडियं धरणिवट्टे ॥ २९ ॥
सुयसोगसल्लियङ्गी, मुच्छा[1] गन्तूण पुणरवि विउद्धा । हा पुत्त! कयारावा, रुयइ विमुक्कसुसलिलोहा ॥ ३० ॥
बारस वरिसाणि ठिओ, चत्तारि दिणाणि जोगजुत्तमणो । तिणि अहोरत्ता पुण, न खामिया मे कयन्तेणं ॥ ३१ ॥
किं तुज्झ अवकयं जे, पावविही! निट्ठुरं मए कम्मं? । पुत्तो बहुगुणनिलओ, जेण अयण्डम्मि अवहरिओ ॥ ३२ ॥
अहवा वि अपुण्णाए, कस्स वि विनिवाइओ मए पुत्तो । तस्सेयं कम्मफलं, उवट्ठियं नत्थि संदेहो ॥ ३३ ॥
परिचिन्तिया य पुत्तय! मणोरहा जा मए अपुण्णाए । ते अन्नहा य सिग्घं, विहिणा परियत्तिया सव्वे ॥ ३४ ॥
घेत्तूण पुत्तवयणं, परिचुम्बइ रुहिरपङ्कविच्छुरियं[2] । सलिलं व वियसियच्छी, कलुणपलावं च कुणमाणी ॥ ३५ ॥
परिदेविऊण सुइरं, कोवं घेत्तूण तं वणं भीमं । परिभमइ गवेसन्ती, चन्दणहा वेरियं सिग्घं ॥ ३६ ॥
सा तत्थ परिभमन्ती, दट्ठूणं राम-लक्खणे दो वि । मयणसरसल्लियङ्गी, मुञ्चइ कोवं च सोगं च ॥ ३७ ॥
सा ताण तक्खणं चिय, अभिलासमुवागया विचिन्तेइ । एक्कं वरेमि गन्तुं, कन्नारूवं तओ कुणइ ॥ ३८ ॥
तो सा कयनेवच्छा, ताण सयासं लहुं समणुपत्ता । नयणंसुए मुयन्ती, पुण्णागतलम्मि उवविट्ठा ॥ ३९ ॥
दट्ठूण जणयतणया, तं बालं करयलेण परिमुसइ । भणइ य अम्ह सयासं, अवट्ठिया मा भयं जासि ॥ ४० ॥
भणिया य राघवेणं, का सि तुमं बालिए! इहारण्णे । परिहिण्डसि एगागी, सीहाइनिसेविए घोरे? ॥ ४१ ॥
सा जंपइ मम गेहे, कालगया मज्झ सुन्दरा जणणी । ताओ वि तीएँ सोगे, सो च्चिय मरणं समणुपत्तो ॥ ४२ ॥
पावेण परिग्गहिया, सा हं सयणेण वज्जिया सन्ती । वेरग्गसमावन्ना, इहागया दण्डगारण्णं ॥ ४३ ॥

तलवार लेकर लक्ष्मण रामके पास गया। पूछने पर उसने सारा वृत्तान्त कह सुनाया।

प्रतिदिन पुत्रके पास जानेवाली चन्द्रनखाने उस समय धड़से कटे हुए सिरको जमीन पर पड़ा हुआ देखा। (२९) पुत्रके शोकसे पीड़ित शरीरवाली वह मूर्छित हो गई। फिर होशमें आकर 'हा पुत्र!' इस तरहसे शब्द करती और अश्रुजल छोड़ती हुई वह रोने लगी। (३०) ध्यानमें युक्त मनवाला तू बारह वर्ष और चार दिन ठहरा, परन्तु कृतान्त मेरे लिए तीन दिन रात न ठहरा। (३१) हे दुर्भाग्य! मैंने निष्ठुर कर्म करके तेरा क्या बिगाड़ा था कि अनेक गुणोंके धाम रूप मेरे पुत्रका असमयमें ही तूने अपहरण किया?। (३२) अथवा अपुण्यशाली मैंने किसीका पुत्र मार डाला होगा। उसीका यह कर्मफल उपस्थित हुआ है, इसमें सन्देह नहीं। (३३) हे पुत्र! दुर्भाग्यशीला मैंने जो मनोरथ सोच रखे थे, विधिने वे सब दूसरे रूपमें पलट दिये। (३४) करुण विलाप करती हुई उस विशालाक्षीने पुत्रके रुधिरके पंकसे व्याप्त मुखको लीलापूर्वक उठाकर चुम्बन किया। (३५) चिरकाल तक रो-धोकर कोप धारण करती हुई चन्द्रनखा जल्दीसे शत्रुको ढूँढ़नेके लिए उस भयंकर वनमें भटकने लगी। (३६)

वहाँ घूमती हुई उसने दोनों राम एवं लक्ष्मणको देखकर मदनके बाणसे पीड़ित अंगवाली हो क्रोध व शोकको छोड़ दिया। (३७) उनकी अभिलाषा रखनेवाली वह तत्काल सोचने लगी कि जा करके इनमेंसे एकका मैं वरण करूँ। तब उसने कन्याका रूप धारण किया। (३८) तत्पश्चात् वस्त्र परिधान करके वह उनके पास जल्दी ही गई और आँखोंमें से आँसू बहाती हुई पुन्नाग वृक्षके नीचे बैठी। (३९) सीताने उस कन्याको देखकर हाथसे सहलाया और कहा कि हमारे पास रहकर तुम भय मत रखना। (४०) रामने पूछा कि हे बाले! तुम कौन हो? सिंहादि द्वारा आश्रित इस घोर अरण्यमें तुम अकेली क्यों घूमती है? (४१) उसने कहा कि मेरे घरमें मेरी सुन्दर माता मर गई है। उसके शोकसे पिता भी मृत्युको प्राप्त हुए हैं। (४२) पापी स्वजन द्वारा परिगृहीत और फिर परित्यक्त मैं वैर रूपी अग्नि धारण करके इस दण्डकारण्यमें आई हूँ। (४३) घूमती हुई मैंने पुण्यके योगसे तुम्हें किसी तरह यहाँ देख लिया। अशरण और दुःख-

१. मुच्छं—प्रत्य०। २. पङ्कपिञ्जरियं—प्रत्य०।

कह वि भमन्तीएँ मए, दिट्ठा तुम्हेत्थ पुण्णजोएणं । सरणं मि असरणाए, होह[1] फुडं दुक्खपुण्णाए ॥ ४४ ॥
अह सा मयणवसगया, भणइ तओ राघवं कयपणामा । इच्छसु मए महाजस ! जाव न पाणेहि मुञ्चामि ॥ ४५ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, दोण्णि वि अवरोप्परं जणियसन्ना । परजुवइरहियसङ्का, न देन्ति तीए समुल्लावं ॥ ४६ ॥
सा जंपिऊण बहुयं, विमुक्कदीहुण्हअंसुनीसासा । अवसरिय ताण पुरओ, नियय[2]ट्ठाणं गया सिग्घं ॥ ४७ ॥
सो लक्खणो तीएँ गवेसणट्ठं, अन्नावएसेण करेवि रण्णे । दिव्वङ्गणारूवगुणाणुरत्तो, पुणो नियत्तो विमलप्पभावो ॥ ४८ ॥

॥ इय पउमचरिए सम्बुक्कवहणं नाम तेयालीसइमं पव्वं समत्तं ॥

## ४४. सीयाहरणे रामविप्पलावपव्वं

सा तत्थ रुवइ भवणे, चन्दणहा विगलियंसुसलिलोहा । विलिहियनहकक्खोरू, विमुक्ककेसी य रयमइला ॥ १ ॥
खरदूसणेण दिट्ठा, मल्लिया नलिणि व गयवरिन्देणं । भणिया य साहसु तुमं, केणेयं पाविया दुक्खं ॥ २ ॥
भणइ तओ चन्दणहा, गया य पुत्तं गवेसणट्ठाए । नवरं पेच्छामि वणे, छिन्नसिरं तं महिं पडियं ॥ ३ ॥
मारेऊण मह सुयं, केणवि पावेण सूरहासं तं । गहियं च सिद्धविज्जं, खेयरपुज्जं महाखग्गं ॥ ४ ॥
अहमवि तं पुत्तसिरं, अङ्के ठविऊण सोगतवियङ्गी । बहुला व जह विवच्छा, रुयामि रण्णे विगलियंसू ॥ ५ ॥
ताव च्चिय तेण अहं, दुट्ठेणं पुत्तवेरिएण पहू ! । अवगूहिया रुयन्ती, धणियं कज्जेण केण पि ॥ ६ ॥
अहयं अणिच्छमाणी, दन्तेसु नहेसु तेण पावेणं । एयारिसं अवत्थं, एगागी पाविया रण्णे ॥ ७ ॥
तत्तो वि रक्खिया हं, परभवजणिएण पुण्णजोएणं । अविखण्डियाचरित्ता, कह वि इहं आगया सामी ॥ ८ ॥

पूर्ण मेरे लिए तुम निश्चित शरणरूप हो । (४४) इसके बाद कामके वशीभूत वह रामको प्रणाम करके कहने लगी कि, हे महाशय ! जब तक मैं प्राण नहीं छोड़ती तब तक मेरी इच्छा करो । (४५) यह कथन सुनकर दूसरेकी स्त्रीके संगसे रहित उन दोनोंने एक-दूसरेका संकेत जानकर उसे उत्तर नहीं दिया । (४६) दीर्घ निःश्वास और गरम आँसू छोड़ती हुई वह बहुत बकबक करके उनके आगेसे दूर हो अपने स्थान पर शीघ्र ही चली गई । (४७) उस दिव्य अंगनाके रूप एवं गुणमें अनुरक्त तथा विमल प्रभाववाले लक्ष्मणने दूसरे बहानेसे जंगलमें उसकी खोज की । बादमें वह लौट आया । (४८)

॥ पद्मचरितमें शम्बूकवध नामका तेंतालीसवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ४४. राम-विलाप

अश्रुजलका प्रवाह बहाती हुई, नाखूनोंसे बगल और ऊरुप्रदेश विक्षत करती हुई, बिखरे हुए केशवाली तथा धूलसे मैली वह चन्द्रनखा अपने भवनमें रोने लगी । (१) हाथीके द्वारा कुचली गई नलिनीकी भाँति उसे देखकर खरदूषणने पूछा कि किसके द्वारा तुमने यह दुःख पाया है, यह कहो । (२) तब चन्द्रनखाने कहा कि मैं पुत्रकी खोजके लिए गई थी । बनमें मैंने सिर कटे हुए उसको जमीन पर पड़ा देखा । (३) मेरे पुत्रको मारकर किसी पापीने विद्यासिद्ध तथा खेचरों द्वारा पूज्य सूर्यहास नामकी महान् तलवार ले ली है । (४) शोकसे तप्त अंगवाली मैं भी पुत्रके उस सिरको गोदमें रखकर विवत्स हो गायकी तरह आँसू बहाती हुई रो रही थी । (५) हे प्रभो ! उसी समय पुत्रके वैरी उस दुष्टने, किसी भी प्रयोजनसे, रोती हुई मेरा आलिंगन किया । (६) न चाहनेवाली तथा अरण्यमें एकाकी मेरी उस पापीने दाँत और नखोंसे ऐसी अवस्था कर डाली है । (७) परभवमें जनित पुण्यके योगसे ही मैं उससे बच गई हूँ । हे स्वामी !

१. होह महं दुक्ख०—प्रत्य० । २. तओ नियत्तो—प्रत्य० ।

विज्जाहराण राया, भाया मे रावणो तिखण्डवई । दूसण ! तुमं पि भत्ता, तह वि इमं पाविया दुक्खं ॥ ९ ॥
सुणिऊण तीऍ वयणं, सोगाऊरियमणो तहिं गन्तुं । खरदूसणो विवन्नं, पेच्छइ पुत्तं महीपडियं ॥ १० ॥
पडियागओ खणेणं, नियघरं रोसपूरियामरिसो । चोद्दसहि सहस्सेहिं, सन्नद्धो पवरजोहाणं ॥ ११ ॥
एयन्तरम्मि तो सो, भणिओ चित्तप्पभेण मन्तीणं । लङ्काहिवस्स दूयं, पेसेहि इमेण अत्थेणं ॥ १२ ॥
अह रावणस्स दूयं, सिग्घं खरदूसणो विसज्जेउं । बाहपगलन्तनेत्तो, रुयइ य सुयसोगमावन्नो ॥ १३ ॥
दूएणं परिकहिए, जाव च्चिय रावणो चिरावेइ । चोद्दसहि सहस्सेहिं, जोहाणं दूसणो चलिओ ॥ १४ ॥
दूसणबलस्स गयणे, सीया सुणिऊण तूरनिग्घोसं । किं किं ? ति उल्लवन्ती, सीया रामं समल्लीणा ॥ १५ ॥
मा भाहि चन्दवयणे !, एए हंसा नहेण वच्चन्ता । मुञ्चन्ति मुहनिनायं, अप्पेहि धणुं पणासेमि ॥ १६ ॥
ताव य आसन्नत्थं, विविहाउहसंकुलं महासेन्नं । दिट्ठं समोत्थरन्तं, गयणयले मेहवन्दं व ॥ १७ ॥
चिन्तेइ रामदेवो, किं वा नन्दीसरं सुरा एए । गन्तूण पडिनियत्ता, नियय्ट्ठाणाइं वच्चन्ति ? ॥ १८ ॥
वंसत्थलम्मि छेत्तुं, अहवा जो सो विवाइओ रण्णे । वेरपडिउच्चणत्थे, तस्स इमे आगया बन्धू ? ॥ १९ ॥
नूणं दुस्सीलाए, तीए गन्तूण दुट्ठमहिलाए । सिट्ठं च जहावत्तं, तेण इमे आगया इहइं ॥ २० ॥
परिचिन्तिऊण एवं, रामो चावे सकंकडे दिट्ठी । देन्तो य लक्खणेणं, भणिओ वयणं निसामेहि ॥ २१ ॥
सन्तेण मए राहव !, न य जुत्तं तुज्झ जुज्झिउं एत्तो । रक्ख इमं जणयसुयं, अरीण समुहो अहं जामि ॥ २२ ॥
जंवेल सीहनायं, वेरियपरिवेढिओ विमुञ्चे हं । तंवेल तुमं राघव ! एज्जसु सिग्घं निरुत्तेणं ॥ २३ ॥
एव भणिऊण तो सो, सन्नद्धो गहियपहरणावरणो । अह जुज्झिउं पवत्तो, समयं चिय रक्खसभडेहिं ॥ २४ ॥

---

अखण्डितचरित्रवाली मैं यहाँ किसी तरह आ गई हूँ। (८) विद्याधरोंका राजा और त्रिखण्डपति रावण मेरा भाई है और, दूषण ! तुम मेरे पति हो, फिर भी मैंने यह दुःख पाया। (९)

उसका यह कथन सुनकर शोकसे दुःखित मनवाले खरदूषणने वहाँ जाकर मरे हुए तथा भूमि पर गिरे हुए अपने पुत्रको देखा। (१०) गुस्सेसे भरा हुआ वह क्षणभरमें अपने घर लौट आया और चौदह हजार उत्तम योद्धाओंके साथ तैयार हो गया। (११) तब चित्तप्रभ मंत्रीने उसे कहा कि इस वृत्तान्तके साथ लंकाधिप रावणके पास दूत भेजो। (१२) तब खरदूषणने शीघ्र ही रावणके पास दूत भेजा। पुत्रके शोकसे युक्त वह आँखोंसे आँसू बहाता हुआ रोने लगा। (१३) दूतके द्वारा कहा गया रावण जब विलम्ब कर रहा था तब खरदूषण चौदह हजार योद्धाओंके साथ चल पड़ा। (१४) आकाशमें खरदूषणके सैन्यके वाद्योंका निर्घोष सीताने सुना। 'यह क्या है ? यह क्या है ?' ऐसा कहती हुई सीता रामके पास गई। (१५) तब 'हे चन्द्रवदने ! तुम मत डरो। आकाशसे जाते हुए ये हंस अपने मुखमेंसे ऐसी ध्वनि निकालते हैं। तुम धनुष दो। मैं इनका विनाश करूँगा'—ऐसा रामने कहा। (१६) उसी समय समीपस्थ, विविध प्रकारके आयुधोंसे युक्त और मेघवृन्दकी भाँति आकाशमेंसे नीचे उतरते हुए महासैन्यको उन्होंने देखा। (१७) राम सोचने लगे कि क्या नन्दीश्वर द्वीपमें जाकर लौटे हुए ये देव अपने अपने स्थानोंमें जा रहे हैं ? (१८) अथवा वंशस्थल वनमें जो काटकर मार डाला गया था उसके वैरका बदला लेनेके लिए उसके ये बन्धुजन यहाँ आये हैं ? (१९) अवश्य ही उस दुःशील और दुष्ट महिलाने जा करके जैसा हुआ था वैसा कहा होगा। इसीसे ये यहाँ आये हैं। (२०) ऐसा विचारकर कवचके साथ ही चाप पर दृष्टि डालते हुए रामसे लक्ष्मणने कहा कि, मेरा कहना आप सुनें। (२१) हे राम ! मेरे रहते आपको लड़ना ठीक नहीं है। आप यहाँ सीताजीका रक्षण करें। शत्रुओंके सम्मुख मैं जाऊँगा। (२२) हे राघव ! जिस समय शत्रुओंसे घिरा मैं सिंहनाद करूँ उस समय आप अवश्य ही जल्दी आना। (२३) ऐसा कहकर वह कवच पहनकर और प्रहरण-समूह धारण करके राक्षस-सुभटोंके साथ लड़ने लगा। (२४)

लच्छीहरस्स उवरिं, निसायरा विविहसत्थसंघायं । मुञ्चन्ति पवयस्स व, धारानिवहं पओवाहा ॥ २५ ॥
रयणियरकरविमुक्कं, आउहनिवहं रणे निवारेउं । जमदण्डसरिसवेगे, मुञ्चइ लच्छीहरो बाणे ॥ २६ ॥
वरमउडमण्डियाइं, जलन्तमणि-रयणकुण्डलवराइं । लक्खणसरछिन्नाइं, पडन्ति कमलाइं व सिराइं ॥ २७ ॥
निवडन्ति गय-तुरङ्गा, जोहा य रहा य विलुलियधओहा । संचुण्णियङ्गभङ्गा, घोररवं चेव कुणमाणा ॥ २८ ॥
एयन्तरम्मि पत्तो, पुप्फविमाणट्ठिओ य दहवयणो । हन्तुं समुज्जयमणो, सम्बुक्करिउं घणकसाओ ॥ २९ ॥
अह होमुहं नियन्तो पेच्छइ मोहस्स कारिणी सीया । सव्वङ्गसुन्दरङ्गी, सुरवइमहिलं व रूवेणं ॥ ३० ॥
मयणाणलतवियङ्गो, एक्कमणो दहमुहो विचिन्तेइ । किं मज्झ कीरइ इहं, रज्जेण इमाएँ रहियस्स? ॥ ३१ ॥
परिचिन्तिऊण एवं, ताहे अवलोयणाएँ विज्जाए । जाणइ ताण दहमुहो, नामं चरियं च गोत्तं च ॥ ३२ ॥
बहुएसु समं समरे, जुज्झइ जो एस लक्खणो हवइ । रामो सीयाएँ समं, एसो वि हु चिट्ठई रण्णे ॥ ३३ ॥
तं मोत्तूण रणमुहे, सीहरवं लक्खणस्स सरसरिसं । सिग्घं हरामि सीयं, रामस्स वि वञ्चणं काउं ॥ ३४ ॥
मारिहिइ दो वि एए, अवस्स खरदूसणो बलसमग्गो । परिचिन्तिऊण एवं, सीहरवं कुणइ दहवयणो ॥ ३५ ॥
सुणिऊण सीहनायं, लक्खणफुडवियडभासियं रामो । जाओ समाउलमणो, अप्फालइ धणुवरं ताहे ॥ ३६ ॥
अच्छसु ताव खणेक्कं, सुन्दरि! एत्थं जडागिकयरक्खा । लच्छीहरस्स पासं, जाव य गन्तुं नियत्तेमि ॥ ३७ ॥
भणिऊण एव पउमो, वारिज्जन्तो वि पावसउणेसु । वेगेण रणमुहं सो, पविसइ भडमुक्कबुक्कारं ॥ ३८ ॥
एत्थन्तरम्मि सहसा, अवयरिऊणं नहाउ दहवयणो । हक्खुवइ जणयतणया, भुयासु नलिणिं व मत्तगओ ॥ ३९ ॥
दट्ठूण हरिज्जन्ती, सामियघरिणी जडाउणो रुट्ठो । नहणङ्गलेसु पहरइ, दसाणणं विउलवच्छयले ॥ ४० ॥

---

जिस तरह पर्वतोंके ऊपर बादल धारा-समूह छोड़ते हैं उसी तरह राक्षस लक्ष्मणके ऊपर विविध शस्त्रोंका समूह छोड़ने लगे। (२५) युद्धमें निशाचरोंके हाथसे विमुक्त आयुध-समूहका निवारण करके यमदण्डके समान वेगवाले बाण लक्ष्मण छोड़ने लगा। (२६) लक्ष्मणके बाणोंसे कटे हुए सुन्दर मुकुटोंसे शोभित एवं मणि एवं रत्नमय उत्तम कुण्डलोंसे देदीप्यमान मस्तक कमलोंकी भाँति गिरते थे। (२७) टूटी हुई ध्वजाओंवाले रथ, खण्डित अंग-प्रत्यंगवाले योद्धा तथा भयंकर ध्वनि करनेवाले हाथी एवं घोड़े नीचे गिरते थे। (२८) इसी समय गुस्सेसे भरा हुआ और शम्बूकके शत्रुको मारनेमें कृतनिश्चय रावण पुष्पकविमानमें स्थित हो वहाँ आ पहुँचा। (२९) जाते हुए उसने नीचे सम्मोह करनेवाली, सर्वांग सुन्दर शरीरवाली तथा रूपमें सुरपति इन्द्रकी पत्नी जैसी सीताको देखा। (३०) मदनरूपी अग्निसे तप्त शरीरवाला दशमुख रावण एकाग्रचित्तसे सोचने लगा कि इससे रहित मैं यहाँ राज्यको लेकर क्या करूँ? (३१) ऐसा सोचकर अवलोकना नामकी विद्याद्वारा रावणने उसका नाम, चरित और गोत्र जान लिया कि युद्धमें जो बहुतोंके साथ लड़ रहा है वह लक्ष्मण है। सीताके साथ अरण्यमें जो यह बैठा है वह राम है। (३२-३३) अतः युद्धभूमिमें लक्ष्मणकी आवाज जैसा सिंहरव करके तथा रामको ठगकर सीताका शीघ्र ही अपहरण करूँ। (३४) सेनायुक्त खरदूषण इन दोनोंको अवश्य ही मार डालेगा। ऐसा सोचकर रावणने सिंहरव किया। (३५) लक्ष्मणकी आवाजके समान स्फुट और भयंकर आवाजवाला सिंहनाद सुनकर राम मनमें व्यग्र हो गये। तब उन्होंने धनुषका आस्फालन किया और कहा कि, हे सुन्दरी! जबतक लक्ष्मणके पास जाकर मैं वापस नहीं आ जाता तबतक जटायुके द्वारा रक्षित तुम क्षण भरके लिए यहाँ ठहरो। (३६-३७) ऐसा कहकर अशुभ शकुनों द्वारा मना किये जानेपर भी, सुभट जिसमें गर्जना कर रहे हैं ऐसे रणक्षेत्रमें रामने वेगसे प्रवेश किया। (३८) तब आकाशमेंसे सहसा नीचे उतरकर रावणने, मत्त हाथी जिस तरह कमलिनीको उठाता है उस तरह, सीताको उठाया। (३९) अपने स्वामीकी हरण की जाती पत्नीको देखकर

---

१. कारिणिं सीयं। सव्वङ्गसुन्दरङ्गिं—प्रत्य०। २. सीयं—प्रत्य०। ३. तणयं—प्रत्य०। ४. हरिज्जन्तिं सामिय-घरिणिं—प्रत्य०।

घाएण तेण रुट्ठो, दहवयणो पक्खिणं अमरिसेणं । करपहरचुण्णियङ्गं, पाडेइ लहुं धरणिवट्टे ॥ ४१ ॥
जाव य मुच्छाविहलो, पक्खी न उवेइ तत्थ पडिबोहं । ताव य पुप्फविमाणे, [1]सीया आणेइ दहवयणो ॥ ४२ ॥
सा तत्थ विमाणत्था, हीरन्तं जाणिऊण अप्पाणं । घणसोगवसीभूया, कुणइ पलावं जणयधूया ॥ ४३ ॥
चिन्तेइ रक्खसवई, कलुणपलावं इमा पकुबन्ती । बहुयं पि भण्णमाणी, रूसइ न पसज्जई मज्झं ॥ ४४ ॥
अहवा साहुसयासे, पढमं चिय ऽभिग्गहो मए गहिओ । अपसन्ना परमहिला, न य भोत्तवा सुरूवा वि ॥ ४५ ॥
तम्हा रक्खामि वयं, अहयं संसारसागरुत्तारं । होही पसन्नहियया, इमा वि मह दीहकालेणं ॥ ४६ ॥
एव परिचिन्तिऊणं, वच्चइ लङ्काहिवो सपुरिहुत्तो । रामो पविसरइ रणं, घणसत्थपडन्तसंघायं ॥ ४७ ॥
पासम्मि समल्लीणं, रामं दट्ठूण लक्खणो भणइ । [2]एगागी जणयसुया, मोत्तूण किमागओ एत्थं ॥ ४८ ॥
सो भणइ सीहनायं, तुज्झ सुणेऊण आगओ इहइं । पडिचोइओ य रामो, वच्चसु सीयासयासम्मि ॥ ४९ ॥
एए रिवू महाजस !, जिणामि अहयं न एत्थ संदेहो । वच्च तुमं अइतुरिओ, कन्तापरिरक्खणं कुणसु ॥ ५० ॥
एव भणिओ नियत्तो, तूरन्तो पाविओ तमुद्देसं । न य पेच्छइ जणयसुयं, सहसा ओमुच्छिओ रामो ॥ ५१ ॥
पुणरवि य समासत्थो, [3]दिट्ठी निक्खीवइ तत्थ तरुगहणे । घणपेम्माउलहियओ, भणइ तओ राहवो वयणं ॥ ५२ ॥
एहेहि इओ सुन्दरि !, वाया मे देहि मा चिरावेहि । दिट्ठा सि रुक्खगहणे, किं परिहासं चिरं कुणसि ? ॥ ५३ ॥
कन्ताविओगदुहिओ, तं रण्णं राहवो गवेसन्तो । पेच्छइ तओ जडागिं, केंकायन्तं महिं पडियं ॥ ५४ ॥
पक्खिस्स कण्णजावं, देइ मरन्तस्स सुहयजोएणं । मोत्तूण पूइदेहं, तत्थ जडाऊ सुरो जाओ ॥ ५५ ॥

---

रुष्ट जटायुने नाखून और चोंचसे रावणके विशाल वक्षस्थल पर प्रहार किया। (४०) उस चोटसे रुष्ट हो गुस्सेमें आये हुए रावणने हस्तप्रहारसे उसके शरीरको चूर्ण-विचूर्ण करके जल्दी ही जमीन पर गिरा दिया। (४१) मूर्छासे विह्वल पक्षी जबतक प्रतिबोध प्राप्त नहीं करता, तबतक तो रावण सीताको पुष्पक विमानमें ले आया। (४२) उस विमानमें स्थित सीताने जब अपना अपहरण होता जाना तब अत्यन्त शोकके वशीभूत हो वह रोने लगी। (४३) तब राक्षसपति सोचने लगा कि करुण विलाप करती हुई यह बहुत कहने पर भी मुझपर रोष रखती है और प्रसन्न नहीं होती (४४) अथवा, साधुके समीप मैंने पहले अभिग्रह धारण किया था कि दूसरेकी स्त्री रूपवती होने पर भी यदि अप्रसन्न हो तो उसका उपभोग नहीं करूँगा। (४५) अतः संसारसागरको पार करनेवाले उस व्रतकी मैं रक्षा करूँ। दीर्घकालके पश्चात् यह मुझपर हृदयसे प्रसन्न होगी। (४६) ऐसा सोचकर रावण अपने नगरकी ओर गया।

रामने भी बादलोंकी भाँति गिरते हुए शस्त्रसमूहवाले युद्धमें प्रवेश किया। (४७) पासमें आये हुए रामको देखकर लक्ष्मणने कहा कि सीताको एकाकी छोड़कर यहाँ आप क्यों आये हैं। (४८) उन्होंने कहा कि तुम्हारा सिंहनाद सुनकर मैं यहाँ आया हूँ। प्रत्युत्तरमें उसने रामसे कहा कि आप सीताके पास जायँ। (४९) हे महाशय ! इसमें सन्देह नहीं है कि मैं इन शत्रुओंको जीत लूँगा। आप अतिशीघ्र जावें और पत्नीकी रक्षा करें। (५०) इस तरह कहे गये राम वापस लौटे और शीघ्र ही उस स्थान पर पहुँच गये। जनकसुता सीताको न देखकर वे सहसा मूर्छित हो गये। (५१) पुनः समाश्वस्त होने पर उन्होंने वनराजिके ऊपर दृष्टि डाली। तब अत्यन्त प्रेमके कारण आकुल हृदयवाले रामने ऐसे वचन कहे कि, हे सुन्दरी ! तुम आओ, आओ ! मुझे जवाब दो। देर मत लगाओ। वृक्षोंके वनमें मैंने तुम्हें देख लिया है। तुम देरसे परिहास क्यों करती हो ? (५२-५३)

कान्ताके वियोगसे दुःखित रामने सीताको खोजते खोजते वनमें जमीन पर गिरकर शब्द करते हुए जटायुको देखा। (५४) उन्होंने मरते हुए पक्षीके कानमें जैसे ही नमस्कार मंत्र सुनाया। वैसे ही अपवित्र देहका परित्याग करके पुण्योदयके कारण जटायु देव हुआ। (५५) पुनः प्रियाको याद करके वे मूर्छित हो गये। होशमें आने पर 'सीता, सीता'

१. सीयं—प्रत्य०। २. एगागिं जणयसुयं—प्रत्य०। ३. दिट्ठिं—प्रत्य०।

पुणरवि सरिऊण पियं, मुच्छा गन्तूण तत्थ आसत्थो । परिभमइ गवेसन्तो, सीयासीयाकउल्लावो ॥ ५६ ॥
भो भो मत्तमहागय !, एत्थारण्णे तुमे भमन्तेणं । महिला सोमसहावा, जइ दिट्ठा किं न साहेहि ? ॥ ५७ ॥
तरुवर तुमं पि वच्चसि, दूरुन्नयवियडपत्तलच्छाय ! । एत्थं अपुवविलया, कह ते नो लक्खिया रण्णे ? ॥ ५८ ॥
सोऊण चक्कवाई, वाहरमाणी सरस्स मज्झत्था । महिलासङ्काभिमुहो, पुणो वि जाओ च्चिय निरासो ॥ ५९ ॥
रोसपसरन्तहियओ, वज्जावत्तं धणुं समारुहिउं । अप्फालेइ महप्पा, भयजणणं सवसत्ताणं ॥ ६० ॥
मोत्तूण सीहनायं, पुणो विसायं खणेण संपत्तो । सोयइ मए वराई, जणयसुया हारिया रण्णे ॥ ६१ ॥
इह मणुयसायरवरे, महिलारयणुत्तमं महं नट्ठं । न लभामि गवेसन्तो, धणियं पि सुदीहकालेणं ॥ ६२ ॥
वग्घेण व सीहेण व, खइया किं ? मारिया व हत्थीणं ? । बहुजलकल्लोलाए, अवहरिया गिरिनदीए व ? ॥ ६३ ॥
दिट्ठा दिट्ठा सि मए, एहेहि इओ इओ कउल्लावो । धावइ तओ तओ च्चिय, पडिसद्दयमोहिओ रामो ॥ ६४ ॥
अहवा दुट्ठेण इहं, केण व हरिया महं हिययइट्ठा ? । घणगिरि-तरुसंछन्नं, कत्तो रण्णं गवेसामि ? ॥ ६५ ॥
एव परिहिण्डिऊणं, तं रण्णं राहवो पडिनियत्तो । जाओ निरासहियओ, नियया वासे तओ सुयइ ॥ ६६ ॥

एवंविहा वि पुरिसा सुकयस्स छेदे, पावन्ति दुक्खमउलं इह जीवलोए ।
तम्हा जिणुत्तममएण विसुद्धभावा, धम्मं करेह विमलं च निरन्तरायं ॥ ६७ ॥

॥ इय पउमचरिए सीयाहरणे रामविप्पलावविहाणं नाम चउत्तालीसं पव्वं समत्तं ॥

## ४५. सीयाविप्पओगदाहपव्वं

एत्थन्तरम्मि पत्तो, पुवविरुद्धो विराहिओ सहसा । सन्नद्धबद्धकवओ, बलेण सहिओ महन्तेणं ॥ १ ॥

ऐसा चिल्लाकर उसे ढूँढ़ते हुए वे घूमने लगे । (५६) हे मत्त महागज ! इस अरण्यमें घूमते हुए तुमने सौम्य स्वभाववाली महिला यदि देखी हो तो क्यों नहीं कहते ? (५७) हे तरुवर ! तुम भी बहुत ऊँचे और सघन पत्रोंकी छायावाले हो । क्या तुमने इस जंगलमें अपूर्व नारी नहीं देखी ? (५८) सरोवरके बीचमें रही हुई चक्रवाकीको बोलते सुन महिलाकी आशंकासे राम उस ओर अभिमुख हुए, किन्तु बादमें निराश हो गये । (५९) रोषसे व्याप्त हृदयवाले महात्मा रामने सब सत्त्वोंको भयभीत करनेवाले वज्रावर्त धनुषको चढ़ाकर उसका आस्फालन किया । (६०) सिंहनाद करके पुनः क्षणभरमें वे दुःखी हो गये । वे शोक करने लगे कि दीन जनकसुताको मैं वनमें हार गया । (६१) इस मानवसागरमें उत्तम महिलारत्न मैंने खो दिया । अतिदीर्घ कालसे बहुत खोजने पर भी वह मुझे नहीं मिली । (६२) क्या बाघ या सिंहने उसे खा लिया है, अथवा हाथीने उसे मार डाला है, अथवा अधिक जलतरंगोंवाली गिरिनदीने तो उसे छीन नहीं लिया ? (६३) 'मैंने तुम्हें देख लिया है, देख लिया है; इधर आओ, इधर आओ' इस प्रकार प्रलाप करते हुए और प्रतिध्वनिसे मोहित राम जहाँ तहाँ दौड़ते थे । (६४) अथवा मेरी हृदयप्रियाका किसी दुष्टने अपहरण किया है, अतः सघन पर्वतों और वृक्षोंसे आच्छन्न अरण्यमें उसे कहाँ खोजूँ ? (६५) इस प्रकार उस अरण्यमें परिभ्रमण करके राघव वापस लौटे और मनमें निराश होकर अपने आवासमें सो गये । (६६) ऐसे पुरुष भी पुण्यका नाश होनेपर इस जीवलोकमें अतुलनीय दुःख पाते हैं । अतएव जिनेश्वरके उत्तम मतसे विशुद्ध भाववाले होकर विमल एवं अन्तरायरहित धर्म का तुम पालन करो । (६७)

॥ पद्मचरितमें सीताहरणमें रामका विप्रलाप नामका चवालीसवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ४५. सीता-विप्रयोगका दाह

इधर पूर्वका शत्रु विराधित कवच बाँधकर तैयार हो बड़ी भारी सेनाके साथ सहसा वहाँ आ पहुँचा । (१)

१. मुच्छं—प्रत्य० । २. चक्कावाइं वाहरमाणिं सरस्स मज्झत्थं—प्रत्य० ।

जुज्झन्तस्स रणमुहे, पडिओ चलणेसु लच्छिनिलयस्स । भिच्चो हं तुह सामिय ! विज्जाहरवंससंभूओ ॥ २ ॥
चन्दोयरस्स पुत्तो, अणुराहाकुच्छिसंभवो अहयं । तुह आणाएँ समत्थो, नामेण विराहिओ सामि ! ॥ ३ ॥
विणओणयस्स सीसे, हत्थं दाऊण लक्खणो भणइ । सव्वं पि एवमेयं, वच्छ ! महं मग्गओ ठाहि ॥ ४ ॥
एव भणिओ पवुत्तो, एक्कं खरदूसणं तुमं सामी ! । घाएहि सेससुहडे, अहयं मारेमि संगामे ॥ ५ ॥
एव भणिऊण तो सो, दूसणसेन्नस्स अहिमुहोहूओ । अह जुज्झिउं पवत्तो, विराहिओ नियबलसहिओ ॥ ६ ॥
जोहा जोहेहि समं, आभिट्टा गयवरा सह गएहिं । जुज्झन्ति रहारूढा, समयं रहिएहि रणसूरा ॥ ७ ॥
एयारिसम्मि जुज्झे, विणिवाइज्जन्तसुहडसंघाए । लच्छीहरेण समयं, आलग्गो दूसणो समरे ॥ ८ ॥
भणिओ य दूसणेणं, मम पुत्तं मारिऊण मज्झत्थं । कन्ताथणाभिलासी !, पाव ! कहि वच्चसे अज्ज ? ॥ ९ ॥
ठा-ठाहि सवडहुत्तो, पाव ! तुमं सुनिसिएहि बाणेहिं । कन्तावराहकारी, पेसेमि जमालयं सिग्घं ॥ १० ॥
पडिभणइ लच्छिनिलओ, किं ते भड ! वोक्किएहि बहुएहिं । न य हं वच्चामि तहिं, जत्थ गओ नन्दणो तुज्झं ॥ ११ ॥
लच्छीहरेण एन्तो, सरेहि खरदूसणो कओ विरहो । छिन्नधणुहा-ऽयवत्तो, गहो व पडिओ नहयलाओ ॥ १२ ॥
आयड्ढिऊण खग्गं, सोमित्ती तस्स पाविओ सिग्घं । खरदूसणो वि समुहं, अवट्ठिओ असिवरं घेत्तुं ॥ १३ ॥
आमरिसवसगएणं, छिन्नं खग्गेण सुज्जहासेणं । खरदूसणस्स सीसं, पडियं रत्तारुणच्छायं ॥ १४ ॥
खरदूसणस्स मन्ती, नामेणं खारदूसणो एन्तो । लच्छीहरेण भिन्नो, सरेण मुच्छागयविबुद्धो ॥ १५ ॥
सिग्घं विराहिएण वि, तं सव्वं दूसणस्स नियबलं । निद्दयपहराभिहयं, खणेण भग्गं निराणन्दं ॥ १६ ॥
तं मारिऊण सत्तुं, सहिओ य विराहिएण सोमित्ती । पत्तो रामसयासं, पेच्छइ जेट्ठं सुहपसुत्तं ॥ १७ ॥
उट्ठविऊणा-ऽऽलत्तो, साह कहिं जणयनन्दिणी सामि ! । तेण वि सो पडिभणिओ, केण वि मे अवहिया कन्ता ॥ १८ ॥

---

युद्ध भूमिमें लड़ते हुए लक्ष्मणके चरणोंमें गिरकर उसने कहा कि हे स्वामी ! विद्याधर कुलमें उत्पन्न मैं आपका सेवक हूँ। (२) हे स्वामी चन्द्रोदरका पुत्र तथा अनुराधाकी कुक्षिसे उत्पन्न मैं नामसे विराधित आपकी आज्ञा मिलने पर इन्हें पराजित करनेमें समर्थ हूँ। (३) विनय से अवनत उसके सिर पर हाथ रखकर लक्ष्मणने कहा कि, हे वत्स ! सब कुछ ऐसा ही है, फिर भी तुम मेरे आगे मत ठहरो। (४) इस तरह कहे जाने पर उसने कहा कि, हे स्वामी ! आप एक खरदूषणको मारें। शेष सुभटोंको मैं संग्राममें मारूँगा। (५) ऐसा कहकर विराधित अपनी सेनाके साथ खरदूषणके सैन्यके सामने गया और युद्ध करने लगा। (६) योद्धा योद्धाओंके साथ और हाथी हाथियोंके साथ भिड़ गये। युद्धमें शूर रथारूढ रथिकोंके साथ जूझने लगे। (७) जिसमें सुभट-समूह मार गिराया जाता है ऐसे इस युद्धमें लक्ष्मण के साथ खरदूषण युद्ध करने लगा। (८) दूषणने कहा कि, अरे पापी ! वनके मध्य में रहे हुए (अथवा ध्यानमें लीन) मेरे पुत्रको मारकर मेरी पत्नीके स्तनोंकी अभिलाषा रखनेवाला तू आज कहाँ जायगा ? (९) अरे पापी ! तू सामने खड़ा रह। कान्ताका अपराध करनेवाला तुझे शीघ्र ही तीक्ष्ण बाणोंसे यमसदन पहुँचाता हूँ। (१०) इस पर लक्ष्मणने कहा कि, हे सुभट ! बहुत बकनेसे क्या फायदा ? जहाँ तेरा पुत्र गया है वहाँ मैं नहीं जाऊँगा। (११) तब लक्ष्मणने बाणोंसे खरदूषणको रथहीन बना दिया। कटे हुए धनुष और छत्र वाला वह ग्रहकी भाँति आकाशमेंसे नीचे गिरा। (१२) लक्ष्मण तलवार खींचकर एकदम उसके पास गया। खरदूषण भी उत्तम तलवार लेकर सामने आया। (१३) गुस्सेमें आये हुए लक्ष्मणने सूर्यहास तलवारसे खरदूषणका सिर काट डाला। रक्तकी लाल कान्तिवाला वह नीचे गिरा। (१४) इसके अनन्तर खारदूषण नामका खरदूषणका मंत्री आया। मूर्छित होनेके बाद होशमें आये हुए उसे लक्ष्मणने मार डाला। (१५)

विराधितने भी खरदूषणका अपना सारा सैन्य शस्त्रोंकी निर्दय चोटसे क्षणभरमें भग्न करके आनन्दहीन बना दिया। (१६) उस शत्रुको मारकर विराधितके साथ लक्ष्मण रामके पास आया। उसने वहाँ बड़े भाईको आरामसे सोया हुआ देखा। (१७) जगाकर उसने पूछा कि, हे स्वामी ! सीताजी कहा हैं ? यह आप कहें। उन्होंने भी प्रत्युत्तरमें

ताव पणामं काउं, विराहिओ भणइ सविणयं सामि! । अम्हं तुमं महाजस!, आणत्तिं देह कज्जेसु ॥ १९ ॥
एवं च भणियमेत्ते, पुच्छइ लच्छीहरं पउमणाहो । साहेहि वच्छ! एसो, कस्स सुओ? किं च नामं से? ॥ २० ॥
चन्दोयरस्स पुत्तो, नामेण विराहिओ इमो सामि! । जुज्झन्तस्स रणमुहे, मज्झ सयासं समणुपत्तो ॥ २१ ॥
एएण रिवुबलं तं, साहणसहिएण रणमुहे भग्गं । खग्गरयणेण सत्तू, मए वि खरदूसणो निहओ ॥ २२ ॥
अह भणइ लच्छीनिलओ, विज्जाहर! कारणं सुणसु एत्तो । मह गुरवस्स महिलिया, केण वि हरिया महारण्णे ॥ २३ ॥
तीए विरहम्मि इमो, वच्छय! जइ चयइ अत्तणो जीयं । तो हं हुयवहरासिं, पविसामि न एत्थ संदेहो ॥ २४ ॥
एयस्स जीवियव्वे, किंचि उवायं करेहि मुणिऊणं । सीयागवेसणपरो, वच्छ! सहीणो तुमं होहि ॥ २५ ॥
एव भणिओ पवुत्तो, चन्दोयरनन्दणो निययभिच्चे । [1]सीया लहुं गवेसह, तुम्हे हि जल-त्थला-ऽऽगासे ॥ २६ ॥
एव भणिया पयट्टा, सुहडा सन्नद्धबद्धतोणीरा । सीयागवेसणट्ठे, दस वि दिसाओ पवणवेगा ॥ २७ ॥
अह अक्कजडिस्स सुओ, रयणजडी नाम खेयरो गयणे । सायरवरस्स उवरिं, सुणइ पलावं महिलियाए ॥ २८ ॥
हा रामदेव! लक्खण!, धरेहि बन्दी इमेण हीरन्ती । सुपरिप्फुडं च सद्दं, सोउं रुट्ठो रयणकेसी ॥ २९ ॥
पेच्छइ पुप्फविमाणे, हीरन्ती रावणेण वइदेही । भणइ य रामस्स पियं, दुट्ठ! कहिं नेसि मह पुरओ? ॥ ३० ॥
सो एव भणियमेत्तो, दसाणणो तस्स नियय विज्जाओ । अवलोयणीएँ नाउं, छिन्दइ मन्तप्पभावेणं ॥ ३१ ॥
अह सो विरिक्कविज्जो, कम्बुद्दीवम्मि तक्खणं पडिओ । आरुहइ कम्बुसेलं, समुद्दवाएण आसत्थो ॥ ३२ ॥
जे वि य ते तत्थ गया, गवेसिऊणं च आगया सिग्घं । रामस्स कहन्ति फुडं, न सामि! तुह गेहिणी दिट्ठा ॥ ३३ ॥

---

कहा कि किसीने मेरी कान्ताका अपहरण किया है। (१८) उसी समय प्रणाम करके विराधितने विनयपूर्वक कहा कि, हे स्वामी! हे महायश! मैं आपहीका सेवक हूँ। कार्यके लिए आप मुझे आज्ञा दें। (१९) इस प्रकार कहनेपर रामने लक्ष्मणसे पूछा कि, हे वत्स! यह किसका पुत्र है और इसका क्या नाम है, यह मुझे तुम कहो। (२०) तब उसने कहा कि, हे स्वामी! चन्द्रोदरका विराधित नामका यह पुत्र युद्धभूमिमें लड़ते समय मेरे पास आया था। (२१) सेनासे युक्त इसने युद्धक्षेत्रमें शत्रुकी सेनाको नष्टकर डाला। मैंने भी खड्गरत्नसे शत्रु खरदूषणको मार डाला है। (२२) इसके बाद लक्ष्मणने कहा कि, हे विद्याधर तुम कारण सुनो। मेरे बड़े भाई रामकी पत्नीका किसीने इस महारण्यमें अपहरण किया है। (२३) हे वत्स! उसके विरहमें यदि वे अपने प्राण छोड़ देंगे तो मैं भी आगकी राशिमें (अर्थात् चितामें) प्रवेश करूँगा, इसमें सन्देह नहीं है। (२४) हे वत्स! सोच-विचार करके इनके जीवनके लिए कोई उपाय करो। तुम सख्यभावसे सीताकी खोजमें तत्पर बनो। (२५)

ऐसा कहनेपर विराधितने अपने भृत्योंको आज्ञा दी कि जल, स्थल एवं आकाशमें तुम सीताको जल्दी ही खोजो। (२६) इस तरह कहे गये सुभट कवच पहनकर और तरकश बाँधकर सीताकी गवेषणाके लिए पवनवेगसे चल पड़े। (२७)

अर्कजटीके पुत्र रत्नजटी नामके खेचरने सागरके ऊपर आकाशमें किसी स्त्रीका रुदन सुना। (२८) 'हा रामदेव! हा लक्ष्मण! बन्दी और इसके द्वारा अपहरण की जाती मुझे बचाओ'—ऐसा स्पष्ट शब्द सुनकर रत्नकेशी क्रुद्ध हो गया। (२९) उसने रावणके द्वारा अपहरण की जाती वैदेहीको पुष्पक विमानमें देखा। उसने कहा कि, हे दुष्ट! रामकी प्रियाको मेरे सामने तू कहाँ ले जा रहा है? (३०) इस प्रकार कहे गये उस रावणने अपनी अवलोकिनी विद्यासे उसकी नियत विद्याओंके बारेमें जानकर मंत्रके प्रभावसे उसे विद्यारहित कर दिया। (३१) विद्याशून्य वह तत्क्षण कम्बुद्वीपमें जा गिरा। समुद्रकी वायुसे होशमें आया हुआ वह कम्बुशैलपर चढ़ा। (३२)

जो खोजने गये थे वे शीघ्र ही वापस लौट आये। रामसे उन्होंने स्पष्ट रूपसे कहा कि, हे स्वामी! आपकी गृहिणीको

---

१. सीयं—प्रत्य०।

विज्जाहराण वयणं, सोऊणं राघवो विसण्णमणो । भणइ य सायरवडियं, रयणं को लहइ जियलोए ? ॥ ३४ ॥
नूणं परभवजणियं, अणुहवियव्वं मए निययकम्मं । नियमेण तं न तीरइ, देवेहि वि अन्नहा काउं ॥ ३५ ॥
एवं परिदेवन्तं, रहुनाहं भणइ खेयरनरिन्दो । थोवदिवसेसु कन्तं, दावेमि तुहं मुयसु सोयं ॥ ३६ ॥
अन्नं पि सुणसु सामिय !, निहए खरदूसणे बलब्भहिए । जाहिन्ति महासोहं, इन्दइपमुहा भडा तुज्झं ॥ ३७ ॥
तम्हा वच्चामु लहुं, पायालंकारपुरवरं एत्तो । भामण्डलस्स वत्ता, तत्थ लभामो सुहासीणा ॥ ३८ ॥
सामच्छिऊण एवं, राम-सुमित्ती य रहवरविलग्गा । समयं विराहिएणं, पायालपुरं चिय पविट्ठा ॥ ३९ ॥
सोऊण आगया ते, चन्दणहानन्दणो तओ सुन्दो । नियबलेण समग्गो, तेहि समं जुज्झिउं पत्तो ॥ ४० ॥
परिणिज्जिऊण सुन्दं, चन्दोयरनन्दणेण समसहिया । खरदूसणस्स गेहे, अवट्ठिया राम-सोमित्ती ॥ ४१ ॥
तत्थ वि सुरभिसुयन्धे, पासाए राघवो परिवसन्तो । सीयासमागममणो, निमिसं पि धिइं न सो लहइ ॥ ४२ ॥
तस्स घरस्सासन्ने, जिणभवणं उववणस्स मज्झम्मि । तं पविसिऊण रामो, पणमइ पडिमा[1] धिइं पत्तो ॥ ४३ ॥
नियबलेण समग्गो, सुन्दो जणणिं च गेण्हिउं सिग्घं । लङ्कापुरिं पविट्ठो, पिइ-भाईसोगसंतत्तो ॥ ४४ ॥

एवं सङ्गा परभवकया होन्ति नेहाणुबद्धा, पच्छा दुक्खं जणियविरहा, देवमाणुस्सभावा ।
तम्हा नाणं जिणवरमए जाणिऊणं विसुद्धं, धम्मे चित्तं कुणह विमलं सबसोक्खाण मूलं ॥ ४५ ॥

॥ इय पउमचरिए सीयाविप्पओगदाहपव्वं पणयालं समत्तं ॥

## ४६. मायापायारविउव्वणपव्वं

सो तत्थ विमाणत्थो, वच्चन्तो रावणो जणयधूयं । दट्ठूण मिलाणवयणं, जंपइ महुराणि वयणाणि ॥ १ ॥

हमने कहीं नहीं देखा । (३३) विद्याधरोंका ऐसा कथन सुनकर विषण्ण मनवाले रामने कहा कि, इस जीवलोकमें सागरमें गिरा हुआ रत्न कौन पा सकता है ? (३४) अवश्य ही परभवमें पैदा किया हुआ मेरा कर्म मुझे ही भोगना चाहिये । वस्तुतः देव भी उसे अन्यथा करनेमें समर्थ नहीं हैं । (३५) इस प्रकार विलाप करते हुए रामको खेचरनरेशने कहा कि थोड़े ही दिनों में मैं आपको आपकी पत्नीके दर्शन करा दूँगा, अतः आप शोकका परित्याग करें । (३६) हे स्वामी ! आप दूसरी बात भी सुनें । बलमें अधिक ऐसे खरदूषणके मारे जानेपर इन्द्रजित आदि सुभट आपपर अत्यन्त क्षुब्ध हो जाएँगे । (३७) अतएव यहाँसे हम जल्दी ही भामण्डलके पातालल्लंकापुरमें जायँ और वहाँ सुखपूर्वक बैठकर बातका पता लगावें । (३८)

इस तरह मंत्रणा करके विराधितके साथ रथपर बैठे हुए राम और लक्ष्मणने पातालपुरमें प्रवेश किया । (३९) वहाँ आये हैं ऐसा सुनकर चन्द्रनखाका पुत्र सुन्द अपनी सेनाके साथ उनसे युद्ध करनेके लिए आया । (४०) सुन्दको जीतकर विराधितके साथ राम और लक्ष्मण खरदूषणके घरमें ठहरे । (४१) उस मीठी गन्धवाले प्रासादमें रहनेपर भी मनमें सीताके समागमकी इच्छा रखनेवाले राम एक निमिष मात्र भी धीरज धारण नहीं करते थे । (४२) उस घरके समीप उद्यानमें जिनमन्दिर था । रामने उसमें प्रवेश करके प्रणाम किया और इस प्रकार धीरज धारण की । (४३) पिता और भाईके शोकसे सन्तप्त सुन्दने माताको लेकर अपने समग्र सैन्यके साथ लंकापुरीमें शीघ्र ही प्रवेश किया । (४४) इस तरह परभवमें किये हुए सम्बन्ध प्रारम्भमें स्नेहसे बँधे हुए होते हैं, परन्तु बादमें देव एवं मनुष्य भवमें विरह उत्पन्न करके दुःखरूप होते हैं; अतएव जिनवरके मतमें विशुद्ध ज्ञान है ऐसा जानकर सब सुखोंका मूल ऐसा विमल चित्त धर्ममें करो । (४५)

॥ पद्मचरितमें सीताके विप्रयोगका दाह नामक पैंतालीसवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ४६. माया-प्राकारका निर्माण

विमानमें बैठकर जाता हुआ रावण सीताको म्लानवदना देखकर मधुर वचन कहने लगा कि, हे सुन्दरी ! तुम प्रसन्न

१. पडिमं—प्रत्य० ।

होहि पसन्ना सुन्दरि!, मं दिट्ठी देहि सोमसस्सिवयणे! । जेण मयणाणलो मे पसमइ तुह चक्खुसलिलेणं ॥ २ ॥
अह दिट्ठिपसायं मे, न कुणसि वरकमलपत्तदलनयणे! । तो पहणसुत्तिमङ्गं, इमेण चलणारविन्देणं ॥ ३ ॥
अवलोइऊण पेच्छसु, ससेल-वण-काणणं इमं पुहइं । भमइ जसो पणवो इव, मज्झ अणक्खलियगइपसरो ॥ ४ ॥
इच्छसु मए किसोयरि!, माणेहि जहिच्छियं महाभोगं । आभरणभूसियङ्गी, देवि व समं सुरिन्देणं ॥ ५ ॥
जं रावणेण भणिया, विवरीयमुही ठिया य तं सीया । जं परलोयविरुद्धं, कह जंपसि एरिसं वयणं ? ॥ ६ ॥
अवसर दिट्ठिपहाओ, मा मे अङ्गाइं छिवसु हत्थेणं । परमहिलियाणलसिहापडिओ सलहो व नासिहिसि ॥ ७ ॥
परनारिं पेच्छन्तो, पावं अज्जेसि अयससंजुत्तं । नरयं पि वज्जसि मओ, दुक्खसहस्साउलं घोरं ॥ ८ ॥
फरुसवयणेहि एवं, अहियं निब्भच्छिओ य सीयाए । मयणपरितावियङ्गो, तह वि न छड्डेइ पेम्मं सो ॥ ९ ॥
ताहे लङ्काहिवई, नियसिरे विरइऊण करकमलं । पाएसु तीऍ पडिओ, तणमिव गणिओ विदेहाए ॥ १० ॥
खरदूसणसंगामे, निवत्ते ताव आगया सुहडा । सुय-सारणमाईया, जयसद्दं चेव कुणमाणा ॥ ११ ॥
पडुपडह-गीय-वाइय-रवेण अहिणन्दिओ सह बलेणं । पविसइ लङ्कानयरिं, दसाणणो इन्दसमविभवो ॥ १२ ॥
चिन्तेइ जणयतणया, हवइ ऽह विज्जाहराहिवो एसो । आयरइ अमज्जायं, कं सरणं तो पवज्जामि ? ॥ १३ ॥
जाव य न एइ वत्ता, कुसला दइयस्स बन्धुसहियस्स । ताव न भुञ्जामि अहं, आहारं भणइ जणयसुया ॥ १४ ॥
देवरमणं ति नामं, उज्जाणं पुरवरीऍ पुव्वेणं । ठविऊण तत्थ सीया, निययघरं पत्थिओ ताहे ॥ १५ ॥
सीहासणे निविट्ठो, नाणाविहमणिमऊहपज्जलिए । सीयावम्महनडिओ, न लहइ निमिसं पि निव्वाणं ॥ १६ ॥

---

हो। हे शशीके समान सौम्य वदनवाली ! मेरी ओर देखो, जिससे मेरी मदनाग्नि तुम्हारे नेत्ररूपी जलसे शान्त हो। (१-२) हे उत्तम कमलपत्रके दलके समान नेत्रोंवाली ! तुम यदि मुझपर दृष्टिका अनुग्रह नहीं करती, तो इस चरणारविन्दसे मेरे मस्तक पर प्रहार करो। (३) शैल, वन एवं उपवनोंसे युक्त इस पृथ्वीका अवलोकन करो। वहाँ पवनकी भाँति अस्खलित गति एवं प्रसारवाला मेरा यश भ्रमण कर रहा है। (४) हे कृशोदरी ! मुझे तुम चाहो। आभरणोंसे अलंकृत शरीरवाली तुम सुरेन्द्रके साथ इन्द्राणीकी भाँति यथेच्छ महाभोगका उपभोग करो। (५) इस प्रकार रावणके द्वारा कही गई सीता मुँह फेर करके बैठ गई और कहने लगी कि ऐसा परलोकविरुद्ध वचन तुम क्यों कहते हो ? (६) मेरे दृष्टिमार्गसे तुम दूर हटो। अपने हाथसे तुम मेरे अंगोंको मत छूओ। दूसरेकी स्त्रीरूपी आगकी लौमें पड़कर तुम पतंगेकी तरह नष्ट हो जाओगे। (७) परनारीको देखनेवाला तू पाप कमाता है और मरने पर बदनामीके साथ हजारों दुःखोंसे व्याप्त घोर नरकमें भी जायगा। (८) सीता द्वारा ऐसे कठोर वचनोंसे अत्यधिक अपमानित किये जाने पर भी मदनसे तप्त शरीरवाले उसने प्रेम न छोड़ा। (९) तब लंकाधिपति रावण अपने सिर पर कर-कमलकी रचना करके अर्थात् मस्तक पर हाथ जोड़कर उसके पैरोंमें गिरा, किन्तु सीताने उसे तृणकी भाँति गिना। (१०)

खरदूषणके संग्राममेंसे छूटे हुए शुक, शारण आदि सुभट जयघोष करते हुए आये। (११) विशाल ढोल एवं गीत और वाद्योंकी ध्वनि द्वारा अभिनन्दित तथा इन्द्रके समान वैभवशाली रावणने सेनाके साथ लंकानगरीमें प्रवेश किया। (१२) सीताने सोचा कि यह विद्याधर राजा है। यह अमर्यादाका आचरण करता है तो मैं किसकी शरणमें जाऊँ ? (१३) जनकसुता सीताने कहा कि जबतक बन्धुसहित पतिकी कुशलवार्ता नहीं मिलती तबतक मैं आहार करूँगी ही नहीं। (१४) नगरीके पूर्वभागमें देवरमण नामका एक उद्यान था। वहाँ सीताको ठहराकर रावण अपने घर पर गया। (१५) नानाविध मणियोंकी किरणोंसे देदीप्यमान सिंहासन पर बैठने पर भी सीताके कारण कामसे पीड़ित वह एक क्षण भर भी चैन नहीं पाता था। (१६)

---

१. सीयं—प्रत्य०।

खरदूसणम्मि वहिए, ताव पलावं कुणन्ति जुवईओ । मन्दोयरिपमुहाओ, लङ्काहिवइस्स घरिणीओ ॥ १७ ॥
एक्कोयरस्स चलणे, चन्दणहा गेण्हिऊण रोवन्ती । भणइ हयासा पावा, अहयं पइ-पुत्तपरिमुक्का ॥ १८ ॥
विलवन्ती भणइ तओ, लङ्कापरमेसरो अलं वच्छे ! । रुण्णेण किं व कीरइ ?, पुवकयं आगयं कम्मं ॥ १९ ॥
वच्छे ! जेण रणमुहे, निहओ खरदूसणो तुह सुओ य । तं पेच्छ वहिज्जन्तं, सहायसहियं तु अचिरेणं ॥ २० ॥
संथाविऊण बहिणी[1], आएसं जिणहरम्मणे दाउं । पविसरइ नियभवणं, दसाणणो मयणजरगहिओ ॥ २१ ॥
मन्दोयरी पविट्ठा, दइयं दट्ठूण दोहनीसासं । भणइ विसायं सामिय !, मा वच्चसु दूसणवहम्मि ॥ २२ ॥
अन्ने वि तुज्झ बन्धू, एत्थेव मया न सोइया तुम्हे । किं पुण दूसणसोगं, सामि ! अपुवं समुवहसि ? ॥ २३ ॥
लज्जन्तो भणइ तओ, सुण सुन्दरि ! एत्थ सारसब्भावं । जइ नो रूसेसि तुमं, तो हं साहेमि ससिवयणे ! ॥ २४ ॥
सम्बुक्को जेण हओ, विवाइओ दूसणो य संगामे । सीया तस्स महिलिया, हरिऊण मए इहाऽऽणीया ॥ २५ ॥
जइ नाम सा सुरूवा, न मए इच्छह पइं मयणतत्तं । तो नत्थि जीवियं मे, तुज्झ पिए साहियं एयं ॥ २६ ॥
दइयं एयावत्थं, दट्ठूं मन्दोयरी समुल्लवइ । महिला सा अकयत्था, जा देव ! तुमं न[2] इच्छेइ ॥ २७ ॥
अहवा सयलतिहुयणे, सा एक्का रूव-जोवणगुणड्ढा । अहमाणगविएणं, जोइज्जइ जा तुमे सामि ! ॥ २८ ॥
केऊरभूसियासू, इमासु बाहासु करिकरसमासु । किह नऽवगूहसि सामिय !, तं विलयं सबलकारेणं ॥ २९ ॥
सो भणइ सुणसु सुन्दरि !, अत्थि इहं कारणं महागरुयं । बलगबिओ वि सन्तो, जेण न गिण्हामि परमहिलं ॥ ३० ॥
पुवं मए किसोयरि !, अणन्तविरियस्स पायमूलम्मि । साहुपडिचोइएणं, कह वि य एक्कं वयं गहियं ॥ ३१ ॥

---

उस समय खरदूषणका वध होनेसे लंकेश रावणकी मन्दोदरी आदि युवा स्त्रियाँ प्रलाप कर रही थीं। (१७) भाईके चरण पकड़कर रोती हुई चन्द्रनखा कह रही थी कि पति एवं पुत्रसे हीन और पापी मैं हताश हो गई हूँ। (१८) तब विलाप करती हुई उसे लंकाके राजा रावणने कहा कि, हे वत्से ! रोना बन्द करो। पूर्वकृत कर्मका उदय होने पर क्या किया जाय ? (१९) हे वत्से ! जिसने खरदूषण तथा तुम्हारे पुत्रको मारा है उसका अपने सहायकके साथ वध तुम शीघ्र ही देखोगी। (२०) इस तरह बहनको सान्त्वना दे और जिनमन्दिरमें पूजाकी आज्ञा देकर मदन-ज्वरसे गृहीत रावणने अपने भवनमें प्रवेश किया। (२१) प्रविष्ट मन्दोदरीने दीर्घ निःश्वास डालते हुए पतिको देखकर कहा कि, हे स्वामी ! खरदूषणके वधके कारण तुम दुःखित मत हो। (२२) आपके दूसरे भी भाई यहीं पर मर गये हैं, पर तुमने उनका शोक नहीं किया। हे स्वामी ! तो फिर अपूर्व ऐसा दूषणका शोक तुम क्यों धारण करते हो ? (२३) तब लज्जित होता हुआ वह कहने लगा कि, हे सुन्दरी ! सत्य वस्तुस्थितिके बारेमें सुनो। हे शशिवदने ! यदि तुम रुष्ट न हो तो मैं कहूँ। (२४) जिसने शम्बूकका वध किया है और संग्राममें दूषणको मारा है उसकी स्त्री सीताका अपहरण करके मैं यहाँ लाया हूँ। (२५) यदि वह रूपवती मदनसे तप्त मुझे पतिरूपसे नहीं चाहेगी तो मेरे प्राण नहीं बचेंगे। हे प्रिये ! मैंने तुमसे यह कहा। (२६)

ऐसी अवस्थावाले पतिको देखकर मन्दोदरीने कहा कि हे देव ! वह स्त्री दुर्भाग्यशाली है जो आपको नहीं चाहती। (२७) अथवा हे स्वामी ! सारे त्रिभुवनमें वह अकेली ही रूप, यौवन एवं गुणसे सम्पन्न होगी जिसे कि तुमने अत्यन्त मान एवं अभिमानके साथ देखा है। (२८) हे स्वामी ! केयूरसे भूषित तथा हाथीकी सूँढ़ सरीखी इन भुजाओंसे तुमने बलात्कारपूर्वक उस स्त्रीका आलिंगन क्यों नहीं किया ? (२९) उसने कहा कि, हे सुन्दरी ! इसमें एक बड़ा भारी कारण है जिससे बलगर्वित होने पर भी दूसरेकी स्त्रीको मैं ग्रहण नहीं करता। (३०) हे कृशोदरी ! साधुके द्वारा प्रेरित मैंने पहले अनन्तवीर्यके चरणोंमें किसी तरह एक व्रत अंगीकार किया था कि रूप एवं गुणसे पूर्ण होने पर भी यदि परनारी

---

१. बहिणिं—प्रत्य०। २. न पत्थेइ—मु०।

जा नेच्छइ परमहिला, अपसन्ना अह वि रूवगुणपुण्णा । सा वि य मए बलेणं, न पत्थियव्वा सयाकालं ॥ ३२ ॥
एएण कारणेणं, बला न गिण्हामि परगिहत्था हं । मा मे निवित्तिभङ्गो, होही पुवम्मि गहियाए ॥ ३३ ॥
अचलिय-अखण्डियाए, एस निवित्तीएँ नरयपडिओ वि । उत्तारिज्जामि अहं, घडो व कूवम्मि रज्जूए ॥ ३४ ॥
मयणसरभिन्नहियय, जइ जीवन्तं मए तुमं महसि । सुन्दरि ! आणेहि लहुं, तं महिलाओसहिं गन्तुं ॥ ३५ ॥
एयावत्थसरीरं, कन्तं मन्दोयरी पलोएउं । जुवईहि संपरिवुडा, चलिया जत्थऽच्छए सीया ॥ ३६ ॥
उज्जाणं सुररमणं, संपत्ता तत्थ पायवसमीवे । मन्दोयरीएँ दिट्ठा, जणयसुया वणसिरी चेव ॥ ३७ ॥
आलविऊण निविट्ठा, जंपइ मन्दोयरी सुणसु भद्दे ! । किं नेच्छसि भत्तारं, दहवयणं खेयराहिवई ? ॥ ३८ ॥
महिगोयरस्स अत्थे, किं अच्छसि दुक्खिया तुमं बाले ! । अणुहवसु देहसोक्खं, लद्धूण दसाणणं कन्तं ॥ ३९ ॥
जे राम-लक्खणा वि हु, तुज्झ हिए नियमेव उज्जुत्ता । तेहिं पि किं व कीरइ, विज्जापरमेसरे रुट्ठे ? ॥ ४० ॥
मन्दोयरीएँ एवं, जं भणिया जणयनन्दिणी वयणं । जाया गग्गरकण्ठा, अंसुजलापुण्णनयणजुया ॥ ४१ ॥
पडिभणइ तओ सीया, सईउ किं एरिसाणि वयणाणि । जंपन्ति सुमहिलाओ, उत्तमकुलजायपुवाओ ? ॥ ४२ ॥
जइ वि हु इमं सरीरं, छिन्नं भिन्नं हयं च पुणरुत्तं । रामं मोत्तूण पई, तह वि य अन्नं न इच्छामि ॥ ४३ ॥
जइ वि अखण्डलसरिसं, परपुरिसं सणंकुमाररूवं पि । तं पि य नेच्छामि अहं, किं वा बहुएहि भणिएहिं ? ॥ ४४ ॥
एत्थन्तरम्मि पत्तो, दहवयणो मयणवेयणुम्हविओ । सीयाएँ समब्भासे, अवट्ठिओ भणइ वयणाइं ॥ ४५ ॥
सुन्दरि ! विन्नप्पं सुण, हीणो हं केण वत्थुणा ताणं । जेण ममं भत्तारं, नेच्छसि सुइरं पि भण्णन्ती ? ॥ ४६ ॥
भणइ तओ जणयसुया, अवसर मा मे छिवेहि अङ्गाइं । विज्जाहराहम ! तुमं, कह जंपसि एरिसं वयणं ? ॥ ४७ ॥

---

अप्रसन्न होकर नहीं चाहेगी तो बलशाली मैं उसकी सर्वदाके लिए इच्छा नहीं करूँगा । (३१-३२) इसी वजहसे मैं परस्त्रीको बलपूर्वक ग्रहण नहीं करता । पूर्वमें गृहीत मेरी निवृत्ति ( त्याग ) का भंग न हो । ( ३३ ) जिस तरह कूएँमें पड़ा हुआ घड़ा रस्सीसे बाहर निकाला जाता है उसी तरह अचलित और अखण्डित मेरी इसी निवृत्तिसे नरकमें पड़ने पर भी मैं पार हो सकूँगा । (३४) हे सुन्दरी ! मदनके शरसे भिन्न हृदयवाले मुझको यदि तुम जीवित देखना चाहती हो तो जा करके वह महिलारूपी औषधि जल्दी लाओ । (३५) ऐसी अवस्थासे युक्त शरीरवाले पतिको देखकर युवतियोंसे घिरी हुई मन्दोदरी जहाँ सीता ठहरी हुई थी वहाँ गई । (३६)

उस सुररमण नामक उद्यानमें पहुँचकर मन्दोदरीने वृक्षके पास वनकी लक्ष्मी जैसी सीताको देखा । (३७) बातचीत करके बैठने पर मन्दोदरीने कहा कि, हे भद्रे ! सुनो । तुम खेचराधिपति रावणको पति रूपसे क्यों नहीं चाहती ? (३८) हे बाले ! जमीन पर चलनेवालेके लिए तुम दुःखी क्यों होती हो ? रावणको पतिके रूपमें प्राप्त करके तुम शरीर-सुखका अनुभव करो । (३९) जिन राम और लक्ष्मणने तुम्हारे हृदयमें स्थान प्राप्त किया है वे भी विद्याधरेश रावणके रुष्ट होने पर क्या करेंगे ? (४०) मन्दोदरीके ऐसे वचन कहने पर सीताका गला भर आया तथा उसकी आँखोंमें आँसू उमड़ आये । (४१) तब सीताने कहा कि, उत्तम कुलमें उत्पन्न सती स्त्री क्या ऐसे वचन कह सकती है ? (४२) यदि इस शरीरको छिन्न-भिन्न और बारबार काटा जाय तो भी रामको छोड़कर अन्य किसीको पतिरूपसे मैं नहीं चाहूँगी । (४३) बहुत कहनेसे क्या फायदा ? परपुरुष यदि इन्द्र जैसा हो अथवा सनत्कुमारके समान सुरूप हो, तो भी मैं उसे नहीं चाहूँगी । (४४)

उस समय कामकी वेदनासे विह्वल रावण भी वहाँ आ पहुँचा और सीताके पास बैठकर ऐसे वचन कहने लगा— हे सुन्दरी ! तुम मेरी बिनती सुनो । उनसे मैं किस बातमें हीन हूँ जिससे चिरकालसे कहने पर भी मुझे पति रूपसे नहीं चाहती ? (४५-६) तब सीताने कहा कि तुम दूर हटो, मेरे अंगोंको मत छूओ । हे अधम विद्याधर ! तुम ऐसे वचन क्यों कहते हो ? (४७) तब रावणने कहा कि हे कृशोदरी ! मेरी युवतियोंकी तुम मुख्य महादेवी बनो और इच्छानुसार

---

१. खेयराहिवइं—प्रत्य० । २. पइं—प्रत्य० । ३. मए भत्तारं—प्रत्य० ।

मह जुवईण किलेसकरि !, होहि तुमं उत्तमा महादेवी । माणेहि विसयसोक्खं, जहिच्छियं मा चिरावेहि ॥ ४८ ॥
तो भणइ जणयतणया, समयं रामेण रण्णवासो य । अहियं मे कुणइ घिई, सुरवइलोगं विसेसेइ ॥ ४९ ॥
भूसणरहिया वि सई, तीए सीलं तु मण्डणं होइ । सीलविहूणाएँ पुणो, वरं खु मरणं महिलियाए ॥ ५० ॥
जं एव निरागरिओ, माया काउं समुज्जओ सहसा । अत्थमिओ दिवसयरो, ताव य जायं[1] तमं घोरं ॥ ५१ ॥
हत्थीसु केसरीसु य, वग्घेसु य मेसिया जणयधूया । न य पडिवन्ना सरणं, दसाणणं नेव सा खुहिया ॥ ५२ ॥
रक्खस-वेयालेसु य, अहियं भेसाविया वि नागेसु । न य पडिवन्ना सरणं, दसाणणं नेव सा खुहिया ॥ ५३ ॥
एवं दसाणणेणं, भेसिज्जन्तीएँ ववगया रयणी । नासेन्तो बहलतमं, ताव च्चिय उग्गओ सूरो ॥ ५४ ॥
तत्थेव वरुज्जाणे, ठियस्स सुहडा विभीसणाईया । सिग्घं च समणुपत्ता, पणमन्ति कमेण दहवयणं ॥ ५५ ॥
ताव य तहिं रुयन्ती, दट्ठूण बिहीसणो जणयधूयं । पुच्छइ कहेहि भद्दे !, दुहिया भज्जा व कस्स तुमं ? ॥ ५६ ॥
सा भणइ वच्छ ! निसुणसु, दुहिया जणयस्स नरवरिन्दस्स । भामण्डलस्स बहिणी, राघवघरिणी अहं सीया ॥५७॥
जाव य मज्झ पिययमो, गवेसणट्ठे गओ कणिट्ठस्स । ताव अहं अवहरिया, इमेण पावेण रण्णाओ ॥ ५८ ॥
जाव न वच्चइ मरणं, मह विरहे राघवो तहिं रण्णे । ताव इमो दहवयणो, नेऊण मए समप्पेउ ॥ ५९ ॥
सुणिऊण तीएँ वयणं, बिहीसणो भायरं भणइ एवं । वित्ताणलसमसरिसी, किं परनारी समाणीया[2] ? ॥ ६० ॥
अन्नं पि सुणसु सामिय !, तुज्झ जसो भमइ तिहुयणे सयले । परनारिपसङ्गेणं, मा अयसकलङ्किओ होहि ॥ ६१ ॥
उत्तमपुरिसाण पहू !, न य जुत्तं एरिसं हवइ कम्मं । बहुजणदुगुञ्छणीयं, दोग्गइगमणं च परलोए ॥ ६२ ॥
पडिभणइ खेयरिन्दो, किं परदव्वं महं वसुमईए । दुपयचउप्पयवत्थुं, जस्स न सामी अहं जाओ ? ॥ ६३ ॥

---

विषयसुखका उपभोग करो। देर मत करो। (४८) इस पर सीताने कहा कि रामके साथ अरण्यवास भी मुझे अधिक शान्ति देता है। वह इन्द्रके देवलोकसे भी विशिष्ट है। (४९) भूषणरहित होने पर भी सतीके लिए शील ही मण्डन रूप होता है। शीलरहित स्त्रीके लिए तो मरण ही अच्छा है। (५०) इस प्रकार तिरस्कृत होने पर वह माया करनेके लिए सहसा उद्यत हुआ। उस समय सूर्य अस्त हो गया और घोर अन्धकार छा गया। (५१) हाथी, सिंह और बाघोंसे सीता डराई गई, फिर भी न तो वह क्षुब्ध हुई और न रावणकी शरणमें गई। (५२) राक्षस, बेताल तथा सर्पोंसे वह अधिक डराई गई, किन्तु न तो वह क्षुब्ध हुई और न रावणकी शरणमें गई। (५३) इस प्रकार रावण द्वारा डराई जाती सीताकी रात व्यतीत हुई, गाढ़ अन्धकार नष्ट हुआ और सूर्योदय हुआ। (५४)

उसी उद्यानमें ठहरे हुए रावणके पास शीघ्र ही विभीषण आदि सुभट आये। उन्होंने अनुक्रमसे प्रणाम किया। (५५) उस समय वहाँ सीताको रोते देख विभीषणने पूछा कि, हे भद्रे ! तुम किसकी पुत्री अथवा किसकी पत्नी हो ? (५६) उसने कहा कि, हे वत्स ! तुम सुनो। मैं राजा जनककी पुत्री, भामण्डलकी बहन और रामकी पत्नी सीता हूँ। (५७) जब मेरे पति छोटे भाईकी खोजमें गये थे तब इस पापीने मेरा जंगलमेंसे अपहरण किया है। (५८) उस अरण्यमें मेरे विरहसे राम जबतक मृत्यु प्राप्त नहीं करते तबतक इस रावणके पाससे ले जाकर तुम मुझे रामको सौंप दो। (५९) उसका कथन सुनकर विभीषणने भाईसे कहा कि प्रज्वलित अग्निके समान परनारीको क्यों लाये हो ? (६०) हे स्वामी ! दूसरा भी सुनो। आपका यश सारे त्रिभुवनमें भ्रमण करता है, अतः परनारीके प्रसंगसे प्राप्त होनेवाले अपयशसे तुम कलंकित मत बनो। (६१) हे प्रभो ! उत्तम पुरुषोंके लिए ऐसा कार्य, जो बहुजन द्वारा जुगुप्सित और परलोकमें दुर्गति देनेवाला हो, उपयुक्त नहीं है। (६२) इस पर खेचरेन्द्र रावणने कहा कि इस पृथ्वीपर मेरे लिए परद्रव्य जैसा क्या है ? द्विपद ( मनुष्य ) और चतुष्पद ( पशु ) में ऐसी कौनसी वस्तु है जिसका मैं स्वामी नहीं हूँ ? (६३)

---

१. मायं—प्रत्य० । २. तमन्धारं—प्रत्य० । ३. इहाऽऽणीया—प्रत्य० ।

एत्थन्तरे विलग्गो, भुवणालंकारमत्तमायङ्गो । सीया वि य आरुहिया, पुप्फविमाणे दहमुहेणं ॥ ६४ ॥
गय-तुरय-जोह-रहवर-संघट्टुद्दन्तमङ्गलरवेणं । अहिणन्दिओ य वच्चइ, तणमिव गणिओ विदेहाए ॥ ६५ ॥
पत्तो समत्तकुसुमं, उज्जाणं विविहपायवसमिद्धं । पुप्फगिरिस्स मणहरं, ठियं च उवरिं समन्तेणं ॥ ६६ ॥
उज्जाणस्स पएसा, सत्त तुमं ताव सुणसु मगहवई । पढमं पइण्णनामं, आणन्दं तह य सुहसेवं ॥ ६७ ॥
सामुच्चयं चउत्थं, पञ्चमयं चारणं ति नामेणं । पियदंसणं च छट्ठं, पउमुज्जाणं च सत्तमयं ॥ ६८ ॥
पढमं पइण्णगं ति य, धरणियले तह परं जणाणन्दं । नाणाविहतरुछन्नं, तत्थ जणो नायरो रमइ ॥६९ ॥
तइयम्मि उ सुहसेवे, समुच्चए तह चउत्थए रम्मे । कीलइ विलासिणिजणो, सुयन्धकुसुमोहबलिकम्मो ॥ ७० ॥
चारणमणाभिरामे, उज्जाणे चारणा समणसीहा । सज्झाय-झाणनिरया, वसन्ति निच्चं दढधिईया ॥ ७१ ॥
तम्बोलवल्लिपउरं, केइयधूलीसुधूसरामोयं । पियदंसणं च छट्ठं, उज्जाणं मणहरालोयं ॥ ७२ ॥
पउमवरुज्जाणं तं, सत्तमयं विविहरइयसोवाणं । पुप्फगिरिपवरसिहरे, अहिट्ठियं पण्डगवणं व ॥ ७३ ॥
नारङ्ग-फणस-चम्पग-असोग-पुन्नाग-तिलयमाईहिं । रेहन्ति उववणाइं, कोइलमहुरानिणायाइं ॥ ७४ ॥
वावीसु दीहियासु य, जणवयण्हाणावगाहणजलासु । कमलुप्पलछन्नासुं, ताइं अहियं विरायन्ति ॥ ७५ ॥
तत्थ य पउमुज्जाणे, नामेणासोगमालिणी वावी । कीलणहरेसु रम्मा, विमलजला काणणसणाहा ॥ ७६ ॥
तत्थासोगमहातरुसंछन्ने ठाविया जणयधूया । पण्डगवणे व नज्जइ, अवइण्णा सुरवहू चेव ॥ ७७ ॥
रावणपवेसियाहिं, जुवईहि अणेयचाडुयारोहिं । नियय पि पसाइज्जइ, वीणागन्धबनट्टेहिं ॥ ७८ ॥
न करेइ मज्जणविहिं, न य भुञ्जइ नेय देइ उल्लावं । एगग्गमणा सीया, अच्छइ रामं विचिन्तन्ती ॥ ७९ ॥

---

तब भुवनालंकार नामक एक मदोन्मत्त हाथी पर रावण सवार हुआ। पुष्पक विमानमें सीताको भी उसने चढ़ाया। (६४) हाथी, घोड़े, योद्धा तथा उत्तम रथोंके समूहसे उठनेवाली मंगलध्वनिसे अभिनन्दित रावण जा रहा था, किन्तु वेदेहीने उसे तृणवत् माना। (६५) विविध वृक्षोंसे समृद्ध तथा पुष्पगिरिके ऊपर चारों ओर स्थित ऐसे मनोहर समन्तकुसुम नामक उद्यानमें वह आ पहुँचा। (६६)

हे मगधपति! उस उद्यानके सात प्रदेशोंके बारेमें तुम सुनो। पहले प्रदेशका नाम प्रकीर्ण, दूसरेका आनन्द, तीसरेका सुखसेव्य, चौथेका समुच्चय, पाँचवेंका चारण, छठेका प्रियदर्शन और सातवेंका नाम पद्मोद्यान था। (६७-८) धरातल पर पहला प्रकीर्णक था, उससे आगे जनानन्द था। नानाविध वृक्षोंसे आच्छन्न उनमें नगरजन क्रीड़ा करते थे। (६९) तीसरे सुखसेव्य तथा समुच्चय नामक रम्य उद्यान-प्रदेशोंमें सुगन्धित पुष्पोंके समूहसे बलिकर्म करनेवाली स्त्रियाँ क्रीड़ा करती थीं। (७०) मनोरम चारण उद्यानमें श्रमणोंमें सिंह सरीखे, अतिशय धैर्यवाले तथा स्वाध्याय एवं ध्यानमें निरत चारणश्रमण सदा बसते थे। (७१) ताम्बूलकी लताओंसे व्याप्त, केतकीके परागसे धूसरित एवं आमोदपूर्ण प्रियदर्शन नामका छठा उद्यान देखनेमें मनको हरनेवाला था। (७२) विविध सोपान जिसमें बने हुए हैं ऐसा सातवाँ पद्मोद्यान पण्डकवनकी भाँति पुष्पगिरिके उत्तम शिखर पर स्थित था। (७३) वे उद्यान नारंगी, कटहर, चम्पा, अशोक, पुन्नाग एवं तिलक आदि वृक्षोंसे तथा कोयल आदिके मधुर निनादसे शोभित थे। (७४) लोगोंके स्नानावगाहनके योग्य जलसे भरी हुई तथा कमलोंसे व्याप्त बावड़ियों और जलाशयोंके कारण वे अधिक शोभित हो रहे थे। (७५) वहाँ पद्मोद्यानमें क्रीड़ागृहोंसे रम्य, निर्मल जलवाली तथा वृक्षोंसे युक्त अशोकमालिनी नामकी बावड़ी थी। (७६) वहाँ अशोकवनसे आच्छादित स्थानमें रखी गई सीता पण्डकवनसे अवतीर्ण देवकन्या-सी प्रतीत होती थी। (७७) रावणके द्वारा भेजी गई और अनेक तरहसे खुशामद करनेवाली युवतियाँ वीणा, संगीत एवं नृत्यसे उसे सतत प्रसन्न करती थीं। (७८) किन्तु सीता न तो स्नान करती थी, न खाती थी और न बातचीत ही करती थी। एकाग्रमना सीता रामका विचार करती हुई बैठी रहती थी। (७९)

गन्तूण सबमेयं, कहन्ति लङ्काहिवस्स दूईओ। जा न कुणइ आहारं, सा किह सामी तुमं महइ? ॥ ८० ॥
तत्तो सो दहवयणो, मयणाणलपज्जलन्तसबङ्गो। पडिओ वसणसमुद्दे, अहियं चिन्ताउरो जाओ ॥ ८१ ॥
सोयइ गायइ विलवइ, दीहुण्हे तत्थ मुयइ नीसासे। कोट्टिमतलं निसण्णो, अप्फालइ दाहिणकरेणं ॥ ८२ ॥
सहसा समुट्ठिऊणं, वच्चइ भवणाउ निग्गओ सन्तो। पुणरवि नियत्तइ लहुं, सीया सीय त्ति जंपन्तो ॥ ८३ ॥
लोलइ कमलोत्थरणे, सिञ्चन्तो बहलचन्दणरसेणं। उट्ठइ चलइ वियम्भइ, गहिओ मयणग्गितावेणं ॥ ८४ ॥
जंपइ भुयासु तुलिओ, कइलासो खेयरा जिया सबे। सो किह मोहेण अहं, मसिरासिनिरूविओ काउं? ॥ ८५ ॥
अच्छउ ताव दहमुहो, मन्तीहि समं बिहीसणो मन्तं। काऊण समाढत्तो, भाइसिणेहुज्जयमईओ ॥ ८६ ॥
संभिन्नो भणइ तओ, अम्हं सामिस्स दइवजोगेणं। पडिओ दाहिणहत्थो, जं चिय खरदूसणो निहओ ॥ ८७ ॥
सुहकम्मपहावेणं, विराहिओ लक्खणस्स संगामे। सिग्घं च समणुपत्तो, वहमाणो बन्धवसिणेहं ॥ ८८ ॥
चलिया य इमे सबे, कइद्धया पवणपुत्तमाईया। काहिन्ति पक्खवायं, ताणं सुग्गीवसन्निहिया ॥ ८९ ॥
अह भणइ पञ्चवयणो, मन्ती मा भणह दूसणं वहियं। सूराण गई एसा, सुहडाणं हवइ संगामे ॥ ९० ॥
जइ चिय तस्स सहीणो, विराहिओ असिवरं च रविभासं। लङ्काहिवस्स तह वि य, किं कीरइ लक्खणेण रणे? ॥ ९१ ॥
भणिओ सहस्समइणा, पञ्चमुहो किं व अत्थहीणाइं। वयणाइ भाससि तुमं, अगणिन्तो सामियस्स हियं? ॥ ९२ ॥
मा परिहवह कयाई, तुब्भे नाऊण वेरियं थोवं। अप्पो वि देसयाले, किं न डहइ तिहुयणं अग्गी? ॥ ९३ ॥
विज्जाहराण राया, आसग्गीवो महाबलसमग्गो। थोवेण वि संगामे, निहओ पुबिं तिविट्ठेणं ॥ ९४ ॥

---

दूतियाँ जा करके यह सब रावणसे कहती थीं कि, हे स्वामी! जो आहार नहीं करती वह कैसे आपकी पूजा कर सकती है? (८०)

तब मदनरूपी आगसे जिसका सारा शरीर जल रहा है ऐसा वह रावण अधिक चिन्तातुर हो मानो दुःखके सागरमें गिर पड़ा। (८१)

भवनमें बैठा हुआ रावण शोक करता था, गाता था, विलाप करता था, दीर्घ निःश्वास छोड़ता था तथा दाहिना हाथ पटकता था। (८२) एकदम खड़े होकर और भवनमें से बाहर निकलकर वह चलने लगता था और जल्दी ही 'सीता! सीता!' कहता हुआ वापस लौट आता था। (८३) चन्दनका गाढ़ रस सींचता हुआ वह कमलके बिछौनेपर लोटता था। मदनाग्निके तापसे गृहीत वह उठता था, चलता था और जमुहाई लेता था। (८४) वह मन-ही-मन कहता था कि मैंने भुजाओंसे कैलासको उठाया है, सब खेचरोंको जीत लिया है। ऐसा मैं मोहके वशीभूत हो स्याहीके ढेरके जैसा काला काम करनेके लिए क्यों प्रवृत्त हुआ हूँ? (८५)

रावणको रहने दो—ऐसा सोचकर भ्रातृस्नेहसे उद्यत बुद्धिवाला विभीषण मंत्रियोंसे परामर्श करने लगा। (८६) तब सम्भिन्नने कहा कि दैवयोगसे खरदूषण जो मारा गया है उससे तो हमारे स्वामी का दाहिना हाथ ही कट गया है। (८७) शुभ कर्मके उदयसे लक्ष्मणके संग्राममें बन्धुजनके स्नेहको धारण करनेवाला विराधित शीघ्र ही वहाँ आ पहुँचा है। (८८) सुग्रीवके पास रहनेवाले हनुमान आदि ये सब चंचल कपिध्वज उसका पक्षपात करते हैं। (८९) तब पंचवदन मंत्रीने कहा कि ऐसा मत कहो कि दूषणका वध हुआ है। संग्राममें शूर सुभटोंकी गति ऐसी ही होती है। (९०) भले ही विराधित व सूर्यहास तलवार उसके अधीन हो, परन्तु युद्धमें लक्ष्मण रावणका क्या कर सकेगा? (९१) इस पर सहस्रमतिने पंचमुखसे कहा कि स्वामीके हितका विचार न करके तुम क्या अर्थहीन वचन कह रहे हो? (९२) शत्रुको थोड़ा मानकर उसका कभी तिरस्कार मत करो। देश और कालकी दृष्टिसे अल्प होने पर भी आग क्या त्रिभुवनको नहीं जलाती? (९३) पूर्वकालमें बड़ी भारी सेनासे युक्त अश्वग्रीव नामका विद्याधरोंका राजा संग्राममें क्या थोड़े-से त्रिपृष्ठों द्वारा नहीं हराया गया था? (९४) अतः लंकाको कालसे जो क्षीण न हों ऐसे दुर्ग और प्राकारवाली बनाओ तथा लोगों और भृत्योंका अधिक

तम्हा अकालहीणं, करेह लंङ्का[1] सुदुग्गपायारं । सम्माणेह जणवयं, भिच्चा य बहुप्पयाणेणं ॥ ९५ ॥
ताहे बिभीसणेणं, रइओ मायाएँ दुग्गमो सिग्घं । पायारो अइविसमो, निरन्तरो कूडजन्तेसु ॥ ९६ ॥
दिन्ना य रक्खपाला, समन्तओ खेयरा बलसमग्गा । समरे अभग्गमाणा, गहियाउह-पहरणा-ऽऽवरणा ॥ ९७ ॥
एवमिमं सुणिऊण य तुब्भे, रावणवम्महदुक्खसमूहं । वज्जह निच्चमविं परदारं, जेण जसं विमलं अणुहोह ॥ ९८ ॥

॥ इय पउमचरिए मायापायारविउव्वणं नाम छायालीसं पव्वं समत्तं ॥

## ४७. सुग्गीवक्खाणपव्वं

एत्तो किक्किन्धवई, कन्ताविरहम्मि दुक्खिओ सन्तो । पत्तो परिब्भमन्तो, तं चेव रणं जहिं वत्तं ॥ १ ॥
पेच्छइ तुरय-गइन्दे, विवाइए रहवरे य परिभग्गे । सुहडे विमुक्कजीए, अवरे सत्थाहयसरीरे ॥ २ ॥
परिपुच्छिओ य साहइ, सुग्गीवनराहिवस्स तत्थेगो । सीयाहरणम्मि इमे, निहया खरदूसण-जडागी ॥ ३ ॥
चिन्तेइ वाणरवई, निहओ खरदूसणो रणे जेणं । वच्चामि तस्स सरणं, सो वि हु सन्तीकरो होउ ॥ ४ ॥
तुल्लावत्थाण जए, होइ सिणेहो नराण नियय पि । कारणवसेण सो मे, काही पक्खं न संदेहो ॥ ५ ॥
नाऊण वाणरवई, ठाणं पउमस्स नियबलसहिओ । पडिहारसमक्खाओ, पायालपुरं अह पविट्ठो ॥ ६ ॥
संभासिएक्कमेक्का, उवविट्ठा आसणेसु रइएसु । पुच्छन्ति देहकुसलं, सुग्गीवं राम-सोमित्ती ॥ ७ ॥
एत्थन्तरे पवुत्तो, मन्ती जम्बूनओ निसामेहि । कत्तो सरीरकुसलं, इमस्स अम्हं नरिन्दस्स? ॥ ८ ॥

---

दान द्वारा सम्मान करो। (९५) इसपर विभीषणने मायाके बलसे दुर्गम, अतिविषम तथा कूटयंत्रोंके कारण व्यवधान रहित ऐसा किला बनाया। (९६) और चारों ओर युद्धमें भग्न न होनेवाले तथा आयुधधारी एवं प्रहरण व कवचसे युक्त खेचरोंको सैन्यके साथ रक्षकके रूपमें स्थापित किया। (९७) इस प्रकार रावणके कामजन्य इस दुःख-समूहके बारेमें सुनकर सर्वदाके लिए तुम परनारीका परित्याग करो और विमल यशका अनुभव करो। (९८)

॥ पद्मचरितमें मायाप्राकारका निर्माण नामक छयालीसवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ४७. सुग्रीवका आख्यान

इधर किष्किन्धिपति सुग्रीव पत्नीके विरहसे दुःखित होकर घूमता-घामता वहीं पहुँचा जहाँ युद्ध हुआ था। (१) वहाँ उसने कटे हुए घोड़े और हाथी, टूटे हुए रथ, मृत सुभट तथा शस्त्रसे आहत शरीरवाले अन्य सुभटोंको देखा। (२) पूछने पर वहाँ किसीने सुग्रीव राजासे कहा कि सीताहरणमें ये खरदूषण तथा जटायु मारे गये हैं। (३) यह सुनकर वानरपतिने सोचा कि खरदूषणको युद्धमें जिसने मारा है उसकी शरणमें मैं जाऊँ। वही मेरे लिए शान्तिकर होगा। (४) विश्वमें यह नियम है कि तुल्य अवस्थावालोंमें स्नेह होता है। कारणवश वह मेरा पक्ष करेगा, इसमें सन्देह नहीं। (५) रामका स्थान जानकर प्रतिहार द्वारा कहा गया वानरपति सुग्रीव अपनी सेनाके साथ पातालपुरमें प्रविष्ट हुआ। (६) एक-दूसरेके साथ बातचीत करके निर्मित आसनों पर वे बैठे। राम और लक्ष्मणने सुग्रीवके शरीरकी कुशलवार्ता पूछी। (७) तब जाम्बूनद मंत्रीने कहा कि आप सुनें। हमारे इस राजाके शरीरका कुशल कहाँसे? (८) आदित्यरजाके वालि और

---

१. लङ्कं—प्रत्य०।

आहच्चरयस्स सुया, सहोयरा नाम वालि-सुग्गीवा । किक्किन्धिपुराहिवई, वाणरकेऊ महासत्ता ॥ ९ ॥
वाली विक्खायजसो, सुग्गीवं ठाविऊण रज्जम्मि । अहिमाणेण विउद्धो, पवज्जमुवागओ धीरो ॥ १० ॥
सुग्गीवो वि य रज्जं, कुणइ सुतारएँ संजुओ निययं । किक्किन्धिमहानयरे, गयं पि कालं अयाणन्तो ॥ ११ ॥
पुणरवि य वित्थरेणं, जंपइ जम्बूणओ कयपणामो । दुक्खस्स कारणमिणं, एयस्स पहू! निसामेह ॥ १२ ॥
अह देव! को वि दुट्ठो, मायावी दाणवो बलुम्मत्तो । वाणरवइस्स रूवं, काऊण पुरं समल्लीणो ॥ १३ ॥
मन्तीण अमुणिओ सो, पविसइ सुग्गीवसन्तियं भवणं । वरजुवइकयसणाहं, जत्थ सुतारा सयं वसइ ॥ १४ ॥
दट्ठूण तं सुतारा, लक्खणरहियं मणेण उब्विग्गा । अवसरइ तत्थ सिग्घं, मन्तिजणं चेव अल्लीणा ॥ १५ ॥
सो वि य लीलायन्तो, सुग्गीवस्साऽऽसणे सुहनिविट्ठो । ताव य वालिकणिट्ठो, निययं भवणं समणुपत्तो ॥ १६ ॥
तं नियरूवसरिसं, दट्ठूणं भवणमज्झयारम्मि । रुट्ठो वाणरनाहो, अह गज्जइ गरुयगम्भीरं ॥ १७ ॥
मोत्तूण सिंहनायं, अवइण्णो तत्थ अलियसुग्गीवो । अह जुज्झिउं पवत्तो, समयं चिय वाणरिन्देणं ॥ १८ ॥
सिरिचन्दमाइयाणं, मन्तीणं तत्थ सा महादेवी । साहइ लक्खणरहिओ, कोइ इमो खेयरो दुट्ठो ॥ १९ ॥
सोऊण तीएँ वयणं, एगन्ते मन्तिणो उ मन्तेउं । साहन्ति पत्थिवाणं, रक्खह अन्तेउरं एयं ॥ २० ॥
अक्खोहिणीसु सत्तसु, सहिओ चिय अङ्गओ स सुग्गीवं । परिगिण्हइ अङ्गो पुण, कित्तिमई तत्तियबलेणं ॥ २१ ॥
नयरस्स दक्खिणेणं, ठविओ मन्तीहि अलियसुग्गीवो । फुडसुग्गीवो वि लहुं, उत्तरपासे परिट्ठविओ ॥ २२ ॥
नामेण चन्दरस्सिं, पुत्तो वालिस्स असिवरं घेत्तुं । रक्खइ साहणसहिओ, भवणदुवारं सुताराए ॥ २३ ॥
अह ते दो वि कइवरा, अलहन्ता दरिसणं सुताराए । जाया समुस्सुयमणा, मयणाणलदीवियसरीरा ॥ २४ ॥
कन्ताविओयदुहिओ, चिन्तेउं तत्थ सच्चसुग्गीवो । हणुवस्स गओ पासं, कहेइ सवं नियय दुक्खं ॥ २५ ॥

---

सुग्रीव नामके दो पुत्र थे । कपिध्वज और अतिसमर्थ वे किष्किन्धिपुरके अधिपति थे । (९) अभिमानके कारण सुग्रीवको राजगद्दी पर स्थापित करके जागृत हो विख्यातयश और धीर बालिने प्रव्रज्या अंगीकार की । (१०) सुतारासे संयुक्त सुग्रीव भी किष्किन्धिनगरीमें अपना राज्य करता था । खबर भी न पड़े इस तरह काल व्यतीत होता गया । (११)

जाम्बूनदने प्रणाम करके पुनः विस्तारसे कहा कि, हे प्रभो ! इनके दुःखका यह कारण आप सुनें । (१२) एक दिन कोई दुष्ट, मायावी और बलोन्मत्त दानव वानरपति सुग्रीवका रूप धारण करके नगरमें आया । (१३) मंत्रियों द्वारा नहीं पहचाना गया वह उत्तम स्त्रियोंसे युक्त तथा जहाँ सुतारा स्वयं रहती थी ऐसे सुग्रीवके भवनमें प्रविष्ट हुआ । (१४) सुग्रीवके जो परिचायक लक्षण थे उन लक्षणोंसे रहित उसे देखकर मनमें उद्विग्न सुतारा वहाँसे एकदम छटक गई और मंत्रियोंके पास जा पहुँची । (१५) वह ( प्रच्छन्न सुग्रीव ) भी लीला करता हुआ सुग्रीवके सिंहासन पर आरामसे जा बैठा । उसी समय वालिका छोटा भाई सुग्रीव अपने भवनमें आया । (१६) अपने रूपके जैसे रूपवाले उसको अपने भवनमें देखकर रुष्ट वानरनाथने बड़ी भारी और गम्भीर गर्जना की । (१७) झूठा सुग्रीव भी सिंहनाद करके नीचे उतरा और वानरेन्द्र सुग्रीवके साथ युद्ध करने लगा । ( १८) उस समय उस पटरानीने श्रीचन्द्र आदि मन्त्रियोंसे कहा कि लक्षणरहित यह कोई दुष्ट खेचर है । (१९) उसका कथन सुनकर और एकान्तमें मंत्रणा करके मंत्रियोंने राजाओंसे कहा कि तुम इस अन्तःपुरकी रक्षा करो । (२०) सात अक्षौहिणीसे युक्त अंगदने सुग्रीवको अंगीकार किया तो अंग ( सुग्रीवके पुत्र ) ने उतनी ही सेनाके साथ कृत्रिम सुग्रीवका अवलम्बन लिया । (२१) मंत्रियोंने मिथ्या सुग्रीवको नगरके दक्षिण भागमें स्थापित किया और सच्चे सुग्रीवको भी शीघ्र ही उत्तर भागमें ठहराया । (२२) वालिका चन्द्ररश्मि नामका पुत्र तलवार लेकर सेनाके साथ सुताराके भवनके द्वारकी रक्षा करने लगा । (२३) इसके बाद मदनाग्निसे प्रदीप्त शरीरवाले वे दोनों कपिवर सुताराका दर्शन न पाकर मनमें अत्यन्त उत्सुक हो गये । (२४) कान्ताके वियोगसे दुःखित सच्चा सुग्रीव सोच करके हनुमानके पास गया और अपना सारा दुःख कह सुनाया । (२५) उसका कहना सुनकर अप्रतिघात नामक उत्तम विमानसे हनुमान सैन्यके साथ

सोऊण तस्स वयणं, अप्पडिघाएण वरविमाणेणं । हणुओ किक्किन्धिपुरं, गओ य सिग्घं सह बलेणं ॥ २६ ॥
सोऊण पवणपुत्तं, समागयं अलियवाणराहिवई । निप्फिडइ गयारूढो, बलेण समयं महन्तेणं ॥ २७ ॥
दोण्हं पि ताण रूवं, सरिसं दट्ठूण अन्नाणातणओ । अमुणियविसेसनिहसो, नियइपुरं पत्थिओ सिग्घं ॥ २८ ॥
हणुए नियइपुरगए, सुग्गीवो भयसमाउलो एत्तो । राघव! तुमं पवन्नो, एयस्स करेहि सामत्थं ॥ २९ ॥
भणइ तओ पउमनाभो, अहयं साहेमि कारणं तुज्झं । सुग्गीव! मज्झ वि तुमं, सीयाए लभसु पडिवत्तिं ॥ ३० ॥
सुग्गीवो भणइ पहू!, जइ तुह महिलाए सत्तमे दिवसे । न लभामिऽह पडिवत्तिं, पविसामि हुयासणे तो हं ॥ ३१ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, अहियं आसासिओ पउमनाहो । पप्फुल्लकमलनेत्तो, जाओ रोमञ्चियसरीरो ॥ ३२ ॥
अह ते जिणभवणत्था, समयं काउं अदोहबुद्धीया । नीया वाणरवइणा, किक्किन्धी[1] राम-सोमित्ती[2] ॥ ३३ ॥
पुणरवि य आगओ सो, कूडो नाऊण सच्चसुग्गीवं । नियबलसंपरिवुडो, अहिमुहहूओ रहारूढो ॥ ३४ ॥
आलग्गो संगामो, उभयभडाडोवसंकडुत्तासो । सुग्गीवो सुग्गीवं, पहणइ गाढप्पहारेसु ॥ ३५ ॥
असि-कणय-चक्क-तोमर-संघट्टुट्टन्तसत्थसंघाए । रामो सरं न मुञ्चइ, ताण विसेसं अयाणन्तो ॥ ३६ ॥
ताहे गयाएँ पहओ, कूडेणं तत्थ सच्चसुग्गीवो । मुच्छानिमीलियच्छो, पडिओ महिमण्डले सिग्घं ॥ ३७ ॥
पडियं दट्ठूण रणे, किक्किन्धी रियइ अलियसुग्गीवो । बन्धवजणेण नियय, सुग्गीवो आणिओ सिबिरं ॥ ३८ ॥
अह भणइ समासत्थो, सुग्गीवो सामि! वेरिओ इहइं । आगन्तूण पुण गओ, किं न तुमे सो हओ पावो? ॥ ३९ ॥
भणइ तओ पउमाभो, तुब्भं चिय एत्थ जुज्झमाणाणं । न य जाणिओ विसेसो, तेण मए नाहओ सरिसो ॥ ४० ॥
सुग्गीव! पुणरपि तुमं, तं दुट्ठं दिट्ठिगोयरे मज्झं । ठावेहि जेण पेच्छसु, अचिरा भिन्नं सरसएसु ॥ ४१ ॥
सुग्गीवेणाऽऽहूओ, समागओ दुट्ठवाणराहिवई । रामेण समरमज्झे, रुद्धो मेहो इव नगेहिं ॥ ४२ ॥

शीघ्र ही किष्किन्धिपुरीको गया। (२६) पवनपुत्र हनुमानका आगमन सुनकर झूठा वानरनरेश हाथी पर सवार हो बड़े भारी सैन्यके साथ बाहर आया। (२७) उन दोनोंका समान रूप देखकर हनुमानने विशेष कसौटी न जाननेसे अपने नगरकी ओर जल्दी ही प्रस्थान किया। (२८) हे राघव! हनुमानके अपने नगरमें चले जानेके कारण भयसे व्याकुल सुग्रीव अब आपकी शरणमें आया है। आप इसका विचार करें। (२९)

तब रामने कहा कि हे सुग्रीव! मैं तुम्हें सहायता करूँ और तुम सीताकी खबर मुझे ला दो। (३०) सुग्रीवने कहा कि, हे प्रभो! यदि आपकी पत्नीका समाचार मैं सातवें दिन तक न ला सका तो मैं आगमें प्रवेश करूँगा। (३१) यह कथन सुनकर अधिक आश्वस्त रामकी आँखें कमलके समान प्रफुल्लित हो गईं तथा शरीर रोमांचित हो गया। (३२) जिन भवनमें स्थित तथा अद्रोहबुद्धिवाले वे राम एवं लक्ष्मण सन्धि करके सुग्रीव द्वारा किष्किन्धिमें लाये गये। (३३) सच्चे सुग्रीवको आया जान अपनी सेनासे घिरे हुए तथा रथ पर आरूढ़ उस मिथ्या-सुग्रीवने सामना किया। (३४) दोनों पक्षोंके सुभटोंके आटोपसे संकीर्ण और डरावना ऐसा युद्ध होने लगा। सुग्रीव सुग्रीवको दृढ़ पहारोंसे मारने लगा। (३५) तलवार, कनक, चक्र एवं तोमरोंके टकरानेसे और ऊपर उछलनेवाले शस्त्रोंके संघातसे युक्त उस युद्धमें उनके बीच भेद न जाननेवाले रामने बाण नहीं फेंका। (३६) तब कष्ट पूर्वक गदासे आहत सत्य-सुग्रीव मूर्छासे विह्वल हो जमीन पर शीघ्र ही गिर पड़ा। (३७) युद्धमें सत्य-सुग्रीवका पतन देखकर झूठा-सुग्रीव किष्किन्धिमें चला गया। अपने बन्धुजनों द्वारा सुग्रीव शिबिरमें लाया गया। (३८) होशमें आनेपर सुग्रीवने कहा कि, हे स्वामी! शत्रु यहाँ आकर पुनः चला गया। उस पापीको आपने क्यों नहीं मारा? (३९) तब रामने कहा कि यहाँ लड़ते हुए तुम दोनोंमें मैं भेद नहीं जान सका। इस वजहसे सदृशका मैं वध नहीं कर सका। (४०) हे सुग्रीव! तुम पुनः उस दुष्टको मेरी आँखोंके समक्ष उपस्थित करो, जिससे तुम अविलम्ब ही सैकड़ों बाणोंसे उसे भिन्न देखोगे। (४१) सुग्रीवके द्वारा ललकारा गया वह दुष्ट वानराधिपति वापस लौटा।

१-२. किक्किन्धि—प्रत्य०।

दट्ठूण रामदेवं, वेयाली निग्गया महाविज्जा । साहसगई वि जाओ, साहावियरूवसंठाणो ॥ ४३ ॥
सुग्गीवरूवसहियं, दट्ठूणं साहसं मरगयाभं । रुट्ठा वाणरसुहडा, मिलिया सव्वे वि एगट्ठं ॥ ४४ ॥
संगामम्मि पवत्ते, धरिओ चिय लक्खणेण सुग्गीवो । साहसगईण वि तओ, भग्गं तं वाणराणीयं ॥ ४५ ॥
भग्गं दट्ठूण रणे, कइसेन्नं राघवो सरसएसु । आहणइ साहसगई, सुहरं काऊण रणलीलं ॥ ४६ ॥
तिक्खसरभिन्नदेहो, पडिओ चिय साहसो धरणिवट्टे । दिट्ठो विमुक्कजीओ, वाणरसुहडेहि सव्वेहिं ॥ ४७ ॥
निहयं दट्ठूण अरिं, सुग्गीवो राघवं ससोमित्तिं । पूएइ पययमणसो, पेसेइ य पट्टणं निययं ॥ ४८ ॥
ठविऊण वरुज्जाणे, पउमाभं वाणराहिवो एत्तो । पविसरइ सिरिहरं सो, दइयाउक्कण्ठिओ सिग्घं ॥ ४९ ॥
जाओ ताराएँ समं, समागमो तत्थ वाणरिन्दस्स । रइसागरमोगाढस्स तस्स दियहा य वच्चन्ति ॥ ५० ॥
सुहडा विराहियाई, तत्थेवाऽऽणन्दकाणणे सव्वे । आवासिया ससेन्ना, रामो चन्दप्पहहरम्मि ॥ ५१ ॥
सव्वङ्गसुन्दरीओ, तेरस कन्नाउ वाणरवइस्स । गन्तूण पउमनाहं, भणन्ति अम्हं वरो तुहयं ॥ ५२ ॥
पढमा वि य चन्दाभा, अन्ना हिययावली हिययधम्मा । एत्तो अणुद्धरी पुण, सिरिकन्ता सुन्दरी चेव ॥ ५३ ॥
कन्ना सुरमइनामा, हवइ मणोवाहिणी य चारुसिरी । मयणूसवा गुणवई, पउमाभा जिणमई चेव ॥ ५४ ॥
जोव्वणरूवधरीओ, इमाउ कन्नाउ पेच्छउं पउमो । उक्कातडीसमाओ, मन्नइ सीयाविओयम्मि ॥ ५५ ॥
रामस्स सन्नियासे, तत्थ निविट्ठाउ ताउ कन्नाओ । मण-नयणहारिणीओ, विणओणयवयणकमलाओ ॥ ५६ ॥

कन्नाण जोव्वणधरीण वि रामदेवो, ताणं च सो न य उवेइ मणाभिलासं ।
नेहेण पुव्वभवसंचियनिच्छिएणं, सीयं सया विमलतिव्वगुणं मुणेइ ॥ ५७ ॥

॥ इय पउमचरिए सुग्गीवपहाणवक्खाणं नाम सत्तचत्ताल पव्वं समत्तं ॥

रामने युद्धक्षेत्रमें, पर्वतोंसे रुद्ध होनेवाले बादलकी भाँति, उसे रोका। (४२) रामको देखकर वैताली महाविद्या बाहर निकल गई। साहसगति भी स्वाभाविक रूप एवं आकारवाला हो गया। (४३) सुग्रीवके रूपसे युक्त तथा मरकत मणिकी-सी कान्तिवाले साहसगतिको देखकर वानरसुभट रुष्ट हुए। वे सब एक स्थान पर जमा हुए। (४४) संग्राम होने पर लक्ष्मणने सुग्रीवको रोका। तब साहसगतिने वानरसेनाको नष्ट कर डाला। (४५) कपिसैन्यका विनाश देखकर रामने चिर कालपर्यन्त रणलीला करके सैकड़ों बाणोंसे साहसगति पर प्रहार किया। (४६) तीक्ष्ण बाणोंसे भिन्न शरीरवाला साहसगति जमीन पर गिर पड़ा। सब वानर सुभटोंने उसे प्राणहीन देखा। (४७) शत्रुको मरा देख सुग्रीवने हर्षित मनसे लक्ष्मण सहित रामकी पूजा की और अपने नगरमें प्रवेश किया। (४८)

एक सुन्दर उद्यानमें रामको ठहरा कर पत्नीके लिए उत्कण्ठित उस वानरनरेश सुग्रीवने शीघ्र ही अन्तःपुरमें प्रवेश किया। (४९) वहाँ वानरेन्द्रका ताराके साथ समागम हुआ। प्रेमके सागरमें अवगाहन करते हुए उसके दिन बीतने लगे। (५०) ससैन्य विराधित आदि सब सुभट उसी आनन्दकाननमें और राम चन्द्रप्रभ-गृहमें ठहराये गये। (५१) वानरपतिकी सर्वांगसुन्दर तेरह कन्याओंने रामके पास जाकर कहा कि आप हमारे वर हैं। (५२) पहली चन्द्राभा, दूसरी हृदयावली, हृदयधर्मा, अनुद्धरा, श्रीकान्ता, सुन्दरी, सुरमति, मनोवाहिनी, चारुश्री, मदनोत्सवा, गुणवती, पद्माभा और जिनमति—यौवन एवं रूपधारी इन कन्याओंको देखकर रामने सीताके वियोगमें उन्हें उल्का एवं बिजलीके समान समझा। (५३-५५) मन एवं नेत्रोंको सुन्दर लगनेवाली तथा विनयके कारण झुके हुए वदनकमलसे युक्त वे कन्याएँ वहाँ रामके समीप बैठीं। (५६) यौवनधारी उन कन्याओंके होने पर भी वे राम मनकी चाह अर्थात् सुख प्राप्त नहीं करते थे। पूर्वभवमें संचित दृढ़ प्रेमके कारण निर्मल एवं उत्कट गुणोंसे युक्त सीताका ही वे चिन्तन करते थे। (५७)

॥ पद्मचरितमें सुग्रीवके वधका आख्यान नामक सैंतालीसवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

१. साहसगइं—प्रत्य०। २. ससोमित्तिं—प्रत्य०।

## ४८. कोडिसिलुद्धरणपव्वं

अह तस्स धिइनिमित्तं, कुणन्ति कन्नाउ विविहविणिओगे । नच्चन्ति य गायन्ति य, लीलासु मणोहरं कुहरं ॥ १ ॥
विभवो वि तस्स सयलो, समाणिओ ण्हाण-भोयणाईओ । न य कुणइ निवुइसुहं, कन्ताहिययस्स रामस्स ॥ २ ॥
न य सुणइ गीयसद्दं, न य पेच्छइ मणहरं पि सो रूवं । सीयाएगग्गमणो, झायइ सिद्धिं जहा जोगी ॥ ३ ॥
न कुणइ कहं पि अन्नं, मोत्तुं सीयासमागमुल्लावं । पासट्ठिए वि सद्दइ, एहेहि लहुं जणयधूए! ॥ ४ ॥
देवी व माणुसी वा, नागवहू जक्खिणी व महिला हं । इह सयलजीवलोए, सीयासरिसी न पेच्छामि ॥ ५ ॥
एयाणि य अन्नाणि य, पलवन्तो बहुविहाणि अमुणिन्तो । भणइ कणिट्ठं पउमो, सो वि चिरावेइ सुग्गीवो ॥ ६ ॥
राहववयणेण गओ, सोमित्ती पविसिऊण सुग्गीवं । भणइ भवणोयरत्थं, किं पम्हुट्ठं तुमं सव्वं? ॥ ७ ॥
महिलासोगसमुद्दे, पडिए परमेसरे तुमं एत्थं । कह रमसि विसयसोक्खं, अदीहपेही महापावो? ॥ ८ ॥
अकयग्घ! खेयराधम !, पावमई! तत्थ नेमि सिग्घं ते । पउमेण जत्थ नीओ, तुह सरिसो दुट्ठचारित्तो ॥ ९ ॥
एव परितज्जयन्तं, सोमित्ती[1] वाणराहिवो नमिउं । भणइ य पम्हुट्ठं से, एक्कवराहं खमसु मज्झं ॥ १० ॥
संभारिउं पइण्णं, तस्स सुमित्ती कहेइ संबन्धं । जह जोगी उवयारं, कुणइ च्चिय जक्खदत्तस्स ॥ ११ ॥
परिपुच्छइ मगहवई, गणाहिवं जक्खदत्तवित्तन्तं । भयवं! फुडवियडत्थं, कहेहि इच्छामि नाउं जे ॥ १२ ॥
भणइ तओ गणणाहो, सेणिय! निसुणेहि जोगिणा सिट्ठे । जाओ जणणीएँ समं, समागमो जक्खदत्तस्स ॥ १३ ॥

## ४८. कोटिशिलाका उद्धरण

उन रामके धैर्यके लिए वे कन्याएँ विविध योजनाएँ करती थीं। वे नाचती थीं, गाती थीं और लीलाओंसे उस स्थानको मनोहर बनाती थीं। (१) उनके लिए स्नान भोजन आदि समग्र वैभव उपस्थित किया गया, किन्तु पत्नीमें लगे हुए मनवाले रामको वह आनन्द नहीं देता था। (२) वे न तो गीतध्वनि सुनते थे और न मनोहर रूप ही देखते थे। जिस प्रकार योगी एकाग्र मनसे सिद्धिका ध्यान करता है उसी प्रकार वे एकाग्र मनसे सीताका ध्यान करते थे। (३) सीता-समागमकी बातको छोड़कर दूसरा कोई भी उच्चारण वे नहीं करते थे। जब पासमें दूसरे लोग बैठे हों तब भी 'सीते! जल्दी आ, जल्दी आ' ऐसा कहते थे। (४) 'इस सारे जीव लोकमें मैं सीता जैसी कोई देवी, मानुषी, नागकन्या अथवा यक्षिणी स्त्री नहीं देखता'—अज्ञान भावमें ये तथा दूसरे बहुत प्रकारके प्रलाप करते हुए रामने छोटे भाईसे कहा कि वह सुग्रीव भी देर कर रहा है। (५-६) रामके कहनेसे लक्ष्मण गया और महलमें प्रवेश करके सुग्रीवसे कहा कि महलके भीतर रह करके क्या तुम सब कुछ भूल गये? (७) जब स्वामी पत्नी विषयक शोकसागरमें पड़े हों तब अदीर्घदर्शी और महापापी तुम यहाँ कैसे विषयसुख मना रहे हो? (८) हे अकृतज्ञ और दुष्ट बुद्धिवाले अधम खेचर! तुम्हें मैं वहीं भेज देता हूँ जहाँ रामने दुष्टचरित्रवाले तुम्हारे जैसेको अर्थात् बालिको भेजा है। (९) इस प्रकार धमकाने पर वानराधिप सुग्रीवने नमन करके लक्ष्मणसे कहा कि मैं भूल गया। मेरा एक अपराध क्षमा करो। (१०) प्रतिज्ञाका स्मरण कराके उसे लक्ष्मणने एक वृत्तान्त कहा कि किस तरह योगीने यक्षदत्तका उपचार किया। (११)

मगधपति श्रेणिकने गणाधिप गौतमसे पूछा कि, हे भगवन्! यक्षदत्तका स्फुट और सुन्दर अर्थवाला वृत्तान्त आप कहें। मैं उसे सुनना चाहता हूँ। (१२) तब गणनाथ गौतमने कहा कि, हे श्रेणिक! योगीके कथनानुसार माताके साथ यक्षदत्तका जो समागम हुआ वह तुम सुनो। (१३)

१. सोमित्तिं—प्रत्य०।

इह कुञ्चपुरे नयरे, राया परिवसइ निग्गयपयावो । नामेण जक्खसेणो, राइल्ला गेहिणी तस्स ॥ १४ ॥
पुत्तो य जक्खदत्तो, सो विहरन्तो कयाइ वरजुवई । दट्ठूण पायडत्थं, विद्धो कुसुमाउहसरेहिं ॥ १५ ॥
तीए कए कुमारो, असिवरहत्थो निसासु वच्चन्तो । मुणिणा अवहिपरेणं, तरुमूलत्थेण पडिरुद्धो ॥ १६ ॥
दट्ठूणुवयाररयं, साहुं परिपुच्छई कुमारवरो । साहेहि कोउयं मे, किं वच्चन्तो तए रुद्धो? ॥ १७ ॥
सो भणइ तुज्झ जणणी, सा जुवई जीए वच्चसे पासं । तेण वि य पुच्छिओ सो, भयवं! साहेहि परमत्थं ॥ १८ ॥
अह मत्तियावईए, कणगो नामेण तत्थ वाणियओ । धन्ना तस्स महिलिया, पुत्तो वि य बन्धुदत्तो से ॥ १९ ॥
तत्थ लयादत्तसुया, मित्तमई बन्धुदत्तवणिएणं । परिणेऊण कओ से, गब्भो न य केणई नाओ ॥ २० ॥
पोएण पत्थिओ सो, सा वि य ससुरेण दुट्ठचारित्ता । काऊण य निच्छूढा, उप्पलियाए सह सहीए ॥ २१ ॥
अणुमग्गेण रियन्ती, दइयस्स य अन्नमन्नसत्थेणं । बालसही उप्पलिया, अहीण दट्ठा मया रण्णे ॥ २२ ॥
काऊण विप्पलावं, सीलसहाई तओ य संपत्ता । एयं कुञ्चवरपुरं, पवरुज्जाणे पसूया सा ॥ २३ ॥
कम्बलरयणेण सुयं, परिवेढेऊण पत्थिया सलिलं । अङ्गाणि जाव धोवइ, सुणएण हिओ तओ बालो ॥ २४ ॥
मित्तेण बालओ सो, घेत्तूण समप्पिओ नरिन्दस्स । तेण वि राइल्लाए, दिन्नो च्चिय नियभज्जाए ॥ २५ ॥
नामेण जक्खदत्तो, सो हु तुमं नत्थि एत्थ संदेहो । पडियागया न पेच्छइ, सा वि तहिं काणणे बालं ॥ २६ ॥
देवच्चएण दिट्ठा, मित्तमई पगलियंसुनयणजुया । बहिणी पभासिऊणं, नीया सा अत्तणो गेहं ॥ २७ ॥
लज्जाए पिइहरं सा, न गया जिणधम्मसीलसंपन्ना । इह नयरबाहिरत्था, विहरन्तेणं तुमे दिट्ठा ॥ २८ ॥
कम्बलरयणेण तुमं, जेणं चिय वेढिओ सिसू तइया । तं अच्छइ अहिनाणं, कुमार! जक्खस्स भवणम्मि ॥ २९ ॥

---

यहाँ क्रौंचपुर नगरमें चारों ओर फैले हुए प्रतापवाला यक्षसेन नामका राजा रहता था। उसकी गृहिणीका नाम राजिला था। (१४) उसका पुत्र यक्षदत्त था। कभी विहार करता हुआ वह प्रांगणमें बैठी हुई एक सुन्दर युवतीको देखकर कामदेवके बाणोंसे विद्ध हो गया। (१५) उसके लिए हाथमें तलवार लेकर रातके समय जाते हुए कुमारको वृक्षके नीचे स्थित अवधिज्ञानी मुनिने रोका। (१६) उपकार करनेमें निरत साधुसे कुमारने पूछा कि मुझे यह जाननेकी इच्छा हो रही है कि जाते हुए मुझको आपने क्यों रोका? आप इस बारेमें कहें। (१७) उसने कहा कि जिसके पास तुम जा रहे हो वह युवती तुम्हारी माता है। इस पर उसने भी पूछा कि, भगवन्! सत्य वृत्तान्त आप कहें। (१८) तब उन्होंने कहा कि मृत्तिकावती नगरीमें कनक नामका एक बनिया था। उसे धन्या नामकी पत्नी तथा बन्धुदत्त नामका पुत्र था। (१९) वहाँ लतादत्तकी पुत्री मित्रवती थी। वणिक् बन्धुदत्तने उसके साथ विवाह करके उसे गर्भवती की, किन्तु किसीने यह जाना नहीं। (२०) बादमें उसने जहाजसे प्रस्थान किया। श्वसुरने उस मित्रवती को दुष्ट चरित्रवाली मानकर उत्पलिका सखीके साथ उसे बाहर निकाल दिया। (२१) भिन्न भिन्न सार्थोंके साथ पतिके पीछे पीछे जाने पर उसकी बालसखी उत्पलिकाको सर्पने काट लिया और वह इस अरण्यमें मर गई। (२२) रो-धोकर शीलकी सहायतावाली वह इस क्रौंचपुरमें आई और उत्तम उद्यानमें उसने प्रसव किया। (२३) उत्तम कम्बलसे पुत्रको लपेटकर वह जलाशयके पास गई। जब वह अंग धो रही थी तब एक कुत्ता बच्चे को उठा ले गया। (२४) किसी मित्रने उस बालकको उठाकर राजाको दिया। उसने भी अपनी भार्या राजिलाको दिया। (२५) इसमें सन्देह नहीं है कि यक्षदत्त नामके तुम वही हो। लौटी हुई उसने उस उद्यानमें बालकको नहीं देखा। (२६) पुजारीने दोनों आँखोंसे आँसू बहाती हुई मित्रवतीको देखा। बहन कहकर उसे वह अपने घर ले गया। (२७) जिनधर्मके शीलसे सम्पन्न वह लज्जावश नैहर न गई। यहीं नगरके बाहर ठहरी हुई उसको विहार करते हुए तुमने देखा। (२८) हे कुमार! उस समय शिशुरूप तुम जिस कम्बलरत्नसे लपेटे गये थे वह पहिचान यक्षके भवनमें है। (२९)

---

१. वरजुवइं—प्रत्य०। २. केणई मुणिओ—प्रत्य०।

तं पणमिऊण साहुं, गेहं संपत्थिओ निययकण्ठे । लावइ असिवरं सो, पुच्छइ य कहेहि जम्मं मे ॥ ३० ॥
सव्वं पि तेण सिट्ठं, नरवइणा तस्स कम्बलाईयं । आओ समागमो पुण, माया-पित्तेहि से समयं ॥ ३१ ॥
आओ य महाणन्दो, परमविभूईए कुञ्चवरनयरे । सेणिय ! कमागओ तुह, संबन्धो सो समक्खाओ ॥ ३२ ॥
एत्तो सो कइवसभो, पुरओ काऊण लक्खणं तुरिओ । संपत्तो पउमाभं, पणमइ विहियञ्जली सिरसा ॥ ३३ ॥
सुग्गीवनरवईणं, आहूया तत्थ वाणरा सव्वे । भणिया पच्चुवयारं, करेह सिग्घं नरवइस्स ॥ ३४ ॥
सीया गवेसह लहुं, पायाले जल-थले तहाऽऽगासे । लवणे धायइसण्डे, अद्धतईएसु दीवेसु ॥ ३५ ॥
[1]आणा पडिच्छिऊणं, वाणरसुहडा तओ समन्तेणं । उप्पइया गयणयले, सहसा वच्चन्ति मणवेगा ॥ ३६ ॥
पउमाणत्तो य गओ, लेहं घेत्तूण वाणरजुवाणो । भामण्डलस्स सिग्घं, अप्पेइ सिरञ्जलिं काउं ॥ ३७ ॥
तं वाइऊण लेहं, असेसवित्तन्तमुणियपरमत्थो । बहिणीसोगाउण्णो, रामस्स हिओज्जओ जाओ ॥ ३८ ॥
सयमेव वाणरवई, खेयरपरिवेढिओ विमाणत्थो । [2]सीया गवेसयन्तो, कम्बुद्दीवं समणुपत्तो ॥ ३९ ॥
अवइण्णो च्चिय सहसा, दीवे पेच्छइ तहिं रयणकेसी । गाढभउव्विग्गमणो, पुच्छइ किं दुक्खिओ सि तुमं ? ॥ ४० ॥
भणइ तओ रयणजडी, सीयाहरणुज्जयाउलमणेणं । अहयं तु छिन्नविज्जो, रक्खसवइणा कओ पढिओ ॥ ४१ ॥
उवलभिऊणमसेसं, वित्तन्तं कइवरो रयणकेसी । नियय्विमाणारूढं, पउमसयासं तओ नेइ ॥ ४२ ॥
अवइण्णो रयणजडी, रामं नमिऊण तत्थ उवविट्ठो । साहेइ अपरिसेसं, सीयाहरणं जहावत्तं ॥ ४३ ॥
लङ्काहिवेण सामिय !, हरिया तुह गेहिणी अइबलेणं । जुज्झन्तो तीएँ कए, तेण कओ छिन्नविज्जो हं ॥ ४४ ॥
तं सुणिऊण रहुवई, हरिसवसुब्भिन्नजणियरोमञ्चो । सयलं च अङ्गछिन्नं, देइ तओ रयणकेसिस्स ॥ ४५ ॥

---

उस साधुको प्रणाम करके उसने घरकी ओर प्रयाण किया। अपने गले पर तलवार रखकर उसने पूछा कि मेरे जन्मके बारेमें कहो। (३०) उस राजाने उसे कम्बल आदि सबके बारेमें कहा। तब उसका पुनः माता-पिताके साथ समागम हुआ। (३१) क्रौंचनगरमें बड़े आडम्बरके साथ उत्सव मनाया गया। हे श्रेणिक ! मैंने परंपरासे आया हुआ वह वृत्तान्त तुम्हें सुनाया। (३२)

तब वह कपिवृषभ सुग्रीव लक्ष्मणको आगे करके जल्दी रामके पास पहुँचा और हाथ जोड़कर सिरसे प्रणाम किया। (३३) सुग्रीव राजाने वहाँ सब वानरोंको बुलाया और कहा कि शीघ्र ही राजाका प्रत्युपकार करो। (३४) पातालमें, जलमें, स्थलमें, तथा आकाशमें, लवणसागरमें, धातकीखण्डमें तथा ढाई द्वीपमें सीताकी शीघ्र ही खोज करो। (३५) आज्ञा स्वीकार करके वानरसुभट चारों ओर आकाशमें उड़े और मनके समान वेगवाले वे एकदम चल दिये। (३६) रामके द्वारा आदिष्ट एक वानरयुवा पत्र लेकर शीघ्र ही भामण्डलके पास गया और प्रणाम करके वह पत्र दिया। (३७) उस पत्रको पढ़कर सारा वृत्तान्त और उसका परमार्थ जिसने जान लिया है ऐसा वह बहनके शोकसे परिपूर्ण भामण्डल रामके हितके लिये उद्यत हुआ। (३८) खेचरोंसे घिरा हुआ स्वयं वानरपति सुग्रीव विमानमें बैठकर सीताको ढूँढ़ता हुआ कम्बुद्वीपमें आ पहुँचा। (३९) सहसा वह उस द्वीपमें उतरा। वहाँ उसने भयसे अत्यन्त उद्विग्न मनवाले रत्नकेशीको देखा। उसने पूछा कि तुम क्यों दुःखित हो ? (४०) इस पर रत्नजटीने कहा कि सीताके अपहरणमें प्रयत्नशील तथा व्याकुल मनवाले राक्षसपतिने मुझे विद्याहीन बना दिया है। इससे मैं नीचे गिर पड़ा हूँ। (४१) समग्र वृत्तान्त जानकर कपिवर सुग्रीव रत्नकेशीको अपने विमानमें बिठा रामके पास ले आया। (४२) रत्नकेशी विमानमेंसे नीचे उतरा। रामको प्रणाम करके वहीं बैठा और सीता हरणके बारेमें जैसा हुआ था वैसा सब कुछ कह सुनाया कि हे स्वामी ! अतिबलवान् रावणने आपकी पत्नीका अपहरण किया है। आपकी उस पत्नीके लिए युद्ध करता हुआ मैं उस रावणसे विद्याहीन बना दिया गया हूँ। (४३-४) यह सुनकर रोमांचित रघुपतिने हर्षमें आकर रत्नकेशीको अंग पर धारण किये हुए सभी पदार्थ दे दिये। (४५)

---

१. आणं—प्रत्य०। २. सीयं—प्रत्य०।

नयरे सुरसंगीए, कुलोचिए परिवसामि तत्थाहं । नामेणं रयणजडी, तुज्झ य सरणं समल्लीणो ॥ ४६ ॥
रामो समुस्सुयमणो, परिपुच्छइ खेयरा मह सिग्घं । साहेह फुडं एत्तो, केदूरे सा पुरी लङ्का ॥ ४७ ॥
ते एव भणियमेत्ता, अहोमुहा लज्जिया गया मोहं । कज्जे अणायरमणा, निरिक्खिया रामदेवेणं ॥ ४८ ॥
कातो अम्ह महाजस !, सत्ती लङ्काहिवं जिणेऊणं । सोयवएण निसुणसु, को दोसो जइह अणुबन्धो ? ॥ ४९ ॥
अत्थि इहं लवणजले, रक्खसदीवो त्ति नाम विक्खाओ । सत्तेव जोयणसया, वित्थिण्णो तिगुणपरिवेढो ॥ ५० ॥
तस्स य मज्झम्मि ठिओ, मेरु व तिकूडपवओ रम्मो । नव जोयणाणि तुङ्गो, पन्नासं चेव वित्थिण्णो ॥ ५१ ॥
तस्सुवरिं सा नयरी, लङ्का नामेण रयणपायारा । तीसं च जोयणाइं, वित्थिण्णा सा समन्तेणं ॥ ५२ ॥
लङ्कापुरीए सामिय !, पासेसु अहिट्ठिया महादीवा । अन्ने वि सग्गसरिसा, वसन्ति विज्जाहरजणेणं ॥ ५३ ॥
दीवो सन्झायारो, तह य सुवेलो य कञ्चणो चेव । पल्हाओ य अजोहो, हंसरवो उवहिनिग्घोसो ॥ ५४ ॥
अन्ने वि अद्धसग्गादओ य दीवा अणेयपरियन्ता । बल-पुत्त-दारसहिओ, कीलइ लङ्काहिवो जेसु ॥ ५५ ॥
नामेण भाणुकण्णो, जस्स कणिट्ठो महाबलो सूरो । बिइओ बिहीसणो से, दढसत्ती बुद्धिसंपन्नो ॥ ५६ ॥
समरे अणिज्जियभडो, पुत्तो से इन्दई महासत्तो । घणवाहणो त्ति नामं, बीओ सो तेण पडितुल्लो ॥ ५७ ॥
सो एवमाइएहिं, भडेहि तिसमुद्दमेइणीनाहो । पहु ! अम्हेहि न जिप्पइ, राघव ! छड्डेहि एस कहा ॥ ५८ ॥
अह भणइ लच्छिनिलओ, जइ दढसत्तो दसाणणो भणिओ । तो किं व इह समक्खं, परमहिलातक्करो जाओ ? ॥ ५९ ॥
पउमो वि भणइ निसुणह, किं व इहं जंपिएहि बहुएहिं ? । जइ कुणह मज्झ पीई, तो दरिसह जणयनिवतणया ॥ ६० ॥
तो भणइ जम्बवन्तो, इमाउ विज्जाहराण धूयाओ । परिणेऊण महाजस !, विसयसुहं चेव माणेहि ॥ ६१ ॥

---

उसने कहा—कुल परम्परासे प्राप्त सुरसंगीत नामक नगरमें मैं रहता हूँ । नामसे रत्नजटी मैं आपकी शरणमें आया हूँ । (४६)

उत्सुक मनवाले रामने खेचरोंसे पूछा कि मुझे जल्दी बताओ कि वह लंका नगरी कितनी दूर है ? (४७) ऐसा कहने पर सिर झुकाये हुए, लज्जित, मोहप्राप्त, कार्यमें आदर बुद्धि न रखनेवाले—ऐसे उन वानरोंको रामने देखा । (४८) हे महाशय ! लंकाधिप रावणको जीतनेकी हमारी क्या ताकत ? यदि आपका आग्रह है तो इसमें क्या दोष है ? पर जो सुनने योग्य है उसे आप सुनें । (४९) इस लवणसागरमें विख्यात राक्षसद्वीप आया है । सात सौ योजन विस्तीर्ण और उससे तिगुनी अर्थात् इक्कीस सौ योजनकी परिखासे घिरा हुआ है । (५०) उसके बीच मेरुके जैसा रम्य त्रिकूट पर्वत स्थित है । वह नौ योजन ऊँचा और पचास योजन विस्तीर्ण है । (५१) इसके ऊपर रत्नके परकोटेवाली और चारों ओरसे तीस योजन विस्तीर्ण लंका नामकी वह नगरी आई है । (५२) हे स्वामी ! लंकापुरीके समीप स्वर्गके सदृश दूसरे भी महाद्वीप आये हैं, जिनमें विद्याधर बसते हैं । (५३) सन्ध्याकार द्वीप तथा सुवेल, कांचन, प्रह्लाद, अयोध, हंसरव, उदधिनिर्घोष तथा दूसरे भी उसे घेरे हुए अनेक अर्धस्वर्ग आदि द्वीप हैं जिनमें सेना, पुत्र एवं पत्नियोंके साथ लंकाधिप रावण क्रीड़ा करता है । (५४-५) जिसका महाबली और शूरवीर भानुकर्ण छोटा भाई है उसीका दृढ़ शक्तिवाला और बुद्धि सम्पन्न विभीषण भी एक दूसरा भाई है । (५६) युद्धमें अजेय सुभट तथा महासमर्थ इन्द्रजित उसका पुत्र है । उसीके जैसा घनवाहन नामक दूसरा पुत्र है । (५७) हे प्रभो ! ऐसे सुभटोंसे युक्त तथा जिसके तीन तरफ समुद्र है ऐसी पृथ्वीका स्वामी रावण हमसे नहीं जीता जा सकता । हे राघव ! यह कथा आप छोड़ें । (५८) तब लक्ष्मणने कहा कि यदि रावण अत्यन्त शक्तिशाली कहा जाता है तो वह क्यों दूसरेकी स्त्रीको साक्षात् चुरानेवाला हुआ ? (५९) रामने भी कहा कि सुनो । यहाँ बहुत बोलनेसे क्या फायदा ? यदि तुम मुझ पर प्रीति रखते हो तो जनकराजाकी पुत्री सीताको दिखलाओ । (६०) इस पर जाम्बवानने कहा कि हे महायश ! इन विद्याधरोंकी कन्याओंसे विवाह करके आप विषय-सुख मानें । (६१) अथवा

---

१. पीइं—प्रत्य० । २. तणयं—प्रत्य० ।

अहवा छड्डेहि इमं, सीयाए कारणे असग्गाहं । मा होहि नाह ! दुहिओ, मऊरमूढो जहा पुरिसो ॥ ६२ ॥
वेण्णायडम्मि नयरे, सच्चरुई वसइ तत्थ गहवइओ । नामेण विणयदत्तो, तस्स सुओ रूवसंपन्नो ॥ ६३ ॥
अह विणयदत्तमित्तो, विलासभूइ त्ति नामओ विप्पो । तस्स घरिणीऍ समयं, आसत्तो सो तहिं अहियं ॥ ६४ ॥
वयणेण तीऍ नेउं, रण्णं छम्मेण विणयदत्तो सो । आरुहिऊण तरुवरे, बद्धो रज्जूहि विप्पेणं ॥ ६५ ॥
तं बन्धिऊण गेहं, पविसइ अलियं च उत्तरं दाउं । अच्छइ तीऍ समाणं, भुञ्जन्तो रइसुहं विप्पो ॥ ६६ ॥
एत्थन्तरम्मि पहिओ, तं उद्देसं समागओ मूढो । उवरिं पलोयमाणो, पेच्छइ पुरिसं तरुनिबद्धं ॥ ६७ ॥
आरुहिऊण तरुवरं, मुञ्चइ तं बन्धणाउ सो पहिओ । तुट्ठो य विणयदत्तो, तेण समं पत्थिओ सघरं ॥ ६८ ॥
दट्ठूण विणयदत्तं, नट्ठो विप्पो तओ अइतुरन्तो । पहिओ वि परिग्गहिओ, मऊरसहिओ गिहत्थेणं ॥ ६९ ॥
अह अन्नया मऊरो, तस्स वि हरिओ नरिन्दपुत्तेणं । सोगाउरो य पहिओ, जाओ मित्तं भणइ एत्तो ॥ ७० ॥
जइ इच्छसि जीवन्तं, तं आणेहिह लहुं मऊरं मे । बद्धो य तरुवरग्गे, मया विमुक्को वणे तइया ॥ ७१ ॥
तस्सुवयारस्स तुमं, पडिउवयारं करेहि नाऊणं । आणेहि मित्त ! सिग्घं, तं पि मऊरं हिययइट्ठं ॥ ७२ ॥
तो भणइ विणयदत्तो, गेण्हसु अन्नं सिहिं व रयणं वा । कत्तो सो हु मऊरो, जो गहिओ रायपुत्तेणं ? ॥ ७३ ॥
न य सो गेण्हइ अन्नं, मोरं रयणं व कणयदव्वं वा । जंपइ पुणो पुणो च्चिय, नियययसिहिं मज्झ आणेहि ॥ ७४ ॥
जह सो मऊरमूढो, पहिओ न य मुयइ दढमसग्गाहं । तेण सरिसो नरुत्तम !, तुमं पि जाओ निरुत्तेणं ॥ ७५ ॥
अहवा रूवमईणं, खेयरधूयाण गुणकरालाणं । होहि तुमं भत्तारो, मोत्तूण तुमं असग्गाहं ॥ ७६ ॥
तं भणइ लच्छिनिलओ, जम्बूणय ! मह सुणेहि अक्खाणं । आसि पुरा गहवइओ, पभवो महिला य से जउणा ॥७७॥

---

हे नाथ ! आप सीताविषयक कदाग्रह छोड़ें और मयूरमूढ़ पुरुषकी भाँति आप दुःखित न हों । (६२)

वेन्नातट नामके नगरमें सत्यरुचि नामका एक गृहस्थ रहता था। उसका विनयदत्त नामका एक रूपसम्पन्न पुत्र था । (६३) विनयदत्तका विलासभूति नामका एक ब्राह्मण मित्र था। वह उसकी पत्नीमें अत्यन्त आसक्त हो गया । (६४) उस पत्नीके कपटपूर्ण वचनसे वह विनयदत्त वनमें ले जाया गया। वृक्ष पर चढ़ा कर ब्राह्मणने उसे रस्सीसे बाँधा । (६५) उसे बाँधकर ब्राह्मणने घरमें प्रवेश किया और झूठा उत्तर देकर उसके साथ रति-सुखका उपभोग करने लगा । (६६) इस बीच एक मूर्ख पथिक उस प्रदेशमें आया। ऊपरकी ओर देखने पर पेड़से बँधा हुआ एक पुरुष उसने देखा । (६७) पेड़ पर चढ़कर उस पथिकने उसे बन्धनसे मुक्त किया। तुष्ट विनयदत्तने उसके साथ अपने घरकी ओर प्रयाण किया । (६८) विनयदत्तको देखकर ब्राह्मण जल्दीसे भागा । मयूर सहित उस पथिकको गृहस्थने अंगीकार किया । (६९) एक बार उसका मोर राजाके पुत्रने ले लिया। इससे पथिक शोकातुर हो गया और उसने मित्रसे कहा कि यदि तुम मुझे जीवित देखना चाहते हो तो वह मोर मुझे जल्दी ही ला दो। उस समय वनमें पेड़के साथ बँधे हुए तुमको मैंने छुड़ाया था। उस उपकारको जानकर तुम प्रत्युपकार करो। हे मित्र ! मेरे हृदयप्रिय उस मोरको तुम जल्दी ला दो । (७०-७२) तब विनयदत्तने कहा कि दूसरा मोर या रत्न लो। राजाके कुँवरने जो ले लिया वह मोर कैसे मिल सकता है ? (७३) उसने दूसरा मोर, रत्न या सोना लिया नहीं और बार बार कहने लगा कि मेरा मोर मुझे ला दो (७४) हे नरोत्तम ! जिस तरह वह मयूरमूढ़ पथिक अपना दृढ़ कदाग्रह नहीं छोड़ता था, निश्चित रूपसे आप भी उसीके समान हुए हैं । (७५) अतएव आप अपना कदाग्रह छोड़ करके रूपवती और ऊँचे गुणोंवाली विद्याधर कन्याओंके पति बनें । (७६)

इस पर उसे लक्ष्मणने कहा कि, हे जाम्बूनद ! तुम मेरा आख्यान सुनो । प्राचीन समयमें प्रभव नामका एक गृहस्थ था। यमुना उसकी पत्नी थी । (७७) उसके तीन पुत्र थे आत्मश्रेय, तथाविध तथा सब कार्योंमें उद्यत तीसरा

---

१. जमुणा—प्रत्य० ।

तिण्णि जणा तस्स सुया, अप्पासेओ तहा विहाणो य । अन्नो सिलाघरो पुण, उज्जुत्तो सवकज्जेसु ॥ ७८ ॥
गिह-पसु-खेत्ताईसु य, इयरो वि तहाविहो कुणइ कम्मं । भोगाई अप्पसेओ, नवरं पुण पुवसुकएण ॥ ७९ ॥
कम्मं अकरेन्तो सो, पत्तो भाईहि पियरसहिएहिं । निब्भच्छिओ य सन्तो, गेहाओ निग्गओ माणी ॥ ८० ॥
असमत्थो चिय कम्मं, काउं सुकुमालकोमलसरीरो । संवेगसमावन्नो, मरणुच्छाहो तओ जाओ ॥ ८१ ॥
अह तम्मि देसयाले, परभवसुकएण तत्थ आणीओ । एक्को पहियजुवाणो, भणइ य वयणं मह सुणेहि ॥ ८२ ॥
भाणू नामेण अहं, रायसुओ गोत्तिएहि अक्कन्तो । देसे विणिग्गओ वि य, कुसुमपुरं पाविओ कमसो ॥ ८३ ॥
आयरिएण समाणं, संसग्गी मे तओ समुप्पन्ना । दिन्नं च वेज्जकडयं, तेण महं सुप्पसन्नेणं ॥ ८४ ॥
एयं ओसहिवलयं, गह-भूओरग-पिसाय-वाहीओ । नासेइ छिन्तमेत्तं, भणियं निस्संसयं गुरुणा ॥ ८५ ॥
नेमित्तियआइट्ठस्स भद्द ! कालावही मह समत्तो । निययं वच्चामि पुरं, करेमि रज्जं तहिं गन्तुं ॥ ८६ ॥
रज्जासत्तस्स इमं, मा मे छड्डिहिइ वाउलमणस्स । गिण्ह तुमं वरकडयं, विणासणं सवरोगाणं ॥ ८७ ॥
तं गेण्हिऊण वलयं, अप्पासेओ गओ नियगेहं । सपुरं च सुभाणू वि य, संपत्तो उत्तमं रज्जं ॥ ८८ ॥
ताव य नरिन्दभज्जा, अहीण दट्ठा सरीरनिचेट्ठा । पंडहियनिरूविया[1] सा, अप्पासेएण तो दिट्ठा ॥ ८९ ॥
कडयस्स पसाएणं, जीवावइ सो हु तं महादेविं । संपाविओ[2] विभूई, तत्थ नरिन्देण तुट्ठेणं ॥ ९० ॥
काऊण उत्तरिज्जे, तं वलयं सरवरं समोइण्णो । गोहेरएण हरियं, ताव य सुहलक्खणं कडयं ॥ ९१ ॥
तरुवरहेट्ठम्मि बिलं, तं पविसिऊण घणसिलाछन्नं । गोहेरो कुणइ रवं, पलयमहामेहनिग्घोसं ॥ ९२ ॥
हन्तूण य गोहेरं, गेण्हइ वलयं निहाणसंजुत्तं । उच्छाहनिच्छियमई, अप्पासेओऽभिमाणेणं ॥ ९३ ॥

---

शिलाघर । (७८) घर, पशु, खेत आदिका काय दूसरा तथाविध करता था, किन्तु पूर्वके पुण्यसे आत्मश्रेय केवल भोग भोगता था । (७९) कार्य न करनेवाले उसके पास पिताके साथ भाई आये । उनसे तिरस्कृत होने पर वह स्वमानी घरसे निकल गया । (८०) सुकुमार एवं मृदु शरीरवाले तथा कर्म करनेमें असमर्थ वह संसारसे उदासीन हो मरणके लिए उत्साहशील हुआ । (८१) परभवके पुण्यसे उस अवसर पर वहाँ एक युवा पथिक आया । उसने कहा कि मेरा कहना सुनो । (८२) मैं भानु नामका राजकुमार हूँ । स्वजनों द्वारा देश पर आक्रमण किये जानेसे मैं निकल कर क्रमसे विचरण करता हुआ कुसुमपुरमें जा पहुँचा । (८३) वहाँ एक आचार्यके साथ मेरा संसर्ग हुआ । सुप्रसन्न उन्होंने मुझे एक वैद्य-वलय ( चिकित्सक कड़ा ) दिया । (८४) गुरुने मुझे कहा कि यह ओषधि-वलय छूनेमात्रसे ग्रह, भूत, नाग, पिशाच एवं व्याधियोंको अवश्य दूर करता है । (८५) हे भद्र ! नैमित्तिक द्वारा आदिष्ट मेरी समयावधि पूरी हो गई है । मैं अपने नगरकी ओर जा रहा हूँ । वहाँ जा कर मैं राज्य करूँगा । (८६) राज्यासक्त और चंचल मनवाले मुझको यह छोड़ देगा, अतः सब रोगोंका नाश करनेवाला यह उत्तम कड़ा तुम लेलो । (८७) उस कड़ेको लेकर आत्मश्रेय अपने घरकी ओर गया । सुभानु भी अपने नगरकी ओर गया और वहाँ उत्तम राज्य प्राप्त किया । (८८) उस समय सर्पके द्वारा काटी गई राजाकी पत्नी शरीरसे निश्चेष्ट हो गई थी । ढोंडी पिटवाकर उसके बारेमें सूचित किया गया । आत्मश्रेयने उसे देखा । (८९) कड़ेके प्रसादसे उसने पटरानीको जिलाया । सन्तुष्ट राजाने उसे वैभव प्रदान किया । (९०) उत्तरीयमें उस कड़ेको रखकर जब वह सरोवरमें उतरा तब एक गोहने शुभ लक्षणवाले उस कड़ेका अपहरण किया । (९१) वृक्षके नीचे एक बिल था । विशाल शिलासे ढँके हुए उस बिलमें प्रवेश कर वह गोह प्रलयकालीन महामेघके सदृश आवाज करने लगी । (९२) उस आवाज से नगरजन तथा सुभट सहित राजा भयभीत हो गये । आत्मश्रेयने दर्पके साथ उस वृक्षको उखाड़ फेंका । (९३) उसने गोहको मारकर निधियोंसे युक्त वह कड़ा ले लिया । उत्साहसे युक्त निश्चित बुद्धिवाले आत्मश्रेयने

---

१. पडुपडहनिरूविया—प्रत्य० । २. विभूई—प्रत्य० ।

हन्तूण य गोहेरं, गेण्हइ वलयं निहाणसंजुत्तं । उच्छाहनिच्छियमई, अप्पासेओ जुई[1] पत्तो ॥ ९४ ॥
अप्पासेएण समो, रामो सीया य वलयमुत्ति व । महइमहानिहिलम्भो, गोहेरो रावणो चेव ॥ ९५ ॥
पुरिसा निच्छियहियया, पावन्ति धणं जसं च सोक्खं च । तुम्हे वि होह सत्था, सीया अम्हेहि लहियव्वा ॥ ९६ ॥
सोऊण उवक्खाणं, जियजम्बूणयकहासमुल्लावं । बहवे विम्हियहियया, विज्जाहरपत्थिवा जाया ॥ ९७ ॥
जम्बूणयमाईया, सव्वे वि य संपहारणं काउं । पुणरवि भणन्ति पउमं, एत्थ सुणे सारसब्भावं ॥ ९८ ॥
साहू अणन्तविरिओ, मरणं परिपुच्छिओ दहमुहेणं । जंपइ जो कोडिसिलं, उद्धरिही सो तुमं सत्तू ॥ ९९ ॥
तो भणइ लच्छिनिलओ, तुब्भे मा कुणह एत्थ विक्खेवं । दावेह मज्झ सिग्घं, तं कोडिसिलं सुरग्घवियं ॥ १०० ॥
सम्मन्तिऊण एत्तो, अरहस्सं वाणरिन्दमाईया । बल-नारायणसहिया, गया य रत्तिं विमाणेहिं ॥ १०१ ॥
पत्ता सिन्धुदेसं, अवइण्णा तं सिलं तहिं दट्ठुं । सव्वे वि पययमणसा, पणमन्ति पयाहिणावत्तं ॥ १०२ ॥
कुङ्कुमरसेण चन्दण—विच्छुरिया अच्चिया य कुसुमेहिं । आभरणभूसियङ्गी, विभाइ देवि व्व कोडिसिला ॥ १०३ ॥
निम्मज्जियपरिवेढो, करयलमउलञ्जलिं सिरे रइउं । सिद्धाण नमोक्कारं, करेइ लच्छीहरो एत्तो ॥ १०४ ॥
भवजलही उत्तिण्णा, जे सव्वसुहालयं समणुपत्ता । निययं अणन्तदरिसी, ते सिद्धा मङ्गलं मज्झं ॥ १०५ ॥
इह जे सिद्धिमुवगया, निव्वाणसिलाए साहवो धीरा । सव्वे वि कम्मरहिया, ते हं वन्दामि भावेणं ॥ १०६ ॥
पउमो खेयरसहिओ, आसीसं देइ लच्छिनिलयस्स । अरहन्त सिद्ध साहू, धम्मो तुह मङ्गलं होउ ॥ १०७ ॥
सा लक्खणेण एत्तो, नाणाकुसुमच्चिया सुरभिगन्धा । बाहासु समुक्खित्ता, सिद्धिसिला कुलवहू चेव ॥ १०८ ॥
साहु त्ति साहुसद्दं, सुराण सुणिऊण अम्बरे महयं । जाया विम्हियहियया, सुग्गीवाई भडा बहवे ॥ १०९ ॥

---

शोभा प्राप्त की। (९४) आत्मश्रेयके समान राम हैं, वलयकी मूर्ति सीता है, विशाल महानिधिसे युक्त गोहके समान रावण है। (९५) दृढ़ हृदयवाले पुरुष धन, यश एवं सुख पाते हैं। तुम भी निडर बनो। सीताको हमें प्राप्त करना ही चाहिए। (९६)

जाम्बूनदकी कथाके सम्भाषणको काटनेवाले इस आख्यानको सुनकर बहुतसे विद्याधर राजा हृदयमें विस्मित हुए। (९७) जाम्बूनद आदि सबने निश्चय करके पुनः रामसे कहा कि इसमें जो सच्ची हक़ीकत है वह आप सुनें। (९८) रावणने साधु अनन्तवीर्यसे मरणके बारेमें पूछा था। इसपर उन्होंने कहा था कि जो कोटिशिलाको उठा लेगा वही तुम्हारा शत्रु होगा। (९९) तब लक्ष्मणने कहा कि तुम इसमें विक्षेप न करो। देवताओंसे परिपूर्ण वह कोटिशिला तुम मुझे जल्दी ही दिखाओ। (१००) प्रकट रूपसे इसके विषयमें विचार करके बलदेव और नारायणके सहित वानरेन्द्र आदि रातमें ही विमान द्वारा गये। (१०१) सिन्धुदेशमें पहुँच करके नीचे उतरे। वहाँ उस शिलाको देखकर सभीने श्रद्धायुक्त मनसे प्रदक्षिणा करके वन्दन किया। (१०२) चन्दनसे चर्चित शिलाकी केसरके रस एवं पुष्पोंसे पूजा की गई। आभूषणोंसे विभूषित अंगवाली वह कोटिशिला एक देवीकी भाँति शोभित हो रही थी। (१०३) स्नान करके कमर कसे हुए लक्ष्मणने सिरपर हाथ जोड़कर सिद्धोंको नमस्कार किया कि 'जो भवसागरसे पार हो गये हैं, जो सर्व सुखके धामरूप मोक्षमें पहुँच गये हैं और जो नियमतः अनन्तदर्शी हैं वे सिद्ध मेरा कल्याण करें। (१०४-५) इस सिद्धशिला पर जो मोक्षमें गये उन सभी धीर और कर्म रहित साधुओंको मैं भावपूर्वक वन्दन करता हूँ।' (१०६) खेचरोंके साथ रामने लक्ष्मणको आशीर्वाद दिया कि अरिहन्त, सिद्ध, साधु और धर्म तुझे मंगलरूप हों। (१०७) नानाविध पुष्पोंसे अर्चित और मीठी गन्धवाली वह सिद्धशिला लक्ष्मणने कुलवधूकी भाँति हाथोंसे उठा ली। (१०८) आकाशमें देवताओंका 'साधु, साधु' ऐसा विपुल शब्द सुनकर सुग्रीव आदि बहुत से भट मनमें विस्मित हुए। (१०९) शिलाको नमस्कार करके सब शीघ्र ही सम्मेतपर्वत पर गये। वहाँ ऋषभादि

---

१. जुइं—प्रत्य०।

सबे नमिऊण सिला, सम्मेयं पवयं गया सिग्घं । उसभाइजिणवराणं, पडिमाउ थुणन्ति भावेणं ॥ ११० ॥
अह ते पदक्खिणेउं, भरहं वरजाण-वाहणारूढा । सुहकरण-तिहि-मुहुत्ते, किक्किन्धिपुरं गया सिग्घं ॥ १११ ॥
सुत्तुट्ठिया पभाए, सुग्गीवाई कइद्धया सबे । गन्तूण रामदेवं, पणमन्ति जहाणुपुबीए ॥ ११२ ॥
उवविट्ठा भणइ तओ, पउमो सबे वि वाणरा तुब्भे । अज्ज वि य किं पडिच्छह ?, चिट्ठइ सीया तहिं दुक्खं ॥११३॥
मोत्तूण दीहसुत्तं, लङ्कागमणे मई कुणह सिग्घं । मा विरहतणुइयङ्गी, करिही कालं तहिं सीया ॥ ११४ ॥
जंपन्ति वओविद्धा, राघव ! निसुणेहि अम्ह वयणेकं । जइ इच्छसि वइदेही, तेण समं विग्गहो होही ॥ ११५ ॥
दुक्खेहि होइ विजओ, रणम्मि असमाणविग्गहो एसो । विज्जासहस्सधारी, न य जिणसिःदसाणणं सामि ! ॥११६॥
तम्हा करेहि बुद्धी, अम्हं वयणेण मुयसु रणतत्तिं । अबलस्स बलियएणं, समयं को विग्गहो एत्थ ? ॥११७॥
जो सो अणुबयधरो, बिभीसणो नाम देसविक्खाओ । तस्स अलङ्घं वयणं, काही लङ्काहिवो नियमा ॥ ११८ ॥
घणपीइसंपउत्तो, तस्स य वयणेण बोहिओ सन्तो । अप्पेहि जणयतणयं, दसाणणो नत्थि संदेहो ॥ ११९ ॥
तम्हा गवेसह लहुं, नयकुसलं वाणराण सामत्थं । जो सह बिहीसणेणं, दहवयणं पत्तियावेइ ॥ १२० ॥
एयम्मि देसयाले, महोदही नाम खेयरो भणइ । बहुजन्तदुग्गमा सा, कया य लङ्का विसमसाला ॥ १२१ ॥
एयाण मज्झयारे, एक्कं पि य खेयरं न पेच्छामि । जो पविसिऊण लङ्कं, पुणरवि सिग्घं नियत्तेइ ॥ १२२ ॥
पवणंजयस्स पुत्तो, सिरिसेलो नाम निग्गयपयावो । बल-कन्ति-सत्तिजुत्तो, सो नवरं तं पसाएइ ॥ १२३ ॥
सबेहि एवमेयं, कईहि अणुमन्निऊण तं वयणं । हणुयस्स सन्नियासं, सिरिभूई पेसिओ दूओ ॥ १२४ ॥

---

जिनवरोंकी प्रतिमाओंका भावपूर्वक स्तवन किया। (११०) इसके पश्चात् उत्तम यान एवं वाहनमें आरूढ़ वे भरतक्षेत्रकी प्रदक्षिणा करके शीघ्र ही शुभ करण, तिथि एवं मुहूर्तमें किष्किन्धिपुरीमें आ गये। (१११)

सोकर प्रभातमें उठे हुए सुग्रीव आदि सब कपिध्वजोंने जा करके रामको अनुक्रमसे प्रणाम किया। (११२) बैठे हुए उन सब वानरोंसे रामने कहा कि तुम अब भी क्यों बाट जोहते हो ? वहाँ सीता दुःखमें बैठी है। (११३) दीर्घसूत्रताका त्याग करके शीघ्र ही लंकागमनके लिए विचार करो, अन्यथा विरहसे तप्त शरीरवाली सीता वहाँ मर जायगी। (११४) तब वयोवृद्ध लोगोंने कहा कि, हे राघव ! हमारा एक वचन आप सुनें। यदि आप सीताको प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके (रावणके) साथ युद्ध होगा। (११५) यह युद्ध असमान लोगोंका होगा, अतः रणमें विजय बड़ी कठिनाईसे होगी। हे स्वामी ! हजार विद्याओंके धारक रावणको आप जीत नहीं सकेंगे। (११६) अतः आप विचार करें। हमारे कहनेसे आप युद्धकी बातका त्याग करें। निर्बलका सबलके साथ क्या युद्ध ! (११७) अणुव्रतधारी तथा देशमें विख्यात जो विभीषण है उसका वचन रावण अवश्यमेव अलंघ्य समझता है। (११८) अत्यन्त प्रीतिसे युक्त वह रावण उसके वचनसे प्रतिबोधित हो सीताको लौटा देगा, इसमें सन्देह नहीं है। (११९) अतएव वानरोंमेंसे सामर्थ्यशाली एवं नीतिकुशल किसी वानरकी आप खोज करें जो विभीषणके साथ जाकर रावणको समझावे। (१२०)

इस प्रसंगमें महोदधि नामके खेचरने कहा कि विषम प्राकारसे युक्त वह लंका यंत्रोंसे अत्यन्त दुर्गम बनाई गई है। (१२१) इनमेंसे एक भी विद्याधरको मैं नहीं देखता जो लंकामें प्रवेश करके पुनः शीघ्र वापस आ जाय। (१२२) जिसका प्रताप चारों ओर फैला है ऐसा पवनंजयका पुत्र हनुमान बल, कान्ति एवं शक्तिसे युक्त है। वही केवल उसे प्रसन्न कर सकता है। (१२३) सभी वानरोंने 'ऐसा ही है' इस तरह कहकर उस कथनका अनुमोदन किया। हनुमानके

---

१. विरहतापियंगी—प्रत्य० ।

तुङ्गबलगाविएण वि, पुरिसेणं नियसत्तिजुत्तेण सया । होयवं नियमइणा, किंचि गणेन्तेण कारणं चिय विमलं ॥ १२५॥

॥ इय पउमचरिए कोडिसिलाउद्धरणं नाम अट्ठचत्तालं पव्वं समत्तं ॥

## ४९. हणुयपत्थाणपव्वं

तत्तो सो सिरिभूई, संपत्तो सिरिपुरं रयणचित्तं । पविसइ हणुयस्स सहा, तावेन्तं पेच्छई दूयं ॥ १ ॥
अत्थाणिसन्निविट्ठो, हणुओ समयं अणङ्गकुसुमाए । गुण-रूवसालिणीए, चन्दणहानन्दिणीए य ॥ २ ॥
काऊण सिरपणामं, चन्दणहासन्तिओ तओ दूओ । साहइ हणुयस्स फुडं, दण्डयरण्णाइयं सव्वं ॥ ३ ॥
ते लक्खणेण वहिया, सामिय ! सम्बुक्क-दूसणा दो वि । सीयाहरणनिमित्ते, इह जाओ विग्गहो परमो ॥ ४ ॥
सुणिऊण इमं वत्तं, अणङ्गकुसुमा खणं गया मोहं । आसत्था रुयइ तओ, सहोयरं चेव पियरं च ॥ ५ ॥
तं पेच्छिऊण एत्तो, खुहियं अन्तेउरं रुयइ सव्वं । जह वीणा-वंसरवो, खणेण ओहामिओ सव्वो ॥ ६ ॥
हा ताय ! हा सहोयर !, कत्तो सि गया महं अपुण्णाए ? । चिरकालविप्पमुक्का, किं मज्झ न दंसणं देह ? ॥ ७ ॥
एयाणि य अन्नाणि य, दुहिया खरदूसणस्स रोवन्ती । संथावणकुसलेहिं, मन्तीहिं उवसमं नीया ॥ ८ ॥
सव्वं च ताण काउं, पवणसूओ पेयकम्मकरणिज्जं । सुग्गीवरायतणयं, सद्दाविय पुच्छइ दूयं ॥ ९ ॥
अह तत्थ भणइ दूओ, देव ! निसामेहि अवहिओ होउं । कन्ताविओगदुहियं, सुग्गीवं जाणसी चेव ॥ १० ॥
महिलादुहियमणो सो, सरणं चिय राघवं समल्लीणो । गन्तूण नियनयरं, जुज्झइ समयं चिय रिवूणं ॥ ११ ॥

पास श्रीभूति दूत भेजा गया । (१२४) बलसे अत्यन्त गर्वित, अपनी सामर्थ्यसे युक्त तथा सदैव अपनी बुद्धि पर भरोसा रखनेवाले मनुष्यको भी किसी अज्ञेय कारणकी गिनती करके विमल होना चाहिए । (१२५)

॥ पद्मचरितमें कोटिशिलाका उद्धरण नामक अड़तालीसवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ४९. हनुमानका प्रस्थान

तब वह श्रीभूति रत्नोंसे विचित्र ऐसे श्रीपुरमें पहुँचा और हनुमानकी सभामें प्रवेश किया । चन्द्रनखाकी गुण एवं रूपशाली पुत्री अनंगकुसुमाके साथ सभामें बैठे हुए हनुमानने दूतको देखा । (१-२) तब सिरसे प्रणाम करके दूतने हनुमानसे चन्द्रनखासे लेकर दण्डकारण्य आदिका सारा वृत्तान्त कह सुनाया कि हे स्वामी ! शम्बूक और खरदूषण दोनोंको लक्ष्मणने मारा है तथा सीताहरणके कारण बड़ा भारी विग्रह हुआ है । (३-४) यह वृत्तान्त सुनकर अनंगकुसुमा तत्काल बेसुध हो गई । आश्वस्त होने पर वह भाई और पिताके लिए शोक करने लगी । (५) यह देखकर सारा क्षुब्ध अन्तःपुर रोने लगा । वीणा और बंसीका स्वर तत्काल बन्द करा दिया गया । (६) हा तात ! हा सहोदर ! मुझ दुर्भागीको चिरकालके लिए छोड़कर तुम कहाँ चले गये हो ? मुझे दर्शन क्यों नहीं देते ?—खरदूषणके लिए दुःखित हो इस प्रकार रोती हुई उसको आश्वासन देनेमें कुशल ऐसे मंत्रियोंने शान्त किया । (७-८) उनके लिए करने योग्य सारा प्रेतकर्म करके हनुमानने दूत रूपसे आये हुए सुग्रीव राजाके पुत्रको बुलाया । (९) तब दूतने कहा कि, हे देव ! आप ध्यान देकर सुनें । पत्नीके वियोगसे दुःखित सुग्रीवके बारेमें तो आप जानते ही हैं । (१०) पत्नीके कारण मनमें दुःखित वह रामकी शरणमें गये । अपने नगरमें जाकर उन्होंने शत्रुओंके साथ युद्ध किया । (११) रामको देखकर महाविद्या वैताली निकल

१. सव्वं तावयं पेच्छई—प्रत्य० ।

दट्ठूण रामदेवं, वेयाली निग्गया महाविज्जा । ताहे सरेहि निहओ, पउमेणं साहसो समरे ॥ १२ ॥
सोऊण वयणमेयं, पवणसुओ भणइ साहु साहु त्ति । राघव ! सुग्गीवबलं, वसणनिमग्गं समुद्धरियं ॥ १३ ॥
सोऊण कमलनामा, पिउसोगपरिक्खयं हणुवभज्जा । सम्माणदाणजुत्तं, कुणइ तओ सा महाणन्दं ॥ १४ ॥
दूयवयणेण चलिओ, सिरिसेलो वरविमाणमारूढो । रह-तुरय-गयसमग्गो, संघट्टुद्धन्तभडनिवहो ॥ १५ ॥
अह सो कमेण पत्तो, किक्किन्धिपुरं च तत्थ अवइण्णो । सुग्गीवेण सहरिसं, अहियं संभासिओ हणुओ ॥ १६ ॥
पउमस्स चेट्ठियं सो, तस्स कहेऊण वाणराहिवई । रामस्स सन्नियासं, मारुइसहिओ समणुपत्तो ॥ १७ ॥
दट्ठूण य एज्जन्तं, हणुवं अब्भुट्ठिओ पउमणाहो । अवगूहइ परितुट्ठो, सिणेहसंभासणं कुणइ ॥ १८ ॥
लच्छीहराइएहिं, भडेहि संभासिओ पवणपुत्तो । दिन्नासणोवविट्ठो, सेसा वि जहाणुपुवीए ॥ १९ ॥
भद्दासणे निविट्ठो, पउमो वरकणयकुण्डलाहरणो । पीयम्बरपरिहाणो, तस्स ठिओ लक्खणो पासे ॥ २० ॥
सुग्गीव-अङ्ग-अङ्गय-जम्बव-नल-नील-कुमुयमाईया । तह य विराहियसहिया, वेढेत्ताऽवट्ठिया रामं ॥ २१ ॥
काऊण समुल्लावं, सिरिसेलो भणइ राघवं एत्तो । कह तुज्झ सामि ! पुरओ, घेप्पन्ति गुणा अपरिमेया ? ॥२२॥
वज्जावत्तधणुवरं, सहस्सऽमररक्खियं वसे ठवियं । वइदेहीसंवरणे, तुज्झ सुयऽम्हेहि माहप्पं ॥ २३ ॥
अम्हं तुमे महाजस !, हियइट्ठं[1] ववसियं महाकम्मं । सुग्गीवरूवधारी, जं निहओ साहसो समरे ॥ २४ ॥
उवगारिस्स महाजस !, पडिउवगारं न चेव जो कुणइ । तस्सेव भावसुद्धी, निययं पि कओ समुब्भवइ ? ॥ २५ ॥
सो सबाण वि पावो, लोद्धय-वाहाण मच्छबन्धाणं । धट्ठो घिणाविमुक्को, जो य कयग्घो इहं पुरिसो ॥ २६ ॥
सबे वि तुज्झ सुपुरिस !, पडिउवयारस्स उज्जया अम्हे । गन्तूण सामि ! लङ्कं, रक्खसणाहं पसाएमो ॥ २७ ॥

गई। तब रामने युद्धमें बाणोंसे साहसगतिको मार डाला। (१२) यह कथन सुनकर हनुमानने कहा कि, हे राम! तुमने बहुत अच्छा किया, बहुत अच्छा किया। दुःखमें डूबे हुए सुग्रीवके सैन्यका तुमने उद्धार किया। (१३) पिताके शोकका नाश सुनकर हनुमानकी कमला नामकी पत्नीने सम्मान एवं दानसे युक्त ऐसा बड़ा भारी उत्सव मनाया। (१४)

दूतका कथन सुनकर रथ, हाथी एवं घोड़ोंके साथ तथा संघर्षके लिए उठ खड़े हुए सुभटोंके समूहसे युक्त हनुमान उत्तम विमानमें सवार हो चल पड़ा। (१५) अनुक्रमसे गमन करता हुआ वह किष्किन्धिपुरीके पास आ पहुँचा और वहाँ नीचे उतरा। सुग्रीवने हर्षपूर्वक हनुमानके साथ वार्तालाप किया। (१६) रामका चरित उसे कहकर मारुतिके साथ वानराधिपति रामके पास आया। (१७) हनुमानको आते देख राम खड़े हो गये। आनन्दमें आकर उन्होंने उसका आलिंगन तथा स्नेहपूर्वक उसके साथ सम्भाषण किया। (१८) लक्ष्मण आदि सुभटों द्वारा संभाषित हनुमान दिये गये आसन पर बैठा। बाक़ीके लोग यथोचित क्रमसे बैठे। (१९) सोनेके उत्तम कुण्डल एवं आभूषणोंसे युक्त तथा पीताम्बर पहने हुए राम सिंहासन पर बैठे। उनके पास लक्ष्मण खड़ा रहा। (२०) विराधित सहित सुग्रीव, अंग, अंगद, जाम्बवन्त, नल, नील और कुमुद आदि रामको घेरकर खड़े रहे। (२१)

वार्तालाप करनेके उपरान्त हनुमानने रामसे कहा कि, हे स्वामी! आपके समक्ष आपके अपरिमेय गुणोंका कैसे बखान किया जाय? (२२) वैदेहीके स्वयंवरमें एक हजार देवों द्वारा रक्षित उत्तम वज्रावर्त धनुष आपने वशमें किया। आपका माहात्म्य हमने सुना है। (२३) हे महायश! युद्धमें सुग्रीवका रूप धारण करनेवाले साहसगतिको जो आपने मारा वह आपने हमारे हृदयमें रहा हुआ महाकर्म किया है। (२४) हे महायश! जो पुरुष उपकारोंका प्रत्युपकार नहीं करता उसे भावशुद्धि कैसे हो सकती है? (२५) जो यहाँ कृतघ्न होता है वह शिकारी, बहेलिये और धीवर—इन सबसे भी अधिक पापी, धृष्ट और निर्घृण होता है। (२६) हे सुपुरुष! हम सब आपका प्रत्युपकार करनेके लिए उद्यत हैं। हे स्वामी! लङ्कामें जाकर

१. णाह !—प्रत्य० ।

सामिय ! देहाऽऽणत्तिं, तुह महिला जेण तत्थ गन्तूणं । आणेमि भुयबलेणं, पेच्छसु उक्कण्ठिओ सिग्घं ॥ २८ ॥
जम्बूणएण भणिओ, वच्छ हणूवन्त ! साहु भणियं ते । गन्तव्वं चेव तुमे, लङ्कानयरी सुमणसेणं ॥ २९ ॥
भणियं च एवमेयं, मारुइणा नत्थि एत्थ संदेहो । ताहे हरिसवसगओ, पउमो सीयाएँ संदिसइ ॥ ३० ॥
मह वयणेण भणेज्जसु, हणुय ! तुमं विरहकायरिं सीयं । जह सो तुज्झ विओगे, रामो न य निवुइं लहइ ॥३१॥
जाणामि मह विओगे, मरसि तुमं नत्थि एत्थ संदेहो । तह वि य समाहिहेउं, सुन्दरि ! जीयं धरिज्जासु ॥ ३२ ॥
लोगम्मि होइ दुलहो, समागमो तह य दुलहो धम्मो । तत्तो य दुलहयरं, समाहिमरणं जिणमयम्मि ॥ ३३ ॥
तम्हा रक्खसदीवे, मा काहिसि एत्थ सुन्दरी ! कालं । जावाऽऽगच्छामि अहं, वाणरसहिओ तुह सयासं ॥ ३४ ॥
एयं पच्चयकरणं, दावेज्जसु अङ्गुलेययं नेउं । चूडामणिं च मज्झं, आणेज्जसु तीएँ सन्निहियं ॥ ३५ ॥
जं आणवेसि सामिय !, भणिऊणं मारुई नमइ रामं । लच्छीहरं पि एवं, सेसा वि भडा समालवइ ॥ ३६ ॥
भणिओ चिय मारुइणा, सुग्गीवो जाव तत्थ गन्तूणं । एहामि ताव तुब्भे, एत्थं चिय अच्छियव्वं तु ॥ ३७ ॥
एव भणिऊण तो सो, आरूढो मारुई वरविमाणं । उप्पइओ गयणयलं, समयं नियएण सेन्नेणं ॥ ३८ ॥

कए वि अन्नस्सुवयारजाए, कुणन्ति जे पच्चुवयारजोगं ।
न तेसु तुल्लो विमलो वि चन्दो, न चेव भाणू न य देवराया ॥ ३९ ॥

॥ इय पउमचरिए हणुयपत्थाणं नाम एगूणपन्नासं पव्वं समत्तं ॥

## ५० महिन्ददुहियासमागमपव्वं

अह सो परोवयारी, पवणसुओ नहयलेण वच्चन्तो । पेच्छइ गिरिस्स उवरिं, महिन्दनयरिं सुरपुराभं ॥ १ ॥

हम राक्षसनाथको प्रसन्न करेंगे । (२७) हे स्वामी ! आप आज्ञा दें जिससे हम वहाँ जाकर भुजाके सामर्थ्यसे आपकी पत्नीको ले आवें और उत्कण्ठित आप उन्हें शीघ्र ही देखें । (२८)

इसपर जाम्बूनदने कहा कि, हे वत्स ! तुमने बहुत अच्छा कहा । सुन्दर मनवाले तुम्हें लङ्का जाना चाहिए । (२९) हनुमानने कहा कि ऐसा ही हो । इसमें कोई सन्देह नहीं है । तब आनन्दमें आये हुए रामने सीताके लिए सन्देश दिया कि, हे हनुमान ! मेरे वचनसे तुम विरहकातर सीतासे कहना कि 'तुम्हारे वियोगसे राम चैन नहीं पाते । (३०-३१) मैं जानता हूँ कि मेरे वियोगसे तुम मर जाओगी, इसमें सन्देह नहीं है, फिर भी हे सुन्दरी ! चित्तकी स्वस्थताके लिए तुम प्राणोंको धारण किये रखना । (३२) लोकमें समागम दुर्लभ है, उससे भी दुर्लभ धर्म है और उससे भी अधिक दुर्लभ जिन-मतमें समाधि-मरण है । (३३-३४) इसलिए, हे सुंदरी ! तुम उस राक्षसद्वीपमें मर मत जाना, तबतक मैं वानर सेनाके साथ तुम्हारे पास आ जाऊँगा' । (३५) 'हे स्वामी ! जैसी आपकी आज्ञा'—ऐसा कहकर हनुमानने रामको प्रणाम किया । उसी प्रकार लक्ष्मण को भी प्रणाम किया तथा बाकीके सुभटोंसे बातचीत की । (३६) हनुमानने सुग्रीवसे कहा कि वहाँ जाकर जबतक मैं लौट नहीं आता तबतक तुम यहीं रहना । (३७) ऐसा कहकर वह मारुति उत्तम विमानपर आरूढ हुआ और अपने सैन्यके साथ आकाशमें उड़ा । (३८) दूसरेके उपकार करनेपर जो प्रत्युपकारका पराक्रम करते हैं उनके समान विमल न तो चन्द्र है, न सूर्य और न देवराज इन्द्र भी । (३९)

॥ पद्मचरितमें हनुमानका प्रस्थान नामक उनचासवाँ पर्व समाप्त हुआ॥

## ५०. महेन्द्रकन्याका समागम

आकाशमार्गसे जाते हुए उस परोपकारी पवनसुत हनुमानने पर्वतके ऊपर सुरपुर अमरावतीके सदृश कान्तिवाली

१. नयरिं—प्रत्य० । २. समयं चिय नियसेन्नेणं—प्रत्य० ।

तं दट्ठूण सुमरियं, वयणं जणणीए जं समक्खायं । विज्जाहरसामन्तो, वसइ महं अज्जओ एत्थं ॥ २ ॥
जेण मए उयरत्थे, जणणी मे धाडिया महारण्णे । सीहभउव्विग्गमणा, पलियङ्कगुहाएँ मज्झम्मि ॥ ३ ॥
आसासिया य मुणिणा, तत्थ पसूया वणम्मि एगागी । जाओ दइएण समं, समागमो कह वि पुण्णेहिं ॥ ४ ॥
तस्सऽवराहस्स अहं, पडिदाणं देमि अज्ज निक्खुत्तं । विज्जाहरगव्वमिणं, फेडेमि महिन्दरायस्स ॥ ५ ॥
एत्थन्तरम्मि पहयं, तूरं पडुपडहसद्दगम्भीरं । सुहडा य समाढत्ता, ओत्थरिउं तं महानयरं ॥ ६ ॥
सोऊण परबलं सो समागयं नियसाहणसमग्गो । अह निग्गओ महिन्दो, नयराओ रोसपज्जलिओ ॥ ७ ॥
आवडिओ संगामो, हयगयपउराण उभयसेन्नाणं । असि-कणय-चक्क-तोमर-संघट्टुद्धन्तसद्दालं ॥ ८ ॥
भग्गं महिन्दसेन्नं, दट्ठूण महिन्दरायपुत्तो[1] सो । दढचावगहियहत्थो, हणुवन्तं पाविओ सिग्घं ॥ ९ ॥
ताव च्चिय मारुइणा, तस्स धणू सुनिसिएसु बाणेसु । छिन्नं रहो य भग्गो, पसन्नकित्ती तओ गहिओ ॥ १० ॥
दट्ठूण सुयं गहियं, महिन्दराया समुट्ठिओ रुट्ठो । हणुएण समं जुज्झं, आवडिओ पहरणविहत्थो ॥ ११ ॥
सर-झसर-सत्ति-तोमर, महिन्दराया वि मुञ्चई रुट्ठो । हणुओ वि ते महप्पा, आउहनिवहे निवारेइ ॥ १२ ॥
मायासहस्सकलियं, काऊण य दारुणं महाजुज्झं । गरुडेण विसहरो इव, तेण महिन्दो रणे गहिओ ॥ १३ ॥
गहियस्स पवणपुत्तो, पडिओ मायामहस्स चलणेसु । भणइ य इह दुच्चरियं, तं मज्झ गुरू खमेज्जासु ॥ १४ ॥
नाऊण य पडिभणिओ, वच्छय ! साहु त्ति साहु बलविरियं । जाएण तुमे पुत्तय !, नियय[2]कुलं भूसियं सयलं ॥ १५ ॥
तं खामिऊण हणुओ, निययं मायामहं परिकहेइ । सबं पउमागमणं, अप्पणयं गमणकज्जं च ॥ १६ ॥
अहयं लङ्कानयरी, अज्जय ! वच्चामि तुरियकज्जेणं । तं पुण किक्किन्धिपुरं, गच्छसु रामस्स पासम्मि ॥ १७ ॥

---

महेन्द्रनगरी देखी । (१) उसे देखकर माताने जो वचन कहा था वह याद आया कि मेरा दादा यहाँ रहता है जिसने, जब मैं गर्भमें था तब, मेरी माताको महारण्यमें निष्कासित किया था । सिंहके भयसे उद्विग्न मनवाली उसे पर्यंकगुफामें मुनिने आश्वासन दिया था । वनमें एकाकी उसने प्रसव किया था और किसी तरह पुण्यके बलसे पतिके साथ समागम हुआ था । (२-४) आज मैं उस अपराधका बदला लूँगा । विद्याधर महेन्द्रराजाका गर्व मैं चूर करूँगा । (५) तब भेरिके पटु और गम्भीर शब्दसे युक्त बाजे बजाये गये । सुभट उस महानगरमें उतरने लगे । (६) शत्रुसैन्यको आया जान गुस्सेसे लाल-पिला होता हुआ वह महेन्द्र राजा अपनी सेनाके साथ निकल पड़ा । (७) हाथी एवं घोड़ोंसे युक्त दोनों सेनाओंमें तलवार, कनक, चक्र एवं तोमरके टकरानेसे उठनेवाले शब्दोंसे व्याप्त ऐसा संग्राम होने लगा । (८) महेन्द्रकी सेनाका विनाश देखकर वह महेन्द्रराजका पुत्र प्रसन्नकीर्ति हाथमें मजबूत धनुष लेकर शीघ्र ही हनुमानके पास आया । (९) हनुमानने तत्काल ही तीक्ष्ण बाणोंसे उसका धनुष काट डाला और रथ तोड़ डाला । उसके बाद प्रसन्नकीर्तिको पकड़ लिया । (१०) पुत्र पकड़ा गया है यह देखकर शस्त्रोंमें कुशल महेन्द्रराजा रुष्ट हो उठ खड़ा हुआ और हनुमानके साथ युद्ध करने लगा । (११) रुष्ट महेन्द्र राजा बाण, झसर, ( शस्त्र-विशेष ), शक्ति और तोमर फेंकने लगा । महात्मा हनुमान भी उन आयुधोंका निवारण करता था । (१२) हजारों मायासे युक्त दारुण महायुद्ध करके उस हनुमानने, जिस तरह गरुड़ सर्पको पकड़ता है उस तरह, महेन्द्रको संग्राममें पकड़ लिया । (१३) पकड़े गये मातामहके चरणोंमें हनुमान गिरकर प्रणाम किया और कहा कि मेरा यह बड़ा भारी दुश्चरित आप क्षमा करें । (१४) पहचान करके जवाबमें उसने कहा कि, हे वत्स ! तुम्हारे बल एवं वीर्यको धन्यवाद है । हे पुत्र ! तुम्हारे उत्पन्न होनेसे तुम्हारा अपना सारा कुल अलंकृत हुआ है । (१५) क्षमायाचना करके हनुमानने अपने उस मातामहसे रामका आगमन तथा अपना गमनकार्य आदि सब कुछ कहा कि, दादाजी ! कार्यकी जल्दी होनेसे मैं लङ्कानगरी की ओर जाता हूँ, किन्तु आप किष्किन्धिपुरीमें रामके पास जावें । (१६-१७) ऐसा कहकर पवनपुत्र हनुमान आकाशतलमें

---

१. रायतणओ सो—प्रत्य० । २. नयरिं—प्रत्य० ।

एव भणिऊण लो सो, उप्पइओ नहयले पवणपुत्तो । लङ्काहिमुहो वच्चइ, इन्दो अमरावइं चेव ॥ १८ ॥
गन्तुं महिन्दकेऊ, सुएण समयं पसन्नकित्तीणं । पूएइ रामदेवं, बहुभडपरिवारिओ पयओ ॥ १९ ॥
मायावित्तेहि समं, जाओ च्चिय अञ्जणाएँ संजोगो । पडुपडहतूरपउरो, तत्थेव कओ महाणन्दो ॥ २० ॥
दट्ठूण आगयं ते, तत्थ महिन्दं विराहियाईया । सुहडा परितुट्ठमणा, पुणो पसंसन्ति पउमाभं ॥ २१ ॥
धम्मेण पुवस्सुकएण उत्तमा, सोक्खालया सव्वजणस्स वल्लहा ।
पावन्ति तुङ्गं विमलं जसं नरा, तम्हा सया होह सुसंजमुज्जया ॥ २२ ॥

॥ इय पउमचरिए महिन्ददुहियासमागमविहाणं नाम पन्नासइमं पव्वं समत्तं ॥

## ५१. राघवगंधव्वकन्नालाभपव्वं

अह तस्स नहयलेणं, वच्चन्तस्सऽन्तरे तओ जाओ । वररयणपज्जलन्तो, दीवो च्चिय दहिमुहो नामं ॥ १ ॥
अह तम्मि पवरदीवे, अत्थि पुरं दहिमुहं ति नामेणं । भवणसहस्साइण्णं, काणण-वणमण्डिउद्देसं ॥ २ ॥
तस्स पुरस्साऽऽसन्ने, नाणाविहरुक्खसंकडुद्देसे । हत्थावलम्बियभुयं, दिट्ठं हणुवेण मुणिजुयलं ॥ ३ ॥
कोसस्स चउब्भागे, मुणिवरवसभाण तिण्णि कन्नाओ । तप्पन्ति तवं घोरं, विज्जाए साहणट्ठम्मि ॥ ४ ॥
अह तं मुणिवरजुयलं, जोगत्थं वणदवग्गिडज्झन्तं । कन्नाहि समं दट्ठुं वच्छल्लं कुणइ हणुवन्तो ॥ ५ ॥
आयड्ढिऊण एत्तो, सायरसलिलं घणो व विज्जाए । वरिसइ मुणीण उवरिं, मुसलपमाणासु धारासु[1] ॥ ६ ॥
सो हुयवहो असेसो, अवहरिओ तेण सलिलपूरेणं । मुञ्चन्ति कुसुमवासं, देवा उवरिं मुणिवराणं ॥ ७ ॥

ऊँचे उड़ा और अमरावतीकी ओर जानेवाले इन्द्रकी भाँति लङ्काकी ओर अभिमुख हुआ। (१८) बहुतसे सुभटोंसे घिरे हुए महेन्द्रकेतुने पुत्र प्रसन्नकीर्तिके साथ जाकर रामकी भक्तिपूर्वक पूजा की। (१९) माता-पिताके साथ अंजनाका समागम हुआ। दुन्दुभि और वाद्योंसे युक्त बड़ा भारी उत्सव वहींपर किया गया। (२०) महेन्द्रको वहाँ आया देख विराधित आदि वे सुभट मनमें आनन्दित हो पुनः रामकी प्रशंसा करने लगे। (२१) धर्म एवं पूर्वकृत पुण्यके कारण मनुष्य उत्तम, सुखके आलयरूप अर्थात् अत्यन्त सुखी और सब लोगोंके प्रिय होते हैं तथा विशाल और विमल यश पाते हैं। अतः तुम सदा सुसंयममें उद्यत रहो। (२२)

॥ पद्मचरितमें महेन्द्र-दुहिताके समागमका आख्यान नामक पचासवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ५१. गन्धर्वकन्याओंका लाभ

आकाशमार्गसे जब वह हनुमान जा रहा था तब बीचमें उत्तम रत्नोंसे देदीप्यमान दधिमुख नामका एक द्वीप आया। (१) उस सुन्दर द्वीपमें हजारों भवनोंसे व्याप्त और वन-उपवनोंसे मण्डित प्रदेशवाला दधिमुख नामका एक नगर था। (२) उस नगरके समीप आये हुए नानाविध वृक्षोंसे संकीर्ण प्रदेशमें नीचे हाथ लटकाये हुए दो मुनियोंको हनुमानने देखा। (३) उन मुनिवरोंसे चौथाई कोस पर तीन कन्याएँ विद्याकी साधनाके लिए घोर तप कर रही थीं। (४) कन्याओंके साथ योगस्थ उन मुनियोंको जंगलकी दावाग्निसे जलते देख हनुमानको दया आई। (५) उसने विद्याके प्रभावसे बादलकी भाँति सागरका जल खींचकर मुसल जैसी धाराओंसे मुनियोंके ऊपर वर्षा की। (६) पानीकी उस बाढ़से सारी आग शान्त हो गई। देवोंने मुनिवरोंके ऊपर पुष्पोंकी वर्षा की। (७) तब उपसर्गसे सिद्ध विद्यावाली वे कन्याएँ मेरुकी

१. मुसलसमाणासु—प्रत्य० ।

ताव चिय कन्नाओ, ताओ उवसग्गसिद्धविज्जाओ । मेरुं पदक्खिणेउं, साहुसयायं पुण गयाओ ॥ ८ ॥
नमिऊण मुणिवरिन्दे, झाणत्थे मारुई[1] पसंसन्ति । कन्नाउ साहु सुपुरिस !, तुज्झ दढा जिणवरे भत्ती ॥ ९ ॥
घोरुवसग्गो एसो, साहूण निवारिओ तुमे सिग्घं । डज्झन्तीणं रण्णे, अम्हाण वि जीवियं दिन्नं ॥ १० ॥
अह भणइ पवणपुत्तो, तुब्भे किं एत्थ अच्छह वणम्मि ? । साहेह मज्झ एत्तो, कम्मि पुरे ? कस्स दुहियाओ ? ॥ ११ ॥
एक्का भणइ ऽह अम्हे, दहिमुहनयराहिवस्स दुहियाओ । गन्धवस्स महाजस ! कन्नाओ तिण्णि वि जणीओ ॥ १२ ॥
अहयं तु चन्दलेहा, बिइया विज्जुप्पभ त्ति नामेणं । इयरा तरङ्गमाला, अम्हे गोत्तस्स इट्ठाओ ॥ १३ ॥
जावइया इह भवणे, हवन्ति केएत्थ खेयरकुमारा । अम्हं कएण सुपुरिस !, जाया अइदुक्खिया सव्वे ॥ १४ ॥
अङ्गारओ त्ति नामं, अहियं अम्हेहि मग्गमाणो सो । अलहन्तो चिय जाओ, निययविरोहुज्जयमईओ ॥ १५ ॥
अट्ठङ्गनिमित्तधरो, अम्हं पियरेण पुच्छिओ साहू । ठाणेसु केसु रमणा, दुहियाणं मज्झ होहिन्ति ? ॥ १६ ॥
सो भणइ साहसगई, जो हणिही रणमुहे पुरिससीहो । सो होही भत्तारो, एयाणं तुज्झ दुहियाणं ॥ १७ ॥
तत्तो पभूइ अम्हं, ताओ चिन्तेइ को इहं भुवणे । मारेइ साहसगई, पुरिसो वज्जाउहसमो वि ? ॥ १८ ॥
मग्गन्तीहिं जओ सो, न य लद्धो साहसस्स हन्तारो । तत्तो साहिंसु इहं, रण्णे मणगामिणी विज्जा ॥ १९ ॥
अह तेण विरुद्धेणं, अम्हं अङ्गारएण पावेणं । मुक्कं फुलिङ्गवरिसं, जेण वणं चेव पज्जलियं ॥ २० ॥
जा छम्मासेण पहू !, सिज्झइ मणगामिणी महाविज्जा । सा चेव लहुं सिद्धा, अम्हं उवसग्गसहणेणं ॥ २१ ॥
साहु महापुरिस ! तुमे, वेयावच्चे कए मुणिवराणं । अम्हे वि मोइयाओ, इमाउ जलणोवसग्गाओ ॥ २२ ॥
कहियं च निरवसेसं, कज्जं पउमागमाइयं सव्वं । साहसगइस्स निहणं, निययं लङ्कापुरीगमणं ॥ २३ ॥

---

प्रदक्षिणा करके उन साधुओंके पास गईं। (८) ध्यानस्थ मुनियोंको वन्दन करके उन कन्याओंने हनुमानकी प्रशंसा की कि, हे साधु ! हे सुपुरुष ! तुम्हारी जिनवरमें दृढ़ भक्ति है। (९) तुमने शीघ्र ही साधुओंका यह घोर उपसर्ग दूर किया है और अरण्यमें जलती हुई हमें भी जीवन दिया है। (१०) तब हनुमानने पूछा कि तुम इस वनमें क्यों ठहरी हो ? मुझे यह कहो कि किस नगरमें तुम ठहरी हो और किसकी कन्याएँ हो ? (११) इस पर उनमेंसे एकने कहा कि—

हे महायश ! हम तीनों ही कन्याएँ दधिमुख नगरके राजा गन्धर्व की लड़कियाँ हैं। (१२) मैं चन्द्रलेखा हूँ, दूसरी विद्युत्प्रभा नामकी है और तीसरी तरंगमाला है। हम कुलकी प्रिय हैं। (१३) हे सुपुरुष ! इस लोकमें जितने भी विद्याधरकुमार थे वे सब हमारे कारण अत्यधिक दुःखित हुए। (१४) अंगारक नामका कुमार हमारी बहुत माँग कर रहा था, किन्तु न मिलने पर वह सर्वदाके लिए विरोधी बुद्धिवाला हो गया। (१५) हमारे पिताने अष्टांगनिमित्त विद्याके धारक एक साधुसे पूछा कि मेरी पुत्रियोंके पति किन स्थानोंमें होंगे ? (१६) उसने कहा कि युद्धमें जो पुरुषसिंह साहसगतिको मारेगा वही तुम्हारी इन पुत्रियोंका पति होगा। (१७) तबसे लेकर हमारे पिता सोचते रहते हैं कि इस लोकमें वज्रायुध इन्द्रके जैसा कौन पुरुष साहसगतिको मारेगा ? (१८) खोज करती हुई हमने जब साहसगतिके मारनेवालेको न पाया तब इस वनमें हम मनोगामिनी विद्याकी साधना करने लगीं। (१९) तब हमारे विरोधी उस पापी अंगारकने अग्निकी वर्षा की, जिससे जंगल जल उठा। (२०) हे प्रभो ! जो मनोगामिनी महाविद्या छः मासमें सिद्ध होती है वही उपसर्गको सहन करनेसे हमें शीघ्र ही प्राप्त हुई है। (२१) हे महापुरुष ! तुम्हें धन्यवाद है। मुनिवरोंकी सेवा करनेसे हम भी इस अग्निके उपसर्गसे मुक्त हो सकीं। (२२)

इस पर उसने रामका आगमन आदि, साहसगतिका निधन तथा अपना लंकागमनका सारा वृत्तान्त कहा। (२३)

---

१. मारुइं—प्रत्य० ।

परिमुणियकज्जनिहसो, गन्धवो आगओ तमुद्देसं । देवागमणसरिच्छं, कुणइ तओ सो महाणन्दं ॥ २४ ॥
घेत्तूण य कन्नाओ, गन्धवो राघवं समल्लीणो । साहेइ कयपणामो, नियागमणकारणं सव्वं ॥ २५ ॥
एयासु य अन्नासु य, सेविज्जन्तो य वरविभूईसु । पउमो सीयाएँ विणा, मन्नइ सुन्नं व तेल्लोक्कं ॥ २६ ॥
अहो जणा ! सुकयफलेण सुन्दरा, रई सया हवइ विओगवज्जिया ।
तहा समज्जयह जिणिन्दसासणे, सया सुहं विमलयरं निसेवह ॥ २७ ॥
॥ इय पउमचरिए राघवगन्धव्वकन्नालाहविहाणं नाम एगपन्नासइमं पव्वं समत्तं ॥

## ५२. हणुवकण्णालाभलङ्काविहाणपव्वं

अह सो पवणाणन्दो, तिकूडसमुहो नहेण वच्चन्तो । पायारेण निरुद्धो, धणुसंठाणेण तुङ्गेणं ॥ १ ॥
भणइ ऽह केण निरुद्धो, गइपसरो मह इमस्स सेन्नस्स ? । एयं मुणेह तुब्भे, जेण लहुं चेव नासेमि ॥ २ ॥
पवणतणयस्स मन्ती, साहेइ महामइ त्ति नामेणं । मायाएँ रक्खसेहिं, कओ इमो तुङ्गपायारो ॥ ३ ॥
अह तस्स देइ दिट्ठी, पेच्छइ बहुकूडजन्तनियरोहं । दाढाविडम्बिओट्ठं, विउलं आसालियावयणं ॥ ४ ॥
भीमाहिफडावियडं, विमुक्कसुंकारविससमुज्जलियं । पलयघणसरिसभूयं, समन्तओ घोरपायारं ॥ ५ ॥
सो वज्जकवयदेहो, हणुओ हन्तूण जन्तपायारं । आसालियाएँ वयणे, पइसरइ तओ गयाहत्थो ॥ ६ ॥
अह तीएँ फालिऊणं, कुच्छी नक्खेसु निग्गओ सिग्घं । सालं पुणो पुणो च्चिय, गयापहारेसु चुण्णेइ ॥ ७ ॥
तं घोरमहासद्दं, सुणिऊणा ऽऽसालियाएँ विज्जाए । सयमेव सालरक्खो, वज्जमुहो उट्ठिओ रुट्ठो ॥ ८ ॥

---

कार्यका महत्त्व जानकर राजा गन्धर्व उस प्रदेशमें आया। उसने देवके आगमनके समान बड़ा भारी उत्सव मनाया। (२४) कन्याओंको लेकर गन्धर्व रामके पास गया और प्रणाम करके अपने आगमनका सारा कारण कह सुनाया। (२५) इन तथा दूसरी उत्तम विभूतियोंसे सेवित होने पर भी राम सीताके बिना त्रिलोकको शून्य-सा मानते थे। (२६) अहो! सुकृतके फलसे लोग सुन्दर प्रीतिवाले तथा सर्वदा वियोगरहित होते हैं। अतः जिनेन्द्रके शासनमें (धर्मकार्यमें) प्रयत्न करो तथा सदा अत्यन्त विमल सुखका उपभोग करो। (२७)

॥ पद्मचरितमें राघवको गन्धर्वकन्याओंका लाभ नामक इक्यावनवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ५२. हनुमान और लङ्कासुन्दरी

चित्रकूटकी ओर आकाशसे जाता हुआ हनुमान धनुषके आकारवाले ऊँचे प्राकारसे रोका गया। (१) तब उसने कहा कि मेरी इस सेनाका आगे बढ़ना किसने रोका है? तुम यह सूचित करो जिससे मैं शीघ्र ही उसका नाश करूँ। (२) तब महामति नामके हनुमानके मंत्रीने कहा कि राक्षसोंने मायासे यह विशाल प्राकार बनाया है। (३) तब उसने उसपर दृष्टि डाली। बहुत-से कूटयंत्रोंके समूहसे व्याप्त, दाँतसे होठोंका तिरस्कार करनेवाला आशालिका विद्यासे युक्त विशाल मुखवाले, सर्पकी भयंकर फेनके कारण विकट, फुत्कारमें छोड़े गए विषसे समुज्ज्वलित तथा प्रलयकालीन बादलके जैसी भुजाओंवाले—ऐसे भयंकर प्राकारको उसने चारो तरफ देखा। (४-५) वज्रकवचकी देहवाले उस हनुमानने प्राकारगत यंत्रोंको मारकर और हाथमें गदा लेकर सर्पिणीके मुखमें प्रवेश किया। (६) नखोंसे उसकी कुक्षीको फाड़कर वह शीघ्र ही बाहर निकला और गदाके पुनः पुनः प्रहारसे किलेकी दीवारको उसने तोड़-फोड़ डाला। (७) आशालिका विद्याकी उस भयंकर महाध्वनिको सुनकर किलेकी रक्षा करनेवाला वज्रमुख स्वयं उठ खड़ा हुआ। (८) उसे सम्मुख देख उत्तम आयुधोंसे युक्त हनुमानके सुभट शत्रु-

---

१. पलयघणस्स व सरिसं समन्तओ—प्रत्य०।

दट्ठूण अभिमुहं तं, मारुइसुहडा वराउहसमग्गा । अह जुज्झउं पयत्ता, समयं पडिवक्खसेन्नेणं ॥ ९ ॥
तं रणमुहं पयत्तं, अहवा किं जंपिएण बहुएणं ? । जह तक्खणम्मि जायं, नच्चन्तकबन्धपेच्छणयं ॥ १० ॥
एयारिसम्मि जुज्झे, वट्टन्ते सुणिसिएण चक्केणं । छिन्नं सिरं च सहसा, मारुइणा वज्जवयणस्स ॥ ११ ॥
दट्ठूण पिइवहं सा, अह लङ्कासुन्दरी ससोगमणा । कोवं समुव्वहन्ती, समुट्ठिया रहवरारूढा ॥ १२ ॥
ठा-ठाहि सवडहुत्तो, मह पियरं मारिऊण हणुव ! तुमं । जेण सरघायभिन्नं, पेसेमि जमालयं सिग्घं ॥ १३ ॥
सा जाव मुञ्चइ सरे, मारुइणा ताव धणुवरं छिन्नं । पेसेइ तओ सत्ती, सा वि य बाणेसु पडिरुद्धा ॥ १४ ॥
विज्जाबलसन्निहिया, मोग्गर-सर-झसर-भिण्डमालाइं । मुञ्चइ सिरिसेलोवरि, रुसिया विज्जु व चलहत्था ॥ १५ ॥
अह तं आउहनिवहं, हणुओ छेत्तूण नियबाणेहिं । पेच्छइ सिरिसमरूवं, अह लङ्कासुन्दरी समरे ॥ १६ ॥
आयण्णपूरिएहिं, कडक्खदिट्ठीवियारनिसिएहिं । तह इयरेहि न भिन्नो, अहयं जह मयणबाणेहिं ॥ १७ ॥
समरे वरं खु मरणं, एत्थं चिय सरसहस्सभिन्नस्स । न य सुरलोगे वि महं, जीयं तु इमाएँ रहियस्स ॥ १८ ॥
एवमणस्स य तो सा, मयणेण व चोइया पलोयन्ती । हणुयं सुन्दररूवं, सहसा आयलुयं पत्ता ॥ १९ ॥
चिन्तेइ जइ इमेणं, समयं भोगे न भुञ्जिमो एत्थं । तत्तो दूरेण महं, इहलोगो निप्फलो होइ ॥ २० ॥
पप्फुल्लकमलवयणा, तं लङ्कासुन्दरी भणइ एत्तो । देवेसु वि न जिया हं, तुमेव परिणिज्जिया सामि ! ॥ २१ ॥
एत्तो समागया सा, हणुवेण निवेसिया निए अङ्के । कुसुमाउहेण व रई, घणियं अवगूहिया बाला ॥ २२ ॥
कुबन्ति समुल्लावं, दोण्णि वि घणपीइसंपउत्ताइं । दिवसावसाणसमए, ताव य अत्थं गओ सूरो ॥ २३ ॥
तत्तो गयणुद्देसे, विज्जाए थम्भिया घणाईया । नयरं च कयं विउलं, सुरपुरिसरिसं मणभिरामं ॥ २४ ॥
वसिऊण तत्थ रत्तिं, बलेण समयं पहायसमयम्मि । पवणतणओ पयट्टो, तं लङ्कासुन्दरी भणइ ॥ २५ ॥

सैन्यके साथ लड़ने लगे। (९) बहुत कहनेसे क्या फायदा ? वह युद्ध ऐसा हुआ कि तत्क्षण ही नृत्य करते हुए धड़ोंसे प्रेक्षणीय बन गया। (१०) जब ऐसा युद्ध हो रहा था तब सहसा अतितीक्ष्ण चक्रसे मारुतिने वज्रमुखका सिर काट डाला। (११) पिताका वध देख मनमें शोकयुक्त लङ्कासुंदरी क्रुद्ध हो उठी और रथपर सवार हुई। (१२) 'हे हनुमान् ! तूने मेरे पिताको मारा है। मेरे सामने खड़ा रह, जिससे बाणोंके आघातसे विदारित करके तुझे यमसदन पहुँचा दूँ। (१३) ऐसा कहकर जबतक वह बाण फेंकती है तबतक तो हनुमानने उसका धनुष काट डाला। तब उसने शक्ति फेंकी, किन्तु वह बाणोंसे रोक दी गई। (१४) विद्याबलसे युक्त और बिजलीके समान चपल हाथोंवाली वह क्रुद्ध हो हनुमानके ऊपर मुद्गर, बाण, झसर, भिन्दिपाल आदि शस्त्र फेंकने लगी। (१५) उन आयुधोंको अपने बाणोंसे काटकर हनुमानने युद्धमें लक्ष्मीके समान रूपवाली लङ्कासुंदरीको देखा। (१६) कानतक खेंचे हुए तथा दृष्टिविकारजन्य तीक्ष्ण कटाक्षरूपी मदनबाणोंसे मैं जितना विदारित हुआ हूँ उतना दूसरे बाणोंसे नहीं। (१७) हजारों बाणोंमें क्षत-विक्षत मेरा युद्धमें मर जाना उत्तम है, परन्तु इसके बिना सुरलोकमें मेरा जीना शक्य नहीं है। (१८) जब हनुमान् मनमें ऐसा सोच रहा था तब मदनसे प्रेरित वह लंकासुंदरी सुन्दर रूपवाले हनुमानको देखकर सहसा बेचैनी महसूस करने लगी। (१९) वह सोचने लगी कि यदि मैं यहाँ इसके साथ भोग नहीं भोगूँगी तो मेरा यह लोक सर्वथा निष्फल जायगा। (२०) तब विकसित कमलके समान मुखवाली लंकासुन्दरीने कहा कि, हे स्वामी ! देवोंसे भी मैं जीती नहीं गई हूँ, किन्तु तुमने मुझे जीत लिया है। (२१) इसके पश्चात् पासमें आई हुई उसको हनुमानने अपने अंकमें बिठाया। जिस तरह कामदेव रतिका आलिंगन करता है उसी तरह उसने उस बालाको गाढ़ आलिंगन दिया। (२२) अत्यन्त प्रीतिसे युक्त वे दोनों वार्तालाप कर रहे थे कि दिवसके अवसानके समय सूर्य अस्त हो गया। (२३) तब विद्याके बलसे आकाशमें बादल आदिको स्तम्भित करके सुरपुरीके सदृश मनोरम और विशाल नगर निर्मित किया गया। (२४) वहाँ रात बिताकर प्रभातके समय सेनाके साथ जाने के लिये तैयार हनुमानने उस लंकासुन्दरीसे कहा कि,

१-२. लङ्कासुन्दरिं—प्रत्य० ।

सुण सुन्दरि ! संखेवं, सीया रामस्स अवहिया रण्णे । संपेसिओ य सिग्घं, नियरयपुरं रक्खसिन्दाणं ॥ २६ ॥
सुग्गीवस्स किसोयरि !, पउमेण कए तओ य उवयारे । पडिउवयारनिमित्ते, एत्तो वच्चामि लङ्कं हं ॥ २७ ॥
कहिऊण य तं सव्वं, तीऍ समं पत्थिओ पवणपुत्तो । चण्डाणिलसरिसजवो, तिकूडसिहरामुहो सिग्घं ॥ २८ ॥
एवं इमं तु पेच्छह कम्मविचित्तयाए, सयलजसं उवेइ पियसंगमभत्ताए ।
लङ्कासुन्दरीऍ हणुवस्स विरोहाए, ववहरियं सिणेहविमलरइविचित्ताए ॥ २९ ॥
॥ इय पउमचरिए हणुवकन्नालाभलङ्कानिवेसणं नाम बावन्नं पव्वं समत्तं ॥

## ५३. हणुवलङ्कानिग्गमणपव्वं

एत्तो मगहाहिवई !, हणुओ लङ्कापुरिं समणुपत्तो । पविसइ बिभीसणहरं, दारत्थं चेव एगागी ॥ १ ॥
दिट्ठो बिभीसणेणं, हणुओ संभासिओ निविट्ठो य । काऊण समुल्लावं, भणइ तओ कारणं निययं ॥ २ ॥
मह वयणेण बिभीसण, लङ्कापरमेसरं भणसु एवं । जह परमहिलासङ्गो, पविरुद्धो उभयलोगम्मि ॥ ३ ॥
मज्जायाण नरिन्दो, मूलं सरियाण पव्वओ हवइ । तम्मि अणायारत्थे, अहियं तु पवत्तए लोगो ॥ ४ ॥
ससि-सङ्ख-कुन्दधवलो, तुज्झ जसो भमइ तिहुयणे सयले । मा होउ कज्जलनिभो[1], एत्तो परनारिसङ्गेणं ॥ ५ ॥
सुय-दार-सयणसहिओ, भुञ्जसु रज्जं सुरिन्दसमविभवो । एव भणिऊण दहमुह !, सीया रामस्स अप्पेहि[2] ॥ ६ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, बिभीसणो भणइ सो मए पढमं । वुत्तो नेच्छइ तत्तो, पभूइ न य देइ उल्लावं ॥ ७ ॥

हे सुन्दरी ! संक्षेपमें सुन । रामकी सीता जंगलमेंसे अपहृत हुई है । इसपर राक्षसेन्द्र रावणकी अपनी नगरीमें मैं जल्दी ही भेजा गया हूँ । हे कृशोदरी ! सुग्रीवके ऊपर राम द्वारा किये गये उपकारका प्रत्युपकार करनेके लिए मैं अब लंका जा रहा हूँ । (२५-२७) वह सारा वृत्तान्त कहकर प्रचण्ड पवनके समान शीघ्र गतिवाला हनुमान उसके साथ त्रिकूट शिखरकी ओर शीघ्र ही चल पड़ा । (२८) इस तरह कर्मकी यह विचित्रता तो देखो कि हनुमानका विरोध करनेवाली लंकासुंदरीने प्रिय हनुमानके संगमसे उत्पन्न सम्पूर्ण यश प्राप्त किया और विमल स्नेह तथा विचित्र रतिभावके साथ व्यवहार किया । (२९)

॥ पद्मचरितमें हनुमान का कन्या लाभ और लंका विधान नामक बावनवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ५३. हनुमानका लंकागमन

हे मगधनरेश ! इस तरह हनुमान लंकापुरीमें पहुँच गया और दूसरोंको द्वार पर ठहराकर वह अकेला विभीषणके घरमें प्रविष्ट हुआ (१) विभीषणने हनुमानको देखकर उसका सत्कार किया । बैठने पर बातचीत करके अपना आनेका कारण उसने कहा । (२) हे विभीषण ! मेरे वचनसे तुम रावणसे ऐसा कहो कि परनारीका संग उभयलोकमें विरुद्ध है । (३) जिस तरह नदियोंका मूल पर्वत होता है उसी तरह मर्यादाओंका मूल राजा होता है । जब वह अनाचारी होता है तब लोकमें अधिक अनाचार फैलता है । (४) चन्द्रमा, शंख एवं कुन्द पुष्पके समान तुम्हारा धवल यश समग्र त्रिलोकमें फैला हुआ है । अब परनारीके संसर्गसे काजलके जैसा वह न हो । (५) सुरेन्द्रके समान वैभववाले तुम पुत्र, पत्नी एवं स्वजनोंके साथ राज्यका उपभोग करो । ऐसा कहकर रावणसे कहो कि सीता रामको सौंप दो । (६)

हनुमानका ऐसा कहना सुनकर विभीषणने कहा कि मैंने उसे पहले भी कहा था, किन्तु वह देना नहीं चाहता । तबसे लेकर वह बात भी नहीं करता । (७) हे हनुमान ! फिर भी तुम्हारे कहनेसे जा करके मैं रावणसे कहता हूँ, परन्तु

१. निभो, दहमुहो ! रामस्स—प्रत्य० । २. सीयं—प्रत्य० ।

तह वि य वयणेण तुमं, लङ्कापरमेसरं भणसि गन्तुं । सो माणगविरमई, मारुइ ! गाहं न छड्डेइ ॥ ८ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, पउमुज्जाणं गओ पवणपुत्तो । नाणाविहतरुछन्नं, अइरम्मं नन्दणं चेव ॥ ९ ॥
तत्थ पविट्ठो पेच्छइ, सीयं निद्धूमजलणसंकासं । वामकरधरियवयणं, विमुक्ककेसी पगलियंसू ॥ १० ॥
गन्तूण निहुयचलणो, हणुओ तं अङ्गुलीययं सिग्घं । सीयाऍ मुयइ अङ्के, संभमहियओ कयपणामो ॥ ११ ॥
तं गेण्हिऊण सीया, हरिसवसुब्भिन्नदेहरोमञ्चा । हणुवस्स उत्तरिज्जं, परितुट्ठा सरयणं देइ ॥ १२ ॥
अहियं पसन्नवयणं, सीयं सुणिऊण आगया सिग्घं । मन्दोयरी सहीहिं, परिकिण्णा तं वरुज्जाणं ॥ १३ ॥
तो भणइ अम्गमहिसी, अम्ह कओऽणुग्गहो तुमे परमो । बाले ! भयसु दहमुहं, विमुक्कसोगा सुइरकालं ॥ १४ ॥
कुविया जंपइ सीया, खेयरि ! दइयस्स आगया वत्ता । संपइ परितुट्ठमणा, तेणं चिय पुलइयङ्गी हं ॥ १५ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, मयधूया विम्हयं परं पत्ता । एत्तो विमुक्कसङ्का, परिपुच्छइ मारुइं सीया ॥ १६ ॥
सो एव भणियमेत्तो, हणुवो वरकडय-कुण्डलाहरणो । साहेइ कुलं निययं, पियरं जणणिं च नामं च ॥ १७ ॥
पवणंजयस्स पुत्तो, उयरे चिय अञ्जणाऍ संभूओ । सुग्गीवस्स य भिच्चो, अहयं हणुओ त्ति नामेणं ॥ १८ ॥
भणइ तओ पवणसुओ, पउमो तुह विरहकायरुब्विग्गो । खणमवि न उवेइ धिइं, सविभव-सयणा-ऽऽसणे भवणे ॥ १९ ॥
न सुणइ गन्धबकहं, न य अन्नं कुणइ चेव उल्लावं । नवरं चिन्तेइ तुमं, मुणि व जोगट्ठिओ सिद्धिं ॥ २० ॥
सुणिऊण वयणमेयं, बाहविमुञ्चन्तबिन्दुनयणजुया । सीया सोगवसगया, पुणरवि परिपुच्छए वत्तं ॥ २१ ॥
कत्थ पएसे सुन्दर !, दिट्ठो ते लक्खणेण सह पउमो ! । निरुवहअङ्गोवङ्गो ?, किं व महासोगसन्निहिओ ? ॥ २२ ॥
विज्जाहरेहि किं वा, विवाइए लक्खणे य सोगत्तो । मोत्तूण मज्झ तत्तिं, किं दिक्खं चेव पडिवन्नो ? ॥ २३ ॥
अह वा किं मह विरहे, सिढिलीभूयस्स वियलिओ रण्णे । लद्धो भद्द ! तुमे किं, अह अङ्गुलिमुद्दओ एसो ? ॥ २४ ॥

---

अभिमानसे गर्वित बुद्धिवाला वह आग्रह नहीं छोड़ेगा । (८) यह वचन सुनकर हनुमान नाना प्रकारके वृक्षोंसे आच्छन्न तथा नन्दनवनकी भाँति सुरम्य पद्मोद्यानमें गया । (९) वहाँ प्रवेश करके उसने निर्धूम आग सरीखी, बाएँ हाथ पर मुँह रखे हुई, खुले बालवाली तथा आँसू बहाती हुई सीताको देखा । (१०) धीमी गतिसे जाकर और प्रणाम करके हनुमानने वह अँगूठी शीघ्र ही सीताकी गोदमें डाली । (११) उसे लेकर हर्षवश जिसके शरीर पर रोमांच खड़े हो गये हैं ऐसी सीताने तुष्ट हो हनुमानको स्मृतिचिह्नके रूपमें अपना उत्तरीय दिया । (१२)

सीताको अधिक प्रसन्न वदनवाली जानकर सखियोंसे घिरी हुई मन्दोदरी शीघ्र ही उस सुन्दर उद्यानमें आई । (१३) तब पटरानीने कहा कि हम पर तुमने अत्यन्त अनुग्रह किया है । हे बाले ! शोकका त्याग करके चिरकाल पर्यन्त रावणकी तुम सेवा करो । (१४) इस पर कुपित सीताने कहा कि, हे खेचरी ! अभी पतिका समाचार आया है, उसीसे मैं पुलकित शरीरवाली हो गई थी । (१५) यह सुनकर मन्दोदरीको अत्यन्त विस्मय हुआ । तब शंकाका परित्याग करके सीताने हनुमानको पूछा । (१६) इस प्रकार कहे जाने पर उत्तम कटक, कुण्डल एवं आभूषणोंसे युक्त हनुमानने अपना कुल, माता-पिता तथा अपना नाम कहा । (१७) अंजनाके उदरसे उत्पन्न, पवनंजयके पुत्र तथा सुग्रीवके सेवक मेरा नाम हनुमान है । (१८) तब पवनसुतने कहा कि तुम्हारे विरहसे कातर और उद्विग्न राम ऐश्वर्यपूर्ण शैया एवं आसनवाले भवनमें क्षण भर भी धीरज नहीं धरते । (१९) वे गन्धर्वोंकी कथा नहीं सुनते और दूसरी बातचीत भी नहीं करते । योगस्थित मुनि जिस तरह सिद्धिका विचार करता है उसी तरह वे भी तुम्हारा विचार करते हैं । (२०) यह कथन सुनकर गिरते हुए आँसुओंसे युक्त आँखोंवाली तथा शोकसे वशीभूत सीताने पुनः समाचार पूछा कि, हे सुन्दर ! किस प्रदेशमें तुमने लक्ष्मणके साथ रामको देखा था ? अत्यधिक शोकसे युक्त वे अंग-उपांगसे अक्षत तो हैं न ? (२१-२२) अथवा विद्याधरोंके द्वारा लक्ष्मणके मारे जानेसे शोकार्त उन्होंने मेरी चिन्ताका त्याग करके क्या दीक्षा अंगीकार की है ? (२३) अथवा मेरे विरहमें शिथिल बने हुए वे क्या अरण्यमें चले गये हैं ? हे भद्र ! तुम्हें यह अंगूठी कैसे प्राप्त हुई है ? (२४)

कह तुज्झ तेण समयं, परिणाई तक्खणेण उप्पन्नो ? । लङ्घेऊण जलनिही[1], कह कारणवज्जिओ आओ ? ॥ २५ ॥
एयं कहेहि सुन्दर, सवित्थरं सच्चसाविओ तुहयं । इच्छामि अहं सोउं, मा विक्खेवं कुणसु एत्तो ॥ २६ ॥
भणइ तओ हणुमन्तो, सामिणि ! निसुणेहि तत्थ आरण्णे । लच्छीहरेण गहिओ, रविहासो असिवरो एत्तो ॥ २७ ॥
तं लक्खणेण वहियं, चन्दणहा पेच्छिऊण नियययसुयं । रोसेइ दइययं सा, देइ य वत्तं दहमुहस्स ॥ २८ ॥
जाव य रक्खसणाहो, आगच्छइ ताव दूसणो पत्तो । संगामसमावन्नो, जुज्झइ लच्छीहरेण समं ॥ २९ ॥
ताव य लङ्काहिवई, तुरिओ य समागओ तमुद्देसं । नवरं दट्ठूण तुमं, पत्तो आयल्लयं परमं ॥ ३० ॥
मुञ्चइ सीहरवं सो, सुणिऊणं जाव राहवो पत्तो । वच्चइ संगाममुहं, ताव तुमं अवहिया तेणं ॥ ३१ ॥
दिट्ठो य लक्खणेणं, सिग्घं संपेसिओ तुह सयासं । पडियागओ न पेच्छइ, ताहे ओमुच्छिओ रामो ॥ ३२ ॥
आसत्थो तुज्झ कए, परिहिण्डन्तो य पेच्छइ जडागी[2] । पञ्चनमोक्कारमिणं, देइ मरन्तस्स पउमाभो ॥ ३३ ॥
लच्छीहरो वि पत्तो, हन्तुं खरदूसणं तमुद्देसं । संपत्थिओ य पेच्छइ, तुमए[3] रहियं पउमनाहं ॥ ३४ ॥
सुग्गीवेण समाणं, समागओ आगवो य किक्किन्धि । मारेइ साहसगइं, रामो कइरूवदेहधरं ॥ ३५ ॥
तस्सुवयारस्स फुडं, वत्ताए रयणकेसिसिट्ठाए । पडिउवयारनिमित्तं, गुरूहि संपेसिओ अहयं ॥ ३६ ॥
पीईएँ रक्खसिन्दं, मोएमि तुमं न चेव कलहेणं । अवसेण कज्जसिद्धि, हवइ नयं ववहरन्ताणं ॥ ३७ ॥
सो विज्जाहरसामी, धीरो कारुण्ण-सच्चवाई य । धम्मत्थविवेयन्नू, अवस्स मह काहिई वयणं ॥ ३८ ॥
उत्तमकुलसंभूओ, उत्तमचरिएहि उत्तमो लोए । अववायपरिब्भीओ, नियमेण तुमं समप्पिहिइ ॥ ३९ ॥
सुणिऊण य परितुट्ठा, एयं चिय जणयनन्दिणी भणइ । हणुवन्त ! तुमे तुल्ला, केत्तियसुहडा मह पियस्स ॥ ४० ॥

---

उनके साथ उसी समय तुम्हारा परिचय कैसे हुआ ? बिना प्रयोजनके तुम समुद्रको लाँघकर कैसे आये ? (२५) हे सुन्दर ! तुम सच्चे श्रावक हो, अतः यह सब विस्तारसे कहो। मैं सुनना चाहती हूँ। अब तुम देर मत लगाओ। (२६)

तब हनुमानने कहा कि, हे स्वामिनी ! आप सुनें। उस अरण्यमें लक्ष्मणने सूर्यहास नामकी उत्तम तलवार ले ली। (२७) लक्ष्मण द्वारा मारे गये अपने पुत्रको देखकर चन्द्रनखाने पतिको क्रोधित किया और रावणके पास उसने समाचार भेजा। (२८) जबतक राक्षसनाथ रावण आ पहुँचता है तबतक तो खरदूषण आ गया। लड़ाई होने लगी और लक्ष्मणके साथ युद्ध करने लगा। (२९) उसी समय रावण जल्दी जल्दी उस प्रदेशमें आया। बादमें आपको देख वह अत्यन्त बेचैन हो गया। (३०) उसने सिंहध्वनि की। उसे सुनकर राम जब तक संग्राम भूमिमें पहुँचे तबतक तो उसने आपका अपहरण किया। (३१) लक्ष्मणने देखकर शीघ्र ही उन्हें आपके पास भेजा। लौटे हुए रामने जब आपको न देखा तो वे मूर्छित हो गये। (३२) होशमें आने पर आपके लिए घूमते हुए रामने जटायुको देखा। उन्होंने मरते हुए उसे पंचनमस्कार दिया। (३३) लक्ष्मण भी खरदूषणको मारकर रवाना हुआ और उस प्रदेशमें आ पहुँचा। वहाँ उसने आपसे रहित रामको देखा। (३४) सुग्रीवके साथ उनकी भेंट हुई। किष्किन्धिमें आकर वानरके जैसा शरीर धारण करनेवाले साहसगतिको रामने मारा। (३५) रत्नकेशी द्वारा स्फुट रूपसे कही गई बातसे उनके उपकारका बदला चुकानेकी दृष्टिसे गुरुजनों द्वारा मैं भेजा गया हूँ। (३६) राक्षसेन्द्र रावणको प्रेमपूर्वक समझाकर मैं आपको छुड़ाऊँगा, कलहसे नहीं। नीतिपूर्वक व्यवहार करनेवालोंको अवश्य कार्यसिद्धि होती है। (३७) धीर, दयालु, सत्यवादी और धर्मार्थके विवेकको जाननेवाला वह विद्याधर स्वामी मेरा कहना अवश्य करेगा। (३८) उत्तम कुलमें उत्पन्न, उत्तम चारित्र्यसे लोकमें उत्तम तथा अपवादसे डरनेवाला वह अवश्य तुमको सौंप देगा। (३९)

यह सुनकर आनन्दमें आई हुई सीताने पूछा कि, हे हनुमान ! तुम्हारे जैसे मेरे प्रियके कितने सुभट हैं ? (४०)

---

१. जलनिहिं—प्रत्य० । २. जडागिं—प्रत्य० । ३. तुमे विमुक्कं पउमनाहं—मु० ।

एत्थन्तरे पवुत्ता, वयणं मन्दोयरी सुणसु बाले! । न य अत्थि वाणराणं, इमेण सरिसो महासुहडो ॥ ४१ ॥
जेण दसाणणपुरओ, वरुणेण समं कयं महाजुज्झं । लद्धा अणङ्गकुसुमा, चन्दणहानन्दिणी तइया ॥ ४२ ॥
सयले वि जीवलोए, विक्खाओ वाणरद्धओ हणुओ । खिइगोयरेहि नीओ, दूयत्ते एरिसगुणो वि ॥ ४३ ॥
पडिभणइ तत्थ हणुओ, मन्दोयरि! किं न याणसि मुद्धे! । होयव्वं चेव सया, नरेण उवयारपरमेणं? ॥ ४४ ॥
मन्दोयरि! गव्वमिणं, निस्सारं वहसि नियय सोहग्गं । होऊण अग्गमहिसी, दूइत्तं कुणसि कन्तस्स ॥ ४५ ॥
दूयत्तणमल्लीणं, सीयाए कारणागयं एत्थ । जइ जाणइ दहवयणो, तो ते पाणेहि ववहरइ ॥ ४६ ॥
मोत्तूण रावणं जे, पडिवन्ना राहवस्स भिच्चत्तं । ते मच्चुगोयरपहे, अहिट्ठिया वाणरा सव्वे ॥ ४७ ॥
मन्दोयरीऍ वयणं, एयं सुणिऊण भणइ वइदेही । किं निन्दसि मह दइयं, खेयरि! जगविस्सुयं पउमं? ॥ ४८ ॥
वज्जावत्तधणुवरं, सुणिऊणं जस्स रणमुहे सुहडा । निस्सेसविगयदप्पा, भयजरगहिया वि कम्पन्ति ॥ ४९ ॥
मेरु व्व धीरगरुओ, जस्स उ लच्छीहरो हवइ भाया । सो चेव समत्थो वि हु, रिऊण पक्खक्खयं काउं ॥ ५० ॥
किं जंपिएण बहुणा?, संपइ रयणायरं समुत्तरिउं । एही मह भत्तारो, सहिओ च्चिय वाणरबलेणं ॥ ५१ ॥
पेच्छामि तुज्झ कन्तं, संगामे कइवएसु दियहेसु । मह नाहेण विणिहयं, रामेण अकिट्ठधम्मेणं ॥ ५२ ॥
सुणिऊण अकण्णसुहं, वयणं मन्दोयरी तओ रुट्ठा । जुवइसहस्सपरिमिया, आढत्ता पहणिउं[1] सीया ॥ ५३ ॥
दुव्वयणकरयलेहिं, जाव य तं उज्जया उ हन्तुं जे । हणुओ मज्झम्मि ठिओ, ताणं तुङ्गो व्व सरियाणं ॥ ५४ ॥
निब्भच्छियाउ ताओ, समयं मन्दोयरीऍ गन्तूणं । हणुयं साहेन्ति फुडं, समागयं रक्खसवइस्स ॥ ५५ ॥
अह मारुईण सीया, विन्नविया भोयणं कुणसु एत्तो । संपुण्णा य पइन्ना, जा आसि कया तुमे पुव्वं ॥ ५६ ॥

---

इस पर मन्दोदरी कहने लगी कि, हे बाले! सुन। वानरोंमें इसके सदृश कोई महासुभट नहीं है। (४१) इसने रावणकी ओरसे वरुणके साथ महायुद्ध किया था। उस समय चन्द्रनखाकी पुत्री अनंगकुसुमा इसने प्राप्त की थी। (४२) सारे जीवलोकमें वानरश्रेष्ठ हनुमान विख्यात है। ऐसे गुणवाले इसको पृथ्वीपर भ्रमण करनेवाले मनुष्योंने दौत्यकर्ममें लगाया है। (४३) तब हनुमानने कहा कि, हे मुग्धा मन्दोदरी! क्या तुम यह नहीं जानतीं कि मनुष्यको उपकार करनेमें सदा तत्पर रहना चाहिए। (४४) हे मन्दोदरी! अपने सौभाग्यका यह गर्व तुम व्यर्थ धारण करती हो, क्योंकि पटरानी होकर तुम अपने पतिका दौत्य करती हो। (४५) इस पर मन्दोदरीने कहा कि दूतत्वमें योजित तुम सीताके लिए यहाँ आये हो ऐसा यदि रावण जान लेगा तो तुम्हारे प्राण ले लेगा। (४६) रावणको छोड़कर जिन्होंने रामकी नौकरी स्वीकार की है वे सब वानर मृत्युके द्वारा देखे जानेवाले मार्गमें ठहरे हुए हैं। (४७)

मन्दोदरीका ऐसा कथन सुनकर सीताने कहा कि अरी खेचरी! विश्वविश्रुत मेरे पति रामकी तुम निन्दा क्यों करती हो? (४८) युद्धमें जिनके वज्रावर्त धनुषकी टंकार सुनकर सारे सुभट दर्पहीन हो जाते हैं तथा भयरूपी ज्वरसे गृहीत हों इस तरह काँपते हैं। और मेरुकी भाँति धीर-गंभीर लक्ष्मण जिनका भाई है वे शत्रुओंके पक्षका विनाश करनेमें समर्थ ही हैं। (४९-५०) बहुत कहनेसे क्या? समुद्रको अभी पार करके मेरे पति वानर सैन्यके साथ आयेंगे। (५१) धर्मका निर्विघ्न आचरण करनेवाले मेरे नाथ रामके द्वारा युद्धमें कतिपय दिनोंमें ही तेरे स्वामीका घात मैं देखती हूँ। (५२) कानोंके लिए दुःखकर ये वचन सुन हजारों युवतियोंसे घिरी हुई मन्दोदरी रुष्ट हो सीताको मारनेमें प्रवृत्त हुई। (५३) दुर्वचन एवं हाथोंसे जैसे ही वे उसे मारनेके लिए उद्यत हुईं वैसे ही नदियोंके बीच स्थित ऊँचे पर्वतकी भाँति हनुमान उनके बीच खड़ा हो गया। (५४) मन्दोदरीके साथ उनकी हनुमानने भर्त्सना की। इस पर उन्होंने जा करके राक्षसपति रावणसे कहा कि हनुमान आया है। (५५)

---

१. सीयं—प्रत्य०।

अह निच्छिए य सिग्घं, सिबिराओ आणिओ वराहारो। हणुयकुलबालियाहिं, ताव च्चिय उग्गओ सूरो ॥ ५७ ॥
सीयाऍ पवणपुत्तो, एत्तो अणुमन्निओ सह भडेहिं। जिमिओ य वराहारं, ताव मुहुत्ता गया तिण्णि ॥ ५८ ॥
सम्मज्जिओवलित्ता, हियए काऊण राघवं सीया। भुञ्जइ परमाहारं, नाणाविहरससमाउत्तं ॥ ५९ ॥
निवत्तभोयणविही, विन्नविया मारुईण जणयसुया। आरुहसु मज्झ खन्धे, नेमि तहिं जत्थ तुह दइओ ॥ ६० ॥
सीया भणइ रुयन्ती, न य जुत्तं मज्झ ववसिउं एयं। परपुरिससङ्गफासं, किं पुण खन्धम्मि आरुहणं? ॥ ६१ ॥
परपुरिसविलग्गा हं, मणसा वि न चेव तत्थ वच्चामि। मरणं व होहि इहइं, नेही रामो व आगन्तुं ॥ ६२ ॥
जाव च्चिय दहवयणो, न कुणइ तुह इह उवद्दवं किंचि। ताव अविग्घेण लहुं, मारुइ! वच्चाहि किक्किन्धिं ॥ ६३ ॥
मह वयणेण भणेज्जसु, हणुव! तुमं राघवं पणमिऊणं। साहिन्नाणेसु पुणो, इमेसु वयणेसु वीसत्थो ॥ ६४ ॥
तत्थुद्देसम्मि मए, चारणसमणा महन्तगुणकलिया। परिवन्दिया तुमे वि य, तिव्वेणं भत्तिराएणं ॥ ६५ ॥
विमलजले पउमसरे, वणहत्थी मयगलन्तगण्डयलो। दमिओ तुमे महाजस!, नागो इव मन्तवादीण ॥ ६६ ॥
अन्ना वि चन्दणलया, कुसुमभरोणमियसुरहिगन्धिल्ला। भमरेसुग्गीयरवा, भुयासु अवगूहिया सामि! ॥ ६७ ॥
पउमसरस्स तडत्था, ईसावस किंचिमुवगएण तुमे। उप्पलनालेण हया, अहयं अइकोमलकरेणं ॥ ६८ ॥
अह पव्वयस्स उवरिं, नाह! मए पुच्छिया तुमे सिट्ठा। नीलघणपत्तविडवा, एए णंदिद्दुमा भद्दे! ॥ ६९ ॥
तीरे कण्णरवाए, नईऍ मज्झण्हदेसयालम्मि। पडिलाहिया य साहू, दोहि वि अम्हेहि भत्तीए ॥ ७० ॥
घुट्ठं च अहो दाणं, पडिया य सकञ्चणा रयणवुट्ठी। पवणो सुरहिसुयन्धो, देवेहि वि दुन्दुही पहया ॥ ७१ ॥
तेएण पज्जलन्ती, तइया चूडामणी इमा लद्धा। एयं नेहि कइद्धय, साहिन्नाणं मह पियस्स ॥ ७२ ॥

---

इसके अन्तर हनुमानने सीतासे विनती की कि अब आप भोजन करें, क्योंकि आपने जो पहले प्रतिज्ञा की थी वह सम्पूर्ण हुई है। (५६) तब निश्चित होनेपर शिबिरमेंसे हनुमानकी कुलकन्याओं द्वारा उत्तम आहार लाया गया। उस समय सूर्य भी उगा। (५७) सीताके द्वारा अनुमत हनुमानने सुभटोंके साथ भोजन किया। तबतक तीन मुहूर्त बीत गये। (५८) बुहारे और पोते गये स्थानपर रामको हृदयमें याद करके सीताने नानाविध रससे युक्त उत्तम आहार लिया। (५९) भोजन-कार्य समाप्त होनेपर हनुमानने सीता से बिनती की कि आप मेरे कन्धोंपर सवार हों। जहाँ आपके पति हैं वहाँ मैं आपको ले जाऊँगा। (६०) इसपर रोती हुई सीताने कहा कि ऐसा परपुरुषका संग और स्पर्श करना मेरे लिए उपयुक्त नहीं है, तो फिर कन्धेपर सवार होनेकी तो बात ही क्या? (६१) परपुरुषके साथ संलग्न होकर मैं मनसे भी वहाँ नहीं जाऊँगी, फिर भले ही मेरा यहाँ मरण हो। राम यहाँ आ करके ही मुझे ले जाय। (६२) हे मारुति! जबतक रावण तुमपर यहाँ कोई उपद्रव नहीं करता तबतक तुम जल्दी ही और निर्विघ्न रूपसे किष्किन्धि चले जाओ। (६३) हे हनुमान! मेरे वचनसे प्रणाम करके तुम अभिज्ञान रूप इन वचनोंसे विश्वस्त होनेवाले रामसे कहना कि उस प्रदेशमें महान गुणोंसे युक्त चारणश्रमणोंको मैंने और आपने भी उत्कट भक्तिरागसे वन्दन किया था। (६४-६५) हे महायश! जिस प्रकार मंत्रवादी सर्पको वशमें करता है उसी प्रकार आपने पद्मसरोवरके निर्मल जलमें मद झरते हुए गण्डस्थलवाले वन्य हाथीको वशमें किया था। (६६) हे स्वामी! पुष्पोंके भारसे झुकी हुई, मीठी गन्धवाली तथा भौरोंके संगीतसे शब्दायमान ऐसी चन्दनलताका आपने भुजाओंसे आलिंगन किया था। (६७) पद्मसरोवरके तटपर ठहरी हुई मुझे कुछ ईर्ष्यावश आपने अत्यन्त कोमल हाथों द्वारा पासमें आये हुए कमलनालसे आहत किया था। (६८) हे नाथ! पर्वतके ऊपर मेरे पूछनेपर आपने कहा था कि भद्रे! ये जो नीले और घने पत्तोंसे युक्त पेड़ हैं वे नन्दिद्रुम हैं। (६९) कर्णरवा नदीके तीरपर मध्याह्नके समय हम दोनोंने भक्तिपूर्वक साधुओंको दान दिया था। (७०) उस समय 'अहो दान!'—ऐसी घोषणा हुई थी, स्वर्णसे युक्त रत्नवृष्टि हुई थी, मीठी गंधसे सुगन्धित पवन बहा था तथा देवोंने दुन्दुभि बजाई थी। (७१) उस समय तेजसे प्रज्वलित यह चूड़ामणि प्राप्त हुआ था। हे कपिध्वज! यह अभिज्ञान मेरे प्रियके पास तुम ले जाओ। (७२)

भणिऊण एवमेयं, गेण्हइ चूडामणिं पवणपुत्तो । संथावेइ रुयन्ती, सीया महुरेहि वयणेहिं ॥ ७३ ॥
मा वच्चसु उव्वेयं, सामिणि ! अहयं दिणेसु कइएसु । आणेमि पउमनाहं, समयं चिय वाणरबलेणं ॥ ७४ ॥
काऊण तीऍ पणइं, तस्सुद्देसस्स निग्गओ तुरिओ । दिट्ठो य पवणपुत्तो, उज्जाणगयाहि नारीहिं ॥ ७५ ॥
अन्नोन्नसमुल्लवं, कुणन्ति किं वा इमो विमाणाओ । अवइण्णो सुरपवरो, सोमणसवणाहिसङ्काए ? ॥ ७६ ॥
सुणिऊण निरवसेसं, दसाणणो हणुवसन्तियं वत्तं । पेसेइ किङ्करबलं, भणइ य मारेह तं दुट्ठं ॥ ७७ ॥
सामिवयणेण पत्ता, बहवो चिय किङ्करा गहियसत्था । ते पेच्छिऊण हणुओ, उम्मूलेउं वणं लग्गो ॥ ७८ ॥

कुसुमफलभरोणया पायवाऽसोग-पुन्नाग-नाग-ऽज्जुणा कुन्दमन्दार-चूय-ऽम्बया दक्ख-रुद्दक्ख-कोरिण्टया कुज्जया सत्तवण्णा तला देवदारू महन्ता दुमा मालई जूहिया सत्तली कन्दली मल्लिया सिन्दुवारा कुडङ्गा पियङ्गू दुमा ।

बउल-तिलय-चम्पया रत्तकोरिण्टया नालिएरी कडाहा तहा धायई मायई केयई जच्चपूयप्फली रायणी पाडली बिल्ल-अङ्कोल्लया-ऽऽसत्थ-नग्गोह-वम्हा तरू कञ्चणारा-ऽऽसहारा बहू एवमाई दुमा मारुई भञ्जिऊणं पवत्तो कहं ? ।

चडुलकरपसारियायड्ढिउम्मूलिया केइ पायप्पहाराहया खण्डखण्डा लहुं भामिया छिन्नभिन्ना तुडन्ता फुडन्ता ललन्ता बहू पल्लवा लोलमाणाउलोसुक्कसाहाफिडन्तप्फलोहा सुगन्धुद्धुरा पुप्फवुट्ठिं मुयन्ता महिं पाविया पायवा ।

पुणरवि मरुनन्दणो गिण्हिऊणं गया घायओ सुद्धउज्जाणवावीहरे हेमजम्बूणए सीहणायाउले पोमराइन्दणीलप्पभे भञ्जिऊणं तओ पेच्छए मारुई रक्खसाणं बलं मुक्कबुक्कारपाइक्ककुलन्तवग्गन्तसेणामुहं ॥ ७९ ॥

तं मारुईण भग्गं, पउमुज्जाणं पणट्ठलायण्णं । कमलिणिवणं व नज्जइ, विलोलियं मत्तहत्थीणं ॥ ८० ॥

---

इस प्रकार कहे जाने पर पवनपुत्र हनुमानने चूड़ामणि लिया और रोती हुई सीताको मीठे वचनोंसे शान्त किया। (७३) हे स्वामिनी ! आप उद्वेग धारण न करें। मैं कुछ ही दिनोंमें वानर सेनाके साथ रामको ले आऊँगा। (७४) तब सीताको प्रणाम करके उस प्रदेशसे वह बाहर आया। उद्यानमें रही हुई स्त्रियोंने हनुमानको देखा। (७५) वे एक-दूसरीसे कहने लगीं कि नंदनवनकी शंकासे क्या यह उत्तम देव विमानमेंसे नीचे उतरा है ? (७६)

समग्र वृत्तान्त सुनकर रावणने हनुमानके पास नौकरोंकी सेना भेजी और कहा कि उस दुष्टको मारो। (७७) स्वामीके आदेशके अनुसार हाथमें शस्त्र लेकर बहुत-से नौकर आये। उनको देखकर हनुमान उद्यानको उखाड़ने लगा। (७८) पुष्पों एवं फलोंके भारसे झुके हुए अशोक, पुन्नाग, नाग, अर्जुन, कुन्द, मन्दार, चूत, आम्र, द्राक्ष, रुद्राक्ष, कोरण्टक, कुब्जक, सप्तपर्ण, ताड़, देवदारु जैसे बड़े-बड़े पेड़, मालती, जूही, नवमालिका, कन्दली, मल्लिका, सिन्दुवार, कुटंका तथा प्रियंगु वृक्ष; बकुल, तिलक, चम्पक, रक्तकोरण्टक, नालिकेर, कटाह तथा धातकी, मातकी, केतकी, उत्तम सुपारी, खिरनी, पाटली, बिल्व, अंकोठ, अश्वत्थ, न्यग्रोध, पलाश, कचनार, सहकार—ऐसे बहुत-से वृक्षोंको हनुमानने तोड़ डाला। चंचल हाथोंको फैलाकर और खींचकर कई वृक्षोंको उसने जड़से उखाड़ डाला। उसने पाद प्रहारसे आहत, टुकड़े-टुकड़े किये गये, जल्दी घुमाये गये, छिन्न-भिन्न तोड़े-फोड़े गये, झुलाये गये, बहुत पत्तोंवाले, जिनकी हिलती हुई तथा मोटी-मोटी शाखाओं परसे फलोंके ढेर नीचे गिर रहे हैं, प्रबल सुगन्धसे युक्त पुष्पोंकी वृष्टि करनेवाले वृक्ष ज़मीन पर गिरा दिये। फिर गदा लेकर प्रहार करनेवाले हनुमानने सोनेके बने हुए, सिंहनादसे आकुल तथा लाल और इन्द्रनीलकी प्रभावाले उद्यानके सुन्दर वापीगृहोंको तोड़-फोड़ डाला। उस समय गर्जना करनेवाले पैदल सैनिकों तथा कूदते और चिल्लाते सेनामुख[1]वाले राक्षससैन्यको हनुमानने देखा। (७९) मदोन्मत्त हाथी द्वारा तहस-नहस किये गये कमलिनीके वनकी भाँति मारुति द्वारा तहस-नहस किया गया पद्मोद्यान सौन्दर्यहीन मालूम होता था। (८०)

---

१. जिसमें नौ हाथी, नौ रथ, सत्ताईस घोड़े और पैंतालीस प्यादे हों उसे सेनामुख कहते हैं।

एयन्तरम्मि पत्तं, महाबलं उत्थरन्तपाइक्कं । वेढेइ पवणपुत्तं, दिवायरं चेव घणवन्दं ॥ ८१ ॥
सर-झसर-सत्ति-सबल, मुञ्चन्ति भडा समच्छरुच्छाहा । सिरिसेलस्स अभिमुहा, सामियकज्जुज्जया सव्वे ॥ ८२ ॥
तं आउहसंघायं, विनिवारेऊण अञ्जणातणओ । पहणइ रक्खससुहडा, फलिहसिला-सेल रुक्खेहिं ॥ ८३ ॥
एक्केण तेण सेणिय !, आउहरहिएण तं बलं सबं । हय-विहय-विप्परद्धं, जीवियलोलं अह पलाणं ॥ ८४ ॥
भवणाणि तोरणाणि य, अट्टालयविविहचित्ततुङ्गाइं । चूरेइ पवणपुत्तो, अणेयपासायसिहराइं ॥ ८५ ॥
चरणेसु करयलेसु य, गयापहाराहयाणि सबाणि । निवडन्तरयणकूडाणि ताणि कणकणकणन्ताइं ॥ ८६ ॥
जङ्घावायसमुट्ठिय-रएण बहुवण्णपसरमाणेणं । इन्दाउहसण्डाणि व, कयाणि विउले गयणमग्गे ॥ ८७ ॥
अवि धाह-रुण्ण-विलविय-जुवईजण-बालकाहलपलावा । सुबन्ति भउबिग्गा, लोया किं किं ति जंपन्ता ? ॥ ८८ ॥
खम्भे हन्तूण गया, तुरया गलरज्जुया वि तोडेन्ति । हिण्डन्ति नयरमज्झे, मेसन्ता जणवयं बहुसो ॥ ८९ ॥
लङ्कापुरीएँ एवं, भञ्जन्तो भवणसयसहस्साइं । हणुओ दढववसाओ, संपत्तो रावणं जाव ॥ ९० ॥
दट्ठूण रक्खसवई, नियपुरिं भग्गभवणउज्जाणं । जंपइ रोसवसगओ, मह वयणं वो निसामेह ॥ ९१ ॥
मय-मालवन्त-तिसिरा, सुय-सारण-वइरदाढ-ऽसणिवेगा ! । कुम्भ-निसुम्भ-विहीसण-हत्थ-पहत्थाइया ! सबे ! ॥ ९२ ॥
जो कइलासुद्धरणे, आसि जसो मज्झ सयलतेलोक्के । इह भञ्जन्तेण पुरी, सो फुसिओ पवणपुत्तेणं ॥ ९३ ॥
वाणरमलिउज्जाणं, न सुहं दट्ठुं पि दुम्मणं लङ्कं । परपुरिसकरकयग्गह-विमणं व पियं पिययमेणं ॥ ९४ ॥
जम-वरुण-इन्दमाई, जिया अणेया मए महासुहडा । तं वाणराहमेणं, इमेण कह संपयं छलिओ ? ॥ ९५ ॥

---

तब आक्रमण करनेवाले पैदल सैनिकोंकी बड़ी भारी सेना वहाँ आ पहुँची। जिस तरह बादल सूर्यको घेर लेता है उसी तरह उसने हनुमानको घेर लिया। (८१) अपने मालिकका कार्य करनेमें तत्पर और उत्साहसे युक्त सभी सुभट हनुमानके सामने बाण, झसर, शक्ति एवं सब्बल छोड़ने लगे। (८२) उस आयुधसमूहका निवारण करके हनुमान स्फटिक-शिला, शैल और वृक्षोंसे राक्षससुभटोंको मारने लगा। (८३) हे श्रेणिक! आयुधरहित उस अकेलेने उस सारी सेनाको क्षत-विक्षत करके परेशान कर दिया। वह अपने प्राण बचाकर भागी। (८४) तब हनुमानने भवन, तोरण, विविध प्रकारकी एवं विलक्षण और ऊँची अटारियाँ तथा अनेक महलोंके शिखर तोड़ डाले। (८५) पैरोंसे, हाथोंसे तथा गदाके प्रहारसे चोट खाकर कण-कण आवाज करते हुए सब रत्नशिखर नीचे गिर पड़े। (८६) जाँघके पटकनेसे उठी और फैली हुई नाना वर्णकी रजने विशाल आकाशमार्गमें मानो इन्द्रधनुषकी रचना कर डाली। (८७) दीनभावसे रुदन और विलाप करनेवाली युवतियों और बालकोंकी अव्यक्त ध्वनिसे युक्त प्रलाप करनेवाले भयोद्विग्न लोग 'क्या है? क्या है?'— ऐसा कहते हुए सुनाई देने लगे। (८८) हाथियोंने खम्भोंको तोड़ डाला, घोड़ोंने गलेकी रस्सी तोड़ डाली। लोगोंको बहुत भयभीत करते हुए वे नगरके बीच घूमने लगे। (८९)

इस प्रकार लंकापुरीमें लाखों भवनोंको तोड़कर दृढ़निश्चयवाला हनुमान जहाँ रावण था वहाँ पहुँचा। (९०) अपनी नगरीके भवन एवं उद्यानोंका विनाश देख गुस्सेमें आया हुआ रावण कहने लगा कि मय, मालवन्त, त्रिशिर, शुक, सारण, वज्रदंष्ट्रा, अशनिवेग, कुम्भ, निशुम्भ, विभीषण, हस्त, प्रहस्त आदि तुम सब मेरा कहना सुनो। (९१-९२) कैलास पर्वतको उठानेसे मेरा जो यश तीनों लोकोंमें हुआ था उसे आज नगरीका विनाश करनेवाले हनुमानने पोंछ डाला है। (९३) परपुरुषके हाथसे पकड़ी जानेके कारण विषण्ण प्रियाकी भाँति वानरके द्वारा तहस नहस किये गये उद्यानवाली दीन लंकाको मैं आनन्दके साथ देख नहीं सकता। (९४) यम, वरुण, इन्द्र आदि अनेक महान् सुभटोंको मैंने जीता है। उसे इस अधम वानरने इस समय कैसे ठग लिया? (९५) अतः महाभेरि बजाओ और जल्दी ही अजित नामक रथ हाजिर करो।

---

१. पुरिं—प्रत्य०। २. पिययमस्स—प्रत्य०।

ता हणह महाभेरी[1], लहुं पराणेह सन्दणं अजियं । दुट्ठस्स तस्स गन्तुं, करेमि इह निग्गहं घोरं ॥ ९६ ॥
एव परिभासमाणं, तायं विन्नवइ इन्दइकुमारो । एयस्स कए सामिय !, परितप्पसि किं तुमं गाढं ? ॥ ९७ ॥
उप्पइउं दूरयरं, पणट्ठजोइसगणं दलियमेरुं । पल्हत्थेमि·य सयलं, भण ताय ! भुयासु तेलोक्कं ॥ ९८ ॥
नाऊण तस्स चित्तं, ताहे आणवइ दहमुहो पुत्तं । तं गेण्हिऊण दुट्ठं, आणेह लहुं मह समीवं ॥ ९९ ॥
नमिऊण रावणं सो, गयवरजुत्तं रहं समारूढो । सन्नद्धबद्धकवओ, बलेण सहिओ महन्तेणं ॥ १०० ॥
अह मेहवाहणो वि य, रणपरिहत्थो गयं समारूढो । एरावणं विलग्गो, नज्जइ इन्दो सयं चेव ॥ १०१ ॥
रहवर-तुरङ्ग-वग्गिर-संघट्टुद्धन्तगयघडाडोवं । चलियं इन्दइसेन्नं, बहुतूरसहस्सनिग्घोसं ॥ १०२ ॥
जाव य खणन्तरेक्कं, ताव य सन्नद्धबद्धतोणीरं । हणुवस्स नियसेन्नं, पराइयं दप्पियामरिसं ॥ १०३ ॥
दोसु वि बलेसु सुहडा, आवडिया रहसपसरिउच्छाहा । असि-कणय-चक्क-तोमर-सएसु घायन्ति अन्नोन्नं ॥१०४॥
अह ते पवङ्गमभडा, इन्दइसुहडेहि तिव्वपहरेहिं । पहया विभग्गमाणा, ओसरिया मारुई जाव ॥ १०५ ॥
नियबलपरिभवं सो, दट्ठूणं पवणनन्दणो रुट्ठो । अह जुज्झिउं पवत्तो, समयं चिय इन्दइभडेहिं ॥ १०६ ॥
पयण्डदण्डसासणा, विइण्णहेमकङ्कणा । चलन्तकण्णकुण्डला, सुवण्णबद्धसुत्तया ॥ १०७ ॥
विचित्तवत्थभूसणा, सुयन्धपुप्फसेहरा । सकुङ्कुमङ्गराइया, तिरीडदित्तमोत्तिया ॥ १०८ ॥
सचक्क-खग्ग-मोग्गरा, तिसूल-चाव-पट्टिसा । जलन्तसत्ति-सबला, महन्तकुन्त-तोमरा ॥ १०९ ॥
ससामिकज्जउज्जया, पवङ्गघायदारिया । विमुक्कजीयबन्धणा, पडन्ति तो महाभडा ॥ ११० ॥
सहावतिक्खनक्खया, लसन्तचारुचामरा[2] । पवङ्गमाउहाहया, खयं गया तुरंगमा ॥ १११ ॥

---

मैं जा करके उस दुष्टका घोर निग्रह करूँगा । (९६) इस प्रकार कहते हुए पितासे इन्द्रजितकुमारने बिनती की कि, हे स्वामी ! इसके लिए आप इतना अधिक क्यों दुःख उठा रहे हैं ? (९७) हे तात ! यदि आप कहें तो अति दूर उड़कर सूर्य-चन्द्र आदि ज्योतिर्गणको नष्ट कर दूँ, मेरुको पीस डालूँ और समग्र त्रिलोकको भुजाओंसे उठाकर फेंक दूँ । (९८) उसका मन देखकर रावणने पुत्रको आज्ञा दी कि उस दुष्टको पकड़कर जल्दी ही मेरे पास लाओ । (९९) रावणको नमस्कार करके तैयार हो और कवच बाँधकर वह विशाल सेनाके साथ हाथी जुते हुए रथ पर सवार हुआ । (१००) रणमें दक्ष मेघवाहन भी हाथी पर आरूढ़ हुआ । वह ऐरावत पर बैठे हुए स्वयं इन्द्रकी भाँति मालूम होता था । (१०१) रथ, उछलते हुए घोड़े तथा हाथियोंके समूहसे उठनेवाली घटाके आटोपसे युक्त तथा हजारों वाद्योंके निर्घोषसे शब्दायमान ऐसी इन्द्रजितकी सेना चली । (१०२) क्षणभरमें हनुमानकी अपनी सेना भी तैयार होकर तथा तूणीर बाँधकर दर्प एवं क्रोधसे अभिभूत हो गई । (१०३) उत्कण्ठा और उत्साहसे भरे हुए दोनों सेनाओंके सुभट जुट गये और सैकड़ों तलवार, कनक, चक्र तोमरोंसे एक-दूसरे पर प्रहार करने लगे । (१०४) इन्द्रजितके सुभटोंके तीव्र प्रहारसे आहत वानर-सुभट भागते हुए जहाँ हनुमान था वहाँ आये । (१०५) अपनी सेनाका पराभव देखकर रुष्ट हनुमान इद्रजितके सुभटोंके साथ लड़ने लगा । (१०६) प्रचण्ड शासनदण्ड धारण करनेवाले, सोनेके कंकण पहने हुए, कानोंमें हिलते हुए कुण्डलवाले, सोनेके सूत्र (करधौनी) बाँधे हुए, विचित्र वस्त्रोंसे अलंकृत, सुगन्धित पुष्प मस्तक पर धारण किए हुए, कुंकुमयुक्त अंगराग किये हुए मुकुटमें मोती लगाये हुए, चक्र खड्ग और मुद्गरसे युक्त, त्रिशूल, चाप और पट्टिश (शस्त्रविशेष) धारण करनेवाले, जलती हुई शक्ति और बर्छेसे युक्त, बड़े भारी भाले और तोमरवाले—ऐसे अपने स्वामीके कार्यके लिए उद्यत महाभट हनुमानके प्रहारसे क्षत हो प्राणोंके बन्धनका परित्याग करके गिरने लगे । (१०७-११०) स्वाभाविक रूपसे तीक्ष्ण नाखूनोंवाले, सुन्दर चामरोंसे शोभित और हनुमानके आयुधोंसे हत हाथी और घोड़े नष्ट होने लगे । (१११) हनुमानके द्वारा छिन्न मस्तकवाले, मस्तक फटने पर दीन

---

१. महाभेरिं—प्रत्य० । २. चलन्तचारु—प्रत्य० ।

पवङ्गभिन्नमत्थया, खुडन्तदित्तमोत्तिया । पणट्ठदाणदुद्दिणा, पडन्ति मत्तकुञ्जरा ॥ ११२ ॥
विचित्तहेमनिम्मिया, विणिट्ठकञ्चणट्ठया । पवङ्गघायचुण्णिया, खयं गया महारहा ॥ ११३ ॥
एवं तं नियबलं, विद्धत्थं इन्दई पलोएउं । बाणेहि पवणपुत्तं, छाएऊणं समाढत्तो ॥ ११४ ॥
अह मारुई वि एन्तं, सरनिवहं रिउजणेण परिमुक्कं । छिन्दइ चलग्गहत्थो, गयणे निसियद्धचन्देहिं ॥ ११५ ॥
घेत्तूण इन्दईणं, विसज्जिओ मोग्गरो अइमहन्तो । हणुमेण विणिच्छूढो, सिलाएँ सिग्घं पडिवहेणं ॥ ११६ ॥
हणुयस्स इन्दइभडो, फलिहसिला-सेल-सत्तिसंघाए । मुञ्चइ चलग्गहत्थो, सो वि य एन्तं निवारेइ ॥ ११७ ॥
एवं काऊण चिरं, जुज्झं तो इन्दईण पवणसुओ । ससियरनिहेहि सिग्घं, बद्धो चिय नागपासेहिं ॥ ११८ ॥
भणिया य इन्दईणं, नियभडा सङ्कलासु दढबद्धं । एयं दावेह लहुं, मह पिउणो मारुई दुट्ठं ॥ ११९ ॥
नीओ दसाणणसभं, पुरिसेहिं पुरजणेण दीसन्तो । लङ्काहिवस्स सिट्ठं, एस पहू! आणिओ दुट्ठो ॥ १२० ॥
ते रावणस्स पुरिसा, कहन्ति हणुयस्स सन्तिया दोसा । सुग्गीव-राहवेहिं, सीयाए पेसिओ दूओ ॥ १२१ ॥
सामिय! महिन्दनयरं, विद्धत्थं सो य निज्जिओ राया । साहूण य उवसग्गो, निवारिओ दहिमुहे दीवे ॥ १२२ ॥
गन्धवस्स महाजस! दुहियाओ तिण्णि पवरकन्नाओ । संपेसियाओ सिग्घं, इमेण रामस्स किक्किन्धि ॥ १२३ ॥
भंतूण वज्जसालं, वज्जमुहो मारिओ रणे सिग्घं । एयस्स समभिलासं, अह लङ्कासुन्दरी वि गया ॥ १२४ ॥
ठविऊण नियसेन्नं, इमेण लङ्काएँ बाहिरुद्देसे । भग्गं पउमुज्जाणं, नाणाविहतरुलयाइण्णं ॥ १२५ ॥
भवणसहस्साइं पहू!, इमेण भग्गाइं रयणचित्ताइं । आलोडिया य नयरी, सवुड्ढ-बालाउला सयला ॥ १२६ ॥
सुणिऊण इमे दोसे, रुट्ठो लङ्काहिवो भणइ एवं । दढसङ्कलेसु बन्धह, सिग्घं चिय हत्थ-पाएसु ॥ १२७ ॥

---

मुक्ताफलवाले और मदके नष्ट होनेसे दुर्दिनवाले मत्त हाथी गिरने लगे। (११२) अद्भुत और सोनेके बने हुए तथा सोनेके आसन जिसमें स्थापित किये गये हैं ऐसे महारथ हनुमानके प्रहारोंसे चूर्णित हो नष्ट हो गये। (११३) इस प्रकार अपने सैन्यको विध्वस्त देख इन्द्रजित बाणोंसे हनुमानको आच्छादित करने लगा। (११४) तब चपल हाथवाला हनुमान भी शत्रुके द्वारा छोड़े गये शर-समूहको तीक्ष्ण अर्धचन्द्र बाणोंसे आकाशमें काटने लगा। (११५) इन्द्रजितके द्वारा फेंके गये बड़े भारी मुद्गरको पकड़कर हनुमानने शीघ्र ही सामनेसे शिला फेंकी। (११६) चपल हाथवाला इन्द्रजित सुभट हनुमानके ऊपर स्फटिककी शिला, पर्वत एवं शक्तियोंका समूह फेंकने लगा और आते हुए उस समुदायका निवारण करने लगा। (११७) इस तरह बहुत देर तक युद्ध करनेके पश्चात् इन्द्रजितने चन्द्रकी किरणों सरीखे नागपाशोंसे हनुमानको एकदम बाँध लिया। (११८) इन्द्रजितने अपने सुभटोंसे कहा कि शृङ्खलामें मजबूतीसे जकड़े गये इस मारुतिको जल्दी ही मेरे पिताके समक्ष उपस्थित करो। (११९)

नगरजनों द्वारा देखे जाते हनुमानको लोग रावणकी सभामें लाये। उन्होंने रावणसे कहा कि, हे प्रभो! इस दुष्टको हम लाये हैं। (१२०) वे पुरुष रावणको हनुमानके दोष कहने लगे कि सुग्रीव और रामके द्वारा सीताके पास यह दूत रूपसे भेजा गया है। (१२१) हे स्वामी! इसने महेन्द्रनगर विध्वस्त किया है और उसके राजाको हरा दिया है। दधिमुख द्वीपमें इसने साधुओंका उपसर्ग दूर किया है। (१२२) हे महायश! गन्धर्वकी तीन सुंदर कन्याओंको इसने किष्किन्धिमें रामके पास भेज दिया है। (१२३) वज्रके किलेका नाश करके इसने युद्धमें वज्रमुखको मार डाला है। इसकी अभिलाषा करके लंकासुंदरी भी चली गई है। (१२४) अपनी सेनाको लंकाके बाहरी भागमें रखकर नानाविध वृक्षोंसे व्याप्त पद्मोद्यानका इसने विनाश किया है। (१२५) हे प्रभो! इसने रत्नोंसे शोभित हज़ारों भवनोंका विनाश किया है और व्याकुल वृद्ध एवं बालकोंसे युक्त सारी नगरीको मथ डाला है। (१२६)

इन दोषोंको सुन क्रुद्ध रावणने कहा कि हाथों और पैरोंमें मज़बूत जंजीरोंसे इसे बाँधो। (१२७) अत्यन्त रुष्ट रावण

खर-फरुस-निहुराए, वायाए रावणो परमरुट्ठो । अह सविऊणाऽऽढत्तो, हणुवं अत्थाणिमज्झम्मि ॥ १२८ ॥
निल्लज्ज ! वाणराहम !, दूयत्तं भूमिगोयराण तुमं । कुणसि ! अविसेसियगुणो, पविरुद्धं खेयरभडाणं ? ॥ १२९ ॥
अकुलीणयस्स अङ्गे, न चेव चिन्धाइं होन्ति पुरिसस्स । साहेइ नियय जम्मं, दुच्चरियं ववहरन्तस्स ॥ १३० ॥
पवणंजएण न तुमं, जाओ अन्नेण केण वि नरेण । दुच्चरिएहि नराहम !, निवडिओ निन्दणिज्जेहिं ॥ १३१ ॥
उवयारसहस्सेहि वि, अहिणवसम्माणदाणविभवेणं । जो मे तुमं न गहिओ, सो कह अन्नेण घिप्पिहिसि ? ॥ १३२ ॥
रण्णे समासयन्तिऽह, पञ्चमुहं किं न कोल्हुया बहवे । न य सप्पुरिसा लोए, कयाइ नीयं पसाएन्ति ॥ १३३ ॥
हसिऊण भणइ हणुवो, हवइ मुहं उत्तमाण पुरिसाणं । दुवयणसङ्गरहियं अहियं धम्मत्थहिययाणं ॥ १३४ ॥
रामो लक्खणसहिओ, एही कइसेन्नपरिमिओ सिग्घं । न य रुम्भिऊण तीरइ, मेहो इव पवणेण तुमे ॥ १३५ ॥
आहारेसु न तित्तो, सुसाउकलिएसु अमयसरिसेसु । जह कोइ जाइ नासं, एक्केण विसस्स बिन्दूणं ॥ १३६ ॥
जुवइसहस्सेसु सया, न य तित्ता इन्धणेसु जह अग्गी । परनारिकयपसङ्गो, तुमं पि एवं विणस्सिहिसि ॥ १३७ ॥
पत्ते विणासकाले, नासइ बुद्धी नराण निक्खुत्तं । सा अन्नहा न कीरइ, पुवकयकम्मजोएणं ॥ १३८ ॥
आसन्नमरणभावो, जो परमहिलासु कुणसि संसग्गिं । पच्छा नरयगइगओ, दुक्खसहस्साणि पाविहिसि ॥ १३९ ॥
जाएण तुमे रावण ! रयणासवमाइयाण सुहडाणं । पुत्ताहमेण जणिओ, कुलक्खओ अणयकारीणं ॥ १४० ॥
सो एव भणियमेत्तो, आरुट्ठो रावणो समुल्लवइ । मारेह नयरमज्झे, एयं दुवयणपब्भारं ॥ १४१ ॥
दढसङ्कलपडिबद्धं, हिण्डावह घरघरेण नयरीए । कयधिक्कारो हु इमो, सोइज्जउ पवरलोएणं ॥ १४२ ॥
जं रावणेण एवं, भणिओ चिय मारुई तओ रुट्ठो । छिन्दइ बन्धणनिवहं, सिणेहपासं पिव सुसाहू ॥ १४३ ॥

---

हनुमानको सभाके बीच अत्यन्त तीक्ष्ण और कठोर वाणीसे बुरा-भला कहने लगा । (१२८) निर्लज्ज ! वानराधम ! गुणहीन ! तू खेचर-सुभटोंके विरुद्ध जमीनपर चलनेवालोंका दौत्य करता है ? (१२९) अकुलीन पुरुषके शरीरपर चिह्न नहीं होते। दुराचार करनेवाले पुरुषका दुश्चरित उसके जन्मको कह देता है । (१३०) तू पवनंजयसे पैदा नहीं हुआ, किसी दूसरेसे ही पैदा हुआ है । हे नराधम ! निन्दनीय दुराचारोंसे तू पैदा हुआ है । (१३१) हजारों उपकारोंसे तथा नये-नये सम्मान, दान एवं वैभवसे जो मैं तुझे रख नहीं सका तो फिर दूसरे किस तरीकेसे तू रखा जायगा ? (१३२) अरण्यमें बहुतसे सियार क्या सिंहका आश्रय नहीं लेते ? परन्तु इस विश्वमें सत्पुरुष कभी नीचको प्रसन्न नहीं कर सकते । (१३३)

इसपर हनुमानने हँसकर कहा कि धर्ममें स्थित हृदयवाले उत्तम पुरुषोंका मुँह दुर्वचनके संसर्गसे एकदम रहित होता है । (१३४) लक्ष्मणके साथ वानर-सैन्यसे घिरे हुए राम शीघ्र ही यहाँ आयेंगे । बादलोंको रोकनेवाले पर्वतकी भाँति तुम उन्हें रोक नहीं सकोगे । (१३५) स्वादसे युक्त अमृत सदृश आहारसे तृप्त न होनेवाला कोई मनुष्य जिस तरह विषकी एक बूँदसे नष्ट हो जाता है उसी तरह ईंधनसे तृप्त न होनेवाली अग्निकी भाँति सर्वदा हजारों युवतियोंसे अतृप्त रहनेवाले तुम परनारीका प्रसंग करके नष्ट हो जाओगे । (१३६-१३७) विनाशकाल उपस्थित होनेपर मनुष्यकी बुद्धि अवश्य नष्ट होती है । पूर्वकृत कर्मके योगसे वह अन्यथा नहीं की जा सकती । (१३८) तुमने जो परस्त्रीके साथ संसर्ग किया है उससे तुम जल्दी ही मृत्यु प्राप्त करोगे । बादमें नरकगतिमें जाकर हजारों दुःख प्राप्त करोगे । (१३९) हे रावण ! रत्नश्रवा आदि सुभटोंके कुलमें उत्पन्न होनेपर भी अनीतिकारी एवं अधम पुत्र तुमने कुलका विनाश किया है । (१४०) इस प्रकार कहे जानेपर क्रुद्ध हो चिल्ला उठा कि दुर्वचनसे भरे हुए इसको नगरके बीच पीटो । (१४१) मजबूत जंजीरसे बँधे हुए इसे नगरीके प्रत्येक घरके पाससे चलाओ । श्रेष्ठ लोगों द्वारा अपमानित यह भले शोक करे । (१४२)

रावणने जब ऐसा कहा तब रुष्ट हनुमानने, जिस तरह एक सुसाधु स्नेहका बन्धन तोड़ डालता है, उसी तरह बन्धनोंको तोड़ डाला । (१४३) आकाशमें उड़कर हनुमानने हजारों स्तम्भोंसे व्याप्त तथा रत्नोंसे सुशोभित रावणके भवनको

उप्पइऊण महयले, थम्भसहस्साउलं रयणचित्तं । भज्जइ रावणभवणं, हणुवो चलणप्पहारेहिं ॥ १४४ ॥
तेण पडन्तेण इमा, गाढं चिय जन्तिया वि तुङ्गेसु । सायरवरेण समयं, सयला आकम्पिया वसुहा ॥ १४५ ॥
बहुभवणतोरणा सा, लङ्का काऊण भग्गपायारा[1] । अगणियपडिवक्खभओ, उप्पइओ नहयलं हणुओ ॥ १४६ ॥
मन्दोयरीऍ सिट्ठो, सीयाए मारुई इमो भद्दे! । छित्तूण बन्धणाइं, वच्चई किक्किन्धपुरहुत्तो ॥ १४७ ॥
जन्तस्स जणयधूया, घत्तइ पुप्फञ्जली सुपरितुट्ठा । जंपइ गहाऽणुकूला, होन्तु अविग्घं तुमं निच्चं ॥ १४८ ॥
इय सुचरियकम्मा होन्ति विक्खायकित्ती, अरिदढपरिबद्धा ते विमुञ्चन्ति खिप्पं ।
विविहसुहनिहाणं आसयन्ती विसिट्ठं, विमलकयविहाणा जे इहं भवजीवा ॥ १४९ ॥

॥ इय पउमचरिए हणुवलङ्कानिग्गमणं नामं तिपञ्चासइमं पव्वं समत्तं ॥

## ५४. लंकापत्थाणपव्वं

अह सो कमेण पत्तो, किक्किन्धि मारुई बलसमग्गो । दिट्ठो वाणरवइणा, अब्भुट्ठेऊण आलत्तो ॥ १ ॥
समरबलियाण एत्तो, सम्माणं वरभडाण काऊणं । सुग्गीवेण समाणं, पउमसयासं समल्लीणो ॥ २ ॥
काऊण सिरपणामं, हणुवो चूडामणिं समप्पेउं । रामस्स अपरिसेसं, साहइ वत्तं पियय्यमाए ॥ ३ ॥
गन्तूण मए सामिय!, दिट्ठा तुह गेहिणी वरुज्जाणे । आबद्धकेसवेणी, मलिणकवोला पगलियंसू ॥ ४ ॥
वामकरधरियवयणा, मुञ्चन्ती दीह-उण्हनीसासे । तुह दरिसणं महाजस!, एगग्गमणा विचिन्तेन्ती ॥ ५ ॥
पायवडिएण सामिय!, समप्पिओ अङ्गुलीयओ तीए । वत्ता य कुसलमाई, सबा तुह सन्तिया सिट्ठा ॥ ६ ॥

---

पादप्रहारोंसे तोड़ डाला । (१४४) गिरते हुए उसने ऊँचे प्राकारोंसे अत्यन्त नियंत्रित होनेपर भी सागरके साथ सारी पृथ्वी को कँपा दिया । (१४५) अनेक भवन और उत्तम तोरणोंसे युक्त लंकाको भग्न परकोटेवाली करके शत्रुके भयकी परवाह किये बिना हनुमान आकाशमें उड़ा । (१४६) तब मन्दोदरीने सीतासे कहा कि, भद्रे ! बन्धनोंको तोड़कर यह मारुति किष्किन्धिपुरी की ओर जा रहा है । (१४७) जाते हुए हनुमानको अत्यन्त आनन्दित सीताने पुष्पांजलि अर्पित की और कहा कि तुम्हें ग्रह सर्वदा अनुकूल हों तथा तुम सदा निर्विघ्न रहो । (१४८) इस प्रकार पुण्यकर्म करनेवाले पुरुष विख्यातयशा होते हैं । शत्रुके द्वारा मजबूतीसे पकड़े जानेपर भी वे जल्दी छुटकारा पाते हैं । यहाँ जो विमल आचरण करनेवाले भव्य जीव होते हैं वे विविध सुखोंका निधान प्राप्त करते हैं । (१४९)

॥ पद्मचरितमें हनुमानका लंकागमन नामक तिरपनवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ५४. लंकाकी ओर प्रस्थान

क्रमशः गमन करता हुआ हनुमान ससैन्य किष्किन्धिमें आ पहुँचा । वानरपतिने उसे देखा और खड़े होकर उसका आलिंगन किया । (१) तब युद्धमेंसे लौटे हुए सुभटवरोंका सम्मान करके सुग्रीवके साथ वह रामके पास गया । (२) सिरसे प्रणाम करके हनुमानने रामको चूड़ामणि दिया और प्रियतमा सीताका सारा वृत्तान्त कह सुनाया । (३) हे स्वामी ! जा करके मैंने बालोंकी वेणी बाँधी हुई, मलिन कपोलोंवाली तथा रोती हुई आपकी गृहिणीको एक सुन्दर उद्यानमें देखा । (४) हे महायश ! बायें हाथ पर मुँह रखी हुई, दीर्घ एवं उष्ण निःश्वास छोड़ती हुई वह एकाग्रमनसे आपके दर्शनके लिए सोचा करती थी । (५) हे स्वामी ! पैरोंमें गिरकर मैंने उन्हें अँगूठी दी तथा कुशलता आदि सारी बात कही । (६)

---

१. तोरणवरं लङ्कं काऊण भग्गपायारं--प्रत्य० ।

सुणिऊण तुज्झ वत्तं, परं पमोयं गया जणयधूया । पुच्छइ पुणो पुणो वि य, हरिसवसुब्भिन्नरोमञ्चा ॥ ७ ॥
पवणतणएण सीया, जं सिट्ठा राहवस्स जीवन्ती । तं हरिसवसगओ च्चिय, न माइ नियएसु अङ्गेसु ॥ ८ ॥
आसासिओ य पउमो, अहियं चूडामणीए गहियाए । अमएण व फुसियङ्गो, साभिन्नाणाए वत्ताए ॥ ९ ॥
अन्नं पि सुणसु सामिय !, वयणं जं तुज्झ तीए संदिट्ठं । जइ नाऽऽगच्छसि तुरियं, तो मरणं मे धुवं एत्थं ॥ १० ॥
चिन्तासागरवडिया, तुह विरहविसंठुला जणयधूया । दुक्खं गमेइ दियहा, रक्खसजुवईसु पडिरुद्धा ॥ ११ ॥
सोऊण पउमनाहो, साहिन्नाणं पियाए पडिवत्तिं । सोगसमुच्छयहियओ, अहियं चिय दुक्खिओ जाओ ॥ १२ ॥
चिन्तेऊण पवत्तो, अहोमुहो दीहमुक्कनीसासो । निन्दइ पुणो पुणो च्चिय, निययं दुक्खासयं जीयं ॥ १३ ॥
तं एव चिन्तयन्तं, सोमित्ती भणइ राहवं एत्तो । किं सोयसि देव ! तुमं, देहि मणं नियकरणिज्जे ॥ १४ ॥
कज्जं तु दीहसुत्तं, लक्खिज्जइ कइवरस्स चित्तेणं । वाहरिओ वि चिरावइ, सो वि हु भामण्डलो सामि ! ॥ १५ ॥
अम्हेहि निच्छएणं, गन्तव्वं दहमुहस्स नियपुरी । न य बाहासु महाजस !, उत्तरिउं तीरए उदही ॥ १६ ॥
अह भणइ सीहणाओ, लक्खण ! किं एव भाससे गरुयं । सवेण वि कायव्वं, अप्पहियं चेव पुरिसेणं ॥ १७ ॥
जं मारुईण लङ्का, भग्गा वरभवण-तुङ्गपायारा । तं रुट्ठे दहवयणे, होहइ संगाममरणऽम्हं ॥ १८ ॥
तं भणइ चन्दरस्सी, किं व गओ सीहनाय ! संतासं ? । को रावणस्स बीहइ, संपइ आसन्नमरणस्स ? ॥ १९ ॥
अम्ह बले विक्खाया, अत्थि भडा खेयरा महारहिणो । बल-सत्ति-कन्तिजुत्ता, बहवे संगामसोडीरा ॥ २० ॥
घणरइ-भूय-निणाओ, गयवरघोसो तहेव कूरो य । केलीगिलो य भीमो, कुण्डो रवि-अङ्गओ चेव ॥ २१ ॥
नल-नील-विज्जुवयणो, मन्दरमाली तहा असणिवेगो । राया य चन्दजोई, सीहरहो सायरो धीरो ॥ २२ ॥

---

आपका समाचार सुनकर सीता बहुत ही आनंदित हुई और हर्षसे रोमांचित वह पुनः पुनः पूछने लगी। (७) हनुमानने रामसे जीती हुई सीताके बारेमें जो कहा उससे अत्यन्त आनन्द-विभोर वे अपने अंगोंमें नहीं समाते थे। (८) ग्रहण किये गये चूड़ामणिसे राम अत्यधिक आश्वस्त हुए। अभिज्ञानयुक्त समाचार पाकर अमृतने मानो शरीरको छू लिया हो इस तरह वे प्रफुल्लित हुए। (९)

हनुमानने आगे कहा कि, हे स्वामी ! आपके लिए उन्होंने जो दूसरा सन्देश दिया है वह भी आप सुनें। यदि आप जल्दी नहीं आयेंगे तो मेरी मृत्यु यहाँ निश्चित है। (१०) चिन्ता-सागरमें पड़ी हुई, आपके विरहसे व्याकुल तथा राक्षसयुवतियोंसे घिरी हुई सीता दुःखसे दिन बिताती है। (११) अभिज्ञानके साथ प्रियाका समाचार सुनकर सतत शोकसे आच्छादित हृदयवाले राम और भी अधिक दुःखित हुए। (१२) नीचा मुँह करके दीर्घ निश्वास छोड़ते हुए राम चिन्ता करने लगे और दुःखसे परिपूर्ण अपने जीवनकी पुनः पुनः निन्दा करने लगे। (१३) तब इस प्रकार सोचते हुए रामसे लक्ष्मणने कहा कि, हे देव ! आप शोक क्यों करते हैं ? अपने कर्तव्यमें आप मन लगाइये। (१४) हे स्वामी ! कपिवर सुग्रीवके मनसे कार्य लम्बा दिखाई पड़ता है और कहलाने पर भी वह भामण्डल देर कर रहा है। (१५) हमें अवश्य ही रावणकी अपनी नगरीमें जाना चाहिए, परन्तु हे महायश ! समुद्र हाथोंसे तैरकर पार नहीं किया जा सकता। (१६) इस पर सिंहनाद नामक खेचरने कहा कि, हे लक्ष्मण ! ऐसी अभिमानपूर्ण कठिन बात तुम क्यों कहते हो ! सब पुरुषोंको जिसमें अपना हित हो वह करना चाहिए। (१७) उत्तम भवनों और ऊँचे प्राकारसे युक्त लंकाका हनुमानने जो विनाश किया है उससे कुपित रावणके साथके संग्राममें हमारा मरण होगा। (१८) इस पर उसे चन्द्ररश्मिने कहा कि, हे सिंहनाद ! क्या तुम डर गये ? जिसका समीपमें मरण है ऐसे रावणसे कौन डरता है ? (१९) हमारी सेनामें बल, शक्ति एवं कान्तिसे युक्त तथा संग्राममें वीर बहुतसे महारथी और विख्यात विद्याधर सुभट हैं। (२०) घनरति, भूतनिनाद, गजवरघोष, क्रूर, केली, गिल, भीम, कुण्ड, रवि, अंगद, नल, नील, विद्युद्वदन, मन्दरमाली, अशनिवेग, राजा चन्द्रज्योति, सिंहरथ, धीरसागर, वज्रदंष्ट्रा, उल्कालांगूल, वीर दिनकर, उज्ज्वलकीर्ति हनुमान और भामण्डल राजा हैं। इनके अतिरिक्त महेन्द्रकेतु,

एत्तो य वज्जदन्तो, उक्काल-ऽङ्गूल-दिणयरो वीरो । उज्जलकित्ती हणुओ, हवइ य भामण्डलो राया ॥ २३ ॥
अन्नो महिन्दकेऊ, पवणगई तह पसन्नकित्ती य । एए अन्ने य बहू, अत्थि भडा वाणरबलम्मि ॥ २४ ॥
दट्ठूण वाणरभडे, मज्झत्थे राहवो अइतुरन्तो । भिउडीए कुडिलमुहो, खणेण जाओ कयन्तो व ॥ २५ ॥
घेत्तूण चावरयणं, अप्फालइ सजलजलहरनिणायं । दिट्ठिं च विज्जुसरिसं, देइह लङ्कापुरिंतेण ॥ २६ ॥
पलयरविसन्नियासं, रामं दट्ठूण वाणरा सव्वे । सिग्घं च गमणसज्जा, जाया परिहत्थउच्छाहा ॥ २७ ॥
मग्गसिरबहुलपक्खे, पञ्चमिदिवसे दिवायरे उदिए । सुहकरण-लग्ग-जोए, अह ताण पयाणयं जायं ॥ २८ ॥
दिट्ठो सिही जलन्तो, निद्धूमो पयलदाहिणावत्तो । आहरणभूसियङ्गी, महिला सेओ य जच्चासो ॥ २९ ॥
निग्गन्थमुणिवरिन्दो, छत्तं हयहेसियं तहा कलसो । पवणो य सुरहिगंधो, अहिणवं तोरणं विउलं ॥ ३० ॥
खीरदुमम्मि य वासइ, वामत्थो वायसो चलियपक्खो । वरभेरि-सङ्खसद्दो, सिद्धी[1] सिग्घं पयासेन्ति ॥ ३१ ॥
एए अन्ने य बहू, पसत्थसउणा पयाणकालम्मि । जाया य मङ्गलरवा, लङ्काहिमुहस्स रामस्स ॥ ३२ ॥
जह चन्दो परिवड्ढइ, सियपक्खे तह य खेयरबलेणं । आपूरइ पउमाभो, अहियं सुग्गीवसन्निहिओ ॥ ३३ ॥
राया किक्किन्धिवई, हणुओ दुम्मरिसणो नलो नीलो । तह य सुसेणो सल्लो, बहवे कुमुयाइणो सुहडा ॥ ३४ ॥
एए वाणरचिन्धा, महाबला सयलसाहणसमग्गा । गसमाणा इव गयणं, जन्ति महातूरकयसद्दा ॥ ३५ ॥
हारो विराहियस्स वि, चिन्धं जम्बूणयस्स वडरुक्खो । सीहरवस्स य सीहो, हत्थी पुण मेहकन्तस्स ॥ ३६ ॥
जाणेसु वाहणेसु य, विमाण-गय-तुरय-रहवराईसु । गन्तुं समुज्जया ते, लङ्काहिमुहा पवणवेगा ॥ ३७ ॥
दिवविमाणारूढो, पउमो सह लक्खणेण वच्चन्तो । रेहइ सुहडपरिमिओ, इन्दो इव लोयपालेहिं ॥ ३८ ॥

---

पवनगति तथा प्रसन्नकीर्ति—ये तथा दूसरे भी बहुत-से सुभट वानरसैन्यमें हैं। (२१-२४) वानर-सुभटोंको उदासीन देखकर अतिशीघ्र भौंहें चढ़ानेसे भयंकर मुखवाले राम क्षणभरमें यम जैसे हो गये। (२५) चापरत्नको उठाकर उन्होंने सजल बादलोंकी गर्जनाकी भाँति उसका आस्फालन किया तथा विजली जैसी दृष्टि लंकापुरी पर लगाई। (२६) प्रलयकालीन सूर्य सरीखे रामको देखकर उत्साहसे परिपूर्ण सब वानर शीघ्र ही गमनके लिए तैयार हो गये। (२७)

अगहन महीनेके कृष्ण पक्षकी पञ्चमीके दिन सूर्योदय होने पर शुभकरण और लग्नके योगमें उनका प्रयाण हुआ। (२८) उस समय दक्षिणावर्तवाली और निर्धूम जलती आग, आभूषणोंसे विभूषित शरीरवाली स्त्री, उत्तम जातिका श्वेत घोड़ा, निर्ग्रन्थ मुनिवर, छत्र, घोड़ेकी हिनहिनाहट, कलश, मीठी गन्धवाला पवन, विशाल अभिनव तोरण, क्षीरवृक्षके ऊपर बाईं ओर स्थित चंचल पंखवाले कौएका बोलना तथा उत्तम भेरि व शंखका शब्द—ये शीघ्र सफलताकी सूचना कर रहे थे। (२९-३१) ये तथा दूसरे भी बहुतसे शुभ शकुन तथा मंगल शब्द लंकाकी ओर प्रयाण करते समय रामको हुए। (३२) जिस प्रकार शुक्ल पक्षमें चन्द्रमा बढ़ता है उसी प्रकार सुग्रीवसे युक्त रामकी कान्ति खेचर सेनाके कारण अधिक बढ़ रही थी। (३३) किष्किन्धिपति राजा सुग्रीव, हनुमान, दुर्मर्षण, नल, नील, सुषेण, शल्य तथा कुमुद आदि बहुतसे सुभट—वानरके चिह्नवाले ये महाबली तथा समग्र सैन्यसे सम्पन्न हो बड़े बड़े वाद्योंसे शब्द करते हुए मानो आकाशको ग्रसते हों इस तरह चल पड़े। (३४-३५) विराधितका चिह्न हार, जाम्बूनदका चिह्न वटवृक्ष, सिंहरवका चिह्न सिंह तथा मेघकान्तका चिह्न हाथी शोभित हो रहा था। (३६) विमान, हाथी, घोड़े एवं रथ आदि यान और वाहनमें पवनके जैसे वेगवाले वे लंकाकी ओर जानेके लिए उद्यत हुए। (३७) लक्ष्मणके साथ दिव्य विमानमें आरूढ़ होकर जाते हुए तथा सुभटोंसे घिरे हुए राम लोकपालोंसे घिरे हुए इन्द्रकी भाँति शोभित हो रहे थे। (३८) क्षण भरमें ही वे जहाँ वेलन्धरपुरका स्वामी समुद्र रहता था

---

१. सिद्धिं—प्रत्य०।

अह ते खणेण पत्ता, वेलंधरपव्वयं मणभिरामं । वेलंधरपुरसामी, जत्थ समुद्दो वसइ राया ॥ ३९ ॥
वाणरबलं निएउं, तत्थ समुद्दो विनिग्गओ सिग्घं । नियबलेण समग्गो, नलस्स जुज्झे समावडिओ ॥ ४० ॥
अह सो समुद्दराया, नलेण जिणिऊण रणमुहे बद्धो । मुक्को य नियनयरे, परिट्ठिओ राहवं पणओ ॥ ४१ ॥
रयणसिरी कमलसिरी, रयणसलाया तहेव गुणमाला । एयाउ समुद्देणं, दिन्नाओ लच्छिनिलयस्स ॥ ४२ ॥
तत्थ सुवेलपुरवरे, रयणिं गमिऊण उग्गए सूरे । लङ्काहिमुहा चलिया, जयसद्दुग्घुट्ठतूररवा ॥ ४३ ॥
वाणरबलेण दिट्ठा, लंका वरभवण-तुङ्गपागारा । सागरवरस्स मज्झे, आरामुज्जाणसुसमिद्धा ॥ ४४ ॥
नयरीऍ समासन्ने, हंसद्दीवं तओ समणुपत्ता । अह ते हंसरहनिवं, जिणिऊणं वासिया तत्थ ॥ ४५ ॥
भामण्डलस्स पुरिसो, रामेण पवेसिओ पवणवेगो । गन्तूण तस्स सव्वं, विग्गहमादी परिकहेइ ॥ ४६ ॥

जत्तो जत्तो विहियसुकया जन्ति वीरा मणुस्सा, तत्तो तत्तो विजियरिउणो भोगसङ्गं लहन्ति ।
ताणं लोए न भवइ परं किंचि कज्जं असज्झं, तम्हा धम्मं कुणह विमलं लोगनाहाणुचिण्णं ॥ ४७ ॥

॥ इय पउमचरिए लङ्कापत्थाणाभिहाणं नामं चउपन्नासइमं पव्वं समत्तं ॥

## ५५. बिभीसणसमागमपव्वं

अह तत्थ वाणरबलं, समागयं जाणिऊण आसन्ने । वेला लवणजलस्स व, खुहिया लंकापुरी[1] सव्वा ॥ १ ॥
आरुट्ठो दहवयणो, निययं मेलेइ साहणं सयलं । जाया घरे घरे च्चिय, संगामकहा जणवयस्स ॥ २ ॥
संगाममहाभेरी, पहया पडुपडह-तूरसंघाया । सद्देण तेण सुहडा, सन्नद्धा सामियं पत्ता ॥ ३ ॥

---

उस वेलन्धर पर्वतके पास आ पहुँचे । (३९) वहाँ वानर-सैन्यको देखकर अपने समग्र सैन्यके साथ समुद्र सामना करनेके लिए शीघ्र ही निकल पड़ा और नलके साथ युद्धमें भिड़ गया । (४०) बादमें नलने युद्धमें जीतकर समुद्र राजाको बाँध लिया । रामके आगे प्रणत होने पर वह छोड़ दिया गया तथा अपने नगरमें प्रतिष्ठित किया गया । (४१) रत्नश्री, कमलश्री, रत्नशलाका तथा गुणमाला—ये कन्याएँ समुद्रने लक्ष्मणको दीं । (४२) उस सुवेलपुरमें रात बिताकर सूर्य उगने पर जयध्वनिका उद्घोष करनेवाले वाद्योंकी आवाजके साथ वे लंकाकी ओर चले । (४३) वानरसेनाने उत्तम भवन एवं ऊँचे किलेवाली तथा आराम एवं उद्यानोंसे समृद्ध लंकाको सागरके मध्यमें देखा । (४४) लंकानगरीके समीपमें आये हुए हंसद्वीपमें वे पहुँचे । हंसरथ राजाको जीतकर वे वहाँ ठहरे । (४५) पवनके जैसा वेगवाला एक पुरुष रामने भामण्डलके पास भेजा । जा करके उसने सारा विग्रह आदिका वृत्तान्त कह सुनाया । (४६) सुकृत करनेवाले मनुष्य जहाँ जहाँ जाते हैं वहाँ शत्रुओंको जीतकर भोगका संसर्ग प्राप्त करते हैं । उनके लिए लोकमें कोई भी कार्य असाध्य नहीं होता । अतः लोकनाथों द्वारा अनुष्ठित विमल धर्मका पालन करो । (४७)

॥ पद्मचरितमें लंकाकी ओर प्रस्थान नामक चौवनवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ५५. विभीषणका समागम

समीपमें वानरसेना आई है ऐसा जान लवणसागरके किनारेकी भाँति सारी लङ्कापुरी क्षुब्ध हो गई । (१) क्रुद्ध रावणने अपनी सारी सेना इकट्ठी की । लोगोंके घर-घरमें युद्धकी बात होने लगी । (२) बड़े-बड़े ढोल और वाद्योंके साथ युद्धकी महाभेरि बजाई गई । उससे उत्पन्न शब्दसे तैयार हो सब सुभट स्वामीके पास आ पहुँचे । (३) तब संग्रामके लिए

---

१. पुरीए पया—प्रत्य० ।

एत्तो लंकाहिवई, संगामसमुज्जयं पणमिऊणं । नयविहिविहूयबुद्धी, बिभीसणो भणइ निसुणेहि ॥ ४ ॥
तुह पहु! परिट्ठिया इह, इन्दस्स व संपया महाविउला । ससि-सङ्ख-कुन्दधवलो, भमइ जसो तिहुयणं सयलं ॥ ५ ॥
महिलाहेउं सामिय!, मा नेहि परिक्खयं खणेण तुमं । अप्पेहि जणयतणया, इमाएँ किं कारणं सिद्धं? ॥ ६ ॥
न य हवइ एत्थ दोसो, हवइ गुणो केवलो तिहुयणम्मि । सुहसायरे निमग्गो, भुञ्जसु विज्जाहरमहिड्ढिं ॥ ७ ॥
सुणिऊण वयणमेयं, आरुट्ठो इन्दई भणइ एवं । को तुज्झ आहियारो, जेण समुल्लवसि एरिसयं? ॥ ८ ॥
जइ वेरियाण बीहसि, अहियं संगामकायरो सि तुमं । निक्खित्तसत्थदण्डो, पविससु भवणोदरं सिग्घं ॥ ९ ॥
निवडन्तसत्थनिवहे, संगामे मारिऊण अह सत्तुं । खग्गेणाऽऽयड्ढिज्जइ, लच्छी वीरेण निक्खुत्तं ॥ १० ॥
लद्धूण उत्तमं चिय, महिलारयणं इमं वसुमईए । किं मुच्चइ दहवयणो, जहा तुमे भासियं वयणं? ॥ ११ ॥
भणिओ बिहीसणेणं, निब्भच्छणकारणं तओ वयणं । पुत्तत्तणेण जाओ, वइरी लंकाहिवस्स तुमं ॥ १२ ॥
भवणे समुट्ठियं चिय, अग्गी पूरेसि इन्धणेण तुमं । अहियं हियं ति मन्नसि, जंपन्तो एरिसं वयणं ॥ १३ ॥
कञ्चणघणपायारं, लङ्कं लच्छीहरेण जाव न वि । भज्जइ सरेसु खिप्पं, ताव समप्पेहि वइदेहिं ॥ १४ ॥
वज्जावत्तधणुधरं, रुसियं चिय राहवं समरमज्झे । लच्छीहरेण समयं, तुहमे न य जोहिउं सक्का ॥ १५ ॥
जे तस्स गया पणइं, सुहडा कइदीववासिणो बहवे । माहिन्द-मलय-तीरा, सिरिपव्वय-हणुरुहाईया ॥ १६ ॥
केलीगिला य रयणा, तह य वेलंधरा य नहतिलया । सन्झाराया य तहा, दहिमुहदीवासया चेव ॥ १७ ॥
एवं पभासयन्तं, बिभीसणं कोहपूरियामरिसो । आयड्ढिऊण खग्गं, दहवयणो उज्जओ हन्तुं ॥ १८ ॥
अमरिसवसंगएणं, तेण वि उम्मूलिओ रयणथम्भो । काऊण महाभिउडी, जेट्ठस्स अहिट्ठिओ पुरओ ॥ १९ ॥

---

उद्यत लंकेश रावणको प्रणाम करके नयविधिमें कुशल बुद्धिवाले विभीषणने कहा कि आप सुनें। (४) हे प्रभो! इन्द्रके जैसी विपुल सम्पत्तिने आपके पास आश्रय लिया है और चन्द्रमा, शंख एवं कुन्द पुष्पके जैसा आपका धवल यश सारे त्रिभुवनमें व्याप्त है। (५) हे स्वामी! एक स्त्रीके लिए क्षणभरमें तुम विनाश मत लाओ। जनकतनया सीताको दे दो। इससे कौनसा कार्य सिद्ध हुआ? (६) ऐसा करनेमें कोई दोष नहीं होगा, बल्कि त्रिभुवनमें केवल गुण ही फैलेगा। सुखसागरमें निमग्न हो तुम विद्याधरोंके महान् ऐश्वर्यका उपभोग करो। (७)

यह वचन सुनकर कुपित इन्द्रजितने कहा कि तुम्हारा ऐसा कौन-सा अधिकार है जिससे तुम इस तरह बकबक करते हो? (८) यदि तुम शत्रुओंसे डरते हो और संग्रामसे बहुत कायर हो गये हो तो शस्त्र एवं सैन्यका परित्याग करके घरके भीतर जल्दी ही घुस जाओ। (९) निश्चय ही, गिरते हुए शस्त्रसमूहवाले युद्धमें शत्रुको मारकर ही वीर पुरुष तलवारसे लक्ष्मीको आकर्षित करता है। (१०) पृथ्वीपरके इस उत्तम महिलारत्नको पाकर उसे क्या रावण, जैसा तुमने वचन कहा उस तरह, छोड़ दे? (११) तब विभीषणने अवहेलना करनेवाला वचन कहा कि पुत्र रूपसे पैदा होनेपर भी तू रावणका वैरी हुआ है। (१२) मकानमें आग लगनेपर तू ईंधन डालता है। ऐसा वचन कहनेवाला तू अहितको हित मानता है। (१३) जबतक लक्ष्मण सोनेके बने हुए सघन प्राकारवाली लंकाको बाणोंसे नहीं तोड़ता तबतक सीताको सौंप दो। (१४) वज्रावर्त धनुषको धारण करनेवाले रुष्ट राम और लक्ष्मणके साथ तुम युद्धभूमिमें लड़नेके लिए समर्थ नहीं हो। (१५) हे दशमुख! कपिद्वीपवासी बहुत-से सुभट, महेन्द्र, मलय, तीर, श्रीपर्वत, हनुरुह आदि तथा केलिकिल, रत्न, वेलन्धर, नभस्तिलक, सन्ध्याराग तथा दधिमुख आदि द्वीपाधिप उनकी शरणमें गये हैं। (१६-१७)

इस प्रकार कहते हुए विभीषणको गुस्सेसे भरा हुआ रावण तलवार खींचकर मारनेके लिए उद्यत हुआ। (१८) क्रोधके वशीभूत उसने भी रत्नका स्तम्भ उखाड़ लिया और भौंहें चढ़ाकर बड़े भाईके सामने खड़ा हुआ। (१९) युद्धके

---

१. तणयं—प्रत्य०। २. अग्गि—प्रत्य०। ३. खग्गं—प्रत्य०।

जुज्झं समुज्जया ते, कहकह वि निवारिया य भिच्चेहिं । नियभवणाणि नीया, इन्दइ तह भाणुयण्णेहिं ॥ २० ॥
रुट्ठो भणइ दहमुहो, निक्खमउ विहीसणो मह पुरीओ । पडिकूलमाणसेणं, ठिएण किं तेण दुट्ठेणं ? ॥ २१ ॥
सो एव भणियमेत्तो, विहीसणो निग्गओ पुरवरीओ । अक्खोहिणीसु सहिओ, तीसाए पवरसेन्नस्स ॥ २२ ॥
वज्जिन्दुघणेभा वि य, विज्जुपयण्डासणी य घोरा य । कालाइमहासुहडा, बिभीसणस्साऽऽसणसहीणा ॥ २३ ॥
सबल-परिवारसहिया, नाणाविहजाण-वाहणारूढा । छायन्ता गयणयलं, हंसदीवम्मि अवइण्णा ॥ २४ ॥
दट्ठुं विहीसणबलं, जाओ चिय वाणराण आकम्पो । दारिद्दियाण नज्जइ, हिमवायहयाण हेमन्ते ॥ २५ ॥
पउमो वज्जावत्तं, गेण्हइ लच्छीहरो वि रविभासं । अन्ने वि आउहकरा, जाया कइसेन्नसामन्ता ॥ २६ ॥
जाव य वाणरसेन्नं, जायं चिय गहियपहरणावरणं । ताव य विहीसणेणं, रामस्स पवेसिओ दूओ ॥ २७ ॥
नमिऊण रामदेवं, दूओ परिकहइ परिफुडं सबं । सीयाएँ कारणेणं, भाइविरोहं जहावत्तं ॥ २८ ॥
मज्झ तुमं इह सरणं, बिभीसणो भणइ नत्थि संदेहो । आणादाणेण पहू !, सम्माणं मे पयच्छाहि ॥ २९ ॥
एयन्तरम्मि रामो, मन्तीहि समं तओ कुणइ मन्तं । महसायरो पवुत्तो, मह वयणं ताव निसुणेहि ॥ ३० ॥
छम्मेण कयाइ पहू !, विहीसणो पेसिओ दहमुहेणं । अहवा कलुसं पि जलं, खणेण विमलत्तणमुवेइ ॥ ३१ ॥
अह भणइ महसमुद्दो, मन्ती सत्थागमाण उप्पत्ती । जंपइ जणो विरोहो, जह जाओ ताण दोण्हं पि ॥ ३२ ॥
अन्नं च पहू ! सुबइ, विहीसणो धम्म-नीइ-महकुसलो । कह कुणइ असब्भावं, तुज्झुवरिं एरिसगुणो वि ? ॥ ३३ ॥
अहवा किं न विरोहो, हवइह एक्कोदराण लोभेणं । जह वत्तं अक्खाणं, तं एगमणा निसामेहि ॥ ३४ ॥
गिरिभूई गोभूई, दो वि जुवा णेमिसे परिवसन्ति । तत्थेव सूरदेवो, राया महिला मई तस्स ॥ ३५ ॥
सा ताण देइ दाणं, विप्पाणं सुकयकारणट्ठाए । हेमं पुण पच्छन्नं, सुविसुद्धं सुप्पभूयं च ॥ ३६ ॥

---

लिए उद्यत उन दोनोंको किसी तरह भृत्योंने रोका। इन्द्रजित तथा भानुकर्णके द्वारा वे अपने अपने मकानमें ले जाये गये। (२०) रुष्ट रावणने कहा कि मेरी नगरीमेंसे विभीषणको निकाल दो। प्रतिकूल मानसवाले उस दुष्टका यहाँ रहनेसे क्या प्रयोजन? (२१) इस प्रकार कहा गया विभीषण तीस अक्षौहिणी उत्तम सेनाके साथ नगरीमेंसे बाहर निकला। (२२) वज्रेन्दु, घनेभ, विद्युत्, प्रचण्डाशनि, काल आदि विभीषणके अधीन रहनेवाले भयंकर महासुभट अपने समग्र परिवारके साथ नानाविध यान एवं वाहन पर सवार होकर गगनतलको छाते हुए हंसद्वीपमें उतरे। (२३-२४) विभीषणकी सेनाको देखकर हेमंतकालमें बर्फीली हवासे पीड़ित दरिद्रकी भाँति वानर काँपने लगे। (२५) रामने वज्रावर्त धनुष और लक्ष्मणने सूर्यहास तलवार उठाई। वानर सैन्यके दूसरे सामन्तोंने भी हाथमें आयुध धारण किये। (२६) जबतक वानरसैन्यने शस्त्र एवं कवच धारण किये तबतक तो विभीषणने एक दूत रामके पास भेजा। (२७) रामको नमन करके दूतने सीताके कारण भाइयोंमें जो विरोध हुआ था वह सब यथावत् स्पष्ट रूपसे कह सुनाया। (२८) 'आप मेरे लिए शरण रूप हैं'—ऐसा विभीषणने जो कहा है, इसमें सन्देह नहीं। अतः हे प्रभो! आज्ञा देकर मुझे सम्मान प्रदान करें। (२९) तब रामने मंत्रियोंके साथ विचारविनिमय किया। उस समय मतिसागरने कहा कि मेरा कहना आप सुनें। (३०) हे प्रभो! शायद कपटसे रावणने विभीषणको भेजा है, अथवा कलुषित जल भी थोड़ी देरमें निर्मलता धारण करता है। (३१) इस पर शास्त्र एवं आगमोंके जानकार मतिसमुद्र मंत्रीने कहाकि लोग कहते हैं कि उन दोनोंके बीच विरोध हुआ है। (३२) हे प्रभो! हमने दूसरा यह भी सुना है कि विभीषण धर्मबुद्धिवाला नीतिमें कुशल है। ऐसे गुणोंवाला आप पर असद्भाव कैसे रख सकता है? (३३) अथवा इस जगतमें सहोदर भाइयोंके बीच लोभवश क्या विरोध नहीं होता? इस विषयमें जो एक आख्यान है उसे ध्यानपूर्वक सुनें। (३४)

नैमिषारण्यमें गिरिभूति एवं गोभूति नामक दो युवा रहते थे। वहीं सूर्यदेव राजा था। उसकी रानी मति थी। (३५) उस मति रानीने उन दो ब्राह्मणोंको पुण्योपार्जनके लिए सुविशुद्ध और बहुत-सा सोना छिपा करके दानमें

दट्ठूण गिरी हेमं, कुणइ विरोहं सहोयरेण समं । लोभमहागहगहिओ, जाओ रिवुसरिसपरिणामो ॥ ३७ ॥
अन्नं पि उवक्खाणं, कोसम्बीए महाधणो नाम । वणिओ कुरुविन्दा से, महिला पुत्ता य दो तस्स ॥ ३८ ॥
अहिदेवमहीदेवा, परलोयं पत्थिए तओ पियरे । सधणा य गया दोन्नि वि, परकूलं जाणवत्तेणं ॥ ३९ ॥
भण्डेण तेण रयणं, एक्कं घेत्तूण पडिनियत्ता ते । इच्छन्ति एक्कमेक्कं, हन्तूणं तिबलोहिल्ला ॥ ४० ॥
आगन्तूण य सगिहं, जणणीएँ समप्पियं तु तं रयणं । सा वि य विसेण इच्छइ, घाएउं अत्तणो पुत्ते ॥ ४१ ॥
रुट्ठेहि तेहि रयणं, छूढं जउणानईएँ सलिलम्मि । तं धीवरेण लद्धं, पुणरवि ताणं घरे दिन्नं ॥ ४२ ॥
अह ते जणणीएँ समं, सामत्थेऊण जायसंवेगा । संचुण्णिय तं रयणं, सबे वि लयन्ति पवज्जं ॥ ४३ ॥
तम्हा लोहेण फुडं, हवइ विरोहो सहोयराणं पि । जह गिरि-गोभूईणं, तह अन्नाणं पि बहुयाणं ॥ ४४ ॥
सुणिऊण उवक्खाणं, एयं मन्तीण साहियं रामो । पडिहारं भणइ तओ, आणेहि बिभीसणं तुरियं ॥ ४५ ॥
पडिहारेण य सिट्ठो, बिभीसणो आगओ पउमनाहं । पणमइ पहट्ठमणसो, तेण वि अवगूहिओ घणियं ॥ ४६ ॥
मिलिए बिहीसणभडे, जाओ च्चिय वाणराण आणन्दो । ताव य समत्तविज्जो, पत्तो भामण्डलो सिग्घं ॥ ४७ ॥
रामेण लक्खणेण य, अहियं संभासिओ जणयपुत्तो । सुग्गीवमाइएहिं, अन्नेहिं वाणरभडेहिं ॥ ४८ ॥
तत्थेव हंसदीवे, दियहा गमिऊण अट्ठ बलसहिया । लङ्काहिमुहा चलिया, सन्नद्धा राम-सोमित्ती ॥ ४९ ॥
अह जोयणाणि वीसं, रुद्धं तं तीएँ समरभूमीए । न य नज्जइ परिमाणं, आयामस्सातिदीहस्स ॥ ५० ॥
नाणाविहकयचिन्धं, नाणाविहगय-तुरङ्ग-पाइक्कं । दिट्ठं चिय एज्जन्तं, वाणरसेन्नं निसियरेहिं ॥ ५१ ॥
अह भाणुसरिसवण्णा, मेहनिहा गयणवल्लभा कणया । गन्धबगीयनयरा, सूरा तह कप्पवासी य ॥ ५२ ॥

---

दिया । (३६) गिरिभूतिने सोना देखकर सहोदर भाईके साथ विरोध किया। लोभरूपी महाग्रहसे ग्रस्त वह शत्रुके जैसे परिणामवाला हो गया । (३७)

दूसरी भी एक कहानी है। कौशाम्बी नगरीमें महाधन नामका एक वणिक् था। कुरुविन्दा उसकी पत्नी थी। उसके दो पुत्र थे । (३८) पिताके परलोक जाने पर अहिदेव और महीदेव दोनों बेचनेकी सामग्री लेकर जलयानसे विदेशमें गये । (३९) उन पदार्थोंसे एक रत्न लेकर वे वापस लौटे। तीव्र लोभवश वे एक-दूसरेको मारनेके लिए सोचने लगे । (४०) अपने घर पर आकर उन्होंने अपनी माताको वह रत्न दिया। वह भी विष द्वारा अपने पुत्रोंको मारना चाहती थी । (४१) रुष्ट उन्होंने वह रत्न यमुना नदीके जलमें फेंक दिया। धीवरने वह रत्न पाया। उसने पुनः उनके घरमें दिया । (४२) माताके साथ परामर्श करके वैराग्ययुक्त उन्होंने वह रत्न चूर-चूर कर डाला। सबने प्रव्रज्या ली । (४३) अतः गिरिभूति और गोभूतिकी तरह दूसरे भी बहुतसे सगे भाइयोंमें लोभके कारण अत्यन्त विरोध होता है । (४४)

मंत्रियों द्वारा कहा गया यह आख्यान सुनकर रामने प्रतिहारीसे कहा कि जल्दी ही विभीषणको लिवा लाओ । (४५) प्रतिहारीके द्वारा कहा गया विभीषण रामके पास आया और मनमें प्रसन्न हो प्रणाम किया। उन्होंने भी उसे गाढ़ आलिंगन दिया । (४६) विभीषणके मिलनेपर वानरोंको आनन्द हुआ। उसी समय विद्या जिसने सिद्ध की है ऐसा भामण्डल भी शीघ्र ही वहाँ आ पहुँचा । (४७) राम, लक्ष्मण तथा सुग्रीव आदि दूसरे वानर-सुभटोंने जनकपुत्र भामण्डलके साथ खूब बातें कीं । (४८) उसी हँसद्वीपमें आठ दिन बिताकर राम एवं लक्ष्मण तैयार हो सेना के साथ लंकाकी ओर चले । (४९) उस समरभूमिके बीस योजन उस सेनाने रोके। उस रणभूमिके अतिदीर्घ विस्तारका तो परिमाण भी ज्ञात नहीं होता था। (५०) नानाविध चिह्न किये हुए नानाविध हाथी, घोड़े तथा पदातियोंसे युक्त वानर सैन्यको राक्षसोंने आते देखा । (५१)

सूर्यके सदृश वर्णवाले मेघनिभ, गगनवल्लभ, कनक, गन्धर्व गीतनगर, सूर्य, कल्पवासी, सिंहपुर, शोभ, गीतपुर,

---

१. जाओ य रिवूसरिणामो—मु० ।

सीहपुरा सोहा वि य, गीयपुरा मन्दिरा य बहुणाया । लच्छीपुरा य किन्नर-गीया य तहा महासेला ॥ ५३ ॥
सुरणेउरा य मलया, सिरिमन्ता सिरिपहा य सिरिनिलया । ससिनाया य रिवुजया, मत्तण्डा भाविसाला य ॥ ५४ ॥
आणन्दा परिखेया, जोइसदण्डा जयास-रयणपुरा । जे एव पुराहिवई, अन्ने वि समागया सुहडा ॥ ५५ ॥
एए अन्ने य बहू, अहियं सन्नाह-आउहाईसु । पूएइ रक्खसवई, पिया व पुत्ते सिणेहेणं ॥ ५६ ॥
अक्खोहिणी सहस्सा, हवन्ति चत्तारि बहुजणुद्दिट्ठा । रावणबलस्स एवं, मगहवई ! होइ परिमाणं ॥ ५७ ॥
अक्खोहिणीसहस्सं, एक्कं चिय वाणराण सबाणं । भामण्डलेण समयं, भणियं चउरङ्गसेन्नस्स ॥ ५८ ॥
राया कइद्धयाणं, समयं भामण्डलेण उज्जुत्तो । परिवेढिऊण रामो, लक्खणसहिओ ठिओ तत्थ ॥ ५९ ॥
पुण्णोदयम्मि पुरिसस्स दढा वि सत्तू, मित्तत्तणं उवणमन्ति कयाणुकारी ।
पुण्णावसाणसमए विमला वि बन्धू, वेरी हवन्ति नियया पि हु छिद्दभाई ॥ ६० ॥

॥ इय पउमचरिए विभीसणसमागमविहाणं नाम पञ्चावन्नं पव्वं समत्तं ॥

## ५६. रावणबलनिग्गमणपव्वं

परिपुच्छइ मगहवई, गणाहियं पणमिऊण भावेणं । अक्खोहिणीएँ भयवं !, कहेहि एक्काएँ परिमाणं ॥ १ ॥
अह भणइ इन्दभूई, अट्ठसु गणणासु भेयभिन्नासु । संजोएण चउण्हं, हवइ य अक्खोहिणी एक्का ॥ २ ॥
भेओऽत्थ पढम पन्ती, सेणा सेणामुहं हवइ गुम्मं । अह वाहिणी उ पियणा, चमू तहाऽणिकिणी अन्तो ॥ ३ ॥
एक्को हत्थी एक्को य रहवरो तिण्णि चेव वरतुरया । पञ्चेव य पाइक्का, एसा पन्ती समुद्दिट्ठा ॥ ४ ॥

---

मन्दिर, बहुनाद, लक्ष्मीपुर, किन्नरगीत, महाशैल, सुरनुपूर मलय, श्रीमान्, श्रीपथ, श्रीनिलय, शशिनाद, रिपुजय, मार्तण्ड, भाविलास, आनन्द, परिखेद, ज्योतिर्दण्ड, जय, अश्वरत्नपुर—इन नगरोंके अधिपति तथा बहुत-से सुभट आये। (५२-५५) पुत्रोंके द्वारा स्नेहपूर्वक अर्चित पिताकी भाँति इन तथा दूसरे बहुत-से सुभटों द्वारा सन्नाह, आयुध आदि से राक्षसपति रावण पूजा गया। (५६) बुधजनों द्वारा कही गई चार हजार अक्षौहिणियाँ थीं। हे मगधपति श्रेणिक ! रावणकी सेनाका इतना परिमाण था। (५७) भामण्डलके साथ सब वानरोंकी चतुरंगसेना एक हजार अक्षौहिणी कही जाती थी। (५८) भामण्डलके साथ वानरध्वजवालोंका उद्योगी राजा सुग्रीव लक्ष्मण सहित रामको घेरकर वहाँ बैठा। (५९) पुण्यका उदय होनेपर मनुष्यके प्रबल शत्रु सेवक बनकर मित्रता प्राप्त करते हैं, और पुण्यका अवसान होनेपर विमल बन्धु भी छिद्रान्वेषी शत्रु बन जाते हैं। (६०)

॥ पद्मचरितमें विभीषणका समागम नामका पचपनवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ५६. रावणकी सेनाका निर्गमन

मगधपतिने गणाधिप गौतमको भावपूर्वक प्रणाम करके पूछा कि, भगवन् ! एक अक्षौहिणीका परिमाण आप कहें। (१) तब इन्द्रभूति गौतमने कहा कि आठ प्रकारकी गणना तथा चार ( चतुरंग ) के संयोगसे एक अक्षौहिणी होती है। (२) इसमें पहला भेद पंक्ति, फिर सेना, सेनामुख, गुल्म, वाहिनी, पृतना, चमू तथा अंतिम अनीकिनी—ये आठ भेद हैं। (३) एक हाथी, एक रथ, तीन उत्तम घोड़े तथा पाँच प्यादे—इसे पंक्ति कहते हैं। (४) पंक्तिसे तिगुनी सेना,

पत्ती तिउणा सेणा, सेणा तिउणा मुहं हवइ एक्कं । सेणामुहाणि तिण्णि उ, गुम्मं एत्तो समक्खायं ॥ ५ ॥
गुम्माणि तिण्णि एक्का य वाहिणी सा वि तिगुणिया पियणा । पियणाउ तिण्णि य चमू, तिण्णि चमूऽणिकिणी भणिया॥६॥
दस य अणिकिणिनामाउ होइ अक्खोहिणी अहऽक्खाया । संखा एक्केक्कस्स उ, अङ्गस्स तओ परिकहेमि ॥ ७ ॥
एयावीस सहस्सा, सत्तरिसहियाणि अट्ठ य सयाणि । एसा रहाण संखा, हत्थीण वि एत्तिया चेव ॥ ८ ॥
एक्कं च सयसहस्सं, नव य सहस्सा सयाणि तिण्णेव । पन्नासा चेव तहा, जोहाण वि एत्तिया संखा ॥ ९ ॥
पञ्चुत्तरा य सट्ठी, होइ सहस्साणि छ चिय सयाणि । दस चेव वरतुरङ्गा, संखा अक्खोहिणीए उ ॥ १० ॥
अट्ठारस य सहस्सा, सत्त सया दोण्णि सयसहस्साइं । एक्का य इमा संखा, सेणिय ! अक्खोहिणीए य ॥ ११ ॥
अह एत्तो रामबलं, दट्ठूणं आगयं समासन्ने । रक्खसभडा वि तुरिया, सन्नद्धा वाहणसमग्गा ॥ १२ ॥
केइ भडा सहस त्ति य, सन्नाहसमोत्थया गहियसत्था । रुज्झन्ति कामिणीहिं, रणरसउक्कण्ठिया सूरा ॥ १३ ॥
सन्नाहकण्ठसुत्ते, घेत्तूणं भणइ पिययमं कन्ता । सामि ! रणे आवडियं, पहणेज्जसु अहिमुहं सुहडं ॥ १४ ॥
अन्ना पई नियच्छइ, जह पिट्ठिं रणमुहे न देसि तुमं । मा सहियणस्स पुरओ, ओगुट्ठिं नाह ! काहिसि मे ॥ १५ ॥
का वि पियं रणतुरियं, अहियं ईसालुणी भणइ एवं । मोत्तूण मए सामिय !, किं तुह कित्ती पिया जाया ? ॥१६॥
अहिणववणङ्किय ते, नाह ! तुमं वयणपङ्कयं एयं । जसलुद्धयस्स अहियं, चुम्बिस्से हं पविहसन्ती ॥ १७ ॥
अन्ना वि वीरमहिला, चुम्बइ कन्तस्स चेव मुहकमलं । मोइज्जन्ती न मुयइ, कुसुमं पिव महुयरी सत्ता ॥ १८ ॥
अन्ना वि तत्थ[1] सुहडी, कण्ठे दइयस्स गहियसत्थस्स । डोलायन्ती रेहइ, नलिणि व महागइन्दस्स ॥ १९ ॥
एवं ते वरसुहडा, नाणाचेट्ठासु जणियसंबन्धा । अह भासिउं पयत्ता, कन्तासंथावणुल्लावे ॥ २० ॥

---

सेनासे तिगुना एक सेनामुख होता है। तीन सेनामुखसे एक गुल्म कहा जाता है। तीन गुल्मोंकी एक वाहिनी, वह भी तिगुनी होनेपर एक पृतना, तीन पृतनासे एक चमू और तीन चमुओंकी एक अनीकनी होती है। (५-६) दस अनिकनियोंसे एक अक्षौहिणी कही जाती है। अब एक-एक अंगकी संख्या मैं कहता हूँ। (७) इक्कीस हज़ार, आठ सौ सत्तर—यह रथोंकी संख्या है। हाथियोंकी भी इतनी ही है। (८) एक लाख, नौ हजार, तीन सौ पचास—इतनी योद्धाओंकी संख्या है। (९) पैंसठ हज़ार, छः सौ दस—एक अक्षौहिणीमें इतनी संख्यामें उत्तम घोड़े होते हैं। (१०) हे श्रेणिक! एक अक्षौहिणीकी कुल संख्या दो लाख, अठारह हज़ार और सात सौ ( २१,८७०+२१,८७०, +१,०९,३५०+६५,६१० = २,१८,७०० ) होती है (११)

उधर रामके सैन्यको समीप आया देख राक्षस-सुभट भी वाहनोंके साथ जल्दी ही तैयार हो गये। (१२) सन्नाह धारण किये हुए तथा शस्त्र लिये हुए रणरसमें उत्कण्ठित कई शूर सुभट स्त्रियों द्वारा रोके गये। (१३) सन्नाहका कण्ठसूत्र पकड़कर कोई कान्ता प्रियतमसे कहती थी कि, हे नाथ! युद्धमें सामने आनेवाले सुभटको मार डालना। (१४) दूसरी स्त्री पतिसे कहती थी कि हे नाथ! युद्धमें तुम पीठ मत दिखाना, अन्यथा सखियोंके समक्ष मुझे लज्जाके मारे घूँघट निकालना पड़ेगा। (१५) युद्धके लिए अधिक जल्दी करनेवाले पतिको कोई ईर्ष्यालु स्त्री ऐसा कहती थी कि, हे स्वामी! मुझे छोड़कर क्या तुम्हें कीर्ति प्रिय हुई है? (१६) हे नाथ! यशके लोभी तुम्हारे नये घावसे चिह्नित इस मुखकमलको मैं हँसकर अधिक चुम्बन करूँगी। (१७) अन्य कोई वीरमहिला पतिके मुखकमलका चुम्बन करती थी और पुष्पमें आसक्त भ्रमरीकी भाँति वह छुड़ाने पर भी नहीं छोड़ती थी। (१८) एक दूसरी महिला शस्त्र धारण किये हुए पतिके कण्ठमें, महागजेन्द्र द्वारा गृहीत नलिनीकी भाँति, डोलती हुई शोभित हो रही थी। (१९)

इस प्रकार नानाविध चेष्टाओंसे प्रेम-भाव उत्पन्न किये हुए सुभट स्त्रियोंको सान्त्वना देनेके वचन कहने लगे। (२०)

---

१. तत्थ महिला कण्ठे—प्रत्य० ।

मा मे धरेहि सुन्दरि !, मुञ्चसु अन्नेहि रणजसो गहिओ । पेच्छन्ताण वरतणू !, अम्हं किं जीवियवेणं ॥ २१ ॥
धन्ना ते नरवसभा, भद्दे ! जे रणमुहं गया पढमं । जुज्झन्ति सवडहुत्ता, जणयन्ता रिवुबलाकम्पं ॥ २२ ॥
करिवरदन्तुब्भिन्ना, डोलालीलाइयं रणे सुहडा । रिवुकयसाहुक्कारं, पुण्णेहि विणा न पावन्ति ॥ २३ ॥
एक्कं चिय रणरागो, बिइयं चिय सुयणुपेम्मपडिबन्धो । पेम्मेण अमरिसेण य, दोण्णि वि भाए भडो जाओ ॥२४॥
ताण जणेण तिहुयणं, अलंकियं सुयणु ! वीरपुरिसाणं । जाण धणियस्स पुरओ, निवडन्ति रणम्मि असिघाया ॥२५॥
एएसु य अन्नेसु य, महुरालावेसु नियय[1]कन्ताओ । संथाविऊण सुहडा, निग्गन्तुं चेव आढत्ता ॥ २६ ॥
पढमं विणिग्गया ते, हत्थ-पहत्था पुरीए बलसहिया । मारीजी सीहकडी, तह य सयंभू अइबलो य ॥ २७ ॥
सुय-सारणा य एत्तो, सूरससङ्का गयारि-वीहत्था । वज्जक्खो वज्जधरो, गभीरणाओ य नक्को य ॥ २८ ॥
मयरो कुलिसनिणाओ, सुन्द निसुन्दो य उग्गणाओ य । कूरो य मालवन्तो, सहसक्खो विब्भमो चेव ॥ २९ ॥
खरनिस्सणो य जम्बू, माली सिहि दुद्धरो महाबाहू । एए रहेसु सुहडा, विणिग्गया सीहजुत्तेसु ॥ ३० ॥
वज्जोयरो कयन्तो इन्दाहोऽसणिरहो य चन्दणहो । वियडोयरो य मच्चू, सुभीसणो कुलिसउदरो य ॥ ३१ ॥
धूमक्खो मुइओ वि य, तडिजीहो तह भवे महामाली । कणओ कोहण-निहणो, धूमुद्दामो य खोभो य ॥ ३२ ॥
हिण्डी तहा मरुसरो, पयण्डडमरो य चण्डकुण्डो य । हालाहलमाईया, रहेसु दढवग्घजुत्तेसु ॥ ३३ ॥
विज्जासुकोसिओ वि य, भुयंगबाहू महाजुई चेव । सङ्खो तहा पसङ्खो, राओ भिन्नञ्जणाभो य ॥ ३४ ॥
नामेण पुप्फचूलो, रत्तवरो पुप्फसेहरो य तहा । सुहडो अणङ्गकुसुमो, घण्टत्थो कामवण्णो य ॥ ३५ ॥
मयणसरो कामग्गी, अणङ्गरासी सिलीमुहो चेव । कणओ सोम-सुवयणो, तह य महाकाम हेमाभो ॥ ३६ ॥
एए वि रहवरेहिं, वाणरजुत्तेहि निग्गया सुहडा । संगामजणियरागा, अहियं चिय मुक्कबुक्कारा ॥ ३७ ॥

हे सुन्दरी ! मुझे मत पकड़े रखो, छोड़ो। हे वरतनु ! हमारे देखते-देखते दूसरोंने युद्धका यश ले लिया। हमारे जीवित रहनेसे क्या फायदा ? (२१) हे भद्रे ! वे नरवृषभ श्रेष्ठ हैं जो पहले युद्धमें गये। वे शत्रुसैन्यमें थरथराहट पैदा करके सामने जूझ रहे हैं। (२२) युद्धमें हाथियोंके दाँतोंसे चीरे गये सुभट हिंडोलेकी लीला तथा शत्रुओंके द्वारा किया गया साधुकार पुण्यके बिना नहीं पाते। (२३) एक तरफ युद्धका राग और दूसरी तरफ सुन्दरीके प्रेमका प्रतिबन्ध ! प्रेमसे और आमर्षसे भट दो भागोंमें विभक्त हो गया। (२४) हे सुतनु ! उन वीर पुरुषोंके यशसे त्रिभुवन अलंकृत हो गया, जिन पर स्वामीके समक्ष ही युद्धमें तलवारके प्रहार पड़ते हैं। (२५) इन तथा ऐसे ही दूसरे मधुर आलापोंसे अपनी-अपनी स्त्रियोंको आश्वासन देकर सुभट निकलने लगे। (२६)

सर्व प्रथम नगरीमेंसे सेनाके साथ हस्त और प्रहस्त निकले, तब मारीचि, सिंहकटि, स्वयम्भू, अतिबल, शुक, सारण, सूर्य, शशांक, गजारि, बीभत्स, वज्राक्ष, वज्रधर, गंभीरनाद, नक्र, मकर, कुलिश-निनाद, सुन्द, निसुन्द, उग्रनाद, क्रूर, माल्यवान्, सहस्राक्ष, विभ्रम, खरनिस्वन, जम्बू, माली, शिखी, दुर्धर, महाबाहु—ये सुभट सिंह जुते हुए रथोंमें निकल पड़े। (२७-३०) वज्रोदर, कृतान्त, इन्द्राभ, अशनिरथ, चन्द्रनख, विकटोदर, मृत्यु, सुभीषण, कुलिशोदर, धूम्राक्ष, मुदित, तडिज्जिह्व, महामाली, कनक, क्रोधन, निधन, धूम्रोद्दाम, क्षोभ, हिण्डी, मरुत्स्वर, प्रचण्डडम्बर, चण्डकुण्ड तथा हालाहल आदि बाघ जुते हुए मज़बूत रथोंमें बैठकर निकल पड़े। (३१-३३) विद्याकौशिक, भुजंगबाहु, महाद्युति, शंख, प्रशंख, राग, भिन्न, अंजनाभ, पुष्पचूल, रक्तवर, पुष्पशेखर, सुभट, अनंगकुसुम, घटस्थ, कामवर्ण, मदनशर, कामाग्नि, अनङ्गराशि, शिलीमुख, कनक, सोमवदन, महाकाम, हेमाभ—संग्रामके लिए जिन्हें राग उत्पन्न हुआ है ऐसे ये सुभट वानर जुते हुए रथोंमें आरूढ़ होकर बहुत गर्जना करते हुए निकले। (३४-३७) भीम, कदम्बविटप, गजनाद, भीमनाद,

१. रणरसो—प्रत्य०।

भीमो कयम्ब-विडवो, गयणाओ हवइ भीमणाओ य । सदूलकीलणो चिय, सीहबलक्खो विलक्खो य ॥ ३८ ॥
पल्हायणो य चवलो, चल-चञ्चलमाइया इमे सुहडा । लङ्काओ निप्फिडिया, रहेसु मायङ्गजुत्तेसु ॥ ३९ ॥
एए अन्ने य बहू, सुहडा हं केत्तिया परिकहेमि । अह अद्धपञ्चमाओ, कोडीओ वरकुमाराणं ॥ ४० ॥
एएसु य अन्नेसु य, कुमारसीहेसु परिमिओ एत्तो । घणवाहणेण समयं, विणिग्गओ इन्दई सिग्घं ॥ ४१ ॥
जोइप्पहं विमाणं, आरुहिऊणं तिसूलगहियकरो । बहुसुहडकयाडोवो, विणिग्गओ भाणुकण्णो वि ॥ ४२ ॥
पुप्फविमाणारूढो, विणिग्गओ रावणो सह बलेणं । रहसुट्ठिएण पुहई, आपूरन्तो गयणमग्गं ॥ ४३ ॥
रह-गय-तुरङ्गमेसु य, मय-महिस, वराह-वग्घ-सीहेसु । खर-करह-केसरीसु य, आरूढा निग्गया सुहडा ॥ ४४ ॥
अह रावणस्स सहसा, समुट्ठिया दारुणा समुप्पाया । अन्ने य बहुवियप्पा, रडन्ति अजयावहा सउणा ॥ ४५ ॥
माणेण अमरिसेण य, मूढा जाणन्तया वि अवसउणे । तह वि य विणिग्गया ते जुज्झत्थं निसियरा सबे ॥ ४६ ॥

एवं सबे पहरणकरा बद्धसन्नाहदेहा, नाणाचिन्धा पचलियधया कुण्डलोहट्टगण्डा ।
जाणारूढा जणियहरिसा एगसंगामचित्ता, संछायन्ता विमलगयणं निग्गया सूरवीरा ॥ ४७ ॥

॥ इय पउमचरिए रावणबलनिग्गमणं नाम छप्पन्नं पव्वं समत्तं ॥

## ५७. हत्थ-पहत्थवहणपव्वं

दट्ठूण रक्खसबलं, उबेलं[1] सायरं व एज्जन्तं । रह-गय-तुरंगसहिया, सन्नद्धा वाणरा सबे ॥ १ ॥
राहवकज्जुज्जुत्ता, नल-नीलय-हणुय-जम्बवन्ता य । गयवरजुत्तेसु इमे, विणिग्गया सन्दणवरेसु ॥ २ ॥

---

शार्दूलक्रीडन, सिंहबलांग, विलंग, प्रहूलादन, चपल, चल, चंचल आदि—ये सुभट हाथी जुते हुए रथोंमें बैठकर लंकामेंसे निकले। (३८-३९) इन तथा बहुत-से दूसरे किन सुभटोंका मैं वर्णन करूँ? साढ़े चार करोड़ कुमारवर थे। (४०) इन तथा दूसरे कुमारवरोंसे घिरा हुआ इन्द्रजित घनवाहनके साथ शीघ्र ही निकला। (४१) ज्योतिष्प्रभ विमानमें आरूढ़ होकर हाथमें त्रिशूलधारी भानुकर्ण भी बहुतसे सुभटोंके आडम्बरके साथ चल पड़ा। (४२) वेगसे उठनेके कारण पृथ्वी और आकाशमार्गको भरनेवाला रावण पुष्पक विमानमें आरूढ़ हो सेनाके साथ निकल पड़ा। (४३) रथ, हाथी, घोड़े तथा मृग, महिष, वराह, व्याघ्र, सिंह, गधे, ऊँट और सिंहों पर सवार हो दूसरे सुभट भी निकल पड़े। (४४) तब सहसा रावणको दारुण उत्पात होने लगे और दूसरे भी बहुत प्रकारके पराजय सूचक पक्षी रोने लगे। (४५) अपशकुनोंको जानते हुए भी वे सब मूढ़ राक्षस अभिमान एवं क्रोधके वशीभूत होकर युद्धके लिए निकले। (४६) इस प्रकार हाथमें प्रहरण लिए, शरीर पर सन्नाह धारण किये, नाना चिह्नोंवाले, उड़ती हुई ध्वजाओंसे युक्त, कुण्डल-समूह जिनके कपोलों पर स्थित हैं ऐसे, वाहनों पर सवार, हर्षित तथा युद्धमें ही एकाग्र चित्तवाले सब शूरवीर विमल आकाशको छाते हुए निकले। (४७)

॥ पद्मचरितमें रावण-सैन्यका निर्गमन नामक छप्पनवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ५७. हस्त एवं प्रहस्तका वध

उछलते हुए सागरकी भाँति आते हुए राक्षस-सैन्यको देख रथ, हाथी एवं घोड़ोंके साथ सब वानर तैयार हो गये। (१) रामके कार्यके लिए उद्यत नल, नील, हनुमान और जाम्बवन्त—ये उत्तम हाथियोंसे जुते हुए श्रेष्ठ रथोंमें बैठकर निकल पड़े। (२) जयमित्र, समान, चन्द्राभ, रतिविवर्धन, रतिवर्धन, कुमुदावर्त, महेन्द्र, महात्मा प्रियंकर, अनुद्धर, दृढ़रथ

---

१. सब्वेलं—प्रत्य० ।

जयमित्तो य समाणो, चन्दाभो रइविवद्धणो चेव । रइवद्धणो य एत्तो, कुमुयावत्तो महिन्दो य ॥ ३ ॥
[1]पीईकरो महप्पा, अणुद्धरो दढरहो तहा सूरो । जोइप्पिओ बलो वि य, महाबलो अइबलो चेव ॥ ४ ॥
दुब्बुद्धि सबसारो, सबदसरहो तओ य आहट्टो । अविणट्ठो संतासो, नाडो वि य बब्बरो सूरो ॥ ५ ॥
अह विग्घसूयणो वि य, बालो लोलो य मण्डलो य तहा । रणचन्दो चन्दरहो, कुसुमाउह, कुसुममालो य ॥ ६ ॥
पत्थारो हिमअङ्गोय अङ्गओ तह य चेव पियरूवो । एए रहेसु सुहडा, विणिग्गया हत्थिजुत्तेसु ॥ ७ ॥
सुहडो य पुण्णचन्दो, दुप्पेक्खो सुविहि सायरसरो य । पियविग्गहो य खन्दो, वज्जंसू अप्पडिग्घाओ ॥ ८ ॥
दुट्ठो कुट्ठगइरवो, तह चन्दणपायवो समाही य । बहुलो य कित्तिनामो, किरीड इन्दाउहो धीरो ॥ ९ ॥
गयवरतासो अह संकडो य पहरादओ य सामन्ता । एए रहेसु सिग्घं, गयसंजुत्तेसु निप्फिडिया ॥ १० ॥
सीलो य विज्जुनयणो, बलो सपक्खो घणो य रयणो य । सम्मेओ वि चलो वि य, सालो कालो खितिधरो य ॥ ११ ॥
लोलो विकलो कालो, कलिङ्ग-चंडंसु-उज्झिओ कीलो । भीमो भीमरहो वि य, तरङ्गतिलओ सुसेलो य ॥ १२ ॥
तरलो बली य धम्मो, मणहरणो महसुहो पमत्तो य । मद्दो मत्तो सारो, रयणजडी दूसणो कोणो ॥ १३ ॥
अह भूसणो य वियडो, विराहिओ मणुरणो खणक्खेवो । नक्खत्तलुद्धनामो, विजओ य जओ य संगामो ॥ १४ ॥
खेओ तहा-ऽरिविजओ, सुहडा नक्खत्तमालमाईया । एए रहेसु सिग्घं, विणिग्गया आसजुत्तेसु ॥ १५ ॥
तडिवाहो मरुवाहो, रविमाणो जलयवाहणो भाणू । राया पयण्डमाली, रहेसु घणसन्निभेसु इमे ॥ १६ ॥
जोइप्पभं विमाणं, तं चेव बिभीसणो समारूढो । अन्ने वि एवमाई, भणामि सुहडा समासेणं ॥ १७ ॥
कन्तो य जुज्झवन्तो, अह कोमुइनन्दणो य वसभो य । कोलाहलो य सूरो, पभाविओ साहुवच्छलो ॥ १८ ॥
जिणपेम्मो रहयन्दो, जसोयरो सागरो य जिणनामो । सुहडा य जिणमयाई, एए वि विमाणमारूढा ॥ १९ ॥
पउमो सोमित्ती वि य, सुग्गीवो जणयनन्दणो चेव । एए नरिन्दवसभा, सविमाणा संठिया गयणे ॥ २० ॥
नाणाउहगहियकरा, नाणाविहवाहणेसु आरूढा । लङ्काहिमुहा चलिया, कइद्धया सहरिसुच्छाहा ॥ २१ ॥

सूर्य, ज्योतिःप्रिय, बल, महाबल, अतिबल, दुर्बुद्धि, सर्वसार, सर्वद, शरभ, आहृष्ट, अविनष्ट, संत्रास, नाड, बर्बर, शूर, विघ्न-सूदन, बाल, लोल, मण्डल, रणचन्द्र, चन्द्ररथ, कुसुमायुध, कुसुममाल, प्रस्तार, हेमांग, अंगद तथा प्रियरूप—ये सुभट हाथियोंसे जुते रथोंपर बैठकर निकले। (३-७) सुभट पूर्णचन्द्र, दुष्प्रेक्ष, सुविधि, सागरस्वर, प्रियविग्रह, स्कन्द, वज्रांशु, अप्रतिघात, दुष्ट, कुष्टगतिरव, चन्दनपादप, समाधि, बहुल, कीर्ति, किरीट, धीर इन्द्रायुध, गजवरत्रास, संकट तथा प्रहर आदि सामन्त—ये हाथियोंसे जुते रथोंमें बैठकर जल्दी ही बाहर निकले। (८-१०) शील, विद्युन्नयन, बल, स्वपक्ष, घन, रत्न, सम्मेत, चल, शाल, काल, क्षितिधर, लोल, विकल, काल, कलिंग, चण्डांशु, उज्झित, कील, भीम, भीमरथ, तरंगतिलक, सुशैल, तरल, बली, धर्म, मनोहरण, महासुख, प्रमत्त, भद्र, मत्त, सार, रत्नजटी, दूषण, कोण, भूषण, विकट, विराधित, मनुरण, क्षणक्षेप, नक्षत्र, लुब्ध, विजय, जय, संग्राम, खेद, अरिविजय तथा नक्षत्रमाल आदि—ये सुभट घोड़ोंसे जुते रथोंमें बैठकर जल्दी ही निकले। (११-५) तडिद्वाह, मरुद्वाह, रविमान, जलदवाहन, भानु, राजा प्रचण्डमाली—ये बादल सरीखे रथोंमें बैठकर निकले। (१६) ज्योतिःप्रभ नामक उस विमानमें बिभीषण सवार हुआ। ऐसे ही दूसरे सुभटोंके बारेमें संक्षेपसे मैं कहता हूँ। (१७) कान्त, युद्धवान्, कौमुदीनन्दन, वृषभ, कोलाहल, सूर्य, प्रभावित, साधुवत्सल, जिनप्रेम, रथचन्द्र, यशोधर, सागर, जिननाम तथा जिनमत आदि ये सुभट विमानमें आरूढ हुए। (१८-९) राम, लक्ष्मण, सुग्रीव और जनकनंदन भामण्डल—नरेन्द्रोंमें वृषभके समान उत्तम ये सब अपने-अपने विमानोंमें बैठकर आकाशमें स्थित हुए। (२०) नानाविध आयुध हाथमें धारण किये हुए और नानाविध वाहनोंमें सवार कपिध्वज वानर हर्ष और उत्साहके साथ लंकाकी ओर चले। (२१)

१. पीयंकरो—प्रत्य०। २. चन्दाउहो—प्रत्य०।

एत्तो समाहयाइं, उभयबलेसु वि महन्ततूराइं । पडुपडह-भेरि-झल्लरि-काहल-तिमिलाउलरवाइं ॥ २२ ॥
भम्भा-मुइङ्ग[1]-डमरुय-ढक्का-हुंकार-सङ्खपउराइं । खरमुहि-हुडुक्क-पावय-कंसालयतिबसद्दाइं ॥ २३ ॥
गय-तुरय-केसरीणं, सद्दो वित्थरइ महिस-वसहाणं । मयपक्खीण बहुविहो, कायरपुरिसाण भयजणणो ॥ २४ ॥
बहुतूरनिणाएणं, भडाण वुक्कारवड्ढियरवेणं । न सुणेइ एक्कमेक्को, उल्लावं कण्णपडियं पि ॥ २५ ॥
दोण्ह वि बलाण एत्तो, आलग्गे दारुणे महाजुज्झे । संखुभियवसुमईए, गिरी वि आकम्पिया सहसा ॥ २६ ॥
उबेलो लवणजलो, पवाइओ मारुओ बहलरेणू । विवरीयं सरियाओ, वहन्ति समराणुभावेणं ॥ २७ ॥
उभयबलेसु वरभडा, मोग्गर-सर-झसर-भिण्डिमालाइं । मुञ्चन्ति आउहाइं, उक्काइं व पज्जलन्ताइं ॥ २८ ॥
सन्नद्धा रणसूरा, पहणन्ति गया-ऽसि-चक्कपहरेहिं । नियय़कुलं सावेन्ता, अन्नोन्नवहुज्जयमईया ॥ २९ ॥
आभिट्ठा[2] रयणियरा, चडक्कपहरोवमेसु घाएसु । तह जुज्झिउं पवत्ता, जह कइसेन्नं समोसरियं ॥ ३० ॥
अन्ने समुट्ठिया पुण, वाणरसुहडा अभग्गरणपसरा । जुज्झन्ति सवडहुत्ता, रक्खससेन्नं विवाएन्ता ॥ ३१ ॥
अवसीयन्तं समरे, दट्ठूणं रावणस्स नियय़बलं । हत्थ-पहत्था तुरियं, समुट्ठिया अहिमुहा ताणं ॥ ३२ ॥
तं कइवराण सेन्नं पुणरवि भग्गं पहत्थ-हत्थेहिं । सहसा पलायमाणं, रुद्धं नल-नीलसुहडेहिं ॥ ३३ ॥
जुज्झम्मि समावडिए, उभयबलेसु वि पडन्तवरसुहडे । वहिओ नलेण हत्थो, तह य पहत्थो वि नीलेणं ॥ ३४ ॥
दट्ठूण मारिए ते, हत्थ-पहत्थे तओ नियय़सेन्नं । विवडन्तजोहतुरयं, रणमज्झाओ समोसरियं ॥ ३५ ॥

एवं पहाणेण विणा न कज्जं, उवेइ सिद्धिं ववसिज्जमाणं ।
जहा निसा रिक्ख-गहाणुवन्ना, न होइ जोण्हाविमलंसुहीणा ॥ ३६ ॥

॥ इय पउमचरिए हत्थ-पहत्थवहणं नाम सत्तावन्नं पव्वं समत्तं ॥

तब दोनों सैन्योंमें ढोल, भेरि, झल्लरी, काहल, और तिमिलकी ध्वनिसे युक्त; भंभा, मृदंग, डमरु, ढक्का, हुंकार एवं शंखसे व्याप्त और खरमुखी, हुडुक्क, पावक[3] ( बंसी ) तथा कांस्यालके तीव्र शब्दोंके साथ बड़े-बड़े रणवाद्य बजाये गये। (२२-२३) उस समय कायर पुरुषोंमें भय पैदा करनेवाले हाथी, घोड़े, सिंह, महिष, वृषभ तथा मृग एवं पक्षियोंके अनेक प्रकारके शब्द चारों ओर फैल गये। (२४) बहुत-से वाद्योंके निनादसे तथा सुभटोंकी ऊँची-ऊँची गर्जनासे कानमें पड़ा हुआ कथन भी सुनाई नहीं पड़ता था। (२५) दोनों सेनाओंके बीच भयंकर महायुद्ध छिड़ जानेपर सहसा पृथ्वी संक्षुब्ध हो उठी तथा पर्वत काँपने लगे। (२६) युद्धके प्रभावसे लवण समुद्र उछलने लगा, धूलिसे मलिन पवन बहने लगा और नदियाँ उल्टी बहने लगीं। (२७) दोनों सेनाओंमेंसे सुभट प्रज्वलित उल्काओंकी भांति मुद्गर, बाण, झसर तथा भिन्दिमाल आदि आयुध फेंकने लगे। (२८) कवच पहने हुए और एक-दूसरेके वधके लिए उद्यत रणशूर योद्धा अपने अपने कुलका बखान करके गदा, तलवार और चक्र जैसे आयुधोंसे मारने लगे। (२९) राक्षस भिड़ गये और चडक्क-शस्त्र जैसे प्रहारोंसे वे ऐसा युद्ध करने लगे कि कपिसैन्य पीछे हट गया। (३०) युद्धके प्रसारसे दुःखित न होकर दूसरे बानर-सुभट उठ खड़े हुए और राक्षससैन्यका विनाश करते हुए सामने जूझने लगे। (३१) युद्धमें रावणके अपने सैन्यको पीड़ित होते देख हस्त एवं प्रहस्त फौरन उठ खड़े हुए और उनका सामना करने लगे। (३२) प्रहस्त एवं हस्तने पुनः कपिवरोंका सैन्य नष्ट कर डाला। सहसा पलायन करते हुए उसको नल एवं नील सुभटोंने रोका। (३३) जिसमें उत्तम सुभट गिर रहे हैं ऐसा दोनों सेनाओंके बीच युद्ध होनेपर नलने हस्तको तथा नीलने प्रहस्तको मारडाला। (३४) उन मारेगये हस्त एवं प्रहस्तको देख, जिसमें योद्धा और घोड़ोंका विनाश हो रहा है ऐसी उनकी अपनी सेना युद्धमेंसे पीछे हट गई। (३५) जिस प्रकार विमल किरणोंवाले चन्द्रमाकी ज्योत्स्नासे रहित रात्रि नक्षत्रोंके समूहसे युक्त होने पर भी शोभित नहीं होती, उसी प्रकार मुख्य व्यक्तिके बिना कार्य करने पर भी सिद्धि प्राप्त नहीं होती। (३६)

॥ पद्मचरितमें हस्त एवं प्रहस्तका वध नामक सत्तावनवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

१. मुइङ्गमद्दलडक्का—प्रत्य०। २. आहट्ठा—मु०। ३. गुजरातीमें 'पावो'

## ५८. नल-नील-हत्थ-पहत्थपुव्वभवपव्वं

काऊण सिरपणामं, पुच्छइ मगहाहिवो गणहरिन्दं । न य केणइ जियपुव्वा, हत्थ-पहत्था महासुहडा ॥ १ ॥
कह नल-नीलेहि रणे, विवाइया अइबला वि ते भयवं! । साहेहि निरवसेसं, एत्थं मे कोउयं परमं ॥ २ ॥
तो भणइ इन्दभूई, सेणिय! ताणं तु पुव्वसंबन्धं । निसुणेहि एगमणसो, कहेमि सव्वं जहावत्तं ॥ ३ ॥
अत्थि कुसत्थलनयरे, विप्पा एक्कोयरा दुवे गिहिणो । करिसणकम्माहिरया, ते इन्धण-पल्लवा नामं ॥ ४ ॥
न कुणन्ति साहुनिन्दं, भिक्खादाणुज्जया विणीया य । जिणसासणपरिसङ्गं, इच्छन्ति सहावओऐणं ॥ ५ ॥
बीयं तु भाइजुयलं, अइकूरं निद्दयं असुहचित्तं । लोइयसुईसु मूढं, साहूणं निन्दणुज्जुत्तं ॥ ६ ॥
नरवइदाणनिमित्ते, जाए च्चिय दारुणे तओ कलहे । पावेहि तेहि निहया, अह इन्धण-पल्लवा दो वि ॥ ७ ॥
मुणिवरदाणफलेणं, हरिवरिसे भुञ्जिऊण भोगविही[1] । आउक्खयम्मि जाया, दोण्णि वि देवा विमाणेसु ॥ ८ ॥
ते पुण जे पावरया, मरिउं कालिञ्जरे महारण्णे । जाया दोण्णि वि ससया, बहुदुक्खसमाउले भीमे ॥ ९ ॥
तिव्वकसायाण इहं, पुरिसाणं साहुनिन्दणपराणं । इन्दियवसाणुगाणं, नियमेणं दोग्गईगमणं ॥ १० ॥
कालं काऊण तओ, नाणाजोणीसु भमिय तिरियत्ते । उप्पन्ना मणुयभवे, वक्कलिणो तावसा जाया ॥ ११ ॥
महइजडा महकाया, बालतवं अज्जिऊण कालगया । जाया अरिंजयपुरे, आसिणिदेवीऍ गब्भम्मि ॥ १२ ॥
वण्हिकुमारस्स सुया, हत्थ-पहत्था सुर व रूवेणं । तेलोक्कपायडभडा, भिच्चा रयणासवसुयस्स ॥ १३ ॥

---

## ५८. नल-नील तथा हस्त-प्रहस्तके पूर्वभवका वर्णन

सिरसे प्रणाम करके मगधनरेश श्रेणिकने गणधरेन्द्र गौतमसे पूछा कि, हे भगवन्! हस्त एवं प्रहस्त महासुभटोंको पहले किसीने जीता नहीं था। फिर भी अति बलवान् वे नल और नीलसे कैसे मारे गये? इसमें मुझे अत्यन्त कुतूहल हो रहा है, अतः आप समग्र वृत्तान्त कहें। (१-२) तब इन्द्रभूतिने कहा कि, हे श्रेणिक! तुम एकाग्र मनसे उनका पूर्व-वृत्तान्त सुनो। जैसा हुआ था वैसा मैं कहता हूँ। (३)

कुशस्थल नगरमें खेतीमें निरत दो सहोदर गृहस्थ रहते थे। उनका नाम इन्धन और पल्लव था। (४) भिक्षादानमें उद्यत और विनीत वे साधुकी निन्दा नहीं करते थे। स्वाभाविक रूपसे ही वे जिन शासनका संसर्ग चाहते थे। (५) दूसरा एक सहोदर-युगल था जो अतिक्रूर, निर्दय, अशुभ चित्तवाला, लौकिक शास्त्रोंमें मोहित तथा साधुओंकी निन्दामें तत्पर रहता था। (६) एक बार राजाके दानके निमित्तसे भयंकर कलह हुआ और उन पापियोंने इन्धन एवं पल्लव दोनोंको मार डाला। (७) मुनिवरोंको दिये गये दानके फलस्वरूप हरिवर्षमें भोगोंका उपभोग करके आयुका क्षय होने पर वे दोनों विमानोंमें उत्पन्न हुए। (८) जो पापरत थे वे मर करके कालिंजर नामक बहुत दुःखोंसे भरे हुए तथा भयंकर महारण्यमें दो खरगोशके रूपमें पैदा हुए। (९) इस लोकमें तीव्र कषायवाले, साधुओंकी निन्दामें तत्पर तथा इन्द्रियके वशीभूत मनुष्योंका अवश्य ही दुर्गतिमें गमन होता है। (१०) वहाँसे मरकर तिर्यंच रूपसे नाना योनियोंमें भटक कर वे मनुष्यभवमें उत्पन्न हुए तथा वल्कलधारी तापस हुए। (११) बड़ी जटावाले और महाकाय वे बाल-तप करके मरने पर अरिंजयपुरीमें अश्विनीदेवीके गर्भसे उत्पन्न हुए। (१२) वह्निकुमारके पुत्र वे हस्त व प्रहस्त रूपमें देव जैसे थे। त्रैलोक्यमें प्रसिद्ध सुभट वे रत्नश्रवाके पुत्र रावणके भृत्य थे। (१३)

---

१. भोगविहिं—प्रत्य०।

पढमा सग्गाउ चुया, दोण्णि वि मणुया तओ समुप्पन्ना । गिहिधम्मरया कालं, काऊण सुरा समुप्पन्ना ॥ १४ ॥
पुण्णावसाणसमए, ते इन्धय-पल्लवा चुयसमाणा । जाया किक्किन्धिपुरे, नल-नीला रिक्खरयपुत्ता ॥ १५ ॥
जं पावपरिणएहिं, ते इन्धय-पल्लवा पुरा वहिया । तं नल-नीलेहि रणे, हत्थ-पहत्था पुणो निहया ॥ १६ ॥
जो जेण हओ पुव्वं, सो तेणं हम्मए न संदेहो । तम्हा न हणेयव्वो, अन्नो मा होहिई सत्तू ॥ १७ ॥
जो जीवाणं सेणिय! देइ सुहं सो हु भुञ्जए सोक्खं । दुक्खं दुक्खावेन्तो, पावइ नत्थेत्थ संदेहो ॥ १८ ॥
एव इमं नल-नीलविहाणं, हत्थ-पहत्थवहं निसुणेउं । वज्जिय वेरपहं बहुदुक्खं, लेह इमं विमलं जिणधम्मं ॥ १९ ॥

॥ इय पउमचरिए नल-नील-हत्थ-पहत्थपुव्वभवाणुकित्तणं नाम अट्ठावन्नं पव्वं समत्तं ॥

## ५९. विज्जासम्पिहाणपव्वं

हत्थ-पहत्था समरे, निहया नाऊण रावणस्स भडा । बहवो कोहवसगया, समुट्ठिया तत्थ रणसूरा ॥ १ ॥
सीहकडी माणी वि य, सयंभु-सुय-सारणा य संभू य । चन्दो य तहा अक्को, गओ य बीभच्छनामो य ॥ २ ॥
सुहडो जरो य अक्खो, मयरो वज्जक्खनामहेओ य । गम्भीराई एए, सन्नद्धा रणरसुच्छाहा[1] ॥ ३ ॥
केसरिजुत्तेसु इमे, रहेसु असि-कणय-तोमरविहत्था । दिट्ठा य उत्थरन्ता, निसायरा वाणरभडेहिं ॥ ४ ॥
मयणङ्कुर-संतावा, अक्कोसा-ऽऽणन्दणा तहा हरिया । नहपुप्फुत्थावग्घा, एए पीयंकराईया ॥ ५ ॥
एक्केक्कमाण जुज्झं, आवडियं दारुणं वरभडाणं । जह आउहेहि जायं, जलई व नहङ्गणं सहसा ॥ ६ ॥
मारिज्जेण समाणं, संतावो रणमुहे समावडिओ । पहओ सीहकडीणं, उद्दामो विग्घनामेणं ॥ ७ ॥

---

पहलेके दोनों इन्धन और पल्लव स्वर्गसे च्युत होने पर मनुष्य रूपसे उत्पन्न हुए। गृहस्थ धर्ममें रत वे मरकर देवके रूपमें पैदा हुए। (१४) पुण्यके अवसानके समय च्युत होने पर वे इन्धन और पल्लव ऋक्षरजाके पुत्र नल एवं नील रूपसे किष्किन्धिपुरीमें पैदा हुए। (१५) पाप-परिणामवाले उनके द्वारा इन्धन और पल्लव मारे गये थे, अतः नल और नीलने युद्धमें हस्त और प्रहस्तको मारा। (१६) इसमें सन्देह नहीं कि पहले जो जिससे मारा जाता है वह मारनेवाला बादमें उससे मारा जाता है। इसलिए मारना नहीं चाहिए, अन्यथा दूसरा शत्रु हो जायगा। (१७) श्रेणिक! इसमें सन्देह नहीं कि जो जीवोंको सुख देता है वह अवश्य ही सुखका उपभोग करता है और दुःख देनेवाला दुःख पाता है। (१८) इस तरह नल एवं नील द्वारा किया गया हस्त एवं प्रहस्तका यह वध सुनकर बहुत दुःखदायी वैरमार्गका परित्याग करके तुम इस विमल जिनधर्मको प्राप्त करो। (१९)

॥ पद्मचरितमें नल-नील तथा हस्त-प्रहस्तके पूर्वभवका वर्णन नामक अट्ठावनवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥

## ५९. विद्याकी प्राप्ति

हस्त और प्रहस्त युद्धमें मारे गये हैं ऐसा जानकर रावणके क्रोधके वशीभूत बहुत-से रणशूर सुभट उठ खड़े हुए। सिंहकटि, मानी, स्वयम्भू, शुक, सारण, शम्भु, चन्द्र, सूर्य, गज, बीभत्स, सुभटज्वर, अर्क, मकर, वज्राक्ष तथा गम्भीर आदि—रणरसमें उत्साहशील ये सुभट तैयार हो गये। (१-३) सिंहसे युक्त रथोंमें तलवार, कनक एवं तोमर चलानेमें दक्ष राक्षसोंको वानर-सुभटोंने बाहर निकलते देखा। (४) मदनांकुर, सन्ताप, आक्रोश, आनन्दन, हरित, नभ, पुष्पास्त्र, व्याघ्र तथा प्रियंकर आदि इन एक-एक सुभटोंका आयुधोंसे ऐसा भयंकर युद्ध हुआ कि मानो सहसा गगनांगण जल उठा। (५-६) युद्धमें मारीचिके साथ सन्ताप, सिंहकटिके साथ प्रहत और विघ्नके साथ उद्दाम लड़ने लगे। (७) आक्रोश

---

१. रणसमुच्छाहा—प्रत्य ।

अक्कोस-सारणाणं, जुज्झं सुय-सारणाण अब्भिट्टं । असि-कणय-चक्क-तोमर-संघट्टुट्ठन्तजालोहं ॥ ८ ॥
निहओ चिय संतावो, मारीजिभडेण नन्दणेण जरो । पहओ सीहकडीणं, विग्घो उद्दामकित्तीणं ॥ ९ ॥
एए रणम्मि सुहडा, सोऊण विवाइया सभज्जाओ । रोवन्ति जाव करुणं, ताव य अत्थंगओ सूरो ॥ १० ॥
सूरुग्गमम्मि पुणरवि, समुट्ठिया उभयसेन्नसामन्ता । सन्नद्धबद्धचिन्धा, गहियाउह-पहरणा-ऽऽवरणा ॥ ११ ॥
वज्जक्खो खवियारी, मइन्ददमणो विही य सम्भू य । हवइ सयंभू य तहा, चन्दक्को वज्जउयरो य ॥ १२ ॥
कोहभडेण रणमुहे, सहसा आयारिओ य खवियारी । अह सो मयारिदमणो, बाहुबलीणं समाहूओ ॥ १३ ॥
वज्जोयरेण निहओ, सद्दूलो गरुयसत्तिपहरेणं । कोवेण य खवियारी, सम्भू घाएइ य विसालं ॥ १४ ॥
विजओ य जट्ठिपहओ, मरणं चिय पाविओ सयंभूणं । एवं अन्ने वि भडा, घाइज्जन्ते निसियरेहिं ॥ १५ ॥
वाणरकेऊण बलं, अवसोयन्तं रणे पलोएउं । सयमेव पवणपुत्तो, समुट्ठिओ रहवरारूढो ॥ १६ ॥
एन्तं दट्ठूण रणे, हणुयं जंपन्ति रक्खसा भीया । अज्ज इमो विहवाओ, काहिइ बहुयाउ महिलाओ ॥ १७ ॥
हणुयस्स सवडहुत्तो, समुट्ठिओ रक्खसुत्तमो माली । सरनिवहं मुञ्चन्तो, मेहो इव सलिलधाराओ ॥ १८ ॥
सुणिसियखुरुप्पछिन्नं, तं सरनिवहं खणेण काऊणं । भज्जइ मालिनरिन्दं, हणुओ सीहो इव गइन्दं ॥ १९ ॥
पविसरमुहो निरुद्धो, सहसा वज्जोयरेण पवणसुओ । छिन्नधय-छत्त-कवओ, सो वि य विरहो कओ सिग्घं ॥ २० ॥
अन्नं रहं विलग्गो, जुज्झन्तो सत्ति-सबल-सरेहिं । हणुयन्तेण रणमुहे, सो वि य वज्जोयरो निहओ ॥ २१ ॥
दट्ठूण तं विवन्नं, रुट्ठो लङ्काहिवस्स अङ्गरुहो । नामेण जम्बुमाली, आयारइ पवणपुत्तं सो ॥ २२ ॥
उट्ठियमेत्तेण तओ, रावणपुत्तेण अद्धयन्देणं । हणुयस्स कणयदण्डो, वाणरचिन्धो धओ च्छिन्नो ॥ २३ ॥

---

और सारणके बीच तथा शुक और सारणके बीच तलवार, कनक, चक्र व तोमरोंके संघर्षसे उठनेवाली ज्वालाओंसे व्याप्त ऐसा युद्ध होने लगा। (८) मारीचि भटने सन्तापको और नन्दनने ज्वरको मार डाला। उद्दाम कीर्तिवाले सिंहकटिने विघ्नको मार डाला। (९) युद्धमें इन सुभटोंका मारा जाना सुनकर उन उनकी भार्याएँ करुण स्वरमें जब रोने लगीं तब सूर्य भी अस्त हो गया। (१०)

सूर्योदय होने पर पुनः दोनों सैन्योंके सामन्त तैयार हो और ध्वजा फहराकर तथा आयुध, प्रहरण एवं कवच धारण करके उठ खड़े हुए। (११) वज्राक्ष, क्षपितारि, मृगेन्द्रदमन, विधि, शम्भु, स्वयम्भू, चन्द्रार्क, वज्रोदर—ये राक्षस सुभट युद्धके लिए तैयार हुए। (१२) युद्धमें क्रोधभटने सहसा क्षपितारिको ललकारा और बाहुबलीने मृगारिदमनका आह्वान किया। (१३) शक्तिके भारी प्रहारसे वज्रोदरने शार्दूलको मार डाला। क्रोधभटने क्षपितारिका तथा शम्भुने विशालका घात किया। (१४) स्वयम्भूके द्वारा लाठीसे पीटा गया विजय मर गया। इस प्रकार दूसरे भी सुभटोंको राक्षसोंने मारा। (१५) वानरकेतु सुग्रीवके सैन्यका रणमें विनाश देख रथ पर आरूढ़ पवनपुत्र हनुमान स्वयं लड़नेके लिए तैयार हुआ। (१६) युद्धमें हनुमानको आते देख भयभीत राक्षस कहने लगे कि आज यह बहुत-सी स्त्रियोंको विधवा बनावेगा। (१७) बादलमेंसे गिरनेवाली जलधाराओंकी भाँति बाणसमूह छोड़ता हुआ राक्षसोत्तम माली हनुमानके सम्मुख उपस्थित हुआ। (१८) तीक्ष्ण बाणोंसे उस बाणसमूहको क्षणभरमें छिन्न-भिन्न करके, जिस तरह सिंह हाथीका विनाश करता है उस तरह हनुमानने माली राजाका विनाश किया। (१९) सैन्यके आगे स्थित हनुमान सहसा वज्रोदरके द्वारा रोका गया। ध्वजा, छत्र और कवच जिसके छिन्न हो गये हैं ऐसा वह भी शीघ्र ही रथहीन बना दिया गया। (२०) दूसरे रथ पर सवार हो शक्ति, सब्बल और बाणोंसे युद्ध करते हुए उस वज्रोदरको हनुमानने युद्धमें मार डाला। (२१) उसे मरा देख लंकाधिप रावणके जम्बूमाली नामके पुत्रने क्रुद्ध हो हनुमानको ललकारा। (२२) उपस्थित होते ही रावणके पुत्रने अर्धचन्द्र बाणसे हनुमानकी सोनेके दण्ड तथा वानरचिह्नवाली ध्वजा काट डाली। (२३) उसका भी ध्वजदण्ड काटकर

कप्पेऊणं तस्स वि, हणुएणं झत्ति धणुवरं छिन्नं । उक्कत्तियं च कवयं, नज्जइ पोराणयं वत्थं ॥ २४ ॥
रुट्ठो य जम्बुमाली, अन्नं आबन्धिऊण सन्नाहं । पहरइ सरेसु हणुयं, देहे नीलुप्पलाभेसु ॥ २५ ॥
पवणसुएणं तत्तो, सीहसयं सट्ठिसंजुयं मुक्कं । दाढाकरालवयणं, ललन्तजीहं जलियनेत्तं ॥ २६ ॥
तं केसरीहि सेन्नं, विद्धत्थं गय-तुरङ्ग-पाइक्कं । संगामपराहुत्तं, दट्ठूण महोयरो कुद्धो ॥ २७ ॥
जाव य महोयरेणं, समयं हणुयस्स वट्टए जुज्झं । ताव य निसायरेहिं, निवारिया केसरी सव्वे ॥ २८ ॥
काऊण वसे सीहा, समुट्ठिया रक्खसा समन्तेणं । मुञ्चन्ताउहनिवहं, उवरिं हणुयस्स ते कुविया ॥ २९ ॥
ते आउहसंघाया, मुक्का हणुयस्स रक्खसभडेहिं । समणस्स जहुक्कोसा, न कुणन्ति मणस्स परितावं ॥ ३० ॥
रयणियरवेढियं तं, दट्ठूण कइद्धया महासुहडा । गय-तुरयसमारूढा, समुट्ठिया पवणपरिहत्था ॥ ३१ ॥
पीइंकरो सुसेणो, नलो य नीलो विराहिओ चेव । संतावो सीहकडी, रविजोई अइबलो सुहडो ॥ ३२ ॥
जम्बूणयपुत्ताई, रहेसु गय-तुरय-सीहजुत्तेसु । हणुयस्स सत्तुसेन्नं, जोहेऊणं समाढत्ता ॥ ३३ ॥
निद्दयपहराभिहयं, वाणरसुहडेसु रक्खसाणीयं । भग्गं परीसहेहि व, चित्तं असमत्थजोइस्स ॥ ३४ ॥
दट्ठूण भाणुकण्णो, नियय बलं वाणरेसु भज्जन्तं । कुविओ तिसूलपाणी, अहिमुहहूओ रिउभडाणं ॥ ३५ ॥
दट्ठूण य एज्जन्तं, वीरं रणसत्ति-कन्तिदिप्पन्तं । सुहडा सुसेणमाई, तस्स ठिया अभिमुहा पुरओ ॥ ३६ ॥
नामेण चन्दरस्सी, चन्दाभो चेव तह य जसकन्तो । रइवद्धणो य अङ्गो, सम्मेओ अङ्गओ चेव ॥ ३७ ॥
कुन्तो बली तुरङ्गो, चन्दो ससिमण्डलो सुसारो य । रयणजडी जयनामो, वेलक्खो वीवसंतो य ॥ ३८ ॥
एए अन्ने य बहू, सुहडा कोलाहलाइबलसहिया । जोहन्ति भाणुकण्णं, सबल-सर-झसरघाएसु ॥ ३९ ॥
अह ते वाणरसुहडा, रयणासवनन्दणेण रुट्ठेणं । दरिसणआवरणीए, विज्जाए थम्भिया सव्वे ॥ ४० ॥

---

हनुमानने जल्दी ही उत्तम धनुष तोड़ डाला। उसका छिन्न भिन्न कवच तो पुराने वस्त्र-सा ज्ञात होता था। (२४) रुष्ट जम्बूमाली दूसरा कवच बाँधकर नीलकमलकी-सी कान्तिवाले हनुमानके शरीर पर बाणोंसे प्रहार करने लगा। (२५) तब हनुमानने दाँतोंसे भयंकर मुखवाले, जीभ लपलपाते और जलती आँखोंवाले एक सौ साठ सिंहोंसे युक्त शस्त्र फेंका। (२६) हाथी, घोड़े और प्यादोंसे युक्त उस सैन्यको सिंहों द्वारा विध्वस्त और युद्धसे पराङ्मुख देख महोदर क्रुद्ध हुआ। (२७) इधर जब महोदरके साथ हनुमानका युद्ध हो रहा था तब राक्षसोंने सब सिंहोंको रोक दिया। (२८) सिंहोंको बसमें करके चारों ओरसे राक्षस उठ खड़े हुए। कुपित वे हनुमानके ऊपर शस्त्र-समूह छोड़ने लगे। (२९) जैसे कटुवचन श्रमणके मनमें परिताप पैदा नहीं करते वैसे ही राक्षस-सुभटों द्वारा फेंके गये शस्त्रसंघात हनुमानके मनमें परिताप पैदा नहीं करते थे। (३०) राक्षसों द्वारा उसे घिरा देख प्रवण एवं दक्ष कपिध्वज महासुभट हाथी और घोड़ों पर सवार हो लड़नेके लिए तैयार हुए। (३१) प्रियंकर, सुषेण, नल, नील, विराधित, संताप, सिंहकटि, रविज्योति, सुभट अतिबल, जाम्बूनदके पुत्र आदि हाथी, घोड़े तथा सिंहोंसे जुते हुए रथोंमें सवार हो हनुमानके लिए शत्रुसैन्यसे युद्ध करने लगे। (३२-३३) असमर्थ योगीका चित्त जिस प्रकार परीषहोंसे भग्न होता है उसी प्रकार वानर सुभटके निर्दय प्रहारोंसे पीटी गई राक्षस-सेना भग्न हुई। (३४) वानरों द्वारा अपने सैन्यका विनाश देखकर कुपित भानुकर्ण हाथमें त्रिशूल धारण करके शत्रुके सुभटोंके सम्मुख उपस्थित हुआ। (३५) युद्ध करनेकी शक्ति और कान्तिसे देदीप्यमान उस वीरको आते देख सुषेण आदि सुभट उसका सामना करनेके लिए आगे आये। (३६) चन्द्ररश्मि, चन्द्राभ, यशस्कान्त, रतिवर्धन, अंग, सम्मेत, अंगद, कुन्त, बली, तुरंग, चन्द्र, शशिमण्डल, सुसार, रत्नजटी, जय, वैलक्ष्य तथा विवस्वान्—कोलाहल करते हुए तथा अत्यन्त बलसे युक्त ये तथा दूसरे बहुत-से सुभट सब्बल, शर एवं झसरके प्रहारोंसे भानुकर्णके साथ युद्ध करने लगे। (३७-३९) रत्नस्रवाके पुत्र कुम्भकर्णने रुष्ट हो दर्शनावरणीया नामकी विद्यासे उन सब वानर सुभटोंको निश्चेष्ट कर दिया। (४०) निद्रासे घूमती हुई

निद्दाघुम्मियनयणाण ताण हत्थाण आउहवराइं । गाढं चिय मूढाणं, सिढिलीभूयाण निवडन्ति ॥ ४१ ॥
निद्दावसंगए चिय, निययभडे पेच्छिऊण सुग्गीवो । ताणं कएण सिग्घं, विज्जं पडिबोहणिं मुयइ ॥ ४२ ॥
अह ते विउद्धसन्ता, हणुयाईया समच्छरुच्छाहा । अहिययरं तेण समं, जुज्झं काऊणमाढत्ता ॥ ४३ ॥
धय-कवय-छिन्नछत्तं, संचुण्णिज्जन्तरहवर-तुरङ्गं । आलोइऊण सबलं, दहवयणो जुज्झिउं महइ ॥ ४४ ॥
जुज्झं समुच्छहन्तं, पियरं विन्नवइ इन्दइकुमारो । सन्तेण मए तुज्झं, ताय ! न जुत्तं रणं काउं ॥ ४५ ॥
एयं चिय वित्थिण्णं, संघट्टुट्ठेन्तगयघडाडोवं । थोवन्तरेण पेच्छसु, भज्जन्तं वाणराणीयं ॥ ४६ ॥
जणयस्स सिरपणामं, काउं तेलोक्कमण्डणं हत्थी । सन्नद्धबद्धकवओ, आरूढो इन्दइकुमारो ॥ ४७ ॥
तं कइवराण सेन्नं, नाणाविहगय-तुरङ्ग-पाइक्कं । गसियं पिव निस्सेसं, उट्ठियमेत्तेण वीरेणं ॥ ४८ ॥
आयण्णपूरिएहिं, सरेहि परिहत्थदच्छमुक्केहिं । तं वाणराण सेन्नं, मेहेण व छाइयं सबं ॥ ४९ ॥
हयविहयविप्परद्धं, सुग्गीवो पेच्छिऊण नियबलं । भामण्डलेण समयं, समुट्ठिओ सुहडपरिकिण्णो ॥ ५० ॥
तुरएसु समं तुरया, आवडिया गयवरा सह गएसु । सामियकज्जुज्जुत्ता, जुज्झन्ति भडा सह भडेहिं ॥ ५१ ॥
रुट्ठेण इन्दईणं, भणिओ किक्किन्धिनरवई एत्तो । लङ्काहिवं पमोत्तुं, जं सेवसि भूमिगोयरियं ॥ ५२ ॥
एयं अज्ज तुह सिरं, सिग्घं छिन्दामि अद्धयन्देणं । सो कुणउ वाणराहम !, परिरक्खं सामिसालो ते ॥ ५३ ॥
तो भणइ वाणरवई, किं ते भड ! बोक्किएहि बहुएहिं ? । अज्ज तुह माणभङ्गं, करेमि न हु एत्थ संदेहो ॥ ५४ ॥
सो एव भणियमेत्तो, चावं अप्फालिऊण सरनिवहं । मुञ्चइ दसाणणसुओ, किक्किन्धिवइस्स आरुट्ठो ॥ ५५ ॥
सो वि य तं एज्जन्तं, आयण्णाऊरिएहि बाणेहिं । छिन्दइ बलपरिहत्थो, नियबाणियरक्खणट्ठाए ॥ ५६ ॥

---

आँखोंवाले उन अत्यन्त मूढ़ सुभटोंके शिथिलीभूत हाथोंमेंसे आयुध गिर पड़े। (४१) निद्राके वशीभूत अपने सुभटोंको देख उनके त्राणके लिए सुग्रीवने शीघ्र ही प्रतिबोधिनी विद्या छोड़ी। (४२) तब प्रतिबुद्ध वे हनुमान आदि मत्सर और उत्साहसे युक्त हो उसके साथ और भी अधिक युद्ध करनेके लिए प्रवृत्त हुए। (४३)

ध्वज, कवच और छत्रसे छिन्न तथा रथ और घोड़ोंसे चकनाचूर की जाती अपनी सेनाको देख रावण लड़नेका सोचने लगा। (४४) युद्धके लिए उत्साहशील पितासे इन्द्रजितकुमारने बिनती की कि, हे तात ! मेरे रहते आपके लिए युद्ध करना उपयुक्त नहीं है। (४५) इस वानर-सेनाको थोड़ी ही देरमें आप विच्छिन्न, संघर्षके कारण हाथियोंके विनाशसे व्याप्त तथा विनष्ट देखेंगे। (४६) पिताको प्रणाम करके तैयार हो और कवच पहनकर इन्द्रजित कुमार त्रैलोक्यमण्डल नामक हाथीपर सवार हुआ। (४७) उठने मात्रसे ही उस वीरने कपिवरोंके नानाविध हाथी, घोड़े तथा पैदल सैन्यको मानों सारेका सारा ग्रस लिया। (४८) कानतक खींचे हुए तथा चतुराई एवं दक्षताके साथ फेंके गये बाणोंसे बादलकी भाँति समग्र वानर-सैन्य छा गया। (४९) अपने सैन्यको क्षत-विक्षत एवं दुःखी देखकर सुभटोंसे घिरा हुआ सुग्रीव भामण्डलके साथ उठ खड़ा हुआ। (५०) घोड़ोंके साथ घोड़े और हाथियोंके साथ हाथी भिड़ गये। स्वामीके कार्यमें उद्यत सुभट सुभटोंके साथ युद्ध करने लगे। (५१) रुष्ट इन्द्रजितने किष्किन्धिके राजा सुग्रीवसे कहा कि, हे अधम वानर ! लंकानरेशका त्याग करके भूमिपर चलनेवालोंकी जो तू सेवाकर रहा है, उसके फलस्वरूप आज तेरा सिर जल्दी ही अर्धचन्द्र बाणसे काट डालता हूँ। तेरा वह मालिक तेरी रक्षा करे। (५२-५३) तब वानरपतिने कहा कि हे सुभट ! तेरे बहुत बकबक करनेसे फायदा क्या ? इसमें कोई संदेह नहीं कि आज मैं तेरा मानभंग करूँगा। (५४) इस प्रकार कहनेपर गुस्सेमें आया हुआ इन्द्रजित धनुषकी टंकार करके सुग्रीवके ऊपर बाण-समूह फेंकने लगा। (५५) बलसे परिपूर्ण वह भी अपनी सेनाकी रक्षाके लिए कानतक खींचे हुए बाणोंसे आते हुए बाणोंको काटने लगा। (५६)

उधर युद्धमें मेघवाहनने भामण्डलको ललकारा और प्रवेश करते हुए वज्रनकको विराधितने रोका। (५७) रुष्ट

अह मेहवाहणेणं, समरे भामण्डलो समाहूओ। रुद्धो विराहिएणं, पविसन्तो वज्जणक्को वि ॥ ५७ ॥
चक्केण वज्जणक्को, पहओ य विराहिएण रुट्ठेणं। तेण वि सो वच्छयले, समाहओ चक्कपहरेणं ॥ ५८ ॥
वाणरवई निरत्थो, लङ्कानाहस्स नन्दणेण कओ। तेण वि य जट्ठियारी, आउहसयसंकुलं रइयं ॥ ५९ ॥
अवयरिऊण गयाओ, मन्दोयरिनन्दणो रहारूढो। पेसेइ वारुणत्थं, नवजलहरसद्दनिग्घोसं ॥ ६० ॥
अन्धारियं समत्थं, सेन्नं दट्ठूण वाणराहिवई। नासेइ वारुणत्थं, सिग्घं सो मारुयत्थेणं ॥ ६१ ॥
घणवाहणो वि सत्थं, अग्गेयं मुयइ जणयतणयस्स। भामण्डलो नरिन्दो, नासेइह वारुणत्थेणं ॥ ६२ ॥
मन्दोयरीएँ पुत्तो, विरहं भामण्डलं रणे काउं। पेसेइ तामसत्थं, कज्जलघणकसिणसच्छायं ॥ ६३ ॥
न य पेच्छन्ति महियलं, आयासं नेव अप्पयं न परं। सुहडा पणट्ठचेट्ठा, अवहियचक्खू तओ जाया ॥ ६४ ॥
घणवाहणेण एत्तो, विसधूमुग्गारपज्जलन्तेहिं। भामण्डलो ऽतिगाढं, बद्धो च्चिय नागपासेहिं ॥ ६५ ॥
वाणरवई वि सिग्घं, भुयङ्गपासेहि बन्धिउं गाढं। उच्छूढो धरणियले, रावणपुत्तेण जेट्ठेणं ॥ ६६ ॥
ते पेच्छिऊण दोण्णि वि, भुयङ्गपासेसु नरवई बद्धे। सह लक्खणेण पउमं, बिभीसणो भणइ निसुणेह ॥ ६७ ॥
अह पेच्छ इन्दईणं, सरसंघट्टेण छाइयं गयणं। भामण्डल-सुग्गीवा, बद्धा वि हु नागपासेहिं ॥ ६८ ॥
बद्धे वाणरनाहे, विजिए भामण्डले इहं अम्हं। संघायपिण्डियाणं, होहइ मरणं न संदेहो ॥ ६९ ॥
अम्हं बले महायस!, एए दो नायगा महापुरिसा। जाया अणायगा वि हु, विज्जाहर-वाणराण चमू ॥ ७० ॥
विच्छिन्नछत्त-केऊ, संचुण्णेऊण रहवरं सिग्घं। गहिओ च्चिय पवणसुओ, सुबन्तं भाणुकण्णेणं ॥ ७१ ॥
जाव य धरणिनिसण्णे, भामण्डल-वाणराहिवे एए। न य गिण्हन्ति निसियरा, ताव निवारेहि गन्तूणं ॥ ७२ ॥
जाव य सोमित्तिसुयं, आभासइ राहवो ससंभन्तो। जोहेइ भाणुकण्णं, ताव च्चिय अङ्गयकुमारो ॥ ७३ ॥

---

विराधितने चक्रसे वज्रनकके ऊपर प्रहार किया तो उसने भी चक्रसे वक्षस्थलपर प्रहार किया। (५८) लंकाके स्वामी रावणके पुत्र इन्द्रजितने वानरपति सुग्रीवको निरस्त्र कर दिया। इच्छानुसार विहार करनेवाले उसने भी युद्धभूमिको सैकड़ों आयुधोंसे व्याप्त कर दिया। (५९) मन्दोदरीका पुत्र इन्द्रजित हाथीपरसे उतरकर रथपर सवार हुआ। नये बादलोंके समान गर्जना करनेवाला वरुणास्त्र उसने छोड़ा। (६०) समस्त सैन्यको अन्धकारसे व्याप्त देखकर वानराधिपतिने मारुतास्त्रसे उसका शीघ्र नाश किया। (६१) घनवाहनने भी जनकपुत्रके ऊपर आग्नेयास्त्र फेंका। भामण्डल राजाने वारुणास्त्रसे उसका नाश किया। (६२) मन्दोदरीके पुत्र इन्द्रजितने युद्धमें भामण्डलको रथहीन बनाकर काजल और बादलके समान कृष्ण कान्तिवाला तामसास्त्र छोड़ा। (६३) उस समय प्रणष्ट चेष्टावाले सुभट न जमीनको, न आकाशको, न अपनेको और न परायेको देख सकते थे। मानों आँखें छीन ली गई हों ऐसे वे हो गये। (६४) तब घनवाहनने विषाक्त धूम उगलनेवाले तथा प्रज्वलन्त ऐसे नागपाशों से भामण्डलको खूब मजबूतीसे बाँध लिया। (६५) रावणके ज्येष्ठ पुत्रने वानरपतिको भुजंगपाशोंसे मजबूतीसे बाँधकर जमीन पर पटक दिया। (६६)

उन दोनों राजाओंको नागपाशोंमें बद्ध देख लक्ष्मण सहित रामको विभीषणने कहा कि आप सुनें। (६७) आप इन्द्रजितको देखें। उसने बाणोंके समूहसे आकाश छा दिया है और नागपाशोंसे भामण्डल तथा सुग्रीव बाँधे गये हैं। (६८) वानरनाथ सुग्रीवके बद्ध तथा भामण्डलके पराजित होनेपर समूह रूपमें एकत्रित हमारा यहाँ मरण होगा, इसमें सन्देह नहीं। (६९) हे महायश! हमारे सैन्यमें ये दोनों महान् पुरुष नायक थे। विद्याधर और वानरोंकी सेना अब अनायक हो गई है। (७०) जिसके छत्र और पताका विच्छिन्न हो गये हैं ऐसे हनुमानके रथको शीघ्र ही चूर-चूर करके भानुकर्णने बिना किसी प्रकारकी शंकाके हनुमानको पकड़ लिया है। (७१) पृथ्वीपर बैठे हुए इन भामण्डल और सुग्रीवको जबतक राक्षस पकड़ते नहीं हैं तबतक आप जा करके इनको बचावें। (७२) जबतक राम घबराहटमें आकर लक्ष्मणसे कहते हैं तबतक तो अंगदकुमार भानुकर्णके साथ युद्ध करने लगा। (७३) शस्त्रसमूह जिसमें गिर रहा है ऐसा युद्ध जबतक उन

दोण्हं पि ताण जुज्झं, वट्टइ विवडन्तसत्थसंघायं । ताव य भुयपासाओ, विणिग्गओ मारुई सिग्घं ॥ ७४ ॥
हणुमन्त-अङ्गया ते, आरूढा वरविमाणसिहरेसु । लक्खण-बिभीसणा वि य, आसासेन्ती सयाणीयं ॥ ७५ ॥
एयन्तरम्मि पत्तो, बिभीसणो इन्दई समरकंखी । दट्ठूण तं कुमारो, इमाणि हियएण चिन्तेइ ॥ ७६ ॥
तायस्स य एयस्स य, को भेओ ? जइ गविस्सए ताओ । न य मारिऊण पियरं, हवइ जसो निम्मलो लोए ॥ ७७ ॥
भामण्डल-सुग्गीवा, भुयङ्गपासेसु दारुणा बद्धा । मरिहिन्ति निच्छएणं, जुत्तं अवसप्पणं अम्हं ॥ ७८ ॥
परिचिन्तिऊण एवं, विणियत्ता ते रणाउ दो वि जणा । लच्छीहरेण दिट्ठा, रावणपुत्ता बलसमग्गा ॥ ७९ ॥
अह भाणिउं पवत्तो सोमित्ती सुणसु नाह ! मह वयणं । भामण्डल-सुग्गीवा, बद्धा भीमेहि नागपासेहिं ॥ ८० ॥
रावणपुत्तेहि इमे, निज्जन्ता पेच्छ नियय पुरिहुत्ता । एएहि विणा अम्हे, किं जिप्पइ दहमुहो को वि ? ॥ ८१ ॥
पुण्णोदएण एत्तो, रामो सरिऊण लक्खणं भणइ । चिन्तेहि वरं सिग्घं, जो उवसग्गो तया लद्धो ॥ ८२ ॥
सरिऊण लक्खणेणं, तत्थ महालोयणो सुरो सहसा । अवहिविसएण नाउं, रामसयासं समल्लीणो ॥ ८३ ॥
पउमस्स देइ तुट्ठो, नामेणं सीहवाहिणी विज्जं । गरुडा परियणसहिया, पणामिया लच्छिनिलयस्स ॥ ८४ ॥
दोण्णि य रहे पयच्छइ, दिव्वामलपहरणपरिपुण्णे । अग्गेय-वारुणाइं, अन्नाणि य सुरवरत्थाणि ॥ ८५ ॥
नामेण विज्जुवयणं, देइ गयं लक्खणस्स सुरपवरो । दिव्वं हलं च मुसलं, पउमस्स वि तं पणामेइ ॥ ८६ ॥
संपत्ता महिमाणं, परमं दसरहसुया सुकयपुण्णा । देवो वि पीइपमुहो, कमेण निययं गओ ठाणं ॥ ८७ ॥

परभवसुकएणं होन्ति वीरा मणुस्सा, बहुरयणसमिद्धा भोगभागी सुरूवा ।
अरिभडनियरोहे तत्थ पावन्ति कित्ती, विमलधवलचित्ता जे हु कुबन्ति धम्मं ॥ ८८ ॥

॥ इय पउमचरिए विज्जासन्निहाणं नाम एगूणसट्ठं पव्वं समत्तं ॥

---

दोनोंमें होता रहा तबतक तो हनुमान नागपाशसे शीघ्र ही मुक्त हो गया। (७४) वे हनुमान और अंगद उत्तम विमानोंके शिखर पर आरूढ़ हुए। लक्ष्मण और विभीषण भी अपनी सेनाको आश्वासन देने लगे। (७५) उस समय विभीषण युद्धाकांक्षी इन्द्रजितके पास आ पहुँचा। उसे देखकर कुमार मनमें ऐसा सोचने लगा। (७६) यदि देखा जाय तो पिता और इनमें क्या भेद है ? पिताको मारनेसे विमल यश संसारमें नहीं फैलता। (७७) भामण्डल और सुग्रीव भुजंगपाशोंमें भयंकर रूपसे बाँधे गये हैं। वे अवश्य ही मर जायेंगे। अब हमारा यहाँसे चला जाना ही उपयुक्त है। (७८) ऐसा सोचकर वे दोनों जन युद्धमेंसे लौटे। लक्ष्मणने सेनासे युक्त रावणके पुत्रों को देखा। (७९) तब लक्ष्मण कहने लगा कि, हे नाथ ! मेरा कहना आप सुनें। भामण्डल और सुग्रीव भयंकर नागपाशोंसे बाँधे गये हैं। (८०) रावणके पुत्रोंद्वारा अपनी नगरीकी ओर लिये जाते हैं इन्हें आप देखें। इनके बिना हममेंसे कोई भी रावणको क्या जीत सकता है ? (८१) तब पुण्योदयसे रामने याद करके लक्ष्मणसे कहा कि उपसर्गके समय जो वर प्राप्त किया था उसे तुम शीघ्र स्मरण करो। (८२) लक्ष्मणके याद करनेपर अवधिज्ञानसे जानकर महालोचन देव सहसा रामके पास आया। (८३) तुष्ट हो उसने रामको सिंहवाहिनी विद्या दी और लक्ष्मणको परिजन सहित गरुड़ा विद्या दी। (८४) उसने दोनोंको दिव्य एवं विमल प्रहरणोंसे परिपूर्ण रथ प्रदान किये तथा आग्नेय, वारुण एवं दूसरे भी दिव्यास्त्र दिये। (८५) उस उत्तम देवने लक्ष्मणको विद्युद्वदन नामकी गदा दी तथा दिव्य हल एवं मुसल रामको दिये। (८६) सुकृतसे पूर्ण दशरथपुत्र राम और लक्ष्मण अत्यंत माहात्म्यको प्राप्त हुए। प्रीतियुक्त देव भी बादमें अपने स्थान पर चला गया। (८७) परभवके पुण्यसे मनुष्य वीर, बहुत रत्नोंसे समृद्ध, भोगोंसे युक्त तथा सुरूप होते हैं। विमल एवं धवल चित्तवाले जो पुरुष धर्म करते हैं वे शत्रु-सुभटोंके समूहके बीच भी यश प्राप्त करते हैं। (८८)

॥ पद्मचरितमें विद्या-सन्निधान नामका उनसठवाँ पर्व समाप्त हुआ ॥